

hindi granth karyalay

# जैन साहित्य और इतिहास

पण्डित नाथूराम प्रेमी

संशोधितसाहित्यमाला — प्रथम पुष्प

# जैन साहित्य और इतिहास

[ संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश भाषाओंके विविध जैन ग्रन्थों और उनके रचयिताओंका परिचय और इतिहास ]

संशोधित, परिवर्तित और परिवर्द्धित संस्करण

लेखक
नाथूराम प्रेमी

सोल एजेण्ट—
हिन्दी-ग्रन्थ-रत्नाकर (प्राइवेट) लिमिटेड, बम्बई

प्रकाशक—
यशोधर मोदी, विद्याधर मोदी
व्यवस्थापक—संशोधितसाहित्यमाला
ठाकुरद्वार, बम्बई २.

द्वितीय संशोधित परिवर्द्धित संस्करण
अक्टूबर, १९५६

मुद्रक—
रघुनाथ दिपाजी देसाई,
न्यू भारत प्रिंटिंग प्रेस,
केलेवाडी, गिरगाव, बम्बई ४

जिसकी अविश्रान्त सेवा-शुश्रूषाने
अनेक लम्बी लम्बी और कष्टसाध्य बीमारियोंके समय
मृत्युके मुँहमें जानेसे बचाया,
जिसके पवित्र साहचर्यने पशुसे मनुष्य बनाया,
कष्ट-कालमें धैर्य और साहस दिया,
समाज-सुधार-कार्योंमें सदा उत्साहित किया,
जिसने सब कुछ दिया ही, लिया कुछ भी नहीं,
और
जो अप्रत्याशितरूपसे परलोक-यात्रा करके
हृदयमें सदाके लिए एक गहरी टीस छोड़ गई कि
'मैं उसे सुखी न कर सका'
अपनी उसी स्वर्गीया साध्वी पत्नीको

# INTRODUCTION

Pt. Nathuram Premi's name is quite familiar to the student of Hindī literature, and the Orientalist knows him as the General Editor of the Mānikachandra D. Jaina Granthamālā which has issued some forty volumes containing unpublished Jaina works in Prākrit and Sanskrit and in which are lately published the magnificent volumes of Nyāyakumudacandra of Prabhācandra edited by Pt. Mahendrakumar and the Mahāpurāna of Puspadanta edited by Dr. P. L. Vaidya.

It was at the close of the last century that Oriental Scholars got access to the Jaina Bhaṇḍāras. Due to the efforts of some provincial Governments many Jaina Mss. were brought to light: some of them were welcomed by European Universities that were taking keen interest in Indological studies, and many others were collected and catalogued in India by experts. So far as Western India is concerned, the Reports prepared by Bhandarkar, Peterson and others contained such a rich harvest of new material that many scholars came to be interested in the study of Jaina literature and chronology as a part of Indian literature and history. Complaints were already being made against Indian literature in general that it was wanting in historical facts about the authors and their dates; but the details about many Jaina authors and their contemporaries and predecessors brought to light by Bühler, Bhandarkar, Peterson

etc. from literary sources and by Rice, Narasimhachar and others from epigraphic sources were not only reliable but proved also to be valuable landmarks in Indian history and literature. The various details about Jaina Nyāya literature discussed by Pathak and Vidyabhushan evoked much interest, and for years together their conclusions held the ground.

Among the elderly Jaina scholars who were specially attracted by the results of Bhandarkar, Peterson, Pathak, Vidyabhushan etc., the names of Dalal, Jinavijayaji, Jugalkishore and Premi stand foremost; and their studies have been a source of inspiration to many Jaina scholars of the younger generation. With a remarkable forethought they realized the importance of Jaina collections of Mss., visited them, took down notes and their Praśastis and kept themselves busy in bringing to light important facts about Jaina authors and their compositions. Unluckily Dalal died a premature death; but that which stands against his name bears eloquent testimony to his earnest scholarship. The remaining three scholars are still amidst us and are continuing their studies in Indian literature in general and Jaina literature in particular.

Pt. Premiji wrote a number of monographs on various Jaina authors, and his Vidvadratnamālā ( Bombay 1912 ) contained six essays on Jinasena-Guṇabhadra, Āśādhara, Amitagati, Vādirāja, Malliseṇa and Samantabhadra. During subsequent years his desire to collect information about different Jaina authors and their works went on increasing, with the result that he contributed many papers to his Jaina Hitaishi with which later on Pt. Jugalkishore also came to be associated. Some of the Introductions of the volumes of Maṇikachandra D. Jaina Granthamālā show that both of them were bringing to light a large mass of facts. Pt. Premi's essay on the Jaina Hindī Literature ( Jaina Hitaishi vols. XII. pp. 541-568, XIII. pp. 10-35 ), presented to the seventh session of the Hindī Sāhitya Sammelana, Jubbalpore, clearly shows how studiously he must

have worked in different Bhaṇḍāras to collect historical and chronological data.

Though he was required to spend a busy life as the Proprietor of the Hindi Grantha Ratnākara, Bombay, the burden of the responsibility of which he has got sufficiently lightened now due to his old age, indifferent health and some arrangements of management, his yearning for research still continues unabated; and his note-books have gone on swelling for the last many years. He is a real scholar with whom the search for truth weighs above everything; and he never hesitates to set aside his personal predilections in the light of newly discovered facts. Thus he is a scholar and a sport; and a new fact, a novel interpretation or a fresh approach to the problem is always welcomed by him. Being a scholar of progressive mind, Premiji often thought that he should revise some of his earlier papers in the light of new facts and place before the scholars the unpublished material that was lying with him. That is how the desire of our veteran scholar materialised in presenting the first edition of this book; and it gives me great joy to introduce this volume, apparently a second edition, to students of Indian literature in general and Jaina literature in particular.

The title of the book, Jaina Sāhitya aura Itihāsa, plainly indicates that the topics discussed here fall into two broad divisions: those dealing with problems connected with Jaina literature and others dealing with socio-historical topics relating to Jainism.

Yāpanīya Saṁgha was one of the important schism in Jainism, and in some of the early inscriptions it is mentioned along with Digambara and Śvetāmbara Saṁghas. Pt. Premi's discussion about the Yāpanīya literature (pp. 56–73, 559 etc.) is full of suggestions which need further investigation. In his essay on the Caityavāsa and Vanavāsa (pp. 478–95), he has laid under obligation both the Digaṁbara and Śvetāmbara ascetic Sanghas. His note on the Kūrcakas (p. 559 etc.) opens a fresh line

of investigation. In his discussion about the Jaina holy places (pp. 422–51), the literary evidence has been subjected to critical scrutiny, and a good deal of side-light is thrown on their history. Jaina monks toured from place to place excepting in the rainy season; and some interesting records of their journey have come down to us. Pt. Premiji has presented to us a critical study of the Jaina holy places in the South (pp. 452–67) described by Śilavijaya in his Tīrthamālā (Saṁvat 1740). It is a record of great topographical interest Somewhat connected with the holy places is another paper (pp. 468–77) in which Premiji looks historically at the quarrels raged in the Jaina community about the ownership of holy places. This article should be an eye-opener to those who are wasting their energy and money on endless litigation.

Turning to the literary papers, some of them are mainly devoted to the study of various authors; and naturally their works are enumerated, their dates are discussed, and references to them are put together from various sources Devanandi and Śākaṭāyana (pp. 22–55, 155–67) are eminent grammarians whose treatises on Sanskrit grammar, with their different commentaries, have come down to us Āśādhara and Amitagati (pp. 275–85, 342–58) were versatile writers whose works have a great didactic value Pt. Premi's essay on Āśādhara is packed with information; and Āśādhara impresses us as an outstanding personality of his age Hastimalla and Vādicandra (pp 364–70, 385–88) were playwrights whose Sanskrit dramas and other works have come to light. Jinasena I (pp. 113–26), Vīrasena, Jinasena II and Guṇabhadra (pp 127–54) and Cāmuṇḍarāya (pp. 266–74) and his contemporaries have left a great stamp on subsequent Jaina works The Purāṇas composed by Jinasena and Guṇabhadra have served as a model to many other authors. The great works that some of them produced and the royal patronage that they enjoyed have marked out a definite period for them in the cultural history of Jainism. Hariścandra (pp.

303-8), Vādībhasiṁha (pp. 320-25) Dhanaṁjaya (pp. 109-12) Vādirāja (pp. 291-302) and Mahāsena (pp. 411-12) were worthy masters ef Sanskrit language; and some of their works possess great literary merit. Amṛtacandra (pp. 308-13) and Padmaprabha (pp. 409-8) were remarkable spiritual poets, and their commentaries are a model of facile Sanskrit expression. Śrutasāgara (pp. 371-77) was mainly a commentator and Śrīcandra (pp. 287-90) an annotator. Prabhācandra was voluminous writer (pp 247-90), but his fame, like that of Anantakīrti (pp. 404) rests on his Nyāya treatises Mallisena (pp. 314-9) was a poet, but his unique contributions are some Jaina Tāntric and ritualistic texts that strike almost a new path in Jaina literature. Śrībhūsana (pp. 389-94), Padmasundara and Rāyamalla (pp. 395-403), though of later age, were voluminous authors. Śubhacandra (pp. 378-84) is one of the latest authors that composed works, both in Sanskrit and Prākrit, on different topics. In his essays on Puspadanta, Svayambhū and Tribhuvana Svayambhū (pp. 225-55, 196-220) Pt. Premiji has presented in a systematic form the great mass of material about these three luminaries of Apabhramśa literature whose bounds are being widened by new works that are coming to light in plenty, in different Jaina Bhandāras He has been one of the pioneer workers in the field of Apabhramśa literature, and he has justly rescued the personality of Caturmukha from confusion (pp. 196 ff ). It is in the fitness of things that an eminent Hindi scholar like Premiji, with his close acquaintance with different phases of old-Hindī seen in Jaina works of successive centuries, should be attracted to the study of Apabhramśa authors like Puspadanta; and what he has achieved as a pioneer should be a point of legitimate pride to any scholar. He has distinguished three Dhanapālas (pp. 408-11) and four Vāgbhatas (pp. 326-31); and added short notes on Māghanandi Jayakīrti, Brahmasūri, Ratnasimha, Vādirāga, Somadeva and Pārśvanāga. (pp. 408 etc.).

Besides, Pt. Premiji has presented his study of different Jaina works, both in Prākrit and Sanskrit, putting together all the available information about their authors and dates. The Lokavibhāga, Tiloyapaṇṇatti (pp. 1-22) and Jambūdīvapaṇṇatti (pp. 256-65) are old Jaina texts dealing with cosmography. The notes on the commentaries of the Bhagavatī Ārādhanā (pp. 74-86) are important, and after Pt. Premi wrote this paper first in the Anekānta, their value was recognised and some of them were subsequently printed too. The note on the Nayacakra (pp 169-175) gives good many details about Devasena and his other compositions. His study of Nītivākyāmṛta (pp. 577-95), a work on Polity, shows how Pt. Premi approaches the texts from a wider and critical point of view. His comparative study of the Paumacariya and Padmacarita (pp 87-108) and the Jñānārṇava of Śubhacandre and Yogaśāstra of Hemacandra (pp 333-41) is still a fruitful line of exhaustive study which needs further investigation from different points of view. His paper on the Sabhāsya Tattvārtha of Umāsvāti is not only important but also full of suggestions (pp. 519-47); so also his discussions about Vattakeri's Mūlācāra and the authorship of the Ratnakarṇḍaka. Important details are given about texts like the Kathākośa of Hariṣeṇa (pp. 220-24), Jinaśatakatīkā (pp 300-302), Nemicarita (pp 359-63) and Jyotiḥprabhākalyāṇa (p 396), and special attention is drawn to the works of Sumati, Vajranandi, Mahāsena and Prabhañjana which have not been discovered as yet (pp. 418-21). Pt. Premiji, with his usual progressive views, has written a few notes on some general topics connected with Jainism and Jaina community (p. 496 etc.)

It is beyond the scope of a short Introduction to give more details than these; but what I have briefly reviewed would convince any one that Pt. Premiji has covered a vast field of Jaina literature in this volume which should serve hereafter as a fine supplement to Winternitz's treatment of Jaina Literature in his History of Indian Literature Vol. II (Calcutta 1933).

It is merely an accident of selection that Pt. Premi confines himself to Jaina literature, but his outlook is always wide. In his study of Nītivākyāmṛta of Somadeva he has compared it with the Arthaśāstra. With him Jaina authors and texts do not stand isolated, but he is convinced of the need of studying them against the back-ground of Indian literature and history. In his discussions about Jinasena I, Jinasena II, Śākaṭāyana, Āśādhara, Somadeva and Prabhācandra, he takes into account their royal contemporaries and the then period of Indian history to the knowledge of which also he contributes new facts sometimes modifying and sometimes confirming the known details. He always uses earlier material whenever it is available and within his reach. Some of these articles are revised upto date, and as such, this volume has become a mine of information for the students of Jaina literature Differences of opinion held by others do not detract the value of facts that are so studiously collected here.

By his catholic outlook, readiness to correct himself, unbiased approch and balanced judgement, Pt. Premi is a model research scholar who is more after facts than mere ingenuity of interpretation and argument. Premiji never entered the portals of any College, nor did he get the advantage of studying in any University; he is, however, a self-made scholar who has taught himself, all through his career, by modest devotion to study and rigorous habits of work.

The quality of his work gives him a respectable place with our eminent scholars like Bhagawanlal Indraji and Gaurishankar Ojha. The Hindi language too should consider itself richer by this valuable work which contains solid facts of abiding interest and results of patient labour. Pt. Premiji has earned our gratitude by this publication.

This second edition of the 'Jaina Sāhitya aura Itihāsa' is not merely a reprint of the first one. Four fresh papers are added here Some of the articles are practically rewritten; unnecessary

details are curtailed, and some sections are entirely revised. A little retouching here and there is seen almost in every article. The order of essays is changed in this edition: those dealing with literary topics are brought mainly at the beginning; the titles of some of them are made more apt; and honorific appendages like Sūri, Ācārya etc. are generally avoided. Pt. Premiji is past 75 now, his health is not good; his eyesight is very much impaired: still he could do all this singlehanded only shows that he is a scholar by birth. I pray for a long and healthy life to him that he might further enrich the field of Indian studies by his contributions.

Kolhapur,
1st. Sept. 56

A. N. UPADHYE

# दो शब्द

भारतीय इतिहासका अभीतक पूरा पूरा अनुसंधान नहीं हुआ है। प्राचीन वेदकालसे लगाकर प्रायः आधुनिक कालतकके राजनीतिक, धार्मिक, सामाजिक और साहित्यिक इतिहासके अनेक भाग अभी तक खंडित दशामें और अन्धकारमें ही पड़े हुए हैं। जैन संस्कृतिके इतिहासकी तो और भी बड़ी दुर्दशा है। इसका तो प्रमुख साहित्य भी अभीतक पूरा पूरा प्रकाशमें नहीं आया है। यहाँ अनुसन्धानकोंकी कठिनाई इस कारण और बढ़ जाती है कि स्वयं जैन समाजके भीतर एक ऐसा दल विद्यमान् है जो प्रकाशन और समालोचनका विरोधी है। अतः यह कोई आश्चर्य नहीं जो इस क्षेत्रमें कार्य करनेवालोंकी संख्या अत्यल्प रही हो।

जिन थोड़ेसे व्यक्तियोंने कठिनाइयोंकी परवा न करके जैन साहित्य और इतिहासको प्रकाशमे लानेका प्रयत्न किया है उनमे श्रीयुक्त पं० नाथूरामजी प्रेमीका नाम अग्रगण्य है। पंडितजीकी साहित्य-सेवायें जैनत्व तक ही सीमित नहीं रहीं, हिन्दी साहित्यके उद्धार और निर्माणमे भी उनका कार्य अद्वितीय और चिरस्मरणीय है। किन्तु जैन साहित्यमें तो उन्होंने एक नया युग ही स्थापित कर दिया है। आज जो जैन साहित्यके प्रकाशन और अनुसन्धानका कार्य चल रहा है उसपर प्रेमीजीके प्रयत्नोंकी प्रत्यक्ष या परोक्ष अमिट छाप लगी हुई है। नवीन खोजकोंके लिए प्रेमीजीके अनुसन्धान प्रदर्शकका काम देते हैं।

प्रेमीजीके खोजपूर्ण और अत्यन्त महत्त्वशाली लेख प्रायः जैन पत्रिकाओ और स्फुट पुस्तिकाओ तथा ग्रन्थोंकी भूमिकाओमे समाविष्ट होनेसे सबके लिए सदा सुलभ नहीं हैं और कुछ तो अप्राप्य ही हो गये हैं। बहुत कालसे मेरा प्रेमीजीसे आग्रह था कि वे अपने इन लेखोंको एक जगह संग्रह कर दें तो नये खोजकोंको बडा सुभीता हो जाय। किन्तु वृद्धावस्था, अस्वास्थ्य और अन्य चिन्ताओंके कारण वे इस ओर बहुत समय तक प्रवृत्त न हो सके। अत्यन्त हर्षका विषय है कि अन्ततः प्रेमीजीने इस कार्यकी आवश्यकताको प्रधान स्थान दिया और उपर्युक्त कठिनाईके बढ़ते जानेपर भी वे इस कार्यमें जुट गये। न केवल उन्होंने अपने पूर्व प्रकाशित लेखोंका संग्रह ही किया है, किन्तु उनमें आज तकके अनुसन्धानोंकी दृष्टिसे उचित परिवर्तन और परिवर्धन भी कर दिया है।

इन लेखोंमें अधिकांश जैनसाहित्यके इतिहाससे सम्बन्ध रखनेवाले हैं और कुछ जैन तीर्थों तथा धार्मिक सामाजिक संस्थाओंके इतिहासपर प्रकाश डालनेवाले। जिन्होंने कभी साहित्यिक इतिहासके किसी अंशका कुछ अनुसन्धान करनेका प्रयत्न किया हैं वे इन लेखोंकी गम्भीरता, महत्ता और लेखकके अपार परिश्रम तथा विवेकका अन्दाज लगा सकेंगे। प्रेमीजीकी लेखन-शैली ऐसी सरल और सुन्दर है कि साहित्यसे प्रेम रखनेवाला कोई भी पाठक इन लेखोंको दिलचस्पीसे पढ़ सकता है। क्या ही अच्छा होता यदि प्रेमीजी इसी शैलीसे अपनी शेष रचनाओंका भी संस्करण करके प्रकाशित कर सकते। किन्तु असाधारण विघ्नोंके कारण वह महत्त्वपूर्ण कार्य फिलहाल यहीं रुक गया है। हमें आशा और विश्वास है कि ये काले बादल शीघ्र ही नष्ट होंगे और वह शेष पुनीत कार्य भी सम्पन्न हो जायगा। तब तक हमे इन महत्त्वशाली लेखोंके सग्रहसे पूरा लाभ उठाना चाहिए।

ये शब्द मैंने ता० १७-३-४२ को अमरावतीमें लिखे थे जब इस ग्रंथका प्रथम सस्करण प्रकाशित हो रहा था। अब यह उसका द्वितीय सस्करण प्रस्तुत है। यह प्रथम प्रकाशनकी पुनरावृत्ति मात्र नहीं है। इसमे श्रद्धेय प्रेमीजीने वृद्धावस्थाके अनेक क्लेशोंको पराजित कर प्रायः सभी लेखोंमें महत्त्वपूर्ण संशोधन, परिवर्तन और परिवर्धन किये हैं। कुछ लेख तो आमूलचूल फिरसे लिखे गये हैं। कुछ स्थलोंमें अनावश्यक विस्तार कम किया गया है और संदेहात्मक बातोंको छोड़ दिया गया है। मूलाचारसबंधी लेख एक प्रकारसे बिलकुल नया है। अन्तमें उमास्वातिवाला लेख इस ग्रंथमें प्रेमीजीकी नई देन है। लेखोंके शीर्षक अधिक उपयुक्त कर दिये गये हैं। नामोंमें भ्रान्तिजनक उपाधियोंका प्रयोग छोड़ दिया गया है और लेखोंका क्रम पुनः सुनिर्धारित किया गया है। इस प्रकार सभी दृष्टियोंसे यह नवीन सस्करण है। विद्वान्, और विशेषतः वे लोग जो मेरी तरह वृद्धावस्थामें प्रवेश कर रहे हैं प्रेमीजीकी इस असाधारण साधना व साहित्य-सेवामे अपनी अनवरत प्रवृत्तिकी भूरि भूरि प्रशंसा किये विना न रह सकेंगे। मैं तो उनके आगे नतमस्तक होकर यही प्रार्थना करता हूँ कि वे चिरकाल तक हमे इसी प्रकार प्रकाश और प्रोत्साहन देते रहें।

मुजफ्फरपुर
११-९-१९५६

**हीरालाल जैन**
डायरेक्टर, वैशाली जैन
प्राकृत विद्यापीठ

# परिचय

श्री नाथूरामजी प्रेमी जहाँ व्यक्ति हैं, वहीं संस्था भी हैं। उनके चतुर्दिक् कार्योंके अनेक सूत्र फैले रहते हैं। सामाजिक सुधार एवं साहित्यिक रचना इन दोनोंमें उनकी समान प्रवृत्ति रही है। वे आज लगभग चालीस वर्षोंसे जैनसाहित्य और इतिहासके क्षेत्रमें मौलिक शोधका कार्य करते रहे हैं। किसी समय वे जैनहितैषी पत्रके यशस्वी सम्पादक थे। उनके अधिकांश ऐतिहासिक लेख उसी पत्रमें प्रकाशित हुए थे। 'जैनहितैषी' १९२१ मे बन्द हो गया। तब सन् १९४२ में उन महत्त्वपूर्ण लेखोंका एक विशिष्ट संग्रह 'जैन साहित्य और इतिहास' नामसे प्रकाशित हुआ। विद्वत्समाजमे उसका भारी स्वागत हुआ। जैन साहित्य और इतिहाससे सम्बन्धित कोई बौद्धिक प्रयत्न ऐसा न होगा जिसपर प्रेमीजीके मौलिक अनुसंधानका प्रभाव न पड़ा हो। वस्तुतः प्रेमीजीने यापनीय संघ और उसका साहित्य, देवनन्दि और उनका जैनेन्द्र व्याकरण, शाकटायन और उनका शब्दानुशासन, पउमचरियं, महाकवि पुष्पदन्त आदि महत्त्वपूर्ण विषयोंपर पहली ही बार विद्वानोंका ध्यान आकर्षित किया था। आज तक उन लेखोंका महत्त्व उसी प्रकार बना है। जैनेन्द्र व्याकरणके कर्ता आचार्य देवनन्दिके विषयमें जो सामग्री १९२१ में उन्होंने एकत्र की थी आज तक उससे अधिक हम कुछ नहीं जान पाए हैं। अतएव अभी भारतीय ज्ञानपीठसे प्रकाशित जैनेन्द्र व्याकरणके प्रामाणिक संस्करणमें उनका वह लेख भूमिका रूपमें हमने उद्धृत कराया है। यापनीय संघ दिगम्बर और श्वेताम्बर सम्प्रदायोंके बीचकी विकास शृंखला था। इस समय उसका नाम तक विस्मृत हो गया है, पर विक्रमकी प्रथम सहस्राब्दीमें यापनीय आचार्योंने अपने समन्वयात्मक दृष्टिकोणसे विस्तृत साहित्यकी सृष्टि की थी। शाकटायन व्याकरणके रचयिता वैयाकरण शाकटायन इसी सम्प्रदायके थे। प्रेमीजीने यापनीयोंके सम्बन्धमें जो खोज की थी उसकी मौलिकताका अभी तक पूरा अनुभव नहीं

किया जा सका है। होना तो यह चाहिए कि जैन साहित्य, धर्म, दर्शन और कलाके क्षेत्रोंमे यापनीयोंकी देनका विस्तृत अध्ययन एक शोध निबन्धके रूपमें किया जाय।

प्रेमीजी अत्यन्त शीलवान्, सौम्य स्वभावके सज्जन हैं। पर उनके व्यक्तित्वमें वज्रमयी दृढता है। वे जिस तथ्यको इतिहासके प्रमाणोंसे सिद्ध मानते हैं उसे सम्प्रदायकी उलझनोंके कारण छिपाते नहीं, बल्कि नैतिक साहसके साथ कहते और लिखते हैं। इतिहासके साँचेमें ढले हुए सभी सम्प्रदायोंमें कुछ न कुछ मर्यादाएँ रहती हैं, गुण और दोष कहाँ नही हैं, अतएव सम्प्रदायगत भावनाको सदा वशमे रखकर सत्यको प्रकाशित करना विद्वान्का कर्तव्य होता है। प्रेमीजी इस गुणकी साक्षात् मूर्ति हैं। उदार दृष्टिकोण, जागरूक मन और प्रगतिशील स्वभाव उनकी विशेषताएँ हैं। वे सच्चे अंशोमे कर्मठ हैं जिन्होंने अपने पचहत्तर वर्षोंमें बहुत कुछ रचनात्मक कार्य किया है। हिन्दीग्रन्थरत्नाकर न केवल साधारण प्रकाशन संस्था है, बल्कि प्रेमीजीके सत्यपरायण व्यवहारके पीछे जो आदर्श रहा है वही इस संस्थाके रूपमे मूर्तिमान देखा जा सकता है। हर प्रकारकी सचाई, स्वच्छता और नियमितता—इनसे मानवी जीवनका व्यवहार सजता है। इन्ही गुणोंसे हिन्दीग्रन्थरत्नाकरका विकास हुआ है।

इस सग्रहमे लगभग पचास लेख हैं। इसका दूसरा संस्करण हिन्दी संसारमे नए स्वागतके योग्य है। प्रेमीजीके कई लेखोंको हमने एकसे अधिक बार उसी रुचिसे पढ़ा है। हिन्दी भाषामे ऐतिहासिक विवेचनकी समर्थ शैलीका आविष्कार प्रेमीजीकी लेखनीसे उस युगमें हुआ था जब हमारी भाषाकी गद्यशैलीके रूप उभर रहे थे। इस शैलीकी निजी प्रकृति है। यह शुद्ध हिन्दीकी शैली है जहाँ लेखक हिन्दीमे ही सोचता है और हिन्दीमे ही उन विचारोंको प्रकट करता है। इसमे हिन्दीकी निजी सरसता और स्वच्छता है। इस संग्रहमे एकत्र लेखोंका आज भी वैसा ही महत्त्व है, और हमारी सम्मति है कि ऐतिहासिक शोधके क्षेत्रमें प्रवेश करनेवाले नए सशोधकोंको पाठ्य पुस्तककी भाँति इस संग्रहको पढ़ जाना चाहिए।

काशी विश्वविद्यालय<br>२४-८-५६

**वासुदेवशरण अग्रवाल**

# लेखककी ओरसे

सन् १९२१ के अन्तमें जब ' जैनहितैषी ' बन्द हुआ था, तभीसे यह सोचता रहा हूँ कि अपने लिखे हुए तमाम ऐतिहासिक लेखोंका एक संग्रह प्रकाशित कर दिया जाय। स्नेही मित्र भी इसके लिए हमेशा प्रेरणा करते रहे हैं; परन्तु अब तक यह कार्य न हो सका।

गत वर्ष जब इस कार्यको करने बैठा, तब देखा कि उन लेखोंको ज्योंका त्यों प्रकाशित नहीं किया जा सकता, क्योंकि पिछले ३० वर्षोंमें बहुत-सा अलभ्य साहित्य प्रकाशमें आ गया है, बहुत-से शिलालेख, ताम्रपत्र आदि आविष्कृत हो चुके हैं और बहुत-सी नई नई खोजें भी विद्वानोंने की हैं। जब तक उनकी रोशनीमें इन सबकी जाँच पड़ताल न कर ली जाय, तब तक यह एक निरर्थक-सा काम होगा। अतएव यही निश्चय करना पड़ा कि प्रत्येक लेखका संशोधन कर लिया जाय।

परन्तु यह कार्य सोचा था, उतना सहज नहीं मालूम हुआ। अधिकांश लेखोंको तो बिल्कुल नये सिरेसे लिखना पड़ा और कुछ काफी परिवर्तन और संशोधन करनेके बाद ठीक हो सके। प्रतिदिन तीन चार घंटेसे कम समय नहीं दिया गया, फिर भी इसमें लगभग एक वर्ष लग गया।

इस संग्रहमें कुछ लेख ऐसे भी हैं, जो पहले कहीं प्रकाशित तो नहीं हुए हैं परन्तु जिनके विषयमें बहुत-सी तैयारी कर रक्खी गई थी, जैसे महाकवि स्वयंभु और त्रिभुवन स्वयंभु, पद्मचरित और पउमचरिय, पद्मप्रभ मलधारिदेव, जिन-शतकके टीकाकर्त्ता, चार वाग्भट, तीन धनपाल, आदि। ये सब भी इसी बीच लिख लिये गये और इस संग्रहमें दे दिये गये।

सारे लेखोंके संशोधनमें अभी तीन चार महीने और लग जाते परन्तु इसी समय महायुद्धकी विभीषिका भारतके बिल्कुल सिरपर आ पहुँची और उसके भयसे बम्बई नगर खाली होने लगा, इसलिए अब इतने समय तक ठहरनेका साहस न रहा, न जाने कल क्या हो जाय, इसलिए जितना तैयार था, उतना ही पाठकोंकी सेवामें उपस्थित कर देना ठीक प्रतीत हुआ।

जो लेख ठीक नहीं किये ज सके और इस संग्रहमें नहीं दिये जा सके, उनमें भट्टाकलंक, समन्तभद्र, कुन्दकुन्द, उमास्वाति, विद्यानन्दि, दर्शनसार-विवेचन, तारनपन्थ, परवार जाति आदि मुख्य हैं। यदि जीवित रहा, और परिस्थितियाँ अनुकूल हुईं, तो कमसे कम इस समय तो उनको ठीक करके प्रकाशित कर देनेकी भावना है । यद्यपि इस साठ वर्षकी उम्रमें और इस प्रलय-कालमें जीवित रहने और अनुकूल परिस्थितियोकी आशा करना एक दुराशा ही है ।

लेखोंमे अनेक दोष और त्रुटियाँ रह गई होंगी, परन्तु उनके लिए मैं पाठकोंसे क्षमा नहीं मॉगता । मनुष्यसे दोष और त्रुटियाँ होती ही हैं । केवल इतना विश्वास दिला देना चाहता हूँ कि किसी आग्रह या पक्षपातके वशीभूत होकर मैंने कोई निर्णय नहीं किया । अपनी अल्प बुद्धि और साधारण विवेकसे जो कुछ मुझे ठीक मालूम हुआ वही लिखा है और मै समझता हूँ कि एक इतिहासके विद्यार्थीके लिए यह काफी है । मै अपनेको इतिहासका एक तुच्छ विद्यार्थी ही मानता हूँ ।

यद्यपि इस संग्रहके प्रायः सभी लेख अपने पूर्व रूपमे नही रहे हैं उनमे प्रायः आमूल परिवर्तन किया गया है; फिर भी सबसे पहले वे कब लिखे गये थे और कहाँ प्रकाशित हुए थे, लेख-सूचीमे इसकी सूचना दे दी गई है ।

इस संग्रह-कार्यमें राजाराम कालेजके अर्धमागधीके प्रोफेसर डॉ० आदिनाथ नेमिनाथ उपाध्याय एम० ए० ने बहुत अधिक सहायता दी है । बड़ी ही तत्परतासे अनेक प्रूफोंका संशोधन कर दिया है, समय समयपर अनेक बहुमूल्य सूचनायें दी हैं, अपनी देख-रेखमें उपयुक्त नाम-सूची तैयार करा दी है, और साथ ही एक अँग्रेजी भूमिका भी लिख दी है ।

सुहृद्वर प्रो० हीरालालजीने भी अनेक प्रूफोका संशोधन करके, जयधवला, गणितसारसंग्रह आदिकी प्रशस्तियाँ भेजकर तथा अनेक प्रश्नोंका उत्तर देकर बहुत सहायता दी है ।

वास्तवमें इन दोनों विद्वान् मित्रोंके सौजन्य, आग्रह और सहयोगसे ही यह संग्रह प्रकाशित हो सका है और इस तरह दोनोंने ही मुझे सदाके लिए अपना ऋणी बना लिया है ।

'जैन गुर्जरकविओ' और 'जैन-साहित्यनो इतिहास' के लेखक श्री मोहनलाल दलीचन्दजी देसाई बी० ए० एल० एल बी० ने अपने विशाल संग्रहके अनेक ग्रन्थ मुझे उपयोग करनेके लिए दिये हैं और पं० रामप्रसादजी शास्त्रीने ऐ० प० सरस्वती-भवनके बीसों ग्रन्थोंका उपयोग करने दिया है, इसके लिए उक्त दोनों महाशयोका भी मै बहुत कृतज्ञ हूँ। पं० हीरालालजी शास्त्री, पं० फूलचन्दजी शास्त्री, साहित्याचार्य पं० राजकुमार शास्त्रीने भी अनेक सूचनाये देनेकी कृपा की है।

इनके सिवाय जिन जिन सज्जनोंके लेखों और ग्रन्थोसे सहायता ली है, उनका उल्लेख यथास्थान कर दिया गया है। उन सब सज्जनोंका भी मैं हृदयसे कृतज्ञ हूँ।

मेरे पुत्र आयुष्मान् हेमचन्द्र मोदीने अनेक अँग्रेजी लेखो और उद्धरणोंका अनुवाद करने और अनेक लेखोंको सुव्यवस्थित करनेमें सहायता दी है।

२०-३-४२

## दूसरे संस्करणके समय

पहला सस्करण प्रकाशित हुआ ही था कि मेरे इकलौते पुत्र हेमचन्द्रका अचानक स्वर्गवास हो गया और इस एक मात्र सहारेके छिन जानेसे मैं बिल्कुल ही अस्तव्यस्त और कर्तव्यविमूढ़ हो गया। रोगी तो सदाका था ही, इस चोटने और भी गहरा घाव कर दिया। इधर तीन चार वर्षसे तो प्रायः खाट ही पकड रक्खी है। फिर भी अपनी उम्रके ७५ वर्ष पूरे कर रहा हूँ और किसी तरह जी रहा हूँ।

स्व० हेमचन्द्रके दोनो पुत्र उस समय आठ और छह वर्षके थे। अब वे सयाने हो गये हैं और कुछ समयसे काम-काज भी देखने लगे हैं। जान पडता है उन्हींके सुन्दर भविष्यको देखनेकी तीव्र इच्छाने अभी तक इस जीवन-डोरीको टूटने नहीं दिया।

यह जीवन-डोरी न जाने कब टूट जाती, यदि सज्जनोत्तम डा० हीरालालजीका सहारा न मिला होता। इन १२-१३ बरसोंमें उन्होने न केवल आश्वासन और धैर्य ही दिया है अनेक बार समक्ष उपस्थित रहकर मेरी चिकित्सा कराई है,

अपनी छुट्टियोंका अधिकांश समय मेरे साथ बम्बई, अमरावती, नागपुर, गजपथ, छिंदवाडा, जगदलपुर आदि स्थानोंमें बिताया है और मेरी कच्ची गृहस्थीकी उलझनों तथा कार्यालयकी व्यवस्थाओंको सुलझाने सुधारनेमें सक्रिय सहायता दी है। उनके प्रति किन शब्दोंमें कृतज्ञता प्रकाशित करूँ?

सन् ४८ में ही इसका पहला संस्करण समाप्त हो गया था। मित्रोंका आग्रह हुआ कि और कुछ न हो सके तो इसकी दूसरी आवृत्ति ज्योंकी त्यों ही निकाल दी जाय। परन्तु पहली आवृत्तिकी त्रुटियाँ मुझे खटक रही थीं और इधर कुछ नई बातें भी प्रकाशमें आई हैं जिनको शामिल करना आवश्यक हो गया। इसलिए शक्ति और स्वास्थ्यके ठीक न रहनेपर भी यथाशक्य इसकी त्रुटियोंके दूर करने और संशोधन करनेके कार्यमें लगना पड़ा। आखिर लगभग दो वर्षके प्रयत्नसे किसी तरह यह कार्य पूरा हो सका; यद्यपि जैसा चाहता था वैसा नहीं हो सका। ९–१० महीने तो इसके मुद्रण-कार्यमें ही लग गये।

१३-९-५६ **नाथूराम प्रेमी**

★

# इस संस्करणकी विशेषतायें

१—तमाम लेखोंको यथासंभव समय-क्रमसे रखनेका प्रयत्न किया है और अधिकाश लेखोंके शीर्षक भी बदल दिये हैं।

२—अनावश्यक विस्तारको कम किया है, जो बात एक जगह कही जा चुकी है दूसरी जगह उसका संकेत मात्र कर दिया है। उद्धरणोको यथासंभव टिप्पणियोंमें देनेका प्रयत्न किया है। आचार्य, सूरि, महाकवि, स्वामी, भगवत् आदि पदवियाँ न लिखकर केवल नाम-भर दिये हैं, पर यह किसी असम्मानकी भावनासे नहीं।

३—'लोकविभाग और तिलोयपण्णत्ति', 'शुभचन्द्रका ज्ञानार्णव' 'पद्मसुन्दर और रायमल्ल' ये तीन लेख आमूल परिवर्तन करके फिरसे लिखे गये हैं। 'उमास्वातिका सभाष्य तत्त्वार्थ,' 'वट्टकेरिका मूलाचार,' 'रत्न-करण्डके कर्त्ता' और 'कूर्चकोका सम्प्रदाय' ये चार लेख पहले सस्करणमें नहीं थे। उसके निकलनेके बाद लिखे गये हैं।

४—'देवनन्दिका जैनेन्द्र व्याकरण' में 'देवनन्दिका समय' और 'वीरसेन जिनसेन और गुणभद्र' में 'स्थान-विचार' अंश नये लिखे गये हैं। 'अमृतचन्द्र' लेखमें अमृतचन्द्रका समय करीब करीब निश्चित हो गया है। 'चामुण्डराय' मे माधवचन्द्र त्रैविद्यदेव और बाहुबलिमन्त्रीके समय और स्थानपर कुछ नया प्रकाश डाला है। 'पद्मनन्दिकी जंबुदीवपण्णत्ति' मे बारानगरके प्रभु शक्तिकुमारके विषयमें निश्चय किया गया है कि वह मेवाडके गुहिलवंशी राजा शालिवाहन (वि० स० १०३०–३५) का उत्तराधिकारी था और उसीके समयमें जबुदीवपण्णत्तिकी रचना हुई।

५—'सोमदेवका नीतिवाक्यामृत' मे पहले उसके सस्कृत टीकाकारकी इस बातपर अविश्वास प्रकट किया गया था कि महाराजा महेन्द्रदेवने सोमदेवको नीतिवाक्यामृतकी रचनामे प्रवृत्त किया, परन्तु अब अनेक प्रमाणोंसे यह सिद्ध हुआ है कि टीकाकारका कथन ठीक है और महेन्द्रदेव कान्यकुब्जनरेश

महेन्द्रपालदेव (द्वितीय) हैं। यशस्तिलकके भी दो श्लिष्ट श्लोकोंमें सोमदेवने महोदय (कन्नौज) और महेन्द्रामर (महेन्द्रदेव) का उल्लेख किया है और खुदको 'महेन्द्रामरमान्यधीः' विशेषण दिया है।

६—'कुछ और ग्रन्थकार' शीर्षक लेखमें पहलेके अलग अलग लिखे हुए महासेन, पद्मप्रभ आदि छोटे छोटे लेखोंको यत्र तत्र संक्षिप्त करके एकत्र कर दिया है और उनमें 'सोमदेव' (बघेरवाल) तथा 'पार्श्वनाग' को और भी शामिल कर दिया है।

७—छान-बीनमेंसे 'विक्रमादित्य और खारवेल' 'खारवेल और गर्दभिल्ल' तथा 'जैनधर्म अनीश्वरवादी है' शीर्षक लेख इस बार नहीं दिये गये। 'परिग्रहपरिमाणव्रतके दासीदास' में 'दासी-विक्रयपत्र' नया दिया गया है जो बहुत महत्त्वका है।

★

# लेख-सूची


| | पृ० सं० |
|---|---|
| १—लोकविभाग और तिलोयपण्णत्ति ( जैनहितैषी, १९१७ ) | १ |
| २—देवनन्दिका जैनेन्द्र व्याकरण ( जै० हि० १९२१ ) | २२ |
| ३—यापनीयोंका साहित्य ( अनेकान्त, १९३९ ) | ५६ |
| ४—आराधना और उसकी टीकायें ( अ० १९३१ ) | ७४ |
| ५—पद्मचरित और पउमचरिय | ८७ |
| ६—धनंजयका द्विसन्धान | १०९ |
| ७—जिनसेनका हरिवंश ( हरिवंशकी भूमिका १९३० ) | ११३ |
| ८—वीरसेन, जिनसेन और गुणभद्र ( जै० हि० १९११ ) | १२७ |
| ९—शाकटायनका शब्दानुशासन ( जै० हि० १९१६ ) | १५५ |
| १०—देवसेनका नयचक्र ( जै० हि० १९२१ ) | १६८ |
| ११—सोमदेवका नीतिवाक्यामृत ( जै० सा० सं० १९२३ ) | १७७ |
| १२—स्वयंभु और त्रिभुवन स्वयंभु | १९६ |
| १३—हरिषेणका कथाकोश ( जै० हि० १९२० ) | २२० |
| १४—पुष्पदन्त ( जै० सा० संशोधक १९२३ ) | २२५ |
| १५—पद्मनन्दिकी जंबुदीवपण्णत्ति ( जै० सा० सं० १९२४ ) | २५६ |
| १६—चामुण्डराय ( जै० हि० १९१६ ) | २६६ |
| १७—अमितगति ( जै० हि० १९०८ ) | २७४ |
| १८—श्रीचन्द्र और प्रभाचन्द्र ( अनेकान्त १९४१ ) | २८६ |
| १९—वादिराज ( जै० हि० १९११ ) | २९१ |
| २०—वसुनन्दिकी जिनशतक-टीका | ३०० |
| २१—हरिचन्द्र | ३०३ |
| २२—अमृतचन्द्र ( जै० हि० १९२० ) | ३०९ |
| २३—मल्लिषेण ( विद्वद्रत्नमाला १९१२ ) | ३१४ |
| २४—वादीभसिंह ( क्ष० चू० की भूमिका १९१० ) | ३२० |
| २५—चार वाग्भट | ३२६ |
| २६—शुभचन्द्रका ज्ञानार्णव ( अनेकान्त १९४० ) | ३३२ |
| २७—आशाधर ( जै० हि० १९०९ ) | ३४२ |
| २८—विक्रमका नेमिचरित ( जै० हि० १९१६ ) | ३५९ |
| २९—हस्तिमल्ल ( विक्रान्तकौरवकी भूमिका १९२९ ) | ३६४ |
| ३०—श्रुतसागर ( जै० हि० १९२१ ) | ३७१ |

| | |
|---|---|
| ३१—जिनचन्द्र, ज्ञानभूषण और शुभचन्द्र ( सिद्धान्तसारादिकी भूमिका, १९२२ ) | पृ० ३७८ |
| ३२—वादिचन्द्र ( जै० हि० १९०९ ) | ३८५ |
| ३३—श्रीभूषण ( जै० हि० १९०९ ) | ३८९ |
| ३४—पद्मसुन्दर और रायमल्ल (अनेकान्त १९४४ ) | ३९५ |
| ३५—कुछ और ग्रन्थकार [ १ अनन्तकीर्ति ( जै० हि० १९१५ ), २ जयकीर्ति ( अनेकान्त १९३१ ), ३ पद्मप्रभ, ४ तीन धनपाल, ५ महासेन, ६ ब्रह्मसूरि, ७ रत्नसिंह ( जै० हि० १९०९ ) ८ वादिराज ( जै० हि० भाग ६ ), ९ माघनन्दि ( १९२२ ) १० सोमदेव, ११ पार्श्वनागका आत्मानुशासन ] | ४०४ |
| ३६—कुछ अप्राप्य ग्रन्थ | ४१८ |
| ३७—हमारे तीर्थक्षेत्र ( पावापुर, तारउर, पावागिरि, पावागिरि ( द्वि० ), गजपन्थ, तुगीगिरि, श्रमणगिरि, रेवातटके तीर्थ, चूलगिरि, द्रोणगिरि, कुन्थुगिरि, कोटिशिला, रेसिन्दीगिरि, कुण्डलपुर जै० सि० भा० १९३९ ) | ४२२ |
| ३८—दक्षिणके तीर्थक्षेत्र ( अनेकान्त १९४० ) | ४५२ |
| ३९—तीर्थोंके विवाद ( जै० हि० १९२१ ) | ४६८ |
| ४०—वनवासी और चैत्यवासी ( जै० हि० १९२० ) | ४७८ |
| ४१—छान-बीन ( १ मघी, सघवी, सिघई, सिगई, २ साधु और साहु, ३ पति-पत्नीके समान नाम, ४ साधुओंका बहुपत्नीत्व, ५ पराशर-स्मृतिके श्लोकका अर्थ, ६ नी० महावीरका वंश, ७ शूद्रोंके लिए जिनमूर्तियाँ, ८ दक्षिणकी जैनजातियाँ, ९ यज्ञोपवीत और जैन-धर्म, १० परिग्रह परिमाणव्रतके दासीदास ) | ४९६ |

## अवशिष्ट

| | |
|---|---|
| १—उमास्वातिका सभाष्य तत्त्वार्थ | ५२१ |
| २—वट्टकेरिका मूलाचार | ५४८ |
| ३—रत्नकरण्डके कर्त्ता | ५५४ |
| ४—कूर्चकोंका सम्प्रदाय | ५५९ |
| ५—परिशिष्ट | ५६४ |
| ६—नाम-सूची | ५६७ |

# लोकविभाग और तिलोयपण्णत्ती

करणानुयोग ( गणितानुयोग ) के इन दो ग्रन्थोंका परिचय एक साथ इसलिए दिया जाता है कि एक तो ये दोनों एक ही विषयके बहुत प्राचीन ग्रन्थ हैं और दूसरे ग्रन्थमें पहले ग्रन्थके अनेक उल्लेख मिलते हैं ।

पहला ग्रंथ यद्यपि अपने मूल प्राकृत रूपमें अभी तक नहीं मिला परन्तु उसका परिवर्तित रूप संस्कृत लोकविभाग प्राप्त हो गया है, जिसका आधार प्राकृत ग्रन्थ रहा होगा ।

संस्कृत लोक-विभागके प्रारम्भमें कहा है कि लोक और अलोकके विभागोंके जाननेवाले जिनेश्वरोंकी भक्तिपूर्वक स्तुति करके लोक-तत्त्वका संक्षेपमें व्याख्यान करता हूँ और अन्तिम प्रशस्तिमें कहा है कि देवों और मनुष्योंकी सभामें तीर्थंकर महावीरने भव्यजनोंके लिए जो सारा जगत्-विधान कहा, जो सुधर्मा स्वामी आदिने जाना और जो आचार्योंकी परम्परा द्वारा चला आया, उसे ऋषि सिंहसूरने भाषाका परिवर्तन करके रचा और निपुण साधुओंने उसको सम्मानित किया ।

जिस समय उत्तराषाढ़ नक्षत्रमें शनैश्चर, वृषभ (?) में बृहस्पति और उत्तरा

---

१ लोकालोकविभागज्ञान् भक्त्या स्तुत्वा जिनेश्वरान् ।
व्याख्यास्यामि समासेन लोकतत्त्वमनेकधा ॥ १ ॥
भव्येभ्य सुरमानुषोरुसदसि श्रीवर्द्धमानार्हता,
यत्प्रोक्तं जगतो विधानमखिलं ज्ञात सुधर्मादिभिः ।
आचार्यावलिकागत विरचितं तत् सिंहसूरर्षिणा,
भाषायाः परिवर्तनेन निपुणैः सम्मानित साधुभिः ॥ १

२ सूर और सूरि एकार्थवाची हैं । दोनोंका अर्थ पण्डित है ।

फाल्गुनिमें चन्द्रमा था, तथा शुक्र पक्ष था[१] उस समय पांड्य राष्ट्रके पाटलिके[२] ग्राममें पुरा कालमें मुनि सर्वनन्दिने इसे लिखा।

काचीनरेश[३] सिंहवर्माके २२ वें संवत्सर और शकके ३८० वे संवत्सरमें यह ग्रन्थ समाप्त हुआ[४]।

यह शास्त्रका संग्रह अनुष्टुप् छन्दोंके हिसाबसे १५२६ श्लोकपरिमित है[५]।

अनुवाद-कर्त्ताका हमे कृतज्ञ होना चाहिए कि उन्होंने मुनि सर्वनन्दिके मूल ग्रन्थके विषयमें इतनी जानकारी दे दी। उन्होंने यह नहीं बतलाया कि मूल-ग्रन्थ किस भाषाका था, परन्तु अनुवादकने जो उसे आचार्यपरम्परागत कहा है उससे हम अनुमान कर सकते हैं कि वह प्राकृतका ही होगा[६]।

इस ग्रन्थमें जम्बूद्वीप, लवणसमुद्र, मानुषक्षेत्र, द्वीप-समुद्र, काल, ज्योतिर्लोक, भवनवासिलोक, अधोलोक, व्यन्तरलोक, स्वर्गलोक और मोक्ष नामके ११ विभाग या अध्याय हैं।

शक संवत् ३८८ का मर्करका जो दान-पत्र है उसमें कोण्डकुण्डान्वयके जिन छह मुनियोंके नाम हैं उनमें अभयनन्दि, जयनन्दि, गुणनन्दि और चन्द्रनन्दि ये चार नाम नन्द्यन्त हैं। सर्वनन्दि नाम भी ऐसा ही है और उनका लोकविभाग

---

१ वैश्वे स्थिते रविसुते वृषभे च जीवे, राजोत्तरेषु सितपक्षमुपेत्य चन्द्रे।
ग्रामे च पाटलिकनामनि पाण्ड्यराष्ट्रे, शास्त्रं पुरा लिखितवान्मुनिसर्वनन्दि॥ २

२ प० भुजबलि शास्त्रीके अनुसार पाटलिक ग्रामको वर्तमानमें कुड्डलोर कहते हैं। तामिल भाषाके पेरियपुराण आदि ग्रन्थोंमें इसे ही 'थिरु पडरापुलियूर' कहा गया है।

३ सिंहवर्मा पल्लववंशमें हुए हैं और उनकी राजधानी कांची थी।

४ संवत्सरे तु द्वाविंशे कांचीशसिंहवर्मणः।
अशीत्यग्रे शकाब्दानां सिद्धमेतच्छतत्रये॥ ३

५ पंचादशशतानि षट्त्रिंशत्यधिकानि वै।
शास्त्रस्य संग्रहस्त्विदं छन्दसानुष्टुभेन (?) च॥ ४

६ यदि विक्रमकी सोलहवीं सदीमें संस्कृत 'लोक-विभाग' लिखा गया है, तो आशा करनी चाहिए कि प्राकृत लोकविभाग मालवा, गुजरात या राजस्थानके भंडारोंमें कहीं न कहीं अवश्य प्राप्त होगा। अभी तक इन प्रान्तोंके भंडारोंकी अच्छी तरह खोज ही नहीं हुई है।

मर्करा-लेखसे आठ वर्ष पहलेका है। अर्थात् जिन अन्तिम चन्द्रनंदिको दान दिया गया है, संभव है उन्हींके समकालीन वे हों और यापनीय हों।

## संस्कृत लोकविभागके कर्त्ता

सिंहसूरिने न अपना कोई परिचय दिया है और न रचना-तिथि बतलाई है। इसलिए उनके सम्बन्धमें अनुमान ही किया जा सकता है। उन्होंने अपनेको ऋषि लिखा है—'सिंहसूरर्षिणा विरचितं।' पिछले पिछले भट्टारक शायद अपनी मठाधीश महन्तों जैसी रहन-सहनके कारण अपनेको मुनिके बदले ऋषि लिखना पसन्द करने लगे थे। दान-शासन नामका ग्रन्थ वि० सं० १४७८ का बना हुआ है। उसकी अन्त प्रशस्तिमे वाक्य है—"श्रीवासुपूज्यर्षिणा प्रोक्तं पावनदानशासनमिदं।" अर्थात् वासुपूज्य ऋषिका कहा हुआ यह पवित्र दान-शासन। और इस ग्रन्थके प्रायः प्रत्येक अध्यायके अन्तमें यह पद्य दिया हुआ है—

> मतं समस्तै ऋषिभिर्यदार्हतैः प्रभासुरैः पावनदानशासनम्।
> मुदे मता पुण्यधनं समर्जितुं धनानि दद्यान्मुनये विचार्य तत्॥

अर्थात् यह दान-शासन ग्रन्थ सारे आर्हत ऋषियों ( भट्टारकों ) द्वारा सम्मत है, सज्जनोंको आनन्दके लिए है। अतः पुण्य धनका उपार्जन करनेके लिए मुनियोंको ( भट्टारकोंको ) दान दो।

एक जगह इन ऋषियोंके भुक्तिशेष ( बचा हुआ जूठा भोजन ) खानेवालेको तुष्टि-पुष्टि-बल-आरोग्य-दीर्घायु प्राप्त करनेवाला कहा है—

> ऋषीणां भुक्तिशेषस्य भोजने स नरो भवन्।
> तुष्टिपुष्टिबलारोग्यदीर्घायुःश्रीसमन्वितः॥ १४५॥

इसी तरह श्रुतसागरने अपना यशोधरचरित जिन भट्टारकोंकी प्रेरणा या प्रार्थनासे लिखा है उनमेंसे भट्टारक रत्नराजको भी ऋषि लिखा है—

> विद्यादिनन्दिगुरुपूर्वगिरा च भक्त्या सप्रार्थितश्च मुनिनामरकीर्तिनाम्ना।
> श्रीरत्नराजऋषिणा गुरुभक्तिभाजा राजाधिराजनतपादकजद्वयेन॥

---

१ देखो 'जैनजगत्' वर्ष ५, अंक ८, पृ० ३४–३६ में मेरा लिखा हुआ 'वासुपूज्यका दानशासन' शीर्षक लेख।

गरज यह कि सिंहसूरके साथ जो 'ऋषि' लगा हुआ है, वह यही बतलाता है कि वे भट्टारक थे।

सिंहसूर संक्षिप्त नाम है, पूरा नाम सिंहनन्दि या सिंहकीर्ति होगा। सोलहवीं शताब्दिमें इन नामोंके अनेक भट्टारक हो गये हैं, और उनमेंसे एक मालव देशके भट्टारक थे जिनकी प्रार्थनासे[1] श्रुतसागरने यशस्तिलकचन्द्रिका टीका और ज्ञानार्णवकी तत्त्वत्रयप्रकाशिका टीका[2] लिखी। ब्र० नेमिदत्तने भी अपने सुदर्शन-चरित्रमें मल्लिभूषण और श्रुतसागरके साथ इन्हीं सिंहनन्दिका स्मरण किया[3] है। अतएव ये सिंहनन्दि श्रुतसागरके समकालीन हैं और श्रुतसागरके यद्यपि बीसों ग्रन्थ उपलब्ध हैं, परन्तु उनमेंसे किसीमें भी रचनाका समय नहीं दिया है, फिर भी अन्य साधनोंसे उनका समय विक्रमकी सोलहवीं सदीका मध्यभाग मालूम होता है। सिंहनन्दि उनसे वयोज्येष्ठ होंगे।

स्व० सेठ माणिकचन्दजीके चौपाटीके मन्दिरमे लोकविभागकी जो हस्तलिखित प्रति है वह भट्टारक भुवनकीर्तिके शिष्य ज्ञानभूषणकी लिखी हुई है।

ज्ञानभूषणकी तत्त्वज्ञानतरंगिणी प्रकाशित हो चुकी है। उसकी प्रशस्तिके अनुसार वह वि० स० १५६० की रचना है। ज्ञानभूषणके शिष्य और भुवन-कीर्तिके प्रशिष्य विजयकीर्तिके वि० सं० १५५७ और १५६१ के दो मूर्तिलेख उपलब्ध है। इनसे भी उनके समयपर प्रकाश पड़ता है। १५६० में वे शायद भट्टारकपदपर नहीं थे। उनके इससे पहलेके वि० सं० १५३४, ३५, ३६ के

---

१ "इतिश्रीपद्मनन्दि-देवेन्द्रकीर्ति-विद्यानन्दि-मल्लिभूषणाम्नायेन भट्टारकश्रीमल्लि-भूषणगुरुपरमाभीष्टगुरुभ्रात्रा गुर्जरदेशसिंहासनभट्टारकश्रीलक्ष्मीचन्द्रकाभिमतेन मालवदेशभट्टारकश्रीसिंहनन्दिप्रार्थनया—"

२ आचार्यैरिहशुद्धतत्त्वमतिभिः श्रीसिंहनन्द्याह्वयैः
सम्प्रार्थ्य श्रुतसागरं कविवरं भाष्यं शुभं कारितम्।
गद्यानां गुणवत्प्रिय विनयनो ज्ञानार्णवस्यान्तरे
विद्यानन्दिगुरुप्रसादजनितं देयादमेय सुखम्॥

३ सूरिश्रीश्रुतसागरो गुणनिधिः श्रीसिंहनन्दीगुरुः।
सर्वे ते यतिसत्तमाः शुभनरा कुर्वन्तु वो मंगलम्॥ ५०॥

लेख धातुप्रतिमालेखसंग्रहमें और १५३१, ३५, ३७ के लेख प्रतिष्ठालेख-संग्रहमें दिये हुए हैं और उस समय वे भट्टारक ही थे[3]। सो इनके द्वारा सिंहनन्दिके लोकविभागका लिखा जाना असंभव नहीं।

पर यह सब अनुमान ही है। इन सिंहनन्दिके अतिरिक्त और भी कोई सिंहनन्दि रहे हों, या उनका नाम सिंहकीर्ति हो, पर वे थे ऋषि या भट्टारक ही और अधिक प्राचीन नहीं, १५ वीं १६ वीं शताब्दिके ही जान पड़ते हैं।

लोकविभागके अन्तमें ग्रन्थका परिमाण अनुष्टुप् श्लोकोंमें १५२६ बतलाया है। परन्तु यह स्पष्ट नहीं होता कि यह परिमाण मूल प्राकृत ग्रन्थका है, या इस संस्कृत ग्रन्थका। उपलब्ध लोकविभाग तो २२३० श्लोकोंका है। अर्थात् इसमें ७०४ श्लोक ज्यादा हैं। पं० जुगलकिशोरजी मुख्तारके अनुसार इसमें १०० से अधिक गाथायें ति० प० की, २०० से अधिक श्लोक आदिपुराणके और शेष गाथायें तिलोयसार, जम्बूदीवपण्णत्ति, त्रैलोक्यसग्रह आदि ग्रन्थोंकी है और ये सब ग्रन्थ मूल ग्रन्थसे बहुत पीछेके हैं। कहीं तो इनके नाम दे दिये गये हैं और कहीं इन्हें केवल 'उक्तं च' लिखा है[4]। इससे ऐसा मालूम होता है कि इन सब उद्धृत श्लोकोंकी सख्या ७०४ होगी और इस सस्कृत लोकविभागकी ही श्लोकसंख्या १५२६ होगी। यह ग्रन्थ अनुष्टुप् छन्दोंमें है भी।

मूल प्राकृत ग्रन्थकी यदि यह संख्या मानी जाय तो इसका अर्थ होगा कि उसकी गाथायें १२०० से भी कम होंगी। परन्तु हमारा अनुमान है कि मूलग्रन्थ इतना छोटा न होगा। तिलोयपण्णत्तिमें लोकविभागके मतोंका जिस स्वरूपमें अनेक जगह उल्लेख किया गया है और नियमसारकी टीकामें जिसे 'लोकविभागाभिधानपरमागम' कहा गया है वह अवश्य ही काफी विस्तृत रहा होगा और संस्कृतमें उसका यह संक्षेप किया गया है—व्याख्यास्यामि समासेन। शायद इसीलिए इसमें वे बहुत-सी बातें नहीं मिलती जिनके नियम-

१ देखो, बुद्धिसागरप्रणीत धातुप्रतिमालेखसंग्रह, प्रथम भाग, पृ० ८७ और १२३।

२ देखो, विनयसागरउपाध्यायसम्पादित प्रतिष्ठालेखसंग्रह, प्रकाशक, सुमति-सदन, कोटा।

३ देखो, मेरा 'ज्ञानभूषण और शुभचन्द्र' लेख।

४ देखो, पुरातनवाक्यसूचीकी प्रस्तावना पृ० ३२

सार, ति० प० आदि ग्रन्थोंमें 'लोकविभाग' मे कहे जानेके उल्लेख मिलते हैं। जैसे तिर्यंचोंके चौदह भेदोंका विस्तारसे कथन नहीं है—

*चउदहभेदा भणिदा तेरिच्छा सुरगणा चउब्भेदा।*
*एदेसिं वित्थारं लोयविभागेसु णादव्वं ॥*

इसमें कहा गया है कि तिर्येचोके चौदह भेद और देवोंके चार भेद, इनका विस्तार लोकविभाग ग्रन्थके विभागोंसे ज्ञात करना चाहिए।

इससे साफ मालूम होता है कि लोकविभागमे इन सब विषयोंका खूब विस्तारसे वर्णन होगा जो कि उसके संक्षिप्त वर्तमानरूपमें नहीं दिखलाई देता।

ति० प० में लोकविभागका उल्लेख कोई पाँच बार हुआ है और उनका संस्कृत लोकविभागसे मिलान करके पं० जुगलकिशोरजीने अनुमान किया है कि ति० प० के सामने सर्वनन्दिका प्राकृत लोकविभाग रहा होगा। परन्तु जयधवलाके प्रस्तावना-लेखकोंके मतसे वह कोई दूसरा ही लोकविभाग होगा। इस नामके कई ग्रन्थ—कमसे कम दो तो अवश्य थे[२]। परन्तु हमारी समझमें ऐसा अनुमान करनेका कारण यही है कि वर्तमान लोकविभाग बहुत संक्षिप्त है, और यह बात अन्वेषकोकी दृष्टिसे बाहर रह जाती है। जब तक सर्वनन्दिका मूल ग्रन्थ नहीं मिल जाता, तब तक इस तरहके विकल्प उठते ही रहेंगे।

## तिलोयपण्णत्ती

लोकविभागके समान तिलोयपण्णत्ती भी करणानुयोगका ग्रन्थ है और इसमें तीनों लोकोंका बड़े विस्तारके साथ नौ महाधिकारोंमें वर्णन किया गया है। यह प्राकृत गाथाबद्ध है और दिगम्बर सम्प्रदायके इस विषयके जितने ग्रन्थ उपलब्ध हैं, वे सब प्रायः इसीके आधारसे इसके बादके लिखे हुए हैं। श्वेताम्बर सम्प्रदायके सूर्यप्रज्ञप्ति, चन्द्रप्रज्ञप्ति और जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति ग्रन्थ भी इसी विषयके हैं। इसमें अग्गायणी, दिट्ठिवाद, परियम्म, लोयविणिच्छिय, लोगाइणि, लोक-विभाग आदि ग्रन्थोंके मतभेदसम्बन्धी उल्लेख अनेक बार आये हैं, जो इससे पहलेके ग्रन्थ हैं, परन्तु दुर्भाग्यसे उनमेंसे एक भी इस समय उपलब्ध नहीं है।

---

२ देखो, जयधवलाकी प्रस्तावना पृ० ६१–६३।

१ शोलापुरकी जीवराज-ग्रन्थमालाके द्वारा यह ग्रन्थ दो भागोंमें विस्तृत भूमि-काके साथ प्रकाशित हो चुका है।

## तिलोयपण्णत्तीके कर्ता

तिलोयपण्णत्तिके कर्त्ता कौन हैं, इसका ग्रन्थमें कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं है; परन्तु इसके अन्तमें नीचे लिखी दो गाथायें मिलती हैं—

पणमह जिणवरवसहं गणहरवसहं तहेव गुणवसहं ।
दट्ठूण[1] परिसवसहं जदिवसहं धम्मसुत्तपाढए वसहं ॥ ७६ ॥
चुण्णिसरूवछक्करणसरूवपमाण[2] होदु किं जं त (?) ।
अट्ठसहस्सपमाणं तिलोयपण्णत्तिणामाए ॥ ७७ ॥

अर्थात् जिनवर-वृषभको, गुणोंमे श्रेष्ठ गणधर-वृषभको तथा परिषहोंको सहन करनेवाले और धर्मसूत्रके पाठकोंमें श्रेष्ठ ऐसे यतिवृषभको नमस्कार करो। चूर्णि-स्वरूप तथा षट्करणस्वरूपका जितना प्रमाण है, त्रिलोकप्रज्ञप्तिका परिमाण भी उतना ही, आठ हजार श्लोक प्रमाण है ।

७६ वीं गाथामे यद्यपि जिनवर-वृषभ (प्रथम तीर्थंकर) को नमस्कार किया गया है, परन्तु उनके लिए जो विशेषण दिये गये हैं, उनसे आभास मिलता है कि कर्त्ताने उनमें अपना नाम यतिवृषभ ( जदिवसह ) भी प्रकट किया है और यतिवृषभ वही हैं जिनका उल्लेख इन्द्रनन्दिने अपने श्रुतावतारमे किया है और जिन्हें कषायप्राभृत नामक द्वितीय श्रुत-स्कन्धके चूर्णिसूत्रोंका कर्त्ता बतलाया है । श्रुतावतारमें लिखा[3] है कि गुणधर आचार्यने कषायप्राभृतको जिन नागहस्ति[4] और आर्यमंक्षु मुनियोंके लिए

---

१ पं० जुगलकिशोरजी मुख्तार 'दुसहपरीसहवसह' पाठको ठीक मानते है।— पुरातन-वाक्य-सूची पृ० २८-२९

२ 'चुण्णिसरूवत्थकरण' पाठ भी मिलता है।

३ पार्श्वे तयोरप्यधीत्य सूत्राणि तानि यतिवृषभः ।
यतिवृषभनामधेयो बभूव शास्त्रार्थनिपुणमतिः ॥ १५५
तेन ततो यतिपतिना तद्गाथावृत्तिसूत्ररूपेण ।
रचितानि षट्सहस्रग्रन्थान्यथ चूर्णिसूत्राणि ॥ १५६

४ नागहस्ति और आर्यमंक्षुका उल्लेख श्वेताम्बरपरम्परामें भी मिलता है। इस विषयमें अधिक जाननेके लिये धवलाकी भूमिका और जयधवलाकी भूमिका देखिए ।

व्याख्यान किया था उन दोनोंके पास यतिवृषभ नामक श्रेष्ठ यतिने उसे पढ़ा और उसपर छह हजार श्लोक परिमाण चूर्णिसूत्र लिखे।

जयधवला टीकामें भी यतिवृषभको कषायप्राभृतका वृत्तिसूत्रकर्ता लिखकर उनसे वर चाहा है—"सो वित्तिसुत्तकत्ता जइवसहो मे वरं देउ।" और उन्हें आर्य मंक्षुका शिष्य तथा नागहस्तिका अन्तेवासी कहा है।[1] चूर्णिसूत्र और वृत्तिसूत्र पर्यायवाची हैं।

धवला-टीकामें भी कई जगह यतिवृषभके मतोंका उल्लेख किया है[2] और ये मत कषायप्राभृतके वृत्तिसूत्रके ही होंगे।

धवलामें अनेक स्थानोंपर तिलोयपण्णत्तिका भी उल्लेख किया है और उसकी बहुत-सी गाथायें उद्धृत की हैं[3]।

तिलोयपण्णत्तिकी ७७ वीं गाथाके उत्तरार्धके अनुसार वह आठ हजार श्लोक प्रमाण है और पूर्वार्धसे यह अभिप्राय जान पड़ता है कि यह प्रमाण उतना ही है जितना चूर्णि और करणस्वरूपको एकत्र करनेसे होता है। चूंकि इन्द्रनन्दिने चूर्णिसूत्रोंका परिणाम छह हजार श्लोक बतलाया है, इसलिए करणस्वरूपका परिमाण दो हजार श्लोक होना चाहिए।

जान पड़ता है यह करण या करणसूत्र यतिवृषभरचित गणितसम्बन्धी कोई ग्रन्थ होगा। डा० हीरालालजीके अनुसार करणसूत्रका अर्थ गणितका 'फार्मूला' या संक्षिप्तसूत्र करना चाहिए। तिलोयपण्णत्तिमें कुछ गाथायें दी हैं जो करणसूत्र या करण-गाथायें हैं।

## यतिवृषभका समय

चूर्णिसूत्र और तिलोयपण्णत्तिके कर्ता यतिवृषभ कब हुए इसका बिल्कुल ठीक निश्चय करना तो कठिन है, फिर भी इतना कहा जा सकता है कि ति० प०

१ गुणहरवयणविणिग्गय-गाहाणत्थोवहारिओ सव्वो।
जेणज्जमखुणा सो सणागहत्थी वर देऊ॥
जो अज्जमंखुसीसो अंतेवासी वि णागहत्थिस्स।
सो वित्तिसुत्तकत्ता जइवसहो मे वर देऊ॥ ८

२ यतिवृषभोपदेशात् सर्वघातिकर्मणां इत्यादि।—धवला अ० ३०२
एसो दसणमोहिणीयउवसामओ त्ति जइवसहेण भणिदं। ध० पु० ६ पृ० २३३

३ तिरियलोगो त्ति तिलोयपण्णत्तिसुत्तादो।—ध० पु० ३ पृ० ३६
तिलोयपण्णत्तिसुत्ताणुसारि।—ध० पु० ४ पृ० १५७

सर्वनन्दिके प्राकृत लोकविभागके बादकी है। क्योंकि तिलोयपण्णत्तिमे लोक-विभागका कोई पाँच बार उल्लेख किया गया है और जान पड़ता है उक्त लोक-विभाग सर्वनन्दिका ही होगा, जो श० संवत् ३८० की रचना है। इसके सिवाय ति० प० की कालगणनाके अनुसार वीरनिर्वाणके एक हजार वर्ष बाद कल्किकी मृत्यु हुई और शकके ६०५ वर्ष पहले वीरनिर्वाण हुआ है। फिर कल्किकी मृत्युके बाद उसके पुत्र अजितंजयका दो वर्ष तक धर्मराज्य करनेका भी उल्लेख है। अतएव श० सं० ४०० ( वि० सं० ५३५ ) के पश्चात् तिलोयपण्णत्तिका रचना-काल होना चाहिए जो सर्वनन्दिके लोकविभागके २० वर्ष बाद पड़ता है[1]।

इन्द्रनन्दिने श्रुतावतारमें ति० प० के अनुसार ही वीरनिर्वाणके ६८३ वर्ष बाद तक अंगज्ञानका अस्तित्व माना है। उसके बाद अर्हद्बलि हुए और फिर कुछ समय बाद ( तत्काल ही नहीं ) माघनन्दि हुए। उनके स्वर्गवासके कुछ समय पीछे धरसेन हुए जिन्होने भूतबलि-पुष्पदन्तको पढ़ाया और फिर भूतबलिने जिन-पालितको[2]। इसी बीच एक गुणधर नामके आचार्य हुए जिनके शिष्य आर्यमंक्षु और नागहस्तिसे यतिवृषभने कषायप्राभृत पढा। इन्द्रनन्दिको गुणधर और धरसेनके अन्वयोंका पूर्वापरक्रम मालूम नहीं था, अर्थात् उनकी गुरुपरम्परा ज्ञात नहीं थी, क्यो कि उनके समक्ष उक्त आचार्योंके अन्वयको बतलानेवाले न तो आगम ही थे और न मुनिजन[3]। यदि ये सब आचार्य लगातार हुए होते तो उनके समयका कुछ अनुमान हो सकता था, परन्तु कई जगह इनके बीच बीचकी शृंखला टूटी हुई है, इससे नही हो सकता। यदि यतिवृषभका उपर्युक्त काल

१ तिलोयपण्णत्तिमें अग्गायणीय, दिट्ठिवाद, परिकम्म ( परिकर्म ), मूलाचार, लोग-विणिच्छिय, लोगाइणि आदि ग्रन्थोंके मतभेदसम्बन्धी उल्लेख अनेक बार आये है, उनमेंसे अधिकाश जैनसाहित्यके आदिम स्तरके है। मूलाचार यद्यपि एक प्राचीन ग्रन्थ है तथापि उसके रचनाकालके सम्बन्धमें कोई निश्चय नही है। जब तक यह न बतलाया जा सके कि सिद्धसूरिके लोकविभागसे पूर्व भी इसी नामका कोई ग्रन्थ था, तब तक यही मानना उचित होगा कि ति० प० में इसी लोकविभागका उल्लेख है। अतएव ति० प० अपने वर्तमान रूपमे सर्वनन्दिकृत प्राकृत लोक-विभागमे पश्चा-त्कालकी रचना है।—तिलोय प० की प्रस्तावना पृ० १३

२ लगभग यही परम्परा धवला टीकामे भी दी हुई है।

३ गुणधर-धरसेनान्वयगुर्वोः पूर्वापरक्रमोऽस्माभिः।
न ज्ञायते तदन्वयकथकागममुनिजनाभावात्॥ १५१

वि० सं० ५३५ के लगभग; अर्थात् वीर नि० सं० १००५ माना जाय, तो फिर उक्त सब आचार्योंके अन्तराल-कालको ३२२ वर्ष ( १००५–६८३=३२२ ) मानना होगा।

श्वेताम्बराचार्य जिनभद्रगणी क्षमाश्रमणने अपने विशेषावश्यकभाष्यमें, जो श० सं० ५३१ ( वि० सं० ६६६ ) की रचना है, आदेशकषायका स्वरूप बतलाकर यतिवृषभके चूर्णिसूत्र-निर्दिष्ट स्वरूपका 'केचित' कहकर उल्लेख किया है और बतलाया है कि वह स्थापनाकषायसे भिन्न नहीं है, उसीमें उसका अन्तर्भाव हो जाता है[1]। इससे मालूम होता है कि यतिवृषभ वि० सं० ६६६ के पहले हुए हैं। अर्थात् वि० सं० ५३५ और ६६६ के बीच उनका समय निश्चित किया जा सकता है।

## यतिवृषभकी गुरुपरम्परा

ईन्द्रनन्दिने श्रुतावतारमें लिखा है कि गुणधर आचार्यने कषायप्राभृतको नागहस्ति और आर्यमंक्षुके लिए पन्द्रह महाअधिकारोंमें विभक्त करके व्याख्यान किया।[3] इससे भास होता है कि नागहस्ति और आर्यमंक्षुका गुणधरसे साक्षात् परिचय था। परन्तु जयधवला टीकामे लिखा है कि नागहस्ति और आर्यमंक्षुको गुणधरसे

१ देखो, जयधवलाकी भूमिका, पृ० ५६

२ इन्द्रनन्दि नामके अनेक विद्वान हो गये हैं। परन्तु हमारे अनुमानसे श्रुतावतारके कर्त्ता वे है जिनको आ० नेमिचन्द्रने गोम्मटसार कर्मकाण्डमें नमस्कार किया है, जिन्हे श्रुतसागरपारग कहा है, और जिनके पास सकल सिद्धान्त सुनकर सत्त्वस्थान कहा गया है—

णमिऊण अभयणंदि सुदसागरपारगिंदणंदिगुरुं।
वरवीरणंदिणाहं पयडीण पच्चय वोच्छं॥ क० का० ७८५
वर इंदणंदिगुरुणो पासे सोऊण सयलसिद्धंत।
सिरिकणयणंदिगुरुणा सत्तट्ठाण समुद्दिट्ठं॥ क० का० ३९६

३ अथ गुणधरमुनिनाथः स कषायप्राभृताख्य तत–
प्रायोदोषप्राभृतकापरसञ्ज्ञं साम्प्रतिकशक्तिमपेक्ष्य॥ १५२
त्र्यधिकाशीत्या युक्तं शतं च मूलसूत्रगाथानाम्
विवरणगाथानां च त्र्यधिकं पञ्चाशतमकार्षीत्॥ १५३
एवं गाथासूत्राणि पंचदशमहाधिकाराणि।
प्रविरच्य ( भज्य ) व्याचख्यौ स नागहस्त्यार्यमंक्षुभ्याम्॥ १५४

साक्षात् नहीं किन्तु परम्परासे कषायप्राभृतका ज्ञान प्राप्त हुआ और यतिवृषभने इन दोनोंके ( नार्यहस्ति-आर्यमंक्षुके ) पादमूलमें बैठकर चूर्णिसूत्रोंकी रचना की। मालूम नहीं, इन्द्रनन्दि और वीरसेन स्वामीमें यह मतभेद क्यों है। इन्द्रनन्दिके समक्ष क्या इस बातपर प्रकाश डालनेवाले कोई दूसरे प्रमाण थे?

## तिलोयपण्णत्तीमें मिलावट

तिलोयपण्णत्तीका ग्रन्थपरिमाण आठ हजार श्लोक बतलाया गया है, परन्तु इस समय तिलोयपण्णत्तीकी जो प्रतियाँ उपलब्ध हैं और जिनके आधारसे ग्रन्थ प्रकाशित हुआ है, उनमें नौ हजार तीन सौ चालीससे भी अधिक श्लोक हैं। अर्थात् लगभग साढे तेरह सौ श्लोक अधिक हैं, जो इस बातका संकेत देते हैं कि

---

१ वड्ढमाणजिणिंदे णिव्वाणं गदे पुणो ६८३ एत्तिएसु वासेसु अइक्कंतेसु एदम्हि भरहखेत्ते सव्वे आइरिया सव्वेसिं अंगपुव्वाणमेगदेसधारया जादा। तदो अंग-पुव्वाणमेगदेसो चेव आइरियपरंपराए आगंतूण गुणहराइरियं संपत्तो। पुणो तेण गुणहरभडारएण णाणपवादपंचमपुव्वदसमवत्थुतदियकसायपाहुडमहण्णवपारएण गथवोच्छेदभएण वच्छलपरवसीकयहियएण एवं पेज्जदोसपाहुडं सोलसपदसहस्स-परिमाणं होंतं असीदिसदमेत्तगाहाहि उवसंघारिदं। पुणो ताओ चेव सुत्त-गाहाओ आइरियपरंपराए आगच्छमाणाओ अज्जमखु-णागहत्थीणं पत्ताओ। पुणो तेसिं दोण्हं पि पादमूले असीदिसदगाहाणं गुणहरमुहकमलविणिग्गयाणमत्थं सम्मं सोऊण जइवसहभडारएण पवयणवच्छलेन चुण्णिसुत्तं कयं।—कषायपाहुड भाग १ पृ० ८७।

२ नन्दिसूत्रमें अज्जमंगु, अज्जनन्दिलक्षमण और अज्जणागहत्थिकी वन्दना की गई है—

भणगं करगं झरगं पभावगं णाणदंसणगुणाणं।
वंदामि अज्जमंगुं सुयसागरपारगं धीरं॥ ३०
णाणम्मि दंसणम्मि अ तव-विणए णिच्चकालमुज्जुत्तं।
अज्जं नंदिल-खमणं सिरसा वंदे पसन्नमणं॥ ३२
वड्ढउ वायगवंसो जसवंसो अज्जणागहत्थीणं॥
वागरणकरणभंगिय कम्मप्पयडीपहाणाणं॥ ३३

इन गाथाओंमें आर्यमंगु या आर्यमखुको श्रुतसागरपारगामी और नागहस्तिको वाचकवंशी तथा कर्म-प्रकृतिप्रधान कहा है और इससे ये वे ही मालूम होते हैं जिनके पादमूलमें बैठकर यतिवृषभने चूर्णिसूत्रोंकी रचना की थी। नन्दिसूत्रसे इनके समयपर कोई प्रकाश नहीं पड़ता है और न श्वेतांबर पट्टावलियोंसे भी।

इस ग्रन्थमें पीछेसे कुछ मिलावट की गई है। पं० फूलचन्दजी सिद्धान्तशास्त्रीने इस ग्रन्थकी भीतरी जाँच करके जैनसिद्धान्तभास्कर ( भाग ११, अंक १ ) में 'वर्तमान तिलोयपण्णत्ती और उसके रचनाकालका विचार' नामका एक लेख लिखा है। उससे मालूम होता है कि यह ग्रन्थ अपने असल रूपमें नहीं रहा है। उसमें न केवल बहुतसा--लगभग एक अष्टमांश--प्रक्षिप्त है, बल्कि बहुतसा परिवर्तन और संशोधन भी किया गया है जो मूल ग्रन्थकर्त्ताके अनुकूल नहीं है।

१--पं० फूलचन्दजीका एक तर्क यह है कि लोकके उत्तर-दक्षिण सर्वत्र सात राजूकी मान्यताको स्थापित करनेवाले धवलाकर्त्ता वीरसेन ही हैं। उनसे पूर्व वैसी मान्यता नहीं थी और यह धवलासे पूर्वके राजवार्तिक आदि ग्रन्थोंसे स्पष्ट है। धवलाकारके सम्मुख ति० प० सूत्र उपस्थित था, फिर भी उन्होंने दो प्राचीन गाथाओंके आधारसे अपने युक्तिबलसे लोकको आयत चतुरस्राकार सिद्ध करनेका स्पष्ट उल्लेख किया है। यदि उनके सम्मुख उपस्थित ति० प० सूत्रमें यह मान्यता स्पष्ट होती जैसी कि वर्तमान ति० प० मे है, तो न तो उन्हे उक्त विषयकी उतने विस्तारसे विवेचना करनेकी आवश्यकता पड़ती जैसी कि जीवट्ठाण क्षेत्रानुगमके पृ० १० से २२ तक की गई है और न उन्हें स्पर्शानुगमके पृ० १५७ पर यह कहनेका साहस होता कि रज्जुच्छेदोंके प्रमाणकी परीक्षाविधि उन्होंने उसी प्रकार युक्तिबलसे स्थापित की है, जिस प्रकार असंख्येयावलिप्रमाण अन्तर्मुहूर्तकी और आयतचतुरस्रलोककी। रज्जुच्छेदोंके सम्बन्धमे उन्हें अपने मतानुकूल ति० प० सूत्र प्राप्त हो गया है, अतएव उन्होंने उसका स्पष्ट उल्लेख भी कर दिया है। तब कोई कारण नहीं कि यदि उन्हें उसी सूत्रग्रन्थमें आयतचतुरस्र लोकका भी कोई संकेत या आधार मिलता तो वे उसका प्रमाण न देते। क्योंकि उस प्रमाणकी उन्हें बड़ी आवश्यकता थी जिसकी कि पूर्ति उन्होंने केवल यह कहकर की है कि 'ण च सत्तरज्जुबाहल्लं करणाणिओगसुत्तविरुद्धं, तस्स तत्थ विधिप्पडिसेधाभावादो।' ( धवला भाग ४, पृ० २२ ) अर्थात् लोकके उत्तर-दक्षिण भागमें सर्वत्र सात राजुका बाहल्य करणानुयोग सूत्रके विरुद्ध नहीं है, क्योंकि सूत्रमें न तो उसका विधान है और न निषेध। इससे बिल्कुल स्पष्ट है कि धवलाकारके ज्ञात साहित्यमें उक्त मान्यताका सर्वथा अभाव था। आज भी

वीरसेनसे पूर्वका निश्चितकालीन एक भी उल्लेख उस मान्यताका हमें प्राप्त नहीं है और इसमें तो कोई सन्देह ही नहीं रहता कि उनके सम्मुख उपस्थित ति० प० सूत्रमें आयत चतुरस्राकार लोकका समर्थन करनेवाला कोई उल्लेख नहीं था।

२—पं० फूलचन्दजीने बतलाया है कि ति० प० के प्रथम अधिकारके आदिमें जो मंगल आदि छह अधिकारोंका वर्णन है वह ग्रन्थकारके कथनानुसार विविध ग्रन्थ-युक्तियोंद्वारा किया गया है और यह धवला टीकाके आदिके वर्णनसे मिलता है और वहींसे लिया गया है। दोनोंमें इतनी अधिक समानता है कि एकमें दूसरेकी छाया होना अनिवार्य है। वास्तवमें ति० प० के मंगलविषयक पाठका संशोधन धवलाकी सहायतासे ही संभव हुआ है।

३—पं० फूलचन्दजी कहते हैं कि 'ज्ञानं प्रमाणमात्मादेः' आदि श्लोक भट्टाकलंकके लघीयस्त्रयका है और यही श्लोक कुछ पाठभेदसहित धवलामें भी है जहाँ उससे पूर्व 'प्रमाणनयनिक्षेपैः' आदि और भी एक श्लोक पाया जाता है जो लघीयस्त्रयमें नहीं है। ये दोनों ही श्लोक प्राकृत रूपमें ति० प० (१, ८२–८३) में भी पाये जाते हैं और संभवतः धवलापरसे ही लिये गये हैं। यदि ये गाथायें धवलाकारके सम्मुख ति० प० सूत्रमें थीं तो कोई कारण नहीं कि वे उसे उसी रूपमें ही उद्धृत न कर उनका संस्कृत रूपान्तर करके लिखते और जब उनसे पूर्वरचित लघीयस्त्रयमें वह एक संस्कृत श्लोक पाया जाता है तब उनके संस्कृत रूपान्तर करनेकी बात सर्वथा निराधार हो जाती है। साथका जो श्लोक लघीयस्त्रयमें नहीं पाया जाता उसका अनुमान तो यही किया जा सकता है कि वह भी धवलाकारने बिना अनुवादके जैसा कहीं उन्हें प्राप्त हुआ वैसा ही प्रसंगोपयोगी जान उद्धृत कर दिया है। अतएव जान पड़ता है कि वर्तमान ति० प० में वे गाथायें धवलामें संगृहीत श्लोकोंपरसे लिखी गई हैं।

४—पं० फूलचन्दजी लिखते हैं कि धवला, द्रव्यप्रमाण, (पु. ३) पृ० ३६ पर जो ति० प० का 'दुगुणदुगुणो दुवग्गो णिरंतरो तिरियलोगोत्ति' आदि गाथांश

---

१ पं० जुगलकिशोरजी मुख्तारने हरिवंशपुराण, जंबूदीवपण्णत्ती और स्वामिकार्तिकेयानुप्रेक्षाको वीरसेन स्वामीसे पूर्वकालीन माना है, परन्तु यथार्थमें ये ग्रन्थ उनसे पहलेके सिद्ध नहीं होते। हरिवंशपुराणकार समकालीन है।

—देखो, ति० प० की प्रस्तावना पृ० १६-१७

उद्धृत किया गया है, वह वर्तमान ति० प० मे नहीं है। इससे यह सिद्ध होता है कि वर्तमान ति० प० ठीक वही नहीं है, जो धवलाकारके सम्मुख थी।

५—पं० फूलचन्दजीके मतानुसार ति० प० का बहुत-सा गद्यांश धवलान्तर्गत पाठसे मिलता जुलता है। यहाँ तक कि स्पर्शानुयोगद्वार (पृ० १५७) में जो ति० प० सूत्रका उल्लेख किया गया है, वह भी वर्तमान ति० प० मे पाया जाता है। अन्तर केवल इतना है कि धवलामे जहाँ "एसा...परिक्खाविही—अम्हेहि परूविदा" रूप वाक्य-रचना है वहाँ ति० प० में पाठ है, "एसा...परिक्खाविही...एसा परूवणा परूविदा।" इससे स्पष्ट है कि यह पाठ धवलासे लिया गया है, क्योंकि ति० प० मे ही ति० प० का प्रमाण नहीं दिया जा सकता और धवलामे 'अम्हेहि' पद द्वारा जो ग्रन्थकर्त्ताने अपना उल्लेख किया है उसे दूर करनेके लिए उसके स्थानपर "एसा परूवणा" पद रक्खा गया है। पर वह वाक्यरचना ही बिगड़कर अशुद्ध हो गई है।

जयधवलाकी प्रस्तावना ( पृ० ६६–६७ ) के लेखकोंने लिखा है कि वर्तमानमे ति० प० जिस रूपमे पाई जाती है उसी रूपमें यतिवृषभने उसकी रचना की थी, इसमे सन्देह है। हमें लगता है कि यतिवृषभकृत ति० प० मे कुछ अंश ऐसा भी है जो बादमें सम्मिलित किया गया है और कुछ अंश ऐसा भी है जो किसी कारणसे उपलब्ध प्रतियोमे लिखनेसे छूट भी गया है। यथा—

१ ति० प० के अन्तकी एक गाथामे उसका परिमाण आठ हजार बतलाया है, पर वर्तमान प्रतिमे ९३४० श्लोक हैं। इतनेपर भी उसमे देवलोकप्रज्ञप्ति और सिद्धलोकप्रज्ञप्तिका कुछ भाग छूटा हुआ है।

२ ज्योतिर्लोकप्रज्ञप्तिके अन्तमे मनुष्य-लोकके बाहरके ज्योतिर्बिम्बोंका परिमाण निकालनेका वर्णन गद्यमे किया गया है और वह गद्यभाग धवलाके चतुर्थ खण्डमे अक्षरशः पाया जाता है और उसमे कुछ इस प्रकारकी चर्चा है जो ति० प०कारकी अपेक्षा धवलाकारकी दृष्टिसे अधिक सगत प्रतीत होती है[१]।...

३ ति० प० में लिखा है वीरनिर्वाणसे ४६१ वर्ष पश्चात् शक राजा हुआ और उसके पश्चात् तीन मत और दिये हैं जिनके अनुसार ९७८५ वर्ष ५ मास बाद अथवा १४७९३ वर्ष बाद अथवा ६०५ वर्ष ५ मास बाद

१ इस चर्चाको देखिए, जयधवलाकी प्रस्तावना पृ० ६६ पर।

शककी उत्पत्ति बतलाई है। धवलाके वेदना-खण्डमें भी शकका उत्पतिकाल बतलाया है, किन्तु उसमें ६०५ वर्ष ५ मासवाली मान्यताको ही प्रथम स्थान दिया गया है और उसके सिवा दो मत और दिये हैं। एकके अनुसार वी० नि० से १४७९३ वर्ष बाद शक राजा हुआ। यह मत ति० प० में भी दिया है और दूसरेके अनुसार ७९९५ वर्ष ५ मास बाद शक राजा हुआ। यह मत ति० प० मे नहीं है तथा ति० प० के शेष दो मत भी यहाँ तक कि ४६१ वर्ष वाला वह मत भी जो ति० प० के कर्ताको मान्य है उसमे नहीं है तथा तीनों मतोंके लिए जो गाथाएँ उद्धृत की गई हैं वे भी ति० प० की नहीं हैं, किन्तु बिल्कुल जुदी ही हैं। इस परसे अनेक विकल्प उठते हैं। ति० प० के सामने होते हुए भी धवलाकारने उस मतको स्थान क्यो नहीं दिया जो उसके आदरणीय कर्ताको इष्ट था ? क्या ति० प० में उक्त मत प्रक्षिप्त है ? आदि।

इस तरह पं० फूलचन्दजीके लेखसे और जयधवलाकी प्रस्तावनासे मालूम होता है कि उपलब्ध ति० प० अपने असल रूपमे नहीं है। धवला टीकाके बाद किसी समय उसमें संस्कार—संशोधन परिवर्तन, मिलावट—की गई है।

## किसने की ?

अब प्रश्न होता है कि यह किसने की ?

ति० प० के चौथे अध्यायका १२११ वॉ पद्य इस प्रकार है—

घोरट्ठकम्मणियरे दलिदूण लद्धणिस्सेयसा जिणवरा जगवंदणिज्जा।
सिद्धिं दिसंतु तुरिदं सिरिबालचंदसिद्धंतियप्पहुदिभव्वजणाण सव्वे॥

अर्थात् अष्ट कर्मोंका दलन करके निःश्रेयस प्राप्त करनेवाले सर्व जिनेन्द्र श्री बालचन्द्र सैद्धान्तिक आदि भव्य जनोंको सिद्धि प्रदान करें।

जिस स्थानपर यह पद्य आया है, वहाँ इसका कोई प्रसंग नही है। तीर्थंकरोंका मोक्ष कहाँ कहाँसे किस किस अवस्थामें हुआ, इसका प्रकरण चल रहा है आर्या छन्दोंमें और फिर उक्त एक वसन्ततिलका छन्दके बाद फिर आर्या छन्दोंमे अनुबद्ध केवलियोंका वर्णन चलने लगता है। अवश्य ही ये बालचन्द्र कोई ग्रन्थ लिखने लिखानेवाले होंगे जिन्होंने भक्तिवश यह पद्य बनाकर बीचमें शामिल कर दिया है।

परन्तु इनके सैद्धान्तिक विशेषणसे मालूम होता है कि ये कोई साधारण प्रतिलेखक नहीं हो सकते। सिद्धान्त शास्त्रोंके ज्ञाताओंकी ही यह पदवी होती है। इससे आश्चर्य नहीं जो ये बालचन्द्र सैद्धान्तिक वीरसेन-जिनसेनके अनुयायी हों और इन्होंने ही तिलोयपण्णत्तिमें कुछ बातें धवलादिसे अन्यथा देखकर उसका संशोधन परिवर्धन करके उसे वर्तमान रूप दे दिया हो और फिर उनके इस संस्कार किये हुए ग्रन्थकी ही प्रतिलिपियाँ सर्वत्र पहुँच गई हों।

बालचन्द्र सैद्धान्तिक नामके अनेक विद्वान् हो गये हैं। उनमेंसे एकका उल्लेख कम्बदहल्लीमें कम्बदराय स्तंभमें मिलता है। उनका समय श० सं० १०४० ( वि० सं० ११७५ ) है। उनके गुरुका नाम राद्धान्तार्णवपारग अनन्तवीर्य और शिष्यका नाम सिद्धान्तांभोनिधि प्रभाचन्द्र था[१]।

एक और बालचन्द्र मुनि हुए हैं जो भावत्रिभंगीके कर्त्ता श्रुतमुनिके गुरु और अभयचन्द्र सैद्धान्तिकके शिष्य थे। कर्नाटक कविचरितके कर्त्ताने इनका समय विक्रमकी १४ वीं शताब्दि बतलाया है। इन्होंने द्रव्यसंग्रहकी टीका श० सं० ११९५ ( वि० सं० १३३० ) में लिखी है और अपने गुरुका नाम अभयचन्द्र बतलाया है।

उपलब्ध प्रतियोंसे अतिरिक्त प्राचीन प्रतियोंकी खोजकी बहुत जरूरत है। प्राचीन भंडारोंमें ताड़पत्रकी प्रतियोंमें शायद असल तिलोयपण्णत्तीकी प्राप्ति हो जाय।

सुना है कि लाला राजकृष्णजी जैन देहलीके पास एक पुरानी ताडपत्रकी ( कनड़ी लिपि ) प्रति है, जो शक स० १३०५ की लिखी हुई है।

इस ग्रन्थमें भगवान् महावीरके बादके इतिहासकी बहुत सामग्री है, जो यहाँ दे दी जाती है। एक तो श्रुतपरम्परासे सम्बन्ध रखती है और दूसरी राजवंशोंसे।

## वीरनिर्वाणके बादकी श्रुतपरम्परा

इस ग्रन्थमें भगवान् महावीरके बादके इतिहासकी बहुत सामग्री है जो यहाँ बहुत संक्षेपमें दे दी जाती है। उसमें एक तो श्रुतपरम्परासे सम्बन्ध रखती है और दूसरी राजवंशोंसे। तिलोयपण्णत्ती चूँकि प्रकाशित हो चुकी है, इसलिए अबकी बार इस लेखमें मूल गाथायें नहीं दी जातीं। पाठक वहींसे देख सकते हैं।

---

१ देखो, जैन शिलालेखसंग्रह भाग २, न० २६९ का लेख।

जिस दिन वीर भगवान्‌का मोक्ष हुआ उसी दिन गौतम गणधरको परम ज्ञान हुआ और उनके सिद्ध होने पर सुधर्मस्वामी[1] केवली हुए। उनके कृत कर्मोंका नाश कर चुकनेपर जम्बूस्वामी केवली हुए। उनके बाद कोई अनुबद्ध केवली नहीं हुआ। इन तीनोंका धर्मप्रवर्तनकाल बासठ वर्ष है॥ गाथा १४७६-७८

केवलज्ञानियोमें अन्तिम श्रीधर[2] हुए जो कुण्डलगिरिसे मुक्त हुए और चारण-ऋषियोंमें अन्तिम सुपार्श्वचन्द्र हुए। प्रज्ञाश्रमणोंमे अन्तिम वइरजस या वज्रयश[3] और अवधिज्ञानियोंमें श्री। मुकुटधर राजाओंमें अन्तिम चन्द्रगुप्तने जिनदीक्षा धारण की। इसके बाद मुकुटधरोंमें किसीने प्रव्रज्या या दीक्षा ग्रहण नहीं की॥ १४७९-८१

नन्दि, नन्दिमित्र, अपराजित, गोवर्द्धन और भद्रबाहु ये पाँच चौदहपूर्वी और बारह अंगोंके धारण करनेवाले हुए। इनका एकत्र काल सौ वर्ष है। पंचम कालमें इनके बाद और कोई श्रुतकेवली नहीं हुआ॥ १४८२-८४

विशाख, प्रोष्ठिल, क्षत्रिय, जय, नाग, सिद्धार्थ, धृतिसेन, विजय, बुद्धिल, गंगदेव और सुधर्म ये ग्यारह दशपूर्वके धारी हुए। परम्परासे प्राप्त इन सबका काल १८३ वर्ष है॥ १४८५-८७

नक्षत्र, जयपाल, पाण्डु, ध्रुवसेन और कंस ये पाँच आचार्य ग्यारह अंगधारी हुए। इनका एकत्र परिणाम २२० वर्ष है॥ १४८८-८

सुभद्र, यशोभद्र, यशोबाहु, और लोह ये आचारांगके धारक हुए। इनके सिवाय शेष ग्यारह अंग चौदह पूर्वके एक अंशके ज्ञाता थे। इनके अतीत होनेके बाद भरतक्षेत्रमे कोई आचारांगधारी नहीं हुआ। गौतम आदिके बाद यहाँ तक ६८३ वर्ष हुए॥ १४९०-९२

---

१ सुधर्मका दूसरा नाम लोहार्य है।

२ पहले जो अनुबद्ध केवली हुए वे लगातार एकके बाद एक हुए। श्रीधर अनुबद्धोंमें नहीं थे। पूर्वोक्त तीनके बाद और भी समय समयपर केवली हुए होंगे उनमें श्रीधर सबसे पीछेके हैं।

३ कल्पसूत्र-स्थविरावलीके अनुसार ये आर्य सिंहगिरिके शिष्य और तपागच्छ पट्टावलीके अनुसार दशपूर्ववित् थे। ये दक्षिणापथको गये थे।—देखो, धवला द्वि० भा० भूमिका पृ० ३६

( पंचमकाल २१ हजार वर्षका है। इसमें ६८३ वर्ष तक श्रुतज्ञान रहा। शेष ) २०३१७ वर्ष तक धर्मप्रवृत्तिका हेतु श्रुततीर्थ कालदोषसे विच्छिन्न हो जायगा। इतने कालमें चातुर्वर्ण संघमें अविनीत, दुर्बुद्धि, एवं ईर्षालु जन्म लेंगे और सात भय, आठ मद, तथा शल्यादिसे युक्त, कलहप्रिय, रागी, क्रूर, क्रोधी और लोभी होंगे ॥ १४९३–९५

## राज-कालगणना

वीर भगवानके निर्वाणके बाद जब ४६१ वर्ष बीत गये तब यहाँ शक नामका राजा उत्पन्न हुआ। अथवा भगवानके मुक्त होनेके बाद ९७८५ वर्ष ५ महीने बीतनेपर शक राजा हुआ ( पाठान्तर )। अथवा वीरेश्वरके सिद्ध होनेके १४७९३ वर्ष बाद शक राजा हुआ। * ( पाठान्तर ) अथवा वीरनिर्वाणके ६०५ वर्ष ५ महीने बाद शक नृप हुआ। १४९६–९९

वीरनिर्वाणके ४६१ वर्ष बीतनेपर शक नरेन्द्र हुआ और इसका राज्य २४२ वर्ष रहा। गुप्त वंशका राज्य २५५ वर्ष रहा और चतुर्मुख ( कल्कि ) का ४२ वर्ष। इस तरह ( ४६१+२४२+२५५+४२=१००० ) एक हजार वर्ष कोई कोई प्ररूपण करते हैं। १५०३–४ *

जिस समय वीरनिर्वाण हुआ, ठीक उसी समय अवन्तिसुत ( चण्डप्रद्योत ) पालक नामा राजा अभिषिक्त हुआ। उसका राज्य ६० वर्ष रहा। फिर १५५ वर्ष विजय वंशका[1], ४० वर्ष मुरुण्डका[2] और ३० वर्ष पुष्यमित्रका राज्य रहा। फिर ६० वर्ष वसुमित्र[3] अग्निमित्रका, १०० वर्ष गर्दभिल्लोंका और ४० वर्ष

* अर्थात् इस समयसे लगभग १४०० वर्ष पहले भी महावीरके निर्वाण-कालके विषयमें मतभेद थे और वे मतभेद उल्लेख योग्य समझे गये।

१ तपागच्छपट्टावली और मेरुतुंगकी विचारश्रेणीमें पालकके बाद १५५ वर्ष राज्यकाल नन्द राजाओंका बतलाया है—' सट्ठी पालयरण्णो पणवण्णसयं तु होइ णंदाण '। जान पड़ता है यहाँ नन्दवंशको ही विजयवंश कहा है।

२ मुरुण्ड राजवंश विदेशी था। प्रभावकचरितमें पाटलिपुत्रके मुरुण्ड राजवंशका वर्णन है और चीनी इतिहासके अनुसार यह वंश भारतके पूर्व भागमें राज्य करता था।

३ विचार-श्रेणीमें वसुमित्र अग्निमित्रके बदले बलमित्र भानुमित्र और गर्द्धवयाकी

नरवाहनका[1] राज्य रहा। उसके बाद भृत्यान्ध्र[2] राजा हुए जिनका राज्य २४२ वर्ष रहा। इनके बाद गुप्तोंका राज्य २३१ वर्ष तक रहा और तब कल्कि हुआ। वह इन्द्रका पुत्र था और चतुर्मुख उसका नाम था। वह ७० वर्ष तक जिया और ४२ वर्ष राज्य किया॥ (इस तरह ६०+१५५+४०+३०+६०+१००+४०+२४२+२३१+४२ =१००० एक हजार वर्ष होते हैं।) १५०५-९

आचारांगधारियोंके २७६ वर्ष बीतनेपर कल्कि राजाको पट्ट बाँधा गया और अर्थात् ६८३+२७५=९५८ में कल्कि राज्यके ४२ वर्ष जोड़नेसे पूरे एक हजार वर्ष होते हैं॥ १५१०

जब कल्किने अपने योग्य देशोंको यत्नपूर्वक जीत लिया, तब वह अतिशय लुब्ध बनकर जिस तिस श्रमण (जैनमुनि) से अग्रपिंडका शुल्क या कर माँगने लगा। इसपर श्रमण अपना पहला ग्रास देकर भोजनमें अन्तराय हो जानेसे जाने लगे। उन मुनियोंमेंसे किसी एकको अवधिज्ञान हो गया। फिर कोई असुर अवधिज्ञानसे यह जानकर कि मुनियोंको उपसर्ग हो रहा है, आया और उसने धर्मद्रोही कल्किको मार डाला। तब अजितंजय नामका उसका पुत्र, 'मुझे बचाओ' इस प्रकार कहकर उसके चरणोंमें झुक गया। तब उस असुरने 'धर्मपूर्वक राज्य करो' कहकर उसको बचा दिया है। इसके बाद दो वर्ष तक लोगोंमें धर्मकी प्रवृत्ति अच्छी तरह होती रही, परन्तु फिर दिनोंदिन कालके माहात्म्यसे उसकी हीनता होने लगी। आगे इसी तरह प्रत्येक एक एक हजार वर्षमें एक एक कल्कि और प्रत्येक पाँच पाँच सौ वर्षमें एक एक उपकल्कि होगा॥ १५११-१६॥

---

जगह गर्दभिल्ल है। मुनि कल्याणविजयजी बलमित्र और विक्रमादित्यको एक ही अनुमान करते है। बल=विक्रम और मित्र= आदित्य। हरिवंशपुराणमें गर्दभिल्लको गर्दभ मानकर उसके पर्यायवाची शब्द 'रासभ' का प्रयोग किया गया है। गर्दभिल्ल एक राजवंश था जिसकी स्व० जायसवालने खारवेलके राजवंशसे एकता सिद्ध की है। (—देखो, सितम्बर १९३० का बिहारउड़ीसा-रिसर्च सोसायटीका जर्नल।)

१ 'नहपान' को ही यहाँ नरवाहन लिखा है। मूलमें शायद 'नहवाण' हो

२ हरिवंशपुराणमें 'भत्थट्ठाण'का अनुवाद 'भट्टवाणस्य' किया है जो ठीक नहीं प० भगवद्दत्तजी इसके पाठको 'भच्चट्ठाण'—भृत्य-चष्टन मानकर शक नरेन्द्र अर्थ करते हैं। देखो, उनका भारतवर्षका इतिहास पृ० ३२२

कल्कि एक ऐतिहासिक राजा हुआ है। इसके विषयमें स्वर्गीय महामहोपाध्याय काशीप्रसाद जायसवालने हिन्दू पुराणों और जैन ग्रन्थोंके आधारसे एक विस्तृत लेख लिखा है और उसमें बतलाया है कि मालवाधिपति विष्णुयशोधर्मा ही कल्कि है जिसका विजयस्तंभ मन्दसौर ( ग्वालियर ) में खड़ा है और जिसने मिहिरकुलको काश्मीरमें पराजित किया था। मन्दसौरका विजयस्तंभ ईस्वी सन् ५५५–३४ में स्थापित किया गया था। जैन ग्रन्थोंके समयके साथ भी यह समय मिल जाता है। इसी तरह स्व० डा० काशीनाथ बापूजी पाठकने भी अपने एक लेखमें कल्किको ऐतिहासिक राजा बतलाया था, परन्तु वे विष्णुयशोधर्माको नहीं किन्तु मिहिरकुलको कल्कि मानते थे, जिसने ४० वर्ष राज्य किया और जो ७० वर्षकी अवस्थामें मरा। इस राजाका वर्णन चीनी यात्री हुएन्त्सांगने विस्तारसे लिखा है। राजतरंगिणीमे भी इस दुष्ट राजाका वृत्तान्त दिया है।

कल्कि विष्णुयशोधर्मा था या मिहिरकुल, इसमें मत-भेद है परन्तु कल्कि ऐतिहासिक पुरुष है, यह निश्चित है।

## परिशिष्ट

इस लेखकी समाप्तिके बाद शिवार्यकी आराधनाकी नीचे लिखी गाथापर और उसकी टीकापर मेरा ध्यान गया—

अहिमारएण णिवदिम्मि मारिदे गहिसमणलिंगेण।
उड्डाहपसमणत्थं सत्थग्गहणं अकारि गणी ॥ २०७५ ॥

टीका—अहिमारएण अहिमारकनाम्ना बुद्धोपासकेन। णिवदिम्मि स्रावस्तिकानगरीनाथे जयसेनाख्ये। गणी यतिवृषभाचार्यः ॥

यह प्रसंग समाधिमरण या सल्लेखनाका है। हरिषेणके बृहत्कथाकोशकी १५६ वीं और नेमिदत्तके आराधनाकथाकोशकी ८१ वीं कथामें इसका विवरण मिलता है, जो संक्षेपमें इस प्रकार है—

---

१ देखो जैनहितैषी भाग १३, अक १२ में ' कल्कि अवतारकी ऐतिहासिकता ' और ' गुप्त राजाओंका काल, मिहिरकुल और कल्कि ' शीर्षक लेख।

राजा जयसेन पहले बौद्ध भिक्षु शिवगुप्तका शिष्य था। एक बार यतिवृषभ अपने संघके साथ श्रावस्ती आये और उनका उपदेश सुनकर जयसेन जैनधर्मका श्रद्धालु हो गया। यह शिवगुप्तको अच्छा नहीं लगा। उसने पड़ोसी बौद्ध राजा सुमतिको भड़काया और उसने जयसेनके पास पत्र भेजा कि तुम पुनः बौद्ध हो जाओ। पर जयसेन न माना और तब सुमतिने आकर श्रावस्तीको घेर लिया और अपने स्कन्धावारमें बैठकर कहा कि मेरी सेनामें कोई ऐसा है, जो जयसेनको मार दे। तब अहिमारक नामक बुद्धोपासकने कहा कि हाँ, मैं यह काम करूँगा और उसने कपटसे यतिवृषभके पास जाकर जिनदीक्षा ले ली और वह उन्हींके साथ रहने लगा। दूसरे दिन राजा जयसेन जब जिनमन्दिरमें यतिवृषभ और इस नवीन मुनिकी बन्दनाके लिए आया और वह ज्यों ही सिर झुकाकर चरण-वन्दना करने लगा त्यों ही अहिमारकने खड्गसे उसका सिर उतार लिया। यतिवृषभ स्तम्भित हो रहे। तत्काल ही उन्होंने सोचा कि यह उपप्लव विना आत्मघातके शान्त न होगा और उन्होंने राजाके रक्तसे वहीं दीवालपर लिख दिया कि एक मुनिवेषीने यह जो अपकर्म किया हैं उससे जो अपवाद होगा उसे धोनेका इसके सिवाय और कोई मार्ग नहीं है और उन्होने उसी समय तलवारसे अपना वध कर लिया।

हो सकता है कि उक्त कथाके यतिवृषभ कोई दूसरे ही हों, परन्तु ति० प० में इनके लिए जो 'दुसहपरीसहवसहं' या 'दुट्ठपरीसहवसहं' विशेषण दिया है, वह इसी कठिन परीषहकी ओर संकेत करता-सा दिखता है, इसलिए इसपर विचार होना चाहिए।

यद्यपि मूलमें केवल 'गणी' शब्द है और उसका टीकाकारने यतिवृषभाचार्य अर्थ किया है, फिर भी टीकाकारके सम्मुख इसके लिए कोई आधार होगा।

उपलब्ध ति० प० के अनुसार यतिवृषभका समय वि० सं० ५३५ के लगभग ठहरता है, परन्तु अनुपलब्ध असल ति० प० से शायद यह समय और भी पहलेका हो, विशेषकर इसलिए कि इन्द्रनन्दिके श्रुतावतारके अनुसार गुणधरने आर्यमंक्षु और नागहस्तिके लिए कषायप्राभृत सूत्रोंकी रचना की और उन दोनोंके पास ही अध्ययन करके यतिवृषभ शास्त्रार्थनिपुणमति हुए। १०-१२-५५

# देवनन्दिका जैनेन्द्र व्याकरण

## जैनेन्द्र और ऐन्द्र

मुग्धबोधकर्ता बोपदेवने जिन आठ वैयाकरणोंके नामोंका उल्लेख किया है, उनमें एक 'जैनेन्द्र' भी है[1]। ये जैनेन्द्र अथवा जैनेन्द्र-व्याकरणके कर्त्ता कौन थे, इस विषयमें इतिहासज्ञोंमें कुछ समय तक बड़ा विवाद चलता रहा। डॉ० कीलहार्नने इसे जिनदेव अथवा भगवान् महावीरद्वारा इन्द्रके लिए कहा गया बतलाया[2] और इसके सुबूतमें उन्होंने कल्पसूत्रकी समयसुन्दरकृत टीका और लक्ष्मीवल्लभकृत उपदेशमाला-कर्णिकाका यह उल्लेख पेश किया था कि जिनदेव महावीर जिस समय आठ वर्षके थे उस समय इन्द्रने शब्दलक्षणसंबंधी कुछ प्रश्न किये और उनके उत्तररूप यह व्याकरण बतलाया गया, इसलिए इसका नाम जैनेन्द्र पड़ा[3]।

श्वेताम्बर सम्प्रदायके और भी कई ग्रन्थोंमें इस प्रकारके उल्लेख मिलते हैं। कल्पसूत्रकी विनयविजयकृत सुबोधिका[4] टीकामें लिखा है कि भगवानको माता-

---

१ इन्द्रश्चन्द्रः काशकृत्स्नापिशलीशाकटायनाः ।
पाणिन्यमरजैनेन्द्रा जयन्त्यष्टौ च शाब्दिकाः ॥—धातुपाठ

२ इंडियन एण्टिक्वेरी १०, पृ० २५१

३ यदिन्द्राय जिनेन्द्रेण कौमारेपि निरूपितम् ।
ऐन्द्रं जैनेन्द्रमिति तत्प्राहुः शब्दानुशासनम् ॥

४ (शक्रः) यत्र भगवान् तिष्ठति तत्र पण्डितगेहे समाजगाम । आगत्य च पण्डित-योग्ये आसने भगवन्तं उपवेश्य पण्डितमनोगतान् सन्देहान् पप्रच्छ, श्रीवीरोऽपि बालोऽयं किं वक्ष्यतीत्युत्कर्णेषु सकललोकेषु सर्वाणि उत्तराणि ददौ, ततो 'जैनेन्द्र-व्याकरणं' जज्ञे । यतः—
सक्को य तस्समक्खं भगवंतं आसणे निवेसित्ता ।
सद्दस्स लक्खणं पुच्छे वागरणअवयवा इदं ॥

पिताने पाठशालामें गुरुके पास पढ़नेके लिए भेजा है, यह जानकर इन्द्र स्वर्गसे आया और पण्डितके घर, जहाँ भगवान् थे वहाँ, गया। उसने भगवानसे पण्डितके मनमें जो जो सन्देह थे, उन सबको पूछा। जब सब लोग यह सुननेके लिए उत्कर्ण हो रहे थे कि देखें यह बालक क्या उत्तर देता है, तब भगवान् वीरने सब प्रश्नोंके उत्तर दे दिये, और तब 'जैनेन्द्र व्याकरण' बना।

परन्तु इस प्रसंगके वे सब उल्लेख अपेक्षाकृत अर्वाचीन ही हैं जिनमें भगवानके उत्तररूप इस व्याकरणका नाम 'जैनेन्द्र' बतलाया है। प्राचीन उल्लेखोंमें इसका नाम जैनेन्द्रकी जगह 'ऐन्द्र' प्रकट किया है, जैसा कि आवश्यकसूत्रकी हारिभद्रीय वृत्तिके पृष्ठ १८२ में लिखा है[1]।

इसी प्रकार सुप्रसिद्ध आचार्य हेमचन्द्रने अपने योगशास्त्रके प्रथम प्रकाशमें लिखा[2] है कि भगवानने इन्द्रके लिए जो शब्दानुशासन कहा, उपाध्यायने उसे सुनकर लोकमें 'ऐन्द्र' नामसे प्रकट किया। अर्थात् इन्द्रके लिए जो व्याकरण कहा गया, उसका नाम 'ऐन्द्र' हुआ[3]।

प्राचीन कालमें इन्द्रनामक आचार्यका बनाया हुआ एक संस्कृत व्याकरण था[4]। उसका उल्लेख अनेक ग्रन्थोंमें मिलता है। ऊपर दिये हुए बोपदेवके श्लोकमें भी

---

१ शक्र तत्समक्षं लेखाचार्यसमक्षं भगवन्तं तीर्थंकर आसने निवेश्य शब्दस्य लक्षणं पृच्छति। भगवता च व्याकरणं अभ्यधायि। व्याक्रियन्ते लौकिक-सामायिकाः शब्दाः अनेन इति व्याकरण शब्दशास्त्रम्। तदवयवाः केचन उपाध्यायेन गृहीताः, ततश्च ऐन्द्र व्याकरण सजातम्।

२ मातापितृभ्यामन्येद्यु- प्रारब्धेऽध्यापनोत्सवे।
आः सर्वज्ञस्य शिष्यत्वमितीन्द्रस्तमुपास्थितः ॥ ५६ ॥
उपाध्यायासने तस्मिन्वासवेनोपवेशितः।
प्रणम्य प्रार्थितः स्वामी शब्दपारायण जगौ ॥ ५७ ॥
इदं भगवतेन्द्राय प्रोक्त शब्दानुशासनम्।
उपाध्यायेन तच्छ्रुत्वा लोकेष्वैन्द्रमितीरितम् ॥ ५८ ॥

३ ऋक्तन्त्र ( १–४ ) के अनुसार इन्द्रने प्रजापतिसे शब्दशास्त्रका अध्ययन किया था और यह उसीका अनुकरण मालूम होता है।

४ डॉ० ए० सी० बर्नेलने इन्द्रव्याकरणके विषयमें चीनी तिब्बतीय और भारतीय साहित्यमें जो जो उल्लेख मिलते है उनका संग्रह करके 'ऑन दि ऐन्द्रस्कूल ऑफ संस्कृत ग्रामेरियन्स' नामकी एक बड़ी पुस्तक लिखी है।

उसका नाम है । हरिवंशपुराणके कर्त्ताने देवनन्दिको 'इन्द्रचन्द्रार्कजैनेन्द्र-व्यापिव्याकरणेक्षिणः' विशेषण दिया है । शब्दार्णवचंद्रिकाकी ताड़पत्रवाली प्रतिमें, जो १३ वीं शताब्दिके लगभगकी लिखी हुई मालूम होती है, 'इन्द्रश्चन्द्रः शकटतनयः' आदि श्लोकमें इन्द्रके व्याकरणका उल्लेख किया है । बहुत अधिक समय हुआ यह नष्ट हो गया है[1] । जब यह उपलब्ध ही नहीं है तब इसके विषयमें कुछ कहनेकी आवश्यकता प्रतीत नहीं होती । यद्यपि आजकलके समयमें इस बातपर कोई भी विद्वान् विश्वास नहीं कर सकता है कि भगवान् महावीरने भी कोई व्याकरण बनाया होगा और वह भी मागधी या प्राकृतका नहीं, किन्तु संस्कृतका । तो भी यह निस्सन्देह है वह व्याकरण 'जैनेन्द्र' नहीं था । यदि बनाया भी होगा तो वह 'ऐन्द्र' ही होगा । क्योंकि हरिभद्रसूरि और हेमचन्द्रसूरि उसीका उल्लेख करते हैं, जैनेन्द्रका नहीं । जान पड़ता है, विनय-विजय और लक्ष्मीवल्लभने पीछेसे 'ऐन्द्र' को ही 'जैनेन्द्र' बना डाला है । उनके समयमें भी 'ऐन्द्र' अप्राप्य था, इसलिए उन्होंने प्राप्य 'जैनेन्द्र' को ही भगवान महावीरकी कृति बतलाना विशेष सुकर और लाभप्रद सोचा ।

हरिभद्रसूरि विक्रमकी आठवीं शताब्दिके और हेमचन्द्रसूरि तेरहवीं शताब्दिके विद्वान् हैं जिन्होंने 'ऐन्द्र' को भगवानका व्याकरण बतलाया है, परन्तु 'जैनेन्द्र' को भगवत्प्रणीत बतलानेवाले विनयविजय और लक्ष्मीवल्लभ विक्रमकी अठारहवीं शताब्दिके हैं ।

## भगवद्वाग्वादिनी

विनयविजयजीके इस उल्लेखका अनुसरण करके उनके कुछ समय बाद वि० सं० १७९७ में किसी विद्वान्ने साक्षात् महावीर भगवानका बनाया हुआ व्याकरण तैयार कर दिया और उसका दूसरा नाम 'भगवद्वाग्वादिनी' रक्खा ।

इस भगवद्वाग्वादिनीकी एक प्रति भाण्डारकर रिसर्च इन्स्टिटयूटमें है, जो तक्षक नगरमें[2] रत्नर्षि नामक लेखकद्वारा वि० स० १७९७ में लिखी गई थी । इसकी पत्रसंख्या ३०, और श्लोकसंख्या ८०० है । प्रति बहुत शुद्ध है । जैनेन्द्रका सूत्रपाठ मात्र है और वह सूत्रपाठ है जिसपर शब्दार्णवचन्द्रिका टीका

---

१ "तेन प्रणष्टमैन्द्र तदस्माद्व्याकरण भुवि"—कथासरित्सागर, तरग ४

२ जयपुर राज्यके 'टोडा रायसिह' का पुराना नाम तक्षक नगर है ।

लिखी गई है। इस वाग्वादिनीके आविष्कारकने शक्ति-भर इस बातको सिद्ध करनेका प्रयत्न किया है कि इसके कर्त्ता साक्षात् महावीर भगवान् हैं, देवनन्दि नहीं। उनकी सब युक्तियाँ हमने इस लेखके अन्तमें उद्धृत कर दी हैं। उन सबपर विचार करनेकी यहाँ आवश्यकता प्रतीत नहीं होती।

हमारा अनुमान है कि डॉ० कीलहार्नके हाथमें यही 'भगद्वाग्वादिनी' की प्रति पड़ी होगी और इसीकी कृपासे प्रेरित होकर उन्होंने अपना पूर्वोक्त लेख लिखा होगा। उनके लेखमे जो श्लोकादि प्रमाणरूप दिये गये हैं वे भी सब इसी परसे लिये गये जान पड़ते हैं।

डॉ० कीलहार्नके इस भ्रमको सबसे पहले स्व० डॉ० के० बी० पाठकने दूर किया और अब तो जैनेन्द्र व्याकरण काफी प्रसिद्ध हो गया है।

## देवनन्दि और पूज्यपाद

श्रवणबेल्गोलके शिलालेख नं० ४० (६४) में लिखा है कि उनका पहला नाम देवनन्दि था, बुद्धिकी महत्ताके कारण वे जिनेन्द्रबुद्धि कहलाये और देवोंने उनके चरणोकी पूजा की, इस कारण उनका नाम पूज्यपाद हुआ[1]।

मंगराज कविके श० सं० १३६५ के शिलालेखसे भी यही दो नाम प्रकट होते हैं।

---

१ यो देवनन्दिप्रथमाभिधानो बुद्धया महत्या स जिनेन्द्रबुद्धिः ॥ २ ॥
श्रीपूज्यपादोऽजनि देवताभिर्यत्पूजितं पादयुगं यदीयम् ॥ ३ ॥
जैनेन्द्रं निजशब्दभागमतुलं सर्वार्थसिद्धिः परा
सिद्धान्ते निपुणत्वमुद्धकवितां जैनाभिषेकः स्वकः ।
छन्दः सूक्ष्मधियं समाधिशतकं स्वास्थ्यं यदीयं विदा—
माख्यातीह स पूज्यपादमुनिपः पूज्यो मुनीनां गणैः ॥ ४ ॥

२ श्रीपूज्यपादोद्धृतधर्मराज्यस्ततः सुराधीश्वरपूज्यपादः ।
यदीयवैदुष्यगुणानिदानीं वदन्ति शास्त्राणि तदुद्धृतानि ॥ १५ ॥
धृतविश्वबुद्धिरयमत्र योगिभिः कृतकृत्यभावमनुबिभ्रदुच्चकैः ।
जिनवद्बभूव यदनङ्गचापहृत्स जिनेन्द्रबुद्धिरिति साधुवर्णितः ॥ १६ ॥
श्रीपूज्यपादमुनिरप्रतिमौषधर्द्धिर्जीयाद्विदेहजिनदर्शनपूतगात्रः ।
यत्पादधौतजलसंस्पर्शप्रभावात् कालायसं किल तदा कनकीचकार ॥ १७ ॥

जिनेन्द्रबुद्धि नामके एक और वैयाकरण हो गये हैं जिनका बनाया हुआ पाणिनि व्याकरणकी काशिका-वृत्तिपर एक न्यास है। वे बोधिसत्त्वदेशीयाचार्य या बौद्ध साधु थे।

देवनन्दिका संक्षिप्त नाम 'देव' भी था। जिनसेनने और वादिराजने इन्हें इसी संक्षिप्त नामसे स्मरण किया है।

अनेक लेखकोंने उन्हें केवल देवनन्दि नामसे और पूज्यपाद नामसे भी स्मरण किया है और दोनों नामोंसे उन्हें वैयाकरण माना है।

महाकवि धनंजयकी नाममालामें एक श्लोक है जिसमें पूज्यपादको लक्षण-ग्रन्थ (व्याकरण) का कर्त्ता माना है[3]।

जैनेन्द्रकी प्रत्येक हस्तलिखित प्रतिके प्रारंभमें जो श्लोक मिलता है, उसमें ग्रन्थकर्त्ताने 'देवनन्दितपूजेशं' पदमें जो कि भगवानका विशेषण है अपना नाम भी प्रकट कर दिया है[4]। संस्कृत प्राकृत ग्रन्थोंके मंगलाचरणोंमें यह पद्धति अनेक विद्वानोंने स्वीकार की है[5]। इससे भी जैनेन्द्रके कर्ता देवनन्दि ठहरते हैं।

गणरत्नमहोदधिके कर्ता वर्धमान और हैम शब्दानुशासनके लघुन्यास

---

१ कवीनां तीर्थकृद्देवः किं तरां तत्र वर्ण्यते।
विदुषां वाङ्मलध्वंसि तीर्थं यस्य वचोमयम्॥ ५२॥ —आदिपुराण प्र० पर्व

२ अचिन्त्यमहिमा देवः सोऽभिवन्द्यो हितैषिणा।
शब्दाश्च येन सिद्ध्यन्ति साधुत्वं प्रतिलम्भिताः॥ १८॥
—पार्श्वनाथचरित प्र० सर्ग

३ प्रमाणमकलंकस्य पूज्यपादस्य लक्षणम्।
धनंजयकवेः काव्यं रत्नत्रयमपश्चिमम्॥ २०॥

४ लक्ष्मीरात्यन्तिकी यस्य निरवद्याऽवभासते।
देवनन्दितपूजेशे नमस्तस्मै स्वयंभुवे॥

५ क—नीतिवाक्यामृतके मंगलाचरणमें सोमदेव कहते हैं—
सोमं सोमसमाकारं सोमाभं सोमसंभवम्।
सोमदेवं मुनिं नत्वा नीतिवाक्यामृतं ब्रुवे।

ख—आचार्य अनन्तवीर्य लघीयस्त्रयकी वृत्तिके प्रारंभमें कहते हैं—
जिनाधीशं मुनिं चन्द्रमकलंकं पुनः पुनः।
अनन्तवीर्यमानौमि स्याद्वादन्यायनायकम्॥

६ शालातुरीय-शकटाङ्गज-चन्द्रगोमि-दिग्वस्त्र-भर्तृहरि-वामन-भोजमुख्याः।

बनानेवाले कनकप्रभ भी जैनेन्द्र व्याकरणके कर्ताका नाम देवनन्दि ही बतलाते हैं। अतः इस विषयमें कोई सन्देह बाकी नहीं रह जाता कि यह व्याकरण देवनन्दि या पूज्यपादका बनाया हुआ है।

## दो तरहके सूत्र-पाठ

जैनेन्द्र व्याकरणके मूल सूत्र-पाठ दो प्रकारके उपलब्ध हैं—एक तो वह जिसपर अभयनन्दिकी 'महावृत्ति' तथा श्रुतकीर्तिकृत 'पंचवस्तु' नामकी प्रक्रिया है; और दूसरा वह जिसपर सोमदेवकृत 'शब्दार्णव-चन्द्रिका' और गुणनन्दिकृत 'प्रक्रिया' है। पहले प्रकारके पाठमें लगभग ३००० और दूसरेमें लगभग ३७०० सूत्र हैं, अर्थात् एकसे दूसरेमें कोई ७०० सूत्र अधिक हैं, और जो ३००० सूत्र हैं वे भी दोनोंमें एकसे नहीं हैं। अर्थात् दूसरे सूत्र-पाठमें पहले सूत्र-पाठके सैकड़ों सूत्र परिवर्तित और परिवर्धित भी किये गये हैं। पहले प्रकारका सूत्र-पाठ पाणिनीय सूत्र-पाठके ढंगका है, वर्तमान दृष्टिसे वह कुछ अपूर्ण-सा जान पड़ता है और इसीलिए महावृत्तिमें बहुतसे वार्तिक तथा उपसंख्यान आदि बनाकर उसकी पूर्णता की गई दिखलाई देती है, जब कि दूसरा-पाठ प्रायः पूर्ण-सा जान पड़ता है और इसी कारण उसकी टीकाओंमें वार्तिक आदि नहीं दिखलाई देते। दोनों पाठोंमें बहुत-सी संज्ञायें भी भिन्न प्रकार की हैं।

इन भिन्नताओंके होते हुए भी दोनों पाठोंमें समानताकी भी कमी नहीं है। दोनोके अधिकांश सूत्र समान हैं, दोनोंके प्रारंभका मंगलाचरण बिलकुल एक है और दोनोके कर्ताओंका नाम भी देवनन्दि या पूज्यपाद लिखा हुआ मिलता है।

## असली सूत्रपाठ

अब प्रश्न यह है कि इन दोनोमेंसे स्वयं देवनन्दि या पूज्यपादका बनाया हुआ असली सूत्र-पाठ कौन-सा है?

हमारे खयालमें देवनन्दि या पूज्यपादका बनाया हुआ सूत्र-पाठ वही है जिसपर अभयनन्दिने अपनी महावृत्ति लिखी है। यह सूत्रपाठ उस समय तक तो ठीक समझा जाता रहा जब तक शाकटायन व्याकरण नहीं बना। शायद शाकटायनको भी जैनेन्द्रके होते हुए एक जुदा जैन व्याकरण बनानेकी आवश्यकता इसीलिए महसूस हुई कि जैनेन्द्र अपूर्ण है, और इसलिए बिना वार्तिकों और उपसंख्यानों आदिके उससे काम नहीं चल सकता। परन्तु जब

शाकटायन जैसा सर्वाङ्गपूर्ण व्याकरण बन चुका, तब जैनेन्द्र व्याकरणके भक्तोंको उसकी त्रुटियाँ खटकने लगीं और उनमेंसे गुणनन्दिने उसे सर्वांगपूर्ण बनानेका प्रयत्न किया। इस प्रयत्नका फल ही यह दूसरा सूत्र-पाठ है जिसपर सोमदेवकी शब्दार्णव-चन्द्रिका रची गई है। इस सूत्र-पाठको बारीकीके साथ देखनेसे मालूम पड़ता है कि गुणनन्दिके समय तक व्याकरण-सिद्ध जितने प्रयोग होने लगे थे उन सबके सूत्र उसमे मौजूद हैं और इसलिए उसके टीकाकारोंको वार्तिक आदि बनानेके झंझटोंमें नहीं पड़ना पड़ा है। अभयनन्दिकी महावृत्तिके ऐसे बीसों वार्तिक हैं जिनके इस दूसरे पाठमें सूत्र ही बना दिये गये हैं।

१—शब्दार्णव-चन्द्रिकाके अन्तिम पद्यमे सुप्रसिद्ध गुणनन्दिके शब्दार्णवमें प्रवेश करनेके लिए सोमदेवकृत वृत्तिको नौकाके समान बतलाया है।[1] इससे जान पड़ता है कि गुणनन्दिके बनाये हुए व्याकरण ग्रन्थकी यह टीका है और इसका नाम शब्दार्णव है। इस टीकाका 'शब्दार्णव-चन्द्रिका' नाम भी तभी अन्वर्थक होता है, जब मूल सूत्र-ग्रन्थका नाम शब्दार्णव हो। हमारे इस अनुमानकी पुष्टि प्रक्रियाके अन्तिम श्लोकसे और भी अच्छी तरहसे हो जाती है[2] जिसका आशय यह है कि गुणनन्दिने जिसके शरीरको विस्तृत किया है, उस शब्दार्णवको जाननेकी इच्छा रखनेवालोंके लिए तथा आश्रय लेनेवालोंके लिए यह प्रक्रिया साक्षात् नावके समान काम देगी। इसमें 'शब्दार्णव' को जो 'गुणनन्दितानितवपुः' विशेषण दिया है, वह विशेष ध्यान देने योग्य है। उससे साफ समझमे आता है कि गुणनन्दिके जिस व्याकरणपर ये दोनों टीकायें—शब्दार्णव-चन्द्रिका और प्रक्रिया—लिखी गई हैं उसका नाम 'शब्दार्णव' है और वह मूल (असली) जैनेन्द्रके संक्षिप्त शरीरको तानित या विस्तृत करके बनाया गया है।

शब्दार्णवचन्द्रिकाके प्रारम्भका मंगलाचरण भी इस विषयमे ध्यान देने योग्य

---

१ श्रीसोमदेवयतिनिर्मितिमादधाति या नौ प्रतीनगुणनन्दितशब्दवार्धौ।
सेय सताममलचेतसि विस्फुरन्ती वृत्ति सदा नुतपदा परिवर्तिषीष्ट॥

२ सत्संधि दधने समासमभित ख्यातार्थनामोन्नत,
निर्ज्ञात बहुनद्धित कृतमिहाख्यात यश शालिनम्।
सैषा श्रीगुणनन्दितानितवपु शब्दार्णव निर्णय,
नावित्याश्रयतां विविक्षुमनसा साक्षात्स्वय प्रक्रिया॥

है[1] जिसमें ग्रन्थकर्ताने भगवान् महावीरके विशेषणरूपमें क्रमसे पूज्यपादका, गुणनन्दिका और अपना ( सोमामर या सोमदेवका ) उल्लेख किया है और इससे वे निस्सन्देह यही ध्वनित करते हैं कि मुख्य व्याकरणके कर्ता पूज्यपाद हैं, उसको विस्तृत करनेवाले गुणनन्दि हैं और फिर उसकी टीका करनेवाले सोमदेव ( स्वय ) हैं। यदि यह चन्द्रिका टीका पूज्यपादके व्याकरणकी ही होती, तो मंगलाचरणमें गुणनन्दिका नाम लानेकी कोई आवश्यकता नहीं थी। गुणनन्दि उनकी गुरु-परम्परामें भी नहीं हैं, जो उनका उल्लेख करना आवश्यक होता। अतः यह सिद्ध है कि चन्द्रिका और प्रक्रिया दोनोंके ही कर्ता यह समझते थे कि हमारी टीकायें असली जैनेन्द्रपर नहीं किन्तु उसके 'गुणनन्दि-तानितवपु' शब्दार्णवपर बनी हैं।

२—शब्दार्णव-चन्द्रिका और जैनेन्द्र-प्रक्रिया[2] इन दोनों ही टीकाओंमें 'एकशेष' प्रकरण है; परन्तु अभयनन्दिकृत 'महावृत्ति' वाले सूत्रपाठमें एकशेषको अनावश्यक बतलाया है—"स्वाभाविकत्वादभिधानस्यैकशेषानारम्भः।" ( १-१-९९ ) और इसी लिए देवनन्दि या पूज्यपादका व्याकरण 'अनेकशेष' कहलाता है। चन्द्रिका टीकाके कर्ता स्वयं ही "आदावुपज्ञो क्रमम्" ( १-४-११४ ) सूत्रकी टीकामें उदाहरण देते हैं "देवोपज्ञमनेकशेषव्याकरणम्।" यह उदाहरण अभयनन्दिकृत महावृत्तिमें भी दिया गया है। इससे सिद्ध है कि शब्दार्णव-चन्द्रिकाके कर्ता भी उसी व्याकरणको देवोपज्ञ या देवनन्दिकृत मानते हैं, जो अनेकशेष है, अर्थात् जिसमें 'एकशेष' प्रकरण नहीं है और ऐसा व्याकरण वही है जिसकी टीका अभयनन्दिने की है।

३—आचार्य विद्यानन्दि अपने तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक पृष्ठ २६५ में 'नैगमसंग्रह–' आदि सूत्रकी व्याख्या करते हुए लिखते हैं, "नयश्च नयौ च नयाश्च नया इत्येकशेषस्य स्वाभाविकस्याभिधाने दर्शनात् केषांचित्तथा वचनोपलम्भाच्च न विरुद्ध्यते।" इसमें स्वाभाविकताके कारण, एकशेषकी अनावश्यकता प्रतिपादन की है और यह अनावश्यकता जैनेन्द्रके वास्तविक सूत्र-पाठमें ही उपलब्ध होती है। "स्वाभाविकत्वादभिधानस्यैकशेषानारम्भः" ( १–१–९९ ) यह सूत्र

---

१ श्रीपूज्यपादममलं गुणनन्दिदेवं सोमामरव्रतिपपूजितपादयुग्मम्।
सिद्धं समुन्नतपदं वृषभं जिनेन्द्रं सच्छब्दलक्षणमहं विनमामि वीरम्॥

२ इस प्रक्रियाका भी नाम 'शब्दार्णव-प्रक्रिया' होगा, जैनेन्द्र-प्रक्रिया नहीं।

शब्दार्णववाले पाठमें नहीं है, अतः विद्यानन्द भी पूर्वोक्त सूत्रवाले जैनेन्द्र-पाठके माननेवाले थे। पाठकोंको यह स्मरण रखना चाहिए कि उपलब्ध व्याकरणोंमें 'अनेकशेष' व्याकरण केवल देवनन्दिकृत ही है, दूसरा नहीं [1]।

४—तत्त्वार्थ-टीका 'सर्वार्थसिद्धि' के कर्ता स्वयं पूज्यपाद या देवनन्दि हैं। इस टीकामें अध्याय ५, सूत्र २४ की व्याख्या करते हुए वे लिखते हैं, "'अन्यतोऽपि' इति तसि कृते सर्वतः।" और इसी सूत्रकी व्याख्या करते हुए राजवार्तिककार लिखते हैं, "'दृश्यतेऽन्यतोऽपीति' तसि कृते सर्वेषु सर्वत इति भवति।" जान पड़ता है कि या तो सर्वार्थसिद्धिकारने इस सूत्रको संक्षेप करके लिखा होगा, या लेखको तथा छपानेवालोंने प्रारंभका 'दृश्यते' शब्द छोड़ दिया होगा। वास्तवमें यह पूरा सूत्र 'दृश्यतेऽन्यतोपि' ही है और यह अभयनन्दि-वाले सूत्र-पाठके अ० ४ पा० ७ का ७५ वाँ सूत्र है। परन्तु शब्दार्णववाले पाठमें न तो यह सूत्र है और न इसके प्रतिपाद्यका विधानकर्ता कोई दूसरा सूत्र।

५—भट्टाकलंकदेवने तत्त्वार्थराजवार्तिकमें 'आद्ये परोक्षं' (अ० १, सू० २१) की व्याख्यामें "सर्वादि सर्वनाम" (१–१–३५) सूत्रका उल्लेख किया है, इसी तरह पण्डित आशाधरने अनगारधर्मामृतटीका (अ० ७ श्लो० ४४) में "स्तोके प्रतिना" (१–३–३७) और "भार्ये" (१–४–१४) इन दो सूत्रोंको उद्धृत किया है और ये तीनों ही सूत्र जैनेन्द्रके अभयनन्दिवृत्ति-वाले सूत्रपाठमें ही हैं। शब्दार्णववाले पाठमें इनका अस्तित्व ही नहीं है। अतः अकलंकदेव और पं० आशाधर इसी अभयनन्दिवाले पाठको ही माननेवाले थे। अकलंकदेव वि० की आठवीं नौवीं शताब्दिके और आशाधर १३ वीं शताब्दिके विद्वान् हैं।

६—पं० श्रीलालजी शास्त्रीने शब्दार्णव-चन्द्रिकाकी भूमिकामें लिखा है कि "आचार्य पूज्यपादने स्वनिर्मित 'सर्वार्थसिद्धि' में 'प्रमाणनयैरधिगमः' (अ० १ सू०) की टीकामें यह वाक्य दिया है—'नयशब्दस्याल्पाच्तरत्वात्पूर्वनिपातः प्राप्नोति ? नैष दोषः, अभ्यर्हितत्वात्प्रमाणस्य तत्पूर्वनिपातः।' और अभयनन्दिवाले पाठमें इस विषयका प्रतिपादन करनेवाला कोई सूत्र नहीं है। केवल अभयनन्दिका 'अभ्यर्हितं पूर्वं निपतति' वार्तिक है। यदि अभयनन्दिवाला सूत्र-पाठ ठीक

१ 'संस्कृत व्याकरण शास्त्रका इतिहास' में श्री युधिष्ठिर मीमांसकने लिखा है कि जैनेन्द्रसे कई शताब्दि पूर्वके चान्द्र व्याकरणमें भी 'एकशेष' प्रकरण नहीं है।

होता तो उसमें इस विषयका प्रतिपादक सूत्र अवश्य होता जो कि नहीं है। पर शब्दार्णववाले पाठमें 'अर्च्यं' (१-३-११५) ऐसा सूत्र है जो इसी विषयको प्रतिपादित करता है। इसलिए यही सूत्र-पाठ देवनन्दिकृत है।" इसपर हमारा निवेदन यह है कि 'अल्पाच्तरम्' (२-२-३४) यह सूत्र पाणिनिका है और इसके ऊपर कात्यायनका 'अभ्यर्हितं च' वार्तिक तथा पतंजलिका 'अभ्यर्हितं पूर्वं निपतति' भाष्य[1] है। इससे मालूम होता है कि पूज्यपादने अपनी सर्वार्थसिद्धि-टीकाके इस स्थलमें पाणिनि और पतंजलिके ही सूत्र तथा भाष्यको लक्ष्य करके उक्त विधान किया है। यह निश्चय है कि उन्होने अपनी सर्वार्थसिद्धिमें अन्य वैयाकरणोंके भी मत दिये हैं और अनेक बार पतजलिके महाभाष्यके वाक्य[2]।

सर्वार्थसिद्धि अ० ४ सूत्र २२ की व्याख्यामे लिखा है—"यथाहुः-द्रुतायां तपरकरणे मध्यमविलम्बितयोरुपसंख्यानमिति।" इसकी अन्य पुरुषकी 'आहुः' क्रिया ही कह रही है कि ग्रन्थकर्ता यहाँ किसी अन्य पुरुषका वचन दे रहे हैं। अब पतंजलिका महाभाष्य देखिए। उसमें १-२-१ के ५ वें वार्तिकके भाष्यमे बिलकुल यही वाक्य दिया हुआ है—एक अक्षरका भी हेरफेर नही है। इससे स्पष्ट है कि सर्वार्थसिद्धिके कर्त्ताने अन्य व्याकरण-ग्रन्थोके प्रमाण दिये हैं।

सर्वार्थसिद्धि अ० ७-सूत्र १६ की व्याख्यामें लिखा है, "शास्त्रे[3]ऽपि 'अश्ववृषयोर्मैथुनेच्छायाम्' इत्येवमादिषु तदेव गृह्यते।" यह पाणिनिके ७-१-५१ सूत्रपर कात्यायनका पहला वार्तिक है। वहाँ "अश्ववृषयोर्मैथुनेच्छायाम्" इतने शब्द हैं और इन्हींको सर्वार्थसिद्धिकारने लिया है। यहाँ कात्यायनके वार्तिकको उन्होंने 'शास्त्र' शब्दसे व्यक्त किया है।

सर्वार्थसिद्धि अ० ५ सूत्र ४ की व्याख्यामे 'नित्य' शब्दको सिद्ध करनेके लिए पूज्यपाद लिखते हैं, 'नेः ध्रुवे त्यः इति निष्पादितत्वात्।' परन्तु

---

१ तत्त्वार्थराजवार्तिकमें इसी 'प्रमाणनयैरधिगमः' सूत्रकी व्याख्यामे पतजलिका यह भाष्य ज्योंका त्यों अक्षरशः दिया है। अभयनन्दिका भी यही वार्तिक है। परन्तु तब तक अभयनन्दिका अस्तित्व ही न था।

२ राजवार्तिक और श्लोकवार्तिकमें भी यह वाक्य उद्धृत किया गया है।

३ तत्त्वार्थराजवार्तिकमें भी है "शास्त्रेऽपि अश्ववृषयोर्मैथुनेच्छायामित्येवमादौ तदेव कर्माख्यायते।"

जैनेन्द्रमें 'नित्य' शब्दको सिद्ध करनेवाला कोई सूत्र ही नहीं है, इस लिए अभयनन्दिने अपनी वृत्तिमें 'ड्येस्तुट्' (३-२-८१) सूत्रकी व्याख्यामें 'नेर्ध्रुवः इति वक्तव्यम्' यह वार्तिक बनाया है और 'नियत सर्वकालं भवं नित्यं' इस तरह स्पष्ट किया है। जैनेन्द्रमें 'त्य' प्रत्यय ही नहीं है, इसके बदले 'य' प्रत्यय है। अतः सर्वार्थसिद्धिकारने पूर्वोक्त बात स्वनिर्मित व्याकरणको लक्ष्यमें रखकर नहीं कही है। अन्य व्याकरणोंके प्रमाण भी वे देते थे और यह प्रमाण भी उसी तरहका है।

कुछ स्थानोंमे उन्होंने अपने निजके सूत्र भी दिये हैं। जैसे पाँचवें अध्यायके पहले सूत्रके व्याख्यानमें लिखा है "'विशेषणं विशेष्येण' इति वृत्तिः।" यह जैनेन्द्रका १-३-५२ वाँ सूत्र है। यह सूत्र शब्दार्णव-चन्द्रिका (१-३-४८) वाले पाठमें भी है।

इन सब प्रमाणोंसे यह बात अच्छी तरह सिद्ध होती है कि जैनेद्रका असली सूत्र-पाठ वही है जिसपर अभयनन्दिकृत वृत्ति है। शब्दार्णव-चन्द्रिकावाला पाठ असली सूत्र-पाठको संशोधित और परिवर्धित करके बनाया गया है और उसका यह संस्करण गुणनन्दि आचार्यकृत है।

*अब प्रश्न यह है कि जब गुणनन्दिने मूल ग्रंथमें इतना परिवर्तन और संशोधन किया, तब उस* परिवर्तित ग्रन्थका नाम जैनेन्द्र ही क्यों रक्खा ? इसके उत्तरमें निवेदन है कि एक तो शब्दार्णव-चन्द्रिका और जैनेन्द्र-प्रक्रियाके पूर्वोल्लिखित श्लोकोंसे गुणनन्दिके व्याकरणका नाम 'जैनेन्द्र' नहीं, किन्तु 'शब्दार्णव' मालूम होता है। सम्भव है कि अर्ध-दग्ध लेखकोंकी कृपासे इन टीका-ग्रंथोंमें 'जैनेन्द्र' नाम शामिल हो गया हो। दूसरे यदि 'जैनेन्द्र' नाम हो भी, तो कुछ अनुचित नहीं है; क्योंकि गुणनन्दिका प्रयत्न कोई स्वतन्त्र ग्रंथ बनानेकी इच्छासे नहीं किन्तु पूर्वनिर्मित 'जैनेन्द्र'को सर्वांगपूर्ण बनानेकी सदिच्छासे है और इसीलिए उन्होंने जैनेन्द्रके आधेसे अधिक सूत्र ज्योंके त्यों रहने दिये हैं, तथा मंगलाचरण आदि भी उसका ज्योंका त्यों रक्खा है।

## जैनेन्द्रकी टीकायें

पूज्यपादस्वामीकृत असली जैनेन्द्रकी इस समय तक केवल चार ही टीकायें उपलब्ध हैं—१ अभयनन्दिकृत 'महावृत्ति,' २ प्रभाचन्द्रकृत 'शब्दांभोजभास्कर

न्यास,' ३ श्रुतकीर्तिकृत 'पंचवस्तु-प्रक्रिया', और ४ पं० महाचन्द्रकृत 'लघु जैनेन्द्र'। परन्तु इनके सिवाय इसकी और कई टीकाएँ होनी चाहिए। पंचवस्तुके अन्तके श्लोकमें जैनेन्द्र शब्दागम या जैनेन्द्र व्याकरणको महलकी उपमा दी है। वह मूलसूत्ररूप स्तम्भोंपर खड़ा किया गया है, न्यासरूप उसकी भारी रत्नमय भूमि है, वृत्तिरूप उसके किवाड़ हैं, भाष्यरूप शय्यातल है, टीकारूप उसके माल या मंजिल हैं, और यह पंचवस्तु टीका उसकी सोपानश्रेणी है। इसके द्वारा उक्त महलपर आरोहण किया जा सकता है[1]। इससे मालूम होता है कि पंचवस्तुके कर्त्ताके समयमें इस व्याकरणपर १ न्यास, २ वृत्ति, ३ भाष्य और ४ कई टीकाएँ, इतने टीका-ग्रन्थ मौजूद थे।

**न्यास**—उक्त टीकाओंमेंसे 'न्यास' तो शायद स्वयं पूज्यपादका ही होगा जो अभी तक अनुपलब्ध है। शिमोगा जिलेकी नगर तहसीलके ४६ वें शिलालेखमें लिखा है कि पूज्यपादने एक तो (अपने व्याकरणपर) 'जैनेन्द्र' न्यास और दूसरा पाणिनि व्याकरणपर 'शब्दावतार' नामक न्यास बनाया इसके सिवाय वैद्यकशास्त्र और तत्त्वार्थ-टीका भी लिखी[2]।

यह निश्चय है कि पूज्यपाद केवल सूत्र-ग्रन्थ बनाकर ही न रह गये होंगे। अपनी मानी हुई अतिशय सूक्ष्म संज्ञाओं और परिभाषाओंका स्पष्टीकरण करनेके लिए उन्हें कोई टीका या वृत्ति अवश्य बनानी पड़ी होगी जिस तरह कि शाकटायनने अपने व्याकरणपर अमोघवृत्ति नामकी स्वोपज्ञटीका बनाई।

विद्यानन्दने अष्टसहस्री (पृष्ठ १३२) में 'प्यखे कर्मण्युपसंख्यानात्' वचन उद्धृत किया है। यह किसी व्याकरण ग्रन्थका वार्तिक है; परन्तु पाणिनिके किसी भी वार्तिकमें यह नहीं मिलता। अभयनन्दिकी महावृत्तिमें अवश्य ही "प्यखे

---

१ सूत्रस्तम्भसमुद्धृत प्रविलसन्न्यासोरुरत्नक्षिति-
श्रीमद्वृत्तिकपाटसंपुटयुत भाष्योऽथ शय्यातलम्।
टीकामालमिहारुरुक्षुरचितं जैनेन्द्रशब्दागमं
प्रासादं पृथुपंचवस्तुकमिदं सोपानमारोहतात्॥

२ न्यासं जैनेन्द्रसंज्ञं सकलबुधनुतं पाणिनीयस्य भूयो
न्यासं शब्दावतारं मनुजततिहितं वैद्यशास्त्रं च कृत्वा।
यस्तत्त्वार्थस्य टीकां व्यरचयदिह तां भात्यसौ पूज्यपाद-
स्वामी भूपालवन्द्यः स्वपरहितवचः पूर्णदृग्बोधवृत्तः॥

कर्मणि का वक्तव्या " ( ४-१-३८ ) इस प्रकारका वार्तिक है; परन्तु अभयनन्दिकी वृत्ति विद्यानन्दसे पीछेकी बनी हुई है, इसलिए विद्यानन्दने यह वार्तिक अभयनन्दिकी वृत्तिसे नहीं किन्तु अन्य ही किसी ग्रन्थसे लिया होगा और वह स्वयं पूज्यपादकृत होगा।

**भाष्य**—जैनेन्द्रके भाष्यका अभी तक पता नहीं।

आगे हम उपलब्ध टीकाग्रन्थोंका परिचय देते हैं—

**१—महावृत्ति**। इसकी एक प्रति पूनेके भाण्डारकर रिसर्च इन्स्टिटयूटमें मौजूद है और एक प्रति बम्बईके सरस्वती भवनमें भी। पूनेकी प्रतिमें इसकी श्लोक-संख्या १२००० के लगभग है। प्रारंभके ३१४ पत्र एक लेखकके लिखे हुए और शेष ७४ पत्र, चैत्र सुदी २ सं० १९३३ को किसी दूसरे लेखकके लिखे हुए हैं। प्रतिके दोनों ही भाग जयपुरके लिखे हुए मालूम होते हैं। कई स्थानोंमें कुछ पंक्तियाँ छूटी हुई हैं और अन्तमें कोई प्रशस्ति आदि नहीं है[१]।

इस महावृत्तिके कर्ता अभयनन्दि मुनि हैं। उन्होंने न तो अपनी गुरुपरम्पराका ही परिचय दिया है और न ग्रन्थ-रचनाका समय ही। परन्तु सूत्र ३-२-५५ की टीकामें एक जगह उदाहरण दिया है—"तत्त्वार्थवार्तिकमधीयते।" इससे मालूम होता है कि अकलंकदेवके बाद अर्थात् वि० की आठवीं नवीं शताब्दिके बादकी यह वृत्ति है और पंचवस्तुके पूर्वोल्लिखित श्लोकमें इसी वृत्तिका उल्लेख जान पड़ता है, इसलिए श्रुतकीर्तिके अर्थात् विक्रमकी बारहवीं शताब्दिके पहले किसी समयमें वे हुए हैं। जैनेन्द्रकी उपलब्ध टीकाओंमें यही टीका सबसे प्राचीन मालूम होती है।

---

१ न० ५९० A और B सन् १८७५-७६ की रिपोर्ट।

२ ॐ नमः। श्रीमत्सर्वज्ञवीतरागतद्वचनतदनुसारिगुरुभ्यो नमः।
देवदेवं जिनं नत्वा सर्वसत्त्वाभयप्रदम्।
शब्दशास्त्रस्य सूत्राणां महावृत्तिर्विरच्यते ॥ १ ॥
यच्छब्दलक्षणमसुव्रजपारमन्यैरव्यक्तमुक्तमभिधानविधौ दरिद्रैः।
तत्सर्वलोकहृदयप्रियचारुवाक्यैर्व्यक्तीकरोत्यभयनन्दिमुनिः समस्तम् ॥ २ ॥
शिष्टाचारपरिपालनार्थमादाविष्टदेवतानमस्कारलक्षणं मंगलमिदमाहाचार्यः।
इत्यभयनन्दिविरचितायां जैनेन्द्रव्याकरणमहावृत्तौ पञ्चमाध्यायस्य चतुर्थः पादः, समाप्तश्चायं पञ्चमोऽध्यायः।

**२ शब्दांभोजभास्कर न्यास।** बम्बईके सरस्वती-भवनमें इसकी दो अपूर्ण प्रतियाँ मौजूद हैं। एक प्रतिमें १४ वें पत्रसे २९९ तक और फिर ६२० वें पत्रसे ७०३ तकके ही पत्र हैं। १४ वें पत्रपर पहले अध्यायके पहले पादका १९ वाँ सूत्र है। यह प्रति बहुत प्राचीन और शुद्ध है, परन्तु आगसे झुलसी हुई है। दूसरी प्रतिमें केवल तीन अध्याय हैं। इसकी श्लोकसंख्या १२००० है। इससे जान पड़ता है कि सम्पूर्ण ग्रन्थ १६००० के लगभग होगा।

अभयनन्दिकी वृत्तिसे यह बड़ा है और उससे पीछे बना है। इसमें महावृत्तिके शब्द ज्योंके त्यों ले लिये गये हैं और तीसरे अध्यायके अन्तके एक श्लोकमें[1] अभयनन्दिको नमस्कार भी किया है।

इसके कर्त्ता प्रभाचन्द्र हैं और वे प्रमेयकमलमार्तण्ड और न्यायकुमुदचन्द्रके ही कर्त्ता मालूम होते हैं, क्योंकि इसके प्रारंभमें ही यह कहा गया है कि अनेकान्तकी चर्चा उक्त दोनों ग्रन्थोंमें की गई है, इसलिए यहाँ नहीं करते। अवश्य ही इसमें उन्होंने अपने ही ग्रन्थोंको देखनेके लिए कहा है, "अथ कोऽयमनेकान्तो नामेत्याह —अस्तित्वनास्तित्वनित्यत्वानित्यत्वसामान्यासामान्याधिकरण्यविशेषणविशेष्यादिकोऽनेकान्त-स्वभावो यस्यार्थस्यासावनेकान्तः,अनेकान्तात्मक इत्यर्थः। तत्र च प्रतिक्षिप्तमिथ्याविकल्पकल्पिताशेषविप्रतिपत्तिः प्रत्यक्षादिप्रमाणमेव प्रत्यस्तमयतीति (?) तद्भावतया तदात्मकत्वं चार्थस्य अध्यक्षतोऽनुमानादेश्च यथा सिद्धयति तथा प्रपंचतः प्रमेयकमलमार्तण्डे न्यायकुमुदचन्द्रे च प्रतिरूपितमिह द्रष्टव्यम्।"

इसके मंगलाचरणमें पूज्यपाद और अकलंकको नमस्कार किया गया है।

**३—पंचवस्तु।** भांडारकर रिचर्स इन्स्टिटयूटमें इसकी दो प्रतियाँ मौजूद हैं, जिनमें एक ३००-४०० वर्ष पहलेकी लिखी हुई और बहुत शुद्ध है[2] और दूसरी संवत् १९८० की। पहलीपर लेखकका नाम और प्रति लिखनेका समय आदि नहीं

---

१ नम श्रीवर्धमानाय महते देवनन्दिने।
प्रभाचन्द्राय गुरवे तस्मै चाभयनन्दिने॥

२ नं० १०५९ सन् १८८७-९१ की रिपोर्ट। ३ नं ५९० सन् १८७५-७६ की रिपोर्ट। इस ग्रन्थकी एक प्रति परतापगढ (मालवा) के पुराने दि० जैन मन्दिरके भंडारमें भी है। देखो जैनमित्र ता० २६ अगस्त १९१५।

है। इसके अन्तमें केवल इतना लिखा हुआ है—"कृतिरियं देवनंद्याचार्यस्य परवादिमथनस्य ॥ छा ॥ शुभं भवतु लेखकपाठकयोः ॥ श्रीसंघस्य ॥"

दूसरी प्रति रत्नकरण्डश्रावकाचारवचनिका आदि अनेक भाषाग्रन्थोंके रचयिता सुप्रसिद्ध पण्डित सदासुखजीके हाथकी संवत् १९१० की लिखी हुई है[1]।

यह टीका प्रक्रिया-बद्ध है और बड़े अच्छे ढंगसे लिखी गई है। इसकी श्लोक-संख्या ३३०० के लगभग है। प्रारम्भके विद्यार्थियोंके लिए बड़ी उपयोगी है।

इस ग्रन्थके आदि-अन्तमें कहीं भी कर्त्ताका नाम नहीं है। केवल एक जगह पाँचवें पत्रमें नाम आया है, जिससे मालूम होता है कि इसके रचयिता श्रुतकीर्ति हैं[2]।

कनड़ी भाषाके चन्द्रप्रभचरित नामक ग्रन्थके कर्त्ता अग्गल कविने श्रुतकीर्तिको अपना गुरु बतलाया है—"इदु परमपुरुनाथकुलभूभृत्समुद्भूतप्रवचनसरित्सरिन्नाथ-श्रुतकीर्तित्रैविद्यचक्रवर्तिपदपद्मनिधानदीपवर्तिश्रीमदग्गलदेवविरचिते चन्द्रप्रभ-चरिते—" इत्यादि। और यह चरित शक संवत् १०११ (वि० स० ११४६) में बनकर समाप्त हुआ है। अतएव यदि श्रुतकीर्ति और श्रुतकीर्ति त्रैविद्य चक्रवर्ती एक ही हों तो पंचवस्तुको भी अभयनन्दि महावृत्तिके पीछेकी—विक्रमकी बारहवीं शताब्दिके प्रारंभकी—रचना समझना चाहिए। नंदिसंघकी गुर्वावलीमें श्रुतकीर्तिको वैयाकरण-भास्कर लिखा है[3]।

---

१ अब्दे नभश्चन्द्रविधिस्थिराङ्के शुद्धे सहस्येम (?) युक चतुर्थ्याम्।
सत्प्रक्रियाबन्धनिबन्धनेय सद्वस्तुवृत्तीरदनात्समाप्ता (?)॥
श्रीमन्नराणामधिपेशराज्ञि श्रीरामसिंहे विलसत्यलेखि।
श्रीमद्बुधेनेह सदासुखेन श्रीयुक्फतेलालनिजात्मबुद्धये॥
शाब्दीयशास्त्रं पठितं न यैस्तैः स्वदेहसपाल्नभारवद्भिः।
किं दर्शनीयं कथनीयमेतद् वृथागसधावपलापवद्भिः॥
यह प्रति भी प्रायः शुद्ध है।

२ याम-वैर-वर्ण-कर-चरणादीनां सधीनां बहूनां संभवत्वात् सशयानः शिष्यः सपृच्छति स्म—कस्सन्धिरिति।

सज्ञास्वरप्रकृतिहल्जविसर्गजन्मा सधिस्तु पचक इतीत्थमिहाहुरन्ये।
तत्र स्वरप्रकृतिहल्जविकल्पतोऽस्मिन् संधिं त्रिधा कथयति श्रुतकीर्तिरार्यः॥

३ त्रैविद्यः श्रुतकीर्त्याख्यो वैयाकरणभास्करः।

५—**लघु जैनेन्द्र।** इसकी एक प्रति अंकलेश्वर (भरोंच) के दिगम्बर जैन-मन्दिरमें है और दूसरी अधूरी प्रति परतापगढ़ (मालवा) के पुराने दि० जैनमन्दिरमें। यह अभयनन्दिकी वृत्तिके आधारसे लिखी गई है। पण्डित महाचन्द्रजी विक्रमकी इसी बीसवीं शताब्दिमें हुए हैं[१]। इन्होंने संस्कृत, प्राकृत और भाषामें कई ग्रन्थ लिखे हैं।

६—**जैनेन्द्र-प्रक्रिया।** यह न्यायतीर्थ न्यायशास्त्री पं० वंशीधरजीने हाल ही लिखी है। इसका केवल पूर्वार्ध ही छपकर प्रकाशित हुआ है।[३]

## शब्दार्णवकी टीकायें

जैनेन्द्र-सूत्र-पाठके संशोधित परिवर्धित संस्करणका नाम—जैसा कि पहले लिखा जा चुका है—शब्दार्णव है। इसके कर्ता गुणनन्दि हैं। यह बहुत संभव है कि सूत्र-पाठके सिवाय उन्होंने इसकी कोई टीका या वृत्ति भी बनाई हो जो कि उपलब्ध नहीं है।

गुणनन्दि नामके कई विद्वान् हो गये हैं। एक गुणनन्दिका उल्लेख श्रवण-बेल्गोलके ४२, ४३ और ४७ वें नम्बरके शिलालेखोंमें मिलता है। ये बलाक-पिच्छके शिष्य और गृध्रपिच्छके प्रशिष्य थे। तर्क, व्याकरण और साहित्य शास्त्रोंके बहुत बड़े विद्वान् थे। इनके ३०० शास्त्रपारंगत शिष्य थे और उनमें ७२ शिष्य

१ देखो जैनमित्र ता० २६ अगस्त १९१५।

२ महावृत्तिं शुभत्सकलबुधपूज्यां सुखकरीं,
विलोक्याद्यद्ज्ञानप्रभुविभयनन्दिप्रवहिताम्।
अनेकैः सच्छब्दैर्भ्रमविगतकैः सद्दृढभूता (?)
प्रकुर्वेऽहं (टीकां) तनुमतिमहाचन्द्रविबुधः (?)

३ जैनेन्द्रकी एक टीका प्रक्रियावतार नामकी और है जिसके कर्त्ता नेमिचन्द्र है। डिस्क्रिप्टिव कैटलाक आफ दि सं० मे० गवर्नमेंट ओरियटल मेनु० लायब्रेरी मद्रास, वोल्यूम III में उसका परिचय दिया है—

सर्वज्ञाय नमस्तस्मै वीतक्लेशाय शान्तये।
येन भव्यात्मनश्चेतस्तमस्तोमश्चिकित्सित॥
किं वाणीचतुराननः किमथवा वाचस्पतिः किं न्वसौ,
विद्यानां विभवात्सहस्रवदनस्साक्षादनन्तः किमु।
इत्थं संसदि साधवः समुदितास्सशेरते सादरं
विद्वत्पुंगवनेमिचन्द्रभवति व्याख्यानमातन्वति॥

सिद्धान्तशास्त्री थे। आदि पंपके गुरु देवेन्द्र भी इन्हींके शिष्य थे[1]। कर्नाटक-कवि-चरितके कर्ताने इनका समय वि० संवत ९५७ निश्चय किया है, क्योंकि इनके प्रशिष्य और देवेन्द्रके शिष्य आदि पंपका जन्म वि० स० ९५९ में हुआ था और उसने ३९ वर्षकी अवस्थामें अपने सुप्रसिद्ध कनड़ी काव्य भारतचम्पू और आदिपुराण निर्माण किये हैं। हमारा अनुमान है कि ये ही गुणनन्दि शब्दार्णवके कर्त्ता हैं।

चन्द्रप्रभचरित महाकाव्यके कर्त्ता वीरनन्दिका समय शक संवत् ९०० के लगभग निश्चित होता है, क्योंकि वादिराजसूरिने अपने पार्श्वनाथचरितमे उनका स्मरण किया है और वीरनन्दिकी गुरुपरम्परा इस प्रकार है—१ श्री गुणनन्दि, २ विबुध गुणनदि, ३ अभयनन्दि और ४ वीरनन्दि। यदि पहले गुणनन्दि और वीरनन्दिके बीचमें हम ७८ वर्षका अन्तर मान लें, तो पहले गुणनन्दिका समय वही शक सवत् ८२२ या वि० स० ९५७ के लगभग आ जायगा। इसम यह निश्चय होता है कि वीरनन्दिकी गुरुपरम्पराके प्रथम गुणनन्दि और आदि पम्पके गुरु देवेन्द्रके गुरु गुणनन्दि एक ही होंगे

गुणनन्दि नामके एक और आचार्य शक संवत् १०३७ (वि० सं० ११७२) में हुए हैं जो मेघचन्द्र त्रैविद्यके गुरु थे।

शब्दार्णवकी इस समय दो टीकायें उपलब्ध हैं और दोनों ही सनातन जैनग्रन्थमालामें छप चुकी हैं—१ शब्दार्णवचन्द्रिका, और २ शब्दार्णव-प्रक्रिया।

**१ शब्दार्णव-चन्द्रिका**। इसकी एक बहुत ही प्राचीन और अतिशय जीर्ण प्रति भाण्डारकर रिसर्च इन्स्टिटयूटमें है। यह ताड़पत्रपर नागरी लिपिमें है। इसके आदि-अन्तके पत्र प्रायः नष्ट हो गये हैं। छपी हुई प्रतिमें जो गद्य-प्रशस्ति है, वह इसमें नहीं है और अन्तमें एक श्लोक है जो पूरा नहीं पढ़ा जाता—

इन्द्रश्चन्द्रः शकटतनयः पाणिनिः पूज्यपादो
यत्प्रोवाचापिशलिरमरः काशकृत्स्न......शब्दपारायणस्येति।

इसके कर्त्ता सोमदेव मुनि हैं। ये शिलाहार वंशके राजा भोजदेव (द्वितीय)

१ तच्छिष्यो गुणनन्दिपण्डितयतिश्चारित्रचक्रेश्वर,
तर्कव्याकरणादिशास्त्रनिपुणः साहित्यविद्यापतिः।
मिथ्यात्वादिमदान्धसिन्धुरघटासघातकण्ठीरवो,
भव्याम्भोजदिवाकरो विजयतां कन्दर्पदर्पापहः॥

२ नं० २५ सन् १८८०-८८ की रिपोर्ट।

के समयमें हुए हैं और अर्जुरिका नामक ग्रामके त्रिभुवनतिलक नामक जैन-मन्दिरमें—जो कि महामण्डलेश्वर गंडरादित्यदेवका बनवाया हुआ था—इसे शक संवत् ११२७ ( वि० स० १२७२ ) में बनाया है। यह ग्राम इस समय आजरें नामसे प्रसिद्ध है और कोल्हापुर राज्यमें है। वादीभवज्रांकुश श्रीविशालकीर्ति पण्डितदेवके वैयावृत्यसे इस ग्रन्थकी रचना हुई है।

इस ग्रन्थके मंगलाचरणके पहले श्लोकमें पूज्यपाद, गुणनन्दि और सोमदेव ये विशेषण वीर भगवानको दिये हैं[1] और दूसरे श्लोकमें कहा है कि यह टीका मूल-संघीय मेघचन्द्रके शिष्य नागचन्द्र ( भुजंगसुधाकर ) और उनके शिष्य हरिचन्द्र यतिके लिए बनाई गई[2]।

गुणनन्दिकी प्रशंसा चुरादि धातुपाठके अन्तमें भी एक पद्यमें की गई है, जिसका अन्तिम चरण यह है—"शब्दब्रह्मा स जीयाद्गुणनिधिगुणनंदिव्रतीशः सुसौख्यः।" इसमें शब्दब्रह्मा विशेषण देकर गुणनन्दिको शब्दार्णव-व्याकरणका ही कर्ता प्रकट किया है।

ये मेघचन्द्र आचारसारके कर्ता वीरनन्दि सिद्धान्तचक्रवर्तीके गुरु ही मालूम होते हैं। इन्हें श्रवणबेल्गोलके नं. ४७ के शिलालेखमें सिद्धान्तज्ञनामें जिनसेन और वीरसेनके सदृश, न्यायमें अकलंकके समान और व्याकरणमें साक्षात् पूज्यपादसदृश बतलाया है और नं० ५० और ५२ नम्बरके शिलालेखोंसे मालूम होता है कि इनका स्वर्गवास शक संवत् १०३७ (वि० सं० ११७२) में और उनके शुभचन्द्रदेव नामक शिष्यका स्वर्गवास शक संवत् १०६८ ( वि० सं० १२०३ ) में हुआ था। इसके सिवाय उनके दूसरे शिष्य प्रभाचन्द्रदेवने शक सं० १०४१ ( वि० सं० ११७६ ) में एक महापूजाप्रतिष्ठा कराई थी। जब सोमदेवने शब्दार्णवचन्द्रिका मेघचन्द्रके प्रशिष्य हरिचन्द्रके लिए शक स० ११२७ ( वि० सं० १२६२ ) में बनाई, तब मेघचन्द्रका समय वि० सं० ११७२ के लगभग माना जा सकता है।

---

१ श्रीपूज्यपादममल गुणनन्दिदेवं सोमामरव्रतिपपूजितपादयुग्मम्।
सिद्ध समुन्नतपदं वृषभ जिनेन्द्रं सच्छब्दलक्षणमह विनमामि वीरम्॥ १॥

२ श्रीमूलसघजलजप्रतिबोधभानोर्मेघेन्दुदीक्षितभुजगसुधाकरस्य।
राद्धान्ततोयनिधिवृद्धिकरस्य वृत्तिं रेमे हरीन्दुयतये वरदीक्षिताय॥ २॥

नागचन्द्र नामके दो विद्वान् हो गये हैं, एक पम्प रामायणके कर्ता नागचन्द्र जिनका दूसरा काम अभिनव पम्प था, और दूसरे लब्धिसारटीकाके कर्ता नागचन्द्र। पहले गृहस्थ थे और दूसरे मुनि। अभिनव पम्पके गुरुका नाम बालचन्द्र था जो मेघचन्द्रके सहाध्यायी थे और दूसरे स्वयं बालचन्द्रके शिष्य थे। इन दूसरे नागचन्द्रके शिष्य हरिचन्द्रके लिए यह वृत्ति बनाई गई है। इन्हें जो 'राद्धान्ततोयनिधिवृद्धिकरं' विशेषण दिया है, उससे मालूम होता है कि ये सिद्धान्तचक्रवर्ती या टीकाकार होंगे।

२—**शब्दार्णव-प्रक्रिया**। यह जैनेन्द्र-प्रक्रियाके नामसे छपी है; परन्तु वास्तवमें इसका नाम शब्दार्णव-प्रक्रिया[1] ही है। हमें इसकी कोई हस्तलिखित प्रति नहीं मिल सकी। जिस तरह अभयनन्दिकी वृत्तिके बाद उसीके आधारसे प्रक्रियारूप पंचवस्तु टीका बनी है, उसी प्रकार सोमदेवकी शब्दार्णव-चन्द्रिकाके बाद उसीके आधारसे यह प्रक्रिया बनी है। प्रकाशकोंने इसके कर्ताका नाम गुणनन्दि प्रकट किया है; परन्तु जान पड़ता है कि इसके अन्तिम श्लोकमें गुणनन्दिका नाम देखकर ही भ्रमवश इसके कर्ताको गुणनन्दि समझ लिया है[2]।

इनमेंसे पहले पद्यसे यह स्पष्ट है कि गुणनन्दिके शब्दार्णवके लिए यह प्रक्रिया नावके समान है और दूसरे पद्यमें कहा है कि सिंहके समान गुणनन्दि पृथ्वीपर सदा जयवन्त रहें। यदि इसके कर्ता स्वयं गुणनन्दि होते तो वे स्वयं ही अपने

---

१ छपी हुई प्रतिके अन्तमें "इति प्रक्रियावतारे कृद्विधिः समाप्तः। समाप्तेयं प्रक्रिया।" इस तरह छपा है। इससे भी इसका नाम जैनेन्द्र-प्रक्रिया नहीं प्रकट होता।

२ सत्सन्धिं दधते समासमभितः ख्यातार्थनामोन्नतं
निर्वातं बहुतद्धितं कृतमिहाख्यातं यशःशालिनम्।
सैषा श्रीगुणनन्दितानितवपुः शब्दार्णवं निर्णयं
नावित्याश्रयतां विविक्षुमनसां साक्षात्स्वयं प्रक्रिया॥ १
दुरित-मदेभनिशुम्भकुम्भस्थलभेदनक्षमोग्रनखैः।
राजन्मृगाधिराजो गुणनन्दी भुवि चिरं जीयात्॥ २
सन्मार्गे सकलसुखप्रियकरे सञ्ज्ञापिते सज्जने
दिग्वासस्सु चरित्रवानमलकः कान्तो विवेकी प्रियः।
सोऽयं यः श्रुतकीर्तिदेवयतिपो भट्टारकोत्तंसको
रंरम्यान्मम मानसे कविपतिः सद्राजहंसश्चिरम्॥

लिए यह कैसे कहते कि वे गुणनन्दि सदा जयवन्त रहें ? अतः गुणनन्दि ग्रन्थ-कर्त्तासे कोई पृथक् ही व्यक्ति है जिसे वे श्रद्धास्पद समझते हैं।

तीसरे पद्यमें भट्टारकशिरोमणि श्रुतकीर्ति देवकी प्रशंसा करता हुआ कवि कहता है कि वे मेरे मनरूप मानसरोवरमें राजहंसके समान चिरकाल तक विराजमान रहें। इसमें भी ग्रन्थकर्त्ता अपना नाम प्रकट नहीं करते हैं; परन्तु ऐसा जान पड़ता है कि वे श्रुतिकीर्तिदेवके कोई शिष्य होंगे और संभवतः उन श्रुतिकीर्तिके नहीं जो पंचवस्तुके कर्त्ता हैं। ये श्रुतिकीर्ति पंचवस्तुके कर्त्तासे पृथक् जान पड़ते हैं, क्योंकि इन्हें प्रक्रियाके कर्त्ताने 'कविपति' बतलाया है, व्याकरणज्ञ नहीं। ये वे ही श्रुतिकीर्ति मालूम होते हैं जिनका समय प्रो० पाठकने शक संवत् १०४५ या वि० सं० ११८० बतलाया है[१]। श्रवणबेल्गोलके जैन गुरुओंने 'चारुकीर्ति पंडिताचार्य' का पद शक संवत् १०३९ के बाद धारण किया है और पहले चारुकीर्ति इन्हीं श्रुतिकीर्तिके पुत्र थे[२]। श्रवणबेल्गोलके १०८ वें शिलालेखमें[३] इनका जिक्र है और इनकी बहुत ही प्रशंसा की गई है।

प्रक्रियाके कर्त्ताने इन्हें भट्टारकोत्तंस और श्रुतकीर्तिदेवयतिप लिखा है और इस लेखमें भी भट्टारकयति लिखा है। अतः ये दोनों एक मालूम होते हैं। आश्चर्य नहीं जो इनके पुत्र और शिष्य चारुकीर्ति पण्डिताचार्य ही इस प्रक्रियाके कर्त्ता हों।

## देवनन्दिका समय

देवनन्दिने अपने किसी ग्रन्थमें न तो कोई रचना-तिथि दी है और न अपनी गुरुपरम्परा। इसलिए उनके समयका निर्णय उनके ग्रन्थोंके उल्लेखों तथा दूसरे साधनोंसे ही करना पड़ेगा।

जैनेन्द्र व्याकरणके 'वेत्तेः सिद्धसेनस्य' (५-१-७) सूत्रमें सिद्धसेनका मत

---

१ देखो 'सिस्टिम्स आफ संस्कृत ग्रामर' पृष्ठ ६७

२ देखो 'कर्नाटक जैन कवि' पृष्ठ २०।

३ तत्र सर्वशरीरिरक्षाकृतमतिर्विजितेन्द्रियः।
सिद्धशासनवर्द्धनप्रतिलब्धकीर्तिकलापकः॥ २२॥
विश्रुतश्रुतकीर्तिभट्टारकयतिरसमजायत।
प्रस्फुरद्वचनामृतांशुविनाशिताखिलहृत्तमाः॥ २३॥

दिया है और प्रज्ञाचक्षु पं० सुखलालजीने सिद्धसेनका *समय विक्रमकी पाँचवीं शताब्दि निश्चित किया है*[1] *। उनके लेखका सारांश आगे दिया जाता है*—

"जैसलमेरके जैन भण्डारमें विशेषावश्यक भाष्यकी जो अतिशय प्राचीन प्रति मिली है उसके अन्तमें ग्रन्थकार जिनभद्रगणिने स्वयं ही ग्रंथ-रचना-काल दिया है और उसके अनुसार उक्त ग्रन्थ वि० सं० ६६६ मे वल्लभीमें समाप्त हुआ है। उन्होंने अपने इस विशेषावश्यक भाष्यमें और द्वितीय लघुग्रन्थ विशेषणवतीमें सिद्धसेन और मल्लवादिके उपयोगाभेद-वादकी विस्तृत समालोचना की है। मल्लवादि सिद्धसेनके सन्मति-तर्कके टीकाकार हैं। इससे सिद्ध होता है कि मल्लवादि और सिद्धसेन जिनभद्रगणिसे क्रमशः पूर्व और पूर्वतर हैं। मल्लवादिके विनष्टमूल द्वादशार नयचक्रके जो प्रतीक उसके विस्तृत टीकाग्रन्थमें मिलते हैं उनमें सिद्धसेन दिवाकरके उल्लेख तो हैं, परन्तु जिनभद्रगणिके नहीं है। इससे फलित होता है कि मल्लवादि जिनभद्रसे पहले हुए हैं और मल्लवादिने सिद्धसेनके सन्मतितर्कपर टीका लिखी थी, इसका निर्देश आचार्य हरिभद्रने किया है। अतः यह स्वतः सिद्ध है कि सिद्धसेन मल्लवादिसे पहले हुए हैं। इसलिए मल्लवादिको विक्रमकी छठी शताब्दिके पूर्वार्धमे माना जाय, तो सिद्धसेनका समय पाँचवीं शताब्दि ठीक लगता है।

"सिद्धसेनके मतके अनुसार 'विद्' धातुमें 'र' का आगम होता है, भले ही वह सकर्मक हो। उनकी नवी द्वात्रिंशतिकाके २२ वें पद्यमें 'र' आगमवाला 'विद्रते' प्रयोग मिलता है। अन्य वैयाकरण 'सम्' उपसर्गपूर्वक अकर्मक विद् धातुमें 'र' आगम मानते हैं जब कि सिद्धसेनने *अनुपसर्ग और सकर्मक विद् धातुमें 'र' आगमवाला प्रयोग* किया है। इसके सिवाय पूज्यपादकी सर्वार्थसिद्धि टीकाके ( अ० ७, सूत्र १३ ) में सिद्धसेनकी तीसरी द्वात्रिंशिकाके १६ वें पद्यकी 'उक्तं च' शब्दके साथ 'वियोजयति चासुभिर्न वधेन संयुज्यते' पंक्ति उद्धृत की है। द्वात्रिंशिकामें यह पूरा पद्य इस प्रकार है—

> वियोजयति चासुभिर्न वधेन सयुज्यते,
> शिवं च न परोपमर्दपु ( प ) रुषस्मृतेर्विद्यते।

---

[1] देखो भारतीय विद्या, भाग ३, अंक ५ में 'श्री सिद्धसेन दिवाकरना समयनी प्रश्न' शीर्षक लेख।

वधायतनमभ्युपैति च परानिन्निम्नपि,
त्वयाऽयमतिदुर्गमः प्रथ (श) महेतुरुद्योतितः ॥ १६ ॥

"पूज्यपाद देवनन्दिका समय विक्रमकी छठी शताब्दीका पूर्वार्ध माना जाता है। परन्तु मेरी समझमें अभी इसपर और भी गहराईसे विचार होनेकी जरूरत है। यदि सिद्धसेनको देवनन्दिसे पूर्ववर्ती अथवा उनका वृद्धसमकालीन माना जाय, तो भी उनका समय पाँचवी शताब्दिसे अर्वाचीन नहीं जान पड़ता।"

सिद्धसेनसे देवनन्दि कितने बादके हैं, इसका निर्णय करनेके लिए देवसेनके दर्शनसारसे भी कुछ सहायता मिल सकती है। यह ग्रंथ उन्होंने वि० सं० ९९० में धारा नगरीमे निवास करते हुए पूर्वाचार्योंकी बनाई हुई गाथाओंका एकत्र संचय करके—'पुव्वाइरियकयाइं गाहाइं संचिऊण एयत्थ' लिखा गया है। अर्थात् इस ग्रन्थकी गाथाये देवसेनसे भी पहलेकी हैं और इस दृष्टिसे उनकी प्रामाणिकता अधिक है। उसके अनुसार श्रीपूज्यपादका शिष्य पाहुडवेदी वज्रनन्दि द्राविड संघका कर्ता हुआ और तब दक्षिण मथुरा (मदुरा) में वि० सं० ५२६ में यह महामिथ्याती संघ उत्पन्न हुआ। वज्रनन्दि चूँकि देवनन्दिके शिष्य थे, इसलिए इस संघ स्थापना-कालके लगभग या दस बीस वर्ष पहले देवनन्दिका समय माना जा सकता है। सिद्धसेनके पूर्वोक्त निश्चित किये हुए समयसे भी यह असंगत नहीं जान पड़ता।

पं० युधिष्ठिर मीमांसकने 'संस्कृत व्याकरणशास्त्रका इतिहास' लिखा है। उन्होंने जैनेन्द्रके '*वेत्तेः सिद्धसेनस्य*' सूत्रपरसे अनुमान किया है कि सिद्धसेनका कोई व्याकरण ग्रन्थ अवश्य होगा। उज्ज्वलदत्तकी उणादिसूत्र वृत्तिमें 'क्षपणक' के नामसे एक ऐसा सूत्र उद्धृत है जिससे प्रतीत होता है कि क्षपणकने भी उणादिसूत्रोंपर कोई व्याख्या लिखी थी और उससे यह भी संभावना होती है कि क्षपणकने अपने शब्दानुशासनपर भी कोई वृत्ति रची होगी। मैत्रेय-रक्षितने तंत्रप्रदीपम भी क्षपणकके व्याकरणका उल्लेख किया है।

---

१ सिरिपुज्जपादसीसो दाविडसंघस्स कारगो दुट्ठो।
णामेण वज्जणंदी पाहुडवेदी महासत्तो ॥
पंचसए छब्बीसे विक्कमरायस्स मरणपत्तस्स।
दक्खिणमहुरा जादो दाविडसंघो महामोहो ॥

२ प्रकाशक—भारतीय साहित्यभवन, नवाब गंज, दिल्ली।

*बहुतसे विद्वानोंकी राय है कि ज्योतिर्विदाभरणमें*[1] *बतलाये हुए विक्रमके नौ रत्नोंमें जो क्षपणक है, वही सिद्धसेन हैं और गुप्तवंशके चन्द्रगुप्त ( द्वितीय ) ही* विक्रमादित्य हैं । इतिहासज्ञ विन्सेंट स्मिथके अनुसार चन्द्रगुप्तका समय वि० सं० ४३२ से ४७० तक है और इस तरह सिद्धसेनका समय जो पं० सुखलाल-जीने विक्रमकी पाँचवीं शताब्दि निश्चित किया है, और भी पुष्ट हो जाता है ।

हेब्बूरके दानपत्रमें गंगवंशी महाराजा अविनीतके पुत्र दुर्विनीतको " शब्दा-वतारकारः देवभारतीनिबद्धबृहत्कथः किरातार्जुनीयपंचदशसर्गटीकाकारः[2] " ये तीन विशेषण दिये हैं जिनका अर्थ होता है—शब्दावतारके कर्त्ता, पैशाचीसे संस्कृतमें गुणाढ्यकी बृहत्कथाको रचनेवाले और किरातार्जुनीय काव्यके पन्द्रह सर्गोंके टीका-कार । इन विशेषणोंमें कोई ऐसी बात नहीं जिससे यह प्रकट हो कि देवनन्दि दुर्विनीतके शिक्षागुरु थे या उनके समकालीन थे । परन्तु चूंकि शिमोगा जिलेके नगर तान्लुकेके ४६ वें शिलालेखमें पूज्यपादको पाणिनीयके शब्दावतारका कर्त्ता बत-लाया है, इसलिए दुर्विनीतके साथ लगे हुए ' शब्दावतारकार ' विशेषणसे कुछ विद्वानोंको भ्रम हो गया और उन्होंने दोनोंको समकालीन समझकर गुरु-शिष्यका सम्बन्ध खड़ा कर दिया है । दुर्विनीतका राज्यकाल वि० सं० ५३९ से शुरू होता है, इसलिए इसीके लगभग पूज्यपादका समय मान लिया गया, परन्तु मैसूरके आस्थान विद्वान पं० शान्तिराज शास्त्रीने भास्करनन्दिकृत तत्त्वार्थटीकाकी प्रस्ता-वनामें इस भ्रमको स्पष्ट कर दिया है । इसलिए भले ही पूज्यपाद देवनन्दि दुर्विनीतके राज्यकालमें रहे हों, परन्तु केवल इस दान-पत्रसे वह सिद्ध नहीं किया जा सकता ।

जैनेन्द्र व्याकरणके एक और सूत्र ' चतुष्टयं समन्तभद्रस्य ' (५-४-१४०) में

१ धन्वन्तरिक्षपणकामरसिंहशंकुवेतालभट्टघटखर्परकालिदासाः ।
ख्यातो वराहमिहिरो नृपतेः सभायां रत्नानि वै वररुचिर्नव विक्रमस्य ॥

२ मैसूर एण्ड कुर्ग गैजेटियर, प्रथम भाग पृ० ३७३

३ इस शिलालेखका वह ' न्यास जैनेन्द्रसंज्ञ ' आदि पद्य इसके पहले पृष्ठ ३३ पर उद्धृत किया गया है ।

*सिद्धसेनके ही समान आचार्य समन्तभद्रका[1] उल्लेख है, जिससे समन्तभद्रका* देवनन्दिसे पूर्ववर्ती होना सिद्ध होता है, परन्तु साथ ही सर्वार्थसिद्धि टीकाके 'मोक्षमार्गस्य नेतारं' आदि मंगलाचरणपर समन्तभद्रने 'आप्तमीमांसा' नामक ग्रन्थ लिखा है। इससे जान पड़ता है कि दोनो समकालीन एक दूसरेका आदर करनेवाले हैं और एक दूसरेके ग्रन्थोंसे सुपरिचित होनेके कारण ही यह संभव हुआ है कि देवनन्दि अपने जैनेन्द्र व्याकरणमें समन्तभद्रका व्याकरणविषयक मत देते हैं और समन्तभद्र देवनन्दिकी सर्वार्थसिद्धिके मंगलाचरणपर अपनी आप्तमीमांसा निर्माण करते हैं।

आचार्य विद्यानन्दने अपनी आप्तपरीक्षाके अन्तमें लिखा है—

> श्रीमत्तत्त्वार्थशास्त्राद्भुतसलिलनिधेरिद्धरत्नोद्भवस्य,
> प्रोत्थानारम्भकाले सकलमलभिदे शास्त्रकारैः कृतं यत्।
> स्तोत्रं तीर्थोपमानं प्रथितपृथुयशं स्वामिमीमांसितं तत्,
> विद्यानन्दैः स्वशक्त्या कथमपि कथितं सत्यवाक्यार्थसिद्ध्यै ॥ १२३

अर्थात् प्रकाशमान रत्नोंके उद्भवस्थान तत्त्वार्थशास्त्ररूप अद्भुत समुद्रके उत्थान या बढावके आरम्भकालमें शास्त्रकार ( देवनन्दि ) ने तीर्थके तुल्य जो प्रसिद्ध और अति यशस्वी स्तोत्र ( मोक्षमार्गस्य नेतारं आदि ) बनाया और जिसकी स्वामि ( समन्तभद्र ) ने मीमांसा की, उसीका अपनी शक्तिके अनुसार सत्यवाक्यार्थसिद्धिके लिए विद्यानन्दने बड़े आदरके साथ कथन किया।

इसमें यह बिल्कुल स्पष्ट रूपसे कह दिया गया है कि 'मोक्षमार्गस्य नेतारं' इस मंगलाचरणपर ही आप्तमीमांसा रची गई है और उसीपर विद्यानन्द परीक्षा ( आप्तपरीक्षा ) लिखते हैं।

परन्तु उक्त पद्यमें जो 'शास्त्रकारैः' पद पड़ा हुआ है, उसपर एक बड़ा भारी विवाद खड़ा कर दिया गया है और उसका अर्थ किया जाता है—तत्त्वार्थसूत्रकार उमास्वाति; जब कि वास्तवमें 'मोक्षमार्गस्य नेतारं' आदि

---

१ बौद्धाचार्य चन्द्रकीर्तिने 'समन्तभद्र' नामका एक व्याकरण लिखा था और चन्द्रकीर्ति धर्मकीर्तिसे भी पूर्ववर्ती हैं। १४ वीं शताब्दिमें लिखे हुए बौद्ध धर्मके इतिहाससे जो तिब्बती भाषामें है, और जिसका अंग्रेजी अनुवाद हो गया है, इस बातकी सूचना मिलती है। पं० श्री दलसुख मालवणियाने अपने एक पत्रमें मुझे यह लिखा है।

मंगलाचरण सर्वार्थसिद्धिका है, मूल तत्त्वार्थसूत्रका नहीं। क्योंकि यदि यह मंगलाचरण तत्त्वार्थसूत्रका होता, तो उसकी टीका सभी दिगम्बर श्वेताम्बर टीकाकार—जो प्राचीन हैं—अवश्य करते[१]। और कोई न करता तो देवनन्दि पूज्यपाद तो (सर्वार्थसिद्धिमें) अवश्य करते। सर्वार्थसिद्धि टीकाका पहला संस्करण स्व० पं० कल्लाप्पा भरमप्पा निटवेने प्रकाशित किया था। उसमें इसे टीकाके मंगलाचरणके रूपमें ही दिया है और भूमिकामें भी उन्होने इसे टीकाका ही बतलाया है। शोलापुरके पं० बंशीधरजी शास्त्रीके सस्करणमें भी यह टीकाका है और यह संस्करण उन्होंने आगरेकी तीन प्राचीन प्रतियोंके आधारसे संपादित किया है। उनमेंकी एक प्रतिको तो वे ५०० वर्ष पुरानी बतलाते हैं। अकलंकदेव और विद्यानन्दने भी राजवार्तिक और श्लोकवार्तिकमें इसकी टीका नहीं की है, श्वेताम्बर टीकाकार सिद्धसेन और हरिभद्र आदिने भी नहीं की। तत्त्वार्थसूत्रपाठ (मूल) की भी अधिकांश लिखित प्रतियां इस मंगलाचरणसे रहित हैं। सनातन ग्रन्थमाला प्रथम गुच्छक, जैन नित्यपाठसंग्रह आदि मुद्रित प्रतियोंमें भी यह नहीं है[२]। तत्त्वार्थसारमें भी, जो तत्त्वार्थका एक तरहसे पल्लवित पद्यानुवाद है, अमृतचन्द्रने इस मंगलपद्यका अनुवाद नहीं किया है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि यह मंगलाचरण सर्वार्थसिद्धि-टीकाके कर्त्ता पूज्यपाद देवनन्दिका है, इसीपर समन्तभद्रने आप्तमीमांसा और विद्यानन्दने आप्त-परीक्षाकी रचना की।

अतएव समन्तभद्र और देवनन्दि छठी शताब्दिके हैं और समकालीन हैं। सिद्धसेन उनके पूर्ववर्त्ती हैं।

---

१ दिगम्बर टीकाकारोंमें श्रुतसागर और भास्करनन्दिने 'मोक्षमार्गस्य' आदिकी टीका की है। इनमें श्रुतसागर विक्रमकी सोलहवीं शताब्दिके अन्तमें हुए हैं और भास्करनन्दि १३–१४ वीं शताब्दिमें।

२ जिन पोथियों या गुटकोंमें मूल तत्त्वार्थसूत्र लिखा मिलता है, उनमें इस मंगलाचरणके साथ ही प्रायः 'त्रैकाल्यं द्रव्यषट्कं' आदि संस्कृत पद्य और भगवती आराधनाके प्रारम्भकी 'सिद्धे जयप्पसिद्धे' आदि दो गाथायें भी लिखी रहती हैं और इनके बाद 'सम्यग्दर्शनज्ञानचरित्राणि मोक्षमार्गः' शुरू होता है। वास्तवमें जो लोग नित्यपाठ करते हैं, उन्हींने यह परम्परा चला दी है।

## जैनेन्द्रोक्त अन्य आचार्य

पाणिनि आदि वैयाकरणोंने जिस तरह अपनेसे पहलेके वैयाकरणोंके नामोंका उल्लेख किया है, उसी तरह जैनेन्द्र सूत्रोंमें भी नीचे लिखे पूर्वाचार्योंका उल्लेख मिलता है—

१ राद् भूतबलेः। ३-४-८३, २-गुणे श्रीदत्तस्य स्त्रियाम्। १-४-३४

३-कृवृषिमृजां यशोभद्रस्य। २-१-९८, ४-रात्रेः कृति प्रभाचन्द्रस्य। ४-३-१८०

५-वेत्तेः सिद्धसेनस्य। ५-१-७, ६-चतुष्टयं समन्तभद्रस्य ५-४-१४०।

जहाँ तक हम जानते हैं इन छहों आचार्योंमेंसे शायद किसीने भी कोई व्याकरण-ग्रन्थ नहीं लिखा है। इनके ग्रन्थोंमें कुछ भिन्न तरहके शब्दप्रयोग किये गये होंगे और उन्हींको लक्ष्य करके उक्त सब सूत्र रचे गये हैं। शाकटायनने भी इसीका अनुकरण करके तीन आचार्योंके मत दिये हैं।

**१ भूतबलि**। भूतबलिका ठीक ठीक समय निश्चित करना कठिन है। इतना ही कहा जा सकता है कि वे वीर नि० स० ६८३ के बाद हुए हैं।[1]

**२ समन्तभद्र**[2] और **३ सिद्धसेन** प्रसिद्ध हैं।

**४ श्रीदत्त**। विद्यानन्दने तत्त्वार्थश्लोकवार्तिकमें श्रीदत्तके 'जल्प-निर्णय' नामक ग्रन्थका उल्लेख किया है मालूम होता है कि वे बड़े भारी वादिविजेता थे[3]। आदिपुराणके कर्ता जिनसेनने भी इनका स्मरण किया है। सभव है[4] ये श्रीदत्त दूसरे हों और जल्प-निर्णयके कर्ता दूसरे, तथा इन्हीं दूसरेका उल्लेख जैनेन्द्रमे किया गया हो।

**५ यशोभद्र**। आदिपुराणमें यशोभद्रका स्मरण करते हुए कहा है कि विद्वानोंकी सभामें जिनका नाम कीर्तन सुननेसे ही वादियोंका गर्व खर्व हो जाता है[5]।

**६ प्रभाचन्द्र**। आदिपुराणमें जिनसेन स्वामीने प्रभाचन्द्र कविकी स्तुति की

---

१-२ इसके लिए धवलाको डा० हीरालालजीकी 'भूमिका' और प० जुगलकिशोरजी मुख्तारका 'स्वामी समन्तभद्र' देखिए।

३ द्विप्रकार जगौ जल्प तत्त्व प्रातिभगोचरम्। त्रिषष्टेर्वादिनां जेता श्रीदत्तो जल्पनिर्णये॥

४ श्रीदत्ताय नमस्तस्मै तप श्रीदीप्तमूर्तये। कण्ठीरवायितं येन प्रवादीभप्रभेदने॥ ४५

५ विदुष्विणीषु ससत्सु यस्य नामापि कीर्तितम्।
निखर्वयति तद्गर्वं यशोभद्रः स पातु नः॥ ४६॥

है, जिन्होंने चन्द्रोदयकी रचना की थी। हरिवंशपुराणमें भी इनका स्मरण किया गया है। ये कुमारसेनके शिष्य थे।

## उपलब्ध ग्रन्थ

जैनेन्द्रके सिवाय पूज्यपादके केवल पाँच ग्रन्थ उपलब्ध हुए हैं

**१—सर्वार्थसिद्धि।** उमास्वातिकृत तत्त्वार्थसूत्रपर दिगम्बर सम्प्रदायकी उपलब्ध टीकाओंमें सबसे पहली टीका।

**२—समाधितन्त्र।** इसमें लगभग १०० श्लोक हैं, इसलिए इसे समाधि-शतक भी कहते हैं।

**३—इष्टोपदेश।** यह केवल ५१ श्लोकोंका छोटा-सा ग्रन्थ है। पं० आशा-धरने इसपर एक संस्कृतटीका लिखी है।

**४—दशभक्ति** (संस्कृत)। प्रभाचन्द्रने अपने क्रियाकलापमें इसका कर्त्ता पूज्यपाद या पादपूज्यको बतलाया है। परन्तु इसके लिए और कोई प्रमाण नहीं मिलता।

**५—सिद्धप्रियस्तोत्र।** निर्णयसागरकी काव्यमाला (सप्तमगुच्छ) में छप चुका है। २६ पद्योंमें चौवीस तीर्थंकरोंकी स्तुति है।

## अनुपलब्ध ग्रन्थ

**शब्दावतार न्यास और जैनेन्द्र न्यास**—पाणिनि व्याकरणपर 'शब्दावतार' नामका न्यास और जैनेन्द्रपर स्वोपज्ञ न्यास भी है।

**वैद्यक ग्रन्थ**—शुभचन्द्रकृत ज्ञानार्णवके 'अपाकुर्वन्ति' आदि श्लोकके[१] 'काय' शब्दसे ध्वनित होता है कि पूज्यपादका कोई वैद्यक ग्रन्थ होगा।

**सार-संग्रह**—धवला (वेदनाखण्ड पु. ९ पृ.१६७)के एक उद्धरणके आधारसे 'सारसंग्रह' नामक एक और ग्रन्थके होनेका अनुमान किया जाता है—" तथा

---

१ अपाकुर्वन्ति यद्वाचः कायवाक्चित्तसम्भवम्।
कलङ्कमङ्गिनां सोऽयं देवनन्दी नमस्यते॥

सारसंग्रहेऽप्युक्तं पूज्यपादैः "अनन्तपर्यायात्मकस्य वस्तुनोऽन्यतमपर्यायाधिगमे कर्तव्ये जात्यहेत्वपेक्षो निरवद्यप्रयोगो नय इति।" यह कोई न्याय या सिद्धान्तका ग्रन्थ जान पड़ता है[1]। उक्त वाक्यका 'पूज्यपाद' किसी अन्य पूज्य आचार्यका विशेषण भी हो सकता है।

'जैनाभिषेक' नामके एक और ग्रन्थका जिकर श्रवण-बेल्गोलके शिलालेख न० ४० के 'जैनेन्द्रं निजशब्द-भागमतुलं' आदि श्लोकमें किया गया है।

इस लेखके लिखनेमें हमें श्रद्धेय मुनि जिनविजयजी और पं० बेचरदास जीवराजजी न्याय-व्याकरण-तीर्थसे बहुत अधिक सहायता मिली है। इस लिए हम उक्त दोनों सज्जनोंके अत्यन्त कृतज्ञ हैं। मुनिमहोदयकी कृपासे हमको जो साधन-सामग्री प्राप्त हुई है, वह यदि न मिलती तो यह लेख शायद ही इस रूपमें पाठकोंके सम्मुख उपस्थित हो सकता।

## परिशिष्ट १

### पूज्यपादचरित

कनड़ी भाषाके इस चरितको चन्द्रय्य नामक कविने जो कर्नाटक देशके मलय-नगरकी 'ब्राह्मणगली' के रहनेवाले थे दुःषम कालके परिधावी संवत्सरकी आश्विन शुक्ल ५, शुक्रवार, तुलालग्नमें समाप्त किया है। चरितका सारांश यह है–

(पृ० ४८ के न० १ के टिप्पणका शेषांश)

पूनेके भाण्डारकर रिसर्च इन्स्टिटयूटमें 'पूज्यपादकृत वैद्यक' नामका एक ग्रन्थ है। परन्तु वह आधुनिक कनड़ीमें लिखा हुआ कनडी भाषाका ग्रन्थ है। उसमें न कहीं पूज्यपादका उल्लेख है और न वह उनका बनाया हुआ है। 'वैद्य-सार' नामका एक और ग्रन्थ अभी जैनसिद्धान्तभास्करमें प्रकाशित हुआ है, पर वह भी उनका नहीं है।

विजयनगरके राजा हरिहरके समयमें एक मंगराज नामके कनड़ी कवि हुए हैं। वि० सं० १४१६ के लगभग उनका अस्तित्व-काल है। स्थावर विषोंकी प्रक्रिया और चिकित्सापर उनका खगेन्द्रमणिदर्पण नामका ग्रन्थ है। वे उसमें अपनेको पूज्यपादका शिष्य बतलाते हैं और यह भी कि यह ग्रन्थ पूज्यपादके वैद्यक ग्रन्थसे संगृहीत है। अभी हाल ही शोलापुरसे उग्रदित्याचार्यका 'कल्याणकारक' नामका ग्रन्थ प्रकाशित हुआ है। उसमें भी अनेक जगह 'पूज्यपादेन भाषितः' कहकर पूज्यपादके वैद्यक ग्रन्थका उल्लेख किया गया है। उग्रादित्य राष्ट्रकूट अमोघवर्षके समयके बतलाये गये हैं; परन्तु हमें इसमें सन्देह है। उसकी प्रशस्तिकी भी बहुत-सी बातें सन्देहास्पद हैं जिनपर विचार होनेकी आवश्यकता है।

१. इसके लिए प्रो० हीरालालजी जैन लिखित धवला (पुस्तक १) की भूमिकाके पृष्ठ ६०–६१ देखिए।

कर्नाटक देशके 'कोले' नामक ग्रामके माधवभट्ट नामक ब्राह्मण और श्रीदेवी ब्राह्मणीसे पूज्यपादका जन्म हुआ। ज्योतिषियोंने बालकको त्रिलोकपूज्य बतलाया, इस कारण उसका नाम 'पूज्यपाद' रक्खा गया। माधवभट्टने अपनी स्त्रीके कहनेसे जैनधर्म स्वीकार कर लिया। भट्टजीके सालेका नाम पाणिनि था, उसे भी उन्होंने जैनी बननेको कहा, परन्तु प्रतिष्ठाके खयालसे वह जैनी न होकर मुडीगुंड ग्राममें वैष्णव संन्यासी हो गया। पूज्यपादकी कमलिनी नामक छोटी बहिन हुई, वह गुणभट्टको ब्याही गई, और गुणभट्टको उससे नागार्जुन नामक पुत्र हुआ।

पूज्यपादने एक बगीचेमें साँपके मुँहमें फँसे एक मेंडकको देखा। इससे उन्हें वैराग्य हो गया और वे जैन साधु बन गये।

पाणिनि अपना व्याकरण रच रहे थे। वह पूरा न हो पाया था कि उन्होंने अपना मरण-काल निकट आया जान कर पूज्यपादसे कहा कि इसे तुम पूरा कर दो। उन्होंने पूरा करना स्वीकार कर लिया।

पाणिनि दुर्ध्यानवश मरकर सर्प हुए। एक बार उसने पूज्यपादको देखकर फूत्कार किया, इसपर पूज्यपादने कहा, विश्वास रक्खो, मैं तुम्हारे व्याकरणको पूरा कर दूंगा। इसके बाद उन्होंने पाणिनि व्याकरणको पूरा कर दिया।

इसके पहले वे जैनेन्द्र व्याकरण, अर्हत्प्रतिष्ठालक्षण और वैद्यक ज्योतिष आदिके कई ग्रन्थ रच चुके थे।

गुणभट्टके मर जानेसे नागार्जुन अतिशय दरिद्री हो गया। पूज्यपादने उसे पद्मावतीका एक मन्त्र दिया और सिद्ध करनेकी विधि भी बतला दी। उसके प्रभावसे पद्मावतीने नागार्जुनके निकट प्रकट होकर उसे सिद्ध-रसकी वनस्पति बतला दी।

इस सिद्ध-रससे नागार्जुन सोना बनाने लगा। उसके गर्वका परिहार करनेके लिए पूज्यपादने एक मामूली वनस्पतिसे कई घड़े सिद्ध-रस बना दिया। नागार्जुन जब पर्वतोंको सुवर्णमय बनाने लगा, तब धरणेन्द्र-पद्मावतीने उसे रोका और जिनालय बनानेको कहा। तदनुसार उसने एक जिनालय बनवाया और पार्श्व-नाथकी प्रतिमा स्थापित की।

पूज्यपाद पैरोंमें गगनगामी लेप लगाकर विदेहक्षेत्रको जाया करते थे। उस

समय उनके शिष्य वज्रनन्दिने अपने साथियोंसे झगड़ा करके द्राविड़ संघकी स्थापना की।

नागार्जुन अनेक मंत्र तन्त्र तथा रसादि सिद्ध करके बहुत ही प्रसिद्ध हो गया। एक बार दो सुन्दरी स्त्रियाँ आई जो गाने नाचनेमें कुशल थीं। नागार्जुन उनपर मोहित हो गया। वे वहीं रहने लगीं और कुछ समय बाद ही उसकी रसगुटिका लेकर चलती बनी।

पूज्यपाद मुनि बहुत समयतक योगाभ्यास करते रहे। फिर एक देव-विमानमें बैठकर उन्होंने अनेक तीर्थोंकी यात्रा की। मार्गमें एक जगह उनकी दृष्टि नष्ट हो गई थी, सो उन्होंने एक शान्त्यष्टक बनाकर ज्योंकी त्यों कर ली। इसके बाद उन्होंने अपने ग्राममें आकर समाधिपूर्वक मरण किया।

इस चरितपर कोई टीका-टिप्पणी करना व्यर्थ है। इस तरहके न जाने कितने मनगढ़न्त और ऊलजलूल किस्से हमारे यहाँ इतिहासके नामसे चल रहे हैं।

## परिशिष्ट २

### हेब्बूरका दानपत्र

श्रीमन्माधवमहाधिराजः, तस्य पुत्रः अविच्छिन्नाश्वमेधावभृथाभिषिक्तः श्रीमत्कदम्बकुलगगनगभस्तिमालिनः श्रीमत्कृष्णवर्ममहाराजस्य प्रियभागिनेयः जननीदेवताङ्कपर्यङ्क एवाधिगतराज्य विद्वत्कविकाञ्चननिकषोपलभूतः असम्भावनमितसमस्तसामन्तमण्डलः अविनीतनामा श्रीमत्कोङ्गणिमहाराजः, तस्य पुत्रः पुन्नाडराजप्रियपुत्रिकापुत्रः विजृम्भमाणशक्तित्रयोपनमितसमस्तसामन्तमण्डलः अन्दयोलत्तूरुपौरुलरेपेर्नगराद्यनेकसमरमुखमखहुतप्रधानपुरुषपशूपहारः विघसविहस्तीकृतकृतान्ताभिमुखः शब्दावतारकारः देवभारतीनिबद्धबृहत्कथः किरातार्जुनीयपञ्चदशसर्गटीकाकारः दुर्विनीतनामा...।—मैसूर एण्डकुर्ग गैजेटियर, प्रथम भाग पृ० ३७३

## परिशिष्ट ३

### [ भगवद्वाग्वादिनीका विशेष परिचय ]

इसके प्रारंभमें पहले 'लक्ष्मीरात्यन्तिकी यस्य' आदि प्रसिद्ध मंगलाचरणका श्लोक लिखा गया था। परन्तु पीछेसे उसपर हरताल फेर दी गई है और उसकी जगह यह श्लोक और उत्थानिका लिख दी गई है—

ओं नमः पार्श्वाय

त्वरितमहिमवृत्तामंत्रितेनाद्भुतात्मा, विषममपि मघोना पृच्छता शब्दशास्त्रम् ।
श्रुतमदरिपुरासीद् वादिवृन्दाग्रणीना परमपदपटुर्यः स श्रिये वीरदेवः ॥

अष्टवार्षिकोऽपि तथाविधभक्ताभ्यर्थनाप्रणुन्नः स भगवानिदं प्राह—सिद्धिरनेकान्तात् । १-१-१ ।

इसके बाद सूत्रपाठ शुरू हो गया है । पहले पत्रके ऊपर मार्जिनमें एक टिप्पणी इस प्रकार दी है जिसमें पाणिनि आदि व्याकरणोंको अप्रामाणिक ठहराया है—

"प्रमाणपदव्यामुपेक्षणीयानि पाणिन्यादिप्रणीतसूत्राणि स्यात्कारवादित्रदूरत्वात्परिव्राजकादिभाषितवत् अप्रमाणानि च कपोलकल्पनामलिनानि हीनमातृकत्वात्तद्वदेव ।"

इसके बाद प्रत्येक पादके अन्तमें और आदिमें इस प्रकार लिखा है जिससे इस सूत्र पाठके भगवत्प्रणीत होनेमें कोई सन्देह बाकी न रह जाय—

"इति भगवद्वाग्वादिन्या प्रथमाध्यायस्य द्वितीयः पाद । ओंनमः पार्श्वाय । स भगवानिदं प्राह ।"

सर्वत्र 'नमः पार्श्वाय' लिखना भी हेतुपूर्वक है । जब ग्रन्थकर्ता स्वयं महावीर भगवान् हैं तब उनके ग्रन्थमें उनसे पहलेके तीर्थंकर पार्श्वनाथको ही नमस्कार किया जा सकता है । देखिए, कितनी दूरतक विचार किया गया है !

आगे अध्याय २ पाद २ के 'सहृबहृचल्यापतेरिः (६४) सूत्रपर निम्न प्रकार टिप्पणी दी है और सिद्ध किया है कि यदि यह व्याकरण भगवत्कृत न हो तो फिर सिद्धहैमके अमुक सूत्रकी उपपत्ति नहीं बैठ सकती ।—

"इदं शब्दानुशासन भगवत्कर्तृकमेव भवति । 'सहृवहृचल्यपतेरिर्धौलकृसजनमेः किर्लिट् चवत्-ञौ सासहिवावाहचाचलिपापति, सस्रिचाक्रिदधिजज्ञिनेमीति सिद्धहैमसूत्रस्याऽन्यथानुपपत्तेः । शर्ववर्मपाणिन्योस्तु 'आदवर्णोपधालोपिन किर्द्वेच १, आद्दगमहनजनः किकिनौ लिट् चेति २ ।"

इसके बाद ३-२-२२ सूत्रपर इस प्रकार टिप्पणी दी है—

"कथं न द्यचः प्राग्भरतेष्वादि क्षेत्रादिनियापि, शिक्षाविशेषाः ।
कुमारशब्दः प्राच्यानामादिवनं मासमूचिवान् ।
मैथुनं तु भिषक्तंत्रे वाचकं मधुसर्पिषः ॥
इत्याद्यन्यथानुपपत्तेरिति बौटिकतिमिरोपलक्षणम् ।"

इसके बाद ३-४-४२ सूत्र ( स्तेतार्हत्यं ) पर फिर एक टिप्पणी दी है—

" इदं शब्दानुशासनं भगवत्कर्तृकमेव भवति। अर्हतस्तोन्त च १, सहाद्वा २, सखिवणिग्दूताद्यः ३, स्तेनान्नलुक् चे ४, ति सिद्धहैमसूत्रान्यथानुपपत्तेः। पाणिन्यादौ त्वार्हत्यशब्दं प्रति सूत्राभावात्। कथ सरस्वतीकंठाभरणे तदाप्तिः। ऐन्द्रानुसारादर्हतशब्दतश्चेति पश्य। "

फिर ३-४-४० सूत्र ( रात्रेः प्रभाचन्द्रस्य ) पर एक टिप्पणी है। इसमें बौटिकों या दिगम्बरियोंका सत्कार किया गया है—

" इदं शब्दानुशासनं भगवत्कर्तृकमेव भवति। रात्रेः प्रभाचन्द्रस्य सूत्रस्य प्रक्षेपता स्फुटत्वात्। अतो बौटिकेतिमिरोपलक्षणे[1]—

देवनन्दिमतो मोहः प्रक्षेपरजसोपि चेत्।
चिराय भवता रात्रेः प्रभाचन्द्रस्य जीव्यता ॥
पंचोत्तरः कः स्वचानासीः प्रभेन्दोः नम यस्य यः ( ? )
विस्मयो रमयेः शिष्टया स तं चेद्देवनन्दिनम् ॥ इति।

विक्रमाद्दतुखयुगाब्दे ४०६ देवनन्दी, ततो गुणनंदि-कुमारनंदि-लोकचन्द्रानंतरं मुनिरयुगाब्दे प्रथमः प्रभाचन्द्र इति बौटिके। "

इसी तरह ४-३-७ ( वेत्तेः सिद्धसेनस्य ) सूत्रपर लिखा है—

" वेत्तेः सिद्धसेनस्य, चतुष्टयं समंतभद्रस्य प्रक्षेपेऽर्वाच्यता स्फुटत्वात्, रात्रेः प्रभाचन्द्रस्य वदिति वौटिकतिमिरोपलक्षणे। "

अन्तमें ५-४-६५ ( शश्छोमि ) सूत्रपर एक टिप्पणी दी है जिसमें पाणिनि आदि वैयाकरणोंकी असर्वज्ञता सिद्ध की गई है—

" प्रयोगाशातना माभूदनादिसिद्धा हि प्रयोगाः। ज्ञानिना तु केवलं ते प्रकाश्यंते न तु क्रियंत इति। अत एव शश्छोटीति पाणिनीयसूत्रं वर्गप्रथमेभ्यः शकारः स्वरयवरपरः शकाश्छकारं नवेति शर्ववर्मकर्तृककालापकसूत्रानुसारि। अत एव पाणिन्यादयोऽसर्वज्ञा इति सिद्धम्। अत एव तेषा तत्त्वत आप्तत्वाभाव इति सिद्धिः। नभ्यः प्रभृतीनिसूत्र निर्जरसैर्मुख्या यदि युक्तिस्ते मस्करिणैव भवत्कृतमास्ते न तु सारस्वतवाग्देव्या। शश्छोटिप्रमुखैः सूत्रैस्स्तच्छश्रुप्रभृतिपदादर्शी कालापकाद्युपजीवी पाणिनिरजिनत्वं प्रति नाप्यक्तः। "

---

१ यह ' बौटिकमततिमिरोपलक्षण ' नामका कोई ग्रंथ है और सम्भवतः वाग्वादिनीके कर्ताका ही बनाया हुआ है।

जहाँ सूत्रपाठ समाप्त होता है, वहाँ लिखा है:—

इत्याख्यद्भगवानर्हन्श्रुत्वेन्द्रस्तु मुदं वहन्।
वादिवक्त्राब्जचन्द्र. स्वमंदिराभिमुखोऽभवत्॥

आगे ग्रन्थ-प्रशस्ति देखिए—

"*ओं नमः सकलकलाकौशलपेशलशीलशालिने पार्श्वाय पार्श्वपार्श्वाय।* स्वस्ति तत्प्रवचनसुधामसुद्रलहरीस्नायिभ्यो महामुनिभ्यः। परिसमाप्तं च जैनेन्द्रं नाम महाव्याकरणम्। तदिदं यत्स्वयं श्रीवीरप्रभुर्मघोने पृच्छते प्रकाशयाचकार। सपादलक्षव्याख्यानकपरमनमदाधिकारापहारपरममिति। नमः श्रीमच्चरमपरमेश्वरपादप्रसादविशदस्याद्वादनयसमुपासनगुणकोटिमत्कौटिकगणाविर्भूतचिद्विभूतिविमलचंद्रचांद्रकुलविपुलबृहत्तपोनिगमनिर्गतनागपुरीयस्वच्छगच्छसमुत्थमुत्पविपार्श्वचंद्रशाखासुखाकृतसुकृतिवररामेंदूपाध्यायचारुचरणारविदरजोराजीमधुकरानुकरवाचकपदवीपवित्रिताक्षयचंद्रचरणेभ्यः समुधी रक्तचंद्रम्। श्रीवीरात् २२६७ विक्रमनृपात्तु स० १७९७ फाल्गुनसितत्रयोदशी भौमे तक्षकाख्यपुरस्थेन रत्नर्षिणा दर्शनपावित्र्याय लिखितं चिरं नंद्यात्।"

ग्रन्थके पहले पत्रकी खाली पीठपर भी कुछ टिप्पणियाँ हैं और उनमें अधिकांश वे ही हैं जो ऊपर दी जा चुकी हैं। शेष इस प्रकार हैं—

ओं नमः पार्श्वाय

जैनेन्द्रमैन्द्रतः सिद्धहैमतो जयहेमवत्। प्रक्रन्थंतरदूरत्वान्नान्यतामेतुमर्हति॥ कथं। इंद्रश्चंद्रःकाशकृत्स्नापिशलीशाकटायनाः पाणिन्यमरजैनेद्रा जयंत्यष्टौ हि शाब्दिकाः॥

इति (?) चतुर्थी तद्धितानुपलक्षणात्।

यदिद्राय जिनेंद्रेण कौमारेऽपि निरूपितं। ऐंद्रं जैनेंद्रमिति तत्प्राहु शब्दानुशासनं॥

यदावश्यकनिर्युक्ति:—

अह त अम्मापिअरो जाणित्ता अहियअट्ठवासं तु।
कयकोउअलंकारं लेहायरिअस्स उवणिंति॥
सक्को अ तस्समक्खं भयवंतं आसणे निवेसित्ता।
सद्दस्स लक्खणं पुच्छे वागरणं अवयवा इंदं॥ इति

तदवयवाः केचन उपाध्यायेन गृहीताः। ततश्चैन्द्र व्याकरणं संजातमिति हरिभद्रः॥

यत्तु देवनंदिबोटिकं पूज्यपाद

इतीच्छंनस्तद्बुधकाः पूज्यपादस्य लक्षणं ।
द्विसंधानकवेः काव्यं रत्नत्रयमपश्चिमम् ।

इति धनंजयकोषात्तदयुक्तं । नेति चेत्कथं जैनेन्द्रमिति । द्वादशस्वरमध्यमिति चेन्न इतरोपपदस्याभावात् । जैनकुमारसम्भववद्गतिरिति चेन्न । कुमारवदिदं प्रति श्लेषाभावात् थारीतिकततद्धितभावाच्च तर्हि

लक्ष्मीरात्यंतिकी यस्य निरवद्यावभासते । देवनंदितपूजेशे नमस्तस्मै स्वयंभुवे ॥
का गतिरिति चेत् ।

लक्ष्मीरात्यंतिकीपद्यनुपज्ञेशस्य किंतरां । ऐंद्रत्वयकि तत्त्वार्थे मोक्षमार्गस्य पद्यवत्[1] ॥

मिवादयश्चेत्प्रथमं यदि हैमत्वपेक्ष्यते ।
कालापकादि न तथा षट्वैन्द्रं महते कृतिः ॥

पूर्वत्र । मिप् वस् मस् १ सिप् थस् थ २ तिप् तस् झि ३ इड् वहि महि १ थस आथा ध्वं २ त आताम् झड् ३ इति ।

आख्यातरीतिं प्रति देवराजे मिव्वस्मसो यः पितः रादितोदाः ।
जीवं प्रपन्नाहममात्थ विश्वे तत्त्वादिमं स्वां मतिमात्मनोर्थं ॥

तर्हि सिद्धसेनादिविशेषोपि दुर्निवार इति चेन्न

जातामात्रोपि चिद्वीर्यं प्रत्यात्मशरणो सि यः ।
जनताका वराकीयं परात्मन् वीर तत्पुर ॥

इति चौटिकमततिमिरोपलक्षणस्य तुर्येऽत्रकाशे इन्द्रजिनेन्द्रौ प्रत्युत्तरिणौ यदतोऽङ्कटातद्धिततस्त्वममिमिबिड्ढौरेयमदेदं जैनेन्द्रं व्याकरणाना । सिद्धमनेकांतादिच्छौ अः × क × पार्हे स्यतथारीते हैमागीकृतवर्त्मन्प्रक्षेपार्यविजेयचिरंजीया इति प्रसन्नचन्द्रोत्पले (?)

---

१ इसके आगे ४-३-७ सूत्रकी टिप्पणी जैसा ही लिखा है और फिर ३-४-४० सूत्रकी टिप्पणीके 'देवनन्दिमता' आदि दो श्लोक दिये है ।

२ इसके आगे ५-४-६५ टिप्पणी दी है ।

# यापनीयोंका साहित्य

## यापनीय संघ

जैनधर्मके मुख्य दो सम्प्रदाय हैं, दिगम्बर और श्वेताम्बर। इन दोनोंके अनुयायी लाखों हैं और साहित्य भी विपुल है, इसलिए इनके मतों और मतभेदोंसे साधारणतः सभी परिचित हैं, परन्तु, इस बातका बहुत ही कम लोगोंको पता है कि इन दोके अतिरिक्त एक तीसरा सम्प्रदाय भी था जिसे 'यापनीय' 'आपुलीय' या 'गोप्य' संघ कहते थे और जिसका इस समय एक भी अनुयायी नहीं है।

दर्शनसारके[1] कर्त्ता देवसेनके कथनानुसार कमसे कम वि० सं० २०५ से तो इसका पता चलता ही है और यह समय दिगम्बर-श्वेताम्बर-उत्पत्तिसे सिर्फ ६०-७० वर्ष[2] बाद पड़ता है। इसलिए यदि मोटे तौरपर यह कहा जाय कि ये तीनों ही सम्प्रदाय लगभग एक ही समयके हैं तो कुछ बड़ा दोष न होगा, विशेष कर इसलिए कि सम्प्रदायोंकी उत्पत्तिकी जो तिथियां बताई जाती हैं वे बहुत सही नहीं हुआ करतीं।

किसी समय यह सम्प्रदाय कर्नाटक और उसके आसपास बहुत प्रभावशाली रहा है। कदम्ब[3], राष्ट्रकूट[4] और दूसरे[5] वंशोंके राजाओंने इस संघको और इसके

---

१ कल्लाणे वरणयरे दुण्णिसए पंचउत्तरे जादे।
जावणियसंघभावो सिरिकलसादो हु सेवडदो ॥ २९ ॥

२ छत्तीसे वरिससए विक्कमरायस्स मरणपत्तस्स।
सोरट्ठे वलहीए उप्पण्णो सेवडो संघो ॥ ११ ॥

श्वेताम्बर सम्प्रदायके अनुसार दिगम्बरोंकी उत्पत्ति वीरनिर्वाणके ६०९ वर्ष बाद वि० सं० १३९ में हुई है और दिगम्बर सम्प्रदायके अनुसार वि० सं० १३६ में।

३ कदम्बवंशी राजाओंके दानपत्र, देखो जैनहितैषी, भाग १४, अंक ७-८।

४ देखो, इं० ए० १२ पृ० १३-१६ में राष्ट्रकूट प्रभूतवर्षका दानपत्र।

५ देखो इं० ए० जिल्द २ पृ० १५६-५९ में पृथ्वीकोंगणि महाराजका दानपत्र।

साधुओंको अनेक भूमिदानादि किये थे[१]। हरिभद्रने[२] अपनी ललितविस्तरामें यापनीयतंत्रका सम्मान-पूर्वक उल्लेख किया है।

शाकटायन ( पाल्यकीर्ति ) जैसे सुप्रसिद्ध वैयाकरण इस सम्प्रदायमें उत्पन्न हुए हैं। अपभ्रंश पउमचरिउ और अरिट्ठनेमिचरिउके कर्ता स्वयंभू और त्रिभुवन स्वयभू भी इसी सम्प्रदायके हैं।

इस संघका लोप कब हुआ और किन कारणोंसे हुआ, इन प्रश्नोंका उत्तर देना तो कठिन है, परंतु अभी तककी खोजसे यह निश्चयपूर्वक कहा जा सकता है कि विक्रमकी पन्द्रहवीं सोलहवीं शताब्दि तक यह सम्प्रदाय जीवित था। कागवाड़के श० सं० १३१६ (वि० सं० १४५१) के शिलालेखमें, जो[३] जैनमन्दिरके भौंहिरेमें है, यापनीय संघके धर्मकीर्ति और नागचन्द्रके समाधि-लेखोंका उल्लेख है। इनके गुरु नेमिचन्द्रको तुलुवराज्यस्थापनाचार्यकी उपाधि थी जो इस बातकी द्योतक है कि वे एक बड़े राजमान्य व्यक्ति थे और इसलिए उनके बाद भी सौ पचास वर्ष तक इस सम्प्रदायका अस्तित्व रहा होगा।

## यापनीय साहित्यका क्या हुआ ?

बेलगाँवके ' दोड्ड बस्ति ' नामक जनमन्दिरकी श्रीनेमिनाथकी मूर्तिके नीचे एक खंडित लेख[४] है, जिससे मालूम होता है कि उक्त मन्दिर यापनीय संघके किसी पारिसय्या नामक व्यक्तिने शक ९३५ ( वि० सं० १०७० ) में बनवाया था और उक्त मन्दिरकी यापनीयोंद्वारा प्रतिष्ठित प्रतिमा इस समय दिगम्बरियोंद्वारा पूजी जाती है।

जिस तरह यापनीय संघकी उक्त प्रतिमा इस समय दिगम्बर-संप्रदायद्वारा मानी-पूजी जाती है, उसीतरह उनके कुछ साहित्यका भी समावेश उसके साहित्यमें हो गया है। यापनीय संघकी प्रतिमाये निर्वस्त्र होती हैं, इसलिए सरसरी तौरसे नहीं पहिचानी जा सकतीं कि वे दिगम्बर हैं या यापनीय। इसी तरह यापनीय संघका बहुत-सा साहित्य भी स्थूल दृष्टिसे दिगम्बर सम्प्रदाय जैसा ही मालूम

---

१ देखो प्राचीन लेखमाला भाग १ पृ० ६८-७२।

२ हरिभद्रका समय आठवी शताब्दि है।

३ देखो बाम्बे यू० जर्नलके मई १९३३ के अकमे प्रो० एन० उपाध्याय एम० ए० का ' यापनीय सघ ' नामक लेख और जैनदर्शन वर्ष ४ अक ७ में उसका अनुवाद।

४ देखो जैनदर्शन वष ४, अंक ७।

होता है। उदाहरणके लिए हमारे सामने शाकटायन व्याकरण है। वह दिगम्बर संप्रदायमें सैकड़ों वर्षोंसे मान्य ही नहीं है उसपर अनेक दिगम्बर विद्वानोंने टीकायें तक लिखी हैं।

शाकटायनके व्याकरणके अतिरिक्त दो और ग्रन्थ प्रकाशमें आये हैं जिनमेंसे एकका नाम 'स्त्री-मुक्ति प्रकरण' और दूसरेका 'केवल-मुक्ति प्रकरण'[१] है। इन ग्रन्थोंमें स्त्रीको उसी भवमें मोक्ष हो सकता है और केवली भोजन करते हैं, इन दो बातोंको सिद्ध किया गया है। चूँकि ये दोनों सिद्धान्त दिगम्बर सम्प्रदायको मान्य नहीं है, इसीलिए इनका संग्रह दिगम्बर भण्डारोंमें नहीं हुआ, श्वेताम्बर भंडारोंमें ये मिले हैं।

पाल्यकीर्ति ( शाकटायन ) का एक साहित्यविषयक ग्रन्थ भी था जिसका मत राजशेखरने अपने महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ काव्य-मीमांसामें उद्धृत किया है।

यापनीय संघ सूत्र या आगमग्रन्थोंको भी मानता था और उनके आगमोंकी वाचना उपलब्ध वल्लभी वाचनासे, जो श्वेताम्बर संप्रदायमें मानी जाती है, शायद कुछ भिन्न थी। उसपर उनकी स्वतंत्र टीकायें भी होंगी जैसी कि अपराजितकी दशवैकालिकपर एक टीका थी जो अब अप्राप्य है। इस सब साहित्यमेंसे कुछ न कुछ साहित्य जरूर मिलना चाहिए।

जिस सम्प्रदायके अस्तित्वका पन्द्रहवीं शताब्दि तक पता लगता है और जिसमें शाकटायन और स्वयंभू जैसे प्रतिभाशाली विद्वान् हुए हैं, उसका साहित्य सर्वथा ही नष्ट हो गया हो, इस बातपर सहसा विश्वास नहीं होता। वह अवश्य होगा और प्राचीन ग्रन्थ-भण्डारोंमें ज्ञात-अज्ञात रूपमें पड़ा होगा।

विक्रमकी बारहवीं-तेरहवीं शताब्दि तक कनड़ी साहित्यमें जैन विद्वानोंने एकसे एक बढ़कर सैकड़ों ग्रन्थ लिखे हैं। कोई कारण नहीं है कि जब उस समय तक यापनीय संघके विद्वानोंकी परम्परा चली आ रही थी तब उन्होंने भी कनड़ी साहित्यको दस-बीस ग्रन्थ भेंट न किये हों। कनड़ीमें जो ग्रन्थ उपलब्ध हैं किसने बारीकीसे जाँच की है कि उनके कर्त्ताओंमें कितने यापनीय थे?

यापनीय संघके साहित्यसे जैनधर्मका तुलनात्मक अध्ययन करनेवालोंको बड़ी सहायता मिलेगी। दिगम्बर-श्वेताम्बर मत-भेदोंके मूलका पता लगानेके लिए यह

[१] जैन साहित्य-संशोधक भाग २ अंक ३, ४ में ये प्रकरण प्रकाशित हो चुके हैं।

दोनोंके बीचका और दोनोंको परस्पर जोड़नेवाला साहित्य है और इसके प्रकाशमें आये बिना जैनधर्मका प्रारम्भिक इतिहास एक तरहसे अपूर्ण ही रहेगा।

## यापनीय सम्प्रदायका स्वरूप

मैंने दर्शनसार-विवेचना और उसके परिशिष्टमें यापनीयोंका विस्तृत परिचय प्रमाणोंके सहित दिया है। यहाँ मैं उसकी पुनरावृत्ति न करके सारमात्र देता हूं, जिससे इस लेखको समझनेमें कोई असुविधा न हो।

ललितविस्तराके कर्त्ता हरिभद्र और षड्दर्शनसमुच्चयके टीकाकार गुणरत्नके अनुसार यापनीय संघके मुनि नग्न रहते थे, मोरकी पिच्छि रखते थे, पाणितलभोजी थे, नग्न मूर्त्तियाँ पूजते थे[3] और वन्दना करनेवाले श्रावकोंको 'धर्म-लाभ' देते थे। ये सब बातें तो दिगम्बरियों जैसी थीं, परन्तु साथ ही वे मानते थे कि स्त्रियोंको उसी भवमें मोक्ष हो सकता है, केवली भोजन करते हैं और सग्रन्थावस्था और परशासनसे भी मुक्त होना सम्भव है। श्रुतसागरने दर्शनप्राभृतकी टीकामें लिखा है—"यापनीयास्तु वेसरा इव उभयं मन्यन्ते, रत्नत्रयं पूजयन्ति, कल्पं च वाचयन्ति, स्त्रीणां तद्भवे मोक्षं, केवलिजिनानां कवलाहारं, परशासने सग्रन्थानां मोक्षं च कथयन्ति।" इसके सिवाय शाकटायनकी अमोघ-वृत्तिके कुछ उदाहरणोंसे मालूम होता है कि यापनीय संघमें आवश्यक, छेद-सूत्र, निर्युक्ति और दशवैकालिक आदि ग्रन्थोंका पठन-पाठन होता था, अर्थात् इन बातोंमें वे श्वेताम्बरियोंके समान थे।

---

१-२ देखो जैनहितैषी भाग १३ अंक ५-६ और ९-१०।

३ "या पंचजैनाभासैरंचलिकारहितापि नग्नमूर्तिरपि प्रतिष्ठिता भवति सा न वन्दनीया न चार्चनीया।"—षट्प्राभृतटीका पृष्ठ ७९। श्रुतसागरके इस वचनसे मालूम होता है कि यापनीयोंद्वारा प्रतिष्ठित प्रतिमायें नग्न होती थीं क्योंकि उनके विश्वासके अनुसार यापनीय पाँच जैनाभासोंके अन्तर्गत है।

४ एनकमावश्यकमध्यापय। इयमावश्यकमध्यापय।—अमोघवृत्ति १-२-२०३-४

भवता खलु छेदसूत्रं वोढव्यम्। निर्युक्तीरधीष्व निर्युक्तीरधीते। ४-४-१३३-४०

कालिकसूत्रस्यानध्यायदेशकालाः पठिताः। ३-२-४७

अथो क्षमाश्रमणैस्ते ज्ञानं दीयते। १-२-२०१

## अपराजित यापनीय थे

मूलाराधनाकी श्रीविजयोदयाटीका अपराजित या श्रीविजयाचार्यकी है और वे यापनीय सम्प्रदायके हैं।

यह टीका भगवती आराधनाके वचनिकाकार पं० सदासुखजीके सम्मुख थी। सबसे पहले उन्होंने ही इसपर सन्देह किया था और लिखा था कि "इस ग्रन्थकी टीकाका कर्त्ता श्वेताम्बर है। वस्त्र, पात्र, कम्बलादिका पोषण करता है, इसलिए अप्रमाण है।" इसी तरह स्व० डॉ० के०बी० पाठकने भी अमोघवृत्तिमें आवश्यक, छेदसूत्र, निर्युक्ति आदिके उदाहरण देखकर शाकटायनको श्वेताम्बर मान लिया था।

अपराजितके यापनीय होनेका सबसे स्पष्ट प्रमाण यह है कि उन्होंने दशवैकालिक सूत्रपर स्वयं एक टीका लिखी थी और उसका भी नाम इस टीकाके समान 'श्रीविजयोदया' था। इसका जिक्र उन्होंने स्वयं ११९७ नम्बरकी गाथाकी टीकामें किया है, "दशवैकालिकटीकायां प्रपंचिता उद्गमादिदोषा इति नेह प्रतन्यते।" अर्थात् मैंने उद्गमादि दोषोंका वर्णन दशवैकालिक टीकामें किया है, इसलिए अब उसे यहाँ नहीं करता। विजयोदयामें ( गाथा ५०२) में दशवैकालिककी पहली गाथा भी उद्धृत की गई है[1]। दिगम्बर सम्प्रदायका कोई आचार्य किसी अन्य सम्प्रदायके आचार-ग्रन्थकी टीका नहीं लिखेगा और फिर तब जब कि उसकी दृष्टिमें दशवैकालिकादि सूत्र नष्ट हो चुके हैं। वह इस नामके किसी ग्रन्थका अस्तित्व नहीं मानता।

श्वेताम्बर-सम्प्रदाय-मान्य जो आगम ग्रन्थ हैं यापनीय संघ शायद उन सभीको मानता था; परन्तु ऐसा जान पड़ता है कि दोनोंके आगमोंमें कुछ पाठ-भेद था और इसका कारण शायद यह हो कि उपलब्ध वल्लभी-वाचनासे पहलेकी कोई वाचना ( संभवतः माथुरी वाचना ) यापनीय संघके पास थी। क्यों कि विजयोदया टीकामें आगमोंके जो उद्धरण हैं वे श्वेतांबर आगमोंमें बिल्कुल ज्योंके त्यों नहीं, कुछ पाठ-भेदके साथ मिलते हैं।

## अचेलकताकी चर्चामें यापनीयत्व

जिस ४२७ नं० की गाथाकी टीकापरसे पं० सदासुखजीने टीकाकारको श्वेतांबरी करार दिया है, वह यह है—

---

१ धम्मो मंगलमुक्किट्ठं अहिंसा संजमो तवो।
देवावि तं नमस्संति जस्स धम्मे सया मणो॥

आचेलक्कुद्देसियसेज्जाहररायपिंडकरियम्मे ।
वदजेट्ठपडिकम्मणे मासं पज्जो सवणकप्पो ॥

इस गाथामें दश प्रकारके श्रमणकल्प अर्थात् श्रमणों या जैन साधुओंके आचार गिनाये हैं, उनमें सबसे पहला श्रमणकल्प आचेलक्य या निर्वस्त्रता है। साधुओंको क्यों नग्न रहना चाहिए, और निर्वस्त्रतामें क्या क्या गुण हैं, वह कितनी आवश्यक है, इस बातको टीकाकारने खूब विस्तारके साथ लगभग दो पृष्ठोंमें स्पष्ट किया है और उसका बड़े जोरोंसे समर्थन किया है। उसके बाद शंका की है कि यदि ऐसा मानते हो, अचेलकताको ही ठीक समझते हो, तो फिर पूर्वागमोंमें जो वस्त्र-पात्रादिका ग्रहण उपदिष्ट है, सो कैसे[1] ?

पूर्वागमोंमें वस्त्रपात्रादि कहाँ कहाँ उपदिष्ट हैं, इसके उत्तरमें आगे उन पूर्वागमोंमेंसे नाम और स्थानसहित अनेक उद्धरण दिये हैं। जिन आगमोंके वे उद्धरण हैं, उनके नामोंका और उन उद्धरणोंका जो अभिप्राय है, उससे साफ समझमें आ जाता है कि वे दिगम्बर सम्प्रदायके आगम या शास्त्र नहीं हैं बल्कि वही हैं जो श्वेताम्बर सम्प्रदायमें उपलब्ध हैं और थोड़ेसे पाठ-भेदके साथ यापनीय संघमें माने जाते थे।

अक्सर ग्रन्थकार किसी मतका खण्डन करनेके लिए उसी मतके ग्रन्थोंका हवाला दिया करते हैं और अपने सिद्धान्तको पुष्ट करते हैं। परन्तु इस टीकामें ऐसा नहीं है। इसमें तो टीकाकारने अपने ही आगमोंका हवाला देकर अचेलता सिद्ध की है और बतलाया है कि अपवादरूपसे अवस्था-विशेषमें ही वस्त्रका उपयोग किया जा सकता है, सदा नहीं।

पहला उद्धरण 'आचार-प्रणिधि' का है[2] और यह आचार-प्रणिधि दशवैकालिक सूत्रके आठवें अध्ययनका नाम है। उसमें लिखा है कि पात्र और कम्बलकी प्रतिलेखना करना चाहिए कि वे निर्जन्तुक हैं या नहीं। और फिर कहा है कि प्रतिलेखना तो तभी की जायगी जब पात्र-कम्बलादि होंगे, उनके बिना वह कैसे होगी ?[4] दूसरा उद्धरण आचारांगसूत्रका है। उसके 'लोक-विचय'

---

१ अथैवं मन्यसे पूर्वागमेषु वस्त्रपात्रादिग्रहणमुपदिष्टं तथा ( तत्कथं ? )

२—आचारप्रणिधौ भणितं। ३—४-प्रतिलिखेत्पात्रकम्बलं ध्रुवमिति असत्सु पात्रादिषु कथं प्रतिलेखना ध्रुवं क्रियते।

नामके दूसरे अध्ययनके पाँचवें उद्देश्यमें भी कहा है कि भिक्षु पिच्छिका, रजोहरण, उग्गह और कटासन इनमेंसे कोई उपधि रक्खे।[1]

इसके आगे वत्थेसणा ( वस्त्रैषणा ) और पाएषणा ( पात्रैषणा ) के तीन उद्धरण दिये हैं जिनका साराश यह है कि जो साधु ह्रीमान या लज्जालु हो, वह एक वस्त्र तो धारण करे और दूसरा प्रतिलेखनाके लिए रक्खे, जिसका लिंग बेडौल जुगुप्साकर हो वह दो वस्त्र तो धारण करे और तीसरा प्रतिलेखनाके लिए रक्खे और जिसे शीतादि परिषह सहन न हो वह तीन वस्त्र धारण करे और चौथा प्रतिलेखनाके लिए रक्खे।[2] यदि मुझे तूंबी, लकड़ी या मिट्टीका अल्पप्रमाण, अल्पबीज, अल्पप्रसार, और अल्पाकारवाला पात्र मिलेगा, तो उसे ग्रहण करूँगा।[3]

इन उद्धरणोंको देकर पूछा है कि यदि वस्त्र-पात्रादि ग्राह्य न हों, तो फिर ये सूत्र कैसे लिये जाते हैं[4] ?

इसके आगे भावना ( आचारांगसूत्रका २४ वा अध्ययन ) का उद्धरण दिया है कि भगवान् महावीरने एक वर्ष तक वस्त्र धारण किया और उसके बाद वे अचेलक ( निर्वस्त्र ) हो गये।[5]

सूत्रकृतागके पुण्डरीक अध्ययनमें कहा है कि साधुको किसी वस्त्रपात्रादिकी प्राप्तिके मतलबसे धर्मकथा नहीं कहनी चाहिए[6] और निशीथसूत्रके दूसरे उद्देश्यमें भी कहा है कि जो भिक्षु वस्त्र-पात्रोंको एक साथ ग्रहण करता है उसे लघुमासिक प्रायश्चित्त लेना पड़ता है[7]।

---

१—आचारग्यापि द्वितीयाध्यनो लोकविचयो नाम, तस्य पञ्चमे उद्देशे एवमुक्तम् पडिलेहण पादपुंछण उग्गह कडासण अण्णदर उपधि पावेज्ज इति। २—तथा वत्थेसणाए वुत्त तत्थ एसे हिरिमणे सेग वत्थ वा धारेज्ज, पडिलेहणग विदियम्। तत्थ एसे जुग्गिदे देसे दुवे वत्थाणि धारेज्ज पडिलेहेणग तिदियम्। तत्थ एसे परिस्सह अणधिहासस्स तगो वत्थाणि धारेज्ज पडिलेहण चउत्थम्।

३ पुनश्चोक्तं तत्रैव—आलाबुपत्त वा दारुगपत्त वा मट्टिगपत्त वा अप्पपाण अप्पबीज अप्पसरिदं तथा अप्पाकार पात्रलाभे सति पडिग्गहिस्सामीति।

४ वस्त्रपात्रे यदि न ग्राह्ये कथमेतानि सूत्राणि नीयन्ते ?

५ वरिसं चीवरधारी तेन परमचेलगो जिणो।

६ ण कहेज्जो धम्मकह वत्थपत्तादिहेदुमिदि।

७ कसिणाइ वत्थकबलाइ जो भिक्खू पडिग्गहिदि पज्जदि मासिग लहुग इदि।

शंकाकार कहता है कि इस तरह सूत्रोंमें जब वस्त्र-ग्रहण निर्दिष्ट है, तब अचेलता कैसे बन सकती है[1] ? इसके समाधानमें टीकाकार कहते हैं कि आगममें अर्थात् आचारांगादिमें आर्यिकाओंको तो वस्त्रकी अनुज्ञा है परन्तु भिक्षुओंको नहीं है। और जो है वह कारणकी अपेक्षा है। जिस भिक्षुके शरीरावयव लज्जाकर हैं और जो परीषह सहन करनेमें असमर्थ है वही वस्त्र ग्रहण करता है[2]। और फिर इस बातकी पुष्टिमें आचारांग तथा कल्प (बृहत्कल्प) के दो उद्धरण देकर आचारांगका एक दूसरा सूत्र बतलाया है जिसमें कारणकी अपेक्षा वस्त्र ग्रहण करनेका विधान है[4] और फिर उसकी टीका करते हुए लिखा है—यह जो कहा है कि हेमन्त ऋतुके समाप्त हो जाने पर परिजीर्ण उपधिको रख दे, सो इसका अर्थ यह है कि यदि शीतका कष्ट सहन न हो तो वस्त्र ग्रहण कर ले और फिर ग्रीष्मकाल आ जानेपर उसे उतार दे। इसमें कारणकी अपेक्षा ही ग्रहण कहा गया है। परन्तु जीर्णको छोड़ दे, इसका मतलब यह नहीं कि दृढ (मजबूत) को न छोडे। अन्यथा अचेलतावचनसे विरोध आ जायगा। वस्त्रकी परिजीर्णता प्रक्षालनादि सस्कारके अभावसे कही गई है, दृढ़का त्याग करनेके लिए नहीं और यदि ऐसा मानोगे कि संयमके लिए पात्र-ग्रहण सिद्ध है तो यह ठीक नहीं। क्यो कि अचेलताका अर्थ है परिग्रहका त्याग और पात्र परिग्रह है, इसलिए उसका त्याग सिद्ध है। अर्थात वस्त्र-पात्र-ग्रहण कारणसापेक्ष है। जो उपकरण कारणकी अपेक्षा ग्रहण किये जाते हैं उनका जिस तरह ग्रहणका विधान है उसी तरह उनका परिहरण भी अवश्य कहना चाहिए। इसलिए बहुतसे सूत्रोंमें अर्थाधिकारकी अपेक्षा जो वस्त्र-पात्र कहे हैं सो

१ एव सूत्रनिर्दिष्टे चेले अचेलता कथ इति।

२ आर्यिकाणामागमे अनुज्ञात वस्त्रं, कारणापेक्षया भिक्षूणाम्। ह्रीमानयोग्यशरीरावयवो दुश्चर्माभिलम्बमानबीजो वा परीषहसहने वा अक्षम स गृह्णाति।

३ हिरिहेतुक व होई देहदुगछंति देहे जुग्गिदगे धारेज्ज सिय वत्थ परिस्सहाण च ण विहासीति।

४ द्वितीयमपि सूत्र कारणमपेक्ष्य वस्त्रग्रहणमित्यस्य प्रसाधक आचारांगे विद्यते—'अह्र पुण एव जाणेज्ज। पातिकते हेमनेहि सुपडिवण्णे से अथ पडिजुण्णमुवधि पदिट्ठावेज्ज।'

५ हिमसमये शीतबाधासहः परिगृह्य चेल तस्मिन्निष्क्रान्ते ग्रीष्मे समायाते प्रतिष्ठापयेदिति कारणमपेक्ष्य ग्रहणमाख्यातम्। परिजीर्णविशेषोपादानाद् दृढानामपरित्याग इति चेत् अचेलता-वचनेन विरोधः। प्रक्षालनादिसस्कारविरहात्परिजीर्णता वस्त्रस्य कथिता, न तु दृढस्य त्याग-कथनार्थं पात्रप्रतिष्ठापनासूत्रेणोक्तेति।

उन्हें ऐसा मानना चाहिए कि कारणसापेक्ष ही कहे गये हैं[१]। और जो भावना ( आचारांगका २४ वॉ अध्ययन ) में कहा है कि भगवान् महावीरने एक वर्ष तक चीवर धारण किया और उसके बाद वे अचेलक हो गये, सो इसमें बहुत-सी विप्रतिपत्तियाँ हैं, अर्थात् बहुतसे विरोध और मत-भेद हैं। क्योंकि कुछ लोग कहते है कि उस वस्त्रको जो वीर जिनके शरीरपर लटका दिया गया था लटका देनेवाले मनुष्यने ही उसी दिन ले लिया था। दूसरे कहते हैं कि वह कॉटों और डालियों आदिसे उलझते सुलझते छह महीनेमें छिन्न भिन्न हो गया था। कुछ लोग कहते हैं कि एक वर्षसे कुछ अधिक बीत जानेपर खंडलक नामक ब्राह्मणने उसे ले लिया था और दूसरे कहते हैं कि जब वह हवासे उड़ गया और भगवानने उसकी उपेक्षा की, तो लटकानेवालेने फिर उनके कन्धेपर डाल दिया। इस तरह अनेक विप्रतिपत्तिया होनेके कारण इस बातमें कोई तत्त्व नहीं दिखलाई देता। यदि सचेल लिंग प्रकट करनेके लिए भगवान्ने वस्त्र ग्रहण किया था, तो फिर उसका विनाश क्यो इष्ट हुआ? उसे सदा ही धारण किये रहना था। यदि उन्हें पता था कि वह नष्ट हो जायगा तो फिर उसका ग्रहण करना निरर्थक हुआ और यदि नहीं तो वे अज्ञानी सिद्ध हुए। और यदि उन्हें चेलप्रज्ञापना वांछनीय थी, तो फिर यह वचन मिथ्या हो जायगा कि प्रथम और अन्तिम तीर्थंकरका धर्म आचेलक्य था।

---

१ सयमार्थं पात्रग्रहण सिद्धयति इति मन्यसे, नैव। अचेलता नाम परिग्रहत्याग पात्र च परिग्रह इति तस्यापि त्याग सिद्ध एवेति। तस्मात्कारणापेक्ष वस्त्रपात्रग्रहणम्। यदुपकरण ग्रहणे कारणमपेक्ष्य तस्य ग्रहणविधि ग्रहीतस्य च परिहरणमवश्य वक्तव्यमेव। तस्माद्वस्त्रं पात्र चार्थाधिकारमपेक्ष्य सूत्रेषु बहुषु यदुक्त तत्कारणमपेक्ष्य निर्दिष्टमिति ग्राह्यम्।

२—यच्च भावनायामुक्त—' वरिसं चीवरधारी तेण परमचेलगो जिणो ' ति तदुक्त विप्रतिपत्तिबहुलत्वात्। कथम्? केचिद्वदन्ति तस्मिन्नेव दिने तद्वस्त्रं वीरजिनस्य विलम्बनकारिणा गृहीतमिति। अन्ये षण्मासाच्छिन्न तत्कण्टकशाखादिभिरिति। साधिकेन वर्षेण तद्वस्त्रं खण्डलकब्राह्मणेन गृहीतमिति केचित्कथयन्ति। केचिद्वातेन पतितमुपेक्षितं जिनेनेति। अपरे वदन्ति विलम्बनकारिणा जिनस्य स्कन्धे तदारोपितमिति। एवं विप्रतिपत्तिबाहुल्यान्न दृश्यते तत्त्वम्। सचेललिंगप्रकटनार्थं यदि चेलग्रहणं जिनस्य, कथ तद्विनाशः इष्टः? सदा तद्धारयितव्यम्। कि च, यदि नश्यतीति ज्ञातं, निरर्थकं तस्य ग्रहणं, यदि न ज्ञातमज्ञानमस्य प्राप्नोति। अपि च चेलप्रज्ञापना वाञ्छिता चेद् ' आचेलक्को धम्मो पुरिमचरिमाणं ' इति वचो मिथ्या भवेत्।

और जो यह कहा है कि जिस तरह मैं अचेलक हूँ उसी तरह पिछले जिन ( तीर्थंकर ) भी अचेलक होंगे, सो इससे भी विरोध आयगा। इसके सिवाय वीर भगवानके समान यदि अन्य तीर्थंकरोंके भी वस्त्र थे तो उनका वस्त्र-त्याग-काल क्यो नहीं बतलाया गया ? इसलिए यही कहना उचित मालूम होता है कि सब कुछ त्यागकर जब जिन ( वीर भगवान् ) स्थित थे तब किसीने उनके ऊपर वस्त्र डाल दिया था और वह एक तरहका उपसर्ग था।[1]

इसके बाद कहा है कि परिषह-सूत्रोंमें ( उत्तराध्ययनमें ) जो शीत-दंश-मसक-तृणस्पर्श-परिषहोंके सहनके वचन हैं वे सब अचेलताके साधक हैं। क्योंकि जो सचेल या सवस्त्र हैं उन्हें शीतादिकी बाधा नहीं होती[2]।

फिर उत्तराध्ययनकी ऐसी नौ गाथायें उद्धृत की हैं जो अचेलताको प्रकट करती हैं[3] और इस तरह इस आचेलक्य श्रमणकल्पकी समाप्ति की गई है।

इससे अच्छी तरह स्पष्ट हो जाता है कि व्याख्याकार यापनीय हैं और वे उन सब आगमोंको मानते हैं जिनके उद्धरण उन्होंने अचेलताके प्रकरणमें दिये हैं। उनका अभिप्राय यह है कि साधुओंको नग्न रहना चाहिए, नग्न रहनेकी ही आगमोंकी प्रधान आज्ञा है और कहीं कहीं जो वस्त्रादिका उल्लेख मिलता है सो उसका अर्थ इतना ही है कि यदि कभी अनिवार्य जरूरत आ पड़े, शीतादिकी

---

१—यदुक्त ' यथाहमचेली तथा होउ पच्छिमो इति होक्खदिति ' तेनापि विरोधः। किं च जिनानामितरेषां वस्त्रत्यागकालः वीरजिनस्येव किं न निर्दिश्यते यदि वस्त्रं तेषामपि भवेत्। एवं तु युक्तं वक्तुं। सर्वत्याग कृत्वा स्थिते जिने केनचिद्वस्त्रं वस्तु निक्षिप्तं उपसर्ग इति।

२—इदं चाचेलताप्रसाधनपरं शीतदंशमशकतृणस्पर्शपरीषहसहनवचनं परीषहसूत्रेषु। नहि सचेलं शीतादयो बाधन्ते।

३—स्थानाभावसे यहाँ उत्तराध्ययनकी चार ही गाथायें दी जाती हैं —

परिचत्तेसु वत्थेसु ण पुणो चेलमादिए।
अचेलपवरो भिक्खू जिणरूवधरे सदा॥
अचेलगस्स लूहस्स सजयस्स तवस्सिणो।
तणेसु सयमाणस्स ण ते होदि विराहिणा॥
ण मे णिवारणं अत्थि छवित्ताणं ण विज्जई।
अहं तु अग्गिं सेवामि इदि भिक्खू ण चिंतए॥
आचेलक्को य जो धम्मो जो वाय पुणरुत्तरो।
देसिदो वड्ढमाणेण पासेण य महप्पणा॥

तकलीफ बरदाश्त न हो, या शरीर बेडौल घिनौना हो तो कपड़ा ग्रहण किया जा सकता है परन्तु वह ग्रहण करना कारणसापेक्ष है और एक तरहसे अपवाद-रूप है[1]। भगवान् महावीरकी वे उन सब भिन्न भिन्न कथाओंका उल्लेख करते हैं जो उनके कुछ काल तक वस्त्रधारी रहनेके सम्बन्धमें श्वेताम्बर-सम्प्रदायमें प्रचलित रही हैं और दिगम्बर सम्प्रदायमें जिनका कहीं जिक्र तक नहीं है।

विजयोदया टीकाका यह एक ही प्रसंग उसे यापनीय सिद्ध करनेके लिए काफी है।

## अपराजितकी गुरु-परम्परा

श्रीविजयोदया टीकाके अनुसार अपराजितसूरि बलदेवसूरिके शिष्य और चन्द्र-नन्दि महाप्रकृत्याचार्यके प्रशिष्य थे। नागनन्दि गणिकी चरण-सेवासे उन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ और श्रीनन्दिगणिके कहनेसे उन्होंने यह टीका लिखी। वे आरातीय

---

१ इस विषयमें यापनीय संघकी तुलना शुरूके भट्टारकोंसे की जा सकती है। वे थे तो दिगम्बर सम्प्रदायके ही अनुयायी, श्रीकुन्दकुन्दकी आम्नायके माननेवाले और नग्नताके पोषक, परन्तु अनिवार्य आवश्यकता होनेपर वस्त्रोंका भी उपयोग कर लेते थे। यों तो वे अपने मठोंमें वस्त्र छोड़कर नग्न ही रहते थे और भोजनके समय भी नग्न हो जाते थे। श्रुत-सागरने षट्पाहुड-टीकामें इसे अपवादवेष कहा है। यथा—

"कलौ किल म्लेच्छादयो नग्नं दृष्ट्वा उपद्रवं यतीनां कुर्वन्ति, तेन मण्डपदुर्गे श्रीवसन्त-कीर्तिना स्वामिना चर्यादिवेलायां तट्टीसादरादिकेन शरीरमाच्छाद्य पुनस्तन्मुञ्चन्ति इत्युपदेश-कृतः संयमिना। इत्यपवादवेषः।" अर्थात् कलिकालमें यतियोंको नग्न देखकर म्लेच्छादि उपद्रव करते है, इससे मण्डपदुर्गमें वसन्तकीर्ति स्वामीने मुनियोंको यह उपदेश किया कि आहारादिके लिए निकलते समय चटाई, सादड़ी (बाँस या खजूरके पत्तोंसे बनी हुई चटाईके टुकड़े) से शरीर ढँक लेना और फिर उसे छोड़ देना। यह अपवाद वेश है। तत्त्वार्थटीकामें इन्हीं श्रुतसागरने इसे द्रव्यलिंग कहा है। यथा—"द्रव्यलिंगिनः असमर्था महर्षयः शीतकालादौ कम्बलादिकं गृहीत्वा न प्रक्षालयन्ति न सीव्यन्ति न प्रयत्नादिकं कुर्वन्ति अपरकाले परिहरन्तीति।" अर्थात् द्रव्यलिंगी असमर्थ महर्षि शीतकालादिमें कम्बलादिक ग्रहण कर लेते हैं, परन्तु न उन्हें धोते हैं, न सीते हैं, न उनके लिए कुछ प्रयत्न करते हैं और फिर उसे छोड़ देते हैं।

सूरियोंमें श्रेष्ठ थे[१]। श्रीविजय उनका दूसरा नाम था[२] और शायद इसीसे इस टीकाका तथा दशवैकालिक टीकाका नाम श्रीविजयोदया रक्खा गया है।

इसके सिवाय एक और जगह कहा है कि भूत और भविष्यत्कालके सभी जिन अचेलक हैं। मेरु आदि पर्वतोंकी प्रतिमायें और तीर्थंकरके मार्गानुयायी गणधर तथा उनके शिष्य भी उसी तरह अचेल हैं। इस तरह अचेलता सिद्ध हुई। जिनका शरीर वस्त्रसे परिवेष्टित है, वे व्युत्सृष्टप्रलम्बभुज और निश्चल जिनके सदृश जिनके प्रतिरूप नहीं हो सकते।

दिगम्बर-सम्प्रदायके किसी भी संघकी गुर्वावली या पट्टावलीमें यह गुरुपरम्परा नहीं मिलती और यह आरातीय पद भी विनयदत्त, श्रीदत्त, शिवदत्त और अर्हद्दत्त, इन चार आचार्योंके सिवाय[४] और किसी भी आचार्यके लिए व्यवहृत नहीं किया गया है। सर्वार्थसिद्धि-टीकाके अनुसार भगवान्‌के साक्षात् शिष्य गणधर और श्रुतकेवलियोंके बाद जो आचार्य हुए और जिन्होंने दशवैकालिकादि सूत्र उपनिबद्ध किये है वे आरातीय कहलाते हैं[५]। चूंकि अपराजितसूरिने दशवैकालिककी टीका लिखी थी, शायद इसीलिए वे 'आरातीय-चूडामणि' कहलाये। दिगम्बर सम्प्रदायके अनुसार दशवैकालिकादि अंगबाह्य श्रुत तो हैं; परन्तु उसकी दृष्टिमें वे छिन्न हो गये हैं और जो उपलब्ध हैं वे अप्रमाण हैं।

---

१—"चन्द्रनन्दिमहाप्रकृत्याचार्य-प्रशिष्येण आरातीयसूरिचूलामणिना नागनन्दिगणिपादपद्मोपसेवाजातमतिलवेन बलदेवसूरिशिष्येण जिनशासनोद्धरणधीरेण लब्धयशःप्रसरेणापराजितसूरिणा श्रीनन्दिगणिनावचोदितेन रचिता—।"

२—आशाधरने अपराजितका अपने ग्रन्थोंमे श्रीविजयाचार्यके नामसे भी उल्लेख किया है—"एतच्च श्रीविजयाचार्यविरचितसंस्कृतमूलाराधनटीकाया सुस्थितसूत्रे विस्तरत. समर्थित दृष्टव्यम्।" —अनगारधर्मामृत टीका पृ० ६७३

३ "तीर्थंकराचरित च गुण.—संहननबलसमग्रा मुक्तिमार्गप्रख्यापनपरा जिना. सर्वे स्वाचेला भूता भविष्यंतश्च। यथा मेर्वादिपर्वतगता प्रतिमास्तीर्थंकरमार्गानुयायिनश्च गणधरा इति तेप्यचेलास्तच्छिष्याश्च तथैवेति सिद्धमचेलत्वम्। चेलपरिवेष्टितांगो न जिनसदृश· व्युत्सृष्टप्रलम्बभुजो निश्चलो जिनप्रतिरूपता धत्ते। —भ० आ० पृ० ६११

४ विनयधरः श्रीदत्तः शिवदत्तोऽन्योऽर्हद्दत्तनामैते।
आरातीया यतयस्ततोऽभवन्नङ्गपूर्वधराः॥ २४ —श्रुतावतार

५ आरातीयैः पुनराचार्यैः कालदोषात्संक्षिप्तायुर्मतिबलशिष्यानुग्रहार्थं दशवैकालिकाद्युपनिबद्ध तत्प्रमाणमर्थतस्तदेवेदमिति क्षीरार्णवजल घटगृहीतमिव। —अ० १, सूत्र २०

## शिवार्य भी यापनीय थे ?

अपराजितके विषयमें विचार करते समय मूल भगवती आराधनामें भी कुछ बातें ऐसी मिली हैं जिनसे उसके कर्ता शिवार्य भी यापनीय सघके मालूम होते हैं। देखिए—

१ इस ग्रन्थकी प्रशस्तिमें लिखा है कि आर्य जिननन्दि गणि, आर्य सर्वगुप्त गणि और आर्य मित्रनन्दि गणिके चरणोंमें अच्छी तरह सूत्र और उनका अर्थ समझकर और पूर्वाचार्योंकी रचनाको उपजीव्य बनाकर 'पाणितलभोजी' शिवार्यने यह आराधना रची[1]। हम लोगोंके लिए प्रायः ये सभी नाम अपरिचित हैं[2]। अपराजितकी परम्पराके समान यह परम्परा भी दिगम्बर सम्प्रदायकी किसी पट्टावली या गुर्वावलीमें नहीं मिलती। इस धारणाके सही होनेका भी कोई पुष्ट और निर्भ्रान्त प्रमाण अभी तक नहीं मिला कि वे शिवकोटि और शिवार्य एक ही हैं जो समन्तभद्रके शिष्य थे। जो कुछ प्रमाण इस सम्बन्धमें दिये जाते हैं, वे बहुत पीछेके गढ़े हुए मालूम होते हैं[3]। और तो और स्वयं शिवार्य ही यह स्वीकार नही करते कि मैं समन्तभद्रका शिष्य हूँ।

२ अपराजितसूरि यदि यापनीय सघके थे तो अधिक संभव यही है कि उन्होंने अपने ही सम्प्रदायके ग्रन्थकी टीका की है।

३ आराधनाकी गाथायें काफी तादादमें श्वेताम्बर सूत्रोंमें मिलती हैं[4], इससे

---

१ अज्जजिणणदिगणिअज्जमित्तणदीणं।
अवगमियपायमूले सम्म सुत्त च अत्थ च ॥ २१६१
पुव्वायरियणिवद्धा उपजीवित्ता इमा ससत्तीए।
आराहणा सिवज्जेण पाणिदलभोइणा रइदा ॥ २१६२

२ यापनीय सघके मुनियोंमें कीर्तिनामान्त अधिकतासे है—जैसे पाल्यकीर्ति, रविकीर्ति, विजयकीर्ति, धर्मकीर्ति, आदि। नन्दि, गुप्त, चन्द्र, नामान्त भी काफी है जैसे—जिननन्दि, मित्रनन्दि, सर्वगुप्त, नागचन्द्र, नेमिचन्द्र।

३ देखो आगेके पृष्ठोंमें 'आराधना और उसकी टीकायें'।

४ अनन्तकीर्ति-ग्रन्थमालामें प्रकाशित 'भगवती आराधना वचनिका'के अन्तमें उन गाथाओंकी एक सूची दी है जो मूलाचार और आराधनामें एक-सी हैं और प० सुखलालजीद्वारा सम्पादित 'पंच प्रतिक्रमण सूत्र' में मूलाचारकी उन गाथाओंकी सूची दी है जो भद्रबाहुकृत 'आवश्यकनिर्युक्ति' में भी हैं।

शिवार्यके इस कथनकी पुष्टि होती है कि पूर्वाचार्योंकी रची हुई गाथायें उनकी उपजीव्य हैं।

४ जिन तीन गुरुओंके चरणोंमे बैठकर उन्होंने आराधना रची है, उनमेंसे 'सर्वगुप्त गणि' शायद वही हैं, जिनके विषयमें शाकटायनकी अमोघवृत्तिमें लिखा है कि "उपसर्वगुप्तं व्याख्यातारः।" १-३-१०४। अर्थात् सारे व्याख्याता या टीकाकार सर्वगुप्तसे पीछे हैं। चूँकि शाकटायन यापनीय संघके थे इसलिए सम्भव यही है कि सर्वगुप्त यापनीय संघके ही सूत्रों या आगमोंके व्याख्याता हों।

५ शिवार्यने अपनेको 'पाणितलभोजी' अर्थात् हथेलियोंपर भोजन करनेवाला कहा है। यह विशेषण उन्होंने अपनेको श्वेताम्बर सम्प्रदायसे अलग प्रकट करनेके लिए दिया है। यापनीय साधु हाथपर ही भोजन करते थे।

६ आराधनाकी ११३२ वी गाथामें 'मेदस्स मुणिस्स अक्खाणं' (मेतार्यमुनेराख्यानम्) अर्थात मेतार्य मुनिकी कथाका उल्लेख किया गया है। पं० सदासुखजीने अपनी वचनिकामें इस पदका अर्थ ही नहीं किया है। यही हाल नई हिन्दी टीकाके कर्त्ता पं० जिनदास शास्त्रीका है। संस्कृतटीकाकार पं० आशाधरने तो इस गाथाकी विशेष टीका इसलिए नहीं की कि वह सुगम है परन्तु अमितगतिने इसका संस्कृतानुवाद करना क्यों छोड़ दिया? वे मेतार्यके आख्यानसे परिचित नहीं थे, शायद इसी कारण।

मेतार्यमुनिकी कथा श्वेताम्बर सम्प्रदायमें बहुत प्रसिद्ध है[1]। वे एक चाण्डालिनीके लड़के थे परन्तु किसी सेठके घर पले थे। अत्यन्त दयाशील थे। एक दिन वे एक सुनारके यहाँ भिक्षाके लिए गये। उसने अपनी दूकानमें उसी समय सोनेके जौ बनाकर रक्खे थे। वह भिक्षा लानेके लिए भीतर गया और मुनि वहीं दूकानमें खड़े रहे जहाँ जौ रक्खे थे। इतनेमे एक क्रौंच (सारस) पक्षीने आकर वे जौ चुग लिये। सुनारको सन्देह हुआ कि मुनिने ही जौ चुरा लिये हैं। मुनिने पक्षीको चुगते तो देख लिया परन्तु इस भयसे नहीं कहा कि यदि सच बात मालूम हो जायगी तो सुनार सारसको मार डालेगा और उसके पेटमेंसे अपने जौ निकाल लेगा। पर इससे सुनारको सन्देह हो गया कि यह काम मुनिका ही है, इसने ही जौ चुराये हैं। तब उसने उन्हें बहुत कष्ट दिया और अन्तमे भीगे चमड़ेमें कस दिया। इससे उनका शरीरान्त हो गया और उन्होंने केवल-ज्ञान प्राप्त किया।

१ देखो आवश्यक-निर्युक्ति गाथा ८६७-७०।

हरिषेणकृत कथाकोशमे मेतार्य मुनिकी कथा है, परन्तु उसमें श्वेताम्बर कथासे बहुत भिन्नता है ।

गाथा ६ की विजयोदया टीकामें लिखा है—"सत्कारिताभ्यन्तरतपसा इति वा असम्बद्ध। अन्तरेणापि बाह्यतपोऽनुष्ठानं अन्तर्मुहूर्तमात्रेणाधिगतरत्नत्रयाणां भद्दण-राजप्रभृतीनां पुरुदेवस्य भगवतः शिष्याणां निर्वाणगमनमागमे प्रतीतमेव ।' यह भद्दणराज आदिकी अन्तर्मुहूर्तमें निर्वाण-प्राप्तिकी कथा भी दिगम्बर साहित्यमें अज्ञात है । इसी तरह गाथा १७ की टीकामें भी है—भद्दणादयो राजपुत्रास्त-स्मिन्नेव भवे त्रसतामापन्नाः अतएवानादिमिथ्यादृष्टयः प्रथमजिनपादमूले श्रुतधर्म-साराः समारोपितरत्नत्रयाः ।

७ दश स्थितिकल्पोंके नामवाली गाथा जिसकी टीकापर अपराजितको यापनीय सिद्ध किया गया है, जीतकल्प-भाष्यकी १९७२ नं० की गाथा है । श्वेता-म्बर सम्प्रदायकी अन्य टीकाओं और निर्युक्तियोंमें भी यह मिलती है और प्रभाचन्द्रने अपने प्रमेयकमलमार्तण्डके स्त्री-मुक्ति-विचार ( नया एडीशन पृ० १३१ ) प्रकरणमे इसका उल्लेख श्वेताम्बर सिद्धान्तके रूपमे ही किया है—

"नाचालेक्यं नेष्यते ( अपि ईष्यतेव ) ' आचेलक्कुद्देसिय-सेज्जाहर-रायपिंड-किियिकम्मे ' इत्यादेः पुरुषं प्रति दशविधस्य स्थितिकल्पस्य मध्ये तदुपदेशात् ।"

आराधनाकी ६६२ और ६६३ नम्बरकी गाथायें भी दिगम्बर सम्प्रदायके साथ मेल नहीं खाती हैं । उनका अभिप्राय यह है कि लब्धियुक्त और माया-चाररहित चार मुनि ग्लानिरहित होकर क्षपकके योग्य निर्दोष भोजन और पानक ( पेय ) लावें । इसपर पं० सदासुखजीने आपत्ति की है और लिखा है कि " यह भोजन लानेकी बात प्रमाणरूप नाहीं । " इसी तरह ' सेज्जागासणिसेज्जो ' आदि गाथापर ( जो मूलाचारमें भी ३९१ नं० पर है ) कविवर वृन्दावनदासजीको शंका

---

१ चत्तारिजणा भत्तं उवकप्पंति अगिलाए पाओग्गं ।
छंडियमवगददोसं अमाइणो लद्धिसपण्णा ॥ ६६२ ॥

चत्तारिजणा पाणय मुवकप्पंति अगिलाए पाओग्गं ।
छडियमवगददोसं अमाइणो लद्धिसपण्णा ॥ ५६३ ॥

२ सेज्जगासणिसेज्जा उवहीपडिलेहणा उवग्गहिदे ।
आहारोसयवायणविकिंचणुव्वत्तणादीसु ॥ ३०५ ॥

हुई थी और उसका समाधान करनेके लिए दीवान अमरचन्दजीको पत्र लिखा था। दीवानजीने उत्तर दिया था कि "इसमे वैयावृत्ति करनेवाला मुनि आहार आदिसे मुनिका उपकार करे; परन्तु यह स्पष्ट नहीं किया है कि आहार स्वयं हाथसे बनाकर दे। मुनिकी ऐसी चर्या आचारागमें नहीं बतलाई है[१]।"

८ गाथा ११२३ नं० की 'देसामिसिय सुत्त' में 'तालपलंबसुतम्मि' पदमें जिस सूत्रका उल्लेख किया है वह कल्पसूत्र (बृहत्कल्प) का है जिसका प्रारम्भ है 'तालपलंबं ण कप्पदि'। इसकी विजयोदया टीकामें, 'तथा चोक्तं' कहकर कल्पकी दो गाथायें और दी हैं और वे ही आशाधरने 'कल्पे' कहकर उद्धृत की हैं।

९ गाथा ७९-८३ में मुनिके उत्सर्ग और अपवाद मार्गका विधान है जिसके अनुसार मुनि वस्त्र धारण कर सकता है—"वसनसहितलिंगधारिणो हि वस्त्र-खंडादिकं शोधनीयं महत्। इतरस्य पिच्छादिमात्रं।"

१० गाथा ७९-८०-८१ में शिवार्यने भक्त प्रत्याख्यानके प्रसंगमे कहा है कि उत्सर्गलिंग वाले (वस्त्रहीन) को तो जो कि भक्त प्रत्याख्यान करना चाहता है उत्सर्गलिंग ही चाहिए परन्तु जो अपवादलिंगी (सवस्त्र) है, उसे भी उत्सर्ग-लिंग ही प्रशस्त कहा है, अर्थात् उसे भी नग्न हो जाना चाहिए और जिसके लिंगसम्बन्धी तीन दोष दुर्निवार हों उसे वसतिमें संस्तरारूढ होने पर उत्सर्गलिंग धारण करना चाहिए। बृहत्कल्पसूत्र, आवश्यकनिर्युक्ति, भगवती आराधनाकी अनेक गाथाये एकसी हैं। साधुके मृतकसंस्कारकी गाथायें खास तौरसे उल्लेख-नीय हैं।

११ आराधनाका चालीसवाँ 'विजहना' नामका अधिकार भी विलक्षण और अभूतपूर्व है, जिसमें मुनिके मृत शरीरको रात्रि-भर जागरण करके रखनेकी और दूसरे दिन किसी अच्छे स्थानमे वैसे ही (बिना जलाये) छोड़ आनेकी विधि वर्णित है[२]। यह पारसी लोगों जैसी विधि अन्य किसी दिगम्बर ग्रन्थमें अभी तक देखनेमें नहीं आई।

१२ नम्बर १५४४ की गाथामें कहा है कि घोर अवमोदर्य या अल्प भोज-

१ देखो, 'आराधना और उसकी टीकाये'।

२ भगवती आराधनावचनिकाकी भूमिका। पृ० १२-१३

चके कष्टसे बिना संक्लेश बुद्धिके भद्रबाहु मुनि उत्तम स्थानको प्राप्त हुए[1]। परन्तु दिगम्बर सम्प्रदायकी किसी भी कथामें भद्रबाहुका इस ऊनोदर-कष्टसे समाधिमरणका उल्लेख नहीं है।

१३ नं० ४२८ की गाथा[2]में आधारवत्व गुणके धारक आचार्यको 'कप्पव-वहारधारी' विशेषण दिया है और कल्प-व्यवहार, निशीथसूत्र, श्वेताम्बर सम्प्रदायमें प्रसिद्ध ग्रन्थ हैं। इसी तरह ४०७ नम्बरकी गाथा[3]में निर्यापक गुरुकी खोजके लिए परसंघमें जानेवाले मुनिकी 'आयार-जीद-कप्पगुणदीवणा' होती है[3]। विजयोदया टीकामे इस पदका अर्थ किया है, 'आचारस्य जीतसंज्ञितस्य कल्पस्य गुणप्रकाशना।' और आशाधरकी टीकामे लिखा है, 'आचारस्य जीदस्य कल्पस्य च गुणप्रकाशना। एतानि हि शास्त्राणि रत्नत्रयतामेव दर्शयन्ति।' पं० जिनदास शास्त्रीने हिन्दी अर्थमे लिखा है कि 'आचारशास्त्र, जीतशास्त्र और कल्पशास्त्र इनके गुणोंका प्रकाशन होता है।' अर्थात् तीनोंके मतसे इन नामोंके शास्त्र हैं और यह कहनेकी जरूरत नहीं कि आचारांग और जीतकल्प श्वेताम्बर सम्प्रदायमें हैं।

---

१ ओमोदरिए घोराए भद्दबाहू असंकिलिट्ठमदी।
घोराए तिगिंछाए पडिवण्णो उत्तम ठाण॥ १५४४

२ चोद्दस-दस-णव-पुव्वी मतामदी सायरोव्व गंभीरो।
कप्पवहारधारी होदि हु आधारव णाम॥

३ आयारजीदकप्पगुणदीवणा अत्तसोधिनिज्झझा।
अज्जव-मद्दव-लाघव-तुट्ठी पल्हादण च गुणा॥

यही गाथा जरासे पाठान्तरके साथ १३० वें नम्बरपर भी है। उसमे 'तुट्ठी पल्हादण च गुणा' की जगह 'भत्ती पल्हादकरण च' पाठ है।

४—१३० वी गाथा (पृ० ३०७) मे भी 'आयारजीदकप्पगुणदीवणा' पद है। इसका अर्थ विजयोदयामें किया है—"प्रथममगमाचारशब्देनोच्यते। आचारशास्त्रनिर्दिष्टक्रमः आचारजीदशब्देन उच्यते। कल्प्यते अभिधीयते येन अपराधानुरूपो दण्डः सकल्पस्तस्य गुणः उपकारस्तेन निर्वर्त्यत्वात्। अनयोः प्रकाशन आयारजीदकप्पगुणदीवणा।" ५९ वी गाथा (पृ० ७९७) में—णवमम्मिय ज पुव्वे भणिदे कप्पे तहेव ववहारो। अगेसु सेसएसु य पइण्णए चावि तं दिण्ण। ६२२ वीं गाथा (पृ० ८२४) में 'छेदसुदजाणगगणीसे छेदसूत्रज्ञः।'

तीसरी गाथाकी विजयोदया टीका—' अनुयोगद्वारादीनां बहूनामुपन्यासमकृत्वा दिङ्मात्रोपन्यासः ' आदिमें अनुयोगद्वारसूत्रका उल्लेख किया है।

भगवती आराधनामे ( गाथा ११६ पृ० २७७ ) ' पंचवदाणि जदीणं ' आदि आवश्यक सूत्रकी गाथा उद्धृत की है।

४९९ वीं गाथाकी विजयोदयामें " अंगबाह्येत्रा बहुविधविभक्ते सामायिकं चतुर्विंशतीरतवो, वंदना, प्रतिक्रमणं, वैनयिकं, कृतिकर्म, दशवैकालिकं, उत्तराध्ययनं, कल्पव्यवहारः कल्पं महाकल्पं, पुण्डरीकं महापुण्डरीक इत्यादिना विचित्रभेदेन विभक्तो।" ११२३ वी गाथाकी टीका—" तथा चोक्तं कल्पे— हरित तणो सहिगुच्छा " आदि

इन सब बातोंसे सिद्ध है कि शिवार्य भी यापनीय संघके हैं। इस तरहकी और भी अनेक बातें मूल ग्रन्थमें हैं जो दिगम्बर सम्प्रदायके साथ मेल नहीं खातीं।

अपभ्रंश भाषाके महाकवि स्वयंभूको महापुराण ( पुष्पदन्तकृत ) की टिप्पणोंमें यापनीय संघका लिखा है। स्वयंभूके पउमचरिय और हरिवंशपुराण उपलब्ध हैं।

शाकटायनने अपने एक सूत्रमें कहा है, ' उपविशेषवादिन कवयः ' ( १-३-१०४ ) अर्थात् सारे कवि विशेषवादिसे नीचे हैं और वादिराजसूरिने अपने पार्श्वनाथचरितमे उनके ' विशेषाभ्युदय ' काव्यकी प्रशंसा की है। ये विशेषवादि भी यापनीय जान पड़ते हैं।

# आराधना और उसकी टीकायें

## मूल ग्रन्थ

आराधना शौरसेनी प्राकृतमें है और उसमें सब मिलाकर २१७० गाथाओंमें सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्क्चारित्र और सम्यक्तपरूप चार आराधनाओंका विवेचन है। इसी कारण इसका नाम 'आराधना' है। यद्यपि यह 'भगवती आराधना' के नामसे अधिक प्रसिद्ध है; परन्तु वास्तवमें 'भगवती' नामका अंश नहीं, उसका विशेषण है। स्वयं ग्रन्थकर्त्ताने भी मंगलाचरणमें 'आराधना' नाम प्रकट किया है,—'वंदित्ता अरिहंते वुच्छं आराहणा कमसो।' अर्थात् अरहंतोंकी वन्दना करके मैं क्रमशः 'आराधना' कहता हूँ। इसके सिवाय ग्रन्थान्तमें भी कहा है 'आराहणा सिवज्जेण पाणिदलभोइणा रइदा' अर्थात् पाणितलभोजी शिवार्यने 'आराधना' रची। संस्कृत टीकाकार अपराजितने भी 'अपराजितसूरिणा...रचिता आराधना-टीका विजयोदया नाम्ना समाप्ता' लिखकर 'आराधना' नाम ही प्रकट किया है। पण्डित आशाधरजीने अपनी टीकाका नाम 'मूलाराधना-दर्पण' लिखा है। इससे भी मूल ग्रन्थका नाम 'आराधना' ही प्रकट होता है। इसी तरह तीसरी टीकाका नाम भी 'आराधना-पंजिका' है।

मूल ग्रन्थकर्त्ताने एक जगह २१६४ नम्बरकी गाथामें 'आराधना' के लिए स्वयं 'भगवती' विशेषण दिया है; परन्तु वह विशेषण ही है, नाम नहीं और आराधनाके बाद दिया है।

अमितगतिने इस ग्रन्थके संस्कृत अनुवादरूप अपने ग्रन्थको भी आराधना ही कहा है, 'आराधनैषा यदकारि पूर्णा'। हाँ, विशेषण रूपमें अवश्य ही उसके साथ 'भगवती' पद लगाया है, 'आराधना भगवती कथिता स्वशक्त्या।' यह प्रयोग भी मूलकी २१६४ नम्बरकी गाथाके समान है।

यह प्रधानतः मुनि-धर्मका ग्रन्थ है । मुनि-धर्मकी अन्तिम सफलता शान्तिपूर्वक समाधिमरण है और इसमे समाधिमरणका—पण्डितपण्डितमरण, पण्डितमरण आदिका— विशद और विस्तृत विवेचन है ।

## मूल कर्त्ता

ग्रन्थकर्त्ताने ग्रन्थान्तमे अपना परिचय लिखा है—

आर्य जिननंदि गणि, आर्य सर्वगुप्त गणि और आर्य मित्रनन्दिके चरणोंके निकट सूत्रों और नके अभिप्रायको अच्छी तरह समझ करके, पूर्वाचार्योंद्वारा निबद्ध की हुई रचनाके आधारसे पाणितलभोजी ( करतलपर भोजन करनेवाले ) शिवार्यने यह 'आराधना' अपनी शक्तिके अनुसार रची।

ग्रन्थकर्त्ताका पूरा नाम शिवार्य था । अपने तीनों गुरुओंके नामके साथ उन्होंने 'आर्य' विशेषण दिया है । इससे जान पड़ता है कि उनके साथ जो 'आर्य' शब्द है, वह भी विशेषण ही है और इसलिए उनका नाम आर्य शिवनन्दि, शिवगुप्त, शिवकोटि या ऐसा ही कुछ होगा, जो संक्षेपमें 'शिव' हो गया है ।

आदिपुराणके कर्ता जिनसेनने अपने ग्रन्थके प्रारम्भमें लिखा है कि—

वे शिवकोटि मुनीश्वर हमारी रक्षा करें, जिनकी वाणीद्वारा ( निर्मित ) चतुष्टयरूप ( दर्शन-ज्ञान-चरित्र-तपरूप ) मोक्षमार्गका आराधन करके यह जगत् शीतीभूत या शान्त हो रहा है[1] ।

अवश्य ही इसमें 'आराधना' का स्पष्ट उल्लेख नहीं है, परन्तु जिस ढंगसे यह कहा गया है उससे जिनसेनका आशय इसी 'आराधना' से जान पड़ता है। क्यो कि इसमें दर्शन, ज्ञान, चारित्र और तपरूप चार प्रकारकी आराधनाओंका ही विस्तृत व्याख्यान है और इसमे भी सन्देह नहीं है कि वह ससारको शीतीभूत करनेवाला है ।[2] इससे सभव है कि उनका पूरा नाम 'आर्य शिवकोटि' हो ।

---

१ शीतीभूत जगद्यस्य वाचाऽऽराध्य चतुष्टय ।
मोक्षमार्गं स पायान्नः शिवकोटिमुनीश्वरः ॥ ४९ ॥

२ ऐसा जान पड़ता है कि आराधनाकी निम्न लिखित गाथाका 'शीतीभूत' विशेषण उनके ध्यानमें था—

सव्वगंथविमुक्को सीदीभूदो पसन्नचित्तो य ।
जं पावइ पीयिसुहं ण चक्कवट्टी वि त लहई ॥ ११८२

**समन्तभद्रका शिष्यत्व**—प्रभाचन्द्रके आराधनाकथाकोशमें ( वि० स० ११९२–१६ ) और देवचन्द्रके 'राजावलि कथे' ( कनड़ी ) में शिवकोटिको समन्तभद्रका शिष्य बतलाया है। इनके अनुसार वे काशी या कांचीके शैव राजा थे और जब समन्तभद्रके द्वारा स्तुति करानेसे शिवलिंग फटकर उसमेंसे चन्द्रप्रभकी प्रतिमा प्रकट हो गई, तब यह चमत्कार देखकर वे जैन हो गये थे। परन्तु इन कथाओंपर विश्वास नहीं किया जा सकता। जैनधर्मका प्रभाव प्रकट करना ही इनका उद्देश्य है। यह कदापि संभव नहीं कि शिवकोटि अपने ग्रन्थमें अपने इतने बड़े उपकारी गुरु समन्तभद्रका उल्लेख न करें। कमसे कम उनका नामस्मरण तो वे अवश्य करते।

हरिषेणकृत कथाकोश उपलब्ध कथाकोशोंमें सबसे पुराना, श० स० ८५३ ( वि० सं० ९८८ ) का, बना हुआ है। इस ग्रन्थमें जब कि प्रभाचन्द्रके गद्य-कथाकोशकी प्रायः सभी कथायें दी हुई हैं, तब उक्त शिवकोटि और समन्त-भद्रवाली कथा नहीं है। इससे मालूम होता है कि समन्तभद्रके शिष्यत्वकी उक्त कल्पना उसके बहुत बाद की गई है[1]।

शिवकोटिका सबसे पुराना उल्लेख आदिपुराणमें है। जिनसेन जानते थे कि वे किसके शिष्य हैं। यदि वे उन्हें समन्तभद्रका शिष्य जानते तो समन्तभद्रके बाद ही उनकी स्तुति करते। सो न करके उन्होंने बीचमें श्रीदत्त, यशोभद्र और प्रभाचन्द्रकी प्रशस्ति लिखकर फिर शिवकोटिका स्मरण किया है।

कवि हस्तिमल्ल ( वि० की चौदहवीं शताब्दि ) ने 'विक्रान्तकौरव' में समन्त-भद्रके शिवकोटि और शिवायन दो शिष्य बतलाये हैं और उन्हींके अन्वयमें वीरसेन जिनसेनको बतलाया है, परन्तु इस बातका और कोई प्रमाण नहीं है कि समन्त-भद्रकी शिष्यपरम्परामें वीरसेन जिनसेन हुए हैं। शिवकोटि तो खैर ठीक, परन्तु ये 'शिवायन' और कौन हैं ? कहीं 'सिवज्जेण' ( शिवार्येण ) पद ही तो किसी

---

१ प० परमानन्द शास्त्रीने अपने एक लेख ( अनेकान्त वर्ष २, किरण ६ ) में बतलाया है कि शिवार्यने गाथा २०७९–८३ में समन्तभद्रकी तरह गुणव्रतोंमें भोगापभोग-परिणामको न गिनकर देशावकाशिकको ग्रहण किया है और शिक्षाव्रतोंमें देशावकाशिकको न लेकर भोगोपभोगपरिणामका विधान किया है। यदि वे समन्तभद्रके शिष्य होते तो इस विषयमें उनका अनुसरण अवश्य करते।

गलतफहमीसे शिवायन नहीं बन गया है ? अन्यत्र कहीं भी शिवायनका कोई उल्लेख नहीं मिला।

'आराधना' के अतिरिक्त शिवकोटिकी दो रचनायें और बतलाई जाती हैं, जिनमेंसे एक 'रत्नमाला'[1] है। इस संस्कृत ग्रन्थमें केवल ६७ अनुष्टुप् श्लोक हैं। इसके अन्तिम श्लोकमें कहा है कि जो श्रीमान् शुद्ध भावसे इस रत्नमालाका नित्यपाठ करता है, वह शिवकोटिको पा लेता है[2]।

हमारी समझमें यह ग्रन्थ आराधनाके कर्त्ताका नहीं हो सकता। इसकी रचना बहुत ही साधारण है, कोई प्रौढ़ता नहीं। इसके बादके किसी भी ग्रन्थकर्त्ताने इसका कोई पद्य प्रमाण रूपमें भी पेश नहीं किया। इसके सिवाय इसमें लिखा है— कलिकालमें मुनियोंको वनमें न रहना चाहिए। श्रेष्ठ मुनियोंने इसको वर्जित किया है। इस समय उन्हें जैन-मन्दिरोंमें विशेष करके ग्रामादिकोंमें रहना चाहिए[3]।

इससे प्रकट है कि यह उस समयकी रचना है जब दिगम्बर सम्प्रदायमें 'चैत्य-वास' या भट्टारक युग अच्छी तरह चल रहा था, और उसके अनुयायी इतने प्रबल हो गये थे कि उन्होंने वनोंमें रहना वर्जित तक बतला दिया था। मन्दिरों या ग्रामोंमें रहनेको किसी तरह जायज बतलाना एक बात है और उन्हींमें रहना चाहिए, वनमें नहीं, यह दूसरी बात है। यह तो भगवती आराधनासे भी विरुद्ध है। यशस्तिलक चम्पूके सुप्रसिद्ध 'सर्वमेव हि जैनानां' आदि श्लोकको बिगाड़कर रत्नमालाका ६५ वाँ श्लोक बनाया गया है[4]।

श्रवणबेल्गोलके १०५ वें शिलालेखमें जो वि० सं० १४५५ का है, शिवकोटिको तत्त्वार्थसूत्रका टीकाकार बतलाया है—'संसारवाराकरपोतमेतत्तत्त्वार्थसूत्रं तदलंचकार।' अर्थात् जिन्होंने संसार समुद्रको पार करनेके लिए पोत (जहाज) के

---

१ माणिकचन्द्र-ग्रन्थमालाके २१ वें ग्रन्थ 'सिद्धान्तसारादिसंग्रह' में प्रकाशित।

२ यो नित्यं पठति श्रीमान् रत्नमालामिमां परां।
स शुद्धभावतो नूनं शिवकोटित्वमाप्नुयात् ॥ ६७ ॥

३ कलौ काले वने वासो वर्ज्यते मुनिसत्तमैः।
स्थीयेत च जिनागारे ग्रामादिषु विशेषतः ॥ २२ ॥

४ सर्वमेवविधिर्जैनः प्रमाणं लौकिकः सतां।
यत्र न व्रतहानिः स्यात्सम्यक्त्वस्य च खण्डनं ॥ ६५ ॥

समान यह तत्त्वार्थसूत्र अलंकृत किया। इसमें जो 'एतत्' (यह) शब्द है उससे पंडित जुगलकिशोर मुख्तारने यह अनुमान किया है कि उद्धरणका उक्त पद्य तत्त्वार्थसूत्रकी उसी शिवकोटिकृत टीकाकी प्रशस्तिका एक श्लोक है, जो शिलालेखमें एक विचित्र ढंगसे शामिल कर लिया गया है। अन्यथा शिलालेखके पद्योंके अनुक्रममें इस 'एतत्' शब्दकी और किसी तरह संगति नहीं बिठाई जा सकती। यद्यपि अभी तक उक्त तत्त्वार्थटीका उपलब्ध नहीं हुई है; परन्तु वे आराधनाके कर्त्ता शिवार्य या शिवकोटिसे भिन्न कोई दूसरे ही शिवकोटि होंगे और आश्चर्य नहीं जो रत्नमालाके कर्त्ता शिवकोटिकी ही वह रचना हो और यह भी असंभव नहीं कि उनके गुरुका नाम भी समन्तभद्र हो।

हम इसके पहले 'यापनीयोंका साहित्य' शीर्षक लेखमें विस्तारसे बतला चुके हैं कि शिवार्य भी यापनीय सम्प्रदायके थे।

जिनसेनने शिवार्यकी स्तुति की है और शाकटायनने उनके गुरु सर्वगुप्तको बड़ा भारी व्याख्याता बतलाया है, इससे वे इन दोनोंसे पहलेके तो निश्चयपूर्वक हैं, कितने पहलेके सो पता नहीं।

इस ग्रन्थपर अनेक प्राकृत संस्कृत टीकायें लिखी गई हैं, जिनमेंसे नीचे लिखी उपलब्ध हैं—

## टीकाओंका परिचय

१ **श्रीविजयोदया**—इसके कर्त्ता अपराजितसूरि हैं जो चन्द्रनन्दि महाकर्मप्रकृत्याचार्यके प्रशिष्य और बलदेवसूरिके शिष्य थे, आरातीय आचार्योंके चूड़ामणि थे, जिनशासनका उद्धार करनेमें धीर वीर तथा यशस्वी थे और नागनन्दि गणिके चरणोंकी सेवासे उन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ था। श्रीनन्दिगणिकी प्रेरणासे उन्होंने यह विजयोदया टीका लिखी थी।

पं० आशाधरने अपने मूलाराधनादर्पणमें अनेक स्थलोंपर अपराजितका 'श्रीविजयाचार्य' नामसे उल्लेख किया है और अनगारधर्मामृतटीका (पृ० ६७३) में भी एक जगह लिखा है, 'एतच्च श्रीविजयाचार्यविरचितसंस्कृतमूलाराधनटीकायां

१ देखो 'स्वामि समन्तभद्र' के पृष्ठ २२९ की टिप्पणी।

२ देखो गाथा नं० ४४, ५९५, ६८१, ६८२, १७१२, १९९९ की टीका।

सुस्थितसूत्रे विस्तरतः समर्थितं द्रष्टव्यम् ।" इससे जान पड़ता है कि अपराजित 'श्रीविजयाचार्य' भी कहलाते थे । श्रीविजयोदया नाम भी शायद इसीलिए है ।

अपराजित भी यापनीयसंघके थे । इस विषयमें अब कोई सन्देह नहीं रह गया है । क्योंकि उन्होंने 'दशवैकालिक' सूत्रपर भी विजयोदया नामकी टीका लिखी थी जिसका उल्लेख ११९७ वीं गाथाकी टीकामें वे स्वयं इस प्रकार करते हैं, "दशवैकालिकटीकायां श्रीविजयोदयायां प्रपंचिता उद्गमादिदोषा इति नेह प्रतन्यते ।" अर्थात् उद्गमादि दोषोंका वर्णन दशवैकालिककी विजयोदयाटीकामें किया है, इस लिए अब यहाँ नहीं किया जाता । यह बतलानेकी जरूरत नहीं कि 'दशवैकालिक' प्रसिद्ध श्वेताम्बर सूत्रग्रन्थ है ।

पं० सदासुखजीके सामने वचनिका लिखते समय यही टीका मौजूद थी । इस लिए वे ४२७ वीं गाथाकी वचनिकामें लिखते हैं, "इनिका विशेष बहु ज्ञानी होइ सो आगमके अनुसार जाणि विशेष निश्चय करो । बहुरि इस ग्रन्थकी टीकाका कर्त्ता श्वेताम्बर है, दूसरी गाथाके अर्थमें वस्त्र पात्र कम्बलादि पोषै है, कहै है, तातें प्रमाणरूप नाहीं है ।" चूँकि उन्हें यापनीय संघके स्वरूपका कुछ पता नहीं था, इसलिए उन्होंने अपराजितको श्वेताम्बर समझ लिया । वास्तवमें वे यापनीय थे और यापनीयोंकी बहुत-सी बातें श्वेताम्बरसम्प्रदाय जैसी है । वे आचारांग, उत्तराध्यन आगमोंको मानते हैं और अपराजित जगह जगह उनके उद्धरण देकर विषयका निरूपण करते हैं । उनके यापनीय होनेके और भी अनेक प्रमाण 'यापनीयोंका साहित्य' शीर्षक लेखमें दिये जा चुके हैं ।

अपराजितका ठीक समय तो नहीं मालूम हो सका, परन्तु अनुमान यह है कि वे विक्रमकी नवीं शताब्दिके पहले और छठी शताब्दिके बादके है । गंगवंशके पृथ्वीकोङ्गणि महाराजका एक दानपत्र श० सं० ६९८ (वि० सं० ८३३) का मिला है[1] । उसमें यापनीयसंघके चन्द्रनन्दि, कीर्तिनन्दि और विमलचन्द्रको 'लोकतिलक' जैनमन्दिरके लिए एक गाँव दिये जानेका उल्लेख है । अपराजित शायद इन्हीं चन्द्रनन्दिके[2] प्रशिष्य होंगे । उक्त दानपत्रमें उनके एक शिष्य

१ इण्डियन एण्टिक्वेरी जिल्द २ पृ० १५६–५९ ।

२ चन्द्रनन्दिको अपरजितसूरिने महाकर्मप्रकृत्याचार्य लिखा है । श्रवणबेल्गोलके ५४ वें शिलालेखमें जो श० स० १०५० का है, अनेक आचार्योंके साथ एक कर्म-प्रकृति भट्टारकको

कुमारनन्दिकी ही गुरुपरम्परा दी है, दूसरे शिष्य शायद बलदेव हों और उनके शिष्य अपराजित।

छठी गाथाकी विजयोदया टीकामें लिखा है—तथा चाभ्यधायि 'कर्मादान-निमित्तक्रियोपरमो ज्ञानवतश्चारित्रमिति।' चरित्रका लगभग यही लक्षण सर्वार्थ-सिद्धिमें दिया है। इसके सिवाय अपराजितने एक जगह 'एकाग्रचिन्तानिरोधो ध्यानं' सूत्रकी टीकामें[1] सर्वार्थसिद्धिका खण्डन किया है। इससे वे पूज्यपादके बादके अर्थात् छठी शताब्दिके पीछेके हैं।

विजयोदयामें जटा सिंहनन्दिके वरांगचरितके कुछ श्लोक 'उक्तं च' करके दिये हैं[2]। इससे वे सिंहनन्दिसे भी पीछेके हैं।

**२ मूलाराधना-दर्पण**—इसके कर्त्ता प० आशाधर हैं। यह टीका भी श्रीविजयोदया टीकाके साथ छप चुकी है। कारंजाकी जिस प्रतिके आधारसे यह छपी है उसमें अन्तकी प्रशस्तिका एक पृष्ठ नष्ट हो गया है, इसलिए यह न मालूम हो सका कि यह किस संवत्में लिखी गई थी।

**३ आराधना-पञ्जिका**—पूनेके भांडारकर इन्स्टिट्यूटमें इसकी एक प्रति है; परन्तु उसके आद्यन्त-अंशोसे यह नहीं मालूम हो सका कि इसके कर्त्ता कौन है। प्रमेयकमलमार्तण्ड आदिके कर्त्ता और अनेक ग्रन्थोंपर टीकायें तथा पञ्जिकाये लिखनेवाले प्रभाचन्द्रके ग्रन्थोंकी सूचीमें भी एक आराधना-पञ्जिकाका नाम है; परन्तु वह यही है या इसके सिवाय कोई दूसरी, यह नहीं कहा जा सकता। इसमें कोई उत्थानिका या मंगलाचरणसूचक पद्य नहीं है जैसा कि प्रभाचन्द्रके टीकाग्रन्थोंमें प्रायः रहता है[3]।

---

भी नमस्कार किया गया है। ये बहुत करके चन्द्रनन्दि आचार्य होंगे। उक्त शिलालेखसे समयपर कोई प्रकाश नहीं पड़ता है।

१ देखो, भारतीय विद्या वर्ष ३, अंक १ में 'वाचक उमास्वातिका तत्त्वार्थ-भाष्य और उनका सम्प्रदाय।'

२ देखो, हरिषेण कथाकोशकी प्रस्तावना पृ० ५६

३ अन्तका अंश इस प्रकार है—

अज्जजिणणंदि आचार्यजिननन्दिगणिनः सर्वगुप्तगणिनः आचार्यमित्रनंदिनश्च पादमूले सम्यगर्थं श्रुतं चावगम्य। पुव्वारिएत्यादि। पूर्वाचार्यकृतानि च शास्त्राणि उपजीव्येयमाराधना स्वशक्त्या शिवाचार्येण रचिता पाणितलभोजिना। छदुमत्थदाए। छद्मस्थतया यदत्र प्रवचनविरुद्धबद्धं भवेत् तत् सुगृहीतार्थाः शोधयन्तु प्रवचनवत्सलतया। आराहणा भगवदी।

यह एक विचित्र बात है कि इसमें कर्त्ताका नाम तो नहीं है परन्तु इस प्रतिमें तीन वारके प्रतिलिपिकारोंके नाम सुरक्षित हैं। इसकी एक प्रति देवकीर्ति पंडितके विद्यार्थी काहृत्याकने लिखी और सहवासीवंशके यशोधवल पंडितने बुद्धिमानोंके प्यारे श्रीदेवकीर्ति पण्डितको भेंट दी। इस प्रतिके लिखे जानेका समय नहीं दिया है। इस प्रतिपरसे जो दूसरी प्रति लिखी गई, वह रत्नकीर्ति भट्टारकके पट्टशिष्य श्रीप्रभाचन्द्रदेवके शिष्य ब्रह्मचारी नाथूरामने संवत् १४१६ में चैत सुदी ५ सोमवारको अपने पढ़नेके लिए दिल्लीमें लिखाई, जिस समय कि बादशाह फीरोजशाह तुगलकका राज्य था।

इस दूसरी प्रतिपरसे तीसरी प्रति अग्रोतक या अग्रवालवंशके नयपाल साहूके पुत्र कुलधर, गोहिलगोत्री साहू खेतल और साहू राजाके पुत्र वीरपालने लिखाई। किस समयमें लिखाई गई, यह नहीं लिखा।

दूसरे लिपिकर्त्ताने अपना संवत् १४१६ दिया है और उसने वह प्रति अपनेसे पहलेकी प्रति परसे की है। इससे टीकाके निर्माण-कालके विषयमें इतनी बात निश्चयपूर्वक कही जा सकती है कि यह टीका चौदहवीं शताब्दिके बादकी नहीं है।

**४-भावार्थ-दीपिका टीका**—यह टीका भी पूनेके भाण्डारकर-प्राच्य-विद्या-संशोधक मन्दिरमें है[1]। इसके प्रारम्भ और अन्तके अंशसे मालूम होता है कि

---

आराधना भगवती एव भक्त्या कीर्तिता सती सघस्य शिवाचार्यस्य च विपुला सकलभव्यजन-प्रार्थनीयां अव्याबाधसुखां सिद्धिं प्रयच्छतु। इत्याराधनापजिका समाप्ता।

कुंदावदातयशसा सहवासिवशपद्माकरद्युमणिना गुणिनां वरेण।
श्रीदेवकीर्तिविबुधाय बुधप्रियाय दत्त यशोधवलनामधुरधरेण॥

श्रीदेवकीर्तिपण्डितच्छात्रेण काहृत्याकनाम्ना लिखितमिति। सवत् १४१६ वर्षे चैत्रसुदि पचम्या सोमवासरे सकलराजशिरोमुकुटमाणिक्यमरीचिपिञ्जरीकृतचरणकमलपादपीठस्य श्रीपेरोजसाहे सकलसाम्राज्यधुरी बिभ्राणस्य समये श्रीढील्यां श्रीकुन्दाचार्यान्वये सरस्वतीगच्छे बलात्कारगणे भट्टारकश्रीरत्नकीर्तिदेवपट्टोदयाद्रितरुणतरु (तर)णित्वमुर्वीकुर्वाण भट्टारकश्रीप्रभाचन्द्रदेव तच्छिष्याणां ब्रह्मनाथूनां इत्याराधनापजिकायां (?) ग्रन्थ आत्मपठनार्थं लिखापित। मगलमहाश्री। समस्तसघस्य शुभ। अग्रोतकान्वये साधुनयनपालस्तत्पुत्रकुलधर: तथा गोहिलगोत्र साधु षेतल तथा साधु राजा तस्य पुत्र वीरपाललिखापितं॥

१ नं० १११३ आफ १८९५-९६।

२ श्रीमन्तं जिनदेव वीर नत्वामरार्चितं भक्त्या।
वृत्तिं भगवत्याराधनाद्ग्रन्थस्य कुर्वेऽहम्॥ १॥

यह टीका शिवजिद्-अरुण अर्थात् प. शिवजीलालने अपने सुपुत्र मणिजिद्-अरुण (मणिजीलाल या मणिलाल) के लिए बनाई है। वे जयपुरके भट्टारककी गद्दीके पण्डित थे। उन्होंने अपनी गुरुपरम्परा इस प्रकार दी है—भट्टारक महेन्द्रकीर्तिके शिष्य भट्टारक क्षेमकीर्ति, उनके शिष्य प० निहालचन्द, निहालचन्दके शिष्य दयाचन्द, दयाचन्दके दिलसुख और दिलसुखके शिवजीलाल। प्रशस्तिके पाँचवें पद्यमें टीका-निर्माणका समय दिया है, परन्तु उसका पहला चरण कुछ अशुद्ध-सा हो गया है, इस कारण ठीक नहीं बतलाया जा सकता। संवत् १८१८ की जेठ सुदी

---

घनघटितकर्मनाश गुरु च दशाधिप च कुन्दाह्व।
बंदे शिरसा तस्या ग्रन्थसमाप्ति समीप्सुरहम् ॥ २ ॥
वाग्देवी श्रीजैनी नत्वा सप्रार्थ्य ग्रथससिद्धि।
सरला मुग्धा विरचे वृत्ति भावार्थदीपिकासज्ञा ॥ ३ ॥
कृतेय सद्वृत्ति शिवजिदरुणाख्येन विदुषा,
गुणाना सत्ख्यातिर्व्यपहृतसमस्ताघनिकरा।
प्रवक्तु श्रोतुर्या वितरति दिव मुक्तिमपरा,
चिर जीयादेषा बुधजनमनोरजनकरी ॥
महासंघे गच्छे गिरिगणबलात्कारपदके,
गुरौ नन्द्याम्नायेऽन्वयवरगुरौ कुन्दमुनिपे।

*　　　*　　　*

सुजातो वै सूरिर्जयपुरपदस्थो मुनिवरः ॥ २ ॥
महेन्द्रस्तत्पट्टे गुरुगुणनिधि क्षेमवृषा,
तदीय सच्छिष्यो बुधवरनिहालेति पदभाक्।
तदीय सच्छिष्यो गुणनिधिदयाचन्द्रविबुध,
तदीय सत्तेज दिलसुखबुधो ज्ञाननिरत. ॥ ३ ॥
तदीय सच्छिष्य शिवजिदरुणो भक्तिनिरत,
गुरूणामाज्ञावान् धृतजिनसुधर्मोऽभवदिह।
तदीय सत्पुत्रो मणिजिदरुणाख्यो लघुमति–
स्तदर्थं वृत्तिर्वा प्रकटितपथाकारि रुचिरा ॥ ४ ॥
समे वस्वेकार्येंदुमिति शुभपक्षे शुचिभवे,
त्रयोदश्येहोत्ये (?) चरमसमये बारांधिपणे
ऽनुराधानक्षत्रे शुभसुयशर्द्धिप्रजननी,
चिर जीयादेषा भुवि जिनमतोद्योतनकरी ॥
इति भगवती आराधनाटीका समाप्ता।

१३ गुरुवारको टीका समाप्त हुई है। पं० शिवजीलाल पं० सदासुखजीके ही समकालीन विद्वान् थे और एक प्रकारसे उनके प्रतिपक्षी थे। उस समय तेरह-पन्थ और बीसपन्थमे बहुत कटुता बढी हुई थी। शिवजीलालका एक तेरहपन्थ-खण्डन नामका ग्रन्थ भी है। उन्होंने रत्नकरण्ड, चर्चासंग्रह, बोधसार, दर्शनसार, अध्यात्मतरंगिणी आदि अनेक ग्रन्थोंकी भाषावचनिकायें लिखी हैं। वे कट्टर बीसपन्थी या भट्टारकपन्थी थे।

५–**संस्कृत आराधना**—माथुरसंघीय अमितगतिने शिवकोटिकी आराधनापर टीका तो नहीं लिखी है, परन्तु उसका संस्कृत पद्योंमें अनुवाद किया है जो विजयोदया और दर्पणके साथ प्रकाशित हो चुका है। पं० आशाधरजीने अपने अनगारधर्मामृतकी टीकामे इस संस्कृत 'आराधना' के कुछ श्लोक उद्धृत भी किये हैं।

आराधनाकी प्रत्येक गाथाका अभिप्राय लेकर मुख्यतः संस्कृत अनुष्टुप् श्लोकोंमे इसकी रचना की गई है, बीच बीचमें दूसरे छन्द भी हैं। रचना प्रायः अनुवादरूप ही है। जिस प्रतिपरसे उक्त मुद्रण हुआ है, उसमे प्रारम्भके १९ श्लोक नहीं है, नष्ट हो गये हैं[1]।

## अन्य टीकायें और टिप्पण

विजयोदया टीकामें पहली गाथाकी टीकाका प्रारंभ करते हुए लिखा है—

"सिद्धे जयप्पसिद्धे इत्यादि। अत्रान्ये कथयन्ति निवृत्तविषयरागस्य निराकृतसकलपरिग्रहस्य क्षीणायुषस्साधकस्याराधनाविधानावबोधनार्थमिदं शास्त्रं तस्याविघ्नप्रसिद्ध्यर्थमियं मंगलस्य कारिका गाथेति। असंयतसम्यग्दृष्टि-संयतासंयता-संयतस्य वा निवृत्तविषयरागता सकलग्रन्थपरित्यागो वास्ति। क्षीणायुष इति चानुपपन्नं। अक्षीणायुषोप्याराधकतां दर्शयिष्यति सूत्रे 'अणुलोमा वा सत्तू चारित्त-विणासया[2] हवे जस्स' इति।"

अर्थात् यहाँ 'अन्य' कहते हैं कि जिसके विषयराग निवृत्त हो गये हैं, जो सकल परिग्रहसे रहित है, जिसकी आयु क्षीण हो गई है, उस साधकको आराधनाकी विधि बतलानेके लिए यह शास्त्र है और उसकी विघ्नरहित सिद्धिके लिए

१ संस्कृत आराधनाका अन्तिम अंश आगे 'अमितगति' शीर्षक लेखमें देखिए।

२ पूनेकी प्रतिमें और बम्बईकी प्रतिमें भी 'विराधना' पाठ है।

यह मंगलकारिका गाथा है। परन्तु जब असंयतसम्यग्दृष्टि, संयतासंयत और प्रमत्तसंयत आदि भी आराधक या साधक हैं, तब उन्हें निवृत्तविषयराग और निराकृतसकलपरिग्रह कैसे कह सकते हैं? क्यों कि असंयतसम्यग्दृष्टि और संयतासंयतके निवृत्तविषयरागता और सकलपरिग्रहपरित्याग नहीं बन सकता है। इसी तरह क्षीणायुष कहना भी नहीं बन सकता है, क्यों कि 'अणुलोमा वा सत्तू' आदि सूत्रमें अक्षीणायु भी आराधक होता है, ऐसा दिखलाया है।

इस उल्लेखसे ऐसा मालूम होता है कि विजयोदया टीकाकारके सामने कोई टीका थी, जिसमें 'सिद्धे जयप्पसिद्धे' आदि गाथाकी टीकामें साधकको निवृत्तविषयराग, निराकृतसकलपरिग्रह और क्षीणायुष विशेषण दिये हैं; परन्तु इन विशेषणोंका देना वे ठीक नहीं समझते हैं।

इसके सिवाय उन्होंने और भी कई जगह (पृ० १४) 'अत्र परा व्याख्या' 'अत्रान्ये व्याचक्षते' आदि कहकर अपना मत-भेद प्रकट किया है, इतना ही नहीं किन्तु अनेक स्थलोंपर तो वे उन पूर्ववर्तिनी टीकाओंका खण्डन करते हुए भी पाये जाते हैं। इससे उनके समक्ष अन्य टीकायें जरूर थीं, यह निश्चयपूर्वक कहा जा सकता है।

पृ० १०५ में 'अन्या व्याख्या' कहकर उसका खण्डन किया है और पंडित मरणका अर्थ प्रशस्त मरण किया है—"पण्डितशब्दः प्रशस्तमित्यस्मिन्नर्थे कप्रयुक्तो दृष्टो येनैवं व्याख्यायते? किं च आगमान्तरानुगतं चेदं व्याख्यानम्।"

पं० हीरालालजी शास्त्रीने जैनसिद्धान्तभास्कर (भाग ५, किरण ३) में अन्य टीकाओंके सम्बन्धमें कुछ और भी प्रकाश डाला है।

१ पं० आशाधरने गाथा नं ४३० की व्याख्यामें मनुष्य-भवकी दुर्लभता बतलाते हुए 'चुल्लय पास धण्णं' आदि गाथाका उल्लेख करनेके बाद लिखा है, "एते चुल्लीभोजनादिकथासम्प्रदायाः दशापि प्राकृतटीकादिषु विस्तरेणोक्ताः प्रतिपत्तव्याः।"

२ गाथा नं० ५२५ की व्याख्यामें लिखा है, "षट्त्रिंशद्गुणा यथा—अष्टौ ज्ञानाचाराः, अष्टौ दर्शनाचाराश्च, तपो द्वादशविधं, पंचसमितयः, तिस्रो गुप्तयश्चेति संस्कृतटीकायां। प्राकृतटीकायां तु अष्टाविंशतिमूलगुणाः आचारवत्त्वादयश्चाष्टौ, इति षट्त्रिंशत्।"

---

१ आराधनाकी ७२ वीं गाथा।

३ गाथा नं० ५५० के 'काउसग्ग' पदकी व्याख्या करते हुए लिखा है, "काउसग्गं सामायिकदण्डकस्तवप्रयोगपूर्वकं बृहत्सिद्धभक्तिं कृत्वोपविश्य लघु-सिद्धभक्तिं करोतीति प्राकृतटीकाकाम्नायः।"

४ इनसे एक प्राकृतटीका और एक संस्कृतटीकाके अस्तित्वका स्पष्ट पता लगता है। इनके सिवाय जान पड़ता है कि कुछ और भी गद्यात्मक टीकाये थीं, जिनके कर्त्ता मूलगाथाओंके कुछ भिन्न भिन्न पाठ निर्देश करते थे और टीका भी भिन्न करते थे। यथा—

गाथा नं० १८१८—एषा प्राकृतटीकाकारमतेन व्याख्या। अन्ये 'संयम मेज्झाणीति' पठित्वा अमेध्ययोग्यास्त्वयमशुचीनि सन्तीत्यर्थमाहुः। अपरे पुनः सलिलादीनित्यादिसूत्रं सामान्येन व्याख्यायोत्तरसूत्रेण प्रकृतं देहाशुचित्वं अनुसदधते।

गाथा १९६७—अन्ये तु वासे वासे इति पठित्वा वर्षे वर्षे इत्यर्थं व्याचक्रुः। अपरे मासे मासे इति पाठं मत्वा एव शब्दं विकल्पार्थमीषुः।

गाथा १९६८—अन्ये 'एगंता सलोगा' इति पठित्वा एकान्तपरैः प्रायेणा-दृश्या इत्यर्थं प्रतिपन्नाः ××× अपरे तु 'दूरमगोढ़ा' इत्यस्य निषद्यास्थान-स्तभापेक्षया बहुधः प्रवेशेत्यर्थमाहुः।

५ अमितगतिके सस्कृतपद्यानुवादके अतिरिक्त एक और पद्यानुवाद किसीका है जिसके लगभग सौसे अधिक पद्य आशाधरजीने अपनी टीकामें 'उक्तं च' 'तथोक्तं' इत्यादिके रूपमें उद्धृत किये हैं[२]।

पं० जिनदासजी फडकुलेने अपनी भूमिकामें लिखा है कि आशाधरजीने 'विदग्धप्रीतिवर्द्धनी' नामक टीकाका भी उल्लेख किया है।

---

१ प० जुगलकिशोरजी मुख्तारने (अनेकान्त वर्ष २, किरण १ में) 'किमिरागकबलस्स' आदि गाथा (न० ५३७) की टीका (मूलाराधनादर्पण) का एक उद्धरण और दिया है जिसमें सस्कृतटीकाका और उल्लेख है।

२ उनमेंसे एक यह है—

मूल—पडिचोदणासहणवायखुभिदपडिवयणदधणाइद्धो।
चंडो हु कसायग्गी सहसा सपज्जिलेज्जाहि॥ २६५

अनु०—प्रतिवचनेन्धनजनित- प्रतिकूलाचरणपवनसचलितः।
चण्डः कषायदहन- सहसा संप्रज्वलेत्पापः।

इसी गाथाका अमितगतिकृत पद्यानुवाद यह है—

वाक्यासहिष्णुतावात्या प्रेरित कोपपावकः।
उदेति सहसा चंडो भूरिप्रत्युत्तरेन्धनः॥ २६५

पं० आशाधरके सामने मूलग्रन्थके कुछ टिप्पण भी थे। उनमेंसे एक तो श्रीचन्द्रकृत टिप्पण[1] था, जिसका उल्लेख गाथा नं० ५८९ की टीकामें इस प्रकार किया है—" श्रीचन्द्रटिप्पणके त्वेवमुक्तम्।"

इसके सिवाय एक और टिप्पणकी खोज पं० जुगलकिशोरजी मुख्तारने (अनेकान्त वर्ष १, कि० १) आराधना-दर्पणसे लगाई है, जो जयनन्दिका है—

गाथा नं० १९९९—कम्मेत्यादि। अत्र स कर्ममलः मिथ्यात्वादिस्तोककर्माणि। सिद्धि सर्वार्थसिद्धिमिति जयनन्दिटिप्पणे व्याख्या।

इन सब उल्लेखोंसे मालूम होता है कि भगवती आराधनापर पूर्वोक्त उपलब्ध टीकाओंके अतिरिक्त और भी अनेक टीकायें थीं जो अपराजितके सामने थीं और आशाधरके सामने भी। आशाधरने जयनन्दि और श्रीचन्द्रके दो टिप्पणोंका भी उपयोग किया है। साथ ही एक अमितगतिका तथा दूसरा किसी अज्ञातनामका, इस तरह दो संस्कृत पद्यानुवाद, भी उनके समक्ष थे। इन टीका टिप्पणोंमें कुछ अपराजितके समान यापनीयोंके होंगे और कुछ आशाधार अमितगतिके समान दिगम्बरोंके।

जिस ग्रन्थपर इतने अधिक टीका टिप्पण अनुवादादि किये गये, उसकी महत्ताके विषयमें क्या कहना है। बहुत कम ग्रन्थ ऐसे हैं जिनको इतनी अधिक टीकाओंका सौभाग्य प्राप्त हुआ हो।

---

१ ये वही श्रीचन्द्र जान पडते है जिन्होंने पुष्पदन्तके उत्तरपुराण और रविषेणके पद्मचरितके टिप्पण और पुराणसार आदि ग्रन्थ लिखे हैं, जो भोजदेवके समयमें १०८७ में थे और जिनके गुरुका नाम श्रीनन्दि था।

# पद्मचरित और पउमचरिय

रविषेणका पद्मचरित[1] (पद्मपुराण) संस्कृतका बहुत प्रसिद्ध ग्रन्थ है और उसका हिन्दी अनुवाद तो उत्तर भारतके जैनोंमें घर घर पढ़ा जाता है, परन्तु विमलसूरिके पउमचरियको[2] बहुत ही कम लोग जानते हैं, क्योंकि एक तो वह प्राकृतमें है और दूसरे उसका कोई अनुवाद नहीं हुआ।

रविषेणने पद्मचरितकी रचना महावीर भगवान्के निर्वाणके १२०३ वर्ष बाद अर्थात् वि० सं० ७३३ के लगभग[3] और विमलसूरिने वीर नि० सं० ५३० या वि० सं० ६० के लगभग[4] की। जिस तरह पउमचरिय प्राकृत जैन-कथा-साहित्यका सबसे प्राचीन ग्रन्थ है, उसी तरह पद्मपुराण संस्कृत जैन-कथा-साहित्यका।

विमल राहू नामक आचार्यके प्रशिष्य और विजयके शिष्य थे[5]। विजय नाइलकुलके थे। इसी तरह रविषेण अर्हन्मुनिके प्रशिष्य और लक्ष्मणसेनके शिष्य थे। अर्हन्मुनिके गुरु दिवाकर यति और उनके गुरु इन्द्र थे[6]।

---

१ माणिकचन्द्र-जैन-ग्रन्थमाला, बम्बईद्वारा प्रकाशित।

२ जैनधर्मप्रसारक सभा, भावनगरद्वारा प्रकाशित।

३ द्विशताभ्यधिके समासहस्रे समतीतेऽर्धचतुर्थवर्षयुक्ते।
जिनभास्करवर्द्धमानसिद्धे चरितं पद्ममुनेरिदं निबद्धम्॥ १८५॥

४ पंचेव वाससया दुसमाए तीसवरससंजुत्ता।
वीरे सिद्धिमुवगए तओ निबद्धं इमं चरियं॥ १०३॥

५ राहू नामायरिओ स-समय-परसमयगहियसब्भाओ।
विजओ य तस्स सीसो नाइलकुलवंसनंदियरो॥ ११७॥
सीसेण तस्स रइयं राहवचरियं तु सूरिविमलेण।
सोऊणं पुव्वगए नारायण-सीरि-चरियाइं॥ ११८॥

६ आसीदिन्द्रगुरोर्दिवाकरयतिः शिष्योऽस्य चार्हन्मुनिः।
तस्माँल्लक्ष्मणसेनसन्मुनिरदः शिष्यो रविस्तुस्मृतः॥ ६९॥

नाइलकुलका उल्लेख नन्दिसूत्र-स्थविरावलीमें मिलता है। भूतिदिन्न आचार्यको भी जो आर्य नागार्जुनके शिष्य थे 'नाइलकुलवंशनंदिकर' विशेषण दिया गया है। जैनागमोंकी नागार्जुनी वाचनाके कर्त्ता यही माने जाते हैं। मुनि कल्याण-विजय आर्य स्कन्दिल और नागार्जुनको लगभग समकालीन मानते हैं[१] और स्कन्दिलका समय वि० स० ३५६ के लगभग है। पुष्पिकामें विमलको पूर्वधर[२] कहा है।

रविषेणने न तो अपने किसी संघ या गण-गच्छका कोई उल्लेख किया है और न स्थानादिकी ही चर्चा। परन्तु सेनान्त नामसे अनुमान होता है कि शायद वे सेनसंघके हों और इनकी गुरुपरम्पराके पूरे नाम इन्द्रसेन, दिवाकरसेन, अर्हत्सेन और लक्ष्मणसेन हों।

उद्योतनसूरिने अपनी कुवलयमालामें जो वि० स० ८३५ के लगभगकी रचना है विमलके विमलांक (पउमचरिय) की और रविषेणके पद्मचरितकी (तथा जटिल-मुनिके वरांगचरितकी भी) सराहना की है[३]। इससे मालूम होता है कि उनके सामने ये दोनों ही ग्रन्थ मौजूद थे[५]।

पुन्नाटसंघी जिनसेनने भी अपने हरिवंशपुराण (वि० सं० ८४०) में, उद्योतनसूरिके पाँच वर्ष बाद ही, रविषेणके पद्मचरितकी प्रशंसा[६] की है।

---

१ देखो,'वीर-निर्वाण-संवत् और जैन-कालगणना', नागरी-प्रचारिणी पत्रिका, भाग १०-११

२ जारिसय विमलको विमलको तारिस लहइ अत्थ।
अमयमइय च सरस सरस चि य पाइअ जस्स॥

३ जेहि कए रमणिज्जे वरंग-पउमाणचरियवित्थारे।
कहव ण सलाहणिज्जे ते कइणो जडिय-रविसेणो॥

४ पुन्नाटसंघीय जिनसेनने और अपभ्रंश भाषाके कवि धवलने रविषेणके बाद जटिल-मुनिका उल्लेख किया है, इससे अनुमान होता है कि जटा-सिंहनन्दिका वरांगचरित शायद रविषेणके पद्मचरितके बादका हो।

५ पउमचरियकी जयसिंहदेवके राज्य कालमें ताडपत्रपर लिखी गई वि० स० ११९८ की एक प्रति भड़ोचमें उपलब्ध हुई है। (देखो जैसलमेरके ग्रन्थ-भंडारकी सूची पृ० १७)

६ कृतपद्मोदयोद्योता प्रत्यहं परिवर्तिता।
मूर्तिः काव्यमयी लोके रवेरिव रवेः प्रिया॥ ३४॥

## प्राकृतका पल्लवित छायानुवाद

दोनों ग्रन्थकर्ताओंने अपने अपने ग्रन्थमें रचना-काल दिया है, उससे यह स्पष्ट है कि पउमचरिय पद्मपुराणसे पुराना है और दोनों ग्रन्थोंका अच्छी तरह मिलान करनेसे माळूम होता है कि पद्मपुराणके कर्त्ताके सामने पउमचरिय अवश्य मौजूद था। पद्मपुराण या पद्मचरित एक तरहसे प्राकृत पउमचरियका ही पल्लवित किया हुआ संस्कृत छायानुवाद है। पउमचरिय अनुष्टुप् श्लोकोंके प्रमाणसे दस हजार है और पद्मचरित अठारह हजार। अर्थात् प्राकृतसे संस्कृत अनुवाद लगभग पौने दो गुना है। प्राकृत ग्रन्थकी रचना आर्या छन्दमें है और संस्कृतकी अनुष्टुप् छन्दमें, इसलिए पद्मपुराणमें पद्य तो शायद दो गुनेसे भी अधिक होंगे। छायानुवाद कहनेके कुछ कारण—

१ दोनोंका कथानक बिल्कुल एक है और नाम भी एक है।

२ पर्वों या उद्देश्यों तकके नाम दोनोंके प्रायः एकसे हैं।

३ हरएक पर्व या उद्देश्यके अन्तमें दोनोंने छन्द बदल दिये हैं।

४ पउमचरियके उद्देश्यके अन्तिम पद्यमें ' विमल ' और पद्मचरितके पर्वके अन्तिम पद्यमें ' रवि ' शब्द अवश्य आता है। अर्थात् एक विमलाङ्क है और दूसरा रव्यङ्क।

५ पद्मचरितमें जगह जगह प्राकृत आर्याओंका शब्दशः संस्कृत अनुवाद दिखलाई देता है। ऐसे कुछ पद्य परिशिष्टमे नमूनेके तौरपर दे दिये गये हैं और उसी तरहके सैकड़ों और भी दिये जा सकते हैं।

पल्लवित कहनेका कारण यह है कि मूलमें जहाँ स्त्री-रूपवर्णन, नगर-उद्यानवर्णन आदि प्रसंग दो चार पद्योंमें ही कह दिये गये हैं वहाँ अनुवादमें ड्योढ़े दूने पद्य लिखे गये हैं। इसके भी कुछ नमूने अन्तमें दे दिये गये हैं।

पउमचरियके कर्त्ताने चौथे उद्देश्यमें ब्राह्मणोंकी उत्पत्ति बतलाते हुए कहा है कि जब भरत चक्रवर्तीको माळूम हुआ कि वीर भगवानके अवसानके बाद ये लोग कुतीर्थी पाषण्डी हो जायँगे और झूठे शास्त्र बनाकर यज्ञोंमें पशुओंकी हिंसा करेंगे, तब उन्होंने उन्हें शीघ्र ही नगरसे निकाल देनेकी आज्ञा दे दी, और इस कारण जब लोग उन्हें मारने लगे, तब ऋषभदेवने भरतको यह कहकर रोका कि हे पुत्र, इन्हें ' मा हण, मा हण ' =मत मारो, मत मारो, और तबसे लोग उन्हें ' माहण ' कहने लगे।

संस्कृत 'ब्राह्मण' शब्द प्राकृतमें 'माहण' (ब्राह्मण) हो जाता है। इस-लिए प्राकृतमें तो उसकी ठीक उपपत्ति उक्त रूपसे बतलाई जा सकती है। परन्तु संस्कृतमें वह ठीक नहीं बैठती। क्योंकि संस्कृत 'ब्राह्मण' शब्दमेंसे 'मत मारो' जैसी कोई बात खींच तानकर भी नहीं निकाली जा सकती। संस्कृतमें रूपान्तर करनेवाले रविषेणके सामने यह कठिनाई अवश्य आई होगी, परन्तु वे लाचार थे[1]; क्योंकि मूल कथा तो बदली नहीं जा सकती, और संस्कृतके अनुसार उपपत्ति बिठानेकी स्वतंत्रता कैसे ली जाय? इस लिए अनुवाद करके ही उनको सन्तुष्ट होना पड़ा।—

> यस्मान्मा हननं पुत्र कार्षीरिति निवारितः।
> ऋषभेण ततो याता 'माहना' इति ते श्रुतिम्॥ ४-१२२

इस प्रसंगसे यही जान पड़ता है कि प्राकृत ग्रन्थ ही संस्कृतमें रूपान्तरित हुआ है।

परन्तु इसके विरुद्ध कुछ लोगोंने तो यह कहने तकका साहस किया है कि संस्कृतसे प्राकृतमें अनुवाद किया गया है। परन्तु वह साहस ही है। प्राकृतसे तो संस्कृतमें बीसों ग्रन्थोंके अनुवाद हुए हैं[2] बल्कि साराका सारा प्राचीन जैनसाहित्य ही प्राकृतमें था। भगवान् महावीरकी दिव्यध्वनि भी अर्धमागधी प्राकृतमें ही हुई थी। संस्कृतमें ग्रन्थ-रचना करनेकी ओर तो जैनाचार्योंका ध्यान बहुत पीछे गया है और संस्कृतसे प्राकृतमें अनुवाद किये जानेका तो शायद एक भी उदाहरण नहीं है।

इसके सिवाय प्राकृत पउमचरियकी रचना जितनी स्वाभाविक और आडम्बर-रहित है, उतनी पद्मचरितकी नहीं है। जहाँ जहाँ वह शुद्ध अनुवाद है, वहाँ तो खैर ठीक है, परन्तु जहाँ पल्लवित किया गया है वहाँ अनावश्यक रूपसे बोझिल कर

---

१ मा हणसु पुत्त एए ज उसभजिणेण वारिओ भरओ।
तेण इमे सयल च्चिय वुच्चंति य 'माहणा' लोए॥ ४-८४

२ उदाहरणार्थ भगवती आराधना और पंच-संग्रहके अमितगतिसूरिकृत संस्कृत अनु-वाद, देवसेनके भावसंग्रहका वामदेवकृत संस्कृत अनुवाद, अमरकीर्तिके 'छक्कोमवएस' का संस्कृत 'षट्कर्मोपदेश-माला' नामक अनुवाद, सर्वनन्दिके लोकविभागका सिंहसूरिकृत संस्कृत अनुवाद आदि।

दिया गया है। उदाहरणके लिए अंजना और पवनंजयके समागमको ले लीजिए। प्राकृतमें केवल चार पाँच आर्या छन्दोंमें इस प्रसंगको सुन्दर ढंगसे कह दिया गया है, परन्तु संस्कृतमें बाईस पद्य लिखे गये हैं और बड़े विस्तारसे आलिंगन-पीडन, चुम्बन, दशनच्छद, नीवी-विमोचन, सीत्कार, आदि काम-कलायें तक चित्रित की गई हैं जो अश्लीलताकी सीमा तक पहुँच गई हैं।

## पउमचरियके रचना-कालमें सन्देह

विमलसूरिने स्वयं पउमचरियकी रचनाका समय वीर नि० सं० ५३० (वि० ६०) दिया है; परन्तु कुछ विद्वानोंने इसमें सन्देह किया है। डा० हर्मन जैकोबी उसकी भाषा और रचना-शैलीपरसे अनुमान करते हैं कि वह ईसाकी तीसरी चौथी शताब्दिकी रचना है[1]। डा० कीथ[2], डा० बुलनैर[3] आदि भी उसे ईसाकी तीसरी शताब्दिके लगभगकी या उसके बादकी रचना मानते हैं। क्योंकि उसमें 'दीनार' शब्दका और ज्योतिषशास्त्रसम्बन्धी कुछ ग्रीक शब्दोंका उपयोग किया गया है। दी० ब० केशवराव ध्रुव तो उसे और भी अर्वाचीन कहते हैं। वे छन्दोंके क्रम-विकासके इतिहासके विशेषज्ञ थे। इस ग्रन्थके प्रत्येक उद्देसके अन्तमें जो गाहिणी, शरभ आदि छन्दोंका उपयोग किया गया है, वह उनकी समझमें अर्वाचीन है। गीतिमें यमक और सर्गान्तमें 'विमल' शब्दका आना भी उनकी दृष्टिमें अर्वाचीनताका द्योतक है। परन्तु ये अधिकतर ऐसे अनुमान हैं जिनपर बहुत भरोसा नहीं रक्खा जा सकता। इसके सिवाय डा० विंटरनीज, डा० लायमन, आदि विद्वान् वीर नि० ५३० को ही पउमचरियकी रचनाका काल मानते हैं। न माननेका उनकी समझमें कोई कारण नहीं है।

## राम-कथाकी विभिन्न धारायें

राम-कथा भारतवर्षकी सबसे अधिक लोकप्रिय कथा है और इसपर विपुल साहित्य निर्माण किया गया है। हिन्दू, बौद्ध और जैन इन तीनोंमें ही यह कथा अपने अपने ढंगसे लिखी गई है और तीनों ही धर्म रामको अपना अपना महापुरुष मानते हैं।

---

१ एन्साइक्लोपेडिया आफ रिलिजन एण्ड एथिक्स भाग ७; पृ० ४३७ और माडर्न रिव्यू दिसम्बर सन् १९१४। २ कीथका संस्कृत साहित्यका इतिहास। ३ इन्ट्रोडक्शन टू प्राकृत।

अभी तक अधिकांश विद्वानोंका मत यह है कि इस कथाको सबसे पहले वाल्मीकि मुनिने लिखा और संस्कृतका सबसे पहला महाकाव्य ( आदि काव्य ) वाल्मीकि रामायण है। उसके बाद यह कथा महाभारत, ब्रह्मपुराण, पद्मपुराण, अग्निपुराण, वायुपुराण आदि सभी पुराणोंमें थोड़े थोड़े हेरफेरके साथ संक्षेपमें लिपिबद्ध की गई है। इसके सिवाय अध्यात्म रामायण, आनन्द रामायण, अद्भुत रामायण नामसे भी कई रामायण ग्रन्थ लिखे गये। बृहत्तर भारतके जावा, सुमात्रा आदि देशोंके साहित्यमें भी इसका अनेक रूपान्तरोंके साथ विस्तार हुआ।

अद्भुत रामायणमें सीताकी उत्पत्तिकी कथा सबसे निराली है। उसमें लिखा है कि दण्डकारण्यमें गृत्समद नामके एक ऋषि थे। उनकी स्त्रीने प्रार्थना की कि मेरे गर्भसे साक्षात् लक्ष्मी उत्पन्न हो। इसपर उसके लिए वे प्रतिदिन एक घड़ेमें दूधको अभिमन्त्रित करके रखने लगे कि इतनेमें एक दिन वहाँ रावण आया और उसने ऋषिपर विजय प्राप्त करनेके लिए अपने बाणोंकी नोकें चुभा चुभाकर उनके शरीरका बूँद बूँद रक्त निकाला और उसी घड़ेमें भर दिया। फिर वह घड़ा उसने मन्दोदरीको जाकर दिया और चेता दिया कि यह रक्त विषसे भी तीव्र है। परन्तु मन्दोदरी यह सोचकर उस रक्तको पी गई कि पतिका मुझपर सच्चा प्रेम नहीं है और वह नित्य ही परस्त्रियोंमें रमण किया करता है, इस लिए अब मेरा मर जाना ही ठीक है। परन्तु उसके योगसे वह मरी तो नहीं, गर्भवती हो गई। पतिकी अनुपस्थितिमें गर्भ धारण हो जानेसे अब वह उसे छुपानेका प्रयत्न करने लगी और आखिर एक दिन विमानमें बैठकर कुरुक्षेत्र गई और उस गर्भको जमीनमें गाड़कर वापस चली आई। उसके बाद हल जोतते समय वह गर्भजात कन्या जनकजीको मिली और उन्होंने उसे पाल लिया। वही सीता है।

विष्णुपुराण ( ४-५ ) में भी लिखा है कि जिस समय जनकवंशीय राजा सीरध्वज पुत्र-लाभके लिए यज्ञ-भूमि जोत रहे थे, उसी समय लाङ्गलके अग्रभागसे सीता नामक दुहिता उत्पन्न हुई।

बौद्धोंके जातक ग्रन्थ काफी प्राचीन हैं जिनमें बुद्धदेवके पूर्व-जन्मकी कथायें लिखी गई हैं। दशरथ जातकके अनुसार काशीनरेश दशरथकी सोलह हजार रानियाँ थीं। उनमेंसे मुख्य रानीसे राम लक्ष्मण ये दो पुत्र और सीता नामकी एक कन्या हुई। फिर मुख्य रानीके मरनेपर दूसरी जो पट्टरानी हुई उससे भरत

नामका पुत्र हुआ। यह रानी बड़े पुत्रोंका हक मारकर अपने पुत्रको राज्य देना चाहती थी। तब इस भयसे कि कहीं यह बड़े पुत्रोंको मार न डाले, राजाने उन्हें बारह वर्षतक अरण्यवास करनेकी आज्ञा दे दी और वे अपनी बहिनके साथ हिमाचल चले गये और वहाँ एक आश्रम बनाकर रहने लगे। नौ वर्षके बाद दशरथकी मृत्यु हो गई और तब मन्त्रियोंके कहनेसे भरतादि उन्हें लेने गये; परन्तु वे अवधिके भीतर किसी तरह लौटनेको राजी नहीं हुए, इसलिए भरत रामकी पादुकाओंको ही सिंहासनपर रखकर उनकी ओरसे राज्य चलाने लगे। आखिर बारह वर्ष पूरे होनेपर वे लौटे, उनका राज्याभिषेक हुआ और फिर सीताके साथ ब्याह करके उन्होंने १६ हजार वर्षतक राज्य किया। पूर्वजन्ममें शुद्धोदन राजा दशरथ, उनकी रानी महामाया रामकी माता, राहुल-माता सीता, बुद्धदेव रामचन्द्र, उनके प्रधान शिष्य आनन्द भरत, और सारिपुत्र लक्ष्मण थे।

इस कथामें सबसे अधिक खटकनेवाली बात रामका अपनी बहिन सीताके साथ ब्याह है। परन्तु इतिहास बतलाता है कि उस कालमें शाक्योंके राजघरानोंमें राजवंशकी शुद्धता सुरक्षित रखनेके लिए भाईके साथ भी बहिनका विवाह कर दिया जाता था। यह एक रिवाज था।

इस तरह हम हिन्दू और बौद्ध साहित्यमें राम-कथाके तीन रूप देखते हैं, एक वाल्मीकि रामायणका, दूसरा अद्भुत रामायणका और तीसरा बौद्ध जातकका।

## जैन रामायणके दो रूप

इसी तरह जैन-साहित्यमें भी राम-कथाके दो रूप मिलते हैं, एक तो पउमचरिय और पद्मचरितका और दूसरा गुणभद्राचार्यके उत्तरपुराणका। पद्मचरित या पउमचरियकी कथा तो प्रायः सभी जानते हैं, क्योंकि जैनरामायणके रूपमें उसीकी सबसे अधिक प्रसिद्धि है, परन्तु उत्तरपुराणकी कथाका उतना प्रचार नहीं है जो उसके ६८ वें पर्वमें वर्णित है। उसका संक्षिप्त सार यह है—

राजा दशरथ काशी देशमें वाराणसीके राजा थे। रामकी माताका नाम सुबाला और लक्ष्मणकी माताका नाम केकेयी था। भरत-शत्रुघ्न किसके गर्भसे उत्पन्न हुए यह नहीं लिखा। केवल 'कस्यांचित् देव्यां' लिख दिया है। सीता मन्दोदरीके गर्भसे उत्पन्न हुई थी; परन्तु भविष्यद्वक्ताओंके यह कहनेसे कि वह

नाशकारिणी है, रावणने उसे मंजूषामें रखवाकर मरीचिके द्वारा मिथिलामें भेजकर जमीनमें गड़वा दिया। दैवयोगसे हलकी नोकमे उलझ जानेसे वह राजा जनकको मिल गई और उन्होंने उसे अपनी पुत्रीके रूपमें पाल लिया। इसके बाद जब वह ब्याहके योग्य हुई, तब जनकको चिन्ता हुई। उन्होंने एक वैदिक 'यज्ञ' किया और उसकी रक्षाके लिए राम-लक्ष्मणको आग्रहपूर्वक बुलवाया। फिर रामके साथ सीताको ब्याह दिया। यज्ञके समय रावणको आमंत्रण नहीं भेजा गया, इससे वह अत्यन्त क्रुद्ध हो गया और इसके बाद जब नारदके द्वारा उसने सीताके रूपकी अतिशय प्रशंसा सुनी तब वह उसको हर लानेकी सोचने लगा।

केकेयीके हठ करने, रामको वनवास देने, आदिका इस कथामें कोई जिक्र नहीं है। पंचवटी, दण्डकवन, जटायु, सूर्पनखा, खरदूषण आदिके प्रसंगोंका भी अभाव है। बनारसके पासके ही चित्रकूट नामक वनसे रावण सीताको हर ले जाता है और फिर उसके उद्धारके लिए लंकामें राम-रावण युद्ध होता है। रावणको मारकर राम दिग्विजय करते हुए लौटते हैं और फिर दोनों भाई अयोध्यामें राज करने लगते हैं। सीताके अपवादकी और उसके कारण उसे निर्वासित करनेकी भी चर्चा इसमें नहीं है। लक्ष्मण एक असाध्य रोगमें ग्रसित होकर मर जाते हैं और इससे रामको उद्वेग होता है। वे लक्ष्मणके पुत्र पृथ्वीसुन्दरको राजपदपर और सीताके पुत्र अजितजयको युवराजपदपर अभिषिक्त करके अनेक राजाओं और अपनी सीता आदि रानियोंके साथ जिन-दीक्षा ले लेते हैं।

इसमें सीताके आठ पुत्र बतलाये हैं, पर उनमें लव-कुशका नाम नहीं है। दशानन विनमि विद्याधरके वंशके पुलस्त्यका पुत्र था। शत्रुओंको रुलाता था, इस कारण वह रावण कहलाया। आदि।

उत्तरपुराणकी यह राम-कथा श्वेताम्बर सम्प्रदायमें प्रचलित नहीं है। आचार्य हेमचन्द्रके त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरितमें जो राम-कथा है वह बिल्कुल 'पउमचरिय' की कथाके अनुरूप है। ऐसा मालूम होता है कि पउमचरिय और पद्मचरित दोनों ही हेमचन्द्राचार्यके सामने मौजूद थे।

जैसा कि पहले लिखा जा चुका है, दिगम्बर सम्प्रदायमें भी इसी कथाका अधिक प्रचार है और पीछेके कवियोंने तो प्रायः इसी कथाको संक्षिप्त या पल्लवित करके अपने अपने ग्रन्थ लिखे हैं। फिर भी उत्तरपुराणकी कथा बिल्कुल उपेक्षित नहीं हुई है। अनेक कवियोंने उसको भी आदर्श मानकर काव्य-रचना की है।

उदाहरणके लिए महाकवि पुष्पदन्तको ही ले लीजिए। उन्होंने अपने उत्तर-पुराणके अन्तर्गत जो रामायण लिखी है, वह गुणभद्रकी कथाकी ही अनुकृति है। कनड़ीके चामुण्डराय-पुराणमें भी यही कथा है।

पउमचरिय और पद्मचरितकी कथाका अधिकांश वाल्मीकि रामायणके ढंगका है और उत्तरपुराणकी कथाका जानकी-जन्म विष्णुपुराणके ढंगका। दशरथ बनारसके राजा थे, यह बात बौद्ध जातकसे मिलती जुलती है। उत्तरपुराणके समान उसमें भी सीता-निर्वासन, लव-कुश-जन्म आदि नहीं हैं।

अर्थात् भारतवर्षमें राम-कथाकी जो दो तीन परम्परायें हैं, वे जैन सम्प्रदायमें भी प्राचीन कालसे चली आ रही हैं। पउमचरियके कर्त्ताने कहा है कि उस पद्म-चरितको मैं कहता हूं जो आचार्योंकी परम्परासे चला आ रहा है और नामावलीनिबद्ध है[1]। इसका अर्थ यह है कि रामचन्द्रका चरित्र उस समय तक केवल नामावलीके रूपमें था, अर्थात्, उसमें कथाके प्रधान-प्रधान पात्रोंके, उनके माता-पिताओं, स्थानों और भवान्तरों आदिके नाम ही होंगे, वह पल्लवित कथाके रूपमें न होगा और उसीकी विमलसूरिने विस्तृत चरितके रूपमें रचना की होगी[2]।

धर्मसेन गणिने वसुदेव-हिंडिके दूसरे खंडमें जो कुछ कहा है उससे भी यही मालूम होता है कि उनका वसुदेवचरित भी गणितानुयोगके क्रमसे निर्दिष्ट था। उसमें कुछ श्रुत-निबद्ध था और कुछ आचार्यपरम्परागत[3]।

---

१ णामावलियनिबद्धं आयरियपरंपरागयं सव्वं।
वोच्छामि पउमचरियं अहाणुपुव्विं समासेण॥ ८॥

२ जैनाचार्योंके अनेक कथा-ग्रन्थोंमें परस्पर जो असमानता है, भिन्नता है, उसका कारण भी यही मालूम होता है। उनके सामने कुछ तो 'नामावलीनिबद्ध' साहित्य था और कुछ आचार्यपरम्परासे चली आई हुई स्मृतियां थीं। इन दोनोंके आधारसे अपनी अपनी रुचिके अनुसार कथाको पल्लवित करनेमें भिन्नता हो जाना स्वाभाविक है। एक ही संक्षिप्त प्लाटको यदि आप दो लेखकोंको देंगे तो उन दोनोंकी पल्लवित रचनायें निस्सन्देह भिन्न हो जायेंगी। तिलोयपण्णत्तिमें जो करणानुयोग या गणितानुयोगका ग्रन्थ है, उक्त नामावली-निबद्ध कथासूत्र दिये हुए हैं।

३ "अरहंत-चक्कि-वासुदेव-गणितानुयोग-क्रमणिद्दिट्ठं वसुदेवचरितं ति। तत्थ य किंचि सुयनिबंद्धं किंचि आयरइ-परंपरागएण आगतं। ततो अवधारितं मे।"

जब विमलसूरि पूर्वोक्त नामावलीके अनुसार अपने ग्रन्थकी रचनामें प्रवृत्त हुए तब ऐसा मालूम होता है कि उनके सामने अवश्य ही ऐसी लोक-प्रचलित रामायण रही होगी जिसमें रावणादिको राक्षस, वसा-रक्त-मांसका खाने-पीनेवाला और कुंभकर्णको छह छह महिने तक इस तरह सोनेवाला कहा है कि पर्वततुल्य हाथियोंके द्वारा अंग कुचले जाने, कानोंमें घड़ों तेल डाले जाने और नगाड़े बजाये जाने पर भी वह नहीं उठता था और जब उठता था तो हाथी भैंसे आदि जो कुछ सामने पाता था, सब निगल जाता था[1]। उनकी यह भूमिका इस बातका संकेत करती है कि उस समय वाल्मीकि रामायण या उसी जैसी कोई राम-कथा प्रचलित थी और उसमें अनेक अलीक, उपपत्तिविरुद्ध और अविश्वसीय बातें थीं, जिन्हें सत्य, सोपपत्तिक और विश्वासयोग्य बनानेका विमलसूरिने प्रयत्न किया है। जैनधर्मका नामावलीनिबद्ध ढाँचा उनके समक्ष था ही और श्रुति-परम्परा या आचार्यपरम्परासे आया हुआ कुछ कथासूत्र भी था। उसीके आधार-पर उन्होंने पउमचरियकी रचना की।

उत्तरपुराणके कर्त्ता उनसे और रविषेणसे भी बहुत पीछे हुए हैं, फिर उन्होंने इस कथानकका अनुसरण क्यों नहीं किया, यह एक प्रश्न है। यह तो बहुत कम संभव है कि इन दोनों ग्रन्थोंका उन्हें पता न हो और इसकी भी संभावना कम है कि उन्होंने स्वयं ही विमलसूरिके समान किसी लोकप्रचलित कथाको ही स्वतंत्र रूपसे जैनधर्मके साँचेमें ढाला हो क्योंकि उनका समय वि० स० ९५५ है, जो बहुत प्राचीन नहीं है। हमारा अनुमान है कि गुणभद्रसे बहुत पहले विमलसूरिके ही समान किसी अन्य किसी आचार्यने भी स्वतंत्र रूपसे जैनधर्मके अनुकूल सोपपत्तिक और विश्वसनीय राम-कथा लिखी होगी और वह गुणभद्रको गुरु-परम्परासे मिली होगी। गुणभद्रके गुरु जिनसेनने अपना आदिपुराण कविपरमेश्वरकी गद्य-कथाके

---

१ देखो आगे परिशिष्टमें पउमचरियकी न० १०७ से ११६ तककी गाथायें।

२ पुष्पदन्तने तो अपने उत्तरपुराणमें राम-कथाका प्रारम्भ करते हुए वाल्मीकि और व्यासका स्पष्ट उल्लेख भी किया है—

वम्मीय-वास-वयणिहिं णडिउ, अण्णाणु कुमग्गकूवि पडिउ।—६९ वीं सन्धि

३ अलियं पि सव्वमेयं उववत्तिविरुद्धपच्चयगुणेहिं।
नय सद्दहंति पुरिसा हवंति जे पंडिया लोए॥

आधारसे लिखा था—" कविपरमेश्वरनिगदितगद्यकथामातृकं पुरोश्चरितम्। ” और उसके पिछले कुछ अंशकी पूर्ति स्वयं गुणभद्रने भी की है। जिनसेनने कवि-परमेश्वर या कविपरमेष्ठीको ' वागर्थसंग्रह ' नामक समग्र पुराणका कर्त्ता बतलाया है[२]। अतएव मुनिसुव्रत तीर्थंकरका चरित्र भी गुणभद्रने उसीके आधारसे लिखा होगा जिसके अन्तगत राम-कथा भी है। चामुण्डरायने भी कवि परमेश्वरका स्मरण किया है[३]।

गरज यह कि पउमचरिय और उत्तरपुराणकी राम-कथाकी दो धारायें अलग अलग स्वतंत्ररूपसे निर्मित हुई और वे ही आगे प्रवाहित होती हुई हम तक आई हैं।

इन दो धाराओंमें गुरुपरम्परा-भेद भी हो सकता है। एक परम्पराने एक-धाराको अपनाया और दूसरीने दूसरीको। ऐसी दशामें गुणभद्रने पउमचरियकी धारासे परिचित होनेपर भी इस खयालसे उसका अनुसरण न किया होगा कि वह हमारी गुरुपरम्पराकी नहीं है[४]।

पउमचरियकी रचना वि० सं० ६० में हुई है और यदि जैनधर्म दिगम्बर-श्वेताम्बर-भेदोंमें वि० सं० १३६ के लगभग ही विभक्त हुआ है जैसा कि दोनों

---

१ देखो, उत्तरपुराणकी प्रशस्ति।

२ स पूज्यः कविभिर्लोके कवीनां परमेश्वरः।
वागर्थसंग्रहं कृत्स्नपुराणं यः समग्रहीत्॥ ६०॥—आदिपुराण

३ चामुण्डरायका बनाया हुआ त्रिषष्टिलक्षणमहापुराण ( चामुण्डराय-पुराण ) कनडी भाषामें है। उसके प्रारम्भमें लिखा है कि उस चरित्रको पहले कूचि भट्टारक, तदनन्तर नन्दिमुनीश्वर, फिर कविपरमेश्वर और तदनन्तर जिनसेन-गुणभद्र, एकके बाद एक, परम्परासे कहते आये हैं। इससे भी मालूम होता है कि कविपरमेश्वरका चौबीसों तीर्थंकरोंका चरित्र था। चामुण्डरायके समान गुणभद्रने भी उसीके आधारसे उत्तरपुराण लिखा और कवि-परमेश्वरसे भी पहले नन्दिमुनि और कूचिभट्टारकने भी।

४ उसीका अवलम्बन करके दिगम्बर सम्प्रदायमें ब्रह्म जिनदासकृत रामपुराण, सोमसेनकृत रामचरित, हरिषेणकृत कथाकोषके रामायणकथानक, सीताकथानक, रामचन्द्रमुमुक्षुकृत पुण्यास्रव कथाकोशकी लवकुश-कथा, स्वयंभुकृत पउमचरिय ( अपभ्रंश ), नागचन्द्रकृत पम्परामायण ( कनडी ), कुमुदेन्दुकृत रामायण ( कनडी ), देवचन्द्रकृत रामकथावतार आदि और श्वेताम्बर सम्प्रदायमें हेमचन्द्रकृत त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित, पद्मविजयगणिकृत रामचरित आदि।—देखो, रे० कामिल बुल्केकृत रामकथा।

सम्प्रदायवाले मानते हैं, तो फिर कहना होगा कि यह उस समयका है जब जैन-धर्म अविभक्त था। हमें इस ग्रन्थमें कोई ऐसी बात नहीं मिली जिसपर दोमेंसे किसी एक सम्प्रदायकी कोई गहरी छाप हो और जिससे हम यह निर्णय कर सकें कि विमलसूरि अमुक सम्प्रदायके ही थे। बल्कि कुछ बातें ऐसी हैं जो श्वेताम्बर-परम्पराके विरुद्ध जाती हैं और कुछ दिगम्बरपरम्पराके विरुद्ध[1]। इससे ऐसा मालूम होता है कि यह एक तीसरी ही, दोनोंके बीचकी, धारा थी।

## पउमचरियके कुछ विशिष्ट कथन

१—इस ग्रन्थके प्रारम्भमें कहा गया है कि भगवान् महावीरका समवसरण विपुलाचलपर आया, तब उसकी खबर पाकर मगधनरेश श्रेणिक वहाँ पहुँचे और उनके पूछनेपर गोतम गणधरने रामकथा कही[2]। दिगम्बर सम्प्रदायके प्रायः सभी कथा-ग्रन्थोंका प्रारम्भ इसी तरह होता है। कहीं कहीं ही गोतम स्वामीके बदले सुधर्मा स्वामीका नाम रहता है[3]। परन्तु जहाँ तक हम जानते हैं श्वेताम्बर सम्प्रदायके कथा-ग्रन्थोंमें आम तौरसे 'सुधर्मा स्वामीने जम्बूसे कहा,' इस तरह कहनेकी पद्धति है। जैसे कि संघदासवाचकने वसुदेव हिंडिके प्रथमांशमें कहा है कि सुधर्म स्वामीने जम्बूसे प्रथमानुयोगगत तीर्थंकर-चक्रवर्ति-यादववंशप्ररूपणागत वसुदेवचरित कहा[4]। अन्य ग्रन्थोंमें भी यही पद्धति है।

---

१ पं० परमानन्दजी शास्त्री (अनेकान्त वर्ष ५ अंक ११—१२) के अनुसार पउमचरियके बाईसवें उद्देश्यमें (गाथा ७८–७९) राजा सुदासकी कथामें लिखा है कि दक्षिण देशमें भ्रमण करते हुए उसे 'सियवर' मुनि मिले और उनसे उसने श्रावकके व्रत ले लिये। और पं० फूलचन्द्रजी सिद्धान्त शास्त्रीने बतलाया कि तेरासीवें पर्वमें लिखा है कि कैकयीने सौ स्त्रियोंके साथ प्रव्रज्या ली और उत्तम सिद्धपद प्राप्त किया। —नारीण सएहिं तिहिं पासे अज्जाए पुहइ सच्चाए। पव्वइया दढभावा सिद्धपयं उत्तमं पत्ता॥ १२

२ वीरस्स पवरठाणं विउलगिरीमत्थये मणभिरामे।
तह इंदभूयिकहियं सेणियरण्णस्स णीसेसं॥ ३४॥—पउमचरिय प्र० उ०

३ श्रेणिकप्रश्नमुद्दिश्य सुधर्मो गणनायकः।
यथोवाच मयाप्येतदुच्यते मोक्षलिप्सया॥—क्षत्रचूडामणि

४ तत्थ ताव 'सुहम्मसामिणा जंबुनामस्स पढमाणुओगे तित्थयर-चक्कवट्टि-दसार-वंसपरूवणागयं वसुदेवचरियं कहियं' ति तस्सेव पभवो कहेयव्वो, तप्पभवस्सय पभवस्स त्ति।

२—जिन भगवानकी माताको जो स्वप्न आते हैं, उनकी संख्या दिगम्बर सम्प्रदायमें १६ बतलाई है और श्वेताम्बर सम्प्रदायमे १४, परन्तु पउमचरियमें १५ स्वप्न हैं। आवश्यक सूत्रकी हारिभद्रीय वृत्तिमें ( पृ० १७८ ) लिखा है कि विमान और भवन ये दो स्वप्न ऐसे हैं कि इनमेंसे जिन-माताओंको एक ही आता है। जो तीर्थंकर देवत्वसे च्युत होकर आते हैं उनकी माता विमान देखती है और जो अधो लोकसे आते हैं उनकी माता भवन देखती है। परन्तु पउमचरियमें विमान और भवन दोनो ही स्वप्न मरुदेवीने एक साथ देखे हैं[1]।

३—दूसरे उद्देसकी ३० वीं गाथामें भगवानको जब केवल-ज्ञान उत्पन्न हुआ, तब उन्हें 'अष्टकर्मरहित' विशेषण दिया गया है[2] और यह विशेषण शायद दोनो ही सम्प्रदायोंकी दृष्टिसे चिन्तनीय है। क्योंकि केवल-ज्ञान होते समय केवल चार घातिया कर्मोंका ही नाश होता है, आठोंका नहीं।

४—चौथे उद्देसकी ५८ वीं गाथामें भरत चक्रवर्तीकी ६४ हजार रानियाँ बतलाई है[3]। यह सख्या श्वेताम्बर-परम्पराके अनुसार है, दिगम्बर सम्प्रदायके अनुसार चक्रवर्तीको ९६ हजार रानियाँ होती हैं[4]।

५—पउमचरियके दूसरे उद्देसमें भगवान् महावीर बाल-भावसे उन्मुक्त होकर तीस बरसकी उम्रमें जिन हो गये और एक दिन संवेग होनेसे उन्होंने प्रव्रज्या

---

१ वसह गय सीह वरसिरि दामं ससि रवि झय च कलसं च।
सर सायर विमाण वरभवण रयणकूडग्गी ॥ ६२ ॥—तृ० उद्देस।

रविषेणने पद्मचरितमें दिगम्बर सम्प्रदायके अनुसार स्वप्नोंकी सख्या १६ कर दी है—" अद्राक्षीत्षोडशस्वप्नानिति श्रेयोविधायिन. ॥ "

२ अह अट्ठकम्मरहियस्स तस्स झाणोवओगजुत्तस्स।
सयलजगुज्जोयगर केवलणाणं समुप्पण्ण ॥ ३०

३ चउसट्ठिसहस्साइं जुवईणं परमरूवधारीणं।

४ पद्मचरितमें ( चौथा पर्व, ६६ वॉ श्लोक ) रविषेणने यह संख्या अपने सम्प्रदायके अनुसार संशोधित करके ९६ हजार कर दी है—" पुरन्ध्रीणां सहस्राणि नवति षड्भिरन्वितः। "

ग्रहण कर ली[१]। इसमें उनके विवाहित होनेकी कोई चर्चा नहीं है और कुमारावस्थामें ही दीक्षित होना प्रकट किया है[२]। बीसवें उद्देसकी गाथा ९७–९८ से भी यही ध्वनित होता है कि मल्लिनाथ, अरिष्टनेमि, पार्श्व, महावीर और वासुपूज्य ये पाँच तीर्थंकर कुमार-कालमें ही घरसे निकल गये और शेष तीर्थंकर पृथ्वीका

१ सुरवइदिन्नाहारो अंगुट्ठयअमयलेवलेहेणं,
उम्मुक्कबालभावो तीसइ वरिसो जिणो जाओ।
अह अन्नया कयाई संवेगपरो जिणो मुणियदोसो,
लोगतियपरिकिण्णो पव्वज्जमुवागओ वीरो॥ ३०—पउम० २

२ इस लेखके पिछले संस्करणमें ( पृ० २८५ ) लिखा गया था कि अभी अभी एक विद्वानसे मालूम हुआ कि श्वेताम्बर सम्प्रदायके एक प्राचीन ग्रन्थमें भी महावीरको अविवाहित बतलाया है और फिर परिशिष्टमें ( पृ० ५७२ ) में उस ग्रन्थकी अर्थात् आवश्यक-सूत्रकी हरिभद्रवृत्तिकी नीचे लिखी हुई दो गाथायें देकर उनका अर्थ दिया था—

वीर अरिट्ठनेमिं पास मल्लिं च वासुपुज्जं च।
एए मुत्तूण जिणे अवसेसा आसि रायाणो॥ ५२१
रायकुलेसु वि जाया विसुद्धवंसेसु खत्तियकुलेसु।
ण य इच्छिआभिसेआ कुमारवासंमि पव्वइया॥ ५२२

इसकी अन्तिम पंक्तिके ' इच्छिआभिसेआ ' पदके ठीक ठीक न लिखे जानेसे ऊपर लिखी गलत धारणा बन गई। ' च्छ ' और ' त्थ ' अक्षर अक्सर गलत पढ़ लिये जाते है। आगमोदय समितिने उपर्युक्त ग्रन्थका जो प्रकाशन किया, उसमें ' इत्थिआभिसेआ ' छप गया और सम्पादकने उक्त गलत धारणाको और मजबूत करनेके लिए पृष्ठके नीचे यह टिप्पणी जड़ दी—' स्त्रीपाणिग्रहण-राज्याभिषेकोभयरहिता इत्यर्थः। ' वास्तवमे उक्त पदकी संस्कृत छाया होती है—'न च इच्छिताभिषेका। ' और यही ठीक है। तब दोनों गाथाओंका सरल अर्थ यह होता है—महावीर, अरिष्टनेमि, पार्श्व, मल्लि और वासुपूज्य, इन ( पाँच ) को छोड़कर शेष तीर्थंकर राजा हुए। ये पाँचों विशुद्ध क्षत्रियवंश और राजकुलोंमें उत्पन्न हुए। इन्होंने राज्याभिषेककी इच्छा नहीं की और कुमारावस्थामें ही ये प्रव्रजित हो गये।

श्वे० स० मे मल्लि तीर्थंकरको स्त्री माना है। उनके साथ पूर्वोक्त टिप्पणीका ' स्त्री-पाणिग्रहण और राज्याभिषेक दोनोंसे रहित ' अर्थ ठीक नहीं बैठ सकता।

सुप्रसिद्ध विद्वान् प० बेचरदासजी दोसी अपने ता० १५–५–५५ के पत्रमें लिखते हैं कि उक्त टिप्पणीको पढ़कर मैंने उस समय तुरन्त ही ' जैन ' ( साप्ताहिक ) पत्रमें इसकी चर्चा की थी; परन्तु प्रकाशकोंने कोई ध्यान नहीं दिया।

राज्य भोगकर निष्क्रान्त हुए। कहनेकी आवश्यकता नहीं कि यह उल्लेख साधारणतः दिगम्बर-परम्पराके अनुकूल है। परन्तु कुमार-कालका अभिप्राय अविवाहित अवस्थासे नहीं है। इन तीर्थंकरोंका राज्याभिषेक नहीं हुआ।

परिश्रम करनेसे इस तरहकी और भी अनेक बातोंका पता लग सकेगा जिनमेंसे कुछ दिगम्बर सम्प्रदायके अधिक अनुकूल होंगी और कुछ श्वेताम्बर सम्प्रदायके।

इन सब बातोंसे हमारा झुकाव उस तीसरी धाराकी ओर होता है जो उस समयकी है जब दिगम्बर और श्वेताबर सम्प्रदायोंके मत-भेद व्यवस्थित और दृढ़ नहीं हुए थे। उन्होंने आगे चलकर ही धीरे धीरे स्थायित्व और दृढ़त्व प्राप्त किया है। पहले वे किसी ग्रन्थके पाठ-भेदोंके समान साधारण मत-भेद थे, परन्तु पीछे समयने और सम्प्रदाय-मोहने उन्हें मजबूत बना दिया।

हमारा अनुमान है कि शायद यह तीसरी धारा वह है जिसका प्रतिनिधित्व यापनीय संघ करता था और पउमचरिय शायद उसीके द्वारा बहुत समय तक सुरक्षित रहा है। इस बातकी पुष्टि स्वयंभूके 'पउमचरिय' से भी होती है जो यापनीय संघके थे और जिन्होंने अपने समक्ष उत्तरपुराणानुमोदित रामायण-कथाके रहते हुए भी पउमचरियका ही अनुसरण किया है।

**सूचना**—हमारे इस लेखके प्रकाशित होनेके बाद प्रयाग-विश्वविद्यालयकी हिंदी परिषद्ने नवम्बर १९५० में रेवेरेण्ड कामिल बुल्केका लिखा हुआ 'राम-कथा' नामक बृहत् निबन्ध प्रकाशित किया है। उसमे यत्र तत्र हमारे लेखका भी उपयोग किया है। यह निबन्ध एक विदेशी विद्वानद्वारा हिन्दीमें ही लिखा गया है और इसीपर उन्हें डि० फिल० की उपाधि मिली है। राम-कथाके मूल स्रोत, उसके विभिन्न देशी विदेशी, विभिन्न भाषाओं और विभिन्न धर्मोंद्वारा दिये गये रूप, उनके प्रारंभ और विकास आदिपर विस्तृत प्रकाश डाला गया है। असीम परिश्रम किया गया है। इस विषयके जिज्ञासुओंको इसे अवश्य पढ़ना चाहिए।

---

१ निद्धतकणयवण्णा सेसा तित्थकरा समक्खाया,
मल्ली अरिट्ठनेमी पासो वीरो य वासपुज्जो य ९७
एए कुमारसीहा गेहाओ णिग्गया जिणवरिंदा,
सेसा वि हु रायाणो पुहई भोत्तूण णिक्खंता॥ ९८—पउम० २

# परिशिष्ट

[ पउमचरिय और पद्मचरितके कुछ छायानुवादरूप उद्धरण ]

सुव्वंति लोयसत्थे रावणपमुहा य रक्खसा सव्वे ।
वस-लोहिय-मंसाई भक्खणपाणे कयाहारा ॥ १०७ ॥
किर रावणस्स भाया महाबलो नाम कुंभयण्णो त्ति ।
छम्मासं विगयभओ सेज्जासु निरंतरं सुयइ ॥ १०८ ॥
जइ वि य गएसु अंगं पेलिज्जइ गरुयपव्वयसमेसु ।
तेल्लघडेसु य कण्णा पूरिज्जंते सुयंतस्स ॥ १०९ ॥
पडुपडहतूरसद्दं ण सुणइ सो सम्मुहं पि वज्जंतं ।
नय उट्ठेइ महप्पा सेज्जाए अपुण्णकालम्मि ॥ ११० ॥
अह उट्ठिओ वि सतो असणमहा (णामह) घोरपरिगयसरीरो ।
पुरओ हवेज्ज जो सो कुंजर-महिसाइणो गिलइ ॥ १११ ॥
काऊण उदरभरण सुरमाणुसकुंजराइबहुएसु ।
पुणरवि सेज्जारूढो भयरहिओ सुयइ-छम्मासं ॥ ११२ ॥
अन्नं पि एव सुव्वइ जइ इंदो रावणेण संगामे ।
जिणिऊण नियलबद्धो लंकानयरी समाणीओ ॥ ११३ ॥
को जिणऊण समत्थो इंदं ससुरासुरे वि तेलोक्के ।
जो सागरपेरंतं जंबुद्दीवं समुद्धरइ ॥ ११४ ॥
एरावणो गइंदो जस्स यि वज्जं अमोहपहरत्थ ।
तस्स किर चिंतिएण वि अन्नो वि भवेज्ज मसिरासी ॥ ११५ ॥
सीहो मएण निहओ साणेण य कुंजरो जहा भग्गो ।
तह विवरीयपयत्थं कईहिं रामायण रइयं ॥ ११६ ॥
अलियं पि सव्वमेयं उववत्तिविरुद्धपच्चयगुणेहिं ।
न य सद्दहंति पुरिसा हवंति जे पंडिया लोए ॥ ११७ ॥
एवं चिंतंतो च्चिय संसयपरिहारकारणं राया ।
जिणदरिसणुस्सुयमणो गमणुच्छाहो तओ जाओ ॥ ११८ ॥

—पउमचरिय दूसरा उद्देस

श्रूयन्ते लौकिके ग्रन्थे राक्षसा रावणादयः ।
वसाशोणितमांसादिपानभक्षणकारिणः ॥ २३० ॥
रावणस्य किल भ्राता कुम्भकर्णो महाबलः ।
घोरनिद्रापरीतः षण्मासान् शेते निरन्तरम् ॥ २३१ ॥
मत्तैरपि गजैस्तस्य क्रियते मर्दनं यदि ।
तप्ततैलकटाहैश्च पूर्येते श्रवणौ यदि ॥ २३२ ॥
भेरीशंखनिनादेपि सुमहानपि जन्यते ।
तथापि किल नायाति कालेऽपूर्णे विबुद्धताम् ॥ २३३ ॥
क्षुत्तृष्णा व्याकुलश्चासौ विबुद्धः सन्महोदरः ।
भक्षयत्यग्रतो दृष्ट्वा हस्त्यादीनपि दुर्द्धरः ॥ २३४ ॥
तिर्यग्भिर्मानुषैर्देवैः कृत्वा तृप्तिं ततः पुनः ।
स्वपित्येव विमुक्तान्यनिःशेषपुरुषस्थितिः ॥ २३५ ॥
अमराणां किलाधीशो रावणेन पराजितः ।
आकर्णाकृष्टनिर्मुक्तैर्बाणैर्मर्मविदारिभिः ॥ २४१ ॥
देवानामधिपः क्वासौ वराकः क्वैष मानुषः ।
तस्य चिंतितमात्रेण यायाद्यो भस्मराशिताम् ॥ २४२ ॥
ऐरावतो गजो यस्य यस्य वज्रं महायुधम् ॥ ।
समेरुवारिधिं क्षोणीं योऽनायासात्समुद्धरेत् ॥ २४३ ॥
मृगैः सिंहवधः सोऽयं किलानां पेषणं तिलैः
वधो गंडूपदेनाहेर्गजेन्द्रशासनं शुना ॥ २४६ ॥
अश्रद्धेयमिदं सर्वं वियुक्तमुपपत्तिभिः ।
भगवन्तं गणाधीशं सोऽहं पृष्टास्मि गौतमम् ॥ २४८ ॥

—पद्मपुराण द्वि० पर्व

आपुच्छिऊण सव्वं मायापियपुत्तसयणपरिवग्गं ।
तो मुयइ भूसणाइं कडिसुत्तयकडयवत्थाइं ॥ १३५ ॥
सिद्धाण णमुक्कारं काऊण य पंचमुट्ठियं लोयं ।
चउहि सहस्सेहि समं पत्तो जइणं ( य जिणो ) परमदिक्खं ॥ १३६ ॥

—पउमचरिय तृ० उ०

आपृच्छनं ततः कृत्वा पित्रोर्बन्धुजनस्य च
नमः सिद्धेभ्य इत्युक्त्वा श्रामण्यं प्रतिपद्यत ॥ २८२ ॥
अलंकारैः समं त्यक्त्वा वसनानि महामुनिः ।
चकारासौ परित्यागं केशानां पंचमुष्टिभि. ॥ २८३ ॥

—पद्मचरित तृ० प०

अह एवं परिकहिए पुणरवि मगहाहिवो पणमिऊणं ।
पुच्छइ गणहरवसहं मणहरमहुरेहि वयणेहिं ॥ ६४ ॥
वण्णाण समुप्पत्ती तिण्ह पि सुया मए अपरिसेसा ।
एत्तो कहेह भयवं उप्पत्ती सुत्तकठाण ॥ ६५ ॥
तो भणइ जिणवरिंदो भरह न कप्पइ इमो उ आहारो ।
समणाण संजयाणं कीयगदुद्दोसनिप्फण्णो ॥ ७१ ॥

—पउमच० च० उद्देस

अथैवं कथितं तेन गौतमेन महात्मना ।
श्रेणिकः पुनरप्याह वाक्यमेतत्कुतूहली ॥ ८५ ॥
वर्णत्रयस्य भगवन्सभवो मे त्वयोदितः
उत्पत्तिं सूत्रकण्ठानां ज्ञातुमिच्छामि साम्प्रतम् ॥ ८६ ॥
इत्युक्ते भगवानाह भरतेय न कल्पते ।
साधूनामीदृशी भिक्षा या तदुद्देशसंस्कृता ॥ ९५ ॥

—पद्मचरित च० प०

जे वि य ते पढमयरं पव्वज्ज गेण्हिऊण परिवडिया ।
ते वक्कलपरिहीणा तावसपासंडिणो जाया ॥ ८५ ॥
ताण य सीसपसीसा मोहंता जणवयं कुसत्थेसु ।
भिग्गंगिरमादीया जाया बीजं वसुमईए ॥ ८६ ॥

—पउमचरिय च० उद्देस

ये च ते प्रथमं भग्ना नृपा नाथानुगामिनः ।
व्रतारंभममी चक्रुः स्वबुद्धिपरिकल्पितम् ॥ १२४ ॥
तेषां शिष्याः प्रशिष्याश्च मोहयंतः कुहेतुभिः ।
जगद्दर्पपरायत्ताः कुशास्त्राणि प्रचक्रिरे ॥ १२५ ॥

भृगुरंगोंगिरा बह्नि: कपिलोत्रिविंदस्तथा ।
अन्ये च बहवोऽज्ञानाज्जाता बल्कलतापसाः ॥ १२६ ॥
—पद्मचरित च० पर्व

एवं भवंतरकएण तवोबलेण पावंति देवमणुएसु महंत सोक्खं ।
को एत्थ दड्ढनीसेसकसायमोहा सिद्धा भवन्ति विमला मलपंकमुक्का ॥२७१॥
—प० चरिय प० उ०

एवं भवान्तरकृतेन तपोबलेण संप्राप्नुवंति पुरुषा मनुजेषु भोगान् ।
देवेषु चोत्तम गुणागुणभूषितांगः निर्दग्धकर्मपटलाश्च भवंति सिद्धाः ॥ ४०५
—पद्मचरित प० प०

एयं हलहरचरियं नियय जो पढइ सुद्धभावेणं ।
सो लहइ बोहिलाभं बुद्धिबलाउं च अइपरमं ॥ ९३ ॥
उज्जयसत्थो वि रिवू खिप्पं उवसमइ तस्स उवसग्गो ।
अज्जिणइ चेव पुण्ण जसेण सरिस न संदेहो ॥ ९४ ॥
रज्जरहिओ वि रज्जं लहइ धणत्थी महाधणं विउलं ।
उवसमइ तक्खणं चिय वाही सोमा य होंति गहा ॥ ९५ ॥
महिलत्थी वरमहिल पुत्तत्थी गोत्तनंदणं पुत्तं ।
लहइ परदेसगमणे समागमं चेव बंधूणं ॥ ९६ ॥
—प० च० ११८ उ०

वाचयति शृणोति जनस्तस्यायुर्वृद्धिमीयते पुण्यम् ।
चाकृष्टखड्गहस्तो रिपुरपि न करोति वैरमुपशममेति ॥ १५७
किं चान्यद्धर्मार्थी लभते धर्मं यशः परं यशसोऽर्थी ।
राज्यभ्रष्टो राज्यं प्राप्नोति न संशयोऽत्र कश्चित्कृत्यः ॥ १५८
इष्टसमायोगार्थी लभते तं क्षिप्रतो धनं धनार्थी ।
जायार्थी वरपत्नी पुत्रार्थी गोत्रनन्दनं प्रवरपुत्रम् ॥ १५९
—पद्मचरित १२३ वॉ पर्व

एवं वीरजिणेण रामचरियं सिद्धं महत्थं पुरा
पच्छाखंडलभूइणा उ कहियं सीसाण धम्मासयं ।
भूओ साहुपरंपराए सयलं लोए ठियं पायडं
एत्ताहे विमलेण सुत्तसहियं गाहानिबद्धं कयं ॥ १०२
—पउम० ११८ वाँ उ०

निर्दिष्टं सकलैर्नतेन भुवनैः श्रीवर्द्धमानेन यत्,
तत्त्वं वासवभूतिना निगदितं जम्बोः प्रशिष्यस्य च ।
शिष्येणोत्तरवाग्मिना प्रकटित पद्मस्य वृत्तं मुनेः
श्रेयः साधुसमाधिवृद्धिकरणं सर्वोत्तमं मंगलम् ॥ १६६

—पद्मचरित १२३ वाँ पर्व

[ कुछ ऐसे उद्धरण जिनमें विषयको अनावश्यक रूपसे बढाया गया है ]

जं एव पुच्छिओ सो भणइ तओ नारओ पसंसंतो ।
अत्थि महिलाए राया जणओ सो इंदुकेउसुओ ॥ १५ ॥
तस्स महिला विदेहा तीए दुहिया इमा पवरकन्ना ।
जोव्वणगुणाणुरूवा सीया णामेण विक्खाया ॥ १६ ॥
अहवा किं परितुट्ठो पडिरूवं पेच्छिऊण आलेक्खे ।
जे तीए विब्भमगुणा ते च्चिय को वण्णिउं तरइ ॥ १७ ॥

—पउमचरिय २९ वाँ उद्देस

अस्त्यत्र मिथिला नाम पुरी परमसुन्दरी ।
इन्द्रकेतोरसुतस्तत्र जनको नाम पार्थिवः ॥ ३३ ॥
विदेहेतिप्रिया तस्य मनोबन्धनकारिणी ।
गोत्रसर्वस्वभूतेय सीतेति दुहिता तयोः ॥ ३४
निवेद्यत्रमसौ तेभ्यः कुमारं पुनरुक्तवान् ।
बाल मा याः विषाद त्वं तवेयं सुलभैव हि ॥ ३५ ॥
रूपमात्रेण यातोसि किमस्या भावमीदृशं ।
ये तस्या विभ्रमा भद्र कस्ता वर्णयितुं क्षमः ॥ ३६ ॥
तया चित्त समाकृष्टं तवेनि किमिहाद्भुतं ।
धर्मध्याने दृढं वद्ध मुनीनामपि सा हरेत् ॥ ३७ ॥
आकारमात्रमत्रैतत्तस्या न्यस्तं मया पटे ।
लावण्यं यत्तु तत्तस्या तस्यामेवैतदीदृशम् ॥ ३८ ॥
नवयौवनसंभूतकान्तिसागरवीचिषु ।
सा तिष्ठति तरंतीव संसक्तास्तनकुंभयोः ॥ ३९ ॥
तस्या श्रोणी वरारोहा कान्तिसप्लावितांशुका ।
वीक्षितोन्मूलयत्स्वान्तं समूलमपि योगिनाम् ॥ ४० ॥

—पद्मचरित २८ वाँ पर्व

इह जंबुदीवदीवे दक्खिणभरहे महंतगुणकलिओ ।
मगहा णाम जणवओ नगरागरमंडिओ रम्मो ॥ १ ॥
गाम-पुर-खेड-कब्बट-मडम्ब-दोणीमुहेसु परिकिण्णो ।
गोमहिसिवलवपुण्णो धणाणिवहणिरुद्धसीमपहो ॥ २ ॥
सत्थाहसेट्ठिगणवइ-कोडुम्बियपमुहसुद्धजणणिवहो ।
मणिकणगरयणमोत्तियबहुधन्नमहंतकोट्ठारो ॥ ३ ॥
देसम्मि तम्मि लोगो विण्णाणवियक्खणो अइसुरूवो ।
बलविहवकंतिजुत्तो अहियं धम्मुज्जयमईओ ॥ ४ ॥
नडनट्टछत्तलंखयणिच्चं णच्चंतगीयसद्दालो ।
णाणाहारपसाहिय भुंजाविज्जंतपहियजणो ॥ ५ ॥
अहियं वीवाहूसव-वियावडो गंधकुसुमतत्तिल्लो ।
बहुपाणखाणभोयण अणवरयं वड्ढिउरच्छाहो ॥ ६ ॥
पुक्खरणीसु सरेसु य उज्जाणेसु य समन्तओ रम्मो ।
परचक्क-मारि-तक्कर-दुब्भिक्खविवज्जिओ मुइओ ॥ ७ ॥

—पउमच० द्वि० उ०

अथ जंबूमति द्वीपे क्षेत्रे भरतनामनि ।
मगधाभिख्यया ख्यातो विषयोऽस्ति समुज्ज्वलः ॥ १ ॥
निवासः पूर्णपुण्यानां वासवावाससन्निभ- ।
व्यवहारैरसंकीर्णैः कृतलोकव्यवस्थितिः ॥ २ ॥
क्षेत्राणि दधते यस्मिन्नुत्खातान् लांगलाननैः ।
स्थलाब्जमूलसघात्तान्महीसारगुणानिव ॥ ३ ॥
क्षीरसेकादिवोद्भूतैर्मन्दानिलचलद्दलैः ।
पुण्ड्रेक्षुवाटसंतानैर्व्याप्तानंतरभूतल. ॥ ४ ॥
अपूर्वपर्वताकारैर्विभक्तैः खलधामभिः ।
सस्यकूटैः सुविन्यस्तैः सीमांता यस्य संकटाः ॥ ५ ॥
उद्घाटकघटीसिक्तैर्यत्र जीरकजूटकैः ।
नितांतहरितैर्व्री जटालेव विराजते ॥ ६ ॥
उर्वरायां वरीयोभिः यः शालेयैरलंकृतः ।
मुद्गकोशीपुटैर्यस्मिन्नुद्देशान्कपिलत्विषा ॥ ७ ॥

तापस्फुटितकोष्ठीकैराजमाषैर्निरन्तराः ।
उद्देशा यत्र किर्मीरानिक्षेत्रिय-तृणोद्गमाः (?) ॥ ८ ॥
अधिष्ठिते स्थलीपृष्ठे श्रेष्ठगोधूमधामभिः ।
प्रशस्यैरन्यशस्यैश्च युक्तप्रत्यूहवर्जितैः ॥ ९ ॥
महामहिषपृष्ठस्थगायद्गोपालपालितैः ।
कीटातिलंपटोद्ग्रीवबलाकानुगतध्वनिः ॥ १० ॥
विवर्णसूत्रसंबंधघण्टारटितहारिभिः ।
क्षरद्भिरजरत्रासत्पीतक्षीरोदवत्पयः ॥ ११ ॥
सुस्वादुरससंपन्नैर्वष्पिच्छेद्यैरनंतरैः
तृणैस्तृप्तिं परिप्राप्तैर्गोधनैः सितकक्षगूः ॥ १२ ॥
सारीकृतसमुद्देशः कृष्णसारैर्विसारिभिः ।
सहस्रसंख्यैर्गीर्वाणस्वामिनो लोचनैरिव ॥ १३ ॥
केतकीधूलिधवलाः यस्य देशाः समुन्नताः ।
गंगापुलिनसंकाशो विभाति जिनसेविताः ॥ १४ ॥
शाककंदलवाटेन श्यामलः श्रीधरः क्वचित् ।
वनपालकृतास्वादैर्नालिकेरैर्विराजितः ॥ १५ ॥
कोटिभिः शुकचंचूनां तथा शाखामृगाननैः ।
संदिग्धकुसुमैर्युक्तः पृथुभिः दाडिमीवनैः ॥ १६ ॥
वत्सपालीकराघ्रमातुलिंगीफलाभसा ।
लिप्ताः कुंकुमपुष्पाणां प्रकरैरुपशोभिताः ॥ १७ ॥
फलस्वादपयःपानसुखसंसुप्तमार्गगाः ।
वनदेवीप्रपाकाराः द्राक्षाणां यत्र मंडपाः ॥ १८ ॥ इत्यादि

—पद्मचरित द्वि० पर्व

# धनंजयका द्विसन्धान

महाकवि धनंजयका द्विसन्धान काव्य बहुत प्रसिद्ध है। इसका दूसरा नाम राघव-पाण्डवीय महाकाव्य है। इस १८ सर्गके महाकाव्यमें राघव और पाण्डवोंकी अर्थात् रामायण और महाभारतकी कथा इस कुशलतासे लिखी गई है कि उसके एक अर्थमें तो रामचरित निकलता है और दूसरेमें कृष्णचरित। इस पद्धतिसे लिखा हुआ शायद यह पहला सर्वश्रेष्ठ काव्य है। पीछे अनेक कवियोंने इसीके अनुकरणपर अनेक काव्योंकी रचना की है। उपलब्ध जैन काव्योंके किसी न किसी एक सर्गमें जैन धर्मका स्वरूप रहता है परन्तु इसमें ऐसा नहीं है। इसी तरह प्रायः सभी जैन काव्य मुख्य नायकके निर्वाण-गमनपर समाप्त हो जा होते हैं परन्तु यह निष्कण्टक राज्य-प्राप्तिपर ही समाप्त हो गया है। कविने इसमें न तो अपने किसी पूर्ववर्ती कवि या आचार्यका उल्लेख किया और न अपना ही कोई परिचय दिया। अन्तिम पद्यसे सिर्फ इतना ही मालूम होता है कि उनकी माताका नाम श्रीदेवी, पिताका वसुदेव और गुरुका दशरथ था। संभवतः वे गृहस्थ थे।

इस ग्रन्थपर दो टीकायें उपलब्ध हैं, एक 'पदकौमुदी' जिसके कर्त्ता विनयचन्द्रके शिष्य और पद्मनन्दिके प्रशिष्य नेमिचन्द्र हैं। दूसरी 'राघव-पाण्डवीय-प्रकाशिका' जिसके कर्त्ता परवादिघरट्ट रामभट्टके पुत्र कवि देवर हैं। इनका समय मालूम नहीं हो सका। आराके जैनसिद्धान्त-भवनमें ये दोनों टीकायें मौजूद हैं।

तीसरी टीका पं० बदरीनाथने नेमिचन्द्रकी टीकाको संक्षिप्त करके तैयार की है और इसीके साथ यह ग्रन्थ काव्यमालामें प्रकाशित हुआ है।

द्विसन्धानके सिवाय धनंजयके दो ग्रन्थ और हैं—

**१ धनंजय-निघण्टु** या **नाममाला**—यह एक छोटा-सा दो सौ पद्योंका परन्तु बहुत ही महत्त्वपूर्ण शब्दकोष है[1]। इसके साथ ४६ श्लोकोंकी एक अनेकार्थनाममाला भी जुड़ी हुई है। संस्कृत विद्यार्थियोंको कण्ठस्थ करनेके लिए यह बहुत ही उपयोगी है[2]।

---

१ कवेर्धनजयस्येय सत्कवीनां शिरोमणेः।
प्रमाण नाममालेति श्लोकानां च शतद्वयम्।

२ भारतीय ज्ञानपीठ काशीने अमरकीर्तिकृत भाष्यसहित 'नाममाला' प्रकाशित की है।

२ **विषापहारस्तोत्र**—यह ३९ इन्द्रवज्रा वृत्तोंका स्तुतिपरक काव्य है और अपनी प्रौढ़ता, गभीरता और अनूठी उक्तियोंके लिए प्रसिद्ध है। इसपर अनेक संस्कृत-टीकायें मिलती हैं जिनमेंसे एक पार्श्वनाथके पुत्र नागचन्द्रकी है जिनका समय विक्रमकी सोलहवीं शताब्दि है[१]। इसके चौदहवें पद्यमें 'विषापहारं मणिमौषधानि' पद है, जान पड़ता है इसीसे इसका यह नाम प्रसिद्ध हो गया है और इसके प्रभावसे सर्पका विष दूर होनेकी कथा गढ़ ली गई है।

भट्टारक ज्ञानकीर्तिने अपने यशोधरचरितमें अपने पूर्वके ७ यशोधरचरितोंके कर्त्ताओंके नाम दिये हैं उनमें एक धनंजयका भी है। यदि भट्टारकजीने उक्त सब ग्रन्थोंको देखकर ही यह उल्लेख किया है तो समझना चाहिये कि वि० सं० १६५० तक धनंजयका यशोधरचरित भी उपलब्ध था।

## कविकी प्रशंसा

प्रमाणमकलंकस्य पूज्यपादस्य लक्षणं।
धनंजयकवेः काव्यं रत्नत्रयमपश्चिमम्॥

अर्थात् अकलंकदेवका प्रमाणशास्त्र, पूज्यपाद या देवनन्दिका लक्षणशास्त्र (व्याकरण) और धनंजयकविका काव्य ( द्विसन्धान ) ये तीन अपश्चिम रत्न हैं।

उक्त श्लोक नाममालाके अन्तमें लिखा मिलता है। भले ही यह स्वयं धनंजयका न हो परन्तु इसमें जो बात कही गई है, वह बिल्कुल ठीक जान पड़ती है।

द्विसन्धाने निपुणतां स तां चक्रे धनंजयः।
यया जातं फलं तस्य सतां चक्रे धनं जयः॥

अर्थात् धनंजयने ( कविने और अर्जुनने ) द्विसन्धानमें ( इस नामके काव्यमें और दोहरे निशाने लगानेमें ) जो निपुणता प्राप्त की, उससे उन्हें ( कविको और अर्जुनको ) सज्जनोंके समूहमें धन और जयरूप फल प्राप्त हुआ।

उक्त पद्य काव्यमीमांसा, कर्पूरमंजरी, बालरामायण आदि ग्रन्थोंके कर्त्ता महाकवि राजशेखरका है[२]।

अनेकभेदसन्धानाः खनंतो हृदये मुहुः।
बाणा धनंजयोन्मुक्ताः कर्णस्येव प्रियाः कथम्॥

---

१ देखो, जैनहितैषी भाग १२, अंक १, पृ० ८७–९०

२ राजशेखरने प्राचीन कवियोंकी प्रशंसामें जो पद्य लिखे थे, वे सूक्तिमुक्तावली और सुभाषितहारावलीमें संगृहीत हैं। उनमेंसे यह एक है।

अर्थात् अनेक ( दो ) प्रकारके सन्धान ( निशाना और अर्थ ) वाले और हृदयमें बारंवार चुभनेवाले धनंजय ( अर्जुन और धनंजय कवि ) के वाण ( और शब्द ) कर्णको ( कुन्तीपुत्र कर्णको और कानोंको ) प्रिय कैसे होंगे ?

पूर्वोक्त पद्य वादिराजने अपने पार्श्वनाथचरित काव्यके प्रारम्भमें लिखा है[१] ।

## कविका समय

धनंजयने स्वय अपने समयका कोई निर्देश नहीं किया है; परन्तु नीचे लिखे प्रमाणोंसे उनके समयपर कुछ प्रकाश पड़ता है।

१ ऊपर जिन कवियोंके प्रशंसापरक पद्य उद्धृत किये गये हैं उनमेंसे वादिराजने अपना पार्श्वचरित वि० सं० १०८२ में समाप्त किया था और राजशेखर प्रतीहारराजा महेन्द्रपालदेवके उपाध्याय थे । महेन्द्रपालका समय वि० सं० ९६० के लगभग है अतएव वे इनसे भी पहले हुए हैं ।

२ अभी अभी एक नया प्रमाण मिला है और वह यह कि जिनसेनके गुरु वीरसेनने अपनी धवला टीका ( पृ० ३८७ ) में जो वि० सं० ८७३ मे समाप्त हुई थी धनंजयकी अनेकार्थनाममालाका नीचे लिखा श्लोक प्रमाणस्वरूप उद्धृत किया है—

हेतावेवं प्रकाराद्यैः व्यवच्छेदे विपर्यये ।
प्रादुर्भावे समाप्ते च इति शब्दं विदुर्बुधाः ॥ ४०

इससे यह विश्वासके साथ कहा जा सकता है कि धनंजय विक्रमकी नौवीं शताब्दिके पूर्वार्धके बादके तो नहीं है और यदि नाममालाका 'प्रमाणमकलंकस्य' आदि पद्य स्वयं उनका लिखा हुआ है तो वे अकलंकसे कुछ बादके हैं । पं० महेन्द्रकुमारजी शास्त्रीने अकलंकका काल वि० स० ७९७ से ८३७ तक निश्चित किया है । अर्थात् विक्रमकी आठवीं शताब्दिके अन्तिम चरणसे नवीं शताब्दिके पूर्वार्ध तक उनका समय समझना चाहिए ।

---

१ भोजदेवके समकालीन प्रभाचन्द्रने भी अपने प्रमेयकमलमार्तण्डमें द्विसन्धान काव्यका उल्लेख किया है ।

२ देखो, षट्खण्डागमकी प्रस्तावना पृ० ६२

जिनसेन प्रथम और द्वितीय दोनोंने अपने हरिवंश और आदिपुराणमें पुरा कवियोंकी स्तुतिके प्रसंगमें इस महाकविका उल्लेख नहीं किया, इसका कारण समझमें नहीं आया। पर वे उनसे परिचित अवश्य थे[1]।

---

१ जिनसेनके आदिपुराणके पर्व ४३ का सातवाँ श्लोक विषापहारके दूसरे पद्यकी छाया जान पड़ता है, अतएव यह कहा जा सकता है कि वे धनंजयकी रचनाओंसे परिचित थे—

> युगभारं वहन्नेकश्चिरं धर्मरथं पृथुम्।
> व्रतशीलगुणापूर्णं चित्रं वर्तयतिस्म यः॥ ७–आ० पु०, पर्व ४३
> परैरचिन्त्यं युगभारमेकः स्तोतुं वहन्योगिभिरप्यशक्यः।
> स्तुत्योऽद्य मेऽसौ वृषभो न भानोः किमप्रवेशे विशति प्रदीपः॥ विषा०

और इसी तरह सोमदेवके यशस्तिलक (उत्तरार्ध पृ० २७९) का पद्य विषापहारके १२ वें पद्यकी छाया है—

> प्रेर्यते कर्मजीवेन जीवः प्रेर्येत कर्मणा।
> एतयोः प्रेरको नान्यो नौनाविकविमानयोः॥ यशस्तिलक०
> कर्मस्थितिं जन्तुरनेकभूमिं नयत्यमुं सा च परस्परस्य।
> त्वं नेतृभावं हि तयोर्भवाब्धौ जिनेन्द्र नौनाविकयोरिवाख्यः॥ १२ विषा०

# जिनसेनका हरिवंश

दिगम्बर सम्प्रदायके संस्कृत कथासाहित्यमें हरिवंशचरित या हरिवंशपुराण समयकी दृष्टिसे तीसरा कथा-ग्रन्थ है। पहला रविषेणाचार्यका पद्मचरित, दूसरा जटासिंहनन्दिका वरांगचरित्र और तीसरा यह।

महासेनकी सुलोचना कथाका और कुछ अन्य ग्रन्थोंका भी हरिवंशमें उल्लेख है परन्तु वे अभी तक अनुपलब्ध हैं।

इसका ग्रन्थ-परिमाण बारह हजार श्लोक है और इसमें ६६ सर्ग हैं। अधिकांश सर्ग अनुष्टुप् छन्दमें हैं। कुछ सर्गोंमें द्रुतविलम्बित, वसंततिलका, शार्दूल आदिका भी उपयोग किया गया है। बाईसवें तीर्थंकर नेमिनाथके हरिवंशका चरित लिखना ही इसका मुख्य उद्देश्य है परन्तु गौण रूपसे सभी शलाका-पुरुषोंका चरित कीर्तन किया गया है। इसके सिवाय चौथेसे सातवें सर्ग एक ऊर्द्ध्व, मध्य अधोलोकोंका वर्णन और अजीव आदि द्रव्योंका स्वरूप बतलाया गया है।

हरिवंशकी रचनाके समय तक जिनसेनका आदिपुराण नहीं बना था और गुण-भद्रका उत्तरपुराण तो हरिवंशसे लगभग ६०-६५ वर्ष बाद निर्मित हुआ है, इसलिए यह ग्रन्थ उनके अनुकरणपर या उनके आधारपर तो लिखा हुआ हो नहीं सकता, परन्तु ऐसा मालूम होता है कि जिनसेन और गुणभद्रके समान इनके समक्ष भी कविपरमेश्वर या कविपरमेष्ठीका 'वागर्थसंग्रह' पुराण रहा होगा। भले ही वह संक्षिप्त हो और उसमें इतना विस्तार न हो।

उद्योतनसूरिने (वि० सं० ८३५) अपनी कुवलयमालामें रविषेणके पद्मचरित और जटा-सिंहनन्दिके वरांगचरितकी जिस तरह स्तुति की है, उसी तरह हरिवंशकी भी—

> बुहयणसहस्सदइयं हरिवंसुप्पत्तिकारयं पढमं।
> वंदामि वंदियं पि हु हरिवंसं चेव विमलपयं ॥ ३८ ॥

अर्थात् मैं हजारों बुधजनोंके प्रिय हरिवंशोत्पत्तिकारक, प्रथम वंदनीय और

१ इसकी चर्चा 'पद्मचरित और पउमचरिय' शीर्षक लेखमें की जा चुकी है।

विमलपद हरिवंशकी वन्दना करता हूँ। इसमें जो विशेषण दिये हैं वे हरिवंश और विमलपद ( विमलसूरिके चरण अथवा विमल हैं पद जिसके ऐसा ग्रंथ ) दोनोंपर घटित होते हैं।

विमलसूरिका यह हरिवंश अभीतक अप्राप्य है। इसके मिलनेपर जिनसेनके हरिवंशका मूल क्या है, इसपर बहुत कुछ प्रकाश पड़नेकी संभावना है। आश्चर्य नहीं जो पद्मचरितके समान यह भी विमलसूरिके प्राकृत हरिवंशकी छाया लेकर ही बनाया गया हो।

## पुन्नाट संघ

इस ग्रन्थके कर्त्ता जिनसेन पुन्नाट संघके आचार्य थे और वे स्पष्ट ही आदि-पुराणादिके कर्त्ता जिनसेनसे भिन्न हैं[1]। इनके गुरुका नाम कीर्तिषेण और दादा गुरुका नाम जिनसेन था, जब कि दूसरे जिनसेनके गुरु वीरसेन और दादा गुरु आर्यनंदि थे।

पुन्नाट कर्नाटकका प्राचीन नाम है। हरिषेणने अपने कथाकोशमें लिखा है कि भद्रबाहु स्वामीके आज्ञानुसार उनका सारा संघ चन्द्रगुप्त या विशाखाचार्यके साथ दक्षिणापथके पुन्नाट देशमें गया[2]। दक्षिणापथका यह पुन्नाट कर्नाटक ही है। कन्नड-साहित्यमें भी पुन्नाट राज्यके उल्लेख मिलते हैं। प्रसिद्ध भूगोलवेत्ता टालेमीने इसका 'पोन्नट' नामसे उल्लेख किया है। इस देशके मुनि-संघका नाम पुन्नाट संघ था। संघोंके नाम प्रायः देशों और स्थानोंके ही नामसे पड़े हैं। श्रवणबेल्गोलके १९४ नं० के शिलालेखमें जो श० सं० ६२२ के लगभगका है एक ' कित्तूर ' नामके संघका उल्लेख है। कित्तूर या कीर्तिपुर पुन्नाटकी पुरानी राजधानी थी जो इस समय मैसूरके ' होग्गडेवन्कोटे ' ताल्लुकेमें है। सो यह कित्तूर संघ या तो पुन्नाट संघका ही नामान्तर होगा और या उसकी एक शाखा।

## ग्रन्थकर्त्ताके समय तककी अविच्छिन्न गुरुपरम्परा

हरिवंशके छयासठवें सर्गमें महावीर भगवानसे लेकर लोहाचार्य तककी वही

---

१ स्व० डा० पाठक, टी० एस० कुप्पूस्वामी शास्त्री आदि विद्वानोंने पहले नाम-साम्य और समय-साम्यके कारण दोनोंको एक ही समझ लिया था।

२ अनेन सह संघोऽपि समस्तो गुरुवाक्यतः।
दक्षिणापथदेशस्थपुन्नाटविषयं ययौ।॥ ४२—भद्रबाहुकथा

आचार्य-परम्परा दी है, जो श्रुतावतार आदि अन्य ग्रन्थोंमें मिलती है—अर्थात् ६२ वर्षमें तीन केवली ( गौतम, सुधर्मा, जम्बू ), १०० वर्षमें पाँच श्रुतकेवली ( विष्णु, नन्दिमित्र, अपराजित, गोवर्द्धन, भद्रबाहु ), १८२ वर्षमें ग्यारह दशपूर्वके पाठी ( विशाख, प्रोष्ठिल, क्षत्रिय, जय, नाग, सिद्धार्थ, धृतिसेन, विजय, बुद्धिल, गंगदेव, धर्मसेन ), २२० वर्षमें पाँच ग्यारह अंगधारी ( नक्षत्र, जयपाल, पाण्डु, ध्रुवसेन, कंस ), और फिर ११८ वर्षमें सुभद्र, जयभद्र, यशोबाहु और लोहार्य ये चार आचाराङ्गधारी हुए, अर्थात् वीरनिर्वाणसे ६८३ वर्ष बाद तक वे सब आचार्य हो चुके। उनके बाद नीचे लिखी परम्परा चली—

विनयधर, श्रुतिगुप्त, ऋषिगुप्त, शिवगुप्त ( जिन्होंने कि अपने गुणोंसे अर्हद्बलिपद प्राप्त किया ), मन्दरार्य, मित्रवीर, बलदेव, बलमित्र, सिंहबल, वीरवित, पद्मसेन व्याघ्रहस्ति, नागहस्ति, जितदण्ड, नन्दिषेण, दीपसेन, धरसेन, धर्मसेन, सिंहसेन, नन्दिषेण, ईश्वरसेन, नन्दिषेण, अभयसेन, सिद्धसेन, अभयसेन, भीमसेन, जिनसेन, शान्तिषेण, जयसेन, अमितसेन ( पुन्नाटगणके अगुआ और सौ वर्ष तक जीनेवाले ), इनके बड़े गुरुभाई कीर्तिषेण और फिर उनके शिष्य जिनसेन ( ग्रन्थकर्ता )।

इसमें अमितसेनको पुन्नाटसंघका अग्रणी ( आगे जानेवाले ) बतलाया है, जिससे ऐसा मालूम होता है कि ये अमितसेन ही पुन्नाटदेशको छोड़कर सबसे पहले उत्तरकी तरफ बढ़े होंगे और पूर्ववर्ती जयसेन गुरुतक यह संघ पुन्नाटमें ही विचरण करता रहा होगा। अर्थात् जिनसेनसे ५०–६० वर्ष पहले ही काठियावाड़में इस संघका प्रवेश हुआ होगा।

इनमेंसे प्रारम्भके चार तो वही मालूम होते हैं जिन्हें इन्द्रनन्दिने आपने श्रुतावतारमें अंगपूर्वके एक देशको धारण करनेवाले आरातीय मुनि कहा है और जिनके नाम विनयधर, श्रीधर, शिवदत्त और अर्हद्दत्त हैं। विनयंधर और विनयधरमें तो कोई फर्क ही नहीं है। शिवदत्त और शिवगुप्त भी एक हो सकते हैं। 'गुप्त' का प्राकृतरूप 'गुत्त' भ्रमवश दत्त भी हो सकता है। बीचके दो नाम शंकास्पद हैं। 'महातपोभृद्विनयंधरः श्रुतामृषिश्रुतिं गुप्तपदादिकां दधत्' इस चरणका ठीक अर्थ नहीं बैठता, शायद कुछ अशुद्ध है। श्रुतिगुप्त और ऋषिगुप्तकी जगह

१ इस चरणका अर्थ पं० गजाधरलालजी शास्त्रीने 'नयंधर ऋषि, गुप्त ऋषि' इतना ही किया है और पुराने वचनिकाकार पं० दौलतरामजीने 'नयंधर ऋषि, श्रुति ऋषि गुप्ति' किया है।

गुप्तऋषि और गुप्तश्रुति नाम भी शायद हों। यहाँ यह भी खयाल रखना चाहिए कि अक्सर एक ही मुनिके दो नाम भी होते हैं, जैसे कि लोहार्यका दूसरा नाम सुधर्मा भी है।

इसमें शिवगुप्तका ही दूसरा नाम अर्हद्बलि है और ग्रन्थान्तरोंमें शायद इन्हीं अर्हद्बलिको संघोंका प्रारम्भकर्त्ता बतलाया है। अर्थात् इनके बाद ही मुनिसंघ जुदा जुदा नामोंसे अभिहित होने लगे।

वीर-निर्वाणकी वर्तमान काल-गणनाके अनुसार वि० सं० २१३ तक लोहार्यका अस्तित्व-समय है और उसके बाद जिनसेनका समय वि० स० ८४० है, अर्थात् दोनोंके बीचमें यह जो ६२७ वर्षका अन्तर है जिनसेनने उसी बीचके उपर्युक्त २९–३० आचार्य बतलाये हैं। यदि प्रत्येक आचार्यका समय इक्कीस बाईस वर्ष गिना जाय तो यह अन्तर लगभग ठीक बैठ जाता है।

वीर-निर्वाणसे लोहार्य तक अट्ठाईस आचार्य बतलाये गये हैं और उन सबका संयुक्त काल ६८३ वर्ष, अर्थात् प्रत्येक आचार्यके कालकी औसत २४ वर्षके लगभग पड़ती है, और इस तरह दोनों कालोंकी औसत भी लगभग समान बैठ जाती है।

इस विवरणसे अब हम इस नतीजेपर पहुँचते हैं कि वीर-निर्वाणके बादसे विक्रम संवत् ८४० तककी एक अविच्छिन्न—अखण्ड गुरु-परम्परा—इस ग्रन्थमें सुरक्षित है, जो कि अन्य किसी ग्रन्थमें नहीं देखी गई और इस दृष्टिसे यह ग्रन्थ बहुत महत्त्वका है। अवश्य ही यह आरातीय मुनियोंके बादकी एक शाखाकी ही परम्परा होगी जो आगे चलकर पुन्नाट संघके रूपमें प्रसिद्ध हुई। अन्य संघोंकी वीर नि० सं० ६८३ के बादकी परम्परायें जान पड़ता है कि नष्ट हो चुकीं।

## ग्रन्थका रचना-स्थान

हरिवंशपुराणकी रचना वर्द्धमानपुरमें हुई है और इसी तरह हरिषेणने उससे १४८ वर्ष बाद अपने कथाकोशको भी वर्द्धमानपुरमें ही बनाकर समाप्त किया है। जिनसेनने वर्द्धमानपुरको 'कल्याणैः परिवर्द्धमान-विपुलश्री-' और हरिषेणने 'कार्त्तस्वरापूर्णजनाधिवास' कहा है। 'कल्याण' और 'कार्त्तस्वर' ये दोनों शब्द सुवर्ण या सोनेके वाचक हैं। सुवर्णके अर्थमें कल्याण शब्द

संस्कृत कोशोंमें तो मिलता है पर वाङ्मयमें विशेष व्यवहृत नहीं है। हाँ, भावदेव-कृत पार्श्वनाथचरित आदि जैन संस्कृत ग्रन्थोंमें इसका व्यवहार किया गया है। जिनसेनने भी उसी अर्थमें इसका उपयोग किया है। अर्थात् दोनोंके ही कथनानुसार वर्द्धमानपुरके निवासियोंके पास सोनेकी विपुलता थी, वह बहुत धनसम्पन्न नगर था और दोनों ही ग्रन्थकर्त्ता पुन्नाट संघके हैं, इसलिए दोनों ग्रन्थोंकी रचना एक ही स्थानमें हुई है, इसमें सन्देह नहीं रहता[1]।

चूँकि पुन्नाट और कर्नाटक पर्यायवाची हैं, इसलिए हमने पहले अनुमान किया था कि वर्द्धमानपुर कर्नाटक प्रान्तमें ही कहींपर होगा; परन्तु अभी कुछ समय पहले जब मेरे मित्र डा० ए० एन० उपाध्येने हरिषेणके कथाकोशकी चर्चाके सिलसिलेमें सुझाया कि वर्द्धमानपुर सौराष्ट्रका प्रसिद्ध शहर 'बढ़वाण' मालूम होता है, और उसके बाद जब हमने हरिवंशमें बतलाई हुई उस समयकी भौगोलिक स्थितिपर विचार किया, तब निश्चय हो गया कि बढवाण ही वर्द्धमानपुर है।

हरिवंशके अन्तिम सर्गके ५२ वें पद्यका अभिप्राय यह है कि शकसंवत् ७०५ में जब कि उत्तर दिशाकी इन्द्रायुध, दक्षिणकी कृष्णका पुत्र श्री वल्लभ, पूर्वकी अवन्तिराज वत्सराज और पश्चिमकी—सौरोंके अधिमण्डल सौराष्ट्रकी—वीर जयवराह रक्षा करता था, तब इस ग्रन्थकी रचना हुई।

जब सौराष्ट्रके बढ़वाणको ही रचना-स्थान माना जायगा, तभी उक्त चारों दिशाओंके राजाओंका मेल ठीक बैठ सकेगा, अन्यथा नहीं। देखिए—

**१ इन्द्रायुध** – स्व० ओझाजीने लिखा है कि इन्द्रायुध और चक्रायुध किस वंशके थे, यह ज्ञात नहीं हुआ, परन्तु सभव है कि वे राठोड हों। परन्तु स्व० चिन्तामणि विनायक वैद्यके अनुसार इन्द्रायुध भण्डि कुलका था और उक्त

---

१ आगे 'हरिषेणका कथाकोश' लेखमें बतलाया है कि उस समय विनायकपाल नामका जो राजा था, वह भी सौराष्ट्रका ही था।

२ डा० हीरालालजीने अपने एक लेखमें (इण्डियन कल्चर, अप्रैल १९४५) मे धारा राज्यके बदनावर स्थानको वर्द्धमानपुर अनुमान किया है क्योंकि बदनावरमें 'वर्द्धमान-पुरान्वय' के मुनियोंके अनेक लेख उपलब्ध है। परन्तु इससे तो इतना ही मालूम होता है कि वे मुनि उस अन्वयके थे जो वर्द्धमानपुर या बढवाणसे चलकर बदनावर पहुँचा था। जिस तरह पुन्नाटसे बढवाण आकर जिनसेनका मुनिसंघ पुन्नाटान्वयी हुआ।

वंशको वर्म वंश भी कहते थे[1]। इसके पुत्र चक्रायुधको परास्त करके प्रतिहारवंशी राजा वत्सराजके पुत्र नागभट दूसरेने जिसका कि राज्यकाल विन्सेंट स्मिथके अनुसार वि० सं० ८५७–८८२ है कन्नौजका साम्राज्य उससे छीना था। बढ़वाणके उत्तरमें मारवाड़का प्रदेश पड़ता है। इसका अर्थ यह हुआ कि कन्नौजसे लेकर मारवाड़ तक इन्द्रायुधका राज्य फैला हुआ था।

२ **श्रीवल्लभ**—यह दक्षिणके राष्ट्रकूट वंशके राजा कृष्ण ( प्रथम ) का पुत्र था। इसका प्रसिद्ध नाम गोविन्द ( द्वितीय ) था। कावीमें मिले हुए ताम्रपटमें[3] इसे गोविन्द न लिखकर वल्लभ ही लिखा है, अतएव इस विषयमें सन्देह नहीं रहा कि यह गोविन्द द्वितीय ही था और वर्द्धमानपुरकी दक्षिण दिशामें उसीका राज्य था। कावी भी बढ़वाणके प्रायः दक्षिणमें है। श० सं० ६९२ ( वि० स० ८२७ ) का अर्थात् हरिवंशकी रचनाके १३ वर्ष पहलेका उसका एक ताम्रपत्र[4] भी मिला है।

३ **अवन्तिभूभृत् वत्सराज**—यह प्रतिहारवंशका राजा था और उस नागावलोक या नागभट दूसरेका पिता था जिसने चक्रायुद्धको परास्त किया था।

वत्सराजने गौड़ और बंगालके राजाओंको जीता था और उनसे दो श्वेत छत्र छीन लिये थे। आगे इन्हीं छत्रोंको राष्ट्रकूट गोविन्द ( द्वि० ) या श्रीवल्लभके छोटे भाई ध्रुवराजने चढ़ाई करके उससे छीन लिया था और उसे मारवाड़की अगम्य रेतीली भूमिकी तरफ भागनेको मजबूर किया था। ओझाजीने लिखा है कि उक्त वत्सराजने मालवेके राजापर चढ़ाई की और मालव-राजको बचानेके लिए ध्रुवराज उसपर चढ़ दौड़ा। ७०५ में तो मालवा वत्सराजके ही अधिकारमें था। क्योंकि ध्रुवराजका राज्यारोहण-काल श० सं० ७०७ के लगभग अनुमान किया गया है, उसके पहले ७०५ में तो गोविन्द द्वि० (श्रीवल्लभ) ही राजा था और इसलिए उसके बाद ही ध्रुवराजकी उक्त चढ़ाई हुई होगी।

उद्योतनसूरिने अपनी 'कुवलयमाला' नामक प्राकृत-कथा जावालिपुर या जालोर ( मारवाड़ ) में •जब श० स० ७०० के समाप्त होनेमें एक दिन

१ देखो, सी० वी० वैद्यका 'हिन्दू भारतका उत्कर्ष' पृ० १७५।

२ म० म० ओझाजीके अनुसार नागभटका समय वि० स० ८७२ से ८९० हैं।

३ इण्डियन एण्टिक्वेरी जिल्द ५, पृ० १४६।

४ एपिग्राफिआ इण्डिका जिल्द ६, पृ० २०९।

बाकी था तब समाप्त की थी[1] और उस समय वहाँ वत्सराजका राज्य था[2]। अर्थात् हरिवंशकी रचनाके समय ( श० ७०५ ) तो ( उत्तर दिशाका ) मारवाड़ इन्द्रायुधके अधिकारमें था और ( पूर्वका ) मालवा वत्सराजके अधिकारमें। परन्तु इसके पाँच वर्ष पहले ( श० ७०० में ), कुवलय-मालाकी रचनाके समय वत्सराज मारवाड़का अधिकारी था। इससे अनुमान होता है कि उसने मारवाड़से ही आकर मालवेपर अधिकार किया होगा और उसके बाद ध्रुवराजकी चढ़ाई होनेपर वह फिर मारवाड़को भाग गया होगा। ७०५ में अवन्ति या मालवेका वह शासक होगा। अवन्ति वढवाणकी पूर्व दिशामें है ही। परन्तु यह पता नहीं लगता कि उस समय अवन्तिका राजा कौन था, जिसकी सहायताके लिए राष्ट्रकूट ध्रुवराज दौड़ा था। ध्रुवराज श० स० ७०७ के लगभग गद्दीपर बैठा था।

इन सब बातोंसे हरिवंशकी रचनाके समय उत्तरमें इन्द्रायुध, दक्षिणमें श्री वल्लभ और पूर्वमें वत्सराजका राज्य होना ठीक मालूम होता है।

**४ वीर जयवराह**—यह पश्चिममें सौरोंके अधिमण्डलका राजा था। सौरोंके अधिमण्डलका अर्थ हम सौराष्ट्र ही समझते हैं जो काठियावाड़के दक्षिणमें है। सौर लोगोंका राष्ट्र सो सौर-राष्ट्र या सौराष्ट्र। सौराष्ट्रसे बढवाण और उससे पश्चिमकी ओरका प्रदेश ही ग्रन्थकर्त्ताको अभीष्ट है। यह राजा किस वंशका था, इसका ठीक पता नहीं चलता। हमारा अनुमान है कि बहुत करके यह चालुक्य वंशका ही कोई राजा होगा और 'वराह' उसको उसी तरह कहा गया होगा जिस तरह कीर्तिवर्मा ( द्वि० ) को 'महा वराह' कहा है। बड़ोदामें गुजरातके राष्ट्रकूट राजा कर्कराजका श० सं० ७३४ का एक ताम्रपत्र मिला है[3] जिसमें राष्ट्रकूट कृष्णके विषयमें कहा है कि उसने कीर्तिवर्मा महावराहको हरिण बना दिया[4]। चौलुक्योंके दानपत्रोंमें उनका राजचिह्न वराह मिलता है, इसीलिए

---

१ सगकाले वोलीणे वरिसाणसएहि सत्तहि गएहिं।
एक दिणेणूणेहिं रइआ अवरण्हवेलाए॥

२ परभडभिउडीभगो पणईयणरोहिणीकलाचंदो।
सिरिवच्छरायणामो णरहत्थी पत्थिवो जइआ॥ —जैनसाहित्यसंशोधक खण्ड ३—

३ इण्डियन एण्टिक्वेरी भाग १२, पृ० १५९।

४ यो युद्धकण्डूतिगृहीतमुच्चै: शौर्योष्मसंदीपितमापतन्तम्।
महावराह हरिणीचकार प्राज्यप्रभाव: खलु राजसिंह:॥

कविने कीर्तिवर्माको महा-वराह कहा है। धराश्रय भी वराहका पर्यायवाची है। इसलिए और भी कई चौलुक्य राजाओंके नामके साथ यह धराश्रय पद विशेषणके रूपमे जुड़ा हुआ मिलता है। जैसे गुजरातके चौलुक्योंकी दसरी शाखाके स्थापन-कर्त्ता जयसिंह धराश्रय, तीसरी शाखाके मूल पुरुष जयसिंह धराश्रय ( द्वि० ), और उनके पुत्र शीलादित्य धराश्रय[1]।

राष्ट्रकूटोंसे पहले चौलुक्य सार्व-भौम राजा थे और काठियावाड़पर भी उनका अधिकार था। उनसे यह सार्वभौमत्व श० स० ६७५ के लगभग राष्ट्रकूटोंने छीना था, इसलिए बहुत सम्भव यही है कि हरिवंशके रचना-कालमें सौराष्ट्रपर चौलुक्य वंशकी ही किसी शाखाका अधिकार हो और उसीको जयवराह लिखा हो। पूरा नाम शायद जयसिंह हो और वराह विशेषण। राठोड़ोंका वह सामन्त भी हो सकता है और स्वतन्त्र भी।

प्रतीहार राजा महीपालके समयका एक दान-पत्र हड्डाला गॉव (काठियावाड़) से श० सं० ८३६ का मिला है[2]। उससे मालूम होता है उस समय बढ़वाणमें धरणीवराहका अधिकार था जो चावड़ावंशका था और प्रतिहारोंका करद राजा था। इससे एक सभावना यह भी है कि उक्त धरणीवराहका ही कोई ४–६ पीढी पहलेका पूर्वज उक्त जयवराह हो।

## बढ़वाणमें ही हरिषेणका कथाकोश

जैसा कि पहले भी कहा जा चुका है पूर्वोक्त वर्द्धमानपुर या बढ़वाणमे ही हरिषेण नामके एक और विद्वान् हुए है जिन्होंने श० स० ८५३ ( वि० स० ९८९ ) में अर्थात् हरिवंशकी रचनाके १४८ वर्ष बाद 'कथाकोश' नामक ग्रन्थकी रचना की और ये भी उसी पुन्नाट सघके थे जिसमे कि जिनसेन हुए हैं। हरिषेणने अपने गुरु भरतसेन, उनके गुरु श्रीहरिषेण और उनके गुरु मौनि भट्टारक तकका उल्लेख किया है। यदि एक एक गुरुका समय पचीस तीस तीस वर्ष गिन लिया जाय, तो अनुमानसे हरिवंशकर्त्ता जिनसेन मौनि भट्टारकके गुरुके गुरु हो सकते हैं या एकाध पीढ़ी और पहलेके। यदि जिनसेन और मौनि भट्टारकके बीचके एक दो आचार्योंका नाम और कहींसे मालूम हो जाय तो फिर

१ देखो महाराष्ट्रीय ज्ञानकोश जिल्द १३, पृ० ७३-७४

२ देखो इण्डियन एण्टिक्वेरी जि० १२, पृ० १९३-९४

इन ग्रन्थोंसे वीर-निर्वाणसे श० सं० ८५३ तककी अर्थात् १४५८ वर्षकी एक अविच्छिन्न गुरुपरम्परा तैयार हो सकती है।

जिनसेन अपने गुरु कीर्तिषेणके भाई अमितसेनको जो सौ वर्षतक जीवित रहे थे खास तौरसे 'पवित्रपुन्नाटगणाग्रणी' कहा है, जो यह ध्वनित करता है कि शायद पहले पहल वे ही काठियावाड़में अपने संघसहित आये हों।

## पुन्नाट संघ काठियावाड़में

यों तो मुनिजन दूर दूर तक सर्वत्र ही विहार करते रहते हैं परन्तु पुन्नाट संघका सुदूर कर्नाटकसे चलकर काठियावाड़में पहुँचना और वहाँ लगभग दो सौ वर्षतक रहना एक असाधारण बात है। इसका सम्बन्ध दक्षिणके चौलुक्य और राष्ट्रकूट राजाओंसे ही जान पड़ता है जिनका शासन काठियावाड़ और गुजरातमें बहुत समय तक रहा है और जिन राजवंशोंकी जैनधर्मपर विशेष कृपा रही है। अनेक चालुक्य और राष्ट्रकूट राजाओं तथा उनके माण्डलिकोंने जैनमुनियोंको दान दिये हैं और उनका आदर किया है। उनके बहुतसे अमात्य, मंत्री, सेनापति आदि तो जैनधर्मके उपासक तक रहे हैं। ऐसी दशामें यह स्वाभाविक है कि पुन्नाटसंघके कुछ मुनि उन लोगोंकी प्रार्थना या आग्रहसे सुदूर काठियावाड़तक आ पहुँचें। हरिषेणके बाद और कब तक काठियावाड़में पुन्नाट संघ रहा, इसका कोई पता नहीं।

जिनसेनने अपने ग्रन्थकी रचनाका समय शक संवतमें दिया है और हरिषेणने संवत्के साथ विक्रम संवत् भी दिया है। उत्तरभारत, गुजरात, मालवा आदिमें विक्रम संवत्का और दक्षिणमें शक संवत्का चलन रहा है। जिनसेनको दक्षिणसे आये हुए एक दो पीढ़ियाँ ही बीती थीं इसलिए उन्होंने अपने ग्रन्थमें श० सं० का ही उपयोग किया, परन्तु हरिषेणको काठियावाड़में कई पीढ़ियाँ बीत गई थीं, इसलिए उन्होंने वहाँकी पद्धतिके अनुसार साथमें वि० सं० देना भी उचित समझा।

## नन्नराज-वसति

वर्द्धमानपुरकी नन्नराज-वसतिमें अर्थात् नन्नराजके बनवाये हुए या उसके नामसे उसके किसी वंशधरके बनवाये हुए जैनमन्दिरमें हरिवंशपुराण लिखा गया था[1]। यह नन्नराज नाम भी कर्नाटकवालोंके सम्बन्धका आभास देता है और ये राष्ट्रकूट वंशके ही कोई राजपुरुष जान पड़ते हैं। इस नामको धारण करनेवाले

१ देखो छ्यासठवें सर्गका ५२ वाँ पद्य।

कुछ राष्ट्रकूट राजा हुए भी हैं।[१] राष्ट्रकूट राजाओंके प्रसिद्ध नामोंके सिवाय घरू नाम कुछ और ही हुआ करते थे, जैसे कन्न, कन्नर, अण्ण, बोद्दण, तुडिगु, बद्दिग आदि। यह नन्न नाम भी ऐसा ही है।

पुन्नाटसंघका इन दो ग्रन्थोंके सिवाय अभीतक और कहीं भी कोई उल्लेख नहीं मिला है, यहाँ तक कि जिस कर्नाटक प्रान्तका यह संघ था वहाँके भी किसी शिलालेख आदिमें भी नहीं और यह एक आश्चर्यकी बात है। जान पड़ता है कि पुन्नाट ( कर्नाटक )से बाहर जानेपर ही यह संघ पुन्नाटसंघ कहलाया जिस तरह कि आजकल जब कोई एक स्थानको छोड़कर दूसरे स्थानमें जा रहता है, तब वह अपने पूर्वस्थानवाला कहलाने लगता है।

जिनसेनने अपने समीपवर्ती गिरिनारकी सिंहवाहिनी या अम्बादेवीका उल्लेख किया है और उसे विघ्नोंका नाश करनेवाली शासनदेवी बतलाया है[२]। अर्थात् उस समय भी गिरिनारपर अम्बादेवीका मन्दिर रहा होगा। हरिवंशके अन्तिम सर्गमें वीर भगवानके ब्याहकी बात है[३] जो दिगम्बर सम्प्रदायके अन्य किसी ग्रन्थमें नहीं देखी जाती। वह मान्यता किसी अन्य सम्प्रदायकी मालूम होती है और शायद उस सम्प्रदायके ही किसी ग्रन्थसे ली गई है।

दोस्तटिका नामक स्थानको प्रजाने शान्तिनाथके मन्दिरमें इस ग्रन्थकी पूजा की थी। इस स्थानकी खोज करते हुए मालूम हुआ कि बढवाणसे गिरिनारको जाते हुए रास्तेमें ' दोत्तडि ' नामक स्थान है।

---

१ मुलताई ( बेतूल म० प्र० ) में राष्ट्रकूटोंकी जो दो प्रशस्तियाँ मिली है उनमें दुर्गराज, गोविन्दराज, स्वामिकराज और नन्नराज नामके चार राष्ट्रकूट राजाओंके नाम दिये। सौन्दत्तिके राष्ट्रकूटोंकी दूसरी शाखाके भी एक राजाका नाम नन्न था। बुद्ध गयासे राष्ट्रकूटोंका एक लेख मिला है उसमें भी पहले राजाका नाम नन्न है।

ओझाजीने दन्तिवर्माका समय वि० स० ६५० के आसपास बतलाया है। उसके बाद इन्द्रराज-गोविन्दराज-कर्कराज हुए। कर्कके इन्द्र, ध्रुव, कृष्ण और नन्नराज चार पुत्र हुए। हरिवंश और कथाकोशकी नन्नराज-वसति इन्हीं नन्नराजके नामसे होगी।

२ ग्रहीतचक्राऽप्रतिचक्रदेवता तथोर्जयन्तालयसिंहवाहिनी।
शिवाय यस्मिन्निह सन्निधीयते क्व तत्र विघ्नाः प्रभवन्ति शासने॥ ४४

३ देखो, पर्व ६६ के श्लोक ५–९।

प्राचीन गुर्जर-काव्यसंग्रह (गायकवाड़ सीरीज) में अमुलकृत चर्चरिका प्रकाशित हुई है, जिसमे एक यात्रीकी गिरिनार-यात्राका वर्णन है। यात्री सधर्मियोके साथ उज्जिल (ऊर्जयन्त) के रास्तेपर चलता है। पहले बढ़वाण पहुँचता है, फिर रंनडुलई, सहजिगपुरको छोड़ते हुए गंगिलपुर पहुँचता है। आगे लखमीधरको छोड़कर विषम दोत्तडि, बहुत-सी नदियाँ और पहाड़ मिलते हैं जिनका ओर छोर नहीं, फिर करिवंदियालको छोड़कर वह अनन्तपुरमें जाकर डेरा डालता है। उसके बाद भालणमे विश्राम करता है जहाँसे ऊँचा गिरिनारपर्वत दिखता है। यह विषम दोत्तड़ि ही दोस्तटिका है।

उस समय मुनि प्रायः जैनमन्दिरोंमें ही रहते होंगे। जिनसेनने अपना यह ग्रन्थ पार्श्वनाथके मन्दिरमे रहते हुए ही निर्माण किया था।

## पूर्ववर्ती विद्वानोंका उल्लेख

जिनसेनने अपने पूर्वके नीचे लिखे ग्रन्थकर्त्ताओं और विद्वानोंका उल्लेख किया है—

**समन्तभद्र**[1]—जीवसिद्धिविधायी और युक्त्यनुशासनके कर्त्ता।

**सिद्धसेन**[1]—सूक्तियोके कर्त्ता। इन सूक्तियोंसे सिद्धसेनकी द्वात्रिंशतिकाओंका अभिप्राय जान पड़ता है।

**देवनन्दि**,—ऐंद्र, चान्द्र, जैनेन्द्र, व्याडि आदि व्याकरणोंके पारगामी।

**वज्रसूरि**—देवनन्दि या पूज्यपादके शिष्य वज्रनन्दि। इनके विचारोंको प्रवक्ताओं या गणधर देवोंके समान प्रमाणभूत बतलाया है और उनके किसी ऐसे ग्रन्थकी ओर सकेत किया गया है जिसमें बन्ध और मोक्षका सहेतुक विवेचन है।

**महासेन**—सुलोचना कथाके कर्त्ता।

**रविषेण**—पद्मपुराणके कर्त्ता।

**जटा-सिंहनन्दि**—वरांगचरितके कर्त्ता।

**शान्त**—पूरा नाम शांतिषेण होगा। इनकी उत्प्रेक्षा अलंकारसे युक्त वक्रोक्तियोंकी प्रशंसा की गई है। इनका कोई काव्य-ग्रन्थ होगा।

---

१ जीवसिद्धिविधायीह कृतयुक्त्यनुशासनं।
बच· समन्तभद्रस्य वीरस्येव विजृम्भते ॥ २९ ॥
जगत्प्रसिद्धबोधस्य वृषभस्येव निस्तुषा।
बोधयंति सता बुद्धि सिद्धसेनस्य सूक्तय ॥ ३० ॥

**विशेषवादि**—इनके किसी ऐसे ग्रन्थकी ओर संकेत है जो गद्यपद्यमय है और जिनकी उक्तियोंमें बहुत विशेषता है। वादिराजने भी अपने पार्श्वनाथ-चरितमें इनका स्मरण किया है और कहा है कि उनकी रचनाको सुनकर अनायास ही पंडितजन विशेषाभ्युदयको प्राप्त कर लेते हैं[1]।

**कुमारसेन गुरु**—जिनका यश प्रभाचन्द्रके समान उज्ज्वल और समुद्र-पर्यन्त विस्तृत है।

**वीरसेन गुरु**—कवियोंके चक्रवर्ती।

**जिनसेनस्वामी**—पार्श्वजिनेन्द्रके गुणोंकी स्तुतिवाले पार्श्वाभ्युदयके कर्त्ता। **वर्द्धमान-पुराणके** कर्त्ता कोई कवि जिनका नाम नहीं दिया गया।

आगे हरिवंशके प्रारम्भके और अन्तके वे अंश दिये जाते हैं जिनका इस लेखमें उपयोग किया गया है—

इंद्रचंद्रार्कजैनेन्द्रव्याकरणेक्षिणः।
देवस्य देववन्द्यस्य न वन्द्यन्ते गिरः कथं ॥ ३१ ॥
वज्रसूरेर्विचारिण्यः सहेत्वोर्बन्धमोक्षयोः।
प्रमाणं धर्मशास्त्राणां प्रवक्तॄणामिवोक्तयः ॥ ३२ ॥
महासेनस्य मधुरा शीलालंकारधारिणी।
कथा न वर्णिता केन वनितेव सुलोचना ॥ ३३ ॥
कृतपद्मोदयोद्योता प्रत्यहं परिवर्तिता।
मूर्तिः काव्यमयी लोके रवेरिव रवेः प्रिया ॥ ३४ ॥
वराङ्गनेव सर्वाङ्गैर्वराङ्गचरितार्थवाक्।
कस्य नोत्पादयेद्गाढमनुरागं स्वगोचरं ॥ ३५ ॥
शान्तस्यापि च वक्रोक्ती रम्योत्प्रेक्षाबलान्मनः।
कस्य नोद्घाटितेऽन्वर्थे रमणीयेऽनुरंजयेत् ॥ ३६ ॥

---

१ विशेषवादिगीर्गुम्फश्रवणाबद्धबुद्धय।
अक्लेशादधिगच्छन्ति विशेषाभ्युदयं बुधा ॥ २९ ॥ पा० च०

२ आदिपुराणके कर्त्ता जिनसेनने भी इन प्रभाचन्द्रका स्मरण किया है—
चन्द्रांशुशुभ्रयशसं प्रभाचन्द्रकविं स्तुवे।
कृत्वा चन्द्रोदयं येन शश्वदाह्लादितं जगत् ॥

योऽशेषोक्तिविशेषेषु विशेषः पद्यगद्ययोः ।
विशेषवादिता तस्य विशेषत्रयवादिनः ॥ ३७ ॥
आकूपारं यशो लोके प्रभाचन्द्रोदयोज्ज्वलम् ।
गुरोः कुमारसेनस्य विचरत्यजितात्मकम् ॥ ३८ ॥
जितात्मपरलोकस्य कवीनां चक्रवर्तिनः ।
वीरसेनगुरोः कीर्तिरकलंकावभासते ॥ ३९ ॥
यामिताभ्युदये पार्श्वजिनेन्द्रगुणसंस्तुतिः ।
स्वामिनो जिनसेनस्य कीर्तिः संकीर्तयत्यसौ ॥ ४० ॥ —प्रथम सर्ग

वर्द्धमानपुराणोद्यदादित्योक्तिगभस्तयः ।
प्रस्फुरन्ति गिरीशान्तःस्फुटस्फटिकभित्तिषु ॥ ४१ ॥

त्रयः क्रमात्केवलिनो जिनात्परे द्विषष्टिवर्षान्तरभाविनोऽभवन् ।
ततः परे पंच समस्तपूर्विणस्तपोधना वर्षशतान्तरे गताः ॥ २२ ॥
त्र्यशीतिके वर्षशतेऽनुरूपयुग्दशैव गीता दशपूर्विणः शते ।
द्वये च विंशेऽङ्गभृतोऽपि पंच शते च साष्टादशके चतुर्मुनिः ॥ २३ ॥
गुरुः सुभद्रो जयभद्रनामा परो यशोबाहुरनन्तरस्ततः
महार्हलोहार्यगुरुश्च ये दधुः प्रसिद्धमाचारमहाङ्गमत्र ते ॥ २४ ॥
महातपोभृद्विनयधरश्रुतामृषिश्रुतिं गुप्तिपदादिकां दधत् ।
मुनीश्वरोऽन्यः शिवगुप्तसज्ञको गुणैः स्वमर्हद्बलिरप्यधात्पदम् ॥ २५ ॥
समंदरार्योऽपि च मित्रवीरवि ( वित् ? ) गुरू तथान्यौ बलदेवमित्रकौ ।
विवर्धमानाय त्रिरत्नसंयुतः श्रियान्वितः सिंहबलश्च वीरवित् ॥ २६ ॥
स पद्मसेनो गुणपद्मखंडभृद्गुणाग्रणीर्व्याघ्रपदादिहस्तकः ।
स नागहस्ती जितदंडनामभृत्स नंदिषेणः प्रभुदीपसेनकः ॥ २७ ॥
तपोधनः श्रीधरसेननामकः सुधर्मसेनोऽपि च सिंहसेनकः ।
सुनन्दिषेणेश्वरसेनकौ प्रभू सुनन्दिषेणाभयसेननामकौ ॥ २८ ॥
स सिद्धसेनोऽभयभीमसेनकौ गुरू परौ तौ जिनशान्तिषेणकौ ।
अखंडषट्खंडमखंडितस्थितिः समस्तसिद्धान्तमधत्त योऽर्थतः ॥ २९ ॥
दधार कर्मप्रकृतिं च श्रुतिं च यो जिताक्षवृत्तिर्जयसेनसद्गुरुः ।
प्रसिद्धवैयाकरणप्रभाववानशेषराद्धान्तसमुद्रपारगः ॥ ३० ॥

तदीयशिष्योऽमितसेनसद्गुरुः पवित्रपुन्नाटगणाग्रणी गणी ।
जिनेन्द्रसच्छासनवत्सलात्मना तपोभृता वर्षशताधिजीविना ॥ ३१ ॥
सुशास्त्रदानेन वदान्यतामुना वदान्यमुख्येन भुवि प्रकाशिता ।
यदग्रजो धर्मसहोदरः शमी समग्रधीर्धर्म इवात्तविग्रहः ॥ ३२ ॥
तपोमयीं कीर्तिमशेषदिक्षु यः क्षिपन्बभौ कीर्तितकीर्तिषेणकः ।
तदग्रशिष्येण शिवाग्रसौख्यभागरिष्टनेमीश्वरभक्तिभाविना ।
स्वशक्तिभाजा जिनसेनसूरिणा धियाल्पयोक्ता हरिवंशपद्धतिः ॥ ३३ ॥

* * * *

शाकेष्वब्दशतेषु सप्तसु दिशं पंचोत्तरेषूत्तरां,
पातीन्द्रायुधनाम्नि कृष्णनृपजे श्रीवल्लभे दक्षिणां ।
पूर्वां श्रीमदवन्तिभूभृति नृपे वत्सादिराजेऽपरां,
सौराणामधिमण्डलं जययुते वीरे वराहेऽवति ॥ ५२ ॥

कल्याणैः परिवर्धमानविपुलश्रीवर्धमाने पुरे,
श्रीपार्श्वालयनन्नराजवसतौ पर्याप्तशेषः पुरा ।
पश्चाद्दोस्तटिकाप्रजाप्रजनितप्राज्यार्चनावर्चने ( ? )
शान्तेः शान्तिगृहे जिनस्य रचितो वंशो हरीणामयम् ॥५३॥
व्युत्सृष्टापरसघसन्ततिबृहत्पुन्नाटसघान्वये
प्राप्तः श्रीजिनसेनसूरिकविना लाभाय बोधे पुनः ।
दृष्टोऽयं हरिवंशपुण्यचरितश्रीपर्वतः सर्वतो
व्याप्ताशामुखमण्डलः स्थिरतरः स्थेयात्पृथिव्यां चिरम् ॥५४॥

—सर्ग ६६

---

१ अर्थात् वर्द्धमानपुरके पार्श्वनाथ मन्दिरमें यह हरिवंश पहले ( पुरा ) पर्याप्तशेष हुआ, अर्थात् लगभग पूरा हो गया और उसके बाद शान्तिनाथ जिन ( तीर्थंकर ) के शान्ति-गृह ( मन्दिर ) में जो दोस्तटिका ( स्थान ) में है और जो वहाँकी प्रजाकी प्राज्य पूजाके द्वारा चमक रहा था, यह हरिवंश समाप्त हुआ ।

# वीरसेन, जिनसेन और गुणभद्र

## पंचस्तूपान्वय और सेनान्वय

ये तीनों महान् लेखक मूलसंघके ' पंच-स्तूप ' नामके अन्वयमें हुए हैं जो आगे चलकर सेनान्वय या सेन-संघके नामसे विख्यात हुआ। स्वामी वीरसेन और जिनसेनने तो अपने वंशको पंचस्तूपान्वय ही लिखा है[1] परन्तु गुणभद्रने सेनान्वय लिखा है[2] और जहाँ तक हम जानते हैं वीरसेन जिनसेनके सिवाय उनके बादके अन्य किसी भी आचार्यने किसी ग्रन्थमे पंचस्तूपान्वयका उल्लेख नहीं किया।

जम्बूस्वामीचरितके कर्त्ता पं० राजमल्लने—जो कि मुगल-सम्राट् अकबरके समकालीन हैं—लिखा है कि उस समय मथुरामें ५१५ जीर्णस्तूप मौजूद थे[3] और उनका उद्धार टोडर नामके एक धनिक साहुने अगणित द्रव्य व्यय करके कराया था[4]।

---

१ अज्जज्जणदिसिस्सेणुज्जवकम्मस्स चंदसेणस्स।
तह णत्तुवेण पचत्थूहृण्णयभाणुणा मुणिणा ॥ ४ —धवला

यस्तपोदीप्तकिरणैर्भव्याम्भोजानि बोधयन्।
व्यद्योतिष्ट मुनीनेन पचस्तूपान्वयाम्बरे ॥ ५ —ज० ध०

२ श्रीमूलसघवाराशौ मुनीनामिव सार्चिषाम्।
महापुरुषरत्नानां स्थानं सेनान्वयोऽजनि ॥ —उत्तरपुराण प्र०

३ हरिषेण-कथाकोशके ' वैरकुमार-कथानक ' मे भी ( श्लोक १३२ ) मथुराके पचस्तूपोंका जिक्र है।

४ देखो, मा० जै० ग्रन्थमालाद्वारा प्रकाशित जम्बूस्वामीचरितका प्रथम सर्ग और सम्पादककी भूमिका।

## गुरु-शिष्य-परम्परा

इन आचार्योंकी पूर्व-परम्पराका पता आर्य चन्द्रसेन तक मिलता है, उनसे पूर्वका नहीं। चन्द्रसेनके शिष्य आर्यनन्दि, उनके वीरसेन, वीरसेनके जिनसेन, उनके गुणभद्र और गुणभद्रके लोकसेन।

आत्मानुशासनके टीकाकार प्रभाचन्द्रने लिखा है कि अपने बड़े धर्म-भाई विषय-व्यामुग्धबुद्धि लोकसेनको बोध देनेके लिए यह ग्रन्थ बनाया गया[1]। परन्तु उत्तरपुराणकी प्रशस्तिके अनुसार लोकसेन गुणभद्रके अनेक शिष्योंमें मुख्य शिष्य थे और वे विदितसकलशास्त्र, मुनीश और अविकलवृत्त थे[3]। अतएव टीकाकारका यह कथन ठीक नहीं मालूम होता कि लोकसेन उनके गुरु भाई थे।

---

१ बृहद्धर्मभ्रातुर्लोकसेनस्य विषयव्यामुग्धबुद्धेः सबोधनव्याजेन सर्वसत्त्वोपकारकसन्मार्ग-मुपदर्शयितुकामो गुणभद्रदेवो निर्विघ्नतः शास्त्रपरिसमाप्त्यादिकं फलमभिलषन्निष्टदेवताविशेषं नमस्कुर्वन्नाह—

२ स्व० टी० एस० कुप्पूस्वामी शास्त्रीने जीवधरचरितकी भूमिकामें लिखा था कि चूडा-मणि-निघटुके कर्त्ता मण्डलपुरुष दक्षिण अर्काट जिलेके तिरुनरुगुड नामक गाँवके रहनेवाले थे और ज्योतिष तथा नीतिशास्त्रके महान् पण्डित गुणभद्रके शिष्य थे। उसकी रचना उन्होंने कृष्णके राज्य-कालमें की थी जो कि उस राष्ट्रकूट अकालवर्षका ही दूसरा नाम है जिसके राज्य-कालमें गुणभद्रका उत्तरपुराण समाप्त हुआ था। इसके आधारसे अपने ' जिनसेन और गुणभद्राचार्य ' ( विद्वद्रत्नमाला ) शीर्षक लेखमें मैंने भी इन मण्डलपुरुषको गुणभद्रका शिष्य लिखा था। परन्तु उसके बाद तामिल विद्वानोंमें इसकी बहुत चर्चा हुई है। उससे पता लगा है कि चूडामणिनिघटुमें जिस कृष्णका उल्लेख है वह विजय-नगरका राजा कृष्णदेवराय है जिसका समय ई० स० १५०९ से १५३० तक है। इसके सिवाय चूडामणि-निघटुकी भाषा भी बहुत पीछेकी है और उसमें दिवाकर और पिंगलनन्दि नामके जिन कोशोंका उल्लेख है, वे भी इतने पुराने नहीं है। अतएव मण्डलपुरुषके गुरु गुणभद्र कोई दूसरे ही गुणभद्र थे, उत्तरपुराणके कर्त्ता नहीं। एक नामके अनेक आचार्य होनेसे इस तरहकी भ्रान्त धारणायें अक्सर हो जाया करती है।

३ विदितसकलशास्त्रो लोकसेनो मुनीशः कविरविकलवृत्तस्तस्य शिष्येषु मुख्यः।
सततमिह पुराणे प्राप्य साहाय्यमुच्चैर्गुरुविनयमनैषीन्मान्यतां स्वस्य सद्भिः॥ २८

—उत्तरपु० प्र०

वीरसेनके जिनसेनके सिवाय दशरथ नामके एक शिष्य और थे और गुणभद्रने अपनेको इन दोनोंका ही शिष्य बतलाया है।[1]

वीरसेनके एक और शिष्य विनयसेन नामके भी थे जिनकी प्रेरणासे जिनसेनने पार्श्वाभ्युदय काव्यकी रचना की[2] और दर्शनसारके कर्त्ता देवसेनके कथनानुसार जिनके शिष्य कुमारसेनने आगे चलकर काष्ठासंघकी स्थापना की[3]।

जिनसेनने जयधवला टीकामें श्रीपाल, पद्मसेन, और देवसेन नामके तीन विद्वानोका उल्लेख और किया है[4]। संभवतः ये भी उनके सधर्मा या गुरुभाई थे। श्रीपालको तो उन्होंने अपनी जयधवला टीकाका संपालक या पोषक कहा है[5] और अपने आदिपुराणमें भी उनकी प्रशंसा की है[6]।

आदिपुराणकी उत्थनिकामें जिनसेनने लिखा है कि तपोलक्ष्मीके जन्मस्थान, श्रुत और प्रशमके निधि, विद्वानोके अगुए जयसेन गुरु मेरी रक्षा करें[7]। इससे

---

१ स श्रीमान् जिनसेनपूज्यभगवत्पादो जगन्मगलम्। ८
दशरथगुरुरासीत्तस्य धीमान्सधर्मा .
शिष्य श्रीगुणभद्रसूरिरनयोरासीज्जगद्विश्रुत: ॥ १४. उत्तरपुराण प्र०

२ श्रीवीरसेनमुनिपादपयोजभृङ्ग. श्रीमानभूद्विनयसेनमुनिर्गरीयान्।
तच्चोदितेन जिनसेनमुनीश्वरेण काव्य व्यधायि परिवेष्टितमेघदूतम् ॥—पार्श्वा०

३ आसी कुमारसेणो णंदियडे विणयसेणदिक्खयओ
सो सवणसघवज्झो कुमारसेणो दु समयमिच्छत्तो।
चत्तोवसमो रुद्दो कट्ठ संघ परूवेदि ॥ ३५ ॥

४ सर्वज्ञप्रतिपादितार्थगणभृत्सूत्रानुटीकामिमां
येऽभ्यस्यन्ति बहुश्रुता· श्रुतगुरु संपूज्य वीरप्रभुम्।
ते नित्योज्ज्वलपद्मसेनपरमा· श्रीदेवसेनार्चिता·
भासन्ते रविचन्द्रभासि सुतप श्रीपालसत्कीर्तय : ॥ ४४ ॥—जयधवला

५ टीका श्रीजयचिह्नितोऽरु धवला सूत्रार्थसद्योतिनी।
स्थेयादारविचन्द्रमुज्ज्वलतप श्रीपालसंपालिता ॥ ४३ ॥—ज० ध०

६ भट्टाकलक-श्रीपाल-पात्रकेसरिणां गुणाः।
विदुषा हृदयारूढा हारायन्तेति निर्मला. ॥ ५३ ॥—आ० पु०

७ जन्मभूमिस्तपोलक्ष्म्याः श्रुतप्रशमयोर्निधि.।
जयसेनगुरुः पातु बुधवृन्दाग्रणीः स नः ॥ ४९.

मालूम होता है कि ये भी वीरसेनके गुरु-भाई होंगे और इसलिए जिनसेनने इनका भी गुरुरूपसे स्मरण किया है।

वीरसेन स्वामीने चित्रकूटमें जाकर एलाचार्यके समीप सिद्धान्त-ग्रन्थोंका अध्ययन किया और तब उन्होंने जयधवला टीका लिखी। अत एव एलाचार्य उनके विद्यागुरु थे। जयधवलामें उन्होंने एक जगह अपनेको एलाचार्यवत्स या एलाचार्यका शिष्य कहा है—" एत्थ एलाइरियवच्छयस्स णिच्छओ। " परन्तु एलाचार्य किसके शिष्य थे और किस अन्वयके थे, इसका कोई उल्लेख नहीं मिला।

## वीरसेन

वीरसेन अपने समयके महान् आचार्य थे। उन्होंने अपनेको सिद्धान्त, छन्द, ज्योतिष, व्याकरण और प्रमाण शास्त्रोंमें निपुण कहा है[१]। जिनसेनने उन्हे वादिमुख्य, लोकवित्, वाग्मी और कविके[२] अतिरिक्त श्रुतकेवलीतुल्य[३] भी बतलाया है और कहा है कि उनकी सर्वार्थगामिनी प्रज्ञाको देखकर बुद्धिमानोंको सर्वज्ञकी सत्तामें कोई शंका नहीं रही[४]। सिद्धान्त-समुद्रके जलमें धोई हुई अपनी शुद्ध बुद्धिसे वे प्रत्येकबुद्धोंके साथ स्पर्धा करते थे[५]। गुणभद्रने उन्हे तमाम वादियोंको त्रस्त करनेवाला[६] और उनके शरीरको ज्ञान और चारित्रकी सामग्रीसे बना हुआ कहा है[७]। पुन्नाटसंघीय जिनसेनने उन्हें कविचक्रवर्ती कहा है[८]।

---

१ सिद्धन्त-छंद-जोइस-वायरण-पमाणसत्थणिउणेण।
भट्टारएण टीका लिहिएसा वीरसेणेण॥ ५॥—धवला

२ श्रीवीरसेन इत्यात्त-भट्टारकपृथुप्रथः।
स नः पुनातु पूतात्मा वादिवृन्दारको मुनिः॥ ५५॥
लोकवित्त्वं कवित्वं च स्थितं भट्टारके द्वयम्॥
वाग्मिता वाग्मिनो यस्य वाचा वाचस्पतेरपि॥ ५६॥—आ० पु०

३ यं प्राहुः प्रस्फुरद्बोधदीधितिप्रसरोदयं।
श्रुतकेवलिनं प्राज्ञाः प्रज्ञाश्रमणसत्तमम्॥ २२॥

४ यस्य नैसर्गिकीं प्रज्ञां दृष्ट्वा सर्वार्थगामिनी।
जाताः सर्वज्ञसद्भावे निरारेका मनीषिणः॥ २१॥

५ प्रसिद्धसिद्धसिद्धान्तवार्धिवार्धौतशुद्धधीः।
सार्द्धं प्रत्येकबुद्धैर्यः स्पर्धते धीद्धबुद्धिभिः॥ २३॥ ज० ध०

६ तत्र वित्रासिताशेषप्रवादिमदवारणः।
वीरसेनाग्रणीर्वीरसेनभट्टारको बभौ॥ ३

७ ज्ञानचारित्रसामग्रीमग्रहीदिव विग्रहम्॥ ४—उत्तरपुराण प्र०

८ जितात्मपरलोकस्य कवीनां चक्रवर्तिनः।
वीरसेनगुरोः कीर्तिरकलङ्कावभासते॥ ३९—हरिवंश

उनके बनाये हुए तीन ग्रन्थोंका उल्लेख मिलता है जिनमेंसे दो उपलब्ध है—

१ **सिद्ध-भूपद्धति-टीका**—उत्तरपुराणकी प्रशस्तिमे गुणभद्रने इस टीकाका उल्लेख किया है और कहा है कि सिद्धभूपद्धति ग्रन्थ पद पदपर विषम या कठिन था। परन्तु इस टीकासे वह भिक्षुओंके लिए अत्यन्त सुगम हो गया[१]।

नामपरसे ऐसा अनुमान होता है कि यह क्षेत्रगणितसम्बन्धी ग्रन्थ होगा और वीरसेन बडे भारी गणितज्ञ तो थे ही, जैसा कि उनकी धवला टीकासे मालूम होता है। इस लिए उनके द्वारा ऐसी टीकाका लिखा जाना सम्भव है। परन्तु अभी तक यह ग्रन्थ प्राप्त नहीं हुआ और न कहीं इसका उल्लेख ही मिला है।

२ **धवला टीका**—पूर्वोके अन्तर्गत 'महाकर्मप्रकृति' नामका एक पाहुड था जिसमें कृति, वेदना आदि चौबीस अधिकार थे। पुष्पदन्त और भूतबलि मुनिने आचार्य धरसेनके निकट इनका अध्ययन करके आदिके छह अधिकारों या खडोंपर सूत्ररूपमें रचना की, जिन्हे षट्खण्डागम कहते हैं। उनके नाम हैं जीवस्थान, क्षुद्रकबन्ध, बन्धस्वामित्व, वेदना, वर्गणा और महाबन्ध[२]। धवला टीका इनमेंसे आदिके पाँच खण्डोंकी व्याख्या है। छठे महाबन्ध खण्डके विषयमें वीरसेनने लिखा है कि स्वयं भूतबलिने महाबन्धको विस्तारके साथ लिखा है अतएव उसकी पुनरुक्ति करनेकी जरूरत नहीं मालूम होती। और फिर पूर्वके चौबीस अधिकारोमेंसे शेषके अठारह अधिकारोंकी संक्षिप्त व्याख्या कर दी है जिनपर भूतबलिके सूत्र नही हैं। इस भागको उन्होंने चूलिका कहा है और इसे ही छठा खण्ड मानकर धवलाको भी षट्खण्डागम कहा जाता है। यह पूरा ग्रन्थ ७२ हजार श्लोक प्रमाण प्राकृतसंस्कृतभाषा-मिश्र है।

**जयधवला टीका**—यह आचार्य गुणधरके कषाय-प्राभृत सिद्धान्तकी टीका है और सब मिलाकर ६० हजार श्लोक प्रमाण है। इसके प्रारम्भकी बीस

---

१ सिद्धभूपद्धतिर्यस्य टीकां संवीक्ष्य भिक्षुभि।
टीक्यते हेलयान्येषा विषमापि पदे पदे ॥ ६— उत्तरपुराण प्र०

२ यह महाबन्ध भूतबलिकृत है और महाधवलके नामसे प्रसिद्ध है। इसके तीन खण्ड भारतीय ज्ञानपीठ काशीसे प्रकाशित हो चुके है। मूडबिद्रीमें इसकी जो प्रति है उसके प्रारभमें लगभग तीन हजार श्लोकप्रमाण 'सत्कर्मपंजिका' है जो धवलान्तर्गत वीरसेनकृत शेषके अठारह अधिकारोंमेंसे निबन्धनादि चार अधिकारोंके विषमपदोंकी व्याख्यारूप है। इसके कर्त्ताका अभीतक पता नही लग सका।

हजार श्लोक प्रमाण टीका तो वीरसेनकी है और शेष चालीस हजार जिनसेनकी। बीस हजार टीका लिख चुकनेपर गुरुका स्वर्गवास हो गया और तब शिष्यने उसे पूरा किया।

जयधवला टीकाको जिनसेनने 'वीरसेनीया टीका' भी लिखा है जो कि उनके गुरुके कर्तृत्वको प्रकट करती है। उसका एक तिहाई भाग तो गुरुकृत है ही, शेष भाग भी उन्हींके आदेश और सूचनाओंके अनुसार लिखा गया है।

उक्त दोनों टीका-ग्रन्थ राष्ट्रकूटनरेश अमोघवर्ष ( प्रथम ) के समयमें रचे गये और अमोघवर्षका एक नाम 'धवल' या 'अतिशय धवल' भी था, इसलिए अनुमान है कि इनका नामकरण उन्हींके नामको चिरस्थायी करनेके लिए किया गया।

धवला और जयधवला टीकाओंके विषयमे इससे अधिक लिखनेकी आवश्यकता नहीं मालूम होती, क्योंकि धवलाका प्रकाशन हो रहा है, तेरह खंड प्रकाशित भी हो चुके हैं और जयधवलाके तीन खंड प्रकाशित हो गये हैं। लगभग हजार वर्ष तक मूडविद्रीके भंडारमे कैद रहनेके बाद अब ये टीकायें सर्वसाधारणके सामने आ गई हैं।

इन दो टीकाओंके सिवाय वीरसेनकी और कोई रचना उपलब्ध नहीं।

## जिनसेन

ये भी अपने गुरुके ही समान् महान् विद्वान् और उनके सच्चे उत्तराधिकारी सिद्ध हुए। गुणभद्र भदन्तने ठीक ही कहा है कि जिस तरह हिमालयसे गंगाका, सर्वज्ञके मुँहसे दिव्यध्वनिका और उदयाचलसे भास्करका उदय होता है उसी तरह वीरसेनसे जिनसेनका उदय हुआ।[1]

जयधवलाकी प्रशस्तिमें स्वयं जिनसेनने अपना परिचय बड़ी ही सुन्दर आलंकारिक शैलीमे दिया है—

---

१ अभवदिव हिमाद्रेर्देवसिन्धुप्रवाहो, ध्वनिरिव सकलज्ञात्सर्वशास्त्रैकमूर्तिः।
उदयगिरितटाद्वा भास्करो भासमानो, मुनिरनु जिनसेनो वीरसेनादमुष्मात्॥

—उ० पु० प्र०

जिनके दोनों कान अविद्ध होनेपर भी ज्ञान-शलाकासे बेधे गये थे[1], अर्थात् कर्णवेध-संस्कार होनेके पहले ही इन्होंने दीक्षा ले ली थी। निकट-भव्य होनेके कारण मुक्तिरूपी लक्ष्मीने उत्सुक होकर मानों स्वयं ही वरण करनेके लिए जिनके लिए श्रुत-मालाकी योजना की थी[2], जिनके द्वारा बचपनसे अखण्डित ब्रह्मचर्य व्रतका आचरण किये जानेके कारण स्वयंवर-विधानमें सरस्वती चित्रलिखित-सी मूढ़ हो रही[3], जो न तो बहुत सुन्दर थे और न बहुत चतुर, फिर भी अनन्यशरण होकर सरस्वती देवीने जिनकी उपचर्या या सेवा की[4]। बुद्धि, शान्ति और विनय इन स्वाभाविक गुणोंसे जिन्होंने आचार्योंकी आराधना की और गुणोंसे कौन आराधित नहीं होता[5]? जो शरीरसे कृश (दुबले) होनेपर भी तपसे कृश नहीं हुए थे। शारीरिक कृशत्व सच्चा कृशत्व नहीं है[6]। जो गुणोंसे कृश होता है वास्तवमें वही कृश है। जिन्होंने न तो कापलिका (सांख्यशास्त्र और पक्षमें तैरनेका घड़ा) को ग्रहण किया और न अधिक चिन्तन किया, फिर भी[7] जो अध्यात्म-विद्यासागरके परली पार पहुँच गये। जिनका काल निरन्तर ज्ञानकी आराधनामें ही व्यतीत हुआ और इसलिए तत्त्वदर्शियोंने जिन्हें ज्ञानमय पिंड या ज्ञानशरीरी कहा[8]।

---

१ तस्य शिष्योऽभवच्छ्रीमान् जिनसेनः समिद्धधीः।
अविद्धावपि यत्कर्णौ विद्धौ ज्ञानशलाकया ॥ २७ ॥

२ यस्मिन्नासन्नभव्यत्वान्मुक्तिलक्ष्मीः समुत्सुका।
स्वयंवरीतुकामेव श्रौतीं मालामयूयुजत् ॥ २८ ॥

३ येनानुचरितं बाल्याद्ब्रह्मव्रतमखण्डितम्।
स्वयंवरविधानेन चित्रमूढा सरस्वती ॥ २९ ॥

४ यो नातिसुन्दराकारो न चातिचतुरो मुनिः।
तथाप्यनन्यशरणा यं सरस्वत्युपाचरत् ॥ ३० ॥

५ धीः शमो विनयश्चेति यस्य नैसर्गिका गुणाः।
सूरीनाराधयन्ति स्म गुणैराध्यते न कः ॥ ३१ ॥

६ यः कृशोपि शरीरेण न कृशोऽभूत्तपोगुणैः।
न कृशत्वं हि शारीरं गुणैरेव कृशः कृशः ॥ ३२ ॥

७ यो नागृहीत्कापलिकान्नाप्यचिन्तयदंजसा।
तथाप्यध्यात्मविद्याब्धेः परपारमशिश्रियत् ॥ ३३ ॥

८ ज्ञानाराधनया यस्य गतः कालो निरन्तरम्।
ततो ज्ञानमयं पिण्डं यमाहुस्तत्त्वदर्शिनः ॥ ३४ ॥

जिनसेन सिद्धान्तोके ज्ञाता तो थे ही, कवि भी उच्च कोटिके थे। जयधवलाके शेष भागके सिवाय उनके दो ग्रन्थ और भी उपलब्ध हैं, एक पार्श्वाभ्युदय काव्य और दूसरा आदिपुराण।

**१ पार्श्वाभ्युदय**—यह ३३४ मन्दाक्रान्ता वृत्तोंका एक खण्डकाव्य है और संस्कृत साहित्यमें अपने ढंगका अद्वितीय है। इसमें महाकवि कालिदासका सुप्रसिद्ध काव्य मेघदूत सबका सब वेष्टित है। मेघदूतमें जितने भी पद्य हैं और उनके जितने भी चरण हैं वे सब एक एक या दो दो करके इसके प्रत्येक पद्यमें प्रविष्ट कर लिये गये हैं, अर्थात् मेघदूतके प्रत्येक चरणकी समस्यापूर्तिके रूपमें यह कौतुकावह काव्य निर्मित हुआ है। मेघदूतके अन्तिम चरणोंको लेकर तो अनेक काव्य लिखे गये हैं, परन्तु सारे मेघदूतको वेष्टित कर लेनेवाला यह एक ही काव्य है और इसकी महत्ता उस समय और भी बढ जाती है जब हम देखते हैं कि पार्श्वनाथचरितकी कथामें और मेघदूतके विरही यक्षकी कथामें कोई समानता नहीं है। इन सब कठिनाइयोंके होते हुए भी यह काव्य बहुत ही सुन्दर और सरस बन पड़ा है[१]।

इस काव्यकी रचना जिनसेनने अपने सधर्मा विनयसेनकी प्रेरणासे की थी और शायद यह इनकी सबसे पहली रचना है।

योगिराट् पण्डिताचार्य नामके किसी विद्वान्ने इस काव्यकी एक संस्कृत टीका लिखी है जो विक्रमकी पन्द्रहवीं सदीके बादकी है[२]। उन्होने लिखा है कि कवि कालिदास बंकापुरनरेश अमोघवर्षकी सभामें आये और उन्होंने बड़े घमण्डके साथ अपना मेघदूत काव्य पढ़कर सुनाया। उस सभामें जिनसेन मौजूद थे। उन्हें कोई भी रचना हो, एक बार पढ़नेसे, कण्ठस्थ हो जाती थी, अतएव मेघदूत भी उन्हें याद हो गया। उनके गुरुभाई विनयसेन भी वहीं थे। उन्होंने प्रेरणा

---

१ मैने अपने 'जिनसेन और गुणभद्राचार्य' शीर्षक विस्तृत लेखमें जो सन् १९१२ में प्रकाशित हुआ था, पार्श्वाभ्युदयके बहुतसे पद्य अनुवादसहित दिये हैं और इस काव्यकी विशेषताओं-पर भी विस्तारके साथ लिखा है।—देखो, विद्वद्रत्नमाला।

२ पार्श्वाभ्युदय-टीकामें जगह जगह 'रत्नमाला' नामक कोशके प्रमाण दिये है और इस रत्नमालाका कर्ता 'इरुगदण्डनाथ' विजयनगरनरेश हरिहरराजके समय श० सं० १३२१ (वि० स० १४५६) के लगभग हुआ है। अतएव पण्डिताचार्य उससे पीछेके हैं।

की कि इस कविका अहंकार नष्ट करना चाहिए और तब जिनसेनने कहा कि पुरानी रचनामेंसे चुराया होनेके कारण ही यह काव्य इतना सुन्दर लगता है! इसपर कालिदासने क्रोधित होकर कहा कि यदि ऐसी कोई पुरानी कृति है तो उसे बताओ, जिनसेनने कहा कि पुरानी कृति तो यहाँसे बहुत दूर एक नगरमें है, अतएव वह वहाँसे कोई आठ दिनमें लाई जा सकेगी। आखिर जिनसेनने सात दिनके भीतर ही पार्श्वाभ्युदयकी रचना कर डाली और फिर उसे आठवें दिन राजसभामें जाकर सुना दिया। पर अन्तमें यह भी कह दिया कि वास्तवमें मेघदूत स्वतंत्र ही है, मैंने तो यह काव्य कालिदासके गर्वको चूर करनेके लिए उनके मेघदूतकी ही पूर्ति करके लिखा है। इत्यादि।

परन्तु यह कथा सर्वथा कल्पित और अविश्वसनीय है। क्योंकि एक तो मेघदूतके कर्त्ता कालिदास जिनसेनसे बहुत पहलेके हैं[1] और दूसरे अमोघवर्षकी राजधानी जो बंकापुर बतलाई गई है सो बिलकुल गलत है। अमोघवर्षकी राजधानी मान्यखेट थी और बंकापुर अमोघवर्षके उत्तराधिकारी अकालवर्षके सामन्त लोकादित्यकी। लोकादित्यके पिताका नाम बंकेयरस था और उसने अपने नामसे ही राजधानीका नाम बंकापुर रक्खा था। अतएव अमोघवर्षके समय तो शायद बंकापुर नामका ही अस्तित्व न होगा और सबसे बड़ी बात यह कि इस तरह झूठ कहकर किसीको छकाना जिनसेन जैसे महान् आचार्यके पदके लिए शोभास्पद नहीं, उलटा निन्दाजनक है। धर्मप्रभावना ऐसे निंद्य कार्योंसे हो भी नहीं सकती।

**२ आदिपुराण**—जिनसेन स्वामीने सारे त्रेसठशलाका पुरुषोंका चरित्र लिखनेकी इच्छासे महापुराणका प्रारम्भ किया था परन्तु बीचमें ही शरीरान्त हो

---

१ जैनकवि रविकीर्तिने एहोलेके मन्दिरकी प्रशस्तिमे श० स० ५५६ ( वि० स० ६९१ ) मे कालिदास और भारविका उल्लेख किया है—

" स जयति कविरविकीर्तिः कविताश्रितकालिदास-भारविकीर्तिः ।"

२ पार्श्वाभ्युदयके उपान्त्य पद्यमें स्वयं जिनसेनने कालिदासके काव्य ( मेघदूत ) की 'बहुगुण अपदोष' कहकर प्रशसा की है—

इति विरचितमेतत्काव्यमावेष्ट्य मघ
बहुगुणमपदोषं कालिदासस्य काव्य ।
मलिनितपरकाव्य तिष्ठतादाशशांक
भुवनमवतु देवः सर्वदामोघवर्षः ॥

जानेसे उनकी वह इच्छा पूरी न हो सकी और महापुराण अधूरा रह गया, जिसे पीछे उनके शिष्य गुणभद्रने पूरा किया। महापुराणके दो भाग हैं—एक आदि-पुराण और दूसरा उत्तरपुराण। आदिपुराणमें प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ या ऋषभदेवका चरित है और उत्तरपुराणमें शेष २३ तीर्थंकरों और अन्य शलाका-पुरुषोंका। आदिपुराणमें १२ हजार श्लोक और ४७ पर्व या अध्याय हैं। इनमेंसे ४२ पर्व पूरे और ४३ वें पर्वके ३ श्लोक जिनसेनके और शेष चार पर्वोंके १६२० श्लोक उनके शिष्यके हैं। इस तरह आदिपुराणके १०३८० श्लोकोंके कर्त्ता जिनसेन हैं।

आदिपुराण केवल पुराण ही नहीं है, ऊँचे दर्जेका महाकाव्य भी है। गुणभद्र-ने उसकी प्रशंसामें कहा है कि यह सारे छन्दों और अलंकारोंको लक्ष्यमें रखकर लिखा गया है, इसकी रचना सूक्ष्म अर्थ और गूढ़ पदोंवाली है, इसमें बड़े बड़े विस्तृत वर्णन हैं, जिनको पढ़नेसे तमाम शास्त्रोंका साक्षात् हो जाता है, इसके सामने दूसरे काव्य नहीं ठहर सकते, यह श्रव्य है, व्युत्पन्नबुद्धिवालोंके द्वारा ग्रहण करने योग्य है, और अतिशय ललित है[1]।

आदिपुराण सुभाषितोंका भी भंडार है। जिस तरह बहुमूल्य रत्नोंका उत्पत्ति-स्थान समुद्र है, उसी तरह सूक्त-रत्नोंका भाण्डार यह पुराण है। जो अन्यत्र दुर्लभ हैं, ऐसे सुभाषित इसमें सुलभ हैं और स्थान स्थानसे इच्छानुसार संग्रह किये जा सकते हैं।

आदिपुराणकी उत्थानिकामें जिनसेनने अपने पूर्ववर्ती सुप्रसिद्ध कवियों और विद्वानोंकी अनेक विशेषणोंसे युक्त स्तुति की है—१ सिद्धसेन, २ समन्तभद्र,

---

१ सकलच्छन्दोलंकृतिलक्ष्यं सूक्ष्मार्थगूढपदरचनम्
व्यावर्णनोरु सारं साक्षात्कृतसर्वशास्त्रसद्भावम्।
अपहसितान्यकाव्यं श्रव्यं व्युत्पन्नमतिभिरादेयम्
जिनसेनभगवतोक्तं मिथ्याकविदर्पदलनमतिललितम्॥

२ यथा महार्घ्यरत्नानां प्रसूतिर्मकरालयात्।
तथैव सूक्तरत्नानां प्रभवोऽस्मात्पुराणतः॥ १६॥
सुदुर्लभं यदन्यत्र चिरादपि सुभाषितम्।
सुलभं स्वैरसंग्राह्यं तदिहास्ति पदे पदे॥ १७॥ —उ० पु० प्र०

३ श्रीदत्त[1], ४ प्रभाचन्द्र[2], ५ शिवकोटि, ६ जटाचार्य[3], ७ काणभिक्षु[4], ८ देव (देवनन्दि), ९ भट्टाकलंक, १० श्रीपाल, ११ पात्रकेसरी, १२ वादिसिंह, १३ वीरसेन १४ जयसेन १५ कविपरमेश्वर[5]।

हरिवंशपुराणकर्त्ताने लिखा है—

> यामिताभ्युदये पार्श्वजिनेन्द्रगुणसंस्तुतिः ।
> स्वामिनो जिनसेनस्य कीर्तिः संकीर्तयत्यसौ ॥ ४० ॥
> वर्द्धमानपुराणोद्यदादित्योक्तिगभस्तयः ।
> प्रस्फुरन्ति गिरीशान्तःस्फुटस्फटिकभित्तिषु ॥ ४१ ॥

पहले हमने इन दोनों ही श्लोकोंको सम्मिलित रूपमें जिनसेन स्वामीकी प्रशंसा करनेवाला समझा और कल्पना की कि उनका बनाया हुआ कोई वर्द्धमानपुराण भी होगा। परन्तु अब मालूम होता है कि जिनसेनकी स्तुति इसके पहलेके ४० वें श्लोकमें ही समाप्त हो गई है और इस ४१ वें श्लोकमें किन्हीं अन्य ही कविके

---

१ श्रीदत्तके विषयमें हम कुछ नहीं जानते। २ चन्द्रोदय नामक यशस्वी काव्यके कर्त्ता। ३ वरांगचरितके कर्त्ता जटा-सिंहनन्दि। ४ काणभिक्षु शायद काणे होंगे। चतु-शतकके कर्त्ता आर्यदेव भी काणे थे। प० विधुशेखर भट्टाचार्यने चतु:शतकका तिब्बतीपरसे फिर संस्कृत अनुवाद किया है। भाण्डारकरकी रिपोर्ट (१८८३–८४) में काणभिक्षु और देव मुनिको एक बतलाया है। ५ वागर्थसंग्रह नामक समग्र पुराणके कर्त्ता। गुणभद्रने इनका कविपरमेष्ठी नामसे उल्लेख किया है और आदि-पुराणको 'गद्यकथामातृक' कहा है—"कविपरमेश्वरनिगदितगद्यकथामातृकं पुरोश्चरितम्।" वागर्थसंग्रह अभी तक अप्राप्य है। डॉ० उपाध्येने जैनसिद्धान्तभास्कर भाग १३ अंक २ (जनवरी ४७) में 'कविपरमेश्वर या कविपरमेष्ठी' शीर्षक लेख लिखकर बतलाया है कि नवमीसे लेकर तेरहवी सदीतकके आदि पंप, अभिनव पंप, नयसेन, कमलभव आदि अनेक कनडी कवियोंने समन्तभद्र और पूज्यपादके साथ कविपरमेष्ठीका बड़े आदरके साथ उल्लेख किया है। नेमिचन्द्रने अपने नेमिनाथ पुराणमें उन्हें चौबीस तीर्थंकरोंके पुराणका कर्त्ता बतलाया है और चामुंडरायने अपने आदिपुराणमें स्पष्ट रूपसे लिखा है कि कविपरमेष्ठीने त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित लिखा था और चामुण्डरायपुराणमें लिखा है कि उसे वे कविपरमेश्वर, जिनसेन और गुणभद्रके आधारसे लिखते हैं। इसके सिवाय चामुण्डराय-पुराणमें कवि परमेश्वरके अनेक संस्कृत पद्य भी उनका नाम देकर उद्धृत किये हैं। डा० उपाध्ये यह निश्चय नहीं कर सके हैं कि वागर्थसंग्रह केवल संस्कृत गद्यमें ही है या उसमें बीचबीचमें आये हुए पद्योंको उद्धृत किया गया है। संभव है, चम्पू ग्रन्थ हो।

वर्द्धमानपुराणकी प्रशंसा है जिनका नाम नहीं दिया गया। इसके पहले ३५ वें श्लोकमें भी विना नाम दिये वे वरांगचरितकी प्रशंसा कर चुके हैं[१]। उक्त वर्द्धमानपुराण उस समय शायद इतना प्रसिद्ध था कि उसके कर्त्ताका नाम देनेकी उन्होंने आवश्यकता ही नहीं समझी।

एक तो जो चौबीसों तीर्थंकरोंका चरित्र लिखने बैठा है, वह अलगसे वर्द्धमान-पुराण पहले लिख देगा, यह कुछ अद्भुत-सा है, और दूसरे यदि जिनसेनका कोई वर्द्धमानपुराण होता तो गुणभद्र उसका उल्लेख अवश्य करते, कमसे कम अपने महावीरपुराण ( उत्तरपुराणान्तर्गत ) मे तो उसकी चर्चा करना उनके लिए आवश्यक ही हो जाता। इसके सिवाय अन्य भी किसी कविने कहीं इस वर्द्धमानपुराणका उल्लेख नहीं किया। गरज यह कि उक्त वर्द्धमानपुराण किसी अन्यकी रचना है और हमें उसका पता नहीं है।

## गुणभद्र

जिनसेनके शिष्य गुणभद्र भी बहुत बड़े ग्रन्थकर्त्ता हुए। जैसा कि पहले कहा जा चुका है इन्होंने आदिपुराणके अन्तके १६२० श्लोक रचकर उसे पूरा किया और फिर उसके बाद उत्तरपुराणकी रचना की जिसका परिमाण आठ हजार श्लोक है। जिस ढंगसे महापुराण प्रारंभ किया गया था और जितना विस्तार उसके प्रथम अंश आदिपुराणका है, यदि वही ढंग आगे भी कायम रक्खा जाता तो यह ग्रन्थ महाभारत जैसा विशाल होता, और जिनसेनकी इच्छा भी शायद यही थी; परन्तु गुणभद्रने अतिशय विस्तारके भयसे और हीनकालके अनुरोधसे थोड़ेमें ही समाप्त करना उचित समझा और इस तरह केवल आठ हजार श्लोकोंमें ही शेष तेइस तीर्थंकरों और अन्य महापुरुषोंका चरित लिख डाला और इस तरह उन्होंने गुरुके प्रति अपने कर्त्तव्यका पालन किया।

गुणभद्र बड़े गुरुभक्त थे। काव्य-प्रतिभा भी उनकी बढ़ी चढ़ी थी। गुरुकी

---

१ वरांगनेव सर्वांगैर्वरांगचरितार्थवाक्।
कस्य नोत्पादयेद्गाढमनुरागं स्वगोचरम् ॥ ३५ ॥
इस वरांगचरितके कर्त्ता जटा-सिंहनन्दि हैं।

२ अतिविस्तरभीरुत्वादवशिष्टं संग्रहीतममलधिया।
गुणभद्रसूरिणेदं प्रहीणकालानुरोधेन ॥ १९ ॥

अधूरी रचनामें हाथ लगाते समय उन्होंने जो थोड़ेसे पद्य लिखे हैं, वे इस गुरु-भक्ति और काव्य-प्रतिभाको स्पष्ट रूपसे प्रकट करते हैं। वे कहते हैं—

गन्नेके समान इस ग्रन्थका पूर्वार्ध ही रसावह है, उत्तरार्धमें तो ज्यों त्यों करके ही रसकी प्राप्ति होगी[1]। गन्नेका प्रारम्भका भाग ही स्वादिष्ट होता है, ऊपरका नहीं। यदि मेरे वचन सरस या सुस्वादु हो, तो इसे गुरुका ही माहात्म्य समझना चाहिए। यह वृक्षोंका स्वभाव है कि उनके फल मीठे होते हैं[2]। वचन हृदयसे निकलते हैं और हृदयमें मेरे गुरु विराजमान् हैं। तब वहाँसे वे उनका संस्कार करेंगे ही। इसमें मुझे परिश्रम न करना पड़ेगा, गुरुकृपासे मेरी रचना संस्कार की हुई ही होगी[3]। जिनसेनके अनुयायी पुराण-( पुराने )मार्गके आश्रयसे संसार-समुद्रसे पार होना चाहते हैं, फिर मेरे लिए पुराण-सागरके पार पहुँचना क्या कठिन है[4]?

उत्तरपुराण यद्यपि संक्षिप्त है, उसमे कथा-भागकी अधिकता है; फिर भी उसमें कवित्वकी कमी नहीं है।

२ **आत्मानुशासन**—यह २७२ पद्योंका छोटा-सा ग्रन्थ अपने नामके अनुरूप अपनेपर शासन प्राप्त करनेके लिए बहुत ही उत्तम साधन है। इसकी रचनाशैली भर्तृहरिके वैराग्य-शतकके ढंगकी और बहुत ही प्रभावशालिनी है[5]।

## गुरु-शिष्यका लम्बा जीवन

वीरसेन-जिनसेनने काफी लम्बी उम्र पाई।

पुन्नाट संघके जिनसेनने अपना हरिवंशपुराण श० स० ७०५ में समाप्त किया था और उसकी उत्थानिकामें उन्होंने वीरसेनको कविचक्रवर्ती और उनके शिष्य जिनसेनको पार्श्वाभ्युदयकी कीर्तिशालिनी रचनाका कर्त्ता कहा है[6]। और उत्थानि-

---

१ इक्षोरिवास्य पूर्वार्द्धमेवाभावि रसावहम्।
यथातथास्तु निष्पत्तिरिति प्रारभ्यते मया॥ १४॥

२ गुरूणामेवमाहात्म्य यदपि स्वादु मद्वच।
तरूणां हि स्वभावोऽसौ यत्फल स्वादु जायते॥ १७॥

३ निर्यान्ति हृदयाद्वाचो हृदि मे गुरव स्थिता।
ते तत्र संस्करिष्यन्ते तन्न मेऽत्र परिश्रम॥ १८॥

४ पुराण मार्गमासाद्य जिनसेनानुगा ध्रुवम्।
भवाब्धे. पारमिच्छन्ति पुराणस्य किमुच्यते॥ १९॥

५ देखो विद्वद्रत्नमाला पृ० ७४–७७

६ देखो ऊपर पृ० १३७ मे उद्धृत 'यामिता' आदि श्लोक।

का ग्रन्थसमाप्तिपर ही अक्सर लिखी जाती है, अर्थात् श० सं० ७०५ में पार्श्वाभ्युदयकी रचना हो चुकी थी और यदि उस समय कविकी अवस्था २० वर्षकी ही मान ली जाय, तो वीरसेनके शिष्य जिनसेनका जन्म श० सं० ६८५ के लगभग हुआ होगा और यदि शिष्यसे गुरुकी उम्र पन्द्रह वर्ष ही अधिक मानें ली जाय तो वीरसेनका जन्म-काल श० सं० ६७० के लगभग समझना चाहिए।

उन्होंने अपनी धवला टीका श० सं० ७३८ में समाप्त की है। यदि उसके बाद तत्काल ही जयधवला टीका प्रारम्भ कर दी हो, जो कि दुर्भाग्यसे पूरी न हो सकी, तो उसके २० हजार श्लोकोंकी रचनामें निदान सात आठ वर्ष जरूर लग गये होंगे और इस हिसाबसे उनका स्वर्गवास श० स० ७४५ के लगभग ७५ वर्षकी उम्रमें हुआ होगा।

ऊपर जिनसेनका जन्म श० ६८५ के लगभग अनुमान किया गया है और जयधवला टीका उन्होंने श० सं० ७५९ में समाप्त की है[२]। अर्थात् उस समय उनकी उम्र ७४ वर्षकी होगी। जयधवलाके बाद ही उन्होंने अपना आदिपुराण शुरू किया होगा[३] जिसे कि वे पूरा न कर सके। उसके लगभग दस हजार श्लोकोंकी रचनामें उनकी वृद्धावस्थाको देखते हुए ५-६ वर्षसे कम न लगे होंगे और इस तरह श० सं० ७६५ के लगभग ८० वर्षकी उम्रमें उनका स्वर्गवास हुआ होगा।

इस तरह हम देखते हैं कि ये दोनों महान् ग्रन्थकर्ता खूब दीर्घजीवी हुए।

भदन्त गुणभद्रकी उम्र यदि गुरुके स्वर्गवासके समय २५ वर्षकी मान

---

१ अठतीसम्हि सतसए विक्कमरायंकिए सु-सगणामे।
वासे सुतेरसीए भाणुविलग्गे धवलपक्खे ॥ ६ ॥ आदि

२ एकान्नषष्टिसमधिकसप्तशताब्देषु शकनरेन्द्रस्य।
समतीतेषु समाप्ता जयधवला प्राभृतव्याख्या ॥

३ आदिपुराणकी उत्थानिकामें जिनसेनने अपने गुरुको सिद्धान्त-ग्रन्थोंके उपनिबन्धोंका या टीकाओंका कर्ता लिखा है—"सिद्धान्तोपनिबन्धानां विधातुर्मद्गुरोश्चिरम्। मन्मनःसरसि स्थेयान्मृदुपादकुशेशयम् ॥ ५७" इससे धवला और जयधवला दोनो टीकाओंका मतलब निकलता है। अर्थात् आदिपुराणके प्रारंभ करते समय जयधवला ( २० हजार श्लोक ) बन चुकी थी और गुरुकी मृत्यु हो चुकी थी। इसी लिए उनके चरण-कमलोंको अपने मनमें स्थिर रखनेकी भी इच्छा प्रकट की गई है।

ली जाय तो वे श० सं० ७४० के लगभग जन्मे होंगे परन्तु उन्होंने उत्तर-पुराणकी समाप्ति कब की और वे कब तक जीते रहे, यह अभी अन्वेषणीय है।

## उत्तरपुराण कब समाप्त हुआ ?

उत्तरपुराणकी प्रशस्तिके अनुसार हमने अपने पहले लेखमें उसकी समाप्तिका समय श० सं० ८२० माना था[1] और अन्य विद्वान् भी यही मानते आ रहे हैं; परन्तु अब यह प्रश्न हुआ कि इतने महान् आचार्यका ग्रन्थ जिसके एकसे एक बढ़कर गुरुभाई और शिष्य मौजूद थे, लगभग ५० वर्ष तक अधूरा कैसे पड़ा रहा ? तब प्रशस्तिका बारीकीसे अध्ययन किया गया और उससे मालूम हुआ कि उपलब्ध प्रशस्तिके दो हिस्से हैं। पहला हिस्सा एकसे लेकर सत्ताईसवें पद्य तक है और दूसरा अट्ठाईसवेंसे ब्यालीसवें तक। पहलेके कर्त्ता हैं गुणभद्र और दूसरे हिस्सेके कर्त्ता उनके शिष्य लोकसेन। प्रति-लेखकोंको कृपासे दोनों हिस्से मिल-जुलकर एक हो गये हैं।

गुणभद्रने अपनी प्रशस्तिके प्रारंभके १९ पद्योंमें अपने संघकी और गुरुओंकी महिमाका परिचय दिया है और फिर बीसवें पद्यमें लिखा है कि अतिविस्तारके भयसे और अतिशय हीनकालके अनुरोधसे अवशिष्ट महापुराणको मैंने संक्षेपमें संग्रह किया। फिर पाँच छह श्लोकोंमें ग्रन्थका माहात्म्य वर्णन करके अन्तके २७ वें पद्यमें कहा है कि भव्यजनोंको इसे सुनना चाहिए, व्याख्यान करना चाहिए, चिन्तवन करना चाहिए, पूजना चाहिए और भक्तजनोंको इसकी प्रतिलिपियाँ लिखना लिखाना चाहिए[2]। बस, यहीं गुणभद्रस्वामीका वक्तव्य समाप्त हो जाता है और वास्तवमें इसके बाद कुछ कहनेके लिए रह भी नहीं जाता।

---

१ शकनृपकालाभ्यन्तरविंशत्यधिकाष्टशतमिताब्दान्ते।
मङ्गलमहार्थकारिणि पिङ्गलनामनि समस्तजनसुखदे॥ ३५॥
श्रीपञ्चम्यां बुधार्द्रायुजि दिवसकरे मन्त्रिवारे बुधांशे
पूर्वायां सिंहलग्ने धनुषि धरणिजे वृश्चिकार्कौ तुलायाम्।
सर्पे शुक्रे कुलीरे गवि च सुरगुरौ निष्ठितं भव्यवर्यैः
प्राप्तेज्य सर्वसार जगति विजयते पुण्यमेतत्पुराणम्॥ ३६॥

२ तदेतदेव व्याख्येयं श्रव्यं भव्यैर्निरन्तरम्।
चिन्त्यं पूज्य मुदा लेख्यं लेखनीय च भाक्तिकैः॥ २७॥

इसके बाद २८ वें पद्यसे लोकसेनकी लिखी हुई प्रशस्ति शुरू होती है जिसमें कहा है कि उन गुणभद्रके शिष्योंमें मुख्य लोकसेन हुआ जिसने इस पुराणमें निरन्तर गुरु-विनयरूप सहायता देकर सज्जनोंद्वारा बहुत मान्यता प्राप्त की[1]। फिर २९–३०–३१ नम्बरके पद्योंमे राष्ट्रकूट अकालवर्षकी वीरताकी प्रशंसा की है जो उस समय अखिल पृथ्वीका पालन करता था। फिर ३२ से ३६ तकके पद्योंमें कहा है कि जब अकालवर्षके सामन्त लोकादित्य बंकापुर राजधानीसे सारे वनवास देशका शासन करते थे, तब श० स० ८२० के अमुक मुहूर्तमे इस पवित्र और सर्वसाररूप पुराणकी श्रेष्ठ भव्यजनोंद्वारा पूजा की गई। फिर ३७ वें पद्यमें यह कहकर लोकसेनने अपना वक्तव्य समाप्त किया है कि यह महापुराण चिरकालतक सज्जनोंकी वाणी और चित्तमें स्थिर रहे।

इस तरह ये गुणभद्र और लोकसेनकी लिखी हुई दो जुदी जुदी प्रशस्तियाँ हैं, जो मिल मिलाकर एक हो गई हैं। पहली प्रशस्ति तो स्वयं ग्रन्थकर्त्ताकी है और वह ग्रन्थसमाप्तिके समयकी लिखी हुई है, परन्तु दूसरी प्रशस्ति उनके शिष्य लोकसेनकी है जिसे उन्होंने उस समय लिखा है जब कि उनके गुरुके इस महान् ग्रन्थका विधिपूर्वक पूजामहोत्सव किया गया था। यह पूजामहोत्सव ही श० सं० ८२० की उक्त तिथि और मुहूर्तमें किया गया था, ग्रन्थ-समाप्तिकी तिथि वह नहीं है। ग्रन्थ-समाप्तिकी तिथि गुणभद्रने लिखी ही नहीं।

इससे अब हम इस निर्णयपर पहुँचते हैं कि गुणभद्रने अपने गुरुके अधूरे ग्रन्थको उनके स्वर्गवास होनेके अनतिकाल बाद ही लिखना शुरू कर दिया होगा, और वे उसके लगभग साढ़े नौ हजार श्लोक पाँच सात वर्षोंमे लिख सके होंगे।

बहुत संभव है कि महापुराणका उक्त पूजामहोत्सव लोकसेनने अपने गुरु गुणभद्रके स्वर्गवास होनेपर ही किया हो। क्योंकि लोकसेनकी प्रशस्तिसे ऐसा नहीं मालूम होता कि उनके गुरु उस समय जीवित थे।

---

१ देखो पृ० १२८ के पाद-टिप्पणका २८ वाँ पद्य।

२ अकालवर्ष ( कृष्ण द्वि० ) के श० सं० ८१०, ८२०, ८२२, ८२४, ८३१, ८३२ के लेख मिले है।

३ इसके आगे पाँच पद्य और हैं जो सब प्रतियोंमें नहीं मिलते। उदाहरणार्थ टी० एस० कुप्पू स्वामी शास्त्रीद्वाराप्रकाशित जीवंधरचरित्रमें जो उत्तरपुराणकी प्रशस्ति उद्धृत है, उसमें ये ३८ से ४२ तकके पद्य नहीं है। इन पद्योंमें महापुराणकी महिमा वर्णन की गई है। सम्भव है, ये पद्य किसी अन्यके लिखे हुए हों और पीछेसे शामिल हो गये हों।

## स्थान-विचार

धवलादि सिद्धान्तोंकी प्रतियाँ एक मात्र मूडबिद्रीमें प्राप्त होनेसे पहले यह अनुमान किया गया था कि वीरसेन और जिनसेनका विहार-क्षेत्र कर्नाटक प्रान्त ही रहा होगा और वहींपर इनकी रचना हुई होगी और इसकी पुष्टि इस बातसे भी हुई थी कि महापुराणका पूजा-महोत्सव बंकापुरमें किया गया था जो कर्नाटकके धारवाड़ जिलेमें है। परन्तु अब राष्ट्रकूट वंशका इतिहास लिखनेवाले डा० आलतेकरके इस संकेतसे कि वाटग्राम गुजरातका 'बडोदा' हो सकता है, हमने भी इस दिशामें खोज की और हमें इसके ठीक होनेके अनेक प्रमाण मिले।

इन्द्रनन्दिने श्रुतावतारमें लिखा है कि कुछ काल बीतनेपर चित्रकूटपुरवासी एलाचार्य हुए जिनके समीप वीरसेन गुरुने सकलसिद्धान्तोंका अध्ययन किया और फिर उन्हीं अनुज्ञासे यहाँ वाटग्राममें आकर और आनतेन्द्रके बनवाये हुए जिन मन्दिरमें रहकर उन्होंने षट्खंडागमकी धवलाटीका लिखी और कषायप्राभृतकी जय-धवला टीका भी, जिसे उनके शिष्य जिनसेनने पूरा किया। इसी तरह जयधवलाके अन्तमें लिखा है कि गुर्जरार्यद्वारा अनुपालित वाटग्रामपुरमें वह समाप्त हुई।

बड़ोदाका पुराना नाम वटपद्र, वटपद्रक या वटपल्ली है। कोशोंमें पद्रका अर्थ ग्राम मिलता है। वटवृक्षका गाँव वटपद्र और वही वाटग्राम। गुजरातमें पद्रान्त नामके बीसों गाँव हैं जैसे—चालुक्य जयसिंहदेवके दाहोदके ताम्रपत्रमें दाहोदको दधिपद्र लिखा है और यशपालके मोहपराजय नाटकमें थरादको थारापद्र। इसी तरह उदपद्रक, एलापद्र कक्कापद्र, छेदकपद्र, लोकपद्रक, बलापद्रक,

---

१ काले गते कियत्यपि ततः पुनश्चित्रकूटपुरवासी।
श्रीमानेलाचार्यो बभूव सिद्धान्ततत्त्वज्ञः॥ १७७
तस्य समीपे सकलं सिद्धान्तमधीत्य वीरसेनगुरुः।
उपरितमनिबन्धनाद्यधिकारानष्ट च लिलेख॥ १७८
आगत्य चित्रकूटात्ततः स भगवान् गुरोरनुज्ञानात्।
वाटग्रामे चात्राऽऽनतेन्द्रकृतजिनगृहे स्थित्वा॥ १७९॥..

२ इति श्रीवीरसेनीया टीका सूत्रार्थदर्शिनी।
वाटग्रामपुरे श्रीमद्गुर्जरार्यानुपालिते॥ ६॥ .
.. .. समाप्ता जयधवला प्राभृतव्याख्या॥ ११

जोतिपद्रक, शिवकपद्रक, तलपद्रक, शिरीषपद्रक, तांदुलपद्रक, आदि गाँव गुजरात और काठियावाड़में हैं।

राष्ट्रकूट राजा कर्कके श० सं० ७३४ के ताम्रपत्रके अनुसार सिद्धशामीमें भानु भट्ट नामक ब्राह्मणको अकोटक चौरासी गात्र विषयक ( जिले ) वटपद्रक गाँव दानमें दिया गया था। अकोटक बड़ोदासे ५–६ मील दक्षिणकी ओर अब भी है। कर्क सुवर्णवर्षके दानपत्रमें भी जो शक ७४६ का है कर्क और गोविंद दोनों भाइयोंके द्वारा वटपद्रक ग्राम दानमें देनेका उल्लेख है। इसमें भी लिखा है कि वटपद्रक अंकोटक चौरासी ग्राम विषयमें है। अभी कुछ समय पहले इसी अकोटककी खुदाईमें कासेकी बहुत प्राचीन जैनमूर्तियाँ मिली हैं।

इस वटपद्रक या वाटग्रामको गुर्जरार्य या गुर्जर-नरेन्द्रद्वारा अनुपालित बतलाया है और गुर्जरनरेन्द्र राष्ट्रकूट अमोघवर्ष ही हैं। उस समय राष्ट्रकूटोंकी मुख्य राजधानी मान्यखेट थी परन्तु उनकी गुजरातशाखाकी राजधानी शायद बड़ोदा थी और जान पड़ता है इसीलिए उसे 'पालित' नहीं 'अनुपालित' कहा है। वाटग्रामके गुजरातमें होने और गुजरातपर उसी समयके लगभग अमोघवर्षका अधिकार होनेसे उन्हें गुर्जरनरेन्द्र कहा गया है।

गोविन्द तृतीयके शक सं० ७३५ के ताम्रपत्रसे विदित होता है कि उसने लाट देश ( गुजरातका मध्य और दक्षिण भाग ) को जीतकर अपने छोटे भाई इन्द्रराजको दे दिया था और इसीने गुजरातमें राष्ट्रकूटोंकी दूसरी शाखा स्थापित की थी। इसी इन्द्रराजके पुत्र कर्कराजने अमोघवर्षके विरुद्ध बगावत करनेवाले लाटके राष्ट्रकूटोंको हराया था। वाटग्रामका आनत-इन्द्रकृत जिनगृह आश्चर्य नहीं जो अमोघवर्षके पूर्वोक्त चाचा इन्द्रराजका ही बनवाया हुआ हो, जिसमें ठहरकर वीरसेन और जिनसेनने धवलादि ग्रन्थोंकी रचना की।

सिद्धान्त ग्रन्थोंका अध्ययन करनेके लिए एलाचार्यके पास जिस चित्रकूटमें वीरसेन गये थे वह हमारी समझमें आजकलके चित्तौड़का ही संस्कृत रूप

---

१ गुर्जरनरेन्द्रकीर्तेरन्तःपतिता शशाङ्कशुभ्रायाः।
गुप्तैव गुप्तनृपतेः शकस्य मशकायते कीर्तिः॥ १२
.. सकल नृपतीनातिशय्यपय:पयोधिफेनाच्छा।
गुर्जरनरेन्द्रकीर्तिः स्थेयादाचन्द्रतारमिह भुवने॥ १५

चित्रकूट है। अमोघवर्षके पिता गोविन्द तृतीयने गुजरात और मालवाके साथ साथ चित्रकूटको भी जीता था और उस समय यह अमोघवर्षके ही राज्यमें था। चित्रकूटका महत्त्व बहुत पुराने समयसे है। यहाँ अनेक विद्वान् हो गये हैं और मूलसंघके भट्टारकोंकी गद्दी भी यहापर रही है[१]। मुझे बतलाया गया है सीधे रास्तेसे चित्तौड़से बड़ोदा डेढ़सौ मीलसे अधिक दूर न होगा।

वीरसेन पंचस्तूपान्वयके थे। मथुराके पंचस्तूपोंका वर्णन हरिषेण-कथाकोशमें आया है। यह बहुत प्राचीन मुनिसंघ था। दक्षिणसे उत्तरमें चित्तौड़ जानेकी कल्पना करनेकी अपेक्षा यह कहना ज्यादा ठीक होगा कि वे मथुराकी तरफसे ही चित्तौड़ गये होंगे। यों तो इस अन्वयके साधु बंगालके पहाड़पुर तकमें थे जहाँ गुह-नन्दीके बिहारमें अरहंतोंकी पूजाके लिए गुप्तसंवत १५९ (वि० सं० ५३५) में तीन गाँवोंका दान किया गया था।

वीरसेन तो अन्त तक वाटग्राममें ही रहे जान पड़ते हैं और शायद जिनसेन भी। जिनसेनसे आदिपुराण पूरा न हो सका, उनका भी स्वर्गवास हो गया। पर आदिपुराणके अन्तमें या जहाँसे गुणभद्रने इसे प्रारंभ किया है वहा ऐसा कोई उल्लेख नहीं है जिससे पता चले कि किस समय उनका स्वर्गवास हुआ और किस स्थानपर शेष ग्रन्थ लिखा गया। संभव है गुणभद्र भी वाटग्राममें ही रहे हों।

कर्कराज सुवर्णवर्षके श० सं० ७४३ के दान-पत्रमें मूल संघ और सेनान्वयके अपराजित मुनिको—जो सुमतिके शिष्य और मल्लवादिके प्रशिष्य थे—नवसारी (जि० सूरत) के जैन मन्दिरके लिए एक जमीन दान की गई थी। इससे मालूम होता है कि जिनसेन और गुणभद्र जिस सेनान्वयके थे, उसी अन्वयके और भी मुनि उस समय वहाँपर थे और इसी नवसारीमें राष्ट्रकूटोंके और भी कई दानपत्र मिले हैं।

सोमदेवकी अध्यात्म-तरंगिणीके टीकाकार गणधरकीर्तिने वि० सं० ११८९ मे चालुक्य जयसिंहदेवके समयमें श्रेष्ठ वटपल्ली या बड़ोदाको 'वरविबुधसुधामा

---

१ यहाँ संवत् १२०७ में दिगम्बरगणाधीश रामकीर्तिने चौलुक्य कुमारपालके शिव-मन्दिरकी प्रशस्ति लिखी थी। सोमनाथ पाटणके एक शिलालेखसे मालूम होता है कि नन्दिसंघके हेमसूरिके पाँचवें पूर्वज कीर्तिसूरिने चित्रकूटसे गिरनार-यात्राको जाते समय अणहिल्लपुरमें मूलवसतिका मन्दिर बनवाया था और उसका जीर्णोद्धार वि० सं० १२५० के लगभग हेमसूरिने कराया था।

२ इंडियन एण्टिक्वेरी वॉ० २१, पृ० १३३

देववासोरुधामा ' कहा है और उसकी उपमा राष्ट्रकूटोंकी मुख्य राजधानी मान्यखेटसे दी है, साथ ही वहाँकी शुभतुंगदेव-वसनिका भी उल्लेख किया है[१]। इससे मालूम होता है कि गणधरकीर्तिके समयमें वडोदा बहुत समृद्ध नगर था, फिर भी नाम उसका वटपल्ली या वटपद्र ही था।

गणधरकीर्तिके समय वहाँ ' शुभतुंगदेव-वसति ' नामका जैन मन्दिर था जिसे ' शाश्वत ' कहा है। यह ' शुभतुंग ' नाम अमोघवर्षके पुत्र कृष्ण द्वितीयका था। जान पड़ता है, यह मन्दिर उन्हींके नामसे या उन्हींका बनवाया हुआ होगा और उस समय तक अच्छी हालतमें था। 'शाश्वत'की सार्थकता उसके इतने प्राचीन होनेमें ही है। यद्यपि उस समय मान्यखेटके राष्ट्रकूटोका राज्य अस्त हो चुका था, फिर भी वटपल्ली या वाटग्रामको ' मान्यखेटोपम ' बतलाकर और ' शुभतुंगदेववसति ' का उल्लेख करके मानों वे प्रकट करते हैं कि हम गुर्जर-नरेन्द्रको भूले नहीं हैं।

मूडबिदरीके इतिहासमें लिखा है कि यहाँ धवलादि सिद्धान्त ग्रन्थोंकी प्रतियाँ बंकापुर ( धारवाड ) से आई थीं, ऐसी जनश्रुति है। इसपर हमारी कल्पना है कि गुणभद्रके शिष्य लोकसेनके द्वारा ही उक्त सिद्धान्त-ग्रन्थ वाटग्रामसे बंकापुर पहुँचे होंगे और वहाँसे मूडबिदरी[२]। बंकापुरमें अकालवर्ष ( कृष्ण द्वितीय ) के सामन्त लोकादित्यका राज्य था और वहीपर महापुराणका पूजा-महोत्सव किया गया था।

---

१ त्रिदशवसतितुल्यो गुर्जरत्राभिधानो धनकनकसमृद्धो देशनाथोऽस्ति देश: ।..
शश्वच्छ्रीशुभतुंगदेववसति: सम्पूर्णपण्यापणा,
शौण्डीयोद्भटवीरधीरविततां श्रीमान्यखेटोपमा।
चञ्चत्कांचनकुंभकर्णविसरैर्जैनालयैर्भाजिता,
लंकावास्ति विशालशालनिलया मन्दोदरीशोभिता ॥ ६
वरवटवटपल्ली तत्र विख्याननामा, वरविबुधसुधामा देववासोरुधामा।
शुभसुरभिसुरम्भा देवरम्भाभिरामा, सुरवसतिरिवोच्चैरप्सरोभासमाना ॥ ७ ॥

—जैनग्रन्थप्रशस्तिसंग्रह पृ० १९४-५

२ देखो, धवलाकी प्रस्तावना, भाग ३, पृ० ६। ऐसा भी कहा जाता है कि पहले ये सिद्धान्त ग्रन्थ श्रवणबेल्गोलकी ' सिद्धान्तवसति ' में थे और वहाँसे मूडबिदरी लाये गये।

वटपद्र या वाटग्राम वीरसेन-जिनसेनके समयमें गुजरातके राष्ट्रकूटोंकी राजधानी था या नहीं, इस विषयमें मैंने अपने मित्र डा० उमाकान्त शाहसे पूछताछ की थी, जो कि इस समय ओरियण्टल इन्स्टिटयूट बड़ोदाके डिपुटी डायरेक्टर हैं। वे अपने ता० १७–१०–५५ के पत्रमे लिखते हैं कि "मेरी समझमें राष्ट्रकूट राजाओंके समयमे बड़ोदा राजधानी नहीं थी। वटपद्र एक साधारण गाँव था। बिल्कुल छोटा नहीं, फिर भी राजधानी जैसा भी नहीं था। शक सं० ७३४ के दानपत्र (इ० ए० वो० १२) में वटपद्र गाँव दानमे दिया गया है जो अकोटक-चतुरशीति जिलेमे उसके बिल्कुल पास था। इसके कुछ ही समय पीछेका राष्ट्रकूटोंका एक दानपत्र मिला है जो नवसारीमें एक दिगम्बर-विहारको दिया गया था। इस नवसारीके सिवाय खेटक-मंडल (खेड़ा) में भी राष्ट्रकूटोंकी प्रान्तीय राजधानी हो सकती है। सौराष्ट्र और चित्तौड़के नजदीक भी वाटग्राम ढूँढना चाहिए।"

## समकालीन-राजा

इन तीन महान् ग्रन्थ-कर्ताओंके समयमे राष्ट्रकूट वंशके तीन महान् राजाओका राज्य रहा,—जगत्तुंगदेव, अमोघवर्ष और अकालवर्ष।

**जगत्तुंगदेव**। वीरसेनने श० सं० ७३८ मे जब धवला टीका समाप्त की, तब जगत्तुंगदेव (गोविंद तृतीय) ने सिंहासन छोड़ दिया था और बोद्दणराय या अमोघवर्ष राज्य कर रहे थे[1]। जगत्तुंगका उल्लेख करनेका कारण यह जान पड़ता है कि धवलाका प्रारभ उन्हींके समयमे हुआ था।

---

१ अठतीसम्हि सतसए विकमरायंकिए सु-सगणामे।
वासेसु तेरसीए भाणुविलग्गे धवलपक्खे ॥ ६ ॥
जगतुंगदेवरज्जे रियम्हि कुंभम्हि राहुणा कोणे।
सूरे तुलाए संते गुरुम्हि कुलविल्लए होंते ॥ ७ ॥
चावम्हि तरणिवुत्ते सिंघे सुक्कम्मि मीणे चंदम्मि।
कत्तियमासे एसा टीका हु समाणिआ धवला ॥ ८ ॥
बोद्दणरायणरिंदे णरिंदचूडामणिम्हि भुंजते।
सिद्धंतगंथमत्थिय गुरुप्पसाएण विगत्ता सा ॥ ९ ॥

—धवला

जगत्तुंगदेवके श० सं० ७१६ से ७३५ तकके अनेक शिलालेख मिले हैं[1]। ये ध्रुवराजके पुत्र और उत्तराधिकारी थे। उत्तरमें मालवासे लेकर दक्षिणमें कांचीतकके राजा इनकी आज्ञाका पालन करते थे और नर्मदा और तुंगभद्राके बीचके सारे देशपर इनका अधिकार था। इन्होंने अपने जीते जी ही अपने पुत्र अमोघवर्षको राज्य दे दिया था। ये श० सं० ७१५ के लगभग सिंहासनपर बैठे होंगे और ७३७ के लगभग इन्होंने गद्दी छोड़ी होगी।

**अमोघवर्ष** (प्रथम)। ये जगत्तुंगदेव या गोविंद (तृतीय) के पुत्र थे। इनका घरू नाम बोद्दणराय था। नृपतुंग, शर्व, शण्ड, अतिशय धवल, वीरनारायण, पृथिवीवल्लभ, लक्ष्मीवल्लभ, महाराजाधिराज, भटार, परमभट्टारक आदि इनकी उपाधियाँ थीं। इन्होंने अनेक युद्धोंमें विजय प्राप्त करके अनेक राजाओंको भस्म कर दिया था। वेंगीके चालुक्य-नरेशको मारकर यमराजको सन्तुष्ट किया था[3]। नवसारीके दानपत्रमें लिखा है कि अमोघवर्ष चालुक्य-समुद्रमें डूबी हुई राष्ट्रकूटोंकी लक्ष्मीका पृथ्वीके समान उद्धार करके वीरनारायण कहलाये[4]। इन्होंने बहुत बड़ी उम्र पाई और लगभग ६३ वर्ष तक राज्य किया। श० स० ७३५ में जब धवलाकी समाप्ति हुई तब ये ही राजा थे और श० सं० ७७० के लगभग जब जिनसेनने आदिपुराणको अधूरा छोड़कर स्वर्गवास किया तब भी इन्हींका राज्य था। श० सं० ७८२ के ताम्रपत्रसे मालूम होता है[5] कि इन्होंने स्वयं मान्यखेटमें जैनाचार्य देवेन्द्रको दान दिया था। यह दानपत्र इनके राज्यके ५२ वें वर्षका है। इसके बाद श० संवत् ७९९ का एक लेख कन्हेरीकी एक गुफामें मिला है जिसमें इनका और इनके सामन्त कपर्दी द्वितीयका उल्लेख है[6]। परन्तु ऐसा मालूम होता है कि इससे कुछ पहले ही अमोघवर्षने

---

१ इनका श० स० ७३५ का एक दानपत्र कदब (मैसूर) में मिला है, जिसमें विजयकीर्तिके शिष्य अर्ककीर्तिको जनमन्दिरके लिए दान दिया है। इ० ए० जि० १२ पृ० १३।

२ यह नाम सबसे पहले धवलामें ही मिला है।

३ चालुक्याभ्यूषखाधैर्जनितरतियमः प्रीणितो विंगवल्ल्याम्।—

इ० ए० जि० १२ पृ० २४९-५२

४ निमग्नां यश्चुलुक्याब्धौ रट्टराज्यश्रिय पुनः।
पृथ्वीमिवोद्धरन् धीरो वीरनारायणोऽभवत्॥

५ इ० ए० जि० ६, पृ० २९। ६ इं० ए० जि० १३, पृ० १३५

अपने पुत्र अकालवर्ष या कृष्ण द्वितीयको राज्यकार्य सौंप दिया था। क्योंकि श० सं० ७९७ का एक लेख कृष्ण द्वितीयके महा सामन्त पृथ्वीरायका मिला है जिसमें उसके द्वारा सौन्दत्तिके एक जैन मन्दिरके लिए कुछ भूमि दान किये जानेका उल्लेख है[१]। अपने पिताके समान अमोघवर्षने भी पिछली उम्रमें राज्य त्याग दिया था। इसका उल्लेख उन्होंने अपनी 'प्रश्नोत्तरमाला' नामकी पुस्तकमें किया है। लिखा है कि जिसने विवेकपूर्वक राज्य छोड़ दिया उस राजा अमोघवर्षने इसकी रचना की[२]। इन्द्रपुरीकी उपमाको धारण करनेवाली मान्यखेट नगरीको इसीने आबाद किया था और वहाँ अपनी राजधानी कायम की थी[३]। इसके पहले राष्ट्रकूटोंकी राजधानी मयूरखंडी (नासिकके पास) में थी। यह राजा स्वयं विद्वान्, कवि और विद्वानोंका आश्रयदाता था। प्रश्नोत्तरमालाके अतिरिक्त 'कविराजमार्ग' नामक अलंकार-ग्रन्थ भी कनड़ीभाषामें इसीका बनाया हुआ बतलाया जाता है। शाकटायनने अपने शब्दानुशासनकी टीका अमोघवृत्ति अमोघवर्षके ही नामसे बनाई, धवला और जयधवला टीकायें भी इसीके अतिशय धवल या धवल नामके उपलक्षमें बनीं और महावीराचार्यने अपने गणितसार संग्रहमें इसीकी महामहिमाका विस्तार किया। इससे मालूम होता है कि यह राजा विद्वानोंका बड़ा भारी आश्रयदाता था। जैनमुनियोंके लिए भी इसने कई दान दिये थे।

**अकालवर्ष**। यह अमोघवर्षका पुत्र था और कृष्णराज (द्वितीय) के नामसे प्रसिद्ध है। इसने गुर्जर (प्रतिहार) और गौड़ राजाओंसे युद्ध किया और गुजरातके राष्ट्रकूट-राज्य (शाखा) को छीनकर अपने राज्यमें मिला लिया। इसके पास हाथियोंकी बड़ी भारी सेना थी। उत्तरपुराणकी दूसरी प्रशस्तिके अनुसार इसके हाथियोंने अपने मद-जलसे गंगाका पानी भी कड़ुवा कर

---

१ जर्नल बाम्बे ब्राच रा० ए० सो० जि० १०, पृ० १९४।

२ विवेकात्त्यक्तराज्येन राज्ञेय रत्नमालिका।
रचितामोघवर्षेण सुधियां सदलङ्कृतिः॥

३ यो मान्यखेटममरेन्द्रपुरोपहासि, गीर्वाणगर्वमिव खर्वयितु विधत्त॥
—इ० ए० जि० ५, पृ० १९४।

४ आदिपुराणमें प्रकारान्तरसे अमोघवर्षका कई जगह संकेत है—
अमोघशासने तस्मिन् भुव शासति भूभुजि।
न दण्ड्यपक्ष कोऽप्यासीत्प्रजानामकृतागसाम्॥—(वज्रजघका चरित्र)

डाला था[1]। अर्थात् इसका राज्य उत्तरमें गंगातट तक पहुँच गया था। उत्तरपुराणकी दूसरी प्रशस्ति जिस समय अर्थात् श० सं० ८२० में लिखी गई उस समय यही सम्राट् था[2]। यह श० सं० ७९७ के लगभग सिंहासनपर बैठा और ८३३ के लगभग इसका देहान्त हुआ।

**लोकादित्य**। यह अकालवर्ष या कृष्ण (तृतीय) का सामन्त और वनवासदेशका राजा था। इसके पिताका नाम बंकेयरस या बंकराज था। यह चेल्लध्वज था। अर्थात् इसकी ध्वजापर चिल्ल या चीलका चिह्न था। इसके पिता और भाई भी चेल्लध्वज थे[3]। गुणभद्रने इसे जैनधर्मकी वृद्धि करनेवाला और महान् यशस्वी कहा है। इसीके राज्यकालमें बंकापुरमें महापुराणकी पूजा की गई थी।

## क्या अमोघवर्ष जैन थे ?

यह एक विवादग्रस्त विषय है कि महाराजा अमोघवर्ष जैन थे या नहीं, अर्थात् उन्होंने वास्तवमें जैनधर्म धारण कर लिया था या जैनधर्मके प्रति उनकी केवल सहानुभूति-भर थी? गुणभद्रने लिखा है कि जिनके चरणोंमें राजा अमोघवर्षने अपना मस्तक झुकाया और कहा कि आज मैं पवित्र हो गया, वे पूज्य जिनसेन संसारके लिए कल्याणकारक हों[4]। परन्तु केवल इतनेसे ही अमोघवर्षको जैन नहीं कहा जा सकता। क्योंकि अधिकांश हिन्दू राजा ऐसे ही हुए हैं जो प्रायः सभी धर्मोंके साधु-सन्तोंका सत्कार किया करते थे। गुणभद्रने यह तो लिखा नहीं कि वे जैनधर्मके अनुयायी भी थे। अतएव इसके लिए कुछ और प्रमाण चाहिए—

---

१ यस्योत्तुङ्गमतङ्गजा निजमदस्रोतस्विनीसङ्गमाद्।
गाङ्गं वारि कलङ्कितं कटु मुहुः पीत्वाप्यगच्छत्तृषः ॥ २९—उत्तर पु०

२ अकालवर्षभूपाले पालयत्यखिलामिलाम्। इत्यादि — उ० पु०

३ चेल्लपताके चेल्लध्वजानुजे चेल्लकेतनतनूजे।
जैनेन्द्रधर्मवृद्धिविधायिनि स्वविधुवीध्रपृथुयशसि ॥ ३३

४ यस्य प्रांशुनखांशुजालविसरद्धारान्तराविर्भवत्
पादाम्भोजरजःपिशङ्गमुकुटप्रत्यग्ररत्नद्युतिः।
संस्मर्ता स्वममोघवर्षनृपतिः पूतोऽहमद्येत्यलं
स श्रीमान् जिनसेनपूज्यभगवत्पादो जगन्मङ्गलम्॥ ८

१—ऊपर हम अमोघवर्षकी प्रश्नोत्तररत्नमालाका जिक्र कर आये हैं। एक तो उसके मंगलाचरणमें वर्द्धमान तीर्थंकरको नमस्कार किया गया है[1] और दूसरे उसमे अनेक बातें जैनधर्मानुमोदित ही कही गई हैं[2]। इससे कमसे कम उस समय जब कि रत्नमाला रची गई थी, अमोघवर्ष जैनधर्मके अनुयायी जान पड़ते हैं।

प्रश्नोत्तररत्नमालाका तिब्बेती भाषामें एक अनुवाद हुआ था जो मिल गया हैं और उसके अनुसार वह अमोघवर्षकी ही बनाई हुई है। ऐसी दशामें उसे शंकराचार्यकी, शुक यतीन्द्रकी या विमलसूरिकी रचना बतलाना ठीक नहीं।

२—अमोघवर्षके ही समयमे महावीराचार्यने गणितसारसग्रह नामक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थकी रचना की थी। उसकी उत्थानिकामें उन्होंने अमोघवर्षके विषयमें कहा है कि अपने इष्ट जनों (प्रजा) के हितैषी जिस अमोघवर्ष[6] (जिसकी वर्षा व्यर्थ

---

१ प्रणिपत्य वर्द्धमान प्रश्नोतररत्नमालिकां वक्ष्ये।
नागनरामरवन्द्य देव देवाधिप वीरम्॥

२ त्वरित कि कर्तव्य विदुषा ससारसन्ततिच्छेद।
कि मोक्षतरोर्बीज सम्यग्ज्ञान क्रियासहितम्॥ ४॥
को नरक परवशता कि सौख्य सर्वसङ्गविरतिर्या।
कि सत्य भूतहित कि प्रेय प्राणिनामसव॥ १३॥

३ देखो, भाण्डारकरकी अर्ली हिस्ट्री आफ दि डेक्कन, पृ० ९५

४ शकराचार्य और शुकयतीन्द्रके नामकी जो प्रतियॉ मिली है उनमें छह सात श्लोक नये मिला दिये गये है परन्तु वे वसन्ततिलका छन्दमें है जो बिल्कुल अलग मालूम होते हैं और अन्त्य पद्यमे न शुकयतीन्द्रका नाम है और न शकरका।

५ श्वेताम्बर साहित्यमे ऐसे किसी विमलसूरिका उल्लेख नही मिलता जिसने प्रश्नोत्तर रत्नमाला बनाई हो। विमलसूरिने अपने नामका उल्लेख करनेवाला जो अन्तिम पद्य जोड़ा है वह आर्याछन्दमें है, परन्तु ऐसे लघु प्रकरण-ग्रन्थोंमे अन्तिम छन्द आम तौरसे भिन्न होता है जैसा कि वास्तविक प्र० र० मालामे है और वही ठीक मालूम होता है।

६ प्रीणित प्राणिसस्यौघो निरीतिर्निरवग्रह:, श्रीमतामोघवर्षेण येन स्वेष्टहितैषिणा॥ ३॥
पापरूपा परा यस्य चित्तवृत्तिहविर्भुजि, भस्मसाद्भावमीयुस्तेऽवन्ध्यकोपोऽभवेत्तत:॥४॥
वशीकुर्वन् जगत्सर्वं स्वय नानुवश परै, नाभिभूत: प्रभुस्तस्मादपूर्वमकरध्वज॥ ५॥
यो विक्रमक्रमाक्रान्तचक्रचक्रिकृतक्रिय:, चक्रिकाभजनो नाम्ना चक्रिकाभजनोऽञ्जसा॥६॥
यो विद्यानद्यधिष्ठानो मर्यादावज्रवेदिक:, रत्नगर्भो यथाख्यातचारित्रजलधिर्महान्॥ ७॥
विध्वस्तएकान्तपक्षस्य स्याद्वादन्यायवादिन:, देवस्य नृपतुगस्य वर्द्धता तस्य शासनम्॥८॥

नहीं आती ) ने प्राणिरूप धान्यको प्रसन्न किया–सींचा और ईति-भीतिरहित किया; जिसकी चित्तवृत्तिरूपी अग्निमें पापरूप पराक्रम भस्म हो गया और तब जो अवन्ध्य-कोप हो गया; जो सारे जगतको वशमें करके स्वयं दूसरोंके वश न हुआ और न अभिभूत या पराजित हुआ, अतएव जो अपूर्व मकरध्वज है; जो अपने पराक्रमसे चक्रियोंके चक्र ( समूह ) को आक्रान्त करके कृतकार्य हुआ[1] और जो वेगपूर्वक उस चक्रिकाको अर्थात् शत्रुसमूहको नष्ट करके चक्रिका-भंजन कहलाया; जो विद्यारूप नदियोंका अधिष्ठान, मर्यादारूप वज्रवेदिकासे युक्त, रत्नगर्भ और यथाख्यात (मत्) चरित्रका महान् समुद्र है, जिसने एकान्त पक्षको विध्वस्त कर दिया है और जो स्याद्वादन्यायवादी है, उस नृपतुंग देव ( अमोघवर्ष ) का शासन वृद्धिको प्राप्त हो। इससे बिलकुल स्पष्ट हो जाता है कि अमोघवर्ष एकान्तवाद छोड़कर स्याद्वादी या जैन हो गये थे और उन्होंने सम्यक्चारित्र धारण कर लिया था[2]।

गणितसारसंग्रहकी यह उत्थानिका जिस समय लिखी गई है उस समय ऐसा मालूम होता है कि उन्होंने राज्य तो नहीं छोड़ा था, परन्तु उनकी वृत्ति युद्धकी ओरसे हट गई थी और उनका कोप अबन्ध्य (निष्फल) हो गया था, अर्थात् इसके बाद ही उन्होंने विवेकपूर्वक राज्य[3] छोड़ दिया होगा और तभी प्रश्नोत्तरमाला लिखी होगी।

३—इसमें तो सन्देह ही नहीं कि अमोघवर्षकी जैनधर्मके प्रति बहुत सहानुभूति

---

१ यह वही घटना है जिसका उल्लेख श० सं० ८३२ के शिलालेखमें 'भूपालान् कण्टकाभान् वेष्टयित्वा ददाह ' शब्दोंमें और अमोघवृत्तिमे 'अदहदमोघवर्षोऽरातीन् ' शब्दोंमें किया गया है। एक साथ बिगड खडे हुए राजाओंके समूहको ही यहाँ ' चक्र ' कहा गया है जिन्हें अमोघवर्षने नष्ट किया था। आगे इसके लिए देखो ' शाकटायनका शब्दानुशासन ' शीर्षक लेख।

२ डा० हीरालालजीने अपने अनेकान्त वर्ष ५ अंक ५ के लेखमें ' अमोघवर्षकी जैन-दीक्षा ' पर विस्तारसे लिखा है।

३ डा० आल्तेकरने लिखा है कि अमोघवर्षने अनेक बार राजसिंहासन त्यागा था। यह बतलाता है कि वह कितना सच्चा जैन था। क्योंकि संभवतः कुछ समय तक अकिंचन धर्मका पालन करनेके लिए ही उसने राज्य त्याग किया होगा। यह अमोघवर्षकी जैन आस्था ही थी जिसने गुणभद्रको अपने पुत्र द्वि० कृष्णका शिक्षक नियुक्त किया था।

थी, इस लिए शाकटायनने अपने व्याकरणकी टीकाका नाम अमोघवृत्ति रक्खा, और उन्हींके नामसे वीरसेन-जिनसेनने अपनी टीकाओंके नाम धवला जयधवला रक्खे और जिनसेनने उनकी इतनी प्रशंसा की जितनी शायद ही जैन साधुने किसी राजाकी की होगी। उनकी कीर्तिके सामने गुप्त नरेशकी कीर्तिको गुप्त और शककी कीर्तिको मशक (मच्छर) तुल्य बतलाया[१]। भरत-सगरादि प्राचीन कालके राजाओंसे भी उनका यश विस्तृत और सारे राजाओंसे बढ़ चढ़कर वर्णन किया[२]। ऐसी दशामें यदि उनकी वह सहानुभूति ही आगे चलकर पूर्ण श्रद्धामें परिणत हो गई हो, तो कोई आश्चर्य नहीं।

इसके विरुद्ध यह कहा जाता है कि अमोघवर्षके जो दान-पत्र मिले हैं, उनमें शिवकी स्तुति की गई है, उनमें शिव, शिवलिंग आदिके चिह्न हैं, और उसे महाविष्णुराज्यबोळ (महाविष्णु राज्यके समान) कहा है। अतएव वह जैन हो गये थे, यह कैसे कहा जा सकता है? इसका समाधान यह है कि राज्योंके कार्य प्रायः मशीनके माफिक चला करते हैं और वे कार्य कुल-परम्पराके अनुसार जैसे चलते आये हैं वैसे ही चलते रहते हैं। राष्ट्रकूटोंके दान-पत्र जैसे पहलेसे लिखे जाते थे, उसी पद्धतिपर अमोघवर्षके दानपत्र भी लिखे गये और उनमें वंश-परम्पराके चिह्न अंकित किये गये और जो ब्राह्मण पंडित लिखनेके अधिकारी थे उन्होंने परम्पराकी पद्धतिसे उन्हें लिख दिया[३]। स्वयं अमोघवर्षके जैन हो जानेसे उनका सारा राजतन्त्र थोड़े ही जैनधर्मानुयायी हो गया होगा।

---

१ गुर्जरनरेन्द्रकीर्तेरन्त पतिता शशाङ्कशुभ्राया- ।
गुप्तैव गुप्तनृपतेः शकस्य मशकायते कीर्तिः ॥ १२ ॥

२ भरतसागरादिनरपतियशांसि तारानिभेन संहृत्य ।
गुर्जरयशसो महतः क्वनोऽवकाशो जगत्सृजा नूनं ॥ १४ ॥
इत्यादि सकलनृपतीनातिशय्यपयःपयोधिफेनाच्छा ।
गुर्जरनरेन्द्रकीर्तिः स्थेयादाचन्द्रतारमिह भुवने ॥ १५ ॥

३ डा० आल्तेकरने अपने 'राष्ट्रकूट-कालमें जैनधर्म' शीर्षक लेखमे लिखा है कि "अमोघवर्ष (प्रथम) का कोन्नूर दानपत्र और कर्कराजका सूरत दानपत्र जैनधर्मायतनोंके लिए दिये गये है। किन्तु इन दोनो लेखोंमें दानका उद्देश्य बलिचरुदान, वैश्यदेव तथा अग्निहोत्र दिये है और ये सब प्रधान वैदिक संस्कार है।" परन्तु दानपत्र लिखनेवाले अधिकारी अपनी परम्पराके अनुसार लिखते रहे।

कलिंग-नरेश खारवेल स्वयं जैनधर्मानुयायी था, फिर भी उसका राज्याभिषेक वैदिक विधिसे हुआ था। इसी तरह सम्राट् हर्षके बौद्ध होनेपर भी दान-शासनोंमें उसे परम माहेश्वर और कुमारपालके जैन होनेपर भी उसे परम माहेश्वर लिखा जाता रहा है।

एक दलील यह दी जाती है कि यदि अमोघवर्षने जैनधर्म धारण कर लिया था, तो इसका उल्लेख जिनसेनने स्वयं अपने ग्रन्थोंमें क्यों नहीं किया और उसे अपना शिष्य क्यों न बतलाया? इसका उत्तर यह है कि उस समय तक उन्होंने जैनधर्म धारण न किया होगा, जैनधर्मके प्रति उनकी केवल सहानुभूति ही होगी, रही शिष्य बतलानेकी बात, सो अमोघवर्ष जिनसेनके शिष्य थे, ऐसा तो कोई कहता भी नहीं। हमारा ख्याल यही है कि पिछली उम्रमें वे जैनधर्मके अनुयायी हो गये थे। अवश्य ही इसमें जिनसेनपर उनको जो श्रद्धा हो गई थी, उसीने उन्हें इस ओर आकर्षित किया होगा।

अमोघवर्षके जैन न होनेकी एक दलील यह भी दी जाती है कि उन्होंने 'कविराजमार्ग' नामक अलंकार-ग्रन्थकी अवतरिकामें विष्णुकी स्तुति की है। यद्यपि विद्वानोंमें इस विषयपर मतभेद है कि यह ग्रन्थ स्वयं अमोघवर्षका है या उनके किसी दरबारी कविका; परन्तु यदि वह उनका ही हो, तो भी यही कहा जा सकता है कि वह जैनधर्म ग्रहण करनेके पहलेकी रचना होगी।

# शाकटायनका शब्दानुशासन

## शाकटायन या पाल्यकीर्ति

शाकटायन नामके एक बहुत प्राचीन ऋषि हो गये हैं जिनके मतका उल्लेख पाणिनिने अपनी अष्टाध्यायीमें किया है। ऋग्वेद और शुक्ल यजुर्वेदके प्रातिशाख्यमें तथा यास्काचार्यके निरुक्तमें भी इनका जिक्र है। इनका समय इतिहासज्ञोंने ईस्वी सन्से लगभग एक हजार वर्ष पहले अनुमान किया है[1] और उनका उल्लेख करनेवाले पाणिनिका साढ़े छह सौ वर्ष पहले। इन शाकटायनका कोई व्याकरण-ग्रन्थ था जो अब मिलता नहीं।

परन्तु शाकटायन नामका एक और व्याकरण है जिसके कर्त्ता जैन थे। वे भी शाकटायन नामसे प्रसिद्ध हैं। परन्तु यह बहुत कम लोग जानते हैं कि उनका वास्तविक नाम पाल्यकीर्ति था।

वादिराजसूरिने अपने 'पार्श्वनाथ-चरित' काव्यमें उनका स्मरण इस प्रकार किया है—

> कुतस्त्या तस्य सा शक्तिः पाल्यकीर्तेर्महौजसः।
> श्रीपदश्रवणं यस्य शाब्दिकान्कुरुते जनान्॥

अर्थात्, उस महातेजस्वी पाल्यकीर्तिकी शक्तिका क्या वर्णन किया जाय जिसका 'श्री'पद-श्रवण ही लोगोंको शाब्दिक या व्याकरणज्ञ कर देता है।

शाकटायनकी अमोघवृत्ति नामकी एक स्वोपज्ञ टीका है। उसका आरंभ 'श्रीवीरममृतं ज्योतिः' आदि मंगलाचरणसे होता है। वादिराजसूरिने इसी

---

१ देखो डा० श्रीपाद कृष्ण बेलवलकरका 'सिस्टम आफ संस्कृत ग्रामर।'

मंगलाचरणके 'श्री' पदको लक्ष्य करके यह बात कही है कि पाल्यकीर्ति ( शाकटायन ) के व्याकरणका आरम्भ करनेपर लोग वैयाकरण हो जाते हैं।

पूर्वोक्त श्लोककी टीका शुभचन्द्र अपनी 'पार्श्वनाथचरित-पंजिका' मे इस इस प्रकार करते हैं—"तस्य पाल्यकीर्तेः महौजसः श्रीपदश्रवणं। श्रिया उपलक्षितानि पदानि शाकटायनसूत्राणि तेषां श्रवणं आकर्णनं।" इससे यह स्पष्ट होता है कि पंजिकाकार शुभचन्द्र पाल्यकीर्तिको शाकटायन-सूत्रोंका कर्त्ता मानते थे।

शाकटायन प्रक्रिया-संग्रहके मंगलाचरणमें जिनेश्वरको 'पाल्यकीर्ति' और 'मुनीन्द्र' विशेषण दिये हैं, जो श्लिष्ट हैं। उसके द्वारा एक अर्थमे जिनेश्वरको और दूसरे अर्थमें प्रसिद्ध वैयाकरण पाल्यकीर्तिको नमस्कार किया है[1]। शाकटायनकी प्रक्रिया बनाते समय यह सम्भव नहीं कि अभयचन्द्र उसके मूल कर्त्ताको छोड़कर अन्य किसी वैयाकरणको नमस्कार करते। इससे भी शाकटायनका वास्तव नाम पाल्यकीर्ति निश्चित होता है[2]।

स्वयं ग्रन्थकर्त्ताने और टीकाकारोंने भी इस व्याकरणका नाम 'शब्दानुशासन' लिखा है। शाकटायन नाम तो पीछे प्रसिद्ध हुआ जान पड़ता है। जिस तरह कवियोंमें कालिदासकी अधिक प्रसिद्धि होनेके कारण पीछेके अनेक कवि कालिदास कहलाने लगे, उसी तरह बहुत बड़े वैयाकरण होनेके कारण लोग पाल्यकीर्तिको शाकटायन कहने लगे।

## वैदिक शाकटायन प्राचीन है

जब सन् १८९३ मे मि० गुस्तव आपर्टने 'शाकटायन-प्रक्रियासंग्रह' प्रकाशित किया, तब उन्होंने उसकी भूमिकामें बतलाया कि ये वही शाकटायन हैं जिनका उल्लेख पाणिनिने किया है और इसके प्रमाणमें दो चार सूत्र ऐसे भी पेश कर दिये

---

१ मुनीन्द्रमभिवन्द्याहं पाल्यकीर्तिं जिनेश्वरम्। मन्दबुद्ध्यनुरोधेन प्रक्रियासंग्रहं ब्रुवे॥

२ कम्बदहल्लिके शक सं० १०४६ के स्तम्भ लेखमें पल्लपण्डित यतिकी प्रशंसा करते हुए लिखा है—

पल्लकीर्तिर्यथारूढः पुरा व्याकरणे कृती।
तथाभिमानदानेषु प्रसिद्धः पल्लपण्डितः॥

अर्थात् पुराकालमें जिस तरह व्याकरणमें पल्लकीर्ति या पाल्यकीर्ति कृती या पण्डित रूढ हो गये, उसी तरह अभिमान और दानमें पल्लपण्डित प्रसिद्ध हैं। ( जैन-शिला-लेख संग्रह द्वि० भा० पृष्ठ ४०० )

जो वैदिक शाकटायनके उन सूत्रोंसे मिलते जुलते थे जिनकी चर्चा पाणिनिने की है और अन्तमें यह भी कहा कि ये शाकटायन जैन थे। परन्तु जब उनके कथन-पर गहराईसे विचार किया गया तब वह निस्सार साबित हुआ और अब तो उसपर कोई भी विश्वास नहीं करता।

## शाकटायन यापनीय थे

शाकटायन या पाल्यकीर्ति किस सम्प्रदायके थे पहले इस विषयमें काफी मत-भेद रहा। दिगम्बरी पहले उन्हें अपने सम्प्रदायका मानते रहे, क्योंकि उनके यहाँ इस व्याकरणका काफी प्रचार था और मुनि दयापाल आदि दिगम्बर विद्वानोंने उसपर टीकाग्रन्थ भी लिखे। उसके बाद स्व० डाक्टर के० बी० पाठक आदिने शाकटायनको श्वेताम्बर बतलाया क्योंकि शाकटायन-सूत्रोंमें आवश्यक-निर्युक्ति, छेद-सूत्र, कालिक-सूत्र आदि श्वेताम्बरमान्य ग्रन्थोंका आदरपूर्वक उल्लेख किया गया है। परन्तु अब यह बिल्कुल निश्चित हो चुका है कि वे इन दोनों सम्प्रदायोंसे पृथक् तीसरे यापनीय सम्प्रदायके थे, जो उक्त दोनों सम्प्रदायोंके बीचकी एक कड़ी था और अब नामशेष हो चुका है। क्यों कि—

१ विक्रमकी तेरहवीं शताब्दिके मलयगिरि नामक श्वेताम्बराचार्यने नन्दि-सूत्रकी टीकामें उन्हें यापनीय यतियोंका अग्रणी लिखा है[1]।

२ यापनीय सम्प्रदाय श्वेताम्बरोंके समान स्त्रियोंका उसी भवमें मोक्ष जाना और केवलियोंका आहार करना मानता है, जो दिगम्बरोंके सिद्धान्तोंसे विरुद्ध है। इन दोनों विषयोंपर स्वयं शाकटायनका बनाया हुआ 'स्त्रीमुक्ति-केवलिभुक्ति-प्रकरण' नामका एक छोटा-सा ग्रन्थ भी उपलब्ध हुआ है और वह प्रकाशित हो चुका है[2]। उसमें स्त्रीमुक्तिपर ५५ और केवलिभुक्तिपर ३४ कारिकायें हैं। इनमें वे सब युक्तियाँ दी गई हैं जो इन बातोंको माननेवालोंकी ओरसे दिगम्बरोंके प्रति उपस्थित की जाती हैं। इसका कुछ अंश इस प्रकार है—

**प्रारम्भ**—प्रणिपत्य भुक्तिमुक्तिप्रदममलं धर्ममर्हतो दिशतः।
वक्ष्ये स्त्रीनिर्वाणं केवलिभुक्तिं च संक्षेपात्॥ १॥

---

१ शाकटायनोऽपि यापनीययतिग्रामाग्रणीः स्वोपज्ञशब्दानुशासनवृत्तावादौ भगवतः स्तुति-मेवमाह 'श्रीवीरममृतं ज्योतिर्नत्वादिं सर्ववेधसाम्।' अत्र च न्यासकृतव्याख्या—सर्ववेधसां सर्वज्ञानां सकलशास्त्रानुगतपरिज्ञानानां आदिं प्रभवं प्रथममुत्पत्तिकारणमिति।—नन्दिसूत्र-टीका पृ० २३ २ देखो जैनसाहित्यसंशोधक भाग २, अंक ३।

अस्ति स्त्रीनिर्वाणं पुंवद्यदविकलहेतुकं स्त्रीषु।
न विरुद्धयते हि रत्नत्रयसम्पन्निर्वृतेर्हेतुः ॥ २ ॥
रत्नत्रयं विरुद्धं स्त्रीत्वेन यथामरादिभावेन।
इति वाङ्मात्रं नात्र प्रमाणमाप्तागमोऽन्यद्वा ॥ ३ ॥

अन्त— विग्रहगतिमापन्नाद्यागमवचनं सर्वमेतस्मिन्।
मुक्ति ब्रवीति तस्माद्दृष्टव्या केवलिनि भुक्तिः ॥ ३२ ॥
नानाभोगाहारो निरन्तरः सो विशेषतो नाभूत (?)
युक्त्या भेदेनाङ्गस्थितिपुष्टिक्षुच्छमास्तेन ॥ ३३ ॥
तस्य विशिष्टस्य स्थितिरभविष्यत्तेन सविशिष्टेन।
यद्यभविष्यदिहैषा सालीतरभोजनेनेव ॥ ३४ ॥

इति स्त्रीनिर्वाण-केवलिभुक्तिप्रकरणं भगवदाचार्यशाकटायनकृदन्तपादानामिति।

पन्द्रहवीं शताब्दिमें एक विद्वान्ने अपने समयके उपलब्ध जैनग्रन्थोंकी एक सूची बड़ी खोजके साथ संस्कृतमें लिखी थी। उसमे कौन ग्रन्थ, किस भाषामें, किसने, किस समय, किस विषयपर, कितने परिमाणका लिखा है इसका संक्षिप्त विवरण जहाँ तक उपलब्ध हो सका, दिया है। इस सूचीका नाम बृहट्टिप्पणिका है। इसमें भी इस प्रकरणका विवरण इस प्रकार दिया है—" केवलिभुक्ति-स्त्रीमुक्तिप्रकरणम्। शब्दानुशासनकृतशाकटायनाचार्यकृतं तत्संग्रहश्लोकाश्च ९४[२]।"

वादिवेताल शान्तिसूरिने उत्तराध्ययन टीकाके २६ वे अध्यायमें, रत्नप्रभने रत्नाकरावतारिकामे और यशोविजय उपाध्यायने अध्यात्ममतपरीक्षा तथा शास्त्रावार्तासमुच्चयमें इस प्रकरणकी अनेक कारिकाये उद्धृत की हैं। इसी तरह प्रभाचन्द्रने अपने प्रमेयकमलमार्तण्ड और न्यायकुमुदचन्द्रमें स्त्री-मुक्ति और केवलि-भुक्तिका

१ अभी मुनि श्रीपुण्यविजयजीको स्त्रीमुक्ति-प्रकरणकी एक टीका मिली है जो खंडित है। उसका आदि अन्त नहीं है, इसलिए टीकाकारका नाम नहीं मालूम हो सका। उसमें एक जगह लिखा है—" अस्मिन्नर्थे भगवदाचार्यशिवस्वामिन सिद्धिविनिश्चये युक्त्यभ्यधायि—आर्याद्वयमाह—यत्सयमोपकाराय वर्तते।" इसमें आचार्य शिवस्वामीके सिद्धिविनिश्चय ग्रन्थका उल्लेख है जो अकलंकदेवके सिद्धिविनिश्चयसे भिन्न है। शिवस्वामीके विषयमें और कुछ ज्ञात नहीं।

२ यह संख्या अनुष्टुप् श्लोकोंके हिसाबसे दी है।

पूर्वपक्ष इसी प्रकरणसे लिया है और इसकी एक एक दलीलका खण्डन किया है।

३ शाकटायनकी अमोघवृत्तिमें आवश्यक, छेदसूत्र, निर्युक्ति, कालिक सूत्र आदि ग्रन्थोंका जिस तरह उल्लेख किया है उससे ऐसा मालूम होता है कि उनके सम्प्रदायमें इन ग्रन्थोंके पठन-पाठनका प्रचार था और ये ग्रन्थ दिगम्बर-सम्प्रदायके नहीं हैं जब कि यापनीयसघ इन ग्रन्थोंको मानता था।

४ अमोघवृत्तिमें 'उपसर्वगुप्तं व्याख्यातारः' कहकर शाकटायनने सर्वगुप्त आचार्यको सबसे बड़ा व्याख्याता बतलाया है और ये सर्वगुप्त वही जान पड़ते हैं जिनके चरणोंके समीप बैठकर आराधनाके कर्ता शिवार्यने सूत्र और अर्थको अच्छी तरह समझा था। और चूँकि शिवार्य भी यापनीय सम्प्रदायके थे अतएव उनके गुरुको श्रेष्ठ व्याख्याता बतलानेवाले शाकटायन भी यापनीय होंगे।

५ शाकटायनको 'श्रुतकेवलिदेशीयाचार्य' लिखा है। श्रुतकेवलिदेशीय अर्थात् श्रुतकेवलीके तुल्य। पाणिनि (५-३-६७) के अनुसार देशीय शब्द तुल्यताका द्योतक है। चिन्तामणि-टीकाके कर्त्ता यक्षवर्माने तो उन्हें 'सकलज्ञानसाम्राज्य-पदमाप्तवान्' कहा है।

## पाल्यकीर्तिकी रचनायें

पाल्यकीर्ति या शाकटायनकी इस समय तीन ही रचनायें उपलब्ध हैं, शब्दानुशासनका मूल सूत्रपाठ, उसकी अमोघवृत्ति और ऊपर जिसका जिक्र आ चुका है, वह 'स्त्रीमुक्ति-केवलिभुक्ति प्रकरण'। इनके सिवाय संस्कृतके सुप्रसिद्ध विद्वान् राजशेखरने अपनी काव्य-मीमांसामें पाल्यकीर्तिके मतका उल्लेख करते हुए लिखा है—"यथातथा वास्तु वस्तुनो रूपं वक्तृप्रकृतिविशेषायत्ताातु .रसवत्ता। तथा च यमर्थं रक्तः स्तौति तं विरक्तो विनिन्दति मध्यस्थस्तु तत्रोदास्ते, इति पाल्यकीर्तिः।" इससे मालूम होता है कि पाल्यकीर्ति या शाकटायनका कोई साहित्यविषयक ग्रन्थ भी था जो अनुपलब्ध है। 'स्त्रीमुक्ति-केवलिभुक्ति' प्रकरणसे मालूम होता है कि वे बड़े भारी तार्किक और सिद्धान्तज्ञ भी थे।

## शब्दानुशासनकी टीकायें

शाकटायनके शब्दानुशासनपर अब तक नीचे लिखीं सात टीकायें प्राप्त हुई हैं—

**१ अमोघवृत्ति**—स्वयं सूत्रकारकी ही लिखी हुई है और यही उसकी सबसे

१ देखो पृ० ५९ मे 'यापनीयोंका साहित्य' शीर्षक लेखकी टिप्पणियाँ।

बड़ी टीका है। राष्ट्रकूटनरेश अमोघवर्षको लक्ष्य करके इसका यह नामकरण किया गया है। क्योंकि अमोघवर्षके समयमें ही शाकटायन हुए हैं।

**२ शाकटायन न्यास**—यह अमोघवृत्तिपर प्रभाचन्द्रकृत न्यास है[१]। इस ग्रन्थके सिर्फ दो अध्याय उपलब्ध हैं। परन्तु उनसे टीकाकारके सम्बन्धमें कुछ विशेष प्रकाश नहीं पड़ता। पं० महेन्द्रकुमार न्यायाचार्यके खयालमें ये न्याय-कुमुदचन्द्र आदिके कर्त्तासे भिन्न कोई दूसरे प्रभाचन्द्र हैं।

**३ चिन्तामणि टीका** ( लघीयसी वृत्ति )—यह अमोघवृत्तिको ही संक्षिप्त करके रची गई है। इसके कर्त्ताका नाम यक्षवर्मा है।

**४ मणिप्रकाशिका**—'मणि' अर्थात् 'चिन्तामणि' को प्रकाशित करनेवाली टीका। इसके कर्त्ता अजितसेन हैं।

**५ प्रक्रिया-संग्रह**—यह पाणिनिकी सिद्धान्तकौमुदीके ढंगकी प्रक्रिया-टीका है। इसके कर्त्ता अभयचन्द्र हैं। प्रकाशित है।

**६ शाकटायनटीका**—'वादिपर्वतवज्र' भावसेन त्रैविद्यदेवकृत। कातन्त्रकी रूपमाला टीकाके कर्त्ता भी यही मालूम होते हैं। इनका एक 'विश्वतत्त्वप्रकाश' नामका ग्रन्थ भी उपलब्ध है।

**७ रूपसिद्धि**—यह लघुकौमुदीके समान छोटी टीका है। इसके कर्त्ता दयापाल[२] मुनि द्रविड़ संघके थे, जिनके गुरुका नाम मतिसागर था। ये पार्श्वनाथ-चरित और न्यायविनश्चयके कर्त्ता वादिराजसूरिके सधर्मा थे। पार्श्वनाथचरितकी रचना श० सं० ९४७ ( वि० सं० १०८२ ) में हुई है, अतएव इनका भी यही समय समझना चाहिए। यह टीका प्रकाशित हो चुकी है।

---

१ शब्दानां शासनाख्यस्य शास्त्रस्यान्वर्थनामतः।
प्रसिद्धस्य महामोघवृत्तेरपि विशेषतः।
सूत्राणां च विवृतिर्लिख्याते च यथामतिः।
ग्रन्थस्यास्य च न्यासेति ( ? ) क्रियते नामनामतः॥

२ हितैषिणां यस्य नृणामुदात्तवाचा निबद्धा हित-रूपसिद्धिः।
वन्द्यो दयापालमुनिः स वाचा सिद्धस्सताम्मूर्द्धनि यः प्रभावैः॥ १५

—श्रवणबेल्गोल्का ५४ वाँ शिलालेख

## अमोघवृत्ति स्वोपज्ञ है

अमोघवृत्ति स्वयं शाकटायन या पाल्यकीर्तिकी है, इसे स्व० डा० के० बी० पाठकने बहुत अच्छी तरह प्रतिपादित किया है। वे कहते हैं—

श्रीवीरममृतं ज्योतिर्नत्वादिं सर्ववेधसां।
शब्दानुशासनस्येयममोघावृत्तिरुच्यते।

अविघ्नेनेष्टप्रसिद्धयर्थं मंगलमारभ्यते —

नमः श्रीवर्द्धमानाय प्रबुद्धाशेषवस्तवे।
येन शब्दार्थसम्बन्धाः सार्वेण सुनिरूपिताः॥

शब्दो वाचकः अर्थो वाच्यः तयोः सम्बन्धो योग्यता अथवा शब्दो आगमः अर्थः प्रयोजनं। अभ्युदयो निःश्रेयस च। तयोः सम्बन्ध उपायोपेयभावः। ते येन सर्वसत्वहितेन सता तत्त्वतः प्रज्ञापितः तस्मै परमार्हत्यमहिम्ना विराजमानाय भगवते वर्द्धमानाय षडपि द्रव्याणि अशेषाणि अनन्तपर्यायरूपाणि साकल्येन साक्षात्कुर्वते नमः कुर्वे इत्युपस्कारः। एवं कृतमंगलरक्षाविधानः। परिपूर्णमल्पग्रन्थं लघूपायं शब्दानुशासनशास्त्रमिदं महाश्रमणसंघाधिपतिर्भगवानाचार्य. शाकटायनः प्रारभते। शब्दार्थज्ञानपूर्वकं च सन्मार्गानुष्ठानं। अ इ उ ण। ऋक्। ए ओ ङ्।...... हल्॥ १३॥ इति वर्णसमाम्नायः क्रमानुबन्धोपादानः प्रत्याहारयन् शास्त्रस्य लाघवार्थः। सामान्याश्रयणाद्दीर्घप्लुतानुनासिकानां ग्रहणं। —अमोघवृत्ति

श्रियं क्रियाद्वः सर्वज्ञानज्योतिरनीश्वरी।
विश्वं प्रकाशयच्चिन्तामणिश्चिन्तार्थसाधनः॥ १
नमस्तमःप्रभावाभिभूतभूद्योतहेतवे।
लोकोपकारिणे शब्दब्रह्मणे द्वादशात्मने॥ २
स्वस्ति श्रीसकलज्ञानसाम्राज्यपदमाप्तवान्।
महाश्रमणसंघाधिपतिर्यः शाकटायनः॥ ३
एकः शब्दाम्बुधिं बुद्धिमन्दरेण प्रमथ्य यः।
सयशश्रीः समुद्दध्रे विश्वं व्याकरणामृतम्॥ ४
स्वल्पग्रन्थं सुखोपायं सम्पूर्णं यदुपक्रमं।
शब्दानुशासनं सार्वमर्हच्छासनवत्परम्॥ ५

इष्टिर्नेष्टा न वक्तव्यं वक्तव्यं सूत्रतः पृथक् ।
संख्यानं नोपसंख्यानं यस्य शब्दानुशासने ॥ ६ ॥
तस्यातिमहतीं वृत्तिं सहृत्येयं लघीयसी ।
सम्पूर्णलक्षणा वृत्तिर्वक्ष्यते यक्षवर्मणा ॥ ७ ॥
ग्रन्थविस्तरभीरूणां सुकुमाराधियामयं ।
शुश्रूषादिगुणान्कर्तुं शास्त्रे संहरणोद्यमः ॥ ८ ॥
शब्दानुशासनस्यान्वर्थायाश्चिन्तामणेरिदं ।
वृत्तेर्ग्रन्थप्रमाणं ( हि ) षट्सहस्रं निरूपितं ॥ ९ ॥
इन्द्रचन्द्रादिभिः शाब्दैर्यदुक्तं शब्दलक्षणम् ।
तदिहास्ति समस्तं च यन्नेहास्ति न तत्क्वचित् ॥ १० ॥
गणधातुपाठयोगेन धातून् लिंगानुशासने लिङ्गगतं ।
औणादिकानुणादौ शेषं निःशेषमत्र वृत्तौ विद्यात् ॥ ११ ॥
बालाबलाजनोप्यस्या वृत्तेरभ्यासवृत्तितः ।
समस्तं वाङ्मयं वेत्ति वर्षेणैकेन निश्चयात् ॥ १२ ॥

तत्र सूत्रस्यादावयं मङ्गलश्लोकः । नमः श्रीवर्द्धमानायेत्यादि । शब्दार्थसम्बन्धार्था वाचकवाच्ययोग्यता अथवा आगमप्रयोजनोपायोपेयभावाः ते येन सर्वसत्त्वहितेन तत्त्वतः प्रज्ञापिताः तस्मै श्रीमते महावीराय साक्षात्कृतसकलद्रव्याय नमः करोमीत्यध्याहारः । विघ्नप्रशमनार्थमर्हद्देवतानमस्कारं परममङ्गलमारभ्य भगवानाचार्यः शाकटायनः शब्दानुशासनं शास्त्रमिदं प्रारभते ।

धर्मार्थ काममोक्षेषु तत्त्वार्थावगतिर्येन । शब्दार्थज्ञानपूर्वेति वेद्यं व्याकरणं बुधैः ॥

अ इ उ ण् ऋक । ए औ ङ् ।...हल इति वर्ण समाम्नायः क्रमानुबन्धोपादानः प्रत्याहारयन् शास्त्रस्य लाघवार्थः । सामान्यग्रहणाद्दीर्घप्लुतानुनासिकानां ग्रहणम् ।

— चिन्तामणि टीका

चिन्तामणिके कर्त्ता यक्षवर्माने उपरिलिखित सातवें श्लोकमें कहा है कि "यह उसकी छोटी वृत्ति है जिसे मैंने उसकी ( शाकटायनकी ) बहुत बड़ी वृत्तिसे संक्षिप्त करके बनाया है ।" वे यह नहीं कहते कि यह मेरी स्वतन्त्र रचना है । अब यह देखना चाहिए कि वह अति महती या बहुत बड़ी वृत्ति कौन-सी है जिसको संक्षिप्त करके यह लिखी गई है । विचार करके देखा जाय तो वह वृत्ति

और कोई नहीं, अमोघवृत्ति ही है। क्योंकि एक तो उपलब्ध वृत्तियोंमें वही सबसे बड़ी है। दूसरे ऊपर लिखी हुई दोनों प्रशस्तियोंके कुछ भाग समान हैं, जो यह बतलाते हैं कि एक वृत्ति दूसरीको देखकर या उसीको संक्षेप करके बनाई गई है। 'इति वर्णसमाम्नायः' आदि पाठ दोनोंके मिलते जुलते हुए हैं। अन्तर केवल यह है कि जहाँ अमोघवृत्तिमें 'सामान्याश्रयणात्' लिखा गया है वहाँ चिन्तामणिमें 'सामान्यग्रहणात्' है। तीसरे यक्षवर्माने जिस मंगलश्लोककी 'नमः श्रीवर्द्धमानायेत्यादि' प्रतीक दी है वह अमोघवृत्तिमें ही मिलती है। मूलका या अन्य किसी वृत्तिका यह श्लोक नहीं है। इस श्लोकके उत्तरार्द्धकी व्याख्या भी अमोघवृत्तिसे थोड़ा बहुत इधर उधर करके नकल कर दी गई है। इन सब बातोंसे यह निश्चय हो जाता है कि चिन्तामणि टीका अमोघवृत्तिसे पीछे बनी है और वह अमोघवृत्तिका ही संक्षेप है।

यक्षवर्माने अपनी टीका अमोघवृत्तिको ही कुछ फेर फार करके बनाई है, यह बात दोनों टीकाओंका मिलान करनेसे अच्छी तरह समझमें आ जाती है। कुछ उदाहरण लीजिए—

नामदुः १–१–१७ —मूल शाकटायनसूत्र

यन्नामधेयं संव्यवहाराय हठान्नियुज्यते देवदत्तादि तद्दुसंज्ञं वा भवति। देवदत्तीया दैवदत्ताः। षडनयानाहुः सिद्धसेनीया सैद्धसेनाः। —अमोघवृत्ति

यन्नामधेयं सव्यवहाराय हठान्नियुज्यते देवदत्तादि तद्दु संज्ञं वा भवति। देवदत्तीया दैवदत्त :। —चिन्तामणिटीका

कहीं कहींपर तो यक्षवर्माने अमोघवृत्ति ज्योंकी त्यों नकल ही कर दी है। जैसे—ख्याते दृश्ये ४–३–२०७ —मूल

भूतेऽनद्यतने ख्याते लोकविज्ञाते दृश्ये प्रयोक्तुः शक्यदर्शने वर्तमानाद्धातोर्लङ्प्रत्ययो भवति। लिङ्गवादः। अरुणद्देवः पाण्ड्यम्। अदहदमोघवर्षोरातीन्। ख्यात इति किम? चकार कटं देवदत्तः। दृश्य इति किम्? जघान कंसं किल वासुदेवः। अनद्यतने इति किम? उदगादादित्यः। —अमोघवृत्तिः

उक्त सूत्रपर चिन्तामणिकी टीका भी इसी प्रकार है। अन्तर सिर्फ इतना ही है कि अमोघमें जहाँ 'लङ्प्रत्ययो' लिखा है वहाँ चिन्तामणिमें केवल 'लङ्' लेखा है, 'प्रत्यय' छोड़ दिया है।

उपर्युक्त बातोंसे यह तो सिद्ध हो गया कि चिन्तामणि अमोघवृत्तिसे पीछे बनी है और उसीको सकोच करके बनाई गई है। अब यह देखना है कि अमोघवृत्तिका कर्त्ता कौन है? चिन्तामणि टीकाके प्रारंभके ३-४-५-६-७ श्लोकोंका अर्थ अच्छी तरह लगानेसे इसका भी निश्चय हो जायगा।

३-जिन्होंने सकलज्ञानरूपी साम्राज्य पदको प्राप्त किया है और जो बड़े भारी साधुसमाजके अगुआ थे, वे शाकटायन जयवंत हों।

४-जिन अकेलेने बुद्धिरूप मन्दराचलसे शब्द-समुद्रका मन्थन करके, उसमेंसे यशरूप लक्ष्मीके साथ सम्पूर्ण व्याकरणोंका साररूप यह अमृत निकाला,

५-जिनका रचा हुआ शब्दानुशासन आर्हत् धर्मकी तरह स्वल्प-ग्रन्थ (प्रमाणमें थोड़ा), सुख-साध्य और सम्पूर्ण है,

६-जिन (शाकटायन मुनि) के शब्दानुशासनमें इष्टि, उपसख्यान, वक्तव्य, न वक्तव्य आदिका झगड़ा नहीं है,

७—उनकी (तस्य शाकटायनस्य) बड़ी भारी वृत्ति (अमोघवृत्ति) को संकोच करके यह छोटी-सी परन्तु सम्पूर्ण लक्षणोंवाली वृत्ति मैं (यक्षवर्मा) कहूँगा।

ध्यान रखना चाहिए कि ये पाँचों श्लोक शाकटायनका वर्णन करनेवाले हैं। इनमेंके 'यः' (श्लोक ३-४), यदुपक्रम शब्दका 'यत्' (श्लोक ५) और 'यस्य' (श्लोक ६) ये तीनों सम्बन्ध-द्योतक सर्वनाम सातवें श्लोकके 'तस्य' शब्दसे सम्बन्ध रखते हैं। यह 'तस्य' शब्द कर्तरि षष्ठिमें बनाया गया है और यह सातवें पद्यका मुख्य वाक्यांश है। अन्वय इस तरह होता है—'यदुपक्रमं शब्दानुशासनं सार्वं तस्य महतीं वृत्तिं संहृत्य इयं लघीयसी वृत्तिर्वक्ष्यते यक्षवर्मणा' अर्थात् जिसका बनाया हुआ सर्वोपयोगी शब्दानुशासन नामक व्याकरण है, उसीकी बनाई हुई बहुत बडी टीकाको संकोचकर मैं यह छोटी-सी टीका बनाता हूँ। इससे निश्चय हो गया कि मूल शब्दानुशासन और उसकी अमोघवृत्ति टीका ये दोनों ग्रन्थ एक ही शाकटायनने बनाये हैं।

मि० राइस साहबने इसके लिए चिदानन्द कविके 'मुनिवंशाभ्युदय' नामक कनड़ी काव्यसे एक प्रमाण दिया है। यह कवि मैसूरके चिक्कदेवराजाके समयमें (ई० सन् १६७२–१७०४) हुआ है और 'चारुकीर्ति पंडितदेव' इसकी उपाधि थी। कविके कनड़ी श्लोकोंका अर्थ यह है—

" उस मुनिने अपने बुद्धिरूप मन्दराचलसे श्रुतरूप समुद्रका मन्थन कर यशके साथ व्याकरणरूप उत्तम अमृत निकाला। शाकटायनने उत्कृष्ट शब्दानुशासनको बना लेनेके बाद अमोघवृत्ति नामकी टीका—जिसे बड़ी शाकटायन कहते हैं—बनाई जिसका कि परिमाण १८००० हजार है। जगत्प्रसिद्ध शाकटायन मुनिने व्याकरणके सूत्र और साथ ही पूरी वृत्ति भी बनाकर एक प्रकारका पुण्य सम्पादन किया। एक बार अविद्धकर्ण सिद्धान्तचक्रवर्ती पद्मनन्दिने मुनियोंके मध्य पूजित शाकटायनको मन्दर पर्वतके समान धीर विशेषणसे विभूषित किया।"

गणरत्नमहोदधिके कर्त्ता वर्धमान कवि—जो विक्रम सं० ११९७ मे हुए हैं—अपने ग्रन्थमें शाकटायनके नामसे जिन जिन बातोंको उद्धृत करते हैं वे अमोघवृत्तिमें ही मिलती हैं, मूलसूत्रोंमें नहीं। इससे मालूम होता है कि वर्धमान जानते थे कि अमोघवृत्ति शाकटायनकी ही है और इसीलिए उन्होंने उसके उदाहरण शाकटायनके नामसे देना अनुचित न समझा।

शाकटायनस्तु कर्णे टिरिटिरिः कर्णे चुरु-चुरुरित्याह।

—गणरत्न पृष्ठ ८२ और अमोघवृत्ति २।१।५७

शाकटायनस्तु अद्य पंचमी अद्य द्वितीयेत्याह।

—गणरत्न पृ० ९०, अमोघवृत्ति २।१।७१

इसके सिवाय नन्दिसूत्रकी मलयगिरिकृत टीकाका उद्धरण ऊपर दिया जा चुका है जिसमें टीकाकर्त्ताने 'श्रीवीरममृतं ज्योतिः' आदि मंगलाचरणको शाकटायनकी स्वोपज्ञवृत्तिका बतलाया है। इससे सिद्ध है कि अमोघवृत्ति स्वयं शाकटायनकी बनाई हुई है।

## रचना-काल

ऊपर 'ख्याते दृश्ये' सूत्रकी जो अमोघवृत्ति दी है, उसमें एक उदाहरण है—"अदहदमोघवर्षोऽरातीन्।" अर्थात अमोघवर्षने शत्रुओंको जला दिया। इस उदाहरणमें ग्रन्थकर्त्ताने अमोघवर्ष (प्रथम) की अपने शत्रुओंपर विजय पानेकी जिस घटनाका उल्लेख किया है, ठीक उसीका जिक्र शकसंवत् ८३२ (वि० सं०

१ इसी सूत्रकी वृत्तिमें एक उदाहरण और है—'अरुणद्देवः पाण्ड्यम्' अर्थात् देवने पाण्ड्यनरेशको रोका। अमोघवर्षके शर्वदेव, तुंगदेव, आदि अनेक नाम हैं। इस देवसे भी उन्हींका मतलब जान पड़ता है। उन्होंने इसके अनुसार किसी पाण्ड्य राजाको रोका या कैद किया था।

९६७ ) के एक राष्ट्रकूट-शिलालेखमें इन शब्दोंमें किया है—" भूपालान् कण्टकाभान् वेष्टयित्वा ददाह ।" और इसका भी अर्थ लगभग वही है : अमोघवर्षने उन काटे जैसे राजाओंको घेरा और जला दिया जो उससे एकाएक विरुद्ध हो गये थे। उक्त शिलालेख अमोघवर्षके बहुत पीछे लिखा गया था, इसलिए उसमें परोक्षार्थवाली 'ददाह' क्रिया दी है। उसके लेखकके लिए उक्त घटनाका स्वयं देखना अशक्य था। परन्तु अमोघवृत्तिके कर्त्ताके लिए शक्य था, इसलिये उसने 'अदहन्' यह लङ् प्रत्ययकी क्रिया दी है। अर्थात् यह उसके समक्षकी घटना है।

बगमुराके दान-पत्रमें² जो श० स० ७८९ (वि० सं० ९२४) का लिखा हुआ है इस घटनाका उल्लेख है। उसका साराश यह है कि गुजरातके माण्डलिक राजा एकाएक बिगड़ खड़े हुए और उन्होंने अमोघवर्षके विरुद्ध हथियार उठाये, तब उसने उनपर चढ़ाई कर दी और उन्हें तहस नहस कर डाला। इस युद्धमें ध्रुव घायल होकर मारा गया।

अमोघवर्ष श० सं० ७३६ (वि० स० ७७१) में सिंहासनपर बैठे थे और यह दानपत्र श० सं० ७८९ (वि० स० ८२४) का है। अतः सिद्ध है कि अमोघवृत्ति ७३६ और ७८९ के बीच किसी समय लिखी गई है और यही पाल्यकीर्ति या शाकटायनका समय है।

अमोघवर्ष (प्रथम) जैन विद्वानोंके बड़े भारी आश्रयदाता थे। जिनसेनको वे अपना गुरु मानते थे और अन्तमें तो उन्होंने शायद जैन-धर्मके विवेकसे राज्यका त्याग भी कर दिया था। अतएव यदि वैयाकरण शाकटायनने उनके जैनधर्म और साहित्यके प्रेमी होनेके नाते अपनी वृत्तिका नाम अमोघवृत्ति रक्खा हो तो कोई आश्चर्य नहीं और फिर 'अदहदमोघवर्षोऽरातीन्' उदाहरणसे तो अमोघवृत्तिके कर्त्ताकी समकालीनता स्पष्ट हो ही रही है।

## शाकटायनके पूर्ववर्ती आचार्य

शाकटायनने अपनी पूर्व गुरु-परम्पराका कोई उल्लेख नहीं किया है, यहाँ तक कि अपने गुरुका नाम भी नहीं दिया। प्रकरण और सूत्र-ग्रन्थमें तो खैर इसके लिए स्थान नहीं था, पर अमोघवृत्तिमें गुंजाइश थी और संभव है उसमें प्रशस्ति रही भी हो; परन्तु जो प्रतियाँ उपलब्ध हैं उनमें वह नहीं रही है।

१ एपिग्राफिआ इंडिका जिल्द १, पृ० ५४।
२ इण्डियन एण्टिक्वेरी जि० १२, पृ० १८१।

अमोघवर्ष ( प्रथम ) के पिता प्रभूतवर्ष या गोविन्दराज तृतीयका जो दान-पत्र कदंब ( मैसूर ) में मिला है वह शक सं० ७७५ का अर्थात् अमोघवर्षके राजा होनेसे एक वर्ष पहलेका है। उसमें अर्ककीर्ति मुनिको मान्यपुर ग्रामके शिलाग्राम जिनेंद्र-भवनके लिए एक गाँव दान करनेका उल्लेख है। अर्ककीर्ति यापनीय-नन्दिसंघ-पुंनागवृक्षमूलगणके थे। अर्ककीर्तिके गुरुका नाम विजयकीर्ति और प्रगुरुका श्रीकीर्ति था। बहुत संभव है कि पाल्यकीर्ति ( शाकटायन ) इसी परम्पराके हों, और आश्चर्य नहीं जो अर्ककीर्तिके ही शिष्य या उनके सधर्मा हों।

शाकटायन सूत्र-पाठमें इन्द्र, सिद्धनन्दि और आर्य वज्र इन तीनका मत दिया है। संभवतः ये भी यापनीय सम्प्रदायके होंगे।

**इन्द्र**—गोम्मटसार ( जीवकाण्ड ) में पाँच तरहके पाँच मिथ्यादृष्टियोंके उदाहरण देते हुए लिखा है—

एयंत बुद्धदरसी विवरीओ बम्ह तावसो विणओ।
इंदो वि य संसइयो मक्कडिओ चेव अण्णाणी॥ १६॥

अर्थात् बौद्ध एकान्ती, ब्रह्म ( याज्ञिक ) विपरीत, तापस वैनयिक, इन्द्र संशयी और मस्करी ( आजीवक ) अज्ञानी मिथ्यादृष्टियोंके उदाहरण हैं। इनमेंसे इन्द्रको टीकाकारने श्वेताम्बर गुरु बतलाया है। परन्तु इन्द्र नामके श्वेताम्बराचार्यका अभीतक कोई उल्लेख नहीं मिला। बहुत सम्भव है कि वे यापनीय ही हों और श्वेताम्बरतुल्य होनेसे श्वेताम्बर कह दिये गये हों। द्विकोटिगत ज्ञानको संशय कहते हैं, जो श्वेताम्बर सम्प्रदायमे घटित नहीं हो सकता। परन्तु यापनीयोंको कुछ श्वेताम्बर और कुछ दिगम्बर होनेके कारण शायद संशय-मिथ्यादृष्टि कह दिया गया हो। बहुत सम्भव है कि शाकटायन-सूत्रकारने इन्हीं इन्द्र गुरुका उल्लेख किया हो।

**सिद्धनन्दि**—ये भी यापनीय ही मालूम होते हैं। नन्द्यन्त नामधारी आचार्य यापनीयोंमें बहुत हुए हैं—चन्द्रनन्दि, मित्रनन्दि, कीर्तिनन्दि, कुमारनन्दि आदि।

**आर्य वज्र**—कल्पसूत्रकी स्थविरावलीके 'अज्जवइर' शायद यही हों।

---

१ देखो दर्शनसार-विवेचना।

२ पुलकेशी प्रथमके श० स० ४११ के दान-पत्रमें एक सिद्धनन्दिका उल्लेख है जो कनकोपलसंभूतवृक्षमूलगुणान्वयके थे।—इं० ए० जिल्द ७, पृ० २०५-१७।

# देवसेनका नयचक्र

विद्यानन्दने अपने श्लोकवार्तिकके 'नय-विवरण' नामक प्रकरणके अन्तमें लिखा है—

संक्षेपेण नयास्तावद्व्याख्याताः सूत्रसूचिताः ।
तद्विशेषः प्रपञ्चेन संचिन्त्या नयचक्रतः ॥

अर्थात् तत्त्वार्थसूत्रमे जिन नयोंका उल्लेख है, उनका हमने संक्षेपमें व्याख्यान कर दिया। यदि उनका विस्तारसे और विशेषतापूर्वक स्वरूप जाननेकी इच्छा हो तो 'नयचक्र' से जानना।

इस उल्लेखसे मालूम होता है कि विद्यानन्दसे पहले 'नयचक्र' नामका कोई ग्रन्थ था जिसमें नयोंका स्वरूप खूब विस्तारके साथ दिया गया है। परन्तु वह नयचक्र देवसेनसूरिका नयचक्र था, ऐसा नहीं जान पड़ता। क्योंकि यह बिलकुल ही छोटा है। इसमें कुल ८७ गाथायें हैं और माइल्ल धवलके बृहत् नयचक्रमें भी नयसम्बन्धी गाथाओंकी संख्या इससे अधिक नहीं है। इन दोनों ही ग्रन्थोंमें नयोंका स्वरूप संक्षेपमें लिखा गया है, भले ही वह विद्यानन्दके नय-विवरणसे कुछ ज्यादा हो। नय-विवरणकी श्लोकसंख्या ११८ है और उसमें नयोंका स्वरूप बहुत ही उत्तम रीतिसे नयचक्रसे भी अधिक स्पष्टतासे लिखा है। ऐसी दशामें यह संभव नहीं कि श्लोकवार्तिकके कर्ता अपने पाठकोंसे देवसेनके नयचक्रपरसे विस्तारपूर्वक नयोंका स्वरूप जाननेकी सिफारिश करें। इसके सिवाय जैसा कि आगे चलकर बतलाया जायगा, देवसेन विद्यानन्दके पीछेके ग्रन्थकर्ता हैं। अत एवः श्लोकवार्तिकमें जिस नयचक्रका उल्लेख है, वह कोई दूसरा ही नयचक्र है।

श्वेताम्बरसंप्रदायमें 'मल्लवादि' नामके एक बड़े भारी तार्किक हो गये हैं। हरिभद्रने अपने 'अनेकांत-जयपताका' नामक ग्रंथमें वादिमुख्य मल्लवादिकृत

'सन्मति-टीका'के कई अवतरण दिये हैं और मुनि जिनविजयजीने अनेकानेक प्रमाणोंसे हरिभद्रसूरिका समय विक्रमकी आठवीं शताब्दी सिद्ध किया है। अतः मल्लवादि इससे पहलेके विद्वान् हैं, और विद्यानन्द विक्रमकी नवीं शताब्दिमें हुए हैं, यह भी प्रायः निश्चित-सा है।

उक्त मल्लवादिका भी एक 'नयचक्र' नामका संस्कृत ग्रंथ है जिसका पूरा नाम 'द्वादशार नयचक्र' है। जिस तरह चक्रमें आरे होते हैं, उसी तरह इसमें बारह आरे अर्थात् अध्याय हैं। मूल ग्रन्थ तो उपलब्ध नहीं है पर उसकी सिंह क्षमाश्रमणकृत टीका मिलती है। विक्रमकी अठारहवीं शताब्दीके प्रारंभमें उपाध्याय यशोविजयने नष्टभ्रष्ट और खंडित प्रतियोंपरसे नयचक्रका उद्धार किया था परन्तु अब उसकी भी कोई शुद्ध प्रति उपलब्ध नहीं[2]। संभव है कि विद्यानन्दने इसी नयचक्रको लक्ष्य करके पूर्वोक्त सूचना की हो। जिस तरह हरिवंशपुराण और आदिपुराणके कर्त्ताओंने सिद्धसेनकी प्रशंसा की है—जो कि श्वेताम्बर समझे जाते हैं—उसी तरह विद्यानन्दने भी मल्लवादिके ग्रन्थको पढ़नेकी सिफारिश की हो, तो कोई आश्चर्यकी बात नहीं। जिस तरह सिद्धसेन तार्किक थे उसी तरह मल्लवादि भी और जब दिगम्बर और श्वेताम्बरोंके तार्किक सिद्धान्तोंमें विशेष महत्त्वका मत-भेद नहीं है, तब एक नयसंबंधी श्वेताम्बर तर्क-ग्रन्थका उल्लेख एक दिगम्बर लेखकद्वारा किया जाना कुछ असम्भव नहीं। अनेक श्वेताम्बर ग्रन्थकर्ताओंने भी इसी तरह अनेक दिगम्बर ग्रन्थोंके हवाले दिये हैं।

---

१ श्वेताम्बर-परम्पराके अनुसार वीर संवत् ८८४ में मल्लवादिने बौद्धोंको पराजित किया।

२ द्वादशार नयचक्रकी टीका छप रही है। ६० से अधिक फार्मे छप चुके है। टीकामें कुमारिल, धर्मकीर्ति, समन्तभद्र आदिका उल्लेख नहीं है, पर सिद्धसेनका है। वाक्यपदीयकार भर्तृहरि, वसुबन्धु, दिङ्नाग आदिका है, पर उनके बादके किसी ग्रन्थकारका नहीं। इससे श्वेताम्बर-परम्परामें मल्लवादिका बौद्धोंके साथ वाद होनेका जो समय वीरनिर्वाण संवत् ८८४ बतलाया जाता है, मुनि जम्बूविजयजीकी रायमें वह ठीक मालूम होता है। मूल नयचक्र यद्यपि अनुपलब्ध है परन्तु टीकाके आधारसे वह पुनः संकलित किया गया है और वही छापा गया है। मुनिजी बड़े परिश्रमी हैं। इसी ग्रन्थके सम्पादनके लिए उन्होंने तिब्बती भाषाका अध्ययन किया है। इस ग्रन्थमें सात नयोंकी प्रसिद्ध परम्पराका अनुसरण नहीं है, कोई अन्य परम्परा है जो प्राचीन जान पड़ती है।—(प्रो० दलसुख मालवणियाके ता० १२-२-५६ के पत्रका एक अंश।)

माइल्ल धवलके बृहत् नयचक्रके अन्तकी गाथासे भी ( जो केवल बम्बईवाली प्रतिमें है, मोरेनाकी प्रतिमें नहीं है ) इस बातकी पुष्टि होती है कि नयचक्र कालचक्रमें पड़कर बहुत पहले ही नष्ट हो गया था और वह मल्लवादिका ही नयचक्र जान पड़ता है।

दुसमीरणेण पोयं पेरियसंतं जहा ति ( चि ) र नट्ठं।
सिरिदेवसेनमुणिणा तह णयचक्कं पुणो रइयं ॥

इसका अभिप्राय यह है कि दुःषमकालरूपी आँधीसे पोतके ( जहाजके ) समान जो नयचक्र चिरकालसे नष्ट हो गया था उसे देवसेन मुनिने फिरसे रचा। बहुत सम्भव है कि देवसेनने उसीका यह संक्षिप्त उद्धार किया हो और उनके सामने उसकी कोई टीका रही हो।

उपलब्ध ग्रन्थोंमें नयचक्र नामके तीन ग्रन्थ प्रसिद्ध हैं — १ आलाप-पद्धति, २ लघु नयचक्र, और ३ बृहत् नयचक्र। इनमेंसे पहला ग्रन्थ आलाप-पद्धति संस्कृतमें है और शेष दो प्राकृतमें।

**१ आलाप-पद्धति**—इसके कर्त्ता भी देवसेन ही हैं। भाण्डारकर रिसर्च इन्स्टिट्यूट पूनामें इस ग्रन्थकी एक प्रति है। उसके अन्तमें प्रति-लेखकने लिखा है—"इतिसुखबोधार्थमालापपद्धतिः श्रीदेवसेनविरचिता समाप्ता। इति श्रीनयचक्र सम्पूर्णम्।" उक्त पुस्तकालयकी सूचीमें भी—जो बम्बईके दिगम्बरजैनमन्दिरके भण्डारमें है—इसे 'नयचक्र संस्कृत गद्य' के नामसे दर्ज किया है। पं० शिवजी-लालकृत दर्शनसार-वचनिकामें देवसेनके संस्कृत नयचक्रका जो उल्लेख है वह भी जान पड़ता है, इसी आलाप-पद्धतिको लक्ष्य करके किया गया है। यद्यपि आलाप-पद्धतिमें नयचक्रका ही गद्यरूप सारांश है और वह नयचक्रके ऊपर ही लिखी गई है, इस लिए कुछ लोगों द्वारा दिया गया उसका यह 'नयचक्र' नाम एक सीमातक क्षम्य भी है; परन्तु वास्तवमें इसका नाम 'आलाप-पद्धति' ही है, नयचक्र नहीं।

आलाप-पद्धतिके प्रारम्भमें ही लिखा है—"आलापपद्धतिर्वचनरचनानुक्रमेण नयचक्रस्योपरि उच्यते।" इससे मालूम होता है कि आलापपद्धति प्राकृत नय-चक्रपर संस्कृतमें प्रश्नोत्तररूपसे लिखी गई है। आलाप अर्थात् बोलचालकी

१ कारंजाकी प्रतिमें भी यह गाथा है।

सन् १८८४-८६ की रिपोर्टके ५१९ वें नम्बरका ग्रन्थ।

पद्धतिपर अथवा वचन-रचनाके ढंगपर यह ' सुख-बोधार्थ ' या सरलतासे समझमें आनेके लिए बनाई गई है । इसकी प्रत्येक प्रतिमें इसे ' देवसेनकृता ' लिखा भी मिलता है, जिससे यह निश्चय हो जाता है कि यह नयचक्रके कर्त्ता देवसेनकी ही रची हुई है—अन्य किसीकी नहीं।

**२ लघु नयचक्र**—देवसेनका वास्तविक नयचक्र यही है । इसके साथ जो ' लघु ' विशेषण लगाया गया है वह दूसरे बड़े ग्रन्थको देखकर । परन्तु वास्तवमें उस दूसरे ग्रन्थका नाम ' द्रव्यस्वभावप्रकाश ' है और उसके कर्त्ता ' माइल्ल धवल ' हैं जैसा कि आगे बतलाया है । इसलिए इसका नयचक्रके ही नामसे उल्लेख किया जाना चाहिए ।

उपाध्याय यशोविजयने अपने ' द्रव्यगुणपर्यय रास ' ( गुजराती ) में देवसेनके नयचक्रका कई जगह उल्लेख किया है और उक्त रासेके आधारसे ही लिखे गये ' द्रव्यानुयोगतर्कणा ' नामक संस्कृत ग्रन्थमें भी उक्त उल्लेखोंका अनुवाद किया गया है । उसमें कहा है कि दिगम्बर देवसेनकृत नयचक्रमे ये नय, उपनय, और दोनों मूल नय भी, इसी प्रकार बतलाये गये हैं, और यद्यपि ये दिगम्बरमतानुगत हैं, तथापि सर्वज्ञप्रणीत सदागमोंके अनुकूल हैं । इनमें कोई विसंवाद नहीं है । इस विषयमें दिगम्बर श्वेताम्बर समान-तन्त्र हैं ।

" नयाश्चोपनयाश्चैते तथा मूलनयावपि ।
इत्थमेव समादिष्टा नयनचक्रेऽपि तत्कृता ॥ ८ ॥

एते नया उक्तलक्षणाश्च पुनरुपनयास्तथैव द्वौ मूलनयावपि निश्चयेनेत्थममुना प्रकारेणैव नयचक्रेऽपि दिगम्बरदेवसेनकृते शास्त्रे नयचक्रेपि तत्कृता तस्य नयचक्रस्य कृता उत्पादकेन समादिष्टं कथितं । एतावता [१]दिगम्बरमतानुगतनयचक्रग्रन्थ-पाठपठितनयोपनयमूलनयादिकं सर्वमपि सर्वज्ञप्रणीतसदागमोक्तयुक्तियोजनासमानतंत्रत्वमेवास्ते न किमपि विसंवादितयास्तीति । "

उक्त ' तर्कणा ' में जो नयोंका स्वरूप दिया है, वह बिलकुल ' नयचक्र ' का अनुवाद है और उसे स्वयं ग्रन्थकर्त्ता भोजसागरने स्वीकार किया है । इससे निश्चय हो जाता है कि उपाध्याय यशोविजय और तर्कणाके कर्ता भोजसागर इसी नयचक्रको देवसेनका रचा हुआ समझते थे ।

१ ' द्रव्यानुयोगतर्कणा ' अध्याय ८, श्लोक ८, पृ० ११५ ।

दर्शनसारकी वचनिकाके कर्ता पं० शिवजीलालजीने देवसेनसूरिके बनाये जिन सब ग्रन्थोंके नाम दिये हैं उनमें प्राकृत नयचक्र भी है। अर्थात् उनके मतसे भी यह देवसेनकी ही कृति है।

यह नयचक्र ( लघु ) बृहत् नयचक्र ( द्रव्यस्वभावप्रकाश ) मेंसे छाँटकर जुदा निकाला हुआ नहीं है। यह बात इस ग्रन्थको आदिसे अंततक अच्छी तरह पढ़ जानेसे ही ध्यानमें आ जाती है। इसकी रचना-पद्धतिसे ही मालूम हो जाता है कि यह सम्पूर्ण ग्रन्थ है और स्वतन्त्र है। नयोंको छोड़कर इसमें अन्य विषयोंका विचार भी नहीं किया गया है। इसके अंतकी नं० ८६ और ८७ की गाथाओंके 'लवणं व एस भणियं नयचक्कं सयलसत्थसुद्धियरं' और 'तो णादुं कुणह मई नयचक्के दुणयतिमिरमत्तंडे' पदोंसे यह भी स्पष्ट हो जाता है कि इसका नाम नयचक्र ही है, उसके साथ कोई 'लघु' आदि विशेषण नहीं है।

**२ बृहत् नयचक्र**—इसका वास्तविक नाम 'दव्वसहावपयास' ( द्रव्य-स्वभाव-प्रकाश ) या 'द्रव्यस्वभावप्रकाशक नयचक्र' है। ग्रन्थकर्त्ताने स्वयं इस नामको ग्रन्थके प्रारम्भमें और अन्तमें कई जगह व्यक्त किया है। नयचक्र नाम हो भी नहीं सकता, क्योंकि नयोंके अतिरिक्त द्रव्य, गुण, पर्याय, दर्शन, ज्ञान, चारित्र्य आदि अन्य अनेक विषयोंका भी इसमें वर्णन किया गया है। यह एक संग्रह-ग्रन्थ है। जिस तरह इसमें कुन्दकुन्दाचार्यकृत पंचास्तिकाय, प्रवचनसार आदिकी गाथाओंको और उनके अभिप्रायोंको संग्रह किया गया है, उसी तरह लगभग पूरे नयचक्रको भी इसमें शामिल कर लिया गया है; यहाँ तक कि मंग-लाचरणकी और अंतकी नयचक्रकी प्रशंसासूचक गाथायें भी नहीं छोड़ी हैं। जान पड़ता है कि नयचक्रकी उक्त प्रशंसासूचक गाथाओंके कारण ही लोगोंको भ्रम हो गया है और वे इसे 'बृहत् नयचक्र' कहने लगे हैं।

इसके प्रारम्भकी उत्थानिकामें लिखा है, "श्रीकुंदकुंदाचार्यकृतशास्त्राणां सारार्थं परिगृह्य स्वपरोपकाराय द्रव्यस्वभावप्रकाशकं नयचक्रं मोक्षमार्गं कुर्वन् गाथाकर्ता[1]... इष्टदेवताविशेषं नमस्कुर्वन्नाह—।" यह 'द्रव्यस्वभावप्रकाशक' नयचक्रका विशेषण है। संग्रहकर्त्ताका इससे यह अभिप्राय भी हो सकता है कि यह नयचक्र-युक्त द्रव्यस्वभावप्रकाशक ग्रन्थ है।

---

१ बम्बईवाली प्राचीन प्रतिमें यहाँ 'गाथाकर्त्ता' ही पाठ है, जब कि मोरेनाकी प्रतिमें 'ग्रन्थकर्त्ता' है। वास्तवमें गाथाकर्त्ता ही होना चाहिए। यही पाठ छपना भी चाहिए था।

अब हमें यह देखना चाहिए कि इस 'द्रव्यस्वभावप्रकाश' के कर्ता कौन हैं

> दव्वसहावपयासं दोहयबंधेण आसि जं दिट्ठं ।
> तं गाहाबधेण य रइयं माइल्लधवलेण ॥
> दुसमीर-पोयमि ( नि ) वाय पा ( या ) ता ( ण ) सिरदेवसेणजोईणं ।
> तेसिं पायपसाए उवलद्ध समणतच्चेण ॥

पहली गाथाका अर्थ यह है कि जो 'दव्वसहावपयास' नामका ग्रन्थ दोहा-छन्दोंमें था, उसीको माइल्ल धवलने गाथाओंमें रचा ।

दूसरी गाथा बहुत कुछ अस्पष्ट है फिर भी उसका अभिप्राय लगभग यह है कि श्रीदेवसेन योगीके चरणोंके प्रसादसे यह ग्रन्थ बनाया गया ।

यह गाथा बम्बईकी प्रतिमें नहीं है, मोरेनाकी प्रतिमें है । बम्बईकी प्रतिमें इसके बदले 'दुसमीरणेण पोयं पेरियसंत' आदि गाथा है, जो ऊपर एक जगह उद्धृत की जा चुकी है और जिसमें यह बतलाया गया है कि देवसेनमुनिने पुराने नष्ट हुए नयचक्रको फिरसे रचा ।

मोरेनावाली प्रतिकी गाथासे तो केवल यही मालूम होता है कि माइल्ल धवलका देवसेनसूरिसे कुछ निकटका गुरु-शिष्यसम्बन्ध था । बम्बईवाली प्रतिकी गाथा माइल्ल धवलसे कोई सम्बन्ध नहीं रखती, वह नयचक्र और देवसेनसूरिकी प्रशंसावाचक अन्य तीन चार गाथाओंके समान एक जुदी ही प्रशस्ति-गाथा है ।

एक गाथामें कहा है कि दोहा छंदमें रचे हुए 'द्रव्य-स्वभाव-प्रकाश' को सुनकर सुहंकर या शुभंकर नामके सज्जन—जो संभवतः माइल्ल धवलके मित्र होंगे—हँसकर बोले कि दोहोंमें यह अच्छा नहीं लगता; इसे गाथाबद्ध कर दो ।[2] इससे भी यही मालूम होता है कि 'दव्यसहावपयास' पहले दोहाबद्ध था और उसे माइल्ल धवलने गाथाबद्ध किया है । माइल्ल धवल 'गाथाकर्त्ता' ही हैं,

---

१ कारंजाकी प्रतिमें 'माइल्लधवलेण' पर 'देवसेनशिष्येण' टिप्पण भी है जिससे और भी स्पष्ट हो जाता है कि वे देवसेनके शिष्य थे ।—देखो सी० पी० बरार गवर्नमेंटद्वारा प्रकाशित हस्तलिखित ग्रन्थोंका सूचीपत्र, पृष्ठ ७३५ ।

२ सुणिऊण दोहरत्थं सिग्घं हसिऊण सुहंकरो भणइ ।
एत्थ ण सोहइ अत्थो गाहाबधेण तं भणइ ॥

इसका खुलासा इस ग्रन्थकी उत्थानिकासे भी हो जाता है, जहाँ लिखा है कि गाथाकर्त्ता ( ग्रन्थकर्त्ता नहीं ) इष्टदेवताको नमस्कार करते हुए कहते हैं ।

नीचे लिखी गाथाओंसे भी यह प्रकट होता है कि इस ग्रन्थके कर्ता देवसेन नहीं किन्तु माइल्ल धवल हैं—

दारियदुण्णयदणुयं परअप्पपरिक्खतिक्खखरधारं ।
सव्वण्हुविण्हुचिण्हं सुदंसणं णमह णयचक्कं ॥
सुयकेवलीहिं कहियं सुअसमुद्दअमुदमयमाणं ।
बहुभंगभंगुरावि य विराइयं णमह णयचक्कं ॥
सियसद्दसुणयदुण्णयदणुदेहविदारणेक्कवरवीरं ।
तं देवसेणदेवं णयचक्कयरं गुरुं णमह ॥

इनमेंसे पहली दो गाथाओंमें नयचक्रकी प्रशंसा करके कहा है कि ऐसे विशेषणोंसे युक्त नयचक्रको नमस्कार करो और तीसरी गाथामें कहा है कि दुर्नयरूपी राक्षसको विदारण करनेवाले श्रेष्ठ वीर गुरु देवसेनको जो नयचक्रके कर्ता हैं—नमस्कार करो । यदि इस ग्रंथके कर्ता स्वयं देवसेन होते तो वे अपने लिए गुरु आदि शब्दोंका प्रयोग न करते और न यही कहते कि तुम उन देवसेनको और उनके नयचक्रको नमस्कार करो ।

इन सब बातोंसे सिद्ध है कि छोटे नयचक्रके कर्ता ही देवसेन हैं और माइल्ल धवल उन्हींको लक्ष्य करके उक्त प्रशंसा करते हैं । माइल्ल धवलने देवसेनके पूरे नयचक्रको अपने इस ग्रन्थमें अन्तर्गर्भित कर लिया है, ऐसी दशाम उनका इतना गुण-गान करना आवश्यक भी था ।

माइल्ल धवलने इसके सिवाय और भी ग्रन्थ बनाये हैं या नहीं और ये कब कहाँ हुए हैं, इसका कोई पता नहीं । संभवतः वे देवसेनके ही शिष्योंमें होंगे जैसा कि मोरेनाकी प्रतिकी अंतिम गाथासे और देवसेनके लिए श्रेष्ठ गुरु शब्दका प्रयोग देखनेसे जान पड़ता है । कारंजाकी प्रतिके टिप्पणसे भी यही मालूम होता है ।

## देवसेन

देवसेन दर्शनसारके अंतमें अपना परिचय देते हुए कहते हैं कि पूर्वाचार्योंकी रची हुई गाथाओंको एक जगह संचित करके श्रीदेवसेन गणिने धारानगरीमें निवास

करते हुए पार्श्वनाथके मंदिरमें माघ सुदी दसवीं विक्रम संवत् ९९० को यह दर्शनसार रचा। इससे निश्चय हो जाता है कि उनका अस्तित्वकाल विक्रमकी दशवीं शताब्दीका अन्त है। अपने अन्य किसी ग्रन्थमें उन्होंने ग्रन्थ-रचनाका समय[2] नहीं दिया।

यद्यपि उनके किसी ग्रन्थमें इस बातका उल्लेख नहीं है कि वे किस संघके थे; परन्तु दर्शनसारके पढ़नेसे यह बात स्पष्ट हो जाती है कि वे पद्मनंदि या कुन्द-कुन्दकी अन्वयके थे। दर्शनसारमें उन्होंने काष्ठासंघ, द्रविडसंघ, माथुरसंघ और यापनीयसंघ आदि सभी जैन संघोंकी उत्पत्ति बतलाई है और उन्हें जैनाभास कहा है; अतएव वे उक्त संघोंमेंसे किसी संघके नहीं होंगे।

दर्शनसारकी ४३ वीं गाथामें लिखा है कि यदि पद्मनन्दिनाथ ( कुन्दकुन्द ) सीमन्धर स्वामीद्वारा प्राप्त दिव्यज्ञानके द्वारा बोध न देते तो मुनिजन सच्चे मार्गको कैसे जानते ?[3] इसके सिवाय अपने किसी गणगच्छादिका उल्लेख उन्होंने नहीं किया है।

आराधनासार और तत्त्वसार नामके दो छोटे छोटे ग्रन्थ और भी देवसेनके है जो माणिकचन्द्र जैन ग्रन्थमालामें प्रकाशित हो चुके हैं। आराधनासारकी पं० आशाधरकृत टीका भी है जो अभी तक उपलब्ध नहीं हुई। दूसरी टीका काष्ठासंघी क्षेमकीर्तिके शिष्य रत्नकीर्तिकी प्रकाशित है। इसकी मूल गाथायें ११५ और तत्त्वसारकी ७४ हैं।

---

१ पुव्वायरियकयाइं गाहाइं संचिऊण एयत्थ।
सिरिदेवसेणगणिणा धाराए संवसतेण—॥ ४९ ॥
रइओ दसणसारो हारो भव्वाण णवसए नवई।
सिरिपासणाहगेहे सुविसुद्धे माहसुद्धदसमीए ॥ ५० ॥

२ दर्शनसारकी अन्य गाथाओंमें जहाँ जहाँ संवत्का उल्लेख किया है, वहाँ वहाँ ' विक्कमरायस्य मरणपत्तस्स ' पद देकर विक्रम संवत् ही प्रकट किया है। इसके सिवाय धारा ( मालवा ) में विक्रम संवत् ही प्रचलित रहा है।

३ जइ पउमणंदिणाहो सीमंधरसामिदिव्वणाणेण।
ण विबोहइ तो समणा कहं सुमग्गं पयाणंति ॥

एक और प्राकृत ग्रन्थ भावसंग्रह है, जो विमलसेनगणिके शिष्य देवसेनका है[1]। यह भी मुद्रित हो चुका है। इसमें कई जगह दर्शनसारकी अनेक गाथायें उद्धृत हैं, इसपरसे हमने अनुमान किया था कि दर्शनसारके कर्त्ता ही इसके कर्त्ता हैं। परन्तु पं० परमानन्दजी शास्त्रीने अनेकान्त (वर्ष ७, अंक ११-१२) में इसपर सन्देह किया है और सुलोयणाचरिउ (सुलोचनाचरित) के कर्त्ता तथा भावसंग्रहके कर्त्ताको एक बतलाया है, जो विमलसेनगणिके शिष्य हैं। यह चरित अपभ्रंश भाषामें है, प्राकृतमें नहीं।

---

१ सिरिविमलसेणगणहरसिस्सो णामेण देवसेणो त्ति।
अबुहजणबोहणत्थं तेणेयं विरइयं सुत्तं ॥

# सोमदेवका नीतिवाक्यामृत

## परिचय

सोमदेव नेमिदेवके शिष्य, यशोदेवके प्रशिष्य और महेन्द्रदेवके अनुज थे। यशस्तिलकमें यशोदेवको देवसंघ-तिलक कहा है जब कि बद्दिगके दानपत्रमें गौड संघका। नीतिवाक्यामृत और यशस्तिलककी प्रशस्तियोंके अनुसार नेमिदेव अनेक महावादियोंके विजेता थे। महेन्द्रदेव भी दिग्विजयी विद्वान् थे।

सोमदेव भी अपने गुरु और अनुजके सदृश बड़े भारी तार्किक थे। उनके स्याद्वादाचलसिंह, वादीभ-पचानन और तार्किकचक्रवर्ती विशेषण इसीके द्योतक है। यशस्तिलककी उत्थानिकामें कहा है कि मेरी बुद्धिरूपी गौने जीवनभर तर्करूपी सूखी घास खाई, पर अब उसी गौसे सज्जनोंके पुण्यके कारण यह काव्यरूपी दूध उत्पन्न हो रहा है। यशस्तिलकचम्पू इस बातका प्रमाण है कि वे महाकवि थे और काव्यकलापर भी उनका असाधारण अधिकार था। इस ग्रन्थके अन्तिम आश्वास उनके धर्माचार्य और दार्शनिक होनेके प्रमाण हैं। राजनीतिके पंडित तो वे थे ही। नीतिवाक्यामृत शुद्ध राजनीतिका ग्रन्थ है और यशस्तिलकमें भी यशोधर महाराजका चरित्र अंकित करते समय तृतीय आश्वासमें उन्होंने राजनीतिकी विशद और विस्तृत चर्चा की है। ये दोनों ग्रन्थ बतलाते हैं कि उनका अध्ययन बहुत ही विशाल था। उस समय जितना साहित्य—न्याय, व्याकरण, काव्य, नीति, दर्शन आदिका—उपलब्ध था उस सबसे वे खूब परिचित थे। केवल जैन ही नहीं जैनेतर साहित्यपर भी उनका अधिकार था। विचारोंमें भी वे बड़े उदार थे। यशस्तिलककी उत्थानिकाके २० वें श्लोकमें कहा है कि व्याकरण, प्रमाणशास्त्र

---

१ लोको युक्तिः कलाश्छन्दोऽलंकाराः समयागमाः।
सर्वसाधारणाः सद्भिस्तीर्थमार्ग इव स्मृताः ॥ २०

लोको व्याकरणशास्त्रम्, युक्तिः प्रमाणशास्त्रम् ..समयागमाः जिन-जैमिनि-कपिल कणचर-चार्वाक-शाक्यानां सिद्धान्ताः। सर्वसाधारणाः सद्भिः कथिताः। क इव तीर्थमार्ग इव। यथा तीर्थमार्गे ब्राह्मणाश्चलन्ति चाण्डाला अपि गच्छन्ति, नास्तितत्र दोषः।—श्रुतसागरीटीका

कलायें, छन्दोग्रन्थ, अलंकारशास्त्र और समयागम ( अर्हत्, जैमिनि, कपिल, चार्वाक, कणाद, बुद्ध आदिके दर्शनशास्त्र ) तीर्थमार्गके समान सर्वसाधारण हैं। अर्थात् जिस तरह गंगादि तीर्थोंके मार्गपर ब्राह्मण भी चल सकते हैं और चाण्डाल भी, उसी तरह इनपर भी।

## ग्रन्थ-रचना

इस समय सोमदेवके केवल तीन ही ग्रन्थ उपलब्ध हैं—नीतिवाक्यामृत[1], यशस्तिलकचम्पू[2] और अध्यात्मतरंगिणी[3]। ये तीनों प्रकाशित भी हो चुके हैं। इनके सिवाय चार ग्रन्थ और भी हैं—युक्तिचिन्तामणिस्तव, त्रिवर्ग-महेन्द्र-मातलिसंजल्प, षण्णवतिप्रकरण और स्याद्वादोपनिषत्। ये अभीतक अप्राप्य हैं। इनमेंसे युक्तिचिन्तामणिस्तव समन्तभद्रकी आप्तमीमांसा जैसा होगा, जिसमें भगवानकी स्तुति युक्तिपूर्वक तार्किक पद्धतिसे की गई होगी। त्रिवर्ग-महेन्द्र-मातलिसजल्प राजनीतिविषयक होगा। महेन्द्र और उसके सारथी मातलिके संवादरूपमें उसमें त्रिवर्ग अर्थात् धर्म, अर्थ और कामकी चर्चा होगी। तीसरेमें ९६ प्रकरण होंगे विविध विषयोंके[4]। स्याद्वादोपनिषत्में स्याद्वादका विवेचन होगा और शायद वह गद्यमें हो। बद्दिगके दानपत्रमें उन्हें अनेक सुभाषितोंका कर्त्ता भी बतलाया है[5]।

## समय और स्थान

नीतिवाक्यामृतकी प्रशस्तिमें[6] सिर्फ इतना ही लिखा है कि नेमिदेवके शिष्य

---

१ माणिक्यचन्द्र-ग्रन्थमाला। २ काव्यमाला, बम्बई।

३ इसका दूसरा नाम योगमार्ग भी है। यह माणिक्यचन्द्रग्रन्थमालाके तत्त्वानुशासनादिसंग्रहमें प्रकाशित हुआ है। इसकी एक संस्कृत-टीका झालरापाटणके सरस्वती भण्डारमें है जिसके कर्त्ता गणधरकीर्ति हैं और जिसका रचनाकाल वि० सं० ११८९ है। इसमें लिखा है " .. अथवा यशस्तिलकाभिधानचम्पूकथाकौस्तुभरत्नोपत्तिरत्नाकरैकान्तवादिखद्योतचयपराभवादित्यसद्योऽनवद्यगद्यपद्यरचनाश्चर्यितसोमदेवा (?) पण्डित सोमदेवाभिधीयते (?)।" इससे मालूम होता है कि अध्यात्मतरंगिणीके कर्त्ता यही सोमदेव हैं।

४ यह सम्भव है कि अध्यात्मतरंगिणी या योगमार्ग षण्णवति प्रकरणका ही एक प्रकरण हो। यह प्रकरण केवल ४० पद्योंका है।

५ देखो, इस लेखका परिशिष्ट।

६ नीतिवाक्यामृतकी प्रशस्ति—

और महेन्द्रदेवके अनुज षण्णवतिप्रकरण, युक्तिचिन्तामणिस्तव, महेन्द्रमातलि-संजल्प और यशोधरमहाराजचरितके विधाता सोमदेवने नीतिवाक्यामृतकी रचना की। उसमें यह नहीं बतलाया कि वह कब और किस स्थानमें लिखा गया है परन्तु यशस्तिलकमें इन दोनों बातोंका स्पष्टतासे उल्लेख है। उसमें लिखा है कि—

चैत्र सुदी १३, शकसंवत् ८८१ ( विक्रमसंवत् १०१६ ) को जिस समय श्रीकृष्णराजदेव पाण्ड्य, सिंहल, चोल, चेर आदि राजाओंको जीत कर मेलपाटी नामक सेना-शिविरमें थे उस समय उनके चरणकमलोपजीवी सामन्त बद्दिगकी— जो चालुक्यवंशीय अरिकेसरीके प्रथम पुत्र थे—राजधानी गंगधारामें यह काव्य समाप्त हुआ।[1]

कृष्णराजदेव ( तृतीय कृष्ण ) राष्ट्रकूट वंशके थे और इनका दूसरा नाम अकालवर्ष था। ये अमोघवर्ष तृतीयके पुत्र थे। इनका राज्यकाल कमसे कम ८६७ से ८९४ तक प्रायः निश्चित है। कृष्णराजने—जैसा कि सोमदेवने लिखा है—सिंहल, पाण्ड्य[2], चोल[3] और चेर[4] राजाओंको युद्धमें पराजित किया था और मेलपाटी[5]में सेनाशिविर था। इनके समयमें कनड़ी भाषाका सुप्रसिद्ध कवि पोन्न

इति सकलतार्किकचक्रचूडामणिचुम्बितचरणस्य, पंचपंचाशन्महावादिवादविजयोपार्जित-कीर्तिमन्दाकिनीपवित्रितत्रिभुवनस्य, परमतपश्चरणरत्नोदन्वत, श्रीमन्नेमिदेवभगवत शिष्येण वादीन्द्रकालानलश्रीमन्महेन्द्रदेवभट्टारकानुजेन, स्याद्वादाचलसिंहतार्किकचक्रवर्तिवादीभपंचा-ननवाक्कल्लोलपयोनिधि—कविकुलराजकुंजरप्रभृतिप्रशस्तिप्रशस्तालंकारेण, षण्णवतिप्रकरण-युक्तिचिन्तामणिस्तव-महेन्द्रमातलिसंजल्प—यशोधरमहाराजचरितप्रमुखमहाशास्त्रवेधसा सोमदेवसूरिणा विरचित ( नीतिवाक्यामृतं ) समाप्तमिति।

—स्याद्वादविद्यालय काशीकी श० स० १८३४ की लिखी हुई प्रति।

१ शकनृपकालातीतसंवत्सरशतेष्वष्टस्वेकाशीत्यधिकेषु गतेषु अंकत ( ८८१ ) सिद्धार्थ-संवत्सरान्तर्गतचैत्रमासमदनत्रयोदश्यां पाण्डय—सिंहल-चोल—चेरमप्रभृतीन्महीपतीन्प्रसाध्य मेलपाटीप्रवर्धमानराज्यप्रभावे श्रीकृष्णराजदेवे सति तत्पादपद्मोपजीविनः समधिगतपंच-महाशब्दमहासामन्ताधिपतेश्चालुक्यकुलजन्मनः सामन्तचूडामणेः श्रीमदरिकेसरिणः प्रथम-पुत्रस्य श्रीमद्वद्यगराजस्य लक्ष्मीप्रवर्धमानवसुधारायां गंगधारायां विनिर्मापितमिदं काव्यमिति।

२ वर्तमान मद्रासका तिनिवेली। ३ मद्रासका कारोमंडल। ४ केरल, वर्तमान त्रावणकोर।

५ मुद्रित ग्रन्थमें 'मेल्पाटी' पाठ है। महापुराणमें पुष्पदन्तने इसीका अपभ्रंशरूप 'मेलाडी' दिया है, जो उत्तर अर्काटकी वाँदिवाश तहसीलमें है।

हुआ जिसने शान्तिपुराण नामक श्रेष्ठ[१] ग्रन्थकी रचना की है। महाराज कृष्णराज देवके दरबारसे उसे 'उभयभाषाकविचक्रवर्ती' की उपाधि मिली थी।

राष्ट्रकूटोंके समयमें दक्षिणका चालुक्यवंश ( सोलंकी ) हतप्रभ हो गया था। क्योंकि इस वंशका सार्वभौमत्व राष्ट्रकूटोंने छीन लिया था। अतएव जब तक राष्ट्रकूट सार्वभौम रहे तब तक चालुक्य उनके आज्ञाकारी सामन्त या माण्डलिक बनकर रहे। जान पड़ता है कि अरिकेसरीका पुत्र बद्दिग ऐसा ही एक सामन्त राजा था जिसकी गंगधारा नामक राजधानीमें यशस्तिलककी रचना समाप्त हुई।

चालुक्योंकी एक शाखा 'जोल' नामक प्रान्तपर राज्य करती थी जिसका एक भाग इस समयके धारवाड़ जिलेमें है और श्रीयुत आर० नरसिंहाचार्यके मतसे चालुक्य अरिकेसरीकी राजधानी 'पुलगेरी' में थी जो कि इस समय 'लक्ष्मेश्वर' के नामसे प्रसिद्ध है। गंगधारा पता नहीं कहाँ है।

इस अरिकेसरीके ही समयमें कनड़ी भाषाका सर्वश्रेष्ठ कवि पम्प हो गया है जिसकी रचनापर मुग्ध होकर अरिकेसरीने उसे धर्मपुर नामक एक ग्राम पारितोषिकमें दिया था। उसके बनाये हुए दो ग्रन्थ ही इस समय उपलब्ध हैं—एक आदिपुराण चम्पू और दूसरा भारत या विक्रमार्जुनविजय। पिछले ग्रन्थमें उसने अरिकेसरीकी वंशावली इस प्रकार दी है—युद्धमल्ल—अरिकेसरी—नरसिंह—युद्धमल्ल—बद्दिग—युद्धमल्ल—नरसिंह और अरिकेसरी। उक्त ग्रन्थ शक संवत् ८६३ ( वि० ९९८ में ) समाप्त हुआ है, अर्थात् वह यशस्तिलकसे कोई १८ वर्ष पहले बन चुका था। इसकी रचनाके समय अरिकेसरी राज्य करता था, तब उसके १८ वर्ष बाद—यशस्तिलककी रचनाके समय—उसका पुत्र राज्य करता होगा।

नीतिवाक्यामृतकी रचना कब और कहाँपर हुई, इस बातका विचार करते हुए हमारी दृष्टि उसकी संस्कृत-टीकाके निम्नलिखित वाक्योंपर जाती है।

"अत्र तावदखिलभूपालमौलिलालितचरणयुगलेन रघुवंशावस्थायिपराक्रमपालितकस्य ( कृत्स्न ) कर्णकुब्जेन महाराजश्रीमहेन्द्रदेवेन पूर्वाचार्यकृतार्थशास्त्रदुरवबोधग्रन्थगौरवखिन्नमानसेन सुबोधललितलघुनीतिवाक्यामृतरचनासु प्रवर्तितः,

१ 'बद्दिगराज' पाठ होना चाहिए। परिशिष्ट १ में प्रकाशित ताम्रपत्रमें यही नाम दिया है और पम्प भारतकी अरिकेसरीकी वंशावलीमें भी यही नाम है।

सकलपारिषदत्वान्नीतिग्रन्थस्य नानादर्शनप्रतिबद्धश्रोतॄणां तत्तदभीष्टश्रीकण्ठाच्युत-विरंच्यर्हतां वाचनिकनमस्कृतिसूचनं तथा स्वगुरोः सोमदेवस्य च प्रणामपूर्वकं शास्त्रस्य तत्कर्तृत्वं ख्यापयितुं सकलसत्वकृताभयप्रदानं मुनिचन्द्राभिधानः क्षपणक-व्रतधर्त्ता नीतिवाक्यामृतकर्त्ता निर्विघ्नसिद्धिकरं...श्लोकमेकं जगाद—"–पृष्ठ २

अर्थात् कान्यकुब्जनरेश्वर महेन्द्रदेवने पूर्वाचार्यकृत अर्थशास्त्र ( कौटिलीय अर्थशास्त्र ) की दुर्बोधता और गुरुतासे खिन्न होकर ग्रन्थकर्त्ताको इस सुबोध, सुन्दर और लघु नीतिवाक्यामृतकी रचना करनेमें प्रवृत्त किया।

इस तरह टीकाकारके अनुसार यह ग्रन्थ कान्यकुब्जनरेश महेन्द्रदेवकी प्रेरणासे प्रणीत हुआ है।

यशस्तिलकके मंगलाचरणके पहले ही श्लोकमें 'महोदय'[1] अर्थात् कन्नौज ( कान्यकुब्ज ) और 'देव' अर्थात् महेन्द्रदेवका संकेत मिलता है—

श्रियं कुवलयानन्दप्रसादित**महोदयः**।
**देव**श्चन्द्रप्रभः पुष्याज्जगन्मानसवासिनीम्।

यह श्लोक श्लिष्ट है। एक अर्थ होता है चन्द्रप्रभ तीर्थंकरके पक्षमें और दूसरा देव या महेन्द्रदेवके पक्षमें। 'कुवलयानन्दप्रसादितमहोदयः' अर्थात् पृथ्वीमण्डलके आनन्दके लिए प्रसादित किया है महोदयको या कन्नौजको जिन्होंने ऐसे महेन्द्रदेव और जिनका महान् उदय पृथ्वीमण्डलको आनन्दित करनेके लिए हुआ है ऐसे चन्द्रप्रभ भगवान्।

इसके सिवाय य० ति० के ही पहले आश्वासके अन्तिम श्लोकमें सोमदेव और महेन्द्रदेव दोनोंके नाम हैं[2]—

**सो**ऽयमाशार्पितयशः **म**हेन्द्रामरमान्यधीः।
**दे**यात्ते सन्ततानन्दं **व**स्त्वभीष्टं जिनाधिपः॥

इसके चारों चरणोंके पहले अक्षरोंमें ग्रन्थकर्त्ताने अपना नाम 'सो म दे व'

---

१ महोदयः कान्यकुब्जे—मेदिनीकोष। कान्यकुब्जं महोदयं—हेमनाममाला।

२ इन दोनों श्लोकोंकी सूचना प्रज्ञाचक्षु प० गोविन्दरायजी काव्यतीर्थने सन् १९४२ दी थी, जब कि मैं चालीसगाँवमें था और उसके लगभग ढाई वर्षके बाद मैंने इसे 'जैनसिद्धान्त-भास्कर' भाग ११-अंक २ में 'सोमदेवसूरि और महेन्द्रदेव' शीर्षक लेखमें प्रकाशित कर दिया था। इस सूचनाके लिए मैं पंडितजीका अनुगृहीत हूँ।

प्रकट किया है। इसका एक अर्थ होता है जिनाधिपके पक्षमें और दूसरा सोमदेवके पक्षमें। सोमदेवके पक्षमें 'महेन्द्रामरमान्यधीः' विशेषण स्पष्ट बतलाता है कि उनकी बुद्धिका महेन्द्रामर या महेन्द्रदेव सम्मान करते हैं।

उक्त दोनों श्लोकोंसे टीकाकारकी यह बात ठीक मालूम होती है कि कान्यकुब्जनरेश महेन्द्रदेवकी प्रेरणासे सोमदेवने नीतिवाक्यामृतकी रचना की।

कन्नौजके प्रतीहार राजा महेन्द्रपालदेवका समय वि० सं० ९६० से ९६४ तक है। जब कि यशस्तिलक वि० सं० १०१६ में समाप्त हुआ है और नीतिवाक्यामृतकी अन्तिम प्रशस्तिमें यशस्तिलकका उल्लेख है, इसलिए उसकी रचना १०१६ से भी बादमें हुई होगी। इस कारण हमने नीतिवाक्यामृतके टीकाकारकी बातपर अविश्वास प्रकट किया था। परन्तु डा० राघवनने अपने लेखमें बतलाया कि कन्नौजनरेश प्रथम महेन्द्रपालकी जगह महेन्द्रपाल द्वितीयको मान लेनेसे यह समयका व्यवधान दूर हो सकता है। द्वितीय महेन्द्रपालका एक शिलालेख वि० सं० १००३ का प्राप्त हुआ है और दूसरा वि० सं० १००५ का उसके उत्तराधिकारी देवपाल देवका। अतएव १००५ के पहले ही नीतिवाक्यामृतकी रचना महेन्द्रदेव द्वितीयकी प्रेरणासे हुई होगी। अब रही यह बात कि नीतिवाक्यामृतकी प्रशस्तिमें यशस्तिलकका उल्लेख है। सो इसके लिए डा० राघवन कहते हैं कि एक ग्रन्थकर्त्ताकी किसी रचनाका नाम उसके अन्य ग्रन्थकी प्रशस्तिमें होनेपर भी यह विश्वास नहीं किया जा सकता कि वह नाम पीछेसे नहीं जोड़ा गया—जब तक कि यह निश्चय न हो जाय कि लिपिकर्त्ताओंने सन्धियों और प्रशस्तियोंमें हस्तक्षेप नहीं किया है। अक्सर लिपिकर्त्ताओंको जब यह पता रहता है कि इस ग्रन्थकर्त्ताके अमुक अमुक ग्रन्थ और हैं तब वह अपनी ओरसे भी उनके नाम जोड़ दे सकता है।

नीतिवाक्यामृतकी प्रशस्तिमें सोमदेवने अपने गुरु नेमिदेवको पचपन महावादियोंको पराजित करनेवाला बतलाया है और यशस्तिलककी प्रशस्तिमें तिरानवे महावादियोंको जीतनेवाला। यदि उक्त संख्याओंमें अंधाधुंध अतिशयोक्ति नहीं है, तो इनसे सिद्ध होता है कि नीतिवाक्यामृत यशस्तिलकसे पहले बन चुका था। नीतिवाक्यामृतकी रचनाके समय तक नेमिदेवने ५५ वादियोंको जीता था और फिर उसके बाद यशस्तिलककी रचनाके समय तक ३८ को और

१ जैनसिद्धान्तभास्कर भाग १०, अंक २।

भी जीत लिया था। यदि नीतिवाक्यामृत पीछे बना होता तो ये संख्यायें इससे उल्टी होतीं।

नीतिवाक्यामृतकी प्रशस्तिमें सोमदेवको 'महेन्द्र-मातलि-संजल्प' का कर्त्ता बतलाया है। ग्रन्थका यह नाम भी उनका महेन्द्रदेवके परिचयकी ओर संकेत करता है। आश्चर्य नहीं जो उक्त ग्रन्थमें कन्नौजनरेश महेन्द्रदेव और उनके सारथी ( मातलि[1] ) का ही राजनीतिसम्बन्धी कथोपकथन लिपिबद्ध हो।

प्रथम महेन्द्रदेवके पुत्र और द्वितीय महेन्द्रदेवके पितृव्य महीपालदेवके दो शिलालेख वि० सं० ९७१ और ९७४ के मिले हैं। राष्ट्रकूट इन्द्रराज तृतीय ( नित्यवर्ष ) से इसका युद्ध हुआ था जिसमें राष्ट्रकूटोंके कथनानुसार महीपाल हार गया था। 'चण्डकौशिक' नाटककी प्रस्तावनामें आर्य क्षेमीश्वरने लिखा है कि उन महीपालदेवने मुझे आज्ञा दी है जिनकी कि इस प्रशस्ति-गाथाको पुराविद् लोग उदाहृत करते हैं[2]—

य: संसृत्य प्रकृतिगहनामार्यचाणक्यनीतिं
जित्वा नन्दान् कुसुमनगरं चन्द्रगुप्तं जिगाय।
कर्णाटत्वं ध्रुवमुपगतानद्य तानेव हन्तुं
दोर्दर्पाढ्यः स पुनरभवच्छ्रीमहीपालदेवः॥

अर्थात् जिस चन्द्रगुप्तने स्वभावसे ही गहन आर्यचाणक्यकी नीतिका आसरा लेकर नन्दोंको जीता, वही चन्द्रगुप्त कर्नाटकमें जनमे हुए उन्हीं नन्दों ( राष्ट्रकूटों ) को मारनेके लिए फिरसे महीपालदेवके रूपमें अवतरित हुआ है।

इससे मालूम होता है कि राठोड़ोंपर चढ़ाई करते समय महीपालने आर्य चाणक्यके अर्थशास्त्रका अवलम्बन किया और आर्य क्षेमीश्वर उसे प्रकृति-गहन बतलाते हैं, तब आश्चर्य नहीं जो उनके उत्तराधिकारी महेन्द्रपाल ( द्वितीय ) ने उसी गहन अर्थशास्त्रको सोमदेवसे सुगम और लघु बनानेके लिए कहा हो।

डा० राघवनने बतलाया है कि कन्नौजके प्रतिहारोंसे राष्ट्रकूटोंका बहुत सम्बन्ध रहा था। ऊपर जिस महेन्द्रपाल देवका उल्लेख किया गया है, महामहोपाध्याय मीरा-

---

१ 'मातलि' शब्द इन्द्रके सारथीके अर्थमें और सारथी मात्रके लिए व्यवहृत होता है महेन्द्र-मातलि श्लिष्ट जान पड़ता है। महेन्द्रसे देवराज इन्द्र और कन्नौजनरेश महेन्द्रदेव दोनोंका बोध होता है।

२ आदिष्टोऽस्मि श्रीमहीपालदेवेन यस्येमां पुराविदः प्रशस्तिगाथामुदाहरन्ति।

शीके अनुसार उसे राष्ट्रकूट गोविन्द चतुर्थकी कन्या ब्याही थी और इसीके समय वि० सं० ९७१ में राष्ट्रकूट इन्द्र ( तृतीय ) ने कन्नौजको नष्ट-भ्रष्ट किया था। कन्नौजके इस आक्रमणमें चौलुक्य नरसिंहने भी भाग लिया था जिसके पोते बद्दिगकी राजधानीमें यशस्तिलक पूर्ण हुआ था। बद्दिगके पिता अरिकेसरी जैनधर्मके अनुयायी थे। संभव है पितामह नरसिंह भी जैनधर्मपर प्रीति रखते हों और इसलिए उनकी प्रेरणा या प्रार्थनासे सोमदेव कन्नौजसे दक्षिणकी ओर गये हों।

परिशिष्टमें दिये हुए ताम्रपत्रके अनुसार सोमदेव गौड[1] संघके थे। म० म० ओझाजीके अनुसार प्राचीनकालमें गौड नामके दो देश थे—एक तो पश्चिमी बंगाल और दूसरा उत्तरी कोसल अर्थात् अवधका एक भाग। कन्नौजका साम्राज्य उस समय दूर दूर तक फैला हुआ था। गौडपर भी उसका अधिकार रहा है। अतएव सोमदेवका गौडसंघ उस समयकी प्रसिद्ध राजधानी कन्नौजमें पहुँचकर प्रतीहारोंके सम्पर्कमें आ सकता है।

यशस्तिलक वि० सं० १०१६ में समाप्त हुआ है और उसके लगभग ७ वर्ष बाद पूर्वोक्त ताम्रपत्रके अनुसार सोमदेवको अरिकेसरीके पुत्र बद्दिगने एक गाँव दान किया है। नीतिवाक्यामृत इससे पहले कन्नौजमें ही बन चुका होगा।

## नीतिवाक्यामृतके टीकाकार

**संस्कृत टीका**[2]—इसमें टीकाकारका नाम नहीं है। परन्तु इसके प्रारम्भमें जो मंगल श्लोक है, उससे अनुमान होता है कि उनका नाम शायद हरिबल हो।

हरिं हरिबलं नत्वा हरिवर्णं हरिप्रभम्।
हरीज्यं च ब्रुवे टीका नीतिवाक्यामृतोपरि ॥

यह पद्य मूल ग्रन्थके निम्नलिखित मंगलका पूरा पूरा अनुकरण है—

सोमं सोमसमाकारं सोमाभं सोमसम्भवम्।
सोमदेवं मुनिं नत्वा नीतिवाक्यामृतं ब्रुवे ॥

---

१ यशस्तिलककी प्रशस्तिमें सोमदेवको देवसघ-तिलक लिखा है। यह देव-संघ यशोदेव, नेमिदेव, महेन्द्रदेव आदि देवान्त नाम होनेसे कहलाया जान पड़ता है। गौडसघ नाम देशवाची है, जैसे पुन्नाट संघ, द्राविड सघ, माथुर सघ आदि।

२ आराके सरस्वतीभवनमें नीतिवाक्यामृत-टीकाकी एक अधूरी प्रति ( विचारसमुद्देश्य-पर्यंत ) है। पं० नेमिचन्द्रजी ज्योतिषाचार्यके लिखे अनुसार उसमे मुद्रित प्रतिकी अपेक्षा कुछ विशेषतायें है।

इसमें मूल ग्रन्थकारने जिस तरह पर्यायान्तरसे अपना नाम व्यक्त किया है, उसी तरह इस टीकामें भी किया गया है और ऐसा नाम 'हरिबल' ही हो सकता है जिसके मूलके सोमदेवके आगे 'नत्वा' पद है ।

इसमें हरि अर्थात् वासुदेव कृष्णको नमस्कार किया गया है, इसलिए वे कोई जैनेतर विद्वान् हैं और वे मूल ग्रन्थकर्त्तासे बहुत अधिक पीछेके न होंगे । क्योंकि वे इस बातसे परिचित थे कि कान्यकुब्जनरेश महेन्द्रदेवने उन्हें इसकी रचनामें प्रवृत्त किया था । असंभव नहीं जो वे उक्त नरेशके या अनन्तरभावी किसी और नरेशके ही सभापण्डित हों । उन्होंने 'सोमं सोमसमाकारं' आदि श्लोककी टीकामें जो भ्रमसे मूल कर्त्ताका नाम क्षपणकव्रतधर्ता मुनिचन्द्र समझ लिया है और सोमदेवको उनका गुरु, उससे प्रकट होता है कि वे ग्रन्थकर्त्ताके साक्षात् परिचयमें नहीं आये होंगे ।

टीकाकार बहुश्रुत विद्वान् थे और राजनीतिके ग्रन्थपर टीका लिखनेकी उनमें असाधारण योग्यता थी । उन्होंने ग्रन्थके अधिकांश वाक्योंकी टीकामें उस वाक्यसे मिलते जुलते अभिप्रायवाले हजारों श्लोक अन्य ग्रन्थोंसे छाँट छाँटकर दे दिये हैं ।

**कनड़ी-टीका**—पं० के० भुजबलि शास्त्रीने ( जै० सि० भा० भाग २ अंक १ ) कनड़ी भाषाके कवि नेमिनाथकी एक कनड़ी-टीकाका परिचय दिया है जो कारकलके जैन छात्रावासमें मौजूद है । नेमिनाथ किसी राजाके सान्धिविग्रहिक मंत्री थे और उन्होंने मेघचन्द्र त्रैविद्यदेव और वीरनन्दिका स्मरण किया है । ये मेघचन्द्र वही हैं जिन्हें आचारसारके कर्त्ता वीरनन्दिने अपना गुरु बतलाया है । श्रवणबेल्गोलके शिलालेख सं० ४७–५०–५२ के अनुसार मेघचन्द्रका स्वर्गवास शक १०३७ ( वि० स० ११७२ ) में हुआ था और वीरनन्दिने अपने आचारसारकी कनड़ी-टीका शक १०७६ ( वि० सं० १२११ ) में लिखी थी । नेमिनाथने नीतिवाक्यामृतकी यह टीका वीरनन्दिकी आज्ञासे लिखी थी । अतएव उनका समय विक्रमकी बारहवीं शताब्दिका अन्त या तेरहवीं शताब्दिका प्रारम्भ मानना चाहिए । यह टीका संभवतः पूर्वोक्त संस्कृतटीकाके ही आधारसे लिखी गई है ।

## संस्कृत टीकाकारपर आक्षेप

माणिकचन्द्र-ग्रन्थमालामें जो 'नीतिवाक्यामृत' प्रकाशित हुआ है, उसके संशोधक पं० पन्नालालजी सोनीने अपनी टिप्पणियोंमें टीकाकारपर कुछ आक्षेप किये हैं,—

१—टीकाकारने जो मनु, शुक्र और याज्ञवल्क्यके श्लोक उद्धृत किये हैं वे मनुस्मृति, शुक्रनीति और याज्ञवल्क्यस्मृतिमें नहीं हैं। यथा पृष्ठ १६५ की टिप्पणी—" *श्लोकोऽयं मनुस्मृतौ तु नास्ति। टीकाकर्त्रा स्वदौष्ट्येन ग्रन्थकर्तृपराभवाभिप्रायेण बहवः श्लोकाः स्वयं विरचय्य तत्र तत्र स्थलेषु विनिवेशिताः।* " अर्थात् यह श्लोक मनुस्मृतिमें तो नहीं है, टीकाकारने अपनी दुष्टतावश मूलकर्ताको नीचा दिखानेके अभिप्रायसे स्वयं ही बहुतसे श्लोक बनाकर जगह जगह जोड़ दिये हैं।

२—इस टीकाकारने—जो कि निश्चयपूर्वक अजैन है—बहुतसे सूत्र अपने मतके अनुसार स्वयं बनाकर जोड़ दिये हैं। यथा पृष्ठ ४९ की टिप्पणी—" अस्य ग्रन्थस्य कर्त्ता कश्चिदजैनविद्वानस्तीति निश्चितं। अतस्तेन स्वमतानुसारेण बहूनि सूत्राणि विरचय्य संयोजितानि। तानि च तत्र तत्र निवेदयिष्यामः।"

सोनीजीने सारी टीकामें मनुके नामके पाँच श्लोकोंपर, याज्ञवल्क्यके एक श्लोकपर, और शुक्रके दो श्लोकोंपर अपने नोट दिये हैं कि ये श्लोक उक्त आचार्योंके ग्रन्थोंमें नहीं हैं। सचमुच ही उपलब्ध मनुस्मृति, याज्ञवल्क्यस्मृति और शुक्रनीतिमें उद्धृत श्लोकोंका पता नहीं चलता। परन्तु जैसा कि सोनीजी समझते हैं, इसका कारण टीकाकारकी दुष्टता या मूलकर्ताको नीचा दिखानेकी प्रवृत्ति नहीं है।

बात यह है कि हिन्दू धर्मशास्त्रोंमें समय समय पर बहुत कुछ परिवर्तन होते रहे हैं। अपने निर्माण-समयमें वे जिस रूपमें थे, इस समय उस रूपमें नहीं हैं। उनके संक्षिप्त संस्करण भी हुए हैं और प्राचीन ग्रन्थ नष्ट हो जानेके बाद फिर संग्रहीत किये गये हैं। इसके सिवाय एक स्थानकी प्रतिके पाठोंसे दूसरे स्थानोंकी प्रतियोंके पाठ नहीं मिलते। इस विषयमें प्राचीन साहित्यके खोजियोंने बहुत छानबीन की है। कौटिलीय अर्थशास्त्रकी भूमिकामें उसके सुप्रसिद्ध सम्पादक पं० आर० शामशास्त्री लिखते हैं—

"अतश्च चाणक्यकालिकं धर्मशास्त्रमधुनातनयाज्ञवल्क्यधर्मशास्त्रादन्यदेवासीदिति प्रतिभाति। एवमेव ये पुनर्मानव-बार्हस्पत्यौशनसा भिन्नाभिप्रायास्तत्र तत्र कौटिल्येन परामृष्टाः न तेऽधुनोपलभ्यमानेषु तत्तद्धर्मशास्त्रेषु दृश्यन्त इति कौटिल्यपरामृष्टानि तानि शास्त्राण्यन्यान्येवेति बाढं सुवचम्।"

अर्थात् मालूम होता है कि चाणक्यके समयका याज्ञवल्क्य धर्मशास्त्र वर्तमान याज्ञवल्क्य शास्त्र ( स्मृति ) से कोई जुदा ही था। इसी तरह कौटिल्यने अपने अर्थशास्त्रमें जगह जगह बार्हस्पत्य, औशनस आदिसे जो अपने भिन्न अभिप्राय प्रकट किये हैं वे अभिप्राय भी इस समय मिलनेवाले उन धर्मशास्त्रोंमें नहीं दिखलाई देते। अतएव यह अच्छी तरह सिद्ध होता है कि कौटिल्यने जिन शास्त्रोंका उल्लेख किया है, वे इनके सिवाय दूसरे ही थे।

स्वर्गीय बाबू रमेशचन्द्र दत्तने अपने 'प्राचीन सभ्यताके इतिहास' में लिखा है कि प्राचीन धर्म-सूत्रोंको सुधार कर उत्तरकालमें स्मृतियाँ बनाई गई हैं—जैसे कि मनु और याज्ञवल्क्यकी स्मृतियाँ। जो धर्मसूत्र खोये गये हैं उनमें एक मनुका सूत्र भी है जिससे कि पीछेके समयमें मनुस्मृति बनाई गई है।

याज्ञवल्क्य स्मृतिके सुप्रसिद्ध टीकाकार विज्ञानेश्वर लिखते हैं, 'याज्ञवल्क्यशिष्यः कश्चन प्रश्नोत्तररूपं याज्ञवल्क्यप्रणीतं धर्मशास्त्रं संक्षिप्य कथयामास, यथा मनुप्रोक्तं भृगुः।' अर्थात् याज्ञवल्क्यके किसी शिष्यने याज्ञवल्क्यप्रणीत धर्म शास्त्रको संक्षिप्त करके कहा, जिस तरह कि भृगुने मनुप्रणीत धर्मशास्त्रको संक्षिप्त करके मनुस्मृति लिखी। इससे मालूम होता है कि उक्त दोनों स्मृतियाँ, मनु और याज्ञवल्क्यके प्राचीन शास्त्रोंके उनके शिष्यों या परम्पराशिष्योंद्वारा निर्मित किये हुए सार हैं और इस बातको तो सभी जानते हैं कि उपलब्ध मनुस्मृति भृगुप्रणीत है–स्वयं मनुप्रणीत नहीं।

बम्बईके गुजराती प्रेसने कुल्लूकभट्टकी टीकाके सहित मनुस्मृतिका एक सुन्दर संस्करण प्रकाशित किया है। उसके परिशिष्टमें ३५५ श्लोक ऐसे हैं जो वर्तमान मनुस्मृतिमें तो नहीं मिलते; परन्तु हेमाद्रि, मिताक्षरा, पराशर माधवीय, स्मृतिरत्नाकर, निर्णयसिन्धु आदि ग्रन्थोंमें मनु वृद्ध मनु और बृहन्मनुके नामसे 'उक्तं च' रूपमें उद्धृत हैं। इसके सिवाय सैकड़ों श्लोक क्षेपकरूपमें भी दिये हैं, जिनकी कल्लूक भट्टने भी टीका नहीं की।

हमारे जैनग्रन्थोंमें भी मनुके नामसे अनेक श्लोक उद्धृत किये गये हैं जो इस मनुस्मृतिमें नहीं है। उदाहरणार्थ पं० टोडरमल्लजीने अपने मोक्षमार्गप्रकाशके

१ देखो मोक्षमार्गप्रकाशका बम्बईका संस्करण, पृष्ठ २०१।

पाँचवें अधिकारमें मनुस्मृतिके तीन श्लोक दिये हैं, जो वर्तमान मनुस्मृतिमें नहीं हैं। इसी तरह 'द्विजवदनचपेट' नामक दिगम्बर जैनग्रन्थमें भी मनुके नामसे ७ श्लोक उद्धृत हैं जिनमेंसे वर्तमान मनुस्मृतिमें केवल २ मिलते हैं, शेष ५ नहीं[१]।

शुक्रनीति जो इस समय मिलती है उसके विषयमें तो विद्वानोंकी यह राय है कि वह बहुत पीछेकी बनी हुई है। शुक्रका प्राचीन ग्रन्थ इससे कोई पृथक् ही था[२]। कौटिलीय अर्थशास्त्रमें लिखा है कि शुक्रके मतसे दण्डनीति एक ही राजविद्या है, इसीमें सब विद्यायें गर्भित हैं; परन्तु वर्तमान शुक्रनीतिका कर्त्ता चारों विद्याओंको राजविद्या मानता है—'विद्याश्चतस्र एवैताः' आदि (अ० १ श्लो० ५१)। अतएव इस शुक्रनीतिको शुक्रकी मानना भ्रम है।

इन सब बातोंपर विचार करनेसे टीकाकारपर यह दोष नहीं लगाया जा सकता कि उसने स्वयं ही श्लोक गढ़कर मनु आदिके नामपर मढ़ दिये हैं।

याज्ञवल्क्यस्मृतिके श्लोकके विषयमें भी यही बात कही जा सकती है। अब रही शुक्रनीति, सो उसकी प्राचीनतामें तो बहुत संदेह है। तब तो इस टीकाकारने वे सबके सब ही मूलकर्त्ताको नीचा दिखानेकी गरजसे गढ़ लिये होंगे।

एक और आक्षेप यह है कि टीकाकारने स्वयं ही बहुतसे सूत्र (वाक्य) मूलमें शामिल कर दिये हैं। विद्यावृद्धसमुद्देशके, नीचे लिखे २१ वें, २३ वें और २५ वें सूत्रोंको आप टीकाकर्त्ताका बतलाते हैं—

१—वैवाहिकः शालीनो यायावरोऽघोरो गृहस्थाः ॥ २१

२—बालाखिल्य औदम्बरी वैश्वानराः सद्यःप्रक्षल्यकश्चेति वानप्रस्थाः ॥ २३

३—कुटीरकबह्वोदकहंस-परमहंसा यतयः ॥ २५

इसका कारण आपने बतलाया है कि मुद्रित पुस्तकमें और हस्तलिखित मूल-पुस्तकमें ये सूत्र नहीं हैं। परन्तु—

१—जब तक दश पाँच हस्तलिखित प्रतियाँ प्रमाणमें पेश न की जा सकें, तब तक यह नहीं माना जा सकता कि मुद्रित और मूलपुस्तकमें जो पाठ नहीं

१ 'द्विजवदनचपेट' संस्कृत ग्रन्थ है। इसे कोल्हापुरके स्वर्गीय पं० कल्लापा भरमाप्पा निटवेने 'जैनबोधक' में और स्वतन्त्र पुस्तकाकार भी अबसे बहुत पहले, मराठी टीकासहित प्रकाशित किया था।

२ देखो गुजराती प्रेस बम्बईकी शुक्रनीतिकी भूमिका।

है वे मूलकर्त्ताके नहीं है—ऊपरसे जोड़ दिये गये हैं। इस तरहके हीन अधिक-पाठ जुदी जुदी प्रतियोंमें अकसर मिलते हैं।

२—मूलकर्त्ताने पहले वर्णोंके भेद बतलाकर फिर आश्रमोंके भेद बतलाये हैं—ब्रह्मचारी, गृहस्थ, वानप्रस्थ और यति। फिर ब्रह्मचारियोंके उपकुर्वाण, नैष्ठिक, और कृतुप्रद ये तीन भेद बतलाकर उनके लक्षण दिये हैं। इसके आगे गृहस्थ, वानप्रस्थ और यतियोंके लक्षण क्रमसे दिये हैं; तब यह स्वाभाविक और क्रमप्राप्त है कि ब्रह्मचारियोंके समान गृहस्थों, वानप्रस्थों और यतियोंके भी भेद बतलाये जायँ और वे ही उक्त तीन सूत्रोंमे हैं। तब यह निश्चय है कि प्रकरणके अनुसार उक्त तीनों सूत्र अवश्य रहने चाहिए और मूलकर्त्ताने ही उन्हें रचा है। जिन प्रतियोंमे उक्त सूत्र नहीं हैं, उनमें उन्हें भूलसे ही छूटे हुए समझना चाहिए।

३—यदि इस कारणसे ये मूलकर्त्ताके नहीं है कि इनमें बतलाये हुए भेद जैनमतसम्मत नहीं हैं, तो उपकुर्वाण, कृतुप्रद आदि ब्रह्मचारियोंके भेद भी किसी जैनग्रन्थमें नही हैं, तब उनके सम्बन्धके जितने वाक्य हैं, उन्हें भी मूलकर्त्ताके नहीं मानने चाहिए। यदि वाक्य-सूत्रोंके मूलकर्त्ताकृत होनेकी यही कसौटी है, तब तो इस ग्रन्थका आधेसे भी अधिक भाग टीकाकारकृत ठहर जायगा। क्योंकि इसमे सैकड़ों ही वाक्य ऐसे हैं जिनका जैनधर्मके साथ कोई सम्बन्ध नहीं है और कोई भी विद्वान् उन्हें जैनसम्मत सिद्ध नहीं कर सकता।

४—जिस तरह टीका-पुस्तकमे अनेक सूत्र अधिक हैं और जिन्हें सोनीजी टीकाकर्ताकी गढ़न्त समझते हैं, उसी तरह मुद्रित और मूलपुस्तकमें भी कुछ सूत्र अधिक हैं (जो टीकापुस्तकमें नहीं हैं), तब उन्हें किसकी गढ़न्त समझनी चाहिए? विद्यावृद्धसमुद्देशके ५९ वे सूत्रके आगे निम्नलिखित पाठ छूटा हुआ है जो मुद्रित और मूलपुस्तकमें मौजूद है :—

“ साख्यं योगो लोकायतं चान्वीक्षिकी। बौद्धार्हतोः श्रुतेः प्रतिपक्षत्वात् (नान्वीक्षिकीत्वं), प्रकृतिपुरुषज्ञो हि राजा सत्त्वमवलम्बते। रजः फलं चाफलं च परिहरति, तमोभिर्नाभिभूयते।”

भला इन सूत्रोंको टीकाकारने क्यों छोड़ दिया? इसमें कही हुई बातें तो उसके प्रतिकूल नहीं थीं? और मुद्रित तथा मूलपुस्तक दोनों ही यदि जैनोंके लिए विशेष प्रामाणिक मानी जावें तो उनमे यह अधिक पाठ नहीं होना चाहिए था। क्योंकि

इसमें वेदविरोधी होनेके कारण जैन और बौद्धदर्शनको आन्वीक्षिकीसे बाहर कर दिया है और मुद्रित पुस्तकमें तो मूलकर्ताके मंगलाचरण तकका अभाव है। वास्तविक बात यह है कि न इसमें टीकाकारका दोष है और न मुद्रित करानेवालेका। जिसे जैसी प्रति मिली है उसने उसीके अनुसार टीका लिखी और पाठ छपाया। एक प्रतिसे दूसरी और दूसरीसे तीसरी इस तरह प्रतियाँ होते होते लेखकोंके प्रमादसे अकसर पाठ छूट जाते है और टिप्पण आदि मूलमें शामिल हो जाते हैं।[1]

## परिशिष्ट

परभणीके श्री शं० ना० जोशीको एक ताम्रपट प्राप्त हुआ है, जो भारत-इतिहास-संशोधन मण्डल पूनेके त्रैमासिक मराठी पत्र ( भाग १३ अंक ३ ) में प्रकाशित हुआ है। इससे कुछ नई बातें मालूम हुई हैं, जो यहाँ प्रकट की जाती हैं।

ताम्रपत्रकी प्रतिलिपि भी इस लेखके साथ प्रकाशित की जाती है। इसकी लिपि कनडी और भाषा संस्कृत है। पूरा लेख ५१ पंक्तियोंमें ताँबेके तीन पत्रोंपर खुदा है जो एक मोटे तारमें नत्थी है। इसका सारांश यह है—

पहले मंगलाचरणके पद्यमें कहा गया है कि संसारमें उस जैनशासनकी जय हो जिसने धर्म-चक्रके आरोंसे पापोंको विदलित कर दिया है, जो त्रिजगत्के अधीश्वरोंद्वारा वन्दनीय है, मंगलोंका मन्दिर है और अत्यन्त मनोज्ञ पंचकल्याणरूपी लक्ष्मीको धारण करता है। आगे कहा है कि सूर्यवंशसे[2] उत्पन्न हुए प्रसिद्ध चालुक्य ( सोलंकी ) वंशमें युद्धमल्ल नामका राजा हुआ, जो सपादलक्ष ( सवालख ) प्रदेशका स्वामी था, और जिसने तेलसे भरी हुई वापीमें मत्त हाथियोंको स्नान करानेका उत्सव किया। उसका पुत्र अरिकेसरी हुआ, उसने

---

१ असलमें 'नीतिवाक्यामृत' शुद्ध राजनीतिका राजाकी प्रेरणासे कौटिलीय अर्थशास्त्रादि ग्रन्थोंको संक्षिप्त करके लिखा गया है, इसीलिए उसमें अर्थशास्त्रका ही अनुसरण किया गया है। राजा चाहे जिस सम्प्रदायका हो, उसके लिए राजनीति तो एक ही रही है।

२ महामहोपाध्याय प० गौरीशंकरजी ओझाने अपने 'सोलंकियोंका इतिहास'में चौलुक्य नरेशोंको चन्द्रवंशी लिखा है और इसके लिए अनेक शिलालेखोंके प्रमाण दिये हैं। केवल इसी लेखमें सूर्यवंशी लिखा है।

कलिंगत्रयसहित[1] वेंगी[2] प्रदेशकी रक्षा की। (४) अरिकेसरीके चन्द्र-सूर्यके समान नरसिंह और भद्रदेव नामके दो पुत्र हुए। (५) इनमेंसे नरसिंहके युद्धमल्ल नामका पुत्र हुआ और उसके बन्दीजनों (भाटों)के लिए चिन्तामणिके तुल्य बद्दिग हुआ। (६) इसने अत्यन्त पराक्रमशाली भीम नामक राजाको जल-युद्धमें अनायास ही पकड़ लिया। (७) बद्दिगके युद्धमल्ल हुआ, जो अत्यन्त उदार, पराक्रमी, कीर्तिशाली और प्रतापी था (८) इसके नरसिंहराज और नरसिंहराजके अरिकेसरी नामक पुत्र हुआ। (९-१०) सुप्रसिद्ध राष्ट्रकूट-कुलकी कन्या लोकाम्बिका इसकी पत्नी हुई। (१२) इन दोनोंसे शिव-पार्वतीसे कार्तिकेयके समान भद्रदेव नामक पुत्र हुआ। (१३) और उससे अरिकेसरी नामक तेजस्वी राजा हुआ। (१४) श्रीगौडसंघमें यशोदेव हुए जो मुनिमान्य थे और जिनका उग्र तपके प्रभावसे शासन-देवतासे समागम हुआ। (१५) उन महान् ऋद्धिके धारक महानुभावके शिष्य नेमिदेव हुए, जो स्याद्वाद-समुद्रके उस पार तक देखनेवाले और परवादियोंके दर्परूपी वृक्षोंके छेदनेके लिए कुठार थे। (१६) जिस तरह खानमेंसे अनेक रत्न निकलते हैं, उसी तरह उन तपोलक्ष्मीपतिके बहुतसे शिष्य हुए और (१७) उनमें सैकड़ोंसे छोटे सोमदेव पंडित हुए, जो तप, शास्त्र और यशके स्थान थे।

ये भगवान् सोमदेव समस्त विद्याओंके दर्पण, यशोधरचरितके (यशस्तिलक-चम्पूके) रचयिता, स्याद्वादोपनिषत्के कर्त्ता, और दूसरे भी सुभाषितोंके निर्माता हैं। तमाम महासामन्तोंके मस्तकोंकी पुष्पमालाओंसे जिनके चरण सुगन्धित हैं; जिनका यशःकमल समस्त विद्वज्जनोंके कानोंका आभूषण है और तमाम राजाओंके मस्तक जिनके चरण-कमलोंसे शोभायमान होते हैं।

स्वस्ति। श्रीपृथिवीवल्लभ महाराजाधिराज परमेश्वर परमभट्टारक श्रीमत् अमोघवर्षदेवके[3] पादानुध्यात[4] या उत्तराधिकारी अकालवर्ष श्रीकृष्णराजदेवके[5] सेवक

---

१ त्रिकलिंग अर्थात् तैलगन या तिलगाना।

२ वेंगी राज्यकी सीमा उत्तरमें गोदावरी नदी, दक्षिणमें कृष्णा नदी, पूर्वमें समुद्रतट और पश्चिममें पश्चिमी घाट थी। इसकी राजधानी वेंगी नगर थी, जो इस समय पेड्डु वेंगी (गोदावरी जिला) नामसे प्रसिद्ध है।

३ राष्ट्रकूटनरेश जगत्तुंगके दूसरे पुत्र अमोघवर्ष तृतीय।

४ म० म० ओझाजीके अनुसार पादानुध्यातका अर्थ उत्तराधिकारी होता है।

५ अमोघवर्ष तृतीयके पुत्र। इन्हींके समयमें यशस्तिलक चम्पूकी रचना हुई थी।

( पादपद्मोपजीवी ) महासामन्ताधिपति चालुक्यवंशोद्भव और गन्धवारण, गन्धेभ, विद्याधर, प्रियगल्ल, त्रिभुवनमल्ल, उदात्तनारायण, प्रत्यक्षवाद्वलि, विक्रमार्जुन, गुणनिधि, गुणार्णव, सामन्तचूडामणि आदि अनेक विरुदावलियोंसे शोभित उस अरिकेसरीने अपनी लेंबुलपाटक नामक राजधानीमें अपने पिता श्रीमत् बद्दिगके ' शुभधामजिनालय ' नामक मन्दिर ( वसति ) की मरम्मत ( खण्डस्फुटित ), चूनेकी कलई करने ( नवासुधाकर्म ), और पूजोपहार चढ़ानेके लिए ( बलिनिवेशार्थ ) शकके ८८८ वर्ष बीत जाने और क्षय संवत्सरके शुरू होनेपर वैशाख पूर्णिमा, बुधवारके दिन[2] पूर्वोक्त श्री सोमदेवसूरिको सब्बिदेश महस्रान्तर्गत रेपाक द्वादशोमेंका बनिकटुपुलु नामका गाँव त्रिभोगाभ्यन्तरसिद्धि और सर्वनमस्य सहित जलधारा छोड़कर दिया। उसके पूर्वमें दरियूरु, दक्षिणमें इलिन्दिकुट, पश्चिममें वेल्लालपट्टु और उत्तरमें कट्टाकूरु, इस प्रकार चार सीमाओंसे युक्त उक्त गाँव है। ( आगे १९–२०–२१–२२ नम्बरके श्लोक प्रायः सभी दानपत्रोंमें पाये जाते हैं, इसलिए उनका अर्थ लिखनेकी आवश्यकता नहीं। ) २३ वें श्लोकमें लिखा है कि यह ' शुभधाम जिनालय ' का शासन ( दान ) राजा अरिकेसरीने दिया, कवि पेद्दण भट्टने कहा ( रचा ) और रेव नामक शिल्पीने उत्कीर्ण किया ( खोदा )।

१—इस दानपत्रमें दी हुई राष्ट्रकूटनरेश श्रीकृष्णराजदेवके महासामन्त चालुक्यवंशी अरिकेसरीकी पूर्व-परम्परा महाकवि पम्पके ' विक्रमार्जुनविजय ' ( पम्प भारत ) से मिलती है।

२—यशस्तिलककी रचना शक संवत् ८८१ में हुई और उस समय अरिकेसरीका प्रथम पुत्र बद्दिग राज्य करता था। यह दानपत्र उससे ७ वर्ष बाद बद्दिगके पुत्र अरिकेसरीके समयमें उत्कीर्ण हुआ।

---

१ निजाम स्टेटके करीम नगर जिलेका ' वेमुलवाडा ' नामका गाँव।

२ श्रीयुत जी० एच० खरे महाशयने गणना करके देखा तो मालूम हुआ कि वैशाख पूर्णिमाको बुधवार नहीं आता है। अप्रैल सन् ९६६ को यह दिन पड़ता है। ताम्रपटके लिखनेवालेकी भूल जान पड़ती है।

३ श्रीयुत खरे महाशयने हैद्राबादके इजीनियर श्रीयुत गाडगीलकी सहायतासे सब्बि और दरियूरुके सिवाय अन्य सब गाँवोंके वर्तमान नामोंका पता लगा लिया है। ये सब करीमनगर जिलेमें हैं। इनके नाम क्रमसे इस प्रकार हैं—रेपाक, वोटुवपुल्ल ( वनिकटुपलु ), इल्लन्दकुट ( इलिन्दिकुट ), वल्लम् पुटला ( वेल्लालपट्टु ), कुटकूर ( कट्टाकूरु )

३—जिस वद्दिगके समयमें यशस्तिलककी रचना हुई है, वह जैनधर्मका उपासक होगा, क्योंकि उसके बनवाये हुए 'शुभधाम जिनालय' नामक मंदिरके लिए उसके पुत्र अरिकेसरीने यह दान किया था।

४—यशस्तिलककी प्रशस्तिके अनुसार ये देवसंघ-तिलक या देवसंघके आचार्य थे, परन्तु इस दान-पत्रसे स्पष्ट होता है कि गौड़संघके थे।

५—इस समय निजाम राज्यमें जो मलखेड़ नामका छोटा-सा गाँव है वह उस समय राष्ट्रकूट-नरेशोंकी राजधानी मान्यखेट थी, और इस समय 'मेल्पाडि' नामका जो गाँव उत्तर अर्काट जिलेके वाँदिवाश तालुकेमें है, वह मेल्पाटी मालूम होता है। एपिग्राफिआ इंडिकाकी जिल्द ४ पृष्ठ २७८ में जो करहाड-ताम्रपत्र प्रकाशित हुए हैं, वे फागुन वदी १३ शकसंवत् ८८० के हैं। उस समय राष्ट्रकूट राजा कृष्णराज (तृतीय) का मुकाम मेल्पाटीमें था और उक्त मुकामपर ही उसने ताम्रपत्रोक्त दान किया था। यशस्तिलकमें सोमदेव भी चैत्र सुदी १३ शक संवत् ८८१ को कृष्णराजका मेल्पाटीमें मुकाम बतलाते हैं और इससे बिलकुल स्पष्ट हो जाता है कि मेल्पाटीमें राष्ट्रकूटनरेश कृष्णका उस समय सेनासन्निवेश था।

आगे दानपत्रकी प्रतिलिपि दी जाती है--

ओं

जयति जगति जैनं शासनं धर्मचक्रक्रकचविदलितैनश्चक्रवालं नमस्यम्।
त्रिजगदधिपवंद्यं मन्दिरं मंगलानां दधदधिकमनोज्ञं पंचकल्याणलक्ष्मीम् ॥१॥
अस्त्यादित्यभवो वंशश्चालुक्य इति विश्रुतः। तत्राभूद्युद्धमल्लाख्यः नृपतिर्विक्रमार्ण्णवः॥२
सपादलक्षभूभर्त्ता तैलवाप्या सपोदने। अवगाहोत्सवं चक्रे शक्रश्रीर्म्मददन्तिनाम्॥३
सकलिंगत्रया वेगिं योऽवतिस्म पराक्रमात्। पुत्रो जयश्रियःपात्रं तस्यासीदरिकेसरी॥४
नरसिंहो भद्रदेवस्तेजः कान्तिनिधी स्वयं। तस्याभूतां सुतौ साक्षात्सूर्यचन्द्रमसाविव॥५
तत्राभून्नरसिंहस्य युद्धमल्लस्तनूभवः। वन्दिचिन्तामणिस्तस्य वद्दिगोऽजनि नन्दनः॥६

नानादुर्द्धरियुद्धलब्धविजयश्रीसंगमाकर्ण्णनाद्
भीमः पाण्डव एष इत्यसुहृदो यस्मात्परः बिभ्यति।
भीमं भीमपराक्रमैकनिलयन्तं हेलयैवाग्रहीद्-
उग्रं ग्राहमिवान्तरंबुसमरे दोर्व्विक्रमाद् वद्दिगः॥ ७॥

औदार्य्यनिर्जितसुरद्रुमकामधेनोर्दोर्विक्रमक्रमतिरस्कृतकार्त्तवीर्य्यात् ।
तस्मादजायत सुनः कमनीयकीर्तिः श्रीयुद्धमल्लनृपतिः प्रथितः प्रतापः ॥ ८ ॥
कुर्व्वन्निवात्र निजनाम यथार्थमुच्चैराविर्भवद्भुजपराक्रमडंबरेण ।
शातासि तीव्रनखराप्रविदारितारिवक्षस्थलोऽजनि ततो नरसिंहराजः ॥ ९ ॥
माद्यद्दुर्द्धरवैरिवारणशिरः कुट्टाकदोःशालिन.
सिंहस्येव स केसरीह नरसिंहस्य स्फुरद्विक्रमः ।
तस्यासीदरिकेसरीति तनयो ( यः ) शून्यं कृतं शैशवं
येनोद्यत्क्षितिभृत्प्रधानकटकाक्रान्तिक्रमाक्रीडया ॥ १० ॥
आर्य्यच्छत्रयुगं हिमांशुविशदं हैमारविन्दाकित
मायूरानपवारण च ककुद यद्यौवराज्यश्रियः ।
अग्रे धावति यस्य सम्प्रति स किं वर्ण्येत वीराग्रणी-
र्द्दार्श्रीरोरुपराक्रमो गुणमणिः सामन्तचूडामणिः ॥ ११ ॥
राष्ट्रकूटकुले ख्याते जाता लोकाम्बिका सती ।
वीरश्रीरिव वीरस्य तस्यासीत्सुदती प्रिया ॥ १२ ॥
भद्रदेव इति नन्दनस्तयोः शक्तिमान्सविनयस्सदक्षिणः ।
शैलराजतनयात्रिनेत्रयोः कार्त्तिकेय इव कीर्तिमानभूत् ॥ १३ ॥
तस्मादजनि तेजस्वी राजा नाम्नारिकेसरी ।
आनन्दचन्द्रनच्चक्रे कान्त्या कुवलयस्य यः ॥ १४ ॥
श्रीगौडसंघे मुनिमान्यकीर्तिर्न्नाम्ना यश देव इति प्रजज्ञे ।
बभूव यस्योग्रतपः प्रभावात्समागमः शासनदेवताभिः ॥ १५ ॥
शिष्यो भवत्तस्य महर्द्धिभाजः स्याद्वादरत्नाकरपारदृश्वा ।
श्रीनेमिदेवः परवादिदर्प्पद्रुमावलीच्छेदकुठारनेमिः ॥ १६ ॥
तस्मात्तपःश्रियो भर्त्ता ( र्त्तुः ) ल्लो ( र्लो ) कानां हृदयंगमाः ।
बभूवुर्बहवः शिष्या रत्नानीव तदाकरात् ॥ १७ ॥
तेषां शतस्यावरजः शतस्य तयाभवत्पूर्वज एव धीमान् ।
श्रीसोमदेवस्तपसः श्रुतस्य स्थानं यशोधाम गुणोर्ज्जितश्रीः ॥ १८ ॥

अपि च यो भगवानादर्शस्समस्त-विद्यानां विरचयिता यशोधरचरितस्य कर्त्ता स्याद्वादोपनिषदः कवि(वयि)ता चान्येषामपि सुभाषितानामखिलमहासाम(न्तची)

मन्तप्रान्तपर्य्यस्तोत्तंसस्त्रक्सुरभिचरणस्सकलविद्वज्जनकर्ण्णावतंसीभवद्यशःपुण्डरीकः सूर्य्य इव सकलावनिभृतां शिरःश्रोणिषु शिखण्डमण्डनायमानपादपद्मोभूत् ।

स्वस्त्यकालवर्षदेवश्रीपृथिवीवल्लभमहाराजाधिराजपरमेश्वरपरमभट्टारकश्रीमदमोघवर्षदेवपादानुध्यातप्रवर्द्धमानविजयराज्यश्रीकृष्णराजदेवपादपद्मोपजीविना ॥ स्वस्ति समधिगतपंचमहाशब्दमहासामंताधिपतिसमस्तभुवनसंस्तूयमानचालुक्यवंशोद्भवपाम्बराकुशाम्मनगन्धवारणगन्धेभविद्याधरप्रियगल्लत्रिभुवनमल्लोदात्तनारायणप्रत्यक्षवाद्वलिविक्रमार्ज्जुनगुणनिधिगुणार्ण्णवमामन्तचूडामणिप्रमुखानेकप्रशस्तिविजयांकमालिकालंकृतेन ( लें ) बुलपाटकनामधेयनिजराजधान्यां निजपितुः श्रीमद्वद्यगस्य शुभधामजिनालयाख्यवम ( तेः ) खण्डस्फुटितनवसुधाकर्मबलिनिवेद्यात्थं शकाब्देष्वष्टाशीत्यधिकेष्वष्टशतेषु गतेषु ( प्रव ) र्त्तमानक्षयसंवत्सरवैशाखपो ( पौ ) र्णमास्या ( स्यां ) बुधवारे तेन श्रीमदरिकेसरिणा अनन्तरोक्ताय तस्मै श्रीमत्सोमदेवसूरये सब्बिदेशसहस्रान्तर्गतेरपाचद्वादशग्रामी मध्ये कुत्तुंवृत्ति वनिकट्टुपुलनामा ग्रामः त्रिभोगाभ्यन्तर, सिद्धिसर्व्वनमस्यस्मोदकधारन्दत्तः ॥ तस्य पूर्व्वतः दरियूरु । दक्षिणतः इलिन्दिकुट - पश्चिमतः वेल्लालपट्टु । उत्तरतः कट्टाकुरु । एवं चतुराघाटघटितभूमिखातसूर्योत्तिरीयः ॥

सामान्यो यन्धर्म्मसेतुर्न्नृपाणां काले काले पालनीयो भवद्भिः ।
सर्व्वानेतान्भाविं ( नः ) पार्थिवेन्द्रान्भूयो भूयो याचते रामचन्द्रः ॥१९ ॥

बहुभिर्व्वसुधा दत्ता राजभिस्सगरा ( दिभि ) ।
यस्य यस्य यदा भूमितस्य तस्य तदा फलम् ॥ २० ॥

मद्वंशजाः परमहीपतिवंशजा वा पापादपेतमनसो ( भु ) वि भावि भूपाः ।
ये पालयन्ति मम धर्म्ममिमं समस्तं तेषां मया विरचितोंजलिरेष मूर्द्धिन॥२१॥

स्वदत्तां परदत्तां वा यो हरेत वसुन्धराम् ।
षष्टिर्व्वर्षसहस्राणि विष्ठायां जायते कृमिः ॥ २२ ॥

अरिकेसरिणा दत्तं कथितं कविपेद्दणेन भट्टेन ।
शासनमिदमुत्कीर्ण्णं शुभधामजिनालस्य रेवेण ॥ २३ ॥

# स्वयंभु और त्रिभुवन-स्वयंभु

स्वयंभुदेव अपभ्रंश भाषाके महाकवि और आचार्य थे। महाकाव्योंके सिवाय छन्द-शास्त्र और व्याकरणशास्त्रके भी वे प्रणेता थे। अपभ्रंशके प्रायः सभी कवियोंने उनका अग्रगण्यरूपमें स्मरण किया है। छन्दचूडामणि, विजयशेषित या जयपरिशेष और कविराज धवल उनके विरुद्ध थे।

उपलब्ध अपभ्रंश साहित्यमें समयकी दृष्टिसे यही सबसे पहले कवि हैं। इन्होंने अपनेसे पहलेके अपभ्रंश-कवि चतुर्मुखका स्मरण किया है जिनका अब तक कोई ग्रन्थ नहीं मिला।

उनके पिताका नाम था मारुतदेव और माताका पद्मिनी। पिता मारुतदेव भी कवि थे। स्वयंभु-छन्दमें 'तहा य माउरदेवस्स' कहकर उनका एक दोहा उदाहरणस्वरूप दिया गया है[3]।

---

१ प्रो० मधुसूदन मोदीने अपने एक लेखमें (भारतीय विद्या अंक २-३) चतुर्मुख-स्वयंभुको एक ही कवि समझ लिया था जब कि वास्तवमें चतुर्मुख और स्वयंभु दो अलग अलग कवि हैं। इस भ्रमका निरसन मैंने अपने लेखमें (भा० वि० वर्ष २, अंक १) कर दिया था। उसका संक्षेप यह है कि हरिषेणने अपनी 'धम्मपरिक्खा' में, पुष्पदन्तने अपने 'महापुराण' में, कनकामर (कनकदेव) ने अपने 'करकंडुचरिउ' में और स्वयं स्वयंभुदेवने भी अपने अपने ग्रन्थोंमें चतुर्मुखका स्वतन्त्र रूपसे स्मरण किया है और वह इतना स्पष्ट है कि किसी शंकाको स्थान नहीं रहता। विस्तारभयसे उक्त ग्रन्थोंके उद्धरण नहीं दिये गये।

२ गाथा सप्तशतीकी गाथायें—नं० २९१, २९४, ३४६—इन्हींकी बनाई हुई बतलाई गई हैं।

३ लद्धउ मित्त भमंतेण रअणाअरचंदेण।
सो सिज्जन्ते सिज्जइ वि तह भरइ भरंतेण॥ ४—९

स्वयंभु गृहस्थ थे, साधु या मुनि नहीं, जैसा कि उनके ग्रन्थोंकी कुछ प्रतियोंमें लिखा मिलता है। ऐसा जान पड़ता है कि उनकी कई पत्नियाँ थीं जिनमेंसे दोका नाम पउमचरिउमें मिलता है—एक तो आईच्चंबा (आदित्याम्बा) जिसने अयोध्याकाण्ड और दूसरी सामिअब्बा, जिसने विद्याधरकाण्ड लिखाया था। संभवतः ये दोनों ही सुशिक्षिता थीं।

स्वयंभुदेवके अनेक पुत्र थे जिनमेंसे सबसे छोटे त्रिभुवन-स्वयंभुको ही हम जानते हैं। उक्त दो पत्नियोंमेंसे ये किसके पुत्र थे, इसका कोई उल्लेख नहीं मिला। संभव है कि पूर्वोक्त दोके सिवाय कोई तीसरी ही उनकी माता हो। नीचे लिखे श्लिष्ट पद्यसे अनुमान होता है कि त्रिभुवन स्वयंभुकी माता और स्वयंभुदेवकी तृतीय पत्नीका नाम शायद 'सुअब्बा' हो—

**सव्वे वि सुआ पंजरसुअ व्व पढि अक्खराइँ सिक्खंति।**
**कइराअस्स सुओ पुण सुअव्व-सुइ-गब्भ संभूओ॥**

अपभ्रंशमें सुअ शब्दसे सुत (पुत्र) और शुक (सुअ=तोता) दोनोका ही बोध होता है। इस पद्यमें कहा है कि सारे ही सुत पींजरेके सुओंके समान पढे हुए ही अक्षर सीखते हैं; परन्तु कविराजका सुत (त्रिभुवन) श्रुत इव श्रुतिगभ-संभूत है। अर्थात् जिस तरह श्रुतिसे शास्त्र उत्पन्न हुए उसी तरह दूसरे पक्षमें त्रिभुवन सुअव्व-सुइ-गब्भसंभूअ है, अर्थात् सुअब्बाके शुचि-गर्भसे उत्पन्न हुआ है।

कविराज स्वयंभु शरीरसे बहुत पतले और ऊंचे थे। उनकी नाक चपटी और दाँत विरल थे[३]।

स्वयंभुदेवने अपने वंश गोत्र आदिका कोई उल्लेख नहीं किया। इसी तरह अन्य जैनग्रन्थकर्त्ताओंके समान अपने गुरु या सम्प्रदायकी भी कोई चर्चा नहीं की। परन्तु पुष्पदन्तके महापुराणके 'स्वयंभु' शब्दके टिप्पणमें उन्हें 'आपुलीसंघीय' बतलाया है[४]। इस लिए वे यापनीय सम्प्रदायके अनुयायी जान पड़ते हैं। पर

१-२ देखो पउमचरिउ सन्धि ४२ और २० के पद्य। डॉ० भायाणीने 'सामिअब्बा' के बदले 'अमिअब्बा' (अमृताम्बा) नाम ठीक बतलाया है। 'सा' अंश अलग है।

३ अइतणुएण पईहरगत्ते, छिव्वरणासें पविरलदंतें।

४ सयभु पद्धडीबद्धकर्त्ता आपलीसघीय'।—म० पु० पृ० ९।

उन्होंने पउमचरिउके प्रारंभमें लिखा है कि यह राम-कथा वर्द्धमान् भगवानके मुख-कुहरसे विनिर्गत होकर इन्द्रभूति गणधर और सुधर्मास्वामी आदिके द्वारा चली आई है और रविषेणाचार्यके प्रसादसे मुझे प्राप्त हुई है।[1]

स्वयंभुदेव पहले धनंजयके आश्रित रहे जब कि उन्होंने पउमचरिउकी रचना की और पीछे धवलइयाके जब कि रिट्ठणेमिचरिउ बनाया। इसलिए उन्होंने पहले ग्रन्थमें धनंजयका और दूसरेमें धवलइयाका प्रत्येक सन्धिके अन्तमें उल्लेख किया है।

## त्रिभुवन-स्वयंभु

स्वयंभुदेवके छोटे पुत्रका नाम त्रिभुवन था पर वे अपनेको पिताके नामके सहित त्रिभुवन-स्वयंभु लिखते थे। ये अपने पिताके सुयोग्य पुत्र थे और उन्हींके समान कवि भी। कविराज-चक्रवर्ती उनका विरुद था। लिखा है कि उस त्रिभुवन स्वयंभुके गुणोंका वर्णन कौन कर सकता है जिसने बाल्यावस्थामें ही अपने पिताके काव्य-भारको उठा लिया।[2] यदि वह न होता तो स्वयंभुदेवके काव्योंका, कुलका और कवित्वका समुद्धार कौन करता? और सब लोग तो अपने पिताके धनका उत्तराधिकार ग्रहण करते हैं; परन्तु त्रिभुवन स्वयंभुने अपने पिताके सुकवित्वका उत्तराधिकार लिया।[3] उसे छोड़कर स्वयंभुके समस्त शिष्योंमें ऐसा कौन था जो उनके काव्य-समुद्रको पार करता?[4] व्याकरणरूप हैं मजबूत कन्धे जिसके, आगमोंके अंगोंकी उपमावाले हैं विकट पद जिसके, ऐसे त्रिभुवन स्वयंभुरूप धवल (वृषभ) ने जिन-तीर्थमें काव्यका भार वहन किया।[5] इससे मालूम होता है कि त्रिभुवन भी वैयाकरण और आगमोंके ज्ञाता थे।

जिस तरह स्वयंभुदेव धनंजय और धवलइयाके आश्रित थे उसी तरह त्रिभुवन बंदइयाके। ऐसा मालूम होता है कि ये तीनों ही आश्रयदाता किसी एक ही राजमान्य या धनी कुलके थे—धनंजयके उत्तराधिकारी (संभवतः पुत्र) धवलइया और धवलइयाके उत्तराधिकारी बंदइया। एकके देहान्त होनेपर दूसरेके और दूसरेके बाद तीसरेके आश्रयमें ये आये।

बन्दइयाके प्रथम पुत्र गोविन्दका भी त्रिभुवन स्वयंभुने उल्लेख किया है जिसके वात्सल्य भावसे पउमचरियके शेषके सात सर्ग रचे गये[7]।

---

१ देखो सन्धि १, कड़वक २। २-३-४-५ पउमचरिउके अन्तिम अंशके पद्य ३, ७, ९, १०।

६ अन्तिम अंशका चौथा पद्य। ७ अन्तिम अंशका १५ वाँ पद्य।

बन्दइयाके साथ पउमचरिउके अन्तमें त्रिभुवन-स्वयंभुने नाग और श्रीपाल आदि भव्य जनोंको भी आशीर्वाद दिया है कि उन्हें आरोग्य, समृद्धि और शान्ति-सुख प्राप्त हो[1]।

## कवि कहाँके थे ?

अपने ग्रन्थोंमें इन दोनों कवियोंने न तो स्थानका नाम दिया है, और न अपने समयके किसी राजा आदिका, जिससे यह पता लग सके कि वे कहाँके रहनेवाले थे। अनुमानसे इतना ही कहा जा सकता है कि वे दाक्षिणात्य थे और बहुत करके पुष्पदन्तके ही समान बरारकी तरफके होंगे; यद्यपि मारुतदेव, धवलइया, बंदइया, नाग, आइच्चबा, सामिअब्बा, आदि नाम कर्नाटक जैसे हैं और ऐसे ही कुछ नाम अम्मइय, दंगइय, सीलइय, पुष्पदन्तके परिचित जनोंके भी हैं।

## ग्रन्थ-रचना

महाकवि स्वयंभु और त्रिभुवन स्वयंभुके दो सम्पूर्ण और संयुक्त ग्रन्थ उपलब्ध हुए हैं, एक पउमचरिउ[2] ( पद्मचरित ) या रामायण और दूसरा रिट्ठणेमिचरिउ[3] ( अरिष्टनेमिचरित) या हरिवंशपुराण। तीसरा ग्रन्थ पंचमिचरिउ ( पंचमी-कथा= नागकुमार-चरित ) है जिसका उल्लेख तो किया गया है परन्तु जो अभी तक कहीं उपलब्ध नहीं हुआ।

ये तीनों ही ग्रन्थ स्वयंभुदेवके बनाये हुए हैं और तीनोंको ही उनके पुत्र त्रिभुवन स्वयंभुने पूरा किया है। परन्तु उस तरह नहीं जिस तरह महाकवि बाणकी अधूरी कादम्बरीको उनके पुत्रने, वीरसेनकी अपूर्ण जयधवला टीकाको उनके शिष्य जिनसेनने और जिनसेनके आदिपुराणको उनके शिष्य गुणभद्रने। पिता या गुरुकी अधूरी रचनाओंके पुत्र या शिष्यद्वारा पूरे किये जानेके अनेक उदाहरण हैं; परन्तु यह उदाहरण उन सबसे निराला है। कविराज

---

१ अन्तिम अंशका १६ वाँ पद्य।

२-३ ये दोनों ग्रन्थ भाण्डारकर इंस्टिट्यूट पूनेमें है—नं० ११२० आफ १८९४-९७ और १११७ आफ १८९१-९५। पउमचरियकी एक प्रति कृपा करके प्रो० हीरालालजी जैनने भी मेरे पास भेज दी है जो सागानेरके गोदीकाके मन्दिरकी है। यद्यपि उसके हासियेपर संवत् १७७५ लिखा हुआ है, परन्तु वह किसी दूसरेके हाथका है। प्रति उससे भी पुरानी है। हरिवंशकी एक प्रति बम्बईके ऐ० पन्नालाल सरस्वती-भवनमें भी है। इस लेखमें उक्त सब प्रतियोंका उपयोग किया गया है।

स्वयंभुदेवने तो अपनी समझसे ये ग्रन्थ पूरे ही रचे थे परन्तु उनके पुत्र त्रिभुवन-स्वयंभुको उनमें कुछ कमी महसूस हुई और उस कमीको उन्होंने अपनी तरफसे कई नये सर्ग जोड़कर पूरा किया।

जिस तरह महाकवि पुष्पदन्तके जसहरचरिउ (यशोधरचरितमें) राजा और कौलका प्रसंग, यशोधरका विवाह और भवान्तरोंका वर्णन नहीं था और इस कमीको महसूस करके पानीपतके बीसलसाहु नामक धनीके कहनेसे गन्धर्व कविने उक्त तीन प्रकरण अपनी तरफसे बनाकर यशोधरचरितमें जोड़ दिये थे[१] कविराज चक्रवर्तीने भी उक्त तीनों ग्रन्थोंकी पूर्ति लगभग उसी तरह की है। अन्तर सिर्फ इतना ही है कि गन्धर्वने उक्त प्रयत्न पुष्पदन्तसे लगभग साढ़े तीन सौ वर्ष बाद किया था, परन्तु त्रिभुवन स्वयंभुने पिताके देहान्तके बाद तत्काल ही।

## १–पउमचरिउ

यह ग्रन्थ १२ हजार श्लोकप्रमाण है और इसमें सब मिलाकर ९० सन्धियाँ हैं— विद्याधरकाण्डमें २०, अयोध्या काण्डमें २२, सुन्दर काण्डमें १४, युद्धकांडमें २१ और उत्तरकाण्डमें १३[२]। इनमेंसे ८३ सन्धियाँ स्वयंभुदेवकी और शेष ७ त्रिभुवन-स्वयंभुकी हैं। ८३ वीं सन्धिके अन्तकी पुष्पिकामें भी यद्यपि त्रिभुवन स्वयभुका नाम है, इसलिए स्वयंभुदेवकी रची हुई ८२ ही सन्धियाँ होनी चाहिए परन्तु ग्रन्थान्तमें त्रिभुवनने अपनी रामकथा-कन्याको सप्तमहासर्गांगी या सात-सर्गोंवाली कहा है, इसलिए ८४ से ९० तक सात सन्धियाँ ही उनकी बनाई जान पड़ती हैं। सम्भव है ८३ वीं सन्धिका अपनी आगेकी ८४ वीं सन्धिसे ठीक सन्दर्भ बिठानेके लिए उसमें भी उन्हें कुछ कड़वक जोड़ने पड़े हों और इसलिए उसकी पुष्पिकामें भी अपना नाम दे दिया हो[५]।

---

१ देखो आगे 'पुष्पदन्त' शीर्षक लेख। २ देखो पउमचरिउके अन्तके पद्य।

३–४ अपभ्रंश काव्योंमें सर्गकी जगह प्राय 'सन्धि' का व्यवहार किया जाता है। प्रत्येक सन्धिमें अनेक कड़वक होते है और एक कड़वक आठ यमकोंका तथा एक यमक दो पदोंका होता है। एक पदमें यदि वह पद्धड़ियाबद्ध हो तो १६ मात्रायें होती है। हेमचन्द्रके अनुसार चार पद्धड़ियों यानी आठ पंक्तियोंका कड़वक होता है। हर एक कड़वकके अन्तमें एक घत्ता या ध्रुवक होता है।

५ सिंघीजैनग्रन्थमालामें पउमचरिउके दो भाग डॉ० हरिवल्लभ भायाणीद्वारा सम्पादित होकर सन् १९५३–४ में प्रकाशित हो चुके है। तीसरा भाग प्रेसमें है।

## २-रिट्ठणेमिचरिउ

यह हरिवंसपुराणु नामसे प्रसिद्ध है। अठारह हजार श्लोकप्रमाण है और इसमें ११२ सन्धियाँ हैं। इसमें तीन काण्ड हैं—यादव, कुरु और युद्ध। यादवमें १३, कुरुमें १९ और युद्धमें ६० सन्धियाँ हैं। सन्धियोंकी यह गणना युद्धकाण्डके अन्तमें दी हुई है और यह भी बतलाया है कि प्रत्येक काण्ड कब लिखा गया और उसकी रचनामे कितना समय लगा[1]। इससे इन ९२ सन्धियोंके कर्तृत्वके विषयमें तो कोई शंका ही नहीं हो सकती, ये तो निश्चयपूर्वक स्वयभुदेवकी बनाई हुई हैं।

आगे ९३ से ९९ तककी सन्धियोंकी पुष्पिकाओमें भी स्वयंभुदेवका नाम है और फिर उसके बाद १०० वीं सन्धिके अन्तमें त्रिभुवन-स्वयंभुका नाम है। इसका अर्थ यह हुआ कि ९३ से ९९ तककी सन्धियाँ भी स्वयंभुदेवकी हैं और इस तरह उनका रचा हुआ रिट्ठणेमिचरिय ९९ वीं सन्धिपर समाप्त होता है। इस सन्धिके अन्तमें एक पद्य है जिसमें कहा है कि पउमचरिउ या सुव्वयं-चरिउ बनाकर अब मैं हरिवंशकी रचनामे प्रवृत्त होता हूँ, सरस्वतीदेवी मुझे सुस्थिरता देवे। निश्चय ही यह पद्य त्रिभुवन स्वयंभुका लिखा हुआ है और इसमें वे कहते हैं कि पउमचरिउकी अर्थात् उसके शेष भागकी रचना तो मैं कर चुका, उसके बाद अब मैं हरिवंशमे अर्थात् उसके भी शेष में हाथ लगाता हूँ। यदि इस पद्यको हम त्रिभुवनका न मानें तो फिर इस स्थानमें इसकी कोई सार्थकता ही नहीं रह जाती। हरिवंशकी ९९ सन्धियाँ बना चुकनेपर स्वयंभुदेव यह कैसे कह कह सकते हैं कि पउमचरिउ बनाकर अब मैं हरिवंश बनाता हूँ? अतएव उक्त पद्यसे यह स्पष्ट हो जाता है कि स्वयंभुकी रचना इस ग्रन्थमें ९९ वीं सन्धिके अन्त तक है।

---

१ स्वयभुको ९२ सन्धियाँ समाप्त करनेमे छह वर्ष तीन महीने और ग्यारह दिन लगे। फाल्गुन नक्षत्र, तृतीया तिथि, बुधवार और शिव नामक योगमें युद्धकाण्ड समाप्त हुआ और भाद्रपद, दशमी, रविवार और मूल नक्षत्रमें उत्तरकाण्ड प्रारम्भ किया गया।

२ राम लक्ष्मण आदि शलाका पुरुष बीसवें तीर्थंकर मुनिसुव्रतके तीर्थमें हुए हैं, अतएव पउमचरिउ मुनिसुव्रतचरितके ही अन्तर्गत माना जाता है। मुनिसुव्रतचरितको ही संक्षेपमें 'सुव्वयचरिय' कहा है। डॉ० भायाणी 'सुद्दयचरिउ' पाठको ही ठीक मानते हैं। मैं उनकी दलीलोंपर इस समय विचार नहीं कर सका।

इसके आगेका भाग, १०० से ११२ तककी सन्धियाँ, त्रिभुवन स्वयम्भुकी बनाई हुई हैं और इसकी पुष्टि इस बातसे होती है कि अन्तिम सन्धि तककी पुष्पिकाओंमें त्रिभुवन स्वयंभुका नाम दिया हुआ है। परन्तु इन तेरह सन्धियोंमेंसे १०६, १०८, ११० और १११ वीं सन्धिके पद्योंमें मुनि जसकित्तिका भी नाम आता है और इनसे एक बड़ी भारी उलझन खड़ी हो जाती है। इसमें तो सन्देह नहीं कि इस अन्तिम अंशमें मुनि जसकित्तिका भी कुछ हाथ है, परन्तु वह कितना है इसका ठीक ठीक निर्णय करना कठिन है।

बहुत कुछ सोच विचारके बाद हम इस निर्णयपर पहुँचे हैं कि मुनि जसकित्तिको इस ग्रन्थकी कोई ऐसी जीर्ण शीर्ण प्रति मिली थी जिसके अन्तिम पत्र नष्ट भ्रष्ट थे और शायद अन्य प्रतियाँ दुर्लभ थीं, इसलिए उन्होंने गोपगिरि (ग्वालियर) के समीप कुमरनगरीके जैनमन्दिरमें व्याख्यान करनेके लिए इसे ठीक किया, अर्थात् जहाँ जहाँ जितना अंश पढ़ा नहीं गया, या नष्ट हो गया था, उसको स्वयं रचकर जोड़ दिया और जहाँ जहाँ जोड़ा वहाँ वहाँ अपने परिश्रमके एवजमें अपना नाम भी जोड़ दिया।

१०९ वीं सन्धिके अन्तमें वे लिखते हैं कि जिनके मनमें पर्वोंके उद्धार करनेका ही राग था, (पर्वसमुद्धरणरागैकमनसा) ऐसे जसकित्ति जतिने कविराजके शेष भागका प्रकृत अर्थ कहा और फिर अपने इस कार्यका औचित्य बतलाते हुए वे कहते हैं कि संसारमें वे ही जीते हैं, उन्हींका जीवन सार्थक है, जो पराये बिहडित (बिगड़े हुए या विशृंखल हुए) काव्य, कुल और धनका उद्धार करते हैं।

पिछली दो सन्धियोंकी रचना और भाषा परसे ऐसा मालूम होता है कि उनमें जसकित्तिका कुछ अधिक हाथ है। जसकित्ति इस ग्रन्थके कर्त्तासे ६–७ सौ वर्ष बादके लेखक हैं, उनकी भाषा इस ग्रन्थकी भाषाके मुकाबिलेमें अवश्य पहिचानी जा सकती है और अपभ्रंश भाषाके विशेषज्ञ परिश्रम करके इस बातका पता लगा सकते हैं कि इस ग्रन्थकी पिछली सन्धियोंमें जसकित्तिकी रचना कितनी है। हमें यह भी आशा है कि हरिवंशकी शायद ऐसी प्रति भी मिल जाय, जो स्वयंभु और त्रिभुवन स्वयंभुकी ही सम्पूर्ण रचना हो और उसमें जसकित्तिके लगाये हुए पैबन्द न हों।

एक बात और भी ध्यान देने योग्य है कि जसकित्तिका खुदका भी बनाया

हुआ एक हरिवंशपुराण है और वह अपभ्रंशभाषाका ही है। इसलिए उनके लिए यह कार्य अत्यन्त सुगम था और क्या आश्चर्य जो उन उन अंशोंके स्थानपर जो त्रिभुवन स्वयंभुके हरिवंशपुराणसे नष्ट हो गये थे अपने उक्त हरिवंशके ही अंश काट-छाँटकर जड़ दिये हों। इसका निर्णय जसकित्तिका ग्रन्थ सामने रखनेसे ही सकता है।

## ३–पंचमीचरिउ

अभी तक इस ग्रन्थकी कोई प्रति उपलब्ध नहीं हुई; परन्तु पउमचरिउमें लिखा है कि यदि स्वयंभुदेवके पुत्र त्रिभुवन न होते तो उनके पद्धडियाबद्ध पंचमीचरितको कौन सँवारता? इससे मालूम होता है कि स्वयंभुदेवका पंचमी-चरित नामका ग्रन्थ भी अवश्य था और उसे भी उनके पुत्रने शायद पूर्वोक्त दो ग्रन्थोंके ही समान सँवारा था — बढ़ाया था।

## स्वयंभुके तीनों ग्रन्थ सम्पूर्ण थे

जैसा कि पहले कहा चुका है, स्वयंभुदेवने अपने तीनों ग्रन्थ अपनी समझ और रुचिके अनुसार सम्पूर्ण ही रचे थे, उन्हें अधूरा नहीं छोड़ा था। पीछे

---

१ मुनि जसकित्ति या यशःकीर्ति काष्ठासंघ-माथुरान्वय पुष्करगणके भट्टारक थे और गोपाचल या ग्वालियरकी गद्दीपर आसीन थे। उनके गुरुका नाम गुणकीर्ति था। उनके दो अपभ्रंश ग्रन्थ मिलते हैं एक हरिवंसपुराणु और दूसरा चंदप्पहचरिउ। पहला ग्रन्थ जैन-सिद्धान्तभवन आरामें है। भास्कर (भाग ८, किरण ?) में उसके जो बहुत ही अशुद्ध अंश उद्धृत किये गये हैं उनसे मालूम होता है कि दिवढा साहुके लिए उसकी रचना की गई थी।—"इय हरिवंसपुराणे कुरुवंसाहिट्ठिए विबुहचित्ताणुरंजणे सिरिगुणकित्तिसीसमुणि-जसकित्तिविरइए साहु-दिवढानामंकिए तेरहमो सग्गो सम्मत्तो।" और पिछला ग्रन्थ फर्रुख-नगरके जैनमन्दिरके भंडारमें है। उसके अन्तमें लिखा है—"इय सिरिचन्दप्पहचरिए महाकइजसकित्तिविरइए महाभव्वसिद्धपालसवणभूसणे सिरिचंदप्पहसामिणिव्वाणगमणो णाम एयारहमो संधी सम्मत्तो।" यह प्रति श्रावण वदी ?, शनि, संवत् १५६८ की लिखी हुई है। जसकित्ति तोमरवंशी राजा कीर्तिसिंहके समयमें विक्रमकी सोलहवीं शताब्दिके प्रारम्भमें हुए हैं। जैनसिद्धान्तभवन आरामें ज्ञानार्णवकी एक प्रति है जो संवत् ?५२१ आषाढ सुदी ६ सोमवारको गोपालचन्द्रदुर्गमें तोमरवंशी राजा कीर्तिसिंहके राज्यमें लिखी गई थी। इसमें गुणकीर्ति और यशःकीर्तिके बाद उनके शिष्य मलयकीर्ति और प्रशिष्य गुणभद्र भट्टारकके भी नाम हैं।

उनके पुत्र त्रिभुवनने अधूरोंको पूरा नहीं किया है बल्कि उनमें इजाफा किया है। इसकी पुष्टिमें हम नीचे लिखी बातें कह सकते हैं—

१ यह बात कुछ जँचती नहीं कि कोई कवि एक साथ तीन तीन ग्रन्थोंका लिखना शुरू कर दे और तीनोंको ही अधूरा छोड़ जाय। अपना अन्तिम ग्रन्थ ही वह अधूरा छोड़ सकता है।

२ पउमचरिउमें स्वयंभुदेव अपनेको धनंजयका आश्रित बतलाते हैं और रिट्ठणेमिचरिउमें धवलइयाका। इससे स्पष्ट होता है कि इन दोनो ग्रन्थोंकी रचना एक साथ नहीं हुई है। धनंजयके आश्रयमें रहते समय पहला ग्रन्थ समाप्त किया गया और उसके बाद धवलइयाके आश्रयमें जो कि शायद धनंजयका पुत्र था रिट्ठणेमिचरिउ लिखना शुरू हुआ। पचमीचरिउ शायद धनजयके आश्रयमें ही लिखा गया हो।

३ दोनों ग्रन्थोंका शेष त्रिभुवन स्वयंभुने उस समय लिखा जब वे बन्दइयाके आश्रित थे और इस बातका उल्लेख भी रिट्ठणेमिचरियकी ९९ वीं सन्धिके अन्तमें कर दिया कि पउमचरिउको ( शेष भागको ) कर चुकनेके बाद अब मैं हरिवंश-पुराणकी ( शेष भागकी ) रचनामें प्रवृत्त होता हूँ। यह उल्लेख स्वय स्वयंभुदेवका किया हुआ नहीं हो सकता।

४ पउमचरिउका लगभग ८/९ अंश और हरिवंशका ६/७ अंश स्वयंभुदेवका है और शेष १/९ और १/७ त्रिभुवनका। प्रश्न होता है कि पिता यदि दोनोंको अधूरा ही छोड़ता तो इतने थोड़े थोड़े ही अंश क्यों छोड़ता ?

५ त्रिभुवन स्वयंभु अपने ग्रन्थांशोंको 'सेस' 'सयंभुदेव-उव्वरिअ' और 'तिहुअणसयंभुसमाणिअ' विशेषण देते हैं। शेषका अर्थ स्पष्ट है। देसी नाम-मालाके अनुसार 'उव्वरिअ' का अर्थ 'अधिक अनीप्सित' होता है। अर्थात्, स्वयंभुदेवको जो अंश अभीप्सित नहीं था, या जो अधिक था, वह अंश। इसी तरह 'समाणिअ' शब्दका अर्थ होता है, लाया गया। इन तीनों विशेषणोंसे यही ध्वनित होता है कि यह अधिक या अनीप्सित अंश ऊपरसे लाया गया है।

६ रिट्ठणेमिचरिउको देखनेसे पता चला चलता है कि वास्तवमें समसवमरणके उपरान्त नेमिनाथका निर्वाण होते ही यह ग्रन्थ समाप्त हो जाना चाहिए। इसके बाद कृष्णकी रानियोंके भवान्तर, गजकुमारनिर्वाण, दीपायन मुनि, द्वारावती-दाह,

बलभद्रका शोक, नारायणका शोक, हलधरदीक्षा, जरत्कुमार-राज्यलाभ, पाण्डव-गृहवास, मोहपरित्याग, पाण्डव-भवान्तर आदि प्रकरण जो ९९ से आगेकी सन्धियोंमें हैं वे नेमिचरितके आवश्यक अंश नहीं हैं, अवान्तर हैं। इनके बिना भी वह अपूर्ण नहीं है। परन्तु त्रिभुवन-स्वयंभुने इन विषयोंकी भी आवश्यकता समझी और इस तरह उन्होंने रिट्ठणेमिचरिउको हरिवंशपुराण बना दिया और शायद इसी कारण वह इस नामसे भी प्रसिद्ध हुआ। पउमचरियकी अन्तकी सात सन्धियोंके विषय भी—सीता, बालि, और सीता-पुत्रोंके भवान्तर, मारुत-निर्वाण, हरिमरण आदि—इसी तरह अवान्तर हैं।

## ४—स्वयंभु-छन्द

स्वयंभुदेवके इस छन्दो ग्रन्थका पता अभी कुछ ही समय पहले लगा है। इसकी एक अपूर्ण प्रति[1] जिसमें प्रारम्भके २२ पत्र नहीं हैं प्रो० एच० डी० वेलणकरको प्राप्त हुई है और उन्होंने उसे बड़े परिश्रमसे सम्पादित करके प्रकाशित करा दिया है।[2]

इसके पहलेके तीन अध्यायोंमें प्राकृतके वर्णवृत्तोंका और शेषके पाँच अध्यायोंमें अपभ्रंश छन्दोंका विवेचन है। साथ ही छन्दोंके उदाहरण भी पूर्व कवियोंके ग्रन्थोंमेंसे चुनकर दिये गये हैं।

इस ग्रन्थका प्रारंभिक अंश नहीं है और अन्तमें भी कर्त्ताका परिचय देनेवाली कोई प्रशस्ति आदि नहीं। इस लिए सन्देह हो सकता है कि यह शायद किसी अन्य स्वयंभुकी रचना हो; परन्तु हमारी समझमें निश्चयसे इन्हींकी है। क्यों कि—

१ इसके अन्तिम अध्यायमें गाहा, अडिल्ला, पद्धडिया आदि छन्दोंके जो स्वोपज्ञ उदाहरण किये हैं उनमें जिनदेवकी स्तुति है[3]। इस लिए इसके कर्त्ताका जैन

---

१ यह प्रति बड़ोदाके ओरियण्टल इन्स्टिट्यूटकी है। आश्विन सुदी ५, गुरुवार संवत् १७२७ को इसे रामनगरमें किसी कृष्णदेवने लिखा था।

२ स्वयंभु-छन्दके पहलेके तीन अध्याय रायल एशियाटिक सोसाइटी बाम्बेके जर्नल ( सन् १९३५ पृ० १८-५८ ) में और शेष पाँच अध्याय बाम्बे यूनीवर्सिटीके जर्नल ( जिल्द ५, नं० ३, नवम्बर १९३६ ) में प्रकाशित हुए हैं।

३ तुम्ह पअकमलमूले अम्ह जिण दुक्खभावतविआइ।
दुरुदुल्लिआइ जिणवर ज जाणसु त करेज्जासु ॥ ३८
जिणणामें छिंदेवि मोहजालु, उप्पज्जइ देवलसामि सालु।
जिणणामें कम्मइं णिद्दलेवि, मोक्खग्गे पइसिअ सुह लहेवि ॥ ४४

होना तो असन्दिग्ध है। साथ ही उसमें ( अ० ५-९) छट्ठे अवजाईके उदाहरण-स्वरूप जो घत्ता उद्धृत की है वह पउमचरिउकी १४ वीं सन्धिमें बहुत ही थोड़े पाठान्तरके साथ मौजूद है, घत्ता छन्दका जो उदाहरण ( अ० ७-२७ ) दिया है वह पउमचरिउकी पाँचवीं सन्धिका पहला पद्य है[२]। 'वम्महतिलअ' का जो उदाहरण है ( अ० ६-४२ ) वह ६५ वीं सन्धिका पहला पद्य है, 'रअणावली'का जो उदाहरण है ( अ० ६-७४ ), वह ७७ वीं सन्धिके १३ वे कडवकका अन्तिम पद्य है और अ० ६ का जो ७१ वाँ पद्य है वह पउमचरियकी ७७ वीं सन्धिका प्रारम्भिक पद्य है। चूंकि ये कविकी अपनी और अपने ही ग्रन्थकी घत्तायें थीं; इसलिए इन्हें बिना कर्त्ताके नामके ही उदाहरण-स्वरूप दे दिया गया है। यदि अन्य कवियोंकी होतीं तो उनका नाम देनेकी आवश्यकता होती। इससे भी यही निश्चय होता है कि पउमचरिउके कर्त्ता स्वयंभुदेव ही स्वयंभु-छन्दके कर्त्ता हैं। इस छन्दोग्रन्थमें ६-४५, ५८, ८८, १०२, १५२, ८-२, ९ पद्य ऐसे हैं जो हरिवंशकी कथाके प्रसंगके हैं और ६, ६५, ६८, ९०, १५५, ८-२१, २५, ऐसे हैं जो रामकथाके हैं और उदाहरण-स्वरूप दिये गये हैं परन्तु कर्त्ताका नाम नहीं दिया गया है। हमारा विश्वास है कि वे सब स्वयं स्वयंभुके हैं और खोज करनेसे रिट्ठणेमिचरिउ और पउमचरिउमें उनमेंसे अनेक पद्य मिल जायँगे।

---

१ कहवि मकन्दिरइ दिट्ठइ णहरइ थणसिहरोवरि रुप्पइ्तइ।
नेगिग वल्लगाो मयणतुरगसो ण पइ छुट्ट हुडु खित्तइ ॥ ९

२ अक्खइ गअनममामि, तिहुअणल्द्धपसंसओ।
गुण गेण्हिय उप्पत्ति, रक्खमवाणरबमगे ॥

३ हणुवंतु रणे परिवेढिज्जइ णिसियरेहिं।
ण गयणयले बालदिवायरु जलहरेहिं।

४ गुरुवर डामरु रावणु दट्ठु जाम जग कंपइ।
अण्णु कहि महु चुक्कइ एवणाइ सिहि जंपइ ॥

५ भाइविओए जिह जिह करइ विहीसणु सोउ।
तिह तिह दुक्खेण रुवइ सहरिबलवाणरलोउ ॥

स्वयंभु छन्दके मुद्रित पाठमें इस पद्यको 'चउमुह' का बतलाया है, परन्तु असलमें यह लेखककी कुछ असावधानी मालूम पड़ती है। 'चउमुह' का पद्य वहाँ लिखनेसे छूट गया है और उसके आगे यह स्वयं स्वयंभुका अपना उदाहरण आ गया है।

२ रिट्ठणेमिचरिउके प्रारंभमें पूर्व कवियोंने उन्हें क्या क्या दिया, इसका वर्णन करते हुए कहा है कि श्रीहर्षने अपना निपुणत्व दिया—" सिरिहरिसें णियणिउणत्तणउ।" और श्रीहर्षके इसी निपुणत्वके प्रकट करनेवाले संस्कृत पद्यके एक चरणको स्वयंभु छन्दमें ( १–१४४ ) उद्धृत किया गया है—" जह ( यथा )—श्रीहर्षो निपुणः कविरित्यादि।" चूंकि यह पद्य श्रीहर्षके नागानन्द नाटककी प्रस्तावनामें सूत्रधारद्वारा कहलाया गया है और बहुत प्रसिद्ध है, इसलिए कविने इसे पूरा देनेकी जरूरत नहीं समझी। परन्तु इससे यह सिद्ध हो जाता है कि स्वयंभुछन्दके कर्त्ता और पउमचरिउके कर्त्ता एक ही हैं, जो श्रीहर्षके निपुणत्वको अपने दोनों ग्रन्थोंमें प्रकट करते हैं।

३ स्वयंभुदेवको उनके पुत्रने 'छन्दचूडामणि' कहा है। इससे भी अनुमान होता है कि वे छन्दशास्त्रके विशेषज्ञ थे और इसलिए उनका कोई छन्दोग्रन्थ अवश्य होना चाहिए।

स्वयंभु छन्दमें माउरदेवके कुछ पद्य उदाहरणस्वरूप दिये हैं और अधिक सम्भावना यह है कि ये माउरदेव या मारुभदेव कविके पिता मारुतदेव ही होंगे। अपने पिताके पद्योंका पुत्रके द्वारा उद्धृत किया जाना स्वाभाविक है।

## स्वयंभु-व्याकरण

हमारा अनुमान है कि स्वयंभुदेवने स्वयंभु-छन्दके समान अपभ्रंश भाषाका कोई व्याकरण भी लिखा है। क्योंकि पउमचरिउके एक पद्यमें कहा है कि अपभ्रंशरूप मतवाला हाथी तब तक ही स्वच्छन्दतासे भ्रमण करता है जबतक कि उसपर स्वयंभु-व्याकरणरूप अंकुश नहीं पड़ता और इसमें स्वयंभु-व्याकरणका स्पष्ट उल्लेख है।

एक और पद्यमें स्वयंभुको पचानन सिंहकी उपमा दी गई है, जिसकी सच्छन्दरूप विकट दाढ़ें हैं, जो छन्द और अलंकाररूप नखोंसे दुष्प्रेक्ष्य है और व्याकरणरूप जिसकी केसर ( अयाल ) है। इससे भी उनके व्याकरण ग्रन्थ होनेका विश्वास होता है।

---

१ श्रीहर्षो निपुणः कविः परिषदप्येषा गुणग्राहिणी,
लोके हारि च सिद्धराजचरितं नाट्ये च दक्षा वयम्।
वस्त्वेकैकमपीह वाञ्छितफलप्राप्तेः पदं किं पुन-
र्मद्भाग्योपचयादयं समुदितः सर्वो गुणानां गणः॥

## पूर्ववर्ती कविगण

इस छन्दोग्रन्थमें प्राकृत और अपभ्रंश कवियोंके नाम देकर जो उदाहरण दिये हैं उनसे इन दोनों भाषाओंके उस विशाल साहित्यका आभास मिलता है जो किसी समय अतिशय लोकप्रिय था और जिसका अधिकांश लुप्त हो चुका है। यहाँ हम उन कवियोंके नाम देकर संतोष करेंगे —

**प्राकृत कवि**—ब्रह्मअत्त (ब्रह्मदत्त), दिवायर (दिवाकर), अगारगण, सुद्धसहाव (शुद्धस्वभाव), ललिअसहाव (ललितस्वभाव), पंछमणाह, माउरदेव (मारुतदेव), कोहंत, णागह, सुद्धसील (शुद्धशील), हरआस (हरदास), हरअत्त (हरदत्त), धणदत्त, गुणहर (गुणधर), णिउण (निपुण), सुद्धराअ (शुद्धराज), उद्भट (उद्भट), चदण, दुग्गसीह (दुर्गासिंह), कालिआस (कालिदास), वेरणाअ, जीउदेअ (जीवदेव), जणमणाणंद, सीलणिहि (शीलनिधि), हाल (सातवाहन), विमलएव (विमलदेव), कुमारसोम, मूलदेव, कुमारअत्त (कुमारदत्त), तिलोअण (त्रिलोचन), अंगवइ (अंगपति), रज्जउत्त (राजपुत्र), वेआल (वेताल), जोहअ, अजरामर, लोणुअ, कलाणुराअ (कलानुराग), दुग्गसत्ति (दुर्गशक्ति), अण्ण, अब्भुअ (अद्भुत), इसहल, रविवप्प (रविवप्प), छइल्ल, विअड्ढ, सुहडराअ (सुभटराज) चंदराअ (चन्द्रराग), ललअ।

**अपभ्रंश कवि**—चउमुहु (चतुर्मुख), धुत्त, धनदेव, छइल्ल, अज्जदेव (आर्यदेव), गोइंद (गोविन्द), सुद्धसील (शुद्धशील), जिणआस (जिनदास), विअड्ढ।

इन कवियोंमें जैन कौन कौन हैं और अजैन कौन, यह निश्चित नहीं। हमारे लिए हाल, कालिदास आदिको छोड़कर प्रायः सभी अपरिचित हैं। फिर भी इनमें जैन कवि काफी होंगे बल्कि अपभ्रंश कवि तो अधिकांश जैन ही होंगे। क्योंकि अबतक अपभ्रंश-साहित्य अधिकांशमें उन्हींका लिखा हुआ मिला है।

वेताल[२] कविके पद्यके प्रारंभिक अंशका जो उदाहरण दिया है, उससे वह जैन जान पड़ता है। चौथे अध्यायके १७, १९, २१, २४, २६ नं० के जो छह पद्य

१ विअड्ढ (विअड्ढ इह) की ५ गाथायें गाथासप्तशतीमें संग्रहीत है।

२ कामबाणो वेआलस्स—

'णिच्चं णमो वीअराआ' एवमाइ त्ति ॥ १—१७७

हैं, वे गोइन्दके हैं और हरिवंशकी कथाके प्रसंगके हैं। उनसे मालूम होता है कि गोइन्द[1] भी जैन है और उसका भी एक हरिवंसपुराण है। माउरदेव, जिनदास और चउमुहु तो जैन हैं ही। चतुर्मुखके जो ४–२, ६–७१, ८३, ८६, ११२ नं० के पद्य हैं वे राम-कथासम्बन्धी हैं और उनके पउमचरिउसे लिये गये हैं। चतुर्मुखके भी हरिवंस, पउमचरिउ और पंचमीचरिउ नामक तीन ग्रन्थोंके होनेके उल्लेख मिलते हैं[2]।

## समय-विचार

पउमचरिअ और रिट्ठनेमिचरिउमें स्वयंभुदेवने अपने पूर्ववर्ती कवियों और उनके कुछ ग्रन्थोंका उल्लेख किया है जिनके समयसे उनके समयकी पूर्व सीमा निश्चित की जा सकती है। पाच महाकाव्य[3], पिंगलका छन्दशास्त्र, भरतका नाट्य-

१ देवसेनके 'सुलोयणाचरिउ' मे भी गोविन्द कविका उल्लेख है।

२ अपभ्रंशके कवि धवलने अपने हरिवशपुराणमें—जो अप्रकाशित है—चतुर्मुखकी 'हरिपाण्डवानां कथा' का उल्लेख किया है—

हरिपडुवाणकहा चउमुह-वासेहिं भासियं जम्हा।
तह विरयमि लोयपिया जेण ण णासेइ दसण पउर॥

इसमें चउमुहवासेहि (चतुर्मुख-व्यासैः) पद श्लिष्ट है। पउमचरिउके प्रारम्भमें चौथे पद्यमें कहा है कि स्वयभुको जलक्रीडावर्णनमे और चतुर्मुखदेवको गोग्रहकथावर्णनमें आज भी कोई कवि नहीं पा सकता। यह गोग्रहकथा हरिवशमें ही आती है। स्वयभुछन्दमें चउमुहके जो पद्य उदाहरणस्वरूप उद्धृत है उनमेसे ४-२, ६-८३, ८६, ११२ पद्योंसे मालूम होता है कि उनका पउमचरिउ भी अवश्य रहा होगा, क्योंकि उनमें रामकथाके प्रसग हैं।

हरिवश और पद्मपुराणके समान पचमीकथा भी जैन कवियोंके लिए बहुत ही प्रिय कथा रही है। सस्कृत और अपभ्रंशके प्रायः सभी प्रसिद्ध कवियोंने इन तीनों कथाओंपर काव्य लिखे हैं। चतुर्मुख और स्वयभुके भी इन तीनों कथाओंपर ग्रन्थ होने चाहिए। दोनोंके पंचमीचरितका इन पद्योंमें उल्लेख है—

जइण हुअ छंदचूड़ामणिस्स तिहुअणसयभु लहु तणउ।
तो पद्धडियाकव्वं सिरिपचमि को समारेउ॥ ८॥
चउमुह-सयभुएवाण वाणियत्थं अचक्खमाणेण।
तिहुअण सयंभुरइयं पंचमिचरियं महच्छरियं॥ ५॥

३ रघुवंश, कुमारसम्भव, शिशुपालवध, किरातार्जुनीय और भट्टि।

शास्त्र, भामह और दण्डीके अलंकारशास्त्र, इन्द्रका व्याकरण, व्यास, कवि ईशान, बाणका अक्षराडम्बर ( कादम्बरी ), श्रीहर्षको निपुणत्व और रविषेणाचार्यकी रामकथा ( पद्मचरित ) का उल्लेख है। समयके लिहाजसे जहाँ तक हम जानते हैं इनमें सबसे पीछेके रविषेण हैं और उन्होंने अपना पद्मचरित वि० स० ७३४ ( वीर-निर्वाण संवत् १२०३ ) में समाप्त किया था। अर्थात् स्वयंभु वि० स० ७३४ के बाद किसी समय हुए हैं।

इसी तरह जिन सब लेखकोंने स्वयंभुका उल्लेख किया है और जिनका समय ज्ञात है, उनमें सबसे पहले महाकवि पुष्पदन्त हैं। पुष्पदन्तने अपना महापुराण वि० स० १०१६ ( श० स० ८८१ ) में प्रारंभ किया था। अतएव स्वयंभुके समयकी उत्तर सीमा वि० स० १०१६ है। अर्थात् वे ७३४ से १०१६ के बीच किसी समय हुए हैं। हेमचन्द्रने भी अपने छन्दोनुशासनमें स्वयभुका उल्लेख किया है जो विक्रमकी तेरहवीं सदीके प्रारंभमें हुए हैं।

परन्तु यह लगभग तीन सौ वर्षका समय बहुत लम्बा है। हमारा खयाल है कि स्वयंभु रविषेणसे बहुत अधिक बाद नहीं हुए। वे हरिवंशपुराणकर्ता जिनसे-नसे कुछ ही पहले हुए होंगे। क्यों कि जिस तरह उन्होंने पउमचरिउमें रविषेणका उल्लेख किया है, उसी तरह रिट्ठणेमिचरिउमें हरिवंशके कर्ता जिनसेनका भी उल्लेख अवश्य किया होता, यदि वे उनसे पहले हो गये होते तो। इसी

१ शुक्ल अभिनन्दनग्रन्थमें श्री लोचनप्रसाद पाण्डेयका 'महा कोशलमे प्राप्त ताम्र और शिलालेखोंकी संस्कृत रचना' शीर्षक लेख प्रकाशित हुआ है। उसमें अभी हाल ही अडभार ग्रामसे जो तीन ताम्रशासन प्राप्त हुए हैं उनमेंसे एकके प्रशस्तिकारका नाम ईशान है जो अपनेको चिन्तातुराङ्क लिखता है—' इति वः प्रशस्तिकार कवि. स चिन्तातुराङ्क-ईशान ' और पाण्डेयजीने इसका समय ईस्वी सन् ७०० के लगभग बतलाया है।

२ नैषधचरितके कर्ता श्रीहर्ष नहीं किन्तु बाणके आश्रयदाता सम्राट् हर्ष, जिनके नागा-नन्द, प्रियदर्शिका आदि नाटक ग्रन्थ प्रसिद्ध हैं। 'श्रीहर्षो निपुण. कविः' आदि पद्य श्रीहर्षके ही नागानन्दका है और उसे स्वयभुछन्दमें उद्धृत किया गया है। इसी पद्यके 'निपुण' विशेषणका अनुकरण स्वयभुने 'सिरिहरिसें णियणिउणत्तणउ' पद्यमें किया है। नैषधचरितके कर्ता स्वयभुसे और पुष्पदन्तसे भी पीछे हुए हैं। पुष्पदन्तने भी श्रीहर्ष ( हर्षवर्द्धन ) का ही उल्लेख किया है।

३ देखो मा० जै० ग्रन्थमालामें प्रकाशित पद्मचरितकी भूमिका।

४ देखो, निर्णयसागर-प्रेसकी आवृत्ति पत्र १४, पं० १६।

तरह आदिपुराण-उत्तरपुराणके कर्त्ता जिनसेन गुणभद्र भी स्वयंभुदेवद्वारा स्मरण किये जाने चाहिए थे। यह बात नहीं जँचती कि बाण, श्रीहर्ष, आदि अजैन कवियोंकी तो वे चर्चा करते और जिनसेन आदिको छोड़ देते। इससे यही अनुमान होता है कि स्वयंभु दोनों जिनसेनोंसे कुछ पहले हो चुके होंगे। हरिवंशकी रचना वि० सं० ८४० (श० सं० ७०५) में समाप्त हुई थी। इसलिए ७३४ से ८४० के बीच स्वयंभुदेवका समय माना जा सकता है। परन्तु इसकी पुष्टिके लिए अभी और भी प्रमाण चाहिए।

नीचे दोनों ग्रन्थोंके वे सब महत्त्वपूर्ण अंश उद्धृत कर दिये जाते हैं जिनके आधारसे कवियोंका यह परिचय लिखा गया है।

---

## परिशिष्ट

### पउमचरिउके प्रारंभिक अंश

(१)

णमह[1] णव-कमल कोमल-मणहर-वर-वहल-कंति-सोहिल्लं।
उसहस्स पायकमलं ससुरासुरवंदियं सिरसा ॥ १ ॥
चउमुह[2]-मुहम्मि सद्दो दंती[3] भद्दं च मणहरो अत्थो।
तिण्णि वि सयंभुकव्वे किं कीरइ कइयणो सेसो ॥ २ ॥
चउमुहएवस्स सद्दो सयंभुएवस्स मणहरा जीहा
भद्दस्स य गोग्गहणं अज्ज वि कइणो ण पावंति ॥ ३ ॥
जलकीलाए सयंभू चउमुहएवं च गोग्गहकहाए।
भद्दं च मच्छवेहे अज्ज वि कइणो ण पावंति ॥ ४ ॥
तावच्चिय सच्छंदो भमइ अवब्भंस-मत्त-मायंगो।
जाव न स्वयंभु वायरण-अङ्कुसो तच्छिरे पडइ ॥ ५ ॥

---

१ मंगलाचरणके इस पद्यके बाद और दूसरे पद्यके पहले सांगानेरवाली प्रतिमें कवि ईशानशयनके संस्कृत 'जिनेन्द्ररुद्राष्टक' के सात पद्य दिये हैं। एक श्लोक शायद छूट गया है। मालूम नहीं, इनकी यहाँ क्या जरूरत थी।

२ दूसरेसे छट्टे तकके पद्य पूनेकी प्रतिमें नहीं हैं, परन्तु सांगानेरवाली प्रतिमें हैं।

३ सांगानेरकी प्रतिमें 'दंती सद्द च'।

सच्छद्द-वियड-दाढो छंदोलकारणहर-दुप्पिच्छो ।
वायरण-केसरड्ढो सयभु-पंचाणणो जयउ ॥ ६ ॥
दीहर-समास-णालं सद्द-दलं अत्थकेसरुग्घवियं[1] ।
बुह-महुयर-पीयरस सयंभु-कव्वुप्पलं जयउ ॥ ७ ॥

( २ )

वड्ढमाण-मुह-कुहर-विणिग्गय रामकहाणए एह कमागय ।
अक्खर-वास-जलोह-मणोहर सुयलंकार छंद-मच्छोहर ।
दीह-समास-पवाहावंकिय सक्कय-पायय-पुलिणालंकिय ।
देसीभासा-उभय-तडुज्जल कविदुक्कर-घण-सद्द-सिलायल ।
अत्थबहल-कल्लोलाणिट्ठिय आसासय समतूह-परिट्ठिय ।
एह रामकह-सरि सोहंती गणहर-देवहिं दिट्ठ वहंती ।
पच्छइं इंदभूइ-आयरिएं पुणु धम्मेण गुणालंकरिएं ।
पुणु पवहिं संसाराराएं कित्तहरेण अणुत्तरवाएं ।
पुणु रविसेणायरिय-पसाएं बुद्धिए अवगाहिय कइराएं[2] ।
पउमिणि जणणि-गब्भसंभूए मारुयएव-रूव-अणुराए ।
अइतणुएण पईहरगत्ते छिव्वर-णासें पविरल-दंते ।

घत्ता— णिम्मल-पुण्ण-पवित्त-कह-कित्तणु आढप्पइ ।
जेण समाणिज्जतएण थिरकित्ति विढप्पइ ॥ २ ॥

( ३ )

बुहयण सयंभु पइं विण्णवइ मइं सरिसउ अण्णु णाहिं कुकइ[3] ।
वायरणु कयावि ण जाणियउ णउ वित्ति-सुत्तु वक्खाणियउ ।
णउ पच्चाहारहो तत्ति किय णउ संधिहे उप्परि बुद्धि ठिय ।
णउ णिसुणिउ सत्तविहत्तियाउ छव्विहउ समास-पउत्तियाउ ।
छक्कारय दस-लयार ण सुय वीसोवसग्ग पच्चयबहुय ।
ण बलाबल-धाउ-णिवाय-गणु णउ लिंगु उणाइ चउक्कु वयणु ।

---

१ 'अत्थकेसरुद्धविय' पाठ पूनेकी प्रतिमें है।

२ सांगानेरवाली प्रतिमें 'बुद्धिइ णियइ जणिय कइराए' पाठ है। ३ उक्त प्रतिमें 'अण्णुण्णाहि कुकइ' पाठ है।

णउ णिसुणिउ पंच महायकव्वु णउ भरहु गेउ लक्खणु वि सव्वु ।
णउ बुज्झिउ पिंगल पत्थारु णउ भम्मह-दंडियलंकारु ।
ववसाउ तो वि णउ परिहरमि वरि रयडावद्धु कव्वु करमि ।

## अन्तिम अंश

तिहुयण-सयंभु णवर एक्को कइराय-चक्किणुप्पण्णो ।
पउमचरियस्स चूडामणि व्व सेसं[1] कयं जेण ॥ १ ॥
कइरायस्स विजय-सेसियस्स वित्थारिओ जसो भुवणे ।
तिहुयण-सयंभुणा पउमचरियसेसेण णिस्सेसो ॥ २ ॥
तिहुयण-सयंभु-धवलस्स को गुणो वण्णिउं जए तरइ ।
बालेण वि जेण सयंभुकव्वभारो समुव्वूढो ॥ ३ ॥
वायरण-दढ-क्खंधो आगम-अंगोपमाण-वियडपओ ।
तिहुयण-सयंभु-धवलो जिणतित्थे वहउ कव्वभरं[2] ॥ ४ ॥
चउमुह-सयंभुएवाण वण्णियत्थं[3] अचक्खमाणेण ।
तिहुयण-सयंभु-रइयं **पंचमि-चरियं** महच्छरियं ॥ ५ ॥
सव्वे वि सुया पंजर-सुय व्व पढिअक्खराइं सिक्खंति ।
कइरायस्स सुओ पुण सुय व्व सुइगब्भ-संभूओ ॥ ६ ॥
तिहुयण-सयंभु जइ ण हुंतु णंदणो सिरिसयंभुदेवस्स ।
कव्वं कुलं कवित्तं तो पच्छा को समुद्धरइ ॥ ७ ॥
जइ ण हुउ छंदचूडामणिस्स तिहुयण-सयंभु लहुतणउ ।
तो पद्धडियाकव्वं **सिरिपंचमि** को समारेउ ॥ ८ ॥
सव्वो वि जणो गेण्हइ णिय ताय-विढत्त-दव्व-संताणं ।
तिहुयण-सयंभुणा पुण गहियं णं सुकइत्त-संताणं ॥ ९ ॥
तिहुयण-सयंभुमेक्कं मोत्तूण सयंभुकव्व-मयरहरो ।
को तरइ गंतुमंतं मज्झे णिस्सेस-सीसाणं ॥ १० ॥
इय चारु पोमचरियं सयंभुएवेण रइय सम्मत्तं ।
तिहुयण-सयंभुणा तं समाणियं परिसमत्तमिणं ॥ ११ ॥

---

१ सांगानेरवाली प्रतिमें ' सेसे ' ।
२ सांगानेरवाली प्रतिमें ३, ४ और ४ को क्रमसे ८८, ९० और ८९ वीं सन्धिके प्रारम्भमें भी दिया है । ३ ' वाणियत्थ । '

माउय-सुय-सिरिकइराय-तणय-कय-पोमचरिय अवसेसं ।
संपुण्ण सपुण्णं वंदइओ लहउ संपुण्ण ॥ १४ ॥
गोइंद-मयण सुयणंन विरइय (?) वंदइय-पढमतणयस्स ।
वच्छलदाए तिहुयण-मयभुणा रइय महप्पयं ॥ १५ ॥
वंदइय-णाग-सिरिपाल-पहुइ-भव्वयण-समूहस्स ।
आरोग्ग-समिद्धी संति सुहं होउ सव्वस्स ॥ १६ ॥
सत्तमहासग्गंगी तिरयणभूसा सु रामकह-कण्णा ।
तिहुयण-सयंभु जणिया परिणउ वंदइय मणतणउ ॥ १७ ॥
इय रामायणपुराणं समत्त ।
[1]सिरि-विज्जाहर-कंडे संधीओ हुंति वीसपरिमाणं ।
उज्झाकंडंमि तहा बावीस मुणेह गणणाए ॥
[2]चउदह सुंदरकंडे एक्काहिय वीस जुज्झकंडे य ।
उत्तरकंडे तेरह संधीओ णवइ सव्वाउ ॥ छ ॥

## पउमचरिउकी सन्धियाँ

१ इय एत्थ पउमचरिए धणंजयासिय-सयंभुएवकए ।
जिण-जम्मुप्पत्ति इमं पढमं चिय साहियं पव्वं ॥
२ जिणवरणिक्खमण इम बीयं चिय साहियं पव्वं ॥
१४ जलकीलाए सयंभु चउमुहएवं च गोग्गहकहाए ।
भद्दं च मच्छवेहे अज्जवि कइणो ण पावंति ॥
२० इय विज्जाहरकंडं वीसहि आसासएहि मे सिट्ठं ।
एण्हिं उज्झाकंडं साहिज्जंतं णिसामेह ॥
धुअरायधोवतइलुय पणत्ति णत्ती सुयाणु पाढेण ।
णामेण सामिअव्वा सयंभुघरिणी महासत्ता ॥
तीए लिहावियमिणं वीसहि आसासएहिं पडिबद्धं ।
सिरि विज्जाहरकंडं कंड पि व कामएवस्स ॥
४२ अउज्झाकंड समत्तं ।
आइच्चुएवि पडिमोवमाए आइच्चंबि (यणा) माए ।
बीयउ उज्झाकंडं सयंभुघरिणीए लेहविय ॥

---

१–२ सांगानेरकी प्रतिमें ये पद्य ' तिहुवण सयंभु णवर ' आदि पद्यके पहले दिये हैं ।

७८ जुज्झकंडं समत्तं ॥ ज्येष्ठ वदि १ सोमे।

८३ इय पोमचरिय-सेसे **सयंभुएवस्स** कहवि उव्वरिए।
तिहयण-सयभु-रइयं समाणिय सीय-दीव-पव्वमिणं ॥
वंदइआसिय-तिहुयणसयंभु-कह-कहिय-पोमचरियस्स।
सेसे भुवणपगासे तेआसीमो इमो सग्गो ॥
कइरायस्स विजयसेसियस्स वित्थारिओ जसो भुवणे।
तिहुयणसयंभुणा पोमचरियस्स सेसेण णिस्सेसो ॥

८४ इय पउमचरियसेसे सयंभुएवस्स कहवि उव्वरिए।
तिहुणयसयंभुरइए सपरियण-हलीस-भवकहणं ॥
इय रामएव-चरिए वंदइआसियसयभुसुअ-रइए।
बुहयण-मण सुह-जणणो चउरासीमो इमो सग्गो ॥

८५ **वंदइआसिय**-महकइ-**सयंभु**-**लहु**-**अंगजाय**विणिबद्धो।
सिरिपोमचरियसेसो पंचासीमो इमो सग्गो ॥

९० इय पोमचरियसेसे सयभुएवस्स कहवि उव्वरिए।
तिहुयणसयंभुरइयं राहवणिव्वाणपव्वमिणं ॥
वंदइआसिय-तिहुयण-सयंभुपरिविरइयम्मि महाकव्वे।
पोमचरियस्स सेसे संपुण्णो णवइमो सग्गो ॥

---

## रिट्ठणेमिचरिउका प्रारंभिक अंश

सिरिपरमागम-णालु सयल-कला-कोमल-दलु।
करहु विहूसणु कण्णे जायव-कुरुव-कुलुप्पलु ॥

* * *

चिंतवइ **सयंभु** काइं करम्मि हरिवंस-महण्णउ कें तरम्मि।
गुरु-वयण-तरंडउ लद्धु णवि जम्महो वि ण जोइउ को वि कवि ॥
णउ णाइउ बाहत्तरि कलाउ एक्कु वि ण गंथु परिमोक्कलाउ।
तहिं अवसरि सरसइ धीरवइ करि कव्वु दिण्ण मइ विमलमइ।

**इंदेण** समप्पिउ वायरणु रसु **भरहें वासें** वित्थरणु ।
**पिंगलेण** छंद-पय-पत्थारु **भम्मह-दंडिणिहिं** अलंकारु ।
**बाणेण** समप्पिउ घणघणउ तं अक्खर-डंबरु अप्पणउ ।
**सिरिहरिसें** णिय णिउणत्तणउ अवरेहि मि कइहि कइत्तणउ ।
छड्डणिय-दुवइ-धुवएहि जडिय **चउमुहेण** समप्पिय पद्धडिया ।
जण-णयणाणंद-जणेरियए आसीसए सव्वहु केरियए ।
पारंभिय पुणु **हरिवंस कहा** स-समय-पर-समय-वियार-सहा ।

घत्ता—पुच्छइ मागहणाहु, भवजरमरण-वियारा
थिउ जिण-सासणे केम, कहि हरिवंसु भडारा ॥ २ ॥

## अन्तिम अंश

इह-भारह-पुराणु सुपसिद्धउ णेमिचरिय-हरिवंसाइद्धउ ।
**वीरजिणेसे** भवियहो अक्खिउ पच्छइं **गोयमसामिण** रक्खिउ ।
**सोहम्में** पुणु **जंबूसामें** **विण्हुकुमारें** दिगयगामें ।
**णंदिमित्त-अवराइयणाहें** **गोवद्धणेण सुभद्दहबाहें ।**
एम परंपराइं अणुलग्गउ आयरियह मुहाउ आवग्गउ ।
सुणि सखेवसुत्त अवहारिउ विउसें सयंभे महि-वित्थारिउ ।
पद्धडियाछंदे सुमणोहरु भवियण-जण-मण-सवण-सुहंकरु ।
जसपरिसेसिकविहि जं सुण्णउ तं तिहुवण-सयंभु किउ पुण्णउ[^2] ।
तासु पुत्ते पिउ-भरणिव्वाहिउ पिय-जसु णिय-जसु भुवणे पसाहिउ ।
गय तिहुयणसयंभु सुरठाणहो जं उव्वरिउ कि पि सुणियाणहो ।
तं **जसकित्ति**-मुणिहि उद्धरियउ णिएवि सुत्तु हरिवंसच्छरियउ ।
णिय-गुरु-सिरि-**गुणकित्ति**-पसाएं किउ परिपुण्णु मणहो अणुराएं ।
सरहसेणेद (?)-सेठि-आएसें **कुमर-णयरि** आविउ सविसेसें ।
**गोवगिरिहे** समीवे विसालए पणियारहे जिणवर-चेयालए ।
सावयजणहो पुरउ वक्खाणिउ दिढु मिच्छत्तु मोहु अवमाणिउ ।
जं अ-मुणंतें इह मइं साहिउ तं सुयदेवि खमउ अवराहउ ।

१ बम्बईके ऐ० पन्नालाल सरस्वती-भवनकी प्रतिमें यह एक चरण और आगेके तीन चरण अधिक है। इससे सम्बन्ध ठीक बैठ जाता है। ये चारों चरण पूनेकी और प्रो० हीरा-लालजीकी प्रतिमें नहीं हैं। २ बम्बईकी प्रतिमें यह और आगेकी पंक्ति नहीं है।

णंदउ सासणु सम्मइणाहहो णंदउ भवियण कय-उच्छाहहो ।
णंदउ णरवइ पय-पालंतहो णंदउ दयधम्मु वि अरहंतहो ।
कालें वि य णिच्च परिसक्कउ कासु वि घणु कणु दिंतु ण थक्कउ
भद्दवमासि विणासिय-भवकलि हुउ परिपुण्णु चउद्दसि णिम्मलि ।

घत्ता—इय चउविहसंघहं, विहुणिय-विग्घहं, णिण्णासिय-भव-जर-मरणु ।
**जसकित्ति**-पयासणु, अखिलय-सासणु, पयडउ संति सयंभु जिणु ॥१७॥

इय रिट्ठणेमिचरिए धवलइयासिय-सयभुएव-उव्वरिय ।
तिहुवण-सयंभु-रइए समाणियं कण्हकित्तिहरिवंसं ॥
गुरु-पव्व-वासमय सुयणाणाणुक्कमं जहाजायं ।
सयमिक्क-दुदह-अहियं संधीओ परिसमत्ताओ ॥ संधि ११२ ॥
इति हरिवंशपुराणं समाप्तं ।

## हरिवंशकी सन्धियाँ

१ इय रिट्ठणेमिचरिए धवलइयासिय-सयंभुएवकए ।
पढमो समुद्दविजयाहिसेसणामो इमो सग्गो ॥

९२ तेरह जाइवकंडे कुरुकंडेकूणवीससंधीओ,
तहसट्ठि जुज्झकंडे एवं वाणउदि संधीओ ॥ १ ॥
सोमसुयस्स य वारे तइयादियहम्मि फग्गुणे रिक्खे,
सिउणामेण य जोए समाणियं जुज्झकंड व ॥ २ ॥
छव्वरिसाइं तिमासा एयारसवासरा सयंभुस्स,
वाणवइ-संधिकरणे वोलीणो इत्तिओ कालो ॥ ३ ॥
दियहाहिवस्सवारे दसमीदियहम्मि मूलणक्खत्ते,
एयारसम्मि चंदे उत्तरकंड समाढत्त ॥ ४ ॥
वरं तेजस्विनो मृत्युर्न मानपरिखण्डनं ।
मृत्युस्तत्क्षणकं दुःखं मानभंगो दिने दिने ॥ ५ ॥

९९ इय रिट्ठणेमिचरिए धवलइयासिय-सयंभु-कए कविराजधवल-
विनिर्मिते श्रीसमवसरणकथनं नाम निन्याणवो संधिः ॥
काऊण पोमचरियं सुव्वय-चरियं च गुणगणग्घवियं ।
हरिवंस-मोहहरणे सरस्सई सुढिय-देह व्व ॥ छ ॥

इय रिट्ठणेमिचरिए धवलइयासिय-सयंभुवएव-उव्वरिए ।
तिहुवण-सयभुमहाकइ-समाणिए समवसरणं णाम सउमो सग्गो ॥

१०४ इय.......................... सयंभु-उव्वरिए
तिहुवण-सयंभु-महकइ-समाणिए कण्ह-महिल-भवगहणमिणं ॥
तिहुवणो जइ वि ण होतु णदणो सिरिसयंभुएवस्स ।
कव्व कुल कवित्त तो पच्छा को समुद्धरइ ॥

१०५ इउ जाणिवि जिणमउ मणिधरहो जिम जसकित्ति पवित्थरहो ।
संसारमहण्णवु अइविसमु सइंभुएण हेलइ तरउ ॥

१०६ घत्ता—ते धण्णा सउण्णा के वि णरा पालिय-संजुम फेडिय-दुम्मइ ।
इह भवे **जसुकित्ति** पवित्थरिवि हुंति सयंभुवणाहिवइ ॥
इह रिट्ठ ..........सयंभुविरइए णारायणमरण-पव्वमिणं ॥

१०७ घत्ता—**सइंभुयपण** विढत्तु धणु जिम विलसिज्जइ संत ।
तेम सुहासुह-कम्मडा भुजिज्जहि णिब्भंत ॥
इय रिट्ठ...... .. ..सयंभुएव-उव्वरिए ।
तिहुवणसयभु-रइए समाणियं सोयबलभद्दं ॥

१०८ पियमायरिहि विराइय महिविक्खाइय भूसिय णियजयसकित्ति जणि ।
जिणदिक्खहे कारणे दुक्खणिवारणे देउ **सयंभुय** धरेवि मणि ॥
इय रिट्ठ ....... ...सयंभुएवउव्वरिए ।
तिहुयणसयभुरइए हलहर-दिक्खासमं कहियं ॥
जरकुमरज्ज-लभो, पंडवघरवास-मोहपरिचायं ।
सय-अट्ठाहियसधी समाणियं एत्थ वरकइणा ॥

१०९ इय रिट्ठणेमिपुराणसगहे धवलइयासियकइ-सयभुएव-उव्वरिए
तिहुयण-सयंभुरइए समाणियं पंडुसुयहो भवं णवाहिय-सयं संधी ॥
इह जसकित्ति-कएणं पव्वसमुद्धरण-राय-एक्कमण ।
कइरायसुव्वरियं पयडत्थं अक्खिय जइणा ॥ ९ ॥
ते जीवंति य भुवणे सज्जण गुण-गणहरा य भावत्था ।
पर-कव्वकुलं वित्तं विहडियं पि जे समुद्धरहि ॥ २ ॥[1]

---

१ यह पद्य बम्बईकी प्रतिमें यहाँपर नहीं ।

११० सव्वु सुयंगु णाणु जिण-अक्खिउ, भव्वसहंतरि किं पि ण रक्खिउ ।
णिय-जसुकित्ति तिलोए पयासिउ, जिह सयंभु जिणे चिरु आहासिउ॥
इय रिट्ठणेमिचरिए धवलइयासिय-सयंभुएव उव्वरिए ।
तिहुवण-सयंभुकइणा समाणियं दहसय सग्गं ॥
एक्को सयंभुविउसो तहो पुत्तो णाम तिहुयण-सयंभू ।
को वण्णिउं समत्थो पिउभरणिव्वहण-एक्कमणो ॥ १ ॥

१११ घत्ता—तेतीससहसवरिसे असणं गिण्हंति माणसे सुच्छं ।
तेत्तिय पक्खुस्सास जसकित्ति-विहूसिय-सरीरे ॥ छ ॥
इय-रिट्ठणेमिचरिए धवलइयासिय-सयंभुएव उव्वरिए ।
तिहुवण-सयभुरइए णेमिणिव्वाणं पंडुसुयतिण्णं ॥

# हरिषेणका कथाकोश

उपलब्ध जैन-कथाकोशोंमें यह कथाकोश सबसे प्राचीन है। इसका रचनाकाल शक संवत् ८५३, वि० सं० ९८९ और इलोकसंख्या साढ़े बारह हजार है।

दिगम्बर सम्प्रदायमें 'आराधना-कथाकोश' नामके दो संस्कृत ग्रन्थ और हैं, एक प्रभाचन्द्रका गद्यबद्ध और दूसरा मल्लिभूषणके शिष्य ब्र० नेमिदत्तका पद्यबद्ध। दूसरा पहलेका रूपान्तर मात्र है। ये दोनों इस कथाकोशकी अपेक्षा परिमाणमें छोटे हैं, इसीलिए जान पड़ता है कि इसके साथ 'बृहत्' विशेषण लग गया है। स्वयं ग्रन्थकर्ताने इसे 'कथाकोश' ही लिखा है।

इसमें छोटी बड़ी सब मिलाकर १५७ कथायें हैं। इनमें कुछ कथायें चाणक्य, शकटाल, भद्रबाहु, वररुचि, स्वामि कार्तिकेय आदि ऐतिहासिक पुरुषोंसे सम्बन्ध रखनेवाली भी हैं, यद्यपि उनका उद्देश्य इतिहासकी अपेक्षा आराधनाका महत्त्व बतलाना अधिक है।

इसमें भद्रबाहुकी जो १३१ वीं कथा है उसमें दो बातें विलक्षण हैं जो अन्य कथा-ग्रन्थोंसे विरुद्ध जाती हैं। एक तो यह कि भद्रबाहुने बारह वर्षोंके घोर दुर्भिक्ष पड़नेका भविष्य जानकर अपने तमाम शिष्योंको अन्यत्र लवण समुद्रके समीप चले जानेको कहा और अपनी आयु क्षीण जानकर वे स्वयं वहीं रह गये और फिर उज्जयिनीभव (निकट?) भाद्रपद देश (स्थान) में पहुँचकर उन्होंने अनशनपूर्वक समाधिमरण करके स्वर्ग प्राप्त किया[1]। दूसरी यह कि

---

१ भद्रबाहुमुनिर्धीरो भयसप्तकवर्जित ।
पपाक्षुधाश्रम तीव्र जिगाय सहसोत्थितम् ॥ ४२
प्राप्य भाद्रपद देश श्रीमदुज्जयिनीभवम् ।
चकारानशन धीर. स दिनानि बहून्यलम् ॥ ४३
आराधनां समाराध्य विधिना स चतुर्विधाम् ॥
समाधिमरणं प्राप्य भद्रबाहुर्दिवं ययौ ॥ ४४

उज्जयिनीके राजा चन्द्रगुप्तने भद्रबाहुके ही समीप दीक्षा ले ली थी और यह चन्द्रगुप्त ही आगे मुनि होनेपर विशाखाचार्य कहलाये जो दशपूर्वके धारियोंमें प्रथम थे। वे सर्व संघके स्वामी हो गये और उन्हींके साथ समस्त संघ गुरुवाक्यके अनुसार दक्षिणापथके पुन्नाट देशमें पहुँचा।

अन्य कथाओं और शिलालेखोंके अनुसार भद्रबाहु आचार्य भी अपने शिष्योंके साथ दक्षिणापथको चले गये थे और उनका स्वर्गवास श्रवणबेल्गोलके चन्द्रगिरि पर्वतपर हुआ था। चन्द्रगुप्त उनके साथ ही गये थे और उनका दूसरा नाम विशाखाचार्य नहीं किन्तु प्रभाचन्द्र था। यद्यपि एक विशाखाचार्य नामके आचार्य भी उस सघमें थे, परन्तु वे दूसरे ही थे, चन्द्रगुप्त नहीं। कथाओंका यह विरोध इतिहासज्ञोंके लिए खास तौरसे विचारणीय है।

दूसरे कथाकोशोंमें समन्तभद्र, अकलंकदेव और पात्रकेसरीकी जो कथायें दी हैं वे इसमें नहीं हैं। सबसे पहले ये कथायें प्रभाचन्द्रके कथाकोशमें दिखलाई दी हैं और इनका कुछ अस्पष्ट आभास श्रवणबेल्गोलकी श० सं० १०५० (वि० सं० ११८५) की मल्लिषेण प्रशस्तिमें मिलता है। इससे सन्देह होता है कि कहीं इनकी रचना किंवदन्तियों या प्रचलित प्रवादोंके अनुसार ही बादमें न की गई हो।

इस ग्रन्थकी प्रशस्तिके आठवें श्लोकमें इसे 'आराधनोद्धृत' बतलाया है। इससे मालूम होता है कि 'आराधना' नामक किसी ग्रन्थमें जो उदाहरणरूप कथायें थीं उन्हें इसमें उद्धृत किया गया है। जैसे कि शिवार्यकी भगवती आराधनामें इस तरहके अनेक उदाहरण संकेत रूपमें जगह जगह दिये गये हैं।

डा० ए० एन० उपाध्येका खयाल है कि इस ग्रन्थके कितने एक अंश संभवतः किसी प्राकृत ग्रन्थपरसे संस्कृतमें अनूदित हुए हैं[1] क्यों कि इसमें बहुतसे प्राकृत नाम असावधानीसे प्राकृत ही रह गये हैं जैसे मेदज्ज मुनि। असलमें यह मेतार्यका प्राकृत रूप है। इस तरहके बीसों शब्द इस ग्रन्थमें मिलते हैं। 'भारते वास्ये' (प्रा० भारहे वासे=भारतवर्षे), वाणारसी आदि प्रयोग भी ऐसे ही हैं। एक ही राजाका नाम विद्युद्दंष्ट्र और विद्युद्दढ दिया गया है। प्राकृत नाम 'विज्जुदाढ' है। पंपा, विकुर्व्वणा, इत्यादि कितने ही शब्द ऐसे हैं जो संस्कृत ग्रंथोंमें तो दुर्मिल हैं किन्तु प्राकृत ग्रंथोंमें खूब प्रचलित हैं। 'आराधनोद्धृत' का अर्थ है आराधना नामक प्राकृत ग्रन्थसे उद्धृत किया हुआ या लिया हुआ।

---

१ देखिए, डा० उपाध्येद्वारा सम्पादित और संघीजैनग्रन्थमालाद्वारा प्रकाशित कथाकोशकी अंग्रेजी भूमिका।

इसके कर्त्ता आचार्य हरिषेण अपनी गुरुपरम्परा इस प्रकार बतलाते हैं—मौनि भट्टारकके शिष्य श्रीहरिषेण, श्रीहरिषेणके भरतसेन और भरतसेनके हरिषेण (ग्रन्थ-कर्त्ता)। अपने गुरु भरतसेनको उन्होंने छन्द-अलंकार-काव्य-नाटक-शास्त्रोंका ज्ञाता, काव्यका कर्त्ता, व्याकरणज्ञ, तर्कनिपुण और तत्त्वार्थवेदी बतलाया है। कमसे कम 'काव्यस्य कर्त्ता' विशेषण स्पष्ट ही उनके किसी काव्य-ग्रन्थका संकेत करता है।

हरिषेण उसी पुन्नाट संघके आचार्य हैं जिसमें हरिवंशपुराणके कर्ता जिनसेन हुए हैं और जिसकी चर्चा अन्य लेखमें विस्तारसे की जा चुकी है। जिस वर्द्धमानपुरमें हरिवंशकी रचना हुई थी उसीमें यह कथाकोश भी रचा गया है और ऐसा जान पड़ता है कि हरिषेणके दादा गुरुके गुरु मौनि भट्टारक जिनसेनकी उत्तरवर्ती दूसरी तीसरी पीढ़ीमें ही होंगे। यदि बीचकी दो-तीन पीढ़ियोंका पता लग जाय तो लोहार्यके बादसे हरिषेण तककी अविच्छिन्न गुरुपरम्परा तैयार हो सकती है।

हरिषेणने वर्द्धमानपुरके विषयमें लिखा है कि वह बड़ा समृद्ध नगर था, जिनके पास बहुत सोना था ऐसे लोगोंसे आबाद था। वहां जैन मन्दिरोंका समूह था और सुन्दर महल बने हुए थे।

कथाकोशकी रचना वर्द्धमानपुरमें उस समय की गई है जब कि वहाँपर विनायक पाल नामक राजा राज्य करता था और उसका राज्य शक्र या इन्द्रके जैसा विशाल था।

यह विनायकपाल प्रतिहार वंशका राजा जान पड़ता है जिसके साम्राज्यकी राजधानी कन्नौज थी। उस समय प्रतिहारोंके अधिकारमें केवल राजपूतानेका ही अधिकांश भाग नहीं, गुजरात, काठियावाड़, मध्यभारत और उत्तरमें सतलजसे लेकर बिहार तकका प्रदेश था। यह महाराजाधिराज महेन्द्रपालका पुत्र था और अपने भाइयों महीपाल और भोज (द्वितीय) के बाद गद्दीपर बैठा था। कथाकोशकी रचनाके लगभग एक ही वर्ष पहलेका, वि० सं० ९५५ का, इसका एक दान-पत्र भी मिला है[१]।

---

१ इण्डियन एण्टिक्वेरी, जिल्द १५, पृ० १४०-४१। दानपत्रमें पहले सं० १८८ पढ़ा गया था और उसे हर्ष संवत् मान लिया था परन्तु म० म० ओझाजीने उसका शुद्ध पाठ सं० ९८८ पढ़ा है। २ देखो ओझाजीका राजपूतानेका इतिहास जिल्द १, पृ० १६३।

काठियावाड़के हड्डाला गाँवमें विनायकपालके बड़े भाई महीपालके समयका भी श० सं० ८३६ ( वि० सं० ९७१ ) का एक दानपत्र मिला है जिससे मालूम होता है कि उस समय वर्द्धमानपुर या बढ़वाणमें उसके सामन्त चापवंशी धरणी-वराहका अधिकार था। इसके सिर्फ १७ वर्ष बाद ही बढवाणमें कथाकोशकी रचना हुई है, अतएव उस समय भी बढ़वाणमें प्रतिहारोंके किसी सामन्तका अधिकार होनेकी संभावना है। परन्तु जान पड़ता है हरिषेणने मुख्य महाराजाधिराजका ही नाम दिया है, और उसके राज्यको शक्र ( इन्द्र ) के राज्यके समान बतलाया है, उसके सामन्तका नाम देनेकी जरूरत नहीं समझी। प्रतिहारवंशके विनायकपालके बाद ही प्रतिहारवंश निर्बल होने लगा था, और उसके सामन्त स्वतंत्र बनने लगे थे।

हरिषेणके बाद पुन्नाटसंघके मुनियोंका काठियावाड़में और कब तक अस्तित्व रहा, इसका कोई पता नहीं।

अन्तमें हरिषेणके कथाकोशके प्रारंभका मंगलाचरण और अन्तकी प्रशस्ति दी जाती है—

श्रियं परां प्राप्तमनन्तबोधं मुनीन्द्रदेवेन्द्रनरेन्द्रवन्द्यम्।
निरस्तकन्दर्प्पगजेन्द्रदर्पं नमाम्यहं वीरजिनं पवित्रम् ॥ १ ॥

विघ्नो न जायते नूनं न क्षुद्रामरलंघनम्।
न भयं भव्यसत्त्वानां जिनमंगलकारिणाम् ॥ २ ॥

जनस्य सर्वस्य कृतानुरागं विपश्चितां कर्णरसायनं च।
समासतः साधुमनोभिरामं परं कथाकोशमहं प्रवक्ष्ये ॥ ३ ॥

* * * *

यो बोधको भव्यकुमुद्वतीनां निःशेषराद्धान्तवचोमयूखैः।
पुन्नाटसंघांबरसन्निवासी श्रीमौनिभट्टारकपूर्णचन्द्रः ॥ ३
जैनालयव्रातविराजितान्ते चन्द्रावदातद्युतिसौधजाले।
कार्तस्वरापूर्णजनाधिवासे श्रीवर्धमानाख्यपुरे वसन्सः ॥ ४

साराागमाहितमतिर्विदुषां प्रपूज्यो नानातपोविधिविधानकरो विनेयः।
तस्याभवद्गुणनिधिर्जनताभिवंद्यः श्रीशब्दपूर्वपदको हरिषेणसंज्ञः ॥ ५

छन्दोलंकृतिकाव्यनाटकचणः काव्यस्य कर्ता सतो,
वेत्ता व्याकरणस्य तर्कनिपुणस्तत्त्वार्थवेदी परं ।
नानाशास्त्रविचक्षणो बुधगणैः सेव्यो विशुद्धाशयः,
सेनान्तो भरतादिरत्र परमः शिष्यः बभूव क्षितौ ॥ ६

लक्ष्यलक्षणविधानविहीनश्छन्दसापि रहितः प्रमया च ।
तस्य शुभ्रयशसो हि विनेयः संबभूव विनयी हरिषेणः ॥ ७

आराधनोद्धृतः पथ्यो भव्यानां भावितात्मनाम् ।
हरिषेणकृतो भाति कथाकोशो महीतले ॥ ८

हीनाधिक चारुकथाप्रबन्धं ख्यातं यदस्माभिरतिप्रमुग्धैः ।
मात्सर्यहीनाः कवयो धराया तच्छोधयन्तु स्फुटमादरेण ॥ ९

भद्रं भूयाज्जिनानां निरुपमयशसां शासनाय प्रकामं,
जैनो धर्मोपि जीयाज्जगति हिततमो देहभाजां समस्तम् ।
राजानोऽवन्तु लोकं सकलमतितरां चारुवातोऽनुकूलः,
सर्वे शाम्यन्तु सत्त्वाः जिनवरवृषभाः सन्तु मोक्षप्रदा नः ॥ १०

नवाष्टनवकेष्वेषु स्थानेषु त्रिषु जायतः ।
विक्रमादित्यकालस्य परिमाणमिदं स्फुटम् ॥ ११

शतेष्टसु विस्पष्टं पचाशत् त्र्यधिकेषु च ।
शककालस्य सत्यस्य परिमाणमिदं भवेत ॥ १२

संवत्सरे चतुर्विंशे वर्तमाने खराभिधे ।
विनयादिकपालस्य राज्ये शक्रोपमानके ॥ १३

एवं यथाक्रमोक्तेषु कालराज्येषु सत्सु कौ ।
कथाकोशः कृतोऽस्माभिर्भव्यानां हितकाम्यया ॥ १४

कथाकोशोऽयमीदक्षो भव्यानां मलनाशनः ।
पठतां श्रण्वतां नित्यं व्याख्यातॄणां च सर्वदा ॥ १५

सहस्रैर्द्वादशैर्बद्धो नूनं पंचशतान्वितै :
जिनधर्मश्रुतोद्युक्तैरस्माभिर्मतिवर्जितैः ॥ १६

# पुष्पदन्त

पुष्पदन्त अपभ्रंशके महाकवि थे। उनकी रचनाओंमें जो ओज, जो प्रवाह, जो रस और जो सौन्दय है वह अन्यत्र दुर्लभ है। भाषापर उनका असाधारण अधिकार है। उनके शब्दोंका भंडार विशाल है और शब्दालंकार और अर्थालंकार दोनोंसे ही उनकी कविता समृद्ध है। उनकी सरस और सालंकार रचनायें न केवल पढ़ी ही जाती थीं, वे गाई भी जाती थीं और लोग उन्हें पढ़-सुनकर मुग्ध हो जाते थे।

## कुल-परिचय और धर्म

पुष्पदन्त काश्यपगोत्रीय ब्राह्मण थे। उनके पिताका नाम केशवभट्ट और माताका मुग्धा देवी था।

उनके माता पिता पहले शैव थे, परन्तु पीछे किसी दिगम्बर जैन गुरुके उपदेशामृतको पाकर जैन हो गये और अन्तमें उन्होंने जिन-संन्यास लेकर शरीर त्याग किया। नागकुमारचरितके अन्तमें कविने और और लोगोंके साथ अपने माता पिताकी भी कल्याण-कामना की है और वहाँ इस बातको स्पष्ट किया है[1]। इससे अनुमान होता है कि कवि स्वयं भी पहले शैव थे।

---

१ मूल पक्तियाँ कठिन होनेके कारण यहाँ उन्हें सस्कृतच्छायासहित दिया जाता है।

सिवभत्ताइ मि जिणसण्णासें वेवि मयाइं दुरियणिण्णासें।
बम्भणाइं कासवरिसिगोत्तइ गुरुवयणामियपूरियसोत्तइं ॥
मुद्धाएवीकेसवणामइ मह पियराइं होंतु सुहधामइ।
[ शिवभक्तौ अपि जिनसन्यासेन द्वौ अपि मृतौ दुरितनिर्णाशेन।
ब्राह्मणौ काश्यपऋषिगोत्रौ गुरुवचनामृतपूरितश्रोत्रौ।
मुग्धादेविकेशवनामानौ मम पितरौ भवतां सुखधामनी ॥ ]

'गुरु' शब्दपर मूल प्रतिमें 'दिगम्बर' टिप्पण दिया हुआ है।

कविके आश्रयदाता महामात्य भरतने जब उनसे महापुराणके रचनेका आग्रह किया, तब कहा कि तुमने पहले भैरव नरेन्द्रको माना है और उसको पर्वतके समान धीर वीर और अपनी श्रीविशेषसे सुरेन्द्रको जीतनेवाला वर्णन किया है। इससे जो मिथ्यात्व-भाव उत्पन्न हुआ है, उसका यदि तुम इस समय प्रायश्चित्त कर डालो, तो तुम्हारा परलोक सुधर जाये। इससे भी मालूम होता है कि पहले पुष्पदन्त शैव होंगे और शायद उसी अवस्थामें उन्होंने भैरवनरेन्द्रकी कोई यशोगाथा लिखी होगी।

स्तोत्र-साहित्यमें ' शिवमहिम्न-स्तोत्र ' बहुत प्रसिद्ध है और उसके कर्ताका नाम भी ' पुष्पदन्त ' है। परन्तु राजशेखरने अपनी काव्य-मीमांसामें ' शिव-महिम्न ' का एक श्लोक उद्धृत किया है। अतएव उसका समय राजशेखरसे पहलेका होना चाहिए और तब अभिमानमेरु पुष्पदन्तसे शिव-महिम्नके कर्ता भिन्न और पूर्ववर्ती होने चाहिए।

अपने ग्रन्थोंमें उन्होंने इस बातका कोई उल्लेख नहीं किया कि वे कब जैन हुए और कैसे हुए, अपने किसी जैनगुरु और सम्प्रदायकी भी कोई चर्चा उन्होंने नहीं की, परन्तु खयाल यही होता है कि पहले वे भी अपने माता पिताके ही समान शैव होंगे। यह तो नहीं कहा जा सकता कि वे माता-पिताके जैन होनेके बाद जैन हुए या पहले। परन्तु इस बातमें सन्देहकी गुंजाइश नहीं है कि वे दृढ श्रद्धानी जैन हो गये थे।

उन्होंने जगह जगह अपनेको ' जिणपयभत्ति धम्मासत्ति वयसंजुत्ति विगलिय-संकि ' अर्थात् जिनपदभक्त, व्रतसंयुक्त, विगलितशंक आदि विशेषण दिये हैं और ' मग्गियपण्डितपण्डितमरणें ' अर्थात् पण्डित-पण्डितमरण पानेकी तथा बोधि-समाधिकी आकांक्षा प्रकट की है।

' सिद्धान्तशेखर ' नामक ज्योतिष ग्रंथके कर्ता श्रीपति भट्ट नागदेवके पुत्र

---

१ णियसिरिविसेसणिज्जियसुरिंदु, गिरिधीरवीरभइरवणरिंदु।
पइ मण्णिउ वण्णिउ वीरराउ, उप्पण्णउ जो मिच्छत्तभाउ।
पच्छित्तु तासु जइ करइ अज्जु, ता घडइ तुज्झु परलोयकज्जु।

२ आगे बतलाया है कि यह यशोगाथा शायद ' कथामकरन्द ' नामकी होगी और उसका नायक भैरव-नरेन्द्र। भैरव कहाँके राजा थे, इसका पता नहीं।

३ यह ग्रन्थ कलकत्तायूनीवर्सिटीने प्रकाशित किया है।

और केशवभट्टके पौत्र थे। ज्योतिषरत्नमाला, दैवज्ञवल्लभ, जातकपद्धति, गणित-तिलक[1], बीजगणित, श्रीपति-निबंध, श्रीपतिसमुच्चय, धीकोटिदकरण, ध्रुवमानस-करण आदि ग्रंथोंके कर्त्ता श्रीपति हैं। वे बड़े भारी ज्योतिषी थे। हमारा अनुमान है कि पुष्पदन्तके पिता केशवभट्ट और श्रीपतिके पितामह केशवभट्ट एक ही थे। क्यों कि एक तो दोनों ही काश्यप[3] गोत्रीय हैं और दूसरे दोनोंके समयमें भी अधिक अन्तर नहीं है।

केशवभट्टके एक पुत्र पुष्पदन्त होंगे और दूसरे नागदेव। पुष्पदंत निष्पुत्र-कलत्र थे, परन्तु नागदेवको श्रीपति जैसे महान् ज्योतिषी पुत्र हुए। यदि यह अनुमान ठीक हो, तो श्रीपतिको पुष्पदन्तका भतीजा समझना चाहिए।

पुष्पदन्त मूलमें कहाँके रहनेवाले थे, उनकी रचनाओंमें इस बातका कोई उल्लेख नहीं मिलता। परन्तु उनकी भाषा बतलाती है कि वे कर्नाटकके या उससे और दक्षिणके द्रविड़ प्रान्तोंके तो नहीं थे। क्योंकि एक तो उनकी सारी रचनाओंमें कनडी और द्रविड भाषाओंके शब्दोंका अभाव है, दूसरे अब तक अपभ्रंश भाषाका ऐसा एक भी ग्रंथ नहीं मिला है जो कर्नाटक या उसके नीचेके किसी प्रदेशका बना हुआ हो। अपभ्रंश साहित्यकी रचना प्रायः गुजरात, मालवा, बरार और उत्तरभारतमें ही होती रही है। अतएव अधिक संभव यही है कि वे इसी ओरके हों।

श्रीपति ज्योतिषी रोहिणीखेडके रहनेवाले थे और रोहिणीखेड बरारके बुलढाना

---

१ गणिततिलक श्रीसिंहतिलकसूरिकृत टीकासहित गायकवाड ओरियण्टल सीरीजमें प्रकाशित हुआ है।

२ भट्टकेशवपुत्रस्य नागदेवस्य नन्दनः, श्रीपति रोहिणीखं(खे)डे ज्योति शास्त्रमिदं व्यधात्।
—ध्रुवमानसकरण।

३ ज्योतिषरत्नमालाकी महादेवप्रणीत टीकामें श्रीपतिका काश्यप गोत्र बतलाया है—
"काश्यपवंशपुण्डरीकखण्डमार्तण्ड- केशवस्य पौत्र. नागदेवस्य सूनु श्रीपति संहितार्थ-ममिधातुरिच्छुराह —।"

४ महामहोपाध्याय प० सुधाकर द्विवेदीने अपनी 'गणिततरंगिणी' में श्रीपतिका समय श० स० ९२१ बतलाया और स्वयं श्रीपतिने अपने 'धीकोटिदकरण' में अर्हगणसाधनके लिए श० स० ९६१ का उपयोग किया है जिससे अनुमान होता है कि वे उक्त समय तक जीवित थे। ध्रुवमानसकरणके सम्पादकने श्रीपतिका समय श० सं० ९५० के आसपास

जिलेका रोहनखेड नामका गाँव जान पड़ता है[1]। यदि श्रीपति सचमुच ही पुष्पदन्तके भतीजे हों तो पुष्पदन्तको भी बरारका ही रहनेवाला मानना चाहिए।

बरारकी भाषा मराठी है। अभी ग० वा० तगारे एम० ए०, बी० टी० नामक विद्वानने पुष्पदन्तको प्राचीन मराठीका महाकवि बतलाया है और उनकी रचनाओंमेंसे बहुतसे ऐसे शब्द चुनकर बतलाये हैं, जो प्राचीन मराठीसे मिलते जुलते हैं[2]। वैयाकरण मार्कण्डेयने अपने 'प्राकृत-सर्वस्व' में अपभ्रंश भाषाके नागर, उपनागर और व्राचट ये तीन भेद किये हैं। इनमेंसे व्राचटको लाट (गुजरात) और विदर्भ (बरार) की भाषा बतलाया है। सो पुष्पदन्तकी अपभ्रंश व्राचट होनी चाहिए।

श्रीपतिने अपनी 'ज्योतिषरत्नमाला' पर स्वयं एक मराठी टीका लिखी थी, जो सुप्रसिद्ध इतिहासकार राजवाडेको मिली थी और उन्होंने उसे सन् १९१४ में प्रकाशित भी करा दिया था। मुझे उसकी प्रति अभी तक नहीं मिल सकी। उसके प्रारम्भका अंश इस प्रकार है—"ते या ईश्वररूपा कालातें मि ग्रंथुकर्त्ता श्रीपति नमस्कारीं। मी श्रीपति रत्नाचि माला रचितो।" इसकी भाषा गीताकी प्रसिद्ध

---

बतलाया है। पुष्पदन्त श० स० ८९४ की मान्यखेटकी लूट तक बल्कि उसके भी बाद तक जीवित थे। अतएव दोनोंके बीच जो अन्तर है, वह इतना अधिक नहीं है कि चाचा और भतीजेके बीच सम्भव न हो। श्रीपतिने उम्र भी शायद अधिक पाई हो।

१ बुलढाना जिलेके गैजेटियरमें पता चला है कि इस रोहनखेडमें ईसाकी १५-१६ वीं शताब्दिमें खानदेशके सूबेदारों और बहमनी खान्दानके नवाबोंके बीच अनेक लड़ाइयाँ हुई हैं। रोहणखेडके पुरातन अवशेषोंमें शिवमन्दिर सबसे प्राचीन है। चपटी छत, चौकोन छहकोनस्तम्भ, विशाल गर्भद्वार, तोरणस्थ विभिन्न बेलबूटोंके साथ तान्त्रिक देवदेवियोंका बाहुल्य। मन्दिरकी निकटवर्ती चट्टानपर ५ पंक्तियोंका शिलालेख है जिसके प्रत्येक श्लोकान्त भागमें 'ॐ नमः शिवाय' आता है। शिलालेखमें राजवंश, आदि विलुप्त हो गये हैं—केवल 'तदन्वये भूपतिः कूट' इस पंक्तिसे प्रकट होता है कि यह मन्दिर संभवतः किसी राष्ट्रकूट नरेशका बनवाया हुआ है। इस मन्दिरकी कोरणी और शिखर कैलास-मन्दिर (इलोरा) के ढंगके हैं। बरामदेमें शेषशायी विष्णुकी प्रतिमा बहुत ही कलापूर्ण है।

२ देखो सह्याद्रि (मासिकपत्र) का अप्रैल १९४१ का अंक, पृ० २५३-५६। कुछ थोड़ेसे शब्द देखिए—उक्कुरड=उकिरडा (घूरा), गजोल्लिय=गांजलेले (दुखी), चिक्खिल्ल=चिखल (कीचड़), तुप्प=तूप (घी), पंगुरण=पांघरूण (ओढ़ना), फेड=फेडणे (लौटाना), बोक्कड=बोकड (बकरा), आदि।

टीका ज्ञानेश्वरीसे मिलती जुलती है। इससे भी अनुमान होता है कि श्रीपति बरारके ही होंगे और इस लिए पुष्पदन्तका भी वहींका होना सम्भव है।

सबसे पहले पुष्पदन्तको हम मेलाडि या मेलपाटीके एक उद्यानमें पाते हैं और फिर उसके बाद मान्यखेटमें। मेलाडि उत्तर अर्काट जिलेमें है जहाँ कुछ कालतक राष्ट्रकूट महाराजा कृष्ण तृतीयका सेनासन्निवेश रहा था और वहीं उनका भरत मंत्रीसे साक्षात् होता है। निजाम-राज्यका वर्तमान मलखेड ही मान्यखेट है।

यद्यपि इस समय मलखेड[1] महाराष्ट्रकी सीमाके अन्तर्गत नहीं माना जाता, परन्तु बहुतसे विद्वानोंका मत हैं राष्ट्रकूटोंके समयमें वह महाराष्ट्रमें ही गिना जाता था। और इसलिए तब वहाँ तक वैदर्भी अपभ्रंशकी पहुँच अवश्य रही होगी।

राष्ट्रकूटोंकी राजधानी पहले नासिकके पास मयूरखडीमें थी, जो महाराष्ट्रमें ही है। मान्यखेटको उन्होंने अपनी राजधानी सुदूर दक्षिणके अन्तरीपपर शासन करनेकी सुविधाके लिए बनाया था। क्योंकि मान्यखेटमें केन्द्र रख कर ही चोल, चेर, पाण्ड्य देशोंपर ठीक तरहसे शासन किया जा सकता था।

भरतको कविने कई जगह भरत भट्ट लिखा है। नाइल्लइ और सीलइय भी भट्ट विशेषणके साथ उल्लिखित हुए हैं। इससे अनुमान होता है कि पुष्पदंतको इन भट्टोंके मान्यखेटमें रहनेका पता होगा और उसी सूत्रसे वे घूमते घामते उस तरफ पहुंचे होंगे। बहुत सभव है कि ये लोग भी पुष्पदन्तके ही प्रान्तके हों और महान् राष्ट्रकूटोंकी समृद्ध राजधानीमें अपना भाग्य आजमानेके लिए आकर बस गये हों और कालान्तरमें राजमान्य हो गये हों। उस समय बरार भी राष्ट्रकूटोंके

१ मलखेड नामका एक गाँव बरारके अमरावती जिलेमें भी है। उसीपरसे शायद निजाम राज्यके मलखेडका नामकरण किया गया हो। बरारके दक्षिणमे उससे लगा हुआ ही निजाम-राज्य है, जहाँ मलखेड़ है।

२ राष्ट्रकूटोंकी खान्दानी उपाधि 'लटलूराधीश्वर' थी और मध्यप्रदेशके बिलासपुर जिलेका रत्नपुर ही लटलूर है। इसके सिवाय उनकी कुलदेवी विन्ध्यवासिनी है। मुलताई (बेतूल) मे ई० स० ६३१ और ७०९ की प्रशस्तियाँ मिली है। इन सबसे मालूम होता है कि राष्ट्रकूट मध्यप्रदेश और बरारकी तरफसे ही उधर गये है। स्व० रा० ब० हीरालालजीके अनुसार अचलपुर (इलिचपुर) मे राष्ट्रकूटोंका सूबेदार रहता था, और वहाँसे वह बरार, बेतूल, छिन्दवाडा, वर्धा, चाँदापर शासन करता था। इन सब स्थानोंमें उनके अनेक लेख मिले है। भादक (चाँदा) में प्रथम कृष्णका ७७२ ई० सनका ताम्रपत्र मिला है। देवली (वर्धा) का लेख ९४० ई० का है।

अधिकारमें था, अतएव वहाँके लोगोंका आवागमन मान्यखेट तक होना स्वाभाविक है। कमसे कम विद्योपजीवी लोगोंके लिए तो 'पुरन्दरपुरी' मान्यखेटका आकर्षण बहुत ज्यादा रहा होगा।

भरत मंत्रीको कविने 'प्राकृतकविकाव्यरसावलुब्ध' कहा है और प्राकृतसे उनका मतलब अपभ्रंशसे ही जान पड़ता है। इस भाषाको वे अच्छी तरह जानते होंगे और उसका आनद ले सकते होंगे, तभी न उन्होंने कविको इतना उत्साहित और सम्मानित किया होगा।

## व्यक्तित्व और स्वभाव

पुष्पदन्तका एक नाम 'खण्ड'[१] था। शायद यह उनका घरू और बोलचालका नाम होगा। महाराष्ट्रमें खंडूजी, खंडोबा नाम अब भी कसरतसे रक्खे जाते है और खण्ड यह संस्कृत स्कन्दका प्राकृत रूप है। अभिमानमेरु[२], अभिमानचिह्न[३], काव्यरत्नाकर[४], कविकुलतिलक[५], सरस्वतीनिलय[६], कव्वपिसल्ल[७] (काव्यपिशाच या काव्यराक्षस) ये उनकी पदवियाँ थीं। यह पिछली पदवी बड़ी अद्भुत-सी

१ (क) जो विहिणा णिम्मिउ कव्वपिंडु, त णिसुणे वि सो सचलिउ खंडु।
— म० पु० सन्धि १, क० ६

(ख) मुग्धे श्रीमदनिन्द्यखण्डसुकवेर्बन्धुर्गुणैरुन्नत.। —म० पु० सन्धि ३

(ग) वाञ्छन्नित्यमह कुतूहलवती खण्डस्य कीर्तिः कृतेः। —म० पु० स० ३९

२ (क) त सुणेवि भणइ अहिमाणमेरु। —म० पु० १-३-१२

(ख) क यास्यस्यभिमानरत्ननिलय श्रीपुष्पदन्त विना। —म० पु० स० ४५

(ग) णण्णहो मदिरि णिवसंतु संतु, अहिमाणमेरु गुणगणमहतु।
—ना० कु० १-२-२

३ वयसजुत्तिं उत्तमसत्ति वियलियसंकि अहिमाणंकि। —य० च० ४-३१-३

४ भो भो केसवतणुरुह णवसररुहमुह कव्वरयणरयणायर। —म० पु० १-४-१०

५-६ (क) त णिसुणे वि भरहें वुत्तु ताव, भो कइकुलतिलय विमुक्कगाव।
—म० पु० १-८-१

(ख) अग्गइ कइराउ पुप्फयतु सरसइणिलउ।
देवियहिं सरूउ वण्णइ कइयणकुलतिलउ। —य० च० १-८-१५

७ (क) जिणचरणकमलभत्तिल्लएण, ता जंपिउ कव्वपिसल्लएण। —म० पु० १-८-८

(ख) बोल्लाविउ कइकव्वपिसल्लउ, कि तुहु सच्चउ बप्प गहिल्लउ।
—म० पु० ३८-३-५

(ग) णण्णस्स पत्थणाए कव्वपिसल्लएण पहसियमुहेण। —ना० अन्तिम पद्य

है; परन्तु इसका उन्होंने स्वयं ही प्रयोग किया है। शायद अपनी महती कवित्व-शक्तिके कारण ही यह पद उन्होंने पसन्द किया हो। 'अभिमानमेरु' पद उनके स्वभावको भी व्यक्त करता है। वे बड़े ही स्वाभिमानी थे। महापुराणकी उत्थानिकासे मालूम होता है कि जब वे खलजनोंद्वारा अवहेलित और दुर्दिनोंसे पराजित होकर घूमते घामते मेलपाटीके बाहर एक बगीचेमें विश्राम कर रहे थे, तब 'अम्मइय' और 'इन्द्र' नामक दो पुरुषोंने आकर उनसे कहा, "आप इस निर्जन वनमें क्यों पड़े हुए हैं, पासके नगरमें क्यों नहीं चलते?" इसके उत्तरमें उन्होंने कहा, "गिरिकन्दराओंमें घास खाकर रह जाना अच्छा परन्तु दुर्जनोंकी टेढ़ी भौंहें देखना अच्छा नहीं। माताकी कूँखसे जन्मते ही मर जाना अच्छा परन्तु किसी राजाके भ्रूकुचित नेत्र देखना और उसके कुवचन सुनना अच्छा नहीं। क्योंकि राजलक्ष्मी ढुरते हुए चँवरोंकी हवासे सारे गुणोंको उड़ा देती है, अभिषेकके जलसे सुजनताको धो डालती है, विवेकहीन बना देती है, दर्पसे फूली रहती है, मोहसे अंधी रहती है, मारणशीला होती है, सप्तांग राज्यके बोझेसे लदी रहती है, पिता-पुत्र दोनोंमें रमण करती है, विषकी सहोदरा और जड़-रक्त है। लोग इस

---

१ ... ''महि परिभमतु मेलाडिणयरु।
अवहेरियखलयणु गुणमहंतु, दियहेहि पराइउ पुप्फयंतु।
णंदणवणि किर वीसमइ जाम, तहिं बिण्णि पुरिस सपत्त ताम।
पणवेप्पिणु तेहिं पवुत्तु एव, भो खंड गलियपावावलेव।
परिभमिरभमररवगुमगुमंति, किं किर णिवसहि णिज्जणवणंति।
करिसरवहिरियदिक्चक्कवालि, पइसरहि ण किं पुरवरि विसालि।
त सुणिवि भणइ अहिमाणमेरु, वर खज्जइ गिरिकंदरि कसेरु।
णउ दुज्जनभउँहावंकियाइ, दीसंतु कलुसभावंकियाइं।
वर णरवरु धवलच्छिहे होंतु म कुच्छिहे मरउ सोणिमुहणिग्गमे।
खलकुच्छियपहुवयणइं भिउडियणयणइं म णिहालउ सूरुग्गमे॥
चमराणिलउड्डावियगुणाइ, अहिसेयधोयसुयणत्तणाइ।
अविवेयइ दप्पुत्तालियाइ, मोहंधइ मारणसीलियाइ।
सत्तंगरज्जभरभारियाइ, पिउपुत्तरमणरसयारियाइ।
विससहजम्मइ जडरत्तियाइ, किं लच्छिइ विउसविरत्तियाइ।
सपइ जगु नीरसु णिव्विसेसु, गुणवंतउ जहिं सुरगुरुवि देसु।
तहिं अम्हइ लइ काणणु जि सरणु, अहिमाणें सहुं वरि होउ मरणु।''

समय ऐसे नीरस, और निर्विशेष (गुणावगुणविचाररहित) हो गये हैं कि बृहस्पतिके समान गुणियोंका भी द्वेष करते हैं। इस लिए मैंने इस वनकी शरण ली है और यहींपर अभिमानके साथ मर जाना ठीक समझा है।" पाठक देखेंगे कि इन पंक्तियोंमें कितना स्वाभिमान और राजाओं तथा दूसरे हृदयहीन लोगोंके प्रति कितने ज्वालामय उद्गार भरे हैं।

ऐसा मालूम होता है कि किसी राजाके द्वारा अवहेलित या उपेक्षित होकर ही वे घरसे चल दिये थे और भ्रमण करते हुए और बड़ा लम्बा दुर्गम रास्ता तय करके मेलपाटी पहुँचे थे। उनका स्वभाव स्वाभिमानी और कुछ उग्र तो था ही, अतएव कोई आश्चर्य नहीं जो राजाकी जरा-सी भी टेढी भौंहको वे न सह सके हों और इसीलिए नगरमें चलनेके आग्रह करनेपर उन दो पुरुषोंके सामने ही राजाओंपर बरस पड़े हों। अपने उग्र स्वभावके कारण ही वे इतने चिढ़ गये और उन्हें इतनी वितृष्णा हो गई कि सर्वत्र दुर्जन ही दुर्जन दिखाई देने लगे, और सारा संसार निष्फल, नीरस, शुष्क प्रतीत होने लगा[१]।

जान पड़ता है महामात्य भरत मनुष्य-स्वभावके बड़े पारखी थे। उन्होंने कविवरकी प्रकृतिको समझ लिया और अपने सद्व्यवहार, समादर और विनय-शीलतासे सन्तुष्ट करके उनसे वह महान् कार्य करा लिया जो दूसरा शायद ही करा सकता।

राजाके द्वारा अवहेलित और उपेक्षित होनेके कारण दूसरे लोगोंने भी शायद उनके साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया होगा, इसलिए राजाओंके साथ साथ औरोंसे भी वे प्रसन्न नहीं दिखलाई देते, उनको भी बुरा-भला कहते हैं; परन्तु भरत और नन्नकी लगातार प्रशंसा करते हुए भी वे नहीं थकते।

उत्तरपुराणके अन्तमें उन्होंने अपना परिचय इस रूपमें दिया है,--" सिद्धि-विलासिनीके मनोहर दूत, मुग्धा देवीके शरीरसे सभूत, निर्धनों और धनियोंको एक दृष्टिसे देखनेवाले, सारे जीवोंके अकारण मित्र, शब्दसलिलसे बढ़ा हुआ है काव्य-स्रोत जिनका, केशवके पुत्र, काश्यपगोत्री, सरस्वतीविलासी, सूने पड़े हुए घरों और देवकुलिकाओंमें रहनेवाले, कलिके प्रबल पाप-पटलोंसे रहित, बेघरबार, पुत्रकलत्रहीन, नदियों, वापिकाओं और सरोवरोंमें स्नान करनेवाले,

१ जो जो दीसइ सो सो दुज्जणु, णिप्फलु णीरसु जं सुक्कउ वणु।

पुराने वस्त्र और वल्कल पहिननेवाले, धूलधूसरित अंग, दुर्जनोंके संगसे दूर रहनेवाले, जमीनपर सोनेवाले और अपने ही हाथोंको ओढ़नेवाले, पंडित-पंडितमरणकी प्रतीक्षा करनेवाले, मान्यखेट नगरमे रहनेवाले, मनमें अरहंतदेवका ध्यान करनेवाले, भरतमंत्रीद्वारा सम्मानित, अपने काव्यप्रबंधसे लोगोंको पुलकित करनेवाले और पापरूप कीचड़को जिन्होंने धो डाला है, ऐसे अभिमानमेरु पुष्पदन्तने, यह काव्य जिन-पदकमलोंमें हाथ जोड़े हुए भक्तिपूर्वक क्रोधनसंवत्सरकी असाढ़ सुदी दसवींको बनाया[1]।"

इस परिचयसे कविकी प्रकृति और उनकी निस्संगताका हमारे सामने एक चित्र-सा खिंच जाता है। एक बड़े भारी साम्राज्यके महामंत्रीद्वारा अतिशय सम्मानित होते हुए भी वे सर्वथा अकिंचन और निर्लिप्त ही रहे जान पड़ते हैं। नाममात्रके गृहस्थ होकर एक तरहसे वे मुनि ही थे।

एक जगह वे भरत महामात्यसे कहते हैं कि "मैं धनको तिनकेके समान गिनता हूँ। उसे मैं नहीं लेना। मैं तो केवल अकारण प्रेमका भूखा हूँ और इसीसे तुम्हारे निलयमे हूँ। मेरी कविता तो जिन-चरणोंकी भक्तिमे ही स्फुरायमान होती है, जीविका-निर्वाहके खयालसे नहीं[2]।"

---

१ सिद्धिविलासिणिमणहरदूए, मुद्धाएवीतणुसंभूए ।
णिद्धणसधणलोयसमचित्ते, सव्वजीवणिक्कारणमित्ते ॥ २१
सद्दसलिलपरिवड्ढियसोत्ते, केसवपुत्त कासवगोत्ते ।
विमलसरासइजणियविलासें, सुण्णभवणदेवउलणिवासें ॥ २२
कलिमलपबलपडलपरिचत्ते, णिग्घरेण णिप्पुत्तकलत्तें ।
णइ-वावी तलाय-सरण्हाणें, जर-चीवर-वक्कल-परिहाणें ॥ २३
धीरें धूली धूसरियंगें, दूरयरुज्झिय दुज्जणसंगें ।
महिसयणयलें करपंगुरणें, मग्गियपंडियपंडियमरणें ॥ २४
मण्णखेडपुरवरि णिवसंतें, मणे अरहंतु देउ झायंतें ।
भरहमणणिज्जें णयणिलएं, कव्वपबंधजणियजणपुलएं ॥ २५
पुप्फयंतकइणा धुयपंकें, जइ अहिमाणमेरुणामंकें ।
कयउ कव्वु भत्तिए परमत्थें, जिणपयपंकयमउलियहत्थें ॥ २६
कोहणसंवच्छरे आसाढए, दहमइ दियहि चंदरुइरूढए ।

२ धणु तणुसमु मज्झु ण तं गहणु, णेहु णिक्कारिमु इच्छमि ।
देवीसुअ सुदणिहि तेण हउं, णिलए तुहारए अच्छमि ॥—२० उत्तर पु०
मज्झु कइत्तणु जिणपयभत्तिहें, पसरइ णउ णियजीवियवित्तिहें ।—३० पु०

इस तरहकी निष्पृहतामें ही स्वाभिमान टिक सकता है और ऐसे ही पुरुषको 'अभिमानमेरु' पद शोभा देता है। कविने एक दो जगह अपने रूपका भी वर्णन कर दिया है, जिससे मालूम होता है कि उनका शरीर बहुत ही दुबला पतला और साँवला था। वे बिल्कुल कुरूप थे[१] परन्तु सदा हँसते रहते थे[२]। जब बोलते थे तो उनकी सफेद दन्तपंक्तिसे दिशाएँ धवल हो जाती थीं[३]। यह उनकी स्पष्टवादिता और निरहंकारताका ही निदर्शन है, जो उन्होंने अपनेको 'शुद्ध कुरूप,' कहनेमें भी संकोच न किया।

पुष्पदन्तमें स्वाभिमान और विनयशीलताका एक विचित्र सम्मेलन दीख पड़ता है। एक ओर तो वे अपनेको ऐसा महान् कवि बतलाते हैं जिसकी बड़े बड़े विशाल ग्रन्थोंके ज्ञाता और मुद्दतसे कविता करनेवाले भी बराबरी नहीं कर सकते[४] और सरस्वतीसे कहते हैं कि देवी, अभिमानरत्ननिलय पुष्पदन्तके बिना तुम कहाँ जाओगी—तुम्हारी क्या दशा होगी[५]? और दूसरी ओर कहते हैं कि मैं दर्शन, व्याकरण, सिद्धान्त, काव्य, अलंकार कुछ भी नहीं जानता, गर्भमूर्ख हूँ। न मुझमें बुद्धि है, न श्रुतसंग्रह है, न किसीका बल है[६]।

भावुक तो सभी कवि होते हैं परन्तु पुष्पदन्तमें यह भावुकता और भी बढ़ी चढ़ी थी। इस भावुकताके कारण वे स्वप्न भी देखा करते थे। आदिपुराणके

---

१ कसणसरीरें सुद्धकुरूवें मुद्धाएविगब्भसंभूवें। ११—उ० पु०

२ णण्णस्स पत्थणाए कव्वपिसल्लेन पहसियमुहेण,
णायकुमारचरित्तं रइयं सिरिपुप्फयंतेण॥—णायकुमार च०
पहसियतुंडि कइणा खंडें। —यशोधर चरित

३ सियदंतपंतिधवलीकयासु ता जंपइ वरवायाविलासु।

४ आजन्म (?) कवितारसैकधिषणा सौभाग्यभाजो गिरां,
दृश्यन्ते कवयो विशालसकलग्रन्थानुगा बोधिन
किन्तु प्रौढनिरूढगूढमतिना श्रीपुष्पदंतेन भोः,
साम्य बिभ्रति (?) नैव जातु कविता शीघ्रं त्वतः प्राकृतैः॥—६६ वीं संधि

५ लोके दुर्जनसंकुले हतकुले तृष्णावसे नीरसे,
सालंकारवचोविचारचतुरे लालित्यलीलाधरे।
भद्रे देवि सरस्वति प्रियतमे काले कलौ साम्प्रतं,
कं यास्यस्यभिमानरत्ननिलयं श्रीपुष्पदन्तं विना॥ —८० वीं संधि

६ णहु महु बुद्धिपरिग्गहु णहु सुयसंगहु णउ कासुवि केरउ बलु।—उ० पु०

समाप्त हो जाने पर किसी कारण उन्हें कुछ अच्छा नहीं लग रहा था, वे निर्विण्णसे हो रहे थे कि एक दिन उन्हें स्वप्नमें सरस्वती देवीने दर्शन दिया और कहा कि 'जन्ममरण-रोगके नाश करनेवाले अरहंत भगवानको, जो पुण्य-वृक्षको सींचनेके लिए मेघतुल्य हैं, नमस्कार करो।' यह सुनते ही कविराज जाग उठे और यहाँ वहा देखते हैं तो कहीं कोई नहीं है, वे अपने घरमें ही हैं। उन्हें बड़ा विस्मय हुआ[1]। इसके बाद भरतमंत्रीने आकर उन्हे समझाया और तब वे उत्तरपुराणकी रचनामें प्रवृत्त हुए।

उस समयके ग्रन्थकर्ता चाहे वे किसी भी भाषाके हों, संस्कृतज्ञ तो होते ही थे। यद्यपि अभी तक पुष्पदन्तका कोई कोई स्वतन्त्र संस्कृत ग्रन्थ उपलब्ध नहीं हुआ है, फिर भी वे संस्कृतमें अच्छी रचना कर सकते थे। इसके प्रमाणस्वरूप उनके वे संस्कृत पद्य पेश किये जा सकते हैं जो उन्होंने महापुराण और यशोधर-चरितमें भरत और नन्नकी प्रशंसामें लिखे हैं।

## ग्रन्थ-रचना।

महाकवि पुष्पदन्तके अब तक तीन ग्रन्थ उपलब्ध हुए हैं और सौभाग्यकी बात है कि वे तीनों ही आधुनिक पद्धतिसे सुसम्पादित होकर प्रकाशित हो चुके हैं।

१ **तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारु** ( त्रिषष्टिमहापुरुषगुणालंकार ) या महापुराण। यह आदिपुराण और उत्तरपुराण इन दो खण्डोंमें विभक्त है। ये दोनों अलग अलग भी मिलते हैं। इनमें त्रेसठ शलाका पुरुषोंके चरित हैं। पहलेमें प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेवका और दूसरेमें शेष तेईस तीर्थंकरोंका और उनके समयके अन्य महापुरुषोंका। उत्तरपुराणमें पद्मपुराण ( रामायण ) और हरिवंश पुराण[2] ( महाभारत ) भी शामिल हैं और ये भी कहीं कहीं पृथक् रूपमें मिलते हैं।

---

१ मणि जाएण किं पि अमणोज्जें, कइवयदियहँ केण वि कज्जें।
णिव्विण्णउ थिउ जाम महाकइ, ता सिविणंतरि पत्त सरासइ।
भणइ भडारी सुहयरुओहं, पणमह अरुह सुहयरमेहं।
इय णिसुणेवि विउद्धउ कइवरु, सयलकलायरु णं छणससहरु।
दिसउ णिहालइ किं पि ण पेच्छइ, जा विम्हियमइ णियघरि अच्छइ।
—महापुराण ३८-२

२ केवल हरिवंशपुराणको जर्मनीके एक विद्वान् 'आल्सडर्फ' ने जर्मन भाषामें सम्पादित करके प्रकाशित किया है।

आदिपुराणमें ८० और उत्तरपुराणमे ४२ सन्धियाँ हैं। दोनोंका श्लोकपरिमाण लगभग बीस हजार है। इसकी रचनामें कविको लगभग छह वर्ष लगे थे।

यह एक महान् ग्रन्थ है और जैसा कि कविने स्वयं कहा है, इसमें सब कुछ है और जो इसमें नहीं है वह कहीं नहीं है[1]।

महामात्य भरतकी प्रेरणा और प्रार्थनासे यह बनाया गया, इसलिए कविने इसकी प्रत्येक सन्धिके अन्तमें इसे 'महाभव्वभरताणुमण्णिए' (महाभव्यभरतानुमानिते) विशेषण दिया है और इसकी अधिकांश सन्धियोंमे प्रारम्भमें भरतका विविध-गुणकीर्तन किया है[2]।

जैनपुस्तकभण्डारोंमें इस ग्रन्थकी अनेकानेक प्रतियाँ मिलती हैं। इसपर अनेक टिप्पण-ग्रन्थ भी लिखे गये हैं, जिनमेसे प्रभाचद्र और श्रीचंद्र मुनिके दो टिप्पण उपलब्ध हैं[3]। श्रीचंद्रने अपने टिप्पणमें लिखा है—'मूलटिप्पणिका चालोक्य-कृतमिदं समुच्चयटिप्पण।' इससे मालूम होता है कि इस ग्रन्थपर स्वयं ग्रन्थ-कर्ताकी लिखी हुई मूल टिप्पणिका भी थी, जिसका उपयोग श्रीचन्द्रने किया है। जान पड़ता है कि यह ग्रन्थ बहुत लोकप्रिय और प्रसिद्ध रहा है।

महापुराणकी प्रथम सन्धिके छठे कड़वकमे जो 'वीरभइरवणरिंदु' शब्द आया है, उसपर प्रभाचंद्रकृत टिप्पण है—"वीरभैरवः अन्यः कश्चिद्‌दुष्टः महाराजो वर्तते, कथा-मकरन्दनायको वा कश्चिद्राजास्ति।" इससे अनुमान होता है कि 'कथा-मकरन्द' नामका भी कोई ग्रन्थ पुष्पदन्तने बनाया होगा जिसमें इस राजाको अपनी श्रीविशेषसे सुरेन्द्रको जीतनेवाला और पर्वतके समान धीर बतलाया है। भरत-मंत्रीने इसीको लक्ष्य करके कहा था कि तुमने इस राजाकी प्रशंसा करके

---

१ अत्र प्राकृतलक्षणानि सकला नीतिः स्थितिच्छन्दसा
मर्थालङ्कृतयो रसाश्च विविधास्तत्त्वार्थनिर्णीतय।
किञ्चान्यद्यदिहास्ति जैनचरिते नान्यत्र तद्विद्यते।
द्वावेतौ भरतेशपुष्पदशनौ सिद्ध ययोरीदृशम्।

२ ये गुणकीर्तनके सम्पूर्ण पद्य महापुराणके प्रथम खण्डकी प्रस्तावनामें और जैनसाहित्य-संशोधक खण्ड २ अंक १ के मेरे लेखमें प्रकाशित हो चुके हैं।

३ प्रभाचन्द्रकृत टिप्पण परमार राजा जयसिंहदेवके राज्यकालमें और श्रीचन्द्रका भोज-देवके राज्यकालमें लिखा गया है। देखो, आगेके पृष्ठोंमें 'श्रीचन्द्र और प्रभाचन्द्र' शीर्षक लेख।

जो मिथ्यात्वभाव उत्पन्न किया है, उसका प्रायश्चित्त करनेके लिए महापुराणकी रचना करो। यह बहुत करके अपभ्रंश भाषाका ही काव्य-ग्रंथ होगा और महापुराणसे पहलेका होगा।

२ **णायकुमारचरिउ** ( नागकुमारचरित )। यह एक खंडकाव्य है। इसमें ९ सन्धियाँ है और यह णण्णणामंकिय ( नन्नमांकित ) है। इसमें पंचमीके उपवासका फल बतलानेवाला नागकुमारका चरित है।

यह मान्यखेटमें नन्नके मन्दिर ( महल ) में रहते हुए बनाया गया है।[1] प्रारंभमे कहा गया है कि महोदधिके गुणवर्म और शोभन नामक दो शिष्योंने प्रार्थना की कि आप पंचमी-फलकी रचना कीजिए, महामात्य नन्नने भी उसे सुननेकी इच्छा प्रकट की और फिर नाइल्ल और शीलभट्टने भी आग्रह किया।

३ **जसहरचरिउ** ( यशोधरचरित )। यह भी एक सुन्दर खंडकाव्य है और इसमे 'यशोधर' नामक पुराण-पुरुषका चरित वर्णित है। इसमें चार सन्धियां हैं। यह कथानक जैनसम्प्रदायमे इतना प्रिय रहा है कि सोमदेव, वादिराज, वासवसेन, सोमकीर्ति, हरिभद्र, क्षमाकल्याण आदि अनेक दिगम्बर-श्वेताम्बर लेखकोंने इसे अपने अपने ढगसे प्राकृत और सस्कृतमें लिखा है।

यह ग्रन्थ भी भरतके पुत्र और वल्लभनरेन्द्रके गृहमंत्रीके लिए उन्हींके महलमे रहते हुए लिखा गया था, इसलिए कविने इसके लिए प्रत्येक सन्धिके अन्तमें 'णण्णकण्णाभरण ( नन्नके कानोंका गहना ) विशेषण दिया है। इसकी दूसरी, तीसरी और चौथी सन्धिके प्रारम्भमें नन्नके गुणकीर्तन करनेवाले तीन संस्कृत पद्य हैं[2]। इस ग्रन्थकी कुछ प्रतियोमें गन्धर्व कविके बनाये हुए कुछ क्षेपक भी शामिल हो गये हैं जिनकी चर्चा आगे की गई है। इसकी कई सटिप्पण प्रतियाँ भी मिलती हैं। बम्बईके ऐलक पन्नालाल सरस्वती-भवनमें ( ८०४ क ) एक प्रति ऐसी है जिसमें ग्रन्थकी प्रत्येक पंक्तिकी संस्कृतच्छाया दी हुई है जो बहुत ही उपयोगी है।

---

१ कोंडिण्णगोत्तणहदिणयरासु, वल्लहणरिंदघरमहयरासु।
णण्णहो मंदिरि णिवसंतु सतु, अहिमाणमेरु कइ पुप्फयतु।
—नागकुमारचरित, १-२-२

२ देखो कारजा-सीरीजका यशोधरचरित पृ०, २४, ४७ और ७५।

उपलब्ध ग्रन्थोंमें महापुराण उनकी पहली रचना है और यशोधरचरित सबसे पिछली रचना। इसकी अन्तिम प्रशस्ति उस समय लिखी गई है जब युद्ध और लूटके कारण मान्यखेटकी दुर्दशा हो गई थी, वहाँ दुष्काल पड़ा हुआ था, लोग भूखों मर रहे थे, जगह जगह नर-कंकाल पड़े हुए थे। नागकुमारचरित इससे पहले बन चुका होगा। क्योंकि उसमें स्पष्ट रूपसे मान्यखेटको 'श्रीकृष्णराजकी तलवारसे दुर्गम' बतलाया है। अर्थात् उस समय कृष्ण तृतीय जीवित थे। परन्तु यशोधरचरितमें नन्नको केवल 'वल्लभनरेन्द्रगृहमहत्तर' विशेषण दिया है और वल्लभनरेन्द्र राष्ट्रकूटोंकी सामान्य पदवी थी। वह खोट्टिगदेवके लिए भी प्रयुक्त हो सकती है और उनके उत्तराधिकारी कर्कके लिए भी। महापुराण श० सं० ८८७ में पूर्ण हुआ था और मान्यखेटकी लूट ८९४ के लगभग हुई। इस लिए इन सात बरसोंके बीच कविके द्वारा इन दो छोटे छोटे उपलब्ध ग्रन्थोंके सिवाय और भी ग्रन्थोंके रचे जानेकी सम्भावना है। जल्हणकी सूक्तिमुक्तावलीमें 'आन्ध्रीप्रेम-निबन्धनैकनिपुणः लाटी विदग्धप्रियः' आदि श्लोक 'पुष्पदन्त' के नामसे दिया है।

आचार्य हेमचन्द्रने अपनी 'देसीनाममाला' की स्वोपज्ञ वृत्तिमें किसी 'अभिमानचिह्न' नामक ग्रन्थकर्ताके सूत्र और स्वविवृत्तिके पद्य उद्धृत किये हैं[1]। अभिमानमेरु और अभिमानचिह्न एक हो सकते हैं। और यशोधरचरितके अन्तमें एक जगह पुष्पदन्तने अपनेको अहिमाणकि (अभिमानाङ्क) या अभिमान-चिह्न लिखा भी है[2]। परन्तु उद्योतनसूरिने कुवलयमालामें अभिमानांक, साहसांक और पराक्रमांक नामक जिन पूर्ववर्ती कवियोंका उल्लेख किया है उनमेंसे अभि-मानांकसे ही हेमचन्द्रका अभिप्राय हो सकता है। कुवलयमाला श० स० ७०० की रचना है।

## कविके आश्रयदाता

**महामात्य भरत।** पुष्पदन्तने दो आश्रयदाताओंका उल्लेख किया है, एक भरतका और दूसरे नन्नका। ये दोनों पिता-पुत्र थे और महाराजाधिराज कृष्ण-राज (तृतीय) के महामात्य। नन्न शायद अपने पिताकी मृत्युके बाद महामात्य

---

१ देखो, देसीनाममाला १-१४४, ६-९३, ७-१, ८-१२, १७।

२ देखो यशोधरचरित, पृ० १००, पंक्ति ३।

हुए होंगे। यद्यपि उस कालमें योग्यतापर कम ध्यान नहीं दिया जाता था, फिर भी बड़े बड़े राजपद प्रायः वंशानुगत होते थे।

भरतके पितामहका नाम अण्णय्य, पिताका एयण और माताका श्रीदेवी था। वे कौण्डिन्य गोत्रके ब्राह्मण थे। कहीं कहीं इन्हें भरत भट्ट भी लिखा है। भरतकी पत्नीका नाम कुन्दव्वा था जिसके गर्भसे नन्न उत्पन्न हुए थे।

भरत महामात्य-वंशमें ही उत्पन्न हुए थे[1] परन्तु सन्तान-क्रमसे चली आई हुई यह लक्ष्मी ( महामात्यपद ) कुछ समयसे उनके कुलसे चली गई थी जिसे उन्होंने बड़ी भारी आपत्तिके दिनोंमें अपनी तेजस्विता और प्रभुकी सेवासे फिर प्राप्त कर लिया था[2]।

भरत जैनधर्मके अनुयायी थे। उन्हें अनवरत-रचित-जिननाथ-भक्ति और जिन-वर-समय-प्रासादस्तम्भ लिखा गया है।

एक जगह पुष्पदन्तने लिखा है कि वे वल्लभराजके कटकके नायक अर्थात् सेनापति थे[3]। इसके सिवाय वे राजाके दानमंत्री भी थे[4]। इतिहासमें कृष्ण तृतीयके एक मंत्री नारायणका नाम तो मिलता है[5], जो कि बहुत ही विद्वान् और राजनीतिज्ञ था परन्तु भरत महामात्यका कहीं उल्लेख नहीं।

---

१ महमत्तवंसधयवडु गहीरु ( महामात्यवंशध्वजपट गभीर )।

२ तीव्रापद्दिवसेषु बन्धुरहितेनैकेन तेजस्विना,
सन्तानक्रमतो गताऽपि हि रमाऽकृष्टा प्रभो सेवया।
यस्याचारपदं वदन्ति कवयः सौजन्यसत्यास्पदं,
सोऽयं श्रीभरतो जयत्यनुपमः काले कलौ साम्प्रतम् ॥--म० पु० १५ वीं सन्धि

३ सोयं श्री भरतः कलङ्करहितः कान्तः सुवृत्तः शुचिः,
सज्ज्योतिर्मणिराकरो प्लुत इवानर्घ्यो गुणैर्भासते।
वंशो येन पवित्रतामिह महामात्याह्वयः प्राप्तवान्,
श्रीमद्वल्लभराजशक्तिकटके यश्चाभवन्नायकः।

४ हं हो भद्र प्रचण्डावनिपतिभवने त्यागसंख्यानकर्ता,
कोऽयं श्यामः प्रधानः प्रवरकरिकराकारबाहुः प्रसन्नः।
धन्यः प्रालेयपिण्डोपमधवलयशो धौतधात्रीतलान्त-
ख्यातो बन्धुः कवीनां भरत इति कथं पान्थ जानासि नो त्वम् ॥

५ सालौटगीका शिलालेख, इं० ए० जिल्द ४, पृ० ६०।

पुष्पदन्तने अपने महापुराणमें भरतका बहुत कुछ परिचय दिया है। उसके सिवाय उन्होंने उसकी अधिकांश सन्धियोंके प्रारम्भमें कुछ प्रशस्तिपद्य पीछेसे भी जोड़े हैं जिनकी संख्या ४८ है[1]। उनमेंसे छह (५, ६, १६, ३०, ३५, ४८) तो शुद्ध प्राकृतके हैं और शेष संस्कृतके। इनमेंसे ४२ पद्योंमें भरतका जो गुण-कीर्तन किया गया है, उससे भी उनके जीवनपर विस्तृत प्रकाश पड़ता है। उक्त सारा गुणानुवाद हो सकता है कि कवित्वपूर्ण होनेके कारण अतिशयोक्तिमय हो, परन्तु कविके स्वभावको देखते हुए उसमें सचाई भी कम नहीं होगी।

वे सारी कलाओं और विद्याओंमें कुशल थे, प्राकृत कवियोंकी रचनाओंपर मुग्ध थे, उन्होंने सरस्वती-सुरभिका दूध पिया था। लक्ष्मी उन्हें चाहती थी। वे सत्यप्रतिज्ञ और निर्मत्सर थे। युद्धोंका बोझ ढोते ढोते उनके कन्धे घिस गये थे[2], अर्थात् उन्होंने अनेक लड़ाइयाँ लड़ी थीं।

बहुत ही मनोहर, कवियोंके लिए कामधेनु, दीन-दुखियोंकी आशा पूरी करनेवाले, चारों ओर प्रसिद्ध, परस्त्रीपराङ्मुख, सच्चरित्र, उन्नतमति और सुजनोंके उद्धारक थे[3]।

उनका रंग साँवला था, हाथीकी सूंडके समान उनकी भुजायें थीं, अङ्ग सुडौल थे, नेत्र सुन्दर थे और वे सदा प्रसन्नमुख रहते थे[4]।

भरत बहुत ही उदार और दानी थे। कविके शब्दोंमें बलि, जीमूत, दधीचि आदिके स्वर्गगत हो जानेसे त्याग गुण अगत्या भरत मन्त्रीमें ही आकर बस गया था।

---

१ बम्बईके सरस्वती-भवनमें महापुराणकी जो बहुत ही अशुद्ध प्रति है उसकी ४२ वी सन्धिके बाद एक 'हरति मनसो मोहं' आदि अशुद्ध पद्य अधिक दिया हुआ है। जान पड़ता है अन्य प्रतियोंमें शायद इस तरहके और भी कुछ पद्य होंगे।

२ णीसेसकलाविण्णाणकुसलु।
पाययकइकव्वरसावलुद्धु, संपीयसरासइसुरहिदुद्धु॥
कमलच्छु अमच्छरु सच्चसंधु, रणभरधुरधरणुग्घुट्ठखंधु।

३ सविलासविलासिणिहियहथेणु, सुपसिद्धमहाकइकामधेणु।
काणीणदीणपरिपूरियासु, जसपसरपसाहियदसदिसासु॥
पररमणिपरम्मुहु सुद्धसीलु, उण्णयमइ सुयणुद्धरणलीलु।

४ श्यामरुचिनयनसुभग लावण्यप्रायमङ्गमादाय।
भरतच्छलेन सम्प्रति कामः कामाकृतिमुपेतः॥

एक सूक्तिमें कहा है कि भरतके न तो गुणोंकी गिनती थी और न उनके शत्रुओंकी[1]।

बावडी, कुए, तालाब, और जैनवसति या मन्दिर छोड़कर सुबुद्धि भरतने संसार-समुद्रको पार करनेके लिए यह नौकाके तुल्य महापुराण बनवाया, सो इससे किसका हृदय उनकी वन्दना नहीं करना चाहता ![2]

पुष्पदन्तकी मित्रता होनेसे भरतका महल विद्याविनोदका स्थान बन गया। वहाँ पाठक निरन्तर पढ़ते थे, गायक गाते थे और लेखक सुन्दर काव्य लिखते थे[3]।

## गृह-मन्त्री नन्न

ये भरतके पुत्र थे। नन्नको महामात्य नहीं किन्तु वल्लभनरेन्द्रका गृहमन्त्री लिखा है। उनके विषयमें कविने थोड़ा ही लिखा है परन्तु जो कुछ लिखा है, उससे मालूम होता है कि वे भी उनका अपने पिताके समान आदर करते थे, तथा अपने ही महलमें रखते थे।

नागकुमारचरितकी प्रशस्तिके[4] अनुसार वे प्रकृतिसे सौम्य थे, उनकी कीर्ति

१ धनधवलताश्रयाणामचलस्थितिकारिणा मुहुर्भ्रमताम्।
गणनैव नास्ति लोके भरतगुणानाममरीणां च ॥

२ वापीकूपतडागजैनवसतीस्त्यक्त्वेह यत्कारितं,
भव्यश्रीभरतेन सुन्दरधिया जैनं पुराणं महत्।
तत्कृत्वा प्रवरात्तम रविकृति (?) संसारवार्धे सुखं,
कोऽन्यत् स्वसहसो (?) स्ति, कस्य हृदयं न वन्दितुं नेहते ॥

३ इह पठितमुदारं वाचकैर्गायमानं इह लिखितमजस्रं लेखकैश्चारुकाव्यं।
गतिवति कविमित्रे मित्रतां पुष्पदन्ते भरत तव गृहेऽस्मिन्भाति विद्याविनोदः ॥

४ मुहतुंगभवणवावारभारणिव्वहणवीरधवलस्स।
कोंडिल्लगोत्तणहससहरस्स पयईए सोमस्स ॥ १
कुंदव्वागब्भसमुब्भवस्स सिरिभरहभट्टतणयस्स।
जसपसरभरियभुवणोयरस्स जिणचरणकमलभसलस्स ॥ २
अणवरयरइयवरजिणहरस्स जिणभवणपूयणिरयस्स ॥
जिणसासणायमुद्धारणस्स मुणिदिण्णदाणस्स ॥ ३
कलिमलकलंकपरिवज्जियस्स, जियदुविहवइरिणियरस्स ॥
कारुण्णकंदणवजलहरस्स, दीणजणसरणस्स ॥ ४ ॥
णिवलच्छीकीलासरवरस्स वाएसरिणिवासस्स।
णिस्सेसविउसविज्जाविणोयणिरयस्स सुद्धहियस्स ॥ ५ ॥

सारे लोकमें फैली हुई थी, उन्होंने जिनमन्दिर बनवाये थे, वे जिनचरणोंके भ्रमर थे और जिनपूजामें निरत रहते थे, जिनशासनके उद्धारक थे, मुनियोंको दान देते थे, पापरहित थे, बाहरी और भीतरी शत्रुओंको जीतनेवाले थे, दयावान्, दीनोंके शरण, राजलक्ष्मीके क्रीडासरोवर, सरस्वतीके निवास, तमाम विद्वानोंके साथ विद्या-विनोदमें निरत और शुद्धहृदय थे।

एक प्रशस्तिपद्यमें पुष्पदन्तने नन्नको उनके पुत्रों सहित प्रसन्न रहनेका आशीर्वाद दिया है[1] अर्थात् उनके अनेक पुत्र थे। पर उनके नामोंका उल्लेख नहीं है।

कृष्णराज (तृतीय) के तो वे गृहमंत्री थे ही परन्तु उनकी मृत्युके बाद खोट्टिगदेवके और शायद उनके उत्तराधिकारी कर्क (द्वितीय) के भी वे मंत्री रहे होंगे। क्योंकि यशोधरचरितके अन्तमें कविने लिखा है कि जिस नन्नने बड़े भारी दुष्कालके समय—जब कि सारा जनपद नीरस हो गया था, दुस्सह दुःख व्याप्त हो रहा था, जगह-जगह मनुष्योंकी खोपड़ियाँ और कंकाल फैले पड़े थे, सर्वत्र रंक ही रंक दिखलाई पड़ते थे,—सरस भोजन, सुन्दर वस्त्र और ताम्बूलादिसे मेरी खातिर की, वह चिरायु हो[2]। निश्चय ही मान्यखेटकी लूट और बरबादीके बादकी दुर्दशाका यह चित्र है और तब खोट्टिगदेवकी मृत्यु हो चुकी थी।

## कुछ परिचित जन

पुष्पदन्तने अपने ग्रन्थोंमें भरत और नन्नके सिवाय कुछ और लोगोंका भी उल्लेख किया है। मेलपाटीमें पहुँचनेपर सबसे पहले उन्हें दो पुरुष मिले जिनके नाम अम्मइय और इन्द्रराय थे। ये वहाँके नागरिक थे और इन्होंने भरतमंत्रीकी प्रशंसा करके उनके यहाँ नगरमें चलनेका आग्रह किया। उत्तरपुराणके अन्तमें सबकी शान्ति-कामना करते हुए उन्होंने सन्त, देवल्ल, भोगल्ल, सोहण, गुणवर्म, दंगइय और संतइयका उल्लेख किया है। इनमेंसे सन्तको बहुगुणी, दयावान् और भाग्यवान् बतलाया है। देवल्ल संतका पुत्र था जिसने महापुराणका सारी पृथिवीमें

---

१ स श्रीमानिह भूतले सह सुतैर्नन्नाभिधो नन्दतात्।

२ जणवयनीरसि, दुरियमलीमसि, करुणिदायरि, दुसहे दुहयरि
पडियकवालइ, णरककालइ, बहुरकालइ अइदुक्कालइ।
पवरागारिं सरसाहारिं सण्हि चेलि, वरतंबोलिं,
महु उवयारिउ पुण्णि पेरिउ गुणभत्तिल्लउ, णण्णु महल्लउ। होउ चिराउसु

प्रसार किया । भोगल्लको चतुर्विधदानदाता, भरतका परम मित्र, अनुपमचरित्र और विस्तृतयशवाला बतलाया है। शोभन और गुणवर्मको निरन्तर जिनधर्मका पालनेवाला कहा है । नागकुमारचरितके अनुसार ये महोदधिके शिष्य थे । इन्होंने नागकुमारचरितकी रचना करनेकी प्रेरणा की थी। दंगइय और संतइयकी भी शान्ति-कामना की है । नागकुमारचरितमें दंगइयको आशीर्वाद दिया है कि उसका रत्नत्रय विशुद्ध हो । नाइल्ल और सीलइयका भी उल्लेख है। इन्होंने भी नागकुमारचरित रचनेका आग्रह किया था ।

## समकालीन राजा

महापुराणकी उत्थानिकामें कहा है कि इस समय 'तुडिगु महानुभाव' राज्य कर रहे हैं। इस 'तुडिगु' शब्दपर 'कृष्णराजः' टिप्पण दिया हुआ है। कृष्णराज दक्षिणके सुप्रसिद्ध राष्ट्रकूटवंशमें हुए हैं और अपने समयके महान् सम्राट् थे। 'तुडिगु' उनका घरू प्राकृत नाम था। इस तरहके घरू नाम राष्ट्रकूट और चालुक्य वंशके प्रायः सभी राजाओंके मिलते हैं[१]।

वल्लभनरेन्द्र, वल्लभराय, शुभतुंगदेव और कण्हराय नामसे भी कविने उनका उल्लेख किया है।

अमोघवर्ष तृतीय या बद्दिगके तीन पुत्र थे—तुडिगु या कृष्ण तृतीय, जगत्तुंग और खोट्टिगदेव। कृष्ण सबसे बड़े थे जो अपने पिताके बाद गद्दीपर बैठे और चूँकि दूसरे जगत्तुंग उनसे छोटे थे तथा उनके राज्यकालमें ही स्वर्गगत हो गये थे, इस लिए तीसरे पुत्र खोट्टिगदेव गद्दीपर बैठे। कृष्णके पुत्रका इस बीच देहान्त हो गया था और पौत्र भी छोटा था, इसलिए खोट्टिगदेवको अधिकार मिला।

कृष्ण तृतीय राष्ट्रकूट वंशके सबसे अधिक प्रतापी और सार्वभौम राजा थे। इनके पूर्वजोंका साम्राज्य उत्तरमें नर्मदा नदीसे लेकर दक्षिणमें मैसूर तक फैला हुआ था जिसमें सारा गुजरात, मराठी म० प्र०, और निजाम राज्य शामिल

१ जैसे गोज्जिग, बद्दिग, तुडिग, पुट्टिग, खोट्टिग आदि।

२ वल्लभराय पदवी पहले दक्षिणके चौलुक्य राजाओंकी थी, पीछे जब उनका राज्य राष्ट्रकूटोंने जीत लिया तब इस वंशके राजा भी इसका उपयोग करने लगे। अरब लेखकोंने मानकिरके बल्हरा नामक बलाढ्य राजाओंका जो उल्लेख किया है वह मान्यखेटके 'वल्लभराज' पद धारण करनेवाले इन्हीं राजाओंको ही लक्ष्य करके किया है।

था। मालवा और बुन्देलखण्ड भी उनके प्रभावक्षेत्रमे थे। इस विस्तृत साम्राज्यको कृष्ण तृतीयने और भी बढाया और दक्षिणका सारा अन्तरीप भी अपने अधिकारमें कर लिया। कहाड़के ताम्रपत्रोंके[1] अनुसार उन्होंने पाण्ड्य और केरलको हराया, सिंहलसे कर वसूल किया और रामेश्वरमें अपनी कीर्तिवल्लरीको लगाया। ये ताम्रपत्र मई सन् ९५९ ( श० स० ८८१ ) के हैं और उस समय लिखे गये हैं जब कृष्णराज अपने मेलपाटीके सेना-शिविरमें ठहरे हुए थे और अपना जीता हुआ राज्य और धन-रत्न अपने सामन्तो और अनुगतोंको उदारतापूर्वक बॉट रहे थे[2]। इनके दो ही महिने बाद लिखी हुई श्रीसोमदेवसूरिकी यशस्तिलक-प्रशस्तिसे भी इसकी पुष्टि होती है[3]। इस प्रशस्तिमे उन्हें पाण्ड्य, सिंहल, चोल, चेर आदि देशोंका जीतनेवाला लिखा है।

देवलीके[4] शिलालेखसे मालूम होता है कि उसने कांचीके राजा दन्तिगको और वप्पुकको मारा, पल्लव-नरेश अन्तिगको हराया, गुर्जरोंके आक्रमणसे मध्य भारतके कलचुरियोंकी रक्षा की और अन्य शत्रुओंपर विजय प्राप्त की। हिमालयसे लेकर लंका और पूर्वसे लेकर पश्चिम समुद्र तकके राजा उसकी आज्ञा मानते थे। उसका साम्राज्य गंगाकी सीमाको भी पार कर गया था।

चोलदेशका राजा परान्तक बहुत महत्त्वाकांक्षी था। उसके कन्याकुमारीमें मिले हुए शिलालेखमें[5] लिखा है कि उसने कृष्ण तृतीयको हराकर वीर चोलकी पदवी धारण की। किस जगह हराया और कहा हराया, यह कुछ नही लिखा। बल्कि इसके विरुद्ध ऐसे अनेक प्रमाण मिले हैं जिनसे सिद्ध होता है कि ई० स० ९४४ ( श० ८६६ ) से लेकर कृष्णके राज्य-कालके अन्त तक चोलमण्डल कृष्णके ही अधिकारमे रहा। तब उक्त लेखमें इतनी ही सचाई हो सकती है कि सन् ९४४ के आसपास वीरचोलको राष्ट्रकूटोंके साथकी लड़ाईमें थोडी-सी अल्पकालिक सफलता मिली होगी।

१ एपिग्राफिया इंडिका जिल्द ४ पृ० २७८।

२ वदीणदिण्णधण-कणयपयरु महिपरिभमतु मेलाडिणयरु।

३ " पाण्ड्यसिंहल-चोल-चेरमप्रभृतीन्महीपतीन्प्रसाध्य "।

४ जर्नल बाम्बे ब्राच रा० ए० सो० जिल्द १८, पृ० २३९ और लिस्ट आफ इन्स्क्रिप्शन्स सी० पी० एण्ड बरार, पृ० ८१।

५ त्रावणकोर आर्कि० सीरीज जि० ३, पृ० १४३, श्लोक ४८।

दक्षिण अर्काट जिलेके सिद्धलिंगमादम स्थानके शिलालेखमें[1] जो कृष्ण तृतीयके पाँचवें राज्य-वर्षका है उसके द्वारा कांची और तंजोरके जीतनेका उल्लेख है और उत्तरी अर्काटके शोलापुरम स्थानके ई० स० ९४९-५० ( श० सं० ८७१ ) के शिलालेखमें[2] लिखा है कि उस साल उसने राजादित्यको मारकर तोडयि-मंडल य चोलमण्डलमें प्रवेश किया। यह राजादित्य परान्तक या वीरचोलका पुत्र था और चोल-सेनाका सेनापति था[3]। कृष्ण तृतीयके बहनोई और सेनापति भूतुगने इसे इसके हाथीके हौदेपर आक्रमण करके मारा था और इसके उपलक्षमें उसे वनवासी प्रदेश उपहार मिला था।

ई० सन् ९१५ ( शक स० ८१७ ) में राष्ट्रकूट इन्द्र ( तृतीय )ने परमार-राजा उपेन्द्र ( कृष्ण ) को जीता था और तबसे कृष्ण तृतीय तक परमार राजे राष्ट्रकूटोंके माण्डलिक थे। उस समय गुजरात भी परमारोंके अधीन था।

परमारोंमें सीयक या श्रीहर्ष राजा बहुत पराक्रमी था। जान पड़ता है इसने कृष्ण तृतीयके आधिपत्यके विरुद्ध सिर उठाया होगा और इसी कारण कृष्णको उस-पर चढ़ाई करनी पड़ी होगी और उसे जीता होगा। इस अनुमानकी पुष्टि श्रवण-बेल्गोलके मारसिंहके शिलालेखसे[4] होती है जिसमें लिखा है कि उसने कृष्ण तृती-यके लिए उत्तरीय प्रान्त जीते और बदलेमें उसे 'गुर्जर-राज' का खिताब मिला। इसी तरह होलकेरीके[5] ई० स० ९६७ और ९६८ के शिलालेखोंमें मारसिंहके दो सेनापतियोंको 'उज्जयिनी-भुजग' पदको धारण करनेवाला बतलाया है। ये गुर्जर-राज और उज्जयिनी-भुजंग पद स्पष्ट ही कृष्णद्वारा सीयकके गुजरात और मालवेके जीते जानेका संकेत करते हैं।

सीयक उस समय तो दब गया, परन्तु ज्यों ही पराक्रमी कृष्णकी मृत्यु हुई कि उसने पूरी तैयारीके साथ मान्यखेटको बुरी तरह लूटा और बरबाद किया।

पाइय-लच्छी नाममालाके कर्त्ता धनपालके कथनानुसार यह लूट वि० सं०

---

१ मद्रास एपिग्राफिकल कलेक्शन १९०९ न० ३७५।

२ ए० इ० जि० ५, पृ० १९५। ४ ए० इ० जि० १९, पृ० ८३।

३ आर्किलाजिकल सर्वे आफ साउथ इंडिया जि० ४, पृ० २०१।

४ ए० इ० जि० ५, पृ० १७९।

५ ए० इ० जि० ११, न० २३-३३।

१०२९ ( श० सं० ८९४ ) में हुई और शायद इसी लड़ाईमें खोट्टिगदेव मारा गया। क्योंकि इसी साल उत्कीर्ण किया हुआ खरडाका शिलालेख[1] खोट्टिगदेवके उत्तराधिकारी कर्क ( द्वितीय ) का है।

कृष्ण तृतीय ई० स० ९३९ ( श० सं० ८६१ ) के दिसम्बरके आसपास गद्दीपर बैठे होंगे। क्यों कि इस वर्षके दिसम्बरमें इनके पिता बद्दिग जीवित थे और कोल्गलुको शिलालेख फाल्गुन सुदी ६ शक स० ८८९ का है जिसमें लिखा है कि कृष्णकी मृत्यु हो गई और खोट्टिगदेव गद्दीपर बैठा। इससे उनका २८ वर्ष तक राज्य करना सिद्ध होता है, परन्तु कित्तूर ( द० अर्काट ) के वीरत्तनेश्वर मन्दिरका शिलालेख[2] उनके राज्यके ३० वे वर्षका लिखा हुआ है। विद्वानोका खयाल है कि ये राजकुमारावस्थामें, अपने पिताके जीते जी ही राज्यका कार्य सँभालने लगे थे, इसीसे शायद उस समयके दो वर्ष उक्त तीस वर्षके राज्य-कालमें जोड़ लिये गये हैं।

राष्ट्रकूटों और कृष्ण तृतीयका यह परिचय कुछ विस्तृत इस लिए देना पड़ा जिससे पुष्पदन्तके ग्रन्थोंमें जिन बातोंका जिक्र है, वे ठीक तौरसे समझमें आ जायँ और समय निर्णय करनेमें भी सहायता मिले।

## समय-विचार

महापुराणकी उत्थानिकामें कविने जिन सब ग्रथों और ग्रन्थकर्ताओंका उल्लेख किया है[4], उनमें सबसे पिछले ग्रन्थ धवल और जयधवल हैं[5]। पाठक जानते हैं

---

१ ए० इ० जि० १२, पृ० २६३। २ मद्रास ए० क० १९१३ न० २३६। ३ मद्रास एपिग्राफिक कलेक्शन सन् १९०२, न० २३२।

४—अकलक, कपिल ( साख्यकार ), कणचर या कणाद ( वैशेषिकदर्शनकर्ता ), द्विज ( वेदपाठक ), सुगत ( बुद्ध ), पुरदर ( चार्वाक ), दन्तिल, विशाख ( सगीतशास्त्रकर्ता ), भरत ( नाट्यशास्त्रकार ), पतजलि, भारवि, व्यास कोहल ( कुष्माण्ड कवि ), चतुर्मुख, स्वयभु, श्रीहर्ष ( हर्षवर्द्धन ), द्रोण, ईशान, बाण, धवल-जयधवल-सिद्धान्त, रुद्रट, और यशश्चिह्न, इतनोंका उल्लेख किया गया है। इनमेंसे अकलक, चतुर्मुख और स्वयभु जैन हैं। द्रोणका उल्लेख राजशेखरने ' शार्ङ्गधर-पद्धति ' मे किया है जो कुलाल था।—

सरस्वतीपवित्राणा जातिस्तत्र न कारणम्। व्यासस्पर्द्धी कुलालोऽभूद्यद्द्रोणो भारते कवि ॥

गाथा सप्तशतीकी २७५ और ८४ गाथाओंका रचयिता ईशान बाणभट्टका समकालीन और मित्र था। सातवीं सदी ( ईस्वी ) का पूर्वार्ध।

५ णउ बुज्झिउ आयमसद्दधामु, सिद्धंतु धवलु जयधवलु णाम।

कि वीरसेन शिष्य जिनसेनने अपने गुरुकी अधूरी छोड़ी हुई टीका जयधवलाको श० सं० ७५९ मे राष्ट्रकूटनरेश अमोघवर्ष ( प्रथम ) के समयमें समाप्त की थी। अतएव यह निश्चित है कि पुष्पदन्त उक्त संवत्के बाद ही किसी समय हुए हैं, पहले नहीं।

रुद्रटका समय श्रीयुत काणे और दे के अनुसार ई० सन् ८००—८५० के अर्थात् श० सं० ७२२ और ७७२ के बीच है। इससे भी लगभग उपर्युक्त परिणाम निकलता है।

अभी हाल ही डा० ए० एन० उपाध्येको अपभ्रंश भाषाका 'धम्मपरिक्खा' नामका ग्रंथ मिला है जिसके कर्त्ता बुध ( पंडित ) हरिषेण हैं, जो धक्कड़वंशीय गोवर्द्धनके पुत्र और सिद्धसेनके शिष्य थे। धक्कड़कुलको सिरिउजपुर या सिरोजसे निर्गत बतलाया है। वे चित्तौड़ ( मेवाड़ ) के रहनेवाले थे और उसे छोड़कर कार्यवश अचलपुर ( एलिचपुर ? ) गये थे[1]। वहाँपर उन्होंने वि० सं० १०४४ में अपना यह ग्रंथ समाप्त किया था[2]। इस ग्रंथके प्रारम्भमें अपभ्रंशके चतुर्मुख, स्वयंभु और पुष्पदन्त इन तीन कवियोंका स्मरण किया गया है[3]। इससे सिद्ध है कि वि० सं० १०४४ या श० स० ९०९ से पहले ही पुष्पदन्त एक महाकविके रूपमें प्रसिद्ध हो चुके थे। अर्थात् पुष्पदन्तका समय ७५९ और ७०९ के बीच होना चाहिए। न तो उनका समय समय श० स० ७५९ के पहले जा सकता है और न ९०९ के बाद।

अब यह देखना चाहिए कि वे श० सं० ७५९ ( वि० सं० ८९४ ) से कितने बाद हुए हैं।

---

१ इह मेवाडदेसे जणसकुले, सिरिउजपुरणिग्गयधक्कडकुले।
गोवद्धणु णामें उप्पण्णओ, जो सम्मत्तरयणसपुण्णओ॥
तहो गोवद्धणासुपियगुणवइ, जा जिणवरपय णिच्चवि पणवइ।
ताए जणिउ हरिसेणणाम सुओ, जो संजाउ विबुहकइविस्सुओ॥
सिरिचित्तउडु चएवि अचलउरेहो, गउ णियकज्जे जिणहरपउरहो।
तहि छंदालंकारपसाहिय, धम्मपरिक्ख एह ते साहिय॥

२ विक्कमणिवपरियत्तइ कालए, ववगए वरिस सहसचउतालए।

३ चउमुहु कव्वविरयणे सयंभुवि, पुप्फयंतु अण्णाणणिसुंभवि।
तिण्णवि जोग्ग जेण त सासइ, चउमुहमुहे थिय ताम सरासइ।
जो सयंभु सो देउ पहाणउ, अहकह लोयालोय वि याणउ।
पुप्फयंतु णवि माणुसु वुच्चइ, जो सरसइए कयावि ण मुच्चइ।

कविने अपने ग्रंथोंमें तुडिगु[1], शुभतुंग[2], वल्लभनरेन्द्र[3] और कण्हरायका उल्लेख किया है और इन सब नामोंपर ग्रंथोंकी प्रतियों और टिप्पण-ग्रंथोंमें 'कृष्णराजः' टिप्पणी दी है। इसका अर्थ यह हुआ कि ये सभी नाम एक ही राजाके हैं। वल्लभराय या वल्लभनरेन्द्र राष्ट्रकूट राजाओंकी सामान्य पदवी थी, इसलिए यह भी मालूम हो गया कि कृष्ण राष्ट्रकूटवंशके राजा थे।

राष्ट्रकूटोंकी राजधानी पहले मयूरखंडी ( नासिक ) में थी, पीछे अमोघवर्ष ( प्रथम ) ने श० सं० ७३७ में उसे मान्यखेटमें प्रतिष्ठित की। पुष्पदन्तने नागकुमारचरितमें कहा है कि कण्हराय ( कृष्णराज ) की हाथकी तलवाररूपी जलवाहिनीसे जो दुर्गम है और जिसके धवलगृहोंके शिखर मेघावलीसे टकराते हैं, ऐसी बहुत बड़ी मान्यखेट नगरी है[4]।

राष्ट्रकूटवंशमें कृष्ण नामके तीन राजा हुए हैं, एक तो वे जिनकी उपाधि शुभतुंग थी। परन्तु उनके समय तक मान्यखेट राजधानी ही नहीं थी, इसलिए पुष्पदतका मतलब उनसे नहीं हो सकता।

द्वितीय कृष्ण अमोघवर्ष ( प्रथम ) के उत्तराधिकारी थे, जिनके समयमें गुणभद्राचार्यके उत्तरपुराणका पूजा-महोत्सव हुआ था और जिन्होंने श० सं० ८३३ तक राज्य किया है। परन्तु इसके साथ भी उन सब बातोंका मेल नहीं खाता जिनका पुष्पदन्तने उल्लेख किया है। इसलिए कृष्ण तृतीयको ही हम उनका समकालीन मान सकते हैं। क्योंकि—

१—जैसा कि पहले बतलाया जा चुका है चोलराजाका सिर कृष्णराजने कटवाया था[5], इसके प्रमाण इतिहासमें मिलते हैं और चोल देशको कृष्ण तृतीयने अपने अधिकारमें कर लिया था।

२—यह चोलनरेश 'परान्तक' ही मालूम होता है जिसने वीर-चोलकी पदवी धारण की थी।

---

१ भुवणेक्करामु रायाहिराउ, जहि अच्छइ 'तुडिगु' महाणुभाउ। म० पु० १-३-३

२ सुहतुंगदेवकमकमलभसलु, णीसेसकलाविण्णाणकुसलु। म० पु० १-५-२

३ वल्लभणरिंदघरमहत्तरामु। यशोधर च० का प्रारंभ।

४ सिरिकण्हरायकरयलणिहिय असिजलवाहिणि दुग्गयरि।
धवलहरसिहरिहयमेहउलि पविउल मण्णखेडणयरि॥

५ उव्वद्धजूडु भूभंगभीसु, तोडेप्पिणु चोडहो तणउ सीसु।

३—धारानरेश-द्वारा मान्यखेटके लूटे जानेका जो उल्लेख पुष्पदन्तने किया है,[1] वह भी कृष्ण द्वितीयके साथ मेल नहीं खाता। यह घटना कृष्णराज तृतीयकी मृत्युके बाद खोट्टिगदेवके समय की है और इसकी पुष्टि अन्य प्रमाणोंसे भी होती है। धनपालने अपनी 'पाइय-लच्छी नाममाला' (प्राकृतलक्ष्मी) में लिखा है कि वि० सं० १०२९ मे मालव-नरेन्द्रने मान्यखेटको लूटा[2]।

मान्यखेटको किस मालव-राजाने लूटा, इसका पता परमार राजा उदयादित्यके समयके उदयपुर (ग्वालियर) के शिलालेखमें[3] परमार राजाओंकी जो प्रशस्ति दी है उससे लगता है। उसके १२ वें पद्यमें लिखा है कि हर्षदेवने खोट्टिगदेवकी राज्यलक्ष्मीको युद्धमें छीन लियी[4]।

ये हर्षदेव ही धारानरेश थे, जो सीयक (द्वितीय) या सिंहभट भी कहलाते थे, और जैसा कि पहले बताया जा चुका है, जिनपर कृष्ण तृतीयने चढ़ाई की थी। खोट्टिगदेव कृष्ण तृतीयके भाई और उत्तराधिकारी थे।

४—महापुराणकी रचना जिस सिद्धार्थ संवत्सरमें शुरू की गई थी, उसी संवत्सरमें सोमदेवने अपना यशस्तिलक चम्पू समाप्त किया था और उस समय कृष्ण तृतीयका पड़ाव मेलपाटीमें था। पुष्पदन्तने भी अपने ग्रन्थ-प्रारंभके समय कृष्णराजका मेलपाटीमें रहनेका उल्लेख किया है। साथ ही यशस्तिलककी प्रशस्तिमें उनको चोल आदि देशोंका जीतनेवाला भी लिखा है[5]। ऐसी दशामें पुष्पदन्तका कृष्ण तृतीयके समयमें होना निःसंशयरूपसे सिद्ध हो जाता है।

पहले उक्त मेलपाटीमें ही पुष्पदन्त पहुँचे थे, सिद्धार्थ संवत्सरमें ही उन्होंने अपना महापुराण प्रारम्भ किया था और यह सिद्धार्थ श० सं० ८८१ ही था।

---

१ दीनानाथधनं सदाबहुजनं प्रोत्फुल्लवल्लीवनं,
मान्याखेटपुरं पुरन्दरपुरीलीलाहरं सुन्दरम्।
धारानाथनरेन्द्रकोपशिखिना दग्धं विदग्धप्रियं,
क्वेदानीं वसतिं करिष्यति पुनः श्रीपुष्पदन्तः कविः॥

२ विक्कमकालस्स गए अउणत्तीसुत्तरे सहस्सम्मि।
मालवणरिंदधाडीए लूडिए मण्णखेडम्मि॥ २७६॥

३ एपिग्राफिआ इंडिका जिल्द १, पृ० २२६।

४ श्रीहर्षदेव इति खोट्टिगदेवलक्ष्मीं, जग्राह यो युधि नगादसमप्रतापः।

५ देखो, पृ० २५९ में यशस्तिलककी प्रशस्ति।

मेलपाटी या मेलाडिमें श० ८८१ में कृष्णराज थे, इसके और भी प्रमाण मिले हैं जो ऊपर दिये जा चुके हैं।

इन सब प्रमाणोंसे हम इस निष्कर्षपर पहुँचते हैं कि श० सं० ८८१ में पुष्पदन्त मेलपाटीमें भरत महामात्यसे मिले और उनके अतिथि हुए। इसी साल उन्होंने महापुराण शुरू करके उसे श० सं० ८८७ में समाप्त किया। इसके बाद उन्होंने नागकुमार-चरित और यशोधर-चरित बनाये। यशोधर-चरितकी समाप्ति उस समय हुई जब मान्यखेट लूटा जा चुका था। यह श० सं० ८९४ के लगभगकी घटना है। इस तरह वे ८८१ से लेकर कमसे कम ८९४ तक, लगभग तेरह वर्ष, मान्यखेटमें महामात्य भरत और नन्नके सम्मानित अतिथि होकर रहे, यह निश्चित है। उसके बाद वे और कब तक जीवित रहे, यह नहीं कहा जा सकता।

बुध हरिषेणकी धर्मपरीक्षा मान्यखेटकी लूटके कोई पन्द्रह वर्ष बादकी रचना है। इतने थोड़े ही समयमें पुष्पदन्तकी प्रतिभा प्रसिद्ध हो चुकी थी।

## एक शंका

महापुराणकी ५० वीं सन्धिके प्रारंभमें जो 'दीनानाथधनं' आदि संस्कृत पद्य है और जिसमें मान्यखेटके नष्ट होनेका संकेत है, वह श० सं० ८९४ के बादका है और महापुराण ८८७ में ही समाप्त हो चुका था। शंका होती है कि वह उसमें कैसे आया?

क्यों कि उक्त पद्य ग्रन्थका अविच्छेद्य अंग नहीं है। इस तरहके अनेक पद्य महापुराणकी भिन्न भिन्न संधियोंके प्रारंभमें दिये गये हैं जो भिन्न भिन्न समयमें रचे जाकर पीछेसे जोड़े गये हैं और अधिकांश भरतकी प्रशंसाके हैं। ग्रन्थ-रचना-क्रमसे जिस तिथिको जो संधि प्रारंभ की गई, उसी तिथिको उसमें दिया हुआ पद्य निर्मित नहीं हुआ। यही कारण है कि सभी प्रतियोंमें ये पद्य एक ही स्थानपर नहीं मिलते। एक पद्य एक प्रतिमें जिस स्थानपर है, दूसरी प्रतिमें उस स्थानपर न होकर किसी और ही स्थानपर है। किसी किसी प्रतिमें उक्त पद्य न्यूनाधिक भी हैं। अभी बम्बईके सरस्वतीभवनकी प्रतिमें हमें एक पूरा

पद्य[1] और एक अधूरा पद्य अधिक भी मिला है[2] जो अन्य प्रतियोंमें नहीं देखा गया।

यशोधरचरितकी दूसरी, तीसरी और चौथी सन्धियोंमें भी इसी तरहके तीन संस्कृत पद्य नन्नकी प्रशंसाके हैं जो अनेक प्रतियोंमें हैं ही नहीं। इससे यही जान पड़ता है कि ये सभी या अधिकांश पद्य भिन्न भिन्न समयोंमें रचे गये हैं और प्रतिलिपियाँ कराते समय पीछेसे जोड़े गये हैं। गरज यह कि 'दीनानाथधनं' आदि पद्य मान्यखेटकी लूटके बाद ही लिखा गया है और उसके बाद जो प्रतियाँ लिखी गईं, उनमें जोड़ा गया है। निश्चय ही यह पद्य उसके पहले जो प्रतियाँ लिखी जा चुकी होंगी उनमें न होगा।

इस प्रकारकी एक प्रति महापुराणके सम्पादक डा० पी० एल० वैद्यको नाँदणी (कोल्हापुर) के श्री तात्या साहब पाटीलसे मिली है जिसमें उक्त पद्य नहीं हैं[3]। ८९४ के पहलेकी लिखी हुई इस तरहकी और भी प्रतियोंकी प्रतिलिपियाँ मिल सकती हैं।

## एक और शंका

'महाकवि पुष्पदन्त और उनका महापुराण' शीर्षक लेख मैंने 'भाण्डारकर इन्स्टिटयूट' पूनाकी वि० सं० १६३० की लिखी हुई जिस प्रतिके आधारसे लिखा था उसमें प्रशस्तिकी तीन पंक्तियाँ इस रूपमें हैं—

पुप्फयंतकइणा धुयपंके, जइ अहिमाणमेरुणामंकें।
कयउ कव्वु भत्तिए परमत्थें, छसयछडोत्तर कयसामत्थें॥
कोहणसंवच्छरे आसाढए, दहमय दियहे चंदरुइरूढए।

इसके 'छसयछडोत्तरकयसामत्थें' पदका अर्थ उस समय यह किया गया था कि यह ग्रन्थ शकसंवत् ६०६ में समाप्त हुआ[4]। परन्तु पीछे जब गहराईसे विचार

१ हरति मनसो मोहं द्रोहं महाप्रियजन्तुज। भवतु भविनां दंभारंभः प्रशान्तिकृतो।
जिनवरकथा ग्रन्थप्रस्तागमितस्त्वया। कथय कमयं नोयस्तीने गुणान् भरतप्रभो।
यह पद्य बहुत ही अशुद्ध है। —४२ वीं सन्धिके बाद

२ आकल्पं भरतेश्वरस्तु जयताद्येनादरात्कारिता।
श्रेष्ठाय भुवि मुक्तये जिनकथा तत्त्वामृतस्यन्दिनी।—४३ वीं सन्धिके बाद

३ देखो, महापुराण प्र० ख०, डा० पी० एल० वैद्य-लिखित भूमिका पृ० १७।

४ स्व० बाबा दुलीचन्दजीकी ग्रन्थ-सूचीमें भी पुष्पदन्तका समय ६०६ दिया हुआ है।

किया तब पता लगा कि ६०६ संवत्का नाम क्रोधन हो ही नहीं सकता, चाहे वह शक सवत् हो, विक्रम संवत् हो, गुप्त संवत् हो, या कलचुरि सवत हो। इसलिए उक्त पाठके सही होनेमें सन्देह होने लगा। 'छसयछडोत्तर' तो, खैर ठीक, पर 'कयसामत्थें' का अर्थ दुरूह हो गया। तृतीयान्त पद होनेके कारण उसे कविका विशेषण बनानेके सिवाय और कोई चारा नहीं। यदि बिन्दी निकालकर उसे सप्तमी समझ लिया जाय, तो भी 'कृतसामर्थ्ये' का कोई अर्थ नहीं बठता। अतएव शुद्ध पाठकी खोज की जाने लगी।

सबसे पहले डा० हीरालालजी जैनने अपने 'महाकवि पुष्पदन्तके समयपर विचार' लेखमें बतलाया कि कारंजाकी प्रतिमें उक्त पाठ इस तरह दिया हुआ है—

> पुप्फयंतकइणा धुयपंकें, जइ अहिमाणमेरुणामंके।
> कयउ कव्वु भत्तिए परमत्थें, जिणपयपंकयमउलियहत्थें।
> कोहणसंवच्छरे आसाढए, दहमइ दिवहे चंदरुइरूढए॥

अर्थात् क्रोधन संवत्सरकी आसाढ़ सुदी १० को जिन भगवानके चरण-कमलोंके प्रति हाथ जोड़े हुए अभिमानमेरु, धूतपंक (धुल गये हैं पाप जिसके), और परमार्थी पुष्पदन्त कविने भक्तिपूर्वक यह काव्य बनाया।

यहाँ बम्बईके सरस्वती-भवनमें जो प्रति (१९३ क) है, उसमें भी यही पाठ है और हमारा विश्वास है कि अन्य प्रतियोंमें भी यही पाठ मिलेगा।

ऐसा मालूम होता है कि पूनेवाली प्रतिके अर्द्धदग्ध लेखकको उक्त स्थानमें सिर्फ मिती लिखी देखकर संवत्-सख्या देनेकी जरूरत महसूस हुई और उसकी पूर्ति उसने अपनी विलक्षण बुद्धिसे स्वयं कर डाली।

यहाँ यह बात नोट करने लायक है कि कविने सिद्धार्थ संवत्सरमें अपना ग्रन्थ प्रारम्भ किया और क्रोधन संवत्सरमें समाप्त। न वहाँ शक संवत् दिया और न यहाँ।

## तीसरी शंका

पं० जुगलकिशोरजी मुख्तारने नीचे लिखी प्रशस्तिके आधारपर 'जसहरचरिउ' की रचनाका समय वि० सं० १६६५ बतलाया था—

१ जैनसाहित्य संशोधक भाग २, अंक ३-४।

२ देखो, जैनजगत् (१ अक्टूबर सन् १९२६) में 'महाकवि पुष्पदन्तका समय'।

किउ उवरोहें जस्स कइयइ एउ भवंतर ।
तहो भव्वहु णामु पायडमि पयडउ धर ॥ २९ ॥
चिरु पट्टणे छंगेसाहु साहु, तहो सुउ खेला गुणवंतु साहु ।
तहो तणुरुहु बीसलु णाम साहु, वीरोसाहुणि यिहि सुलहु णाहु ॥
सोयारु सुणणगुणगणसणाहु, एक्कइया चिंतइ चित्ति लाहु ।
हो पंडियठक्कुर कण्हपुत्त, उवयारियवल्लहपरममित्त ॥
कइपुप्फयंति जसहरचरित्तु, किउ सुट्ठु सद्दलक्खणविचित्तु ।
पेसहि तहिं राउलु कउलु अज्जु (¹), जसहरविवाहु तह जणियचोज्जु ।
सयलहं भवभमणभवंतराइं, महु वछिउ करहि णिरंतराइं ॥
ता साहुसमीहिउ कियउ सव्वु, राउलुविवाहु भवभमणु भव्वु ।
वक्खाणिउ पुरउ हवेइ जाम, संतुट्ठउ बीसलु साहु ताम ।
जोइणिपुरवरि णिवसंतु सिट्ठु, साहुहि घरे सुत्थियणहु घुट्ठु ॥
पणसट्ठिसहिय तेरहसयाइं, णिवविक्कमसंवच्छरगयाइं ।
वइसाहपहिल्लइ पक्खि बीय, रविवारि समित्थउ मिरसतीय ॥
चिरु वत्थुबंधि कइ कियउ जं जि, पद्धडियबंधि मइ रइउ तं जि ।
गंधव्वें कण्हडणंदणेण, आयहं भवाइं किय थिरमणेण ।
महु दोसु ण दिज्जइ पुव्वि कइउ, कइवच्छराइं तं सुत्तु लइउ ॥

परन्तु वास्तवमें इन पंक्तियोंका भावार्थ यह है —

" जिसके उपरोध या आग्रहसे कविने यह पूर्वभवोंका वर्णन किया ( अब मैं ) उस भव्यका नाम प्रकट करता हूँ। पहले पट्टण या पानीपतमें छंगे साहु नामके एक साहु थे । उनके खेला साहु नामके गुणी पुत्र हुए । फिर खेला साहुके बीसल साहु हुए जिनकी पत्नीका नाम वीरो था । वे गुणी श्रोता थे । एक दिन उन्होंने अपने चित्तमें सोचा ( और कहा ) कि हे कण्हके पुत्र पंडित ठक्कुर ( गन्धर्व ), वल्लभराय ( कृष्ण तृतीय ) के परम मित्र और उपकारित कवि पुष्पदन्तने सुन्दर और शब्दलक्षणविचित्र जो जसहरचरित बनाया है उसमें यदि राजा और कौलका प्रसंग, यशोधरका आश्चर्यजनक विवाह और सबके भवांतर और प्रविष्ट कर दो, तो मेरा मन-चाहा हो जाय । तब मैंने वही सब कर दिया, जो साहुने चाहा

१ 'पट्टण' पर 'पानीपत' टिप्पणी दी हुई है।

था — राउलु ( राजा ) और कौलका प्रसंग, विवाह और भवांतर । फिर जब बीसल साहुके सामने व्याख्यान किया, सुनाया, तब वे सन्तुष्ट हुए । योगिनीपुर ( दिल्ली ) में साहुके घर अच्छी तरह सुस्थितिपूर्वक रहते हुए विक्रम राजाके १३६५ संवत्में पहले वैशाखके दूसरे पक्षकी तीज रविवारको यह कार्य पूरा हुआ । पहले कविने जिसे वस्तुछन्दमें किया था, वही मैंने पद्धडी-बद्ध रचा । कन्हडके पुत्र गन्धर्वने स्थिर मनसे भवांतरोंको कहा है । इसमें कोई मुझे दोष न दे । क्योंकि पूर्वमें वच्छरायने यह कहा था । उसीके सूत्रको लेकर मैंने कहा । ''

इसके आगेका घत्ता और प्रशस्ति स्वयं पुष्पदन्तकृत है जिसमें उन्होंने अपना परिचय दिया है ।

पूर्वोक्त पद्योंसे स्पष्ट होता है कि गन्धर्व कविने दिल्लीमें पानीपतके रहनेवाले बीसल साहु नामक धनीकी प्रेरणासे तीन प्रकरण स्वयं बना कर पुष्पदन्तके यशोधरचरितमें पीछेसे सं० १३६५ में शामिल किये हैं और कहाँ कहा शामिल किये हैं, सो भी यथास्थान ईमानदारीसे बतला दिया है । देखिए—

१ पहली सन्धिके चौथे कडवककी ' चाएण कण्णु विहवेण इंदु ' आदि पंक्तिके बाद आठवें कडवकके अन्त तककी ८१ पंक्तियाँ गन्धर्वरचित हैं जिनमें राजा मारिदत्त और भैरवकुलाचार्यका सलाप है । उनके अन्तमें कहा है —

'' गंधव्वु भणइ मइं कियउ एउ, णिव-जोईसहो संजोयमेउ ।
अग्गइ कइरायपुप्फयंतु सरसइणिलउ ।
देवियहि सरूउ वण्णइ कइयणकुलतिलउ ॥ ''

अर्थात् गन्धर्व कहता है कि यह राजा और योगीश ( कौलाचार्य ) का संयोग-भेद मैंने कहा । अब आगे सरस्वतीनिलय कविकुलतिलक कविराज पुष्पदंत ( मैं नहीं ) देवीका स्वरूप वर्णन करते हैं ।

२ पहली ही सन्धिके २४ वे कडवककी ' पोढत्तणि पुट्ठि पलट्टियंगु ' आदि पंक्तिसे लेकर २७ वे कडवक तककी ७९ पंक्तियाँ भी गन्धर्वकी हैं । इसे उन्होंने ७९ वीं पंक्तिमें इस तरह स्पष्ट किया है—

'' जं वासवसेणिं पुव्व रइउ, तं पेक्खवि गंधव्वेण कहिउ । ''

अर्थात् वासवसेनने पूर्वमें (ग्रन्थ) रचा था, उसको देखकर ही यह गंधर्वने कहा।[1]

३ चौथी सन्धिके २२ वें कड़वककी 'जज्जरिउ जेण बहुभेयकम्म' आदि १५ वीं पंक्तिसे लेकर आगेकी १७२ पंक्तियाँ भी गंधर्वकी हैं। इसके आगे भी कुछ पंक्तियाँ प्रकरणके अनुसार कुछ परिवर्तित करके लिखी गई हैं[2]। फिर एक घत्ता और १५ पंक्तियाँ गंधर्वकी हैं जो ऊपर भावार्थसहित दे दी गई हैं।

इस तरह इस ग्रथमें सब मिलाकर ३३५ पंक्तियाँ प्रक्षिप्त हैं और वे ऐसी हैं कि जरा गहराईसे देखनेमे पुष्पदन्तकी प्रौढ़ और सुन्दर रचनाके बीच छुप भी नहीं सकतीं। अतएव गंधर्वके क्षेपकोंके सहारे पुष्पदन्तको विक्रमकी चौदहवीं शताब्दिमें नहीं लाया जा सकता।

इसके सिवाय बहुत थोड़ी ही प्रतियोंमे, सो भी उत्तर भारतकी प्रतियोंमें—ही यह प्रक्षिप्त अंश मिलता है। बम्बईके तेरहपंथी जैनमन्दिरकी जो वि० स० १३९० की लिखी हुई अतिशय प्राचीन प्रति है, उसमें गन्धर्वरचित उक्त पंक्तियाँ नहीं हैं और ऐलक पन्नालाल सरस्वती-भवनकी दो प्रतियोंमें भी नहीं हैं[3]।

---

१ श्रीवासवसेनके इस यशोधरचरितकी प्रति बम्बईमें (न० ६०४ क) मौजूद है। यह संस्कृतमे है। इसकी अन्तिम पुष्पिकामें 'इति यशोधरचरिते मुनिवासवसेनकृते काव्ये अष्टम सर्ग- समाप्त' वाक्य है। प्रारम्भमें लिखा है 'प्रभजनादिभि· पूर्व हरिषेणसमन्वितैः, यदुक्त तत्कथ शक्य मया बालेन भाषितुम्।' इससे मालूम होता है कि उनसे पूर्व प्रभजन और हरिषेणने यशोधरके चरित लिखे थे। इन्होंने अपने समय और कुलादिका कोई परिचय नही दिया। परन्तु इतना निश्चित है कि वे गन्धर्व कविसे अर्थात् संवत् (१३६५) से पहले हुए है। इस ग्रन्थकी एक प्रति प्रो० हीरालालजीने जयपुरके बाबा दुलीचन्दजीके भंडारमें भी देखी थी और उसके नोट्स लिये थे। हरिषेण शायद वे ही हो, जिनकी धर्मपरीक्षा (अपभ्रंश) अभी डा० उपाध्येको मिली है।

२ अपरिवर्तित पाठ मुद्रित ग्रन्थमें न होनेके कारण यहाँ दे दिया जाता है—

सो जसवइ सो कल्लाणमित्तु, सो अभयणाउ सो मारिदत्तु।
वणिकुलपकयबोहणदिणेसु, सो गोवड्ढणु गुणगणविसेसु॥
सा कुसुमावलि पालियति गुत्ति, सा अभयमइत्ति णरिंदपुत्ति।
भव्वइं दुण्णयणिण्णासणेण, तउ चएवि चारु सण्णासणेण।
कालें जंतें सव्वइ मयाइ, जिणधम्मे सग्गग्गहो गयाइ॥

३ बम्बईके सरस्वती-भवनमें जो (८०४ क) संस्कृतछायासहित प्रति है उसमें 'जिणधम्मे सग्गग्गहो गयाइ'के आगे प्रक्षिप्त पाठकी 'गंधव्वें कण्हडणंदणेण' आदि केवल दो पंक्तियाँ न न जाने कैसे आ पड़ी है। इस प्रतिमें इन दो पंक्तियोंको छोड़कर और कोई प्रक्षिप्त अंश नहीं है।

# पद्मनन्दिकी जंबुदीव-पण्णत्ति

जैनसाहित्यमें करणानुयोगके ग्रन्थोंकी एक समय बहुत प्रधानता रही है।[1] जिन ग्रन्थोंमें ऊर्ध्वलोक, अधोलोक, और मध्यलोकका; चारों गतियोंका, और युगोंके परिवर्तन आदिका वर्णन रहता है, वे सब ग्रन्थ करणानुयोगके अन्तर्गत समझे जाते हैं। आजकलकी भाषामें हम जैनधर्मके करणानुयोगको एक तरहसे भूगोल और खगोल-शास्त्रकी समष्टि कह सकते हैं। दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनों ही सम्प्रदायोंमें इस विषयके सैकड़ों ग्रन्थ हैं और उनमें अधिकांश बहुत प्राचीन हैं। इस विषयपर जैन लेखकोंने जितना अधिक लिखा है उतना शायद ही संसारके किसी सम्प्रदायके लेखकोंने लिखा हो। परम्परासे यह विश्वास चला आता है कि इन सब परोक्ष और दूरवर्ती क्षेत्रों या पदार्थोंका वर्णन साक्षात् सर्वज्ञ भगवानने अपनी दिव्य-ध्वनिमें किया था। जान पड़ता है कि इसी अटल श्रद्धाके कारण इस प्रकारके साहित्यकी इतनी अधिक वृद्धि हुई और हजारों वर्ष तक यह जैनधर्मके सर्वज्ञप्रणीत होनेका अकाट्य प्रमाण समझा जाता रहा।

हिंदुओंके पौराणिक भू-वर्णनको पढ़नेसे ऐसा मालूम होता है कि दो ढाई हजार बरस पहले भारतके प्राय: सभी संप्रदायवालोंका पृथ्वीके आकार प्रकार और द्वीप-समुद्र-पर्वतादिक सम्बन्धमें करीब करीब इसी प्रकारकी धारणायें थीं, जिस प्रकारकी जैनधर्मके करणानुयोगमें पाई जाती हैं। पृथ्वी थालीके समान गोल और चपटी है, उसमें अनेक द्वीप और समुद्र है, द्वीपके बाद समुद्र और समुद्रके बाद द्वीप, इस प्रकार क्रम चला गया है; जम्बूद्वीपके बीचमें नाभिके तुल्य सुमेरु पर्वत है, इत्यादि। परन्तु पीछेके आर्यभट्ट, भास्कराचार्य आदि महान् ज्योतिषियोंने पूर्वोक्त विचारोंको बिलकुल ही बदल डाला। इसका फल यह हुआ कि इस

---

[1] लोकालोकविभक्तेर्युगपरिवृत्तेश्चतुर्गतीनां च।
आदर्शमिव यथामतिरवैति करणानुयोगं च॥—रत्नकरण्ड श्रा०

विषयका जो प्रारंभिक हिन्दू साहित्य था उसका बढ़ना तो दूर रहा, वह धीरे धीरे क्षीण होता गया और इधर चूँकि जैन विद्वानोंका विश्वास था कि यह साक्षात् सर्वज्ञ-प्रणीत है, अतएव वे इसे बढ़ाते ही चले गये।

यह करणानुयोगका वर्णन केवल इस विषयके स्वतंत्र ग्रन्थोंमें ही नहीं है, इसने प्रथमानुयोग या कथानुयोगादिके ग्रन्थोका भी बहुत अधिक स्थान रोका है। दिगम्बर संप्रदायके महापुराण, हरिवंशपुराण, पद्मपुराणादि प्रधान प्रधान पुराणोंमें तथा अन्य चरित्र-ग्रन्थोंमे भी यह खूब विस्तारके साथ लिखा गया है। श्वेतांबर सम्प्रदायके कथा-ग्रन्थोंका भी यही हाल है। बल्कि उसके तो आगम-ग्रन्थोंमे भी इसकी विपुलता है। भगवती सूत्र ( व्याख्याप्रज्ञप्ति ) आदि अंग और जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति, सूर्यप्रज्ञप्ति, चन्द्रप्रज्ञप्ति आदि उपांग ग्रन्थ करणानुयोगके ही वर्णनसे भरे हुए हैं।

दिगम्बर संप्रदायमे इस विषयका सबसे प्राचीन ग्रन्थ लोक-विभाग है और उसके बादका 'तिलोयपण्णत्ति' ( त्रिलोकप्रज्ञप्ति )। इन दोनों ग्रंथोंका परिचय अन्यत्र दिया जा चुका है। जंबूद्वीपप्रज्ञप्ति नामका और एक ग्रंथ माथुरसघी अमितगतिका भी कहा जाता है जो अब उपलब्ध नहीं है। अमितगतिने पंचसग्रह, भगवती आराधना आदि अनेक प्राकृत ग्रन्थोंका संस्कृतमे रूपान्तर किया है। संभव है कि जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति भी ऐसे ही किसी प्राकृत ग्रन्थका रूपान्तर हो। जंबुदीवपण्णत्ति नामका ग्रन्थ श्वेताम्बर संप्रदायका भी है। इसका संकलन करनेवाले सुधर्मास्वामी गणधर हैं। यहा छट्ठा उपांग है और आगम-शैलीसे लिखा हुआ है।[१]

दिगम्बरसम्प्रदायकी जंबुदीवपण्णत्तिकी दो प्रतियाँ हमने देखी हैं; एक स्वर्गीय दानवीर शेठ माणिकचन्द्रजीके चौपाटीके ग्रन्थ-भाण्डारमे और दूसरी पूनेके भाण्डारकर ओरिएण्टल रिसर्च इन्स्टिटयूटमे। पहली प्रति सावन वदि १२ सं० १९६० की लिखी हुई है और यह सेठजीने अजमेरसे लिखवाकर मँगवाई थी। दूसरी प्रतिपर उसके लिखे जानेका समय नहीं दिया है; परन्तु वह कुछ प्राचीन मालूम होती है।

---

१ इसकी श्लोकसंख्या ४१४६ है। मुर्शिदाबादके राय धनपतिसिंह बहादुरके द्वारा यह वाचनाचार्य रामचन्द्रगणिकृत संस्कृतटीका और चन्द्रभाणकृत भाषाटीकासहित छप चुका है।

डॉ० ए० एन० उपाध्येके अनुसार इसकी भाषा सौरसेनी प्राकृत है। यह ग्रन्थ गाथाबद्ध है। इसमें १३ उद्देश या अध्याय, २४२७ गाथायें और भरत, ऐरावत पूर्व विदेह, उत्तर विदेह, देवकुरु, उत्तरकुरु, लवणसमुद्र, ज्योतिषपटल आदिका वर्णन है जो त्रिलोकप्रज्ञप्तिकी अपेक्षा कुछ संक्षिप्त है।

इसके कर्ताका नाम पउमणंदि या पद्मनन्दि है। वे अपनी गुरुपरम्परा इस प्रकार बतलाते हैं—वीरनन्दि, बलनन्दि और पद्मनन्दि। अपने लिए उन्होंने गुणगणकलित, त्रिदण्डरहित, त्रिशल्यपरिशुद्ध, त्रिगारवरहित, सिद्धान्तपारगामी, तप-नियम-योग-युक्त, ज्ञानदर्शनचारित्रोद्युक्त और आरम्भकरणरहित विशेषण दिये हैं। उन्होंने अपने गुरुओंके भी ज्ञान और तप आदिकी प्रशंसा की है। उन्होंने विजय गुरुके निकट जिनवदनविनिर्गत सुपरिशुद्ध आगमको श्रवण करके, उनके ही कृपामाहात्म्यसे इस ग्रन्थकी रचना की है। वे विजयगुरुका विशेष परिचय नहीं देते, इससे उनकी गुरुपरम्परापर कोई प्रकाश नहीं पड़ता।

माघनन्दी नामके एक और विख्यात गुरु थे जो राग-द्वेष-मोहसे रहित, श्रुतसागरके पारगामी, प्रगल्भ मतिमान, और तपःसंयमसपन्न थे। उनके शिष्य सकलचन्द्र गुरु हुए, जो नियमों और शीलका पालन करते थे, गुणी थे और सिद्धान्त महोदधिमें जिन्होंने अपने पापोंको धो डाला था। इन्हींके शिष्य नन्दि-गुरुके लिए—जो सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्र्यसम्पन्न थे—यह ग्रन्थ बनाया गया।

पद्मनन्दि जिस समय बारानगरमें थे, उस समय यह ग्रन्थ रचा गया है। इस नगरकी प्रशंसामें लिखा है कि उसमें वापिकायें, तालाब, और भवन बहुत थे, भिन्न भिन्न प्रकारके लोगोंसे वह भरा हुआ था, बहुत ही रम्य था, धनधान्यसे परिपूर्ण था। सम्यग्दृष्टिजनोंसे, मुनियोंके समूहसे और जैन मंदिरोंसे विभूषित था। यह नगर पारियत्त (पारियात्र) नामक देशके अन्तर्गत था। बारा नगरके प्रभु या राजाका नाम शंक्ति या शक्तिकुमार था। वह सम्यग्दर्शन-शुद्ध, व्रती, शीलसम्पन्न, दानी, जिनशासनवत्सल, वीर, गुणी, कलाकुशल और नरपतिसंपूजित था।

हेमचन्द्रने अपने कोशमें लिखा है—"उत्तरो विन्ध्यात्पारियात्रः"। अर्थात् विन्ध्याचलके उत्तरमें पारियात्र है। यह पारियात्र शब्द पर्वतवाची और प्रदेशवाची भी है। विन्ध्याचलकी पर्वतमालाका पश्चिम भाग जो नर्मदा तटसे शुरू

१ पूनेकी प्रतिमें सन्ति (शान्ति) और बम्बईकी प्रतिमें सत्ति (शक्ति) पाठ है।

होकर खंभाततक जाता है और उत्तर भाग जो अर्बलीकी पर्वतश्रेणीतक गया है पारियात्र कहलाता है। अतः पूर्वोक्त बारानगर इसी भूभागके अन्तर्गत होना चाहिए। राजपूतानेके कोटा राज्यमें जो बारा नामका कसबा है वही बारानगर है। क्योंकि वह पारियात्र देशकी सीमाके भीतर ही आता है। नन्दिसंघकी पट्टावलीके[1] अनुसार बारामें एक भट्टारकोंकी गद्दी भी रही है और उसमें वि० स० ११४४ से १२०६ तकके १२ भट्टारकोंके नाम दिये हैं। इससे भी जान पड़ता पड़ता है कि सम्भवतः ये सब पद्मनन्दि या माघनन्दिकी ही शिष्यपरम्परामें हुए होंगे और यही बारा ( कोटा ) जम्बूदीपप्रज्ञप्तिके निर्मित होनेका स्थान होगा।

ज्ञानप्रबोध नामक पद्यबद्ध भाषाग्रन्थमें कुन्दकुन्दाचार्यकी एक कथा दी है। उसमें कुन्दकुन्दको इसी बारापुर या बाराके धनी कुन्दश्रेष्ठी और कुन्दलताका पुत्र बतलाया है। पाठक जानते हैं कि कुन्दकुन्दका एकनाम पद्मनन्दि भी है। जान पड़ता है कि जम्बूद्वीपप्रज्ञप्तिके कर्ता पद्मनन्दिको ही भ्रमवश कुन्दकुन्द समझकर ज्ञानप्रबोधके कर्ताने कुन्दकुन्दका जन्म-स्थान कर्नाटकके कोण्डकुण्डपुरके बदले बारा बतला दिया है। कुन्दकुन्द नामकी उपपत्ति बिठानेके लिए कुन्दलता और कुन्दश्रेष्ठीकी कल्पना भी उन्हींके उर्वर मस्तिष्ककी उपज है, जैसे उमा माता और स्वाति पिताकी सन्तान उमास्वाति। पर इससे यह बात बहुत कुछ निश्चित हो जाती है कि कोटा राज्यके इसी बारामें यह ग्रन्थ निर्मित हुआ है।[2]

पद्मनन्दिने अपने संघ, गण, अन्वय आदिका कोई उल्लेख नहीं किया। उनकी गुरुपरम्परा और श्रीनन्दिकी गुरुपरम्परा भी—जिनके निमित्त यह ग्रन्थ बनाया गया—समयके विषयमें कोई सहायता नहीं देती। पद्मनन्दि नामके अनेक विद्वान् हो गये हैं परन्तु उनमें ऐसा कोई नहीं जान पड़ता जिसके गुरु बलनन्दि और प्रगुरु वीरनन्दि हों। इसी तरह श्रीनन्दि भी ऐसे कोई नहीं मिले जिनके गुरु सकलचन्द्र और प्रगुरु माघनन्दि हों।

राजपूतानेका इतिहास ( ओझा ) के अनुसार गुहिलोत वंशके राजा नरवाहनका पुत्र शालिवाहन वि० स० १०३०–३५ के लगभग मेवाड़का शासक था जिसका उत्तराधिकारी और पुत्र शक्तिकुमार हुआ। इसी शक्तिकुमारके

१ देखो जैनसिद्धान्तभास्कर किरण ४ और इण्डियन एण्टिक्वेरीकी २० वीं जिल्द।

२ सुना है कि बारामें पद्मनन्दिकी एक निषिद्या भी है।

समयमें जंबुद्दीवपण्णत्तिकी रचना हुई जान पड़ती है। इसके राजत्वकालके तीन शिलालेख अब तक मिले हैं—

(१) वि० सं० १०३४ वैशाख शुक्ला १ का आटपुर (आहाड़) में कर्नल टाडको मिला[1]। इसमें गुहदत्त (गुहिल) से शक्तिकुमार तककी पूरी वंशावली दी है। इसमें उसे प्रभुशक्ति, मन्त्रशक्ति और उत्साहशक्तिसे सम्पन्न कहा है।

(२) आहाड़के जैनमन्दिरकी देवकुलिकावाला लेख[2]। इसका संवत्वाला अंश जाता रहा है।

(३) आहाड़के जैनमन्दिरकी सीढ़ीमें मामूली पत्थरके स्थानपर लगा हुआ लेख[3]।

हस्तिकुंडी (हथूंडी) के राठोड़ राजा धवल और उसके पुत्र बालप्रसादके समयके वि० सं० १०५३ माघ शुक्ला १३ के शिलालेखसे मालूम होता है कि जब मुंजने मेदपाट (मेवाड़) के मदरूप आघाट-(आहाड) को तोड़ा उस समय धवलने मेवाड़-सैन्यकी सहायता की थी। मुंज शक्तिकुमारका समकालीन था, इस लिए मुंजकी चढ़ाई शक्तिकुमारके समयकी घटना है। मुंजने केवल आहाड़को तोड़ा हो, इतना ही नहीं किन्तु चितौड़का दुर्ग तथा उसके आसपासका कुछ प्रदेश भी अपने राज्यमें मिला लिया था, ऐसा जान पड़ता है। क्यों कि मुंजका उत्तराधिकारी और छोटे भाई सिन्धुराजका पुत्र भोजदेव चित्तौड़के किलेमें रहा करता था और उसने अपने उपनाम 'त्रिभुवननारायण' की स्मृतिमें त्रिभुवननारायण नामक शिवमन्दिर भी बनवाया था जिसे इस समय मोकलजीका मन्दिर कहते है। भोजके पीछे चितौड़का किला परमारोंके अधीन कब तक रहा, इसका ठीक निश्चय अब तक नहीं हुआ, परन्तु गुजरातके सिद्धराज जयसिंहने १२ वर्ष तक मालवेके परमार राजा नरवर्मा और उसके पुत्र यशोवर्मासे लड़कर जिस समय मालवेपर अपना अधिकार जमाया, उस समय चित्तौड़ भी मालवेके जयसिंहके अधीन रहा हो, ऐसा अनुमान होता है। उसके उत्तराधिकारी कुमारपालके दो शिलालेख[4] चित्तौड़में मिले हैं। कुमारपालके पीछे चित्तौड़पर फिर मेवाड़के राजाओंका अधिकार हुआ।

---

१ शालिवाहनकी राजधानी आहाड़ या आटपुरमें थी। इस नगरके खण्डहर उदयपुरके पास विद्यमान है। २ इंडियन ए० जि० ३९ पृ० १९१। ३ यह अभी तक कहीं नहीं छपा। ४ उदयपुर म्यूजियममें सुरक्षित।

इस सब विवरणसे हम इस नतीजे पर पहुँचते हैं कि शक्तिकुमार मेवाड़का गुहिल-वंशी राजा ही था जिसके समयमें जबुदीवपण्णत्तिका निर्माण हुआ। परन्तु वह उस समय आहाड़ ( मेवाड़ ) का नहीं, बारानगरका प्रभु था। परमारों द्वारा चित्तौड़ और मेवाड़की पुरानी राजधानी आहाड़ ले ली गई होगी और वह वहाँसे हटकर बचे खुचे राज्यका संचालन करता होगा। नरपतिसंपूजित विशेषणसे पता चलता है कि तब तक लोग उसे पुराना सम्मान ही देते थे और उसने अपने राज्यके उद्धारकी आशा नहीं छोड़ी थी।

जैनमन्दिरोंके लेखोंसे वह जिन-शासनवत्सल भी मालूम होता है, यद्यपि वह पाशुपत मतका अनुयायी था। बारा चित्तौड़से बहुत ज्यादा दूर नहीं है।

मुंजने वि० स० १०५३ के लगभग मेवाड़की राजधानी आहाड़को तोड़ा था, अतएव उसके बाद ही किसी समय शक्तिकुमारका निवासस्थान बारा हुआ होगा और वही जंबूदीपपण्णत्तिका रचनाकाल जान पड़ता है।

डा० हीरालाल जैनने तिलोयपण्णत्तिकी भूमिकामें इस ग्रन्थकी आराधना, मूलाचार, हरिवंश, तिलोकसार, जबुदीवपण्णत्ति आदिसे तुलना करते हुए लिखा है कि जबुदीवपण्णत्तिमें तिलोकसारकी अनेक गाथायें ज्योंकी त्यों पाई जाती हैं, अतः यदि वे उससे भी प्राचीन किसी अन्य ग्रन्थकी नहीं हैं तो यह प्रायः निश्चित है कि इसकी रचना तिलोकसारके पश्चात् हुई है और तिलोकसारका रचनाकाल वि० सं० १०५० के लगभग है। अतएव शक्तिकुमारके समय विक्रमकी ग्यारहवीं शताब्दिके उत्तरार्धमें जंबुदीवपण्णत्तिका रचा जाना ठीक ही है।

'धम्मरसायण' नामका एक और ग्रन्थ भी पद्मनन्दिका रचा हुआ है। यद्यपि उसमें उनके गुरु आदिका कोई उल्लेख नहीं है, फिर भी वह प्राकृतमें है, इसलिए बहुत संभव है कि वह इन्हीं पद्मनन्दिका हो। पद्मनन्दि नामके और जितने ग्रंथकर्त्ताओंका पता लगता है वे प्रायः संस्कृतके ही हैं।

इस ग्रन्थमें भगवान् महावीरके बादकी आचार्य-परम्परा इस प्रकार दी है—

विपुलाचलके ऊँचे शिखरपर विराजमान् वर्द्धमान् जिनेन्द्रने गौतममुनिको प्रमाणनयसंयुक्त अर्थ कहा। उन्होंने लोहार्यको और लोहार्यने, जिनका नाम सुधर्मा भी है, जम्बूस्वामीको कहा। ये तीनों गणधर, गुणसमग्र और निर्मल चार ज्ञानके धारी थे। ये केवलज्ञानको प्राप्त करके मोक्षको प्राप्त हुए। इनके बाद

नन्दि, नन्दिमित्र, अपराजित, गोवर्धन, भद्रबाहु ये पाँच पुरुषश्रेष्ठ चौदह पूर्व और बारह अंगके धारक हुए। इनके बाद क्रमसे विशाखाचार्य, प्रोष्ठिल, क्षत्रिय, जय, नाग, सिद्धार्थ, धृतिषेण, विजय, बुद्धिल, गंगदेव और धर्मसेन, ये दस पूर्वधारी हुए। फिर नक्षत्र, यशःपाल, पाण्डु, ध्रुवसेन, और कंस ये पाँच ग्यारह अगके धारक हुए। इनके बाद सुभद्र, यशोभद्र, यशोबाहु और अन्तिम लोह ( लोहाचार्य ) ये आचारांगके धारक हुए।

इस परम्परासे यह एक विशेष बात मालूम हुई कि सुधर्मास्वामीका दूसरा नाम लोहार्य भी था। लोहार्य नामके एक और भी आचार्य हुए हैं जो आचारांग-धारी थे। उन्हें दूसरा लोहाचार्य समझना चाहिए। श्रवणबेल्गोलकी चन्द्रगुप्त-बस्तिके शिलालेखके—' महावीरसवितरि परिनिर्वृते भगवत्परमर्षि-गौतमगणधर-साक्षाच्छिष्यलोहार्य-जम्बु—xx' आदि वाक्यमें जो लोहार्यको गौतमगणधरका साक्षात् शिष्य लिखा है, उसका भी इससे खुलासा हो जाता है। अभीतक इस बातका स्पष्ट उल्लेख कहीं भी नहीं मिला था कि सुधर्मास्वामीका दूसरा नाम लोहार्य था।

इस परम्परामें और त्रिलोकप्रज्ञप्तिकी परम्परामें कोई अन्तर नहीं है। गुणभद्रकृत उत्तर-पुराण, ब्रह्म हेमचन्द्रकृत श्रुतस्कन्ध, और इन्द्रनन्दिकृत श्रुताव-तारमें भी बिलकुल यही परम्परा दी हुई है। परन्तु हरिवंशपुराण, नन्दिसंघ-बलात्कारगण-सरस्वतीगच्छकी प्राकृत पट्टावली, सेनगणकी पट्टावली और काष्ठा-संघकी पट्टावलीमें नन्दिकी जगह विष्णु नाम मिलता है[1]। इसके सिवाय नन्दि-संघकी पूर्वोक्त पट्टावलीमें और काष्ठासंघकी पट्टावलीमें यशोबाहुके स्थानमें भद्रबाहु नाम है। जान पड़ता है नन्दिका पूरा नाम विष्णुनन्दि होगा और वही कहीं नन्दि और कहीं विष्णुरूपमें लिख दिया गया है। इसी तरह यशोबाहुका नामान्तर भद्रबाहु होगा।

लोहाचार्य तककी गुरुपरम्परा दिगम्बर संप्रदायमें एक-सी मानी जाती है। इसमें कोई मतभेद नहीं है। परन्तु श्वेताम्बर सम्प्रदायमें जम्बूस्वामीके बाद जो परम्परा मानी जाती है, वह इससे सर्वथा भिन्न है।

जंबुद्दीवपण्णत्तिका आदि और अंतका कुछ भाग नीचे दिया जाता है—

---

१ देखो, जैनसिद्धान्तभास्कर किरण १।

देवासुरिंदमहिदे दमट्ठक्खूणु कम्मपरिहीणे ।
केवलणाणालोए सद्धम्मुवएसदे अरुहे ॥ १ ॥......
ते वंदिऊण सिरसा वोच्छामि जहाकमेण जिणदिट्ठं ।
आयरियपरंपरया पण्णत्तिं दीवजलधीणं ॥ ६ ॥

*　　*　　*

विउलगिरितुंगसिहरे जिणिंदइंदेण वड्ढमाणेण ।
गोदममुणिस्स कहिदं पमाणणयसजुदं अत्थं ॥ ९ ॥
तेण वि लोहज्जस्स य लोहज्जेण य सुधम्मणामेण ।
गणधरसुधम्मणा खलु जंबूणामस्स णिद्दिट्ठं ॥ १० ॥
चदुरमलबुद्धिसहिदे तिण्णेदे गणधरे गुणसमग्गे ।
केवलणाणपईवे सिद्धि पत्ते णमंसामि ॥ ११ ॥
णंदी य णंदिमित्तो अवराजिदमुणिवरो महातेओ ।
गोवड्ढणो महप्पा महागुणो भद्दबाहू य ॥ १२ ॥
पंचेदे पुरिसवरा चउदसपुव्वी हवंति णायव्वा ।
बारस अंगधरा खलु वीरजिणिंदस्स णायव्वा ॥ १३ ॥
तह य विसाखायरिओ पोट्ठिल्लो खत्तिओ य जयणामो ।
णागो सिद्धत्थो वि य धिदिसेणो विजयणामो य ॥ १४ ॥
बुद्धिल्ल-गंगदेवो धम्मसेणो य होइ पच्छिमओ ।
पारंपरेण एदे दसपुव्वधरा समक्खादा ॥ १५ ॥
णक्खत्तो जसपालो पण्डु धुवसेण-कंस-आयरिओ ।
एयारसअंगधरा[1] पंचजना होंति णिद्दिट्ठा ॥ १६ ॥
णामेण सुभद्दमुणी जसभद्दो तह य होइ जसबाहू ।
आचारधरा णेया अपच्छिमो लोहणामो य ॥ १७ ॥
आयरियपरंपरया सायरदीवाण तह य पण्णत्ती ।
संखेवेण समत्थं वोच्छामि जहाणुपुव्वीए ॥ १८ ॥

*　　*　　*　　*

१ 'एयारसगधारी' भी पाठ है ।

णाणाणरवइमहिदो विगयभओ सगभंगउम्मुक्को ।
सम्मद्दंसणसुद्धो संजम-तव-सील-संपुण्णो ।। १४३ ।।
जिणवर-वयण विणिग्गयपरमागमदेसओ महासत्तो ।
सिरिणिलओ गुणसहिओ सिरिविजयगुरु त्ति विक्खाओ ।। १४४ ।।
सोऊण तस्स पासे जिणवयणविणिग्गयं अमदभूदं ।
रइदं किंचुद्देसे अत्थपद तह व लद्धूण ।। १४५ ।।

*  *  *

अह तिरिय-उड्ढलोएसु तेसु जे होंति बहुवियप्पा दु ।
सिरिविजयस्स महप्पा ते सव्वे वण्णिदा किंचि ।। १५३ ।।
गयरायदोसमोहो सुदसायरपारओ मइ-पगब्भो ।
तवसंजमसंपण्णो विक्खाओ माघणंदिगुरू ।। १५४ ।।
तस्सेव य वरसिस्सो सिद्धंतमहोदहिम्मि धुयकलुसो ।
णवणियमसीलकलिदो गुणउत्तो सयलचंदगुरू ।। १५५ ।।
तस्सेव य वरसिस्सो णिम्मलवरणाणचरणसजुत्तो ।
सम्मद्दंसणसुद्धो सिरिणंदिगुरु त्ति विक्खाओ ।। १५६ ।।
तस्स णिमित्तं लिहियं जंबूदीवस्स तह य पण्णत्ती ।
जो पढइ सुणइ एद सो गच्छइ उत्तमं ठाणं ।। १५७ ।।
पंचमहव्वयसुद्धो दंसणसुद्धो य णाणसजुत्तो ।
संजमतवगुणसहिदो रागादिविवज्जिदो धीरो ।। १५८ ।।
पंचाचारसमग्गो छज्जीवदयावरो विगदमोहो ।
हरिस-विसाय-विहूणो णामेण य वीरणंदि त्ति ।। १५९ ।।
तस्सेव य वरसिस्सो सुत्तत्थवियक्खणो मइपगब्भो ।
परपरिवादणियत्तो णिस्संगो सव्वसंगेसु ।। १६० ।।
सम्मत्तअभिगदमणो णाणे तह दंसणे चरित्ते य ।
परतंतिणियत्तमणो बलणंदि गुरु त्ति विक्खाओ ।। १६१ ।।
तस्स य गुणगणकलिदो तिदंडरहिदो तिसल्लपरिसुद्धो ।
तिण्णि वि गारवरहिदो सिस्सो सिद्धंतगयपारो ।। १६२ ।।

---

१ 'किंचिद्देसे' भी है। २ 'रइय' पाठ पूनेकी प्रतिमें है।

तवणियमजोगजुत्तो उज्जुत्तो णाणदंसणचरित्ते ।
आरंभकरणरहिदो णामेण य पउमणंदि त्ति ॥ १६३ ॥
सिरिगुरुविजयसयासे सोऊणं आगमं सुपरिसुद्धं ।
मुणि-पउमणंदिणा खलु लिहियं एयं समासेण ॥ १६४ ॥
सम्मद्दंसणसुद्धो कदवदकम्मो सुसीलसपण्णो ।
अणवरयदाणसीलो जिणसासणवच्छलो धीरो ॥ १६५ ॥
णाणागुणगणकलिओ णरवइसंपूजिओ कलाकुसलो ॥
बारा-णयरस्स पहू णरुत्तमो सत्तिभूपालो ॥ १६६ ॥
पोक्खरणिवाविपउरे बहुभवनविहूसिए परमरम्मे ।
णाणाजणसंकिण्णे धणधण्णसमाउले दिव्वे ॥ १६७ ॥
सम्मादिट्ठिजणोघे मुणिगणणिवहेहि मंडिए रम्मे ।
देसम्मि पारियत्ते जिणभवणविभूसिए रम्मे ॥ १६८ ॥
जंबूदीवस्स तहा पण्णत्ती बहु पयत्थसंजुत्त ( त्ता ) ।
लिहियं ( या ) सखेवेणं वाराए अच्छमाणेण ॥ १६९ ॥
छदुमत्थेण विरइय जं किं पि हवेज्ज पवयणविरुद्धं ।
सोधंतु सुगीदत्था तं पवयणवच्छलत्ताए ॥ १७० ॥

* * * *

विउध-वइ-मउडमणिगण-कर-सलिलसुधोय चारुपयकमल
वरपउमणंदिणमियं वीरजिणिंदं णमंसामि ॥ १७६ ॥

इय जंबुदीवपण्णत्तिसंगहे पमाणपरिच्छेदो णाम तेरसो उद्देसो सम्मत्तो ॥ १३ ॥

# चामुण्डराय

चामुण्डरायका घरू नाम 'गोम्मट' था और 'राय' राजा राचमल्लद्वारा मिली हुई पदवी थी, इसलिए गोम्मटराय नामसे भी इनका उल्लेख मिलता है। डा० आदिनाथ उपाध्येने अपने एक लेखमें सप्रमाण सिद्ध किया है कि बाहुबलि स्वामीकी मूर्तिका नाम गोम्मट-जिन या गोम्मटेश्वर इसी कारण प्रसिद्ध हुआ है कि वह चामुण्डरायद्वारा निर्मापित हुई थी और नेमिचन्द्रका पंच-संग्रह भी गोम्मट-सार, गोम्मट-संग्रह, या गोम्मट-संग्रह-सूत्र इसीलिए कहलाया कि वह चामुण्डरायके लिए उनके प्रश्नके अनुरूप धवलादि सिद्धान्तोंपरसे संग्रह किया गया था।[1] 'अण्ण' भी उनका एक बोलचालका नाम था। केवल 'राय' या 'देव' नामसे भी उनका उल्लेख किया गया है। चामुण्डराय ब्रह्म क्षत्रिय-वैश्य कुलके थे[2]। इस कुलके विषयमें हमें कुछ पता नहीं। संभव है, उनके पूर्वज पहले ब्राह्मण और वैश्य रहे हों और पीछे क्षात्रवृत्ति धारण कर ली हो।

वे गंगवंशी राजा राचमल्लके अमात्य (मंत्री) और सेनापति थे। राचमल्ल (चतुर्थ) का राज्य-काल श० सं० ८९६ से ९०६ (वि० सं० १०३१–४१) तक निश्चित है। ये गंग-वज्र मारसिंहके उत्तराधिकारी थे। मारसिंह

---

१ देखो अनेकान्त वर्ष ४ अंक ३-४।

२ बाहुबलिचरितमें चामुण्डरायको 'ब्रह्मक्षत्रिय-वैश्यशुक्ति-मुमणि' कहा है।

३ यह वंश मैसूर प्रान्तमें ईसाकी चौथीसे लेकर ग्यारहवीं सदीतक रहा है। आधुनिक मैसूरका अधिकांश भाग गंगराजाओंके ही अधिकारमें था। इनकी राजधानी पहले कोलार (पालार नदीके किनारे) थी, जो पीछे कावेरीके तटपर तलकाड चली गई थी। इस राजवंशका जैनधर्मसे घनिष्ठ सम्बन्ध रहा है। गोम्मटसारके टीकाकर्त्ता अभयचन्द्रने इसे 'सिंहनन्दिमुनीन्द्राभिनन्दित' राजवंश कहा है। कई जगह सिंहनन्दिको इस राजवंशका जमानेवाला भी बतलाया है।

अजितसेनके शिष्य थे और उन्हींके समीप बंकापुर (धारवाड़) में उन्होंने समाधिपूर्वक देहत्याग किया था।[1] वे बड़े भारी योद्धा थे और उन्होंने अनेक जैनमन्दिर निर्माण कराये थे। जगदेकवीर राचमल्ल भी उन्हींके समान जैनधर्मपर श्रद्धा रखते थे।

चामुण्डराय केवल महामात्य ही नहीं, वीर सेनापति भी थे। उन्होंने अपने स्वामीके लिए अनेक युद्ध जीते थे, गोविन्दराज, वेंकोड्डराज आदि अनेक राजाओंको परास्त किया था और इसके उपलक्ष्यमें उन्हें समर-धुरंधर, वीर-मार्तण्ड, रणरंगसिंह, वैरिकुल-कालदण्ड, असहायपराक्रम, प्रतिपक्षराक्षस, भुजविक्रम, समर-परशुराम आदि विरुद प्राप्त हुए थे और कौन-सी उपाधि किस युद्धके जीतनेपर मिली, इसका भी उल्लेख मिलता है। अपनी सत्यप्रियताके कारण वे सत्ययुधिष्ठिर भी कहे जाते थे।

जैनधर्मनिष्ठ होनेके कारण जैन-ग्रन्थकारोंने उन्हें सम्यक्त्वरत्नाकर, शौचाभरण, गुणरत्नभूषण, देवराज आदि विशेषण भी दिये हैं[2]।

गोम्मटराय या चामुण्डराय तीन कामोंके लिए विख्यात हैं—गोम्मट-संग्रहसूत्र (गोम्मटसार), गोम्मट-शिखर या चन्द्रगिरिके ऊपरके गोम्मट-जिन और दक्षिण-कुक्कुट-जिन। गोम्मटसारमें उसके कर्ता नेमिचन्द्रने इन तीनोंकी जय मनाई है। इनमेंसे गोम्मट-जिन नेमिनाथकी इन्द्रनीलमणिकी उस प्रतिमाके लिए कहा गया है जो चामुण्डराय बस्तिमें थी परन्तु अब उसका पता नहीं कि कहाँ गई और अब उसके बदलेमें एचणके बनवाये हुए मन्दिरमेंसे नेमिनाथकी दूसरी प्रतिमा लाकर

---

१ देखो जैनशिलालेखसंग्रहका ३८ वाँ लेख।

२ नेमिचन्द्रने श्लिष्टरूपमें तीर्थंकर भगवानको भी ऊपर लिखे विशेषण देकर चामुण्डरायका संकेत किया है—

क—असहायजिणवरिंदे असहायपरक्कमे महावीरे। क० का० ३९८

ख—णमिऊण णेमिचंदं असहायपरक्कमं महावीरं।—कर्मकाण्ड ८७

ग—णमिऊण णेमिणाहं सच्चजुहिट्ठिरणमंसियंघिजुगं। क० का० ४५१

घ—णमह गुणरयणभूसण-सिद्धंतामियमहद्धिभवभाव। क० का० ८९६

गुणरयणभूसणबुहिमइवेला भरउ भुवणयलं॥ „ ९६७

ङ—णमिऊण वड्ढमाणं कणयणिहं देवरायपरिपुज्जं। „ ३५८

स्थापित कर दी गई जो पाँच फीट ऊँची है और दक्षिण-कुक्कुट-जिन बाहुबलि-स्वामीकी उस विशाल मूर्तिके लिए कहा गया है जो जगत्प्रसिद्ध है*। एक प्रवाद था कि भरतचक्रवर्तीने उत्तरमें बाहुबलिकी प्रतिमा निर्माण कराई थी, जो कुक्कुट सर्पोंसे व्याप्त हो गई थी। इसे वही न समझ लिया जाय, यह उससे पृथक् है, इसे बतलानेके लिए 'दक्षिण' कुक्कुट विशेषण दिया गया है[1]।

उक्त बाहुबलि स्वामीकी विशाल प्रतिमाके सुन्दर और आकर्षक मुखके विषयमें कहा गया है कि उसे सर्वार्थसिद्धिके देवोंने और सर्वावधि-परमावधिज्ञानके धारी योगियोंने दूरसे देखा[2]।

उनके बनवाये जिनमन्दिरका नाम 'ईसिपभार' या 'ईषत्प्राग्भार' था जो कि शायद इस समय चामुण्डरायबस्तिके नामसे प्रसिद्ध है। कहा गया है कि उसका तलभाग वज्र जैसा है, और उसपर सोनेका कलश है[3]।

चामुण्डरायने एक स्तंभ भी बनवाया था जिसके ऊपर यक्षोंकी मूर्तियाँ थीं और जिनके मुकुटोंके किरण-जलसे सिद्धोंके चरण धुलते रहे थे[4]। डा० उपाध्येका खयाल है कि यह स्तंभ 'त्यागद ब्रह्मदेव' स्तंभ है, जो विन्ध्यगिरिपर है।

ये गंगवज्र मारसिंहके गुरु अजितसेनके ही शिष्य थे। अजितसेन अपने समयके बहुत बड़े प्रभावशाली गुरु थे और वे आर्यसेनके शिष्य थे। गोम्मटसारके

---

* बम्बईके प्रिन्स आफ वेल्स म्यूजियममें अभी एक कांसेकी बाहुबलिकी प्रतिमा लाकर रक्खी गई है जो मूर्तिशिल्पके विशेषज्ञोंकी रायमें श्रवणबेल्गोलकी उक्त जगत्प्रसिद्ध मूर्तिसे भी पहलेकी बनी हुई है और श्रवणबेल्गोलके ही एक मकानमें प्राप्त हुई है।

१ गोम्मटसंगहसुत्तं गोम्मटसिहरुवरि गोम्मटजिणो य।
गोम्मटरायविणिम्मिय-दक्खिणकुक्कुडजिणो जयउ॥ ९६८

२ जेण विणिम्मियपडिमावयणं सव्वट्ठसिद्धिदेवेहिं।
सव्वपरमोहिजोगिहिं दिट्ठं सो गोम्मटो जयउ॥ ९६९

३ वज्जयणं जिणभवणं ईसिपभारं सुवण्णकलसं तु।
तिहुवणपडिमाणिक्कं जेण कयं जयउ सो राओ॥ ९७०

सिद्धलोक या आठवीं पृथिवीका नाम 'ईषत्प्राग्भार' है। उसीके अनुकरणसे यह नाम रक्खा गया है। देखो, त्रिलोकसारकी ५५६ वीं गाथा।

४ जेणुब्भियथंभुवरिमजक्खतिरीटग्गकिरणजलधोया।
सिद्धाण सुद्धपाया सो राओ गोम्मटो जयउ॥ ९७१ —क० का०

कर्त्ताने उन्हें ऋद्धिप्राप्त गणधरदेवादि सदृश गुणी और भुवन-गुरु कहा है। चामुण्डरायके पुत्र जिनदेवन भी इन्हींके शिष्य थे।

चामुण्डराय जैनधर्मके उपासक तो थे ही, मर्मज्ञ विद्वान् भी थे। उनका कनडी भाषाका त्रिषष्टिलक्षणमहापुराण ( चामुण्डराय-पुराण ) प्रसिद्ध है। उपलब्ध गद्य-ग्रन्थोंमें यह सबसे प्राचीन गिना जाता है। इसके प्रारम्भमें लिखा है कि यह चरित्र पहले कूचि ( ? ) भट्टारक, तदनन्तर नन्दिमुनीश्वर, तत्पश्चात् कविपरमेश्वर और फिर जिनसेन-गुणभद्र, इस प्रकार परम्परा-क्रमसे चला आया है और उन्हींके अनुसार मैं भी लिखता हूँ।

गोम्मटसारके अन्तमें एक गाथा है जिससे ऐसा भास होता है कि गोम्मटसारकी कोई देसी टीका ( कनडी टीका ) भी उन्होंने लिखी थी जिसका नाम वीरमत्तण्डी था[1]।

चारित्रसार नामका एक संस्कृत ग्रन्थ भी चामुंडरायका बनाया हुआ कहा जाता है परन्तु वह एक तरहसे संग्रह ग्रन्थ है और बहुत करके तत्त्वार्थ-वार्तिक-परसे संग्रह किया गया है[2]।

---

१—गोम्मट्टसुत्तलिहिणे गोम्मटरायेण जा कथा देसी।
सो ( सा ) राओ ( अइ ) चिरकाल णामेण य वीरमत्तडी॥

इस गाथाका ठीक अन्वय नहीं बैठता। पाठ भी शायद कुछ अशुद्ध है। परन्तु यदि सचमुच ही चामुण्डरायकी कोई देसी या कनडी टीका हो, जिसका कि नाम 'वीरमत्तडी' था, तो वह केशववर्णीकी कर्णाटकी वृत्तिसे जुदा ही होगी, यह निश्चित है। एक कल्पना यह भी होती है कि उन्होंने गोम्मटसारकी कोई देसी ( कनडी ) प्रतिलिपि की हो। केशववर्णीकी कनडी वृत्तिके लिए देखिए डा० उपाध्यायका 'जीवतत्त्वप्रदीपिका ऑन गोम्मटसार . इट्स आथर एण्ड डेट' शीर्षक लेख।—इंडियन कल्चर जिल्द ७, नं० १।

२ देखिए, प० मिलापचन्द्र कटारियाका 'चामुडरायका चारित्रसार' शीर्षक लेख। ( जै० सि० भा० भाग २ अंक ३ )।

तत्त्वार्थराद्धान्तमहापुराणेष्वाचारशास्त्रेषु च विस्तरोक्तं।
आख्यात्समासादनुयोगवेदी चारित्रसारं रणरंगसिंहः॥

इति सकलागमसंयमसम्पन्नश्रीमज्जितसेन ( श्रीमदजितसेन ) भट्टारकश्रीपादपद्मप्रसादासादितचतुरनुयोगपारावारपारगधर्मविजयश्रीमच्चामुण्डरायमहाराजविरचिते भावनासारसंग्रहे चारित्रसारेऽनगारधर्मसमाप्तः। —चारित्रसार

## समसामयिक विद्वान्

चामुण्डरायके समयमें अनेक बड़े बड़े विद्वान् हो गये हैं। उनमेंसे एक तो उनके गुरु अजितसेन थे जिनका उल्लेख ऊपर किया जा चुका है। उन्हें 'भुवन-गुरु' कहा गया है[1]। दूसरे हैं अभयनन्दि—जिनके वीरनन्दि, इन्द्रनन्दि और नेमिचंद्र नामके शिष्य थे। इनमेंसे नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती प्रसिद्ध गोम्मटसार और त्रिलोकसारके कर्त्ता हैं। वे स्वयं अपनेको अभयनन्दिका ही शिष्य लिखते हैं[2]।

वीरनन्दि और इन्द्रनन्दि उनके ज्येष्ठ गुरुभाई थे और इस लिए उन्होंने एक दो जगह उनको भी गुरुतुल्य मानकर नमस्कार किया है और अपनेको उनका बच्छ ( वत्स ) या शिष्य भी कहा है[3]।

ये वीरनन्दि ही चन्द्रप्रभ महाकाव्यके कर्त्ता हैं। इन्होंने इस काव्यकी प्रश-स्तिमें लिखा है कि मेरे गुरुका नाम अभयनन्दि है जो देशीयगणके हैं। अभयनन्दिके गुरु विबुध गुणनन्दि और प्रगुरु ( दादागुरु ) गुणनन्दि थे[4]।

---

१—अज्जज्जसेणगुणगणसमूहसंधारिअजियसेणगुरू ।
भुवणगुरू जस्स गुरू सो राओ गोम्मटो जयउ ॥ ७३३ ॥—जी० का०।

२—इदि णेमिचंदमुणिणा णप्पसुदेणभयणंदिवच्छेण ।
रइयो तिलोयसारो खमंतु तं बहुसुदाइरिया ॥—त्रि० सा०

३—णमिऊण अभयणंदि सुदसागरपारगिंदणंदिगुरुं ।
वरवीरणंदिणाहं पयडीणं पच्चयं वोच्छं ॥ ७८५—क० का०
णमह गुणरयणभूसणसिद्धंतामियमहद्धिभवभावं ।
वरवीरणंदिचंदं णिम्मलगुणमिंदणंदिगुरुं ॥ ८९६—क० का०
वीरिंदणंदिवच्छेणप्पसुदेणभयणंदिसिस्सेण ।
दंसणचरित्तलद्धी सुसूयिया णेमिचंदेण ॥ ६४८—ल० सा०

४—बभूव भव्याम्बुजपद्मबन्धुः पतिर्मुनीनां गणभृत्समानः ।
सदग्रणीर्देशिगणाग्रगण्यो गुणाकरः श्रीगुणनन्दिनामा ॥ १ ॥
गुणग्रामाम्भोधेः सुकृतवसतेर्मित्रमहसा-
मसाध्यं यस्यासीन्न किमपि महीशासितुरिव ।
स तच्छिष्यो ज्येष्ठः शिशिरकरसौम्यः समभवत् ।
प्रविख्यातो नाम्ना विबुधगुणनन्दीति भुवने ॥ २ ॥

गोम्मटसार (कर्मकांड) में नेमिचन्द्रने लिखा है कि जिनके चरणोंके प्रसादसे वीरनन्दि और इन्द्रनन्दि शिष्य संसार-समुद्रसे पार हो गये उन अभयनन्दि गुरुको नमस्कार हो[1]। इससे भी मालूम होता है कि ये वीरनन्दि चन्द्रप्रभ काव्यके कर्त्ता ही हैं जो अपनेको अभयनन्दिका शिष्य बतलाते हैं। आगे इन सबके अस्तित्व-कालपर जो विचार किया गया है, उससे भी यही निश्चय होता है।

इन्द्रनन्दि नामके अनेक ग्रन्थकर्त्ता हो गये हैं। हमारा खयाल है कि श्रुतावतार या श्रुतपंचमी कथाके कर्त्ता इन्द्रनन्दि यही होंगे, क्योंकि श्रुतावतारसे मालूम होता है कि वे सिद्धान्त शास्त्रोंसे खूब अच्छी तरह परिचित थे और गोम्मटसार (कर्म-काण्ड) में उन्हें श्रुतसागरपारगामी लिखा भी है।

कनकनन्दिके विषयमें इतना ही मालूम होता है कि गोम्मटसारकी रचनामें उनका भी हाथ था और वे शायद इन्द्रनन्दिसे छोटे थे। कर्मकाण्डकी एक गाथाके अनुसार उन्होंने इन्द्रनन्दि गुरुके पास सब सिद्धान्त सुनकर सत्त्व-स्थानकी रचना की थी[2]। प० जुगलकिशोरजी मुख्तारके अनुसार आराके जैनसिद्धान्त-भवनमें कनकनन्दिका रचा हुआ 'त्रिभंगी' नामका एक ग्रन्थ है, जो १४०० श्लोक प्रमाण है और वे यही कनकनन्दि होंगे[3]।

त्रिलोकसारकी व्याख्याके कर्त्ता माधवचन्द्र त्रैविद्यदेव हैं। मूलग्रन्थमें भी इनकी कई गाथायें सम्मिलित हैं। गोम्मटसारमें भी इनकी कई गाथायें संग्रह की गई हैं जो संस्कृत-टीकाकी उत्थानिकासे मालूम होती हैं। संस्कृत गद्यमय क्षपणासार

---

मुनिजननुतपादः प्रास्तमिथ्याप्रवादः सकलगुणसमृद्धस्तस्य शिष्यः प्रसिद्धः।
अभवदभयनन्दी जैनधर्माभिनन्दी स्वमहिमजितसिन्धुर्भव्यलोकैकबन्धुः ॥ ३ ॥
भव्याम्भोजविबोधनोद्यतमतेर्भास्वत्समानत्विषः
शिष्यस्तस्य गुणाकरस्य सुधियः श्रीवीरनन्दीत्यभूत्।
स्वाधीनाखिलवाङ्मयस्य भुवनप्रख्यातकीर्तेः सता
ससत्सु व्यजयन्त यस्य जयिनो वाचा कुतर्काकुशा ॥ चन्द्रप्रभचरित

१ जस्स य पायपसाएणणंतसंसारजलहिमुत्तिण्णो।
वीरिंदणंदिवच्छो णमामि तं अभयणंदिगुरुं ॥ ४३६ ॥ क० का०

२ वरइंदणंदिगुरुणो पासे सोऊण सयलसिद्धंतं।
सिरिकणयणंदिगुरुणा सत्तट्ठाणं समुद्दिट्ठं ॥ ३९६ ॥

३ जैनहितैषी भाग १४, अंक ६, पृ० १६५–६६।

भी जो कि लब्धिसारमें शामिल है, माधवचन्द्रका है। परन्तु ये नेमिचन्द्रके शिष्य या समकालीन नहीं मालूम होते[१]।

नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्तीकी गोम्मटसार और त्रिलोकसार नामकी दो रचनायें प्रसिद्ध हैं और ये दोनों ही संग्रह ग्रन्थ हैं। इन दोनोंकी ही अधिकांश गाथायें धवल सिद्धान्त और तिलोयपण्णत्तिसे सार रूपमें संग्रह की गई हैं। इनमेंसे गोम्मटसार तो चामुण्डरायकी ही प्रेरणासे उन्होंने बनाया है और जैसा कि पहले कहा जा चुका है उन्हींके गोम्मटराय नामपर इसका नामकरण किया गया है। गोम्मटसारका परिशिष्टरूप लब्धिसार भी यतिवृषभके कषाय-प्राभृतपरसे इन्होंने संग्रह किया है। नेमिचन्द्रकी अन्य किसी रचनाका पता नहीं है।

जिस तरह चक्रवर्ती अपने शासन-चक्रसे भारतवर्षके छह खण्डोंको साधता है, या अपने अधीन करता है, उसी तरह नेमिचन्द्रने अपने बुद्धिरूप चक्रसे षट्खंडागमको साधा। इसीलिए वे सिद्धान्तचक्रवर्ती कहलाये[२]।

---

१ कारंजाके भंडारके क्षपणासार ( संस्कृत ) की प्रतिमें उसका रचनाकाल दिया हुआ है—

> अमुना माधवचन्द्रदिव्यगणिना त्रैविद्यचक्रेशिना,
> क्षपणासारमकारि बाहुबलिसन्मन्त्रीशसंज्ञप्तया।
> शककाले शर-सूर्य चन्द्रगणिते जाते प्रभौ क्षुल्लके,
> शुभदे दुन्दुभिवत्सरे विजयतामाचन्द्रतारं भुवि ॥

अर्थात् शक संवत् ११२५ ( वि० सं० १२६० ) में बाहुबलि मंत्रीशकी विज्ञप्तिसे क्षपणासार बनाया। ( डा० हीरालालजी जैनने अपने ता० १--८--२४ के पत्रके साथ क्षपणासारका यह अन्तिम पद्य उक्त प्रतिमें देखकर भेजनेकी कृपा की थी। ) जयपुरके तेरहपंथी मन्दिरके भण्डारमें भी इस ग्रन्थकी एक प्रति है, जिसकी प्रशस्ति पं० परमानन्दजी शास्त्रीने 'जैनग्रन्थ प्रशस्ति-संग्रह' में दी है। उसमें भी यह पद्य कुछ अशुद्ध रूपमें है। 'जाते पुरे दुल्लके' के स्थानमें 'जाते प्रभौ क्षुल्लके' पाठ होना चाहिए।

यह बाहुबलि मन्त्री कौन थे, मालूम नहीं। चामुण्डराय तो हो नहीं सकते। उनके समयसे लगभग दो सौ वर्षबाद इस ग्रन्थकी रचना हुई है। इसलिए उसके कर्त्ता माधवचन्द्र नेमिचन्द्रके साक्षात् शिष्य भी नहीं हो सकते। ये उनके उत्तरकालवर्ती कोई दूसरे ही माधवचन्द्र हैं जिनके गुरु शायद सकलचन्द्र हैं।

२ जह चक्केण य चक्की छक्खंड साहियं अविग्घेण।
जह मइचक्केण मया छक्खंड साहियं सम्म ॥ ३९७ क० का०

## समय-विचार

प्रारम्भमें ही कहा जा चुका है कि चामुण्डराय गंगनरेश राचमल्लके मन्त्री थे और इनका राज्यकाल वि० सं० १०३१ से १०४१ तक है।

चामुण्डरायने अपना चामुण्डरायपुराण श० सं० ९०० अर्थात् वि० सं० १०३५ में समाप्त किया था।

कनड़ी भाषाके सुप्रसिद्ध कवि रन्नने अपना 'पुराण-तिलक' (अजितपुराण) नामक ग्रन्थ श० स० ९१५ अर्थात् वि० सं० १०५० में समाप्त किया था। उसने अपने ऊपर चामुण्डरायकी विशेष कृपा होनेका उल्लेख किया है।

इससे चामुण्डरायका समय विक्रमकी ग्यारहवीं सदीका पूर्वार्ध निश्चित होता है।

माधवचन्द्र त्रैविद्यदेवने तिलोयसार-टीकामें लिखा है कि चामुण्डरायको प्रति-

---

(२७२ वें पृष्ठकी टिप्पणी न १ का आगेका अंश—)

जैन-शिलालेखसंग्रह तृतीय भागके ४३१ नं० के लेखमें जो शक सं० ११२७ का है मुनिचन्द्र और कुलभूषण व्रतीके शिष्य सकलचन्द्र भट्टारकके पैरोंका प्रक्षालन करके महा-प्रधान महादण्डनायकने कुछ चावलोंकी भूमि, दो कोल्हू और एक दूकानका एदग-जिना-लयको दान किया है। इन्हीं सकलचन्द्रके शिष्य माधवचन्द्र जान पड़ते है और जिस क्षुल्लकपुरमें क्षपणासार बनाया गया है वह वर्तमान कोल्हापुरका दूसरा नाम है। जैनग्रन्थ-प्रशस्तिसंग्रहमें क्षपणासारके आदिका जो अंश दिया गया है उसमें बाहुबलि मन्त्रीको 'भोजराज-प्राज्यसाम्राज्यमभ्युद्धरणसमर्थबाहुबलयुक्त-दानादिगुणोत्कृष्ट-महामात्यपदवीलक्ष्मीवल्लभबाहुबलि-प्रधानेन' लिखा है और ये भोजराज शिलाहारकुलके वही वीर भोजदेव है, जिनके कोल्हापुर-देशान्तवर्ती अर्जुरिका स्थानमें सोमदेवने शकसंवत् ११२७ में शब्दार्णवचन्द्रिकाकी रचना की थी। बाहुबलि इन्हीं भोजदेवके मन्त्री होंगे जिनकी सज्ज्ञप्तिके लिए क्षपणसारकी रचना हुई। चामुण्डरायसे इन बाहुबलि मन्त्रीशका कोई सम्बन्ध नहीं, और ये बहुत पीछेके है। क्षपणासारकी प्रशस्तिमे मुनिचन्द्र, नेमिचन्द्रगणि और सकलचन्द्र भट्टारकको नमस्कार किया गया है और नेमिचन्द्रके लिए लिखा है कि उनके प्रसादसे 'प्रसाधितमविघ्नत- सपदि येन षट्खण्डक।' अर्थात् बिना विघ्नके छह खण्डोंको साधा। ये नेमिचन्द्र भी गोम्मटसारके कर्तासे भिन्न हैं।

युद्ध करनेके लिए नेमिचन्द्र सि० च० ने इस ग्रन्थकी रचना की[1] और इसी तरह गोम्मटसारकी मन्दप्रबोधिका टीकाके कर्त्ता अभयचन्द्र कहते हैं[2] कि गंगनरेश राचमल्लके महामात्य चामुण्डरायके प्रश्नके अनुरूप यह ग्रन्थ बनाया गया। इससे उक्त दोनों ग्रन्थोंके कर्त्ता नेमिचन्द्र सि० च० और उनके सहयोगियों—वीरनन्दि, इन्द्रनन्दि, कनकनन्दि,—का समय भी विक्रमकी ग्यारहवीं सदीका पूर्वार्ध ठहरता है।

वादिराजने अपना पार्श्वनाथचरित काव्य श० स० ९४७ ( वि० सं० १०८२ ) में समाप्त किया है[3] और उन्होंने उसके प्रारम्भमें पूर्व कवियोंकी स्तुति करते हुए वीरनन्दिके चन्द्रप्रभकाव्यका स्पष्ट उल्लेख किया है[4]। अर्थात् वि० सं० १०८२ तक उक्त काव्यकी ख्याति हो चुकी थी और इससे भी पूर्वोक्त समयकी पुष्टि होती है।

पं० के० भुजबलि शास्त्रीने अपने एक लेखमें ' कर्नाटक कविचरिते ' के द्वि० भागके पृ० १५ की साक्षी देकर लिखा है कि वीरनन्दिने अपने ' आचारसार ' ग्रन्थकी कनड टीका श० सं० १०७६ ( वि० स० १२११ ) में लिखी थी, इससे मालूम होता है कि वे पार्श्वनाथचरितकी रचनाके बाद भी बहुत समय तक जीते रहे हैं।

---

१ श्रीमदप्रतिहतप्रभावस्याद्वादशासनगुहाभ्यन्तरनिवासिप्रवादिसिंधुरसिंहायमानसिंहनन्दिमुनीन्द्राभिनन्दितगंगवंशललाम ... 

१ श्रीमदप्रतिहतप्रतिमनि प्रतिपक्षनिष्करणभगवन्नेमिचन्द्रसैद्धान्तदेवश्चतुरनुयोगचतुरुदधि-पारगश्चामुण्डरायप्रतिबोधनव्याजेन अशेषविनेयजनप्रतिबोधनार्थं त्रिलोकसारनामानं ग्रन्थमा-रचयन्—

२ सिंहनन्दिमुनीन्द्राभिनन्दितगंगवंशललाम श्रीमद्राचमल्लदेवमहीवल्लभमहामात्यपदवि-राजमान-रणरंगमल्लासहायपराक्रमगुणरत्नभूषण-सम्यक्त्वरत्ननिलयादिविविधगुणग्रामनामसमा-सादितकीर्ति श्रीचामुण्डरायभव्यपुण्डरीक-द्रव्यानुयोगप्रश्नानुरूपम्

३ शाकाब्दे नगवार्धिरन्ध्रगणने संवत्सरे क्रोधने
मासे कार्तिकनाम्नि बुद्धमहिते शुद्धे तृतीया दिने।
सिंहे पाति जयादिके वसुमती जैनी कथेयं मया
निष्पत्तिं गमिता सती भवतु वः कल्याणनिष्पत्तये ॥--पा० च०

४ चन्द्रप्रभाभिसम्बद्धा रसपुष्टा मनःप्रिया।
कुमुद्वतीव नो धत्ते भारती वीरनन्दिनः ॥ ३०--पा० च०

५ देखो, जैनसिद्धान्तभास्कर भाग २ अंक १ में ' नीतिवाक्यामृत और कनड कवि नेमिनाथ ' शीर्षक लेख।

# अमितगति

## परमार राजा और जैन विद्वान्

मालवेके विद्याप्रेमी और विद्वान् परमार-वंशके राजाओंके कालमें जो अनेक जैन ग्रन्थकर्त्ता हो गये हैं, उनमे अमितगतिका विशेष स्थान है। इस वंशके राजा जैनधर्मके प्रति आदर-भाव रखते थे। प्रद्युम्नचरित कर्त्ता महासेन मुंजराजाद्वारा पूजित थे[1] और सिन्धुलके महामात्य पर्पटके गुरु थे। न्यायकुमदचन्द्र और प्रमेयकमलमार्तण्डके कर्त्ता प्रभाचन्द्र धाराधीश भोजदेवद्वारा सम्मानित थे[2]। धनपालने अपने प्रसिद्ध गद्य-काव्य 'तिलक-मंजरी' की रचना राजा भोजके कहनेसे की थी और राजा भोजने उन्हें अपनी सभामें 'सरस्वती' की पदवीसे सम्मानित किया था। दुबकुण्डके वि० सं० ११४५ के लेखके अनुसार शान्तिषेणने भोजदेवकी सभामें अम्बरसेन आदि जैन विद्वानोंका अपमान करनेवाले पण्डितोंको हराया था। इसी तरह भोजके वंशज अर्जुनदेवके सान्धिविग्रहिक मंत्री सलखण सम्भवतः पण्डित आशाधरके पिता थे[3] और गुरु बालसरस्वती मदनोपाध्याय शिष्य थे। इससे पता लगता है कि उक्त सब राजाओंके कालमें जैन विद्वानोंकी काफी प्रतिष्ठा थी और उनका जैनधर्मके प्रति सद्भाव था।

पं० विश्वेश्वरनाथ रेउके कथनानुसार अमितगति वाक्पतिराज मुंजकी सभाके एक रत्न थे[4]। वे बहुश्रुत थे और विविध विषयोंके ग्रन्थनिर्माता। उनके तमाम उपलब्ध ग्रन्थ संस्कृतमें हैं, प्राकृत या अपभ्रंशका एक भी नहीं।

---

१ आसीत् श्रीमहसेनसूरिरनघः श्रीमुञ्जराजार्चित।—प्रद्युम्नचरित

२ देखो जैनशिलालेखसंग्रहका लेख नं० ५५—श्रीधाराधिपभोजराजमुकुटप्रोताश्मरश्मि-च्छटा श्रीमान्प्रभाचन्द्रमा।

३ देखो, आगे 'आशाधर' शीर्षक लेख।

४ देखो, श्रीविश्वेश्वरनाथ रेउका 'राजा भोज'।

## काष्ठासंघ और माथुर संघ

अमितगति माथुरसंघके थे। देवसेनसूरिने अपने '' दर्शनसार ' में जो पाँच जैनाभास बतलाये हैं, उनमें एक माथुरसंघ भी है। इसे निःपिच्छिक भी कहते हैं। क्यों कि इस सघके मुनि मोरकी या गौकी या पिच्छि नहीं रखते।

जैसा कि मैंने लेखान्तरोंमें बतलाया है, प्रायः सभी संघों, गणों ओर गच्छोके नाम स्थानों या देशोंके नामसे पड़े हैं। माथुरसंघ नाम भी स्थानके कारण पड़ा है—मथुरा नगर या प्रान्तका जो मुनिसंघ वह माथुर संघ, काष्ठा[1] नामके स्थानका संघ काष्ठासंघ[2]।

दर्शनसारमें काष्ठासंघकी उत्पत्ति जिनसेनके सतीर्थ और वीरसेनके शिष्य कुमारसेन-द्वारा वि० सं०७५३ में हुई बतलाई गई है, जो नन्दी तटमें रहते थे और कहा है कि उन्होंने कर्कश केश, अर्थात् गौकी पूछकी पिच्छि ग्रहण करके सारे बागड़ देशमे उन्मार्ग चलाया[3]। फिर इसके दो सौ वर्ष बाद, अर्थात् वि० सं० ९५३ के लगभग मथुरामें माथुरोंके गुरु, रामसेनने, निःपिच्छिक रहनेका उपदेश दिया; कहा कि न मयूरपिच्छि रखनेकी जरूरत है और न गोपुच्छकी पिच्छि[4]। इससे जान पड़ता है कि काष्ठासघकी ही एक शाखा माथुरसंघ है।

इस बातकी पुष्टि सुरेन्द्रकीर्ति भट्टारककी बनाई हुई पट्टावलीसे भी होती है जिसमें कहा है कि काष्ठासंघमें नन्दितट, माथुर, बागड़ और लाड़-बागड़ ये चार प्रसिद्ध

---

१ दिल्लीके उत्तरमे जमुनाके किनारे काष्ठापुरीमें टाकवंशके राजा मदनपालके आश्रयमे पेदिभट्टके पुत्र विश्वेश्वरने 'मदन पारिजात' नामका निबन्ध १४ वी शताब्दिके शेष भागमें लिखा था। म० म० ओझाजीके अनुसार काष्ठा नामक नगरमें नागवंशियोंकी टांक-शाखाके राजाओंका छोटा-सा राज्य था।

२ पं० बुलाकीचन्द्रकृत 'वचन कोश' में जो वि० स० १७३७ का बना हुआ है, लिखा है कि काष्ठासघकी उत्पत्ति उमास्वामीके पट्टाधिकारी लोहाचार्यद्वारा अगरोहा नगरमें हुई और काठकी प्रतिमाकी पूजाका विधान करनेसे उसका काष्ठासघ नाम पड़ा, परन्तु उक्त कथा विश्वसनीय नही। काठकी प्रतिमाकी बात तो बिल्कुल बे-सिरपैरकी है। काठकी प्रतिमाका पूजना किसी भी सम्प्रदायमे निषिद्ध नही है, यद्यपि काठ-प्रतिमा टिकाऊ न होनेसे बनाई नही जाती।

३-४ देखो जैनहितैषी वर्ष १३ अंक ५-६ में दर्शनसारकी ३१ से ४१ नम्बर तककी गाथाये

गच्छ हुए। यह स्पष्ट है कि ये चारों नाम स्थानों और प्रदेशोंके नामोंपर रक्खे गये हैं। कुमारसेन नन्दितटके थे, उनने नन्दितटगच्छ, रामसेन मथुराके थे, उससे माथुर गच्छ और बागड़से[2] बागड़गच्छ और लाट (गुजरात) और बागड़से लाड़-बागड़ गच्छ। लाट और बागड़ बहुत समय तक एक ही राजवंशके अधीन रहे हैं।

गण, गच्छ और संघ कहीं-कहीं पर्यायवाची रूपमें भी व्यवहृत हुए हैं।

माथुरसंघको जीव-रक्षाके लिए किसी तरहकी पिच्छि न रखनेके कारण ही जैनाभास कहा है, या और किसी कारणसे, यह समझमें नहीं आता। अन्यथा अमितगतिके ग्रन्थोंसे तो उनका कोई ऐसा सिद्धान्त-भेद नहीं मालूम होता, जिससे उन्हें जैनाभास कहा जाय।

दर्शनसारकी रचना वि० सं० ९९० में हुई है। उसमें जो काष्ठासंघकी उत्पत्तिका समय वि० सं० ७५३ बतलाया[3] है, और उसके दो सौ वर्ष बाद माथुरसंघका[4] सो इसके भी बिलकुल ठीक होनेमें सन्देह होता है।

सन्देह होनेका सबसे बड़ा कारण यह है कि दर्शनसारके अनुसार गुणभद्रकी मृत्युके पश्चात् विनयसेनके शिष्य कुमारसेनने काष्ठासंघकी स्थापना की थी और गुणभद्रने अपना उत्तरपुराण श० सं० ७८०, अर्थात् वि० सं० ९१५ के लगभग समाप्त किया है। यदि इस ९१५ संवत्को ही उनका मृत्यु-काल मान लिया जाय तो काष्ठासंघकी उत्पत्ति ७५५ से लगभग डेढ़ सौ वर्ष पीछे चली जाती है। इस विषयमें दर्शनसार-विवेचनामें[5] विस्तारके साथ लिखा गया है।

---

१ काष्ठासंघो भुवि ख्यातो जानन्ति नृसुरासुराः।
तत्र गच्छाश्च चत्वारो राजन्ते विश्रुताः क्षितौ॥
श्रीनन्दितटसंज्ञश्च माथुरो बागडाभिधः।
लाड़-बागड़ इत्येते विख्याता क्षितिमण्डले॥

२ सागबाड़ेके आसपासके प्रदेशको बागड़ कहते हैं।

३ सत्तसए तेवण्णे विक्कमरायस्स मरणपत्तस्स। णंदियडे वरगामे कट्ठो संघो मुणेयव्वो॥

४ तत्तो दुसएतीदे महुराए माहुराण गुरुणाहो।
णामेण रामसेणो णिप्पिच्छं वण्णियं तेण॥ ४०॥ —दर्शनसार

५ देखो, जैनहितैषी वर्ष १३, अंक ५–६, पृ० २६३–७५।

इसी तरह अमितगतिने अपना सुभाषितरत्नसंदोह वि० स० १०५० में समाप्त किया है और उन्होंने अपनी गुरुपरम्पराके पाँच पूर्वजोंका उल्लेख किया है जिनमें सबसे पहले वीरसेन हैं। यदि प्रत्येक पूर्वजका समय २० वर्ष भी माना जाय, तो सौ वर्ष हो जाता है, अर्थात् वीरसेनका समय वि० स० ९५० के लगभग होगा और उक्त वीरसेन ही माथुरसंघके स्थापक नहीं थे, रामसेन थे और यदि वे वीरसेनसे दो-तीन पीढ़ी ही पहले हुए हों, तो उनका समय भी दर्शनसारमें बतलाये हुए माथुरसंघकी स्थापनाके समयसे अर्थात् वि० सं० ९५३ से पहले चला जाता है।

लाड़-बागड़ सघ भी जो काष्ठासघकी एक शाखा है, काफी प्राचीन मालूम होता है। दुबकुण्डके[1] जैनमन्दिरके प्रशस्ति-लेखके[2] रचयिता, विजयकीर्ति मुनि, लाड़-बागड़ सघके हैं। वे शान्तिषेणके शिष्य थे। इन शान्तिषेणके पहलेके देवसेन, कुलभूषण और दुर्लभसेन नामक गुरुओंका भी उसमें उल्लेख है। शान्तिषेण दुर्लभसेनके शिष्य थे। अर्थात् विजयकीर्तिसे कमसे कम सौ वर्ष पहले देवसेन गुरु होंगे। उक्त लेख भाद्र सुदी ३ वि० स० ११४५ का लिखा हुआ है। अर्थात् वि० स० १०४५ से भी पहले तक इस सघकी परम्परा जा पहुँचती है।

इसी तरह प्रद्युम्नचरित काव्यके[3] कर्त्ता महासेन परमार-राजा मुजके समयमें वि० स० १०५० के लगभग हुए हैं। ये भी लाड़-बागड़ सघके थे। इन्होंने अपने गुरु गुणाकरसेन और दादा गुरु जयसेनका उल्लेख किया है, जो वि० स० १००० के लगभग हुए होंगे या उससे कुछ पहले।

## गुरु-शिष्य-परम्परा

अमितगतिकी गुरुपरम्परा इस प्रकार है—वीरसेन, उनके शिष्य देवसेन, देवसेनके शिष्य अमितगति (प्रथम), उनके नेमिषेण, नेमिषेणके माधवसेन और उनके शिष्य अमितगति।

और अमितगतिकी शिष्य-परम्पराका पता अमरकीर्तिके छक्कम्मोवएस (षट्कर्मो-

---

१ ग्वालियरसे ७९ मील नैऋतमें कुनू नदीकी बाई ओर 'दुबकुड' नामक स्थान है।

२ देखो, एपिग्राफिआ इण्डिका जिल्द २, पृष्ठ ३७-४०।

३ इस ग्रन्थका विस्तृत परिचय प्रो० हीरालालजी जैनने जैन-सिद्धान्तभास्कर भाग २, अक ३ में दिया है।

देश ) से लगता है, जो इस प्रकार है—अमितगति, शान्तिषेण, अमरसेन, श्रीषेण, चन्द्रकीर्ति और चन्द्रकीर्तिके शिष्य अमरकीर्ति। अमरकीर्तिने अपना यह अपभ्रंश भाषाका ग्रन्थ भादों सुदी १४ वि० सं० १२४७ को समाप्त किया था।

## ग्रन्थोंका परिचय

१ **सुभाषितरत्नसन्दोह**—यह एक स्वोपज्ञ सुभाषित ग्रन्थ है। इसमें सांसारिक विषयनिराकरण, मायाहंकार-निराकरण, इन्द्रियनिग्रहोपदेश, स्त्रीगुणदोष-विचार, देवनिरूपण आदि बत्तीस प्रकरण हैं और प्रत्येकमें बीस-बीस पच्चीस-पच्चीस पद्य हैं। ग्रन्थके उपान्तमें २१७ श्लोकोंमें श्रावक-धर्म-निरूपण है, जिसे एक छोटा-सा श्रावकाचार समझना चाहिए। पूरे ग्रन्थमें ९२२ पद्य हैं। यह विक्रम संवत् १०५० पौष सुदी पंचमीको समाप्त हुआ था, जब कि राजा मुंज पृथिवीका पालन करते थे।

२ **धर्मपरीक्षा**—यह संस्कृत साहित्यमें अपने ढंगका एक निराला ही ग्रन्थ है। इसमें पुराणोंकी ऊटपटाँग कथाओं और मान्यताओंको बड़े ही मनोरंजक रूपमें मजाक करते हुए अविश्वसनीय ठहराया है। सारा ग्रन्थ एक सुन्दर कथाके रूपमें श्लोकबद्ध है। श्लोकोंकी संख्या १९४५ है। यह ग्रन्थ हरिभद्रसूरिके धूर्ताख्यान नामक प्राकृत ग्रन्थके ढंगका है। कमसे कम धूर्ताख्यानकी छाया इसमें अवश्य है। यह बात ग्रन्थकर्त्ताका आशु-कवि होना प्रकट करती है कि केवल दो महीनेमें ही उन्होंने इस ग्रन्थको रच डाला था[१]। इसकी रचनाका समय विक्रम संवत् १०७० है।

३ **पंचसंग्रह**—इसे संस्कृत-श्लोकबद्ध पंचसंग्रह कहना चाहिए। अज्ञातनाम-

[१] अमितगतिरिवेद स्वस्य मासद्वयेन। प्रथितविशदकीर्तिः काव्यमुद्भूतदोषम्॥

हरिषेणकृत 'धम्मपरिक्खा' नामक अपभ्रंश ग्रन्थ धर्मपरीक्षासे पहलेका—वि० सं० १०४० का—बना हुआ है और हरिषेणने लिखा है कि पहले धर्मपरीक्षा जयरामकृत गाथाबद्ध थी, उसे मैंने पद्धड़िया छन्दमें किया। जान पड़ता है, अमितगतिने अपना संस्कृत ग्रन्थ उक्त दोनोंमेंसे किसी एकके आधारसे बनाया है। शायद इसी लिए उसके बननेमें केवल दो ही महीने लगे। कथानक, पात्रोंके नाम आदि धम्मपरिक्खा और धर्मपरीक्षाके बिल्कुल एक हैं।

कर्तृक प्राकृत पंचसंग्रहको ही सुगम संस्कृतमें श्लोकबद्ध करके यह रचा गया जान पड़ता है और विक्रम-सवत् १०७३ में मसूतिकापुर नामक स्थानमें समाप्त हुआ है। इसकी प्रशस्तिसे मालूम होता है कि इनके गुरु माधवसेनके समयमें सिन्धुपति या सिन्धुल पृथ्वीकी रक्षा करते थे।

**४ उपासकाचार**—अमितगतिश्रावकाचार नामसे इसकी प्रसिद्धि है। उपलब्ध श्रावकाचारोंमें यह बहुत विशद, सुगम और विस्तृत है। इसकी श्लोक-संख्या १३५२ है। इस ग्रन्थके अन्तमें कर्त्ताने अपनी गुरु-परम्परा तो दी है, परन्तु रचनाका समय, स्थान आदि नहीं दिया।

**५ आराधना**—यह शिवार्यकी प्राकृत आराधनाका पद्यबद्ध संस्कृत अनुवाद है, जो केवल चार महीनेमें पूर्ण किया गया था। इसमें ग्रन्थकर्त्ताने देवसेनसे लेकर अपने तककी गुरुपरम्परा दी है; परन्तु समय और स्थान नहीं दिया।

**६ सामायिक पाठ**—यह एक सौ बीस पद्योंका छोटा-सा प्रकरण है। इसके अन्तमें लिखा है—"वृत्तवंशशतेनेति कुर्वता तत्त्वभावना। सद्योऽमितगतेरिष्टा निवृत्तिः क्रियते करे। इति द्वितीय भावना समाप्ता।"

इससे मालूम होता है कि इस ग्रन्थका नाम सामायिक पाठ नहीं है, या तो तत्त्वभावना होगा या कुछ और। 'इति द्वितीय भावना'से यह भी अनुमान होता है कि सम्पूर्ण ग्रन्थ बड़ा है और उसकी यह दूसरी भावना या दूसरा अध्याय है।

**७ भावना-द्वात्रिंशतिका**—३२ पद्योंका यह भी एक प्रकरण है, जो कई जगहसे प्रकाशित हो चुका है। संभव है, यह भी पूर्वोक्त तत्त्व भावना या ऐसे ही किसी नामवाले ग्रन्थका एक अध्याय हो।

**८ योगसार प्राभृत**—इस ग्रन्थके कर्त्ताका नाम भी अमितगति है, परन्तु इसके कर्त्ता शायद इन अमितगतिके दादा गुरुके गुरु अमितगति हों। क्योंकि ये अमितगति अपने प्रत्येक ग्रन्थके प्रायः प्रत्येक प्रकरण या अध्यायके अन्तमें अपना अमितगति नाम श्लिष्ट रूपसे देते हैं। पर उनकी यह विशेषता योगसारमें नहीं है।

---

१ पं० गोविन्दरायजी काव्यतीर्थकी सूचनाके अनुसार धारसे सात कोस दूर बगड़ीके पासका 'मसोद बिलोदा' नामका गाँव।

इस ग्रन्थके अन्तमें कोई गुरु-परम्परा भी नहीं दी है[1]। अपने नामके साथ दिया हुआ 'वीतराग' विशेषण भी इनके प्रथम अमितगति होनेके अनुमानको सहारा देता है।

कुछ ग्रन्थ-सूचियोंमें जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति, चन्द्रप्रज्ञप्ति, सार्द्धद्वयद्वीपप्रज्ञप्ति और व्याख्याप्रज्ञप्ति इन चार ग्रन्थोंको और भी अमितगति-कृत बतलाया है। परन्तु अभी तक ये कहीं उपलब्ध नहीं हुए।

## समकालीन राजा

अपने ग्रन्थोंमें उन्होंने मुंज और सिन्धुलका उल्लेख किया है। ये दोनों मालवेके परमार राजा थे और उनकी राजधानी धारा थी। ये मुंज वही हैं, जिनके विषयमें कहा गया है कि यशःपुंज मुंजराजाके चले जानेपर लक्ष्मी तो विष्णुके पास चली जायगी और वीरश्री वीरोंके घर, परन्तु सरस्वती बिल्कुल निरालम्ब हो जायगी—उसका कोई आश्रयदाता न रहेगा[2]। मुंज सरस्वती और सरस्वती-सेवकोंके ऐसे ही आश्रयदाता थे। उनका दूसरा नाम वाक्पतिराज था[3]। वे स्वयं भी विद्वान और कवि थे। उनका बनाया हुआ कोई स्वतंत्र ग्रन्थ तो अब तक नहीं मिला है, परन्तु कुछ ग्रन्थोंमें उनके कुछ पद्य मिले हैं[4]। उनकी

१- दृष्ट्वा सर्वं गगननगरस्वप्नमायोपमानं,
नि:सगात्मामितगतिरिदं प्राभृतं योगसारं।
ब्रह्मप्राप्त्या परममकृतं स्वेषु चात्मप्रतिष्ठम्
नित्यानन्दं गलितकलिलं सूक्ष्ममत्यक्षलक्ष्यम्॥
योगसारमिदमेकमानसः प्राभृतं पठति योऽभिमानसं।
स्वस्वरूपमुपलभ्य सोऽचितं ( चिरं ) सम्प्रयाति भवदोषवञ्चितम्॥
इति श्रीअमितगतिवीतरागविरचितायामध्यात्मतरगिण्यां नवमोधिकारः।

२ लक्ष्मीर्यास्यति गोविन्दे वीरश्रीवीरवेश्मनि।
गते मुंजे यशःपुंजे निरालम्बा सरस्वती॥ —प्रबन्धचिन्तामणि

३ प्रीत्या योग्य इति प्रतापवसति ख्यातेन मुंजाख्यया
यः स्वे वाक्पतिराजभूमिपतिना राज्येऽभिषिक्तः स्वयम्॥—तिलक-मंजरी

४ परमारनरेश अर्जुनवर्मदेवने अमरुशतककी रसिक-संजीविनी टीकामें २२ वें श्लोककी टीकामें यह कहकर एक पद्य उद्धृत किया है कि यह हमारे पूर्वज वाक्पतिराज अपरनाम मुंजका है।

राजधानी उज्जयिनीमें थी[1]। वे राजा सीयक, श्रीहर्ष या सिंहभटके पुत्र थे, बड़े ही पराक्रमी। कर्णाटक, लाट, केरल, चोलके राजाओंको उन्होंने जीता। कलचुरिनरेश युवराज देव (द्वितीय) को हराकर उसकी राजधानी त्रिपुरीको लूटा, मेवाड़पर चढ़ाई करके आहाड़को नष्ट किया और चित्तौरगढ़ और उसके पासके प्रदेशको अपने राज्यमें मिला लिया। उन्होंने सोलंकी राजा तैलप द्वितीयको छह बार हराया, पर सातवीं बार गोदावरीके पासके युद्धमें वे कैद कर लिये गये और वि० सं० १०५० और १०५४ के बीच मार डाले गये। सुभाषितरत्नसंदोहकी रचनाके समय वे जीते थे। तिलकमजरीके कर्त्ता धनपाल, नवसाहसांक-चरित-कर्त्ता पद्मगुप्त या परिमल, दशरूपावलोक-टीकाके कर्त्ता धनिक, पिंगल-छन्दःसूत्रके टीकाकार हलायुध और अमितगति इस राजाकी ही सभाके रत्न थे।

सिन्धुल, सिन्धुराज, कुमारनारायण या नवसाहसांक मुंजके छोटे भाई और प्रसिद्ध राजा भोजके पिता थे। परिमल या पद्मगुप्तने इन्हींकी आज्ञासे 'नवसाहसांक-चरित' नामका ऐतिहासिक काव्य लिखा था। मुंजने अपने जीते जी ही भोजको गोद ले लिया था। परन्तु भोज नाबालिग थे, इसलिए मुंजकी मृत्युके समय सिन्धुल ही राजगद्दीपर बैठ गये थे। इन्होंने हूणोंको तथा दक्षिण कोशल, बागड़, लाट और मुरलवालोंको युद्धमें हराया। ये गुजरात-नरेश सोलंकी चामुण्डराजके साथकी लड़ाईमें मारे गये। वि० सं० १०५४ और १०६६ के बीच किसी समय इनके मारे जानेका अनुमान किया गया है।

भक्तामर-चरित, प्रबन्धचिन्तामणि, भोजप्रबन्ध आदि ग्रन्थोंमें राजा मुंजके द्वारा सिन्धुलके अन्धे किये जाने और भोजको वध करनेके लिए भेजनेकी जो कथायें मिलती हैं, वे सब कपोलकल्पित हैं। इतिहाससे उनकी कोई पुष्टि नहीं होती।

आगे अमितगतिके ग्रन्थोंकी प्रशस्तियाँ उद्धृत की जाती हैं—

---

१ वाक्पतिराजके एक दान-पत्रसे (इ० एण्टिक्वेरी, जिल्द ६, पृ० ५१-५२) और परिमलके नवसाहसांक-चरितसे मालूम होता है कि मुंजके समय राजधानी उज्जयिनी थी। उसके बाद धाराको भोजदेवने अपनी राजधानी बनाया।

## ग्रन्थ-प्रशस्तियाँ

### सुभाषितरत्नसन्दोह--

आशीर्विध्वस्तकन्तोर्विपुलशमभृतः श्रीमतः कान्तकीर्तिः
सूरेर्यातस्य पारं श्रुतसलिलनिधेर्देवसेनस्य शिष्यः ।
विज्ञाताशेषशास्त्रो व्रतसमितिभृतामग्रणीरस्तकोपः
श्रीमान्मान्यो मुनीनाममितगतियतिस्त्यक्तनिःशेषसंगः ॥ ९१५
अलंघ्यमहिमालयो विमलसत्त्ववान्रत्नधी-
र्वरस्थिरगभीरतो गुणमणिः पयोवारिधिः ।
समस्तजनता सतां श्रियमनश्वरीं देहिना
सदाऽमृतजलच्युतो विबुधसेवितो दत्तवान् ॥ ९१६ ॥
तस्य ज्ञातसमस्तशास्त्रसमयः शिष्यः सतामग्रणी-
श्रीमान्माथुरसंघसाधुतिलकः श्रीनेमिषेणोऽभवत् ।
शिष्यस्तस्य महात्मनः शमयुतो निर्धूतमोहद्विषः
श्रीमन्माधवसेनसूरिरभवत्क्षोणीतले पूजितः ॥ ९१७ ॥
कोपारातिविघातकोऽपि सकृपः सोमोऽप्यदोषाकरो
जैनोऽप्युग्रतरस्तपो गतभयो भीतोऽपि संसारतः ।
निष्कामोऽपि समिष्टमुक्तिवनितायुक्तोऽपि य. संयत·
सत्यारोपितमानसो धृतवृषोऽप्यचर्यः प्रियोऽप्यप्रियः ॥ ९१८ ॥
दलितमदनशत्रोर्भव्यनिर्व्याजबन्धोः शयदमयममूर्तिश्चन्द्रशुभ्रोरुकीर्तिः ।
अमितगतिरभूद्यस्तस्य शिष्यो विपश्चिद् विरचितमिदमर्ध्यं तेन शास्त्रं पवित्रम् ९१९

* * * *

समारूढे पूतत्रिदशवसतिं विक्रमनृपे सहस्रे वर्षाणां प्रभवति हि पंचाशदधिके ।
समाप्ते पंचम्यामवति धरणीं मुंजनृपतौ सिते पक्षे पौषे बुधहितमिदं शास्त्रमनघम् ९२२

---

### धर्मपरीक्षा—

सिद्धान्तपाथोनिधिपारगामी श्रीवीरसेनोऽजनि सूरिवर्यः ।
श्रीमाथुराणां यमिनां वरिष्ठः कषायविध्वंसविधौ पटिष्ठ. ॥ १
ध्वस्ताशेषध्वान्तवृत्तिर्मनस्वी तस्मात्सूरिर्देवसेनोऽजनिष्ट ।
लोकोद्योती पूर्वशैलादिवार्कः शिष्टाभीष्टः स्थेयसोऽपास्तदोषः ॥ २

भासिताखिलपदार्थसमूहो निर्मलोऽमितगतिर्गणनाथः ।
वासरो दिनमणेरिव तस्माज्जायते स्म कमलाकरबोधी ॥ ३
नेमिषेणगणनायकस्ततः पावनं वृषमधिष्ठितो विभुः ।
पार्वतीपतिरिवास्तमन्मथो योगगोपनपरो गणार्चितः ॥ ४
कोपनिवारी शमदमधारी माधवसेनः प्रणतरसेनः ।
सोऽभवदस्माद्गलितमदोस्मा यो यतिसारः प्रशमितमारः ॥
धर्मपरीक्षामकृतवरेण्यां धर्मपरीक्षामखिलशरण्याम् ।
शिष्यवरिष्ठोऽमितगतिनामा तस्य पटिष्ठोऽनघगतिधामा ।

**पंचसंग्रह—**

श्रीमाथुराणामनघद्युतीनां संघोऽभवद्वृत्तविभूषितानाम् ।
हारो मणीनामिव तापहारी सूत्रानुसारी शशिरश्मिशुभ्रः ॥ १
माधवसेनगणी गणनीयः शुद्धतमोऽजनि तत्र जनीयः ।
भूयसि सत्यवतीव शशांकः श्रीमति सिन्धुपतावकलंकः ॥ २
शिष्यस्तस्य महात्मनोऽमितगतिर्मोक्षार्थिनामग्रणी-
रेतच्छास्त्रमशेषकर्मसमितिप्रख्यापनायाकृत ।
वीरस्येव जिनेश्वरस्य गणभृद्भव्योपकारोद्यतो
दुर्वारस्मरदन्तिदारणहरिः श्रीगौतमोऽनुत्तमः ॥ ३

*　　*　　*

त्रिसप्तत्यधिकेऽब्दानां सहस्रे शकविद्विषः, मसूतिकापुरे जातमिदं शास्त्रं मनोरमम् ॥ ६

**आराधना—**

आराधना भगवती कथिता स्वशक्त्या,
चिन्तामणिं वितरितुं बुधचिन्तनानि ।
अह्नाय जन्मजलधिं तरितुं तरण्डं,
भव्यात्मना गुणवती ददता समाधिम् ॥ १२ ॥

*　　*　　*

श्रीदेवसेनोऽजनि माथुराणां गणी यतीनां विहितप्रमोदः ।
तत्त्वावभासी विहितप्रदोषः सरोरुहाणामिव तिग्मरश्मिः ॥

धृतजिनसमयोऽजनि महनीयो गुणमणिजलधेस्तदनु यतिर्यः।
शमयमनिलयोऽमितगतिसूरिः, प्रदलितमदनो पदनतसूरिः॥
सर्वशास्त्रजलराशिपारगो, नेमिषेणमुनिनायकस्ततः।
सोऽजनिष्ट भुवने तमोपहः, शीतरश्मिरिव यो जनप्रियः॥
माधवसेनोऽजनि मुनिनाथो, ध्वंसितमायामदनकदर्थः।
तस्य गरिष्ठो गुरुरिव शिष्यस्तत्त्वविचारप्रवणमनीषः॥ १७॥
शिष्यस्तस्य महीयसोऽमितगतिर्मार्गत्रयालम्बिनी—
मेनां कल्मषमोषिणीं भगवतीमाराधनां श्रेयसीम्॥ १८॥
आराधनैषा यदकारि पूर्णा मासैश्चतुर्भिर्न तदस्ति चित्रं।
महोद्यमाना जिनभक्तिकानां सिद्ध्यन्ति कार्याणि न कानि सद्यः॥१९॥
स्फुटीकृता पूर्वजिनागमादियं मया जने यास्यति गौरवं परं।
प्रकाशितं किं न विशुद्ध बुद्धिना महार्घतां गच्छति दुग्धतो घृतं॥२०

# श्रीचन्द्र और प्रभाचन्द्र

ये दो ग्रन्थकर्ता लगभग एक ही समयमें, एक ही स्थानपर, हुए हैं और दोनोंने ही पुष्पदन्तके अपभ्रंशभाषाके महापुराणपर टिप्पण लिखे हैं, इस लिए कुछ विद्वानोंने यह समझ लिया है कि प्रभाचन्द्र और श्रीचन्द्र एक ही हैं और लिपि-कर्त्ताओंकी गल्तीसे कहीं कहीं जो 'श्रीचन्द्रकृत' लिखा मिलता है, सो प्रभाचन्द्रकृत ही होना चाहिए। परन्तु वास्तवमें श्रीचन्द्र और प्रभाचन्द्र दो स्वतंत्र ग्रंथकर्त्ता हैं। नीचे लिखे प्रमाणोंसे यह बात सुस्पष्ट हो जायगी—

बम्बईके सरस्वती-भवनमें (नं० ४६३) में रविषेणाचार्यकृत पद्मचरितका श्रीचन्द्रकृत टिप्पण है[2]। उसका प्रारम्भ अंश देखिए—

प्रारम्भ—शंकरं वरदातारं जिनं नत्वा स्तुतं सुरैः।
कुर्वे पद्मचरितस्य टिप्पणं गुरुदेशनात्॥

सिद्धं जगत्प्रसिद्धं कृतकृत्यं वा समाप्तं निष्ठितमिति यावत्। सम्पूर्णभव्यार्थसिद्धि-(द्धेः) कारणं, समग्रो धर्मार्थकाममोक्ष- स चासौ भव्यार्थश्च भव्यप्रयोजनं तस्य सिद्धिर्निष्पत्तिः स्वरूपलब्धिर्वा तस्याः कारणं हेतुः। किं विशिष्टं हेतुमुत्तमं दोषरहितं...

अन्त—लाड़ (ड) बागडि (ड) श्रीप्रवचनसेन (?) पण्डितात्पद्मचरितस्सकर्ण्यो (तमाकर्ण्य ?) बलात्कारगणश्रीनन्द्याचार्यसत्कविशिष्येण श्रीचन्द्रमुनिना श्रीमद्वि-क्रमादित्यसंवत्सरे सप्तासीत्यधिकवर्षसहस्र (स्रे) श्रीमद्धारायां श्रीमतो राजे (ज्ये) भोजदेवस्य ......। एवमिद (दं) पद्मचरितटिप्पितं श्रीचन्द्रमुनिकृतं समाप्तमिति।

स्व० सेठ माणिकचन्द्रजीके चौपाटीके मन्दिरमें इन्हीं श्रीचन्द्रमुनिका एक और ग्रंथ 'पुराणसार' (नं० १५७) है। उसका प्रारम्भ और अन्त इस प्रकार है—

---

१ देखो, डा० पी० एल० वैद्य सम्पादित महापुराणकी अँगरेजी भूमिका।

२ भवनके रजिस्टरमें इसका नाम, 'पद्मनन्दिचरित्र' लिखा हुआ है। यह प्रति हालकी ही लिखाई हुई और बहुत ही अशुद्ध है।

नत्वादितः सकल (तीर्थ) कृत (ता) कृतार्थान्, सर्वोपकारनिरतास्त्रिविधेन नित्यम्।
वक्ष्ये तदीय गुणगर्भमहापुराणं, संक्षेपतोऽर्थनिकरं शृणुत प्रयत्नात्॥

अन्त—धारायां पुरि भोजदेवनृपते राज्ये जयात्युच्चकैः
श्रीमत्सागरसेनतो यतिपतेर्ज्ञात्वा पुराणं महत्।
मुक्त्यर्थं भवभीतिभीतजगता श्रीनन्दिशिष्यो बुधः
कुर्वे चारु पुराणसारममलं श्रीचन्द्रनामा मुनिः॥

श्रीविक्रमादित्यसंवत्सरे यक्षपूत्य (अशीत्य ?) धिकवर्षसहस्रे पुराणसाराभिधानं समाप्तं। शुभं भवतु। लेखकपाठकयोः कल्याणम्।

इन्हीं पद्मचरितके टिप्पणकार और पुराणसारके कर्त्ता श्रीचन्द्रमुनिका बनाया हुआ पुष्पदन्तकृत महापुराणका भी एक टिप्पण है, जिसका दूसरा भाग अर्थात् उत्तरपुराण-टिप्पण उपलब्ध है[१]। उसके अन्तमें लिखा है—

श्रीविक्रमादित्य-संवत्सरे वर्षाणामशीत्यधिकसहस्रे महापुराण-विषमपदविवरणं सागरसेनसैद्धान्तात् परिज्ञाय मूलटिप्पणिकां चालोक्य कृतमिदं समुच्चयटिप्पणं अज्ञपातभीतेन श्रीमद्बला (त्का) रगणश्रीसंघा (नंद्या) चार्यसत्कविशिष्येण श्रीचन्द्र-मुनिना निजदोर्दण्डाभिभूतरिपुराज्यविजयिनः श्रीभोजदेवस्य। १०२।

इति उत्तरपुराणटिप्पणकं प्रभाचन्द्राचार्यविरचितं समाप्तम्[२]।

अथ संवत्सरेऽस्मिन् श्रीनृपविक्रमादित्यगताब्दः संवत् १५७५ वर्षे भादवा सुदी ५ बुद्धदिने कुरुजांगलदेशे सुलतान सिकंदरपुत्र सुलतान इब्राहिम राज्यप्रवर्त-माने श्रीकाष्ठासंघे माथुरान्वये पुष्करगणे भट्टारकश्रीगुणभद्रसूरिदेवाः तदाम्नाये

१ यह ग्रन्थ जयपुरके पाटोदीके मन्दिरके भंडारमें (गठरी नं० १३, ग्रन्थ तीसरा, पत्र ५७, श्लो० १७००) है। इसकी प्रशस्ति स्व० पं० पन्नालालजी बाकलीवालने आश्विन-सुदी ५ वीर सं० २४४७ के जैनमित्रमें प्रकाशित कराई थी और मेरे पास भी उन्होंने उसकी नकल भेजी थी। इसी सम्बन्धमें उन्होंने अपने ता० १६-६-२३ के पत्रमें लिखा था कि "उत्तरपुराणकी टिप्पणी मँगाई सो वह गठरी नहीं मिली थी—आज ढूँढ़कर निकाली है। उसके आदि अंतके पाठकी भी नकल है। 'श्रीचद्रमुनिना' में 'प्रभा' शब्द छूट गया मालूम होता है। परन्तु श्लोकसंख्यामें फर्क होनेसे शायद श्रीचद्रमुनि दूसरा भी हो सकता है।"

२ यहाँ निश्चयसे श्रीचन्द्राचार्यकी जगह प्रभाचन्द्राचार्य लिखा गया है। लिपिकर्ताकी स्पष्ट भूल है।

जैसवाल चौ० टोडरमल्लु चौ० जगसीपुत्र इदं उत्तरपुराणटीका लिखापितं । शुभं भवतु । मागल्यं दधति लेखकपाठकयो ।

उक्त तीनों ग्रन्थोंकी प्रशस्तियोंसे यह बात स्पष्ट होती है कि इन तीनोंके कर्त्ता श्रीचन्द्रमुनि हैं, जो बलात्कारगणके श्रीनन्दि नामक सत्कविके शिष्य थे और जिन्होंने धारा नगरीमें वि० सं० १०८७ और १०८० में उक्त ग्रन्थोंकी रचना की है।

अब श्रीप्रभाचंद्रके ग्रन्थोंको देखिए और उनमे सबसे पहले आदिपुराण-टिप्पणको लीजिए—

प्रारंभ—प्रणम्य वीरं विबुधेन्द्रसंस्तुतं निरस्तदोषं वृषभं महोदयम् ।
पदार्थसंदिग्धजनप्रबोधकं महापुराणस्य करोमि टिप्पणम् ॥

अन्त—समस्तसन्देहहरं मनोहरं प्रकृष्टपुण्यप्रभवं जिनेश्वरम् ।
कृतं पुराणे प्रथमे सुटिप्पणं सुखावबोधं निखिलार्थदर्पणम् ॥

इति श्रीप्रभाचंद्रविरचितमादिपुराणटिप्पणकं पंचासश्लोकहीनं सहस्रद्वयपरिमाणं परिसमाप्ता (प्तं) शुभं भवतु ।

पुष्पदन्तके महापुराणके दो भाग हैं एक आदिपुराण और दूसरा उत्तरपुराण। इन भागोंकी प्रतियाँ अलग अलग भी मिलती हैं और समग्र ग्रंथकी एक प्रति भी मिलती है। श्रीचन्द्रने और प्रभाचन्द्रने दोनों भागोंपर टिप्पण लिखे हैं। श्रीचन्द्रका आदिपुराणका टिप्पण तो अभी तक हमें नहीं मिला, परन्तु प्रभाचन्द्रके दोनों भागोंके टिप्पण उपलब्ध हैं। उनमेंसे आदिपुराण-टिप्पणका मंगलाचरण और प्रशस्ति ऊपर दी जा चुकी है। उत्तरपुराणके टिप्पणका—अन्तिम अंश—

इत्याचार्यप्रभाचंद्रदेवविरचितं उत्तरपुराणटिप्पणकं द्यधिकशततमः सन्धिः ।

नित्यं तत्र तवप्रसन्नमनसा यत्पुण्यमत्यद्भुतं
यातस्तेन समस्तवस्तुविषयं चेतश्चमत्कारकः ।
व्याख्यातं हि तदा पुराणममलं स्व ( सु ) स्पष्टमिष्टाक्षरैः
भूयाच्चेतसि धीमतामतितरां चन्द्रार्कताराविधि ॥ १ ॥
तत्त्वाधारमहापुराणगम (ग) नद्यो (ज्ज्यो)ती जनानन्दनः
सर्वप्राणिमनःप्रभेदपटुता प्रस्पष्टवाक्यैः करैः ।
भव्याब्जप्रतिबोधकः समुदितो भूभृत्प्रभाचंद्रतो
जीयाट्टिप्पणकः प्रचंडतरणिः सर्वार्थमग्रद्युतिः ॥ २ ॥

---

भाण्डारकर रिसर्च इन्स्टिट्यूटकी प्रति न० ४६३ ( आफ ) १८७६-७७।

श्रीजयसिंहदेवराज्ये श्रीमद्धारानिवासिना परापरपरमेष्ठिप्रणामोपार्जितामलपुण्य-निराकृताखिलमलकलंकेन श्रीप्रभाचंद्रपंडितेन महापुराणटिप्पणकं शतत्र्यधिकसहस्र-त्रयपरिमाणं कृतमिति[१]।

इससे मालूम होता है कि यह टिप्पण धारानिवासी पं० प्रभाचन्द्रने जयसिंह-देवके ( परमारनरेश भोजदेवके उत्तराधिकारीके ) राज्यमें रचा है। आदिपुराणके टिप्पणमें यद्यपि धाराका और जयसिंहदेवके राज्यका उल्लेख नहीं है और इसका कारण यह है कि आदिपुराण स्वतंत्र ग्रंथ नहीं है, महापुराणका ही आदिका अंश है। परन्तु वह है इन्हीं प्रभाचंद्रका।

इसी उत्तरपुराण-टिप्पणकी एक प्रति आगरेके मोतीकटरेके मंदिरमें है जो कुछ समय पहले साहित्यमन्देशके सम्पादक श्रीमहेन्द्रजीके द्वारा हमें देखनेको मिली थी। उसकी पत्रसंख्या ३३ है और उसका दूसरा और ३२ वॉ पत्र नष्ट हो गया है। उसके ३३ वें पत्रका प्रारंभ इस तरह है—

मेदः ॥ ९ गाइयइ स्मानिरयाने ॥ १० ॥ अणिट्ठउ अनुक्तस्वरूपः। बहुमम-गुणसरोरु सम्यग्ज्ञानाद्यष्टगुणस्वरूपः। हर्यानिउ हृतातिः ॥११॥ पढिवि पाठं गृहणम्। मालइय कविवरस्य नामेदम्। सोत्ते प्रवाहेण ॥

इसके आगे वह श्लोक और प्रशस्ति है जो ऊपर दी जा चुकी है। यह उत्तरपुराण-टिप्पण श्रीचन्द्रके उत्तरपुराणसे भिन्न है। क्योंकि उसके अंतके टिप्पण प्रभाचंद्रके टिप्पणोंसे नहीं मिलते। प्रभाचंद्रके टिप्पणका अंश ऊपर दिया गया है। श्रीचंद्रके टिप्पणका अंतिम अंश यह है—

देसे रसए इतिमप्रबन्धः। पढम ज्येष्ठा। निरंगु कामः। मुई मूकी। जलमंथणु अनिमकल्किनो नामेदं। विरसेसइ गजिष्यति। पढेवि पाठग्रहणनामेदं।

इसके आगे ही 'श्रीविक्रमादित्यसंवत्सरे' आदि प्रशस्ति है।

श्रीचंद्रके उत्तरपुराण-टिप्पणकी श्लोकसंख्या १७०० है जब कि प्रभाचंद्रके टिप्पणकी १३५०। चूँकि प्रभाचन्द्रके सम्पूर्ण महापुराण-टिप्पणकी श्लोकसंख्या ३३०० बतलाई गई है और आदिपुराणकी १९५०। ३३०० मेंसे आ० पु० टि० की १९५० संख्या बाद देनेसे १३५० संख्या रह जाती है।

---

१ यह ग्रंथ जयपुरके पाटोदीके मंदिरके भंडारका है ( ग्रन्थ नं० २३३ )। आगरेके मोतीकटरेके मन्दिरकी प्रतिमें भी प्रशस्तिका यही पाठ है।

जिस तरह श्रीचंद्रके बनाये हुए कई ग्रन्थ हैं जिनमेंसे तीनका परिचय ऊपर दिया जा चुका है, उसी तरह प्रभाचंद्रके भी अनेक स्वतंत्र ग्रंथ और टीका-टिप्पण ग्रथ हैं और उनमेंसे कईमें उन्होंने धारा-निवासी और जयसिंहदेवके राज्यका उल्लेख किया है जैसा कि आराधनाकथाकोश ( गद्य ) में लिखा है—

श्रीजयसिंहदेवराज्ये श्रीमद्धारानिवासिना परापरपंचपरमेष्ठिप्रणामोपार्जितामल-पुण्यनिराकृतनिखिलमलकलंकेन श्रीमत्प्रभाचंद्रपंडितेन आराधनासत्कथाप्रबंधः कृतः।

उन्होंने कई ग्रंथ जयसिंहदेवसे पहले भोजदेवके समयमें भी बनाये हैं[1] और उनमें अपने लिए लगभग यही विशेषण दिये हैं।

इन सब बातोंसे स्पष्ट हो जाता है कि ये दोनों ग्रन्थकर्ता भिन्न भिन्न हैं और दोनोंको एक समझना भ्रम है। ऐसा मालूम होता है कि जयपुरके लिपिकर्ताने पहले प्रभाचन्द्रके टिप्पणकी एक नकल की होगी और तब उसकी यह धारणा बन गई होगी कि टिप्पणके कर्त्ता प्रभाचन्द्र हैं और उसके बाद जब उससे श्रीचन्द्रके टिप्पणकी भी नकल कराई होगी तब उसने उसी धारणाके अनुसार 'श्रीचन्द्र मुनिना' गलत समझकर 'प्रभाचंद्राचार्यविरचित' लिख दिया होगा।

यहाँ यह कह देना आवश्यक प्रतीत होता है कि ये वही प्रभाचन्द्र हैं जिनके बनाये हुए प्रमेयकमलमार्तण्ड और न्यायकुमुदचन्द्र नामके प्रसिद्ध न्याय ग्रन्थ हैं[2]। रत्नकरण्डटीका, क्रियाकलापटीका, समाधितंत्रटीका, आत्मानुशासनतिलक, द्रव्य-संग्रहपंजिका, प्रवचनसरोजभास्कर, सर्वार्थसिद्धिटिप्पण ( तत्त्वार्थवृत्तिपदविवरण ) आदि टीकायें और आराधनाकथाकोश ( गद्य ) भी उन्हींका है। इनके सिवाय अष्टपाहुड-पंजिका, स्वयंभूस्तोत्र-पंजिका, देवागम-पंजिका, समयसार-टीका, पंचास्तिकाय-टीका, मूलाचार-टीका, आराधना-टीका आदि टीका-ग्रन्थ भी जिनके नाम ग्रन्थ-सूचियोंमें मिलते हैं शायद उन्हींके हों।

---

१ जैसे प्रमेयकमलमार्तण्डके अन्तमें—" श्रीभोजदेवराज्ये श्रीमद्धारानिवासिना परापर-परमेष्ठिपदप्रणामार्जितामलपुण्यनिराकृतनिखिलमलकलंकेन श्रीमत्प्रभाचन्द्रपंडितेन निखिल-प्रमाणप्रमेयस्वरूपोद्योतपरीक्षामुखपदमिदं विवृतमिति।"

२ देखो न्यायकुमुदचन्द्र द्वि० खण्डकी न्यायाचार्य पं० महेन्द्रकुमारलिखित भूमिका।

# वादिराज

वादिराज द्रमिल या द्रविड संघके थे। इस संघमे भी एक नन्दिसंघ था, जिसकी अरुंगल शाखाके ये आचार्य थे। अरुंगल किसी स्थान या ग्रामका नाम है जहाँकी मुनिपरम्परा अरुगलान्वय कहलाई।

षट्तर्कषण्मुख, स्याद्वादविद्यापति और जगदेकमल्ल इनकी उपाधियाँ हैं। एकीभावस्तोत्रके अन्तमे एक श्लोक है जिसका अर्थ है कि सारे शाब्दिक (वैयाकरण), तार्किक और भव्यसहाय वादिराजसे पीछे हैं, अर्थात् उनकी बराबरी नही कर सकते। एक शिलालेखमे कहा है सभामे वे अकलंकदेव (जैन), धर्मकीर्ति (बौद्ध), बृहस्पति (चार्वाक) और गोतम (नैयायिक) के तुल्य हैं और इस तरह वे इन जुदा जुदा धर्मगुरुओंके एकीभूत प्रतिनिधिसे जान पड़ते हैं। मल्लिषेण-प्रशस्तिमें उनकी और भी अधिक प्रशंसा की गई है और उन्हें महान वादी, विजेता और कवि प्रकट किया है।

वे श्रीपालदेवके प्रशिष्य, मतिसागरके शिष्य और रूपसिद्धि (शाकटायन

१ वादिराजमनु शाब्दिकलोको वादिराजमनु तार्किकसिंह ।
वादिराजमनु काव्यकृतस्ते वादिराजमनु भव्यसहाय. ॥

२ सदसि यदकलङ्क कीर्तने धर्मकीर्तिर्वचसि सुरपुरोधा न्यायवादेऽक्षपाद·
इति समयगुरूणामेकत सगतानां प्रतिनिधिरिव देवो राजते वादिराज ॥

३ यह प्रशस्ति श० स० १०५० ( वि० सं० ११८५ ) की उत्कीर्ण की हुई है।

४ त्रैलोक्यदीपिका वाणी द्वाभ्यामेवोदगादिह ।
जिनराजत एकस्मादेकस्माद्वादिराजत ॥ ४०
आरुह्याम्बरमिन्दुबिम्बरचितौत्सुक्य सदा यद्यश—
श्छत्र वाक्चमरीजराजिरुचयोऽभ्यर्णे च यत्कर्णयो: ।
सेव्य· सिंहसमर्च्यपीठविभव सर्वप्रवादिप्रजा—
दत्तोच्चैर्जयकारसारमहिमा श्रीवादिराजो विदाम् ॥ ४१

व्याकरणकी टीका ) के कर्त्ता दयापाल मुनिके सतीर्थ या गुरुभाई थे। वादिराज यह एक तरहकी पदवी या विशेषण है जो अधिक प्रचलित होनेके कारण नाम ही बन गया है परन्तु वास्तव नाम कुछ और ही होगा।

चौलुक्यनरेश जयसिंहदेवकी राजसभामें इनका बड़ा सम्मान था और ये प्रख्यात वादी गिने जाते थे। मल्लिषेण-प्रशस्तिके अनुसार जयसिंहद्वारा ये पूजित भी थे—'सिंहसमर्च्यपीठविभवः।'

जयसिंह ( प्रथम ) दक्षिणके चौलुक्य या सोलंकी वंशके राजा थे। इनके राज्यकालके तीससे ऊपर शिलालेख दानपत्र आदि मिल चुके हैं जिनमें पहला लेख श० सं० ९३८ का है और अन्तिम श० स० ९६४ का। अतएव कमसे कम ९३८ से ९६४ तक तो उनका राज्य-काल निर्विवाद है। उनके पौष वदी द्वितीया श० स० ९४५ के एक लेखमे उन्हें भोजरूप कमलके लिए चन्द्र, राजेन्द्र चोल ( परकेसरी वर्मा ) रूप हाथीके लिए सिंह, मालवेकी सम्मिलित सेनाको पराजित करनेवाला और चेर-चोल राजाओंको दण्ड देनेवाला लिखा है।

वादिराजने अपना पार्श्वनाथचरित सिंहचक्रेश्वर या चौलुक्यचक्रवर्ती जयसिंह-

यदीय गुणगोचरोऽयं वचनविलासप्रसरः कवीनाम्—
श्रीमच्चौलुक्यचक्रेश्वरजयकटके वाग्वधूजन्मभूमौ,
निष्काण्डं डिण्डिमः पर्यटति पटुरटो वादिराजस्य जिष्णोः।
जह्याद्वाददर्पो जहिहि गमकता गर्वभूमा जहाहि,
व्याहारेर्ष्यो जहीहि स्फुट मृदु-मधुर-श्रव्यकाव्यावलेपः ॥ ४२
पाताले व्यालराजो वसति सुविदितं यस्य जिह्वासहस्रं,
निर्गन्ता स्वर्गतोऽसौ न भवति धिषणो वज्रभृद्यस्य शिष्यः।
जीवेतान्तावदेतौ निलयबलवशाद्वादिनः केऽत्र नान्ये,
गर्वं निर्मुच्य सर्वे जयिनमिन-सभे वादिराजं नमन्ति ॥ ४३
वाग्देवीसुचिरप्रयोगसुदृढप्रेमाणमप्यादरा—
दादत्ते मम पार्श्वतोऽयमधुना श्रीवादिराजो मुनिः।
भो भो पश्यत पश्यतैष यमिना किं धर्म इत्युच्चकै—
रब्रह्मण्यपरा पुरातनमुनेर्वाग्वृत्तयः पान्तु वः ॥ ४४

१ हितैषिणां यस्य नृणामुदात्तवाचा निबद्धा हितरूपसिद्धिः।
वन्द्यो दयापालमुनिः स वाचा सिद्धस्सताम्मूर्द्धनि यः प्रभावैः ॥ ३८ ॥ म० प्र०

देवकी राजधानीमें ही निवास करते हुए श० सं० ९४७ की कार्तिक सुदी ३ को बनाया था। यह जयसिंहका ही राज्य-काल है। यह राजधानी लक्ष्मीका निवास थी और सरस्वतीदेवी ( वाग्वधू ) की जन्मभूमि थी।

यशोधरचरितके तीसरे सर्गके अन्तिम ८५ वें पद्यमें और चौथे सर्गके उपान्त्य पद्यमें कविने चतुराईसे महाराजा जयसिंहका उल्लेख किया है। इससे मालूम होता है कि यशोधरचरितकी रचना भी जयसिंहके समयमें हुई है।

पार्श्वनाथ-चरितकी प्रशस्तिके छठे श्लोकसे ऐसा मालूम होता है कि चालुक्य जयसिंहकी राजधानी 'कट्टगेरी' होगी जो इस समय मद्रास सदर्न मराठा रेलवेकी गदग-होटगी शाखापर एक साधारण-सा गाँव है और जो बदामीसे १२ मील उत्तरकी ओर है। यह पुराना शहर है और इसके चारों ओर अब भी शहर-पनाहके चिह्न मौजूद हैं। उक्त श्लोकका पूर्वार्द्ध मुद्रित प्रतिमें इस प्रकार है—

लक्ष्मीवासे वसति कटके कट्टगातीरभूमौ,
कामावाप्तिप्रमदसुभगे सिंहचक्रेश्वरस्य।

इसमें सिंहचक्रेश्वर अर्थात् जयसिंहदेवकी राजधानी ( कटक ) का वर्णन है जहाँ रहते हुए ग्रन्थकर्त्ताने पार्श्वनाथचरितकी रचना की थी। इसमें राजधानीका नाम अवश्य होना चाहिए; परन्तु उक्त पाठसे उसका ठीक पता नहीं चलता। सिर्फ इतना मालूम होता है कि वहाँ लक्ष्मीका निवास था, और वह कट्टगाके तीरकी भूमिपर थी। हमारा अनुमान है कि शुद्ध पाठ 'कट्टगेरीति भूमौ' होगा, जो लिपिकर्त्ताओंकी कृपासे 'कट्टगातीरभूमौ' बन गया है।

जयसिंहके पुत्र सोमेश्वर या आहवमल्लने 'कल्याण' नामक नगरी बसाई और वहाँ अपनी राजधानी स्थापित की। इसका उल्लेख बिल्हणने अपने 'विक्रमांक-देवचरित' (सर्ग २ श्लोक १) में किया है। कल्याणका नाम इसके पहलेके किसी भी शिलालेख या ताम्रपत्रमें उपलब्ध नहीं है, अतएव इसके पहले चौलुक्योंकी राजधानी 'कट्टगेरी' में ही रही होगी। इस स्थानमें चालुक्य विक्रमादित्य (द्वि०)

---

१ व्यातन्वञ्जयसिंहतां रणमुखे दीर्घं दधौ धारिणीम्।

२ रणमुखजयसिंहो राज्यलक्ष्मीं बभार॥

का ई० स० १०९८ का कनड़ी शिलालेख भी मिला है जो उसका चालुक्यराज्यके अन्तर्गत होना बतलाता है।

पार्श्वनाथचरितकी प्रशस्तिमें वादिराजसूरिने अपने दादागुरु श्रीपालदेवको 'सिंहपुरैकमुख्य' लिखा है और न्यायविनिश्चयविवरणकी प्रशस्तिमें अपने आपको भी 'सिंहपुरेश्वर' लिखा है। इन दोनों शब्दोंसे यही मालूम होता है कि वे सिंहपुर नामक स्थानके स्वामी थे, अर्थात् सिंहपुर उन्हें जागीरमें मिला हुआ था और शायद वहींपर उनका मठ था।

श्रवणबेल्गोलके ४९३ नम्बरके शिलालेखमें जो श० स० १०४७ का उत्कीर्ण किया हुआ है—वादिराजकी ही शिष्यपरम्पराके श्रीपाल त्रैविद्यदेवको होय्सल-नरेश विष्णुवर्द्धन पोय्सलदेवने जिनमन्दिरोंके जीर्णोद्धार और ऋषियोंको आहार-दानके हेतु शल्य नामक गाँवको दान स्वरूप देनेका वर्णन है और ४९५ नम्बरके शिला-लेखमें—जो श० सं० ११२२ के लगभगका उत्कीर्ण किया हुआ है—लिखा है कि षड्दर्शनके अध्येता श्रीपालदेवके स्वर्गवास होनेपर उनके शिष्य वादिराज ( द्वितीय ) ने 'परवादिमल्ल-जिनालय' नामका मन्दिर निर्माण कराया और उसके पूजन तथा मुनियोंके आहार-दानके लिए कुछ भूमिका दान किया।

इन सब बातोंसे मालूम होता है कि वादिराजकी गुरु-शिष्यपरम्परा मठाधीशोंकी परम्परा थी, जिसमें दान लिया भी जाता था और दिया भी जाता था। वे स्वयं जैनमन्दिर बनवाते थे, उनका जीर्णोद्धार कराते थे और अन्य मुनियोंके आहार-दानकी भी व्यवस्था करते थे। उनका 'भव्यसहाय' विशेषण भी इसी दानरूप सहायताकी ओर संकेत करता है। इसके सिवाय वे राजाओंके दरबारोंमें उपस्थित होते थे और वहाँ वाद-विवाद करके वादियोंपर विजय प्राप्त करते थे।

देवसेनके दर्शनसारके अनुसार द्राविडसंघके मुनि, कच्छ, खेत, वसति ( मन्दिर ) और वाणिज्यसे जीविका करते थे और शीतल जलसे स्नान

---

१ इस मुनिपरम्परामें वादिराज और श्रीपालदेव इन नामोंके कई आचार्य हो गये हैं। ये वादिराज दूसरे हैं जो गंगनरेश राचमल्ल चतुर्थ या सत्यवाक्यके गुरु थे।

करते थे[1]। मन्दिर बनानेकी बात तो ऊपर आ चुकी है, रही खेती-बारी, सो जब जागीरी थी तब वह होती ही होगी और आनुषङ्गिक रूपसे वाणिज्य भी। इसी लिए शायद दर्शनसारमें द्राविड़संघको जैनाभास कहा है।

वादिराजके विषयमें एक चमत्कारकारिणी कथा प्रचलित है कि उन्हें कुष्ठरोग हो गया था। एक बार राजाके दरबारमें इसकी चर्चा हुई तो उनके एक अनन्य भक्तने गुरुके अपवादके भयसे झूठ ही कह दिया कि उन्हें कोई रोग नहीं है। इसपर बहस छिड़ गई और आखिर राजाने कहा कि "मैं स्वयं इसकी जाँच करूँगा।" भक्त घबड़ाया हुआ गुरुजीके पास गया और बोला—"मेरी लाज अब आपके ही हाथ है, मैं तो कह आया।" इसपर गुरुजीने दिलासा दी और कहा, "धर्मके प्रसादसे सब ठीक होगा, चिन्ता मत करो।" इसके बाद उन्होंने एकीभावस्तोत्रकी रचना की और उसके प्रभावसे उनका कुष्ठ दूर हो गया।

एकीभावकी चन्द्रकीर्ति भट्टारककृत संस्कृत टीकामें यह पूरी कथा तो नहीं दी है परन्तु चौथे श्लोककी टीका करते हुए लिखा है कि "मेरे अन्त करणमें जब आप प्रतिष्ठित हैं तब मेरा यह कुष्ठरोगाक्रान्त शरीर यदि सुवर्ण हो जाय तो क्या आश्चर्य है[2]?" अर्थात् भ० चन्द्रकीर्ति उक्त कथासे परिचित थे[3]। परन्तु जहाँ तक हम जानते हैं यह कथा बहुत पुरानी नहीं है और उन लोगोंद्वारा गढ़ी गई है जो ऐसे चमत्कारोंसे ही आचार्यों और भट्टारकोंकी प्रतिष्ठाका माप किया करते थे। अमावसके दिन पूनोंके चन्द्रमाका उदय कर देना; चवालीस या अड़तालीस बेड़ियोंको तोड़कर कैदमेंसे बाहर निकल आना, साँपके काटे हुए पुत्रका जीवित हो जाना आदि, इस तरहकी और भी अनेक चमत्कारपूर्ण कथायें पिछले भट्टारकोंकी गढ़ी हुई प्रचलित हैं जो असंभव और अप्राकृतिक तो हैं ही, जैनमुनियोंके चरित्रको और उनके वास्तविक महत्त्वको भी नीचे गिराती हैं।

यहाँ यह स्मरण रखना चाहिए कि सच्चे मुनि अपने भक्तके भी मिथ्याभाषणका समर्थन नहीं करते और न अपने रोगको छुपानेकी ही कोशिश करते हैं।

---

१ कच्छं खेत्तं वसदिं वाणिज्जं कारिऊण जीवंतो।
ण्हंतो सीयलनीरे पावं पउरं स संजेदि॥ २७

२ हे जिन, मम स्वान्तगेहं ममान्त करणमन्दिरं त्वं प्रतिष्ठ सन् यत् इदं मदीयं कुष्ठरोगाक्रान्तं वपु' शरीरं सुवर्णीकरोषि, तत्किं चित्रं तत्किमाश्चर्यं न किमपि आश्चर्यमित्यर्थः।

३ ये चन्द्रकीर्ति सोजित्रा (गुजरात) की गद्दीके भट्टारक जान पड़ते हैं जो काष्ठासंघके थे। इनके रचे हुए शान्तिनाथपुराण और पार्श्वनाथपुराण उपलब्ध हैं। शान्तिनाथपुराण वि० सं० १६५९ और पार्श्वनाथ पुराण १६५४ में रचा गया है।

यदि यह घटना सत्य होती तो मल्लिषेणप्रशस्ति ( श० स० १०५० ) तथा दूसरे शिलालेखोंमें जिनमें वादिराजसूरिकी बेहद प्रशंसा की गई है, इसका उल्लेख अवश्य होता। परन्तु जान पड़ता है तब तक इस कथाका आविर्भाव ही न हुआ था।

इसके सिवाय एकीभावके जिस चौथे पद्यका आश्रय लेकर यह कथा गढ़ी गई है, उसमें ऐसी कोई बात ही नहीं है जिससे उक्त घटनाकी कल्पना की जाय। उसमें कहा है कि जब स्वर्गलोकसे माताके गर्भमें आनेके पहले ही आपने पृथिवीमंडलको सुवर्णमय कर दिया था, तब ध्यानके द्वारा मेरे अन्तरमें प्रवेश करके यदि आप मेरे इस शरीरको सुवर्णमय कर दें तो कोई आश्चर्य नहीं है। यह एक भक्त कविकी सुन्दर और अनूठी उक्ति है, जिसमें वह अपनेको कर्मोंकी मलिनतासे रहित सुवर्ण या उज्ज्वल बनाना चाहता है। आगे ५, ६, ७ वें पद्योंमें भी इसी तरहके भाव हैं : जब आप मेरी चित्तशय्यापर विश्राम करेंगे, तो मेरे क्लेशोंको कैसे सहन करेंगे ! आपकी स्याद्वाद-वापिकामें स्नान करनेसे मेरे दुःख-सन्ताप क्यों न दूर होंगे ! जब आपके चरण रखनेसे तीनों लोक पवित्र हो जाते हैं तब सर्वांग रूपसे आपको स्पर्श करनेवाला मेरा मन क्यों कल्याणभागी न होगा ! आदि।

सम्राट् हर्षवर्धनके समयके मयूर कविके विषयमें भी जो कादम्बरीकर्ता बाणके ससुर और सूर्यशतक नामक स्तोत्रके कर्त्ता हैं एक ऐसी ही कथा प्रसिद्ध है। मम्मटकृत काव्यप्रकाशके टीकाकार जयरामने लिखा है कि मयूर कवि सौ श्लोकोंसे सूर्यका स्तवन करके कुष्ठ रोगसे मुक्त हो गया। सुधासागर नामके दूसरे टीकाकारने लिखा है कि मयूर कवि यह निश्चय करके कि या तो कुष्ठसे मुक्त हो जाऊँगा या प्राण ही छोड़ दूँगा हरद्वार गया और गंगा-तटके एक बहुत ऊँचे झाड़की शाखापर सौ रस्सियोंवाले छींकेमें बैठ गया और सूर्यदेवकी स्तुति करने लगा। एक एक पद्यको कहकर वह छींकेकी एक एक रस्सी काटता जाता था। इस तरह करते करते सूर्यदेव सन्तुष्ट हुए और उन्होंने उसका शरीर उसी समय निरोग और सुन्दर कर दिया। काव्यप्रकाशके तीसरे टीकाकार जगन्नाथने भी लगभग यही बात

१ "मयूरनामा कविः शतश्लोकेन आदित्यं स्तुत्वा कुष्ठान्निस्तीर्ण इति प्रसिद्धिः।"

२ "पुरा किल मयूरशर्मा कुष्ठी कविः क्लेशमसहिष्णुः सूर्यप्रसादेन कुष्ठान्निस्तरामि प्राणान्वा त्यजामि इति निश्चित्य हरद्वारं गत्वा गंगातटे अत्युच्चशाखावलम्बी शतरज्जुशिक्यं अधिरूढः सूर्यमस्तौषीत। अकरोच्चैवैकैकपद्यान्ते एकैकरज्जुविच्छेदं। एवं क्रियमाणे काव्ये तुष्टो रविः सद्य एव निरोगां रमणीयां च तत्तनुं अकार्षीत। प्रसिद्धं तन्मयूरशतकं सूर्यशतकापरपर्यायमिति।"

कही है[१]। हमारा अनुमान है कि इसी सूर्यशतक-स्तवनकी कथाके अनुकरणपर वादिराजसूरिके एकीभावस्तोत्रकी कथा गढ़ी गई है।

हिन्दू देवता तो 'कर्तुमकर्तुमन्यथाकर्तुं समर्थ' होते हैं, इस लिए उनके विषयमें इस तरहकी कथायें कुछ अर्थ भी रखती हैं परन्तु जिनभगवान् न तो स्तुतियोंसे प्रसन्न होते हैं और न उनमें यह सामर्थ्य है कि किसीके भयंकर रोगको बातकी बातमें दूर कर दे। अतएव जैनधर्मके विश्वासोंके साथ इस तरहकी कथाओंका कोई सामञ्जस्य नहीं बैठता।

## ग्रन्थ रचना

वादिराजसूरिके अभी तक नीचे लिखे पाँच ग्रन्थ उपलब्ध हुए हैं—

**१ पार्श्वनाथचरित**—यह एक १२ सर्गका महाकाव्य है और माणिकचन्द्र-जैन-ग्रन्थमालामें प्रकाशित हो चुका है। 'पार्श्वनाथकाकुत्स्थचरित'[२] नामसे भी इसका उल्लेख किया गया है।

**२ यशोधरचरित**—यह एक चार सर्गका छोटा-सा खण्डकाव्य है जिसमें सब मिलाकर २९६ पद्य हैं। इसे तंजौरके स्व० टी० एस० कुप्पूस्वामी शास्त्रीने बहुत समय पहले प्रकाशित किया था जो अब अनुपलभ्य है। इसकी रचना पार्श्वनाथचरितके बाद हुई थी। क्योंकि इसमें उन्होंने अपनेको पार्श्वनाथचरितका कर्त्ता बतलाया है।

**३ एकीभावस्तोत्र**—यह एक छोटा-सा २५ पद्योंका सुन्दर स्तोत्र है और 'एकीभावं गत इव मया' से प्रारंभ होनेके कारण इस नामसे प्रसिद्ध है।

**४ न्यायविनिश्चयविवरण**—यह अकलंकदेवके 'न्यायविनिश्चय' का भाष्य है और जैनन्यायके प्रसिद्ध ग्रन्थोंमें इसकी गणना है। इसकी श्लोकसंख्या २०,००० है। भारतीय ज्ञानपीठ काशीसे प्रकाशित हो चुका है।

---

१ श्रीमन्मयूरभट्ट पूर्वजन्मदुष्टेनुक्रगलितकुष्ठजुष्टो इत्यादि।

२ श्रीपार्श्वनाथकाकुत्स्थचरितं येन कीर्तितम्।
तेन श्रीवादिराजेन दृब्धा याशोधरी कथा॥ ५–यशोधरचरित, पर्व १

पहले मैंने भूलसे 'श्री पार्श्वनाथकाकुत्स्थचरित' परसे पार्श्वनाथचरित और काकुत्स्थ-चरित नामके दो ग्रन्थ समझ लिये थे। इस भूलको मेरे बादके लेखकोंने भी दुहराया है। यदि ये दो ग्रन्थ होते तो द्विवचनान्तपद होना चाहिए था, जो नहीं है। 'काकुत्स्थ' पार्श्वनाथके वंशका परिचायक है। पार्श्वनाथ इक्ष्वाकुवंशके थे। इक्ष्वाकुके परपोतेका नाम ककुत्स्थ था जो बहुत प्रतापी हुआ। उसके कारण आगे यह वंश काकुत्स्थ भी कहलाया।

**५ प्रमाणनिर्णय**—प्रमाणशास्त्रका यह एक छोटा-सा स्वतंत्र ग्रन्थ है जिसमें प्रमाण, प्रत्यक्ष, परोक्ष और आगम नामके चार अध्याय हैं। माणिक्यचन्द्र-जैन ग्रन्थमालामें प्रकाशित हो चुका है।

**अध्यात्माष्टक**—यह भी एक छोटा-सा आठ पद्योंका ग्रन्थ है और माणिक-चन्द्र-ग्रन्थमालामें प्रकाशित हो चुका है। पर यह निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता कि इसके कर्त्ता ये ही वादिराज हैं या और कोई दूसरे।

**त्रैलोक्यदीपिका** नामका ग्रन्थ भी वादिराजका होना चाहिए जिसका संकेत ऊपर टिप्पणीमें उद्धृत किये हुए 'त्रैलोक्यदीपिका वाणी' आदि पद्यमें मिलता है। स्व० सेठ माणिकचन्द्रजीने अपने यहाँके ग्रन्थ-संग्रहकी प्रशस्तियोंका जो रजिस्टर बनवाया था उससे मालूम होता है कि उक्त संग्रहमें 'त्रैलोक्यदीपिका' नामक एक अपूर्ण ग्रन्थ है जिसमें आदिके दस और अन्तके ५८ वें पत्रसे आगेके पत्र नहीं है। संभव है, यह वादिराजकी ही रचना हो।

## पार्श्वनाथचरितकी प्रशस्ति

श्रीजैनसारस्वतपुण्यतीर्थनित्यावगाहामलबुद्धिसत्त्वैः।
प्रसिद्धभागी मुनिपुंगवेन्द्रैः श्रीनन्दिसंघोऽस्ति निवर्हितांहः ॥ १ ॥
तस्मिन्नभूदुद्यतसंयमश्रीस्त्रैविद्यविद्याधरगीतकीर्तिः।
सूरिः स्वयं सिंहपुरैकमुख्यः श्रीपालदेवो नयवर्त्मशाली ॥ २ ॥
तस्याभवद्भव्यसरोरुहाणां तमोपहो नित्यमहोदयश्रीः।
निषेधदुर्मार्गनयप्रभावः शिष्योत्तमः श्रीमतिसागराख्यः ॥ ३ ॥
तत्पादपद्मभ्रमरेण भूम्ना निःश्रेयसश्रीरतिलोलुपेन।
श्रीवादिराजेन कथा निबद्धा जैनी स्वबुद्ध्यमनिर्दयापि ॥ ४ ॥
शाकाब्दे नगवार्धिरन्ध्रगणने संवत्सरे क्रोधने,
मासे कार्तिकनाम्नि बुद्धिमहिते शुद्धे तृतीयादिने।
सिंहे पाति जयादिके वसुमती जैनी कथेयं मया,
निष्पत्तिं गमिता सती भवतु वः कल्याणनिष्पत्तये ॥ ५ ॥
लक्ष्मीवासे वसतिकटके कट्टगातीरभूमौ
कामावाप्तिप्रमदसुभगे सिंहचक्रेश्वरस्य।
निष्पन्नोऽयं नवरससुधास्यन्दसिन्धुप्रबंधो
जीयादुच्चैर्जिनपतिभवप्रक्रमैकान्तपुण्यः ॥ ६ ॥

अन्यश्री जिनदेवजन्मविभवव्यावर्णनाह्वारिण:
श्रोता यः प्रमरत्प्रमोदसुभगो व्याख्यानकारी च यः ।
सोऽयं मुक्तिवधूनिसर्गसुभगो जायेत किं चैकशः
सर्गान्तेऽप्युपयाति वाङ्मयलसल्लक्ष्मीपदश्रीपदम् ॥ ७ ॥
समाप्तमिदं पार्श्वनाथचरितम् ।

## न्यायविनिश्चयविवरणकी प्रशस्ति

श्रीमन्न्यायविनिश्चयस्तनुभृतां चेतोद्गुर्वीनलः
सन्मार्गं प्रतिबोधयन्नपि च तान्निःश्रेयसप्रापणम् ।
येनायं जगदेकवत्सलधिया लोकोत्तरं निर्मितो
देवस्तार्किकलोकमस्तकमणिर्भूयात्स वः श्रेयसे ॥ १ ॥
विद्यानन्दमनन्तवीर्यसुखदं श्रीपूज्यपाद दया-
पालं सन्मतिसागरं कनकसेनाराध्यमभ्युद्यमी ।
शुद्धयन्नीतिनरेन्द्रसेनमकलङ्क वादिराज सदा,
श्रीमत्स्वामिसमन्तभद्रमतुलं वंदे जिनेन्द्रं मुदा ॥ २ ॥
भूयो भेदनयावगाहगहनं देवस्य यद्वाङ्मयं
कस्तद्विस्तरतो विविच्य वदितुं मन्दप्रभुर्मादृशः ।
स्थूलः कोऽपि नयस्तदुक्तिविषयो व्यक्तीकृतोऽयं मया
स्थेयाच्चेतसि धीमतां मतिमलप्रक्षालनैकक्षमः ॥ ३ ॥
व्याख्यानरत्नमालेयं प्रस्फुरन्नयदीधितिः ।
क्रियता हृदि विद्वद्भिस्तुदंती मानसं तमः ॥ ४ ॥
श्रीमत्सिंहमहीपतेः परिषदि प्रख्यातवादोन्नति—
स्तर्कन्यायतमोपहोदयगिरिः सारस्वतः श्रीनिधिः ।
शिष्यश्रीमतिसागरस्य विदुषां पत्युस्तपः श्रीभृतां
भर्तुः सिंहपुरेश्वरो विजयते स्याद्वादविद्यापतिः ॥ ५ ॥

इति स्याद्वादविद्यापतिविरचितायां न्यायविनिश्चयतात्पर्यावद्योतिन्यां
व्याख्यानरत्नमालायां तृतीयः प्रस्तावः समाप्तः ।
समाप्तं च शास्त्रमिदं ।

# वसुनन्दिकी जिनशतक-टीका

स्वामी समन्तभद्रका ‘ जिनशतक ’ जिसका दूसरा नाम ‘ स्तुति-विद्या ’ है, सन् १९१२ में स्वर्गीय गुरुजी पं० पन्नालालजी बाकलीवालने संस्कृतटीका और पं० लालारामजी शास्त्रीकृत भाषानुवादसहित प्रकाशित किया था । उसके टाइटिल पेजपर संस्कृत टीकाको ‘ भव्योत्तमनरसिंहभट्टकृतव्याख्या ’ लिखा है । परन्तु ग्रन्थके प्रारंभमें टीकाकर्त्ताकी जो उत्थानिका है, उससे तो यह मालूम होता है कि उक्त टीका नरसिंह भट्टकी नहीं किन्तु वसुनन्दिकी है ।

नमो वृषभनाथाय लोकालोकावलोकिने ।
मोहपंकविशोषाय भासिने जिनभानवे ॥ १ ॥
समन्तभद्रं सद्बोधं स्तुवे वरगुणालयम् ।
निर्मलं यद्यशष्कान्तं बभूव भुवनत्रयम् ॥ २ ॥
यस्य च सद्गुणाधारा कृतिरेषा सुपद्मिनी ।
जिनशतकनामेति योगिनामपि दुष्करा ॥ ३ ॥
तस्याः प्रबोधकः कश्चिन्नास्तीति विदुषां मतिः ।
यावत्तावद्बभूवैको नरसिंहो विभाकरः ॥ ४ ॥
दुर्गमं दुर्गमं काव्यं श्रूयते महतां वचः ।
नरसिंहं पुनः प्राप्य सुगमं सुगमं भवेत् ॥ ५ ॥
स्तुतिविद्यां समाश्रित्य कस्य न क्रमते मतिः ।
तद्वृत्तिं येन जाड्ये तु कुरुते वसुनन्द्यपि ॥ ६ ॥
आश्रयाज्जायते लोके निःप्रभोऽपि महाद्युतिः ।
गिरिराजं श्रितः काको धत्ते हि कनकच्छविम् ॥ ७ ॥

पहले पद्यमें भगवान ऋषभदेवको नमस्कार किया गया है और दूसरेमें समन्तभद्रके सद्बोधकी स्तुति की गई है और फिर कहा गया है कि उन्हीं समन्तभद्रको सद्गुणोंकी आधारभूत यह जिनशतक नामकी कृति योगियोंके लिए भी दुष्कर या कठिन है । जिस समय विद्वानोंका यह खयाल हो रहा था कि इस पद्मिनी या कमलिनी जैसी कृतिका प्रबोधक या खोल देनेवाला कोई नहीं है,

उसी समय एक नरसिंह नामक सूर्य उदित हुआ और बड़े बड़े लोगोंसे उसके विषयमें सुना गया कि अतिशय दुर्गम काव्य भी नरसिंहको पाकर बिल्कुल सुगम हो जाता है और फिर स्तुतिविद्याके आश्रयसे किसकी बुद्धि नहीं चलने लगती? इसीलिए उसकी ( स्तुतिविद्या या जिनशतककी ) टीका जड़बुद्धि वसुनन्दि भी कर रहा है। सो ठीक ही है। संसारमें आश्रयसे तो प्रभाहीन भी महान् प्रभावाला हो जाता है। देखो न, गिरिराज हिमालयके सहारे कौआ भी सोने जैसी छविको धारण कर लेता है।

मेरी समझमें ऊपरके श्लोकोंका यही भावार्थ है और इससे इस टीकाके कर्त्ता 'नरसिंह' नहीं किन्तु 'वसुनन्दि' जान पड़ते हैं। नरसिंह कोई बड़े भारी विद्वान थे जो कठिनसे कठिन काव्योंको सुगमतासे समझा सकते थे। सो एक तो उनकी सहायतासे और दूसरे स्वयं स्तुतिविद्याके प्रभावसे वसुनंदि इस टीकाको बनानेमें समर्थ हुए। वृत्तिकारने आलंकारिक ढंगसे यही बात स्पष्ट की है।

मालूम नहीं, नरसिंहके साथ 'भट्ट' विशेषण कहाँसे लग गया और यदि नरसिंहको ही वृत्तिकर्ता माना जाय, तो फिर 'कुरुते वसुनन्द्यपि' वाक्यका क्या होगा? उसकी तो फिर कोई संगति ही नहीं बैठती।

जान पड़ता है कि इन पद्योंका ठीक ठीक अभिप्राय समझमें न आनेके कारण ही भाषाटीकाकारने इस वृत्तिको अपनी कल्पनासे 'भव्योत्तमनरसिंहभट्टकृत' छपा दिया है। ग्रन्थकी मूल प्रतिमें यह लिखा होनेकी संभावना नहीं[1]। 'समझमें न आनेके कारण' मैं जान बूझकर कर लिख रहा हूँ और यह इसलिए कि भाषाकारने मूल ग्रन्थके अन्य सब श्लोकोंका भावार्थ तो लिख दिया है परन्तु इन पद्योंको बिल्कुल ही छोड़ दिया है।

ग्रन्थके प्रारम्भमें जो सूचना प्रकाशककी ओरसे दी गई है, उसमें लिखा है कि "जयपुरसे प्राप्त एक ही प्रतिसे इसका सम्पादन हुआ है, दूसरी प्रति नहीं मिली," परन्तु उसके ठीक आगेके ही पृष्ठमें 'इति पुस्तकान्तरे पाठः' टिप्पणी दी हुई है। अर्थात् कोई दूसरी प्रति भी सम्पादकके समक्ष थी। गरज यह कि पुस्तकका प्रकाशन बहुत असावधानीसे हुआ है[2]।

१ इस टीकाकी जो हस्तलिखित प्रतियाँ मिली है, प० जुगलकिशोरजीके अनुसार उनमें 'भव्योत्तम नरसिंहकृत' लिखा है।

२ सन् १९५० में यह ग्रन्थ प० पन्नालालजी साहित्याचार्यके अनुवादसहित वीर सेवा-मन्दिरसे बहुत अच्छे रूपमें प्रकाशित हो गया है।

वसुनन्दि नामके अनेक आचार्य हैं परन्तु ये वसुनन्दि हमें वही मालूम होते हैं जिन्होंने समन्तभद्रकी ही एक दूसरी कृति देवागमकी वृत्ति भी लिखी है। क्योंकि एक तो दोनोंकी रचनाशैली एक-सी है और दूसरे जिस तरह जिनशतक-वृत्तिके कर्त्ताने अपनी जड़ता प्रारंभके छट्ठे श्लोकमें प्रकट की है, उसी तरह देवागमवृत्तिके अन्तमें भी उन्होंने लिखा है—" श्रीमत्समन्तभद्राचार्यस्य... देवागमाख्यायाः कृतेः संक्षेपभूतं विवरणं कृतं श्रुतविस्मरणशीलेन वसुनन्दिना जडमतिनाऽऽत्मोपकाराय।" अर्थात् देवागमका यह संक्षिप्त विवरण जडमति और श्रुतविस्मरणशील वसुनन्दिने अपने उपकारके लिए बनाया। इसके सिवाय जिनशतकवृत्तिमें जिस तरह समन्तभद्रके सद्बोधकी वन्दना की गई है उसी तरह देवागमवृत्तिमें समन्तभद्रके मतकी।—" वन्दे तद्भुतकालदोषममलं सामन्तभद्रं मतम्।" यहा सद्बोध और मत प्रायः एकार्थवाची हैं।

वसुनन्दि अनेक हुए हैं। उनमेंसे मूलाचारकी आचारवृत्तिके कर्त्ताका समय डा० ए० एन० उपाध्येने वि० की बारहवीं शताब्दि निश्चय किया है[1]। वे आशाधरसे पहले और अमितगतिसे पीछे हुए हैं। आशाधरने आचारवृत्तिका अनगारधर्मामृत टीकामें कई जगह उल्लेख किया है और आचारवृत्तिमें अमितगतिके सुभाषितरत्नसन्दोह, पचसंग्रहके अनेक उद्धरण दिये हैं।

उपासकाचार, मूलाचारकी आचारवृत्ति, प्रतिष्ठासार संग्रह आदि कई ग्रन्थ वसुनन्दिके हैं। इनमेंसे प्रतिष्ठासारसंग्रह किसी दूसरे वसुनन्दिका है जो आशाधरके बाद हुए हैं[2]।

अमितगतिने भगवती आराधना ( संस्कृत ) में आराधनाकी स्तुति करते हुए एक वसुनन्दि योगीका उल्लेख किया है। ये या तो अमितगतिसे पहले हुए हैं या समकालीन,—

> या निःशेष परिग्रहेभदलने दुर्वारसिंहायते
> या कुज्ञानतमोघटाविघटने चन्द्रांशु रोचीयते।
> या चिन्तामणिरेव चिन्तितफलैः संयोजयंती जनान्
> सा वः श्रीवसुनन्दियोगिमहिता पायात्सदाराधना ॥

---

१ देखो, जैन जगत वर्ष ८, अंक ७

२ देखो, जैनमित्र, अषाढवदी १३ वी० नि० २४७९ में प० मिलापचन्द कटारियाका 'वसुनन्दि और उनका प्रतिष्ठासारसंग्रह' लेख।

# हरिश्चन्द्र

इस कविकी केवल एक ही रचना उपलब्ध है और वह है धर्मशर्माभ्युदय महाकाव्य[1]। काव्यमालासम्पादक स्व० महामहोपाध्याय पं० दुर्गाप्रसादजीने उसकी भूमिकामें लिखा है कि यह कवि अपनी कविताकी प्रौढतासे माघादि प्राचीन महाकवियोंकी कक्षामें आता है। परन्तु दुर्भाग्यसे इस कविके विषयमें हमारा ज्ञान बहुत ही थोड़ा है। न तो इनका इनसे पीछेके किसी ग्रन्थकर्ताने कहीं उल्लेख किया और न इन्होंने ही किसी पूर्ववर्ती कवि या ग्रन्थकर्त्ताका स्मरण किया है जिससे यह निर्णय किया जा सके कि ये किस समयमें हुए हैं।

धर्मशर्माभ्युदयके अन्तमें कविने सिर्फ इतना ही परिचय दिया है कि[2] बड़ी भारी महिमावाला और सारे जगतका अवतंसरूप नोमकोंका वंश है जिसके

---

१ जीवंधरचम्पु नामका एक और ग्रन्थ महाकवि हरिचन्द्रके नामसे प्रकाशित हुआ है; परन्तु कहा जाता है कि यह हरिचन्द्रके ही अनुकरणपर किसी अज्ञातनामा विद्वान्‌की रचना है। यद्यपि जीवंधरचम्पुमें धर्मशर्माभ्युदयके भावों और शब्दों तकमें बहुत कुछ समानता है, इससे दोनोंको एक ही कर्त्ताकी कृति कहा जा सकता है; परन्तु साथ ही यह भी तो कह सकते हैं कि किसी अन्यने ही धर्मशर्माभ्युदयसे वे भावादि ले लिये हों। इस विषयमें अभी अधिक विचार करनेकी जरूरत है।

२ श्रीमानमेयमहिमास्ति स नोमकानां वंशः समस्तजगतीवलयावतंसः।
हस्तावलम्बनमवाप्य समुल्लसन्ती वृद्धापि न स्खलति दुर्गपथेषु लक्ष्मीः॥
मुक्ताफलस्थितिरलङ्कृतिषु प्रसिद्धस्तत्रार्द्रदेव इति निर्मलमूर्तिरासीत्।
कायस्थ एव निरवद्यगुणग्रहः सन्नेकोऽपि यः कुलमशेषमलंचकार॥ २

लावण्याम्बुनिधिः कलाकुलगृहं सौभाग्यसद्भाग्ययोः।
क्रीडावेश्म विलासवासवलभीभूषास्पदं संपदाम्।

हस्तावलंबनसे राज्यलक्ष्मी वृद्ध होनेपर भी दुर्गपथसे स्खलित नहीं हुई। कायस्थ कुलमें आर्द्रदेव नामके पुरुषरत्न हुए जिनकी पत्नीका नाम रथ्या था तथा उनसे हरिचन्द्र नामका पुत्र हुआ जो अर्हंत भगवानके चरणकमलोंका भ्रमर था और जिसकी वाणी सारस्वत-स्रोतमें निर्मल हो गई थी। अपने भाई लक्ष्मणकी भक्ति और शक्तिसे हरिचन्द्र उसी तरह निर्व्याकुल होकर शास्त्र-समुद्रके पार हो गये जिस तरह राम लक्ष्मणके द्वारा सेतु पार हुए थे।

इस प्रशस्तिसे यह नहीं मालूम होता कि हरिचन्द्र कहांके रहनेवाले थे। कुलके विशेषणोंसे जान पड़ता है कि हरिचन्द्र किसी राजमान्य कुलके थे और यह राजमान्यता उनके यहाँ पीढ़ियोंसे चली आ रही थी।

---

शौचाचारविवेकविस्मयमही प्राणप्रिया शूलिन
शर्वाणीव पतिव्रता प्रणयिनी रथ्येति तस्याभवत् ॥ ३
अर्हत्पदाम्भोरुहचञ्चरीकस्तयोः सुतः श्रीहरिचन्द्र आसीत्।
गुरुप्रसादादमला बभूवुः सारस्वते स्रोतसि यस्य वाचः ॥ ४
भक्तेन शक्तेन च लक्ष्मणेन निर्व्याकुलो राम इवानुजेन।
यः पारमासादितबुद्धिसेतुः शास्त्राम्बुराशेः परमाससाद ॥ ५
पदार्थवैचित्र्यरहस्यमपत्सर्वस्वनिर्वेशमयात्प्रसादात्।
वाग्देवतायाः समवेदि सम्यक् पश्चिमोऽपि प्रथमस्तनूजः ॥ ६
स कर्णपीयूषरसप्रवाहं रसध्वनेरध्वनि सार्थवाहः
श्रीधर्मशर्माभ्युदयाभिधानं महाकविः काव्यमिदं व्यधत्त ॥ ७
पुष्यत्यसारमपि काव्यमिदं मदीयमादेयतां जिनपतेरनघैश्चरित्रैः।
पिण्डं मृदः स्वयमुदस्य नरा नरेन्द्रमुद्राङ्कितं किमु न मूर्धनि धारयन्ति ॥ ८
दक्षैः साधुपरीक्षितं नवनवोल्लेखार्पणेनादराद्
यच्चेतःकषपट्टिकासु शतशः प्राप्तप्रकर्षोदयम्।
नानाभङ्गिविचित्रभावघटनासौभाग्यशोभास्पदं
तत्र काव्यसुवर्णमस्तु कृतिनां कर्णद्वयीभूषणम् ॥ ९
जीयाज्जैनमिदं मतं शमयतु क्रूरानपीयं कृपा
भारत्या सह शीलयत्वविरतं श्रीसाहचर्यव्रतम्।
मात्सर्यं गुणिषु त्यजन्तु पिशुनाः संतोषलीलाजुषः
सन्तः सन्तु भवन्तु च श्रमविदः सर्वे कवीनां जनाः ॥ १०

कायस्थोंमें जैनधर्मकी उपासनाके बहुत कम उदाहरण मिलते हैं और हरिचन्द्रका उदाहरण उनमें मुख्य है। कविने यह तो लिखा है कि गुरुके प्रसादसे उनकी वाणी निर्मल हो गई थी, परन्तु गुरुका नाम नहीं दिया।

धर्मशर्माभ्युदयकी एक संस्कृतटीका मण्डलाचार्य ललितकीर्तिके शिष्य यशःकीर्तिकृत मिलती है, जिसका नाम 'सन्देहध्वान्तदीपिका' है और जो बहुत ही मामूली टीका है[2]।

## दो प्राचीन प्रतियाँ

पाटण (गुजरात) के संघवी पाड़ाके पुस्तक-भाण्डारमें धर्मशर्माभ्युदयकी जो हस्तलिखित प्रति है वह[3] वि० १२८७ की लिखी हुई है और इसलिए उससे यह निश्चय हो जाता है कि हरिचन्द्र उक्त संवत्से बादके तो किसी तरह हो ही नहीं सकते, पूर्वके ही हैं। कितने पूर्वके हैं, यह दूसरे प्रमाणोंकी अपेक्षा रखता है। इस ग्रन्थ-प्रतिका नम्बर ३६ है और इसकी पुष्पिकामें लिखा है-- "१२८७ वर्षे हरिचंद्रकविविरचितधर्मशर्माभ्युदयकाव्यपुस्तिका श्रीरत्नाकरसूरि आदेशेन कीर्तिचंद्रगणिना लिखितमिति भद्रम्॥"

इस प्रतिमें १२॥×११ साइजके १९५ पत्र हैं।

उक्त संघवी पाड़ेके ही भाण्डारमें इस ग्रन्थकी १७६ नम्बरकी एक प्रति और भी है[4] जिसमें २०×२¼ साइजके १४८ पत्र हैं। इस प्रतिमें लिखनेका समय

---

१ आचार्य क्षितिमोहनसेनने 'बांगाली हिन्दूर वर्णभेद' नामक निबन्धमें बतलाया है कि 'कायस्थ' कोई जाति, वर्ण या उपवर्ण नहीं, एक पेशा था। विष्णु-स्मृतिके मतसे कायस्थ राजकर्मचारी और राजकीय दलील-दस्तावेजोंके लेखक थे। याज्ञवल्क्यस्मृतिके टीकाकारके मतसे वे लेखक या हिसाब रखनेवाले थे। वैजयन्ती कोश (११ वीं शताब्दि) में 'कायस्थः लिपिकरः' कहा है। सोमदेवने यशस्तिलककी प्रति लिखनेवाले 'रच्छुक' की बड़ी प्रशंसा की है।

२ इस टीकाकी एक प्रति बम्बईके ए० प० सरस्वतीभवन (१३८ क) में है जो वि० सं० १६५२ की लिखी हुई है। उसके कर्त्ताका समय मालूम नहीं हुआ।

३-४ देखो गायकवाड़ ओरियण्टल सीरीजमें प्रकाशित पाटणके जैन भाण्डारोंकी सूची

तो नहीं दिया है; परन्तु प्रति लिखाकर वितरण करनेवालेकी एक विस्तृत प्रशस्ति दी है,[1] जिसका भावार्थ यह है कि—

धर्मचक्रियों ( तीर्थङ्करों ) के तीर्थों और धनी मनुष्योंके कारण जो तीन भुवनमें विख्यात है, उस गुर्जर ( गुजरात ) देशमें विद्या और वैभवसे सम्पन्न विद्यापुर ( बीजापुर ) नामका नगर है। वहाँ हूँबड कुलमें एक पद्म नामक गृहस्थ विख्यात हुए जिनकी पत्नीका नाम शर्करा था (?)। उसी वंशमें दाद हुए जिनके भाईका नाम निर्मल था। जिसने सर्वज्ञोंको भी प्रतिष्ठा दी अर्थात् जैन मंदिरोंकी प्रतिष्ठा कराई, उस दाताकी भला कौन प्रशंसा कर सकता है! दादकी पत्नीका नाम मोषला था जो शीलवती और चन्द्ररेखाके समान पवित्र थी। उसके पुत्रका नाम महिमाधाम देपाल ( देवपाल ) था जिसकी चाहणि देवी नामक भार्यासे सुन्दर विनयशील रुंडाक नामक पुत्र उत्पन्न हुआ, जो दान कर करके अपनी लक्ष्मीको सफल करता है। उसकी हानू और जासल नामकी दो भार्यायें

१ अथास्ति गुर्जरो देशो विख्यातो भुवनत्रये। धर्मचक्रभृतां तीर्थधनाढ्यमानवैरपि॥१॥
विद्यापुरं पुरं तत्र विद्याविभवसंभवं। पद्म शर्करया ख्यातः कुले हुंबडसंज्ञके॥ २॥
तस्मिन्वंशे दादनामा प्रसिद्धो, भ्राता जातो निर्मलाख्यस्तदीयः।
सर्वज्ञेभ्यो यो ददौ सप्रतिष्ठां, न दातारं को भवेत्स्तोतुमीशः॥ ३॥
दादस्य पत्नी भुवि मोषलाख्या शीलानुरागो शुचिचन्द्ररेखा।
तन्नन्दनश्चाहणिदेविभर्त्ता देपालनामा महिमैकधाम॥ ४॥
ताभ्यां प्रसूतो नयनाभिरामो रुंडाकनामा तनयो विनीतः।
श्रीजैनधर्मेण पवित्रदेहो दानेन लक्ष्मीं सफलां करोति॥ ५॥
हानू-जासलसंज्ञकेऽस्य सुभगे भार्ये भवेतां द्वये,
मिथ्यात्वद्रुमदाहपावकशिखे सद्धर्ममार्गे रते।
सागारव्रतरक्षणैकनिपुणे रत्नत्रयोद्भासिके,
रुद्रस्येव नभोनदीगिरिसुते लावण्यलीलायुते॥ ६॥
श्रीकुंदकुंदस्य बभूव वंशे श्रीरामचन्द्रः प्रथितप्रभावः।
शिष्यस्तदीयः शुभकीर्तिनामा तपोंगनावक्षसि हारभूतः॥ ७॥
प्रद्योतने संप्रति तस्य पट्टे विद्याप्रभावेण विशालकीर्तिः।
शिष्यैरनेकैरुपसेव्यमान एकांतवाद्यादिविनाशवज्रम्॥ ८॥
जयति विजयसिंहः श्रीविशालस्य शिष्यो जिनगुणमणिमाला यस्य कंठे सदैव।
अमितमहिमराशेर्धर्मनाथस्य काव्यं निजसुकृतनिमित्तं तेन तस्मै वितीर्णम्॥ ९॥

महादेवकी गंगा और पार्वतीके सदृश थीं, जो सद्धर्ममार्गमें रत, सागारव्रतोंकी रक्षा करनेवाली और रत्नत्रयको प्रकाशित करनेवाली थीं।

श्रीकुन्दकुन्दके वंशमें प्रभावशाली रामचन्द्रके शिष्य शुभकीर्ति हुए जो बड़े तपस्वी थे। इस समय उनके पदको अपनी विद्याके प्रभावसे विशालकीर्ति शोभित कर रहे हैं, जिनके अनेक शिष्य हैं और जो एकान्तवादियोंको पराजित करनेवाले हैं। विशालकीर्तिके शिष्य विजयसिंह हैं, जिनके कण्ठमें जिनगुणोंकी मणिमाला सदैव शोभा देती है।

उन्होंने यह भगवान् धर्मनाथका काव्य ( धर्मशर्माभ्युदय ) पुण्यवृद्धिके निमित्त वितरण किया।

इस १७६ नम्बरवाली प्रतिमें लिखनेका समय नहीं दिया है; परन्तु रामचन्द्र, शुभकीर्ति या विशालकीर्तिके समयका पता यदि अन्य साधनोंसे लगाया जा सके तो वह मालूम हो सकता है। विद्यापुर गुजरातका बीजापुर ही मालूम होता है। वहाँ हूँबड़ जातिके जैनोंकी बस्ती अब भी है।

साहित्याचार्य पं० राजकुमार शास्त्री अपने ता० २२-११-४१ के पत्रमें लिखते हैं कि नेमिनिर्वाण काव्य और धर्मशर्माभ्युदयका तुलनात्मक अध्ययन करनेसे ऐसा मालूम होता है कि वाग्भटने धर्मशर्माभ्युदयका अच्छी तरह परिशीलन किया था। कई पद्योंको थोड़ेसे ही हेरफेरके साथ उन्होंने अपना बना लिया है। उदाहरणके लिए दोनोंका प्रथम पद्य देखिए। इसी तरह धर्मशर्माभ्युदयके पंचम सर्गका और नेमिनिर्वाणके द्वितीय सर्गका प्रारंभिक अंश भी मिलता जुलता है जिसमें कि एक सुरांगना आकाशसे उतरती हुई राजाको दिखलाई देती है और इससे धर्मशर्माभ्युदय नेमिनिर्वाणसे पहलेका जान पड़ता है। अन्यत्र बतलाया गया है कि नेमिनिर्वाण विक्रमकी बारहवीं शताब्दितक तो पहुँच ही जाता है।

पं० कैलासचन्द्रजी शास्त्रीने अनेकान्त ( वर्ष ५, अंक १०-११ ) में चन्द्रप्रभ-चरित और धर्मशर्माभ्युदयके अन्तिम सर्गोंके तीर्थंकरोपदिष्ट तत्त्वचर्चाकी तुलना करके बतलाया है कि दोनों एक दूसरेको सामने रखकर लिखे गये हैं और अधिक संभव यही है कि वीरनन्दिके चन्द्रप्रभकाव्य ( ग्यारहवीं शताब्दि ) के बाद हरिश्चन्द्रने धर्मशर्माभ्युदय लिखा होगा और धर्मामृत तथा योगशास्त्रके कुछ

एक जैसे पद्योंसे यह भी अनुमान किया है कि हरिश्चन्द्र आशाधर और हेमचन्द्रसे भी पीछेके हैं। परन्तु इस तरहकी तुलनायें सदैव निर्भ्रान्त नहीं होतीं। जो परम्परागत तत्त्वचर्चा है वह उनसे पहलेके ग्रन्थोंमें भी शब्दोंके हेरफेरके साथ मिल सकती है।

धर्मशर्माभ्युदयके कर्त्ता हरिश्चन्द्र और भट्टार हरिचन्द्र जिनके गद्यबन्धका उल्लेख बाणभट्टने किया है (—भट्टार हरिचन्द्रस्य गद्यबन्धो नृपायते) बिल्कुल पृथक् व्यक्ति हैं। पं० भगवद्दत्तके अनुसार भट्टार हरिचन्द्र चद्रगुप्त विक्रमादित्यके भाई या निकटसम्बन्धी रहे होंगे। राजशेखरने लिखा है कि उज्जैनीमें काव्यकार-परीक्षामें हरिचन्द्र और चन्द्रगुप्त दोनों परीक्षित हुए थे। विद्वानोंका खयाल है कि ये भट्टार हरिचन्द्र और साहसाक विक्रमादित्य वही हरिचन्द्र और चन्द्रगुप्त हैं। भट्टार हरिचन्द्रने एक चरक-टीका लिखी थी जिसका कुछ भाग अब भी प्राप्त है। इस व्याख्याके उद्धरण भी वैद्यक ग्रन्थोंमें मिलते हैं। इन्दुने अष्टांगहृदयकी व्याख्यामें भ० हरिचन्द्रको खरणाद-संहिताका कर्त्ता भी बतलाया है। महेश्वरके विश्वप्रकाश कोशके अनुसार हरिचन्द्रको साहसांक राजाका वैद्य भी बतलाया है—

> श्रीसाहसांकनृपतेरनवद्यवैद्यविद्यातरंगपदद्वयमेव बिभ्रन्।
> यश्चन्द्रचारुचरितो हरिचन्द्रनामा स्वव्याख्यया चरकतंत्रमलंचकार ॥

# अमृतचन्द्र

आध्यात्मिक विद्वानोंमें कुन्दकुन्दके बाद यदि किसीका नाम लिया जा सकता है तो वे अमृतचन्द्र हैं। उनकी गुरु-शिष्यपरम्परा और समयादिका हमें ज्ञान नहीं। अपने एक ग्रन्थके अन्तमें वे कहते हैं कि तरह तरहके वर्णोंसे पद बन गये, पदोंसे वाक्य बन गये और वाक्योंसे यह पवित्र शास्त्र बन गया। मैंने कुछ भी नहीं किया[१]। अन्य ग्रन्थोंमें भी उन्होंने अपना यही निर्लिप्त भाव प्रकट किया है, इससे अधिक परिचय देनेकी आवश्यकता ही नहीं समझी।

उनके बनाये हुए पाँच ग्रन्थ उपलब्ध हैं और वे पाँचों ही संस्कृतमें हैं—१ पुरुषार्थसिद्ध्युपाय, २ तत्त्वार्थसार, ३ समयसारकी आत्मख्याति टीका, ४ प्रवचनसार-टीका और ५ पंचास्तिकाय-टीका। पहला श्रावकाचार है जो उपलब्ध तमाम श्रावकाचारोंसे निराला और अपने ढँगका अद्वितीय है। दूसरा उमास्वातिके तत्त्वार्थसूत्रका अतिशय स्पष्ट, सुसम्बद्ध और कुछ पल्लवित पद्यानुवाद है। शेष तीन कुन्दकुन्दके प्रसिद्ध प्राकृत ग्रंथोंकी संस्कृत टीकायें हैं जिनकी रचनाशैली बहुत ही प्रौढ़ और मर्मस्पर्शिनी है। समयसार-कलश उनका छठा ग्रन्थ है यदि उसे आत्म-ख्याति टीकासे अलग गिना जाय तो।

आशाधरने अपने अनगारधर्मामृतकी भव्यकुमुदचन्द्रिका-टीकामें अमृतचन्द्रको दो स्थानोंमें 'ठक्कुर'[२] नामसे अभिहित किया है—

---

१ वर्णैः कृतानि चित्रैः पदानि तु पदैः कृतानि वाक्यानि।
वाक्यैः कृतं पवित्रं शास्त्रमिदं न पुनरस्माभिः॥—पु० सि०

२ ठक्कुर और ठाकुर एकार्थवाची है। जागीरदारों और ओहदेदारों आदिको ठक्कुर कहते हैं, चाहे वे किसी वर्ण या जातिके हों। कई ब्राह्मण भी ठक्कुर कहलाते थे जैसे मैथिल-कोकिल विद्यापति। ठक्कुर फेरू ओसवाल जैन थे अलाउद्दीनके खजांची। इनका शिल्पशास्त्र प्रकाशित हो गया है। गाहड़वालोंके दानपत्रोंमें ठक्कुर और राउत ब्राह्मणोंकी चर्चा मिलती है। ए० ग्रा० इ० की १९ वीं जिल्द (पृ० ३५३) में प्रकाशित दानपत्रमें एक व्यक्तिकी उपाधि है—'कर्णाट-द्विवेद-ठक्कुर' जो प्रदेश, शिक्षा और पूर्ववर्ती अधिकार तीनोंकी सूचक है।

१ एतदनुसारेणैव ठक्कुरोपीदमपाठीत्—लोके शास्त्राभासे समयाभासे च देवताभासे आदि।—पृ० १६०

२ एतच्च विस्तरेण ठक्कुरामृतचन्द्रसूरिविरचितसमयसारटीकायां द्रष्टव्यम्। —पृ० ५८८

शुभचन्द्रने अपने ज्ञानार्णव (पृ० १७७) में अमृतचन्द्रके पुरुषार्थ-सिद्ध्युपायका 'मिथ्यात्ववेदरागा' आदि पद्य 'उक्तं च' रूपसे उद्धृत किया है, इसलिए अमृतचन्द्र शुभचन्द्रसे भी पहलेके हैं और पद्मप्रभ मलधारिदेवने शुभचन्द्रके ज्ञानार्णवका एक श्लोक उद्धृत किया है इसलिए शुभचन्द्र पद्मप्रभसे पहलेके हैं[1]।

लेखान्तरमें हमने पद्मप्रभका समय विक्रमकी बारहवीं सदीका अन्त और तेरहवीं सदीका प्रारंभ बतलाया है, इसलिए अमृतचन्द्रका समय विक्रमकी बारहवीं सदीके बाद नहीं माना जा सकता।

अपभ्रंश भाषाके पज्जुण्णचरिउ (प्रद्युम्नचरित) से एक और अमृतचन्द्रका पता चलता है जो मलधारि-माधवचन्द्रके शिष्य थे और बिहार करते हुए बॉंभणवाडा नामक नगरमें आये थे[3] और जिनकी प्रेरणासे सिंहकविने अपने उक्त काव्यकी रचना की थी[4]। बॉंभणवाडेका राजा गुहिलवंशी क्षत्री भुल्लण था जो मालवनरेश

१ देखो नियमसारटीकाका पृ० ७२ और ज्ञानार्णवका पृ० ४३१

२ इस काव्यका विस्तृत परिचय मेरे स्वर्गीय मित्र मोहनलालजी देसाईने 'आत्मानन्द-जैन शताब्दि-स्मारक-ग्रन्थ' (सन् १९३६) में दिया था और उसके बाद अप्रैल १९४७ में पं० परमानन्द शास्त्रीने अनेकान्त (वर्ष ९ अंक १०-११) में।

३ ता मलधारिदेव मुणिपुंगमु, णं पच्चक्खु धम्मु उवसमु दमु। माहउचंदु आसि सुपसिद्धउ, तासु सीसु तवतेयदिवायरु। वयतवणियमसीलरयणायरु तक्कलहरि झंकोलियपरमउ। वरवायरणपवरपसरियपउ अभियचंदुणामेण भडारउ सो विहरंतु पत्तु बुहसारउ बंभणवाडउ णामें पट्टणु, अरिणरणाहसेण दलवट्टणु। जो भुंजइ अरिणरावयकालहो रणधीरयहु सुयहु बल्लालहो। जासु भिच्चु दुज्जणमणसल्लणु, खत्तिउ गुहिलउत्त जहिं भुल्लणु। तहिं संपत्तु मुणीसरु जावहिं, भव्वलोउ आणंदिउ तावहिं। अहो अहो परमेसर बुहपहाण, तवणियमसीलसंजम-णिहाण। सुविणंतरु जो मइ कल्लि दिट्ठु, सो हउ मग्गि मण्णमि अइविसिट्ठु। तुम्हागमणें जाणियउ अज्जु, ता मुणिणा जंपिउ अप्पमगोज्जु। णाणाविह कोऊहलइ भरिउ, तुहु तुरिय करइ पज्जुण्णचरिउ।

४ ऐसा मालूम होता है कि इस ग्रन्थके प्रारंभकी आठ सन्धियाँ तो 'सिद्ध' नामक कविकी हैं जो देवण पिता और पंपाइय माताके पुत्र थे, और शेषकी पूर्ति अल्हण और जिनमतीके पुत्र कवि सिंहने की है।

बल्लालका माण्डलिक था और इस बल्लालको चौलुक्य कुमारपालने हराया था। कुमारपालका राज्यकाल वि० संवत् १२२९ तक है। अतएव प्रद्युम्नचरितकी रचनाका और उक्त अमृतचन्द्रका समय इसीके लगभग बैठता है।

परन्तु पं० परमानन्दजी शास्त्री ( अनेकान्त ८ अंक ४-५ ) ने बतलाया है कि जयसेनके धर्मरत्नाकरमें अमृतचन्द्रके पुरुषार्थसिद्ध्युपायके ५९ पद्य उद्धृत पाये जाते हैं और जयसेनने अपना यह ग्रन्थ वि० सं० १०५५ में बनाया है, ऐसा उसकी प्रशस्तिके अन्तिम पद्यसे मालूम होता है[१]। इस लिए उन्हें कुमारपालके समयका नहीं माना जा सकता। वि० स० १०५५ से पहलेके तो वे निश्चयसे हैं।

भावसेनके शिष्य जयसेन लाड-बागड़ संघके हैं और प्रद्युम्नचरितके कर्त्ता महासेन भी इसी संघके हैं, जो उक्त जयसेनके ही प्रशिष्य थे और परमार राजा मुज और सिन्धुलके समयमे थे। उनसे भी यह समय ठीक बैठ जाता है।

प्रवचनसारकी तात्पर्यवृत्तिमें जयसेनने नीचे लिखी दो गाथाओंकी टीका की है, परन्तु अमृतचन्द्रने अपनी वृत्तिमें नहीं की। इससे मालूम होता है कि वे इन्हें मूलग्रन्थकी नहीं, प्रक्षिप्त गाथा मानते थे।

पक्केसु अ आमेसु अ विपच्चमाणासु मंसपेसीसु।
मंतत्तियमुववादो तज्जादीण णिगोदाणं ॥
जो पक्कमपक्कं वा पेसीं मंसस्स खादि फासदि वा।
सो किल णिहणदि पिंडं जीवाणमणेगकोडीणं ॥

राजवार्तिकमें सूत्र २२ की टीका ( पृ० २८४ ) में नीचे लिखी गाथा ' उक्तं च ' रूपमे दी गई है—

१ प० परमानन्दजी शास्त्री देहलीके पंचायती मन्दिरकी प्रति देखकर ता० २६-४-५६ पत्रमें लिखते है कि धर्मरत्नाकरमें ६८से भी अधिक पद्य पु०सि० के हैं उनमें कई जगह तदुक्त, अपि च, तथा च, लिखकर पद्य दिये हैं और कई जगह यों ही। ६९ वें पत्रके शुरूमें 'परोक्तस्वोक्तश्लोकानि शंकितत्वादय कथ्यन्ते' लिखकर पु० सि० के २३ वें पद्यका पूर्वार्धं दिया है और उत्तरार्धं अपना बना दिया है—सकलमनेकान्तात्मकमिदमुक्तं वस्तुजातमखिलज्ञैः तन्मिथ्येति न मनुते यो सौ निःशंकितो भवति।

२ बाणेन्द्रिय व्योमसोममिते संवत्सरे शुभे।
ग्रन्थोऽयं सिद्धतां यात· सकलीकरहाटके॥

रागादीणमणुप्पा अहिंसकत्तेति देसिदं समये।
तेसिं चेदुप्पत्ती हिंसेति जिणेहि णिद्दिट्ठा ॥

इसी तरह अनगारधर्मामृत-टीका (पृ० ५४२) में नीचे लिखी गाथा ' उक्तं च ' रूप दी हुई है—

अप्पा कुणदि सहावं तत्थ गदा पुग्गला सहावेहिं।
गच्छंति कम्मभावं अण्णुण्णागाढमोगाढा ॥

हम देखते हैं कि पुरुषार्थसिद्ध्युपायमें इन चारों गाथाओंका प्रायः शब्दशः अनुवाद इस प्रकार मौजूद है—

आमास्वपि पक्वास्वपि विपच्यमानासु मांसपेशीषु।
सातत्येनोत्पादस्तज्जातीनां निगोतानाम् ॥ ६६
आमां वा पक्वां वा खादति यः स्पृशति वा पिशितपेशीम्।
स निहन्ति सततनिचितं पिण्डं बहुजीवकोटीनाम् ॥ ६७ ॥
अप्रादुर्भावः खलु रागादीनां भवत्यहिंसेति।
तेषामेवोत्पत्तिर्हिंसेति जिनागमस्य संक्षेपः ॥ ४४ ॥
जीवकृतं परिणामं निमित्तमात्रं प्रपद्य पुनरन्ये।
स्वयमेव परिणमन्तेऽत्र पुद्गलाः कर्मभावेन ॥ १२ ॥

ऐसा मालूम होता है कि उक्त प्राकृत पद्य प्राचीन ग्रन्थोंके हैं और उनकी ही छाया पुरुषार्थसिद्ध्युपायमें ले ली गई है। क्योंकि राजवार्तिकमें उद्धृत पूर्वोक्त पद्यको अमृतचन्द्रका माननेके लिए और कोई प्रमाण नहीं हैं। तत्त्वार्थसारके ' मोक्षतत्त्व ' अध्यायका ' दग्धे बीजे यथात्यन्तं ' आदि सातवाँ श्लोक और २० से लेकर ५४ तकके श्लोक अकलंकदेवके राजवार्तिकसे लिये गये जान पड़ते हैं। इसके सिवाय ये सब श्लोक तत्त्वार्थाधिगम भाष्यमें भी दो-चार शब्दोंके हेर फेरके साथ मिलते हैं। अतएव कमसे कम ये स्वयं अमृतचन्द्रके तो नहीं जान पड़ते।

मेघविजयजीने अपने युक्तिप्रबोधमें अमृतचन्द्रके नामसे कई पद्य उद्धृत किये हैं। उनमें भी नीचे लिखे दो पद्य प्राकृतके हैं।

१—" यदुवाच अमृतचन्द्रः—

सव्वे भावो जम्हा पच्चक्खाई परेत्ति णाऊण।
तम्हा पच्चक्खाणं णाणं णियमा मुणेयव्वं ॥" सातवीं गाथाकी टीका

२—" श्रावकाचारे अमृतचन्द्रोप्याह—

संघो कोवि न तारइ कट्ठो मूलो तहेव णिप्पिच्छो ।
अप्पा तारइ अप्पा तम्हा अप्पा दु झायव्वो ॥ "

इनमेंसे पिछली गाथा तो 'ढाढसी गाथा'[1] नामक ग्रन्थकी है, अमृतचन्द्रकी नहीं। इसी तरह पहली गाथा भी अमृतचन्द्रकी नहीं समयसारकी ( ३४ वीं ) है। और इसे भी अमृतचन्द्रकृत बतलानेमें मेघविजयजीका कुछ प्रमाद हुआ है।

ढाढसी गाथामें काष्ठासंघ, मूलसंघ और निःपिच्छिक ( माथुर ) संघोंका उल्लेख है और इनमेंसे अन्तिम माथुर संघकी उत्पत्ति दर्शनसारमें वि० सं० ९५३ के लगभग बतलाई गई है। यदि वह सही है तो ढाढसी गाथा विक्रमकी ग्यारहवीं सदीके पहलेका नहीं हो सकता। परन्तु इससे अमृतचन्द्रके समय-निर्णयमें कोई सहायता नहीं मिल सकती। यह हो सकता है कि अमृतचन्द्रने अपने किसी ग्रन्थमें उक्त 'संघो कोवि' आदि गाथा उद्धृत की हो और उद्धृत गाथाको ही मेघविजयजीने उनकी समझ लिया हो।

———

१ 'ढाढसी गाथा' ३८ गाथाओंका एक छोटा-सा प्रकरण है। बम्बईकी रायल एशियाटिक सोसाइटीकी लाइब्रेरीमें जो हस्तलिखित ग्रन्थोंका संग्रह है उसमें इसकी एक संस्कृतटीकासहित प्रति ( नं० १६१० ) भी है। अभी हाल ही हमने बड़ी उत्सुकतासे इस प्रतिको देखा। सोचा कि टीकासे शायद इसके कर्त्ता आदिके विषयमें कोई नई बात मालूम हो। परन्तु उसमें न तो टीकाकर्त्ताका नाम है और न मूलके विषयमें ही कुछ लिखा है। अन्तमें इतना ही लिखा है—" इति ढाढसीमुनीनां विरचिता गाथा सम्पूर्णा। "

# मल्लिषेण

मल्लिषेण वादिराजके ही समसामयिक हैं। उभयभाषाकविचक्रवर्ती, कविशेखर और गारुडमंत्रवादवेदी आदि उनकी पदवियाँ हैं। सकलागमवेदी, लक्षण-वेदी और तर्कवेदी भी वे अपनेको लिखते हैं। वे उच्च श्रेणीके कवि थे। कहा गया है कि उनके सामने संस्कृत प्राकृतका कोई कवि अपनी कविताका अभिमान न कर सकता था।[1] यों तो वे विविध विषयोंके पंडित थे; परन्तु उनकी ख्याति मंत्रवादीके रूपमें ही विशेष है।

वे उन अजितसेनकी शिष्यपरम्परामें हुए हैं जो गंगनरेश राचमल्ल और उनके मंत्री तथा सेनापति चामुण्डरायके गुरु थे और जिन्हें नेमिचन्द्र सिद्धान्त-चक्रवर्तीने 'भुवनगुरु' कहा है। अजितसेनके शिष्य कनकसेन, कनकसेनके जिनसेन और जिनसेनके शिष्य मल्लिषेण। जिनसेनके अनुज या सतीर्थ नरेन्द्र-सेनका भी मल्लिषेणने गुरुरूपसे स्मरण किया है।

वादिराजने भी अपने न्यायविनिश्चयविवरणकी प्रशस्तिमें कनकसेन और नरेन्द्रसेनका स्मरण किया है[2]। वादिराज चूँकि मल्लिषेणके ही समकालीन हैं, इसलिए उनके द्वारा स्मृत कनकसेन और नरेन्द्रसेन यही जान पड़ते हैं।

वादिराजके समान मल्लिषेण भी मठपति ही होंगे। उनके मंत्र-तंत्रविषयक ग्रन्थोंसे जिनमें स्तंभन, मारण, मोहन, वशीकरण, अंगनाकर्षण, और इसी तरहके और और प्रयोग हैं यही जान पड़ता है कि वे अपने गृहस्थ शिष्योंके कल्याणके लिए मंत्र तंत्र और रोगोपचारकी प्रवृत्ति भी करते थे। कमसे कम परम विरक्त वनवासी मुनि तो वे नहीं थे।

---

१ भाषाद्वयकवितायां कवयो दर्पं वहन्ति तावदिह।
नालोकयन्ति यावत्कविशेखरमल्लिषेणमुनिम्॥ —भै० प० क०

२ देखो न्या० वि० वि० प्रशस्तिका दूसरा पद्य जो पहले पृष्ठ २९९ में दिया जा चुका है।

वे विक्रमकी ग्यारहवीं सदीके अन्त और बारहवीं सदीके प्रारंभके विद्वान् हैं। अपना महापुराण उन्होंने ज्येष्ठ सुदी ५, श० सं० ९६९ (वि० स० ११०४) को समाप्त किया था। अपने अन्य किसी ग्रन्थमें उन्होंने रचनाका समय नहीं दिया।

मुलगुन्द धारवाड़ जिलेकी गदग तहसीलमें गदगसे १२ मील दक्षिण पश्चिमकी ओर है। यहींके एक जैनधर्मालय ( जैनमन्दिर ) मे रहते हुए उन्होंने महापुराण रचा था। इस स्थानका उन्होंने तीर्थरूपमें उल्लेख किया है। इस समय भी वहाँ चार जैन मन्दिर हैं। इन मन्दिरोंमें शक संवत् ८२४, ८२५, ९७५, ११९७, १२७५, और १५९७ के शिलालेख हैं। एक लेखमें आसार्यद्वारा सेनवंशके कनकसेन मुनिको एक खेतके दान देनेका भी उल्लेख है। एक मन्दिरके पीछेकी पहाड़ी चट्टानपर २५ फीट ऊँची जैनमूर्त्ति उत्कीर्ण की हुई है[1]। संभव है, मल्लिषेणका मठ भी इसी स्थानमें रहा हो।

वे उभयभाषाके अर्थात् संस्कृत प्राकृतके कवि थे; परन्तु अभी तक उनके जितने ग्रन्थ उपलब्ध हुए हैं वे सब संस्कृतके हैं, प्राकृतका कोई नहीं है।

अब तक उनके नीचे लिखे ग्रन्थ उपलब्ध हुए हैं।

**१ महापुराण**—यह दो हजार श्लोकोंका संस्कृत ग्रन्थ है, जिसमें त्रेसठ-शलाका पुरुषोंकी संक्षिप्त कथा है। रचना सुन्दर और प्रसादगुणयुक्त है। कोल्हापुरके लक्ष्मीसेन भट्टारकके मठमें इसकी एक प्रति कनड़ी लिपिमें है।

**२ नागकुमार काव्य**—छोटा-सा पाँच सर्गोंका खण्डकाव्य है जो ५०७ श्लोकोंमें पूर्ण हुआ है। इसके प्रारम्भमें कहा है कि जयदेवादि कवियोंने जो गद्य-पद्यमय कथा लिखी है वह मन्दबुद्धियोंके लिए विषम है। मैं मल्लिषेण विद्वज्जनोंके मनको हरण करनेवाली उसी कथाको प्रसिद्ध संस्कृत वाक्योंमें पद्यबद्ध रचता हूँ।[2] वास्तवमें यह काव्य बहुत सरल और सुन्दर है[3]।

---

१ देखो, ब्र० श्री शीतलप्रसादजीद्वारा लिखित बम्बई प्रान्तके प्राचीन जैन स्मारक, पृष्ठ १२०। ब्र० जीके ये स्मारक ग्रन्थ इतनी असावधानीसे मुद्रित हुए हैं और इतने अशुद्ध है कि उनके सन् संवतोंके अकोंपर और नामोंपर पूरा विश्वास नहीं किया जा सकता।

२ कविभिर्जयदेवाद्यैः गद्यैःपद्यैर्विनिर्मितम्।
यत्तदेवास्ति चेदत्र विषमं मन्दमेधसाम्॥
प्रसिद्धैःसंस्कृतैर्वाक्यैर्विद्वज्जनमनोहरम्।
तन्मया पद्यबन्धेन मल्लिषेणेन रच्यते॥

३ इसकी एक हस्तलिखित प्रति मेरे पुस्तक-संग्रहमें है, जिसमें प्रशस्ति नहीं है।

जयदेव कविका कोई नागकुमार काव्य अभीतक उपलब्ध नहीं हुआ।

३—**भैरव-पद्मावती कल्प**—इसमें ४०० अनुष्टुप् श्लोक हैं और १ मन्त्रिलक्षण, २ सकलीकरण, ३ देव्यर्चन, ४ द्वादशरंजिकामंत्रोद्धार, ५ क्रोधादि-स्तंभन, ६ अङ्गनाकर्षण, ७ वशीकरणयन्त्र, ८ निमित्त, ९ वशीकरणतंत्र और १० गारुडतंत्र नामके दश अधिकार हैं। मंत्रशास्त्रका यह प्रसिद्ध ग्रन्थ है और बन्धुषेणकृत संस्कृत-विवरणके सहित प्रकाशित हो चुका है[२]। बम्बईके सरस्वतीभवनमें इसकी दो हस्तलिखित सटीक प्रतियाँ हैं।

४ **सरस्वती-मंत्र-कल्प**—यह भी मन्त्र-ग्रन्थ है। इसमें ७५ पद्य और कुछ गद्य-विधि दी हुई है। यह भी उक्त भैरवपद्मावती कल्पके साथ प्रकाशित है।

५ **ज्वालिनी-कल्प**-इसकी एक प्रति स्व० से० माणिकचन्दजीके ग्रन्थ-संग्रहमें है, जिसमें १४ पत्र हैं और जो वि० सं० १५६२ की लिखी हुई है।

---

१ प० परमानन्द शास्त्रीने 'जैनग्रन्थप्रशस्तिसंग्रह' में लिखा है कि बम्बईके सरस्वती-भवनकी प्रतिमें और लाला मनोहरलालजी दिल्लीकी प्रतिमें टीकाकारका नाम मल्लिषेण ही है, जब कि प्रकाशित ग्रन्थमें बन्धुषेण लिखा है, जो भ्रम जान पड़ता है।

२ इसे अहमदाबादके श्री साराभाई मणिलाल नवाबने सरस्वतीकल्प और दूसरे अनेक परिशिष्टोंके साथ गुजराती अनुवाद और स्व० मोहनलालजी जवेरी सॉलिसिटरकी कई सौ पृष्ठोंकी अंग्रेजी भूमिकाके सहित प्रकाशित किया है।

३ 'ज्वालामालिनी कल्प' नामका एक और मन्त्रशास्त्र बम्बईके ए० पन्नालाल सरस्वती-भवनमें है जिसके कर्त्ता द्राविडसंघी इन्द्रनन्दि योगीन्द्र हैं जो वप्पनन्दिके शिष्य और वासव-नन्दिके प्रशिष्य थे। वासवनन्दिके गुरुका भी नाम इन्द्रनन्दि था। यह ग्रन्थ श० सं० ८६१ में श्रीकृष्णराज (राष्ट्रकूट) के राज्यमें राजधानी मान्यखेटमें रचा गया था। अर्थात् यह मल्लिषेणसे लगभग सौ वर्ष पहलेकी रचना है। ग्रन्थकी उत्थानिकामें लिखा है कि दक्षिणके मलयदेशके हेमग्राममें द्राविडसंघके अधिपति हेलाचार्य थे। एक बार उनकी शिष्या कमलश्रीको ब्रह्मराक्षस लग गया। उसकी पीड़ाको देखकर हेलाचार्य नीलगिरिके शिखरपर गये और वहाँ उन्होंने ज्वालामालिनीकी विधिपूर्वक साधना की। सात दिनमें देवीने उपस्थित होकर पूछा कि क्या चाहते हो? मुनिने कहा, मुझे और कुछ नहीं चाहिए, कमलश्रीको ग्रहमुक्त कर दो। देवीने एक लोहेके पत्रपर मन्त्र लिखकर दिया और उसकी विधि बतला दी। इससे शिष्या स्वस्थ हो गई। फिर देवीके आदेशसे हेलाचार्यने ज्वालिनी-मतकी रचना की। उसके बाद परम्परासे यह हेलाचार्यके शिष्य गांगमुनि, नीलग्रीव आदिको प्राप्त हुआ और फिर वह कन्दर्प (?) को ज्ञात हुआ जिन्होंने अपने पुत्रतुल्य गुणनन्दि मुनिको उसका सोपदेश व्याख्यान किया और इन दोनों मुनियोंके पास अध्ययन करके इन्द्रनन्दिने इसकी रचना की।

६ **कामचाण्डाली कल्प**—बम्बईके सरस्वतीभवनमें है।

मल्लिषेण नामके अनेक आचार्य हो गये हैं और ग्रन्थ-सूचियोंमें उनके प्रवचनसारटीका, पंचास्तिकायटीका, वज्रपंजरविधान, ब्रह्मविद्या, आदि अनेक ग्रन्थोंके नाम मिलते हैं परन्तु उक्त छहको छोड़कर अन्य ग्रंथोंके विषयमें यह निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता कि वे इन्हींके हैं अथवा किसी अन्यके। सज्जनचित्तवल्लभ नामका एक छोटा-सा २५ पद्योंका काव्य भी मल्लिषेणका है जो प्रकाशित हो चुका है। उसमें मुनियोंको उपदेश दिया गया है कि तुम अपने चरित्रको निर्मल रक्खो, ग्रामके समीप मत रहो, स्त्रियोंसे सम्पर्क मत रक्खो, परिग्रह धनादिकी आकांक्षा मत रक्खो, भिक्षामें जो कुछ रूखा सूखा मिले उसीसे सन्तोषपूर्वक पेट भर लो और इन्द्रियोंपर विजय प्राप्त करके अपने यति नामको सार्थक करो। हमारा खयाल है कि इसके कर्त्ता कोई दूसरे ही मल्लिषेण हैं और वे वनवासी सम्प्रदायके हैं, मठवासी नहीं।

विद्यानुशासन या विद्यानुवाद नामक ग्रन्थ भी मल्लिषेणका बतलाया जाता है परन्तु वास्तवमें वह उनका नहीं है, उनसे पीछेके किसी अन्यका है[1]। स्व० मोहनलालजी जवेरीके कथनानुसार इसके कर्त्ता मतिसागर हैं।

---

१ बम्बईके ऐ० पन्नालाल सरस्वती-भवनमें इसकी दो प्रतियाँ हैं - एक सम्पूर्ण है जिसमें २४ अध्याय हैं और दूसरी काव्यसाहित्यतीर्थाचार्य प्राच्यविद्यावारिधि श्रीचन्द्रशेखरशास्त्रीकी भाषाटीकाके सहित है, जो अपूर्ण है। अर्थात् उसके केवल ७ अध्याय हैं। जो प्रति सम्पूर्ण है, उसके आदि अन्तमें कहीं ग्रन्थकर्त्ताका नाम नहीं है और न अन्तमें कोई प्रशस्ति है परन्तु शास्त्रीजीने अपनी भाषाटीकाके प्रत्येक अध्यायकी पुष्पिकामें उसे श्रीसुकुमारसेन-मुनि-विरचित बतलाया है। मालूम नहीं जिस मूल प्रतिसे उन्होंने भाषाटीका लिखी है उसीमें यह नाम दिया है या उन्हें यह किसी अन्य स्रोतसे मालूम हुआ। मल्लिषेणका तो यह निश्चयसे नहीं है। क्योंकि भाषाटीका ( पत्र १६१ ) में लिखा है 'श्रीमदाशाधरपदामधगणधरवलयमनुशिष्यते' अर्थात् यह रचना पं० आशाधरके बादकी है। मूलग्रन्थ (पत्र ८५) में लिखा है, 'तथाचोक्तं भट्टहस्तिमल्लेन।' अर्थात् हस्तिमल्लके भी बादकी यह रचना है। इन्द्रनन्दि, पद्मनन्दि, इमडि भट्टोपाध्याय आदिके भी उद्धरण इसमें दिये हैं। स्वयं मल्लिषेणका ज्वालिनीदेवीका स्तोत्र भी ( पत्र ७२ ) संग्रह किया गया है। रावणकृत बालग्रहचिकित्सा भी इसमें संग्रहीत है।

## प्रशस्तियाँ

तीर्थे श्रीमुलगुन्दनाम्नि नगरे श्रीजैनधर्मालये
स्थित्वा श्रीकविचक्रवर्तियतिपः श्रीमल्लिषेणाह्वयः ।
संक्षेपात्प्रथमानुयोगकथनव्याख्यान्वितं शृण्वतां
भव्यानां दुरितापहं रचितवान्निःशेषविद्याम्बुधिः ॥ १

वर्षैकत्रिंशताहीने सहस्रे शकभूभुजः । सर्वजिद्वत्सरे ज्येष्ठे सशुक्रे पंचमीदिने ॥ २
अनादि तत्समाप्तं तु पुराणं दुरितापहम् । जीयादाचन्द्रताराकं विदग्धजनचेतसि ॥३
श्रीजिनसेनसूरितनुजेन कुदृष्टिमतप्रभेदिना गारुडमंत्रवादसकलागमलक्षणतर्कवेदिना ।
तेन महापुराणमुदितं भुवनत्रयवर्तिकीर्तिना । प्राकृतसंस्कृतोभयकवित्वधृता कवि-
चक्रवर्तिना ॥

—महापुराण

जितकषायरिपुर्गुणवारिधिर्नियतचारुचरित्रतपोनिधिः ।
जयतु भूपकिरीटविघट्टितक्रमयुगोऽजितसेनमुनीश्वरः ॥ १
अजनि तस्य मुनेर्वरदीक्षितो विगतमानमदो दुरितान्तकः ।
कनकसेनमुनिर्मुनिपुंगवो वरचरित्रमहाव्रतपालकः ॥ २
गतमदोऽजनि तस्य महामुनेः प्रथितवान् जिनसेनमुनीश्वरः ।
सकलशिष्यवरो हतमन्मथो भवमहोदधितारतरंडकः ॥ ३
तस्यानुजश्चारुचरित्रवृत्तिः प्रख्यातकीर्तिर्भुवि पुण्यमूर्तिः ।
नरेन्द्रसेनो जितवादिसेनो विज्ञाततत्त्वो जितकामसूत्रः ॥ ४
तच्छिष्यो विबुधाग्रणीर्गुणनिधिः श्रीमल्लिषेणाह्वयः
संजातः सकलागमेषु निपुणो वाग्देवतालङ्कृतः ।
तेनैषा कविचक्रिणा विरचिता श्रीपंचमीसत्कथा
भव्यानां दुरितौघनाशनकरी संसारविच्छेदिनी ॥ ५
स्पष्टं श्रीकविचक्रवर्तिगणिना भव्याब्जघर्मांशुना
ग्रन्थी पंचशती मया विरचिता विद्वज्जनानां प्रिया ।
तां भक्त्या विलिखंति चारुवचनैर्व्याबर्णयन्त्यादरात्
ये शृण्वंति मुदा सदा सहृदयास्ते यान्ति मुक्तिश्रियम् ॥ ६

—नागकुमार-काव्य

सकलनृपमुकुटघट्टितचरणयुगः श्रीमदजितसेनगणी ।
जयतु दुरितापहारी भव्यौघभवार्णवोत्तारी ॥ ५५
जिनसमयागमवेदी गुरुतरसंसारकाननोच्छेदी ।
कर्मेन्धनदहनपटुस्तच्छिष्यः कनकसेनगणिः ॥ ५६
चारित्रभूषितांगो निःसंगो मथितदुर्जयानंगः ।
तच्छिष्यो जिनसेनो बभूव भव्याब्जघर्मांशुः ॥ ५७
तदीयशिष्योऽजनि मल्लिषेणः सरस्वतीदत्तवरप्रसादः ।
तेनोदितो भैरवदेवतायाः कल्पः समासेन चतुःशतेन ॥ ५८
यावद्वार्धिमहीधरतारकगणगगनचन्द्रदिनपतयः ।
तिष्ठतु भुवि तावदयं भैरवपद्मावतीकल्पः ॥ ५९ —भैरवपद्मावतीकल्प

जगदीशं जिन देवमभिवन्द्याभिशंकरम् । वक्ष्ये सरस्वतीकल्पं समासेनाल्पमेधसाम् ॥१
अभयज्ञानमुद्राक्षमालापुस्तकधारिणी । त्रिनेत्रा पातु मां वाणी जटाबालेन्दुमण्डिता ॥२
लब्धवाणीप्रसादेन मल्लिषेणेन सूरिणा । रच्यते भारतीकल्पः स्वल्पजाप्यफलप्रदः ॥३
कृतिना मल्लिषेणेन जिनसेनस्य सूनुना । रचितो भारतीकल्पः शिष्टलोकमनोहरः ॥७७
सूर्यचन्द्रमसौ यावन्मेदिनीभूधरार्णवाः । तावत्सरस्वतीकल्पः स्थेयाच्चेतसि धीमताम् ७८
—भारतीकल्प

श्रीमतोऽजितसेनस्य सूरेः कर्मार्तिधूरिणः ।
शिष्यः कनकसेनोभूद्गणिकृ ( ? ) मुनिजन स्तुतः ॥ २
तदीयशिष्यो जिनसेनसूरिः तस्याग्रशिष्योऽजनि मल्लिषेणः ।
वाग्वदेवतालक्षितवारुवक्त्रस्तेनारचि ( ? ) ज्वालिदेविकल्पः ॥ ३
कुमतिमतविभेदी जैनतत्त्वार्थवेदी हृतदुरितसमूहः क्षीणसंसारमोहः ।
भवजलधितरण्डो वाग्वरो वाक्करण्डो विबुधकुमुदचन्द्रो मल्लिषेणो गणीन्द्रः ॥
—ज्वालिनीकल्प

छन्दोलंकारशास्त्रं किमपि न च परं प्राकृतं संस्कृतं वा
काव्यं तच्च प्रबन्धं सुकविजनमनोरंजनं यः करोति ।
कुर्वन्नुर्वीशिलादौ न लिखित किल तद्यातियावत्समाप्तिं
स श्रीमान्मल्लिषेणो जयतु कविपतिर्वाग्वधूमण्डितास्यः ॥
—कामचाण्डाली कल्प

# वादीभसिंह

वादीभसिंहके दो काव्य-ग्रन्थ उपलब्ध हैं, गद्यचिन्तामणि और क्षत्रचूड़ामणि। पहला गद्य-काव्य है और दूसरा अनुष्टुप् श्लोकबद्ध पद्य-काव्य। पहला महाकवि बाणकी कादम्बरी और धनपालकी तिलकमंजरीके ढंगका है और दूसरेकी विशेषता यह है कि कथाके साथ साथ उसमें नीति और उपदेश भी चलता है। कवि श्लोकके पूर्वार्धमें तो अपनी कथाको कहता चलता है और साथ साथ उत्तरार्धमें अर्थान्तरन्यासके द्वारा कोई न कोई नीति या शिक्षाकी सुन्दर सूक्ति देता जाता है। दोनों काव्योंके कथानक बिलकुल एक हैं, क्षत्र या क्षत्रियोंमें चूड़ामणिके तुल्य जीवंधर नामक पुराण पुरुषका चरित दोनोंमें निबद्ध है। पहला शृंगारादि रसोंसे परिप्लुत है अतएव प्रौढ लोगोंके लिए है और दूसरा शायद सुकुमारमति कुमारोंके लिए लिखा गया है इसलिए उसमें शिक्षाकी प्रधानता है।

कविने गद्यचिन्तामणिके प्रारंभमें अपने गुरुका नाम पुष्पसेन बतलाया है और कहा है कि उन्हींके प्रसादसे उन्हें वादीभसिंहता और मुनिपुंगवता (आचार्यता) प्राप्त हुई[1] और अन्तके दो श्लोकोंमें बतलाया है कि उनक वास्तव नाम ओडयदेव था[2]।

वादीभसिंहका अर्थ है वादिरूपी हाथियोंके लिए सिंहके तुल्य। स्पष्ट ही यह एक विशेषण है जो उनके वादिविजेता होनेको प्रकट करता है। यह उनका नाम नहीं, विशेषण या पदवी है जो आगे चलकर नाम ही बन गई है।

---

१—श्रीपुष्पसेनमुनिनाथ इति प्रतीतो। दिव्यो मनुर्हृदि सदा मम संनिदध्यात्।
यच्छक्तितः प्रकृतिमूढमतिर्जनोऽपि, वादीभसिंहमुनिपुंगवतामुपैति ॥ ६

२—श्रीमद्वादीभसिंहेन गद्यचिन्तामणिः कृतः, स्थेयादोडयदेवेन चिरायास्थानभूषणः ॥
स्थेयादोडयदेवेन वादीभहरिणा कृतः, गद्यचिन्तामणिर्लोके चिन्तामणिरिवापरः ॥

और भी अनेक विद्वानोंको यह पदवी प्राप्त थी और उसका उपयोग कहीं कहीं उनके नामोंके साथ और कहीं कहीं बिना नामके भी किया जाता था। मल्लिषेण-प्रशस्तिमें अजितसेनका उनके वादीभसिंह पदके साथ उल्लेख किया गया है[1] और श्रवणबेल्गोलके ४९३ वें शिलालेखमें अरुङ्गलान्वयके श्रीपाल त्रैविद्य-देवको भी वादीभसिंह लिखा है[2]।

जिनसेनने आदिपुराणके प्रारंभमें अपने पूर्ववर्ती विद्वानोंकी स्तुति करते हुए एकका उल्लेख 'वादिसिंह' नामसे किया है[3] जो कि निश्चयसे किसीकी पदवी है और वह पदवी उस समय इतनी प्रसिद्ध थी कि उसके साथ वास्तविक नाम देनेकी उन्हें आवश्यकता ही प्रतीत न हुई। लघु समन्तभद्रने भी अपने अष्टसहस्री-टिप्पणमें 'आप्तमीमांसा' को 'वादीभसिंहोपलालिता' विशेषण दिया है, जो पदवी ही है, नाम नहीं। इस पदवीपरसे हम तब तक पदवीधरके नामका ठीक ठीक अनुमान नहीं कर सकते जब तक कि उसके लिए कोई दूसरे सबल प्रमाण न हों।

## अजितसेन और ओडयदेव

सबसे पहले सन् १९१६ में स्व० पं० टी० एस० कुप्पूस्वामी शास्त्रीने गद्यचिन्तामणिकी भूमिकामें लिखा था कि मल्लिषेण-प्रशस्तिके अजितसेन और गद्यचिन्तामणिके कर्त्ता वादीभसिंह एक ही जान पड़ते हैं। परन्तु इसके लिए उन्होंने कोई विशेष प्रमाण उपस्थित नहीं किये थे। उसके बाद पं० के० भुजबलि शास्त्रीने उक्त धारणाको पुष्ट करनेके लिए हाल ही दो विस्तृत लेख प्रकाशित किये हैं[4], परन्तु उनमें वे एक भी प्रमाण ऐसा नहीं दे सके हैं जो निसंशयरूपसे अजितसेनको गद्यचिन्तामणिका कर्त्ता सिद्ध करनेके लिए पर्याप्त हो।

---

१—सकलभुवनपालानम्रमूर्द्धावबद्धस्फुरितमुकुटचूडालीढपादारविन्दः।
मदवदखिलवादीभेन्द्रकुम्भप्रभेदी गणभृदजितसेनो भाति वादीभसिंहः॥५७

२—हन्तु निरवद्यस्याद्वादभूषणरु गणपोषणसमेतरुमागि वादीभसिंह-वादिकोलाहल. श्रीपाल त्रैविद्यदेवर्गे।

३—कवित्वस्य परा सीमा वाग्मित्वस्य परं पदम्।
गमकत्वस्य पर्यन्तो वादिसिंहोऽर्च्यते न कैः॥५४

४—देखो जैनसिद्धान्त भास्कर भाग ६, अंक ३, पृ० ७८—८७ और भाग ७ अंक १ पृ० १—८

एक तो अजितसेनके गुरुका नाम पुष्पसेन नहीं है, और लगभग उसी समयके जिन एक पुष्पसेन मुनिको अजितसेनका गुरु माननेके लिए शास्त्रीजीने आविष्कृत किया है, उनका अजितसेन नामका कोई शिष्य ही नहीं है, बल्कि उनके शिष्यका नाम वासुपूज्य सिद्धान्तदेव है, साथ ही पुष्पसेन और अजितसेनका स्थितिकाल भी दोनोंके गुरु-शिष्य होनेमें बहुत कुछ बाधक है। दूसरे अजितसेन राजमान्य विद्वान् थे, अनेक राजा उनके चरणोंमें सिर झुकाते थे, परन्तु ओडयदेव या वादीभसिंहके विषयमें ऐसा कोई उल्लेख नहीं है जिसमें उन्हें राजमान्य कहा गया हो[1]। तीसरे अजितसेनके सम्बन्धमें जितने उद्धरण शास्त्रीजीने दिये हैं उनमेंसे किसीमें भी उन्हें महाकवि या काव्य-ग्रन्थोंका कर्त्ता नहीं बतलाया है। यदि वे गद्यचिन्तामणि जैसे श्रेष्ठ काव्यके कर्त्ता होते, तो कमसे कम मल्लिषेण-प्रशस्तिमें उनकी इस विशेषताका संकेत अवश्य होता। इस प्रशस्तिमें उनकी प्रशंसामें एक दो नहीं ५० पंक्तियाँ खर्च की गई हैं। उक्त प्रशस्ति और दूसरे उल्लेखोंसे तो वे बड़े भारी वादिविजेता और तार्किक ही मालूम होते हैं, कवि नहीं। इन सब बातोंसे ओडयदेव और अजितसेन एक नहीं हो सकते। दोनोंमें सिर्फ एक ही समता है और वह यह कि दोनों 'वादीभसिंह' पदको धारण करनेवाले थे।

## अकलंकदेवके समकालीन ओडयदेव

पं० कैलाशचन्द्रजी शास्त्रीने न्यायकुमुदचन्द्र ( प्रथम खंड ) की भूमिकामें लिखा है कि मल्लिषेण-प्रशस्तिमें जिन पुष्पसेन मुनिको अकलंकदेवका सधर्मा या गुरुभाई बतलाया है, वादीभसिंह उन्हींके शिष्य प्रतीत होते हैं और लघु समन्तभद्रके अष्टसहस्री-टिप्पणमें जिन वादीभसिंहका उल्लेख है वे भी शायद यही हों। इसके सिवाय उन्होंने जिनसेन और वादिराजद्वारा स्मृत वादिसिंहको भी वादीभसिंह ही होनेकी सम्भावना प्रकट की है।

१-शास्त्रीजीने गद्यचिन्तामणिकी प्रशस्तिके 'निरायास्थान-भूषण' पदसे शायद यह समझा है कि वे राजमान्य थे। परन्तु 'आस्थान-भूषण' का अर्थ है सभाका भूषण या शोभा और यह विशेषण गद्यचिन्तामणिके लिए दिया गया है, कविके लिए नहीं। प्रशस्तिकारका सिर्फ इतना ही अभिप्राय है कि यह ग्रन्थ चिरकालके लिए सभाओंका भूषणरूप होकर रहे।

२-स्याद्वादगिरिमाश्रित्य वादिसिंहस्य गर्जिते।
दिङ्नागस्य मदध्वंसे कीर्तिभंगो न दुर्घट: ॥२१ —पा० च०

पहले मेरा भी यही खयाल था; परन्तु अब मैं ओडयदेव या वादीभसिंहको इतना प्राचीन नहीं समझता। मेरी समझमें एक वादिसिंह या वादीभसिंह जिनसेनसे पहले हुए जरूर हैं जिनका वास्तविक नाम मालूम नहीं है और आप्तमीमांसापर भी शायद उन्हींकी कोई टीका थी परन्तु गद्यचिन्तामणिकारसे वे पृथक् हैं, यद्यपि वे भी कवि, वादी और तार्किक थे। इसके सिवाय यह भी निश्चय-पूर्वक नहीं कहा जा सकता कि अकलंकदेवके सधर्मा पुष्पसेनके ही वे शिष्य थे।

## सोमदेवका शिष्यत्व

श्रुतसागरसूरिने यशस्तिलककी टीका ( आश्वास २ पृ० २६५ ) मे वादिराज महाकविका एक पद्य उद्धृत करके लिखा है कि ये वादिराज भी सोमदेवके शिष्य हैं। क्योंकि सोमदेव कहते हैं कि 'वादीभसिंह भी मेरे शिष्य हैं और वादिराज भी।' परन्तु श्रुतसागरके इस कथनपर विश्वास नहीं किया जा सकता। क्योंकि एक तो उन्होंने यह बतलानेकी कृपा नहीं की कि सोमदेवने उक्त वचन किस ग्रन्थमें किस प्रसंगपर कहा है और दूसरे सोमदेवने अपने यशस्तिलकको शक सवत् ८८१ ( वि० सं० १०१६ ) में पूरा किया है और वादिराजने अपना पार्श्वनाथचरित श० सं० ९४७ ( वि० स० १०८२ ) में उनसे ६६ वर्ष बाद। इसके सिवाय वादिराज स्वयं अपने गुरुका नाम मतिसागर बतलाते हैं और वादीभसिंह अपने

१-हुम्मचके शिलालेख नं० २१४ और २१६ मे ओडेयदेवका दूसरा नाम श्रीविजयदेव लिखा है और २१५ मे पुष्पसेन सिद्धान्तदेव और उनके शिष्य श्रीविजयगुरुका उल्लेख है। परन्तु उक्त २१४–२१६ लेखोंमें विजयदेवको वादिराज उर्फ कनकसेनका शिष्य बतलाया है। कनकसेनके बाद भी एक वादिराज और हुए है और उसी परम्परामें पुष्पसेन भी। एक ही नामके अनेक विद्वान् होनेसे गुरुशिष्यसम्बन्ध भी गड़बड़ीमें पड़ गया है। परन्तु गद्यचिन्तामणिके कर्त्ता इनसे भिन्न ही जान पड़ते है।

२-" उक्त च वादिराजमहाकविना—

> कर्मणा कवलिता जनिता जातः पुरान्तरजनगमवाटे।
> कर्मकोद्रवरसेन हि मत्तः किं किमत्यशुभधाम न जीवः।

स वादिराजोऽपि श्रीसोमदेवाचार्यस्य शिष्यः। 'वादीभसिंहोऽपि मदीयशिष्यः श्रीवादीराजोऽपि मदीयशिष्यः' इत्युक्तत्वाच्च।" 'कर्मणा कवलिता' पद्य वादिराजके किस ग्रन्थका है, यह भी मालूम नहीं हो सका। पार्श्वचरितमें तो यह है नहीं।

गुरुका नाम पुष्पसेन। अतएव कमसे कम गद्यचिन्तामणिके कर्त्ता वादीभसिंहको तो सोमदेवका शिष्य किसी तरह नहीं माना जा सकता।

## कविका स्थान

कविके ओडयदेव नामसे पं० के० भुजबलि शास्त्रीने उन्हें तमिल या द्राविड़-प्रान्तका निवासी बतलाया है और बी० शेषगिरि राव एम० ए० ने कलिंग (तेलुगुके) गंजाम जिलेके आसपासका। गंजाम जिला मद्रासके एकदम उत्तरमें है और अब उड़ीसामें जोड़ दिया गया है। वहाँ राज्यके सर्दारोंकी ओडेय और गोडेय नामकी दो जातियाँ है जिनमें पारस्परिक सम्बन्ध भी है। अतएव उनकी समझमे वादीभसिंह जन्मतः ओडेय या उड़िया सरदार होंगे।

## ओडयदेवका समय

गद्यचिन्तामणि और क्षत्रचूड़ामणिका जो कथानक है, वह गुणभद्राचार्यके जीवंधरचरित्र (उत्तरपुराणान्तर्गत) से लिया गया है और दोनोंमें बहुत अधिक समानता है। इसका संकेत भी गद्यचिन्तामणिके निम्नलिखित पद्यमें मिलता है—

> निःसारभूतमपि बन्धनतन्तुजातं मूर्ध्ना जनो वहति हि प्रसवानुसंगात्।
> जीवंधरप्रभवपुण्यपुराणयोगाद्वाक्यं ममाप्युभयलोकहितप्रदायि ॥ ९ ॥

यह जीवंधरचरित्रका उत्पादक पुण्यपुराण उत्तरपुराण ही जान पड़ता है जो (वि० सं० ९०५) के बादकी रचना है, अतएव वादीभसिंह इससे पीछेके हैं।

सुप्रसिद्ध धाराधीश राजा भोजके विषयमें एक श्लोक प्रायः सभी विद्वानोंके लिए परिचित है जो कि उनके सभाकवि कालिदास (अभिनव कालिदास या परिमलने) उनकी मृत्युका झूठा समाचार सुनकर कहा था—

> अद्य धारा निराधारा निरालम्बा सरस्वती।
> पण्डिताः खण्डिताः सर्वे भोजराजे दिवं गते ॥

और इसी श्लोकके पूर्वार्धकी छाया सत्यंधर महाराजके शोकके प्रसंगमें कही हुई गद्यचिन्तामणिकी इस उक्तिमें मिलती है—"अद्य निराधारा धरा निरालम्बा सरस्वती।" स्व० कुप्पूस्वामी शास्त्रीने इससे अनुमान किया था कि गद्यचिन्तामणि

१–देखो, जैनसिद्धान्तभास्कर वर्ष ८, अंक २ पृ० ११७।

भोजराजके बादकी रचना है। भोजदेवका राज्य-काल वि० सं० १०७६ से वि० ११११ तक माना जाता है।[1]

तामिल भाषामें ' जीवक-चिन्तामणि ' नामका एक प्रसिद्ध काव्य है जिसके कर्त्ता तिरुत्तक्कदेव नामके कवि हैं। तामिल साहित्यके विशेषज्ञ पं० स्वामिनाथ-य्याका मत है कि इस ग्रन्थकी रचना क्षत्र-चूडामणि और गद्य-चिन्तामणिकी छाया लेकर की गई है और श्री कुप्पूस्वामी शास्त्रीने अपने सम्पादित किये हुए क्षत्रचूडामणिमें इस तरहके छायामूलक बीसों पद्य टिप्पणके रूपमें उद्धृत करके इस बातकी पुष्टि भी की है।

जीवक-चिन्तामणिके बननेका ठीक समय तो मालूम नहीं है, परन्तु ' पेरिय-पुराण ' नामक तमिलग्रन्थमें उसका पहले पहल उल्लेख किया गया है जो कि चोल-नरेश कुलोत्तुंगकी प्रार्थनासे शेक्किलार नामक पंडितने बनाया था। कुलोत्तुं-गका राज्य-काल वि० सं० ११३७ से ११७५ है, अतएव इससे पहले विक्रमकी ग्यारहवीं सदीके पूर्वार्धमें जीवक-चिन्तामणि और प्रथम पादमें गद्य-चिन्तामणि रचे गये होंगे। उस समय भोजदेवसम्बन्धी पूर्वोक्त पद्यका अनुकरण भी किया जा सकता है।

अतएव जब तक प्राचीनताके और कोई प्रमाण न मिलें तब तक ओडयदेवको विक्रमकी ग्यारहवीं सदीके प्रारंभका कवि मानना चाहिए और यह भी कि वे किसी ऐसी गुरुपरम्परामें हुए हैं जिसका हमें पता नहीं। अपने संघ या गणका उन्होंने कोई उल्लेख नहीं किया।

---

१–भोजदेवके उत्तराधिकारी जयसिंहका वि० सं० ११११ का एक दानपत्र मिला है। अतएव इससे कुछ पहले ही उनका स्वर्गवास हुआ होगा।

# चार वाग्भट

वाग्भट नामके अनेक ग्रन्थकर्त्ता हो गये हैं, उनमेंसे कुछ ये हैं—

**१ 'अष्टाङ्गहृदय'के कर्ता वाग्भट**—इस सुप्रसिद्ध वैद्यक ग्रन्थके कर्त्ता वाग्भट सिन्धुदेशके रहनेवाले थे और इनके पिताका नाम सिंहगुप्त था[1]। ये बहुत प्राचीन हैं और अधिकांश विद्वानोंके मतसे बौद्धधर्मके अनुयायी थे। पण्डित आशाधरने इस ग्रन्थपर एक टीका लिखी थी, जो अभी तक अप्राप्य है। कुछ लोगोंका खयाल है कि ये जैन थे, परन्तु इसके लिए कोई प्रमाण नहीं है।

**२ नेमिनिर्वाणके कर्त्ता**—काव्यमालामें प्रकाशित नेमिनिर्वाणमें कविकी कोई प्रशस्ति नहीं है; परन्तु आराके जैनसिद्धान्तभवनमें संवत् १७२७ पौष कृष्ण अष्टमी शुक्रवारकी लिखी हुई जो प्रति[2] है, उसके अन्तमें निम्नलिखित परिचय-पद्य है, जिससे कविका थोड़ा-सा परिचय मिल जाता है—

> अहिच्छत्रपुरोत्पन्न-प्राग्वाटकुलशालिनः ।
> छाहडस्य सुतश्चक्रे प्रबन्धं वाग्भटः कविः ॥ ८७ ॥

श्रवणबेल्गोलके स्व० पं० दौर्बलि जिनदास शास्त्रीके पुस्तकालयमें नेमिनिर्वाणकी जो प्रति है उसमें भी यह पद्य है[3]। इससे मालूम होता है कि नेमिनिर्वाणके कर्त्ता

---

१–मैसूरके पण्डित पद्मराजके पुस्तकालयमें अष्टाङ्गहृदयकी जो प्रति कनड़ी लिपिमें लिखी हुई है उसके अन्तमें नीचे लिखे दो पद्य हैं—

> यज्जन्मनः सुकृतिनः खलु सिन्धुदेशे यः पुत्रवन्तमकरोद्भुवि सिंहगुप्तम् ।
> नेनोक्तमेतदुभयज्ञभिषग्वरेण स्थान समाप्तमिति. .. ॥ १ ॥
> नमो वाडव ( वाग्भट ? ) तीर्थाय विदुषे लोकबन्धवे ।
> येनेद वैद्यवृन्दानां शास्त्रं सगृह्य निर्मितम् ॥ २ ॥

२–देखो, जैनहितैषी भाग १५, अंक ३-४ पृ० ७९ में पं० जुगलकिशोरजी मुख्तारका नोट।

३–देखो, जैनहितैषी भाग ११, अंक ७-८ पृ० ४८२।

वाग्भट ( वाहड ) छाहडके पुत्र थे जो प्राग्वाट या पोरवाड कुलके थे और अहिच्छत्रपुरमें उत्पन्न हुए थे। इन्होंने न तो अपने किसी गुरु आदिका नाम लिखा है और न और कोई परिचय ही दिया है। अपने किसी पूर्ववर्ती कवि या आचार्यका भी कहीं स्मरण नहीं किया है, जिससे इनके समयपर कुछ प्रकाश डाला जा सके। परन्तु इतना निश्चयपूर्वक कहा जा सकता है कि ये वाग्भटालंकारके कर्त्ता वाग्भटसे पहलेके हैं। क्योंकि वाग्भटालंकारमें नेमिनिर्वाणके अनेक पद्योंको उदाहरणस्वरूप उद्धृत किया गया है[2] और जैसा कि आगे बतलाया गया है वाग्भटालंकारके कर्त्ता वाग्भटका समय वि० सं० ११७९ के लगभग है। अतएव नेमिनिर्वाणकी रचना इससे बादकी नहीं हो सकती।

नेमिनिर्वाण काव्यपर भट्टारक ज्ञानभूषणकी एक पंजिका टीका उपलब्ध है। और कोई टीका अभी तक प्राप्त नहीं हुई। जहाँ तक हम जानते हैं ये वाग्भट दिगम्बरसम्प्रदायके थे। नेमिनिर्वाणके प्रथम सर्गके १९ वें पद्यमें कहा है कि वे मल्लि जिन तुम्हारा कल्याण करें, जिन्होंने तपके कुठारसे कर्मवल्लीको काट डाला है और जो कुरु ( कुरुवंशी या इक्ष्वाकुवंशी )के सुत होनेपर भी दुःशासन ( कुरुपुत्र दुःशासन राजा और दूसरे पक्षमें दुष्टतासे शासन करनेवाले ) नहीं हुए। इससे

१–म० म० ओझाजीके अनुसार ' नागौर ' का पुराना नाम नागपुर या अहिच्छत्रपुर है। देखो ना० प्र० पत्रिका भाग २, पृ० ३२९। गुलालवाडी बम्बईके बीसपंथी जैन मन्दिरके भण्डारको ता० ५–११–१९०५ में मैंने स्व० गुरुजी प० पन्नालालजीके साथ देखा था और उसकी लिस्ट बनाई थी, जो अभी तक मेरे पास है। उसमें नेमिनिर्वाण काव्यकी तीन प्रतियाँ ( न० २०, ६४, ६५ ) लिखी है, एक सटीक सटिप्पण, दूसरी सटीक सान्वयाक, और तीसरी कुछ सर्गोकी टीका। तीनोंमें ' अहिच्छत्रपुरोत्पन्न ' आदि श्लोक था। एक प्रति वि० स० १३१७ की और दूसरी सवत् १६९६ की लिखी हुई था। ये सब ग्रन्थ अब उक्त भण्डारमें नहीं रहे।

२–नेमिनिर्वाणके छठे सर्गके ' कान्तारभूमौ ' ' जुहुर्वसन्ते ' और ' नेमिर्विशालनयनो ' आदि ४६, ४७ और ५१ नम्बरके पद्य वाग्भटालकारके चौथे परिच्छेदके ३५, ३९ और ३२ न० के पद्य हैं और सातवें सर्गका ' वरणा प्रसूननिकरा ' आदि २६ वें न० का पद्य चौथे परिच्छेदका ४० न० का पद्य है।

३–तपःकुठारक्षतकर्मवल्लिर्मल्लिर्जिनो वः श्रियमातनोतु।
कुरोः सुतस्यापि न यस्य जातं दुःशासनत्वं भुवनेश्वरस्य ॥ १९ ॥

मालूम होता है कि वे मल्लि जिनको श्वेताम्बर सम्प्रदायके समान इक्ष्वाकुवंशी राजाकी सुता ( लड़की ) नहीं किन्तु सुत ( लड़का ) मानते थे।

**३ वाग्भटालंकारके कर्ता**—इनके पिताका नाम सोम श्रेष्ठी था। सिंहदेव-गणिके कथनानुसार वे महाकवि और एक राज्यके महामात्य थे। कविचन्द्रिका टीकाके कर्ता वादिराजने भी उन्हें ' महामात्यपदभृत् ' लिखा है।

संकरालंकारके उदाहरणमें कविने कहा है कि संसारमें तीन ही रत्न हैं, एक अणहिल्लपाटण नगर, दूसरा कर्णदेवके पुत्र राजा जयसिंहदेव और तीसरा श्रीकलश नामका उनका हाथी। इससे स्पष्ट होता है कि ये वाग्भट गुजरातके सोलंकी राजा सिद्धराज जयसिंहके समकालीन और उनके मंत्री थे।

जयसिंहका राज्य-काल वि० सं० ११५० से ११९९ तक निश्चित हुआ है[४]।

प्रभाचन्द्रकृत प्रभावकचरितमें लिखा है कि बाहड नामके धनी धर्मात्माने गुरुचरणोंमें प्रणाम करके पूछा कि कोई ऐसा प्रशंसनीय कार्य बतलाइए कि जिसमें धन व्यय किया जाय ? तब गुरुने भगवानका मन्दिर बनानेमें धनकी सफलता बतलाई और तब वाग्भटने हिमालयके समान धवल और ऊँचा मन्दिर बनवाया

---

१–बभडमुत्तिमपुडमुत्तिअमणिणो पहासमूहव्व।
सिरिबाहडत्ति तनओ आसि बुहो तस्स सोमस्स॥

२–इदानीं ग्रन्थकार इदमलंकारकर्तृत्वख्यापनाय वाग्भटाभिधस्य महाकवेः महामात्यस्य तन्नाम गाथयैकया निदर्शयति।

३–अणहिल्लपाटकपुरमवनिपतिः कर्णदेवनृपसूनुः।
श्रीकलशनामधेयः करी च रत्नानि जगतीह॥

४–देखो श्री दुर्गाशंकर शास्त्रीका ' गुजरातनो मध्यकालीन राजपूत इतिहास। ' पृ० २२५

५–अथास्ति बाहडो नाम धनवान्धार्मिकाग्रणीः।
गुरुपादान्प्रणम्याथ चक्रे विज्ञापनामसौ॥
आदिश्यतामतिश्लाघ्यं कृत्यं यत्र धनं व्यये।
प्रभुराहालये जैने द्रव्यस्य सफलो व्ययः॥
आदेशानन्तरं तेनाकार्यत श्रीजिनालयः।
हेमाद्रिधवलस्तुंगो दीप्यकुम्भमहामणिः॥
श्रीमता वर्धमानस्याबीभरद्बिम्बमुत्तमम्।
यत्तेजसा जिताश्चन्द्र... कान्तमणिप्रभाः॥

और उसमें विराजमान करनेके लिए वर्द्धमान जिनकी प्रतिमा भी। वि० सं० ११७८ में मुनिचन्द्रसूरिका समाधिमरण हुआ और उसके एक वर्ष बाद वाग्भटने देवसूरिके द्वारा उक्त मूर्तिकी प्रतिष्ठा कराई। इससे पता लगता है कि वि० सं० ११७९ में वाग्भट थे और यह सिद्धराज जयसिंहका ही राज्य-काल है।

आचार्य हेमचन्द्रने भी अपने द्याश्रय काव्य ( सर्ग २० श्लोक ९१-९२ ) में वाग्भटको जयसिंहका अमात्य बतलाया है।

वाग्भटालंकारपर जिनवर्द्धनसूरि, सिंहदेव गणि, क्षेमहंस गणि, और राजहंस उपाध्याय इन चार श्वेताम्बर विद्वानोंकी टीकायें उपलब्ध हैं। इनके सिवाय पोमराजके पुत्र वादिराज नामक दिगम्बर विद्वानकी और अनन्तभट-सुत गणेश नामक अजैन विद्वानकी भी टीका है।

ये वाग्भट श्वेताम्बर सम्प्रदायके अनुयायी थे।

आश्चर्य है कि अपने ग्रन्थमें नेमिनिर्वाणके अनेक पद्योंका उदाहरणस्वरूप उपयोग करके भी इन्होंने उसके कर्त्ताका कहीं भूलकर भी स्मरण नहीं किया।

४ **काव्यानुशासनके कर्त्ता**—ये नेमिकुमारके पुत्र थे। अपने पिताको इन्होंने कौन्तेयकुलदिवाकर, महान्, विद्वान्, धर्मात्मा और यशस्वी लिखा है। उन्होंने मेदपाट ( मेवाड़ ) में प्रतिष्ठित पार्श्वनाथ जिनका यात्रामहोत्सव किया था जिससे उनका यश भुवनव्यापी हो गया था, राहडपुरमें नेमि भगवानका और नलोटकपुरमें ऋषभ जिनका बाईस देवकुलिकाओंसहित विशाल मन्दिर निर्माण कराया था। नेमिकुमार अपने बड़े भाई राहडके परम भक्त थे। राहडकी

शतैकादशके साष्टसप्ततौ विक्रमार्कतः।
वत्सराणा व्यतिक्रान्ते श्रीमुनिचन्द्रसूरयः॥
आराधनाविधिश्रेष्ठं कृत्वा प्रायोपवेशनं।
शमपीयूषकल्लोलप्लुतास्ते त्रिदिवं ययुः॥ युग्मम्
वत्सरे तत्र चैकेन पूर्णे श्रीदेवसूरिभिः।
श्रीवीरस्य प्रतिष्ठा स बाहडोऽकारयन्मुदा॥

१-वाग्भट नामके एक और जैन अमात्य जयसिंहके उत्तराधिकारी कुमारपालके समयमें हुए हैं परन्तु वे उदयनके पुत्र थे।

२-राहडपुर शायद नेमिकुमारके बड़े भाई राहडका ही बसाया हुआ हो। राहडपुर और नलोटकपुर मेवाड़में ही कहीं हैं।

भी कविने बहुत प्रशंसा की है। उन्होंने भी अपने न्यायोपार्जित धनसे आदि जिनका मन्दिर बनवाया था। नेमिकुमारके पिताका नाम मकल (मोकल) और माताका महादेवी थी।

कौन्तेय कुल कौन-सा है, हम नहीं जानते। धनके अतिरिक्त विद्यासे भी यह कुल बहुत समृद्ध था।

वाग्भट महाकवि थे। काव्यानुशासनके सिवाय इन्होंने अनेक काव्य, नाटक और छन्दोग्रन्थ लिखे थे[2]। उनमेंसे काव्यानुशासनकी स्वोपज्ञवृत्तिमें (पृ० १५) इन्होंने अपने 'ऋषभदेवचरित' महाकाव्यका एक पद्य उद्धृत किया है और एक जगह (पृ० २०) छन्दोनुशासनकी भी चर्चा की है[3]। परन्तु इनके किसी नाटकका उल्लेख नहीं मिला।

वाग्भटालंकारके कर्तासे ये पीछे हुए हैं और उनसे भिन्न हैं। क्योंकि इन्होंने काव्यानुशासनके गुण प्रकरणमें लिखा है कि दण्डि, वामन, और वाग्भटप्रणीत दश गुण हैं परन्तु मैं तो माधुर्य, ओज और प्रसाद ये तीन ही गुण मानता हूँ।

काव्यानुशासनसे इस बातका ठीक ठीक पता नहीं चलता कि वाग्भट किस सम्प्रदायके अनुयायी थे परन्तु अधिक संभावना यही है कि ये दिगम्बर होंगे। क्योंकि इन्होंने अपने इस ग्रन्थमें ऋषभदेवचरितके प्रारंभका नीचे लिखा पद्य उद्धृत किया है—

यत्पुष्पदन्तमुनिसेनमुनीन्द्रमुख्यैः, पूर्वैः कृतं सुकविभिस्तदहं विधित्सुः।
हास्याय कस्य ननु नास्ति तथापि सन्तः, शृण्वन्तु कंचन ममापि सुयुक्तिसूक्तम्॥

इसमें भूलसे जिनसेनकी जगह 'मुनिसेन' छप गया जान पड़ता है। इसका

१–देखो काव्यानुशासन-टीकाकी उत्थानिका।

२–विनिर्मितानेकनव्यभव्यनाटकच्छन्दोऽलंकारमहाकाव्यप्रमुखमहाप्रबन्धबन्धुरोऽपारतार-शास्त्रसागरसमुत्तरणतीर्थायमानशेमुषी महाकवि श्रीवाग्भटो.

३–अयं च सर्व. प्रपंच श्रीवाग्भटाभिधस्वोपज्ञछन्दोनुशासने प्रपंचित इति नात्रोच्यते। पाटण (गुजरात) के भंडारमें वाग्भटके छन्दोनुशासनकी एक ताड़पत्रकी प्रति है। पं० परमानन्द शास्त्रीने अपने ग्रन्थप्रशस्ति-संग्रहमें उसके आद्यन्त अंश दिये हैं—

विभुं नाभेयमानम्य छन्दसामनुशासनं श्रीमन्नेमिकुमारस्य आत्मजोऽहं वच्मि वाग्भट'।

नव्यानेकमहाप्रबन्धरचनाचातुर्यविस्फूर्जितस्फारोदारयश' प्रचारसततव्याकीर्णविश्वत्रयः।
श्रीमन्नेमिकुमारसूनुरखिलप्रज्ञालुचूडामणि'छन्दःशास्त्रमिदं चकार सुधियामानन्दकृद्वाग्भटः॥

अभिप्राय यह है कि पूर्ववर्ती पुष्पदन्त और जिनसेनादि मुनियोंने जिसे बनाया है, उसे बनाते हुए मैं किसके हास्यका पात्र न बनूँगा ? और ये दोनों अर्थात् आदिपुराणके कर्त्ता जिनसेन और महापुराणके कर्ता पुष्पदन्त दिगम्बर सम्प्रदायके ही थे। इनके ग्रन्थोंको वाग्भटने पढ़ा था।

इसके सिवाय नेमिनिर्वाण, चन्द्रप्रभचरित और धनंजयकी नाममालाके उद्धरण भी इसी बातको पुष्टि करते हैं। क्योंकि ये तीनों भी दिगम्बर सम्प्रदायके कवियोंकी रचनायें हैं।

कुछ स्थानोंमें 'राजीमती-परित्याग' काव्यका भी उल्लेख मिलता है जो शायद पं० आशाधरका 'राजीमती-विप्रलंभ' नामक काव्य हो। परित्याग और विप्रलंभ एकार्थवाची हैं। आशाधरका 'राजीमती-विप्रलंभ' उपलब्ध नहीं है। आश्चर्य नहीं जो 'राजीमती परित्याग' भी उसका नाम हो। यदि हमारा यह अनुमान ठीक हो तो इन वाग्भटको आशाधरके बाद विक्रमकी चौदहवीं शताब्दिका मानना होगा।

काव्यानुशासनमें पचासों ग्रन्थोंके उद्धरण दिये हैं। यदि उनकी अच्छी तरह छान-बीन की जाय और पता लगाया जाय कि वे किन किन ग्रन्थोंके हैं तो इससे न केवल कविके समयपर ही प्रकाश पड़ेगा अनेक अपरिचित ग्रन्थोंका भी पता लगेगा।

———

१–उद्यानजलकेलिमधुपानवर्णनं नेमिनिर्वाण-राजीमतीपरित्यागादौ। पृ० १६।

२–तत्राशीर्यथा चन्द्रप्रभकाव्ये—श्रिय क्रियाद्यस्य सुरागमे आदि, पृ० १५ और चन्द्रोदयास्तसमयवर्णनं शिशुपालवध-चन्द्रप्रभचरितादौ, पृ० १६।

३–अभिधानकोशो नाममाला। ततो हि शब्दनिश्चयः। ननु प्रयुक्तमेव प्रयुज्यते, अन्यथा प्रयुक्तत्वदोषावकाशः, तत्किं नाममालया। मैवम्। सामान्येन प्रयुक्तादर्थावगतिर्भवति। यथा नीवीशब्देन जघनवस्त्रग्रन्थिरुच्यते इति कस्यचिन्निश्चयः 'स्त्रियः पुरुषस्य वा' इति संशये 'नीविराग्रन्थनं नार्या जघनस्थस्य वाससः' इति नाममालापदावलोकनादेव निर्णयो भवति।

# शुभचन्द्रका ज्ञानार्णव

ज्ञानार्णव बहुत प्रसिद्ध ग्रन्थ है। इसमें ४२ प्रकरण हैं। दो हजारसे ऊपर अनुष्टुप् श्लोकोंमें और बीच-बीचमे शार्दूलविक्रीडित, मालिनी, मन्दाक्रान्ता, स्रग्धरा आदि वृत्तों और कुछ आर्या छन्दोंमें प्रसन्न और गम्भीर शलीमें यह रचा गया है। इक्कीसवें प्रकरणमें शिवतत्त्व, गरुडतत्त्व और कामतत्त्वका वर्णन गद्यमें है[1]। बारह भावना, पाँचों महाव्रत, कषायविजय, आसन, प्राणायाम, आज्ञाविचय, विपाकविचय, संस्थानविचय, पिण्डस्थ, पदस्थ, रूपस्थ, शुक्लध्यान आदिका खूब विस्तारसे वर्णन है।

ग्रन्थके उपान्त्य पद्यमें इसे 'ध्यानशास्त्र' कहा है और अन्तिम पद्यमें ज्ञानार्णव[3]।

ग्रन्थके अन्तमें कोई प्रशस्ति नहीं है, इससे न तो कर्त्ताकी गुरुपरम्पराका पता चलता है और न समयका। फिर भी हमारा अनुमान है कि विक्रमके ग्यारहवीं बारहवीं शताब्दिमें यह ग्रन्थ रचा गया होगा। क्योंकि—

१—ज्ञानार्णव ( पृ० १७७ ) में अमृतचन्द्रके पुरुषार्थसिद्ध्युपायका एक श्लोक उद्धृत किया गया है[4]। इससे मालूम होता है कि शुभचन्द्र अमृतचन्द्रके बादके हैं और जैसा कि लेखान्तरमें बतलाया है अमृतचन्द्र वि० सं० १०५५ से पहले हो चुके हैं। क्योंकि जयसेनने अपने धर्मरत्नाकरमें जो कि सं० १०५५ में रचा गया है पुरुषार्थसिद्ध्युपायके अनेकानेक पद्य उद्धृत किये हैं।

---

१—इस गद्यभागकी संस्कृत टीका श्रुतसागरने की है जो उपलब्ध है।

२—इति जिनपतिसूत्रात्सारमुद्धृत्य किंचित् स्वमति विभवयोग्यं ध्यानशास्त्रं प्रणीतम्।

३—ज्ञानार्णवस्य माहात्म्यं चित्ते को वेत्ति तत्त्वतः।

४—मिथ्यात्ववेदरागा दोषादयोऽपि षट् च। चत्वारश्च कषायाश्चतुर्दशाभ्यन्तरा ग्रन्थाः॥

— ११६ पु० सि०

२—पाटणके खेतरवसी नामक जैन भंडार (नं० १३) में ज्ञानार्णवकी वैशाखसुदी १० शुक्रवार सं० १२८४ की लिखी हुई एक प्राचीन प्रति है। उक्त प्रतिके अन्तमें जो लेखक-प्रशस्ति है वह अनेक दृष्टियोंसे बड़े महत्त्वकी है, इसलिए उसे इस लेखके अन्तमें भावार्थसहित प्रकाशित किया जाता है।

ऐसा मालूम होता है कि इस ग्रन्थमें लिपिकर्त्ताओंकी दो प्रशस्तियाँ हैं। पहलीमें तो लिपिकर्त्ताका नाम और समय नहीं दिया है, सिर्फ लिपि कराके दान देनेवाली आर्यिका जाहिणीका परिचय और जिन्हें प्रति भेट की गई, उनका नाम दिया है।

हमारी समझमें आर्यिका जाहिणीने जिस लेखकसे उक्त प्रति लिखाई होगी, उसका नाम और समय अन्तमें अवश्य दिया होगा; परन्तु दूसरे लेखकने उक्त पहली प्रतिके उस अंशको अनावश्यक समझकर छोड़ दिया और अपना नाम-समय अन्तमें लिख दिया।

इस दूसरी प्रतिके लेखक पं० केशरीके पुत्र वीसल हैं और उन्होंने गोमंडल या गोंडल (काठियावाड़) में दिगम्बरराजकुल (?) सहस्रकीर्तिके लिए इसे लिखा था जब कि पहली प्रति नृपुरीमें शुभचन्द्र योगीके लिए लिखाकर दी गई थी।

जब दूसरी प्रति वि० सं० १२८४ की लिखी हुई है, तब पहली प्रति उससे काफी पहले लिखी गई होगी।

नृपुरी स्थान ग्वालियर राज्यका नरवर मालूम होता है। नरपुर और नृपुर (स्त्रीलिंग नृपुरी) एक हो सकते हैं। नरपुरसे नरउर और फिर नरवर सहजमें हो जाते हैं।

महस्रकीर्ति नामके अनेक मुनि और भट्टारक दिगम्बर सम्प्रदायमें हो चुके हैं।

---

१—पहली प्रति नरवर (मालवा) में लिखी गई थी और दूसरी गोंडलमें। मालवेसे गोंडल उस समयकी दृष्टिसे काफी दूर है।

२—खभातमें चिन्तामणि पार्श्वनाथके मन्दिरमें एक विस्तृत शिलालेख है, जो उसके जीर्णोद्धार करनेवालोंका परिचय देनेको लिखा गया है। उसके ऊपर दाहिने कोनेका कुछ अंश टूट गया है और शुरूकी ११ पंक्तियोंके प्रारंभिक अंश खंडित हो गये हैं, इसलिए उनका पूरा अभिप्राय स्पष्ट नहीं होता। परंतु उनमें सहस्रकीर्तिका उल्लेख आता है। चौथे आर्याच्छंदका उत्तरार्ध इस प्रकार है—" दिनोदयं स चक्र गुरुगगनाभ्युदित सहस्रकीर्तिः ॥४ संवत् ११६५ वर्षे ज्येष्ट वदि सोमे सजय (ति)" इसके बादकी लाइन टूटी हुई है और

पहली प्रशस्तिमें एक विलक्षण बात यह है कि जाहिणीने वह प्रति ध्यानाध्ययन-शाली, तपःश्रुतनिधान, तत्त्वज्ञ, रागादिरिपुमल्ल और योगी शुभचन्द्रको भेट की है जब कि ज्ञानार्णवके कर्त्ता भी शुभचन्द्र हैं। उक्त विशेषण उनके लिए भी उपयुक्त मालूम होते हैं। ऐसी हालतमें प्रश्न होता है कि क्या जाहिणीने स्वयं ग्रन्थकर्त्ताको ही उनका ग्रन्थ लिखाकर भेट किया होगा ? यदि ऐसा होता तो प्रशस्तिमें इस बातका भी संकेत किया जाता कि शुभचन्द्र योगीको उन्हींकी रचना लिखाकर भेट की गई। इसलिए यही अनुमान होता है कि ग्रन्थकर्त्ताके अतिरिक्त उन्हींके नामके किसी दूसरे योगीको उक्त प्रतिका दान किया गया है।

जिस तरह अमितगतिके परदादा गुरुका नाम अमितगति था, संभव है कि उसी तरह शुभचन्द्रके परदादा गुरुका भी नाम शुभचन्द्र हो और वे ही ज्ञानार्णवके कर्त्ता हों।

पाटणकी उक्त प्रति वि० सं० १२८४ की लिखी हुई है और आर्यिका जाहिणीवाली प्रति यदि उससे अधिक नहीं तीस-चालीस वर्ष पहलेकी हो और यह ग्रन्थ उस प्रतिसे केवल चालीस वर्ष पहले ही रचा गया हो तो विक्रमकी बारहवीं शताब्दिके अन्त तक ज्ञानार्णवकी रचनाका समय जा पहुँचता है। इस तरह वि० सं० १०५५ और १२०० के बीच किसी समय ज्ञानार्णवकी रचना हो सकती है।

३—विश्वभूषण भट्टारकके 'भक्तामरचरित' की उत्थानिकामें शुभचन्द्र और भर्तृहरिकी एक लम्बी कथा दी है जिसके अनुसार ये दोनों उज्जयनीके

---

फिर उसके बाद जीर्णोद्धार करनेवालोंकी प्रशस्ति शुरू होती है जो वि० सं० १३५२ में लिखी गई है। इसकी २८ वीं पंक्तिमें 'गुरुपट्टे तुयें नभ्यो यश कीर्तियशोनिधि' लिखा है। अर्थात् उस समय गुरुके पट्टपर यशःकीर्ति थे, जो सहस्रकीर्तिकी ही परंपराके जान पड़ते हैं। सहस्रकीर्ति और यशःकीर्तिके बीचमें इसी नामके वे सहस्रकीर्ति भी हो सकते हैं जिनके लिए केशरीपुत्र वीसलने ज्ञानार्णवकी दूसरी प्रति लिखी थी। इस शिलालेखमें मालवेमे, सपादलक्षसे और चित्तौड़से आये हुए धनी श्रावकोंका उल्लेख है जिससे मालूम होता है कि सहस्रकीर्ति यशःकीर्ति आदि साधु मालवाकी तरफके ही होंगे और उधर गोंडल खभात आदिकी तरफ बिहार करते होंगे।

१—देखो, 'ज्ञानार्णव' के सन् १९२७ के संस्करणके प्रारम्भमें शुभचन्द्रका जीवनचरित।

राजा सिन्धुलके पुत्र और भोजके सगे भाई थे। इतिहासकी दृष्टिसे इस कथाका कोई अधिक मूल्य भले ही न हो, परन्तु जिस अनुश्रुतिके आधारसे यह गढ़ी गई है, उससे बहुत संभव है, कि शुभचन्द्र भोजदेवके समकालीन हों।

ज्ञानार्णवमें भर्तृहरिके शतकत्रयके कई पद्य 'उक्तं च ग्रन्थान्तरे' कहकर उद्धृत किये गये हैं और कई पद्योंमें उनके पद्योंकी छाया ली गई है[3]। जान पड़ता है, कथाकारने इसीसे भर्तृहरिसे शुभचन्द्रका नाता जोड़ दिया है।

## ज्ञानार्णव और योगशास्त्र

सुप्रसिद्ध आचार्य हेमचन्द्रके योगशास्त्र और ज्ञानार्णवमें बहुत अधिक समानता है। योगशास्त्रके गुजराती अनुवादक और सम्पादक श्री गोपालदास जीवाभाई पटैल अपने विस्तृत उपोद्घातमें लिखते हैं—"यह बात स्वीकार कर लेनी चाहिए कि ज्ञानार्णव और योगशास्त्र इन दो ग्रन्थोंमेंसे कोई एक ग्रन्थ दूसरेमेंसे सीधा उतार लिया गया है। ऐसा जान पड़ता है कि योगशास्त्रके पाँचवें प्रकाशसे लेकर ग्यारहवें प्रकाशतकका प्राणायाम और ध्यानवर्णनवाला सारा भाग ज्ञानार्णवके २९ से ४२ तकके सर्गोमेंसे उतारा गया है और वह यहा तक कि इन दोनोंके बीच शब्दोंका या विवरणका मिलान करना भी अनावश्यक है। यही कहना चाहिए कि छन्दके कारण श्लोकमें जो एक दो शब्द बदलने पड़े हैं, उनके सिवाय सारा विषय दोनों ग्रन्थोंमें बिलकुल एक जैसा है। इसके सिवाय प्राणायामसे प्राप्त होनेवाले परकायाप्रवेश तकके फलका लम्बा और विगतपूर्ण वर्णन करते हुए भी दोनों ग्रन्थ उसकी निरुपयोगिता और अनर्थकारिताके विषयमें एकमत हैं। ज्ञानार्णवके विषयमें तो अभी इतना कहा भी जा सकता है कि २१०० से भी अधिक श्लोकोंवाले उस ग्रन्थमें सौके लगभग ही श्लोक प्राणायाम जैसे निरुपयोगी माने हुए विषयके लिए शुभचन्द्रने रोके हैं, परन्तु योगशास्त्रमें तो कुल १००० श्लोकोंमेंसे २०० के लगभग श्लोक निरुपयोगी

१–भोजदेवका एक दानपत्र वि० सं० १०७० का प्राप्त हुआ है।

२–'भुक्ता श्रिय कामदुधास्तत किम्' आदि।

३–'विन्ध्याद्रिनगर गुहावसतिका' आदि पृ० ८७ और 'शय्याशैलशिलागृह गिरिगुहा' आदि। वैराग्यशतक ९२।

४–प्रकाशक—जैनसाहित्यप्रकाशन समिति, अहमदाबाद।

माने हुए प्राणायामके लिए खर्च किये गये हैं। ज्ञानार्णवमें तो पवन-जयसे होनेवाले कालज्ञानकी विगतें ही दी हैं, परन्तु योगशास्त्रमें तो उनके सिवाय शकुन, ज्योतिष आदिसे भी कालज्ञान जाननेकी अप्रासंगिक चीजें और ऊपरसे जोड़ दी हैं। अर्थात् ज्ञानार्णवमें की हुई उस चर्चामें योगशास्त्रने यदि कुछ संशोधन परिवर्धन किया है, तो वह इतना ही है कि स्वयं ही निरुपयोगी मानी हुई वस्तुके वर्णनमें और भी दूसरी अप्रासंगिक बातें जोड़ दी हैं।

' इसके सिवाय योगशास्त्रके चौथे प्रकाशमें ' अथवा ' कहकर आत्मा स्वयं ही ज्ञान, दर्शन और चरित्र है और आत्माके ऊपरके कषायादि दोष दूर करना ही मोक्ष है, इस तरहका निरूपण शुरू किया है और उसमें कषायजयका उपाय इन्द्रियजय, इन्द्रियजयका उपाय मनःशुद्धि, उसका उपाय रागद्वेषका जय, उसका उपाय समत्व और यह समत्वकी प्राप्ति ही ध्यानके लिए मुख्य योग्यता है, ऐसा जो कोटिक्रम उपस्थित किया है वह भी शब्दशः और अर्थशः ज्ञानार्णवमें २१ से २७ तकके सर्गोंमें आता है। अनित्यादि भावनाओंका और अहिंसादि महाव्रतोंका वर्णन अवश्य ही दोनों ग्रन्थोंमें एकसे शब्दोंमें नहीं है परन्तु एक ही शैलीका है, यह तो बिल्कुल स्पष्ट है। इसके सिवाय उसमें भी तत्काल ही ध्यान आकर्षित करनेवाला शब्दसाम्य जगह जगह आकर खड़ा हो जाता है। दोनों ग्रन्थोंमें एक मात्र भेद यह है कि ज्ञानार्णवमें तो बतलाया है कि साधकको गृहस्थाश्रमका त्याग ही कर देना चाहिए, जब कि हेमचन्द्रने गृहस्थाश्रमकी भूमिकापर ही योगशास्त्रकी रचना की है[1]।"

हेमसमीक्षाके लेखक प्रो० मधुसूदन चिमणलाल मोदी लिखते हैं " योगशास्त्र और ज्ञानार्णवके बहुतसे अंशोंमें साम्य है। कितने ही श्लोक शब्दशः मिलते हैं और कितने ही श्लोक शब्दान्तरमात्र हैं। ध्यान और योगके पारिभाषिक शब्द भी ज्ञानार्णवके शब्दोंसे मिलते हैं। ज्ञानार्णव विस्तीर्ण ग्रन्थ है जब कि योगशास्त्र उसकी तुलनामें बहुत छोटा कहा जायगा। शुभचन्द्रने प्राणायामादिके लिए २९०

१-कुमारपालको ५० वर्षकी उम्रमें राजगद्दी मिली थी, इसके पहले लगभग ३० वर्ष तक उन्हें भारतके विविध भागोंमें भटकना पड़ा था। उसी समय उनका केदारनाथ आदि तीर्थोंमें अनेक सन्तोंसे सहवास हुआ और योगोपासनाकी ओर रुचि हुई। गुजरातके विशाल राज्यका अधिकारी होनेपर आचार्य हेमचन्द्रने उनके लिए योगशास्त्रकी रचना की और उनकी कोटिके और सब गृहस्थ भी उसका उपयोग कर सकें, ऐसी व्यवस्था की।

श्लोक दिये हैं जब कि हेमचन्द्रने लगभग ३०० श्लोक इस विषयमें खर्च किये हैं और दोनों ही लेखक मोक्षसिद्धिके लिए प्राणायामादिको निरुपयोगी मानते हैं। शुभचन्द्र विक्रमकी ग्यारहवीं सदीके लगभग हुए है, अर्थात् हेमचन्द्र शुभचन्द्रसे ७०–८० वर्ष बाद हुए हैं। शुभचन्द्रके ग्रन्थमेंसे हेमचन्द्र इतनी अधिक नकल करें, यह भी एक विचारणीय बात है[1]।"

दोनों ग्रन्थोंके समान श्लोक नीचे दिये जाते हैं—

किम्पाकफलसंभोगसन्निभं तद्धि मैथुनम्।
आपातमात्ररम्य स्याद्विपाकेऽत्यन्तभीतिदम्॥ —ज्ञानार्णव पृष्ठ १३४
रम्यमापातमात्रे यत्परिणामेऽतिदारुणम्।
किम्पाकफलसंकाशं तत्कः सेवेत मैथुनम्॥ ७५॥ —योगशास्त्र द्वि० प्र०
विरज्यकामभोगेषु विमुच्य वपुषि स्पृहाम्।
यस्य चित्तं स्थिरीभूतं स हि ध्याता प्रशस्यते॥ — ज्ञा० पृ० ८४
विरतः कामभोगेभ्य· स्वशरीरेऽपि निःस्पृहः।
संवेगहृदनिर्मग्नः सर्वत्र समताश्रयन्॥ ५॥ —यो० शा० स० प्र०
स्वर्णाचल इवाकम्पा ज्योतिःपथ इवामलाः।
समीर इव निःसंगा निर्ममत्वं समाश्रिताः॥ १५॥—ज्ञा० पृ० ८६
सुमेरुरिव निष्कम्पः शशीवानन्ददायकः।
समीर इव निस्संगः सुधीर्ध्याता प्रशस्यते॥ ७॥ —यो० शा० सप्तम् प्र०
मनस्यन्यद्वचस्यन्यद्वपुष्यन्यद्विचेष्टितम्।
यासां प्रकृतिदोषेण प्रेम तासां कियद्वरम्॥ —ज्ञा० प्र० १४५
मनस्यन्यद्वचस्यन्यत्क्रियायामन्यदेव हि।
यासां साधारणस्त्रीणां ताः कथं सुखहेतवे॥ ८९ —यो० शा० प्र० २

इस समानताको जब हम देखते हैं, तब इस विषयमे तो कोई सन्देह नहीं रहता कि एक ग्रन्थकर्त्ताके समक्ष दूसरेका ग्रन्थ अवश्य था; साथ ही पूर्वोक्त दोनों विद्वानोंकी राय इसी ओर झुकती हुई है कि ज्ञानार्णव ही पूर्ववर्ती है और उसी परसे संक्षिप्त करके तथा घटा बढ़ा करके योगशास्त्रकी रचना की गई है, यद्यपि ऐसा कहनेमें उन्हें सकोच होता है। श्री गोपालदासजी पटेल कहते हैं—

१ हेमसमीक्षा—आत्मानन्दजन्मशताब्दि-स्मारक ट्रस्ट, बम्बई (सन् १९४२)

" दोनों ग्रन्थोंका विषयनिरूपण देखते हुए ऐसा ही लगता है कि हेमाचार्यका योगशास्त्र बहुत व्यवस्थित तथा संक्षिप्त है जब कि ज्ञानार्णव शास्त्र-ग्रन्थकी अपेक्षा उपदेश-ग्रन्थ अधिक है और इस कारण उसका निरूपण जरा शिथिल है। अर्थात् ज्ञानार्णवको ही अधिक व्यवस्थित और संक्षिप्त करके योगशास्त्र रचा गया होगा, ऐसा जान पड़ता है[१]।"

श्री पटेलने अपने उपोद्घातमें एक जगह[२] लिखा है कि " हेमचन्द्राचार्यके अन्य शास्त्रीय ग्रन्थोंके विषयमें भी उनके समयमें खूब आक्षेप किये गये थे कि इनमें तुम्हारा नया क्या है? इस आक्षेपका जवाब उन्होंने 'प्रमाणमीमांसा'के प्रारंभमें[३] इस प्रकार दिया है—पाणिनि, पिंगल, कणाद, अक्षपाद आदि आचार्योंने जब अपने व्याकरणादि सूत्र लिखे तब उसके पहले उस उस विषयके दूसरे सूत्र थे ही। तो फिर उनको भी तुम किस लिए उन सूत्रोंके कर्त्ता कहते हो? वस्तुस्थिति ही ऐसी है कि ये सभी विद्यायें अनादि हैं परन्तु उनका संक्षेप किया जाता है, या विस्तार किया जाता है, इस अपेक्षा वे नई नई होती हैं और तब उन लोगोंको उनका कर्त्ता कहा जाता है।"

यह जवाब ही एक तरहसे इस बातकी कैफियत है कि उनके अधिकांश ग्रन्थ पूर्व ग्रन्थोंके सुव्यवस्थित संक्षेप-विस्ताररूप हैं और इसमें वे कोई दोष नहीं समझते।

हेमचन्द्रके 'अर्हत्सहस्रनाम' का जब हम जिनसेनके 'जिनसहस्रनाम'से मिलान करते हैं[४] और प्रमाणमीमांसाकी उक्त कैफियतको पढ़ते हैं तब यह बात और भी स्पष्ट हो जाती है। जिनसहस्रनामके[५] सम्पादक पं० हीरालालजी शास्त्री अपनी

१ योगशास्त्र (गुजराती) का उपोद्घात पृ० ४०।

२ वही उपोद्घात पृष्ठ ८।

३ "पाणिनि पिंगल-कणादाक्षपादादिभ्योऽपि पूर्वं कानि किमीयानि वा व्याकरणादिसूत्राणीत्यदपि पर्यनुयुङ्क्ष्व। अनादय एवैता विद्याः संक्षेपविस्तारविवक्षया नवनवीभवन्ति तत्तत्कर्तृकाश्चोच्यन्ते।"

४ भारतीय ज्ञानपीठ, बनारसद्वारा प्रकाशित 'जिनसहस्रनाम'। इसमें जिनसेन, हेमचन्द्र, आशाधर और सकलकीर्तिके सहस्रनाम संकलित हैं।

५ श्रीमान्स्वयम्भूर्वृषभः शंभवः शंभुरात्मभूः।
स्वयंप्रभः प्रभुर्भोक्ता विश्वभूरपुनर्भवः॥ २
विश्वात्मा विश्वलोकेशो विश्वतश्चक्षुरक्षरः।
विश्वविद्विश्वविद्येशो विश्वयोनिरनश्वरः। ३

प्रस्तावनामें लिखते हैं कि "हेमचन्द्रके अर्हत्सहस्रनामका मिलान जब हम जिनसेनके सहस्रनामके साथ करते हैं तो इस बातमें कुछ भी सन्देह नहीं रहता कि कुछ श्लोकों और नामोंके हेरफेरसे ही अर्हत्सहस्रनामकी रचना कर दी गई है। नवम शतककी रचना अवश्य स्वतंत्र है परन्तु शेष शतकोंमें तो प्रायः जिन-सहस्रनामके श्लोक ही साधारणसे शब्दपरिवर्तनके साथ ज्योंके त्यों रख दिये गये हैं और ऊपर नीचे आगे पीछे इधर उधर करके सभी नाम ले लिये गये हैं[1]।

इन सब बातोंपर विचार करनेसे इसी परिणामपर पहुँचना पड़ता है कि ज्ञानार्णव योगशास्त्रसे पहले मौजूद था और उसीको बहुत व्यवस्थित और संक्षिप्त करके योगशास्त्रकी रचना की गई है।

हेमचन्द्राचार्य वि० सं० १२२९ तक जीवित रहे हैं, परन्तु चौलुक्य कुमार-पालसे उनका विशेष परिचय वि० सं० १२०७ के बाद हुआ है और कुमारपालकी अत्यन्त प्रार्थनासे उन्होंने योगशास्त्रकी रचना की है[2]। अतएव वि० सं० १२०७ से २९ के बीच किसी समय योगशास्त्र[3] रचा गया है।

---

विश्वदृश्वा विभुर्धाता विश्वेशो विश्वलोचनः।
विश्वव्यापी विधिर्वेधाः शाश्वतो विश्वतोमुखः॥ ४
विश्वकर्मा जगज्ज्येष्ठो विश्वमूर्तिर्जिनेश्वरः।
विश्वदृक् विश्वभूतेशो विश्वज्योतिरनीश्वरः॥ ५

हेमचन्द्रके अर्हत्सहस्रनाममें जिनसेनके आदिशतककी ये पंक्तियाँ लगभग ज्योंकी त्यों तीसरेसे छठे पद्य तक हैं। 'श्रीमान्स्वयंभूर्वृषभः शंभवः' की जगह 'श्रीमानर्हन् जिन-स्वामी स्वयंभूः' कर दिया है और पाँचवें पद्यके 'जगज्ज्येष्ठो' को ७ वें पद्यमें 'जगद्विश्वो' कर दिया है।

१ जिनसेन और हेमचन्द्रके सहस्रनाम स्वतन्त्र ग्रन्थ नहीं हैं, पहला महापुराणके अन्तर्गत है और दूसरा त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरितके अन्तर्गत और इन दोनों ग्रन्थोंमें शलाका पुरुषोंके चरित हैं। अभी तक इन दोनों ग्रन्थोंको आमने सामने रखकर मिलान नहीं किया गया है। हमारा अनुमान है कि सहस्रनामके समान त्रि० श० पु० चरितमें भी महापुरा-णका अनुकरण अनुसरण अधिक मात्रामें होगा। जिनसेनका समय विक्रमकी नवीं शताब्दिका उत्तरार्ध निश्चित है।

२ या शास्त्रात्सुगुरोर्मुखादनुभवाच्चाज्ञायि किंचित्क्वचित्, योगस्योपनिषद्विवेकिपरि-षच्चेतश्चमत्कारिणी। श्रीचौलुक्यकुमारपालनृपतेरत्यर्थमभ्यर्थनादाचार्येण निवेशिता पथि गिरां श्रीहेमचन्द्रेण सा॥५५॥ यो० शा १२ वाँ प्रकाश

३ योगशास्त्रकी टीका ( वृत्ति ) भी हेमचन्द्रने स्वयं लिखी है। उक्त श्लोककी टीकामें वे

## पाटणकी प्रतिकी लेखक-प्रशस्ति

"इति ज्ञानार्णवे योगप्रदीपाधिकारे पंडिताचार्यश्रीशुभचन्द्रविरचिते मोक्षप्रकरणम्।

अस्यां श्रीमन्नृपुर्यां श्रीमदर्हद्देवचरणकमलचञ्चरीकः सुजनजनहृदयपरमानन्दकन्दलीकन्दः श्रीमाथुरान्वयसमुद्रचन्द्रायमानो भव्यात्मा परमश्रावकः श्रीनेमिचन्द्रो नामाभूत। तस्याखिल-विज्ञानकलाकौशल-शालिनी सती पतिव्रतादिगुणगुणालंकार-भूषितशरीरा निजमनोवृत्तिरिवाव्यभिचारिणी स्वर्णानाम धर्मपत्नी संजाता। अथ तयोः समासादितधर्मार्थकामफलयोः स्वकुलकुमुदवनचन्द्रलेखा निजवंशवैजयन्ती सर्वलक्षणालंकृतशरीरा जाहिणि-नाम-पुत्रिका समुत्पन्ना। छ।

ततो गोकर्ण-श्रीचद्रो सुतौ जातौ मनोरमौ, गुणरत्नाकरौ भव्यौ रामलक्ष्मणसन्निभौ॥
सा पुत्री नेमिचन्द्रस्य जिनशासनवत्सला। विवेकविनियोपेता सम्यग्दर्शनलांछिता॥
ज्ञात्वा संसारवैचित्र्यं फल्गुतां च नृजन्मनः। तपसे निरगाद्‌गेहात् शान्तचित्ता सुसंयता॥
बान्धवैर्वार्यमाणापि प्रणतैः शास्त्रलोचनैः। मनागपि मनो यस्या न प्रेम्णा कश्मलीकृतं।
गृहीतं मुनिपादान्ते तया संयमिव्रतं। स्वीकृतं च मनःशुद्ध्या रत्नत्रयमखंडितम्॥
तया विरक्तयात्यंत नवे वयसि यौवने। आरब्धं तत्तपः कर्तुं यत्सतां साध्विति स्तुत॥
यमव्रततपोद्योगैः स्वाध्यायध्यानसंयमैः। कायक्लेशाद्यनुष्ठानैर्गृहीतं जन्मनः फलम्॥
तपोभिर्दुष्करैर्नित्यं बाह्यान्तर्भेदलक्षणैः। कषायरिपुभिः सार्धं निःशेषं शोषितं वपुः॥
विनयाचारसम्पत्त्या संघः सर्वोऽप्युपासितः। वैयावृत्त्योद्यमात्शश्वत्कीर्तिर्नीता दिगंतरे॥
किमियं भारती देवी किमियं शासनदेवता। दृष्टपूर्वैरपि प्रायः पौरैरिनि वितर्क्यते॥
तया कर्मक्षयस्यार्थं ध्यानाध्ययनशालिने। तपःश्रुतनिधानाय तत्त्वज्ञाय महात्मने॥
रागादिरिपुमल्लाय शुभचन्द्राय योगिने। लिखाप्य पुस्तकं दत्तमिदं ज्ञानार्णवाभिधम्॥

संवत् १२८४ वर्षे वैशाखसुदि १० शुक्रे गोमंडले दिगम्बरराजकुल-सहस्रकीर्ति (र्ते) स्यार्थे पं० केशरिसुतवीसलेन लिखितमिति।"

भावार्थ—इस नृपुरीमें अरहंत भगवान्‌के चरण-कमलोंका भ्रमर, सज्जनोंके हृदयको परमानन्द देनेवाला, माथुरसंघरूप समुद्रको उल्लसित करनेवाला, भव्यात्मा श्रीनेमिचन्द्र नामका परम श्रावक हुआ, जिसकी धर्मपत्नीका नाम स्वर्णा था जो

---

लिखते हैं—" स हि योगोपासनाप्रियः दृष्टयोगशास्त्रान्तरश्च इति स पूर्वेभ्यः शास्त्रेभ्यो विलक्षणं योगशास्त्रं शुश्रूषमाणोऽत्यर्थमभ्यर्थितवान्,.... ।" अर्थात् उसे (राजाको) योगकी उपासना प्रिय थी, उसने अन्य योगशास्त्र देखे थे इसलिए उसे पहलेके योगशास्त्रोंसे विलक्षण योगशास्त्र सुननेकी इच्छा थी, इससे उसने अत्यन्त प्रार्थना की।

कि अखिल विज्ञानकलाओंमें कुशल, सती, पातिव्रत्यादि-गुणोंसे भूषित और अपनी मनोवृत्तिके ही समान अव्यभिचारिणी थी। धर्म, अर्थ और कामको सेवन करनेवाले इन दोनोंके जाहिणी नामकी पुत्री हुई, जो अपने कुलरूप कुमुद-वनकी चन्द्रलेखा, निजवंशकी वैजयन्ती ( ध्वजा ) और सर्वलक्षणोंसे शोभित थी।

इसके बाद इस दम्पतिके राम और लक्ष्मणके समान गोकर्ण और श्रीचन्द्र नामके दो सुन्दर, गुणी और भव्य पुत्र उत्पन्न हुए।

फिर नेमिचन्द्रकी वह जिनशासनवत्सला, विवेक-विनयशीला और सम्यग्दर्शनवती पुत्री ( जाहिणी ) संसारकी विचित्रता तथा नरजन्मकी निष्फलताको जानकर तपके लिए घरसे चल दी। वह शान्तचित्त और अतिशय संयत थी। शास्त्रज्ञ बन्धुजनोंके प्रयत्न-पूर्वक रोकनेपर भी उसके मनको प्रेम या मोहने जरा भी मैला न होने दिया।

आखिर उसने मुनि-चरणोंके निकट आर्यिकाके व्रत ले लिये और मनकी शुद्धिसे अखण्डित रत्नत्रयको स्वीकार किया।

उस विरक्ताने नवयौवनकी उम्रमें ऐसा कठिन तप करना आरम्भ किया कि सज्जनोंने उसकी ' साधु साधु ' कहकर स्तुति की।

उसने यम, व्रत और तपके उद्योगसे, स्वाध्याय, ध्यान और संयमसे तथा कायक्लेशादि अनुष्ठानोंसे अपने जन्मको सफल किया।

उसने निरन्तर बाह्य और अन्तरंग दुष्कर तप तपकर कषाय-रिपुओंके साथ साथ अपने सारे शरीरको भी सुखा डाला।

उसने अपनी विनयाचार-सम्पत्तिसे सारे संघकी उपासना की और वैयावृत्ति करके अपनी कीर्तिको दिगन्तरोंतक पहुँचा दिया।

जिन पौरजनोंने उसे पहले देखा था वे भी इस तरहका वितर्क करने लगे कि न जाने यह साक्षात् भारती ( सरस्वती ) देवी है या शासनदेवता।

उस जाहिणी आर्यिकाने कर्मोंके क्षयके लिए यह ज्ञानार्णव नामकी पुस्तक ध्यान-अध्ययनशाली, तप और शास्त्रके निधान, तत्त्वोंके ज्ञाता और रागादिरिपुओंको पराजित करनेवाले मल्ल जैसे शुभचन्द्र योगीको लिखाकर दी।

वैशाख सुदी १०, शुक्रवार, वि० सं० १२८४ को गोमंडल ( गोंडल-काठियावाड़ ) में दिगम्बर राजकुल ( भट्टारक ? ) सहस्रकीर्तिके लिए पं० केशरीके पुत्र वीसलने लिखी।

---

# आशाधर

पण्डित आशाधरकी न्याय, व्याकरण, काव्य, अलंकार, शब्दकोश, धर्मशास्त्र, योगशास्त्र, वैद्यक आदि विविध विषयोंपर अस्खलित लेखनी चली है और अनेक विद्वानोंने चिरकाल तक उनके निकट अध्ययन किया है।

उनकी प्रतिभा और पाण्डित्य केवल जैन शास्त्रों तक ही सीमित नहीं, इतर शास्त्रोंमें भी उनकी गति थी। इसीलिए उनकी रचनाओंमें यथास्थान सभी शास्त्रोंके प्रचुर उद्धरण दिखाई पड़ते हैं और इसी कारण अष्टाङ्गहृदय, काव्यालंकार, अमरकोश जैसे ग्रन्थोंपर टीका लिखनेके लिए वे प्रवृत्त हुए। यदि वे केवल जैन-धर्मके ही विद्वान् होते तो मालवनरेश अर्जुनवर्माके गुरु बाल-सरस्वती महाकवि मदन उनके निकट काव्यशास्त्रका अध्ययन न करते और विन्ध्यवर्माके सन्धि-विग्रह-मन्त्री कवीश बिल्हण उनकी मुक्तकण्ठसे प्रशंसा न करते।

उनका जैनधर्मका अध्ययन भी बहुत विशाल था। उनके ग्रन्थोंसे पता चलता है कि अपने समयके तमाम उपलब्ध जैन-साहित्यका उन्होंने अवगाहन किया था। विविध आचार्यों और विद्वानोंके मत-भेदोंका सामंजस्य स्थापित करनेके लिए उन्होंने जो प्रयत्न किया है वह अपूर्व है। वे 'आर्षं सदधीत न तु विघटयेत' के माननेवाले थे, इसलिए उन्होंने अपना कोई स्वतन्त्र मत तो कहीं प्रतिपादित नहीं किया; परन्तु तमाम मत-भेदोंको उपस्थित करके उनकी विशद चर्चा की है और फिर उनके बीच किस तरह एकता स्थापित हो सकती है, सो भी बतलाया है।

पण्डित आशाधर गृहस्थ थे, मुनि नहीं। पिछले जीवनमें वे संसारसे उपरत अवश्य हो गये थे, परन्तु उसे छोड़ा नहीं था, फिर भी पीछेके ग्रन्थकर्ताओंने उन्हें सूरि और आचार्य-कल्प कहकर स्मरण किया है और तत्कालीन भट्टारकों और मुनियोंने तो उनके निकट विद्याध्ययन करनेमें भी कोई संकोच नहीं किया है।

इतना ही नहीं, मुनि उदयसेनने उन्हें 'नय-विश्वचक्षु' तथा 'कलि-कालिदास' और मदनकीर्तिने 'प्रज्ञापुंज' कहकर अभिनन्दित किया था। वादीन्द्र विशाल-कीर्तिको उन्होंने न्यायशास्त्र और भट्टारक विनयचन्द्रको धर्मशास्त्र पढ़ाया था।

**धारा और नालछा**—उन्होंने ग्रन्थ-प्रशस्तियोंमें अपना परिचय देते हुए लिखा है कि 'जिनधर्मोदयार्थं यो नलकच्छपुरेऽवसत्' अर्थात् जो जैनधर्मके उदयके लिए धारानगरीको छोड़कर श्रावकसकुल नलकच्छपुर (नालछा) में आकर रहने लगे। उस समय धारानगरी विद्याका केन्द्र थी। वहाँ भोजदेव, विन्ध्यवर्मा, अर्जुनवर्मा जैसे विद्वान् और विद्वानोंका सम्मान करनेवाले राजा एकके बाद एक हो रहे थे। महाकवि मदनकी 'पारिजात-मञ्जरी' के अनुसार उस समय विशाल धारानगरीमें चौरासी चौराहे थे और वहाँ नाना दिशाओंसे आये हुए विविध विद्याओंके पण्डितों और कला-कोविदोंकी भीड़ रहती थी[1]। वहाँ 'शारदा-सदन' नामका एक दूर दूर तक ख्याति पाया हुआ विद्यापीठ था। स्वयं आशाधरने भी धारामें ही व्याकरण और न्यायशास्त्रका अध्ययन किया था। ऐसी धाराको भी पण्डित आशाधरने जैनधर्मके उदयके लिए छोड़ दिया और अपना सारा जीवन इसी कार्यमे लगा दिया।

वे लगभग पैंतीस वर्षके लम्बे समयतक नालछामें ही रहे और वहाँके नेमि-चैत्यालयमें एकनिष्ठतासे साहित्यकी सेवा और ज्ञानकी उपासना करते रहे। उनके प्रायः सभी ग्रन्थोंकी रचना नालछाके उक्त नेमि-चैत्यालयमें ही हुई है और वहीं वे अध्ययन अध्यापनका कार्य करते रहे हैं।

अपने समयके तपोधन या मुनि नामधारी लोगोंके प्रति उनको कोई श्रद्धा नहीं थी, बल्कि एक तरहकी वितृष्णा थी और उन्हें वे जिनशासनको मलिन करनेवाला समझते थे जिसको कि उन्होंने अपने धर्मामृतमें एक पुरातन श्लोकको उद्धृत करके व्यक्त किया है[2]।

---

१ चतुरशीतिचतुष्पथसुरसदनप्रधाने सकलदिगन्तरोपगतानेकत्रैविद्यसहृदयकलाकोविद-रसिकसुकविसकुले. —पारिजातमञ्जरी

२ पण्डितैर्भ्रष्टचारित्रैः बठरैश्च तपोधनैः।
शासनं जिनचन्द्रस्य निर्मलं मलिनीकृतम्॥

आशाधर मूलमें माडलगढ़ ( मेवाड़ ) के रहनेवाले थे। शहाबुद्दीन गोरीके आक्रमणोंसे त्रस्त होकर चरित्रकी रक्षाके लिए वे मालवाकी राजधानी धारामें बहुत-से लोगोंके साथ आकर बस गये थे।

**वंश-परिचय**— वे व्याघ्रेरवाल या बघेरवाल जातिके थे जो राजपूतानेकी एक प्रसिद्ध वैश्यजाति है। उनके पिताका नाम सल्लक्षण, माताका श्रीरत्नी, पत्नीका सरस्वती और पुत्रका छाहड़ था।

मालव-नरेश अर्जुनवर्मदेवका भाद्रपद सुदी १५ बुधवार सं० १२७२ का एक दानपत्र मिला है, जिसके अन्तमें लिखा है—" रचितमिदं महासान्धि० राजा सलखणसमेतन राजगुरुणा मदनेन। " अर्थात् यह दानपत्र महासान्धिविग्रहिक मंत्री राजा सलखणकी सम्मतिसे राजगुरु मदनने रचा। इन्हीं अर्जुनवर्माके राज्यमें आशाधर नालछेमें जाकर रहे थे और ये राजगुरु मदन भी वही हैं जिन्हें आशाधरने काव्य-शास्त्रकी शिक्षा दी थी। इससे अनुमान होता है कि उक्त राजा सलखण ही संभव है कि आशाधरके पिता सल्लक्षण हों।

जिस समय यह परिवार धारामें आया था उस समय विन्ध्यवर्माके सन्धिविग्रहिक मंत्री ( परराष्ट्र-सचिव ) बिल्हण कवीश थे। उनके बाद कोई आश्चर्य नहीं जो अपनी योग्यताके कारण सल्लक्षणने भी वह पद प्राप्त कर लिया हो और सम्मानसूचक राजाकी उपाधि भी उन्हें मिली हो। आशाधरने ' अध्यात्म-रहस्य ' नामका ग्रन्थ अपने पिताकी आज्ञासे निर्माण किया था। यह ग्रन्थ वि० सं० १२९६ के बाद किसी समय बना होगा। क्योंकि इसका उल्लेख सं० १३००

१ बघेरा नामक स्थानसे अन्यत्र जाकर बसनेसे ये बघेरवाल कहलाये। वीरवाणी वर्ष ६ अंक १९ में ' बघेराकी प्राचीन मूर्तियाँ ' लेखसे मालूम हुआ कि बघेरा जयपुरसे दक्षिण-पूर्वमें केकड़ीके पास है। इस समय वहाँ १० खण्डेलवालोंके और २० अग्रवाल जैनोंके घर हैं। दो मन्दिर हैं। यहाँ १२-१३ वीं शताब्दिकी अनेक मूर्तियाँ हैं। पर बघेरवालोंका एक भी घर नहीं है। बघेरवाल जब बघेरासे बाहर गये, तभी बघेरवाल कहलाये होंगे। ११९५, ११५६, १२०१, १२०३, १२०९, १२३१, १२४५, १२५०, १२३१ के जो प्रतिमा-लेख हैं उनमें जिन लोगोंके नाम हैं उनके साथ जाति गोत्रकी कोई उपाधि नहीं है। एक दोमें श्रावक श्राविका आया है। लेख अस्पष्ट और अपूर्ण छपे हैं।

२ अमेरिकन ओरियण्टल सोसाइटीका जर्नल वा० ७ और प्राचीन लेखमाला भाग १ पृष्ठ ६–७।

में बनी हुई अनगारधर्मामृतटीकाकी प्रशस्तिमें तो है, परन्तु १२९० में बने हुए जिनयज्ञकल्पमें नहीं है। यदि यह सही है तो मानना होगा कि आशाधरके पिता १२९६ के बाद भी कुछ समय तक जीवित रहे और उस समय वे बहुत वृद्ध थे।

पण्डित आशाधरने अपनी प्रशस्तिमें अपने पुत्र छाहडको एक विशेषण दिया है, "रंजितार्जुनभूपतिम्।" अर्थात् जिसने राजा अर्जुनवर्मको प्रसन्न किया। इससे हम अनुमान करते हैं कि राजा सल्लखणके समान उनके पोते छाहडको भी अर्जुनवर्मदेवने कोई राज्य-पद दिया होगा। अक्सर राजकर्मचारियोंके वंशजोंको एकके बाद एक राज-कार्य मिलते रहते हैं।

उनके पिता और पुत्रके इस सम्मानसे स्पष्ट होता है कि एक सुसंस्कृत और राजमान्य कुलमें उनका जन्म हुआ था और शायद इसीलिए बाल-सरस्वती मदनोपाध्याय जैसे लोगोंने उनका शिष्यत्व स्वीकार करनेमें सकोच न किया।

वि० सं० १२४९ के लगभग जब शहाबुद्दीन गोरीने पृथ्वीराजको कैद करके दिल्लीको अपनी राजधानी बनाया और अजमेरपर भी अधिकार कर लिया तभी आशाधर माण्डलगढ़ छोड़कर धारामें आये होंगे। उस समय वे किशोर ही होंगे, क्योंकि उन्होंने व्याकरण और न्याय-शास्त्र धारामें ही आकर पढ़े थे।

अपने समयमें उन्होंने धाराके सिंहासनपर पाँच राजाओंको देखा—

(१) विन्ध्यवर्मा वि० सं० १२१७–१२३७। (२) सुभटवर्मा या सोहड, विन्ध्यवर्माका पुत्र। १२३७ से १२६७ तक। (३) अर्जुनवर्मा, सोहडका पुत्र। इसके समयके १२६७ (मांडू), १२७० (भरोंच) और १२७२ (मान्धाता) के तीन दानपत्र मिले हैं। यह बड़ा विद्वान्, कवि और गानविद्यामें निपुण था। अमरुशतककी रससंजीविनी टीका इसीकी लिखी हुई है। (४) देवपाल। इसके समयके स० १२७५, १२८६, १२८९ के तीन शिलालेख और १२८२ का एक दानपत्र मिला है। (५) जैतुगिदेव या जयसिंह। देवपालका पुत्र। इसके समयके १३१२ और १३१४ के शिलालेख मिले हैं।

**ग्रन्थरचना**–(१) प्रमेयरत्नाकर–स्याद्वाद विद्याका निर्मल प्रसाद। यह गद्यमें है, बीच बीचमें सुन्दर पद्य भी हैं। अप्राप्य। (२) भरतेश्वराभ्युदय काव्य स्वोपज्ञ-

१ विन्ध्यवर्मा जिसकी गद्दीपर बैठा था, उस अजयवर्माके भाई लक्ष्मीवर्माका पौत्र।

टीकासहित। सिद्धयंक है। अप्राप्य। (३) ज्ञानदीपिका—धर्मामृतकी स्वोपज्ञ पंजिका टीका[2]। (४) राजीमती विप्रलम्भ—खण्डकाव्य। अप्राप्य। (५) अध्यात्म रहस्य—योगाभ्यासका आरम्भ करनेवालोंके लिए प्रिय। अप्राप्य। (६) मूलाराधना-टीका—शिवायकी प्राकृत आराधनाकी टीका[3]। (७) इष्टोपदेश टीका[4]। (८) भूपाल-चतुर्विंशतिका-टीका[5]। (९) आराधनासार टीका। अप्राप्य। (१०) अमरकोष टीका। अप्राप्य। (११) क्रियाकलाप[6]। (१२) रुद्रटके काव्यालंकारकी टीका। अप्राप्य। (१३) सहस्रनामस्तवन सटीक[7]। (१४) जिनयज्ञकल्प सटीक[8]। (१५) त्रिषष्टिस्मृतिशास्त्र सटीक[9]। (१६) नित्यमहोद्योत[10]। (१७) रत्नत्रयविधान[11]। (१८) अष्टागहृदयकी टीका। अप्राप्य। (१९) धर्मामृत मूल और भव्यकुमुदचन्द्रिका टीका।

**रचनाकाल**—पण्डित आशाधरकी एक ही प्रशस्ति है जो कुछ पद्योंकी न्यूनाधिकताके साथ उनके तीन मुख्य ग्रन्थोंमें मिलती है।

जिनयज्ञकल्प वि० स० १२८५ में, सागारधर्मामृत-टीका १२९६ में और अनगारधर्मामृत-टीका सं० १३०० में समाप्त हुई। जिनयज्ञकल्पकी प्रशस्तिमें जिन दस ग्रन्थोंके नाम दिये हैं, वे १२८५ के पहलेके बने हुए होने चाहिए। उसके बाद सागारधर्मामृत-टीकाकी समाप्ति तक अर्थात् १२९६ तक काव्यालंकार-टीका, सटीक जिनयज्ञकल्प, सटीक त्रिषष्टिस्मृति और नित्यमहोद्योत ये पाच ग्रन्थ बने। अन्तमें १३०० तक राजीमती-विप्रलम्भ, अध्यात्मरहस्य, रत्नत्रय-विधान और अनगारधर्म-टीकाकी रचना हुई। मोटे तौरपर यही ग्रन्थ-रचनाका समय है।

---

१ मूलाराधना टीका (१०६५) में इस काव्यका 'सुधागर्वे खर्व' आदि पद्य और अनगार-टीकामें (पृ० ६३३) 'परमसमयसाराभ्यास' आदि पद्य उद्धृत है। २ कोल्हापुरके जैनमठमें इसकी एक कनड़ी प्रति थी। ३ शोलापुरसे प्रकाशित। ४ मा० ग्र० मा० में प्रकाशित। ५ यह टीका जयपुरमें (भण्डार ८, गठरी ७) है। यह विनयचन्द्रके लिए निर्मित हुई थी। ६ बम्बईके पन्नालाल सरस्वती भवनमें इसकी एक अशुद्ध प्रति है। ७ भारतीय ज्ञानपीठसे प्रकाशित। ८ इसकी एक प्रति जयपुर (भ० ८, गठरी १ ) में है। अन्तमें लिखा है—इत्याशाधरदृब्धे जिनयज्ञकल्पनिबन्धे कल्पदीपिकानाम्नि षष्ठोध्यायः। ९ मा० ग्र० मा० में मुद्रित। १० पनजीलाल जैनग्रन्थमालाके अभिषेकपाठसंग्रहमें श्रुतसागरकी टीकासहित प्रकाशित। ११ बम्बईके सरस्वतीभवनमें है।

त्रिषष्टिस्मृतिकी प्रशस्तिसे मालूम होता है कि वह १३९२ में बना है। इष्टो-पदेश-टीकामे समय नहीं दिया।

## सहयोगी विद्वान्

**१ पण्डित महावीर**—ये पं० धरसेनके शिष्य थे। आशाधरने धारामे आकर इनसे जैनेन्द्र व्याकरण और जैन न्यायशास्त्र पढा।

**२ उदयसेन मुनि**—ये कवियोंके सुहृद् थे। इन्होंने आशाधरको 'कलि-कालिदास' कहकर अभिनन्दित किया।

**३-४ विशालकीर्ति और मदनकीर्ति**—विशालकीर्तिको पं० आशाधरने न्यायशास्त्र पढ़ाया और इस परम अस्त्रका अभ्यास करके ही उन्होंने विपक्षियोंको जीता। मदनकीर्ति विशालकीर्तिके शिष्य थे। इनके विषयमें राजशेखरसूरिके 'चतुर्विंशति-प्रबन्ध' में जो वि० सं० १०४५ में निर्मित हुआ है 'मदनकीर्ति-प्रबन्ध' नामक चौदहवा प्रबन्ध है। उसका सारांश यह है कि मदनकीर्ति विशालकीर्तिके शिष्य थे। वे बड़े भारी विद्वान् थे। चारों दिशाओंके वादियोंको जीतकर उन्होंने 'महाप्रामाणिक-चूडामणि' पदवी प्राप्त की थी। एक बार गुरुके निषेध करनेपर भी वे दक्षिणापथको प्रयाण करके कर्नाटक पहुँचे। वहाँ विद्वत्प्रिय विजयपुरनरेश कुन्तिभोज उनके पाण्डित्यपर मोहित हो गये और उन्होंने उनसे अपने पूर्वजोंके चरित्रपर एक ग्रन्थ निर्माण करनेको कहा। कुन्तिभोजकी कन्या मदन-मञ्जरी सुलेखिका थी। मदनकीर्ति पद्य-रचना करते जाते थे और मञ्जरी एक पर्देकी आड़में बैठकर उसे लिखती जाती थी।

कुछ समयमें दोनोंके बीच प्रेमका आविर्भाव हुआ और वे एक दूसरेको चाहने लगे। जब राजाको इसका पता लगा तो उसने मदनकीर्तिको वध करनेकी आज्ञा दे दी। परन्तु जब उनके लिए कन्या भी अपनी सहेलियोंके साथ मरनेके लिए तैयार हो गई, तो राजा लाचार हो गया और उसने दोनोंको विवाह-सूत्रमें बाँध दिया। मदनकीर्ति अन्त तक शायद गृहस्थ ही रहे और विशालकीर्तिद्वारा बार बार पत्रोंद्वारा प्रबुद्ध किये जाने पर भी उससे मस नहीं हुए।

सोमदेवमुनिकृत शब्दार्णवचन्द्रिकाकी प्रशस्तिसे मालूम होता है कि उन्होंने कोल्हापुर प्रान्तान्तर्गत अर्जुरिका नामक ग्राममें शक संवत् ११२७ (वि० सं० १२६२) में श्री नेमिनाथ भगवानके चरणकमलोंकी आराधनाके बलसे और

वादीभवज्रांकुश विशालकीर्ति पण्डितदेवके वैयावृत्यसे अपने इस ग्रन्थकी रचना की और उस समय वहाँ शिलाहारवंशीय वीर भोजदेवका राज्य था। यह समय पं० आशाधरके समयसे मेल खाता है और यह अनुमान करनेके लिए ललचाता है कि विशालकीर्ति अपने शिष्य मदनकीर्तिको समझानेके लिए शायद कोल्हापुरकी तरफ गये हों और तभी उन्होंने सोमदेवकी वैयावृत्ति की हो। प्रबन्ध-वर्णित विजयपुरनरेश कुन्तिभोज और सोमदेववर्णित वीर भोजदेव भी एक ही हैं।

यह प्रबन्ध मदनकीर्तिसे कोई सौ वर्ष बाद लिखा गया है। इससे सम्भव है कि इसमें कुछ अतिशयोक्ति हो, घटनाको कुछ गहरा रंग दे दिया गया हो, या तोड़ा मरोड़ा गया हो, परन्तु इसमें कुछ तथ्य जरूर है।

मदनकीर्तिकी बनाई हुई 'शासनचतुस्त्रिंशतिका' नामक पाँच पत्रोंकी एक पोथी हमारे पास है जिसमें मंगलाचरणके एक अनुष्टुप श्लोकके अतिरिक्त ३४ शार्दूलविक्रीडित वृत्त हैं और प्रत्येकके अन्तमें 'दिग्वाससां शासनं' पद है। यह एक प्रकारका तीर्थक्षेत्रोंका स्तवन है जिसमे पोदनपुर, बाहुबलि, श्रीपुर-पार्श्वनाथ, शंख-जिनेश्वर, दक्षिण गोम्मट, नागद्रह-जिन, मेदपाट ( मेवाड़ ) के नागफणी ग्रामके पल्ली-जिनेश्वर, मालवाके मङ्गलपुरके अभिनन्दन जिन, आदिकी स्तुति है[3]।

---

१ "स्वस्ति श्रीकोल्हापुरदेशान्तवर्त्यार्जुरिकामहास्थानयुधिष्ठिरावतारमहामण्डलेश्वर-गण्डरादित्यदेवनिर्मापितत्रिभुवनतिलकजिनालये श्रीमत्परमपरमेष्ठिश्रीनेमिनाथश्रीपादपद्माराधन-बलेन वादीभवज्रांकुशश्रीविशालकीर्तिपण्डितदेववैयावृत्यतः श्रीमच्छिलाहारकुलकमलमार्तण्डतेजः-पुञ्जराजाधिराजपरमेश्वरपरमभट्टारकपश्चिमचक्रवर्ति-श्रीवीरभोजदेवविजयराज्ये शकवर्षैकसहस्रै-कशतसप्तविंशति ११२७ तम क्रोधनसंवत्सरे स्वस्ति समस्तानवद्यविद्याचक्रवर्तिश्रीपूज्यपादा-नुरक्तचेतसा श्रीमत्सोमदेवमुनीश्वरेण विरचितेयं शब्दार्णवचन्द्रिका नामवृत्तिरिति। इति श्रीपूज्यपादकृतजैनेन्द्रमहाव्याकरणं सम्पूर्णम्। "

२ इस प्रतिमें लिखनेका समय नहीं दिया है परन्तु वह दो तीनसौ वर्षसे कम पुरानी नहीं मालूम होती। जगह जगह अक्षर उड़ गये हैं जिससे बहुतसे पद्य पूरे नहीं पढ़े जाते। वीरसेवामंदिरद्वारा पं० दरबारीलालजी कोठियाने इसे सम्पादित करके सन् १९५० में प्रकाशित करा दिया है।

३ श्रीजिनप्रभसूरिके 'विविध तीर्थकल्प' में 'अवन्तिदेशस्थ अभिनन्दनदेवकल्प' नामका एक कल्प है, जिसमें अभिनन्दन जिनकी मूर्तिके टूट जाने और अतिशय प्रकट होनेकी भी कथा दी है। शासनचतुस्त्रिंशतिकाका मंगलपुरवाला पद्य यह है—

इसमें जो म्लेच्छोंके प्रतापका आगमन बतलाया है, उससे ये आशाधरके ही समकालीन मालूम होते हैं। रचना इनकी प्रौढ़ है। आशाधरकी उनकी प्रशंसा इन्होंने की होगी।

**कवि अर्हद्दास**--ये मुनिसुव्रतकाव्य, पुरुदेवचम्पू और भव्यजनकंठाभरणके कर्ता है। पं० जिनदास शास्त्रीके खयालसे ये भी आशाधरके शिष्य थे। परन्तु इसके प्रमाणमें उन्होंने जो उक्त ग्रन्थोंके पद्य उद्धृत किये हैं, उनसे तो इतना ही मालूम होता है कि आशाधरकी सूक्तियोंसे और ग्रन्थोंसे उनकी दृष्टि निर्मल हो गई थी। वे उनके साक्षात् शिष्य थे, या उनके सहवासमें रहे थे, यह प्रकट नहीं होता। आशाधर भी उनका कहीं स्पष्ट उल्लेख नहीं किया है। अब उन पद्योंपर विचार कीजिए।

मुनिसुव्रत काव्यके अन्तमें कहा है कि कुमार्गोंसे भरे हुए संसाररूपी वनमें जो एक श्रेष्ठ मार्ग था, उसे छोड़कर मैं बहुत काल तक भटकता रहा, अन्तमें बहुत थककर किसी तरह काललब्धिवश उसे फिर पाया, सो अब जिन-वचनरूप क्षीरसागरसे उद्धृत किये हुए धर्मामृत ( आशाधरके धर्मामृतशास्त्र ? ) को सन्तोषपूर्वक पी पीकर और विगतश्रम होकर मैं अर्हद्भगवानका दास होता हूँ[1]। '

मिथ्यात्व कर्म-पटलसे बहुत काल तक ढँकी हुई मेरी दोनों आँखें जो कुमार्गमें ही जाती थीं, आशाधरकी उक्तियोंके विशिष्ट अंजनसे स्वच्छ हो गईं और इसलिए अब मैं सत्पथका आश्रय लेता हूँ[2]।

---

श्रीमन्मालवदेशमगलपुरे म्लेच्छप्रतापागते
भग्ना मूर्तिरथोभियोजितशिरा सम्पूर्णतामाययौ।
यस्योपद्रवनाशिन कलियुगेऽनेकप्रभावैर्युत',
स श्रीमानभिनन्दन स्थिरयन दिग्वाससां शासन ॥ ३४ ॥

१ धावन्कापथसम्भृते भववने सन्मार्गमेकं परम्
त्यक्त्वा श्रान्ततरश्चिराय कथमप्यासाद्य कालादमुम्।
सद्धर्मामृतमुद्धृतं जिनवच क्षीरोदधेरादरात्,
पाय पायमित. श्रम:सुखपथं दासो भवाम्यर्हत: ॥ ६४ ॥

२ मिथ्यात्वकर्मपटलैश्चिरमावृते मे युग्मे दृशो कुपथयाननिदानभूते।
आशाधरोक्तिलसदंजनसम्प्रयोगैरच्छीकृते पृथुलसत्पथमाश्रितोऽस्मि ॥ ६५ ॥

इसी तरह पुरुदेवचम्पूके अन्तमें आँखोंके बदले अपने मनके लिए कहा है कि " मिथ्यात्वकी कीचड़से गँदले हुए मेरे इस मानसमें जो कि अब आशाधरकी सूक्तियोंकी निर्मलीके प्रयोगसे प्रसन्न या स्वच्छ हो गया है[1] । "

भव्यजनकण्ठाभरणमें भी आशाधरकी इसी तरह प्रशंसा की है कि उनकी सूक्तियाँ भवभीरु गृहस्थों और मुनियोंके लिए सहायक हैं[2] ।

इन पद्योंमें स्पष्ट ही उनकी सूक्तियों उनके सद्ग्रन्थोंका ही संकेत है जिनके द्वारा अर्हद्दासको सन्मार्गकी प्राप्ति हुई थी, गुरु-शिष्यत्वका नहीं ।

हाँ, चतुर्विंशति-प्रबन्धकी पूर्वोक्त कथाको पढ़नेके बाद हमारा यह कल्पना करनेको जी अवश्य होता है कि कहीं मदनकीर्ति ही तो कुमार्गमें ठोकरें खाते खाते अन्तमें आशाधरकी सूक्तियोंसे अर्हद्दास न बन गये हों । पूर्वोक्त ग्रन्थोंमें जो भाव व्यक्त किये गये हैं, उनसे तो इस कल्पनाको बहुत पुष्टि मिलती है और फिर यह 'अर्हद्दास' नाम भी विशेषण जैसा ही मालूम होता है, वास्तविक नाम नहीं । यह नाम तो एक तरहकी भावुकता और विनयशीलता ही प्रकट करता है ।

इस सम्बन्धमें एक बात और भी नोट करने लायक है कि अर्हद्दासके ग्रन्थोंका प्रचार प्रायः कर्नाटक प्रान्तमें ही रहा है जहाँ कि वे चतुर्विंशतिप्रबन्धकी कथाके अनुसार सुमार्गसे पतित होकर रहने लगे थे और जैसा कि शब्दार्णवचन्द्रिकाकी प्रशस्तिसे मालूम होता है उनके गुरु विशालकीर्ति भी वहाँ पहुच गये थे । खूब संभव है कि उन्हींके प्रयत्नसे वे सत्पथपर लौट आये हों और फिर अर्हद्दास बन गये हों ।

**५ बिल्हण कवीश**—बिल्हण नामके अनेक कवि हो गये हैं । उनमें विद्यापति बिल्हण बहुत प्रसिद्ध हैं, जिनका बनाया हुआ विक्रमांकदेव-चरित है । यह कवि काश्मीरनरेश कलशके राज्य-कालमें वि० सं० ११९९ के लगभग काश्मीरसे चला था और जिस समय धारामें पहुँचा उस समय भोजदेवकी मृत्यु हो चुकी थी । इससे वे आशाधरके प्रशंसक नहीं हो सकते । भोजके पाँचवीं

---

१ मिथ्यात्वपङ्ककलुषे मम मानसेऽस्मिन्नाशाधरोक्तिकतकप्रसरैः प्रसन्ने ।
उल्लासितेन शरदा पुरुदेवभक्त्या तच्चम्पुदम्भजलजेन समुज्जजृम्भे ॥

२ सूक्त्यैव तेषां भवभीरवो ये गृहाश्रमस्थाश्चरितात्मधर्माः ।
त एव शेषाश्रमिणां सहायधन्याः स्युराशाधरसूरिमुख्याः ॥ २३६

पीढ़ीके राजा विन्ध्यवर्माके मंत्री बिल्हण उनसे बहुत पीछे हुए हैं। चौर-पंचासिका या बिल्हण-चरितका कर्ता बिल्हण भी इनसे भिन्न था। क्योंकि उसमें जिस वैरिसिंह राजाकी कन्या शशिकलाके साथ बिल्हणका प्रेम-सम्बन्ध वर्णित है वह वि० सं० ९०० के लगभग हुआ है। शार्ङ्गधर-पद्धति, सूक्तमुक्तावली आदि सुभाषित-संग्रहोंमें बिल्हण कविके नामसे ऐसे बहुतसे श्लोक मिलते हैं जो न विद्यापति बिल्हणके विक्रमांकदेवचरित और कर्णसुन्दरी नाटिकामें हैं और न चौरपंचासिकामें। क्या आश्चर्य है जो वे इन्हीं बिल्हण कविके हों[1]।

माण्डूमें मिले विन्ध्यवर्माके लेखमें इन बिल्हणका इन शब्दोंमें उल्लेख किया है—"विन्ध्यवर्मनृपतेःप्रसादभूसान्धिविग्रहकबिल्हणः कविः।" अर्थात् बिल्हणकवि विन्ध्यवर्माके कृपापात्र और परराष्ट्र-सचिव थे।

६ **देवचन्द्र**—इन्हें आशाधरने व्याकरण-शास्त्रमें पारंगत किया।

७ **विनयचन्द्र**—इष्टोपदेशकी टीकाके अनुसार ये सागरचन्द्रके शिष्य थे और इन्हें आशाधरने धर्मशास्त्रका अध्ययन कराया था। इन्हींके कहनेसे इष्टोपदेशकी टीका बनाई गई।

८ **मदनोपाध्याय**—हमारा अनुमान है कि ये विन्ध्यवर्माके सन्धिविग्रहिक मंत्री बिल्हण कवीशके ही पुत्र होंगे[2]। 'बाल-सरस्वती' नामसे ये प्रख्यात थे और मालवनरेश अर्जुनवर्माके गुरु थे। अर्जुनवर्माने अपनी अमरु-शतककी सजीवनी टीकामें जगह जगह 'यदुक्तमुपाध्यायेन बाल-सरस्वत्यापरनाम्ना मदनेन' लिखकर इनके अनेक पद्य उद्धृत किये हैं। उनसे मालूम होता है

---

१ जैनस्तोत्रसन्दोह द्वि० भा० (मन्त्राधिराज चिन्तामणि) में बिल्हणकविकृत श्रीपार्श्वनाथस्तोत्र प्रकाशित हुआ है। इसमें ९ पद्य हैं। अन्तका पद्य—

> इति जिनमते स्तोत्रं चित्रं महाकविबिल्हण-
> ग्रथितमखिलत्रैलोक्यैकप्रकाशनभास्वन।
> पठति सततं यः श्रद्धावान् मज्जति सज्जनो
> भवजलनिधौ स प्रद्युम्नस्थितिं चिरयाश्रित ॥ ९

आश्चर्य नहीं जो यह स्तोत्र आशाधरके ही प्रशंसक महाकवि बिल्हणका हो। पाटणके भंडारोंमें इसकी ताडपत्रकी प्रतियाँ मिलती हैं। बिल्हणाष्टक भी इसका नाम है।

२ देखिए आगे प्रशस्तिके ६–७ वें पद्य।

कि मदनका कोई अलंकारविषयक ग्रन्थ था। इनकी पारिजातमंजरी नामकी एक नाटिका थी, जिसके दो अंक धारकी 'कमाल मौला' मसजिदमें पत्थरोंपर खुदे हुए मिले हैं। अनुमान किया जाता जाता है कि शेष अकोंके पत्थर भी उक्त मसजिदमें ही कहीं लगे होंगे। पहले यह नाटिका महाराजा भोजदेवद्वारा स्थापित शारदा-सदन नामक पाठशालामें उत्कीर्ण करके रक्खी गई थी और वहीं खेली गई थी। अर्जुनवर्मदेवके जो तीन दान-पत्र मिले हैं वे इन्हीं मदनोपाध्यायके रचे हुए हैं। उनके अंतमें लिखा है—"रचितमिदं राजगुरुणा मदनेन।" मदन गौड़ ब्राह्मण थे। आशाधरने इन्हें काव्य-शास्त्र पढ़ाया था।

९ **पंडित जाजाक**—इनकी प्रेरणासे प्रतिदिनके स्वाध्यायके लिए त्रिषष्टि-स्मृतिशास्त्रकी रचना की गई।

१० **हरदेव**--ये खण्डेलवाल श्रावक अल्हण-सुत पापा साहुके दो पुत्रोंमेंसे ( बहुदेव और पद्मसिंहमेंसे ) बहुदेवके पुत्र थे। उदयदेव और स्तंभदेव इनके छोटे भाई थे। इन्हींकी विज्ञप्तिसे अनगारधर्मामृतकी भव्यकुमुदचन्द्रिका टीका लिखी गई।

११ **महीचन्द्र साहु**--ये पौरपाट वंशके अर्थात् पोरवाड़ या परवार जातिके समुद्धर श्रेष्ठीके लड़के थे। इनकी प्रेरणासे सागारधर्मामृतकी टीकाकी रचना हुई और इन्होंने उसकी पहली प्रति लिखी।

१२ **धनचन्द्र**—इनका और कोई परिचय नहीं मिला। सागारधर्म-टीकाकी रचनाके लिए इन्होंने भी उपरोध किया।

१३ **केल्हण**—ये खण्डेलवाल थे और इन्होंने जिन भगवानकी अनेक प्रतिष्ठायें कराके प्रतिष्ठा प्राप्त की थी। सूक्तियोंके अनुरागसे अर्थात् सुन्दर कवित्वपूर्ण रचना होनेके कारण इन्होंने 'जिनयज्ञ-कल्प' का प्रचार किया। यज्ञकल्पकी पहली प्रति भी इन्होंने लिखी।

१४ **धीनाक**—ये भी खण्डेलवाल थे। इनके पिताका नाम महण और माताका कमलश्री था। इन्होंने त्रिषष्टिस्मृतिशास्त्रकी सबसे पहली प्रति लिखी।

अब हम आशाधरके अन्तिम ग्रन्थ अनगार-धर्मामृत टीकाकी अन्त्य प्रशस्ति उद्धृत करते हैं जिसके आधारपर पूर्वोक्त सब बातें कही गई हैं। यह उनकी मुख्य प्रशस्ति है, अन्य ग्रन्थोंकी प्रशस्तियाँ इसीमें कुछ पद्य कम ज्यादा करके बनी हैं। उन न्यूनाधिक पद्योंको भी हमने टिप्पणीमें दे दिया है।

# मुख्य प्रशस्ति

श्रीमानस्ति सपादलक्षविषयः शाकम्भरीभूषण—
स्तत्र श्रीरतिधाम मण्डलकरं नामास्ति दुर्गं महत्।
श्रीरत्न्यामुदपादि तत्र विमलव्याघ्रेरवालान्वया-
च्छ्रीसल्लक्षणतो जिनेन्द्रसमयश्रद्धालुराशाधरः ॥ १ ॥

सरस्वत्यामिवात्मानं सरस्वत्यामजीजनद्। यः पुत्रं छाहडं गुण्यं रंजितार्जुनभूपतिम् ॥२

" व्याघ्रेरवालवरवंशसरोजहंसः काव्यामृतौघरसपानसुतृप्तगात्रः।
सल्लक्षणस्य तनयो नयविश्वचक्षुराशाधरो विजयतां कलिकालिदासः ॥ " ॥३
इत्युदयसेनमुनिना कविसुहृदा योऽभिनन्दितः प्रीत्या।
" प्रज्ञापुंजोऽसी " ति च योऽभिहितो मदनकीर्तियतिपतिना ॥ ४ [५]

---

१–सपादलक्षको भाषामें सवालख कहते हैं। नागौर ( जोधपुर ) के आसपासका प्रदेश सवालख नामसे प्रसिद्ध है। वहाँ पहले चौहान राजाओंका राज्य था। फिर साँभर और अजमेरके चौहान राजाओंका सारा देश सपादलक्ष कहलाने लगा और उसके सम्बन्धसे चौहान राजाओंको ' सपादलक्षीय नृपति ' विशेषण दिया जाने लगा। साँभरको ही शाकंभरी कहते हैं। साँभर झील जो नमकका आकर है, उस समय सवालख देशकी सिंगार थी, अर्थात् साँभरका राज्य भी तब सवालखमें शामिल था।

२–मण्डलकर दुर्ग अर्थात् माडलगढ़का किला इस समय मेवाड़ राज्यमें है, परन्तु उस समय मेवाड़का सारा पूर्वीय भाग चौहानोंके अधीन था। चौहान राजाओंके बहुतसे शिलालेख वहाँ मिले हैं। अजमेर जब मुसलमानोंके कब्जेमें आया तब मांडलगढ़ भी उनके हाथ चला गया। उदयपुरसे १०० मील उत्तरपूर्वमें मांडलगढ़का किला है।

३–अर्थात् अपने आपको जिस तरह सरस्वती ( वाग्देवता ) में प्रकट किया उसी तरह जिसने अपनी पत्नी सरस्वतीमें छाहड नामक गुणी पुत्रको जन्म दिया।

४–मूलाराधना टीका ( शोलापुर ) जिस प्रतिपरसे प्रकाशित हुई है, उसमें प्रशस्तिके ये चार ही पद्य मिले हैं। आगेका पत्र गायब है।

५–त्रिषष्टिस्मृतिशास्त्रकी प्रशस्तिमें प्रारम्भके दो पद्योंके बाद ' व्याघ्रेरवाल ' आदि पद्य न होकर ' म्लेच्छेशेन ' आदि पाँचवाँ पद्य है। उसके बाद ' श्रीमदर्जुनभूपाल ' आदि आठवाँ और फिर ' योद्राग्व्याकरणाब्धि ' आदि नवाँ पद्य दिया है।

म्लेच्छेशेन सपादलक्षविषये व्याप्ते सुवृत्तक्षति-
त्रासाद्विन्ध्यनरेन्द्रदोःपरिमलस्फूर्जत्त्रिवर्गौजसि ।
प्राप्तो मालवमण्डले बहुपरीवारः पुरीमावसन्
यो धारामपठज्जिनप्रमितिवाक्शास्त्रे महावीरतः ॥ ५ ॥
" आशाधर त्वं मयि विद्धि सिद्धं निसर्गसौन्दर्यमजर्यमार्य ।
सरस्वतीपुत्रतया यदेतदर्थे परं वाच्यमयं प्रपञ्चः " ॥ ६ ॥
इत्युपश्लोकितो विद्वद्बिल्हणेन कवीशिना ।
[2]श्रीविन्ध्यभूपतिमहासान्धिविग्रहिकेण यः ॥ ७ ॥
श्रीमदर्जुनभूपालराज्ये श्रावकसंकुले ।
जिनधर्मोदयार्थं यो [3]नलकच्छपुरेऽवसत ॥ ८ ॥

---

१-म्लेच्छेशेन साहिबुद्दिनतुरुष्कराजेन ।—भव्यकुमुदचन्द्रिका टीका ।

इस म्लेच्छराजाको ' साहिबुद्दीन तुरुष्क ' बतलाया है । यह गजनीका बादशाह शहाबुद्दीन गोरी ही है। इसने वि० सं० १२४९ ( ई० स० ११९२ ) में पृथ्वीराजको हराकर दिल्लीको अपनी राजधानी बनाया था। उसी वर्ष अजमेरको भी अपने अधीन करके और अपने एक सरदारको सारा कारोबार सौंपकर वह गजनी लौट गया था। शहाबुद्दीनने पृथ्वीराज चौहानसे दिल्लीका सिंहासन छीनते ही अजमेरपर धावा किया होगा, क्योंकि अजमेर भी पृथ्वीराजके अधिकारमें था और उसी समय सपादलक्ष देश उसके अत्याचारोंसे व्याप्त हो रहा होगा। इसी समय अर्थात् विक्रम संवत् १२४९ के लगभग आशाधर धारामें आये होंगे।

२—अनगारधर्मामृतकी मुद्रित टीकामें विन्ध्यभूपतिका खुलासा ' विजयवर्म-मालवाधिपति ' किया है, परन्तु हमारे अनुमानसे लिपिकारके दोषसे अथवा प्रूफ-संशोधककी असावधानीसे ही ' विन्ध्यवर्म ' की जगह ' विजयवर्म ' हो गया है। परमारवंशकी वंशावलियों और शिलालेखोंमें विन्ध्यवर्माका ' विजयवर्मा ' नामान्तर नहीं मिलता। श्रीयुत लेले और कर्नल लुअर्डने विन्ध्यवर्माका समय वि० सं० १२७१ से १२३७ तक निश्चित किया है; परन्तु आशाधरके उक्त कथनसे कमसे कम १२४९ तक विन्ध्यवर्माका राज्य-काल माना जाना चाहिए। उक्त विद्वानोंने विन्ध्यवर्माके पुत्र और उत्तराधिकारी सुभटवर्मा ( सोहड ) का समय १२३७ तक माना है, परन्तु सुभटवर्मा १२३७ में राजा था, इसका कोई पुष्ट प्रमाण नहीं है, वह १२४९ के बाद ही राजपदपर आया होगा।

३—नलकच्छपुरको इस समय नालछा कहते हैं। यह स्थान धार ( मालवा ) से १० कोसकी दूरीपर है। अब भी वहाँपर श्रावकोंके कुछ घर हैं, जैनमन्दिर भी है।

योद्राग्व्याकरणाब्धिपारमनयच्छुश्रूषमाणान्न कान्,
षट्तर्कीपरमास्त्रमाप्य न यतः प्रत्यर्थिनः केऽक्षिपन् ।
चेरुः केऽस्खलितं न येन जिनवाग्दीपं पथि ग्राहिताः,
पीत्वा काव्यसुधां यतश्च रसिकेष्वापुः प्रतिष्ठां न के ॥ ९ ॥
स्याद्वादविद्याविशदप्रसादः प्रमेयरत्नाकरनामधेयः ।
तर्कप्रबन्धो निरवद्यपद्यपीयूषपूरो वहति स्म यस्मात् ॥ १० ॥
सिद्ध्यंकं भरतेश्वराभ्युदयसत्काव्यं निबन्धोज्ज्वलं,
यस्त्रैविद्यकवीन्द्रमोदनसहं स्वश्रेयसेऽरीरचत ।

---

१–त्रिषष्टिस्मृतिकी प्रशस्तिमें इस पद्यका नंबर पाँच है । उसके आगे नीचे लिखे पद्य हैं—

धर्मामृतादिशास्त्राणि कुशाग्रीयधियामपि ।
यः सिद्ध्यंकं महाकाव्यं रसिकानां मुदेऽसृजत् ॥ ६ ॥

सोऽहमाशाधरः कण्ठमलंकर्तुं सधर्मिणाम् ।
पञ्जिकालंकृतं ग्रन्थमिमं पुण्यमरीरचम् ॥ ७ ॥

क्वार्षमब्धिः क मद्धीस्तैस्तस्याप्येनश्छन्न मया ।
पुण्यैः सद्भ्यः कथारत्नान्युद्धृत्य ग्रथितान्यनः ॥ ८ ॥

संक्षिप्यतां पुराणानि नित्यस्वाध्यायसिद्धये ।
इति पण्डितजाजाकाद्विज्ञप्तिः प्रेरिकात्र मे ॥ ९ ॥

यच्छद्मस्थतया किंचिदत्रास्ति स्खलितं मम ।
तत्संशोध्य पठन्त्वेन जिनशासनभाक्तिकाः ॥ १० ॥

महापुराणान्तस्तत्त्वसंग्रहं पठतामिमं ।
त्रिषष्टिस्मृतिनामानं श्रुतिदेवी प्रसीदतु ॥ ११ ॥

प्रमारवंशवार्धीन्दुदेवपालनृपात्मजे ।
श्रीमज्जैतुगिदेवेऽसि स्थाम्नावन्तीमवत्यलम् ॥ १२ ॥

नलकच्छपुरे श्रीमन्नेमिचैत्यालयेऽसिधत् ।
ग्रंथोऽयं द्विनवद्व्येकविक्रमार्कसमात्यये ॥ १३ ॥

खांडिल्यवंशे महणकमलश्रीसुतः सुदृक् ।
धीनाको वर्धतां येन लिखितास्याद्यपुस्तिका ॥ १४ ॥

योऽर्हद्वाक्यरसं निबन्धरुचिरं शास्त्रं च धर्मामृतं,
निर्माय न्यदधान्मुमुक्षुविदुषामानन्दसान्द्रे हृदि[1] ॥ ११ ॥
राजीमतीविप्रलम्भं नाम नेमीश्वरानुगम् ।
व्यधत्त खण्डकाव्यं यः स्वयंकृतनिबन्धनम् ॥ १२ ॥
आदेशात्पितुरध्यात्मरहस्यं नाम यो व्यधात् ।
शास्त्रं प्रसन्नगम्भीरं प्रियमारब्धयोगिनाम् ॥ १३ ॥
यो मूलाराधनेष्टोपदेशादिषु निबन्धनम् ।
व्यधत्तामरकोषे च क्रियाकलापमुज्जगौ ॥ १४ ॥
रौद्रटस्य व्यधात्काव्यालंकारस्य निबन्धनम् ।
सहस्रनामस्तवनं सनिबन्धं च योऽर्हताम् ॥ १५ ॥
सनिबन्धं यश्च जिनयज्ञकल्पमरीरचत् ।
त्रिषष्टिस्मृतिशास्त्रं यो निबन्धालङ्कृतं व्यधात् ॥ १६ ॥
योऽर्हन्महाभिषेकार्चाविधिं मोहतमोरविम् ।
चक्रे नित्यमहोद्योतं स्नानशास्त्रं जिनेशिनाम् ॥ १७ ॥
रत्नत्रयविधानस्य पूजामाहात्म्यवर्णकम् ।
रत्नत्रयविधानाख्यं शास्त्रं वितनुते स्म यः[3] ॥ १८ ॥

---

१-इसके आगेके ' राजीमती ' और ' आदेशात् ' आदि दो पद्य सागारधर्मामृत और जिनयज्ञकल्पकी प्रशस्तियोंमें नहीं है ।

२-पहले भ्रमवश यह समझ लिया था कि अमरकोशकी जो पं० आशाधरकी लिखी टीका है, उसका नाम ' क्रिया-कलाप ' होगा । इस विषयमें मेरे ' विद्वद्रत्नमाला 'के लेखका अनुसरण करके प्रायः सभी विद्वानोंने इसी गल्तीको दुहराया, वास्तवमें क्रिया-कलाप पं० आशाधरका एक अलग ग्रन्थ है ।

३-इस पद्यके आगे जिनयज्ञकल्पमें नीचे लिखे पद्य दिये हैं—

प्राच्यानि संचर्च्य जिनप्रतिष्ठाशास्त्राणि दृष्ट्वा व्यवहारमैन्द्रं ।
आम्नायविच्छेदतमश्छिदेयं ग्रन्थः कृतस्तेन युगानुरूपं ॥ १८ ॥
खाण्डिल्यान्वयभूषणाल्हणसुतः सागारधर्मे रतो,
वास्तव्यो नलकच्छचारुनगरे कर्ता परोपक्रियाम् ।
सर्वज्ञार्चनपात्रदानसमयोद्योतप्रतिष्ठाग्रणीः,
पापासाधुरकारयत्पुनरिमं कृत्वोपरोधं मुहुः ॥ १९ ॥

आयुर्वेदविदामिष्टं व्यक्तुं वाग्भटसंहिताम् ।
अष्टाङ्गहृदयोद्योतं निबन्धमसृजच्च यः ॥ १९ ॥

सोहमाशाधरोऽकार्षं टीकामेतां मुनिप्रियाम् ।
स्वोपज्ञधर्मामृतोक्तयतिधर्मप्रकाशिनीम् ॥ २० ॥

शब्दे चार्थे च यत्किंचिदत्रास्ति स्खलितं मम ।
छद्मस्थभावात् संशोध्य सूरयस्तत्पठन्त्विमाम् ॥ २१ ॥

नलकच्छपुरे पौरपौरस्त्यः परमार्हतः ।
जिनयज्ञगुणौचित्यकृपादानपरायणः ॥ २२ ॥

खंडिल्यान्वयकल्याणमाणिक्यं विनयादिमान् ।
साधुः पापाभिधः श्रीमानासीत्पापपराङ्मुखः ॥ २३ ॥

तत्पुत्रो बहुदेवोऽभूदाद्यः पितृभरक्षमः ।
द्वितीयः पद्मसिंहश्च पद्मालिंगितविग्रहः ॥ २४ ॥

बहुदेवात्मजाश्चासन् हरदेवः स्फुरद्गुणः ।
उदयी स्तम्भदेवश्च त्रयस्त्रैवर्गिकादृताः ॥ २५ ॥

मुग्धबुद्धिप्रबोधार्थं महीचन्द्रेण साधुना ।
धर्मामृतस्य सागारधर्मटीकास्ति कारिता ॥ २६ ॥

---

विक्रमवर्षसपचाशीति द्वादशशतेष्वतीतेषु,
आश्विनसितान्त्यदिवसे साहसमल्लापराख्यस्य ।
श्रीदेवपालनृपतेः प्रमारकुलशेखरस्य सौराज्ये,
नलकच्छपुरे सिद्धो ग्रन्थोऽयं नेमिनाथचैत्यगृहे ॥ २० ॥
अनेकार्हत्प्रतिष्ठासप्रतिष्ठैः केल्हणादिभि- ।
सद्य सूक्तानुरागेण पठित्वाऽयं प्रचारित ॥ २१ ॥
नन्द्यात्खाण्डिल्यवंशोत्थ- केल्हणो न्याम(य ?) वित्तर ।
लिखतो येन पाठार्थमस्य प्रथमपुस्तकम् ॥ २३ ॥

१–यह पद्य सागारधर्मामृत-टीकामें और जिनयज्ञकल्पमें ११ नंबरके बाद दिया है ।

२–इसके बदले सागारधर्मामृत-टीकामें नीचे लिखा हुआ पद्य है—

सोऽहमाशाधरो रम्यामेतां टीकां व्यरीरचम् ।
धर्मामृतोक्तसागारधर्माष्ट्याध्यायगोचराम् ॥ १८ ॥

तस्यैव यतिधर्मस्य कुशाग्रीयधियामपि ।
सुदुर्बोधस्य टीकायै प्रसादः क्रियतामिति ॥ २७ ॥

हरदेवेन विज्ञप्तो धनचन्द्रोपरोधत ।
पंडिताशाधरश्चक्रे टीकां क्षोदक्षमामिमाम् ॥ २८ ॥

विद्वद्भिर्भव्यकुमुदचन्द्रिकेत्याख्ययोदिता ।
द्विष्टाप्याकल्पमेषास्तां चिन्त्यमाना मुमुक्षुभिः ॥ २९ ॥

प्रमारवंशवार्धीन्दुदेवपालनृपात्मजे ।
श्रीमज्जैतुगिदेवेसि स्थाम्नाऽवन्तीनऽवत्यलम् ॥ ३० ॥

नलकच्छपुरे श्रीमन्नेमिचैत्यालयेऽसिधत् ।
विक्रमाब्दशतेष्वेषा त्रयोदशसु कार्तिके[1] ॥ ३१ ॥

---

१–इसके स्थानपर सागरधर्मामृतमें निम्नलिखित श्लोक हैं—

नलकच्छपुरे श्रीमन्नेमिचैत्यालयेऽसिधत् ।
टीकेयं भव्यकुमुदचन्द्रिकेत्युदिता बुधैः ॥ २० ॥

षण्णवद्व्येकसंख्यानविक्रमाकसमात्यये ।
सप्तम्यामसिते पौषे सिद्धेयं नदनाच्चिरम् ॥ २१ ॥

श्रीमान् श्रेष्ठिसमुद्धरस्य तनयः श्रीपौरपाटान्वय—
व्योमेन्दुः सुकृतेन नन्दतु महीचन्द्रो यदभ्यर्थनात् ।
चक्रे श्रावकधर्मदीपकमिमं ग्रन्थं बुधाशाधरो
ग्रन्थस्यास्य च लेखितोऽपि विदधे येनादिमः पुस्तकः ॥ २२ ॥

और इष्टोपदेश-टीकाकी प्रशस्तिमें नीचे लिखे तीन पद्य मिलते हैं—

विनयेन्दुमुनेर्वाक्याद्भव्यानुग्रहहेतुना । इष्टोपदेशटीकेयं कृताशाधरधीमता ॥ २ ॥
उपशम इव मूर्तः सागरेन्दुमुनीन्द्रादजनि विनयचन्द्रः सच्चकोरैकचन्द्रः ।
जगदमृतसगर्भा शास्त्रसंदर्भगर्भाः शुचिचरितवरिष्णोर्यस्य धिन्वति वाचः ॥
जयन्ति जगतीवन्द्या श्रीमन्नेमिजिनांघ्रयः । रेणवोऽपि शिरोराज्ञामारोहन्ति यदाश्रिताः ॥३॥

# विक्रमका नेमिचरित

काव्यमालाके द्वितीय गुच्छकमें यह काव्य नेमिदूतके नामसे प्रकाशित हुआ है। पर वास्तवमें इसका नाम 'नेमिचरित' है[1]। यह 'मेघदूत'के ढँगका काव्य है और मेघदूतके ही चरण लेकर इसकी रचना की गई है। शायद इसीलिए इसे नेमिदूत नाम मिला है। परन्तु यथार्थमें इसमें दूतपना कुछ भी नहीं है। न तो इसमें नेमिनाथ दूत बनाये गये है और न उनके लिए कोई दूसरा दूत बना है। राजीमतीने नेमि भगवानको ससारासक्त करनेके लिए जो जो प्रयत्न किये हैं, जो जो अनुनय विनय किये हैं और जो जो विरह-व्यथायें सुनाई हैं उन्हींका वर्णन करके यह हृदयद्रावक काव्य बना है। अन्तमें राजीमतीके सारे प्रयत्न निष्फल हुए। नेमिनाथने उसे संसारका स्वरूप समझाया, विषय-भोगोंका परिणाम दिखलाया, मानव-जन्मकी सार्थकता बतलाई और इसका फल यह हुआ कि राजीमती स्वयं देह-भोगोंसे उदास होकर साध्वी हो गई। यदि अन्तके दो श्लोकोंमें ये पिछली बातें न कही गई होतीं, तो इस काव्यका 'राजीमती-विप्रलम्भ' या 'राजीमती-विलाप' अथवा ऐसा ही और कोई नाम अन्वर्थक होता; परन्तु अन्तिम श्लोकोंसे इसमें नेमिनाथको प्रधानता प्राप्त हो गई है, राजीमतीके सारे विरह-विलाप उनके अटल निश्चय और उच्च चरित्रके पोषक हो गये हैं; इसलिए इसमें सन्देह नहीं कि इसका 'नेमिचरित' नाम यथार्थ है।

इस काव्यकी रचना सुन्दर और भावपूर्ण है। परन्तु जगह जगह क्लिष्टता आ गई है। दूरान्वयता बहुत है। प्रयत्न करनेसे विशेष परिश्रमसे कविका हृद्गत

---

१–. .. प्रवरकवितु कालिदासस्य काव्या–
दन्त्यं पादं सुपदरचितान्मेघदूताद्गृहीत्वा।
श्रीमन्नेमेश्चरितविशदं सांगणस्यांगजन्मा।
चक्रे काव्यं बुधजनमनःप्रीतये विक्रमाख्यः॥

आशय समझमें आता है। पर इसमें कविका दोष नहीं—उसे लाचार होकर ऐसा करना पड़ा है। कालिदासके सुप्रसिद्ध काव्य मेघदूतके प्रत्येक श्लोकके चौथे चरणको अपने प्रत्येक श्लोकका चौथा चरण मानकर कविने इस काव्यकी रचना की है। ऐसी दशामें चौथे चरणोंके शब्दों, वाक्यों, और उनके आशयोंकी अधीनतामें पड़कर कवि और करता ही क्या ? अपने इद्रत भावोंको दूसरे कविके शब्दों, वाक्यों और आशयोंके द्वारा रुद्ध हुए मार्गमेंसे प्रकट करनेके सिवा उसे कोई गति ही न थी। ऐसी परिस्थितिमें काव्यमें क्लिष्टता आना ही चाहिए। किन्तु इस पराधीन कार्यमें भी कविने जो काव्य-कुशलता और जो मार्मिकता दिखलाई है, उससे अनुमान हो सकता है कि यदि कवि अपने भावोंको स्वच्छन्दतापूर्वक प्रकट करनेका, अपनी भावधाराको विना बाधाके कहनेका मौका पाता, तो इसमें कोई सन्देह नहीं कि यह काव्य और भी सुन्दर बन जाता।

इस काव्यके बनानेमें कविको कितना परिश्रम करना पड़ा होगा, इसका अनुमान पाठक तब कर सकेंगे जब मेघदूतको सामने रखकर इस काव्यको पढ़ेंगे और मेघदूतके चौथे चरणोंके मूल भावोंके साथ इसके चौथे चरणोंके भावोंका मिलान करेंगे। मेरी समझमें यह काम वैसा ही कठिन है जैसा कि आमके एक पौधेको काटकर उसकी पीठमें दूसरे पौधेकी कलमको जोड़ देना और दोनोंके शरीरको, रसको और चेतनाशक्तिको एक कर देना। पूरे काव्यका पाठ करके हम देखते हैं कि कविने इस कठिन कार्यमें काफी सफलता प्राप्त की है।

इस काव्यके कर्त्ताका नाम विक्रम है। वह सांगणका पुत्र था। नेमिचरितके अन्तिम श्लोकसे कविका केवल इतना ही परिचय मिलता है। वह किस समय हुआ, किस वंशमें हुआ, किस स्थानमें उसका निवास था, उसने और किन किन ग्रन्थोंकी रचना की, इत्यादि बातोंका कुछ भी पता नहीं चलता।

ऋषभदास नामके एक श्वेताम्बर सम्प्रदायके कवि हो गये हैं जिनके बनाये हुए कुमारपालरास (वि० सं० १६७०), हीरविजयसूरिरास (वि० सं० १६८५) आदि गुजराती भाषाके ग्रन्थ मिले हैं। मेरे स्व० मित्र मोहनलालजी देसाईने इनका काव्य-काल वि० सं० १६६६ से १६८६ तक निश्चित किया है। इनके पिताका नाम संघवी सांगण था और ये खम्भातके रहनेवाले थे। पहले हमने अनुमान किया था कि उक्त सांगणके ही पुत्र और ऋषभदासके भाई ये विक्रम होंगे परन्तु अभी हाल ही मालूम हुआ है कि नेमिचरितकी एक प्रति वि० सं०

१६०२ की लिखी हुई बालूचरके गट्टूबाबूके संग्रहमें मौजूद है, इसलिए विक्रम कवि ऋषभदासके भाई नहीं हो सकते। इसके सिवाय ऋषभदासने अपने किसी ग्रन्थमें विक्रमका कोई जिक्र भी नहीं किया है।

खम्भातके चिन्तामणि-पार्श्वनाथमन्दिरमें एक विस्तृत शिलालेख है[1] जो वि० स० १३५२ का है। इस लेखके २८ वें से लेकर ३१ वें नम्बर तकके पद्योंमें मालवा, सपादलक्ष और चित्रकूट ( चित्तोड ) से खम्भातमें आये हुए सागण, जयता और प्रल्हादन आदि धनी श्रावकोंका उल्लेख है[2] जिन्होंने उक्त मन्दिरकी निरन्तर पूजा होते रहनेके लिए व्यापारपर कुछ लाग बाँध दी थी। इनमेंसे सागण हुंकारवंश ( हूँबड ) के और जयता सिंहपुरवंश ( नरसिंहपुरा ) के थे। संभव है कि इनमेंसे पहले श्रावक सागणके ही पुत्र विक्रम हों और ये सागण आदि दिगम्बर सम्प्रदायके मालूम होते हैं। क्योंकि इस लेखके चौथे पद्यमें सहस्रकीर्तिका और सत्ताइसवें पद्यमें यशःकीर्ति गुरुका उल्लेख है और ये दोनों दिगम्बर साधु हैं। इसके सिवाय हूंबड और नरसिंहपुरा जातियोंके श्रावक इस समय भी दिगम्बर आम्नायके अनुयायी हैं।

यों काव्यके विषयसे तो कवि श्वेतांबर या दिगम्बर किस सम्प्रदायका था, इसका कुछ पता नहीं लगता क्योंकि काव्यमें जो कुछ कहा गया है वह साम्प्रदायिक मत-भेदकी सीमासे बाहर है।

मेघदूतके यक्षने प्रेयसीके पास सन्देश भेजनेके लिए बादलोंको मार्ग बतलाया है

---

१–देखो, मुनि श्रीजिनविजयजी सम्पादित 'प्राचीन-जैन-लेखसंग्रह' का ४४९ नं० का शिलालेख। इस लेखकी बहुत-सी पंक्तियोंका कुछ अंश नष्ट हो गया है। प्राचीन मन्दिर शायद वि० सं० ११६५ में बना था और १३५२ में उसका जीर्णोद्धार हुआ है जब कि यह लेख उत्कीर्ण हुआ।

२–हुंकारवंशजमहर्धमणीयमान श्रीसाङ्गणः प्रगुणपुण्यकृतावतार ।
नारेशसन्निभयशो जिनशासनार्हो निःशेषकल्मषविनाशनभव्यवर्णः ॥
सिंहपुरवंशजन्मा जयताख्यो विजित एनसः पक्षः।. .इत्यादि।
अत्रागमन्मालवदेशतोऽमी सपादलक्षादथचित्रकूटात्। .

३–दिनोदयं स चक्रे गुरुगगनाभ्युदितः सहस्रकीर्तिः ॥

४–गुरुपदे बुधवर्ण्यो यशःकीर्तिः यशोनिधिः।

कि तुम अमुक स्थानोंसे होकर जाओगे; तो उसके समीप पहुँच जाओगे। इस मार्ग-सूचनमें कालिदासने अपने भूगोल-ज्ञानका विलक्षण परिचय दिया है। विद्वानोंने निश्चय किया है कि उनके वर्णनमें देश-स्थानसबंधी कोई भूल नहीं है। मानो कालिदासने स्वयं पर्यटन करके उक्त सब स्थान और नगरादि देखकर अपना काव्य लिखा था।

यही बात नेमिचरितमें भी है। इस कविकी भी इस विषयमें अच्छी जानकारी थी। यद्यपि उसका वर्णित क्षेत्र कालिदासके जितना बड़ा नहीं है; तो भी उसने उसमें पर्यटन किया है और स्वयं आँखों देखे हुए स्थानोंका वर्णन किया है;

नीचे उन थोड़ेसे स्थानोंके विषयमें खुलासा किया जाता है जिनका वर्णन नेमिचरितमें आया है—

( १ ) रामगिरि ( श्लोक १ )—मेघदूतका रामगिरि रामटेक है। परन्तु नेमिचरितके कर्त्ताने यह नाम गिरिनारके लिए दिया है। ऊर्जयन्तगिरि, रैवताद्रि आदि नाम तो गिरिनारके जगह जगह मिलते हैं; पर यह नाम इस काव्यके अतिरिक्त कहीं नहीं देखा गया। सभव है कि कविने मेघदूतके चतुर्थ चरणके वशवर्ती होकर जिसमें कि ' रामगिरि ' नाम पड़ा हुआ है—गिरिनारका नाम रामगिरि न होनेपर भी अगत्या मान लिया हो और हमारे देशमें ' राम ' शब्द इतना पूज्य है कि उसे किसी भी पूज्य तीर्थके लिए विशेषणरूपमें देना अनुचित भी नहीं।

( २ ) द्वारिका ( श्लोक १६ )—गिरिनारसे द्वारिका वायव्य-कोणमें है। इसलिए इस श्लोकमें कहा है कि द्वारिका जानेके लिए आपको उत्तरकी ओर जाकर फिर पश्चिमको जाना पड़ेगा।

( ३ ) वेत्रवती ( श्लोक २६ )—यह द्वारिकाके प्राकारके पास है। ६४ वें श्लोककी गोमती और यह एक ही मालूम होती है। गोमती अब भी गोमती ही कहलाती है; वेत्रवती या तो इसका दूसरा नाम होगा, या इसमें बेत अधिक होंगे, इसलिए कविने उसका इस अन्वर्थक नामसे उल्लेख किया होगा। मेघदूतके जिस चरणकी यह समस्यापूर्ति है उसमें यह शब्द पड़ा हुआ है; इसलिए कवि ऐसा करनेके लिए विवश था। मेघदूतकी वेत्रवती ' मालवे ' की ' बेतवा ' नदी है।

( ४ ) स्वर्णरेखा ( श्लोक ३२ और ४५ )—यह नदी गिरिनार पर्वतसे ही

निकली है। छोटी-सी पहाड़ी नदी है। इसकी रेतमें सोनेका बहुत सूक्ष्म अंश अब भी पाया जाता है। इसे लोग 'सुवरणा' कहते हैं। आगे चलकर यह नदी शायद किसी दूसरे नामसे प्रसिद्ध हुई है।

( ५ ) क्रीडापर्वत ( श्लोक २७ )—'तुलसीश्याम' नाम पर्वतको लोग श्रीकृष्णका क्रीडापर्वत कहते हैं। इसपर रूठी रुक्मिणीकी मूर्ति बनी हुई है।

( ६ ) वामनराजाकी नगरी ( श्लोक ३२ )—इसको इस समय वणथली कहते हैं, जो कि 'वामनस्थली'का अपभ्रंश है। यह जूनागढ़ स्टेटका एक कस्बा है, और जूनागढसे लगभग ५ कोसकी दूरीपर है। यहाँ वह स्थान भी बना हुआ है, जहाँ विष्णुने तीन पैरसे पृथ्वी मापी थी।

( ७ ) भद्रा ( श्लोक ५० )—यह नदी इस समय 'भादर' नामसे प्रसिद्ध है। यह जसदणके पासके पर्वतसे निकली और नवीबन्दरसे आगे अरब समुद्रमें मिली है। कविने इसके सगमस्थलका ही वर्णन किया है।

( ८ ) पौर ( श्लोक ५१ )—यह इस समय पोरबन्दरके नामसे प्रसिद्ध है। भद्रा ( भादर ) को पार करनेके बाद कविने इस नगरके मिलनेकी बात कही है।

( ९ ) गन्धमादन और वेणुन पर्वत ( श्लोक ५३ और ६१ )—हालार और बरडो प्रान्तके बीचकी पर्वतश्रेणीको 'बरडो' कहते हैं। संभवतः इसी श्रेणीके किन्हीं दो पर्वतोंका नाम गन्धमादन और वेणुन होगा। कविने इन दोनोंका वर्णन पोरबन्दरसे आगे चलकर किया है।

मेघदूतके मूल पद्य ११५ हैं और १० पद्य क्षेपक बतलाये जाते हैं। पर इस काव्यमें क्षेपकसहित सभी पद्योंके चरणोंकी पूर्ति की गई है और इसीलिए इसमें १२५ पद्य हैं। इससे मालूम होता है कि कविके समयमें उक्त क्षेपक पद्य प्रचलित थे।

यह काव्य काव्यमालामें बहुत समय पहले छप चुका है। स्व० पं० उदयलालजी काशलीवालने इसका हिन्दी अनुवाद भी किया था, जो प्रकाशित हो चुका है।

# हस्तिमल्ल

दिगम्बर ग्रन्थकारोंमें हस्तिमल्लका एक विशेष स्थान है। क्योंकि जहाँतक हम जानते हैं रूपक या नाटक उनके सिवाय और किसीके नहीं मिले हैं। श्रव्य काव्य तो बहुत लिखे गये परन्तु दृश्य काव्योंकी ओर किसीका ध्यान ही नहीं गया। हस्तिमल्लने साहित्यके इस अंगको खूब पुष्ट किया।

हस्तिमल्लके पिताका नाम गोविन्द भट्ट था। वे वत्सगोत्री ब्राह्मण थे। समन्तभद्रके देवागम-स्तोत्रके प्रभावसे उन्होंने मिथ्यात्व छोड़ दिया था और सम्यग्दृष्टि हो गये थे। उन्हें स्वर्णयक्षी नामक देवीके प्रसादसे छह पुत्र उत्पन्न हुए—१ श्रीकुमार कवि, २ सत्यवाक्य, ३ देवरवल्लभ, ४ उदयभूषण, ५ हस्तिमल्ल और ६ वर्धमान। अर्थात् वे अपने पिताके पाँचवें पुत्र थे। ये छहोंके छहों पुत्र कवीश्वर थे। इस तरह गोविन्द भट्टका सारा परिवार सुशिक्षित और गुणी था।

सरस्वतीस्वयंवरवल्लभ, महाकवितल्लज और सूक्ति-रत्नाकर उनके विरुद थे[२]। उनके बड़े भाई सत्यवाक्यने 'कवितासाम्राज्यलक्ष्मीपति' कहकर उनकी

---

१–गोविन्दभट्ट इत्यासीद्विद्वान्मिथ्यात्ववर्जित:, देवागमनसूत्रस्य श्रुत्या सद्दर्शनान्वित:।
अनेकान्तमतं तत्त्वं बहुमेने विदांवर:, नन्दनास्तस्य संजाता वर्धिताखिलकोविदा:॥
दाक्षिणात्या जयन्त्यत्र स्वर्णयक्षीप्रसादत:, श्रीकुमारकवि: सत्यवाक्यो देवरवल्लभ:।
उद्यद्भूषणनामा च हस्तिमल्लाभिधानक:, वर्धमानकविश्चेति षडभूवन्कवीश्वरा:॥

—वि० कौ०

२–अस्ति किल सरस्वतीस्वयंवरवल्लभेन भट्टारगोविन्दसूनुना हस्तिमल्लनाम्ना महाकवितल्लजेन विरचितं विक्रान्तकौरवं नाम रूपकमिति। —वि० कौ०

सूक्तियोंकी बहुत ही प्रशंसा की है। राजावली कथेके कर्त्ताने उन्हें उभयभाषा-कवि-चक्रवर्ती लिखा है[२]।

हस्तिमल्लने विक्रान्तकौरवके अन्तमें जो प्रशस्ति दी है, उसमें समन्तभद्र, शिवकोटि, शिवायन, वीरसेन, जिनसेन और गुणभद्रका उल्लेख करके कहा है कि उनकी शिष्य-परम्परामें असंख्य विद्वान् हुए और फिर गोविन्द भट्ट हुए जो देवागमके प्रभावसे सम्यग्दृष्टि हुए। परन्तु इसका यह अर्थ नहीं कि वे उक्त मुनिपरम्पराके कोई साधु या मुनि थे। जैसी कि जैनग्रन्थकर्त्ताओंकी साधारण पद्धति है उन्होंने गुरुपरम्पराका उल्लेख करके अपने पिताका परिचय दिया है।

हस्तिमल्ल स्वयं भी गृहस्थ थे[३]। उनके पुत्र-पौत्रादिका वर्णन ब्रह्मसूरिने अपने प्रतिष्ठासारोद्धारमें किया है। स्वयं ब्रह्मसूरि भी उनके वंशमें हुए हैं। वे लिखते हैं कि पाण्ड्य देशमें गुडिपत्तनके शासक पाण्ड्य नरेन्द्र थे, जो बड़े धर्मात्मा, वीर, कलाकुशल और पण्डितोंका सन्मान करनेवाले थे। वहाँ वृषभ तीर्थंकरका रत्न-सुवर्णजटित सुन्दर मन्दिर था, जिसमें विशाखनन्दि आदि विद्वान् मुनि रहते थे। गोविन्द भट्ट यहींके रहनेवाले थे। उनके श्रीकुमार आदि छह पुत्र थे। हस्तिमल्लके पुत्रका नाम पार्श्व पण्डित था जो अपने पिताके ही समान यशस्वी, धर्मात्मा और शास्त्रज्ञ था। यह अपने वशिष्ठ काश्यपादि गोत्रज बान्धवोंके साथ होय्सल देशमें जाकर रहने लगा, जिसकी राजधानी छत्रत्रयपुरी थी। पार्श्व पंडितके चन्द्रप, चन्द्रनाथ और वैजय्य नामक तीन पुत्र थे। इनमें चन्द्रनाथ अपने

---

१–किं वीणागुणझङ्कृतैः किमथवा सान्द्रैर्मधुस्यन्दिभि-
र्विभ्राम्यत्सहकारकोरकशिखाकर्णावतंसैरपि।
पर्याप्ता श्रवणोत्सवाय कवितासाम्राज्यलक्ष्मीपते
सत्यं नस्तव हस्तिमल्लसुभगास्तास्ताः सदासूक्तयः॥ —मै० क०

२–कनड़ी आदिपुराणकी पुष्पिकामें कविने स्वयं भी उभय-भाषाचक्रवर्ती लिखा है—"इत्युभयभाषाकविचक्रवर्तिहस्तिमल्लविरचितपूर्वपुराणमहाकथायां दशमपर्वम्।"

३–परवादिहस्तिनां सिंहो हस्तिमल्लस्तदुद्भवः।
गृहाश्रमी बभूवार्हच्छास्त्रादिप्रभावकः॥ १३॥

४–के० भुजबलि शास्त्रीका यह अनुमान है कि छत्रत्रयपुरी शायद द्वारसमुद्र (हलेबीडु) हो। यह होय्सल राजाओंकी राजधानी रही है।

परिवारके साथ हेमाचल ( होन्नूर ) मे जा बसे और दो भाई अन्य स्थानोंको चले गये। चन्द्रपके पुत्र विजयेन्द्र हुए और विजयेन्द्रके ब्रह्मसूरि, जिनके बनाये हुए त्रिवर्णाचार और प्रतिष्ठा-तिलक ग्रन्थ उपलब्ध हैं।

कविके जो पाँच भाई थे, उनसे हम प्रायः अपरिचित हैं। सत्यवाक्यको हस्तिमल्लने 'श्रीमती-कल्याण' आदि कृतियोंका कर्त्ता बतलाया है,[1] परन्तु उनका न तो यह ग्रन्थ ही अभीतक प्राप्त हुआ है और न अन्य कोई ग्रन्थ। नामसे ऐसा मालूम होता है कि श्रीमती-कल्याण भी नाटक ही होगा।

श्रीकुमार कविका 'आत्म-प्रबोध' नामका एक ग्रन्थ प्रकाशित हो चुका है. परन्तु वे हस्तिमल्लके ही बड़े भाई हैं या कोई और, इसका निर्णय नहीं हो सका।

गणरत्नमहोदधिके[2] कर्त्ता भी वर्द्धमान नामके हैं, पर वे हस्तिमल्लके भाई नहीं हो सकते। गणरत्नके कर्त्ता श्वेताम्बर सम्प्रदायके हैं और उन्होंने सिद्धराज जयसिंह ( वि० सं० ११५१–१२०० ) की प्रशसामें कोई काव्य बनाया था। दिगम्बर सम्प्रदायपर उन्होंने कटाक्ष भी किये[3] हैं, और वे हस्तिमल्लसे बहुत पहले हुए हैं।

हस्तिमल्लका असली नाम क्या था, इसका पता नहीं। यह नाम तो उन्हें एक मत्त हाथीको वशमें करनेके उपलक्ष्यमें पाण्ड्य राजाके द्वारा प्राप्त हुआ था। उस समय उनका राजसभामें सैकड़ों प्रशंसा-वाक्योंसे सत्कार किया गया था।

इस हस्ति-युद्धका उल्लेख कविने अपने सुभद्राहरण नाटकमें भी किया और

---

१–एवं खल्वसौ श्रीमतीकल्याणप्रभृतीनां कृतीनां कर्त्रा सत्यवाक्येन सूक्तिरसावर्जित-चेतसा जायसा कनीयानप्युपश्लोकित· ।—मै० कल्याण।

२–गणरत्नमहोदधिका रचनाकाल वि० सं० ११९७ है।

३ -अकल्पितप्राणसमासमागमा मलीमसांगा धृतभैक्ष्यवृत्तय· ।
निर्ग्रन्थतां त्वन्यरिपथिनो गता जगत्पते किंत्वजिनावलम्बिनः ॥
—ग० र० म० पृ० १६४

४–श्रीवत्सगोत्रजनभूषणगोपभट्टप्रेमैकधामतनुजो भुवि हस्तियुद्धात्।
नानाकलाम्बुनिधिपाण्ड्यमहेश्वरेण श्लोकैः शतैस्सदसि सत्कृतवान् बभूव ॥
—विक्रान्तकौरव

साथ ही यह भी बतलाया है कि कोई धूर्त जैन मुनिका रूप धारण करके आया था और उसको भी हस्तिमल्लने परास्त कर दिया था[1]।

हस्तिमल्लने पाण्ड्यराजाका अनेक जगह उल्लेख किया है। वे उनके कृपापात्र थे और उनको राजधानीमें अपने विद्वान् आप्तजनोंके साथ आ बसे थे। राजाने अपनी सभामें उन्हें खूब ही सम्मानित किया था। पाण्ड्यमहीश्वर अपने भुज-बलसे कर्नाटक प्रदेशपर शासन करते थे[2]।

कविने पाड्यमहीश्वरका कोई नाम नहीं दिया है। सिर्फ इतना ही मालूम होता है कि वे थे तो पाण्ड्यदेशके राजवंशके, परन्तु कर्नाटकमें आकर राज्य करने लगे थे।

दक्षिण कर्नाटकके कार्कल स्थानपर उन दिनों पाण्ड्यवंशका ही शासन था। यह वंश भैरवपाण्ड्यके नामसे विख्यात था। वह जैनधर्मका अनुयायी था और इसमें अनेक विद्वान् तथा कलाकुशल राजा हुए हैं। 'भव्यानन्द'[3] नामक सुभाषित ग्रन्थके कर्त्ता भी अपनेको 'पाण्ड्यक्ष्मापति' लिखते हैं, कोई विशेष नाम नहीं देते। हमारी समझमें ये हस्तिमल्लके आश्रयदाता राजाके ही वंशके अनन्तवर्ती कोई जैन राजा थे और इन्होंने ही शायद श० सं० १३५३ (वि०

१–सम्यक्त्व सुपरीक्षित मदगजे मुक्ते सरण्यापुरे
चास्मिन्पाण्ड्यमहेश्वरेण कपटाद्धन्तु स्वमभ्यागते (त)।
शैलूषं जिनमुद्रधारिणमपास्यासौ मदध्वंसिना
श्लोकेनापि मदेभमल्ल इति य प्रख्यातवान्सूरिभि.॥ —सुभद्रा
सम्यक्त्वस्य परीक्षार्थं मुक्त मत्तमतंगजम्।
य. सरण्यापुरे जित्वा हस्तिमल्लेति कीर्तितः॥

२–श्रीमत्पाण्ड्यमहीश्वरे निजभुजादण्डावलम्बीकृतं
कर्नाटावनिमण्डलं पदनतानेकावनीशेऽवति।
तत्प्रीत्यानुसरन्स्वबन्धुनिवहैर्विद्वद्भिराप्तैस्समं
जैनागारसमेतसन्ततगमे (?) श्रीहस्तिमल्लोऽवसत्॥ —अजना प०

३–भव्यानन्द शास्त्रकी एक प्रति 'ऐ० पन्नालाल सरस्वतीभवन' में है। यह आत्मानुशासन और भर्तृहरिशतकके ढगकी रचना है। इसमें नागचन्द्रका स्मरण किया गया है और इसके आधारपर पं० के० भुजबलिशास्त्रीने शक सं० १३५० के लगभग उसका निर्माण-काल निश्चित किया है।

सं० १४८८ ) में कार्कलकी विशाल बाहुबलि प्रतिमाकी प्रतिष्ठा कराई थी[1]।

पाण्ड्य महीश्वरकी राजधानी मालूम नहीं कहाँ थी। अंजनापवनंजयके 'श्रीमत्पाण्ड्यमहेश्वरे' आदि पद्यसे तो ऐसा मालूम होता है कि संतरनम या संततगम नामक स्थानमें हस्तिमल्ल अपने कुटुम्बके सहित जा बसे थे, इस लिए वही उनकी राजधानी होगी, यद्यपि यह पता नहीं कि वह स्थान कहाँपर था।

हाथीका मद उतारनेकी घटना 'सरण्यापुर' नामक स्थानमें घटित हुई थी और वहाँकी राजसभामें ही उन्हें सत्कृत किया था। इस स्थानका भी कोई पता नहीं। या तो यह संततगमका ही दूसरा नाम होगा या फिर किसी कारणसे पाण्ड्य राजा हस्तिमल्लके साथ कहीं गये होंगे और वहाँ यह घटना घटी होगी।

ब्रह्मसूरिने गोविन्द भट्टका निवासस्थान गुडिपत्तन बतलाया है और पं० के० भुजबलि शास्त्रीके अनुसार यह स्थान तंजौरका दीपगुंडि नामका स्थान है, जो पाण्ड्यदेशमें है। कर्नाटकका राज्य प्राप्त होने पर या तो वे स्वयं ही या उनका कोई वंशज कर्नाटकमें आकर रहने लगा होगा और उसीकी प्रीतिसे हस्तिमल्ल कर्नाटककी राजधानीमें आ बसे होंगे।

ब्रह्मसूरिके बतलाये हुए गुडिपत्तनका ही उल्लेख हस्तिमल्लने विक्रान्त कौरवकी प्रशस्तिमें द्वीपंगुडि नामसे किया है। उसमें भी वहाँके वृषभ जिनके मन्दिरका उल्लेख है जिनके पादपीठ या सिंहासनपर पाण्ड्य राजाके मुकुटकी प्रभा पड़ती थी[2]। वृषभजिनके उक्त मन्दिरको 'कुश-लवरचित' अर्थात् रामचन्द्रके पुत्र कुश और लवके द्वारा निर्मित बतलाया है।

अय्यपार्य नामक विद्वानने अपने जिनेन्द्रकल्याणाभ्युदय नामक प्रतिष्ठापाठमें लिखा है कि मैंने यह ग्रन्थ वसुनन्दि, इन्द्रनन्दि, आशाधर और हस्तिमल्ल

---

१–देखो, प्रशस्तिसंग्रह, आरा पृ० १९

२–श्रीमद्दीपगुडीश कुश-लवरचितस्थानपूज्यो वृषेशः
स्याद्वादन्यायचक्रेश्वरगजवशकृद्धस्तिमल्लाश्रयेन।
गद्यैः पद्यैः प्रबन्धैर्नवरसभरितैराश्रुतोऽय जिनेशः
पायान्नः पादपीठस्थलविकटलसत्पाण्ड्यमौलिप्रभौघः ॥ १४ ॥

३–यथाशाधरहस्तिमल्लकथितो यद्वैकसन्धीरितः
तेभ्यस्स्वाहृतसारआर्यरचितः स्याज्जैनपूजाक्रमः ॥ १९ ॥

आदिकी रचनाओंका सार लेकर लिखा है[1] और उक्त ग्रन्थ श० सं० १२४१ (वि० सं० १३९६ )में समाप्त हुआ था । अतएव हस्तिमल्ल १३९६ से पहले हो चुके थे ।

ब्रह्मसूरिने अपनी जो वंशपरम्परा दी है, उसके अनुसार हस्तिमल्ल उनके पितामहके पितामह थे । यदि एक एक पीढ़ीके पचीस पचीस वर्ष गिन लिये जायँ, तो हस्तिमल्ल उनसे लगभग सौ वर्ष पहलेके हैं । पं० जुगलकिशोरजी मुख्तार ब्रह्मसूरिको विक्रमकी पन्द्रहवीं शताब्दिका विद्वान् मानते हैं, अतएव हस्तिमल्लको विक्रमकी चौदहवीं शताब्दिका मानना चाहिए ।

कर्नाटक-कवि-चरितके कर्ता आर० नरसिंहाचार्यने हस्तिमल्लका समय ई० सन् १२९० अर्थात् वि० सं० १३४७ निश्चित किया है, और यह ठीक मालूम होता है ।

हस्तिमल्लके अभी तक चार नाटक प्राप्त हुए हैं—विक्रान्त-कौरव, २ मैथिली-कल्याण, ३ अंजनापवनंजय और ४ सुभद्रा । ये चारों नाटक माणिकचन्द-जैन-ग्रन्थमालामें प्रकाशित हो चुके हैं ।

इनके सिवाय १ उदयनराज, २ भरतराज, ३ अर्जुनराज, और ४ मेघेश्वर इन चार नाटकोंका उल्लेख और मिलता है[2] । इनमेंसे अर्जुनराज सुभद्रा नाटिकाका ही दूसरा नाम मालूम होता है । शेष तीन नाटक दक्षिणके भण्डारोंमें खोज करनेसे मिल सकेंगे ।

'प्रतिष्ठा-तिलक' नामका एक और ग्रन्थ आराके जैनसिद्धान्तभवनमें है ।

---

१–शाकाब्देविधुवेदनेत्रहिमगे (?) सिद्धार्थसंवत्सरे
माघे मासि विशुद्धपक्षदशमीपुष्यार्कवारेऽहनि ।
ग्रन्थो रुद्रकुमारराज्यविषये जैनेन्द्रकल्याणभाक्
सम्पूर्णोऽभवदेकशैलनगरे श्रीपालबन्धूर्जित ॥—कारंजाकी प्रति

२–मि० आफ्रेक्टके 'केटेलागस केटलॉगोरम' ( सन् १८९१ लिपजिग )में इन सब नाटकोंका उल्लेख आपर्ट साहबकी 'लिस्ट आफ संस्कृत मेनु० इन सदर्न इंडिया' ( जिल्द १–२ सन् १८८०-८५ )के आधारसे किया गया है । यह लिस्ट दक्षिण भारतकी प्रायवेट लायब्रेरियोंको देखकर तैयार की गई थी और इस लिए आपर्ट साहबने उस समय गृहपुस्तकालयोंमें इन ग्रन्थोंको स्वयं देखा होगा ।

यद्यपि इस ग्रन्थमें कहीं हस्तिमल्लका नाम नहीं है परन्तु अय्यपार्यने अपने जिनेन्द्रकल्याणभ्युदयमें जिन जिनके प्रतिष्ठापाठोंका सार लेकर अपना ग्रन्थ रचनेका उल्लेख किया है, उनमें हस्तिमल्ल भी हैं। अतएव निश्चयसे हस्तिमल्लका एक प्रतिष्ठापाठ है और वह यही है।

आदिपुराण (पुरुचरित) और श्रीपुराण नामके दो ग्रन्थ कनडी भाषामें भी हस्तिमल्लके बनाये हुए उपलब्ध हैं। संस्कृतके समान कनडी भाषापर भी उनका अधिकार था और शायद इसी कारण वे उभयभाषाचक्रवर्ती कहलाते थे। यदि उनका जन्मस्थान दीपंगुडि है, जैसा कि ब्रह्मसूरिने लिखा है तो उनकी मातृ-भाषा तामिल होगी और ऐसी दशामें कनडीपर भी उन्होंने संस्कृतके समान प्रयत्नपूर्वक अधिकार प्राप्त किया होगा।

---

१-इस ग्रन्थके शुरूके ४१ पत्र साँगलीके श्री गुडप्पा तवनापा आरवाडेके पास हैं और उन्हें देखकर डा० उपाध्येने अभी हाल ही 'हस्तिमल्ल एण्ड हिज आदिपुराण' नामक अंग्रेजी लेख लिखा है। यह ग्रन्थ गद्यमें है और इसके प्रत्येक पर्वमें जो मंगलाचरण है वह जिनसेनके आदिपुराणका है।

२-मूडबिद्री और वरांगके जैनमठोंमें इस ग्रन्थकी हस्तलिखित प्रतियाँ सुरक्षित हैं।

श्रीपुराणसमाम्नातमाम्नातं हस्तिमल्लिना।
तरण्डं सर्वशास्त्राब्धेरखण्डं धारयत्यमुम्॥

# श्रुतसागर

ये मूल संघ, सरस्वती गच्छ, बलात्कार गणमें हुए हैं और इनके गुरुका नाम विद्यानन्दि था। इन्होंने अपनेको ब्रह्म श्रुतसागर या देशयती श्रुतसागर लिखा है। विद्यानन्दि देवेन्द्रकीर्तिके और देवेन्द्रकीर्ति पद्मनन्दिके शिष्य और उत्तराधिकारी थे। विद्यानन्दिके बाद मल्लिभूषण और उनके बाद लक्ष्मीचन्द्र भट्टारक हुए। श्रुतसागरने लक्ष्मीचन्द्रको गुर्जर देशके सिंहासनका भट्टारक लिखा है। श्रुतसागर शायद गद्दीपर बैठे ही नहीं, फिर भी वे भारी विद्वान् थे। मल्लिभूषणको उन्होंने अपना गुरुभाई लिखा है।

विद्यानन्दिका भट्टारकपट्ट गुजरातमें ही, संभवतः ईडरमें, था।

श्रुतसागरके भी अनेक शिष्योंमें एक शिष्य श्रीचन्द्र थे जिनकी बनाई हुई वैराग्यमणिमाला उपलब्ध है। आराधनाकथाकोश, नेमिपुराण आदि ग्रन्थोंके कर्त्ता ब्रह्म नेमिदत्तने भी जो मल्लिभूषणके शिष्य थे—श्रुतसागरको गुरुभावसे स्मरण किया है और मल्लिभूषणकी वही गुरुपरम्परा दी है जो श्रुतसागरके ग्रन्थोंमें मिलती है। उन्होंने सिंहनन्दिका भी उल्लेख किया है जो मालवाकी गद्दीके भट्टारक थे और जिनकी प्रार्थनासे श्रुतसागरने यशस्तिलककी टीका लिखी थी।

श्रुतसागरने अपनेको कलिकालसर्वज्ञ, कलिकालगौतम, उभयभाषाकविचक्रवर्ती, व्याकरणकमलमार्तण्ड, तार्किकशिरोमणि, परमागमप्रवीण, नवनवतिमहामहावादिविजेता, आदि विशेषणोंसे अलंकृत किया है।

ये कट्टर तो थे ही, असहिष्णु भी बहुत थे। अन्य मतोंका खण्डन और विरोध तो औरोंने भी किया है, परन्तु इन्होंने तो खण्डनके साथ बुरी तरह गालियाँ भी दी हैं। सबसे ज्यादा आक्रमण इन्होंने मूर्तिपूजा न करनेवाले लोंकागच्छ (ढूँढियों) पर किया है। जरूरत गैरजरूरत जहाँ भी इनकी इच्छा हुई है,

ये उनपर टूट पड़े हैं। इसके लिए इन्होंने प्रसंगकी भी परवा नहीं की। उदाहरणके तौरपर उनकी षट्पाहुड-टीकाको ले लीजिए। षट्पाहुडोंमें इस तरहके प्रसंग प्रायः हैं ही नहीं कि उनकी टीकामें दूसरोंपर आक्रमण किये जा सकें, फिर भी किये गये हैं।

१—दर्शन-पाहुडकी मंगलाचरणके बादकी पहली ही गाथा है—

> दंसणमूलो धम्मो उवइट्ठो जिणवरेहिं सिस्साणं।
> तं सोऊण सकण्णे दंसणहीणो ण वंदिव्वो ॥

इसका सीधा अर्थ यह है कि जिनदेवने शिष्योंको उपदेश दिया है कि धर्म दर्शनमूलक है, इसलिए जो सम्यग्दर्शनसे रहित है उसकी वंदना नहीं करनी चाहिए। अर्थात् चरित्र तभी वन्दनीय है जब सम्यग्दर्शनसे युक्त हो।

इस सर्वथा निरुपद्रव गाथाकी टीकामें कलिकालसर्वज्ञ कहते हैं, दर्शनहीन कौन हैं? जो तीर्थंकर-प्रतिमा नहीं मानते, उसे पुष्पादिसे नहीं पूजते। जो कहते हैं व्रतोंकी क्या जरूरत है, आत्माका ही पोषण करना चाहिए, उसे दुख न देना चाहिए। मयूरकी पिच्छि सुन्दर नहीं होती, सूतकी सुन्दर होती है। शासनदेवोंको न पूजना चाहिए, आत्मा ही देव है, दूसरा कोई नहीं। वीर भगवानके बाद तीन नहीं आठ केवली हुए हैं, महापुराणादि विकथा हैं, इत्यादि। परन्तु ऐसा कहनेवाले मिथ्यादृष्टि चार्वाक नास्तिक हैं। जब ये जिनसूत्रका उल्लंघन करें तब आस्तिकोंको चाहिए कि युक्तियुक्त वचनोंसे इनका निषेध करें। फिर भी यदि ये कदाग्रह न छोड़ें तो समर्थ (!) आस्तिक इनके मुँहपर विष्ठासे लिपटे हुए जूते मारें, इसमें जरा भी पाप नहीं।

१—कोऽसौ दर्शनहीन इति चेत् तीर्थंकरपरमदेवप्रतिमां न मानयन्ति, न पुष्पादिना पूजयन्ति। मिथ्यादृष्टयः किल वदन्ति व्रतैः किं प्रयोजनं, आत्मैव पोषणीयः, तस्य दुःखं न दातव्यं। मयूरपिच्छं किल रुचिरं न भवन्ति, सूत्रपिच्छं रुचिरं। शासनदेवता न पूजनीया आत्मैव देवो वर्तते, अपरः कोपि देवो नास्ति। वीरादनन्तरं किल केवलिनोऽष्ट जाता न तु त्रयः, महापुराणादिकं किल विकथा, इत्यादि ये उत्सूत्रं मन्यते ते मिथ्यादृष्टयः चार्वाका नास्तिकास्ते। यदि जिनसूत्रमुल्लंघंते तदाऽऽस्तिकैर्युक्तिवचनेन निषेधनीयाः। तथापि यदि कदाग्रहं न मुञ्चन्ति तदा समर्थैरास्तिकैरुपानद्भिः गूथलिप्ताभिर्मुखे ताडनीयाः तत्र पापं नास्ति।

इसके आगे चौथी गाथाकी टीकामें भी कहा है कि जिन-वचनोंको माननेरूप आराधनासे रहित पापी लोंका पन्थके अनुयायी नरकादि दुर्गतियोंमें भ्रमण करते रहते हैं और कदापि मोक्ष नहीं पाते।[1] इसी तरह छट्ठी गाथाकी टीकामें भी उन्हें नरकगामी बतलाया है।[2]

टीका-ग्रन्थ ही श्रुतसागरजीने अधिक रचे हैं, परन्तु उन टीकाओंमें मूल-ग्रंथकर्ताके अभिप्रायोंकी अपेक्षा उन्होंने अपने अभिप्रायोंको ही प्रधानता दी है। दर्शनपाहुडकी २४ वीं गाथाकी टीकामें उन्होंने जो अपवादवेषकी व्याख्या की है, वह यही बतलाती है। वे कहते हैं कि दिगम्बर मुनि चर्याके समय चटाई आदिसे अपने नग्नत्वको ढँक लेता है।[3] परन्तु यह उनका खुदका ही अभिप्राय है, मूलका नहीं। इसी तरह तत्त्वार्थ-टीकामें (संयमश्रुतप्रतिसेवनादि सूत्रकी टीकामें) जो द्रव्यलिंगी मुनिको कम्बलादि ग्रहणका विधान किया है, वह भी उन्हींका अभिप्राय है, मूल-ग्रन्थकर्ताका नहीं।

भावप्राभृतकी १४१ वीं गाथामें कहा है, कि जीवसे रहित अचल शव होता है और सम्यग्दर्शनसे रहित सचल शव। अचल शव लोकमें अपूज्य होता है और लोकोत्तरमें सचल शव। इसका अर्थ करके टीकाकार भावप्राभृतका गोप्यतत्त्व बतलाते हुए कहते हैं—लौंका (ढूंढ़िए) पापी मिथ्यादृष्टि हैं, क्योंकि वे जिनस्नपन-पूजन नहीं करते। उनसे सम्भाषण न करना चाहिए, उससे महापाप उत्पन्न होता है[4]।

इसी प्राभृतकी १३५ वीं गाथामें कहा है कि क्रियावादियोंके १८०, अक्रिया-वादियोंके ८४, अज्ञानियोंके ६७ और वैनयिकोंके ३२ भेद हैं—सब मिलाकर ३६३। इसमें अक्रियावादियोंकी टीका करते हुए लिखा है—इन्द्र-चन्द्र-नागेन्द्र

---

१—'आराहणादिविरहिया' जिनवचनमाननलक्षणामाराधनामकुर्वाणा लौंकाः पातकिनः तत्रैव तत्रैव नरकादिष्वेव दुर्गतिषु भ्राम्यन्ति न कदाचिदपि मोक्षं लभन्ते इत्यर्थः।

२—मूलसंघे परमदिगम्बरा मोक्षं प्राप्नुवन्ति लौंकास्तु नरकादौ पतन्ति।

३—देखो, आगे वनवासी चैत्यवासी सम्प्रदायके टिप्पण।

४—इति भावप्राभृतस्य गोप्यतत्त्वं यत्सद्दृष्टिना जीवेन भवितव्यमिति। लौंकास्तु पापिष्ठा-मिथ्यादृष्टयो जिनस्नपनपूजनप्रतिबन्धकत्वात् तेषां संभाषणं न कर्तव्यम्। तत्सम्भाषणे महापापमुत्पद्यते।

गच्छमें उत्पन्न हुए, चावलोंका धोवन, क्वाथ आदि ग्रहण करनेवाले, प्रायः कपटी और मायाबहुल श्वेतपट ( श्वेताम्बर ) मिथ्यादृष्टि हैं[1]।

बोधप्राभृतकी १७ वीं गाथाकी टीकामें बिना प्रसंगके ही अपने भक्तोंको अपनी पूजा करानेके लिए बड़ा जोरदार उपदेश दिया है—तुम सब पूजा करो, अष्टविधार्चन करो, तथा विनय, हाथ जोड़ना, पैरोंमें पड़ना, सन्मुख जाकर लिवा लाना, वात्सल्य, भोजन, पान, पादमर्दन ( पगचंपी ), शुद्धतेलादिसे मालिश, प्रक्षालन आदि सब काम तीर्थंकर नामकर्मके उपार्जनमें हेतुभूत हैं, तुम उन्हें करो[2]।

## ग्रन्थ-रचना

श्रुतसागरने अनेक ग्रन्थोंकी रचना की है, जिनमेंसे कुछ ये हैं—

( १ ) **यशस्तिलकचन्द्रिका**—यह अधूरी है। इसमें पाँचवें आश्वासके थोड़ेसे अंशकी और छठे आश्वासकी टीका नहीं है। जान पड़ता है, यही उनकी अन्तिम रचना है।

( २ ) **तत्त्वार्थवृत्ति**—तत्त्वार्थकी विस्तृत टीका है और भारतीय ज्ञानपीठके द्वारा प्रकाशित हो चुकी है।

( ३ ) **औदार्यचिन्तामणि**—स्वोपज्ञवृत्तिसहित प्राकृतका व्याकरण।

( ४ ) **तत्त्वत्रयप्रकाशिका**—ज्ञानार्णव या योगप्रदीपके अन्तर्गत जो गद्य भाग है, यह उसकी टीका है।

( ५ ) **जिनसहस्रनाम-टीका**—आशाधरके सहस्रनामकी विस्तृत टीका। यह भी प्रकाशित हो चुकी है।

(६) **महाभिषेक-टीका**—आशाधरके नित्य महोद्योत नामक ग्रन्थकी टीका।

( ७ ) **षट्प्राभृतटीका**—इसकी चर्चा ऊपर की जा चुकी है। इनके सिवाय ( ८ ) व्रतकथाकोश, ( ९ ) श्रीपालचरित ( १० ) यशोधरचरित, ( १२ ) सिद्धभक्तिटीका, ( ११ ) सिद्धचक्राष्टकटीका आदि और भी अनेक ग्रन्थ यत्र तत्र पाये जाते हैं। इनके कुछ गुजराती ग्रन्थ भी बम्बईके सरस्वती-भवनमें हैं।

१–इन्द्रचन्द्रनागेन्द्रगच्छोत्पन्नानां तन्दुलोदकक्वाथोदकादिसामाचारीसमाश्रयिणां श्वेतपटानां प्रायः कपटानां मायाबहुलानां।

२–सर्वां पूजां अष्टविधमर्चनं च कुरुत यूयमिति। तथा विनय हस्तयोटन पादपतन सम्मुखगमन च कुरुत, वात्सल्य भोजन पान पादमर्दन शुद्धतैलादिनाभ्यंगाभ्यंजनं तत्प्रक्षालनं चेत्यादिकर्म सर्वं तीर्थंकरनामकर्मोपार्जनहेतुभूतं वैयावृत्य कुरुत यूयम्।

## समय-विचार

इन्होंने अपने किसी भी ग्रन्थमें रचनाका समय नहीं दिया है परन्तु यह प्रायः निश्चित है कि ये विक्रमकी १६ वीं शताब्दीमें हुए हैं। क्योंकि

१—महाभिषेकटीकाकी जिस प्रतिकी प्रशस्ति आगे दी गई है वह वि० सं० १५८२ की लिखी हुई है और वह भट्टारक मल्लिभूषणके उत्तराधिकारी लक्ष्मीचन्द्रके शिष्य ब्रह्मचारी ज्ञानसागरके पढ़नेके लिए दान की गई है और इन लक्ष्मीचन्द्रका उल्लेख श्रुतसागरने स्वयं अपने टीका-ग्रन्थोंमें कई जगह किया है।

२—ब्र० नेमिदत्तने श्रीपालचरित्रकी रचना वि० सं० १५८५ में की थी और वे मल्लिभूषणके शिष्य थे। आराधना-कथाकोशकी प्रशस्तिमें उन्होंने मल्लिभूषणका गुरु रूपमें[1] उल्लेख किया है और साथ ही श्रुतसागरका भी जयकार किया है, अर्थात् कथाकोशकी रचनाके समय श्रुतसागर मौजूद थे।

३—स्व० बाबा दुलीचन्दजीकी सं० १९५४ में लिखी गई ग्रन्थ-सूचीमें श्रुतसागरका समय वि० सं० १५५० लिखा हुआ है।

४—जैन धातु-प्रतिमा-लेख-संग्रह ( नं० २८६ और ६८० ) में सं० १५३५ और १५२६ में भट्टारक विद्यानन्दि गुरुके उपदेशसे प्रतिष्ठा की हुई दो प्रतिमाओंके लेख हैं और ये विद्यानन्दि ही श्रुतसागरके गुरु हैं।

५—पल्यविधानकथाकी प्रशस्तिसे मालूम होता है कि ईडरके राजा राव भाणजीके मन्त्री भोजराजकी पुत्री पुतलीके साथ श्रुतसागरने गजपंथ और तुंगीगिरिकी बड़े संघके सहित यात्रा की थी और तभी यह कथा लिखी गई। राव भाणजीने संवत् १५०२ से १५२२ तक राज्य किया है।

## ग्रन्थ-प्रशस्तियाँ

### (१)

श्रीविद्यानन्दिगुरुर्बुद्धिगुरोः पादपंकजभ्रमरः।
श्रीश्रुतसागर इति देशव्रती तिलकष्टीकतेस्मेदम् ॥

इति ब्रह्मश्रीश्रुतसागरकृता महाभिषेकटीका समाप्ता।

---

१–श्रीभट्टारकमल्लिभूषणगुरुर्भूयात्सतां शर्मणे ॥ ६९
२–जीयान्मे सूरिवर्यो व्रतनिचयलसत्पुण्यपण्यः श्रुताब्धिः ॥ ७
३–जैन ग्रन्थ प्रशस्तिसंग्रह, प्र० भा० पृ० २१९

संवत् १५८२ वर्षे चैत्रमासे शुक्लपक्षे पंचम्यां तिथौ रवौ श्रीआदिजिनचैत्यालये श्रीमूलसंघे सरस्वतीगच्छे बलात्कारगणे श्रीकुन्दकुन्दाचार्यान्वये भट्टारकश्रीपद्मनन्दि-देवास्तत्पट्टे भट्टारकश्रीदेवेन्द्रकीर्तिदेवास्तत्पट्टे भट्टारकश्रीविद्यानन्दिदेवास्तत्पट्टे भट्टारकश्रीमल्लिभूषणदेवास्तत्पट्टे भट्टारकश्रीलक्ष्मीचन्द्रदेवास्तेषां शिष्यवरब्रह्मश्रीज्ञान-सागरपठनार्थं आर्याश्रीविमलश्री-चेली भट्टारकश्रीलक्ष्मीचन्द्रदीक्षिता विनश्रिया स्वयं लिखित्वा प्रदत्तं महाभिषेकभाष्यं । शुभं भवतु । कल्याणं भूयात् । श्रीरस्तु ।

—आशाधरकृतमहाभिषेककी टीका[1]

(२)

इति श्रीपद्मनन्दि-देवेन्द्रकीर्ति-विद्यानन्दि-मल्लिभूषणाम्नायेन भट्टारकश्रीमल्लिभूषण-गुरुपरमाभीष्टगुरुभ्रात्रा गुर्जरदेशसिंहासनभट्टारकश्रीलक्ष्मीचन्द्रकाभिमतेन मालवदेश-भट्टारकश्रीसिंहनन्दिप्रार्थनया यतिश्रीसिद्धान्तसागरव्याख्याकृतिनिमित्तं नवनवतिमहा महावादिस्याद्वादलब्धविजयेन तर्क-व्याकरण-छन्दोलंकार-सिद्धान्तसाहित्यादिशास्त्रनि-पुणमतिना प्राकृतव्याकरणाद्यनेकशास्त्रचंचुना सूरिश्रीश्रुतसागरेण विरचितायां यश-स्तिलकचन्द्रिकाभिधानायां यशोधरमहाराजचरितचम्पुमहाकाव्यटीकायां यशोधरमहा-राजराजलक्ष्मीविनोद-वर्णनं नाम तृतीयाश्वासचन्द्रिका परिसमाप्ता ।—यशस्तिलकटीका

(३)

श्रीपद्मनन्दिपरमात्मपरः पवित्रो देवेन्द्रकीर्तिरथ साधुजनाभिवन्द्यः ।
विद्यादिनन्दिवरसूरिनल्पबोधः श्रीमल्लिभूषण इतो स्तु च मंगलं मे ।

अदः पट्टे भट्टादिकमतघटाघट्टनपटुः
घटद्धर्मध्यानः स्फुटपरमभट्टारकपदः ।
प्रभापुंजः संयद्विजितवरवीरस्मरनरः
सुधीलक्ष्मीचन्द्रश्चरणचतुरोऽसौ विजयते ॥ ३

आलंबनं सुविदुषां हृदयाम्बुजानां आनन्दनं मुनिजनस्य विमुक्तिहेतोः ।
सट्टीकनं विविधशास्त्रविचारचारुचेतश्चमत्कृतिकृतं श्रुतसागरेण ॥ ४

1—स्व० सेठ माणिकचन्दजी जौहरीके भंडारकी प्रति ।

श्रुतसागरकृतिवरवचनामृतपानमत्र यैर्विहितं ।
जन्मजरामरणहरं निरन्तरं तैः शिवं लब्धं ॥ ५
अस्ति स्वस्तिसमस्तसंघतिलकं श्रीमूलसंघोऽनघं,
वृत्तं यत्र मुमुक्षुवर्गशिवदं संसेवितं साधुभिः ।
विद्यानन्दिगुरुस्त्विहास्ति गुणवद्गच्छे गिरः साम्प्रतं
तच्छिष्यः श्रुतसागरेण रचिता टीका चिरं नन्दतु ॥ ६

इति सूरिश्रीश्रुतसागरविरचितायां जिननामसहस्रटीकायामन्तकृच्छतविवरणो नाम दशमोध्यायः ॥ १० ॥ श्रीविद्यानन्दिगुरुभ्यो नमः । —जिनसहस्रनामटीका

( ४ )

आचार्यैरिह शुद्धतरत्नमतिभिः श्रीसिंहनन्द्याह्वयैः
सम्प्रार्थ्य श्रुतसागराकितवरं भाष्यं शुभं कारितं ।
गद्यानां गुणवत्प्रियं विनयतो ज्ञानार्णवस्यान्तरे
विद्यानन्दिगुरुप्रसादजनितं देयादमेयं सुखम् ॥

इति श्रीज्ञानार्णवस्थितगद्यटीका तत्त्वत्रयप्रकाशिका समाप्ता । —तत्त्वत्रयप्रकाशिका

( ५ )

इत्युभयभाषाकविचक्रवर्तिव्याकरणकमलमार्तण्डतार्किकशिरोमणिपरमागम-प्रवीण-सूरिश्रीदेवेन्द्रकीर्तिप्रशिष्य-मुमुक्षुविद्यानन्दिभट्टारकान्तेवासि श्रीमूलसंघ-परमात्मविदुष (?) सूरि-श्रीश्रुतसागरविरचिते औदार्यचिन्तामणिनाम्नि स्वोपज्ञवृत्तिनि प्राकृत-व्याकरणे संयुक्ताव्ययो निरूपणो नाम द्वितीयोध्यायः । —औदार्यचिन्तामणि

( ६ )

श्रीवर्द्धमानमकलंकमनन्तभद्रश्रीपूज्यपादसदुमापतिपूज्यपादं ।
विद्यादिनन्दिगुणरत्नमुनीन्द्रसेव्यं भक्त्या नमामि परतः श्रुतसागराप्त्यै ॥

इत्यनवद्यगद्यपद्यविद्याविनोदनोदितप्रमोदपीयूषरसपानपावनमतिसमाजरत्नराजमतिसागरमतिराजराजितार्थनसमर्थेन तर्क-व्याकरण-छन्दोऽलंकार-साहित्यादिशास्त्रनिचितमतिना यतिना श्रीमद्देवेन्द्रकीर्तिभट्टारकप्रशिष्येण शिष्येण च सकलविद्वज्जनविहितचरणसेवस्य विद्यानन्दिदेवस्य संछर्दितमिथ्यामतदुर्गरेण श्रुतसागरेण सूरिणा विरचितायां श्लोकवार्तिक-सर्वार्थसिद्धि-न्यायकुमुदचन्द्रोदय-प्रमेयकमलमार्तण्ड-राजवार्तिकप्रचण्डाष्टसहस्रीप्रभृतिग्रन्थसन्दर्भनिर्भरावलोकन-बुद्धिविराजितायां तत्त्वार्थटीकायां दशमोऽध्यायः । —तत्त्वार्थवृत्ति

# जिनचन्द्र, ज्ञानभूषण और शुभचन्द्र

सिद्धान्तसार ७९ गाथाओंका एक छोटा-सा ग्रन्थ है जिसके कर्त्ता जिनचन्द्र हैं—'जिण इंदेण पउत्तं।' इस नामके अनेक विद्वान् हो चुके हैं, उनमेंसे एक धर्मसंग्रह श्रावकाचारके कर्त्ता मेधावीके गुरु और पाण्डवपुराण आदिके कर्त्ता शुभचन्द्रके शिष्य थे। तिलोयपण्णत्तिकी दान-प्रशस्तिमें मेधावीने अपनी गुरु-परम्पराका परिचय देते हुए सरस्वती गच्छके प्रभाचन्द्र-पद्मनन्दि-शुभचन्द्रके शिष्य जिनचन्द्रका उल्लेख किया है जो सैद्धांतिकोंकी सीमा थे[२]। उक्त दान-प्रशस्ति वि० सं० १५१९ में लिखी गई है और उस समय जिनचन्द्र मौजूद थे। परन्तु ये सिद्धान्तसारके कर्त्ता नहीं मालूम होते। क्योंकि इस ग्रन्थकी एक कनडी टीका[३] है जिसके कर्त्ता प्रभाचन्द्र हैं और उनका समय 'कर्नाटक कविचरिते' (द्वि० भा०) में तेरहवीं शताब्दि अनुमान किया है। दूसरे जिनचन्द्र तत्त्वार्थकी सुखबोधिका टीकाके कर्त्ता भास्करनन्दिके गुरु थे जिनका ठीक समय मालूम नहीं है।

१–माणिकचन्द्र ग्रन्थमालाके सिद्धान्तसारादिसंग्रहमें सभाष्य प्रकाशित।

२–'सैद्धान्तिकानां भुवि योऽस्ति सीमा।'

३-तस्यासीत्सुविशुद्धदृष्टिविभवः सिद्धान्तपारंगतः
शिष्यः श्रीजिनचन्द्रनामकलितश्चारित्रभूषान्वितः।
शिष्यो भास्करनन्दिनामविबुधस्तस्याभवत्तत्त्ववित्
तेनाकारिसुखादिबोधविषया तत्त्वार्थवृत्तिः स्फुटम्॥

४–प्रारंभ—टीकामहं वच्मि मदीयभाषया सिद्धान्तसारस्य तथा सुविस्तरम्।
अन्त—प्रभाचन्द्रं स्तुवे नित्यं मोक्षमार्गप्रकाशकम्।
अमेया यद्गुणा लोके प्रयान्ति गणनीयताम्॥
तस्मै भव्यगुणाम्बोधेर्वर्द्धनाय महीयसे।
नष्टं जगत्तमो यस्मात् प्रभेन्दुमुनये नमः।
प्रभाचन्द्रयशस्तोतुं शारदाभ्रविनिर्मलं।
अहीन्द्रो न शक्तोऽभूत् कोऽन्यः स्तोतुं प्रगल्भते॥
—आराके भंडारकी प्रति

पं० शान्तिराज शास्त्रीने वि० सं० १३५३ के लगभग अनुमान किया है। इन्हें भी भास्करनन्दिने ' महा सैद्धान्तः ' कहा है। यदि यह समय ठीक है, तो ये भी सिद्धान्तसारके कर्त्ता नहीं हो सकते।

सिद्धान्तसारकी दूसरी टीका ज्ञानभूषणकृत सिद्धान्तसार-भाष्य है।

इस भाष्यमें यद्यपि भाष्यकारने अपना कोई स्पष्ट परिचय नहीं दिया है और न इसमें कोई प्रशस्ति ही है; परन्तु मंगलाचरणके नीचे लिखे श्लोकसे मालूम होता है कि वह भ० ज्ञानभूषणका है—

श्रीसर्वज्ञं प्रणम्यादौ लक्ष्मीवीरेन्दुसेवितम्।
भाष्यं सिद्धान्तसारस्य वक्ष्ये ज्ञानसुभूषणम्॥

इसमें सर्वज्ञको जो 'ज्ञानसुभूषण' विशेषण दिया गया गया है, वह शायद भाष्य-कर्त्ताका ही नाम है। इसके सिवाय ' लक्ष्मीवीरेन्दुसेवितम् ' पदसे यह भी मालूम होता है कि उस समय लक्ष्मीचन्द्र और वीरचन्द्र नामके कोई भट्टारक थे, जिनके द्वारा सेवित उक्त भाष्य बनाया गया है। ज्ञानभूषणके प्रशिष्य शुभचन्द्रकी स्वामिकार्तिकेयानुपेक्षा-टीकाकी प्रशस्तिके १०-११ वे श्लोकमें भी इन लक्ष्मीचन्द्र और वीरचन्द्रका उल्लेख होनेसे हम निश्चयपूर्वक कह सकते हैं कि भाष्यके मंगलाचरणका ' लक्ष्मीवीरेन्दुसेवितम् ' पद उन्हींको लक्ष्य करके लिखा गया है।

---

१—इति श्रीसिद्धान्तसारभाष्य श्रीरत्नत्रयज्ञापनार्थं सुमतीन्दुना लिखितम्। सूरिवरश्रीरमर-कीर्तिसमुपदेशात् श्रीमूलसंघ-बलात्कारगणाग्रणीश्रीमद्भट्टारकश्रीलक्ष्मीचन्द्रस्तत्पट्टश्योधिचंचचन्द्र-भट्टारकश्रीवीरचन्द्रस्तत्पट्टालंकारभट्टारकश्रीज्ञानभूषण श्रीसिद्धान्तसारभाष्य वल्लभजनवल्लभं मुमुक्षुश्रीसुमतिकीर्तिविरचित शोधितवान्।

टीका सिद्धान्तसारस्य सतां सद्ज्ञानसिद्धये।
ज्ञानभूष इमां चक्रे मूलसंघविदांवरः॥
सिद्धान्तसारभाष्यं च शोधितं ज्ञानभूषण।
रचितं हि सुमत्यादि .

२—तथा साधुसुमत्यादिकीर्तिना कृतप्रार्थना।
सार्थाकृता समर्थेन शुभचन्द्रेण सूरिणा॥ ९
भट्टारकपदाधीशो मूलसंघे विदांवरः।
रमावीरेन्द्रचिद्रूपगुरवो हि गणेशिनः॥ १०
लक्ष्मीचन्द्रगुरुः स्वामी-शिष्यस्तस्य सुधी यशः।
वृत्तिर्विस्तारिता येन श्रीशुभेन्दुप्रसादतः॥ ११

परन्तु कारंजामें जो सिद्धान्तसार-भाष्यकी प्रति है उससे मालूम होता है कि उसके कर्त्ता ज्ञानभूषण नहीं, सुमतिकीर्ति हैं और उसका संशोधन सुमतिकीर्तिके गुरु ज्ञानभूषणने किया है।

इन्हीं सुमतिकीर्तिके बनाये हुए गोम्मटसार-भाष्यकी भी एक प्रति कारंजा-भण्डारमें है और उसका रचनाकाल १६२० दिया हुआ है।

कार्तिकेयानुप्रेक्षा-टीकाकी प्रशस्तिसे ही मालूम होता है कि शुभचन्द्रने इस टीकाको सुमतिकीर्तिकी प्रार्थनापर रचा था और उसका विस्तार लक्ष्मीचन्द्रके शिष्यने किया था।

ज्ञानभूषणके उत्तराधिकारी क्रमशः विजयकीर्ति, शुभचन्द्र और सुमतिकीर्ति थे।

भट्टारक ज्ञानभूषण मूलसघ, सरस्वतीगच्छ और बलात्कारगणके थे। उनकी गुरुपरम्पराका प्रारंभ भ० पद्मनन्दिसे होता है। पद्मनन्दिसे पहलेकी परंपराका ठीक ठीक पता नहीं है। १ पद्मनन्दि—२ सकलकीर्ति—३ भुवनकीर्ति और ४ ज्ञानभूषण, यह ज्ञानभूषणकी गुरुपरम्पराका क्रम है।

ज्ञानभूषणके बाद पाँचवें विजयकीर्ति और फिर उनके शिष्य छठे शुभचन्द्र हुए हैं और इस तरह शुभचन्द्र ज्ञानभूषणके प्रशिष्य हैं। प्रत्येक भट्टारकके अनेकानेक शिष्य होते थे; परन्तु उपर्युक्त शिष्य-क्रममें केवल उन्हींका नाम दिया गया है, जो एकके बाद दूसरेके क्रमसे भट्टारक-पदके या गद्दीके अधिकारी होते गये हैं। उक्त शिष्यक्रम स्वामिकार्तिकेयानुप्रेक्षा-टीका आदि ग्रन्थोंकी प्रशस्तिसे स्पष्ट होता है।

आगे शुभचन्द्रकी शिष्यपरम्पराका क्रम इस प्रकार निश्चित होता है—७-सुमतिकीर्ति-८ गुणकीर्ति-९ वादिभूषण-१० रामकीर्ति-११ यशःकीर्ति और १२ पद्मनन्दि आदि। इनमेंसे वादिभूषण तककी परम्पराका उल्लेख अध्यात्मतरंगिणीकी उस प्रतिके लिखनेवालेकी प्रशस्तिमें मिलता है जो स्वर्गीय दानवीर

---

१—देखो, प्रशस्तिसंग्रह (प्रथम भाग) पृ० ४२-५५

२—" संवत् १६५२ वर्षे ज्येष्ठद्वितीयकृष्णदशम्यां शुक्रे मूलसंघे सरस्वतीगच्छे बलात्कारगणे श्रीकुन्दकुन्दान्वये भ० श्रीपद्मनन्दिदेवास्तत्पट्टे भ० सकलकीर्तिदेवास्तत्पट्टे भ० भुवनकीर्तिदेवास्तत्पट्टे भ० ज्ञानभूषणदेवास्तत्पट्टे भ० विजयकीर्तिदेवास्तत्पट्टे भ० शुभचन्द्रदेवास्तत्पट्टे भ० श्रीसमुतिकीर्तिदेवास्तत्पट्टे भ० श्रीगुणकीर्तिदेवास्तत्पट्टे भ० श्रीवादिभूषणगुरुस्तच्छिष्य प० देवजी पठनार्थम्। "

सेठ माणिकचन्दजीके सरस्वतीभण्डारमें मौजूद है और वादिभूषणके बादके भट्टारकोंका उल्लेख बलात्कारगणकी गुर्वावलीमें है जो भ० नेमिचन्द्रकी बनाई हुई है। शुभचन्द्रकी पट्टावलीसे भी यही क्रम निश्चित होता है[१]।

श्रीज्ञानभूषण सागवाड़े (बागड) की गद्दीके भट्टारक पदपर आसीन थे। नन्दिसंघकी पट्टावलीसे मालूम होता है कि "वे गुजरातके रहनेवाले थे। गुजरातमें उन्होंने सागारधर्म धारण किया, अहीर (आभीर) देशमें ग्यारह प्रतिमायें धारण कीं और वाग्वर या बागड देशमें दुर्धर महाव्रत ग्रहण किये। तौलव देशके यतियोंमें उनकी बड़ी प्रतिष्ठा हुई, तैलंग देशके उत्तम उत्तम पुरुषोंने उनके चरणोंकी वन्दना की, द्रविड़ देशके विद्वानोंने उनका स्तवन किया, महाराष्ट्रमें उन्हें बहुत यश मिला, सौराष्ट्रके धनी श्रावकोंने उनके लिए महामहोत्सव किया, रायदेश (ईडरके आसपासका प्रान्त) के निवासियोंने उनके वचनोंको अतिशय प्रमाण माना, मेदपाट (मेवाड) के मूर्ख लोगोंको उन्होंने प्रतिबोधित किया, मालवेके भव्य जनोंके हृदय-कमलको विकसित किया, मेवातमें उनके अध्यात्मरहस्यपूर्ण व्याख्यानसे विविध विद्वान् श्रावक प्रसन्न हुए, कुरुजांगलके लोगोंका अज्ञान रोग दूर किया, तूरव (?) के षट्दर्शन और तर्कके जाननेवालोंपर विजय प्राप्त किया, वैराट् (जयपुरके आसपास) के लोगोंको उभयमार्ग (सागार-अनगार) दिखलाये, नमियाड़ (निमाड़ ?) में जैनधर्मकी प्रभावना की, टग राट हबीबटी नागर चाल्ें (?) आदि जनपदोंमें प्रतिबोधके निमित्त विहार किया, भैरव राजाने उनकी भक्ति की, इन्द्रराजाने चरण पूजे, राजाधिराज देवराजने चरणोंकी आराधना की, जिनधर्मके आराधक मुदलियार, रामनाथराय, बोम्मरसराय, कलपराय,

---

१ देखो, जैनसिद्धान्तभास्करकी प्रथम किरण, पृ० ४५-४६

२ देखो, जैन सि० भा० की चौथी किरण पृ० ४३-४५

३ नागचन्द्रसूरिने जो तौलवदेशके देवचन्द्रमुनिके शिष्य थे विषापहारस्तोत्र-टीका इन्हीं बागड देशके मण्डलाचार्य ज्ञानभूषणके बारबार कहनेसे बनाई थी—"बागडदेशमण्डलाचार्य-ज्ञानभूषणदेवैर्मुहुरुपरुद्ध ।" इससे भी मालूम होता है कि वे तौलवदेशमें गये थे और वहाँके यतियोंने उनका सम्मान किया था। देखो, जैनहितैषी भाग १२, पृ० ९७-९९ में पं० जुगलकिशोरजीका इतिहास-प्रसङ्ग।

पाण्डुराय आदि राजाओंने पूजा की, और उन्होंने अनेक तीर्थोंकी यात्रा की। व्याकरण-छन्द-अलंकार-साहित्य-तर्क-आगम-अध्यातम-आदि शास्त्ररूपी कमलोंपर विहार करनेके लिए वे राजहंस थे और शुद्ध ध्यानामृत-पानकी उन्हें लालसा थी।" यह प्रशस्ति अतिशयोक्तिपूर्ण अवश्य है फिर भी इससे जान पड़ता है कि ज्ञानभूषण अपने समयके बहुत प्रसिद्ध भट्टारक थे।

भ० ज्ञानभूषणके तत्त्वज्ञानतरंगिणी और सिद्धान्तसार-भाष्य ये दो ग्रन्थ मुद्रित हो चुके हैं। परमार्थोपदेश भी उपलब्ध है। इनके सिवाय नेमिनिर्वाण-काव्यकी पञ्जिका टीका, पचास्तिकाय-टीका, दशलक्षणोद्यापन, आदीश्वर-फाग, भक्तामरोद्यापन और सरस्वतीपूजा इन ग्रन्थोंको भी ज्ञानभूषणका बतलाया जाता है[1]। सभव है कि इनमें अन्य किसी ज्ञानभूषणके ग्रन्थ भी शामिल हों। सिद्धान्तसार-भाष्यकी रचना किस समय हुई, यह तो नहीं मालूम हो सका परन्तु तत्त्वज्ञानतरंगिणीकी प्रशस्तिमें[2] मालूम होता है कि वह विक्रम संवत् १५६० में बनी है।

'जैन[3]-धातु-प्रतिमा-लेख-संग्रह' में प्रकाशित बीसनगर (गुजरात) के शान्तिनाथके श्वेताम्बर-मन्दिरकी एक दिगम्बर प्रतिमाके लेखसे और पैथापुरके श्वे०

---

१ 'गोम्मटसार-टीका' को भी कुछ लोगोने ज्ञानभूषणकृत मान रक्खा है। २६ अगस्त १९१५ के जैनमित्रमें उक्त टीकाकी जो प्रशस्ति प्रकाशित हुई है, उससे मालूम होता है कि उसके कर्त्ता वे नेमिचन्द्र है जिन्होंने ज्ञानभूषणसे दीक्षा ली थी, भट्टारक प्रभाचन्द्रने जिन्हें आचार्यपदपर बिठाया था, दक्षिण देशके सुप्रसिद्ध आचार्य मुनिचन्द्रके पास जिन्होंने सिद्धान्त ग्रन्थ पढे थे, विशालकीर्तिने जिन्हें टीका-रचनामें सहायता दी थी और जो लाला ब्रह्मचारीके आग्रहवश गुजरातसे आकर चित्रकूट (चित्तौर) में जिनदासशाहके बनवाये हुए पार्श्वनाथ-मन्दिरमें रहे थे। यह टीका वीरनिर्वाण सवत् २१७७ में समाप्त हुई। गोम्मटसारके कर्त्ताके मतसे २१७७ में विक्रम सवत् (२१७७–६०५=१५७२+१३५) १७०७ पड़ता है, अतएव उक्त नेमिचन्द्रके गुरु ज्ञानभूषण कोई दूसरे ही ज्ञानभूषण है, जो सिद्धान्तसारभाष्यके कर्त्तासे सौ सवा सौ वर्ष बाद हुए है।

२— यदैव विक्रमातीता शतपञ्चदशाधिका।
षष्टिसवत्सरा जातास्तदेय निर्मिता कृतिः ॥ ५३ ॥

३—देखो श्रीबुद्धिसागरसूरिका 'जैनधातुप्रतिमालेखसग्रह,' प्र. भा. पृ० ८७ १२३

४—" सं० १५५७ वर्षे माघवदि ५ गुरौ श्रीमूलसघे सरस्वतीगच्छे बलात्कारगणे श्री कुन्द-

मन्दिरकी दि० प्रतिमाके लेखसे मालूम होता है कि वि० सं० १५५७ और १५६१ में ज्ञानभूषण भट्टारक-पदपर नहीं थे किन्तु उनके शिष्य विजयकीर्ति थे और वे १५५७ के पहले ही इस पदको छोड़ चुके थे। इसलिए तत्त्वज्ञानतरंगिणीकी रचना उन्होंने उस समय की है जब भट्टारकपदपर विजयकीर्ति थे।

पूर्वोक्त 'जैन-धातु-प्रतिमा-लेखसंग्रह' नामक ग्रन्थमें विक्रम संवत् १५३४-३५ और १५३६ के तीन प्रतिमा-लेख और भी हैं जिनसे मालूम होता है कि उक्त संवतोंमें ज्ञानभूषण भट्टारकपदपर थे। भट्टारक पद छोड़नेके बाद भी वे बहुत समयतक जीवित रहे हैं।

भट्टारक शुभचन्द्र भी बड़े विद्वान् थे। त्रिविधविद्याधर (शब्दागम, युक्त्यागम और परमागमके ज्ञाता) और षट्भाषाकविचक्रवर्ती ये उनकी पदवियाँ थीं। पट्टावलीके अनुसार वे "प्रमाणपरीक्षा, पत्रपरीक्षा, पुष्पपरीक्षा (!) परीक्षामुख, प्रमाणनिर्णय, न्यायमकरंद, न्यायकुमुदचन्द्र, न्यायविनिश्चय, श्लोकवार्तिक, राजवार्तिक, प्रमेयकमलमार्तण्ड, आप्तमीमांसा, अष्टसहस्री, चिन्तामणिमीमांसाविवरण, वाचस्पतितत्त्वकौमुदी आदि कर्कश तर्क-ग्रन्थोंके, जैनेन्द्र, शाकटायन, ऐन्द्र, पाणिनि, कलाप आदि व्याकरण-ग्रन्थोंके, त्रैलोक्यसार, गोम्मटसार, लब्धिसार, क्षपणासार, त्रिलोकप्रज्ञप्ति, सुविज्ञप्ति (?), अध्यात्माष्टसहस्री (?) और छन्दोलंकार, आदि शास्त्र-समुद्रोंके पारगामी थे। उन्होंने अनेक देशोंमें विहार किया था, अनेक विद्यार्थियोंका वे पालन करते थे, उनकी सभामें अनेक विद्वज्जन रहते थे, गौड, कलिंग, कर्णाट, तौलव, पूर्व, गुर्जर, मालव, आदि देशोंके वादियोंको उन्होंने पराजित किया था और अपने तथा अन्य धर्मोंके वे बड़े भारी ज्ञाता थे।" इसमे भी अतिशयोक्ति तो होगी ही।

भ० शुभचन्द्रजीके बनाये हुए अनेक ग्रन्थ है और प्रायः उन सभीकी प्रशस्तियोंमें उन्होंने अपनी गुरुपरम्पराका परिचय दिया है। पाण्डवपुराणकी प्रशस्तिमें उनके नीचे लिखे ग्रन्थोंका उल्लेख है—

---

कुन्दाचार्यान्वये भ० सकलकीर्तिस्तत्पट्टे भ० श्रीज्ञानभूषणस्तत्पट्टे भ० श्रीविजयकीर्तिगुरूपदेशात् हूंबड़ज्ञातीय .. एते श्रीशान्तिनाथं नित्यं प्रणमन्ति।"

१—"सं० १५६१ चैत्रवदि ८ शुक्रे मूलसंघे भ० ज्ञानभूषण भट्टारकश्रीविजयकीर्ति उपदेशात् हुम्बड़ कडुआ श्रीनेमिनाथबिम्बं . ।"

२ देखो नं० ६७२, १५०९ और ५६७ के लेख।

३ देखो, प्रशस्तिसंग्रह प्र० मा०, पृ० ४७-४८

१ चन्द्रप्रभचरित, २ पद्मनाभचरित, ३ जीवंधरचरित, ४ चन्दनाकथा, ५ नन्दीश्वरकथा, ६ आशाधरकृत नित्यमहोद्योतकी टीका, ७ त्रिंशच्चतुर्विंशति-पूजापाठ, ८ सिद्धचक्रमतपूजा, ९ सरस्वतीपूजा, १० चिन्तामणियंत्रपूजा, ११ कर्मदहनविधान, १२ गणधरवलयपूजा, १३ (वादिराजकृत) पार्श्वनाथकाव्यकी पंजिका टीका, १४ पल्यव्रतोद्यापन, १५ चतुस्त्रिंशदाधिकद्वादशशतोद्यापन (१२३४ व्रतोंका उद्यापन), १६ संशयिवदनविदारण (श्वेताम्बरमतखण्डन), १७ अपशब्दखण्डन, १८ तत्त्वनिर्णय, १९ स्वरूपसम्बोधनकी वृत्ति, २० अध्यात्मपद्यटीका, २१ सर्वतोभद्र, २२ चिन्तामणि नामक प्राकृत व्याकरण, २३ अंगपण्णत्ति (प्राकृत), २४ अनेकस्तोत्र, २५ षड्वाद (?) और पाण्डवपुराण।

पाण्डवपुराण वि० संवत् १६०८ में समाप्त हुआ है। अतएव इसके पहलेके रचे हुए ग्रन्थोंके ही नाम इस प्रशस्तिसे मालूम हो सकते हैं। पाण्डवपुराणके बाद भी उन्होंने अनेक ग्रन्थोंकी रचना की है। स्वामिकार्तिकेयानुप्रेक्षा-टीका संवत् १६१३ में बनी है और करकंडुचरित सं० १६११ में बना है। संभव है, इनके सिवाय और भी कुछ ग्रन्थ बादमें बने हों।

———

# वादिचन्द्र

ये मूलसंघके भट्टारक ज्ञानभूषणके प्रशिष्य और प्रभाचन्द्रके शिष्य थे। इनकी गद्दी गुजरातमें ही कहींपर थी। इनके बनाये हुए श्रीपालाख्यान नामके गुजराती ग्रन्थमें इनकी गुरु परम्परा इस प्रकार बतलाई है—विद्यानन्दिके पट्टपर मल्लिभूषण, उनके पदपर लक्ष्मीचन्द्र, फिर वीरचन्द्र, ज्ञानभूषण, प्रभाचन्द्र और उनके पदपर वादिचन्द्र। इनके बनाये हुए नीचे लिखे हुए ग्रन्थ उपलब्ध हैं—

**पार्श्व-पुराण**[1]—यह संस्कृत कथाग्रन्थ १५०० श्लोकप्रमाण है और कार्तिक सुदी ५ वि० सं० १६४० को वाल्मीकि नगरमें इसकी रचना हुई है[2]। वादिचन्द्रने अपने गुरु प्रभाचन्द्रको बौद्ध, काणाद, भाट्ट, मीमांसक, सांख्य, वैशेषिक आदिको जीतनेवाला और अपनेको उनका पट्ट सुशोभित करनेवाला बतलाया है[3]।

**ज्ञानसूर्योदय**—यह एक संस्कृत नाटक है। यह माघसुदी ८ वि० सं० १६४८ को मधूक नगर (महुआ=गुजरात) में समाप्त हुआ थी[4]। इसमे कविने आपको ज्ञानभूषणका शिष्य और प्रभाचन्द्रका शिष्य कहा है।

---

१–इटावेके सरस्वतीभण्डारमेंसे इस ग्रन्थकी प्रशस्ति स्व० गुरुजी पन्नालालजी बाकलीवालने उतारकर भेजी थी।

२–तत्पट्टमण्डनं सूरिर्वादिचन्द्रो व्यरीरचत्। पुराणमेतत्पार्श्वस्य वादिवृन्दशिरोमणि.॥ २
शून्यवेदरसाब्जाके वर्षे पक्षे समुज्ज्वले। कार्तिके मासि पंचम्यां वाल्मीके नगरे मुदा॥३

३–बौद्धो मूढति बौद्ध गर्भितमति· काणादको मूकति
भट्टो भृत्यति भावना प्रतिभटो मीमांसको मन्दति।
सांख्य. शिष्यति सर्वथैव क.. नं रंकति
यस्य ज्ञानकृपाणतो विजयतां सोऽय प्रभाचन्द्रमा॥

४–मूलसंघे समासाद्य ज्ञानभूषं बुधोत्तम·। दुस्तरं हि भवाम्भोधिं सुतरं मन्यते हृदि॥१
तत्पट्टामलभूषणं समभवद्दैगम्बरीये मते चञ्चद्बर्हकर· सभातिचतुर. श्रीमत्प्रभाचन्द्रमा।
तत्पट्टेऽजनि वादिवृन्दतिलक श्रीवादिचन्द्रो यति–
स्तेनायं व्यरचि प्रबोधतरणिर्भव्याब्जसम्बोधनः॥ २॥
वसु-वेद-रसाब्जांके वर्षे माघे सिताष्टमीदिवसे श्रीमन्मधूकनगरे सिद्धोऽयं बोधसरम्भः॥३

कृष्णमिश्र यति परिव्राजकने बुन्देलखण्डके चन्देलराजा कीर्तिवर्माके समयमें 'प्रबोधचन्द्रोदय' नामक नाटककी रचना की थी। कहा जाता है कि वि० सं० ११२२ में उक्त राजाके समक्ष यह नाटक खेला भी गया था। इसके तीसरे अंकमें क्षपणक (जैन मुनि) नामक पात्रको बहुत ही निन्दित और घृणित रूपमें चित्रित किया है। वह देखनेमें राक्षस जैसा है, और श्रावकोंको उपदेश देता है कि तुम दूरसे चरण-वन्दना करो और यदि हम तुम्हारी स्त्रियोंके साथ अतिप्रसंग करें, तो तुम्हे ईर्ष्या न करनी चाहिए। फिर एक कापालिनी उससे चिपट जाती है, जिसके आलिंगनको वह मोक्ष-सुख समझता है और महाभैरवके धर्ममें दीक्षित होकर कापालिनीकी जूठी शराब पीकर नाचता है, आदि। शायद इसीका बदला चुकानेके लिए वादिचन्द्रने प्रबोधचन्द्रोदयके ही अनुकरणपर अपने नाटककी रचना की है। दोनोंकी एक ही भित्ति है और ढंग भी एक ही है। कहीं कहीं तो इसमें थोड़ेसे शब्दोंके हेरफेरसे बीसों श्लोक और गद्य-वाक्य एक ही आशयके मिलते हैं। दोनोंके पात्र भी प्रायः एकसे ही नाम धारण करनेवाले हैं। ज्ञानसूर्योदयकी 'अष्टशती' प्रबोधचन्द्रोदयकी 'उपनिषत्' है, काम, क्रोध, लोभ, दंभ, अहंकार, मन, विवेक आदि एक-से हैं। सूर्योदयकी 'दया' चन्द्रोदयकी 'श्रद्धा' है। वहाँ दया खोई गई है, यहाँ श्रद्धा लापता है। वहाँ अष्टशतीका पति 'प्रबोध' है और यहाँ उपनिषत्का पति 'पुरुष' है।

ज्ञानसूर्योदयके कर्त्ताने प्रबोधचन्द्रोदयके समान बौद्धोंका मजाक तो उड़ाया ही है, साथ ही श्वेताम्बर सम्प्रदायका भी और क्षपणककी जगह सितपट यतिको खड़ा कर दिया है। गुजरातमें उस समय दिगम्बर-श्वेताम्बरोंमें काफी विरोध था और उसीकी यह प्रतिध्वनि है।

इस नाटककी उत्थानिकामें कमलसागर और कीर्तिसागर नामके दो ब्रह्मचारियोंका उल्लेख है जिनकी आज्ञासे सूत्रधार इस नाटकको खेलनेकी इच्छा प्रकट करता है। ये दोनों वादिचन्द्रके शिष्य जान पड़ते हैं।

**पवनदूत**–यह मेघदूतके ढँगका एक खण्डकाव्य है जिसकी पद्यसंख्या १०१ है।

---

१–इस नाटकका मैंने हिन्दी अनुवाद किया था और सन् १९०९ में जैन-ग्रन्थरत्नाकर-कार्यालयद्वारा प्रकाशित किया था, जो बहुत समयसे अप्राप्य है।

२ यह निर्णयसागर प्रेसकी काव्यमालाके तेरहवें गुच्छकमें प्रकाशित है। मेरे स्वर्गीय मित्र पं० उदयलालजी काशलीवालने इसे सन् १९१४ में हिन्दी अनुवादसहित जैन-साहित्यप्रसारक कार्यालयद्वारा प्रकाशित किया था।

जिस प्रकार कालिदासके विरही यक्षने मेघके द्वारा अपनी पत्नीके पास सन्देश भेजा है उसी प्रकार इसमें उज्जयिनीके राजा विजयने अपनी प्राणप्रिया ताराके पास जिसे अशनिवेग नामका विद्याधर हर ले गया था, पवनको दूत बनाकर विरह-सन्देश भेजा है। सुन्दर और सरस रचना है। इसके अन्तिम पद्यमें[1] कविके नामके सिवाय और कोई परिचय नहीं दिया गया है परन्तु ज्ञानसूर्योदयके कर्त्ता वादिचन्द्रकी ही यह रचना होनी चाहिए जो कि प्रभाचन्द्रके शिष्य थे। इसके उपान्त्य पद्य (१००) में 'श्रीविजयनृपतेः' को 'श्रीप्रभाचन्द्रकीर्तेः' विशेषण दिया गया है उससे कविके गुरुका नाम भी ध्वनित होता है।

**श्रीपाल आख्यान**—इस गीतिकाव्यकी भाषा गुजरातीमिश्रित हिन्दी है। यह संवत् १६५१ में सघपति धनजी सवाके कहनेसे बनाया गया है[2]।

---

१–पादौ नत्वा जगदुपकृतावर्धे[र्धं ?]सामर्थ्यवन्तौ  
विघ्नध्वान्तप्रसरतरणे· शान्तिनाथस्य भक्त्या।  
श्रोतु चैतत्सदसि गुणिना वायुदूताभिधानं  
काव्य चक्रे विगतवसन: स्वल्पधीर्वादिचन्द्र·॥

२–मूलसघमांहां उदयो दिवाकर विद्यानदि विशाल जी।  
तास पाटे गुरु मल्लिभूषण वाणी अमियरसाल जी॥ ५॥  
तसपद लक्ष्मीचद्र सूरि सोहे मोहे भवियण मन जी।  
वीरचद्र नाम जे जंपे तस जीव्यू धन धन जी॥ ६॥  
प्रगट पाट त अनुक्रमे मानु ज्ञानभूषण ज्ञानवत जी।  
तस पद-कमल-भ्रमर अविचलजस प्रभानंद जयवत जी॥ ७॥  
जगमोहन पाटे उदयो वादीचन्द्र गुणाल जी।  
नवरस गीते जेणें गायो चक्रवर्ति श्रीपाल जी॥ ८॥  
सवत सोल एकावना वर्षे कीधो य परबध जी।  
भवियन थिर मन करीनें सुणज्यो नित संबध जी॥ ०॥  
दान दीजे जिनपूजा कीजे समकित मनें राखिजे जी।  
सुत्रज भणिए णवकार गणिए असत्य न विभषिजे जी॥ १०॥  
लोभ तजीजे ब्रह्म धरीजे सॉभल्यानु फल एह जी।  
ए गीत जे नरनारी सुणसे अनेक मंगलतस गेह जी॥ ११॥  
संघपति धनजी सवा बचनें कीधो ए परबंध जी।  
केवली श्रीपाल पुत्रसहित तुम्ह नित्य करो जयकार जी॥ १२॥

इसकी प्रशस्तिमें जो लक्ष्मीचन्द्र और वीरचन्द्र हैं, वे वही हैं जिनका उल्लेख ज्ञानभूषणने अपने सिद्धान्तसार-भाष्यके मंगलाचरण 'लक्ष्मीवीरेन्दुसेवितं' पदसे किया है।

**यशोधरचरित** — अंकलेश्वर (भरोंच) के चिन्तामणि पार्श्वनाथके मन्दिरमें वि० सं० १६५७ में यह पूर्ण किया गया है[1]।

**सुलोचनाचरित** — इसकी एक प्रति ईडरके ग्रन्थभण्डारमें है। प्रशस्तिके अनुसार यह सुगम संस्कृतमें लिखा गया है[2]। वादिचन्द्रके शिष्य ब्रह्म सुमतिसागरने इसकी प्रति वि० सं० १६६१ में ब्यारा (नगर) में लिखी थी, इसलिए ग्रन्थरचना इससे कुछ वर्ष पहले हुई होगी।

इनके सिवाय पाण्डवपुराण[3], होलिकाचरित, अम्बिकाकथा[4] और अन्य कई गुजराती ग्रन्थ भी वादिचन्द्रके हैं।

---

इति श्री-श्रीपालाख्याने भट्टारकवादिचंद्रविरचिते चतुर्थोऽध्यायः समाप्त ॥ छ ॥ श्री ॥
—बम्बईके ए० प० सरस्वतीभवनकी प्रति।

१—तत्पट्टनिशदख्यातिर्वादिवृन्दमतल्लिका। कथामेनां दयासिद्ध्यै वादिचन्द्रो व्यरीरचत् ॥८
अंकलेश्वरसुग्रामे श्रीचिन्तामणिमन्दिरे। सप्तपञ्चरसाब्जांके वर्षेऽकारि सुशास्त्रकम् ॥९
पं० जुगलकिशोरजी मुख्तारने इसकी वि० सं० १६७३ की लिखी हुई प्रति देखी है, अर्थात् ग्रन्थरचनासे १६ वर्ष बादकी। वह वादिचन्द्रके ही उत्तराधिकारी महीचन्द्र भट्टारकको एक श्राविकाने भेट की है।

२—विहाय पदकाठिन्यं सुगमैर्वचनोत्करैः। चकार चरितं साध्व्या वादिचन्द्रोऽल्पमेधसाम् ॥
इति भट्टारकप्रभाचन्द्रानुचरसूरिश्रीवादिचन्द्रविरचिते नवमः परिच्छेदः। समाप्तः।
सं० १६६१ वर्षे फाल्गुनमासे सुदि पंचम्यां तिथौ श्री ब्यारानगरे शान्तिनाथचैत्यालये श्रीमूलसंघे कुन्दकुन्दान्वये भ० वीरचन्द्रा भ० ज्ञानभूषणा भ० श्रीप्रभाचन्द्रा भ० वादिचन्द्राणां शिष्य ब्रह्म श्रीसुमतिसागरेण इदं चरितं लिखितं ज्ञानवरणीयकर्मक्षयार्थमिति।

३ जयपुरके तेरहपन्थी बडे मन्दिरमें इस ग्रन्थकी एक प्रति है जो पं० परमानन्दजीके प्रशस्तिसंग्रहके अनुसार सं० १६५४ में नोधक (?) नगरमें पूर्ण हुआ है—
वेदबाणषडब्जांके वर्षे नभसि मासके। नोधकानगरेऽकारि पाण्डवाना प्रबन्धकः ॥ ६७

४—श्री अगरचन्दजी नाहटाके अनुसार (अनेकान्त १३–३, ४) लखनऊके श्रीपूज्य विजयसेन और यति रामपालजीके पास यह ६ पत्रोंकी कथा है जो वि० सं० १६५१ की रची हुई है। नाहटाजीने अपने लेखमें कथाका सार भी दिया है।
एक-पंच-षडैकांकवर्षे नभसि मासके। मुदा. कथामेनां वादिचन्द्रो विदांवरः ॥

# श्रीभूषण

काष्ठासंघ नन्दीतट गच्छके भट्टारक श्रीभूषण विक्रमकी सत्रहवीं शताब्दीमे हुए हैं। उन्होंने अपनी गुरुपरम्परा इस प्रकार दी है—रामसेनके अन्वयमें नेमिषेण, धर्मसेन, विमलसेन, विशालकीर्त्ति, विश्वसेन और विद्याभूषण। इन विद्याभूषणके पट्टके वे उत्तराधिकारी थे। उनकी गद्दी सोजित्रा (गुजरात) में थी। वे अपनेको षट्भाषाकविचक्रवर्ति और षट्दर्शनतर्कचक्रवर्ती लिखते हैं। उनके बनाये हुए शान्तिनाथपुराण, पाण्डवपुराण, हरिवंशपुराण उपलब्ध हैं। इनके

---

१–विद्याभूषणपट्टकजतरणि: श्रीभूषणो भूषण
जीयाज्जीवदयापरो गुणनिधि ससेवितो सज्जनैः।
काष्ठासघसरित्पनि शशधरो वादी विशालोपमः
सद्वृत्तोऽर्कधरोति सुन्दरतरोश्रीजिनमार्गानुग ॥ ४६१
सवत्सरे षोडशनामधेये एकोनशतषष्ठियुते वरेण्ये।
श्रीमार्गशीर्षे रचित मया हि शास्त्र च वर्षे विमल विशुद्ध ॥ ४६२
त्रयोदशीसद्दिवसे विशुद्ध वारे गुरौ शान्तिजिनस्य रम्यं।
पुराणमेतद्विमल विशाल जीयाच्चिर पुण्यकर नराणाम् ॥ ४६३
श्रीगुर्जरेप्यस्ति पुर प्रसिद्ध सोजित्रनामाभिधमेवसार।
श्रीनेमिनाथस्य समीपमाशु चकार शास्त्रं जिनभूतिरम्यम् ॥ ४६६
—शा० पु० (ऐ० प० स० भवन, बम्बईकी प्रति)

२–श्रीगुर्जरे सौर्यपुरे विशाले वर्णाश्रये वर्णविवर्णनीये।
इद चरित्रं कृतमेकभक्त्या श्रीचन्द्रनाथालयमाशु लब्ध्वा (?) ॥ १०५
श्रीविक्रमार्कसमयागतषोडशार्के सत्पुन्दराकृतिवरे शुभवत्सरे वै।
वर्षे कृत सुखकर सुपराणमेतत्पचाशदुत्तरसुसप्तयुते वरेण्ये ॥ ११०
पौसमासे तथा शुक्ले पक्षे च तृतीयादिने। रविवारे शुभे योगे चरितं निर्मित मया ॥ १११
—पाण्डवपुराण (प्रशस्ति संग्रह, पृ० ९६)

३–राजस्थानके शास्त्रभण्डारोंकी सूची द्वितीय भाग, पृ० २१८

सिवाय उनकी अनन्तव्रतपूजा, ज्येष्ठजिनवरव्रतोद्यापन और चतुर्विंशतिपूजा आदि और भी कई छोटी छोटी रचनायें हैं।

इनमेंसे शान्तिनाथपुराण अघन सुदी १३ सं० १६५९ के दिन सोजित्रा नगरमें, पाण्डवपुराण पौष सुदी ३ सं० १६५७ को सौर्यपुर या सूरतमें और हरिवंशपुराण चैत्र सुदी १३ सं० १६७५ को निर्मित हुआ है।

इनके उत्तराधिकारी चन्द्रकीर्ति भट्टारकके भी पार्श्वपुराण, वृषभदेवपुराण ये दो ग्रन्थ उपलब्ध हैं। इनके सिवाय इनकी पद्मपुराण, पंचमेरुपूजा, अनन्तव्रतपूजा और नन्दीश्वरविधान आदि भी कई रचनायें हैं। इनमें भी काष्ठसंघकी पूर्वोक्त परम्परा दी है।

चन्द्रकीर्तिने पार्श्वपुराणमें अपने गुरु श्रीभूषणको सच्चरित्रतपोनिधि, विद्वानोंके अभिमान शिखरको तोड़नेवाला वज्र, स्याद्वादविद्याचण बतलाया है। यह ग्रन्थ उन्होंने वैशाख सुदी सप्तमी, गुरुवार स० १६५४ को देवगिरि (दौलताबाद) के पार्श्वनाथ-मन्दिरमें समाप्त किया है।

सोजित्रामें काष्ठासंघके भट्टारकोंकी गद्दी थी। सोजित्राकी गद्दी अब उठ गई है। इसके अन्तिम भट्टारकके दर्शन (जिनका कि नाम बहुत करके रत्नकीर्ति था) मैंने पहले पहल सन् १९०१ में किये थे। वे उस समय बम्बईके कमाठीपुरामें अपनी चेलीके साथ ठाठसे रहते थे और ज्योतिष-वैद्यकका धंधा करते थे। उनके घरमें एक चैत्यालय भी था। उन्होंने मुझे बतलाया कि सोजित्राके अतिरिक्त मलखेड़की गद्दीके भी वे अधिकारी हैं जो कि असलमें मूल संघकी है। काष्ठा-

१–देखो, पं० परमानन्द शास्त्रीका प्रशस्ति-परिचय पृ० ४९

२–तत्पट्टाम्बरभूषणैकतरणि: स्याद्वादविद्याचणो,
विद्वद्वृन्दकुलाभिमानशिखरप्रध्वंसतीव्राशनि: ।
सच्चारित्रतपोनिधिर्मतिवरो विद्वत्सु शिष्यैर्युत: ।
श्रीश्रीभूषणसूरिराट् विजयते श्रीकाष्ठसंघाग्रणी: ॥
श्रीमद्देवगिरौ मनोहरपुरे श्रीपार्श्वनाथालये
वर्षेऽब्धीषुरसैकमेय इह वै श्रीविक्रमाधीशतु ।
सप्तम्यां गुरुवासरे श्रवणभे वैशाखमासे सिते
पार्श्वाधीशपुराणमुत्तममिदं पर्याप्तमेवोत्तरं ।
—ऐ० प० स० भवनकी प्रति।

संघके साधु गोपुच्छकी पिच्छि रखते हैं, जब कि मूल संघके मयूरपुच्छकी। वे बोले कि मैं जब उस तरफके शिष्योंमें जाता हूँ तब गोपुच्छ छोड़कर मयूरपिच्छि लेकर काम चला लेता हूँ।

इन महाशयके पास भट्टारक श्रीभूषणका लिखा हुआ 'प्रतिबोधचिन्तामणि' नामका संस्कृत ग्रन्थ था, जो सन् १९०५ में मुझे कुछ घण्टोंके लिए पढ़नेको मिला था। उसके प्रारम्भमें एक कथा थी, जिसका सारांश मैंने लिख लिया था—

"एक बार अनन्तकीर्ति आचार्य गिरनारपर बन्दनाके लिए गये। वहाँ उन्होंने पद्मनन्दि आदि बहुत-से निर्दय, पापी और क्रियाहीन कापालिकोंको देखा और उन्हें उपदेश दिया जिससे वे हिंसाका त्याग करके ब्रह्मचारी हो गये। कापालिक लोग हाथमें मोरके पंखे रखते और गलेमें लिंग पहिनते थे, इसलिए आचार्यने उनकी 'मयूरशृंगी' संज्ञा रख दी। आगे कालयोगसे यह मयूरशृंगी संघ बहुत फैल गया।

"इसके बाद पद्मनन्दिने अपनी प्रसिद्धिके लिए नन्दिसंघ स्थापित किया और उज्जयिनीमें अपने गुरुके ही साथ विवाद करना शुरू कर दिया। बोला, मेरे इन वचनोंकी साक्षी स्वयं शारदादेवी हैं और मन्त्रबलसे उन्होंने शारदाको वाचाल भी कर दिया। वह बोली, 'पद्मनन्दि जो कहते हैं वही सत्य है।' पद्मनन्दिने चूँकि सरस्वतीको बलात्कारसे बुलवाया, इसलिए उसका सरस्वती गच्छ और बलात्कार गण प्रसिद्ध हुआ।

"एक बार पापी पद्मनन्दिने मन्त्र सिद्ध करते समय बलिदानके निमित्त एक मयूरको मार डाला और वह मयूर मरकर व्यन्तर देव हो गया। पूर्व वैरसे वह पद्मनन्दिको नाना प्रकारके वात-पित्त-कफजन्य असाध्य रोगोंसे पीड़ित करने लगा और प्रत्यक्ष होकर बोला, 'रे पापी, तूने मुझे मारा था, इसलिए अब मैं भी तुझे मारूँगा।' इसपर पद्मनन्दिके शिष्यों—मुनियों और श्रावकोंने—उसके आगे बहुत आरजू मिन्नत की। जब वह प्रसन्न हुआ तो बोला, 'आगेसे तुम्हें गोपुच्छ छोड़कर मेरी पूँछ ( मयूर-पुच्छ ) धारण करके मेरे नामसे अपने संघको प्रसिद्ध करना होगा।' इसे पद्मनन्दिने स्वीकार कर लिया और उसी समयसे मयूरसंघ चल पड़ा।

"एक बार पद्मनन्दि अपने पैरोंमें एक ओषधिका लेप करके अन्तर्धान हो गया और कुछ समयके बाद लौट आया। श्रावकोंके पूछनेपर उसने कहा, मैं

विदेह क्षेत्रमें सीमंधर स्वामीके समवसरणमें गया था और उनके मुखसे उपदेश सुनकर लौटा हूँ। मूर्ख श्रावकोंने उसकी बातोंपर विश्वास कर लिया। उन्होंने यह नहीं सोचा कि पंचमकालमें कोई मनुष्य विदेह-क्षेत्रको कैसे जा सकता है। शास्त्रमें इसका निषेध है।

" जब पद्मनन्दि मन्त्र-तन्त्रादिके बलपर बहुत अन्यायाचरण करने लगा तब उसके गुरुने और श्रावकोंने उसे अपने देशसे निकाल दिया और वह कर्नाटकमें जाकर चार गच्छोंकी कल्पना करके और चारों वर्णोंके लोगोंको संबोधित करके रहने लगा। वहाँ उसने स्वेच्छाचारिता छोड़ दी, जिससे उसकी खूब प्रसिद्ध हुई।"

मूलसंघकी उत्पत्तिकी कथाका यही सार है।

इस कथामें जो पद्मनन्दि हैं वे कुन्दकुन्दाचार्य ही हैं और उन्हींके विषयमें यह प्रसिद्ध है कि वे विदेह क्षेत्र गये थे और उन्होंने गिरनारकी सरस्वतीदेवीको वाचाल किया था। पद्मनन्दि चूँकि मूलसंघके प्रधान आचार्य गिने जाते हैं और श्रीभूषणजी काष्ठासंघके हैं, इसलिए मूलसंघको नीचा दिखानेके लिए यह प्रयत्न किया गया है। सोजित्रामें मूलसंघके भट्टारकोंकी भी गद्दी थी और जान पड़ता है, उस गद्दीपर जो भट्टारक उस समय होंगे, उनसे इनका वैर होगा।

देवसेनने काष्ठासंघको जैनाभासोंमें गिनाया है, उसीके उत्तरमें शायद श्रीभूषणने देवसेनके मूलसंघको इस रूपमें चित्रित किया है।

श्रीभूषणके इस अत्यन्त निम्नकोटिके द्वेषका एक और प्रमाण बम्बईके तेरह-पंथी मन्दिरके भंडारके एक अतिप्राचीन ७०० पत्रोंके गुटकेमें मिलता है जो चार पाँच सौ वर्ष पहलेका लिखा हुआ है। इसमें बीसों ग्रन्थोंका सारभाग, बीसों सम्पूर्ण ग्रन्थ और सैकड़ों छोटे मोटे पाठ संग्रहीत हैं जिनसे संग्रह करनेवालेकी रुचि, योग्यता और बहुश्रुतताका पता लगता है। उन्होंने निश्चयसे अपने स्वाध्यायके लिए इसे लिखा या लिखवाया होगा। लिखा भी बहुत शुद्ध है। गुटका बहुत जीर्ण हो गया है, जो पीछे जगह जगह चिटें चिपकाकर बड़ी सावधानीसे ठीक किया गया है।

इस गुटकेके लिखने लिखानेवाले कोई मूलसंघके अनुयायी थे, परन्तु पीछेसे यह इन्हीं श्रीभूषण भट्टारकके हाथमें पहुँच गया। तब आपने उक्त गुटकेमें जहाँ

जहाँ उक्त मूलसंघी सज्जनका नामादि लिखा था वहाँ वहाँ हड़ताल फेरकर उसपर अपना नाम लिख दिया । इसके सिवाय जहाँ थोड़ी-सी भी खाली जगह पाई, वहा " श्रीकाष्ठासंघे नंदीतटगच्छे भट्टारकश्रीरामसेनान्वान्वये श्रीश्रीभूषणेन लिखापितं " लिख दिया है । गुटकेमें एक प्रतिक्रमण पाठ भी है; परन्तु भट्टारकजीकी दृष्टिमें वह शायद मूलसंघियोंके ही उपयोगका था, काष्ठासंघी उससे अपना आत्म-कल्याण नहीं कर सकते थे, इसलिए उसके नीचे आपने लिख दिया है—" मयूरसंघिनः प्रतिक्रमणं विनोदाय च विलोकनाय लिखापितं न तु पठनाय । " अर्थात् मयूरसंघी या मूलसंघियोंका प्रतिक्रमण विनोदके लिए तथा देखनेके लिए लिखवाया है, पढ़नेके लिए नहीं ।

श्रीभूषण इतनेसे ही सन्तुष्ट नहीं हुए । उन्होंने उक्त गुटकेमें लिखे हुए देवसेनके सुप्रसिद्ध ' दर्शनसार ' की बड़ी ही दुर्दशा की है। पाठक जानते हैं कि इसमें बौद्ध, आजीवक, श्वेताम्बर, यापनीय, द्रविडसंघ, काष्ठासंघ आदि संघोंकी उत्पत्तिका समय आदि दिया है । उसमेंसे काष्ठासंघकी उत्पत्तिका कथन चूँकि आपको पसन्द न था इसलिए उसपर भी आपने अपनी कलम चलाई है और उसमें जहाँ ' काष्ठासंघ ' लिखा था वहाँ ' मूलसंघ, ' जहाँ ' कुमारसेन ' लिखा था वहाँ ' पद्मनन्दि, ' जहाँ ' गोपुच्छक ' लिखा था, वहाँ ' मयूरसंघ ' या ' मूलसंघ ' और जहाँ ' नन्दीतट ' लिखा था वहाँ ' गिरिनार ' हड़ताल फेर फेर कर लिख दिया है[1] । यह परिवर्तन करते समय उन्होंने इस बातका खयाल ही नहीं रक्खा कि हम यह क्या कर रहे हैं और इससे कितना गोलमाल हो जायगा । नीचे लिखी गाथाके अर्थपर तो शायद वे विचार ही नहीं कर सके, उन्होंने इसे ज्योंका त्यों रहने दिया जिसमें काष्ठासंघकी मान्यताओंको बतलाया है और जो मूलसंघकी मान्यतायें किसी तरह हो ही नहीं सकतीं—

इत्थीणं पुणदिक्खा खुल्लयलोयस्स वीरचरिअत्तं ।
कक्कसकेसग्गहणं छट्ठं च अणुव्वदं णाम ।

१—परिवर्तित गाथाओंने यह रूप धारण कर लिया है—

सो समणसघवज्जो पउमनदी हु समयमिच्छत्तो । चत्तोवसमो रुद्दो मूलं संघं परूवेदि ॥
सत्तसये तेवण्णे विक्कमरायस्स मरणपत्तस्स । गिरिनारे वरगामे मूलो संघो मुणेयव्वो ॥

उनका इस ओर ध्यान ही नहीं गया कि ' कट्ठ संघं ' की जगह ' मूलं संघं ' कर देनेसे पद्मनन्दि या कुन्दकुन्दका समय वि० सं० ७५३ हो जायगा, जो सर्वथा गलत है।

इस गुटकेकी काट-छाँट श्रीभूषणने वि० सं० १६३६ में अहमदाबाद स्थानपर की थी, इससे मालूम होता कि उन्होंने बहुत बड़ी उम्र पाई थी। सोजित्रा, सूरत, अहमदाबाद आदि स्थानोंमें इनकी उपस्थितिका पता लगता है। गुजरातके श्रुतसागर तो श्वेताम्बर-ढूँढ़ियोंके ही विरोधी थे, पर ये तो उनसे भी एक कदम आगे बढ़कर दिगम्बरोंके ही एक संघपर खड्गहस्त हो गये थे!

---

१–उपाध्याय मेघविजयकृत पट्टावलीके अनुसार विजयसेनसूरिने वि० सं० १६३२ के लगभग सूरत बन्दरमें श्रीभूषण नामक दिगम्बराचार्यको हराया था। रविविर्धनके पट्टावली-सारोद्धार और तपागणगुणपद्धतिमें भी इसका उल्लेख है। हार-जीत किसीकी हुई हो, पर श्रीभूषण निश्चयसे यही थे।

# पद्मसुन्दर और रायमल्ल

[ सन् १९४४ में ( अनेकान्त वर्ष ७, अंक ५ ) प्रकाशित 'पं० पद्मसुन्दर और उनके दो ग्रन्थ' शीर्षक लेखका यह संशोधित और परिवर्तित संस्करण है। उक्त लेखके निकलनेके बाद प्रसिद्ध साहित्यान्वेषक अगरचन्दजी नाहटाने अपने दो लेखोंमें पद्मसुन्दरके अनेक ग्रन्थोंका परिचय दिया और बहुत-सी नई नई बातें बतलाई[1]। उन सबको इसमें शामिल कर लिया गया है। ]

उपाध्याय पद्मसुन्दर नागौरी तपागच्छके बहुत बड़े विद्वान् थे और दिगम्बर नहीं श्वेताम्बर सम्प्रदायके थे। उनके गुरुका नाम पद्ममेरु और प्रगुरुका आनन्द-मेरु था। बादशाह अकबरके दरबारके ३३ हिन्दू सभासदोंके पाँच विभागोंमेंसे उनका नाम प्रथम विभागमें था। आईने अकबरकी सूचीमें उर्दू लिपिकी विचित्रताके कारण पद्मसुन्दरकी जगह 'परमिन्दर' पढ़ा गया है।

चन्द्रकीर्तिके शिष्य हर्षकीर्तिके धातुपाठके अनुसार पद्मसुन्दरने अकबरशाहकी सभामें एक महापंडितको परास्त किया था और इसके उपलक्ष्यमें कम्बल, ग्राम और पालकी ( सुखासन ) प्राप्त की थी। इसके सिवाय वे जोधपुरके हिन्दू राजा मालदेवके द्वारा भी सम्मानित थे[3]।

---

१-देखो अनेकान्त वर्ष ४, अंक ८ में 'उपाध्याय पद्मसुन्दर और उनके ग्रन्थ' तथा वर्ष १०, अंक १ में 'कवि पद्मसुन्दर और श्रावक रायमल्ल।'

२-देखो 'सुन्दरप्रकाश-शब्दार्णव' की पुष्पिका—'इति श्रीमन्नागपुरीयतपागच्छनभोमणि-पण्डितोत्तमश्रीपद्ममेरुशिष्य पं० श्रीपद्मसुन्दरविरचिते।'

३-साहे ससदि पद्मसुन्दरगणिर्जित्वा महापण्डित,
क्षौम-ग्राम-सुखासनाद्यकबरश्रीसाहितो लब्धवान्।
हिन्दूकाधिपमालदेवनृपतेर्मान्यो वदान्योधिकं,
श्रीमद्योधपुरे सुरेप्सितवचः पद्माह्वय पाठकं॥

पार्श्वनाथ काव्य और रायमल्लाभ्युदयकी प्रशस्तियोंसे भी मालूम होता है कि पद्मसुन्दर राजसभामान्य और छहों दर्शनोंके ज्ञाता थे।[1]

पद्मसुन्दर स्वयं तो अकबरद्वारा सम्मानित थे ही, उनके दादागुरु आनन्द-मेरुने भी अकबरके पिता और पितामह हुमायू और बाबरसे सत्कार पाया था जैसा कि अकबरशाहि-शृंगारदर्पणकी प्रशस्तिसे मालूम होता है[2]।

प्रसिद्ध श्वेताम्बराचार्य हीरविजयकी भेंट जिस समय अकबरसे वि० सं० १६३९ में हुई, उससे पहले ही पद्मसुन्दरका स्वर्गवास हो चुका था। जब बादशाहने हीर-विजयको एक ग्रन्थसंग्रह भेंट देनेकी इच्छा प्रकट की, तब उनके यह पूछनेपर कि आपके पास इतने जैन अजैन ग्रन्थोंका संग्रह कहाँसे आया, बाद-शाहने कहा कि हमारे दरबारमें पद्मसुन्दर नामके विद्वान् थे जो ज्योतिष वैद्यक और सिद्धान्तशास्त्रोंमें बहुत निपुण थे। उनका स्वर्गवास हो जानेपर उनका यह संग्रह मेरे यहाँ सुरक्षित था[3]।

पद्मसुन्दरके जितने ग्रन्थ उपलब्ध हुए हैं उनमेंसे शृङ्गारदर्पण वि०सं० १६२६ के लगभगका है, और प्रमाणसुन्दर शायद १६३२ का। अतएव समझना चाहिए कि १६२६–३२ और १६३९ के बीच किसी समय उनकी मृत्यु हुई है।

भविष्यदत्तचरित, रायमल्लाभ्युदय, पार्श्वनाथकाव्य, प्रमाणसुन्दर, सुन्दर-प्रकाशशब्दार्णव (कोष), शृङ्गारदर्पण, जंबूचरित (प्राकृत) हायन-सुन्दर (ज्योतिष) और कई छोटी छोटी कृतियाँ पद्मसुन्दरकी मिलती हैं।

**भविष्यदत्तचरित**—इसका रचना-काल कार्तिक सुदी ५ सं० १६१४ है। इसकी एक अपूर्ण प्रति बम्बईके ए० प० सरस्वती भवनमें है जो फाल्गुन सुदी ७ स० १६१५ की, अर्थात ग्रन्थ-निर्माणकालसे प्रायः एक वर्ष चार महीने बादकी, लिखी हुई है। इसमें ७, २३, २५, २६, २७, २९, ३२, ३७ और ४३ वाँ (अन्तिम) पत्र नहीं हैं। प्रत्येक पत्रमें १३ पंक्तियाँ और ४२ अक्षर हैं।

---

१-मान्य समस्ति पद्मसुन्दरकविः षट्तर्कसक्रान्तधीः।

२-मान्यो बाबरभूभुजोऽत्र जगद्गुरु (?) तद्वत् हुमायू नृपो
त्यर्थं प्रीतमनाः सुमान्यमकरोदानन्दरायाभिधं।
तद्वत्साहिशिरोमणेरकबरक्ष्मापालचूडामणे-
र्मान्यः पंडितपद्मसुन्दर इहाभूत्पण्डितव्रातजित्॥ २

३-देखो, 'सूरीश्वर अने सम्राट्' पृ० ११९

**रायमल्लाभ्युदय**—खंभातके कल्याणचन्द्र जैनपुस्तकभण्डारमें है। पत्र संख्या १०५ है[1]। इसका रचनाकाल जेठ सुदी ५ सं० १६१५ है। इसमें चौबीस तीर्थंकरोंका चरित्र है।

**पार्श्वनाथचरित**—इसकी प्रति पालणपुरके श्वेताम्बर जैनभण्डारमें है। इसका रचनाकाल अगहनसुदी १४ संवत् १६१५ है[2]।

**प्रमाणसुन्दर**—प्रवर्तक श्रीकान्तिविजयके बड़ोदा पुस्तक-भण्डारमें इसकी एक प्रति है[3]। यह प्रमाणशास्त्र मालूम होता है। इसकी रचना बहुत करके सं० १६३५ (कराग्निजलधीन्दु?) मे हुई है।

**सुन्दरप्रकाशशब्दार्णव**—यह एक कोशग्रन्थ है। नाहटाजीके अनुसार इसमें ५ तरंग हैं और पद्यसंख्या २६६८ है[4]।

**अकबरशाहि-शृंगारदर्पण**—इस ग्रन्थमें ४ उल्लास और ३११ पद्य हैं। इसकी एक प्रति बीकानेर स्टेट लायब्रेरीमे और दूसरी नाहटाजीके संग्रहमे है। विषय नामसे ही स्पष्ट है। इसका रचनाकाल सं० १६२६ है।

**जंबूचरित**—बीकानेर ज्ञानभण्डारमें और **हायन-सुन्दर**—बीकानेर स्टेट लायब्रेरीमें है।

इनमेसे पहले तीन ग्रन्थ चौधरी रायमल्लजीकी अभ्यर्थना और प्रेरणासे लिखे गये हैं और लगभग एक ही वर्षके भीतर। तीनो ग्रन्थोंकी प्रशस्तियोंमें जो लगभग एक-सी है, चौ० रायमल्लका परिचय दिया गया है और उनकी तथा उनके समस्त परिवारकी मुक्तकण्ठसे प्रशंसा की गई है। रायमल्लाभ्युदय चौबीस तीर्थंकरोंका चरित है, जो उन्हींके नामसे अभिहित किया गया है।

रायमल्ल गोइलगोती अग्रवाल थे। इनके पूर्वजोंमें देशपरदेशमें विख्यात छाजू चौधरी हुए। उनके हाल्हा, बूढण, नरपाल, भोजा और नरसिंह ये पाँच पुत्र हुए। नरसिंहके नानू और सहनपाल नामके दो पुत्र हुए। जिनमे नानूकी ऊढरही नामक पत्नीसे रायमल्लका जन्म हुआ[5]। ये भी राजसभासम्मानित थे। राजसभाका

---

१–इसका परिचय प्रो० पीटर पिटर्सनने जर्नल आफ रायल एशियाटिक सोसाइटी बाम्बे ब्राच (एकस्ट्रा न० सन् १८८७) में विस्तारसे दिया है।

२–देखो, श्री अगरचन्द नाहटाका लेख, अनेकान्त वर्ष १०, अक १

३–देखो, 'जैनसाहित्यनो संक्षिप्त इतिहास' पृष्ठ ५४६

४–देखो, अनेकान्त वर्ष ४, अंक ८।

५–रायमल्लजीके भाइयों और पुत्रपौत्रोंके भी प्रशस्तियोंमें नाम दिये है।

अर्थ 'अकबरी दरबार' ही जान पड़ता है। रायमल्ल पवित्रबुद्धि, तत्त्वार्थविद्यापटु, जिनेन्द्रपूजारत और सज्जनसभाश्रृंगारहार थे। उन्हें निरन्तर विद्वानोंकी गोष्ठीमें बैठनेकी रुचि थी।

रायमल्लजीका निवासस्थान 'चरस्थावर' बतलाया है, जो गंगातटपर था और इन्द्रपुरके समान हस्तिनापुरका एक शाखा-नगर था। मुजफ्फरनगर जिलेका वर्तमान चरथावल यही है। वहाँ उस समय ऊँचे ऊँचे शिखरोंवाले जिनमन्दिर थे।

पूर्वोक्त तीनों ग्रन्थोंके निर्माणकालमें पद्मसुन्दरजीको 'तेजःपुरस्थ' कहा है। मालूम नहीं, यह स्थान कहाँ है। वहीं उनकी सविनय अभ्यर्थना की गई थी और उनको रचनेकी प्रेरणा।

पद्मसुन्दर श्वेताम्बर सम्प्रदायके थे जब कि रायमल्ल दिगम्बर सम्प्रदायके काष्ठासंघ माथुरान्वय पुष्कर गणकी आम्नायके श्रावक थे। पार्श्वनाथ काव्यमें इनके गुरुओंकी नामावली इस प्रकार दी है—देवसेन, विमलसेन, धर्मसेन, भावसेन, सहस्रकीर्ति, गुणकीर्ति, यशःकीर्ति, मलयकीर्ति, गुणभद्र, भानुकीर्ति और कुमारसेन। रायमल्लाभ्युदयकी उत्थानिकामें महावीर निर्वाणके बादकी जो गुरुपरम्परा दी है, वह बिल्कुल दिगम्बर सम्प्रदायके अनुसार है।

ऐसा जान पड़ता है कि अकबरके समयमें साम्प्रदायिक विरोध कम हो गया था और विद्वानोंमें कुछ मतसहिष्णुता आ गई थी। उसीका यह परिणाम है कि दिगम्बर सम्प्रदायका एक धनी श्रावक श्वेताम्बर सम्प्रदायके एक विद्वान् साधुकी सादर अभ्यर्थना करता है और प्रेरणा करके उससे तीन ग्रन्थ लिखवा लेता है। इसी कालमें जम्बूस्वामीचरित, लाटीसंहिता आदिके कर्त्ता[1] पं० राजमल्ल भी हुए हैं जो काष्ठासंघके ही थे, और पूर्वोक्त कुमारसेनके ही उत्तराधिकारी भ० हेमचन्द्रकी आम्नायके थे। उन्होंने अपना 'छन्दोविद्या' नामका छन्दोग्रन्थ राजा भारमल्ल श्रीमालके लिए लिखा था जो श्वेताम्बर सम्प्रदायके थे। उसमें राजा भारमल्लकी मुक्त कण्ठसे प्रशंसा की गई है। साथ ही उनके सम्प्रदायके गुरुका भी उल्लेख किया है जो उसी नागोरी तपागच्छके थे जिसमें पद्मसुन्दर हुए हैं। अकबर-कालमें ही कवि बनारसीदास हुए हैं जो खरतरगच्छके मुनि भानुचन्द्रके शिष्य थे और दिगम्बर सम्प्रदायमें शुद्धाम्नायके प्रचारक।

---

१-जम्बूस्वामीचरितका वि० स० १६३२ और लाटीसंहिताका रचना-काल स० १६४१ है।

आगे रायमल्लाभ्युदयकी अन्तिम प्रशस्ति दी जाती है और अन्य ग्रन्थोंकी प्रशस्तियोंमें जो विशेष है, वह टिप्पणमें दिया जाता है।

उग्राग्रोतकवंशजः शुचिमतिस्तत्त्वार्थविद्यापटु—
र्यस्याभिज्ञमतल्लिकाभिरनिशं गोष्ठीस्फुटं रोचते।
मान्यो राजसभासु सज्जनसभाशृङ्गारहारो भुवि।
श्रीजैनेन्द्रपदद्वयार्च्चनरतः श्रीरायमल्लोऽभवत् ॥ ७ ॥
तेनाभ्यर्थनयार्थितः सविनयं तेजःपुरस्थः सतां
मान्यः संसदि पद्मसुन्दरकविः षट्तर्कसंक्रांतधीः।
श्रीनाभेयजिनादिवीरचरमश्रीतीर्थकृत्संकथा—
गर्भं चारु विधीयतां मृदुमहाकाव्यं मम प्रीतये ॥ ८ ॥
यः पूर्वं श्रुतपंचमीफलकथागर्भं भविष्याह्वयं
काव्यं कारितवान् (व्यजि) ज्ञपदथ यो नत्वा पुनः सत्कविं।
नाभेयादिसमस्ततीर्थपमहाकल्याणवृत्ताङ्कितं
सत्काव्यं क्रियतां सतां श्रुतिमनःप्रह्लादनश्रेयसे ॥ ९ ॥
चतुर्विंशतितीर्थेशककल्याणचरिताद्भुतं।
प्रारभ्यते महाकाव्यं महापुरुषसंश्रितं ॥ १० ॥
महाकवीनामालंब्य मतमागमसम्मतं।
संक्षेपरुचिभव्यांगिप्रीत्यै तदभिदध्महे ॥ ११ ॥
आनंदोदयपर्वतकतरणेरानन्दमेरोर्गुरोः
शिष्यः पंडितमौलिमंडनमणिः श्रीपद्ममेरुर्गुरुः।
तच्छिष्योत्तमपद्मसुन्दरकविः श्रीरायमल्लोदयं
काव्यं नव्यमिदं चकार सकलार्हद्वृत्तभव्यांकितं ॥ १०० ॥
जनपदेषु महान्कुरुजंगलः सुकृतिभिः कृतिभिः कृतमंगलः।
उडुगणेषु निशाकरमण्डलः किमु विभाति विभाकरतुन्दिलः ॥
यत्रासिधारासत्तीर्थे सुस्नातं कुरुपाण्डवैः। वसुंधरावधूद्वाहकृते कृतपरिश्रमैः ॥ २ ॥
यत्र गंगासरित्पूरधारा हारायते भृशं। विलसद्भूमिभामिन्याः शंखकुंदेन्दुसुंदरा ॥ ३

१–( पार्श्वनाथ काव्यमें ) काव्यं श्रीश्रुतपचमीफलकथासन्दर्भगर्भं मम,
श्रुत्यर्थं क्रियता सुकोमलमतेस्तच्चेदमारभ्यते ॥
२–श्रीपार्श्वनाथाह्वयं काव्यं नव्यमिदं चकार सरसालंकारसदर्भितम् ॥

तत्र सुत्रामपुरवद्धस्तिनागपुरं परं । तच्छाखानगरं रम्यं चरस्थावरसंज्ञकं ॥ ४ ॥
यत्र नानाद्रुमारामपरिमण्डितमण्डलं । विभ्राजते नु वसुधावनिताकर्णकुंडलं ॥ ५ ॥
यत्र रूपाः स्फुरद्रूपः ..वीहपरिमंडलैः। पुष्करिण्यः पुष्करौघैः सारसैः परिशीलिताः॥६
यत्र सौधाः सुधाशुभ्राश्चन्द्रिकाधौतभूतलाः। जनताजनितानन्दाः संति संतापहारिणः ७
नंद्यावर्त्तादयो यत्र नागराणां बभुर्गृहाः । स्फुटस्फटिकपाषाणघटितामलविग्रहाः ॥८
यत्सौधशिखरस्थानां मुग्धानां मुखमण्डलः। लक्ष्यते पौरवृन्देन शतचन्द्रायतं नभः॥९
सुश्रावकाणां यत्र श्रीच्र्ययिता जिनसद्मसु । प्रोत्तुंगशिखरव्याजादुच्चै. पदमिवादिशत्॥१०

तत्राग्रोतकवंशे गोइलगोत्रे बभूव नरसिंहः ।
सिंहः सत्पुरुषाणां पौरुषवृत्या विभाति स्म ॥ ११
तत्पत्नीमदनाही शीलवती धर्मकर्मसु नितान्त ।
कुशलाथ रत्नगर्भा सुतरत्नद्वयमसौ सुषुवे ॥ १२
नानू च सहणपालस्तत्तनयौ विनयनयकलाकुशलौ ।
आस्तां निरस्तकलुषौ जिनधर्मपरायणौ नित्य ॥ १३
नानूसाधोश्च सुधासुधांशुशुद्धांशुविशदगुणकीर्ते ।
ऊंदरही पत्न्यासीन्निजशीलपवित्रितचरित्रा ॥ १४
रोहणभूरिव रत्न नररत्नं रायमल्लतनयं सा ।
प्रासूत रत्नगर्भा जननी जननयनकुमुदेंदु ॥ १५
यस्तु जिनचरणपूजापुरंदर. सुंदरः सदा सुगुणै. ।
दाता ज्ञाता निपुणो जिनधर्मधुरंधरः सततं ॥ १६
एकोनपंचवर्गप्रमितजिनानां चरित्रसंदब्धं ।
यो रायमल्लपूर्वाभ्युदय काव्य च कारितवान् ॥ १६
यस्य धनं धनबीज सुदेवगुर्वागमादिसत्क्षेत्रे ।
उप्तं श्रद्धांभोभिः सिक्तं स्वर्गादिफलदायि ॥ १७

---

१–भविष्यदत्तचरितकी प्रशस्तिमें इस पंक्तिके बदले नीचे लिखी पंक्ति है —
"विख्यातस्तनयो भूनृपमान्यो रायमल्ल इति ।" और 'रोहणभूरिव' आदि श्लोक नहीं है ।

२–भविष्यदत्तचरितमें इन दो पद्योंके स्थानमे नीचे लिखे दो पद्य है—

येन श्रुतपंचम्या फलसंदर्भेण गर्भित रम्य ।
सुभविष्यदत्तचरित कारितमात्मश्रवणहेतोः ॥ २१
यच्चरितस्य श्रवणाद्भाविकानां जायते फलमुदार ।
संपत्तिकारणमिह, प्रेत्य स्वर्गापवर्गकरं ॥ २२

यस्य भवानीदासः सहोदरः पुण्यवानपि कनीयान् ।
नृपसदसि लब्धमानः सौभाग्यसुभाग्यभोगनिधिः ॥ १८
स[1] च रायमल्लसाधुः सद्धर्मसुधाब्धिवर्द्धननवेंदु. ।
जैनक्रियासु कुशलः कुशलैकशिरोमणिर्जीयात् ॥ १९
ऊं[2]धाहीति प्रथमा तद्भार्या दानशीलसंपन्ना ।
धुरि सौभाग्यवतीनां पतिव्रतासीत्कुलगरिष्ठा ॥ २०
तत्[3]पुत्रोऽमीचद्रो दक्षो नयविनयशीलसम्पन्न. ।
सद्धर्मकर्मनिरतो जयतादाचन्द्रतारार्कं ॥ २१
अथ[4] रायमल्लसाधोर्मीनाहीति द्वितीयभार्यासीत् ।
तत्कुक्षिशुक्तिगर्भे बभुः सुताः शुक्तिजाकृतयाः ॥ २२
आ[5]द्यस्तूदयसिंहोऽनुजस्तथा शालिवाहनाभिख्यः ।
अपरोऽप्यनंतदासो नंदतु चिरं त्रयस्तनयः ॥ २३ ॥
वर्षे विक्रमराज्यतः शरकलाभून्नर्कभूसंमिते ।
ज्येष्ठे मासि सिते च पंचमदिनेर्हद्वृत्तसंदर्भितं ।
काव्यं कारितवानपूर्वरसवद्यो रायमल्लोदयं ।
जीयादारविचंद्रतारकमयं श्रीरायमल्लाह्वयं ॥ २४ ॥

इति श्रीपरमाप्तपरमपुरुषचतुर्विंशतितीर्थंकरगुणानुवादचरिते पं० श्रीपद्ममेरुविनेय पं० पद्मसुंदरविरचिते वर्द्धमानजिनचरितमंगलकीर्त्तनं नाम विंशः सर्गः ॥ २५ ॥

असुरसुरनरेंद्रव्यूहकोटीरकोटीमणिगणिकिरणांभो धौतपादारविंदः ।
चरमजिनपतेस्ते वर्द्धमानः समिद्धां प्रदिशतु शिवलक्ष्मी राजमल्लाह्वाय ॥१॥

---

१—भविष्यदत्तचरितमे इस प्रकार है—
स च रायमल्लसाधुर्नयविनयसुशीलशालिना सतत ।
तनयेनामीचद्राह्वयेन सहित सदा जीयात् ॥
२-३-४-५—ये पद्य भविष्यदत्तचरितमें नही हैं ।
पार्श्वनाथचरितकी प्रशस्ति—
१— वंशेऽग्रोतकनाम्नि गोइलमहागोत्रे पवित्री कृती,
विख्यातो नरसिंहसाधुरभवत्सिंहो नराणामिव ।
श्रद्धालुर्जिनपादपंकजरतो राज्ञा सदस्सुस्तुतो,
दाता ज्ञातृशिरोमणिः सुकृतिनामग्रेसराः सम्मतः ॥ ४

तदीय पुत्रौ नयशीलशालिनौ, सुधार्मिकौ ख्यातगुणौ बभूवतः ।
जिनेन्द्रगुर्वागमभक्तिबन्धुरौ, क्रमेण नानू-सहणू-समाह्वयौ ॥ ६६
तयोस्तु नान्वाख्य इति स्फुटौजसा, दिगन्तविश्रान्तयशःस्फुरद्गुणः ।
वदान्यमान्यो जिनपादपंकजद्वयार्चनैकप्रवणो बभूव स ॥ ६७
तदंगजोनून्नृपसंसदि स्तुतः शशांककुन्दद्युतिकीर्तिभासुरः ।
प्रसिद्धनामा जिनभक्तिनिर्भरो, बभार पात्रेष्वतिदानशौंडताम् ॥ ६८
विशुद्धसिद्धान्तसुधारसायन सुनव्यकाव्ये रसिको महानभूत् ।
जिनेशगुर्वागमपूज्यपूजकः स रायमल्लो विनये नये पटुः ॥ ६९
अकारयद्यः सकलार्हतां स्फुरच्चरित्रबद्धं नवकाव्यमादितः ।
इदं च साल्कूनिरुक्तिसूचितं स पार्श्वनाथाह्वयकाव्यमादितः ॥ ७०
यदर्जितं वित्तमिहासपात्रसाद्यदीयचित्तं किल धर्मतत्त्वसात् ।
वचो यदीयं स्फुटमास सत्यसात् स रायमल्लो भुवि नन्दताच्चिरम् ॥ ७१
सहोदरस्तस्य बभूव भवानी ततः कनीयान् विनयेन बन्धुरः ।
अनन्यसामान्यगुणः स्फुरत्तरः प्रकृष्टसौहार्दनिधिः सतां मतः ॥ ७२
तथा ह्यमीचन्द्रसुतेन साधुना स रायमल्लो जयतात्परिष्कृतः ।
तथोदयाख्येन च सालिवाहनांगजेन सानन्तसुतेन सन्ततम् ॥ ७३
अब्दे विक्रमराज्यतः शरकलाभृत्तर्क-भूममिते ।
मार्गेमास्यसिते चतुर्दशदिने सत्सौम्यवाराङ्किते ।
काव्यं कारितवाननीवमरसं श्रीपार्श्वनाथाह्वयं
सोऽयं नन्दतु नन्दनैः परिवृतः श्रीरायमल्लस्सदा ॥ ७४ ॥—पार्श्वनाथकाव्य

२—पार्श्वनाथ काव्यकी लेखकप्रशस्ति—

संवत् १६१७ वर्षे चैत्रवदी १० मी अकबरराज्ये प्रवर्तमाने श्रीकाष्ठासंघे माथुरान्वये पुष्करगणे उभयभाषाप्रवीणतपोनिधि. भट्टारकश्रीउद्धरसेनदेवा, तत्पट्टे सिद्धान्तजलसमुद्र-विवेककलाकमलिनीविकासनैकदिनमणिः भट्टारकश्रीदेवसेनदेवाः, कविविद्याप्रधानभट्टारक-श्रीविमलसेनदेवा, तत्पट्टे भट्टारकश्रीयशःकीर्तिदेवा, तत्पट्टे भट्टारक श्रीभावदेवा तत्पट्टे भट्टारक श्रीसहस्रकीर्तिदेवा तत्पट्टे भट्टारक श्रीगुणकीर्तिदेवा तत्पट्टे भट्टारकश्रीयशः-कीर्तिदेवा तत्पट्टे दयाद्रिचूडामणि भट्टारकश्रीमलयकीर्तिदेवा तत्पट्टे वादीभकुंभस्थलविदारनैक-केसरी भव्याम्बुजविकासनैकमार्तण्डदुर्गमपंचमहाव्रतधारणैकप्रचण्डः चारुचारित्रोद्वहनधुराधीरः तपसा निर्जितैकवीर भट्टारकश्रीगुणभद्रसूरिदेवा., तत्पट्टे भट्टारकश्रीभानुकीर्तिदेवाः, तत्शिष्यमण्डलाचार्यश्रीकुमारसेनदेवाः, तदाम्नाये अग्रोतकान्वये गोयलगोत्रे स्वदेशपरदेश-विख्यातमानु चौधरी छाजू तयो पुत्राः पंचमेरुवत्पंच ५, प्रथम पुत्र अनेकदानदायकु चौधरी हालहा १, द्वितीय पुत्र चौधरी बूढणु २, तृतीय पुत्र चौधरी नरपाल ३, चतुर्थ पुत्र चौधरी नरसिंघ ४, पंचम पुत्र चौधरी भोजा ५, चौधरी नरसिंह भार्याशीलतोयतरंगिणी साध्वी

मदनाही, तयोः पुत्रत्रय तत्र प्रथम पुत्र चौधरी नानू भार्या साध्वी ओदरही, तयोः पुत्र द्वौ, प्रथम पुत्र अनेकदानदाइकु चौधरी रायमल्ल, तस्य भार्या साध्वी द्वौ, प्रथम भार्या साध्वी ऊधाही दुतीय भार्या साध्वी मीनाही, तयोः पुत्र पच, प्रथम पुत्र चिरजीवी अमीचदु तस्य भार्या साध्वी जेठमलही, चौधरी रायमल दुतीयपुत्र चिरजीवी उदैसिघु, तृतीय पुत्र चिरजीवी सालिवाहणु, चतुर्थपुत्र चिरजीवी नर्मदास, पचमपुत्र चिरजीवी अनन्तदास। चौधरी नानू दुतीयपुत्र चौधरी भवानीदास, तस्य भार्या साध्वी माणिकही। चौधरी नरसिघ दुतीय पुत्र चौधरी कुलिचन्दु। चौधरी नरसिंघ तृतीय पुत्र चौधरी सहणपालु, तस्य भार्या द्वौ, प्रथम भार्या साध्वी गाल्हाही, दुतीय भार्या साध्वी समाही, पुत्रत्रय, प्रथम पुत्र चि० सुषमलु, तस्य भार्या साध्वी पोल्हणही, दुतीय पुत्र चि० पहाडमलु, तृतीय पुत्र चि० जसमलु। एतेषा मध्ये साधु नानूसुत चौधरी रायमलु, तेन इद पार्श्वनाथमहाकाव्य कारितमिति।

मकोडी करचरण उग्गगीवा अहोमुहा दिट्ठी।
ज मुहप्पवेलेहो त सुह पावेउय तुम्ह दुज्जणऊ॥
समाप्तमिति शुभ भवतु।

# कुछ और ग्रन्थकार

## १–अनन्तकीर्ति

अनन्तकीर्ति एक यशस्वी तार्किक हो गये हैं। धर्मज्ञसिद्धि या सर्वज्ञसिद्धिके अन्तमें उन्होंने लिखा है—

समस्तभुवनव्यापियशसानन्तकीर्तिना ।
कृतेयमुज्ज्वला सिद्धिर्धर्मज्ञस्य निरर्गला ॥

उनके बनाये हुए सर्वज्ञसिद्धि और बृहत्सर्वज्ञसिद्धि नामके दो ग्रन्थ प्रकाशित हो चुके हैं, परन्तु उनमें कोई प्रशस्ति आदि नहीं है जिससे उनकी गुरुपरम्परा आदिका कुछ पता लग सके। वादिराजने अपने पार्श्वनाथचरितमें उनका स्मरण इस प्रकार किया है—

आत्मनैवाद्वितीयेन जीवसिद्धिं निबध्नता ।
अनन्तकीर्तिना मुक्तिरात्रिमार्गेव लक्ष्यते ॥ २४

अनन्तकीर्तिके 'जीवसिद्धि निबध्नता' विशेषणसे ऐसा मालूम होता है कि उन्होंने जीवसिद्धि ग्रन्थपर कोई निबन्ध या टीका लिखी थी, और यह उसी 'जीवसिद्धि' नामक ग्रन्थकी टीका होगी, जिसका कि उल्लेख जिनसेनने अपने हरिवंशपुराणमें इस प्रकार किया है—

जीवसिद्धिविधायीह कृतयुक्त्यनुशासनम् ।
वचः समन्तभद्रस्य वीरस्येव विजृम्भते ॥

वादिराजने जिनसेनके बाद अनन्तकीर्तिका स्मरण किया है और ऐसा मालूम होता है कि उन्होंने पूर्व कवियोंका स्मरण प्रायः समयक्रमसे किया है। इससे अनन्तकीर्तिका समय जिनसेनके बाद और वादिराजसे पहले, अर्थात् वि० सं० ८४० और १०८२ के बीच है।

पं० महेन्द्रकुमारजीने लिखा है कि सिद्धिविनिश्चयटीकामें आचार्य अनन्तवीर्यने भी एक अनन्तकीर्तिका उल्लेख किया है और वे बहुत करके यही हैं। इनके बृहत्सर्वज्ञसिद्धि ग्रन्थका न्यायकुमुदचन्द्रपर प्रभाव पड़ा है, अतएव ये प्रभाचन्द्रसे पहलेके होना चाहिए और प्रभाचन्द्रने न्यायकुमुदकी रचना परमार राजा जयसिंहदेवके राज्यमे वि० सं० १११२ के लगभग की है।

## २–जयकीर्ति

सिंघीजैनग्रन्थमाला द्वारा प्रकाशित जैनपुस्तकप्रशस्तिसंग्रहमें संघवी पाड़ा पाटनके भण्डारकी योगसारकी संवत् ११९२ ज्येष्ठ सुदी १३ को लिखी हुई प्रतिके अन्तमें लिखा है—

> श्रीजयकीर्त्तिसूरिणा, शिष्येणामलकीर्तिना।
> लेखितं योगसाराख्यं विदा श्रीरामकीर्तिना॥

रामकीर्तिके गुरु इन्हीं जयकीर्तिका बनाया हुआ 'छन्दोऽनुशासन'[1] नामका एक ग्रन्थ जैसलमेरके पुस्तक-भण्डारमें है, जिसका अन्तिम अंश इस प्रकार है—

माण्डव्य-पिंगल-जनाश्रय-सेतवाख्य-श्रीपूज्यपाद-जयदेवबुधादिकानाम्।
छन्दांसि वीक्ष्य विविधानपि सत्प्रयोगान् छन्दोऽनुशासनमिदं जयकीर्तिनोक्तम्॥

इति जयकीर्तिकृतौ छन्दोऽनुशासन...संवत् ११९२ आषाढ़ शुदि १० शनौ लिखितमिदमिति।

जयकीर्त्ति दिगम्बर सम्प्रदायके हैं[2]।

---

१ यह छन्दोनुशासन प्रो० वेलणकरने अन्य कई छन्दोग्रन्थोंके साथ 'जयदामन' नामसे प्रकाशित किया है।

२ प० जुगलकिशोरजी मुख्तारने बतलाया है कि चितोड़गढमें एक शिलालेख (ए० इ० जिल्द २ पृ० ४२१) मिला है जो जयकीर्तिके शिष्य रामकीर्तिका है। उसमें रामकीर्तिने अपनेको दिगम्बराचार्य लिखा है—

> श्रीजयकीर्तिशिष्येण दिगम्बरगणेशिना।
> प्रशस्तिरीदृशी चक्रे (विदा ?) श्रीरामकीर्तिना॥
> सवत् १२०७ सूत्रधा . "

इसके १२०७ संवत्को देखते हुए छन्दोनुशासनके कर्त्ता जयकीर्ति ही रामकीर्तिके गुरु जान पड़ते हैं।

## ३–पद्मप्रभ

'नियमसार' की 'तात्पर्यवृत्ति' टीकाके कर्त्ता पद्मप्रभ मलधारिदेव[1] हैं जो अपनेको सुकविजनपयोजमित्र, पंचेन्द्रियप्रसरवर्जित, और गात्रमात्रपरिग्रह लिखते हैं। पद्मप्रभ विक्रमकी बारहवीं सदीके अन्त और तेरहवीं सदीके प्रारम्भके जान पड़ते हैं।

मुद्रित तात्पर्यवृत्तिके पृ० ८३ में 'उक्तं च सोमदेवपण्डितदेवैः' लिखकर यशस्तिलकका एक पद्य उद्धृत किया गया है और पृ० ६० मे 'तथाचोक्तं वादि-राजदेवैः' लिखकर वादिराजका एक पद्य दिया है। यशस्तिलक श० स० ८८१ ( वि० सं० १०१६ ) में और वादिराजका 'पार्श्वनाथचरित' श० सं० ९४७ ( वि० सं० १०८२ ) में समाप्त हुआ है।

पृ० ६१ में चन्द्रकीर्ति मुनिके मनकी बन्दना की गई है[2] और पृ० १४२ में उन्हींके श्रुतबिन्दु नामक ग्रन्थका 'तथा चोक्तं श्रुतबिन्दौ' कहकर एक पद्य उद्धृत किया है। श्रवणबेल्गोलके शिलालेख नं० ५४ में इन्हीं चन्द्रकीर्ति मुनिका स्मरण किया गया है और उन्हें श्रुतबिन्दुका कर्त्ता भी बतलाया है[3]।

यह शिलालेख फागुन बदी ३ श० सं० १०५० ( वि० सं० ११८५ ) का है जिस दिन मल्लिषेणमुनिने आराधनापूर्वक शरीर त्याग किया था। श्रुतबिन्दुके कर्ता चन्द्रकीर्तिको यदि मल्लिषेणकी मृत्युसे पचीस वर्ष पहले, अर्थात् वि० सं० ११६० के बाद का माना जाय तो अयुक्त न होगा। अतएव पद्मप्रभने वि० स० ११६० के लगभग अपने टीका-ग्रन्थकी रचना की होगी।

---

१ 'मलधारि' विशेषण दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनों सम्प्रदायके अनेक मुनियोंके नामके साथ जुड़ा हुआ पाया जाता है। हमारी समझमे यह शरीरकी स्वच्छता आदिकी ओरसे सर्वथा लापरवाह होनेको सूचित करना है। जैसे मलधारि गण्डविमुक्तदेव, मलधारि माधवचन्द्र, मलधारि बालचन्द्र, मलधारि मल्लिषेण आदि दिगम्बर और मलधारि हेमचन्द्र, मलधारि अभयदेव, मलधारि जिनभद्र आदि श्वेताम्बर।

२ निरुपममिद वन्द्य श्रीचन्द्रकीर्तिमुनेर्मन ॥

३ विश्व यश्श्रुतबिन्दुनावरुरुधे भाव कुशाग्रीयया,
बुध्येवाति महीयसा प्रवचसा बद्धं गणाधीश्वरैः,
शिष्यान्प्रत्यनुकम्पया कृशमतीनैद युगीनान्सुगी–
स्तं वाचार्चत चन्द्रकीर्तिगणिन चन्द्राभकीर्तिं बुधाः ॥ ३२

नियमसारकी तात्पर्यवृत्तिके प्रारम्भमें[1] और पाँचवें अध्यायके अन्तमें[2] वीरनन्दि मुनिकी बन्दना की गई है और इस रूपमें की गई है, जैसे वे उनके गुरु हों।

मद्रास प्रान्तके पटशिवपुरम् ग्राममें एक स्तम्भपर पश्चिमी चालुक्य राजा त्रिभुवनमल्ल सोमेश्वर देवके समयका श० स० ११०७ का एक लेख ( नं० २८ ) है जब कि उसके माण्डलिक त्रिभुवनमल्ल भोगदेव चोल हेजिरा नगरपर राज्य कर रहे थे। उसमें लिखा है कि जब यह जैन-मन्दिर बनवाया गया तब श्री पद्मप्रभ मलधारिदेव और उनके गुरु वीरनन्दि सिद्धान्तचक्रवर्ती विद्यमान थे[3]।

इससे यह निश्चय हो जाता है कि उक्त लेखमें जिनका जिक्र है वे पद्मप्रभ मलधारि यही हैं और उनके गुरु भी वही वीरनन्दि हैं जिनकी तात्पर्यवृत्तिमें बन्दना की गई है। अर्थात् श० सं० ११०७ या वि० सं० १२४२ मे पद्मप्रभ और उनके गुरु वीरनन्दि विद्यमान थे।

पद्मनन्दि-पंचविंशतिकाके कर्त्ता पद्मनन्दि भी अपने गुरुका नाम वीरनन्दि बतलाते हैं। क्या आश्चर्य जो वे यही वीरनन्दि हों और इस तरह पद्मप्रभ और वीरनन्दि एक ही गुरुके शिष्य या गुरु हों। उक्त ग्रन्थका ही एक प्रकरण 'एकत्व-सप्तति' है, जिसके अनेक पद्य नियमसार-टीकामें उद्धृत हैं[4]।

पद्मप्रभदेवने अमृतचन्द्रके अनेक पद्योंको इस टीकामें उद्धृत किया है[5], इतना ही नहीं उनकी टीकापर अमृतचन्द्रकी टीकाओंका खूब प्रभाव भी है। जिस तरह वे अपनी समयसार टीकामें जगह जगह मूलका अभिप्राय व्यक्त करनेके बाद उपसंहार रूपमें अपनी ओरसे कलशरूपमें नये पद्य बनाकर उपस्थित करते हैं ठीक उसी तरह पद्मप्रभदेव भी। इससे अमृतचन्द्र उनसे पहलेके हैं।

---

१–तद्विद्याढ्यं वीरनन्दिव्रतीन्द्रम्।

२–यस्य प्रतिक्रमणमेव सदा मुमुक्षोर्नास्त्यप्रतिक्रमणमप्यणुमात्रमुच्चैः।
तस्मै नमः सकलसंयमभूषणाय श्रीवीरनन्दिमुनिनामधराय नित्यम्॥

३–देखो ब्रह्मचारी श्रीशीतलप्रसादद्वारा सम्पादित 'मद्रास मैसूर प्रान्तके प्राचीन जैन स्मारक।' और एपिग्राफिआ इंडिका सन् १९१६–१७।

४–देखो, नियमसार-तात्पर्यवृत्ति।

५–देखो पृ० ७, १९, २२, ३४, ३७, ४०, ४४, ६६, ६८, ७५, ७८, ८१, ८५, ९०, १२०, १२९, १३७, १३९, १५२।

पद्मप्रभदेवने पृष्ठ ७२ में एक पद्य 'उक्तं च' रूपमें शुभचन्द्रके ज्ञानार्णवका भी उद्धृत किया है,[1] अतएव शुभचन्द्र पद्मप्रभसे पहलेके हैं।

पद्मप्रभदेवका पार्श्वनाथ-स्तोत्र या लक्ष्मीस्तोत्र नामका एक छोटा-सा स्तोत्र भी मिलता है। सम्भव है, उसके भी कर्त्ता यही हों।

## ४–तीन धनपाल

**१ धनपाल ( धक्कड़ )**—यह अपभ्रंश भाषाका प्राचीन कवि है। इसका सिर्फ एक ही ग्रन्थ भविसयत्त-कहा ( भविष्यदत्त-कथा ) या पंचमी-कहा उपलब्ध है। डा० जैकोबीकी राय है कि इसकी अपभ्रंश उस समयकी है, जब कि वह बोलचालकी भी भाषा थी, केवल साहित्यकी भाषा नहीं। इसके सिवाय वह हरिभद्रके 'नेमिनाथचरिउ' की भाषासे बहुत कुछ समानता रखती है और उनसे कुछ पीछेकी है। डा० गुणे भी उसे हेमचन्द्रने जिस अपभ्रंशका व्याकरण लिखा है उससे लगभग दो शताब्दि पहलेकी मानते हैं और इस तरह इन दोनोंके मतसे धनपाल ईसाकी दसवीं शताब्दिके कवि जान पड़ते हैं।

धनपालने अपने ग्रन्थमें सिर्फ इतना ही परिचय दिया है कि वे धक्कड़ नामक वणिक् वंशके माएसर पिता और धनश्री माताके पुत्र थे[2]। वे अपने गुरु या सम्प्रदाय आदिका भी कुछ उल्लेख नहीं करते; परन्तु डा० जैकोबीने बतलाया है कि वे दिगम्बर सम्प्रदायके थे। क्योंकि पंचमीकहामें सोलहवें अच्युत स्वर्गका उल्लेख है जो कि दिगम्बर सम्प्रदायके अनुसार है। श्वेताम्बर सम्प्रदायके अनुसार स्वर्ग बारह ही हैं। इसके सिवाय इस ग्रंथके पाँचवीं सन्धिके २० वें कड़वकमें जो 'भुंजिवि जेण दियंबरि लायउ' पद है उससे भी वे दिगम्बर ही मालूम होते हैं, परन्तु यह आश्चर्य है कि इस कविका पीछेके किसी दिगम्बर-लेखकने कहीं कोई उल्लेख नहीं किया। इसकी जिन दो हस्तलिखित प्रतियोंके आधारसे पूर्वोक्त एडीशन प्रकाशित हुए हैं, वे भी श्वेताम्बर भण्डारोंमें ही प्राप्त हुई हैं।

---

१–देखो पृ० ७२—तथा चोक्त—
निष्क्रिय करणातीत ध्यानध्येयविवर्जितम्।
अन्तर्मुख च यद्ध्यानं तच्छुक्लं योगिन विदुः॥—ज्ञानार्णव पृ० ४३१

२– धक्कडवणिवंसि माएसरहो समुब्भविण।
धणसिरिदेविसुएण विरइउ सरसइसंभविण॥ ९॥

धक्कड, धर्कट या धक्कड़वाल वैश्योंकी ही एक जाति है। अपभ्रंश भाषाकी धम्मपरिक्खाके कर्ता हरिषेण भी इसी धक्कडवंशके हैं जिनका समय वि० सं० १०४४ है। देलवाड़ामे वि० सं० १२८७ का जो तेजपालका शिलालेख है, उसमें भी धर्कट या धक्कड़ जातिका उल्लेख है[1]। आबूके दो अन्य शिलालेखोंमें भी इस जातिके लोगोंका जिक्र है[2]। हरिषेणने 'सिरिउजपुरणिग्गय-धक्कडकुल' लिखा है, अर्थात् सिरिउजपुरसे निकला हुआ धक्कड़ कुल। सिरिउजपुर शायद टोंक राज्यके सिरोंजका ही पुराना नाम हो। मेवाड़की पूर्व सीमापर टोंक राज्य है और सिरोंज पहले मेवाड़में ही शामिल था। हरिषेणने अपनेको मेवाड़ देशका कहा भी है।

**२ धनपाल ( ब्राह्मण )**—ये फर्रुखाबाद जिलेके सांकाश्यै नामक स्थानमें जन्म लेनेवाले काश्यपगोत्री ब्राह्मण देवर्षिके पौत्र और सर्वदेवके पुत्र थे। पहले ये जैनधर्मके विरोधी थे परन्तु पीछे अपने छोटे भाई शोभनके जिनदीक्षा ले लेनेके बाद स्वयं भी जैनधर्मके उपासक बन गये थे। परमार राजा सीयकसे लेकर महाराजा भोजके समय तक ये जीवित रहे। वाक्पतिराज मुंजकी राजसभाके ये प्रमुख रत्न थे और मुंजने इन्हें 'सरस्वती' की उपाधिसे विभूषित किया था। संस्कृत और प्राकृत दोनों भाषाओंपर इनका अधिकार था। सीयकदेवने जिस समय ( वि० स० १०२९ मे ) राष्ट्रकूटोंकी राजधानी मान्यखेटको लूटा था, उस समय इन्होंने अपनी छोटी बहिन सुन्दरीके लिए 'पाइअलच्छी नाममाला' ( प्राकृत-लक्ष्मीनाममाला ) नामक प्राकृत-कोशकी रचना की थी। उसके बाद राजा

---

१–२-देखो मुनि जिनविजयद्वारा सम्पादित प्राचीन जैन-लेख-संग्रह, पृ० ८६, ९५, १२२। इसमे धक्कड जातिको उपकेश ( ओसवाल ) जातिकी शाखा बतलाया है। यह धक्कडवाल जाति अब भी मौजूद है। दिगम्बर जैन डिरैक्टरीके अनुसार सन् १९१४ में इसकी जनसख्या १२७२ थी। इस जातिके लोग दिगम्बर-जैनधर्मका पालन करते है और अधिकांशमें बेरारके आकोला और यवतमाल जिलोमे आबाद है। कुछ लोग निजाम राज्यके परभणी जिलेमें भी है। मूलमें यह जाति राजपूतानेकी ही है और बघेरवालोंकी तरह यह भी बरारकी ओर चली आई है।

३–इस समय यह संकिसा नामसे प्रसिद्ध है।

४–श्रीमुञ्जेन सरस्वतीति सदसि क्षोणीभृता व्याहृतः। —ति० म०

५–देखो, पाइअलच्छीनाममालाकी २७६ वीं गाथा।

भोजके जिनागमोक्त कथा सुननेके कुतूहलको मिटानेके लिए 'तिलक-मंजरी' नामक गद्यकाव्य लिखा, जो न केवल जैनसाहित्यमें बल्कि समग्र संस्कृत-साहित्यमें बेजोड़ रचना है। अपने छोटे भाई शोभनमुनिकृत संस्कृत-स्तोत्रपर एक संस्कृत-टीका भी इन्होंने लिखी है जिसके अन्तमें लिखा है—तस्यैव ज्येष्ठभ्रातुः पण्डित-धनपालस्य। इसके सिवाय ऋषभ-पंचासिका (प्राकृत), महावीरस्तुति और सत्यपुरीय-महावीर-उत्साह (अपभ्रंश भाषा) नामकी कुछ फुटकर रचनायें भी इनकी मिलती हैं। ये धनपाल श्वेताम्बरसम्प्रदायके अनुयायी थे और इनके भाईने भी इसी सम्प्रदायकी दीक्षा ली थी। प्रभावकचरित आदि ग्रन्थोंमें धनपालके जैन होनेकी कथा दी है।

३—**धनपाल (पल्लीवाल)**—धनपाल नामके एक और कवि हैं जिन्होंने धनपालके प्रसिद्ध गद्य-काव्य 'तिलकमंजरी' के आधारसे 'तिलकमंजरी-कथा-सार' नामका ग्रन्थ लिखा है। उसके प्रारंभमें आदिनाथ भगवान् और भारतीकी स्तुति करके धनपालको नमस्कार किया गया है और फिर कहा है कि उनकी विज्ञानगुम्फित और कर्णस्थित तिलकमंजरी किसको अलंकृत नहीं करती? भ्रमरके समान मैं उसीका रस लेकर संक्षेपमें कुछ मधु उद्गिरण करूँगा। इसमें कथानक वही है, अर्थ भी प्रायः वही है, परन्तु रसौचित्यके खयालसे किया हुआ कुछ नवीन वर्णन भी है[3]।

ग्रन्थान्तमें कविने अपना परिचय इस प्रकार दिया है[4]—अणहिल्लपुरके पल्ली-

१–२–ये दोनों रचनायें जैनसाहित्यसंशोधक वर्ष ३, अंक २ में प्रकाशित हो चुकी हैं।

३–नमः श्रीधनपालाय येन विज्ञानगुम्फिता। कं नालंकुरुते कर्णस्थिता तिलकमंजरी ॥३॥
तस्या रहस्यमादाय मधुव्रत इवादरात्। मन्दवागपि संक्षेपादुद्गिरामि किमप्यहम् ॥ ४ ॥
कथागुम्फः स एवात्र प्रायेणार्थोऽस्त एव हि। किञ्चिन्नवीनमप्यस्ति रसौचित्येन वर्णनम् ॥५॥

४–अणहिल्लपुरख्यातः पल्लीपालकुलोद्भवः। जयत्यशेषशास्त्रज्ञः श्रीमान् सूक्तविरामनः ॥ १
सुश्लिष्टशब्दसन्दर्भमद्भुतार्थं रसोर्मि यत्। येन श्रीनेमिचरितं महाकाव्यं विनिर्ममे ॥ २
चत्वारः सूनवस्तस्य ज्येष्ठस्तेषु विशेषवित्। अनन्तपालश्चक्रे स्पष्टां गणितपाटिकाम् ॥ ३
धनपालस्ततो नव्यकाव्यशिक्षापरायणः। रत्नपालः स्फुरत्प्रज्ञो गुणपालश्च विश्रुतः ॥ ४
धनपालोऽल्पज्ञश्चापि पितुरश्रान्तशिक्षया। सारं तिलकमंजर्याः कथायाः किञ्चिदग्रथत् ५
इन्दु-दर्शन-सूर्याङ्कवासरे मासि कार्तिके। शुक्लाष्टम्यां गुरावेषः कथासारः समर्थितः ॥ ६
ग्रन्थः किञ्चिदभ्यधिकः शतानि द्वादशान्यसौ। वाच्यमानः सदा सद्भिर्यावदर्कं च नन्दतात् ॥७

वाल कुलमें अशेष शास्त्रोंके ज्ञाता रामन नामके कवि हुए, जिन्होंने नेमिचरित नामक महाकाव्यकी रचना की। उनके चार पुत्र हुए, जिनमें सबसे बड़े अनन्तपालने पाटी-गणितकी रचना की। दूसरे धनपाल, तीसरे रत्नपाल और चौथे गुणपाल। धनपाल अल्पज्ञ है, तो भी उसने अपने पिताकी अश्रान्त शिक्षाके प्रसादसे यह तिलकमंजरी कथाका सार लिखा। कातिक सुदी ८ गुरुवार वि० सं० १२६१ को यह समाप्त हुआ। इसमे बरहसौसे कुछ अधिक श्लोक हैं।

मुनि श्रीजिनविजयजी इसे दिगम्बर सम्प्रदायका बतलाते हैं[1]। उनके दिये हुए उद्धरणोंसे कविके सम्प्रदायपर कोई प्रकाश नहीं पड़ता। परन्तु ग्रन्थमें ऐसी कोई बात अवश्य होगी जिससे वे इस निर्णयपर पहुँचे हैं। पल्लीवाल जाति दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनों सम्प्रदायोंकी अनुयायी रही है। मूल तिलकमंजरीके कर्ता श्वेताम्बर थे।

## ५–महासेन

ये लाट-वर्गट या लाड़-बागड़ संघके थे। इनका बनाया हुआ 'प्रद्युम्न-चरित' नामका एक ही ग्रन्थ उपलब्ध है। जिस एक प्रतिके आधारसे उक्त ग्रन्थ प्रकाशित हुआ, उसमें कोई प्रशस्ति नहीं थी। परन्तु उसके बाद डा० हीरालालजी जैनको कारंजाके भण्डारमें इसकी एक प्रति ऐसी मिली जिसमें प्रशस्ति[2] दी हुई है—

१–देखो, श्वेताम्बर कान्फरन्स हेरल्ड अंक ७–८–९–१०।

२–श्रीलाट-वर्गटनभस्तलपूर्णचन्द्रः शास्त्रार्णवान्तगसुधीस्तपसां निवास।
कान्ताकलावपि न यस्य शरैर्विभिन्नं स्वान्तं बभूव स मुनिर्जयसेननामा ॥
तीर्णागमाब्धिरजायत तस्य शिष्य श्रीमद्गुणाकरगुणाकरसेनसूरि।
यो वृत्तबोधतपसा यशसा च नूनं प्रापत्परामनुपमामुपमां मुनीनां ॥ २
तच्छिष्यो विदिताखिलोरुसमयो वादी च वाग्मी कवि.
शब्दब्रह्मविचित्रधामयशसा मान्यां सतामग्रणी.।
आसीत् श्रीमहसेनसूरिरनघः श्रीमुंजराजार्चित.
सीमा दर्शनबोधवृत्ततपसां भव्याब्जिनीबांधव ॥ ३
श्रीसिन्धुराजस्य महत्तमेन श्रीपर्पटेनार्चितपादपद्म।
चकार तेनाभिहित: प्रबंध स पावन निष्ठितमङ्गजस्य ॥ ४
श्रीमत्काममहानरस्य चरितं समारविच्छेदिनः
श्रद्धाभक्तिपरा प्रबुद्धमनसा शृण्वंति ये सत्तमाः।

इस प्रशस्तिका भावार्थ यह है कि लाट-वर्गट संघमें सिद्धान्तोंके पारगामी जयसेन मुनि हुए और उनके शिष्य गुणाकरसेन। इन गुणाकरसेनके शिष्य महासेन सूरि हुए जो राजा मुंजके द्वारा पूजित थे और सिन्धुराज या सिन्धुलके महत्तम (महामात्य) पर्पटने जिनके चरणकमलोंकी पूजा की। उन्होंने इस प्रद्युम्नचरित काव्यकी रचना की और राजाके अनुचर विवेकवान् मघनने इसे लिखकर कोविदजनोंको दिया।

इसके प्रत्येक सर्गके अन्तमें महासेनको सिन्धुराजके महामहत्तम पर्पटका गुरु लिखा है जो इस बातको सूचित करता है कि पर्पट जैन धर्मानुयायी थे और उन्हींके लिए इस काव्यकी रचना हुई।

इसमें यद्यपि ग्रन्थ-निर्माणका समय नहीं दिया है परन्तु वह एक तरहसे निश्चित-सा है। क्यों कि मुंज और सिन्धुलका काल शिलालेखों और दूसरे साधनोंसे निर्णीत है। राजा मुंजके दो दानपत्र वि० सं० १०३१ और १०३६ के मिले हैं और १०५० और १०५४ के बीच किसी समय तैलिपदेवने उनका वध किया था। इन्हीं मुंजदेवके समयमें वि० सं १०५० में अमितगतिने अपना सुभाषित-रत्न-सन्दोह समाप्त किया था। राजा सिन्धुल सुप्रसिद्ध राजा भोजके पिता थे। इनकी मृत्यु गुजरातनरेश चामुण्डराय सोलंकीके साथकी लड़ाईमें वि० सं० १०६६ के कुछ पूर्व हुई थी। अर्थात् प्रद्युम्न-चरितकी रचना वि० सं० १०३१ और १०६६ के बीच किसी समय हुई होगी।

लाड़-बागड़ संघ माथुरसंघके ही समान काष्ठासंघकी एक शाखा है। महासेनकी और कोई रचना अभीतक देखने सुननेमें नहीं आई।

---

सवेगात्कथयन्ति ये प्रतिदिनं योऽधीयते सतत
भूयासु सकलास्त्रिलोकमहिताः श्रीवल्लभेन्दुश्रियः ॥ ५
श्रीभूपतेरनुचरो मघनो विवेकी शृङ्गारभावघनसागररागसार।
काव्यं विचित्ररमाद्भुतवर्णगुम्फं सलेख्य कोविदजनाय ददौ सुवृत्त ॥ ६
श्रे. माणिक्येन लिखितं। सं० १५६९ वर्षे फाल्गुन सुदि ६ गुरौ।

१—लाट (लाड=गुजरात) और वर्गट (बागड़) प्रदेशका संघ। डूँगरपुर और बाँसवाड़ा दोनों राज्योंका सम्मिलित नाम बागड़ है। पहले यह एक राज्य था।

## ६-ब्रह्मसूरि

लगभग पचास वर्ष हुए 'काव्याम्बुधि' नामका एक संस्कृत मासिक पत्र उस समयके सुप्रसिद्ध जैन विद्वान् पं० पद्मराजने बंगलोरसे निकालना शुरू किया था, जो निर्णयसागर प्रेसकी सुप्रसिद्ध काव्यमालाके ढंगका था। उसमें केवल जैन काव्योंके प्रकाशित करनेकी व्यवस्था की गई थी। इसका एक अंक बिना टाइ-टिलका मेरे संग्रहमें है जिसमें पद्मनंदिकी 'एकत्वसप्तति' के ५१ पद्य व्याख्या-सहित और ब्रह्मसूरिके 'ज्योतिप्रभाकल्याण नाटक' के दो अंक पूरे और तृतीयांकके तीन पृष्ठ और हैं। दोनों ग्रन्थोंके डिमाई साइजके चौबीस चौबीस पेज दिये गये हैं। मालूम नहीं, इससे आगे और कितने अंक इस पत्रके निकले। यदि एक दो अंक ही और निकले हों तो ये दोनों ग्रन्थ उनमें पूर्ण हो गये होंगे। इनमेंसे 'एकत्वसप्तति' तो 'पद्मनन्दि-पंचविंशतिका' के अन्तर्गत प्रकाशित हो चुकी है और इसलिये सुलभ है; परन्तु 'ज्योतिःप्रभाकल्याण' नाटक दुर्लभ है।

यह नाटक सोलहवे तीर्थंकर श्री शान्तिनाथके पूर्वभवसम्बन्धी अमिततेज विद्याधर और ज्योतिःप्रभाको लेकर रचा गया है और गुणभद्रका उत्तरपुराण इसका मूल है। इसके कर्त्ता ब्रह्मसूरि[1] हैं जो नाट्याचार्य हस्तिमल्लके वंशज हैं और उनसे लगभग सौ वर्ष बाद विक्रमकी पन्द्रहवीं शताब्दीमे हुए हैं और जिनके त्रिवर्णाचार और प्रतिष्ठातिलक ग्रन्थ प्रसिद्ध हैं।

शान्तिनाथ भगवानके जन्म-कल्याणके पूजा-महोत्सवके दिन खेलनेके लिए इस नाटककी रचना हुई थी। नाटक सुन्दर मालूम होता है।

## ७-रत्नसिंह

यह छोटा-सा खण्डकाव्य बड़ा ही सुन्दर और प्रसादगुणयुक्त है। मानतुंगके भक्तामर स्तोत्रके चौथे चरणोंकी समस्यापूर्तिके रूपमे इसकी रचना की गई है—

श्रीसिंहसंघसुविनेयक-धर्मसिंह-पादारविन्दमधुलिड्मुनिरत्नसिंहः।
भक्तामरस्तुतिचतुर्थपदं गृहीत्वा, श्रीनेमिवर्णनमिदं विदधे कवित्वं ॥

अर्थात् सिंहसंघके अनुयायी धर्मसिंहके चरण-कमलोंमें भ्रमरके समान अनुरक्त मुनि रत्नसिंहने यह नेमिनाथ भगवानका वर्णन करनेवाला काव्य बनाया।

१-प्रदोषे जायते प्रातः किं का मंगलवाचकम्।
किं रूपयन्तु तच्चेद् ब्रह्मसूरिकृतिश्च का ॥

सिंह संघकी कोई पट्टावली अभी तक उपलब्ध नहीं है, जिससे मुनि रत्नसिंहके समयादिका कुछ पता लगाया जा सके। इनकी और कोई रचना भी प्राप्य नहीं है। बसवा ( जयपुर ) के स्व० पंडित मुन्दरलालजीको यह काव्य कंठस्थ था, एक बार जब वे बम्बई आये थे, तब उन्होंने मुझे लिखा दिया था, और तभी मैंने इसका हिन्दी अनुवाद करके मूलके सहित प्रकाशित भी कर दिया था[१]।

इसमें भक्तामरके ४८ पद्योंकी समस्यापूर्ति की गई है, इस लिए यह स्पष्ट है कि इसके कर्त्ता दिगम्बर सम्प्रदायके हैं और सिंह संघ भी इसी सम्प्रदायका है। दिगम्बर सम्प्रदायमें भक्तामर स्तोत्रके ४८ पद्य माने जाते हैं और श्वेताम्बर सम्प्रदायमें ४४।

इसका प्रारम्भिक पद्य 'प्राणप्रियं नृपसुता' आदिसे शुरु होता है, इसलिए यह 'प्राणप्रिय काव्य' नामसे प्रसिद्ध है[२]। इस काव्यके बानगीके तौरपर सिर्फ दो अतिशय सरस पद्य दिये जाते हैं—

नर्तिकि वदामि रजनीसमये समेत्य, चन्द्रांशवो मम तनुं परितः स्पृशन्ति।
दूरे धवे सति विभो परदारशक्तान्, कस्तान्निवारयति संचरतो यथेष्टम् ॥१४॥
पूर्वं मया सह विवाहकृते समागाः, मुक्तिस्त्रियास्त्वमधुना च समुद्यतोऽसि।
चेच्चञ्चलं तव मनोऽपि बभूव हा तत, किं मन्दराद्रिशिखरं चलितं कदाचित् ॥१५

## ८–वादिराज

वादिराजकी अभी तक दो रचनायें उपलब्ध हुई हैं एक तो वाग्भटालंकारकी 'कविचन्द्रिका' टीका और दूसरी 'ज्ञानलोचनस्तोत्र' नामका छोटा-सा स्तोत्र।

१–देखो, जैनहितैषी भाग ६, अंक १ और २-३

२–प्राणप्रियं नृपसुता किल रैवताद्रिशृङ्गाग्रसंस्थितमवोचदिति प्रगल्भम्।
अस्मादृशामुदितनीलवियोगरूपेऽवालम्बनं भवजले पततां जनानाम् ॥

३–इसकी एक प्रति जयपुरके पाटोदीके मन्दिरमें है और दूसरी अधूरी संघीजीके मन्दिरमें।
वाग्भटकवीन्द्ररचितालंकारस्यावचूरिरियममला।
जिनवचनगुरुकृपातो विरच्यते वादिराजेन ॥ २
धनंजयाशाधरवाग्भटानां धत्ते पदं सम्प्रति वादिराजः।
खाण्डिल्यवंशोद्भवपोमसूनुः जिनोक्तिपीयूषसुतृप्तगात्रः ॥ ३

पहले ग्रन्थकी उत्थानिका और प्रशस्तिसे[1] मालूम होता है कि ये खण्डेलवाल थे और इनके पिताका नाम पोमराज ( पद्मराज ) श्रेष्ठी था। श्रेष्ठी शायद सेठीका संस्कृतरूप है, जो कि खण्डेलवालोंका एक गोत्र है। उन्होंने अपनेको उस समयमें धनंजय, आशाधर और वाग्भटका पद धारण करनेवाला अर्थात् उन्हींकी जोड़का विद्वान् बतलाया है। वे तक्षक[2] नगरीके राजा राजसिंहके मंत्री थे और उनके सेवा-कार्यमें रहते हुए कुछ अवकाश निकालकर उन्होंने यह बालोपयोगी टीका लिखी थी। राजसिंहको भीमनृपात्मज अर्थात् राजा भीमसिंहका पुत्र लिखा है।

वे अपनेको दूसरा वाग्भट बतलाते हुए लिखते हैं कि राजा राजसिंह दूसरे जयसिंहदेव हैं, तक्षक नगर दूसरा अणहिल्लपुर है और मैं वादिराज दूसरा वाग्भट हूँ।

टीकाकी उत्थानिकामें उन्होंने वाग्भटको महामात्यपदभृत् लिखा है, इससे शायद वादिराज भी राजसिंहके अमात्य होंगे।

इस टीकाको उन्होंने वि० सं० १७२९ की दीपमालिकाको, गुरुवार, चित्रा नक्षत्र और वृश्चिक लग्नमें समाप्त किया था।

## ९–माघनन्दि योगीन्द्र

माघनन्दि 'शास्त्रसारसमुच्चय' नामक सूत्रग्रन्थके कर्त्ता है। इस नामके कई विद्वान् हो गये हैं। कर्नाटक-कवि-चरित्रके अनुसार एक माघनन्दिका समय

---

१–इति मत्वा रत्नत्रयालंकृतत्रैविधवित्तो विमलसोमश्रेष्ठिकुलभूयोमहामात्यपदभृच्छीमद्वाग्भटमहाकविस्तावदिष्टदेवतामभीष्टौति।

सवत्सरे निधिदृगश्वशशाङ्कयुक्ते दीपोत्सवाख्यदिवसे सगुरौ सचित्रे।
लग्नेऽलिनाम्नि च समाप गिर प्रमादात् सद्वादिराजरचिता कविचन्द्रिकेयम्॥ १
श्रीराजसिंहनृपतिर्जयसिंह एव श्रीतक्षकाख्यनगरी अणहिल्लतुल्या।
श्रीवादिराजविबुधोऽपरवाग्भटोऽय श्रीसूत्रवृत्तिरिह नन्दतु चार्कचन्द्रम्॥ २
श्रीमद्भीमनृपालजस्य बलिनः श्रीराजसिंहस्य मे,
सेवायामवकाशमाप्य विहिता टीका शिशूनां हिता।
हीनाधिक्यवचो यदत्र लिखित तद्वै बुधैः क्षम्यताम्,
गार्हस्थ्यावनिनाथसेवनधियः कः स्वस्थतामाप्नुयात्॥

इति श्रीवाग्भटालंकारटीकायां पोमराजश्रेष्ठिसुतवादिराजविरचितायां कविचन्द्रिकायां पञ्चमः परिच्छेदः।

२–जयपुर राज्यके 'टोडा रायसिंह' का पुराना नाम तक्षकनगर है।

ईसवी सन् १२६० ( वि० सं० १३१७ ) है और उन्होंने इस शास्त्रसारसमुच्चय-पर एक कनडी टीका भी लिखी है तथा माघनन्दि-श्रावकाचारके कर्त्ता भी यही हैं। इससे मालूम होता है कि शास्त्रसारसमुच्चय (मूल) के कर्त्ता इनसे पहले हुए हैं और उनका समय भी विक्रमकी चौदहवीं शताब्दीसे पहले होना चाहिए।

मद्रासकी ओरियण्टल लाइब्रेरीमें 'प्रतिष्ठाकल्पटिप्पण' या 'जिनसंहिता' नामका एक ग्रन्थ है। उसकी उत्थानिका और अन्तकी पुष्पिकासे मालूम होता है कि प्रतिष्ठाकल्प-टिप्पणके कर्त्ता वादि कुमुदचन्द्र माघनन्दि सिद्धान्तचक्रवर्तीके शिष्य थे।

माघनन्दि-श्रावकाचार और शास्त्रसारसमुच्चयके टीकाकार माघनन्दिने कर्नाटक-कविचरित्रके अनुसार कुमुदेन्दुको अपना गुरु बतलाया है। संभव है कि ये कुमदेन्दु शास्त्रसारसमुच्चयके कर्त्ता माघनन्दि (पहले) के ही शिष्य हों जिनका उक्त प्रतिष्ठा-कल्प-टिप्पण है और उन्हींके शिष्य श्रावकाचारके कर्त्ता दूसरे माघनन्दि हों।

## १०-सोमदेव

त्रिभंगीसारकी सुबोधा टीकाके कर्त्ता सोमदेव बघेरवाल वंशके थे और उनके पिताका नाम आभदेव और माताका विजैणी ( विजयिनी ) था।

यथामरेन्द्रस्य पुलोमजा प्रिया नारायणस्याब्धिसुता बभूव।
तथाभदेवस्य विजैणिनाम्नी प्रिया सुधर्मा सुगुणा सुशीला ॥ ३
तयो सुनः सद्गुणवान् सुवृत्तः सोमोऽभिधः कौमुदवृद्धिकारी।
व्याघ्रेरवालाम्बुनिधेः सुरत्नं जीयाच्चिरं सर्वजनीनवृत्तः ॥ ४

---

१– श्रीमाघनन्दिसिद्धान्तचक्रवर्तितनूभवः।
कुमुदेन्दुरहं वच्मि प्रतिष्ठाकल्पटिप्पणम् ॥

२– इतिश्रीमाघनन्दिसिद्धान्तचक्रवर्तितनूभवचतुर्विधपाण्डित्यचक्रवर्तिश्रीवादिकुमुदचन्द्र-मुनीन्द्रविरचिते जिनसंहिताटिप्पणे पूज्यपूजकपूजकाचार्यपूजाफलप्रतिपादन समाप्तम्।

३–ऐलक पन्नालाल सरस्वतीभवनकी पहली रिपोर्ट ( पृ० ११०–१२ )

श्रीपद्माघ्रियुगे जिनस्य नितरां लीनः शिवाशाधरः।
सोमः सद्गुणभाजनः सविनयः सत्पात्रदाने रतः ॥
सद्रत्नत्रययुक् सदाबुधमनोह्लादी चिरं भूतले ।
नन्द्याद्येन विवेकिना विरचिता टीका सुबोधाभिधा ॥

पं० परमानन्द शास्त्रीने जैनग्रन्थप्रशस्तिसंग्रहमें इस ग्रन्थका जो आदिका अंश प्रकाशित किया है उसके तीसरे चौथे पद्य ये हैं—

कर्मद्रुमोन्मूलनदिक्करीन्द्रं सिद्धान्तपाथोनिधिदृष्टपारं ।
षट्त्रिंशदाचार्यगुणैः प्रयुक्तं नमाम्यहं श्रीगुणभद्रसूरिम् ॥ ३ ॥
या पूर्वं[१] श्रुतिमुनिना टीका कर्णाटभाषया विहिता ।
लाटीयभाषया सा विरच्यते सोमदेवेन ॥ ४ ॥

कहा नहीं जा सकता कि गुणभद्रसूरि टीकाकारके गुरु थे या कोई पुरातन आचार्य । टीकाकार तो गृहस्थ हैं । श्रुतमुनिने अपना परमागमसार श० सं० १२६३ ( वि० सं० १३९८ ) रचा है, इसलिए उनके त्रिभंगीसारके टीकाकार उक्त समयसे पीछेके हैं ।

## ११—पार्श्वनागका आत्मानुशासन

इस छोटेसे सुन्दर ग्रन्थमें ७७ पद्य हैं । इसकी एक प्रति मैंने मुनि श्रीजिन-विजयजीके पास देखी थी । प्रो० पिटर्सन द्वारा सम्पादित रायल एशियाटिक सोसाइटी बाम्बे ब्राँचके जर्नल एकस्ट्रा नम्बर, सन् १८८७, पृ० ९ में इसका आद्यन्त अंश दिया हुआ है—

आदि— सकलत्रिभुवनतिलकं, देवं प्रथमं प्रणम्य सर्वज्ञं ।

अन्त— इति पार्श्वनाग-विरचितमनुशासनमात्मना विभावयतां ।
सम्यग्भावेन नृणां न भवति दुःखं कथंचिदिह ॥ ७६ ॥
द्व्यर्गलचत्वारिंशत्समधिकवत्सरसहस्रसंख्यायां ।
भाद्रपदप्रौर्णिमायां बुधोत्तरा भाद्रपदिकायां ॥ ७७ ॥

अर्थात् १०४२ संवत्में पार्श्वनागने इसकी रचना की है । यह शायद शक संवत् होगा ।

---

१ सरस्वतीभवनकी पहली रिपोर्टमें उक्त पद्य इसी रूपमें है । प्रशस्तिसंग्रहमें ' या पूर्वा श्रुतटीका कर्णाटभाषया ' पाठ है जो अशुद्ध मालूम होता है ।

# कुछ अप्राप्य ग्रन्थ

## १—सुमतिदेवके दो ग्रन्थ

पार्श्वनाथचरितके कर्त्ता वादिराजने प्राचीन कवियोंका स्मरण करते हुए लिखा है—

> नमः सन्मतये तस्मै भवकूपनिपातिनाम् ।
> सन्मतिर्विवृता येन सुखधामप्रवेशिनी ॥ २२ ॥

अर्थात् उस सन्मति ( आचार्य और महावीर भगवान् ) को नमस्कार हो जिनसे भवकूपमें पड़े हुए लोगोंके लिए सुखधाममें पहुँचनेवाली सन्मतिको विवृत किया, यानी सन्मतिकी वृत्ति या टीका लिखी ।

सिद्धसेनका सन्मति-प्रकरण नामक ग्रन्थ ही यह सन्मति है जिसपर अभय-देवकी विस्तृत टीका है और गुजरात विद्यापीठद्वारा प्रकाशित हो चुकी है ।

श्रवणबेल्गोलकी मल्लिषेणप्रशस्तिमें 'सुमतिदेव' नामक विद्वान्का उल्लेख है जिन्होंने 'सुमति-सप्तक' नामका कोई ग्रन्थ बनाया था—

> सुमतिदेवममुं स्तुत येन वः सुमतिसप्तकमाप्ततया कृतं ।
> परिहृतापथतत्त्वपथार्थिनां सुमतिकोटिविवर्तिभवार्तिहृत् ॥

जान पड़ता है कि पूर्वोक्त सन्मति और ये सुमतिदेव एक ही हैं। सन्मतिकी टीकाके कर्त्ताका नाम एक कविको 'सुमति'की जगह 'सन्मति' ही विशेष उपयुक्त और आकर्षणीय मालूम हुआ होगा और वह सुगमतासे प्राप्त इस शब्दालंकारको नहीं छोड़ सका होगा।

हरिभद्र अपने ग्रन्थमें तत्त्वसंग्रहके कर्त्ता शान्तिरक्षितका उल्लेख करते है जिनका समय विक्रमका आठवाँ शतक माना जाता है। ये तत्त्वसंग्रहकार स्याद्वाद-परीक्षा ( कारिका १२६२ आदि ) और बहिरर्थपरीक्षा ( कारिका १९८०

आदि ) में सुमति नामक दिगम्बराचार्यके मतकी समालोचना करते हैं और इन्हीं सुमतिने सन्मतिकी विवृत्ति की है।

बृहट्टिप्पणिकामें 'सन्मतिकी वृत्ति 'अन्यकर्तृक है' ऐसा उल्लेख किया है। अन्यकर्तृक अर्थात् अपने ( श्वे० ) सम्प्रदायसे अन्य।

कर्कराज सुवर्णवर्षके सूरतके दानपत्र ( ताम्रपत्र ) में मल्लवादीके शिष्य सुमति और सुमतिके शिष्य अपराजितका उल्लेख है, जो मूलसंघके सेनान्वयके थे। श० स० ७४३ ( वि० स० ८७८ ) में अपराजितको नवसारीकी एक जैन संस्थाके लिए यह दान दिया गया था। संभव है, यही सुमति सन्मति-टीकाके कर्त्ता हों, तब इनका अर्थात् अपराजितके गुरु सुमतिका समय वि० सं० ८५० के लगभग माना जा सकता है। पर उस दशामें तत्त्वसंग्रहकर्त्ता शान्तिरक्षितका समय वि० की नवमी शताब्दि मानना होगा।

मल्लिषेण-प्रशस्तिमें कुन्दकुन्द, समन्तभद्र, सिंहनन्दि, वक्रग्रीव, वज्रनन्दि और पात्रकेसरीके बाद सुमतिदेवकी स्तुति की गई है और उनके बाद कुमारसेन, वर्द्धदेव, अकलंकदेव आदिकी। यद्यपि उक्त प्रशस्तिसे हम यह आशा नहीं कर सकते कि उसमें सब आचार्योंका स्तवन ठीक ठीक समय-क्रमसे ही किया होगा, फिर भी उससे सुमतिदेव प्राचीन आचार्य मालूम होते हैं।

## २—वज्रनन्दिके दो ग्रन्थ

मल्लिषेण-प्रशस्तिमें वज्रनन्दिके 'नवस्तोत्र' नामक ग्रन्थका उल्लेख है, जिसमें सारे अर्हत्प्रवचनको अन्तर्भुक्त किया गया है और जिसकी रचनाशैली बहुत सुन्दर है—

> नवस्तोत्रं तत्र प्रसरति कवीन्द्राः कथमपि
> प्रमाण वज्रादौ रचयत परनन्दिनि मुनौ।
> नवस्तोत्रं येन व्यरचि सकलार्हतप्रवचन—
> प्रपंचान्तर्भावप्रवणवरसन्दर्भसुभगम् ॥ ११ ॥

इसी तरह जिनसेनने भी अपने हरिवंशपुराणमें वज्रसूरिकी स्तुति करते हुए लिखा है—

> वज्रसूरेर्विचारण्यः सहेत्वोर्बन्धमोक्षयोः।
> प्रमाणं धर्मशास्त्राणां प्रवक्तॄणामिवोक्तयः ॥ ३२ ॥

अर्थात् वज्रसूरिकी सहेतुक बन्ध-मोक्षकी विचारणायें धर्मशास्त्रोंके प्रवक्ताओंकी अर्थात् गणधरदेवोंकी उक्तियोंके समान प्रमाणभूत हैं।

इस स्तुतिमें वज्रसूरिके किसी ऐसे ग्रन्थका संकेत है जिसमें बन्ध, मोक्ष और उनके कारण राग-द्वेष तथा सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रादिकी चर्चा है।

महाकवि धवलने अपने अपभ्रंशभाषाके हरिवंशपुराणमें लिखा है—

'वज्जसूरि सुपसद्धउ मुणिवरु, जेण पमाणगंथु किउ चंगउ।'

अर्थात् वज्रसूरि नामके सुप्रसिद्ध मुनिवर हुए जिन्होंने सुन्दर प्रमाण-ग्रन्थ बनाया।

जिनसेन और धवल दोनोंने ही वज्रसूरिका उल्लेख पूज्यपाद या देवनन्दिके बाद किया है, अतएव ये वही वज्रनन्दि मालूम होते हैं जो पूज्यपादके शिष्य थे और जिन्हें देवसेनसूरिने अपने दर्शनसारमें द्राविड संघका उत्पादक बतलाया है। नवस्तोत्रके अतिरिक्त इनका कोई प्रमाण ग्रन्थ भी था। जिनसेनने उनके जिस बन्ध-मोक्षकी चर्चा करनेवाले ग्रन्थका संकेत किया है, वह शायद इन दोमेंसे ही कोई हो अथवा कोई तीसरा ही हो। यह बात खास तौरसे ध्यान देने योग्य है कि जिनसेन तो उन्हें गणधर देवोंके समान प्रमाणिक मानते हैं और देवसेन जैनाभास बतलाते हैं।

### ३—महासेनकी सुलोचना कथा

जिनसेनने अपने हरिवंशपुराणकी उत्थानिकामें लिखा है—

महासेनस्य मधुरा शीलालंकारधारिणी।
कथा न वर्णिता केन वनितेव सुलोचना॥ ३३॥

अर्थात् शीलरूप अलंकारको धारण करनेवाली, सुनेत्रा और मधुरा वनिताके समान महासेनकी सुलोचना-कथाकी प्रशंसा किसने नहीं की?

कुवलयमालाके कर्त्ता उद्योतनसूरिने भी शायद इसी सुलोचना कथाके विषयमें कहा है—

सण्णिहियजिणवरिंदा धम्मकहाबंधदिक्खियणरिंदा।
कहिया जेण सुकहिया सुलोयणा समवसरणं व॥ ३९॥

अर्थात् जिसने समवसरण जैसी सुकथिता सुलोचना कथा कही। जिस तरह समवसरणमें जिनेन्द्र स्थित रहते हैं और धर्मकथा सुनकर राजा लोग दीक्षित होते हैं, उसी तरह सुलोचना कथामें भी जिनेन्द्र सन्निहित हैं और उसमें राजाने दीक्षा ले ली है।

उद्योतनसूरिने जिनसेनसे पाँच वर्ष पहले अपने ग्रन्थकी रचना की थी, अतएव अधिक सम्भावना यही है कि इन दोनोंके द्वारा प्रशंसित 'सुलोचना कथा' एक ही है और महासेन विक्रम संवत् ८३५ के पहलेके हैं। बहुत करके यह कथा प्राकृत भाषामें होगी।

धवल महाकविने भी अपने अपभ्रंश हरिवंश-पुराणमें रविषेणके पद्मचरितके साथ महासेनकी सुलोचना कथाका उल्लेख किया है—

'मुणि महसेणु सुलोयणु जेण, पउमचरिउ मुणि रविसेणेण।'

## ४—प्रभंजनका यशोधरचरित

मुनि वासवसेनने यशोधरचरितमें लिखा है—

प्रभंजनादिभिः पूर्वं हरिषेणसमन्वितैः।
यदुक्तं तत्कथं शक्यं मया बालेन भाषितुम्॥

अर्थात् हरिषेण प्रभंजनादि कवियोंने पहले जो कुछ कहा है, वह मुझ बालकसे कैसे कहा जा सकता है? इससे मालूम होता है कि प्रभंजन कविका बनाया हुआ यशोधरचरित नामका ग्रन्थ वासवसेनके पहले था और जान पड़ता है कि इसीका उल्लेख कुवलयमालामें भी किया गया है—

सत्तूण जो जसहरो जसहरचरियेण जणवए पयडो।
कलिमलपभंजणो च्चिय पभंजणो आसि रायरिसी॥ ४०॥

अर्थात् जो शत्रुओंके यशका हरण करनेवाला था और जो यशोधरचरितके कारण जनपदमें प्रसिद्ध हुआ, वह कलिके पापोंका प्रभंजन करनेवाला प्रभंजन नामका राजर्षि है। प्रभंजन पहले राजा रहे होंगे

भट्टारक ज्ञानकीर्तिने (वि० सं० १६५९) अपने यशोधरचरितमें अपने पूर्ववर्ती जिन यशोधरचरित-कर्त्ताओंके नाम दिये हैं उनमें प्रभंजनका भी नाम है— सोमदेव, हरिषेण, वादिराज, प्रभंजन, धनंजय, पुष्पदन्त, वासवसेन।

यह ग्रन्थ भी सम्भवतः प्राकृतमें होगा।

# हमारे तीर्थक्षेत्र

**तीर्थोंके भेद**—दिगम्बर-सम्प्रदायमें तीर्थोंके दो ही भेद किये जाते हैं। एक तो 'सिद्धक्षेत्र' जहाँसे तीर्थङ्कर या दूसरे महात्मा सिद्ध-पद या निर्वाणको प्राप्त हुए और दूसरे 'अतिशय क्षेत्र', जो किसी मूर्ति या तत्रस्थ देवताके किसी अतिशयके कारण बन गये हैं या जहाँ मन्दिरोंकी बहुलताके कारण दर्शनार्थी अधिक जाने लगे हैं और इस कारण उनका अतिशय बढ गया है।

तीर्थङ्करोंकी गर्भ-जन्म-तप-ज्ञान-भूमियाँ भी तीर्थ हैं; पर वे उक्त दो भेदोंमें अन्तर्भुक्त नहीं होतीं।

**तीर्थोंका साहित्य**—श्वेताम्बर सम्प्रदायमें विविधतीर्थकल्प (जिनप्रभ-सूरिकृत), अनेक लेखकोंकी तीर्थमालायें, विविध प्रबन्ध आदि अनेक ग्रन्थ तीर्थोंके सम्बन्धमें हैं; परन्तु दिगम्बर सम्प्रदायमें ऐसा एक भी ग्रन्थ नहीं है जिसमें तीर्थोंका कुछ विस्तारसे वर्णन हो। तीर्थयात्रियोंकी भी कोई ऐसी प्राचीन पुस्तक नजर नहीं आई, जिसमें दस बीस तीर्थोंका आँखों देखा वर्णन हो। हमारे सामने इस समय केवल दो छोटी छोटी भक्तियाँ हैं जो तीर्थोंके सम्बन्धमें यत्किंचित्, सो भी अस्पष्ट और अधूरी, सूचनायें देती हैं। पहली है प्राकृत निर्वाणभक्ति या निर्वाण-काण्ड और दूसरी संस्कृत निर्वाणभक्ति। पहलीमें केवल १९ गाथायें और दूस-रीमें ३२ पद्य हैं।

संस्कृत निर्वाणभक्ति प्रभाचन्द्रके क्रियाकलापमें संगृहीत है और उसपर उनकी टीका भी है। उन्होंने लिखा है कि सारी संस्कृत भक्तियाँ पादपूज्य स्वामीकृत हैं और प्राकृत भक्तियाँ कुन्दाकुन्दाचार्यकृत।—"संस्कृता सर्वा भक्तयः पादपूज्यस्वामि-कृताः प्राकृतास्तु कुन्दकुन्दाचार्यकृताः।" परन्तु इसबातकी पुष्टि कहीं अन्यत्रसे नहीं होती। एक तो 'पादपूज्य' या 'पूज्यपाद' नाम नहीं, विशेषण है। यह सर्वार्थसिद्धि-टीकाके कर्ता देवनन्दिको भी लगता है और कई जगह इसका उपयोग अकलंकदेव तथा दूसरोंके लिए भी किया गया है।

इसके सिवाय शिलालेखों और दूसरे ग्रन्थकर्ताओंने देवनन्दिके जिन सब ग्रन्थोंका उल्लेख किया है, उनमें भी 'निर्वाणभक्ति' और दूसरी भक्तियोंका नाम नहीं है।

पं० आशाधरका भी 'क्रियाकलाप' नामका ग्रन्थ है और उसमें पूर्वोक्त क्रियाकलापकी अधिकांश भक्तियाँ संग्रह की हैं; परन्तु उन्होंने उनके कर्त्ताओंके सम्बन्धमे ऐसी कोई बात नहीं लिखी।

प्राकृत भक्तियोंको प्रभाचन्द्रने कुन्दकुन्दकृत कहा है, परन्तु अपने क्रियाकलापमें उन्होंने प्राकृत निर्वाणभक्ति या निर्वाणकांडको संग्रह ही नहीं किया और आशाधरने तो उसके प्रारंभकी केवल पाँच ही गाथाये दी हैं। शेष गाथाये क्यों छोड़ दी गई, कुछ समझमें नहीं आया।

इन दोनों भक्तियोंके रचे जानेका ठीक समय जब तक मालूम न हो, तब तक इतना तो कहा ही जा सकता है कि ये आशाधरसे पहलेकी, अबसे लगभग छः सौ वर्ष पहलेकी, निश्चयसे हैं।

पर इन दोनोंमें कुछ अधिक समता नहीं है। निर्वाणकांडमें तो तीर्थोंका उल्लेख मात्र करके और कहीं कहीं उनका स्थान निर्देश करके, वहाँसे मुक्ति पानेवालोंको नमस्कार-भर किया गया है और संस्कृत निर्वाणभक्तिमें पहले तीस पद्योंमें केवल महावीरके पाँचों कल्याणोंका वर्णन है और फिर आगेके बारह पद्योंमें कैलास, चम्पापुर, गिरनार, पावापुर, सम्मेदशिखर, शत्रुंजयका उल्लेख मात्र करके अन्य निर्वाणस्थानोंके नाम मात्र दे दिये हैं। पहलेके २० पद्योंको पढ़कर तो मालूम होता है कि वे एक स्वतंत्र स्तोत्रके पद्य हैं जिनके अन्तमें उनके पढ़नेवालोंको नरलोक देवलोकके सुख भोगकर मोक्षपद प्राप्त करना बतलाया है—

"इत्येवं भगवति वर्द्धमानचन्द्रे यः स्तोत्रं पठति सुसन्ध्ययोर्द्वयोर्हि।
सोऽनन्तपरमसुखं नृदेवलोके भुक्त्वान्ते शिवपदमक्षयं प्रयाति।"

---

१ यह बात हम ऐलक प० स० भवनकी प्रति देखकर लिख रहे हैं।

२ निर्वाणकाण्डके अन्तमें कहीं कहीं आठ गाथायें और भी लिखी मिलती है अइसयखेत्त-कांड (अतिशयक्षेत्रकांड) नामसे, परन्तु जान पड़ता है यह जुदा ही है। भाषाकार पं० भगवतीदासजीने भी इन आठ गाथाओंका अनुवाद नहीं किया है।

इन दो रचनाओंके सिवाय तीर्थक्षेत्रोंकी खोजमें सहायता देनेवाली और कोई स्वतन्त्र रचना हमारे देखनेमें नहीं आई। हाँ, कथा-साहित्यसे कुछ बातें संगृहीत की जा सकती हैं।

**सर्वमान्य तीर्थ**—दोनों भक्तियोंके अष्टापद (कैलास), चम्पा, ऊर्जयन्त (गिरनार) और शत्रुञ्जय, ऐसे तीर्थ हैं जिनके विषयमें कोई मत-भेद नहीं[2] और दोनों हो सम्प्रदाय इन्हें मानते हैं।

**पावापुर**—पावापुर दोनों सम्प्रदायोंको मान्य है और एक ही स्थानमें माना जाता है। फिर भी कुछ इतिहासज्ञ उक्त स्थानके विषयमें सन्देह करते हैं। बौद्धधर्मके सुप्रसिद्ध विद्वान् पं० राहुल सांकृत्यायनके मतानुसार गोरखपुर जिलेका पपउर (पापापुर) गाँव ही पावापुर है, जो पडरोनाके पास है और कसयासे या कुसीनारासे १२ मील उत्तर-पूर्वको है। कसया गोरखपुरसे ३७ मील पूर्वमें है। मल्ल लोगोंके गणतन्त्रका संस्थागार (सभा-भवन) इसी पावानगरमें था। एक बार बुद्ध भगवान पावाके आम्रवनमें ठहरे थे। जब वे बीमार हो

---

१ उदयकीर्ति मुनिकी अपभ्रंश निर्वाणभक्तिका उल्लेख पं० दरबारीलालजी न्यायाचार्यने शासन-चतुस्त्रिंशिकाकी भूमिकामें किया है। शा० च० में भी कुछ तीर्थोंका वर्णन है। इसके सिवाय बम्बईके सरस्वतीभवनमें 'तीर्थाचनचन्द्रिका' नामका १७३ पद्योंका एक ग्रन्थ देखनेको मिला जिसके कर्त्ता कोई गुणभद्राचार्य हैं, जो 'वादिमदमत्तमानगमर्दन-जिनवाणी-विलासिनीभुजगम-नायक-कविकुलतिलक' हैं। इसके दूसरे उच्छ्वासमें तीर्थंकरोंके पाँचों कल्याणकोंके स्थानोंके निर्देश भर हैं और कोई बात ऐसी नहीं है जिससे उन स्थानोंका पता लग सके। सम्मेदशिखर, शत्रुञ्जय, गजपथ, तुंगीगिरि, द्रोणगिरि, हिमवत्, सह्यपर्वत, ऋष्यद्रि, विन्ध्यगिरि, पोदनपत्तन, विपुलाद्रि, चूलगिरि, सिद्धाद्रिकूटक, पृथुसार, मेढ़क, स्वर्णगिरि, ऊर्जयन्त, नारवर, कैलास, वृषदीपक, वैभार, चम्पापुरी, दण्डक इतने नाम हैं। जिनवाणीको विलासिनी बतलाकर उसके जार बननेवाले ये कोई भट्टारक ही हैं जिनका समय मालूम नहीं है यद्यपि उन्होंने अपनेको उत्तरपुराणकर्त्ता गुणभद्र बतलानेका ही प्रयत्न किया है—

> इत्यादीनि च कैवल्य-ज्ञानकल्याणसंश्रया.।
> अथोत्तरपुराणेऽन्यन्मदुक्ते पश्य विस्तर॥

२ यतिवृषभाचार्यकी 'तिलोयपण्णत्ति'में क्षेत्र-मंगलका उदाहरण देते हुए पावानगरी, उज्जयंत और चम्पा इन तीन नामोंका उल्लेख करके 'आदि' शब्द दे दिया है—

"एदस्स उदाहरण पावाणगरुज्जयंतचम्पादी।"

गये, तब वहाँसे कसया या कुसीनाराको चल पड़े और उस बारह मीलके अन्तरको वे रास्तेमें २५ जगह बैठ-उठकर मध्याह्नसे सन्ध्याकालतक पार कर सके। कसयामें ही उनका निर्वाण हुआ।

कल्पसूत्रमें लिखा है कि जिस रात्रिको महावीर भगवान्का निर्वाण हुआ उस रातको नव मल्ल और नव लिच्छिवि, इस तरह अट्ठारह गण-राजाओंने प्रोषधोपवास किया और उनके धर्मोपदेशके अभावमें दीपक जलाकर प्रकाश किया। इससे भी अनुमान होता है कि मल्लोंके गण-तन्त्रके समीप ही भगवान्का निर्वाण हुआ होगा। वर्तमान पावापुरमें प्राचीनताके कोई चिह्न नहीं हैं।

डा० हर्मन याकोबी वर्तमान पावापुरको ही महावीरकी निर्वाणभूमि मानते हैं[1]।

निर्वाणकाण्डके तारउर, पावागढ़ पावागिरि, कुन्थुगिरि, बड़वानी आदि संस्कृत निर्वाण-भक्तिमें नहीं है और निर्वाणभक्तिके सह्यादि, विंध्याद्रि, हिमवत्, वृषदीपक निर्वाण-काण्डमें दिखलाई नहीं देते।

ये दोनों भक्तियाँ विभिन्न कालोंकी रचनायें हैं और सम्भव है कि इनके कर्ता एक दूसरेकी रचनासे अपरिचित रहे हों।

**तारउर**—निर्वाणकाण्डकी तीसरी गाथामें इस स्थानसे वरांग, सागरदत्त, वरदत्तादि साढ़े तीन करोड़ मुनियोंका निर्वाण लिखा है[3]। मुद्रित पुस्तकोंमें 'तारवरणयरे' पाठ है परन्तु हमारी समझमें 'तारउरणियडे' (तारापुरनिकटे) होना चाहिए। 'तारउर' तारापुरका अपभ्रंश है। सोमप्रभके 'कुमारपाल-

---

१–देखो, भारतीय विद्या, वर्ष ३, अंक १।

२– वरदत्तो य वरंगो सायरदत्तो य तारवरणयरे।
आहुट्ठयकोडीओ णिव्वाणगया णमो तेसिं॥ ३॥

३–निर्वाण-काण्डकी कुछ प्रतियोंमें १९ वीं गाथाके बाद नीचे लिखी गाथा अधिक है जिसमें विन्ध्याचलका उल्लेख है—
विंध्याचलम्मि रणे मेहणादो इंदजियसहियो।
मेघव (उ) रणाम तित्थे (?) णिव्वाणगया णमो तेसिं॥
निर्वाणकाण्डकी गाथाओंके नम्बर सब प्रतियोंमें एकसे नहीं हैं, कहीं कहीं गड़बड़ भी है।

४–गायकवाड़ ओरियंटल सीरीजमें प्रकाशित 'कुमारपाल-प्रतिबोध' पृष्ठ ४४३।

प्रतिबोध 'में 'आर्यखपुटाचार्यकी कथा' है। उक्त कथामें इसे तारउर (तारापुर) ही लिखा है और कहा है कि वच्छराजने पहले पहाड़के निकट बौद्धोंकी तारादेवीका मंदिर बनवाया था, इसीलिए उसे तारापुर कहते हैं। इसके बाद उसी वच्छराजने फिर सिद्धायिका देवीका मंदिर बनवाया जो कालवश दिगम्बरियोंने ले लिया। अब वहींपर मेरे ( कुमारपालके ) आदेशसे अजितनाथका ऊँचा मंदिर यशोदेवके पुत्र दण्डाधिप अभयदेवने निर्माण किया।

यह कहनेकी आवश्यकता नहीं कि तारंगामें जो विशाल श्वेताम्बर मंदिर चालुक्य कुमारपाल बनवाया हुआ मौजूद है, यह उसीका उल्लेख है।

तारापुरका ताराउरसे 'तारंगा' नाम कैसे बन गया? सभव है यह तारागाँवसे अपभ्रष्ट हुआ हो। इस स्थानसे वरांगादिका मोक्ष जाना लिखा है। परन्तु जटा-सिंहनन्दि और वर्द्धमान भट्टारकके वराग-चरितके अनुसार तो वरांग मुक्त नहीं हुए बल्कि सर्वार्थसिद्धिको गये हैं। इसके सिवाय उक्त चरितमें उनके देह त्यागके स्थानका नाम तारंगा या तारपुर नहीं लिखा है। उन्होंने सरस्वती नदी और मणिमान पर्वतके बीच आनर्तपुर नगर बसाया, वहाँ विशाल जिनालय बनवाकर प्रतिष्ठा कराई और फिर वहीं वरदत्त गणधरके समीप दीक्षा लेकर तपस्या की और वहीं मणिमान पर्वतपर तपस्या करके वे सर्वार्थसिद्धिको गये। भागवत पुराणके अनुसार द्वारका आनर्त देशमें थी और उसकी राजधानी आनर्तपुरका वर्तमान तारंगासे कोई मेल नहीं बैठता।

संस्कृत निर्वाण-भक्तिमें तारापुर या तारगाका नाम ही नहीं है।

जटा सिंहनन्दिका वरांगचरित काफी प्राचीन है। उसके विरुद्ध निर्वाण-कांडका कथन बहुत विचारणीय है।

यहाँ दो दिगम्बर-मंदिर हैं जिनमेंसे एक संवत् १६११ का है और दूसरा १९२३ का। वहाँ इसके पहलेका कोई चिह्न नहीं।

---

१— तारार बुद्धदेवीइ मंदिरं तेण कारियं पुव्वं
आसन्नगिरम्मि तओ भन्नइ ताराउर ति इमो॥
तेणेव तत्थ पच्छा भवणं सिद्धाइयाइ कारविय।
त पुण कालवसेण दिगंबरेहिं परिग्गहियं॥
तत्थ ममाएसेणं अजियजिणिंदस्स मंदिरं तुंग।
दंडाहिव अभएण जसदेवसुएण निम्मवियं॥

**पावागिरि**—पावाके गिरिशिखरसे रामके दो पुत्र और लाट-नरेन्द्र आदि पाँच करोड़ मुनि मोक्ष गये[1]।

इस समय बड़ोदासे २८ मीलकी दूरीपर चाँपानेरके पासका पावागढ़ ही पावागिरि सिद्धक्षेत्र माना और पूजा जाता है। परन्तु इसका कोई पुराना उल्लेख नहीं मिलता। संस्कृत निर्वाणभक्तिमें भी नहीं।

पावागढ़ एक विशाल पहाड़ी किला है जिसका पुराने लेखोंमे पावकगढ़ नामसे उल्लेख मिलता है। यह पहले तोमरवंशी राजाओंके अधिकारमे था। कवि चन्दने पृथ्वीराजरासोंमें पावकगढ़का अधिपति रामगौड़ तोमर बतलाया है। उसके बाद सन् १४८३ में यह मुसलमानोंके अधिकारमें आया।

रविषेणके पद्मचरितके अनुसार रामचन्द्रके पुत्र लव और कुशने अयोध्यामे ही दीक्षा ली[2] थी, परन्तु इस बातका कोई उल्लेख नहीं कि उनका निर्वाण पावागढ़से हुआ था।

प० लालचन्दजीकी लिखी हुई 'गुजरातना वीरमन्त्री तेजपालनो विजय' नामक पुस्तकसे मालूम होता है विक्रमकी तेरहवीं शताब्दिके बादसे पन्द्रहवीं शताब्दितक श्वेताम्बर सम्प्रदायमे पावकगढ़ बहुत ही प्रख्यात रहा है और उसपर समय समयपर अनेक जैनमन्दिर बनते रहे हैं। एक समय तो यह उनकी दृष्टिमें पालीताणा या शत्रुंजयकी जोड़का तीर्थ रहा है। सुप्रसिद्ध जैन मन्त्री तेजपाल (वि० सं० १२७६–१३०४) ने सबसे पहले पावागढपर सर्वतोभद्र नामका जैनमन्दिर बनवाया और तभीसे यह तीर्थरूपमें प्रसिद्ध हुआ।

परन्तु इस समय पावागढमें कुछ टूटे हुए मन्दिरोंके सिवाय कोई श्वेताम्बर मन्दिर नहीं है।

पावागढ़की तलहटीका विशाल नगर चाँपानेर जब बरबाद हो गया, अनेक राजनीतिक उलटफेर होनेके कारण जब वहाँ कोई न रहा, तब यह स्वाभाविक है कि वहाँके मन्दिर खण्डहर हो जायँ और कुछ लोग प्रतिमाओंको भी साथ ले जायँ। पं० लालचन्दजीके कथनानुसार श्वेताम्बर मूर्तियाँ वहाँसे उठा लाई गई

---

१– रामसुआ विण्णि जणा लाडनरिंदाण अट्ठकोडीओ।
पावाए गिरिसिहरे णिव्वाणगया णमो तेसिं ॥ ५ ॥

२–गुणभद्रके उत्तरपुराणके अनुसार तो रामचन्द्रके सीतादेवीसे विजयराम आदि आठ पुत्र थे, लव-कुशका उनमें नाम ही नहीं है।

और बड़ोदाके दादा पार्श्वनाथके मन्दिरमें स्थापित कर दी गई। दिगम्बरोंने भी अपनी प्रतिमाओंको इसी तरह कहीं अन्यत्र हटा दिया होगा और पावागढ़को दोनोंने ही छोड़ दिया होगा, पर मन्दिर दोनोंके पड़े रहे होंगे।

इसके बाद ऐसा जान पड़ता है कि ईडरकी गद्दीके भट्टारक कनककीर्तिकी दृष्टि पावागढ़पर पड़ी और वि० सं० १९३७ में उनके उपदेशसे उनके कुछ धनी भक्तोंने मन्दिरोंका उद्धारकार्य आरम्भ कर दिया।

मार्च सन् १९१२ में जब लेखकने पावागढ़की यात्रा की थी, तब लिखा था कि "पर्वतपर सब मिलाकर १० जीर्ण मन्दिर हैं। इनमेंसे तीनका जीर्णोद्धार हो गया है और एककी मरम्मत की गई है। शिखर बाकी है। तीसरा चौथा मन्दिर दाहिनी तरफ धराशायी हो रहा है। इसे हमने भीतर घुसकर देखा तो मालूम हुआ कि गर्भगृहकी दो चौखटोंपर गणेशकी मूर्तियाँ हैं और उत्तर तरफकी बाहरी दीवालपर जो तीन श्वे०जैन मूर्तियाँ हैं उनकी भुजाओंमें बाजूबन्द और हाथोंमें कंकण हैं। आसनमें हाथीका चिह्न है। इसके आगे एक विराट् मन्दिर धराशायी हो रहा है। इसमें चारों ओर ५२ जिनालय थे[2]।....कालिकाकी टोंककी सीढ़ियोंमें मामूली पत्थर समझकर ६-७ श्वे० मूर्तियाँ लगा दी गई हैं।"[1] इससे मालूम होता है कि पावागढ़ दिगम्बरोंके समान श्वेताम्बर तीर्थ भी था और वहाँ अनेक श्वेताम्बर मन्दिर थे।

दिगम्बर जैन डिरेक्टरीके अनुसार पाँचवे फाटककी एक भीतपर जो प्रतिमा उत्कीर्ण है वह वि० सं० ११३४ की है और छासिया तालाबके मार्गमे दाहिनी ओरके नये सिरेसे मरम्मत किये हुए मन्दिरकी मुख्य प्रतिमा माघ सुदी ७ सं० १६४३ को वादिभूषण गुरुके उपदेशसे प्रतिष्ठित की हुई है। दूसरी काले पाषाणकी प्रतिमा सं० १६६२ की है। इनके सिवाय बड़े मन्दिरमें १६४५, १६६५ की भी प्रतिमायें हैं।

पावागढ़से लगभग ४२ मील उत्तरकी ओर गोधरा नामका स्थान है। पूर्वकालमें यह विशाल और समृद्ध था। वहाँ चालुक्यनरेश कृष्णके राज्यकालमें माथुरसंघके मुनि अमरकीर्तिने वि० सं० १२७४ में 'छक्कम्मोवएस' नामक

१ देखो, जैनहितैषी भाग ९, अंक १२

२ यही शायद तेजपाल मन्त्रीका बनवाया हुआ 'सर्वतोभद्र प्रासाद' होगा।

 

अपभ्रंश ग्रन्थकी रचना की थी। इस ग्रन्थमें वहाँके ऋषभ जिनेशके ऊँचे और सभाशोभित मन्दिरका उल्लेख है।[1]

गोधराके जिस राजा घूघुलको तेजपाल मंत्रीने हराया वह संभवत: अमरकीर्ति-लिखित चालुक्य कृष्णराजका ही उत्तराधिकारी था। इस विजयके बाद ही तेजपालने गोधरामें अजितनाथका मन्दिर बनवाया और फिर उसके बाद पावागढ़ जाकर वहाँका सर्वतोभद्रप्रासाद। जिस समय तेजपालने गोधरामें श्वेताम्बर मन्दिर निर्माण कराया उस समय जिस तरह वहाँ ऋषभदेवका दिगम्बर मन्दिर मौजूद था उसी तरह यह भी असंभव नहीं कि पावागढ़में भी सर्वतोभद्रके पहले कोई दिगम्बर मन्दिर रहा हो।

ऐसे अनेक तीर्थ हैं जहाँ दोनों सम्प्रदायोंके मन्दिर हैं और दोनों ही वहाँकी यात्रा किया करते हैं। इस लिए यह विवाद व्यर्थ है कि पावागढ़ केवल दिगम्बरोंका ही तीर्थ है।

ब्र० ज्ञानसागरने जो भट्टारक विद्याभूषणके शिष्य थे एक तीर्थावली नामकी सौ पद्योंकी पुस्तक लिखी है और उसमें अपने देखे हुए ७८ तीर्थोंका संक्षिप्त वर्णन लिखा है। उसमें गुजरातके पावागढ़[2]का उल्लेख है। इससे मालूम होता है कि विक्रमकी सत्रहवीं शताब्दिमें यहाँ दिगम्बर मन्दिर होंगे और लोग यात्राको भी जाते होंगे।

**पावागिरि ( द्वितीय )**—तेरहवीं[3] गाथामें एक दूसरे पावागिरिका निर्देश है जो चलना नदीके तटपर था और जहाँसे सुवर्णभद्रादि चार मुनि मुक्त हुए थे[4]। संस्कृत निर्वाणभक्तिमें न तो चलनाका नाम है और न पावागिरिका, सिर्फ लिखा है—

---

१ रिसहो जिणेसहो तहिं चेईहरु, तुंग महासोहिउ ण ससहरु।
दंसणेण जसु दुरिउ विलिज्जइ, पुण्णहेउ ज जणि मण्णिज्जइ॥

२—पावागढ सुपवित्रदेश गुज्जरमुखमंडन, सुन्दर जिनवरभवन पापसताप विखंडन।..
. इत्यादि। 'तीर्थावली' की इस पोथीके उद्धरण नागपुरके श्री विद्याधर जौहरापुरकरने भेजनेकी कृपा की है।

३ पं० पन्नालालजी सोनीद्वारा सम्पादित क्रियाकलापमें इस गाथापर टिप्पण दिया है कि 'गाथेयं पुस्तकान्तरे नास्ति।' इसी तरह ऐ० प० स० भवनके गुटके ( १३५१/१८६ ज) में जो निर्वाणकाण्ड है उसमें भी यह गाथा नहीं है।

४ पावागिरिवरसिहरे सुवण्णभद्दाइ मुणिवरा चउरो।
चलणाणईतडग्गे णिव्वाणगया णमो तेसिं॥ १३

' नद्यास्तटे जितरिपुश्च सुवर्णभद्रः । ' अर्थात् नदीके तटसे कर्मशत्रुको जीतनेवाले सुवर्णभद्रका मोक्ष हुआ ।

अभी तक इस दूसरे पावागिरिका कोई पता नहीं था; परन्तु अब कुछ धनिकों और पण्डितोंने मिलकर इन्दौरके पास ' ऊन ' नामक स्थानको पावागिरि बना डाला है और वहा धर्मशाला, मंदिर आदि निर्माण कराके बाकायदा तीर्थ स्थापित कर दिया है ।

विक्रमकी सत्रहवीं सदीके ब० ज्ञानसागरने अपनी तीर्थावलीमें ऊनका उल्लेख किया है कि वहाँ शिखरबन्द मन्दिर हैं। परन्तु ' पावागिरि ' नाम उन्हें मालूम न था ।

' महाराष्ट्रीय ज्ञान-कोष ' के अनुसार 'ऊन'में एक जैन-मन्दिर बारहवीं सदीका है । उसमें धारके परमार राजाका शिलालेख है । परन्तु जब तक किसी प्राचीन लेखमें उक्त स्थानका नाम ' पावागिरि ' लिखा हुआ नहीं मिलता, तब तक ऊनके विषयमें इतना ही कहा जा सकता है कि वह एक प्राचीन स्थान है और वहां किसी समय जैनोंने बड़े बड़े मन्दिर बनवाकर अपना वैभव और धर्म-प्रेम प्रकट किया था ।

एक बात और है । निर्वाण-काण्डकी बहुत-सी प्रतियोंमें यह गाथा ही नहीं है ।

इन दो पावाओंके विषयमें विचार करते समय हमारा ध्यान बुन्देलखण्डके दो अतिशय क्षेत्रोंकी तरफ जाता है, जिनमेंसे एक टीकमगढ़ ( विन्ध्यप्रदेश ) से तीन मील दूर है और जिसे ' पपौरा ' कहते हैं । वहाँ बारहवीं शताब्दीसे लेकर उन्नीसवीं शताब्दी तकके बने हुए ८२ विशाल मन्दिर हैं । विक्रम सवत् १२०२ की चन्देल राजा मदनवर्मदेवके समयकी दो प्रतिमायें भी वहाँ हैं। इस स्थानसे दो मीलपर ' उर ' नामकी एक नदी है और रमन्ना ( रमण्यारण्यक ) नामका बहुत घना जङ्गल मन्दिरोंके परकोटेसे ही लगा हुआ है । इस पपौरा या पपौरका पापापुर या पपउरसे मेल बैठता है । दूसरा अतिशयक्षेत्र ' पवाजी ' कहलाता है, जो तालबहेट (ललितपुर और झाँसीके बीच)से उत्तरकी ओर है। वहाँ भी एक भौंहिरेमें बारहवीं शताब्दीकी प्रतिमायें हैं । यह भौंहिरा एक पहाड़ीके मूलमें है और आसपास पहाड़ियाँ हैं । क्षेत्रसे आधे मीलके फासिलेपर ' पवा '

नामक गाँव भी है और एक विशाल सरोवर। बेतवा (वेत्रवती) नदी भी वहाँसे कोई डेढ़ मीलपर है। यह 'पैवा' नाम भी पावा शब्दके बहुत निकट है।

**गजपंथ**—सातवीं गाथामें गजपन्थगिरिसे सात बलभद्र और यादव राजादि आठ करोड़ मुनियोंका मोक्ष-गमन बतलाया है[3]। गाथाका एक और अधिक प्रचलित पाठ है 'सते जे बलभद्दा' जिससे सातकी संख्याका बोध नहीं होता। दो बलभद्र, अर्थात् रामचन्द्र और बलदेव (कृष्णके भ्राता) का तो यह निर्वाण-स्थल है नहीं। क्योंकि जैसा कि आगे बतलाया है, उत्तरपुराणके अनुसार रामचन्द्रका निर्वाण सम्मेदशिखरसे हुआ है और बलदेवका मोक्ष हुआ ही नहीं है, वे महेन्द्रस्वर्गको गये हैं। अन्य सात बलभद्र कहाँसे मुक्त हुए हैं, उत्तरपुराणसे इसका कोई पता नहीं चलता। उसमें बलभद्रोंके वैराग्य और दीक्षाके वर्णन तो दिये हैं, परन्तु मोक्ष-स्थानोंका निर्देश नहीं है। ग्रन्थान्तरोंसे भी इसका कुछ पता नहीं चलता और यह निर्वाणकाण्डमें भी नहीं बतलाया कि गजपंथ कहाँ था।

कवि असग (वि० सं० १०४५ के लगभग) ने अपने शान्तिनाथचरितमें गजध्वज शैलका उल्लेख किया है। प्रसग यह है कि अमिततेज और श्रीविजयने जब अपनी सेनाके साथ अशनिवेग विद्याधरका पीछा किया, तब वह अपनी रक्षाका कोई उपाय न देखकर भाग खड़ा हुआ और नासिक्य नगरके बाहर गजध्वज शैलपर पहुँचा जहाँ कि बलभद्र केवली विराजमान थे[4]।

इससे यह तो निश्चय हो जाता है कि नासिक नगरके बाहर गजध्वज पर्वत था और गजपंथको ही गजध्वज कहा होगा। परन्तु बोधप्राभृतकी २७ वीं गाथाकी

१ पवाजीकी कल्पना टीकमगढ़ (झाँसी) के पं० ठाकुरदासजी जैन बी० ए० से पूछताछ करते समय अचानक ही ध्यानमें आ गई। २ पं० पन्नालालजी सोनीद्वारा सम्पादित 'क्रियाकलाप' में यह गाथा तीसरे नम्बरपर दी हुई है।

३ सत्तेव य बलभद्दा जदुवणरिंदाण अट्ठकोडीओ।
गजपंथे गिरिसिहरे णिव्वाणगया णमो तेसिं ॥ ७ ॥

४ अपश्यन्नापरं किंचिद्रक्षोपायमथात्मनः।
शैलं गजध्वजं प्रापन्नासिक्यनगराद्बहिः ॥ ९८—सातवाँ सर्ग

टीकामें श्रुतसागरने गजध्वज गजपंथ दोनोंको नासिकनगरसमीपवर्ती लिखा है और ऐसा नहीं मालूम होता कि एकका नाम देकर फिर उसका पर्यायवाची नाम दिया हो।

श्रुतसागरने अपनी पल्यविधानव्रतकथामे स्वयं ससंघ गजपंथकी यात्राको जानेका उल्लेख किया है, पर वहाँ केवल गजपंथगिरि लिखा है[3], गजध्वज नहीं।

श्रुतसागरने यह कथा ईडरके राजा भाणके समयमें लिखी है जिनका राज्यकाल पं० परमानन्द शास्त्रीके प्रशस्ति-परिचयके अनुसार वि० सं० १५०२—२२ है। अर्थात् उस समय भी वहाँ लोग यात्राके लिए जाते थे। नासिक नगर बहुत प्राचीन है[4]।

वर्तमान गजपंथ नासिकसे ४ मील दूर मसरूल गाँवके पासकी एक छोटी-सी पहाड़ीपर स्थित है, परन्तु यहाँ प्राचीनताका कोई चिह्न नजर नहीं आता। पहाड़ीपर जो गुफायें और प्रतिमायें हैं उनका इतना रूपान्तर हो गया है कि उनपरसे कोई अनुमान भी नहीं किया जा सकता।

गजपन्थके इतने पुराने उल्लेख मिलते हैं, परन्तु इस क्षेत्रका वर्तमान इतिहास वि० सं० १९३९ से प्रारम्भ होता है जब कि नागौरके भट्टारक क्षेमेन्द्रकीर्तिने इसका पुनरुद्धार किया, धर्मशाला बनवाई और शोलापुरके सेठ नानचन्द फतेहचन्दजीसे मसरूलमें मन्दिर बनवाया जिसकी प्रतिष्ठा १९४३ में हुई।

इसके पहले वहाँकी क्या हालत थी, इसका पता नहीं लगता। पर इतना निश्चित-सा लगता है कि मसरूलमें पहले वर्तमान धर्मशाला या मन्दिर नहीं था।

---

१ ऊर्जयन्त–शत्रुञ्जय-लाटदेशपावागिरि-आभीरदेश–तुंगीगिरि–नासिक्यनगरसमीपवर्तिगजध्वज-गजपन्थ-सिद्धकूट-तारापुर–कैलासाष्टापद–चम्पापुरी–पावापुर-वाराणसीनगरक्षेत्र-हस्तिनागपत्तन-सम्मेदपर्वत-सह्याचल–मेढगिरि-वैभारगिरि-रूप्यगिरि–सुवर्णगिरि-रत्नगिरि-शौर्यपुर-चूलाचल-नर्मदातट–द्रोणीगिरि–कुंथुगिरि–कोटिशिलागिरि–जम्बूकवन–चलनानदीतट-तीर्थंकरपंचकल्याणस्थानानि।

२ देखो, प्रशस्तिसंग्रह ( प्र० भा० ) पृ० २१९

३ यात्रां चकार गजपन्थगिरौ ससंघा ह्येतत्तपोविदधती सुदृढव्रता सा।

४ कात्यायनके वार्तिकमें 'नासिक्य' का उल्लेख है और कात्यायनका समय ईसासे पूर्व चौथी शताब्दि कहा जाता है।

म्हसरूल गाँवके वृद्ध पाटीलने[1] मुझे बतलाया था कि भट्टारकजीको यदि यह जगह न दी जाती तो वे निकटवर्ती दूसरी पहाड़ीके पासके गाँवमें जाकर धर्मशाला और मन्दिर बनवाते। उस पहाड़ीमें भी कुछ गुफायें और मूर्तियाँ हैं। इससे ऐसा लगता है कि भट्टारकजीके पहले कुछ समय तक लोग गजपन्थको भूल गये थे। भट्टारकजीको शायद इतना ही मालूम था कि नासिक नगरसे बाहर गजपन्थ तीर्थ है।

म्हसरूलके मन्दिरमें 'गजपंथाचलमंडल-पूजा' नामकी एक हस्तलिखित पुस्तक है। उसके अन्तकी प्रशस्तिमें लिखा है[2] कि हेमकीर्तिकी गद्दीके उत्तराधिकारी भ० क्षेमेन्द्रकीर्तिकी आज्ञासे सं० १९३९ में कोपरगांवकी प्रतिष्ठाके समय[3] इसे पं० शिवजीलालने एक दिनमें रचकर समाप्त किया।

कर्त्ता यद्यपि पं० शिवजीलाल[4] हैं, परन्तु आज्ञानुवर्तिताके कारण इसको उन्होंने 'भ० क्षेमेन्द्रकीर्तिविरचित' ही लिखा है।

इस मंडलपूजामें दस कटनी बनानेकी विधि है जिसके अनुसार आठ करोड़ मुनि दस हिस्सोंमें बाँट दिये गये हैं और प्रत्येक हिस्सेके पहले एक एक मुनिका नाम देकर सबको अर्घ्य दिया गया है[5]। मुनियोंके सब नाम कल्पित मालूम होते

---

१—लगभग ४० वर्ष पहले लेखक गजपथमें दो महीने तक लगातार रहा था, उस समय वहाँ चन्देरीनिवासी अनन्तराम प्राणचन्दजी मुनीम थे। पाटीलने स्वय अपने मुँहसे गज-पन्थकी स्थापनाका किस्सा सुनाया था।

२—हेमकीर्तिमुने पट्टे क्षेमेन्द्रादियश प्रभु तस्याज्ञया विरचित गजपंथसुपूजनम् ॥ २१
विदुषा शिवजिद्दत्तनामधेयेन मोहन-प्रेम्णा यात्राप्रसिद्ध्यर्थं चेकाह्निरचित चिर ॥ २२
जीयादिदं पूजनं च विश्वभूषणवद्ध्रुव, तस्यानुसारतो ज्ञेय न च बुद्धिकृतं त्विद ॥ २३
इति नागोरपट्टविराजमानश्रीभट्टारकक्षेमेन्द्रकीर्तिविरचित गजपंथमडलपूजनविधानं समाप्तम्। संवत् १९३९ माघशुक्ल पचमी सोमवासरे कोपरगामप्रतिष्ठायां समाप्तमिदम् ॥

३ कोपरगांव (अहमदनगर) में भट्टारकजीने पडितजीको बुलवाया होगा और उसी समय उनसे यह काम करा लिया होगा।

४ पं० शिवजी लालने संस्कृत और भाषामें चर्चासग्रह, तेरहपंथखण्डन, रत्नकरण्ड-वचनिका आदि अनेक ग्रथ लिखे है। भगवती आराधनाकी संस्कृत टीका भी लिखी है।

५ ओं ह्री बारहलक्ष तेतीस हजार मुनिसहित कनककीर्तिमुनि मोक्षपद प्राप्तायार्घ्यम्।... ओं ह्रीं द्वादशलक्ष गुणतीसहजारमु निसहित धर्मकीर्तिमुनि मोक्षपदप्राप्तायार्घ्यम्। आदि।

हैं। अन्य किसी भी ग्रन्थमें ये नाम प्राप्त नहीं होते। इन सब बातोंसे यह एक तरहसे निश्चित-सा हो जाता है कि क्षेमेन्द्रकीर्ति ही वर्तमान गजपंथके स्रष्टा विधाता हैं।

वि० सं० १७४६ में शीलविजय नामके श्वेताम्बर साधुने दक्षिण देशकी तीर्थयात्रा की जिसका वर्णन उन्होंने अपनी 'तीर्थमाला' में किया है।[1] दक्षिण देशके प्रायः सभी श्वेताम्बर-दिगम्बर तीर्थोंकी यात्राको वे गये थे और उनका स्वयं आँखों देखा वर्णन उक्त पुस्तकमें है। श्रवण-बेल्गोल, मूडबिद्री आदिसे लौटते हुए वे कचनेर, दौलताबाद, देवगिरि, एलोरा, अहमदनगर और फिर नासिक, त्र्यम्बक, तुङ्गीगिरिका वर्णन करते हैं और जो तीर्थ दिगम्बर हैं उन्हें दिगम्बर ही लिखते हैं। वे नासिक और तुङ्गीगिरिका वर्णन करके भी गजपन्थकी कोई चर्चा नहीं करते। शायद इसे लोग भूल गये थे।

**तुंगीगिरि**—राम, हनुमान, सुग्रीव, गवय, गवाक्ष, नील, महानील आदि निन्यानवे कोटि मुनि तुङ्गीगिरिसे मोक्ष गये[2]। संस्कृत निर्वाण-भक्तिमें लिखा है 'तुंग्यां तु संगरहितो बलभद्रनामा'। इसमें तुङ्गीगिरिसे केवल बलभद्रके मुक्त होनेका उल्लेख किया है।

वर्तमान क्षेत्र मांगीतुङ्गी गजपंथ (नासिक) से लगभग अस्सी मीलपर है। वहाँ पास ही पास दो पर्वत-शिखर हैं। उनमेंसे एकका नाम माँगी और दूसरेका तुंगी सम्भवतः इस कारण पड़ा है कि तुंगी अधिक ऊँचा (तुंग) है और दूसरा माँगी उसके पीछे है। मराठीमें 'माँगे' का अर्थ पीछे होता है।

माँगी-शिखरकी गुफाओंमें कोई साढ़े तीन सौ प्रतिमायें तथा चरण हैं और तुंगीमें लगभग तीस। यहाँ एक विशेषता यह देखी गई कि अनेक प्रतिमायें साधुओंकी हैं जिनके साथ पीछी और कमण्डलु भी हैं और पास ही शिलाओंपर उन साधुओंके नाम भी लिखे हुए हैं। माँगीके एक शिलालेखमें वि० सं० १४४३ स्पष्ट पढ़ा जाता है। अन्य सब लेख इसके पीछेके हैं। पर माँगी या तुंगी नाम किसी भी पुराने लेखमें नहीं।

---

१ देखो श्रीविजयधर्मसूरिसम्पादित 'प्राचीन तीर्थमालासंग्रह' प्रथम भाग, पृष्ठ ११३–१२१ और आगेके पृष्ठोंमें 'दक्षिणके तीर्थक्षेत्र' शीर्षक लेख।

२— रामो सुग्गीव हणुउ गवयगवक्खो य णीलमहाणीलो।
णवणवदीकोडीओ तुंगीगिरिणिव्वुदे वंदे ॥ ८ ॥

मॉंगीगिरि अपेक्षाकृत अधिक विस्तीर्ण है और उसमें मूर्तियाँ और शिलालेख भी बहुत हैं; परन्तु उसका नाम निर्वाण-काण्ड आदिमें कहीं नहीं मिला। राम-हनुमानकी तपस्याका सूचक कोई चिह्न या लेखादि भी नहीं। हाँ, दोनों पर्वतोंके मध्यमें एक स्थान बतलाया जाता है कि वहाँ बलभद्रने कृष्णका दाह-संस्कार किया था। पर यह कथन निर्वाणकाण्डसे विरुद्ध जाता है। उसके अनुसार तो यहाँ राम (बलभद्र)का मोक्ष-स्थान सिद्ध होता है जब कि यादव बलभद्र तो गजपंथसे निर्वाण प्राप्त हुए हैं।

यद्यपि यह स्थान पाँच सौ वर्षसे भी अधिक पुराना है परन्तु 'तुंगीगिरि' नामसे ही प्रसिद्ध है। 'मॉंगीतुंगी'के नामसे इसकी प्रसिद्धि कबसे हुई, यह निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता। जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है शीलविजयके समयमें संवत् १७४६ में यह तुंगीगिरि नामसे प्रसिद्ध था। इसी तरह ब्र० ज्ञानसागरकी 'तीर्थावली' में भी इसे 'तुंगी' ही कहा है—'तुंगी पर्वतसार सिद्ध क्षेत्र जिहाँ सुरवरनायक।'

एक अद्भुत बात यह है कि पं० आशाधर अपने त्रिषष्टिस्मृति-शास्त्रमें राम, हनुमान आदिका मोक्ष-स्थान सम्मेदशिखर मानते हैं[1]। इसी तरह रविषेणाचार्य अपने पद्मचरितमें भी हनुमानका मोक्ष या निर्वाण सम्मेदशिखरसे मानते हैं[2]।

उत्तरपुराणके अनुसार भी सुग्रीव, हनुमान आदि पाँच सौ राजाओंके साथ रामचन्द्रने सम्मेदशिखरसे मोक्ष प्राप्त किया है।

बम्बईके 'ऐलक पन्नालाल सरस्वती-भवन'में एक गुटका है उसमें द्विज विश्वनाथकी एक रचना है जिसमें १३ छप्पय छन्द हैं, पर उसका नाम कुछ नहीं लिखा। उसमें गिरनार, शत्रुंजय, मगसी-मण्डन पार्श्वनाथ, अन्तरीक्ष, चम्पापुरी, पावापुरी, हस्तिनापुर, पैठन-मुनिसुव्रत, कुण्डलगिरि, पाली-शान्तिजिन,

---

१– साकेतमेतत्सिद्धार्थवने श्रित्वा बलस्तपः।
शिवगुप्तजिनात्सिद्धः सम्मेदेऽणुमदादियुक्॥ ८०॥

२– निर्दग्धमोहनिचयो जैनेन्द्रं प्राप्य पुष्कलं ज्ञाननिधिम्।
निर्वाणगिराविशिधच्छ्रीशैलः श्रमणसत्तमः पुरुषरविः॥ ४५—पर्व ११३

गोपाचल ( ग्वालियर )का वर्णन करके अन्तिम तेरहवें छप्पयमें 'तुंगीगिरि' नाम आया है।

इसमें भी माँगी-तुंगी नहीं केवल तुंगीगिरि नाम है। द्विज विश्वनाथका ठीक समय मालूम नहीं हो सका, पर वे किसी अर्वाचीन भट्टारकके ही शिष्य थे।

**श्रमणगिरि**—अर्थात् श्रमणगिरिके मस्तकसे अंग-अनंगकुमार आदि साढ़े पाँच करोड़ विख्यात मुनियोंका निर्वाण हुआ।

श्रमणगिरिके अपभ्रंश क्रमशः श्रवन, सवन, सोन, सोनगिरि हो जाते हैं, इसलिए साधारण समझ यह हो गई है कि दतिया स्टेटका वर्तमान सोनागिरि ही श्रमणगिरि सिद्धक्षेत्र है। संस्कृत निर्वाण-भक्तिका नवाँ पद्य इस प्रकार है—

द्रोणीमति प्रवरकुण्डलमेढ्रके च वैभारपर्वततले वरसिद्धकूटे।
ऋष्यद्रिके च विपुलाद्रिबलाहके च विन्ध्ये च पोदनपुरे वृषदीपके च॥

इसके 'ऋष्यद्रिके' का अर्थ टीकाकार श्रीप्रभाचन्द्रने 'श्रमणगिरौ' किया है[3]। अर्थात् इसके अनुसार भी श्रमणगिरि सिद्धक्षेत्र है। परन्तु वैभार, बलाहक, विपुलाचलके साथ उल्लेख होनेसे वैभार आदि पाँच पर्वतोंमेंका एक मालूम होता है। राजगृहके पास जो पाँच पर्वत हैं उनके नाम क्रमशः वैभार, विपुल, उदय, रत्न और श्रमणगिरि हैं।

श्रीविजयसागर साधुकी संवत् १६६४ में लिखी हुई तीर्थमालामें सुवर्णगिरि और संवत् १५६५ की पं० हंससोम-रचित 'पूर्वदेशीय चैत्य-परिपाटी' में सोवनगिरि लिखा हुआ है[4]।

---

१– तुंगीगिरिके माहिं सकल असुरासुर जाणे,
शास्त्र सकल सिद्धांत नाम बलभद्र बखाने।
सिद्धा बहु मुणिराज जाइ सिववनिता पाम्या,
रोग-सोग-सताप-कष्ट आपद सहु वाम्या॥
बलभद्रदेवने पूजवा, सकल सघ बन्दो बली।
द्विज विश्वनाथ इम उच्चरे, मजो भाव-मन-वच कली॥ १३॥

२– अंगानगकुमारा विक्खापंचद्धकोडिरिसिसहिया।
सुवण्णगिरिमत्थयत्थे णिवाण्ण गया णमो तेसिं॥ ९॥

३– देखो पं० पन्नालालजी सोनी-द्वारा सम्पादित 'क्रिया कलाप' पृष्ठ २२६।

४– प्राचीन तीर्थमालासंग्रह, पृ० ९ और १७।

यतिवृषभकी 'तिलोय-पण्णत्ति' के पहले अधिकारमे विपुल, वैभार आदिके साथ ऋषिशैलका उल्लेख है और षट्खंडागमकी वीरसेनकृत धवलाटीकामें भी पंच-पहाड़ियोंका उल्लेख है।

उक्त उल्लेखके पश्चात् उक्त ग्रन्थमें 'अत्रोपयोगिनौ श्लोकौ' कहकर दो प्राचीन श्लोक और भी उद्धृत किये हैं जो इन पहाड़ियोंके नामों (ऋषिगिरि, वैभार, विपुल, चन्द्र और पाण्डु) के सिवाय उनकी दिशाओं और आकारके सम्बन्धमे भी कुछ प्रकाश डालते हैं[3]। ये ही श्लोक जयधवलामें भी आये हैं।

जिनसेनकृत हरिवंशपुराणके तृतीय सर्गमें भी इन पहाड़ियोंका उल्लेख है और चन्द्रके स्थानमें बलाहक लिखा है।

व्यासकृत महाभारतमें भी इन पर्वतोंका उल्लेख है। परन्तु नामोंमें कुछ अन्तर पड़ गया है—वैहार (वैभार), वराह, वृषभ, ऋषिगिरि और चैत्यक।

---

१- सुरखेयरमणहरणे गुणणामे पंचसेलणयरम्मि।
विउलम्मि पव्वदवरे वीरजिणो अट्ठकत्तारो॥ ६४॥
चउरस्सो पुव्वाए रिसिसेलो दाहिणाए वैभारो।
णइरिदिदिसाए विउओ दोण्णि तिकोणट्ठिदायारा॥ ६५॥

२- पचसेलपुरे रम्मे विउले पव्वदुत्तमे
णाणादुमसमाइण्णे देव-दाणव-वंदिदे।
महावीरेण अत्थो कहियो भवियलोयस्स॥

३- ऋषिगिरिरैन्द्राशायां चतुरस्रो याम्यदिशि च वैभार.।
विपुलगिरिर्नैऋत्यामुभौ त्रिकोणौ स्थितौ तत्र॥
धनुराकारश्चद्रो वारुण-वायव्य-सामदिक्षु ततः।
वृत्ताकृतिरैशान्यां पाण्डु' सर्वे कुशाग्रवृता'॥

४- ऋषिपूर्वो गिरिस्तत्र चतुरस्र' सनिर्झरः।
दिग्गजेन्द्र इवेन्द्रस्य ककुभं भूषयत्यलम्॥ ५३॥
वैभारो दक्षिणामाशां त्रिकोणाकृतिराश्रितः।
दक्षिणापरदिङ्मध्य विपुलश्च तदाकृतिः॥ ५४॥
सज्जचापाकृतिस्तिस्रो दिशो व्याप्य बलाहकः।
शोभते पांडुको वृत्तः पूर्वोत्तरदिगन्तरे॥ ५५॥

इनमेंका बराह और निर्वाणभक्ति तथा हरिवंशका बलाहक ( बराहक ) एक ही हैं और ऋषिगिरि तो श्रवणगिरि है ही।

बौद्धोंके 'चूलदुक्खक्खन्धसुत्त' में राजगृहके समीपकी ऋषिगिरिकी काल-शिलाका वर्णन आया है जहाँ बहुतसे निग्गंठ साधु तपस्याकी तीव्र वेदना सह रहे थे। अतएव बौद्धोंके अनुसार भी राजगृहके समीप ऋषिगिरि था जहाँ निर्ग्रन्थ मुनि तपस्या करते थे और उसीका अपर नाम श्रमणगिरि है।

इन सब उल्लेखोंको देखते हुए ऐसा मालूम होता है कि राजगृहके समीपके पाँच पर्वतोंमेंका श्रमणगिरि ही सिद्धक्षेत्र होना चाहिए, वर्तमान सोनागिरि नहीं।

वर्तमान सोनागिरि बहुत प्राचीन नहीं जान पड़ता। सिद्धक्षेत्रके रूपमें तो इसकी प्रसिद्धि बहुत आधुनिक मालूम होती है। इस समय वहाँ ७०-८० मन्दिरोंका समूह है जिनसे सारा पर्वत ढँक गया है। परन्तु दो-चारको छोड़कर शेष सब सौ-सवा सौ वर्षके भीतरके ही बने हुए हैं। वहाँ प्राचीन मूर्तियोंका प्रायः अभाव है और शिल्पकलाकी दृष्टिसे तो शायद एक भी मूर्ति ऐसी नहीं है जो कुछ महत्त्व रखती हो।

वहाँका मुख्य मन्दिर श्रीचन्द्रप्रभ भगवानका है। ( अनंगकुमारका नहीं )। उसका जीर्णोद्धार वि० सं० १८८३ में मथुराके सेठ लखमीचन्दजी द्वारा हुआ था। उसमें एक शिलालेख भी लगा दिया गया है जो किसी जीर्ण मन्दिरके शिलालेखका सारांश बतलाया गया है।

उसमें कहा है कि संवत् ३३५ पौष सुदी १५ का उक्त जीर्ण शिलालेख था और उसमें मूलसंघ बलात्कारगणके श्रवणसेन-कनकसेन, दो भाइयोंका

१—देखो श्रीराहुल सांकृत्यायनद्वारा अनुवादित 'बुद्धचर्या' पृष्ठ २३०।

२— मन्दिरसह राजत भये, चंद्रनाथ जिनईस।
पोशसुदी पूनम दिना, तीन-सतक-पैंतीस॥
मूलसघ अर गण करो ( ह्यो ), बलात्कार समुझाय।
श्रवणसेन अरु दूसरे, कनकसेन दुइ भाय॥
बीजक अक्षर बाँचके, कियो सु निश्चय राय।
और लिख्यो तो बहुत सौ, सो नहिं परयो लखाय॥
द्वादश सतक वरूतरा, पुन्यी जीवनसार।
पारसनाथ—चरण तरैं, तासौं विदी ( धी ) विचार॥

उल्लेख था। परन्तु जब तक उक्त मूल लेखकी प्राप्ति न हो तब तक उसकी सचाईके विषयमें कुछ भी नहीं कहा जा सकता और यह बात तो बिल्कुल ही समझमें नहीं आती कि जीर्णोद्धार करानेवालोंने इतनी महत्त्वपूर्ण वस्तुको सुरक्षित क्यों नहीं रक्खा और आखिर वह शिलालेख गया कहाँ? नये लेखके साथ वह भी तो सुरक्षित रह सकता था? मूल लेखमें जो मूलसंघ और बलात्कारगणका उल्लेख बतलाया गया है उससे तो उसके संवत् ३३५ के होनेमें जरा भी विश्वास नहीं होता, क्योंकि उस समय बलात्कारगणका अस्तित्व ही नहीं था। इसके सिवाय चौथी शताब्दिकी लिपि इतनी दुष्पाठ्य होती है कि जीर्णोद्धार करनेवालोंके द्वारा वह पढ़ी ही नहीं जा सकती थी।

स्पष्ट ही यह लेख जाली है और सोनागिरि संरक्षिणी कमेटी द्वारा प्रकाशित (सन् १९४८) 'स्वर्णाचल-माहात्म्य' देखनेसे तो ऐसा मालूम होता है कि यह सब करामात सौरीपुर या बटेश्वरके भट्टारक जिनेन्द्रभूषण (विश्वभूषणके शिष्य और ब्रह्म हर्षसागरके पुत्र) की है जिन्होंने अटेरनिवासी दीक्षित देवदत्तसे यह १६ सर्गोंका संस्कृत काव्य वि० सं० १८४५ में बनवाया और उन्होंने ही इसे सबसे पहले सिद्धक्षेत्रके रूपमें प्रसिद्ध किया।

निर्वाणकाण्डमें सुवर्णभद्रादि मुनियोंको पावागिरिसे सिद्ध हुआ बतलाया है, जब कि स्वर्णाचल-माहात्म्यमें सोनागिरिसे, और जान पड़ता है, इसीलिए भट्टारकजीकी आज्ञासे दीक्षितजीने सुवर्णभद्रकी कथा गढ़ी है।

---

१—इस ग्रन्थकी रचनाका आधार क्या है, यह कहीं नहीं लिखा। न यह किसीके प्रश्नपर गौतमस्वामीसे कहलाया गया है। किसी पूर्वाचार्यका उल्लेख भी इसमें नहीं है। अन्य किसी ग्रन्थमें नग अनंगकी कथा भी नहीं देखी गई।

२—कथाका सार-यौधेय देशके श्रीपुर नगरके राजा अरिंजयके पुत्र नगकुमार और अनंगकुमार थे। मालव देशके अरिष्टपुरका राजा धनंजय था। उसपर तैलंग देशके राजा अमृतविजयने यों ही बिना कारण चढ़ाई कर दी। तब धनंजयने अपने माण्डलिक अरिंजयको सहायताके लिए बुलाया। अरिंजयके दोनों कुमार अपनी सेनाके साथ अरिष्टपुर पहुँचे और लड़ाईमें उन्होंने अमृत-विजयको हराकर कैद कर लिया। अमृतविजयको वैराग्य हो गया। उसी समय अरिष्टपुरमें चन्द्रप्रभ भगवान्का समवसरण आया। उनकी वाणी न खिरी। धनंजय, नंग, अनंग आदिने दीक्षा ले ली। इसके बाद आठवें अध्यायसे दूसरी कथा आरंभ होती है। उज्जयिनीके राजा श्रीदत्त और रानी विजयाके कोई पुत्र नहीं था। एक दिन आदिगत और प्रभागत नामके

**रेवा-तटके तीर्थ**—रेवा या नर्मदा नदी अमरकंटकसे लेकर खंभातकी खाड़ी तक १७७० मील लम्बी है। जब तक स्थानोंका ठीक ठीक निर्देश न मिले तब तक उसके तटके तीर्थ कहाँ कहाँ थे इसका निश्चय नहीं किया जा सकता। दसवीं गाथामें रेवाके दोनों किनारेसे साढ़े पाँच कोटि मुनियोंका निर्वाण होना लिखा है जिसमें दशमुख राजा (रावण) के पुत्र प्रधान थे और ग्यारहवीं गाथामें रेवाके पश्चिम भागके सिद्धवरकूटसे दो चक्रवर्ती और दस कन्दर्प या कामदेवोंका सिद्ध होना बतलाया है[२]। इसमें भी स्थानका निर्देश नहीं है।

किसी किसी प्रतिमें (सबमें नहीं) रेवा-तटपर सम्भवनाथ तीर्थङ्करको केवल-ज्ञानकी उत्पत्ति बतलाई है और उनके साथ भी साढे तीन कोटि मुनियोंका निर्वाण बतलाया है।

संस्कृत निर्वाण-भक्तिमें इन निर्वाण-स्थलोंका जिक्र नहीं है परन्तु चूंकि विन्ध्याचल रेवाके किनारे किनारे बहुत दूरतक चला गया है और उसमें 'विन्ध्ये' पद दिया है, इसलिए इनका अन्तर्भाव अवश्य हो सकता है।

---

दो चारण मुनि आये। उनको दोनोंने भक्तिभावसे आहार कराया। उन्होंने कहा कि तुम सोनागिरिकी यात्रा करो, इस पुण्यक्षेत्रके माहात्म्यसे सब इच्छायें पूरी होती हैं। मुनियोंने यात्राकी विधि बतलाई, तदनुसार राजाने बड़ा भारी संघ निकालकर सोनागिरिकी यात्रा करके वन्दना की। इसके फल स्वरूप राजा-रानीके सुवर्णभद्र नामका पुत्र हुआ। उसकी शादी हो गई। कुछ कालमें नगानगकुमार मुनि उज्जयिनी पधारे। उनके उपदेशसे श्रीदत्तने दीक्षा ले ली और वे स्वर्णाचलपर जाकर तप करने लगे। वहाँसे नगानग मुनियोंके मोक्ष पधारनेका समाचार सुनकर सुवर्णभद्र भी यात्राको निकल पड़े और उन्होंने भी वहाँ जाकर दीक्षा ले ली, तप किया और पाँच हजार मुनियोंके सहित मोक्षपद प्राप्त किया।

१—दहमुहरायस्स सुआ कोडी पंचद्धमुणिवरे सहिया।
रेवाउहयम्मि तीरे णिव्वाणगया णमो तेसिं॥ १०॥

२—रेवाणइए तीरे पच्छिमभायम्मि सिद्धवरकूडे।
दो चक्की दह कप्पे आहुट्ठयकोडि णिव्वुदे वंदे॥ ११॥
ये दो गाथायें कुछ पुस्तकोंमें मिलती हैं।
रेवातडम्मितीरे सभवनाथस्स केवलुप्पत्ती।
आहुट्ठयकोडीओ निव्वाणगया णमो तेसिं॥

प्रारम्भिक गाथामें देशमुख राजाके पुत्रोंके नाम नहीं हैं कि वे कौन कौन थे। इंद्रजीत और कुम्भकर्णका निर्वाण तो आगेकी एक गाथामें 'चूलिगिरि' से बतलाया गया है।

दूसरी गाथामें निर्दिष्ट किया हुआ 'सिद्धवरकूट' इस समय बड़वाह (इन्दौर) से ६ मीलकी दूरीपर माना-पूजा जा रहा है और इसकी स्थापनाका इतिहास भी बहुत पुराना नहीं है।

सबसे पहले इन्दौरके सेठ भूरजी सूरजमल मोदीने माघ सुदी १५ स० १९५१ को एक मन्दिरका जीर्णोद्धार कराके उसकी प्रतिष्ठा कराई। उसके बाद अन्य दो मंदिरोंका भी जीर्णोद्धार हुआ और धर्मशालायें आदि बनाई गईं। मन्दिर अवश्य जीर्ण-शीर्ण थे परन्तु जिस स्थानपर थे वह सिद्धवरकूट ही है, इसका और कोई पुष्ट प्रमाण नहीं है।

संवत् १७४६ में तीर्थयात्राको निकलनेवाले श्रीशीलविजयजीने अपनी 'तीर्थमाला'में नर्मदाके पासके तमाम जैन-अजैन तीर्थोंका वर्णन लिखा है। पहले शैवोंके मान्धाताका वर्णन करके, जो वर्तमान सिद्धवरकूटसे बहुत ही पास है, वे खण्डवा और बुरहानपुरकी तरफ चले जाते हैं, खण्डवाके दिगम्बर जैनोंका वर्णन भी करते हैं परन्तु इस क्षेत्रका जिक्र तक नहीं करते। ब्र० ज्ञानसागरकी 'तीर्थावली'में भी जो सत्रहवीं सदीके प्रारम्भमें हुए है सिद्धवरकूटका नाम नहीं

---

१—स्वर्गीय रायबहादुर डा० हीरालालजीने सिद्ध किया था कि रावण जिस लंकाका राजा था वह सुदूर दक्षिणमें नहीं किन्तु अमरकटक (नर्मदाके उद्गमस्थान) के पास थी। इसके लिए उन्होंने अपने लेखोंमें अनेक प्रमाण दिये हैं। नर्मदाके तटसे रावणके पुत्रोंका मोक्ष जाना इस संभावनाका पोषक है।

२—इसके स्रष्टा और विधाता भी एक भट्टारकजी थे जिनका नाम महेंद्रकीर्ति था और जो इन्दौरकी गद्दीके अधिकारी थे। उन्होंने ओंकारेश्वरके राजाको प्रसन्न करके उससे जमीन प्राप्त की और संवत् १९५० के लगभग इस क्षेत्रकी नींव डाली। उस समय अजमेरसे निकलनेवाले 'जैनप्रभाकर' पत्रमें, जिसके सम्पादक शायद छोगालालजी बिलाला थे, यह प्रकाशित हुआ था कि नर्मदाकी धाराके हट जानेसे ओंकारेश्वरके पास पुराने मन्दिरोंके कुछ अवशेष निकल आये है और यह अनुमान किया गया है कि यही निर्वाण-काण्डका सिद्धवरकूट था। यह राजा भिलाला जातिका है और इस वंशका अधिकार सन् ११२५ से ओंकारेश्वरपर चला आ रहा है।

है, पर खण्डवा ( खण्डेवो )का है । इससे मालूम होता है कि उस समय इस तीर्थका अस्तित्व न था ।

संस्कृत निर्वाण-भक्तिमें भी इस तीर्थका नाम नहीं है ।

**चूलगिरि**—बड़वानी नगरसे दक्षिणकी ओर चूलगिरि-शिखरसे इन्द्रजीत-कुम्भकर्णादि मुनि मोक्ष गये[१] ।

वर्तमानमें बड़वानी नगर मऊ स्टेशनसे लगभग ९० मील है और विलयसे पहले इसी नामकी एक छोटी-सी रियासतकी राजधानी था । दि० जैन डिरेक्टरीके अनुसार चूलगिरिमें २२ मन्दिर हैं। मन्दिरोंके जीर्णोद्धारका समय वि० सं० १२२३, १३८० और १५८० है । प्रतिष्ठाचार्योंके नाम नन्दकीर्ति और रामचन्द्र हैं । एक बहुत विशाल प्रतिमाके कारण इस तीर्थको 'बावन-गजा' कहने लगे हैं ।

रविषेणके पद्मचरितके ७८ वें पर्वमें यह तो लिखा है कि इन्द्रजीत-मेघनाद आदिने लंकामें ही दीक्षा ली थी परन्तु उसमें निर्वाण-स्थानका उल्लेख नहीं है । उत्तरपुराणमें भी इन्द्रजीत आदिका मोक्ष-स्थान नहीं बतलाया है परन्तु सुग्रीव, हनुमान, बिभीषण आदिके साथ रामचन्द्रका निर्वाण-स्थल सम्मेदशिखर लिखा है । यदि 'आदि' शब्दसे इन्द्रजीत आदिका भी ग्रहण किया जाय तो फिर उनका मुक्ति-स्थान सम्मेदशिखर होना चाहिए ।

**द्रोणगिरि**—फलहोडी ग्रामके पश्चिम भागमें जो द्रोणगिरि-शिखर है उसपरसे गुरुदत्तादि मुनि मोक्षको गये[२] ।

इस समय बुन्देलखण्डकी बिजावर रियासतके सेंदपा गाँवके समीपका पर्वत द्रोणगिरि सिद्धक्षेत्र माना जाता है । सेंदपा ग्राममें एक मन्दिर और द्रोणगिरिपर

---

१—बडवाणीवरणयरे दक्खिणभायम्मि चूलगिरिसिहरे ।
इदजियकुंभयण्णो णिव्वाणगया णमो तेसिं ॥ १२

२—फलहोडीवरगामे पच्छिमभायम्मि दोणगिरिसिहरे ।
गुरुदत्ताइमुणिंदा णिव्वाणगया णमो तेसिं ॥ १४
श्रीपन्नालाल-सरस्वती भवनके गुटकेमें यह गाथा नहीं है ।

३—कोल्हापुरके पास एक द्रोणगिरि नामका पहाड़ है । स्व० सेठ हीराचन्द नेमीचन्द्रजीने जैनमित्र वर्ष ५, अंक ८–९ में प्रश्न किया था कि क्या यह निर्वाण-काण्डका द्रोणगिरि है ?

२४ मन्दिर हैं। मूलनायक आदिनाथकी प्रतिमा संवत् १५४९ की प्रतिष्ठा की हुई है। शेष मन्दिर और प्रतिमायें आधुनिक हैं। पासमें कोई फलहोडी नामका ग्राम नहीं है और न कोई ऐसा प्राचीन लेख ही है जिसमें द्रोणगिरिका उल्लेख हो।

श्वेताम्बर सम्प्रदायका एक प्रसिद्ध तीर्थ जोधपुर रियासतमें मेड़ताके पास फलहोडी या फलोधी नामका है जिसका वर्णन जिनप्रभसूरिके विविध तीर्थकल्प (वि० १३६४-८९) में इस प्रकार किया गया है—"अत्थि सवालक्खदेसे मेडतयनगरसमीवठिओ वीरभवणाइनाणाविहदेवालयाहिरामो फलवद्धीनामगामे तत्थ फलवद्धिनामाधिज्जाए देवीए भवणमुत्तुंगसिहरं चिट्ठइ।' सन्देह होता है कि कहीं उक्त फलोधी ही किसी समय सिद्धक्षेत्र न रहा हो।

**मेढगिरि**—अचलपुर नगरके ईशान भागमें मेढगिरि-शिखरसे साढ़े तीन करोड़ मुनियोंका मोक्ष हुआ।[1] मेढगिरि मेध्यगिरिका अपभ्रंश मालूम होता है। मेध्य शब्दका अर्थ पवित्र है। बौद्धधर्मके 'उपालिसुत्त' (बुद्धचर्या पृष्ठ ४४९) में दण्डकारण्य, कलिंगारण्य, मेध्यारण्य और मातंगारण्यका उल्लेख आया है। आश्चर्य नहीं जो मेध्यारण्य और मेढगिरि एक ही हों।

संस्कृत निर्वाण-भक्तिमें 'प्रवरकुण्डलमेढ्रके च' पाठ है और उसकी टीकामें श्रीप्रभाचन्द्राचार्यने खुलासा किया है 'प्रवरकुण्डले प्रवरमेढ्रके च।'

इस समय बराड़के एलचपुरसे १२ मीलपर जो 'मुक्तागिरि' है, वही सिद्ध-क्षेत्र मेढगिरि बतलाया जाता है।

रा० ब० डाक्टर हीरालालके 'लिस्ट आफ इंस्क्रिप्शन्स इन सी० पी० एण्ड बरार' में मुक्तागिरिके लेखोंका उल्लेख करते हुए लिखा है कि वहाँ ४८ मन्दिर हैं जिनमें कोई ८५ मूर्तियाँ हैं। उनमेंसे अनेकोंपर संवत् दिये हैं जिनसे वे सन् १४८८ (सं० १५४५) से लगाकर सन् १८९३ (सं० १९५०) तककी सिद्ध होती हैं।

अमरावतीसे खरपी नामक गाँव तक पक्की सड़क गई है और वहाँसे लगभग तीन मील मुक्तागिरि है। इस खरपी गाँवमें कारंजाके भट्टारक पद्मनन्दिकी समाधि

१—अच्चलपुरवरणयरे ईसाणे भाए मेढगिरिसिहरे।
आहुट्ठयकोडीओ णिव्वाण गया णमो तेसिं॥ १६

है जिनका समय वि० सं० १८७६ है। कारंजाकी गद्दीपर, जो मान्यखेटकी गद्दीकी शाखा थी, २६ भट्टारक हो चुके हैं। संवत् १५०० के लगभग यह गद्दी स्थापित हुई थी। मुक्तागिरिके प्राप्त लेखोंमें कोई भी वि० सं० १५४० के पहलेका नहीं है। सम्भव है कारंजामें पट्ट स्थापित होनेके बाद ही इस क्षेत्रकी प्रसिद्धि की गई हो और अचलपुर ( एलचपुर ) के ईशानकोणमें इस स्थानकी स्थिति होनेसे ही निर्वाणकाण्डके अनुसार इसे मेढगिरि समझ लिया गया हो।

अचलापुर या अचलपुर एलचपुर ही है। हेमचन्द्रके प्राकृत-व्याकरणमें इस वर्ण-व्यत्ययके लिए एक सूत्र है—' अचलपुरे चलोः ' अचलपुरे चकार-लकारयोर्व्यत्ययो भवति अलचपुरं॥ २, ११८।

डा० हीरालालके कथनानुसार तीवरखेड़में एक ताम्र-पट मिला है जो अचलपुरमें लिखा गया था। उसमें राष्ट्रकूट राजाओंका उल्लेख है और वह शक संवत् ५५३ ( वि० सं० ६८८ ) का है। इससे मालूम होता है कि बहुत प्राचीनकालसे एलचपुर अचलपुर नामसे विख्यात है।

**कुन्थु-गिरि**—वंशस्थलपुरके पास पश्चिमकी ओरके कुंथुगिरिके शिखरसे कुलभूषण और देशभुषण मुनिका निर्वाण हुआ[१]।

निर्वाण-भक्तिमें इसका नाम नहीं आया है। ' वंसत्थलम्मि णयरे ' और ' वंसत्थलवर-णियडे ' दो पाठ मिलते हैं परन्तु हमारी समझमें ' वंसत्थलउरणियडे ( वंशस्थलपुरनिकटे ) पाठ होना चाहिए। रविषेणके पद्मचरित ( पर्व ४० ) में वहाँके राजाको वंशस्थलपुरेश कहा है[२] और उस स्थानको वंशस्थल[३]। वंशस्थलके पास बाँसोंका घना जंगल था जिसका नाम वंशधर था[३]। इसी वंशगिरिपर रामचन्द्रने जिनेन्द्रके सहस्रों चैत्य बनवाये थे[४]। इससे मालूम होता है कि वंशस्थलपुरके

---

१–वंसत्थलवरणयरे पच्छिमभायम्मि कुंथुगिरिसिहरे।
कुलदेसभूसणमुनी णिव्वाणगया णमो तेसिं॥ १७॥

२–वंशस्थलपुरेशश्च महाचित्तः सुरप्रभः।
सलक्ष्मणं सपत्नीकं पद्मनाभमपूजयत्॥ २॥

३–नानाजनोपभोग्येषु देशेषु निहितेक्षणौ।
धारौ क्रमेण सम्प्राप्तौ पुरं वंशस्थलद्युति॥ ९॥

४–अपश्यतां च तस्यान्ते वंशजालातिसंकटं।
नगं वंशधराभिख्यं भित्वेयं भुवमुद्गतं॥ ११॥

समीप वंशगिरिपर चैत्य और चैत्यालय बने थे और वहींपर कुलभूषण-देशभूषणका मोक्ष हुआ था। ऐसी दशामें वंशगिरि ही कुन्थुगिरि होगा। यद्यपि पद्मपुराणमें उसे कुन्थुगिरि कहा नहीं है।

पद्मचरितमे आगे चलकर चालीसवें पर्वमें लिखा है कि रामके द्वारा चैत्य बननेसे इस तुङ्ग पर्वतका नाम रामगिरि प्रसिद्ध हुआ है[1]। वंशस्थलपुरमें रहते रहते ऊब जानेसे रामचन्द्र लक्ष्मणसे आगे कहीं स्थान बनाकर रहनेको कहते हैं। इस प्रसंगमें कहा है कि कर्णरवा नदीके आगे सुनते हैं कि रोमांचित करनेवाला दण्डकारण्य है जो भूमिगोचरियोंके लिए दुर्गम है[2]। रामगिरिसे चलकर दक्षिणांभोधि देखा और जानकीके कारण कोस-कोस चलकर दोनो भाई कर्णरवा नदीपर पहुँचे।

इस सब वर्णनसे कुन्थुगिरि इस समय जहाँ माना जाता है वहाँ नहीं होना चाहिए। क्योंकि वर्तमान कुन्थुगिरिके आगे दण्डकारण्य नहीं हो सकता।

पद्मपुराणके उक्त रामगिरिका वर्णन हरिवंशपुराणमें भी है कि वहाँ कुछ दिन आराममे रहकर वे पुरुषश्रेष्ठ (पांडव) कौशल देशमें पहुँचे और वहाँ भी कुछ महीने रह कर रामगिरि गये जो पूर्वकालमे रामलक्ष्मण-द्वारा सेवित था और जहाँ पर्वतपर रामचन्द्रने सैकड़ों चैत्यालय बनवाये थे[3]।

---

छायया तुङ्गशृङ्गाणां यः सन्ध्यामिव सतत।
दधाति निर्झराणा च हसतीव च शीकरैः ॥ १२ ॥
तत्र वंशगिरौ राज (ज्ञा ?) रामेण जगदिन्दुना
निर्मापितानि चैत्यानि जिनेशानां सहस्रशः ॥ २७ ॥

१—रामेण यस्मात्परमाणि तस्मिन् जैनानि वेश्मानि विधापितानि।
निर्नष्टवशाद्रिवच स तस्माद्विप्रभो रामगिरिः प्रसिद्धः ॥ ४५ ॥

२—नद्याः कर्णरवायास्तु परतो रोमहर्षण।
श्रूयते दण्डकारण्य दुर्गम क्षितिचारिभिः ॥ ४० ॥

३—विश्रम्य तत्र ते सौम्या दिनानि कतिचित्सुख।
याताः क्रमेण पुन्नागविषय कौशलभिधं ॥ १७ ॥
स्थित्वा तत्रापि सौख्येन मासान्कतिपयानपि।
प्राप्ता रामगिरिं प्राग्यो रामलक्ष्मणसेवितः ॥ १८ ॥
चैत्यालया जिनेन्द्राणां यत्र चन्द्रार्कभासुराः।
कारिता रामदेवेन संभाति शतशो गिरौ ॥ १९ ॥—सर्ग ४६ ॥

यह कौशल दक्षिण कौशल या महाकौशल होगा जो गोदावरी और महानदीके बीच पूर्वकी ओर है। आधुनिक छत्तीसगढ़ महाकौशलमें ही है। रामचन्द्र भी चित्रकूटसे चलकर इसी महाकौशलमें आये होंगे। इसके आगे दक्षिण पूर्वमें दण्डकारण्य है।

चीनी यात्री हुएनत्सांग कलिंगकी राजधानीसे तीन सौ मील चलकर कौशल राजमें पहुँचा था। उसने इस राज्यका घेरा एक हजार मील बताया है। इसके उत्तरमें उज्जैन, पश्चिममे महाराष्ट्र, दक्षिणमें आन्ध्र और कलिंग और पूर्वमें उड़ीसा था। अर्थात् तापी नदी-तटके बुरहानपुर, गोदावरीके नांदेड, छत्तीसगढ़के रतनपुर और महानदीके उद्गमस्थान नवगढ़ तक इस देशकी सीमा रही होगी।

इस समय कुंथलगिरि बार्सी टाउन रेल्वे स्टेशनसे लगभग २१ मील दूर है। वहाँपर मुनियोंके चरण-मन्दिरके सहित दस मन्दिर हैं। दिगम्बर जैन-डिरैक्टरीके अनुसार ये दसों मंदिर वि० सं० १९३१ के बादके हैं। देशभूषण-कुलभूषणके मंदिरके विषयमे लिखा है कि इस प्राचीन मंदिरका जीर्णोद्धार ईडरके भट्टारक कनककीर्तिने सं०१९३२ मे कराया था। प्राचीन मंदिरके या मूल नायककी प्रतिमाके लेखादिका कोई उल्लेख नहीं है।

कुंथलगिरिमें न कोई तुंग शिखर है, न उसके पास कोई बडी नदी है, न बासोंके वन हैं और न कोई प्राचीन चैत्योके चिह्न। यहाँ दण्डकारण्य भी नहीं है और आगे चलकर दक्षिणाभोधि भी नहीं देखा जा सकता। इसलिए यह रामगिरि या कुंथगिरि नहीं हो सकता।

उग्रादित्यका 'कल्याणकारक' नामक वैद्यक ग्रन्थ रामगिरिपर रचा गया था। इस रामगिरिको उन्होंने गुहामन्दिरो और चैत्यालयोसे अलंकृत और सिद्धों

१ श्री गो० बा० बीडकर (ब्रह्मचर्याश्रमके अध्यापक) ने १२-४-४४ के जैनबोधकमें कुंथलगिरिके रहनेवाले स्व० नागोबाके मुँहसे सुनकर लिखा है—" ७०-८० वर्ष पहले इस पहाड़पर एक छोटी-सी गुमटी थी जिसमें दो मुनियोंकी चरणपादुकायें थी और परढाके सेठ गणेश गिरधरके बनवाये हुए शिखरबन्द मन्दिरको छोड़कर और कोई मन्दिर न था और मौजा रामकुंडमें एक धर्मशाला थी। आगे चरणपादुकाओंकी गुमटीपर एक बड़ा मन्दिर बनवाया गया और फिर क्रम क्रमसे ९ शिखरबन्द मन्दिर बन गये।" अर्थात् यह स्थान ८०-९० वर्ष पहले ही तीर्थरूपमें प्रसिद्ध किया गया है।

विद्याधरोंसे सेवित बतलाया[1] है। बेंगीनरेशके त्रिकलिंग देशमें वह था। सम्भव है यह वही हो जिसका पद्मचरितमें उल्लेख है।

प्रो० ज्योतीप्रसादजी जैनने अपने एक विस्तृत अँग्रेजी लेख[2]में विजगापट्टम जिलेके रामतीर्थ पर्वतको ( विजयानगरंके समीप ) जो पहले रामकोंड (कोंड = गिरि, पर्वत ) कहलाता था अनेक प्रमाण देकर रामगिरि बतलाया है। आन्ध्रका वह हिस्सा जो कलिंगके दक्षिणसे लगा हुआ है और जिसमें बेंगीनगर था और जो इस समय विजयानगरं राज्यके भीतर है पूर्वी चालुक्योंके अधीन था। ये त्रिकलिंगके कुछ हिस्सोंपर अधिकार कर लिया करते थे और अपनेको त्रिकलिंगाधिपति कहते थे। रामकोंड तीन पर्वतोंसे बना हुआ है जिनमें अनेक गुफायें, गुफामन्दिर आदि थे, और उनके अवशेष अब भी पड़े हुए हैं।

**कोटि-शिला**—यशोधर राजाके पाँच सौ पुत्र और दूसरे एक करोड़ मुनि कोटिशिलापरसे मुक्त हुए[3]। यह कोटि-शिला कलिंग देशमें है। परंतु जिनप्रभसूरिने विविधतीर्थकल्पमे उसे मगध देशमें बतलाया है[4] और पूर्वाचार्योंकी कुछ गाथाये भी उद्धृत की है जिनमेंसे एकमें कहा है कि[5] एक योजन विस्तारवाली कोटिशिला है और वह दशार्ण पर्वतके समीप है। वहाँ छह तीर्थंकरोंके तीर्थोंमें अनेक करोड़ मुनि सिद्ध हुए हैं। एक और उद्धृत गाथामें कहा है कि उक्त शिलाको वासुदेव

---

१—बेंगीशात्रिकलिंगदेशजननप्रस्तुत्यसानूत्कटः
प्रोद्यद्वृक्षलतावितानविरतैः सिद्धैश्च विद्याधरैः।
सर्वे मन्दिरकन्दरोपमगुहाचैत्यालयालङ्कृते।
रम्ये रामगिराविदं विरचितं शास्त्रं हित प्रणिनाम्॥

२—जैन सिद्धान्तभास्कर भाग २०, अंक १।

३—जसहररायस्य सुआ पचसयाइ कलिंगदेसम्मि।
कोडिसिलाए कोडिमुणी णिव्वाण गया णमो तेसिं॥

४—इह भरतखित्तमज्झे तित्थ मगहासु अत्थि कोडिसिला।
अज्ज वि ज पूइज्जइ चारण-सुर-असुर-जक्खेहिं॥ २॥ —कोटिशिलाकल्प

५—जोअणपिहुलायामा दसण्णपव्वयसमीवि कोडिसिला।
जिणछक्कतित्थसिद्धा तत्थ अणेगाउ मुणिकोडी॥ १५॥

( कृष्ण ) ने किसी तरह जानु तक उठाई। इसके पहलेके नारायणोंने उसे छत्रके समान बिल्कुल ऊपर तक, सिर तक, छाती तक, गर्दन तक, हृदय तक, कटि तक, ऊरु तक और जानु तक उठाई थी[१]।

हरिवंशपुराणके ५३ वें सर्गमें भी कोटि-शिलाके उठानेका वर्णन है और उसका विस्तार एक योजन लम्बा और एक योजन चौड़ा बतलाया है। पहले त्रिपृष्ठ नारायणने बाँहोंसे उठाकर ऊपर फेंक दी थी, द्विपृष्ठने मूर्द्धा तक, स्वयंभुवने कण्ठ तक, पुरुषोत्तमने छाती तक, पुरुषसिंहने हृदय तक, पुण्डरीकने कटि तक, दत्तकने जंघा तक, लक्ष्मणने घुटनों तक और अब अन्तिम नारायण कृष्णने चार अंगुल उठाई। पद्मपुराणके अड़तालीसवें पर्वमें भी कोटि-शिलाका और उसका लक्ष्मणद्वारा उठाये जानेका वर्णन है। परन्तु इन दोनों ही ग्रन्थोंमें वह कहाँ पर थी इसका कोई स्पष्ट निर्देश नहीं है।

तीर्थकल्पके कर्त्ता उसे मगधमें बतलाते हैं परन्तु पूर्वाचार्योंकी जिन गाथाओंको वे उद्धृत करते हैं उनमें दशार्ण पर्वतके समीप बतलाया है। दशार्ण मालवेका ही एक भाग था जिसमेंसे दशार्ण या धसान नदी बहती है और जिसकी राजधानी विदिशा या भिलसा थी। कालिदासने मेघदूतमें मेघको उत्तरकी ओर जानेका मार्ग बतलाते हुए कहा है कि नर्मदा और विन्ध्यके उस ओर दशार्ण देश मिलेगा जिसकी राजधानी वेत्रवती ( बेतवा ) के किनारे विदिशा है। अभी तक दशार्ण देश और दशार्ण नदीके उल्लेख बहुत मिले हैं परन्तु दशार्ण पर्वतका नहीं मिला। सम्भव है, दशार्ण नदी जिस पर्वतसे निकलती है उसीका नाम दशार्ण हो।

निर्वाण-काण्डमें कोटि-शिला कलिंग देशमें बतलाई है।

बौद्धोंके ' चूल-दुक्खक्खन्ध सुत्त 'में राजगृहके समीप ऋषिगिरिकी काल-शिलाका वर्णन आता है जहाँ बहुतसे निर्ग्रन्थ साधु तपस्याकी तीव्र कटु-वेदना सहन कर रहे थे। सम्भव है, तीव्र वेदनाके कारण बौद्धोंने कोटि-शिलाको ही काल-शिला कह दिया हो और यदि यह ठीक हो तो जिनप्रभसूरिका मगधमें कोटि-शिला

---

१—छत्ते सिरम्मि गीवा वच्छे उअरे कडीइ ऊरूसु।
जाणू कहमवि जाणू णीया स वासुदेवेण ॥ १८ ॥

२—देखो, ' बुद्धचर्या ' पृ० २३०।

तीर्थका बतलाना ठीक हो सकता है। स्व० ब्रह्मचारी शीतलप्रसादजी गंजाम जिलेके मालती पर्वतको कोटिशिला बतलाते हैं[१]।

**रेसिन्दीगिरि**—पार्श्वनाथके समवसरणमें वरदत्तादि पाँच मुनियोंका मोक्ष हुआ। परन्तु रेसिन्दीगिरि कहाँ था, इसका कोई निर्देश नहीं है।

उत्तरपुराण, पार्श्वनाथ-चरित आदि दिगम्बर कथा-ग्रन्थोंमें तो पार्श्वनाथके समवसरणका रेसिन्दीगिरिमें होनेका कोई उल्लेख नहीं है और न वरदत्तादि मुनियोंके मोक्ष जानेका। पं० पन्नालालजी सोनीद्वारा सम्पादित क्रियाकलापमें इस गाथाकी पहली पंक्ति 'पासस्स समवसरणे गुरुदत्तवरदत्तपंचरिसिपमुहा' इस प्रकार दी है—परन्तु यह पाठ संशयास्पद है। क्योंकि इसके पहले गुरुदत्तादिका मोक्षस्थल द्रोणगिरि बतलाया जा चुका है। साथ ही वरदत्तका मोक्षस्थान भी 'तारउर' कह दिया गया है।

'रिसिन्द'का शुद्ध पाठ 'रिस्सद्दि' होगा जो 'ऋष्यद्रि'का प्राकृत-रूप है और ऋष्यद्रि राजगृहकी पाँच पहाड़ियोंमेंसे एक है।

इस समय नैनागिर क्षेत्रको रेसिन्दीगिरि बतलाया जाता है। यह स्थान मध्यप्रदेशके सागर जिलेकी ईशान सीमाके पास विन्ध्यप्रदेशमें है।

परन्तु नैनागिरि रेसिन्दीगिरि कैसे हो गया, यह समझमें नहीं आया।

दिगम्बर जैन डिरैक्टरीके अनुसार इस पर्वतपर २६ और तलैटीमें ६ मन्दिर हैं। पर्वतपर मुख्य मन्दिर श्रेयान्सनाथका है, जो संवत् १७०८ का बना बतलाया गया है और उसका जीर्णोद्धार संवत १९२१ में हुआ है। शेष सब मन्दिर १८४२ के बादके बने हुए हैं। इन मन्दिरोंमें या शहर कोई ऐसा पुराना लेख नहीं है जिससे इसके रेसिन्दीगिरि होनेकी पुष्टि होती हो—वहाँकी सभी रचना—सारी सृष्टि—पिछले सौ डेढ़ सौ वर्षोंकी जान पड़ती है।

---

१—देखो, मद्रास व मैसूर प्रान्तके प्राचीन जैन स्मारक, पृष्ठ १०-१३।

२—पासस्स समवसरणे सहिया वरदत्त मुणिवरा पंच।
रिस्सिंदे गिरिसिहरे णिव्वाण गया णमो तेसिं॥

पहले लिखा जा चुका है कि निर्वाण-भक्तिकी टीकामें 'ऋष्यद्रि' का अर्थ 'श्रमणगिरि' है और श्रमणगिरि पञ्च-पर्वतोंमेंसे एक है, तब फिर यह ऋष्यद्रि और कौन-सा है? इसका उत्तर चाहे जो हो, परन्तु नैनागिर तो वह नहीं है, यह प्रायः निश्चित है।

**कुण्डलपुर**—भगवान् महावीरका जन्मस्थान कुण्डग्राम है जो वर्तमानमें बिहारके मुजफ्फरपुर जिलेका बसाढ़ ग्राम है। वही वैशाली है और उसीका एक मुहल्ला कुण्डग्राम था। जिस तरह राजगृहके समीपके पाँच पहाड़ोंमेंसे एकका नाम श्रमणगिरि है और वह धीरे धीरे सुवर्णगिरि सोवण्णगिरि होते होते सोनागिरि हो गया और अन्तमें मूल स्थानके भूल जानेपर बुन्देलखण्डके सोनागिरको ही सिद्धक्षेत्र बननेका सौभाग्य प्राप्त हो गया, उसी प्रकार कुण्डग्राम भी कुंडलपुर हो गया और अन्तमें दमोहके पासका कुण्डलपुर महावीरका जन्मस्थान बना दिया गया। यद्यपि अब कुछ समझदार लोग उसे जन्मस्थान नहीं किन्तु एक अतिशय क्षेत्र कहने लगे हैं। १०-११ मार्च सन् १९४२ को मैंने इस क्षेत्रके दर्शन[1] किये थे और उस समय एक नोट लिखकर डाल लिया था जिसका सार यहाँ दे दिया जाता है—

यह स्थान दमोहसे लगभग २१ मील दूर है। यहाँ कुण्डलाकृति तीन पहाड़ों-पर छोटे बड़े लगभग ५५ मन्दिर हैं और वे १००-१५० वर्षसे अधिक पुराने नहीं हैं। पहाड़ोंकी चौथी बाजू खुली हुई है और पहाड़ोंके बीचमें एक सुन्दर तालाब है जिसके पक्के घाट बने हुए हैं। मन्दिरोंमें जीवराज पापड़ीवालकी प्रतिष्ठा कराई हुई सं० १५४८ की पचासों प्रतिमाएँ हैं। छद्दघरियाके मन्दिरकी तीनों बड़ी प्रतिमायें भी—एक सफेद संगमर्मरकी और दो लाल रंगकी—पापड़ीवालकी ही मालूम होती हैं। यहाँके मूल नायककी प्रतिमा पद्मासनस्थ है और उसकी ध्यानमुद्रा बहुत आकर्षक है। अगल बगल दो कायोत्सर्ग मूर्तियाँ हैं—सब मिलाकर शायद चौबीस हैं। उनके अगल बगल दो दो यक्ष हैं। सबपर वृषभ, शंख आदि चिह्न हैं। बड़े बाबाकी मूर्तिके ऊपर दोनों तरफ दो देव उड़ते हुए दिखलाये गये हैं

१—दर्शन तो इसके पहले और भी तीन दार कर चुका था, पर इस बार कुछ खोजकी दृष्टि थी।

बड़े बाबाकी प्रतिमापर कोई लेख नहीं है। पर मृगका चिह्न है, जो बतलाता है कि यह शान्तिनाथकी प्रतिमा है, यद्यपि कहा जाता है कि यह महावीरका तीर्थ है। मन्दिरके द्वारके एक तरफ किवाड़की आड़में एक शिलालेख मन्दिर बननेके समयका राजा छत्रसाल बुंदेलाके राज्यकालका है। परन्तु प्रतिमायें निश्चयसे उक्त कालसे पहलेकी हैं। या तो किसीने उस समय मन्दिरका जीर्णोद्धार कराया है, या फिर प्रतिमायें पहले अन्य स्थानमें होंगी और मन्दिर पीछे बनाया गया होगा। जीर्णोद्धारकी ही अधिक सम्भावना है। अतिशय क्षेत्र होनेकी किंवदन्ती अविश्वसनीय है। मूर्तियाँ कहीं भी खण्डित नहीं हैं। मूर्तिध्वंसकोंका आक्रमण यहाँ शायद कभी हुआ ही नहीं।

इस लेखसे दो बातोंपर प्रकाश पड़ता है। एक तो यह कि निर्वाणकाण्डमें जिन स्थानोंसे जिन जिन मुनियोंका मोक्ष जाना बतलाया है, दूसरे ग्रन्थोंमें कहीं कहीं वह नहीं लिखा या विरुद्ध लिखा है। कारण बहुत पहलेसे ही ग्रन्थकर्त्ता आचार्योंमें कथासम्बन्धी मतभेद रहा है। जैसे पद्मपुराणका रामचरित और उत्तरपुराणका रामचरित। हरिवंशके नेमिचरित और उत्तरपुराणके नेमि-चरितमें भी अन्तर है। निर्वाणकाण्डके कर्त्ता उक्त दो परम्पराओंमेंसे किसी एकके माननेवाले होंगे और यह भी सम्भव है कि उक्त दोके सिवाय और भी कोई परम्परा उनके सामने रही हो।

दूसरी बात यह कि बीचमें अनेक तीर्थोंको लोग भूल गये थे और फिर उनके स्थानमें मठपति भट्टारकोंने अपनी समझ-बूझके अनुसार नये नये तीर्थ स्थापित किये और उन्हींको पुराने तीर्थोंके रूपमें प्रचारित किया।

# दक्षिणके तीर्थक्षेत्र

मुनि शीलविजय श्वेताम्बर सम्प्रदायके तपागच्छीय साधु थे और उनके गुरुका नाम पं० शिवविजय था। उन्होंने पश्चिम, पूर्व, दक्षिण और उत्तर चारों दिशाओंके तीर्थोंकी पैदल यात्रा की थी और जो कुछ उन्होंने देखा था उसे अपनी गुजराती भाषामें पद्यबद्ध कर दिया था। इसके पहले भागमें ८५, दूसरेमें ५५, तीसरेमें १७३ और चौथेमें ५५ पद्य हैं। प्रत्येक भागके प्रारम्भमें मंगलाचरणके रूपमें दो दो तीन तीन दोहे और अन्तमें चार चार पंक्तियोंका एक एक 'कलम' है। शेष सब चौपाइयाँ हैं।

पूर्वके तीर्थोंकी यात्रा उन्होंने वि० सं० १७११-१२ में, दक्षिणकी १७३१-३२ में, पश्चिमकी १७४६ में और उत्तरकी शायद १७४८ में की थी। 'शायद' इस लिए कि पुस्तकके पद्य-भागमें संवत् नहीं दिया है, परन्तु अन्तकी पुष्पिकामें लिखा है—" संवत् १७४८ वरषे मागसरमासे शुक्लपक्षे त्रयोदशी तिथौ सोमवासरे लिखितम्[1]।"

स्व० धर्मविजयसूरिने वि० सं० १९७८ में 'प्राचीन तीर्थमाला-संग्रह' नामका एक संग्रह प्रकाशित किया था[2]। उसमें भिन्न भिन्न यात्रियोंकी लिखी हुई छोटी-बड़ी पच्चीस तीर्थमालायें हैं। शीलविजयकी 'तीर्थमाला' भी उसीमें संग्रहीत है।

यों तो यह समस्त पुस्तक ही बड़े महत्त्वकी है, परन्तु हम केवल इसकी दक्षिण-यात्राके अंशका ही विवरण पाठकोंके सामने उपस्थित करेंगे। अबसे लगभग

---

१-यह लेखककी लिखी या लिखाई हुई पहली ही प्रति मालूम होती है और उक्त प्रति ही प्रकाशनके समय सम्पादकके सामने आदर्श प्रति थी।

२-श्रीयशोविजय-जैनग्रंथमाला, भावनगर-द्वारा प्रकाशित। मूल्य २॥)

ढाईसौ वर्ष पहलेके दक्षिणके तीर्थों और धर्म-स्थानोंके सम्बन्धमें इससे बहुत-सी बातें मालूम होंगीं।

स्वयं श्वेताम्बर होनेपर भी लेखकने दक्षिणके समस्त दिगम्बर-सम्प्रदायके तीर्थोंका श्रद्धा-भक्तिपूर्वक वर्णन किया है और उनकी वन्दना की है।

पृथ्वी-भ्रमणकी उपयोगिता दिखलानेके लिए उन्होंने एक गाथा उद्धृत की है—

> दिसइ विविहचरियं जाणिज्जइ दुज्जणसज्जणविसेसो।
> अप्पाणं च किलज्जइ हिंडज्जइ तेण पुहवीए॥

अर्थात्—विविध प्रकारके चरित देखना चाहिए, दुर्जनों और सज्जनोंकी विशेषता जाननी चाहिए, अपनेको शिक्षित करना चाहिए और इसके लिए पृथ्वी-भ्रमण आवश्यक है।

इस पुस्तकमें जो कुछ लिखा है लेखकने स्वय पैदल-यात्रा करके लिखा है; फिर भी बहुत-सी बातें सुनी-सुनाई भी लिखी हैं, जैसा कि उन्होंने स्वयं एक जगह कहा है—

> जगमां तीरथ सुंदरु, ज्योतिर्वंत झमाल।
> पभणीस दीठां सांभल्या, सुणतां अमी-रसाल॥ ३ ॥

अथवा—

> दष्यिण दिसिनी बोली कथा, निसुणी दीठी जे मि यथा॥ १०८॥

अपनी दक्षिण-यात्राका प्रारम्भ वे नर्मदा नदीके परले पारसे करते हैं और वहींसे दक्षिण देशमें प्रवेश करते हैं।

> नदी निर्बदा पेलि पार, आव्या दष्यिणदेसमझारि।
> मानधाता तीरथ तिहां सुण्युं, शिवधर्मी ते मानि घणुं॥

मान्धाताके विषयमें इतना ही कहकर कि इसे शिवधर्मी बहुत मानते हैं वे आगे खंडवा जाकर खानदेशके बुरहानपुरका वर्णन करने लगते हैं। यहाँ यह नोट करने लायक बात है कि मान्धाताका उल्लेख करके भी लेखक 'सिद्धवरकूट' का कोई जिक्र नहीं करते हैं और इसका कारण यही जान पड़ता है कि उस समय तक वहाँ सिद्धवरकूट नहीं माना जाता था।

बुरहानपुरमें चिन्तामणि पार्श्वनाथ, महावीर, शान्तिनाथ, नेमिनाथ, सुपार्श्वनाथके मन्दिर हैं और बड़े-बड़े पुण्यात्मा महाजन बसते हैं। उनमें एक

ओसवालवंशके भूषण ' छीतू जगजीवन ' नामके संघवी ( संघपति ) हैं, जिनकी गृहिणीका नाम ' जीवादे ' है। उन्होंने माणिक्यस्वामी, अन्तरीक्ष, आबू, गोडी ( पार्श्वनाथ ) और शत्रुंजयकी यात्रा की है। प्रतिष्ठायें कराई हैं। वे संघके भक्त और सुपात्र-दानी हैं। दूसरे धनी पोरवाड़ वंशके सारंगधर सघवी[१] हैं, जिन्होंने संवत् १७३२ में बड़ी भारी ऋद्धिके साथ चैत्यवन्दना और मालवा, मेवाड़, आबू, गुजरात तथा विमलाचल ( शत्रुंजय ) की यात्रा करके अपनी लक्ष्मीको सफल किया है। तीसरे हैं दिगम्बर धर्मके अनुयायी 'जैसल जगजीवनदास' नामके बड़े भारी धनी, जिनकी शुभमति है और जो प्रतिदिन जिन-पूजा करते हैं। उनकी तरफसे सदाव्रत जारी है, जिसमें आठ रुपया रोज खर्च किया जाता है।

इसके आगे मलकापुर ( जिला बुलढाना ) है। वहाँके शान्तिनाथ भगवान्को प्रणाम करता हूँ। वहाँसे देवल घाट चढ़कर बरारमें प्रवेश किया जाता है। देवलगाँवमें पहुँचकर मैंने नेमीश्वर भगवानको प्रणाम किया। इसके आगे समुद्र तक सर्वत्र दिगम्बर ही दिगम्बर बसते हैं—

हवि सघलि दीगम्बर वसिं, समुद्रसुधी ते घणू उल्हसिं ॥ १३ ॥

फिर ' अन्तरीक्ष पार्श्वनाथ ' का वर्णन करते हैं—

सिरपुरनयर अन्तरीक पास, अमीझरो वासिमें सुविलास।

आगे इस तीर्थके विषयमें एक दन्तकथा लिखी है कि रावणका भगिनीपति खरदूषण राजा बिना पूजा किये भोजन नहीं करता था। एक बार वह वन-विहारको निकला और मन्दिर भूल गया। तब उसने बालू और गोबरकी एक प्रतिमा बनाई और नमोकार मन्त्र पढ़कर उसकी प्रतिष्ठा करके आनन्दसे पूजा की। वह प्रतिमा यद्यपि वज्र-सदृश हो गई परन्तु कहीं पीछे कोई इसका अविनय न करे, इसलिए उसने उसे एक जल-कूपमें विराजमान कर दिया और वह अपने नगरको चला आया।

इसके बाद उस कुएँके जलसे जब ' एलगराय[२] ' का रोग दूर हो गया, तब

---

१–वासिम सिरपुरसे १० मील दूर है।

२–जिसे राजा ' एल ' कहा जाता है शायद वही यह ' एलगराय ' है। आकोलाके गेजेटियरमें लिखा है कि एल राजाको कोढ हो गया था, जो एक सरोवरमें नहानेसे अच्छा हो गया। उस सरोवरमें ही अन्तरीक्षकी प्रतिमा थी और उसीके प्रभावसे ऐसा हुआ था।

अन्तरीक्ष प्रभु प्रकट हुए और उनकी महिमा बढ़ने लगी। पहले तो यह प्रतिमा इतनी अधर थी कि उसके नीचेसे एक सवार निकल जाता था, परन्तु अब तो केवल एक धागा ही निकल सकता है।

इसके आगे लूणार[1] गाँव और एलजपुरी अर्थात् एलिचपुरका उल्लेखमात्र करके कारंजा नगरका बहुत विस्तृत वर्णन किया है, जो यहाँ सबका सब उद्धृत किया जाता है—

एलजपुर कारंजानयर, धनवन्तलोक वसि तिहां सभर।
जिनमन्दिर ज्योती जागता, देव दिगम्बर करि राजता॥ २१॥
तिहा गच्छनायक दीगम्बरा, छत्र-सुखासन-चामरधरा।
श्रावक ते सुद्धधरमी वसिइ, बहुधन अगणित तेहने अछइ॥ २२॥
बघेरवालवंश-सिणगार, नामि संघवी भोज उदार।
समकितधारी जिनने नमइ, अवर धरमस्यूं मन नवि रमइ॥ २३॥
तेहने कुले उत्तम आचार, रात्री भोजननो परिहार।
नित्यई पूजामहोच्छव करइ, मोती-चोक जिनआगलि भरइ॥ २४॥
पंचामृत अभिषेक घणी, नयणे दीठी ते म्हि भणी।
गुरु-सामी पुस्तकभण्डार, तेहनी पूजा करि उदार॥ २५॥
संघ प्रतिष्ठा ने प्रासाद, बहु तीरथ ते करि आल्हाद।
करनाटक कुंकण गुजराति, पूरब मालव ने मेवात॥ २६॥
द्रव्यतणा मोटा व्यापार, सदावर्त पूजा विवहार।
तप जप क्रिया महोच्छव घणा, करि जिनसासन सोहामणा॥ २७॥
संवत सात सतरि सही, गढ़ गिरनारी जात्रा करी।
लाख एक तिहाँ धन वावरी। नेमिनाथनी पूजा करी॥ २८॥
हेममुद्रा संघवच्छल कीओ, लच्छितणो लाहो तिहां लीओ।
परवि पाई सीआलि दूध, ईषुरस उनालि सुद्ध॥ २९॥
भेलाफूलिवास्यां नीर, पंथीजननि पाई धीर।
पंचामृत पकवाने भरी, पोषि पात्रज भगति करी॥ ३०॥

---

१—लोणार बुलढाना जिलेमें मेहकरके दक्षिणमें १२ मीलपर है। बरारमें यह गाँव सबसे प्राचीन है। इसका पुराना नाम विरजक्षेत्र है।

भोजसंघवीसुन सोहामणा, दाता विनयी ज्ञानी घणा।
अर्जुन संघवी पदारथ (?) नाम, शीतल संघवी करि शुभ काम ॥३१॥

इसका सारांश यह है कि कारंजामें बड़े बड़े धनी लोग रहते हैं और प्रकाशमान जैन-मन्दिर हैं जिनमें दिगम्बरदेव विराजमान हैं। वहाँ गच्छनायक (भट्टारक) दिगम्बर हैं, जो छत्र, सुखासन (पालकी) और चँवर धारण करते हैं। शुद्धधर्मी श्रावक हैं, जिनके यहाँ अगणित धन है। बघेरवाल वंशके शृंगार-रूप भोज-संघवी (सिंघई) बड़े ही उदार और सम्यक्त्वधारी हैं। वे जिन भगवान्को ही नमस्कार करते हैं। उनके कुलका आचार उत्तम है। रात्रि-भोजनका त्याग है। नित्य ही पूजा-महोत्सव करते रहते हैं। भगवानके आगे मोतियोंका चौक पूरते हैं और पंचामृतसे अभिषेक करते हैं। यह मैंने आँखों देखकर कहा है। गुरु स्वामी[1] (भट्टारक) और उनके पुस्तक-भण्डारका पूजन करते हैं। उन्होंने सघ निकाला, प्रतिष्ठा की, प्रासाद (मन्दिर) बनवाये और आह्लादपूर्वक बहुतसे तीर्थोंकी यात्रा की। कर्नाटक, कोंकण, गुजरात, पूर्व मालवा और मेवातसे उनका बड़ा भारी व्यापार चलता है। जिनशासनको शोभा देनेवाले सदावर्त, पूजा, जप, तप, क्रिया, महोत्सव आदि उनके द्वारा होते रहते हैं। संवत् १७०७ में उन्होंने गढ़ गिरनारकी यात्रा करके नेमि भगवान्की पूजा की, सोनेकी मोहरोंसे संघ-वात्सल्य किया और एक लाख रुपया खर्च करके धनका 'लाहा' लिया। प्रपाओं (प्याऊ) पर शीतकालमें दूध, गर्मियोंमें गन्नेका रस और इलायचीवासित जल पन्थियोंको पिलाया और पात्रोंको भक्तिपूर्वक पंचामृत पक्वान्न खिलाया। भोज सघवीके पुत्र 'अर्जुन संघवी' और 'शीतल संघवी' भी बड़े दाता, विनयी, ज्ञानी और शुभ काम करनेवाले हैं।

इसके आगे मुक्तागिरिके विषयमें लिखा है कि वह शत्रुंजयके तुल्य है और वहाँ चौबीस तीर्थंकरोंके ऊँचे ऊंचे प्रासाद हैं—

हवि मुगतागिरि जात्रा कहुं, शत्रुंजतोलि ते पण लहुं।
ते ऊपरि प्रासाद उतंग, जिन चौबीसतणा अति चंग ॥

इसके आगे सिंधखेड़, पातूर, आमाबुदगिरि, कल्याण, और बिदर शहरका

१-इस 'स्वामी' शब्दका व्यवहार कारंजाके भट्टारकोंके नामोंके साथ अब तक होता रहा है; जैसे वीरसेन स्वामी।

उल्लेख मात्र किया है, सिर्फ पातूरमें चन्द्रप्रभ और शान्तिनाथ जिनके मन्दिरोंको बतलाया है—

सिंधखेडि आंबां पातूरे, चन्द्रप्रभ जिन शांति सनूर ।
ओसौंदुदगिरि गढ़ कल्याण, सहिर बिधर प्रसीद्ध ठाण ॥

इसके आगे तैलंगदेशके भागनगर, गलकुंडे (गोलकुंडा) का वर्णन है। लिखा है कि उसका विस्तार चार योजनका है और कुतुबशाहका राज्य है। उसकी सेनामें एक लाख घुड़सवार और नौ लाख सिपाही हैं। गोलकुंडामें छत्तीस हजार वेश्यायें हैं और रातदिन नाच गान हुआ करता है[८]। यहाँके श्रावक धनी, दानी, ज्ञानी, और धर्मात्मा हैं। मणि, माणिक्य, मूँगेके जानकार (जौहरी) और देव-गुरुकी सेवा करनेवाले हैं।

वहाँ ओसवाल वंशके एक 'देवकरण शाह' नामके बड़े भारी धनी हैं, जो

---

१–महाराष्ट्रीय ज्ञानकोशके अनुसार जब जानोजी भोंसलेने निजामअलीको परास्त करके सन्धि करनेके लिए लाचार किया, तब पेशवा स्वय तो शिन्दखेडमे रह गया और विश्वासराव तथा सिन्धियाको उसने औरंगाबाद भेज दिया। इसके बाद साखरखेडमें बड़ी भारी लड़ाई हुई और निजामअली परास्त हुआ (ई० सन् १७५६)। इसी शिन्दखेडका शीलविजयने उल्लेख किया है। यह शिन्दखेड पश्चिम खानदेशमें ताप्ती-वेली लाईनका रेलवे स्टेशन है। बड़ा कसबा है।

२–आंबा बरारका ही कोई गॉव होगा।

३–आकोला जिलेकी बालपुर तहसीलका एक कस्बा। इसके पासके जगलमें कई गुफायें और एक जैनमन्दिर है। सभव है, वह चन्द्रप्रभका ही हो।

४–यह शायद 'ऊवलद' अतिशय क्षेत्र हो, जो निजाम स्टेट रेलवेके मीरखेल स्टेशनसे तीन चार मील है। यह स्थान पहाड़पर है, इसलिए 'गिरि' कहा जा सकता है।

५–कल्याणको आज कल 'कल्याणी' कहते हैं। यह निजाम राज्यके बेदर जिलेकी एक जागीरका मुख्य स्थान है। चालुक्य-नरेश सोमेश्वर (प्रथम) ने यहाँ अपनी राजधानी स्थापित की थी। सन् १६५६ में यहाँके गढ या किलेको औरंगजेबने फतह किया।

६–यह निजाम राज्यका जिला 'बेदर' है।

७–हैदराबादसे पश्चिम पॉच मीलपर बसा हुआ पुराना शहर। इसीका पुराना नाम भागनगर था।

८–यह कुतुबशाहीका अन्तिम बादशाह अबूहसन-कुतुबशाह होगा, जो सन् १६७२ में

चिन्तामणि चैत्यमें प्रतिदिन जिनपूजा और संघ-वात्सल्य करते हैं। उनकी ओरसे सदावर्त है। वे दीन-दुखियोंके लिए कल्पवृक्ष हैं। राजा उन्हें मानते हैं। 'उदयकरण' और 'आसकरण' सहित वे तीन भाई हैं—सम्यक्त्वी, निर्मल-बुद्धि, गर्वरहित और गुरुभक्त। उनके गुरु अंचल गच्छके हैं। वहाँ आदिनाथ और पार्श्वनाथके दो मन्दिर हैं। एक दिगम्बर मन्दिर बहुत बड़ा है।

इसके आगे लिखा है कि कुलपाकपुर-मंडन माणिक-स्वामीकी[1] सेवा करनी चाहिए। वहाँकी प्रतिमा भरतरायकी स्थापित की हुई है। इस तीर्थका उद्धार राजा शंकररायकी रानीने किया है। इस मिथ्याती राजाने ३६० शिवमन्दिर बनवाये और इसकी रानीने इतने ही जिनमन्दिर। इन मन्दिरोंका विस्तार एक कोसका है, जहाँ पूजन-महोत्सव हुआ करते हैं।

इसके आगे द्रविड़ देशका प्रारम्भ हुआ है जिसके गंजीकोटि[2], सिकाकोलि[3] और और चंजी[4] चंजाउरि[5] स्थानोंके नाम दिये हैं जिनमें सोने, चाँदी और रत्नोंकी अनेक प्रतिमायें हैं।

आगे जिनकांची, शिवकांची और विष्णुकांचीका उल्लेख है जिनमेंसे जिनकांचीके

---

गोल्कुंडेकी गद्दीपर बैठा। सितम्बर १६८७ में औरंगजेबने गोलकुंडा फतह किया और अबूहसनको गिरिफ्तार किया।

९-इन संख्याओंमें कुछ अतिशयोक्ति हो सकती है। प्रो० इन्द्र विद्यावाचस्पति-लिखित 'मुगल-साम्राज्यका क्षय और उसके कारण' नामक ग्रन्थके अनुसार इस शहरमें बीस हजार वेश्यायें और अगणित शराबघर थे।

१-कुल्पाक या माणिकस्वामी तीर्थ निजाम स्टेटमें सिकन्दराबादके पास है। वहाँ बहुतसे शिलालेख मिले हैं। दिगम्बर जैन डिरैक्टरीके अनुसार गजपन्थमें संवत् १४४१ का एक शिलालेख था जिसमें 'हंसराजकी माता गोदूबाईने माणिकस्वामीका दर्शन करके अपना जन्म सफल किया' लिखा है। पर अब इस लेखका पता नहीं है।

२-गंजीकोटि शायद मद्रास इलाकेके कडाप्पा जिलेका गडिकोट है जिसे बोमनपल्लेके राजा कप्पने बसाया और एक किला बनवाया। फरिश्ताके अनुसार यह किला सन् १५८९ में बना। विजयनगरके राजा हरिहरने यहाँ एक मन्दिर बनवाया।

३-सिकाकोलि गंजाम जिलेकी चिकाकोल तहसील है। ४-चंजी कुछ समझमें नहीं आया। ५-चंजाउरि तंजौर है।

विषयमें बतलाया है कि वहाँ स्वर्गोपम जैनमन्दिर हैं और शिवकांचीमें बहुतसे शिवालय तथा विष्णुकांचीमें विष्णुमन्दिर हैं जहाँ पूजा, रथयात्रायें होती रहती हैं।

इसके बाद कर्नाटक देशका वर्णन है जहाँ चोरोंका संचरण नहीं है। कावेरी नदीके मध्य श्रीरंगपट्टण बसा हुआ है। वहाँ नाभिमल्हार ( ऋषभदेव ), चिन्तामणि ( पार्श्व ) और वीर भगवान्‌के विहारों ( मन्दिर ) की भेट की। वहाँ देवराय नामक राजा है जो मिथ्यामती होने पर भी शुभमति है। भोज सरीखा दानी है और मद्य-मांससे दूर रहनेवाला है। उसकी सेनामें पाँच लाख सिपाही हैं। वहाँ हाथी और चन्दन होते हैं। उसकी आमदनी ६५ लाखकी है जिसमेंसे १८ लाख धर्म-कार्यमें खर्च होता है। आठ लाख ठाकुर ( कृष्ण ) के लिए, चार लाख जिनदेवके लिए और छह लाख महादेवके लिए। रंगनाथकी मूर्ति सुवर्णकी है। हरि ( कृष्ण ) शयन मुद्रामें हैं और गंगाधर ( शिव ) वृषभारूढ हैं। इनकी पूजा बड़े ठाठसे होती है। इसी तरह सिद्धचक्र और ऋषभदेव-की भी राजाकी ओरसे अच्छी तरह सेवा होती है। देवको चार गाँव लगे हुए हैं, जिनसे अढलक ( अपरिमित ) धन आता है। यहाँके श्रावक बहुत धनी, दानी और दयापालक हैं। राजाके ब्राह्मण मन्त्री विशालाक्ष जिन्हें वेलॉन्दुर पण्डित भी कहते हैं विद्या, विनय और विवेकयुक्त हैं। जैनधर्मका उन्हें पूरा अभ्यास है। जिनागमोंकी तीन बार पूजा करते हैं, नित्य एकासन करते हैं

---

१–दोड्ड देवराजका समय ई० स० १६५९–७२ है और चिक्क देवराजका १६७२-१७०४ है। शीलविजयके समयमें अर्थात् १७८३ के लगभग चिक्क देवराज ही होना चाहिए। इसने लिंगायत शैवधर्म छोड़कर वैष्णवधर्म स्वीकार किया था। श्रीरंगनाथकी सुवर्ण मूर्ति शायद इसीकी बनवाई हुई है।

२–मैसूरसे दक्षिण-पूर्व ४२ मीलपर येलान्दुर नामका एक गाँव है। विशालाक्ष उसी गाँवके रहनेवाले थे, इसलिए उन्हें येलान्दुर पण्डित भी कहते थे। चिक्क देवराज जब नजरबन्द थे तब विशालाक्षने उनपर अत्यन्त प्रेम दिखलाया था। इस लिए जब सन् १६७२ में वे गद्दीपर बैठे तब उन्होंने इन्हें अपना प्रधान मन्त्री बनाया। सन् १६७७ में इन्होंने गोम्मटस्वामीका मस्तकाभिषेक कराया।—श्रीरंगपट्टनमहिमाभासं वर्धमान आदीश्वरकाशे। एलंद विप्रकृता शशिनाथं अर्हं प्रतिष्ठासुकृतसाथ॥

३–सम्भव है उस समय श्रीरंगपट्टणमें भी धवलादि आगम रहे हों और पीछे किसी समय वे मूडबिद्रीमें ले जाये गये हों। हाल ही मालूम हुआ है कि मूडबिद्रीमें उनकी एक नहीं, तीन ताड़पत्रीय प्रतियाँ हैं।

और भोजनमें केवल बारह वस्तुएँ लेते हैं। जैन शासनको दीप्त करते हैं। राज-धुरंधर हैं। उन्होंने 'वीर-प्रासाद' नामका विशाल मन्दिर बनवाया है, जिसमें पुरुषप्रमाण पीतलकी प्रतिमा है। सप्तधातु, चन्दन और रत्नोंकी भी प्रतिमायें हैं। इस कार्यमें उन्होंने बीस हजार द्रव्य उत्साहसे खर्च किया है। ये पुण्यवन्त सात क्षेत्रोंका पोषण करते हैं। पण्डितप्रिय, बहुमानी और सज्जन हैं। प्रति वर्ष माघकी पूनोंको गोम्मटस्वामीका एकसौ आठ कलशोंसे पंचामृत अभिषेक करते हैं। बड़ी भारी रथयात्रा होती है। गोम्मटस्वामी श्रीरंगपट्टणसे बारह कोसपर है, जो बाहुबलिका लोकप्रसिद्ध नाम है। जैनमतके अनुयायी चामुण्डरायने यह तीर्थ स्थापित किया। पर्वतके ऊपर अनुमान ६० हाथकी कायोत्सर्ग मुद्रावाली यह मूर्ति है। पास ही बिलगोल (श्रवणबेल्गोल) गाँव है। पर्वतपर दो और शेष ग्राममें इक्कीस मिलाकर सब २३ मन्दिर हैं। चन्द्रगुप्तराय (चन्द्रगुप्त बस्ति) नामक मन्दिर भद्रबाहु गुरुके अनसन (समाधिमरण) का स्थान है। गच्छके स्वामीका नाम चारुकीर्ति (भट्टारक पट्टाचार्य) है। उनके अनुयायी श्रावक बहुत धनी और गुणी हैं। देवको सात गाँव लगे हुए हैं, जिनसे सात हजारकी आमदनी है। दक्षिणका यह तीर्थराज कलियुगमें उत्पन्न हुआ है।

इसके आगे कनकगिरि है जिसका विस्तार पाव कोस है और जिसमें चन्द्रप्रभ-स्वामीकी देवी ज्वालामालिनी है।

---

१–कनकगिरि मलेयूरका प्राचीन नाम है। यह ग्राम मैसूर राज्यके चामराजनगर तालुकेमें है। हेमग्राम भी इसीका नाम है, जहाँ 'ज्वालामालिनीकल्प'की रचना हुई है और जिसके पासके नीलगिरि शिखरपर हेलाचार्यने उक्त देवीको प्रत्यक्ष किया था। प्राचीन कालमें यह जैन-तीर्थके रूपमें प्रसिद्ध था और एक महत्त्वपूर्ण स्थान गिना जाता था। कलगिरि ग्राममें सरोवरके तटपर शक संवत् ८३१ का एक शिलालेख मिला है जिसमें लिखा है कि परमानदी कोंगुणी वर्माके राज्यमें कनकगिरि तीर्थपर जैन-मन्दिरके लिए कनकसेन भट्टारककी सेवामें दान दिया गया। (देखो, मद्रास और मैसूरके प्राचीन जैन-स्मारक) यहाँ पहले एक जैन मठ भी था, जो अब श्रवणबेल्गोलके अन्तर्गत है। कनकगिरिपर बीसों शिलालेख मिले हैं। सन् १५९६ के एक लेखमें इसे 'हेमाद्रि' लिखा है जो कनकगिरिका ही पर्यायवाची है। शक सं० १७३५ में यहाँ देशीय गणके अग्रणी और सिद्धसिंहासनेश भट्टाकलंकने समाधिपूर्वक स्वर्ग लाभ किया।

२–सन् १४०० (वि० सं० १४५७) के एक शिलालेखसे मालूम होता है कि शुभचन्द्र-

कनकगिरी ज्वालामालिनी, देवी चन्द्रप्रभस्वामिनी।

आगे शीलविजय कावेरी नदीको पार करके मलयाचलमें संचार करते हैं और अंजनगिरि[1] स्थानमें विश्राम लेकर शान्तिनाथको प्रणाम करते हैं। वहाँ चन्दनके वन हैं, हाथी बहुत होते हैं और भारी-भारी सुन्दर वृक्ष हैं। फिर घाट उतरकर कालिकट बन्दर पहुँचते हैं जहाँ श्वेताम्बर मन्दिर हैं और गुज्जर (गुजराती) व्यापारी रहते हैं।

वहाँसे सौ कोसपर सुभरमणी[2] नामका ग्राम है। वहाँके संभवनाथको प्रणाम करता हूँ। फिर गोम्मटस्वामीपुर[3] है, जहाँ सात धनुषकी प्रतिमा है। यहाँसे आगे जैनोंका राज्य है। पाँच[4] स्थानोंमें अब भी है। तुलु[5] (तुलव) देशका बड़ा विस्तार है, लोग जिनाज्ञाके अनुसार आचार पालते हैं।

आगे बदरी नगरी या मूडबिद्रीका वर्णन है। यह नगरी अनुपम है, इसमें उन्नीस

---

देवने इस पर्वतपर चन्द्रप्रभस्वामीकी प्रतिमा स्थापित की थी। शीलविजयने शायद इन्हीं चन्द्रप्रभस्वामीका उल्लेख किया है। दशभक्त्यादि महाशास्त्रके कर्त्ता मुनि वर्द्धमानने कनकाचल या कनकगिरिके श्रीपार्श्वनाथ देवकी स्तुति की है। इससे शायद वहाँके मूल नायक पार्श्वनाथ रहे हों।

१–यह अजनगिरि कुर्ग (कोडगु) राज्यमें है। वहाँ शान्तिनाथका एक कनडीमिश्रित संस्कृत शिलालेख मिला है, जिसमें लिखा है कि अभिनव चारुकीर्ति पण्डितने अंजनगिरिकी शान्तिनाथवसतिके दर्शन किये और सुवर्णनदीमें पाई हुई शान्तिनाथ और अनन्तनाथकी मूर्तियोंको विराजमान किया।

२–सुभरमणी शायद 'सुब्रह्मण्य' का अपभ्रंश है। यह हिन्दुओंका तीर्थ है। यह तुलुदेशके किनारे पश्चिम घाटके नीचे विद्यमान है।

३–गोम्मटस्वामीपुर शायद वही है जो मैसूरसे पश्चिमकी ओर १६ मीलकी दूरीपर जंगलमें है और वहाँ गोम्मटस्वामीकी १५ हाथ ऊँची प्रतिमा है।

४–जैसा कि यात्रीने कहा है, उस समय कई छोटे छोटे राज्य थे। जैसे अजिल, चोटबंग, मुल आदि।

५–दक्षिण कनाड़ा जिला तुलुदेश कहलाता है। अब सिर्फ वहींपर तुलु भाषा बोली जाती है। पहले उत्तर कनाड़ाका भी कुछ हिस्सा तुलु देशमें गर्भित था। शीलविजयजीके समय तक भी तुलु देशमें कई जैन राजा थे। कारकलके राजा भैररस ओडियरने जो गोम्मटदेवीके पुत्र थे ई० स० १५८८ से १५९८ तक राज्य किया है। ये जैन थे।

मन्दिर हैं। उनमें बड़े-बड़े मंडप हैं, पुरुष-प्रमाण प्रतिमायें हैं। वे सोनेके हैं और बहुत सुन्दर हैं। चन्द्रप्रभ, आदीश्वर, शान्तीश्वर, पार्श्वके मन्दिर हैं जिनकी श्रावकजन सेवा करते हैं। जिनमती स्त्री राज्य करती है। दिगम्बर साधु हैं। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र चारों वर्णके श्रावक हैं। जातियोंका एक ही व्यवहार है। मिथ्यादेवोंको कोई नहीं मानता। ताड़पत्रोंकी पुस्तकोंका भण्डार है, जो ताँबेकी पेटियोंमें रहती हैं। सात धातुकी, चन्दनकी, माणिक, नीलम, वैडूर्य, हीरा और विद्रुम (मूँगा) रत्नोंकी प्रतिमायें हैं। बड़े पुण्यसे इनके दर्शन किये।

आगे कारकल ग्राममें नौपुरुष ऊँची गोम्मटस्वामीकी प्रतिमा है। नेमिनाथके चैत्यमें बहुत-सी रत्न-प्रतिमायें हैं। नाभिमल्हार (ऋषभदेव) की चौमुखी मूर्ति है[२]।

आगे वरांग ग्राममें नेमिकुमारका मन्दिर है और पर्वतपर साठ मन्दिर हैं[३]। इस तरह तुलुव देशका वर्णन आह्लादपूर्वक किया।

आगे लिखा है सागर और मलयाचलके बीचमें जैन-राज्य है। वहाँ जिनवरकी झाँकीका प्रसार है। और कितना वर्णन करूँ ! वहाँसे पीछे लौटकर फिर कर्नाटकमें[४] आया, घाट चढ़कर विनुरि[५] आया, जहाँ रानी राज्य[६] करती है जिसके नौ लाख सिपाही हैं। विनुरिमें दो सुन्दर मन्दिरोंकी वन्दना की।

---

१—जातितणो एहज विवहार, मिथ्यादेवतणो परिहार। ८३। 'एहज' की जगह 'एकज' होना चाहिए। 'एकज' अर्थात् एक ही तरहका।

२—मद्रास मैसूरके जैन स्मारकके अनुसार कारकलमें चौमुखा मन्दिर छोटी पहाड़ीपर है जिसे शक संवत् १५०८ मे वेंगीनगरके राजा इम्मदि भैरवने बनवाया था।

३-कारकलसे तीर्थली जाते हुए वरांग ग्राम पडता है। वहाँ विशाल मन्दिर है। इसके पास जगल और बड़े बडे पहाड है। इन पहाड़ोंमेंसे ही किसीपर उस समय साठ मन्दिर रहें होंगे। दशभक्त्यादि महाशास्त्रके कर्ता वर्द्धमान मुनिने भी यहाँके नेमिनाथ जिनका उल्लेख किया है।

४—वेणूरके पास कोई घाट नहीं है। संभव है, गगवाडीके पास यात्रीने घाट चढा हो।

५-विनुरि अर्थात् वेणूर। यह मूड़बिद्रीसे १२ और कारकलसे २४ मील दूर है। यहाँ गोमटस्वामीकी ३५ हाथ ऊँची मूर्ति है जिसका निर्माण वि० स० १६६० में हुआ था। यह स्थान गुरुपुर नदीके किनारेपर है।

६—वेणूरमें सन् १६८३ से १७२१ तक अजिलवशकी रानी पदुमला देवीका राज्य था, जो जैन थी। नौ लाख सेना अतिशयोक्ति जान पड़ती है।

विनुरिसे फिर हुंबेसि आये, जहाँ पार्श्वनाथ और पद्मावती देवी है। वहाँ आसपास अनेक सर्प फिरते रहते हैं पर किसीका पराभव नहीं करते। ऐसे महिमाधाम और वांछित-काम स्थानकी पूजा की।

फिर लिखा है कि चित्रगढ़, बनोसीगाँव और पवित्र स्थान बंकापुर देखा, जो मनोहर और विस्मयवन्त तीर्थ है—

चित्रगढ़ बनोसी गाम, बंकापुर दीठुं सुभधाम।
तीरथ मनोहर विस्मयवन्त......

आगे यात्रीने लक्ष्मेश्वरपुर तीर्थकी एक अपूर्व बात इस तरह लिखी है—

स्वामीके सेवकने अर्थात् किसी यक्षने श्रावकोंसे कहा कि नौ दिन तक एक शङ्खको फूलोंमें रक्खो और फिर दसवें दिन दर्शन करो। इसपर श्रावकोंने नौ

---

१–हूमच पद्मावती तीर्थ शिमोगा जिलेमें है और तीर्थलीसे १८ मील दूर है। यहाँ भट्टारककी गद्दी है। यह जैनमठ आठवी शताब्दीके लगभग स्थापित हुआ बताया जाता है। इस मठके अधिकारी बड़े बड़े विद्वान् हो गये हैं। यहाँ पद्मावतीदेवीकी बहुत महिमा है।

२–मैसूर राज्यके उत्तरमें चित्तल्दुर्ग नामका एक जिला है। चित्रगढ शायद यही होगा। यहाँ होयसल राजवंशकी राजधानी रही है।

३–बनौसी वनवासीका अपभ्रंश है। उत्तर कनाडा जिलेकी पूर्व सीमापर वनवासी नामका एक गाँव है। इस समय इसकी जनसंख्या दो हजारके लगभग है परन्तु पूर्वकालमें बहुत बड़ा नगर था और वनवास देशकी राजधानी था। १३ वी शताब्दी तक यहाँ कदम्ब-वंशकी राजधानी रही है। यहाँके एक जैनमन्दिरमे दूसरीसे बारहवी शताब्दी तकके शिलालेख है।

४–धारवाड़ जिलेका एक कस्बा है। गुणभद्रके उत्तरपुराणकी पूजा उनके शिष्य लोकसेनने इसी बंकापुरमें की थी। उस समय यह बनवास देशकी राजधानी था और राष्ट्रकूट नरेश अकालवर्षका सामन्त लोकादित्य यहाँ राज्य करता था। राष्ट्रकूट महाराज अमोघवर्ष ( ८५१–६९ ) के सामन्त 'बंकेयेरस' ने इसे अपने नामसे बसाया था।

५–लक्ष्मेश्वर धारवाड़ जिलेमें मिरजके पटवर्धनकी जागीरका एक गाँव है। इसका प्राचीन नाम 'पुलिगेरे' है। यहाँ 'शङ्ख-वस्ति' नामका एक विशाल जैनमन्दिर है जिसकी छत ३६ खम्भोंपर थमी हुई है। यात्रीने इसीको 'शङ्ख परमेश्वर' कहा है। इस शङ्खवस्तिमें छह शिलालेख प्राप्त हुए हैं। शक संवत् ६५६ के लेखके अनुसार चालुक्य-नरेश विक्रमादित्य (द्वितीय) ने पुलिगेरेकी शङ्खतीर्थ वस्तीका जीर्णोद्धार कराया

दिन ऐसा ही किया और नवें दिन ही उसे देख लिया और तब उन्होंने शंखको प्रतिमारूपमें परिवर्तित पाया परन्तु प्रतिमाके पैर शंखरूप ही रह गये, अर्थात् यह दशवें दिनकी निशानी रह गई। शंखमेंसे नेमिनाथ प्रभु प्रकट हुए और इस प्रकार वे ' शंख परमेश्वर ' कहलाये।

इसके बाद शीलविजय गदकि[1], रायहुबेली[2], और रामरायके[3] लोकप्रसिद्ध बीजानगरमें[4] होते हुए बीजापुर आते हैं। बीजापुरमें शान्ति जिनेन्द्र और पद्मावतीके दर्शन किये। यहाँके श्रावक बहुत धनी, गुणी और मणियोंके व्यापारी हैं। ईदलशाहका बलवान् राज्य है, जो बड़ा प्रजा पालक है और जिसकी सेनामें दो लाख सिपाही हैं।

---

और जिनपूजाके लिए भूमि दान की। इससे मालूम होता है कि उक्त वसति इससे भी प्राचीन है। हमारा अनुमान है कि अतिशयक्षेत्र-काण्डमें कहे हुए शखदेवका स्थान यहीं है—

पासं सिरपुरि वदामि होलागिरि सखदेवम्मि।

जान पड़ता है ' पुलिगेरि ' ही ' होलगिरि ' है। मदनकीर्तिकी शासनचतुस्त्रिंशिकामे हुलगिरि और उदयकीर्तिकी अपभ्रंश निर्वाणभक्तिमें होलागिरि पाठ है। उक्त पक्तिके पूर्वार्धका सिरपुर (श्रीपुर) भी इसी धारवाड जिलेका शिरूर गॉव है जहॉका शक सवत् ७८७ का एक शिलालेख ( इण्डिवेन ए० भाग १२, पृ० २१६ ) प्रकाशित हुआ है। अमरकीर्तिशिष्य विद्यानन्दका श्रीपुरपार्श्वनाथ-स्तोत्र सम्भवत. इसी श्रीपुरके पार्श्वनाथको लक्ष्य करके रचा गया है। वह श्लोकवार्तिकके कर्ता विद्यानन्दका नहीं जान पड़ता।

१–धारवाड जिलेकी गदग तहसील। २ हुबली, जिला बेलगाँव।

३–४ विजयनगरका साम्राज्य तालिकोटकी लड़ाईमें सन् १५६५ में मुसलमानों द्वारा नष्ट हो गया और रामरायका वध किया गया। यह वहाँका अन्तिम हिन्दू राजा था। इसके समयमें यह साम्राज्य उन्नतिके शिखरपर था। यात्रीके समयके कुछ बरसों बाद विजय रामरायने पोतनूरसे राजधानी हटाकर विजयनगरमें स्थापित की।

५ सन् १६८२ के लगभग जब शीलविजयने यह यात्रा की थी, बीजापुरकी आदिलशाही दुर्दशाग्रस्त थी। उस समय अली आदिलशाह ( द्वि० ) का बेटा सिकन्दर आदिलशाह बादशाह था। औरङ्गजेबकी चढाईयॉ हो रही थी। १६८४ में शाहजादा आजमशाहको उसने बीजापुरकी चढ़ाईपर भेजा। १६८६ में सिकन्दर कैद हो गया और १६८९ में उसकी मृत्यु हो गई।

आगे करहिडा और कलिकुंड पार्श्वनाथके विषयमें लिखा है कि उनकी महिमा आज भी अखंड है। दिवालीके दिन ब्रह्मादिक सारे देव आकर प्रणाम करते हैं।'

इसके बाद कुछ स्थानोंके नाम-मात्र दिये हैं—चरणगिरि, नवनिधि[1], रायबागे[2], हुकेरी[3]। इस तरफ पंचम, वणिक, छीपी[4], कंसार, वणकर[5] और चतुर्थ जातिके श्रावक हैं। ये सभी दिगम्बरी हैं, पर एक साथ भोजन नहीं करते। शिवाजीके मराठा राज्यके अधीन हैं। तुलजा देवीकी[6] सेवा करनेवाले लोग बहुत हैं।

फिर स्याहगढ़, मूगी पईठाणके[7] नाम-मात्र हैं। पईठाणमें वाण गंगाके किनारे जीवित स्वामी मुनिसुव्रतकी प्रतिमा प्रकट हुई। यहाँ सिद्धसेन दिवाकर और हरिभद्रसूरि हुए। कविजनोंकी माता भारती भद्रकाली देवी दीपती हैं।

आगे किसनेर,[8] दौलताबाद, देवगिरि, औरंगाबादके नाम-मात्र देकर इलोरिके[9] विषयमें लिखा है कि देखकर हृदय उल्लसित हो गया। इसे विश्वकर्माने बनाया है। फिर इमदानगरि,[10] नासिक, त्र्यंबक, और तुंगगिरिका उल्लेखमात्र करके दक्षिण यात्रा समाप्त कर दी है[11]—

'दक्षिण दिसिनो बोली कथा, निपुणी दीठी जे मि यथा।'

---

१—जान पड़ता है 'नवनिधि' पाठ भूलसे छप गया है। 'तवनिधि' होगा। यह स्तवनिधि तीर्थ है जो बेल्गाँवसे ३८ और निपाणीसे ३ मील है। द० म० जैनसभाके जल्से अक्सर यहीं होते हैं। 'स्तवनिधि' के विषयमें डा० ए० एन० उपाध्येका लेख जै० सि० भा० वर्ष ११ किरण २ में दृष्टव्य है। उसमें मूलसंघ देशीयगण पुस्तकगच्छके वीरनदि सिद्धान्त चक्रवर्तिदेवका लेख उद्धृत है, जो उनके अनुमानके अनुसार आचारसारके कर्ता जान पड़ते हैं जिनका समय श० १०७६ है। और भी महत्त्वकी बातें हैं। २-कोल्हापुर राज्यके एक जिलेका सदर मुकाम। ३-बेलगाँव जिलेकी चिकोड़ी तहसीलका एक कस्बा। ४-शिपी या दर्जी। ५—बुननेवाले।

६-शोलापुरसे २८ मीलकी दूरीपर तुलजापुर नामका कस्बा है, उसके पास पहाड़की तलैटीमें तुलजादेवीका मन्दिर है। वहाँ हर साल बड़ा भारी मेला लगता है।

७-प्राचीन प्रतिष्ठानपुर और वर्तमान पैठण निजाम राज्यके औरंगाबाद जिलेकी एक तहसील है। विविध तीर्थकल्पके अनुसार यहाँ 'जीवंतसामि मुणिसुव्वय' की प्रतिमा थी।

८-औरङ्गाबादके पासका 'कचनेर' नामका अतिशय क्षेत्र। ९—एलोर या एलोराके गुफा-मन्दिर। १०—अहमदनगर।

११-पं० के० भुजबलि शास्त्रीने लेखके कई स्थानोंका पता लगानेमें सहायता देनेकी कृपा की है।

# परिशिष्ट

देवलगाँव राजाके श्री शान्तिकुमार ठवलीकी कृपासे ' सर्व त्रैलोक्य जिनालय जयमाला ' नामकी एक पोथी मिली है, जिसमें संस्कृत जैसे दिखनेवाले परन्तु संस्कृत नहीं, ऐसे १०० पद्य हैं। इसके कर्ता जगद्भूषणके शिष्य विश्वभूषण हैं, जो सोनगिरके भट्टारक थे। इनका समय वि० सं० १७२२ के लगभग है। भक्तामरचरित आदि कई ग्रन्थ भी शायद इनके लिखे हुए उपलब्ध हैं। इस जयमालामें निर्वाणकाण्ड और अतिशयक्षेत्रकाण्डके तीर्थोंके अतिरिक्त और भी अनेक अतिशयक्षेत्रों और जैनमन्दिरोंके नाम दिये हैं। यद्यपि उनमें उत्तर-दक्षिण पूर्व-पश्चिमका कोई क्रम नहीं है और न यही निर्देश है कि कौन किस तरफ है, या किस प्रान्तमें है, फिर भी एक दृष्टिसे इनका ऐतिहासिक महत्त्व है कि भट्टारक विश्वभूषणके समयमें वि० स० १७०० के लगभग उक्त मन्दिरों और क्षेत्रोंकी प्रसिद्धि थी। यह भी सम्भव है कि भट्टारकजीने स्वयं या उनके परिचितोंने उक्त मन्दिरों और मूर्तियोंकी बन्दना की हो। नीचे हम जयमालाके कुछ प्रयोजनीय पद्य उद्धृत करते हैं। लगभग विश्वभूषणजीके समयमे ही शीलविजयजी हुए हैं जिन्होंने दक्षिणके दिगम्बर तीर्थोंकी बन्दना की थी।

**सोनागिरि** बुंदेलाखंडे, आयातो चन्द्रप्रभचंडे।<br>
पंचकोडि **रेवा** बहमानं, रावनसूनु मोक्ष शिवजाणं ॥ ३२ ॥<br>
**सिद्धकूट** आहूट सुकोटी, पश्चिम रेवागत शिवजोटी।<br>
**बडनगरे** वडवाण मुनिंदा, **बावनगज** सेवित मुनिचदा ॥ ३९ ॥<br>
**अर्गलदेवं** वंदे नित्यं, बडनगरे पासाचसित्यं ( ! )।<br>
**ढोलगिरौ** संखेस्वर वंदे, तज्जात्रा दुखपापनिकंदे ॥ ४७ ॥<br>
कर्णाटे **गोमटप्रभु**सेव्यं, तज्जात्रा भवसंतति खेव्य ॥<br>
अष्टादश पुरुषैः प्रोतुंगं, ध्यानधनं निर्भित्सितसंग ॥ ४८ ॥<br>
**चिकबेटा** लघु पर्वत तुंगं, भद्रबाहु षष्टम मत पुंगं ॥<br>
नेमिनाथ चैत्यालय सुच्छं, नेमिचन्द्र सिद्धान्ती प्रच्छं ॥ ४९ ॥<br>
**व्यंलगुलपुर** भंडार सुवस्ती, यस्तुति वंदित अघचय नस्ती<br>
अद्भुतमहिमा कुसुमजवृष्टि, संप्रापित भूपाल सुदृष्टि ॥ ५० ॥

१ श्रवणबेल्गोल।

**श्रीरंगपट्टन** महिमाभासं, वर्द्धमान आदीश्वरकासं ।
एलंद् विप्रकता शशिनाथं, अर्हप्रतिष्ठा सुकृत साथं ॥ ५१ ॥
**जैनबेदरी** जैन निवासं, चन्द्रप्रभ जिनधर्म प्रकाशं ।
**गेरसुपा** वामासुत भ्राजं, तं दर्शन संप्रापित राजं ॥ ५२ ॥
**कारकला** शिवदेवीतनुजं, नवधनुषैर्गोमटप्रभु मनुजं ॥
नगर **बेनूरे** गोमटलघुकं, सप्तचाप रचिता नृपमधुकं ॥ ५३ ॥
ग्राम **वरांग** समीप तडागे, सूर्यमुखा जिनधामाभागे ।
तन्मध्ये श्रीनेमिनिवासं, सौधर्मे समधामा भासं ॥ ५४ ॥
**हाडोली** हरिपीठ चौवीस, **चन्द्रगिरी** चन्द्रप्रभमीशं ।
**बटकाले** शांतेश्वर पूजा, बडवाले शांतेश्वर पूजा ॥ ५५ ॥
**हलेबिडु** चैत्यालिय तुंगं, पार्श्वनाथ शांतेश्वर पुंगं ॥
पार्श्वनाथ सक्री पुरपट्टन, **हासन** पार्श्वाग्रे सुरनट्टन ॥ ५६ ॥
**हुब्बलीय** आदीश्वर पूत, वासुपूज्य **चन्नापुर** नूतं ।
**ऊखलद्** नगरे नेमिकुमारं, बहु प्रतिमा **अलूर** सुचारं ॥ ५७ ॥
हूँबचनगरे पद्मादेवी, निर्गुडीवृक्षामधसेवी ।
पार्श्वनाथ चैत्यालय राजति, रथशोभा रविसम विभ्राजते ॥ ५८ ॥
**अकलंकेश्वर** पार्श्वप्रधारं, चिंतामणि चिंता चितहारं ।
चंद्रनाथ निर्गुंडी ध्यात्वा, **मलयखेड** सिंहासन ज्ञात्वा ॥ ५९ ॥
नेमिनाथ सिद्धांत सुध्यात्वा, जतिसिंहासन स्थापितमित्वा ।
**शीशाल** नगरे शशिजिन वद्यं, **ब्यलतंगड़ी** शांतेश मणिंद्यं ॥ ६० ॥
मूलसंघ शारदवरगच्छे, बलात्कार कुन्दान्वय हंसे ॥ ९६ ॥
जगताभूषणपट्टदिनेशं, विश्वभूषण महिमा जु गणेशं ।
लाडभव्य उपदेश सुरचिता, सद्वचने जयमाल सचीता ॥ ९७ ॥

---

१ वेलान्दुर पंडित । २ गैरसप्पा ।

# तीर्थोंके विवाद

१—पूर्व कालके तीर्थक्षेत्रो और वर्तमानके तीर्थोंमें जमीन आसमानका अन्तर है। शत्रुंजय, कुण्डलपुर और सोनागिरि आदि पर्वत इस समय जिस तरह नीचेसे ऊपर तक मन्दिरोंसे ढँक गये हैं, पहले इनकी यह दशा नहीं थी। ये सब मन्दिर बहुत ही अर्वाचीन हैं। जिस तरह अनेक तीर्थोंपर इस समय भी एक एक दो दो मन्दिर ही देखे जाते हैं, उसी तरह पहले सभी तीर्थोंपर थे। पहले इन पर्वतोंपर बहुत करके चरण-चिह्न ही थे। उन्हींकी सब लोग भक्तिभावसे पूजा वन्दना करते थे; और इस कारण जुदा जुदा सम्प्रदायोंके बीच बहुत कम विवाद उपस्थित होते थे। दिगम्बर-श्वेताम्बर ही क्यों, दूसरे भावुक अजैनोंको भी अपनी श्रद्धा भक्ति चरितार्थ करनेके लिए वहाँ कोई रुकावट नहीं थी।

२—प्राय: जितने जैन तीर्थ हैं, वे सब विपुलजनाकीर्ण नगरों और सब प्रकारके कोलाहलोंसे दूर, ऊँचे पर्वतों और वनोंके बीच स्थापित हैं। मुनि और साधुजन ऐसे ही स्थानोंको पसन्द करते थे और उन्हींकी स्मृतिकी रक्षाके लिए स्मारकस्वरूप ये सब तीर्थ स्थापित हुए थे।

३—इन स्मारकोंके दर्शनके लिए और अपने भक्तिभावोंको चरितार्थ करनेके लिए बहुत दूर दूरके भक्तजन आया करते थे; परन्तु फिर भी किसीके द्वारा इन स्थानोंकी एकान्त शान्तता नष्ट करनेका प्रयत्न नहीं किया जाता था; क्योंकि इन एकान्त स्थानोंमें संसार-त्यागी और शान्ति-प्रयासी साधुजन ही रहते थे।

४—परन्तु आगे यह बात न रही। साधुजन स्वयं ही वनोंको छोड़कर नगरों और गाँवोंमें रहने लगे और गृहस्थोंके साथ उनका सम्पर्क बढ़ने लगा। धीरे धीरे चैत्यवासकी जड़ जमी और अन्तमें मुनिमार्ग शिथिल होकर चैत्यवासी या मठवासी यतियों और भट्टारकोंके रूपमें परिणत हो गया। प्रभावनाङ्गके इस श्रेष्ठ लक्षणको लोग एक तरहसे भूल ही गये कि "अज्ञानान्धकारको जैसे बने, वैसे

हटाकर जैनशासनके माहात्म्यको प्रकट करना ही सच्ची प्रभावना है[1]।" इसके बदले यह उपदेश दिया जाने लगा कि "बिम्बाफलके बराबर मन्दिर बनाकर उसमें जौके दानेके बराबर भी प्रतिमा स्थापन करनेवाले गृहस्थके पुण्यका वर्णन नहीं हो सकता[2]।" इसका फल यह हुआ कि मन्दिरों और प्रतिमाओंके बनवाने और स्थापन करानेका लोगोंपर एक प्रकारका खब्त सवार हो गया। इतिहास साक्षी है कि पिछले ५००-६०० वर्षोंमें जैनोंने अपने धर्मके नामसे यदि कुछ किया है तो वह मन्दिरों और प्रतिमाओंका निर्माण ही किया है।

५—ये चैत्यवासी और मठवासी साधु दोनों ही सम्प्रदायोंमें थे। इनके उपदेशसे नये नये सिद्धक्षेत्र अतिशयक्षेत्र आदि स्थापित होने लगे। इन मन्दिरों और तीर्थोंके व्ययनिर्वाहके लिए धन-संग्रह किया जाने लगा, धन-संग्रह करनेकी नई नई तरकीबें निकाली गई और प्रबन्धके लिए कोठियाँ खोल दी गई। बहुत-सी कोठियोंकी मालिकी भी धीरे धीरे भट्टारकों और महन्तोंके अधिकारमें आ गई और अन्तमें उसने एक प्रकारसे धार्मिक दूकानदारीका रूप धारण कर लिया।

६—एक तो पहले तीर्थोंपर तीर्थंकरों या सिद्धोंके चरणोंकी पूजा होती थी और वे चरण दोनोंको समान रूपसे पूज्य थे। दूसरे इस बातके भी प्रमाण हैं कि प्राचीन कालमें दिगम्बर और श्वेताम्बर प्रतिमाओंमें कोई भेद न था। प्रायः दोनों ही नग्न प्रतिमाओंको पूजते थे। मथुराके कंकाली टीलेमें जो लगभग दो हजार वर्षकी प्राचीन प्रतिमाएँ मिली हैं, वे नग्न हैं और उनपर जो लेख हैं, वे कल्पसूत्रकी स्थविरावलीके अनुसार हैं। इसके सिवा १७ वीं शताब्दीमें पं० धर्मसागर उपाध्यायने अपने 'प्रवचन-परीक्षा' नामक ग्रन्थमें लिखा है कि "गिरनार और शत्रुंजयपर एक समय दोनों सम्प्रदायोंमें झगड़ा हुआ, और उसमें शासनदेवताकी कृपासे दिगम्बरोंका पराजय हुआ। जब इन दोनों तीर्थोंपर श्वेताम्बर सम्प्रदायका अधिकार सिद्ध हो गया, तब आगे किसी प्रकारका झगड़ा न हो, इसके लिए श्वेताम्बर संघने यह निश्चय किया कि अबसे जो नई प्रतिमाएँ बनवाई जायें, उनके पाद-मूलमें वस्त्रका चिह्न बना दिया जाय। यह सुनकर

---

१— अज्ञानतिमिरव्याप्तिमपाकृत्य यथायथम्।
जिनशासनमाहात्म्यप्रकाशः स्यात्प्रभावना ॥ —रत्नकरण्ड

२—बिम्बादलोन्नतियवोन्नतिमेव भक्त्या ये कारयन्ति जिनसद्म जिनाकृतिं वा।
पुण्यं तदीयमिह वागपि नैव शक्ता स्तोतुं परस्य किमु कारयितुर्द्वयस्य ॥—प० पं०

दिगम्बरोंको क्रोध आ गया और उन्होंने अपनी प्रतिमाओंको स्पष्ट नग्न बनाना शुरू कर दिया ! यही कारण है कि संप्रति राजा ( अशोकके पौत्र ) आदिकी बनवाई हुई प्रतिमाओंपर वस्त्र-लांछन नहीं है और आधुनिक प्रतिमाओंपर है। इससे पूर्वकी प्रतिमाओंपर वस्त्र-लांछन भी नहीं है और स्पष्ट नग्नत्व भी नहीं है।" इस कथनसे यह बात अच्छी तरह सिद्ध होती है कि पूर्वोक्त विवादके पहले दोनोंकी प्रतिमाओंमें भेद न था और दोनों एकत्र होकर उपासना करते थे। उस समय तक लड़ने-झगड़नेका कोई कारण न था। परन्तु अब तो दोनोंकी प्रतिमाओं और उपासना-विधिमें भी बहुत अन्तर पड़ गया है।

७— रत्नमण्डनगणिकृत सुकृतसागर नामके ग्रन्थके—'पेथडतीर्थयात्राद्वय-प्रबन्ध' में एक कथा है कि प्रसिद्ध दानी पेथड़शाह शत्रुंजयकी यात्रा करके संघसहित गिरिनारमें पहुँचे। उनके पहले वहाँ दिगम्बर संघ आया हुआ था। उस संघका स्वामी पूर्ण ( चन्द्र ) नामका अग्रवालवंशी धनिक था। वह देहलीका रहनेवाला था। उसे 'अलाउद्दीनशाखीनमान्य' विशेषण दिया है अर्थात् वह कोई राजमान्य पुरुष था। उसने कहा कि पर्वतपर पहले हमारा संघ चढ़ेगा; क्योंकि एक तो हम लोग पहले आये हैं और दूसरे यह तीर्थ भी हमारा है। यदि यह तीर्थ तुम्हारा है, तो इसका प्रमाण दो। यदि भगवान नेमिनाथकी प्रतिमापर अंचलिका और कटि-सूत्र प्रकट हो जाय, तो हम इसे तुम्हारा तीर्थ मान लेंगे। भगवान् भव्य जनोंके दिये हुए आभरण सहन नहीं कर सकते, इसलिए इसमें कोई सन्देह नहीं कि यह तीर्थ हमारा है। इसपर पेथड़शाह बोले कि भगवान् आभरणादि सहन नहीं कर सकते, इसका कारण यह है कि उनकी कीर्ति बारह योजन तक फैली हुई है। आमके वृक्षपर तोरणकी और लंकामें लहरोंकी चाह नहीं होती। जिस तरह फलोधी ( मारवाड़ ) में प्रतिमाधिष्ठित देव आभूषणा-पहारक हैं, उसी तरह यहाँ भी हैं। यदि यह तीर्थ तुम्हारा है, तो शैवोंका भी हो सकता है, क्योंकि यह पर्वत लिंगाकार है और गिरि-वारि-धारक है। इस तरह वादविवाद हो रहा था कि कुछ वृद्धजनोंने आकर कहा, अभी तो इस झगड़ेको छोड़ दो और यात्राको चलो। वहाँ इन्द्रमाला ( फूलमाल ) लेते समय इसका निर्णय हो जायगा। उस मालाको जो सबसे ज्यादा धन देकर लेगा, यह तीर्थ उसीका सिद्ध हो जायगा। निदान दोनों संघ पर्वतपर गये और दोनोंने अभिषेक, पूजन, ध्वजारोपण, नृत्य, स्तुत्यादि कृत्य किये। इसके बाद जब इन्द्र-

मालाका समय आया तब श्वेताम्बर भगवानके दाहिने ओर और दिगम्बर बाईं ओर बैठ गये। इसीसे निश्चय हो गया कि कौन हारेगा और कौन जीतेगा। इन्द्रमालाकी बोली बोली जाने लगी। एक दूसरेसे अधिक बढ़ते बढ़ते अन्तमें श्वेताम्बरोंने ५६ धड़ी (पंसेरी) सोना देकर माला लेनेका प्रस्ताव किया। दिगम्बर अभीतक तो बराबर बढ़े जाते थे; परन्तु अब वे घबराये और सलाह करने लगे। उन्होंने अपने संघपतिसे कहा—

लुण्ठितैरिव भूत्वा च फलं किं तीर्थवालने।
इमं न हि समादाय शैलेशं यास्यते गृहे॥

अर्थात् इस तरह लुटकर तीर्थ लेनेसे क्या लाभ? क्या इस पर्वतराजको उठाकर घर ले चलना है! अन्तमें पूर्णचन्द्रने कह दिया कि आप ही माला पहन लीजिए। इससे दिगम्बर मुरझा गये और अपना-सा मुँह लिये यात्रा करके नीचे उतर आये।"

यह कथा यद्यपि श्वेताम्बरोंकी धनाढ्यता, उदारता और गिरिनारपर श्वेताम्बराधिकार सिद्ध करनेके मुख्य अभिप्रायसे लिखी गई है, तो भी इसमें बहुत कुछ ऐतिहासिक सत्य है; और यह सिद्ध होता है कि उस समय दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनों एक ही मन्दिरमें उपासना करते थे और इन्द्रमालाकी बोली दोनोंके समूहके बीच बोली जाती थी। इसके सिवा यह भी मालूम होता है कि उस समय गिरिनारके मूलनायक नेमिनाथकी प्रतिमा आभूषणोंसे सुसज्जित और कटि-सूत्र तथा अचलिकासे भी लांछित नहीं थी। इसी तरह उदाहरणके तौर पर जो फलोधी तीर्थकी प्रतिमाओंके विषयमें कहा है कि वहाँका प्रतिमाधिष्ठित देव भूषणापहारक है, सो जान पड़ता है कि वहाँ भी उस समय (कमसे कम रत्नमंडन गणिके समयमें) प्रतिमाओंको भूषणादि नहीं पहनाये जाते थे।

८—श्रीरत्नमन्दिरगणिकृत उपदेश-तरंगिणी (पृ० १४८) में लिखा है—

"सौराष्ट्र देशके गोमण्डल (गोंडल) निवासी धाराक नामके संघपति थे। उनके ७ पुत्र, ७०० योद्धा, १३०० गाड़ियाँ और १३ करोड़ अशर्फियाँ थीं। वे शत्रुंजयकी यात्रा करके जब गिरनारकी यात्राको गये जो कि ५० वर्षसे दिगम्बरोंके अधिकारमें था, तब वहाँ उन्हें खंगार नामक किलेदारसे लड़ना पड़ा और उसमें उनके सातों पुत्र और सारे योद्धा मारे गये। उसी समय जब उन्होंने सुना कि गोपगिरि (ग्वालियर) के राजा आम हैं और उन्हें वप्पभट्टिने प्रति-

बोधित कर रक्खा है, तब वे ग्वालियर आये। उस समय वप्पभट्टिका व्याख्यान हो रहा था। स्वयं राजा और आठ श्रावक बैठे सुन रहे थे। धाराकने दिगम्बराधिकृत गिरनार तीर्थकी हालत सुनाई। गुरुने भी तीर्थकी महिमाका वर्णन किया। इसपर आम राजा प्रतिज्ञा कर बैठे कि गिरिनारके नेमिनाथकी वन्दना किये बिना मैं भोजन ग्रहण नहीं करूँगा। एक हजार श्रावकोंने भी यही प्रतिज्ञा की। तब राजा एक बड़े भारी संघके साथ चल पड़े। बत्तीस उपवास करके स्तंभ-तीर्थ अर्थात् खम्भात पहुँचे। राजाका शरीर बहुत खिन्न हो गया था। यह देखकर गुरुने अम्बिकाको बुलाया और उसके द्वारा अपापमठ (?) से एक प्रतिमा मँगवा ली और उसका दर्शन करके राजा प्रतिज्ञामुक्त हो गये। इसके बाद एक महीने तक दिगम्बरोंसे विवाद हुआ और अन्तमें अम्बिकाने 'उज्जित-सेलसिहरे' आदि गाथा कहकर विवादकी समाप्ति कर दी। (गाथामें यह कहा गया है कि जो स्त्रियोंकी मुक्ति मानता है, वही सच्चा जैन मार्ग है और उसीका यह तीर्थ है।) इस तरह तीर्थ लेकर, दिगम्बर-श्वेताम्बरोंकी प्रतिमाओंमें नग्नावस्था और अञ्चलिकाका भेद कर दिया।"

उक्त अवतरणसे दो बातें मालूम होती हैं। एक तो यह कि पहले दोनोंकी प्रतिमाओंमें कोई भेद नहीं था; और दूसरी यह कि इस घटनाके पहले गिरिनारपर ५० वर्षसे दिगम्बरोंका अधिकार था।

९—इसी उपदेशतरङ्गिणी (पृष्ठ २४७) में वस्तुपाल मन्त्रीके संघका वर्णन

१—"सुराष्ट्राया गोमण्डलग्रामवास्तव्य सप्तपुत्र' सप्तशतसुभट- १२ शतशकटसंघ' १२ कोटि स्वर्णपति' स० धाराक श्रीशत्रुञ्जययात्रां कृत्वा ५० वर्षावधिदिगम्बराधिष्ठितैरवतयात्रावसरे खङ्गारदुर्गपसैन्यै' सह युद्धे ७ पुत्र ७ सुभटक्षये श्रीवप्पभट्टिप्रतिबोधित गोपगिरौ श्रीआमभूपालं ज्ञात्वा तस्यामनृपस्य सूरिपार्श्वे व्याख्यानोपविष्टाष्टश्राद्धै. सम स० धाराक. समागत। तेन दिगम्बरगृहीततीर्थस्वरूप कथितम्। गुरुभिस्तन्महिमोक्तौ आमनृपेण गिरिनारनेमिवन्दन विना भोजनाभिग्रहो गृहीतस्तत संघश्चचाल। १ लक्षं पोष्टिकानाम् लक्षं तुरगमाणाम्, ७ शतानि गजानाम्, विंशतिसहस्राणि श्रावककुलानाम्, ३२ उपवासैः स्तम्भतीर्थे प्राप्त'। राज' शरीर खिन्नम्। गुरुभिरम्बिका प्रत्यक्षीकृत्य अपापमठात् प्रतिमैका आनीता। नृपाभिग्रहो मुत्कलो-जातः। मासमेकं दिगम्बरै' सह वादः, पश्चादम्बिकया 'उज्जितसेलसिहरे' ति गाथया विवादो भग्नः। तीर्थं लात्वा दिगम्बरश्वेताम्बरजिनार्चानां नग्नावस्थाञ्चलिकाकरणेन विभेदः कृतः। इति यात्रोपदेशः।"

है जो उन्होंने सं० १२८५ में निकाला था। उसमें २४ दन्तमय देवालय, १२० काष्ठ देवालय, ४५०० गाड़ियाँ, १८०० डोलियाँ, ७०० सुखासन, ५०० पालकियाँ, ७०० आचार्य, २००० श्वेताम्बर साधु, ११०० दिगम्बर, १९०० श्रीकरी (?), ४००० घोड़े, २००० ऊँट और ७ लाख मनुष्य थे। यद्यपि यह वर्णन अतियोक्तिपूर्ण है, तो भी इससे यह मालूम होता है कि उस समय तीर्थ-यात्रा, पूजनार्चा आदि कार्योंमें दिगम्बरों और श्वेताम्बरोंमें इतनी विभिन्नता नहीं थी, जितनी कि अब है और इसी कारण इस संघमें श्वेताम्बरोंके साथ ११०० दिगम्बर भी गये थे। दोनोंमें आजकलके समान वैर-भाव न था और दिगम्बर-श्वेताम्बरोंकी मूर्तियोंमें भी कोई अन्तर नहीं था। यदि अन्तर होता तो वस्तुपालने दिगम्बरोंके लिए दिगम्बर देवालयोंकी भी व्यवस्था की होती और उनकी भी संख्या दी होती। जब कि दोनोंके तीर्थ एक थे, एक ही तरहकी मूर्तियोंको पूजते थे, तब यह स्वाभाविक है कि तीर्थ-यात्राके संघ निकालनेवाले दोनोंको साथ लेकर चलें।

१०—जान पड़ता है गिरिनार पर्वतपर दिगम्बरों और श्वेताम्बरोंके बीच वह विवाद कभी न कभी हुआ अवश्य है जिसका उल्लेख धर्मसागर उपाध्यायने किया है। क्योंकि इसका उल्लेख दिगम्बर साहित्यमें भी कुछ दूसरे रूपमें मिलता है। नन्दिसंघकी गुर्वावलीमें लिखा है—

पद्मनन्दी गुरुर्जातो बलात्कारगणाग्रणी।
पाषाणघटिता येन वादिता श्रीसरस्वती॥ ३६॥
उज्जयन्तगिरौ तेन गच्छः सारस्वतो भवेत्।
अतस्तस्मै मुनीन्द्राय नमः श्रीपद्मनन्दिने॥ ३७॥

और भी कई जगह इस घटनाका जिक्र है कि गिरनारपर दिगम्बरों और श्वेताम्बरोंका शास्त्रार्थ हुआ और उसमें सरस्वतीकी मूर्तिमेंसे ये शब्द निकलनेसे

१–कवि वृन्दावनने लिखा है—

संघसहित श्रीकुन्दकुन्द गुरु, बन्दन हेत गए गिरनार,
वाद परयौ तहँ संशयमतिसों, साखी वदी अंबिकाकार।
'सत्यपन्थ निर्ग्रंथ दिगम्बर,' कही सुरी तहँ प्रगट पुकार,
सो गुरुदेव बसौ उर मेरे, विघन-हरन मंगल-करतार॥

कि 'सत्य मार्ग दिगम्बरोंका है,' श्वेताम्बर पराजित हो गये। सरस्वतीकी मूर्तिको वाचाल करनेवाले पद्मनन्दि भट्टारक थे जिनका समय उक्त गुर्वावलीमें विक्रम संवत् १३८५ से १४५० लिखा है। इनके शिष्य शुभचन्द्र और प्रशिष्य जिनचन्द्र थे। श्वेताम्बर ग्रन्थोंमें यही घटना इस रूपमें वर्णित है कि अम्बिकादेवीने श्वेतांबरोंकी जीत यह कहकर कराई कि जिस मार्गमें स्त्रीको मोक्ष माना है, वही सच्चा है। जीत चाहे जिसकी हुई हो,—परन्तु मालूम होता है कि उक्त विवाद हुआ था और उसी समयसे दिगम्बरों और श्वेताम्बरोंमें विद्वेषका वह बीज विशेष रूपसे बोया गया जिससे आगे चलकर बड़े बड़े विषमय फल उत्पन्न हुए।

११—मुगल बादशाह अकबरके समयमें हीरविजय नामके एक सुप्रसिद्ध साधु हुए हैं। अकबर उन्हें गुरुवत् मानता था। संस्कृत और गुजरातीमें उनके सम्बन्धमें बीसों ग्रन्थ लिखे गये हैं। इन ग्रन्थोंमें लिखा है कि "हीरविजयने मथुरासे लौटते हुए गोपाचल (ग्वालियर) की बावन-गजी भव्याकृति मूर्तिके दर्शन किये।" और यह मूर्ति दिगम्बर सम्प्रदायकी है, इसमें कोई सन्देह नहीं। इससे मालूम होता है कि बादशाह अकबरके समय तक भी दोनों सम्प्रदायोंमें मूर्ति-सम्बन्धी विरोध तीव्र नहीं था। उस समय श्वेताम्बर सम्प्रदायके आचार्य तक नग्न मूर्तियोंके दर्शन किया करते थे।

१२—तपागच्छके मुनि शीलविजयने वि० स० १७३१-३२ में दक्षिणके तमाम जैन तीर्थोंकी वन्दना की थी जिसका वर्णन उन्होंने अपनी 'तीर्थमाला' (गुजराती) में किया है[१]। उससे मालूम होता है कि उन्होंने जैनबद्री, मूडबिद्री, कारकल, हूमच-पद्मावती आदि तमाम दिगम्बर तीर्थों और दूसरे मन्दिरोंकी भक्तिभावसे वन्दना की थी। बड़े उत्साहसे वे प्रत्येक स्थानकी और मूर्तियोंकी प्रशंसा करते देखे जाते हैं। इससे भी मालूम होता है कि उस समय भी श्वेताम्बर साधु नग्नमूर्तियोंको हेय दृष्टिसे नहीं देखते थे और उनका अपने सम्प्रदायकी मूर्तियोंके ही समान आदर करते थे।

१३—ऐसा मालूम होता है कि दिगम्बर और श्वेताम्बर प्रतिमाओंमें भेद हो जानेके बाद भी बहुत समय तक दिगम्बरों और श्वेताम्बरोंमें भाईचारा बना रहा है। बहुत समय तक इस खयालके लोग भी दोनों सम्प्रदायोंमें बने रहे हैं कि

१–देखो, 'दक्षिणके तीर्थक्षेत्र' शीर्षक लेख पृ० ४५२-४६७

एक दूसरेके धर्म-कार्योंमें बाधा नहीं डालनी चाहिए और दोनोंको अपने अपने विश्वासके अनुसार पूजा अर्चा करने देना ही सज्जनता है। जैसे—

क—शत्रुंजय और आबूके पर्वतोंपर श्वेताम्बर मन्दिरोंके बीचों बीच और बगलमें दिगम्बर मन्दिरोंका अस्तित्व अब भी इस बातकी साक्षी दे रहा है कि उस समयके वैभवसम्पन्न और समर्थ श्वेताम्बर भी यह नहीं चाहते थे कि इन तीर्थोंपर हम ही हम रहें, दिगम्बर नहीं आने पावें।

ख—गन्धार (भरोंच) एक प्रसिद्ध बन्दरगाह था। वहाँ एक पुराना दिगम्बर मन्दिर था। जब वह गिर गया और उसकी जगह नया श्वेताम्बर मन्दिर बनवाया गया, तब वहाँके श्वेताम्बर भाइयोंने दिगम्बर प्रतिमाओंको एक जुदा देवकुलिका (देवली) में स्थापित कर दिया। यह देवकुलिका अब भी मौजूद है।

ग—बिहार शरीफमें सन् १९०७ में एक जैन मन्दिर लेखकने स्वयं देखा है जिसके अधिकारी श्वेताम्बर हैं। उसमें एक ओर दिगम्बरी वेदिका भी है और उसमें जो मूर्तियाँ हैं, उनका दर्शन-पूजन दिगम्बरी भाई किया करते हैं।

घ—स्व० डाक्टर बनारसीदास जैनसे मालूम हुआ था कि लाहौरके एक जैनमन्दिरमें दोनो सम्प्रदायोंकी मूर्तियाँ दो पृथक् पृथक् वेदिकाओंमें थीं और और कुछ ही वर्ष हुए अब दोनोंके बीचमें दीवार चिनवा दी गई है।

ङ—लेखकने पूना शहरमें एक ही अहातेके भीतर दिगम्बर और श्वेताम्बर मन्दिर सन् १९२० में देखे थे।

च—ग्वालियर राज्यके शिवपुरकलाँ नामक स्थानमें एक दिगम्बर मन्दिर ऐसा है जिसमें ७-८ श्वेताम्बर मूर्तियाँ हैं और एक श्वेताम्बर मन्दिर ऐसा है जिसमें ७-८ दिगम्बरी मूर्तियाँ हैं। पहले दोनों मन्दिरोंमें दोनों सम्प्रदायके लोग जाते थे; परन्तु अब केवल भादों सुदी दसवींको धूप खेनेके लिए जाया करते हैं।

छ—यापनीयसंघ दिगम्बर श्वेताम्बरोंके अतिरिक्त एक तीसरा ही जैन-सम्प्रदाय था। सिद्धान्त-दृष्टिसे यह श्वेताम्बर सम्प्रदायसे अधिक मिलता जुलता था, परन्तु इस संघके अनुयायी नग्न मूर्तियोंकी ही स्थापना-पूजा किया करते थे। यह संघ अब लुप्त हो गया है परन्तु दक्षिणमें अनेक स्थानोंमें अब भी इस संघकी नग्न मूर्तियाँ हैं। बेलगाँवके 'दोड्डवस्ति' नामक जैन-मन्दिरमें नेमिनाथ तीर्थ-

करकी एक मूर्ति है, जिसे यापनीय संघके एक श्रावकने श० सं० ९३५ में प्रतिष्ठित कराई थी। यह मूर्ति नग्न है और इसे अब दिगम्बर श्रावक ही पूजते हैं। इससे भी अनुमान होता है कि पहले श्वेताम्बर सम्प्रदायकी प्रतिमायें भी नग्न बनाई जाती होंगी। जैन साधुओंके लिए वस्त्र-धारणका सर्वथा निषेध यापनीय सम्प्रदायमें भी नहीं था और श्वेताम्बर सम्प्रदायके समान स्त्री-मुक्ति और केवलि-भुक्तिको भी वह मानता था।

१४—अकसर दिगम्बर भाइयोंकी ओरसे यह आक्षेप किया जाता है कि श्वेताम्बर भाई दिगम्बर मन्दिरों और प्रतिमाओंपर अधिकार कर लिया करते हैं; और यही आक्षेप श्वेताम्बरोंकी ओरसे दिगम्बरोंपर किया जाता है। यह आक्षेप बहुत अंशोंमें सच्चा है; परन्तु इस आक्षेपके पात्र दोनों ही हैं। इस विषयमें कोई भी सम्प्रदाय निर्दोष नहीं। सम्प्रदाय-मोह चीज ही ऐसी है कि वह भिन्न सम्प्रदायवालोंके साथ उदारताका व्यवहार करनेमें संकुचित हुए बिना नहीं रह सकता। इसके सम्बन्धमें भी अनेक उदाहरण मिल सकते हैं।

१५—अमुक तीर्थपर वास्तविक अधिकार किसका है, इस प्रश्नका ठीक उत्तर यही है कि दोनोंका। दोनोंमेंसे चाहे जो पीछेका हो पर उसका अधिकार पहलेवालेसे कम नहीं ठहराया जा सकता। जब दोनों ही सम्प्रदायवाले जिनदेवों और सिद्धोंके उपासक हैं और उपासना करना किसीकी जमींदारीका कोई खेत जोतना या फसल काट लेना नहीं है, तब उनका अधिकार कम या ज्यादा ठहराया ही कैसे जा सकता है? कुछ लोग पुराने दस्तावेज और तमस्सुक पेश करके अपना अधिकार सिद्ध करनेका प्रयत्न करते हैं; और सम्भव है उनसे उनका अधिकार सिद्ध भी होता हो, परन्तु क्या उनसे यह प्रश्न नहीं किया जा सकता कि उन दस्तावेजोंसे पहले भी तो ये दोनों सम्प्रदाय थे और तब क्या इनसे पहलेके प्रमाण-पत्रोंका तुम्हारे प्रतिपक्षीके पास होना सम्भव नहीं है? और यह सिद्ध करना तो बाकी ही रह जायगा कि उन दस्तावेजोंके लिखनेवाले शासकों या राजाओंको किसी सार्वजनिक धर्मस्थानके सम्बन्धमें दस्तावेज लिख देनेका अधिकार था या नहीं। यह सम्भव और स्वाभाविक है कि किसी समयपर किसी सम्प्रदायका ऐहिक वैभव और प्रभाव बढ़ गया हो और उस समय उसके समीपके तीर्थका प्रबन्ध उसके हाथमें आ गया हो और किसी समय उसके बदले दूसरोंके पास चला गया हो। परन्तु इससे यह सिद्ध नहीं होता कि उस तीर्थका वास्तविक अधिकारी अमुक सम्प्रदाय था। ऊपर उपदेश-तरंगिणी ग्रन्थका जो अवतरण दिया गया है, उससे मालूम होता है

कि संघवी धाराकके समयमें गिरिनार तीर्थपर ५० वर्षसे दिगम्बरोंका अधिकार था और पीछे आम राजाकी कृपासे शायद वही अधिकार श्वेताम्बरोंके हाथमें चला गया। इसी तरहका एक उल्लेख तारंगा सिद्धक्षेत्रके सम्बन्धमें 'कुमारपाल-प्रतिबोध' नामक श्वेताम्बर ग्रन्थमें भी मिलता है जिसे सोमप्रभने विक्रम संवत् १२४१ में रचा है। इसमें आर्य खपुटाचार्यकी कथामें लिखा है कि—

"पहले उसने पर्वतके समीप तारा[1] नामकी बौद्ध देवीका मन्दिर बनवाया, इस कारण इस तीर्थको तारापुर कहते हैं। इसके बाद उसीने फिर वहींपर सिद्धायिका ( जैनदेवी ) का मन्दिर बनवाया। परन्तु कालवश उसे दिगम्बरोंने ले लिया। अब वहींपर ( कुमारपाल राजा कहते हैं ) मेरे आदेशसे जसदेवके पुत्र दंडाधिप अभयकी देखरेखमें अजित जिनेन्द्रका ऊँचा मन्दिर बनवाया गया[2]।" इससे मालूम होता है कि कुमारपाल राजाके समय तक समूचे तारंगा पर या कमसे कम सिद्धायिका देवीके मन्दिरपर दिगम्बरोंका अधिकार था।

तारंगा पर्वतकी कोटि-शिलापर एक वेदी है। उसकी एक प्रतिमापर अब भी संवत् ११९० की वैशाख सुदी ९ का सिद्धराज जयसिंहके समयका लेख है[1] जिससे मालूम होता है कि उस समय, अर्थात् कुमारपाल मन्दिर-निर्माणके पहले, वहाँपर दिगम्बरोंके मन्दिर और प्रतिमाएँ थीं और कुमारपालप्रतिबोधके कथनानुसार सम्भव है कि पर्वतपर दिगम्बरोंका अधिकार हो। इसी तरह पावागढ़पर इस समय सम्पूर्ण अधिकार दिगम्बरोंका है; परन्तु पर्वतके ऊपर कई ऐसे मन्दिरोंके खण्डहर पड़े हुए हैं जो श्वेताम्बर सम्प्रदायके हैं और किसी समय उक्त पावागढ़ श्वेताम्बर सम्प्रदायका भी प्रसिद्ध तीर्थ था।

कदम्बवंशी राजाओंके जो ताम्रपत्र[3] प्रकाशित हुए हैं, उनमेंसे दूसरे ताम्रपत्रमें कालवंगनामके ग्रामके तीन भाग करके एक भाग जिनेन्द्र देवके मन्दिरके लिए, दूसरा श्वेतपट महाश्रमणसघके लिए और तीसरा निर्ग्रन्थ महाश्रमणसंघके उपभोगके लिए दान किये जानेका उल्लेख है। यह स्थान कर्नाटक प्रदेशमें धारवाड़ जिलेके आसपास कहींपर है। अवश्य ही उस समय वहाँपर दोनों सम्प्रदाय मिल-जुलकर रहते थे, और उनका एक ही मन्दिर था।

---

१–तारगा पर्वतकी तलैटीसे उत्तरकी ओर लगभग डेढ़ मीलकी दूरीपर तारादेवीकी मूर्ति अब भी मौजूद है और उसपर बौद्धोंकी एक प्रसिद्ध गाथा लिखी हुई है।

२–देखो जैनमित्र भाग २२, अंक १२।

३–इन ताम्रपत्रोंका विवरण देखो जैनहितैषी भाग १४, अंक ७-८।

# वनवासी और चैत्यवासी

सत्य, अहिंसा, मैत्री और अनेकान्त जैसे समन्वयकारी सिद्धान्तके प्रचारक जैनधर्ममें भी अब तक अनेक सम्प्रदायों और पन्थोंकी सृष्टि हो चुकी है जिनमेंसे बहुतोंका तो अस्तित्व बना हुआ है और बहुतसे कालके गालमें विलीन हो चुके हैं।

जैनधर्मके अनुयायी मुख्यतः दिगम्बर और श्वेताम्बर सम्प्रदायोंमें बँटे हुए हैं। ये भेद शुरूमें निर्वस्त्रता और सवस्त्रताको लेकर हुए थे और इसीके कारण आगे चलकर इनमें स्त्रीमुक्ति केवलिभुक्ति आदिकी मानताओंको लेकर और भी अनेक छोटी मोटी बातोंमें मतभिन्नता आ गई है। फिर भी मूल सिद्धान्तोंमें दोनों एक हैं।

इन दोनोंमें भी अनेक शाखा प्रशाखायें हुई हैं; परन्तु यहाँ उनकी चर्चा अभीष्ट नहीं है। इस लेखमें केवल ऐसी दो शाखाओंकी चर्चा की जाती है जो दोनों ही सम्प्रदायोंमें बहुत समयसे चली आ रही हैं और जिन्हें हम वनवासी और चैत्यवासी कहते हैं। चैत्यवासी ही मठवासी हैं।

श्वेताम्बरोंमें जो 'जती' या 'श्रीपूज्य' कहलाते हैं वे चैत्यवासी या मठवासी शाखाके अवशेष हैं और जो 'संवेगी' कहलाते हैं वे वनवासी शाखाके। संवेगी अपनेको सुविहित मार्ग या विधिमार्गका अनुयायी कहते हैं। इसी तरह दिगम्बरोंके भट्टारक मठवासी और नग्न मुनि वनवासी शाखाके अवशेष हैं।

भट्टारकों और जतियोंका आचरण लगभग एकसा है। यद्यपि ये दोनों ही निर्ग्रन्थता और अपरिग्रहताका दावा करते हैं और अपनेको वीतराग मार्गका ही अनुयायी बतलाते हैं।

दिगम्बर श्वेताम्बर दोनों शाखाओंके साधु निर्ग्रन्थ कहलाते हैं और निर्ग्रन्थका अर्थ है सब प्रकारके परिग्रहोंसे रहित। यद्यपि श्वेताम्बर सम्प्रदायमें साधुओंको

लज्जा निवारणके लिए बहुत ही सादा वस्त्र रखनेकी छूट दी गई है[1] परन्तु जिन शर्तोंके साथ दी गई है वह न देनेके ही बराबर है। वास्तवमें अशक्ति या लाचारीमें ही वस्त्रका उपयोग करनेकी आज्ञा है। ऐसा मालूम होता है कि विक्रमकी छठी सातवीं शताब्दि तक तो श्वेताम्बर साधु भी कारण पड़नेपर ही वस्त्र धारण करते थे और सो भी कटिवस्त्र। यदि कटिवस्त्र भी निष्कारण धारण किया जाता था तो धारण करनेवालेको कुसाधु समझा जाता था।

हरिभद्रने 'संबोध प्रकरण'में अपने समयके कुसाधुओंका वर्णन करते हुए लिखा है कि वे कोशलोच नहीं करते, प्रतिमावहन करते शरमाते हैं, शरीर-परका मैल उतारते हैं, पादुकायें पहिनकर फिरते हैं और विनाकारण कटिवस्त्र बाँधते हैं[2]।

लगभग ४०–५० वर्ष पहलेके श्वेताम्बर साधु जब अपने उपाश्रयोंमें बैठे होते थे तब शरीरके अधोभागपर एक वस्त्रखंड डाले रहते थे—उसे बाँधते तक न थे। बाहर जानेके समय ही वे कटिवस्त्र धारण करते थे।

दिगम्बर–श्वेतांबरके सिवाय एक तीसरा सम्प्रदाय यापनीय नामका था जो अब नामशेष हो चुका है। इसके साधु दिगम्बरोंके ही समान नग्न रहते थे और पाणिपात्रभोजी थे पर इनमें भी वस्त्रको अपवाद रूपसे ही ग्रहण करनेकी आज्ञा थी।

वस्त्र-पात्रके सिवाय दिगम्बर-श्वेताम्बर साधुओंके आचारमें और कोई विशेष। अन्तर नहीं है। दोनोंके आचार-ग्रन्थोंमें कहा है कि मुनियोंको बस्तीसे बाहर उद्यानों या शून्य गृहोंमें रहना चाहिए, अनुद्दिष्ट भोजन करना चाहिए, धर्मो-पकरणोंके अतिरिक्त अन्य सब प्रकारके परिग्रहोंसे दूर रहना चाहिए, जमीनपर सोना चाहिए, पैदल विहार करना चाहिए और शान्तिसे ध्यानाध्ययनमें अपना समय बिताना चाहिए।

यह कहना तो कठिन है कि किसी समय सबके सब साधु आगमोपदिष्ट आचारोंका पूर्ण रूपसे पालन करते होंगे; फिर भी शुरू शुरूमें दोनों ही शाखाओंके साधुओंमें आगमोक्त आचारोंके पालनका अधिकसे अधिक आग्रह रहा होगा।

---

१-देखो, आचारांग प्र० श्रु०, अध्ययन ६, उद्देश ३ और द्वि० श्रुतस्कन्ध अध्ययन १४ उद्देश १–२।

२–कीवो न कुणइ लोयं लज्जइ पडिमाइ जल्लमुवणेई।
सोवाहणो य हिंडइ, बंधइ कडिपट्टयमकज्जे॥ १४

परन्तु ज्यों ज्यों समय बीतता गया, साधुओंकी संख्या बढ़ती गई और भिन्न भिन्न आचार-विचारवाले विभिन्न देशोंमे फैलती गई, धनियों और राजाओंद्वारा पूजा-प्रतिष्ठा पाती गई, श्रावकोमें भक्ति और दोषोंकी उपेक्षा बढ़ती गई त्यों त्यों उसमें शिथिलता आती गई और दोनों ही सम्प्रदायोंमें शिथिलाचारी साधुओंकी संख्या बढ़ती गई। मालूम होता है बहुत प्राचीन कालमें ही इनकी जड़े जम गई थीं।

**श्वेताम्बर चैत्यवासी**—धर्मसागर अपनी पट्टावलीमें लिखते हैं कि वीर-संवत् ८८२ में चैत्यवास शुरू हुआ—'वीरात् ८८२ चैत्यस्थितिः' परन्तु मुनि कल्याणविजय आदि विद्वानोंका खयाल है कि इससे भी पहले इसकी जड़ जम गई थी और ८८२ वी० नि० तक तो इसकी सार्वत्रिक प्रवृत्ति हो गई थी।

दार्शनिक हरिभद्र (विक्रमकी आठवीं शताब्दि) 'संबोधप्रकरण'[1] मे लिखते हैं—

"ये कुसाधु चैत्यों और मठोंमें रहते हैं, पूजा करनेका आरम्भ करते हैं, देव-द्रव्यका उपभोग करते हैं, जिनमन्दिर और शालायें चिनवाते हैं, रङ्ग-बिरङ्गे सुगन्धित धूपवासित वस्त्र पहिनते हैं, विना नाथके बैलोंके सदृश स्त्रियोंके आगे गाते हैं, आर्यिकाओंद्वारा लाये गये पदार्थ खाते हैं और तरह तरहके उपकरण रखते हैं। जल, फल, फूल आदि सचित्त द्रव्योंका उपभोग करते हैं, दो तीन बार भोजन करते और ताम्बूल लवंगादि भी खाते हैं।

"ये मुहूर्त निकालते हैं, निमित्त बतलाते हैं, भभूत भी देते हैं। ज्योनारोंमें मिष्ट आहार प्राप्त करते हैं, आहारके लिए खुशामद करते और पूछनेपर भी सत्य धर्म नहीं बतलाते।

"स्वयं भ्रष्ट होते हुए भी दूसरोंसे आलोचना-प्रतिक्रमण कराते हैं। स्नान करते, तेल लगाते, शृंगार करते और इत्र फुलेलका उपयोग करते हैं।

"अपने हीनाचारी मृतक गुरुओंकी दाह-भूमिपर स्तूप बनवाते हैं। स्त्रियोंके समक्ष व्याख्यान देते हैं और स्त्रियाँ उनके गुणोंके गीत गाती हैं।

"सारी रात सोते, क्रय-विक्रय करते और प्रवचनके बहाने विकथायें किया करते हैं।"

१-अहमदाबादकी जैन-ग्रन्थ-प्रकाशक-सभाद्वारा वि० सं० १९७२ में प्रकाशित।

" चेला बनानेके लिए छोटे छोटे बच्चोंको खरीदते, भोले लोगोंको ठगते, और जिन प्रतिमाओंको भी बेचते खरीदते हैं।

" उच्चाटण करते और वैद्यक, यंत्र, मंत्र, गंडा, तावीज आदिमें कुशल होते हैं।

" ये श्रावकोंको सुविहित साधुओंके पास जाते हुए रोकते हैं, शाप देनेका भय दिखाते हैं, परस्पर विरोध रखते हैं और चेलोंके लिए एक दूसरेसे लड़ मरते हैं।"

जो लोग इन भ्रष्ट-चरित्रोंको भी मुनि मानते थे, उनको लक्ष्य करके हरिभद्र कहते हैं, " कुछ नासमझ लोग कहते हैं कि यह तीर्थंकरोंका वेष है, इसे भी नमस्कार करना चाहिए। अहो धिक्कार हो इन्हें। मैं अपने सिरके शूलकी पुकार किसके आगे जाकर करूँ !"

जिनवल्लभकृत सघपट्टककी भूमिकामें श्वेताम्बर चैत्यवासका इतिहास—

" वी० नि० ८५० के लगभग कुछ मुनियोंने उग्र विहार छोड़कर मन्दिरोंमें रहना प्रारंभ कर दिया। धीरे धीरे इनकी संख्या बढ़ती गई और समयान्तरमें ये बहुत प्रबल हो गये। इन्होंने 'निगम' नामके कुछ ग्रन्थ रचे और उन्हें 'दृष्टिवाद' नामक बारहवें अगका एक अग बतलाया। उनमें यह प्रतिपादन किया गया कि वर्तमान कालके मुनियोंको चैत्योंमें रहना उचित है और उन्हें पुस्तकादिके लिए यथायोग्य आवश्यक द्रव्य भी संग्रह करके रखना चाहिए। साथ ही ये वनवासियोंकी निन्दा करने लगे और अपना बल बढ़ाने लगे।

" वि० सं० ८०२ में अणहिलपुर पट्टणके राजा वनराज चावड़ासे उनके गुरु शीलगुणसूरिने—जो चैत्यवासी थे—यह आज्ञा जारी करा दी कि इस नगरमें चैत्यवासी साधुओंको छोड़कर दूसरे वनवासी साधु न आ सकेंगे।

---

१— बाला वयन्ति एवं वेसो तित्थकराण एसो वि।
णमणिज्जो धिद्धी अहो सिरसूल कस्स पुक्करिमो॥ ७६॥

२—शिवकोटिके नामसे प्रसिद्ध की गई 'रत्नमाला' में भी लिखा है कि
कलौ काले वने वासो वर्ज्यते मुनिसत्तमैः।
स्थीयते च जिनागारे ग्रामादिषु विशेषत॥ २२॥

ये रत्नमालाके कर्ता इतने कट्टर चैत्यवासी थे कि जैनमन्दिरोंमें रहना विहित बतलानेमें ही इन्हे सन्तोष न हुआ, वनवासको वर्जित तक बतला दिया। रत्नमाला दिगम्बर सम्प्रदायका ग्रन्थ है।

"इस अनुचित आज्ञाको रद करानेके लिए वि० सं० १०७४ में जिनेश्वर और बुद्धिसागर नामके दो विधिमार्गी विद्वानोंने राजा दुर्लभदेवकी सभामें चैत्यवासियोंके साथ शास्त्रार्थ करके उन्हें पराजित किया और तब कहीं पाटणमें विधिमार्गियोंका प्रवेश हो सका।

"मारवाड़में भी चैत्यवासियोंका बहुत प्राबल्य था। उसके विरुद्ध सबसे अधिक प्रयत्न पूर्वोक्त जिनेश्वरके शिष्य जिनवल्लभने किया। अपने संघपट्टकमें उन्होंने चैत्यवासियोंके शिथिलाचारका और सूत्र-विरुद्ध प्रवृत्तिका अच्छा खाका खींचा है।

"चितौड़के श्रावकोंने महावीर भगवानका एक मन्दिर बनाकर उसके गर्भ-गृहके द्वारके एक स्तम्भपर उक्त संघपट्टकके चालीसों पद्य खुदवा दिये हैं जो आज तक उनकी कीर्तिको प्रकट कर रहे हैं। जिनवल्लभका यह प्रयत्न चैत्यवासियोंको असह्य हुआ। कहा जाता है कि वे पाँच सौ लठैतोंके साथ उक्त मन्दिरपर चढ़ आये; परन्तु तत्कालीन महाराणाने उन्हें इस अपकृत्यसे रोक दिया।

"जिनवल्लभके बाद जिनदत्त और जिनपतिने भी अपना सुविहित मार्गका प्रचार-कार्य जारी रखा। जिनपतिने संघपट्टकपर एक तीन हजार श्लोक-प्रमाण टीका लिखकर उसका खूब प्रचार किया और उनके गृहस्थ शिष्य नेमिचन्द्र भंडारीने षष्ठिशतक नामक प्राकृत ग्रन्थ रचकर चैत्यवासियोंके शिथिलाचारका विरोध किया। इसी तरह गुजरातमें भी मुनिचन्द्र, मुनिसुन्दर आदिने अपनी रचनाओं और उपदेशोंसे चैत्यवासियोंको हतप्रभ कर दिया"

**दिगम्बर चैत्यवासी**—दिगम्बर साहित्यमें ऐसा कोई स्पष्ट उल्लेख तो नहीं मिलता जिसमें चैत्यवासके प्रारंभकी कोई तिथि बतलाई गई हो और न चैत्यवास नामके किसी पृथक् संगठन या सम्प्रदायका ही कोई उल्लेख मिलता है फिर भी यह निश्चित है कि वह था और बहुत पुराने समयसे था। हमारे भट्टारकोंकी गद्दियाँ इसीकी प्रतिनिधि हैं।

१–स्व० पं० भागचन्द्रजीने इसी ग्रन्थका दिगम्बर सम्प्रदायमें 'उपदेशसिद्धान्त-रत्नमाला' नामसे भाषावचनिका लिखकर प्रचार किया है। मूल ग्रन्थमें जो बातें चैत्यवासियोंके लिए लिखी हैं वे प्रायः सबकी सब दिगम्बर भट्टारकोंपर घटित होती हैं। देखो, जैनहितैषी भाग ११, अंक १२।

२–श्री अगरचन्द नाहटाके लिखे हुए 'यतिसमाज' (अनेकान्त वर्ष ३, अंक ८-९) नामक लेखमें श्वेताम्बर चैत्यवासियोंपर विस्तृत प्रकाश डाला है।

दिगम्बर-चर्या इतनी उग्र और कठोर है कि हमारे खयालमें नग्न साधुओंकी संख्या हमेशा कम रही है और पिछले कई सौ वर्षोंसे तो वे क्वचित् ही दिखाई देते रहे हैं। शायद इसी कारण चैत्यवासियोंके समान उनका कोई स्वतत्र संघटन नहीं हो सका और न एक पृथक् दलके रूपमें प्राचीन साहित्यमें उनका स्पष्ट उल्लेख ही हुआ। कुन्दकुन्दके 'लिंग पाहुड' से पता लगता है कि उस समय भी ऐसे जैन साधु थे जो गृहस्थोंके विवाह जुटाते थे, कृषिकर्म-वाणिज्यरूप हिंसा कर्म करते थे—'जो जोडदि विवाहं किसिकम्मवणिज्ज-जीवघादं च' और जिनेन्द्रका लिंग धारण करके उसका उपहास कराते थे—'लिंगं घेत्तूण जिणवरिंदाण, उवहसइ लिंगिभावं।'

लिंगपाहुडकी ही और दूसरी गाथाओंसे ऐसा मालूम होता है कि ग्रन्थकर्ताके आसपास चैत्यवासी श्रमण बहुत थे और वे उनको सत्पथपर लाना चाहते थे। ऐसे साधुओंके विषयमें उन्होंने स्पष्ट कहा है कि वे पशु है, श्रमण नहीं—'तिरिक्ख-जोणी ण सो समणो'।

विक्रमकी सत्रहवीं सदीमें पं० बनारसीदासने जिस शुद्धाम्नायका प्रचार किया और जो आगे चलकर तेरह पन्थके नामसे विख्यात हुआ, वह इन भट्टारकों या चैत्यवासियोंके ही विरोधका एक रूप था और उसने दिगम्बर सम्प्रदायमें वही काम किया जो श्वेताम्बर सम्प्रदायमें विधि-मार्गने किया था। तेरह पन्थने चैत्यवासी भट्टारकोंकी प्रतिष्ठाको जडसे उखाड दिया।

हमारा अनुमान है कि इस तरहके प्रयत्न बनारसीदाससे पहले भी कई बार हुए होंगे, जिनके स्पष्ट उल्लेख तो नहीं मिलते परन्तु प्रयत्न करके खोजे जा सकते हैं।

**पाँच जैनाभास**—देवसेनने दर्शनसार ( वि० सं० ९९० ) में पाँच जैनाभासोंकी उत्पत्तिका कुछ इतिहास दिया है। उनमेंसे पहलेके दो—श्वेताम्बर और यापनीय—तो हमें छोड देने चाहिए, क्योंकि आचारके अतिरिक्त उनके साथ दिगम्बरोंका सिद्धान्त-भेद भी है। परन्तु शेष तीन द्राविड, काष्ठा और माथुर सघके साथ कोई बहुत महत्त्वका सिद्धान्त-भेद नहीं मालूम होता। इन तीनों जैनाभासोंका बहुत-सा साहित्य उपलब्ध है और दिगम्बर सम्प्रदायमें उसका पठन-पाठन भी बिना किसी भेद-भावके होता है। परन्तु उसमें ऐसी कोई बात

नहीं पाई जाती जिससे उन्हें जैनाभास कहा जाय। मोरके पंखोंकी पिच्छिके बदले गायके बालोंकी पिच्छि रखना, या पिच्छि बिल्कुल ही न रखना; खड़े होनेके बदले बैठकर भोजन करना, अथवा सूखे चनोंको प्रासुक मानना, या रात्रि-भोजन-विरति नामका छठा अणुव्रत भी मानना, ये सब बातें इतनी सगीन नहीं हैं कि इनके कारण ये सब जैनाभास ठहरा दिये जायँ, और इनके प्रवर्तकोंको पापी मिथ्याती बतलाया जाय। इस लिए आश्चर्य नहीं जो ये तीनों चैत्यवासी ही हों और इसी कारण देवसेनने जो चैत्यवासी नहीं थे—इन्हे जैनाभास बतला दिया हो। द्राविड़ संघके उत्पादक वज्रनन्दिके विषयमें उन्होने लिखा है कि "उसने कछार, खेत, वसति ( जैनमन्दिर ) और वाणिज्यसे जीविका निर्वाह करते हुए और शीतल जलसे स्नान करते हुए प्रचुर पापका संग्रह किया।"

इससे बिल्कुल स्पष्ट हो जाता है कि द्राविड़ संघके साधु वसति या जैनमन्दिरोंमें रहते थे और उन मन्दिरोंके लिए दान मिली हुई जमीनमें खेती बारी आदि कराते थे। इसके कुछ ऐतिहासिक प्रमाण भी हैं—

१—न्यायविनिश्चय-विवरण, पार्श्वनाथचरित आदि प्रसिद्ध ग्रन्थोंके कर्त्ता वादिराज इसी सघके थे। उनके गुरु मतिसागरकी आज्ञाके अनुसार जो दान-पत्र लिखा गया उससे मालूम होता है कि इस सघके मुनि भूमि आदिका प्रबन्ध करते थे।

२—चल्लग्रामके वयिरेदेव मन्दिरमें श० स० १०४७ का एक शिलालेख है जिसमें इन्हीं द्राविडसघीय वादिराजके वशज श्रीपाल योगीश्वरको होय्सलवंशके विष्णुवर्द्धन पोय्सलदेवने वसतियों या जैनमन्दिरोंके जीर्णोद्धार और ऋषियोंके आहार-दानके लिए शल्य नामक ग्राम दान दिया। अर्थात् उन्होंने जैन-मन्दिरोंका जीर्णोद्धार भी कराया और आहार-दानका प्रबन्ध भी किया।

३—लाट-बागड़ संघ काष्ठासंघकी ही एक शाखा है, जो देवसेनके मतसे जैनाभास था। दुबकुण्ड (ग्वालियर) के जैनमन्दिरमें वि० स० ११४५ का एक शिलालेख मिला है[४]। इस सघके विजयकीर्ति मुनिके उपदेशसे दाहड आदि

१—देखो दर्शनसार, गाथा २७।

२—देखो, जै० सि० भा० भाग १, किरण २-३।

३—देखो जैन शिलालेखसंग्रहका ४९३ न० का शिलालेख।

४—एपिग्राफिआ इण्डिका जिल्द २, पृ० २३७-४०।

धनियोंने उक्त मन्दिर बनवाया और कच्छपघात या कछवाहे वंशके राजा विक्रम-सिंहने उसके निष्पादन, पूजन, संस्कार और कालान्तरमें टूटे फूटेकी मरम्मतके लिए कुछ जमीन, वापिकाके सहित एक बगीचा और मुनिजनोंके शरीराभ्यंजन (तैल-मर्दन) के लिए दो करघटिकायें (?) दीं। ये बातें भी स्पष्ट रूपसे चैत्यवासियोंके आचारको प्रकट करती हैं।

**मूलसंघ**—पूर्वोक्त जैनाभासोंको छोड़कर शेष दिगम्बर सम्प्रदायको मूलसंघ कहा जाता है। परन्तु हमारा खयाल है कि यह नामकरण बहुत पुराना नहीं है। अपनेसे अतिरिक्त दूसरोंको अमूल—जिनका कोई मूल आधार नहीं—बतलानेके लिए ही यह नामकरण किया गया होगा और यह तो वह स्वयं ही उद्घोषित कर रहा है कि उस समय उसके प्रतिपक्षी दूसरे दलोंका अस्तित्व था।

हमें मूलसंघका सबसे पहला उल्लेख नोणमंगलके दानपत्रमें मिलता है, जो श० सं० ३४७ (वि० ४८२) के लगभगका है और विजयकीर्तिके उरनूरके अर्हत्मन्दिरको कोंगुणिवर्मा महाराजने दिया है। इसके बाद दूसरा उल्लेख आल्तम (कोल्हापुर) में मिले हुए श० स० ४११ (वि० स० ५४६) के दानपत्रमें मिलता है जिसमें मूलसंघ काकोपल आम्नायके सिद्धनन्दि मुनिको अलक्तक नगरके जैनमन्दिरके लिए कुछ गाँव दान किये गये हैं। सिद्धनन्दिके शिष्यका नाम चिकाचार्य था जिनके कि नागदेव, जिननन्दि आदि ५०० शिष्य थे और दान देनेवाले पुलकेशी प्रथम (चालुक्य) के सामन्त सामियार थे[२]।

परन्तु यदि यह बात मान ली जाय कि द्राविड संघादिको चैत्यवासी होनेके कारण जैनाभास बतलाया गया होगा तो प्रश्न होता है कि देवसेनका दर्शनसार वि० सं० ९९० की रचना है, इस लिए जिस शिथिलाचारके कारण उन्होंने द्राविडसंघ काष्ठसंघ आदिको जैनाभास बतलाया है, वही शिथिलाचार मूलसंघी मुनियोंमें भी तो था क्योंकि विक्रमकी पाँचवीं छठी सदी तकके ऐसे अनेक लेख मिले हैं जिनसे मालूम होता है कि वे भी मन्दिरोंकी मरम्मत आदिके निमित्त गाँव-जमीन आदिका दान लेने लगे थे। तब उन्हें जैनाभास क्यों नहीं बतलाया?

१—देखो, जैनशिलालेखसंग्रह द्वि० भा० पृ० ६०–६१।

२—देखो, इण्डियन एण्टिक्वेरी जिल्द ७, पृ० २०९–१७।

इसका समाधान इस तरह हो सकता है कि देवसेनने दर्शनसारमें जो गाथायें दी हैं वे स्वयं उनकी नहीं, पूर्वाचार्योंकी बनाई हुई हैं[1] और चूँकि पूर्वाचार्य स्वयं वनवासी थे, इसलिए उनकी दृष्टिमें द्राविड संघादिके साधु जैनाभास होने ही चाहिए।

**पुराने और नये चैत्यवासी**—गरज यह कि द्राविड संघके स्थापक वज्रनन्दि आदि तो पुराने चैत्यवासी हैं जिन्हें पहले ही जैनाभास मान लिया गया था और मूलसघी उनके बादके नये चैत्यवासी हैं जिन्हें देवसेनने तो नहीं परन्तु उनके बहुत पीछेके तेरहपंथके प्रवर्तकोंने जैनाभास बतलाया।

श्वेताम्बर सम्प्रदायमें जिस अर्थमें सुविहित या विधि-मार्गका प्रयोग होता है लगभग उसी अर्थमें पहले दिगम्बर सम्प्रदायमें मूलसघका उपयोग किया जाता होगा, किन्तु आगे चलकर यह संज्ञा रूढ हो गई, अपने मूल अर्थ—आगमोक्त चर्या—को बतलानेवाली नहीं रही और इस लिए जब मूलसघी भी शिथिल होकर चैत्यवासी मठपति बन गये तब भी यह उनके पीछे लगी रही। यहाँ तक कि खूब ठाठबाटसे रहनेवाले भट्टारक भी इसे पदवीके रूपमें धारण किये रहे।

इस तरह जिन्होंने पहले द्राविड संघादिको जैनाभास कहा था, वे मूलसघी भी आगे चलकर जैनाभास बन गये। इसके एक नहीं, बीसों प्रमाण मिले हैं जिनमेंसे थोडेसे ये हैं—

१–मर्कराका दान-पत्र प्रसिद्ध है। उसमें श० सं० ३८८ (वि० ५२३) में महाराजा अविनीतद्वारा कुन्दकुन्दान्वयके चन्द्रनन्दि भट्टारकको जैनमन्दिरके लिए एक गाँव दान किये जानेका उल्लेख है।

२–राजाधिराज विजयादित्यने पूज्यपादके शिष्य उदयदेवको 'शंख-जिनेन्द्र' मन्दिरके लिए श० स० ६२२ में कर्दम नामका गाँव दान दिया[2]।

३–राष्ट्रकूट कृष्ण तृतीयके सामन्त अरिकेसरीने श० सं० ८८८ में अपने पिता बद्दिगके बनवाये शुभधाम जिनालयकी मरम्मत और चूनेकी कलई कराने तथा पूजोपहार चढानेके लिए सोमदेव (यशस्तिलकके कर्त्ता) को वनिकट्टुपुलु नामका गाँव दानमें दिया[3]।

---

१—पुव्वायरियकयाइं गाहाइं संचिऊण एयत्थ।
सिरिदेवसेणगणिणा धाराए संवसंतेण॥ दंसणसारो

२—देखो म० म० ओझाकृत सोलंकियोंका इतिहास।

३—देखो 'सोमदेवका नीतिवाक्यामृत' शीर्षक लेख पृ० १७७–९६।

इसके बादके तो सैकड़ों दानपत्र हैं जिनमें मूलसंघी और कुन्दकुन्दान्वयके मुनियोंको गांव और भूमियाँ दान की गई हैं। श्रवणबेल्गोलका जैन-शिलालेख-संग्रह तो ऐसे दानोंसे भरा हुआ है। नं० ८० के श० सं० १०८० के शिलालेखके अनुसार महाप्रधान हुल्लमय्यने होय्सल-नरेशसे सवणेरु गाँव इनाममें पाकर उसे गोम्मट स्वामीकी अष्टविधपूजा और ऋषिमुनियोंके आहारके हेतु अर्पण कर दिया। नं० ९० के श० सं० ११०० के लेखमें भी पूजन और मुनियोंके आहारके लिए नयकीर्ति सिद्धान्तचक्रवर्तीको दान देनेका उल्लेख है। ४० नं० के लेखसे मालूम होता है कि हुल्ल मन्त्रीने अपने गुरु उन देवेन्द्रकीर्ति पंडितदेवकी निषिद्या बनवाई जिन्होंने रूपनारायण मन्दिरका जीर्णोद्धार कराया था और एक दान-शाला भी निर्माण कराई थी।

इन सब लेखोंसे स्पष्ट है कि हमारे इन बड़े बड़े मुनियोंके अधिकारमें भी गाँव बगीचे आदि थे। वे मन्दिरोंका जीर्णोद्धार कराते थे, दूसरे मुनियोंको आहार देते थे और दानशालायें भी बनवाते थे। गरज यह कि उनका रूप पूरी तरहसे मठपतियों जैसा था और इसका पता विक्रमकी छठी शताब्दिके बादके लेखोंसे लगने लगता है।

यह तो नहीं कहा जा सकता कि मठवासियोंके समयमें शुद्धाचारी और तपस्वी दिगम्बर मुनियोंका अभाव हो गया होगा, अथवा सारा जनसमुदाय उन्हींका अनुयायी बन गया होगा। शुद्ध शास्त्रोक्त आचारके पालनेवाले और उनकी उपासना करनेवाले भी रहे होंगे, फिर भी वे विरल ही होंगे। जैसा कि पं०

---

–इन्द्रनन्दिकृत नीतिसारसे भी जो केवल मुनियोंके लिए बनाया गया है—(अनगारान्प्र-वक्ष्यामि नीतिसारसमुच्चयम्), इन बातोंकी पुष्टि होती है कि मुनि लोग मन्दिरोंका जीर्णो-द्धार करते थे, आहार-दान देते थे और थोड़ा बहुत धन भी रखते थे।—

तस्मै दानं प्रदातव्यं यः सन्मार्गे प्रवर्तते।
पाखंडिभ्यो ददद्दानं दाता मिथ्यात्ववर्द्धकः ॥ ४८ ॥
मध्याह्ने दुःखितान् दीनान् भोजनादिभिरादरात्
अनुगृह्णन्यतिः संघपूजनीयो भवेत्सदा ॥ ४१ ॥
जीर्णजिनगृहं बिम्बं पुस्तकं च सुदर्शनम्।
उद्धार्य स्थापनं पूर्वपुण्यतोऽधिकमुच्यते ॥ ४९ ॥
कश्चित्कालानुसारेण सूरिर्द्रव्यमुपाहरेत्।
संघपुस्तकवृद्ध्यर्थमयाचितमथाल्पकम् ॥ ५० ॥

आशाधरने कहा है—'अफसोस है, सच्चे उपदेशक मुनि जुगनूके समान कहीं कहीं ही दिखलाई देते हैं'—'खद्योतवत् सुदेष्टारो हा द्योतन्ते क्वचित् क्वचित्।'

**दिगम्बर चैत्यवासी नग्न रहते थे**—ऐसा मालूम होता है कि चैत्यवासी या मठपति हो जानेपर भी दिगम्बर साधु प्रायः नग्न ही रहते थे और श्वेताम्बर सवस्त्र साधुओंसे अपना पृथक्त्व प्रकट करनेके लिए शायद यह आवश्यक भी था।

पं० आशाधरने अपने अनगारधर्मामृतके दूसरे अध्यायमें इन चैत्यवासी परन्तु नग्न-साधुओंकी स्पष्ट चर्चा की है[1] और सम्यक्त्वके आराधकको तीन

---

१— मुद्रां सांव्यवहारिकीं त्रिजगतीवन्द्यामपोद्यार्हतीं,
वामां केचिदहंयवो व्यवहरन्त्यन्ये बहिस्तां श्रिताः।
लोकं भूतवदाविशन्त्यवशिनस्तच्छायया चापरे,
म्लेच्छन्तीह तकैस्त्रिधा परिचयं पुंदेहमोहैस्त्यज ॥ ९६ ॥

टीका। इह क्षेत्रे सम्प्रति काले केचित्तापसादयो व्यवहरन्ति प्रवृत्तिनिवृत्तिविषयां कुर्वन्ति। काम्, मुद्रां व्रतचिह्नम्। किं विशिष्टाम्, वामां विपरीतां जटाधारणभस्मोद्धूलनादिरूपाम्। किं विशिष्टाः सन्तः, अहंयवोऽहंकारिणः। किं कृत्वा, अपोद्य अपवादविषयां कृत्वा निषिद्ध्येत्यर्थः। काम्, मुद्राम्। किंविशिष्टाम्, आर्हतीं जैनीमाचेलक्यादिलिङ्गलक्षणाम्। पुनः किंविशिष्टाम्, त्रिजगतीवन्द्यां जगत्त्रयनमस्याम्। पुनरपि किं विशिष्टाम्, सांव्यवहारिकीं समीचीनप्रवृत्तिनिवृत्तिप्रयोजनाम्। पक्षे, टङ्कादिनाणकाकृतिं समीचीनामपोद्य मिथ्यारूपां क्षुद्रां अव्यवहरन्तीति व्याख्येयं। अन्ये पुनर्द्रव्यजिनलिङ्गधारिणो मुनिमानिनोऽवशिनोऽजितेन्द्रियाः सन्तस्तां तथाभूतामार्हतीं मुद्रां बहिः शरीरे न मनसि श्रिताः प्रपन्ना आविशन्ति सङ्क्रामति विचेष्टयन्तीत्यर्थः। कम्, लोकं धर्मकामं जनम्। किं वत्, भूतवद् ग्रहैस्तुल्यम्। अपरे पुनर्द्रव्यजिनलिंगधारिणो मठपतयो म्लेच्छन्ति म्लेच्छा इवाचरन्ति। लोकशास्त्रविरुद्धमाचारं चरन्तीत्यर्थः। कया, तच्छायया आर्हतगतप्रतिरूपेण। तथा च पठन्ति—

पण्डितैर्भ्रष्टचारित्रैर्बठरैश्च तपोधनैः।
शासनं जिनचन्द्रस्य निर्मलं मलिनीकृतम् ॥

भोः सम्यक्त्वाराधक त्यज मुञ्च त्वम्। कम्, त्रिधा परिचयं मनसानुमोदनं वाचा कीर्तनं कायेन संसर्गं च। कैः सह, तकैः कुत्सितैस्तैस्त्रितयैः। किं विशिष्टैः, पुंदेहमोहैः पुरुषाकारमिथ्यात्वैः तदुक्तम्—

कापथे पथि दुःखानां कापथस्थेऽप्यसम्मतिः।
असम्पृक्तिरनुत्कीर्तिरमूढादृष्टिरुच्यते ॥

बाह्याः (मनुस्मृति अ० ४ श्लोक ३०) अप्याहुः—

प्रकारके मिथ्यातियोंके साथ मन, वचन, कायसे परिचय न रखनेका उपदेश दिया है। पहले प्रकारके मिथ्याती जैनधर्मसे विपरीत मुद्राके धारण करनेवाले तापस आदि हैं, दूसरे प्रकारके मिथ्याती वे द्रव्यजिनलिंगधारी हैं, जो अपनेको मुनि कहते हैं और बाहरसे आर्हती मुद्रा अर्थात् दिगम्बर मुद्राको भी धारण करते हैं, परन्तु अंतरंगमें अवशी हैं—इन्द्रियोंको नहीं जीतते, और तीसरे प्रकारके मिथ्याती मठोंके स्वामी द्रव्यजिनलिंगधारी अर्थात् भट्टारक हैं।

इनके विषयमें कहा है कि ये म्लेच्छोंके समान लोक और शास्त्रसे विरुद्ध आचरण करनेवाले हैं। ' तच्छायया आर्हतगतप्रतिरूपेण ' पद देकर वे इस बातको भी स्पष्ट कर देते हैं कि वे वस्त्रधारी नहीं किंतु अर्हन्त भगवान्के समान दिगम्बर मुद्रा धारण करनेवाले ही थे।

आशाधरसे भी पहले ( वि० सं० १०९० ) सोमदेवने अपने यशस्तिलक-चम्पूमें कहा है कि कलिकालमें जब कि चित्त चंचल हो गये हैं और शरीर अन्नका कीड़ा बन गया है यही आश्चर्य है कि अब तक भी कुछ लोग जिनरूप धारण करनेवाले मौजूद हैं[1]। और जैसे जिनेन्द्रोंके लेपादिसे बनाए हुए रूप ( मूर्ति ) पूज्य हैं उसी तरह पूर्वकालके मुनियोंकी छाया जैसे आजकलके मुनि भी पूज्य हैं[2]।

इससे दो बातें ध्वनित होती हैं—एक तो यह कि उस समय मुनिजन जिन-रूप धारण करते थे अर्थात् नग्न रहते थे, यद्यपि उनका चरित्र शिथिल था, वे पूर्वमुनियोंकी छाया-भर थे और दूसरे यह कि उनकी विरलता थी।

**वस्त्र धारण करनेकी प्रवृत्ति**—दिगम्बर चैत्यवासियोंके अन्तिम विक-सितरूप भट्टारकोंमें यह परम्परा अब तक रही है कि वे और समय तो वस्त्र पहिने

---

पाखण्डिनो विकर्मस्थान् वैडालव्रतिकान् शठान्।
हैतुकान् वकवृत्तींश्च वाङ्मात्रेणापि नार्चयेत्॥

१ — काले कलौ चले चित्ते देहे चान्नादिकीटके।
एतच्चित्रं यदद्यापि जिनरूपधरा नराः॥

२— यथा पूज्यं जिनेन्द्राणां रूपं लेपादिनिर्मितम्।
तथा पूर्वमुनिच्छाया पूज्याः सम्प्रतिसंयताः॥

रहते हैं परन्तु आहारके समय उतारकर अलग रख देते हैं[1]। यह इस बातका सुबूत है कि पहले वे बिल्कुल नग्न रहते थे और निरन्तर वस्त्र धारण किये रहनेकी प्रवृत्ति उनमें पीछे शुरू हुई है।

विक्रमकी सोलहवीं सदीमें श्रुतसागरने लिखा है कि कलिकालमें म्लेछादि (मुसलमान वगैरह) यतियोंको नग्न देखकर उपद्रव करते हैं, इस कारण मण्डप-दुर्ग (माडू) में श्रीवसन्तकीर्ति स्वामीने उपदेश दिया कि मुनियोंको चर्या आदिके समय चटाई टाट आदिसे शरीरको ढक लेना चाहिए और फिर चर्याके बाद चटाई आदिको छोड़ देना चाहिए। यह अपवाद वेष है[2]।

मूल संघकी गुर्वावलीमें चित्तौरकी गद्दीके भट्टारकोंके जो नाम दिये हैं उनमें वसन्तकीर्तिका नाम आता है[3] जो वि० संवत् १२६४ के लगभग हुए हैं। उस समय उस तरफ मुसलमानोंका आतंक भी बढ़ रहा था। शायद इन्हींको श्रुत-सागरने इस अपवाद वेषका प्रवर्तक बतलाया है। अर्थात् विक्रमकी तेरहवीं सदीके अन्तमें दिगम्बर साधु बाहर निकलते समय लज्जा-निवारणके लिए चटाई आदिका उपयोग करने लगे थे।[4]

वि० सं० १२९४ मे महेन्द्रसूरिने ' शतपदी ' नामक संस्कृत ग्रंथकी रचना की है जो प्राकृत शतपदीका अनुवाद है। प्राकृत शतपदी सं० १२६३ में बनी थी और उसके कर्त्ता धर्मघोष थे। उसमें ' दिगम्बरमतविचार ' नामका एक अध्याय है जिसमें स्त्रीमुक्ति, प्रतिमा-शृंगार, मुनियोंका पाणिपात्रभोजन और वस्त्र ग्रहण आदि विषयोंको लेकर दिगम्बर सम्प्रदायकी आलोचना की गई है।

---

१–एक बार स्व० सेठ माणिकचन्दजीके यहाँ सोजित्राके भट्टारकने आहार इसी तरह लिया था और यह लेखकने स्वयं देखा था।

२–कोऽपवादवेषः ? कलौ किल म्लेच्छादयो नग्नं दृष्ट्वा उपद्रवं यतीनां कुर्वन्ति। तेन मण्डपदुर्गे श्रीवसन्तकीर्तिना स्वामिना चर्यादिवेलायां तट्टीसादरादिकेन शरीरमाच्छाद्य चर्यादिकं कृत्वा पुनस्तन्मुञ्चतीत्युपदेशः कृतः संयमिनां, इत्यपवादवेषः।—

षट्प्राभृत टीका पृ० २१।

३–देखो जैनहितैषी भाग ६, अंक ७–८।

४–परमात्मप्रकाशकी संस्कृत टीकामें ब्रह्म देवजी भी शक्तिके अभावमें साधुको तृणमय आवरणादि रखने परन्तु उसपर ममत्व न रखनेका विधान करते है—" विशिष्टसंहननादिशक्त्यभावे सति यद्यपि तपःपर्यायसहकारिभूतमन्न-पान-संयमशौचज्ञानोपकरणतृणमयप्रावरणादिकं किमपि गृह्णाति तथापि ममत्वं न करोति।"—गाथा २१६ की टीका पृ० २३२।

उसमें कहा है कि यदि तुम दिगम्बर हो तो फिर सादड़ी योगपट्ट क्यों ग्रहण करते हो ? यदि कहो कि पंचमकाल होनेसे और लज्जापरीषह सहन न होनेसे आवरण डाल लेते हैं, तो फिर उसे पहिनते क्यों नहीं ? क्योंकि ऐसा निषेध तो कहीं है नहीं कि प्रावरण तो रखना परन्तु पहिनना नहीं। और वह प्रावरण भी जैसे तैसे मिले हुए प्रासुक वस्त्रका क्यों नहीं बनाते हो, धोबी आदिके हाथसे जीवाकुल नदी नालाबमें क्यों धुलवाते हो और बिना सोधे ईंधनसे जलाई हुई आगके जरिए उसको रँगाते भी क्यों हो ? इससे मालूम होता है कि वसन्त-कीर्तिके समयमें सादड़ी योगपट्ट आदिका उपयोग किया जाने लगा था। घास या ताड़ खजूर आदिके पत्तोंसे बनी हुई चटाईको सादड़ी कहते हैं। योगपट्ट शायद रेशमी कपड़ा रँगाकर बनाया जाता था।

आगे इन दिगम्बर मुनियोंके लिए वस्त्र धारण भी जायज-सा करार दिया गया। पूर्वोक्त श्रुतसागरने ही तत्त्वार्थसूत्र-टीकामें स्वीकार किया है कि द्रव्यलिंगी मुनि शीतकालमें कम्बलादि ले लेते हैं और दूसरे समयमें उन्हें त्याग देते हैं[1]। इसे उन्होंने भगवती आराधनाके अभिप्रायके अनुकूल 'कुशील' मुनिकी अपेक्षासे ठीक माना है।

इसके बाद तो वस्त्रोंके धारणमें बाहर जानेके समयकी और शीतादिकी भी कोई शर्त नहीं रही, उनका खूब छूटसे उपयोग होने लगा, गद्दे तकिये भी आ गये और पालकी-नालकी, छत्र-चँवर आदि राजसी ठाठ भी परम दिगम्बर मुनियोंने स्वीकार कर लिये !

---

१- लिंग द्विभेद द्रव्यभावलिंगभेदात्। तत्र भावलिंगिन पञ्चप्रकारा अपि निर्ग्रन्था भवन्ति। द्रव्यलिंगिन असमर्था महर्षय शीतकालादौ कम्बलादिक गृहीत्वा न प्रक्षालयन्ते न सीव्यन्ति न प्रयत्नादिक कुर्वन्ति अपरकाले परिहरन्तीति भगवत्याराधनाप्रोक्ताभिप्रायेण कुशीलापेक्षया वक्तव्यम्। —सयमश्रुतप्रतिसेवनादिसूत्रकी टीका।

२–वि० स० १४७८ मे वासुपूज्यऋषिने 'दान-शासन' नामका एक ग्रन्थ बनाया है। उसमें लिखा है कि श्रावकोंको चाहिए कि वे मुनियोंको दूध, दही, छाछ, घी, शाक, भोजन, आसन और नई बिना फटी टूटी चटाई और नये वस्त्र दें—

दुग्धश्रीघनतक्राज्यशाकभक्ष्यासनादिक।
नवीनमव्यय दद्यात्पात्राय कटमम्बरम्॥

**अन्य आचरण**—हरिभद्रने चैत्यवासियोंके चरित्रका जो खाका अपने 'संबोध प्रकरण' में खींचा है लगभग वही चरित्र, हम दिगम्बर साधुओंमें भी पाते हैं, दोनोंमें कोई विशेष अन्तर नहीं है।

पूर्वोक्त शतपदीके कथनानुसार उस समय दिगम्बर साधु मठोंमें रहते थे, अपने लिये पकाया हुआ (उद्दिष्ट) भोजन करते थे, एक स्थानमें महीनों रहते थे, चटाई योगपट्ट आदिका यदा कदा उपयोग करते थे, योगपट्टको धोबीसे धुलाते और रँगाते भी थे। शीतकालमें अँगीठीका सहारा लेते थे, पयालके बिछौनेपर सोते थे, तेलकी मालिश कराते थे,[1] सर्दीके मारे जिनमन्दिरके गूढ़ मंडप (गर्भालय) में रहते थे, और गृहस्थोंके वरते हुए पटी-द्विपटी (धोती दुपट्टा), बोरक (बोरा=टाट ?), रल्लिक (?) आदि ओढते थे। घासकी लँगोटी लगाते थे, पीतल, ताँबे, लोहेके कमण्डलु रखते थे, कपड़ेके जूते पहिनते थे, खदिर-बटी आदि तरह तरहकी औषधियाँ रखते थे, स्त्रियोंसे चरण प्रक्षालन कराते थे, आर्यिकाओंके साथ एक ही निवासमें रहते थे, उनसे भोजन बनवाते थे, सुखासन पालकीपर चढते थे, ज्योतिष, निमित्त, चिकित्सा, मंत्रवाद[2], धातुवाद, आदि विद्याओंका उपयोग करते थे; सचित फूल पत्तोंसे पादार्चन, घिसे हुए चन्दनसे पादानुलेप, कुंकुमादिसे चरणानुराग, सोने चाँदीसे चरण-पूजा, सचित्त जलसे पाद-प्रक्षालन, दूध-घीसे चरण-स्नान कराते थे, सभाओंमें व्याख्यान देते थे, सदैव एक ही स्थानमें रहते थे, आदि[3]।

१–वि० स० ११४५ के दुबकुण्डके दान-पत्रमें मुनिजनोंके शरीरभ्यंजन (तैल-मर्दनन)के लिए दानकी व्यवस्था की गई है। इस दानपत्रका उल्लेख पहले किया जा चुका है। बोधप्राभृतकी टीकामें श्रुतसागरने पादमर्दन, तेलकी मालिश आदिको तीर्थंकर नाम कर्मके उपार्जनमे हेतुभूत बतलाया है।

२–मल्लिषेणने भैरवपद्मावती कल्प, ज्वालामालिनी कल्प, कामचाण्डाली कल्प, विद्यानुवाद आदि कई तन्त्र-ग्रन्थ लिखे हैं। श्रवणबेलगोलके श० सं० १०३७ के लेख नं० ४७ में त्रैकाल्ययोगी नामक जैन मुनिके विषयमें लिखा है कि उनके प्रभावसे ब्रह्मराक्षस शिष्य हो गया था और उनके स्मरण मात्रसे ग्रह-बाधा नष्ट हो जाती थी। करजका तेल उनके प्रभावसे घी बन गया था! राष्ट्रकूट द्वितीय प्रभूतवर्षके शक स० ७३५ के दान पत्रसे मालूम होता है कि कुनन्गिल जिलेके शासक विमलादित्यको शनिग्रहकी पीड़ासे मुक्त करनेके उपलक्ष्यमें अर्ककीर्ति मुनिको शिलाग्रामके जैन मन्दिरके लिए एक गाँव भेंट किया गया था।

३–शतपदीके उद्धरण परिशिष्टमें देखिए।

शायद इन्हीं आचरणोंको लक्ष्य करके आशाधरने अपने पूर्ववर्ती किसी विद्वानका कहा हुआ पूर्वोक्त श्लोक उद्धृत किया है जिसमें कहा है कि भ्रष्टचरित्र पंडितों और बठर मुनियोंने जिनचन्द्रका निर्मल शासन मलिन कर दिया।

इस तरह दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनों ही सम्प्रदायोंमें चैत्यवासकी उत्पत्ति, उसका विकास और ह्रास लगभग एक ही ढंगसे हुआ। मनुष्य-स्वभावने, देशकी परिस्थितियोंने और कालके प्रभावने भी दोनों सम्प्रदायोंमें लगभग एक-सा ही काम किया।

**तेरापन्थका उदय**—हम ऊपर कह आये हैं कि विक्रमकी सत्रहवीं सदीमें पं० बनारसीदासने दिगम्बर सम्प्रदायके चैत्यवासियोंके विरोधमें एक विधि-मार्ग जैसे स्वतन्त्र पन्थकी नीव डाली, जो आगे चलकर तेरापन्थ कहलाया।

तेरापन्थ नाम जब प्रचलित हो गया, तब भट्टारकोंका पुराना मार्ग बीसपन्थ कहलाने लगा। इन नामोंकी व्युत्पत्ति बतलानेवाले जो कई प्रवाद प्रचलित हैं, जैसे 'तेरह प्रकारके चारित्रको जो पाले वह तेरहपंथी' और 'हे भगवान् यह तेरा पन्थ है,' आदि, उनमें कोई तथ्य नहीं और न उनसे असलियतपर कुछ प्रकाश ही पड़ता है।

बहुत सभव है कि ढूँढियों[1] (स्थानकवासियों) मेंसे निकले हुए तेरापंथियोंके जैसा निन्द्य बतलानेके लिए भट्टारकोंके अनुयायी इन्हें तेरापंथी कहने लगे हों और धीरे धीरे उनका दिया हुआ यह कच्चा 'टाइटल' पक्का हो गया हो; साथ ही वे स्वयं तेरहसे बड़े बीसपन्थी कहलाने लगे हों। यह अनुमान इस लिए भी ठीक जान पड़ता है कि इधरके लगभग सौ डेढ़ सौ वर्षके ही साहित्यमें तेरापन्थके उल्लेख मिलते हैं[2], पहलेके नहीं।

---

१-लोकाशाहने विक्रम सवत् १५३० के लगभग ढूंढक सम्प्रदायकी और भीखमजीने स० १८१८ के लगभग तेरापन्थकी स्थापना की।

२-सन्त भीखमजीका जन्म असाढ सुदी १३ स० १७८३ में मारवाड़के कटालिया गाँवमें हुआ था। टोकरजी, हरनाथजी, भारमलजी, वीरभाणजी आदि १२ साधु और भी इनके साथ थे। तेरह श्रावक भी। इसलिए इस पथका नाम 'तेरापथ' पड़ा। सवत् १८१८ के लगभग इन सब साधुओंने पुनर्दीक्षा ली।—देखो, श्रीचन्द्र रामपुरिया लिखित सन्त भीखमजी।

अभी तक कोई ऐसा प्रमाण नहीं मिला जिससे एक जुदा दल या पन्थके रूपमें इस भट्टारकविरोधी मार्गका अस्तित्व विक्रमकी सत्रहवीं सदीके पहले माना जाय। इस लिए हमारा विश्वास है कि इस दलके मुख्य प्रवर्तक समयसार नाटक आदि ग्रन्थोंके लेखक और सुकवि पं० बनारसीदास ही थे और इसे उस समय 'बानारसी मत' नाम दिया गया था[1]।

## परिशिष्ट

### [ महेन्द्रसूरिकी शतपदीके उद्धरण ]

१– यदि च दिग्वासस्तत्कथं सादरिकाद्यारियोगपट्टकान् गृह्णन्ति। यदि तु पद्मकाद्यवात् लज्जापरिषहासहिष्णुतया च आवरणमपि गृह्णन्ति ततः कथं न परिदधति। नहि प्रावरणमुत्कलं परिधानं च निषिद्धमित्यस्ति क्वापि। अन्यच्च प्रावरणमपि प्रासुकेनैव वस्त्रेण यथालब्धेन् किमिति न क्रियते किमिति रजकादिहस्तेन हृदसरःप्रभृतिषु सशैवालनद्वित्रिचतुःपचेन्द्रियजीवाकुलेन क्षालनमनेकसत्त्वसंघातविघातकेनाशोधितेन्धनप्रज्वालितेन वह्निना रंजनादिकं विधाप्यते।

२—स्वभावसिद्धं सुलभं अल्पमूल्य च श्वेतकल्पं विना शीतकाले अनन्यसममहासावद्यसर्वत आधारसत्त्वज्वलनाधारामङ्गारशकटीं भजन्ते। शुषिरं सबीज च संस्तरणाद्यर्थं पलालमाश्रयन्ति। तैलाभ्यङ्गं च निषिद्ध कारयन्ति। जिनभवनगृहमडपादिष्वप्याशातनामगणयन्तः शीतभयाच्छेरते। ग्लानत्वे च गृहस्थसम्बन्धोन्यप्रत्युपेक्षनानि प्रमाणाधिकानि यतिजनायोग्यानि पटीद्विपटीबोरकरल्लिकादीनि प्रावृण्वन्ति।

३—तीर्थंकरानुकारमिच्छतां मठे निवसनमाधाकर्मकादिभोगं तृणपटीपरिधानं पिच्छिकाकमण्डलुधारण छद्मस्थानां धर्मदेशना शिष्यशिक्षादीक्षादिक सर्वमविधेयं स्यादिति।

४— यदि च भवतां जिनकल्पानुकारः सर्वथा परिग्रहपरित्यागो वा तत्किमिति अप्रत्युपेक्षणीयम्। शैवालाविलं नलिकामात्रद्वारमहोरात्रमपि जलसन्निधिदोषेण रात्रिभोजनस्य परिग्रहव्रतस्य च दूषणकारि पित्तलनाम्रलोहमयशृंखलाघट्वा (?)-कमण्डलुः दुःप्रत्युपेक्षितापिच्छिकावस्त्रोपानहश्च परिगृह्यन्ते कथं वा। पुस्तक-पुस्तिका-कपरिका-स्थपनिका-पुस्तकपट—योगपट्टकासनपट्ट—तृणपटीखदिरवटिकानालिकेरनाना-

१–देखो, अर्धकथानककी भूमिका।

विधौषधसन्निधयो ध्रियन्ते। अथैतावान् परिग्रहः पञ्चमकालत्वाद्ध्रियते तर्हि संयमोपष्टंभकेन लज्जाशीतत्राणादिहेतुना वर्षासु अप्कायादियतनकारिणा धर्मोपकरणेन वस्त्रादिनापि किमपराद्धं। कथं च जिनकल्पानुकारिणमात्मानं मन्यमानापि स्त्रीभिश्चरणप्रक्षालनादिकमार्यिकाभिः सहैकत्रवासः चैत्यनिवासः आर्यिकाभिर्भक्त-संस्कारः सुखासनादिपरिभोगः ज्योतिर्निमित्तचिकित्सामन्त्रवादधातुर्वादार्घकाण्ड-क्षुद्रविद्यादिप्रयोजनः सचित्तपुष्पपत्रैः पादाभ्यर्चनं सचित्तजलघृष्टचन्दनेन पादा-नुलेपनं कुङ्कुमादिनाचरणाङ्गरागः कनकरजतादिभिश्चरणपूजनं सचित्तजलेन चरणप्रक्षालनं दुग्धघृतचिक्कसाभिश्चरणस्नानं सदसि व्याख्यानं शिष्यदीक्षणं बहुसाधुमध्ये निवसन सदैवैकत्रावस्थानमित्यादीनि कुर्वन्ति।

शतपदीके इन अवतरणोंसे इस बातका पता लगता है कि विक्रम संवत् १२९४ में बल्कि उससे भी पहले दिगम्बर साधु प्रायः भट्टारकों ही सरीखे आचरण करते थे। मन्दिरमें रहते थे, अर्जिकाएँ भी वहीं रहती थीं, कभी कभी अर्जिकाओंसे भोजन बनवा लेते थे, ज्योतिष मंत्र निमित्तज्ञानादिके भी प्रयोग करते थे, पालकियोंपर चढते थे, और दवाइयाँ रखते थे। इस तरह मुनिपदके अयोग्य बहुतसे काम करते थे।

# छान-बीन

## १—संघी, संघवी, सिंघई, सिंगई,

ये सब शब्द 'संघपति' के अपभ्रंश हैं। संघपतिके प्राकृत रूप 'संघवई', 'संघवइ' होते हैं। गुजरात काठियावाड़में प्रचलित 'संघवी' शब्द बुन्देलखण्ड आदिमें 'सिंघई' या 'सिंगई' हो गया है। राजपूतानेका 'संघी' या 'सिंघी' पद भी इसीका रूप है। महाराष्ट्रमें यह 'सिंगवे' या 'संगवे' हो गया है।

प्राचीन कालमें धनी मानी लोग तीर्थयात्राके लिए बड़े बड़े संघ निकालते थे, जिनमें मुनि आर्यिका श्रावक-श्राविकारूप चतुर्विध संघ होता था। उन दिनों यात्राकार्य बड़ा कठिन था। सबकी जान-मालकी रक्षा करना, यात्रामें किसीको किसी प्रकारका कष्ट न होने देना, सारा प्रबन्ध करना, सारा खर्च उठाना यह साधारण काम नहीं था। इसका भार जो कोई उठाता था, शायद वही संघपति कहलाता था।

श्वेताम्बर सम्प्रदायमें शत्रुंजय, गिरनार आदिके लिए संघ निकालनेकी परंपरा अनवच्छिन्न रूपसे अबतक चली आ रही है और अब भी इस तरहके संघ निकालनेवाले संघपतिकी पदवीसे विभूषित किये जाते हैं, परन्तु दिगम्बर-सम्प्रदायमें बीचमें यह परम्परा नष्ट-सी हो गई थी। उसके पहलेके अवश्य ही इसके बहुतसे प्रमाण मिलते हैं। फिर भी इस पदवीका मोह नष्ट नहीं हुआ। इसलिए संघ निकालनेके बदले जो लोग भगवानका गज-रथ निकालने लगे, उन्हें भी पीछेसे यह पदवी दी जाने लगी। अब बुन्देलखण्ड और मध्यप्रदेशकी परवार, गोलापूर्व, गोलालारे, बघेरवाल, आदि जातियोंके लोग गजरथ निकालकर ही 'सिंघई' या 'सिंगई' बनते हैं, संघकी बातको तो शायद वे भूल ही गये हैं।

खण्डेलवालों और दूसरी कुछ जातियोंमें भी 'संघी' पद है। परन्तु जान पड़ता है, वह पुराने संघपतियोंके ही वंशमें चला आया हुआ पद है, गजरथ चलाकर प्राप्त किया हुआ नहीं।

बड़े-बड़े नगरोंमें जहाँ जैनोंका जन-संघ काफी होता था, ऐसा मालूम होता है कि वहाँका सर्वप्रधान मुखिया भी 'संघपति' कहलाता था।

प्राचीन शिलालेखों, प्रतिमालेखों और ग्रन्थ-प्रशस्तियोंमें संघपतिका संक्षिप्तरूप 'सं०' लिखा मिलता है। शायद यह पद आगेके वंशधरोंको भी परम्परासे प्राप्त होता था।

## २—साधु और साहु

'साधु' शब्दका प्राकृत रूप 'साहु' होता है, और चूंकि 'साहु' लोक-भाषामें प्रचलित एक पदवी थी, इसलिए जब संस्कृतके लेखकोंको अपनी संस्कृत-रचनामें उसके निर्देशकी आवश्यकता हुई, तब उन्होंने उसका संस्कृतरूप 'साधु' बना लिया और साहुकी पत्नी 'साहुणी' को 'साध्वी'। परन्तु इन शब्दोंसे प्रायः भ्रम हो जाया करता है। आम तौरसे साधु शब्दका उच्चारण करते ही हमारे सामने मुनि या यतिका भाव आ जाता है और साध्वीसे आर्यिका या तपस्विनीका। परन्तु ग्रन्थ-प्रशस्तियों और प्रतिमा-लेखों आदिमें साधु शब्द साहू-कार या धनी गृहस्थके अर्थमें ही अधिकतासे व्यवहार किया गया है और साध्वी उसकी पत्नीके लिए।

पं० आशाधरने अपनी प्रशस्तिमें एक जगह लिखा है—"मुग्धबुद्धिप्रबोधाय महीचन्द्रेण साधुना, धर्मामृतस्य सागारधर्मटीकास्ति कारिता।" इसका अर्थ बड़े बड़े पण्डितोंनकने यही कर डाला है कि महीचन्द्र नामक साधुने टीका बनवाई। परन्तु वास्तवमें महीचन्द्र एक साहु या सेठ थे। यथार्थमें साहु या शाह शब्द फारसी भाषाका है जिसका अर्थ स्वामी, राजा, सज्जन, महाजन आदि होता है। मुसलमान-कालमें यह शब्द लोकभाषामें प्रचलित हो गया था। संस्कृतमें भी साधु शब्द भला, सज्जन आदि अर्थोंमें व्यवहृत होता था, इसलिए यद्यपि 'साहु' का 'साधु' रूप बहुत दूरवर्ती नहीं हो जाता है, फिर भी यह 'साहु' शब्द संस्कृतसे आया हुआ नहीं मालूम होता। गुजरातमें यह 'शाह' या 'शा' रूपमें भी प्रचलित है।

## ३—पति-पत्नीके समान नाम

कथा-ग्रन्थोंमें अक्सर भविष्यदत्त सेठ भविष्यदत्ता सेठानी, सोमदत्त ब्राह्मण सोमश्री ब्राह्मणी, धनदत्त धनदत्ता, यज्ञदत्त यज्ञदत्ता आदि पति-पत्नियोंके एकसे नाम मिलते हैं। इससे पढ़नेवालोंको यह खयाल हो जाता है कि ये सब कल्पित नाम हैं और यों ही गढ़ लिये गये हैं। यह हो सकता है कि बहुत-सी कथायें कल्पित हों, कल्पित कथायें बनानेके लिए कोई रुकावट भी नहीं है, परन्तु केवल इस प्रकारके नामोंसे ही उन्हें कल्पित नहीं कहा जा सकता। जिस तरह आजकल पतिके नामके पूर्व 'मिसिस' या 'श्रीमती' जोड़ देनेसे उसकी पत्नीका बोध होता है उसी तरह जान पड़ता है पूर्वकालमें भी बहुधा पतिके नामके आगे श्री, दे (देवी), ही (हो) जोड़ देने या लिंग-परिवर्तन कर देनेसे पत्नीका नाम हो जाता था। प्राचीन लेखों और ग्रन्थ-प्रशस्तियोंमें इस तरहके बहुत-से उदाहरण मिलते हैं। जैसे—

"संवत् १७९७ वर्षे श्रावणसुदि १४ शनिवासरे श्रीमूलसंघे बलात्कारगणे सरस्वतीगच्छे कुन्दकुन्दाचार्यान्वये भट्टारक श्रीदेवेन्द्रकीर्तिदेवास्तत्पट्टे भट्टारक श्रीमहेन्द्रकीर्तिस्तदाम्नाये सवाई जयपुरमध्ये श्रीपार्श्वनाथचैत्यालये बिलालागोत्रे साह श्रीहर (हीरा) राम तस्य भार्या हीरादे, तयोः पुत्रः साहश्री सांवलदासजी तस्य भार्या सांवलदे, तयोः पुत्रौ द्वौ प्रथम साह श्री नैणसुखजी तस्य भार्या नैणादे, तयोः पुत्रौ द्वौ—चिरंजीवि हितरामजी द्वितीय भागचन्द्रः। सांवलदासस्य द्वितीय पुत्रः साहजी श्री गोपीरामजी। तस्य भार्ये द्वे। एतेषां मध्ये साहजी श्रीगोपीरामजी इदं पुस्तकं षट्कर्मोपदेशरत्नमालानामकं आचार्य श्रीक्षेमकीर्तिजी तच्छिष्य पंडित गोवर्द्धनदासाय लिखादि (?) घटापितं ज्ञानावरणीकर्मक्षयार्थं। श्रीरस्तुकल्याण-मस्तु। शुभं भवतु।"

जयपुरके उक्त भण्डारमें ही पंडित जिनदास वैद्यका 'होलीरेणुकापर्वचरित्र' नामका ग्रन्थ (गठरी ६, नं० १, पत्र ५६, श्लोक ८४३) है, जिसकी प्रशस्तिमें जिनदास वैद्यकी विस्तृत पूर्व-कुलपरम्परा दी हुई है। उसमें फिरोजशाह, ग्यासुद्दीन और नादिरशाह आदि बादशाहोंके द्वारा सम्मानित पं० हरपति, पद्म, औह और बिंझकी प्रशंसा की गई है और फिर लिखा है कि बिझके पुत्र धर्मदास वैद्य-

१—भट्टारक सकलभूषणके इस ग्रन्थकी प्रति जयपुरके पाटोदीजीके मंदिरमें (गठरी नं० ८, ग्रन्थ नं० ४, पत्रसंख्या १३६, श्लोकसंख्या ३५८०) है।

शिरोमणि थे। इन धर्मदासकी पत्नीका नाम धर्मश्री था—'धर्मश्रीरितिनामतोऽस्य वनिता देवादिपूजारता।'

इन दोनोंके 'रेखा' नामक पुत्र हुआ जिसका रणथंभोरमें शेरशाह नरेन्द्रने सम्मान किया। रेखाकी पत्नीका नाम 'रेखा-श्री' था—'भार्यास्य सद्‌गुणोपेता नाम्ना रेखासिरिः स्मृता।'

इन्हींके पुत्र ग्रन्थकर्त्ता जिनदास हुए। वैद्य जिनदासकी पत्नीका नाम भी दिया है परन्तु वह ठीक ठीक पढ़ा नहीं गया।

बम्बईके ऐ० प० सरस्वतीभवनमें धर्मशर्माभ्युदय-टीकाकी स० १६५२ की लिखी हुई एक प्रति है, उसमें गोधा गोत्रके सा० पंचाइणकी बड़ी लम्बी वंश-प्रशस्ति दी है, उसमें सा० नूना भार्या नूनसिरि, सा० जीवा भार्या जीवलदे, सा० पूना भार्या पुनसिरि, सा० मल्लिदास भार्या मल्लिसिरि आदि पति-पत्नियोंके नाम दिये हैं।

करकंडुचरिउ (कारंजा-सीरीज) की प्रतिके अन्तमें यह प्रशस्ति दी है—"संवत् १५९७ वर्षे......खंडेलवालान्वये गोधागोत्रे साहा नादा (नयण) तद्भार्या नयणश्री, तत्पुत्र साह मेहा तद्भार्या द्वे प्रथमा मेहादे द्वितीया सुहागदे, तत्पुत्रौ द्वौ प्रथम साह करमा......."

मुनि श्रीजिनविजयद्वारा संपादित 'प्राचीन जैन-लेख-संग्रह' में पाली ग्रामका एक लेख (नं० ४३३) इस प्रकारका है—"स० १५०७ वर्षे फा० व० ३ बुधे ओशवंशे बहरा हीरा भा० हीरादे, पु० व० षेता भा० षेतलदे, पु० व० हिमति पितृश्रेयसे श्रीशान्तिनाथबिंबं कारितं श्रीखरतरगच्छे श्रीजिनभद्रसूरि-श्रीजिनसागरसूरिभिः प्रतिष्ठिता।"

इस तरहके और भी अनेक उदाहरण दिये जा सकते हैं। यह पद्धति जान पड़ता है अब भी कहीं कहीं प्रचलित है। पहले घाटकोपर (बम्बईका उपनगर) में मैं जिन धनी सेठके मकानमें रहता था, वे दो भाई हैं और कच्छी हैं। उनमें एक भाईका नाम वेलजी और उनकी पत्नीका नाम वेला-बहू है। दूसरे भाईका नाम मैं भूल गया हूँ, परन्तु उनकी पत्नीका नाम भी उनके नामके साथ ही 'बहू' जोड़कर रक्खा हुआ है।

करीब करीब सभी जगह स्त्रीके दो नाम होते हैं एक पिताके घरका और दूसरा

पतिके घरका। पतिके घर आनेपर उसे नया नाम दिया जाता है। कोई नया नाम रखनेकी अपेक्षा पतिके नामके साथ श्री, देवी, ही, बहू आदि जोड़कर नया नाम बना लेना अधिक सुभीतेका है। परन्तु स्त्रियाँ अपने पतिका नाम लेनेमें सकोच करती हैं और इस तरह उनके नाममें भी पतिके नामका उच्चारण हो जाता है, शायद इसी लिए इस सुन्दर पद्धतिका विस्तार नहीं हुआ और यह धीरे धीरे बन्द हो गई।

## ४—साधुओंका बहुपत्नीत्व

हमारे भंडारोंमें जो हस्तलिखित ग्रन्थ हैं, उनके अन्तमें ग्रंथकर्त्ताओंकी प्रशस्तियोंके सिवाय ग्रन्थ लिखानेवालों और उन्हें 'ज्ञानावरणी-कर्मक्षयार्थं' दान करनेवालोंकी भी प्रशस्तियाँ रहती हैं। इनमें प्रायः उनके सारे कुटुम्बके नाम रहते हैं। उनमें ऐसे बहुतसे संघपतियों या साधुओं (साहुओं) के नाम मिलते हैं जिनके एकाधिक स्त्रिया होती थीं। उनकी प्रथमा, द्वितीया, तृतीया भार्याओंके नाम और उनके पुत्रों तथा पुत्रवधुओंके नाम भी रहते हैं। इससे पता लगता है कि उस समय प्रतिष्ठित धनी कुलोंमें बहुपत्नीत्वका आम रिवाज था और वह शायद प्रतिष्ठाका ज्ञापक भी था। कमसे कम अप्रतिष्ठाका कारण तो नहीं समझा जाता था। उदाहरणके लिए हम यहाँपर केवल पं० राजमलकी वि० सं १६४१ में बनी हुई लाटीसंहिताकी विस्तृत प्रशस्तिका कुछ अंश उद्धृत कर देना काफी समझते हैं—

> तत्रत्यः श्रावको भारू भार्या तिस्रोऽस्य धार्मिकाः।
> कुलशीलवयोरूपधर्मबुद्धिसमन्विताः॥ १०॥
> नाम्ना तत्रादिमा मेघी द्वितीया नाम रूपिणी।
> रत्नगर्भा धरित्रीव तृतीया नाम देविला॥ ११॥

अर्थात् भारू नाम श्रावककी मेघी, रूपिणी और देविला नामकी तीन स्त्रियाँ थीं। आगे चलकर संघपति भारूके नाती न्योताके विषयमें लिखा है।

> न्योतासंघाधिनाथस्य द्वे भार्ये शुद्धवंशजे॥
> आद्या नाम्ना हि पद्माही गौराही द्वितीया मता॥ १२

अर्थात् संघपति न्योताकी पद्माही और गौराही नामकी दो स्त्रियाँ थी। न्योताके पुत्र देईदासके भी दो भार्या थीं—एक रामूही और दूसरी कामूही··

भार्या देईदासस्य रामूही प्रथमा मता ॥
कामूही द्वितीया ज्ञेया भर्तृश्छन्दानुगामिनी ॥ १९

इसी वंशमे आगे संघपति भोल्हाकी भी छाजाही, वीधूही आदि तीन और सं० फामणकी डूगरही और गंगा ये दो स्त्रियाँ बतलाई हैं।

रायमल्लाभ्युदय और पार्श्वनाथचरितकी प्रशस्तिमें चौधरी रायमल्ल और उनके भाईयों तथा पुत्र पौत्रोंकी दो दो तीन स्त्रियों और उनकी सन्तानोंके नाम दिये हैं। धर्मशर्माभ्युदय-टीकाकी जिस प्रतिका उल्लेख किया गया है, उसके लिखनेवालेके कुटुम्बकी जो सूची दी है, उसमे भी प्रायः सभी साहुओंकी दो दो तीन तीन भार्यायें हैं, एक तो किसीकी भी नहीं है और सभीके दो दो तीन तीन पुत्रोंके भी नाम दिये हैं।

ऐसा नहीं मालूम होता कि सन्तानादि न होनेके कारण उक्त धनी लोग अनेक शादियाँ करते थे, क्योंकि प्रायः उन स्त्रियोंके पुत्रोंके भी उल्लेख हैं और उन्हें कुल, शील, रूप, धर्मबुद्धियुक्त और पतिच्छन्दानुगामिनी भी बतलाया है। ऐसी दशामें यही कहा जा सकता है कि उस समय अनेक पत्नियाँ होना बड़े लोगोंकी शोभा थी और यह इतनी रूढ़ थी कि इसमें दोषकी कल्पना ही नहीं हो सकती थी।

## ५—पराशरस्मृतिके श्लोकका अर्थ

नष्टे मृते प्रव्रजिते क्लीबे च पतिते पतौ।
पञ्चस्वापत्सु नारीणां पतिरन्यो विधीयते ॥

पराशरस्मृतिके इस श्लोकका सीधा अर्थ यह है कि पतिके लापता हो जाने पर, मर जाने पर, साधु हो जाने पर, नपुंसक होने पर और पतित हो जाने पर, इस तरह इन पाँच आपत्तियोंमें स्त्रियोंके लिए दूसरा पति करनेकी या पुनर्विवाहकी विधि है। परन्तु व्याकरणके साधारण नियमके अनुसार 'पति' शब्दका सप्तमी विभक्तिमें 'पतौ' रूप नहीं बनता है, 'पत्यौ' बनता है। इस लिए विधवा-विवाहके विरोधी 'पति' शब्दको 'पतिरिव पतिः' (जिसके साथ सगाईकी गई हो विवाह नहीं हुआ हो, इस लिए जो पतिके ही समान हो) कहकर उसका 'पतौ' रूप मानकर अर्थ करते हैं। परन्तु वास्तवमें यह अर्थ गलत है। स्मृति-

कारने ' पतौ ' रूप विवाहित पतिके लिए ही व्यवहृत किया है। इसके लिए एक बहुत पुराना प्रमाण अमितगतिकी धर्मपरीक्षामें मिलता है जो कि वि० सं० १०७० की बनी हुई है। इस ग्रन्थके ग्यारहवें परिच्छेदमें मण्डपकौशिककी कथाके नीचे लिखे श्लोक देखिए—

तैरुक्तं विधवा क्वापि त्वं संगृह्य सुखी भव।
नोभयोर्विद्यते दोष इत्युक्तस्तापसागमे ॥ ११ ॥
पत्यौ प्रव्रजिते क्लीबे प्रनष्टे पतिते मृते।
पञ्चस्वापत्सु नारीणां पतिरन्यो विधीयते ॥ १२ ॥
तेनातो विधिना ग्राहि तापसादेशवर्तिना।
स्वयं हि विषये लोलो गुर्वादेशेन किं पुनः ॥ १३ ॥

इससे मालूम होता है कि विक्रमकी ग्यारहवीं शताब्दीमें भी उक्त श्लोकका विधवाविवाह-पोषक अर्थ ही माना जाता था और उसका शायद एक पाठान्तर भी प्रचलित था जिसका रूप १२ वें नम्बरके श्लोक जैसा था।

सत्यके अनुरोधसे यह कह देना आवश्यक है कि उक्त कथामें ग्रन्थकर्ता अमितगतिका जो रुख है, वह विधवा-विवाहका विरोधी ही मालूम होता है। उन्होंने पराशरका उक्त श्लोक उद्धृत करके बतलाया है कि तापसोंके ( ब्राह्मण ऋषियों ) के शास्त्रमें विधवा-विवाहका विधान है और यह कहकर उनका मजाक उड़ाया गया है, अर्थात् ग्यारहवीं सदीमें भी लोकमत विधवा-विवाहका विरोधी था।

## ६—तीर्थंकर महावीरका वंश

बौद्ध ग्रन्थोंमें ती० महावीरका ' निगंठ नातपुत्त ' के नामसे उल्लेख मिलता है। ' निर्ग्रन्थ ज्ञातृपुत्र ' यह उसका संस्कृतरूप है। प्राचीनकालमें वंशके नामसे भी लोगोंका परिचय दिया जाता था। महात्मा बुद्धदेव शाक्यवंशके थे, इस कारण वे, ' शाक्य-पुत्र ' कहलाते थे। भगवान् महावीर ' ज्ञातृ ' नामक क्षत्रिय-कुलके थे, इस कारण उन्हें ज्ञातृपुत्र ( नातपुत्त ) कहते थे। शाक्यपुत्र या बुद्धदेवके अनुयायी श्रमण या साधु शाक्यपुत्रीय और भगवान् महावीर या

१—धर्मपरीक्षाके ' एकदापरिणीतापि ' आदि तीन श्लोकोंसे व्यासादिके द्वारा पुनर्विवाह-पोषण सिद्ध होता है।

नातपुत्तके अनुयायी साधु नातपुत्तीय ( ज्ञातृपुत्रीय ) कहलाते थे। पाली ग्रन्थोंमें जैन साधुओंका उल्लेख प्रायः इसी नामसे हुआ है। दिगम्बरसम्प्रदायके ग्रन्थोंमें ती० महावीरके वंशका नाम 'नाथ-वंश' लिखा है; परन्तु हम लोग प्रायः भूल ही गये हैं कि यह 'नाथ' शब्द 'ज्ञातृ' शब्दका ही पाली या प्राकृतरूप है। हमारे द्वादशांगश्रुतमें एक अंगका नाम 'णायाधम्मकहा' (ज्ञातृधर्मकथा) है। गुजरात-विद्यापीठके अध्यापक पं० बेचरदासजीने इसका अर्थ किया है 'भगवान महावीरकी धर्मकथायें'। अर्थात् वे 'ज्ञातृ' शब्दको भगवान् महावीरका वाचक मानते हैं।

बौद्ध धर्मके धुरन्धर पंडित त्रिपिटकाचार्य राहुल साकृत्यायनने अपनी 'बुद्ध-चर्या' में इस ज्ञातृवंशके विषयमें एक नई बात लिखी है। उनके मतसे यह ज्ञातृजाति लिच्छवियोंकी[1] ही एक शाखा थी, जो वैशालीके आसपास रहती थी। इस समय भी वैशाली ( वर्तमान बसाढ़ जिला मुजफ्फरपुर ) के आसपास जथरिया नामकी एक जाति रहती है, जो भूमिहारोंकी एक शाखा है। उनका खयाल है कि 'ज्ञातृ' से ही अपभ्रष्ट होकर यह 'जथरिया' शब्द बना है, और जथरियोंका प्रधान निवासस्थल 'रत्ती' परगना भी ज्ञातृ-नत्ती-लत्ती-रत्तीसे बना है। उनकी यह दलील और भी जोरदार है कि भगवान् महावीर और जथरिया जाति इन दोनोंका ही गोत्र 'काश्यप' है।

इस समय भूमिहार लोग अपनेको 'ब्राह्मण' कहते हैं; परन्तु दूसरे लोग उन्हें ब्राह्मण नहीं मानते। वास्तवमें वे क्षत्रिय ही हैं और उनके नाम सिंहान्त होते हैं। इस वंशमें अब भी बहुतसे जमीन्दार और राजा हैं।

## ७—शूद्रोंके लिए जिनमूर्तियाँ

प्रायः जैनमन्दिरोंके शिखरोंपर और दरवाजोंकी चौखटोंपर जिनमूर्तियाँ दिखलाई देती हैं। उनके विषयमें कुछ सज्जनोंने, कुछ ही समयसे यह कहना शुरू किया है कि उक्त मूर्तियाँ शूद्रों और अस्पृश्योंके लिए स्थापित की जाती रही हैं, जिससे वे मन्दिरोंमें प्रवेश किये बिना बाहरसे ही भगवान्के दर्शनोंका सौभाग्य प्राप्त कर सकें। यह बात कहने सुननेमें तो बहुत अच्छी मालूम होती है, परन्तु अभीतक इस विषयमें किसी शिल्पशास्त्र, प्रतिष्ठा-पाठ या पूजा-प्रकरणका कोई

१–भगवान्की माता 'त्रिशला' इसी लिच्छवि वंशकी थीं।

प्रमाण उपस्थित नहीं किया गया है और यह बात कुछ समझमें भी नहीं आती है कि जो लोग दर्शन-पूजन-पाठादिके अधिकारी ही नहीं माने जाते हैं, उनके लिए शिखरोंपर या द्वारोंपर मूर्तियाँ जड़नेका परिश्रम क्यों आवश्यक समझा गया होगा। यदि शूद्रों या अस्पृश्योंको दूरसे दर्शन करने देना ही अभीष्ट होता, और उनके आने जानेसे मन्दिरोंका भीतरी भाग ही अपवित्र होनेकी आशंका होती, तब तो मंदिरोंके बाहर दीवालोंमें या आगे खुले चबूतरोंपर ही मूर्तियाँ स्थापित कर दी जातीं, और ऐसा प्रबन्ध कर दिया जाता, जिससे वे समीप आये बिना दूरसे ही वन्दना कर लेते। इसके सिवाय जो लोग इन अभागे प्राणियोंको दूरसे दर्शन करने देनेमें कोई हानि नहीं समझते हैं, उन्होंने क्या कभी यह भी सोचा है कि दूरसे दर्शन करनेवाले उक्त प्रतिमाओंके उद्देश्यसे पुष्पादि भी तो चढ़ा सकते हैं ? तब क्या दूरसे किया हुआ पूजन पूजन नहीं कहलायगा ? और क्या मन्दिर मूर्तिसे भी अधिक पवित्र होता है ?

मेरी समझमें तो शिखरपर या द्वारपर जो मूर्तियाँ रहती हैं, उनका उद्देश्य केवल यह प्रकट करना होता है कि उस मन्दिरमें कौन-सा देव प्रतिष्ठित है, अर्थात् वह किस देवताका मन्दिर है। वास्तवमें वह मुख्य देवका संक्षिप्त चिह्न होता है जिससे लोग दूरसे ही पहचान जायँ कि यह अमुकका मन्दिर है। अभी मैं पूने गया था, वहाँ संगमपर ऐसे बहुतसे मन्दिर देखे, जिनके द्वारोंपर उन मन्दिरोंके मुख्य देवोंकी छोटी छोटी प्रतिकृतियाँ लगी हुई हैं।

ता० ९ अगस्त १९५३ के 'नवभारत टाइम्स' में श्रीमती गोमती रावतने 'खजुराहो' शीर्षक लेखमें लिखा है—"यहाँके गर्भ गृहके दरवाजोंपर उत्कीर्ण देव-प्रतिमाको देखकर ही प्रधान देवका अनुमान किया जा सकता है।"

## ८—दक्षिणकी जैन जातियाँ

दक्षिण महाराष्ट्र-जैनसभाने अपने यहाँकी अन्तर्जातियोंको एक करनेके सम्बन्धमें एक प्रस्ताव पास किया है। उसके अनुसार प्रचार करनेके लिए सभाके महामन्त्री श्रीयुत कुदले महाशयने दौरा करके उसकी एक रिपोर्ट लिखी है। उससे मालूम हुआ कि दक्षिण महाराष्ट्र और कर्नाटक प्रान्तमें ( मैसूर स्टेटको छोड़कर ) जैनोंकी केवल चार जातियाँ हैं, ( १ ) पंचम, ( २ ) चतुर्थ, ( ३ ) कासार बोगार और ( ४ ) शेतवाल। पहले ये चारों जातियाँ एक ही थीं और

'पंचम' कहलाती थीं। 'पंचम' यह नाम वर्णाश्रमी ब्राह्मणोंका दिया हुआ है। प्राचीन जैनधर्म जन्मतः वर्णव्यवस्थाविरोधी था, इसलिए उसके अनुयायियोंको ब्राह्मण लोग अवहेलना और तुच्छताकी दृष्टिसे देखते थे और चातुर्वर्णसे बाहर पाँचवे वर्णका अर्थात् 'पंचम' कहते थे। जिस समय जैनधर्मका प्रभाव कम हुआ और उसे राजाश्रय नहीं रहा, उस समय धीरे धीरे यह नाम रूढ होने लगा और अन्ततोगत्वा स्वयं जैनधर्मानुयायियोंने भी इसे स्वीकार कर लिया! ऐसा जान पड़ता है कि नवीं दसवीं शताब्दिके लगभग यह नामकरण हुआ होगा। इसके बाद वीरशैव या लिंगायत सम्प्रदायका उदय हुआ और उसने इन जैनों या पंचमोंको अपने धर्ममें दीक्षित करना शुरू किया। लाखों जैन लिंगायत बन गये; परन्तु लिंगायत हो जानेपर भी उनके पीछे पूर्वोक्त 'पंचम' विशेषण लगा ही रहा और इस कारण इस समय भी वे 'पंचम लिंगायत' कहलाते हैं। उस समय तक चतुर्थ, शेतवाल आदि जातियाँ नहीं बनी थीं, इस कारण जो लोग जैनधर्म छोड़कर लिंगायत हुए थे, वे 'पंचम लिंगायत' ही कहलाते हैं 'चतुर्थ लिंगायत' आदि नहीं। दक्षिणमें मालगुजार या नम्बरदारको पाटील कहते हैं। वहाँके जिस गाँवमें एक पाटील लिंगायत और दूसरा पाटील जैन होगा, अथवा जिस गाँवमें लिंगायत और जैन दोनोंकी बस्ती होगी, वहाँ लिंगायत पंचम जातिके ही आपको मिलेंगे और जिस गाँवमें पहले जैनोंका प्राबल्य था, वहाँके सभी लिंगायत पंचम होंगे। अनेक गाँव ऐसे हैं, जहाँके जैन पाटीलों और लिंगायत पाटीलोंमें कुछ पीढ़ियोंके पहले परस्पर सूतक तक पाला जाता था। जिस गाँवके जैन पाटीलोंमें चतुर्थ और पचम दोनों भेद हैं, वहाँके लिंगायत पाटील केवल पंचम हैं। इससे मालूम होता है कि लिंगायत सम्प्रदायके जन्मसे पहले बारहवीं शताब्दि तक सारे दाक्षिणात्य जैन पंचम ही कहलाते थे, चतुर्थ आदि भेद पीछेके हैं। दक्षिणके अधिकांश जैन ब्राह्मण भी—जो उपाध्याय कहलाते हैं—पंचम-जातिभुक्त हैं, चतुर्थादि नहीं। इससे भी जान पड़ता है कि ये भेद पीछेके हैं।

पहले दक्षिणके तमाम जैनोंमें परस्पर रोटी-बेटी-व्यवहार होता था और वे सब 'पंचम' कहलाते थे। लिंगायत सम्प्रदायका जोर होनेपर उनकी संख्या कम हो गई, इसलिए सोलहवीं शताब्दिके लगभग भट्टारकोंने अपने प्रान्तीय या या प्रादेशिक संघ तोड़कर जातिगत संघ बनाये और उसी समय जुदे जुदे मठोंके

अनुयायियोंको चतुर्थ, शेतवाल, बोगार अथवा कासार नाम प्राप्त हुए। साधारण तौरसे खेती और जमीन्दारी ( पाटीली ) करनेवाले चतुर्थ, काँसे पीतलके बर्तन बनानेवाले कासार या बोगार और केवल खेती और सिलाई तथा कपड़ेका व्यापार करनेवाले शेतवाल कहलाने लगे। ( हिन्दीमें जिन्हें कसेरे या तमेरे कहते हैं, वे ही दक्षिणमें कासार कहलाते हैं और मराठीमें खेतीका पर्यायवाची शब्द शेती या शेतकी है, जिससे कि शेतवाल शब्द बना है। ) और ये सब धंधे जिस मूल समुदायमें थे और जो पुराने नामसे चिपटे रहे, वे 'पंचम' ही बने रहे। इसी लिए पंचमोंमें ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य इन तीनों वर्णोंके धंधे करनेवाले प्रायः समान रूपसे मिलते हैं। कासारोंमें वैष्णव भी हैं। वैष्णव 'त्वष्टा कासार' कहलाते हैं और जैन 'पंचम कासार'। 'कासार' नाम पेशेके कारण है और 'पंचम' नाम धर्मके कारण। जिनसेन मठ ( कोल्हापुर ) के अनुयायियोंको छोड़कर और किसी मठके अनुयायी चतुर्थ नहीं कहलाते।

पंचम, चतुर्थ, शेतवाल और बोगार या कासारोंमें परस्पर रोटी-व्यवहार अबतक चालू है, इससे भी इनका पूर्वकालीन एकत्व प्रकट होता है। इन सभी जातियोंमें विधवा-पुनर्विवाह जायज है।

कुदले महाशयने अपनी रिपोर्टमें जो कुछ लिखा है, मेरे शब्दोंमें यह उसीका सार है। इससे दक्षिणकी उक्त चारों पाँचों जातियोंकी एकतापर बहुत कुछ प्रकाश पड़ता है; केवल 'चतुर्थ' नाम ही कुछ अँधेरेमें रह जाता है।

हमारा खयाल है कि उत्तरभारतकी जातियोंमें भी अनेक जातियाँ ऐसी हैं जिनका मूल एक है और पीछे उनकी ही शाखायें स्वतन्त्र जातियाँ बन गई हैं। उदाहरणार्थ पं० बखतरामजीने अपने 'बुद्धिविलास' नामक ग्रन्थके 'श्रावकोत्पत्तिवर्णन' नामक प्रकरणमें परवार जातिकी अठसखा, चौसखा, छःसखा, दोसखा, सोरठिया, गांगज और पद्मावतीपुरवार ये सात शाखायें बतलाई हैं।

## ९—यज्ञोपवीत और जैनधर्म

उपनयन या यज्ञोपवीत धारण सोलह संस्कारोंमेंसे एक संस्कार है। इस शब्दका अर्थ समीप लेना है।—उप=समीप, नयन=लेना। आचार्य या गुरुके निकट वेदाध्ययनके लिए लड़केको लेना अथवा ब्रह्मचर्याश्रममें प्रवेश कराना ही उपनयन है। इस संस्कारके चिह्नस्वरूप लड़केकी कमरमें मूँजकी डोरी बाँधनेको मौंजीबन्धन

और गलेमें सूतके तीन धागे डालनेको उपवीत, यज्ञोपवीत या जनेऊ कहते हैं— यज्ञेन संस्कृतं उपवीतम्। यह एक शुद्ध वैदिक क्रिया या आचार है और अब भी वर्णाश्रम धर्मके पालन करनेवालोंमें चालू है, यद्यपि अब गुरुगृहगमन और वेदाध्ययन आदि कुछ भी नहीं रह गया है।

यज्ञोपवीत नामसे ही प्रकट होता है कि यह जैनक्रिया नहीं है। परन्तु आदिपुराणमें श्रावकोंको भी यज्ञोपवीत धारण करनेकी आज्ञा दी गई है और तदनुसार दक्षिण तथा कर्नाटकके जैन गृहस्थोंमें जनेऊ पहना भी जाता है। इधर कुछ समयसे उनकी देखादेखी उत्तर भारतके जैनी भी जनेऊ धारण करने लगे हैं। परन्तु हमारी समझमें यह क्रिया प्राचीन नहीं है, सम्भवतः नवीं दसवीं शताब्दिके लगभग या उसके बाद ही इसे अपनाया गया है और शायद जिनसेनका आदिपुराण ही सबसे पहला ग्रन्थ है जिसने यज्ञोपवीतको भी जैनधर्ममें स्थान दिया है। इसके पहलेका और कोई भी ऐसा ग्रन्थ अबतक उपलब्ध नहीं हुआ है जिसमें यज्ञोपपवीत धारण आवश्यक बतलाया हो। उपलब्ध श्रावकाचारोंमें सबसे प्राचीन रत्नकरण्ड है, पर उसमे यज्ञोपवीतकी कोई भी चर्चा नहीं की गई है। अन्याय श्रावकाचार आदिपुराणके पीछेके और उसीका अनुधावन करनेवाले हैं, अतएव इस विषयमें उनकी चर्चा व्यर्थ है।

१—आचार्य रविषेणका पद्मपुराण आदिपुराणसे कोई डेढ़ सौ वर्ष पहलेका है। उसके चौथे पर्वका यह श्लोक देखिए —

> वर्णत्रयस्य भगवन् संभवो मे त्वयोदितः।
> उत्पत्तिः सूत्रकण्ठानां ज्ञातुमिच्छामि साम्प्रतम्॥ ८७॥

अर्थात् राजा श्रेणिक गौतम स्वामीसे कहते हैं कि भगवन्, आपने क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र इन तीन वर्णोंकी उत्पत्ति तो बतला दी, पर अब मैं सूत्र-कंठोंकी (गलेमें सूत लटकानेवाले ब्राह्मणोंकी) उत्पत्ति जानना चाहता हूँ।

पद्मपुराणसे पहलेके बने हुए प्राकृत पउमचरियमें भी ठीक इसी आशयकी एक गाथा है—

> वण्णाणसमुप्पत्ती तिण्हं पि सुया मए अपरिसेसा।
> यत्तो कहेह भयवं उप्पत्ती सुत्तकंठाणं॥ ६५

इन दोनों पद्योंका 'सूत्रकण्ठ' या 'सुत्तकंठ' शब्द ध्यान देने योग्य है जो

ब्राह्मणोंके लिए प्रयुक्त किया गया है। यह शब्द ब्राह्मणों और उनके जनेऊके प्रति आदर या श्रद्धा प्रकट करनेवाला नहीं है, इससे एक प्रकारकी तुच्छता या अवहेला ही प्रकट होती है। उक्त ग्रन्थकर्त्ताओंके भाव यदि यज्ञोपवीतके प्रति अच्छे होते, तो वे इसके बदले किसी अच्छे उपयुक्त शब्दका प्रयोग करते। इससे अनुमान होता है कि जब पउमचरिय और पद्मपुराण लिखे गये, तब जैनधर्ममें यज्ञोपवीतको स्थान नहीं था।

२–यदि जनेऊ धारण करनेकी प्रथा प्राचीन होती तो उत्तर भारत और गुजरात आदिमें इसका थोड़ा बहुत प्रचार किसी न किसी रूपमें अवश्य रहता, उसका सर्वथा लोप न हो जाता। हम लोग पुराने रीति-रवाजोंकी रक्षा करनेमें इतने कट्टर हैं कि बिना किसी बड़े भारी आघातके उन्हें नहीं छोड़ सकते। यह हो सकता है कि उन रीति-रवाजोंका कुछ रूपान्तर हो जाय परन्तु सर्वथा लोप होना कठिन है। इससे मालूम होता है कि उत्तर भारत और गुजरात आदिमें इसका प्रचार हुआ ही नहीं और शायद आदिपुराणका प्रचार हो चुकनेपर भी यहाँके लोगोंने इस नई प्रथाका स्वागत नहीं किया।

अबसे लगभग तीन-सौ वर्ष पहले आगरेमें पं० बनारसीदासने 'अर्द्ध-कथानक' नामकी एक पद्यबद्ध आत्मकथा लिखी है, जिसमें उनकी ५२ वर्ष तककी मुख्य मुख्य जीवन-घटनायें लिपिबद्ध हैं। एक बार बनारसीदास अपने एक मित्र और ससुरके साथ एक चोरोंके गाँवमें पहुँच गये। वहाँ रक्षाका और कोई उपाय न देखकर उन्होंने उसी समय धागा बँटकर जनेऊ पहिन लिये और ब्राह्मण बन गये!—

> सूत काढ़ि डोरा वट्यौ, किए जनेऊ चारि।
> पहिरे तीनि तिहूँ जने, राख्यौ एक उबारि॥
>
> माटी लीनी भूमिसों, पानी लीनों ताल।
> विप्र भेष तीनों बनें, टीका कीनों भाल॥

इस उपायसे वे बच गये, चोरोंके सर्दारने ब्राह्मण मानकर उन्हें छोड़ ही न दिया, अभ्यर्थना भी की और एक साथी देकर आगे तक पहुँचा दिया।

बनारसीदास जैनधर्मके मर्मज्ञ थे। यदि उन्हें इस क्रियापर श्रद्धा होती, तो वे अवश्य ही जनेऊधारी होते। इससे पता चलता है कि उस समय आगरे आदिके जैन जनेऊ नहीं पहिनते थे।

३–पद्मपुराण आदि कथा-ग्रन्थोंमें जिन जिन महापुरुषोंके चरित लिखे गये हैं, उनमें कहीं भी ऐसा नहीं लिखा कि उनका यज्ञोपवीत-संस्कार हुआ या उन्हें जनेऊ पहिनाया गया, जब कि उनकी विद्यारम्भ, विवाह आदि क्रियाओंका वर्णन किया गया है। कई महा पुरुषोंने अनेक प्रसंगोंपर जिनेन्द्रदेवकी पूजा की है, और वहाँ अनेक वस्त्राभूषणोंका वर्णन भी किया गया है, पर जनेऊका कोई उल्लेख नहीं।

४–श्वेताम्बर सम्प्रदायमें भी यज्ञोपवीत-क्रियाका विधान नहीं है और न जनेऊ पहननेका रिवाज है।

संसारका कोई भी धर्म, सम्प्रदाय या पन्थ अपने समयके और परिस्थितियोंके प्रभावसे नहीं बच सकता। उसके पड़ोसी धर्मोंका कुछ न कुछ प्रभाव उसपर अवश्य पड़ता है। वह उनके बहुतसे आचारोंको अपने ढंगसे अपना बना लेता है और इसी प्रकार उसके भी बहुतसे आचारोंको पड़ोसी धर्म ग्रहण कर लेते हैं। जैनधर्मकी अहिंसाका यदि अन्य वैष्णव आदि सम्प्रदायोंपर प्रभाव पड़ा है—उसे उन्होंने समधिक रूपमें ग्रहण कर लिया है, तो यह असंभव नहीं कि जैन धर्मने भी उनके बहुतसे आचारोंको ले लिया हो, अवश्य ही जैनधर्मके मूल तत्त्वोंके साथ सामंजस्य करके। मूलतत्त्वोंके साथ वह सामंजस्य किस प्रकार किया जाता है, इसके समझनेके लिए आदिपुराणका ४० वाँ पर्व देखना चाहिए जहाँ वैदिक ग्रन्थोंके ही समान अग्निकी पूजा विहित बतलाई गई है—

> न स्वतोऽग्नेः पवित्रत्वं देवताभूतमेव वा।
> किन्त्वर्हद्दिव्यमूर्तीज्यासम्बन्धात्पावनोऽनलः॥ ८८॥
> ततः पूजाङ्गतामस्य मत्वाऽर्चन्ति द्विजोत्तमाः।
> निर्वाणक्षेत्रपूजावत्तत्पूजाऽतो न दूष्यति॥ ८९॥
> व्यवहारनयापेक्षा तस्येष्टा पूज्यता द्विजैः।
> जैनैरध्यवहार्योऽयं नयोऽद्यत्वेऽग्रजन्मभिः॥ ९०॥

अर्थात् अग्निमें न स्वयं कोई पवित्रता है और न देवपना; परन्तु अर्हत भगवानकी दिव्यमूर्तिकी पूजाके सम्बन्धसे वह पवित्र हो जाता है। इसलिए द्विजोत्तम अर्थात् जैन ब्राह्मण अग्निको पूजाके योग्य मानकर पूजते हैं और निर्वाणक्षेत्रोंकी पूजाके समान इस अग्निपूजामें कोई दोष भी नहीं है। व्यवहार-

नयकी अपेक्षा उसकी ( अग्निकी ) पूजा द्विजोंके लिए इष्ट है और आजकल अग्रजन्मों या जैन ब्राह्मणोंको इसे व्यवहारमें लाना चाहिए।

इससे साफ मालूम होता है कि वैदिक धर्मकी आहवनीय, गार्हपत्य और दक्षिण अग्नियोंकी पूजाको ही कुछ परिवर्तित रूपमें जैनधर्ममें स्थान दिया गया है, पर इसके साथ ही जैन धर्मकी मूल भावनाओंकी रक्षा कर ली गई है। उपर्युक्त श्लोकोंके 'अद्यत्वे' ( आजकल या वर्तमान समयमें ) और 'व्यवहारनयोपक्षा' शब्द ध्यान देने योग्य हैं। इनसे ध्वनित होता है कि अग्निपूजा पहले नहीं थी, परन्तु ग्रन्थकर्त्ता अपने समयके लिए उसे आवश्यक बतलाते हैं और व्यवहार नयसे कहते हैं कि इसमें कोई दोष नहीं है।

सोमदेवने अपने यशस्तिलकमें लिखा है—

यत्र सम्यक्त्वहानिर्न यत्र न व्रतदूषणम्।
सर्वमेव हि जैनाना प्रमाणं लौकिको विधिः।

अर्थात् वे सभी लौकिक विधियाँ या क्रियायें जैनोंके लिए प्रमाण हैं जिनमें सम्यक्त्वकी हानि न होती हो और व्रतोंमें कोई दोष न लगता हो।

इस सूत्रके अनुसार ही अग्निपूजा और यज्ञोपवीतकी विधियोंको जैनधर्ममें स्थान मिल सकता है।

## १०—परिग्रहपरिमाण व्रतके दासीदास

प्राचीनकालमें सारे ही देशोंमें दास-प्रथा या गुलाम रखनेका चलन था और वह भारतवर्षमें भी था। इस देशके अन्य प्राचीन ग्रन्थोंके समान जैन ग्रन्थोंमें भी इसके अनेक प्रमाण मिलते हैं। जैनधर्मके अनुसार बाह्य परिग्रहके दस भेद हैं—

बाहिरसगा खेत्तं वत्थं धनधण्णकुप्पभंडानि।
दुपय-चउप्पय-जाणाणि चेव सयणासणे य तहा ॥११९॥ —भ० आराधना

विजयोदया टीकामें इसका अर्थ किया है—

"बाहिरसंगा बाह्यपरिग्रहाः। खेत्तं कर्षणाद्यधिकरणं। वत्थ वास्तुगृहं। धणं सुवर्णादिः। धान्यं व्रीह्यादिः। कुप्प। कुप्यं वस्त्रं। भंड भाण्डशब्देन हिंगुमरिचादिकमुच्यते। द्विपदशब्देन दासदासीभृत्यवर्गादिः। चउप्पय गजतुरगादयः चतुष्पदाः। जाणाणि शिविकाविमानदिकं यानं। सयणासणे शयनानि आसनानि च।"

अर्थात्—खेत, वास्तु ( मकान ), धन ( सोना, चाँदी ), धान्य ( चावल, गेहूँ आदि ), कुप्य ( कपड़े ), भाण्ड ( हिंगमिर्चादि मसाले ), द्विपद ( दो-पाये दास-दासी ), चतुष्पद ( चौपाये हाथी, घोड़े आदि ), यान ( पालकी विमान आदि ), शयन ( बिछौने ) और आसन ये बाह्य परिग्रह हैं।

लगभग यही अर्थ आशाधर और अमितगतिने भी अपनी टीकाओंमें किया है। इन दसमेंसे द्विपद और चतुष्पद अर्थात् दोपाये और चौपाये शब्दोंपर ध्यान दीजिए। ये दोनों परिग्रह हैं। जिस तरह सोना चाँदी मकान वस्त्र आदि चीजें मनुष्यकी मालिकीकी समझी जाती हैं उसी तरह दोपाये और चौपाये जानवर भी। चौपाये तो खैर, अब भी मनुष्यकी जायदादमें गिने जाते हैं, परन्तु पूर्वकालमें दास-दासी भी जायदादके अन्तर्गत थे। पशुओंसे इनमें यही भिन्नता थी कि उनके चार पाँव होते हैं और इनके दो। पाँचवें परिग्रह-त्यागव्रतके पालनमें जिस तरह और सब चीजोंके छोड़नेकी जरूरत है उसी तरह इनकी भी। परन्तु शायद इन द्विपदोंको स्वयं छूटनेका अधिकार नहीं था। दास-दासियोंका स्वतंत्र व्यक्तित्व कितना था, इसके लिए देखिए—

सच्चित्ता पुण गंथा वधंति जीवे सयं च दुक्खंति।
पावं च तण्णिमित्तं परिग्गहं तस्स से होई॥ ११६२॥ भ० आ०

विजयोदया टीका—सच्चित्ता पुण गंथा वधंति जीवे गंथा परिग्रहः दासीदास गोमहिष्यादयो घ्नन्ति जीवान् स्वयं च दुःखिता भवन्ति। कर्मणि नियुज्यमानाः कृष्यादिके पापं च स्वपरिगृहीतजीवकृतासयमनिमित्तं तस्य भवति।

अर्थात्—जो दासी दास गाय भैंस आदि सचित्त ( सजीव ) परिग्रह हैं, वे जीवोंका घात करते हैं और खेती आदि कामोंमें लगाये जानेपर स्वयं दुखी होते हैं। इसका पाप इनके स्वीकार करनेवाले या मालिकोंको होता है। क्योंकि मालिकोंके निमित्तसे ही वे जीववधादि करते हैं। इससे स्पष्ट है कि उनका स्वतन्त्र व्यक्तित्व एक तरहसे था ही नहीं, अपने किये हुए पाप पुण्यके मालिक भी वे स्वयं नहीं थे। अर्थात् इस तरहके बाह्य परिग्रहोंमें जो दास-दासी परिग्रह है उसका अर्थ 'नौकर नौकरानी' नहीं, जैसा कि आजकल किया जाता है, किन्तु गुलाम ( Slave ) है। इस समय नौकरका स्वतन्त्र व्यक्तित्व है। वह पैसा लेकर काम करता है, गुलाम नहीं होता। कौटिलीय अर्थशास्त्रमें गुलामके लिए दास, और

नौकरके लिए कर्मकर शब्दोंका व्यवहार किया गया है। अनगारधर्मामृत अध्याय ४, श्लोक १२१ की टीकामें स्वयं आशाधरने दास शब्दका अर्थ किया है— "दासः क्रयक्रीतः कर्मकरः।" अर्थात् खरीदा हुआ काम करनेवाला। पं० राजमल्लने लाटीसंहितामें छठे सर्गमें लिखा है—

> दासकर्मरता दासी क्रीता वा स्वीकृता सती।
> तत्संख्या व्रतशुद्ध्यर्थं कर्तव्या सानतिक्रमात् ॥ १५० ॥
> यथा दासी तथा दासः...।

अर्थात्—दास कर्म करनेवाली दासियाँ, चाहे वे खरीदी हुई हों और चाहे स्वीकार की हुईं, उनकी संख्या भी व्रतकी शुद्धिके लिए बिना अतिक्रमके नियत कर लेनी चाहिए। इसी तरह दासोंकी भी...

आगे और भी लिखा है—

> देवशास्त्रगुरून्नत्वा बन्धुवर्गात्मसाक्षिकम्।
> पत्नी परिग्रहीता स्यात्तदन्या चेटिका मता ॥

अर्थात्—जिसके साथ विधिपूर्वक देवशास्त्रगुरुको नमन करके बन्धुजनोंके समक्ष ब्याह किया गया हो वह पत्नी और यह नहीं किया गया हो वह चेटिका या दासी। आगे और स्पष्ट किया है—

> पाणिग्रहणशून्या चेच्चेटिका सुरतप्रिया। १८४।
> चेटिका भोगपत्नी च द्वयोर्भोगांगमात्रतः ॥ १८५

अर्थात् चेटिका सुरतप्रिया होती है और वह केवल भोगकी चीज है। इससे मालूम होता है कि काम करनेवाली दासियाँ खरीदी जाती थीं और उनमेंसे कुछ स्वीकार भी कर ली जाती थीं। स्वीकृताका अर्थ शायद रखेल है। 'परिग्रहीता' शब्द भी शायद इसीका पर्यायवाची है—परिग्रहणकी हुई या रखी हुई। यशस्तिलकमें सोमदेवने लिखा है—

> वधू-वित्तस्त्रियौ मुक्त्वा सर्वत्रान्यत्र तज्जने।
> माता स्वसा तनूजेति मतिर्ब्रह्म गृहाश्रमे ॥

अर्थात् पत्नी और वित्त-स्त्रीको छोड़कर अन्य सब स्त्रियोंको माता, बहिन और बेटी समझना गृहस्थाश्रमका ब्रह्मचर्याणुव्रत है। वित्तका अर्थ धन होता है, इसलिए वित्त-स्त्रीसे तात्पर्य धनसे खरीदी हुई दासी होना चाहिए। इसका अर्थ वेश्या भी

किया जाता है, परन्तु वास्तवमें दासी अर्थ ही अधिक उपयुक्त है। शब्द-कोशोंमें वेश्याके धारयोषित, गणिका, पण्यस्त्री आदि नाम मिलते हैं, जिनके अर्थ समूहकी, बहुतोंकी, या बाजारू औरत होता है, पर धन-स्त्री या वित्त-स्त्री जैसा नाम कहीं नहीं मिला। गृहस्थ अपनी पत्नी और दासीको भोगता हुआ भी चतुर्थ अणुव्रतका पालक तभी माना जा सकता है, जब दासी गृहस्थकी जायदाद मानी जाती हो। जो लोग इस व्रतकी उक्त व्याख्यापर नाक भौंह सिकोड़ते हैं वे उस समयकी सामाजिक व्यवस्थासे अनभिज्ञ हैं, जिसमें कि 'दासी' एक परिग्रह या जायदाद थी। अवश्य ही वर्तमान दृष्टिकोणसे जब कि दास-प्रथाका अस्तित्व नहीं रहा और दासी किसीकी जायदाद नहीं रही, ब्रह्माणुव्रतमें उसका ग्रहण निषिद्ध माना जाना चाहिए।

दास तो उस समयके स्वर्गमें भी थे। तत्त्वार्थके 'इन्द्र-सामानिक' आदि सूत्रमें चार निकायके देवोंके दस दस भेद बतलाये हैं। उनमेंसे आभियोग्य दासोंके तुल्य थे और किल्विषिक चाण्डालोंके समान। भाष्यवाक्य ये हैं— 'आभियोग्याः दासस्थानीयः किल्विषिका अन्तस्थस्थानीया इति।'

कौटिलीय अर्थशास्त्रमें 'दास-कल्प' नामका एक अध्याय है[1] जिससे मालूम होता है कि दास-दासी खरीदे जाते थे, गिरवी रक्खे जाते थे और धन पानेपर मुक्त कर दिये जाते थे। दासियोंपर मालिकका इतना अधिकार होता था कि वह उनमें सन्तान भी उत्पन्न कर सकता था और सन्तान होनेपर वे गुलामीसे छुट्टी पा जाती थीं। देखिए—

स्वामिनोऽस्या दास्यां जातं समातृकमदासं विद्यात्॥ ३२॥
गृह्या चेत्कुटुम्बार्थचिन्तनी माता भ्राता भगिनी चास्याः दास्याः स्यु॥३३॥
—धर्मस्थीय तीसरा अधिकरण

अर्थात्—यदि स्वामी या मालिकसे उसकी दासीमें सन्तान उत्पन्न हो जाय, तो वह सन्तान और उसकी माता दोनों ही दासतासे मुक्त कर दिये जायँ। यदि वह स्त्री कुटुम्बार्थचिन्तनी होनेसे ग्रहण कर ली जाय, भार्या बन जाय, तो उसकी माता बहिन और भाईयोंको भी दासतासे मुक्त कर दिया जाय।

---

१—देखो, पं० उदयवीर शास्त्रीके अनुवादसहित कौटिलीय अर्थशास्त्र द्वि० भा०, पृ० ६५–६७।

इन सूत्रोंकी रोशनीमें यशस्तिलकका ब्रह्माणुव्रतका पूर्वोक्त विधान अयुक्त नहीं है। स्मृति-ग्रन्थोंमें दासोंका वर्णन बहुत विस्तारसे किया गया है। मनुस्मृतिमें सात प्रकारके दास बतलाये हैं—

> ध्वजाहृतो भुक्तदासो गृहजः क्रीतदत्रिमौ।
> पैत्रिको दण्डदासश्च सप्तैते दासयोनयः॥ ४८–१५॥

अर्थात्—ध्वजाहृत ( संग्राममें जीता हुआ ), भुक्तदास ( भोजनके बदले रखा हुआ ), गृहज ( दासीपुत्र ), क्रीत ( खरीदा हुआ ), दत्रिम ( दूसरेका दिया हुआ ), पैतृक ( पुरखोंसे चला आया ) और दण्डदास ( दण्डके धनको चुकानेके लिए जिसने दासता स्वीकार की हो ), ये सात प्रकारके दास हैं।

पूर्वकालमें दास और शूद्रका एक ही अर्थ था। यद्यपि सभी शूद्र दास नहीं होते थे परन्तु यह निश्चय है कि सभी दास शूद्र गिने जाते थे। मनुस्मृतिमें जो यह लिखा है कि शूद्रका निजका धन कुछ भी नहीं है, उसका मालिक उसके धनको खुशीसे ले सकता है, सो इस शूद्रका अर्थ दास ही है।

न हि तस्यास्ति किञ्चित्स्वं भर्तृहार्यधनो हि सः॥ १७॥ —अध्याय ८

और भी लिखा है—

> शूद्रं तु कारयेद्दास्यं क्रीतमक्रीतमेव वा।
> दास्यायैव हि सृष्टोऽसौ ब्राह्मणस्य स्वयंभुवा॥ —अ० ८–४१३

अर्थात्—शूद्र चाहे खरीदा हुआ हो और चाहे विना खरीदा, उससे दासता करानी चाहिए। क्योंकि स्वयंभु ब्रह्माने उसे ब्राह्मणकी दासताके लिए ही बनाया है।

याज्ञवल्क्य स्मृतिके टीकाकर विज्ञानेश्वर ( १२ वीं सदी ) पन्द्रह प्रकारके दास बतलाते हैं जिनमें ऊपर बतलाये हुए तो हैं ही, उनके सिवाय जुएमें जीते हुए, अपने आप मिले हुए, दुर्भिक्षके समय बचाये हुए, आदि अधिक हैं। ये दास जो कुछ कमाते थे उसपर उनके स्वामीका ही अधिकार होता था।

भारतके सबसे प्राचीन ग्रन्थ ऋग्वेदमें भी दासी-दासोंके दान देनेका उल्लेख मिलता है।—(—ऋ० ८–१९–१६ )

भड़ोंच बहुत पुराना बन्दरगाह है। बहुत प्राचीन कालसे यहाँसे विदेशोंके साथ

आयात-निर्यात व्यापार होता रहा है। इण्डियन एण्टिक्वेरीके वॉल्यूम VIII में यूनान आदि देशोंसे जो जो चीजें आतीं थीं और यहाँसे जो जो चीजें जाती थीं उनका एक कोष्टक प्रकाशित हुआ है। उससे मालूम होता है कि उस समय यहाँ विदेशोंसे सुन्दर लड़कियाँ भी बेचनेके लिए लाई जाती थीं। संस्कृत नाटकोंमें राजाओंके समीप रहनेवाली यवनियोंका जो वर्णन आता है, वे शायद इसी तरह खरीदकर लाई हुई सुन्दरियाँ होती थीं। महाकवि कालिदासके शकुन्तला नाटक ( अंक २ ) मे राजाका आगमन सूचित करते हुए लिखा है—" एष बाणासनहस्ताभिर्यवनीभिर्वनपुष्पमालाधारिणीभिः परिवृत इत एवागच्छति प्रियवयस्यः।" अर्थात् जंगली फूलोंकी माला धारण करनेवाली और हाथोंमें धनुष रखनेवाली यवनियोंसे घिरा हुआ राजा इधर आ रहा है।

अंगुत्तर-निकायमें[2] कौमारभृत्य जीवककी कथा है, जो बड़ा भारी वैद्य था और जिसे राजा बिम्बसार ( श्रेणिक ) के पुत्र अभयकुमारने पाला-पोसा था। तक्षशिलासे वैद्य-विद्याको पढ़कर और आचार्य होकर जब वह लौटा, तो उसने रास्तेमें साकेत ( अयोध्या ) के नगरसेठकी भार्याका इलाज करके उसे एक कठिन रोगसे मुक्त किया। इससे प्रसन्न होकर स्वयं सेठानीने, उसके पुत्रने, बहूने और सेठने उसे चार चार हजार रुपये दक्षिणा दी, साथ ही सेठने एक रथ, एक दास और एक दासी भेंट की। इससे मालूम होता है कि राजा श्रेणिकके समयमें दासी-दास भी धन-दौलतके समान ही भेंट मेहनताने आदिमें दिये जाते थे। उस समय जो जितना बड़ा आदमी होता था, उसके उतने ही अधिक दासी-दास होते थे।

थेरी-गाथाकी अट्ठ-कथा ( काश्यप सन्यासीकी कथा ) में[3] पिप्पली माणवकके वैभवका वर्णन करते हुए लिखा है उसके यहाँ १२ योजनतक फैले हुए खेत, १४ हाथियोंके झुण्ड, १४ घोड़ोंके झुण्ड, १४ रथोंके झुण्ड और दासोंके १४ ग्राम थे। ये दास गुलाम ही थे।

पूर्वकालमें भारतवर्षमें दास-विक्रय होता था, इसके अपेक्षाकृत आधुनिक प्रमाण भी अनेक मिले हैं—

---

१–मूल वाक्य प्राकृतमें है, पाठकोंके सुभीतेके लिए यहाँ संस्कृतच्छाया ही दी है।

२–देखो, बुद्धचर्या, पृष्ठ २९७–३०७। ३–बुद्धचर्या पृष्ठ ४१-४२।

ईस्वी सन् १३१७ में प्रसिद्ध भारतयात्री इब्नबतूताने बंगालका वर्णन करते हुए लिखा है कि "यहाँ तीस गज लम्बे सूती वस्त्र दो दीनारमें और सुन्दर दासी एक स्वर्ण दीनारमें मिल सकती है। मैंने स्वयं एक अत्यंत रूपवती 'आशोरा' नामक दासी इसी मूल्यमें तथा मेरे एक अनुयायीने छोटी अवस्थाका 'लूलू' नामक एक दास दो दीनारमें मोल लिया था।" एक जगह वह और लिखता है "वजीरने मेरे लिये दस दासियाँ भेज दीं। गन्दी तथा असभ्य होनेके कारण इस देशमें लूटकी दासियाँ खूब सस्ती मिलती हैं। परन्तु जब सीखी सिखाई ही सस्ती मिल जाती हैं, तब फिर ऐसोंको कौन ले? साधारण दासीका मूल्य ८ टकसे अधिक न था और पत्नी बनाने योग्य दासी १५ टंकको मिलती थी।"[१] अर्थात् उस समय दास-दासी अन्य चीजोंके ही समान मोल मिल सकते थे।

बंगला मासिक भारतवर्ष (वर्ष ११, खण्ड २, अंक ६, पृ० ८४७) में प्रो० सतीशचन्द्र मित्रका 'मनुष्य विक्रय-पत्र' शीर्षक लेख छपा है, जिसमें दो दस्तावेजोंकी नकल दी है। (१) प्रायः २५० वर्ष पहले बरीसालके एक कायस्थने सात छोटे बड़े स्त्री पुरुषोंको इकतीस रुपयेमें बेचा था। यह दस्तावेज फाल्गुन १३१९ (बंगला सवत्) के 'ढाका-रिव्यू' में प्रकाशित हुई है। (२) दूसरी दस्तावेज १६ पौष ११९४ अर्थात् दिसम्बर सन् १७८८ की लिखी हुई है। उसका सार यह है कि अर्मोराबाद परगने (फरीदपुर-जिला) के गोयलाग्रामनिवासी रामनाथ चक्रवर्तीने अपने पद्मलोचन नामक सात वर्षकी उम्रके दासको दुर्भिक्षवश अन्नवस्त्र न दे सकनेके कारण दो 'पण' लेकर राजचन्द्र सरकारको बेच दिया। यह सदैव सेवा करेगा। इसे अपनी दासीके साथ ब्याह देना। ब्याहसे जो सन्तान होगी वह भी दास-दासीका कर्म करेगी। यदि वह कभी भाग जाय तो अपनी क्षमतासे पकड़वा लिया जाय। यदि मुक्त होना चाहे तो २२ मन सीसा (सरसों?) और रसून (लशुन?) देकर मुक्त हो जाय। दस्तावेज लिख दी कि सनद रहे।

इन प्रमाणोंसे स्पष्ट हो जाता है कि पूर्वकालमें दास-दासी एक तरहकी जायदाद ही थे जो खरीदे बेचे जा सकते थे। वे स्वयं अपने मालिक न थे, इसीलिए उनकी गणना परिग्रहमें की गई है। भले ही अमेरिका यूरोप आदि देशोंके समान भारतमें गुलामोंपर उतने भीषण अत्याचार न होते हो जिनका वर्णन पढ़कर रोंगटे खड़े हो जाते हैं और जिनको स्वाधीन करनेके लिए अमेरिकामें (सन् १८६०) चार पाँच वर्षतक जारी रहनेवाला 'सिविल-वार' हुआ था। फिर

१-देखो, काशीविद्यापीठद्वारा प्रकाशित इब्नबतूताकी भारतयात्रा पृ० ३६।

भी इस बातसे इन्कार नहीं किया जा सकता कि भारतवर्षमें भी गुलाम रखनेकी प्रथा थी और उनकी हालत लगभग पशुओं जैसी ही थी। सन् १८५५ में ब्रिटिश पार्लमेंटने एक नियम बनाकर इसे बंद कर दिया है। यद्यपि इनके अवशेष अब भी कहीं कहीं मौजूद हैं। सन् १८६० में 'इंडियनपिनल कोड' में गुलाम खरीदना बेचना अपराध ठहराया गया। नेपालमें तो यह दासप्रथा सन् १९३२ में ही कानूनसे बन्द की जा सकी।

अभी सन् १९४२ में डा० हीरानन्दजी शास्त्री बड़ोदाने एक दासी-विक्रयपत्र प्रकाशित किया है जिसे हम यहाँ हिन्दी अनुवादके साथ दे रहे हैं। यह वि० स० १२८८ की लिखी हुई एक दस्तावेज है। इससे पता चलता है कि राजा लोग धाड़े डालकर स्त्रियोंको दासी रूपमें लूटकर लाते थे और उन्हें चौराहेपर खड़ी करके बेचते थे। मारपीटसे तंग आकर यदि वह आत्महत्या कर लेती थी, तो उसका मालिक केवल गंगास्नान करके शुद्ध हो जाता था और दासीको दूसरे जन्ममें कुत्ती या चाण्डाली होकर जन्म लेना पड़ता था।

## दासी-विक्रय-पत्र

स० १२८८ वैशाख शुदि १५ गुरावद्येह यथापूर्वलिखितराजावलीपूर्वं दासी-विक्रयपत्रमभिलिख्यते। यथा। यत् परराष्ट्रोपरिदत्तधाटणां राणाश्रीप्रतापसिंहे-नानीता गौरवर्णा षोडशवार्षिकी पनुतिनाम्नी दासी शिरसि तृणं दत्वा पञ्चमुख-नगरविदित चतुष्पथे रहाप्य विक्रीता व्यवहारकआसधरेण दासीकर्मकरणाय राणाश्रीप्रतापसिंहस्य वीसलप्रियद्र० ५०४ चतुराधिकपञ्चशतानि द्रम्मान दत्वा पनुतीनाम दासी समस्तनगराधिवास चातुर्वर्णलोकानां विदितं मूल्येन गृहीता। अतः परमनया दास्या व्यवहारकगृहे खण्डन-पेषण-गृहलिम्पन-सम्मार्जनेन्धनानयन-पानीयोद्वहनादिकं मूत्रपुरीषोत्सर्गादिकं महिषी-गो-अजादोहनादिकं दधिविलोडनं तथा क्षेत्रखलके तक्रानयनं वारि-आनयादिकं निन्दन-कर्तनादिकं क्षेत्रकर्म अन्यदपि गृहकर्म सर्वमकुटिलबुद्ध्या करणीयम्। इत्थं प्रवर्तमानाया दास्या व्यवहारदेशकाला-नुरूपविभवानुमानेन भोजनाच्छादनादिकं सर्वमप्रार्थितं दातव्यम्। तथा अस्या दास्या व्यवहारकगृहे कर्मकुर्वन्त्यास्तस्याः पिता भ्राता भर्ता वा धनिकत्वं विधाय कर्मविघातं कारयति तदा व्यवहारकेण बन्ध-ताडनादिघातैः निर्दयं ताडयित्वा पुनरपि समप्रलिखितदासीकर्मणि नियोजनीया। दासीयं यदि कदापि ताड्यमाना कूपपतनादि आत्मघातं कुरुते तदा गर्दभी शुनी चाण्डाली भूत्वा सा दासी म्रियते।

व्यवहारकस्य गंगास्नानम् । अस्योपरिलिखितविधेः परिपालनाय निर्वहणाय दावापितरक्षपालाः तथा नगराधिवासिनः साक्षिणश्च । इहार्थे राणा प्रतापसिंहस्य तथा रक्षपालाना चतुर्णां च यथानाम्ना स्वहस्तेन प्रदत्तमतानि । लिखितमिदं पत्रमुभयाभ्यर्थितेन पारथी जयताकेन हीनाक्षरमधिकाक्षरं वा प्रमाणामिति ।

[ एन्स्येंट विज्ञप्तिपत्राज ( मेमोआयर ) श्रीप्रतापमहाराज आर० जी०—]

अर्थात्—सं० १२८८ वैशाख सुदी १५ गुरुवार । आज यहाँ जैसा कि पहले लिखा जाता था यथापूर्व राजावलीपूर्वक, दासीविक्रयपत्र लिखते हैं। यथा—दूसरे राष्ट्रपर डाली हुई धाड़में राणाप्रतापसिंह द्वारा लाई हुई गोरे रंगकी सोलह वर्षकी पनुती नामक दासी सिरपर तिनके देकर पंचमुखनगरको विदित कराके चौराहेपर खड़ी करके बेची गई । व्यवहारक ( बोहरे ) आसधरने दासीकर्म करनेके लिए राणा श्रीप्रतापसिंहको वीसलप्रियद्र० (?) पाँच सौ चार द्रम्म ( दाम ) देकर पनुती नामकी दासी समस्तनगरनिवासी चारो वर्णोंके लोगोको जताकर मोल ली । अबसे इस दासीको बोहरे आसधरके घर दलना, पीसना, घर लीपना, झाडू लगाना, ईंधन लाना, कुएँसे पानी खींचना, पेशाब-पाखाना फेंकना, भैंस-गाय-बकरी दोहना, दही बिलोना, खेत और खलिहानमें तक ( मठा या छाँछ) लाना, चारा लाना, नीदना, काटना, खेतीके काम और दूसरे भी सब घरके काम अकुटिल बुद्धिसे ( सीधी तरहसे ) करना चाहिए और इस तरह बर्तती हुई दासीको देश-कालके अनुरूप और अपनी विभव ( माली हालत ) के अनुकूल भोजन वस्त्र सब ( बोहरेको ) बिना माँगे देना चाहिए । बोहरेके घर काम करती हुई दासीको यदि उसके पिता, भाई, या पति धनिक होकर उससे कर्मविघात करावें अर्थात् उसे काम न करनेके लिए प्रेरित करें तो बोहरेको अधिकार होगा कि वह उसे बाँधकर, मारकर, पीटकर निर्दयतापूर्वक ताड़न करके फिर उन सब कामोंमें लगावे, जो इस पत्रमें लिखे हैं। मारन ताड़नके मारे यदि कभी यह दासी कुएँ आदिमें गिरकर आत्महत्या करेगी, तो वह मरकर गधी, कुत्ती, चाण्डाली होगी। बोहरेको गंगास्नान कर लेना बस है । ऊपर लिखी हुई इस विधिके पालने और निबाहनेके लिए दावापित रक्षपाल नगरनिवासी और गवाह जिम्मेवार हैं । इसके लिए राणा प्रतापसिंहने, यथानाम चारों रक्षपालोंने अपने हाथसे ( हस्ताक्षर करके ) मत दिये। यह पत्र दोनों ( विक्रेता और खरीददार ) के कहनेसे पारथी जयताने लिखा । हीनाधिक अक्षर हों, तो भी यह प्रमाण है ।

———

# अवशिष्ट

[ प्रथम संस्करणके बादके लेख ]

# उमास्वातिका सभाष्य तत्त्वार्थ

**वाचक उमास्वाति**—उमास्वाति वाचकका जैनसाहित्यमें एक विशेष स्थान है। सम्भवतः ये ही पहले विद्वान् हैं जिन्होंने विविध आगम-ग्रन्थोंमें बिखरे हुए जैन तत्त्वज्ञानको, योग, वैशेषिक आदि दर्शन-ग्रन्थोंके समान सूत्रबद्ध किया और उसे तत्त्वार्थाधिगम या अर्हत्प्रवचनके रूपमें उपस्थित किया। इसके पहले प्रायः[1] सारा जैन वाङ्मय अर्धमागधी प्राकृतमें था। उन्होंने शायद सबसे पहले यह अनुभव किया कि अब विद्वत्समुदायकी प्रधान भाषा संस्कृत बन रही है, इसलिए जैन दर्शनकी ओर उसका ध्यान तभी जा सकेगा, जब कि उसे संस्कृतमें लिखा जाय। चूँकि वे ब्राह्मणकुलमें पैदा हुए थे, इसलिए इस भाषामें ग्रन्थ-निर्माण करना उनके लिए सहज भी था।

जिस तरह पाली पिटकोंमें बिखरे हुए तत्त्वज्ञानको संग्रह करके वसुबन्धुने संस्कृतमें 'अभिधर्म कोश'[3] की रचना की और उसपर स्वोपज्ञ भाष्य लिखा, उसी तरह उमास्वातिने प्राकृत आगम साहित्यसे संग्रह[4] करके तत्त्वार्थाधिगम सूत्र और स्वोपज्ञ भाष्यकी रचना की।

---

१—प्रायः कहनेका कारण यह है कि तत्त्वार्थसे भी पहले संस्कृतमें कुछ जैन वाङ्मयकी रचना हो गई थी। तत्त्वार्थ-भाष्यमें भी कुछ संस्कृत उद्धरण दिये हुए हैं। देखो, अध्याय १, सूत्र ३५ का भाष्य।

२—शुङ्ग राजवंशके कालमें ब्राह्मणधर्मका पुनर्जागरण हुआ और तब राजाश्रय पाकर संस्कृतका भाग्य चमका। उसी समय पतंजलिने पाणिनि व्याकरणपर महाभाष्य लिखा। गृह्यधर्म श्रौतसूत्रोंका रचना-काल भी यही है। महाभारतका संस्करण भी तभी हुआ।

३—'अभिधर्मकोश' तत्त्वार्थकी ही शैलीपर रचा गया है। इसमें ९ अध्याय हैं।

४—देखो, मुनि आत्मारामकृत 'तत्त्वार्थसूत्र-जैनागमसमन्वय'। इसमें जैनागमोंके वाक्यों और तत्त्वार्थ सूत्रोंकी समानता दिखलाई गई है।

तत्त्वार्थसूत्र या तत्त्वार्थाधिगमको जैन-धर्मके दोनों सम्प्रदाय मानते हैं। इसपर जिस तरह दिगम्बराचार्योंने सर्वार्थसिद्धि, राजवार्तिक, श्लोकवार्तिक आदि अनेक टीका-ग्रन्थ लिखे हैं, उसी तरह हरिभद्र, सिद्धसेनगणि आदि श्वेताम्बराचार्योंने भी अनेक टीकायें लिखी हैं।

तत्त्वार्थसूत्रका जो स्वोपज्ञ भाष्य है, श्वेताम्बर-टीकायें उसीपर और उसीका अनुसरण करनेवाली हैं जब कि दिगम्बर-टीकायें तत्त्वार्थकी सबसे पहली टीका सर्वार्थसिद्धिका अनुसरण करती हैं, वे भाष्यानुसारिणी नहीं हैं।

दिगम्बर संप्रदाय केवल मूल तत्त्वार्थको ही उमास्वातिकी रचना मानता है जब कि श्वेताम्बर सम्प्रदाय भाष्यको और प्रशमरति आदि और भी कई ग्रन्थोंको।[1]

तत्त्वार्थके दो सूत्र-पाठ हैं, एक तो वह जो सर्वार्थसिद्धि-टीकामें मिलता है और जो उसके बादके सभी दिगम्बर टीकाकारोंको मान्य है और दूसरा भाष्य-मान्य जो श्वेताम्बर सम्प्रदायमें प्रचलित है। पहले सूत्रपाठमें सूत्रोंकी सख्या ३५७ और दूसरेमें ३४४ है। दोनों सूत्रपाठोंमें सिर्फ तीन ही सूत्र ऐसे हैं जिनमें अर्थकी दृष्टिसे महत्त्वका अन्तर है, शेष सूत्रोंमें जो फर्क है वह बहुत ही मामूली, शब्द-रचनाका, एक सूत्रके दो बनाने, दो सूत्रोंको एक कर देने और सक्षेप या विस्तार करने आदिका है।

अर्थदृष्टिसे महत्त्वका पहला सूत्र है, चौथे अध्यायका स्वर्गोंकी १२ और १६ संख्या बतलानेवाला।[2] दूसरा सूत्र है, पाँचवें अध्यायका कालको स्वतंत्र द्रव्य मानने न माननेवाला[3] और तीसरा आठवें अध्यायका हास्य आदि चार प्रकृतियोंको पुण्यरूप मानने न माननेवाला।[4] इन तीन सूत्रोंके पाठ-

---

१—'प्रशमरति' को तत्त्वार्थ-भाष्यके साथ बहुत समानता भी है। कहीं कहीं दोनोंके शब्द और भाव बिल्कुल मिलते जुलते है। भाष्यके प्रारम्भ और अन्तकी कारिकाओंकी रचना शैली भी प्रशमरति जैसी ही है। इसके सिवाय प्रशमरतिकी एक कारिका (२५वीं) जयधवलाकारने भी (पृ० ३६९) उद्धृत की है।

२—भाष्य-मान्यपाठका २० वाँ और दिगम्बर पाठका १९ वाँ।

३—३५ वाँ और ३९ वाँ।

४—"सद्वेद्यसम्यक्त्वहास्यरतिपुरुषवेदशुभायुर्नामगोत्राणि पुण्यम्।" "सद्वेद्यशुभायुर्नामगोत्राणि पुण्यम्।"

भेदका कारण तो मतभिन्नता माना जा सकता है, परन्तु अन्य सूत्रोंमें जो न्यूनाधिक अन्तर है, उसका कारण गवेषणीय है।

भाष्यकी प्रशस्ति —

वाचकमुख्यस्य शिवश्रियः प्रकाशयशसः प्रशिष्येण ।
शिष्येण घोषनन्दिक्षमणस्यैकादशाङ्गविदः ॥ १
वाचनया च महावाचकक्षमणमुण्डपादशिष्यस्य ।
शिष्येण वाचकाचार्यमूलनाम्नः प्रथितकीर्तेः ॥ २
न्यग्रोधिकाप्रसूतेन विहरता पुरवरे कुसुमनाम्नि ।
कौभीषणिना स्वातितनयेन वात्सीसुतेनाऽर्घ्यम् ॥ ३
अर्हद्वचनं गुरुक्रमेणागतं समुपधार्य ।
दुःखार्त्तं च दुरागमविहतमतिं लोकमवलोक्य ॥ ४
इदमुच्चैर्नागरवाचकेन सत्त्वानुकम्पया दृब्धं ।
तत्त्वार्थाधिगमाख्यं स्पष्टमुमास्वातिना शास्त्रम् ॥ ५
यस्तत्त्वार्थाधिगमाख्यं ज्ञास्यति च करिष्यते च तत्रोक्तम् ।
सोऽव्याबाधसुखाख्यं प्राप्स्यत्यचिरेण परमार्थम् ॥ ६

अर्थात्—जो वाचकमुख्य शिवश्रीके प्रशिष्य, ग्यारह अंगधारी घोषनन्दिक्षमणके शिष्य और वाचनासे ( विद्याग्रहणकी दृष्टिसे ) महावाचकक्षमण मुण्डपादके प्रशिष्य तथा 'मूल' नामके वाचकाचार्यके शिष्य थे, जिनका गोत्र कौभीषणि था, जो स्वाति पिता और वात्सी माताके पुत्र थे, जिनका जन्म 'न्यग्रोधिका' में हुआ, जो उच्चनागर शाखामे हुए और श्रेष्ठनगर कुसुमपुर (पाटलीपुत्र या पटना) में विहार कर रहे थे, उन उमास्वाति वाचकने गुरुपरम्परासे प्राप्त अर्हद्वचनोंको भले प्रकार अवधारण करके लोगोंको दुःखोंसे त्रस्त और दुरागमोंसे हतबुद्धि देखकर अनुकम्पापूर्वक इस तत्त्वार्थाधिगम नामके स्पष्ट शास्त्रकी रचना की। जो इस तत्त्वार्थाधिगमको जानेगा और इसके कथनानुसार आचरण करेगा, वह अव्याबाध सुख मोक्षको शीघ्र प्राप्त करेगा।

१—प्रशस्तिके पाँचवें पद्यका 'स्पष्ट' पद 'तत्त्वार्थाधिगम' का विशेषण है और वह भाष्यका संकेत करता है।

भाष्यकी यह प्रशस्ति उमास्वातिका पूरा परिचय देनेवाली और विश्वस्त है। इसमें कोई बनावट नहीं मालूम होती और इससे प्रकट होता है कि मूलसूत्रके कर्त्ताका ही यह भाष्य है।

**स्वोपज्ञभाष्य**—भाष्यकी स्वोपज्ञतामें कुछ लोगोंको सन्देह है; परन्तु नीचे लिखी बातोंपर विचार करनेसे वह सन्देह दूर हो जाता है—

१ भाष्यकी प्रारंभिक कारिकाओंमें और अन्य अनेक स्थानोंमे 'वक्ष्यामि' 'वक्ष्यामः' आदि प्रथम पुरुषका निर्देश है और निर्देशमें की गई प्रतिज्ञाके अनुसार ही बादमें सूत्रोंमे कथन किया गया है। अतएव सूत्र और भाष्य दोनोंके कर्ता एक हैं।

• सूत्रोंका भाष्य करनेमे कहीं भी खींचातानी नहीं की गई। सूत्रका अर्थ करनेमे भी कहीं सन्देह या विकल्प नही किया गया और न किसी दूसरी व्याख्या या टीकाका खयाल रखकर सूत्रार्थ किया गया है। भाष्यमे न कही किसी सूत्रके पाठ-भेदकी चर्चा है और न सूत्रकारके प्रति कहीं सम्मान ही प्रदर्शित है।

२ भाष्यके प्रारंभकी ३१ कारिकाये मूल सूत्र-रचनाके उद्देश्यसे और मूल ग्रन्थको लक्ष्य करके ही लिखी गई हैं। इसी प्रकार भाष्यान्तकी प्रशस्ति भी मूलसूत्रकारकी है। भाष्यकार सूत्रकारसे भिन्न होते और उनके समक्ष सूत्रकारकी कारिकाये और प्रशस्ति होती, तो वे स्वय भाष्यके प्रारंभमें और अन्तमें मंगल और प्रशस्तिके रूपमे कुछ न कुछ अवश्य लिखते। इसके सिवाय उक्त कारिकाओंकी और प्रशस्तिकी टीका भी करते।[1]

**भाष्यकी प्राचीनता**—१ तत्त्वार्थकी सुप्रसिद्ध टीका तत्त्वार्थवार्तिकके कर्त्ता अकलंकदेव विक्रमकी आठवीं शताब्दिके हैं। वे इस भाष्यसे परिचित थे। क्योंकि उन्होंने अपने ग्रन्थके अन्तमें भाष्यान्तकी ३२ कारिकायें 'उक्तं च' कहकर उद्धृत की हैं। इतना ही नहीं, उक्त कारिकाओंके साथका भाष्यका गद्यांश भी प्रायः ज्योंका त्यों दे दिया है[2]। इसके सिवाय आठवीं 'दग्धे बीजे'

---

१–देखो, प० सुखलालजीकृत हिन्दी तत्त्वार्थकी भूमिका पृ० ४५–५०

२–"ततो वेदनीयनामगोत्रआयुष्कक्षयात्फलबन्धननिर्मुक्तो निर्दग्धपूर्वोपात्तेन्धनो निरुपादान इवाग्नि· पूर्वोपात्तभववियोगाद्धेत्वभावाच्चोत्तरस्याप्रादुर्भावाच्छान्त· ससारसुखमतीत्यात्यान्तिकमैकान्तिक निरुपम निरतिशय नित्यं निर्वाणसुखमवाप्नोतीति। एवं तत्त्वपरिज्ञानाद्विरक्तस्यात्मनो भृश· ..."—भाष्य

आदि कारिकाको और भी एक जगह ' उक्तं च ' रूपसे उद्धृत किया है[१] ।

२ तत्त्वार्थवार्तिकमें अनेक जगह भाष्यमान्य सूत्रोंका विरोध किया है[२]—और भाष्यके मतका भी कई जगह खण्डन किया है[३] ।

३ पं० कैलासचन्द्रजी शास्त्री और पं० महेन्द्रकुमारजी न्यायाचार्य भी मानते हैं कि अकलंकदेव भाष्यसे परिचित थे[४] । डा० जगदीशचन्द्रजी शास्त्री एम्० ए० ने भी भाष्य और वार्तिकके अनेक उद्धरण देकर इस बातको सिद्ध किया है[५] ।

---

" तत शेषकर्मक्षयाद्भावबन्धनिर्मुक्त निर्दग्धपूर्वोपादनेन्धनो निरुपादान इवाग्नि: पूर्वोपात्तभवबियोगाद्धेत्वभावाच्चोत्तरस्याप्रादुर्भावात्सान्तससारसुखमतीत्य आत्यन्तिकमैकान्तिकं निरुपम निरतिशय निर्वाणसुखमवाप्नोतीति । तत्त्वार्थभावनाफलमेतत् । उक्त च–एव तत्त्वपरिज्ञानाद्विरक्तस्यात्मनो भृश "—राजवार्तिक ( भारतीय ज्ञानपीठ बनारसमें राजवार्तिककी जो ताडपत्रकी प्रति आई है, उसमे ' एव तत्त्वपरिज्ञानाद्विरक्तस्य ' ही पाठ है, छपी प्रति जैसा ' सम्यक्त्वज्ञानचरित्रसयुक्तस्य ' नहीं । यह पिछला पाठ सम्पादकोंद्वारा अमृतचन्द्रसूरिके 'तत्त्वार्थसार' के अनुसार बनाया गया है और तत्त्वार्थसारको राजवार्तिकका पूर्ववर्ती समझ लिया गया है जो कि भ्रम है । )

१–तत्त्वार्थवार्तिक ( मुद्रित ) पृ० ३६१ ।

२–तृतीय अध्यायके पहले भाष्यसम्मत सूत्रमें ' पृथुतरा ' पाठ अधिक है । इसको लक्ष्य करके राजवार्तिक ( पृ० ११३ ) में कहा है—" पृथुतरा इति केषाचित्पाठ: । " चौथे अध्यायके नवे सूत्रमें ' द्वयोर्द्वयो ' पद अधिक है । इसपर रा० वार्तिक ( पृ० १५३ )में लिखा है—" द्वयोर्द्वयोरिति वचनात्सिद्धिरिति चेन्न आर्षविरोधात् । " इसी तरह पाँचवें अध्यायके ३६ वें सूत्र ' बन्धे समाधिकौ पारिणामिकौ ' को लक्ष्य करके पृ० २४२ में लिखा है—" समाधिकावित्यपरेषा पाठ' ..स पाठो नोपपद्यते । कुत', आर्षविरोधात् । "

३–पाँचवें अध्यायके अन्तमे ' अनादिरादिमाश्च ' आदि तीन सूत्र अधिक है । पृ० २४४ में इन सूत्रोंके मतका खडन किया है । इसी तरह नवे अध्यायके ३७ वे सूत्रमें ' अप्रमत्तसंयतस्य ' पाठ अधिक है, उसका विरोध करते हुए पृ० ३५४ में लिखा है, " धर्म्यमप्रमत्तस्येति चेन्न । पूर्वेषां विनिवृत्तप्रसगात् । "

४–देखो, न्यायकुमुदचन्द्र प्रथमभागकी प्रस्तावना पृ० ७१ ।

५–देखो, अनेकान्त वर्ष ३. अक ४–११ में ' तत्त्वार्थाधिगमभाष्य और अकलक ', जैन सिद्धान्तभास्कर वर्ष ८ और ९ तथा जैनसत्यप्रकाश वर्ष ६ अंक ४ में ' तत्वार्थभाष्य और राजवार्तिकमे शब्दगत और चर्चागत साम्य तथा सूत्रपाठसम्बन्धी उल्लेख । '

४ वीरसेनने अपनी जयधवला टीका शक संवत् ७३८ ( वि० सं० ८७३ ) में समाप्त की है। इसमें भी भाष्यान्तकी उक्त ३२ कारिकायें उद्धृत हैं[१]। इससे भी भाष्यकी प्राचीनता और प्रसिद्धिपर प्रकाश पड़ता है। इसके सिवाय वीरसेन उमास्वतिके दूसरे ग्रन्थ 'प्रशमरति' से भी परिचित थे। क्योंकि उन्होंने जयधवला ( पृ० ३६९ ) में 'अत्रोपयोगी श्लोकः' कहकर प्रशमरतिकी २५ वीं कारिका उद्धृत की है।

५ अमृतचन्द्रने अपने तत्त्वार्थसार ( पद्यबद्ध तत्त्वार्थसूत्र ) में भी भाष्यकी उक्त ३२ कारिकाओंमेंसे ३० कारिकाएँ नम्बरोंको कुछ इधर उधर करके ले ली हैं और मुद्रित प्रतिके पाठपर यदि विश्वास किया जाय तो उन्होंने उन्हें 'उक्तं च' न रहने देकर अपने ग्रन्थका ही अंश बना लिया है। अमृतचन्द्र विक्रमकी ग्यारहवीं सदीके लगभग हुए हैं और वे भी भाष्यसे या उसकी उक्त कारिकाओंसे परिचित थे।

६ अकलंक और वीरसेनके समान उनसे भी पहलेके पूज्यपाद देवनन्दिके समक्ष भी तत्त्वार्थभाष्य रहा होगा। यद्यपि उन्होंने सर्वार्थसिद्धिमें कहीं भाष्यका विरोध आदि नहीं किया है, फिर भी जब हम भाष्य और सर्वार्थसिद्धिको आमने सामने रखकर देखते हैं तब दोनोंके वाक्यके वाक्य, पदके पद एकसे मिलते

१—जयधवलामें भाष्यकी जो उक्त कारिकायें उद्धृत हैं, उनके बाद जयधवलाकार कहते हैं—'एवमेत्तिएण पबधेण णिव्वाणफलपज्जवसाणं।' इस वाक्यको देखकर एक विद्वान्ने ( अनेकान्त वर्ष ३, अंक ४ ) कल्पना की थी कि पूर्वाचार्यका यह कोई प्राचीन प्रबन्ध रहा होगा जिस परसे राजवार्तिकमें भी वे कारिकायें उद्धृत की गई हैं। परन्तु, यह 'एत्तिएण प्रबन्धेण' पद जयधवलामें उक्त प्रसंगमें ही नहीं, और बीसों जगह आया है और सब जगह उससे केवल यही सूचित किया है कि इतने प्रबन्ध या सूत्रभागके द्वारा या इतने कथनसे अमुक विषयका निरूपण किया गया। उक्त ३२ कारिकाओंके बाद आये हुए उक्त पदका यही अर्थ वहाँ ठीक बैठता है, दूसरा कोई अर्थ नहीं हो सकता।

२—तत्त्वार्थभाष्यकी वृत्तिके कर्त्ता सिद्धसेन गणिने 'प्रशमरति' को उमास्वाति वाचकका ही माना है—"यत प्रशमरतौ अनेनैवोक्तम्" "वाचकेन त्वेनदेव बलसज्ञया प्रशमरतौ उपात्तम्।" अ० ५-६ तथा ९-६ की भाष्यवृत्ति। और प्रशमरतिकी १२० वीं कारिका 'आचार्य आह' कहकर श्रीजिनदास महत्तरने निशीथचूर्णिमें उद्धृत की है, और जिनदास महत्तर विक्रमकी आठवीं सदीके हैं।

चले जाते हैं[१]।

## भाष्य

१—सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान सम्यक्चारित्रमित्येष त्रिविधो मोक्षमार्ग । त पुरस्ताल्लक्षणतो विधानतश्च विस्तरेणोपदेक्ष्याम शास्त्रानुपूर्वी विन्यासार्थं तूद्देशमात्रमिदमुच्यते।—१, १

२—चक्षुषा नो इन्द्रियेण च व्यजनावग्रहो न भवति।—१, १९

३—काष्ठपुस्तचित्रकर्माक्षनिक्षेपादिषु स्थाप्यते जीव इति स स्थापनाजीव ।—१, ५

४—नैर्ग्रन्थ्य प्रति प्रस्थित शरीरोपकरणविभूषानुवर्तिन ऋद्धियशस्कामा सातगौरवश्रिता अविविक्तपरिवाराश्छेदशबलयुक्तनिर्ग्रन्था बकुशा । कुशीला द्विविधा प्रतिसेवनाकुशीला कषायकुशीलाश्च। तत्र प्रतिसेवनाकुशीला नैर्ग्रन्थ्य प्रति प्रस्थिता अनियतेन्द्रिया कथंचिदुत्तरगुणेषु विराधयन्तश्चरन्ति ते प्रतिसेवनाकुशीला । येषां तु सयतानां सता कथचित्सज्वलनकषाया उदीर्यन्ते ते कषायकुशीला ।—९, ४८

५—लिङ्ग द्विविध द्रव्यलिङ्गं भाव लिङ्ग च। भावलिङ्ग प्रतीत्य सर्वे पञ्चनिर्ग्रन्था भावलिङ्गे भवन्ति द्रव्यलिङ्ग प्रतीत्य भाज्या ।—९,४९

६—कषायकुशीलो द्वयो परिहारविशुद्धौ सूक्ष्मसाम्पराये च। निर्ग्रन्थस्नातकावेकस्मिन् यथाख्यातसयमे। श्रुतम्–पुलाकबकुशप्रतिसेवनाकुशीला उत्कृष्टेनाभिन्नाक्षरदशपूर्वधरा कषायकुशील-निर्ग्रन्था चतुर्दशपूर्वधरौ। जघन्येन पुलाकस्य श्रुतमाचारवस्तु। बकुशकुशीलनिर्ग्रन्थानां श्रुतमष्टौ प्रवचनमातर। श्रुतापगत: केवली स्नातक इति। प्रतिसेवना—पञ्चाना मूलगुणानां रात्रिभोजनविरतिषष्ठाना पराभियोगद्बलात्कारेणान्यतम प्रतिसेवमान पुलाको भवति।—९,४९

## सर्वार्थसिद्धि

१—सम्यग्दर्शनं सम्यग्ज्ञान सम्यक्चारित्रमिति। एतेषा स्वरूप लक्षणतो विधानतश्च पुरस्ताद्विस्तरेण निर्देक्ष्याम । उद्देशमात्रमिदमुच्यते। १, १

२—चक्षुषा अनिन्द्रियेण च व्यजनावग्रहो न भवति। १, १९

३—काष्ठपुस्तचित्रकर्माक्षनिक्षेपादिषु सोऽयमिति स्थाप्यमाना स्थापना।—१, ५

४—नैर्ग्रन्थ्य प्रति प्रस्थिता अखण्डितव्रता शरीरोपकरणविभूषानुवर्तिनोऽविविक्तपरिवारा मोहशबलयुक्ता बकुशा कुशीला द्विविधा प्रतिसेवनाकुशीला कषायकुशीला इति। अविविक्तपरिग्रहा परिपूर्णोभयाः कथंचिदुत्तरगुणविरोधिनः प्रतिसेवनाकुशीला वशीकृतान्यकषायोदया संज्वलनमात्रतंत्रा कषायकुशीला।—९, ४७

५—लिङ्गं द्विविध द्रव्यलिङ्गं भावलिङ्ग चेति। भावलिङ्गं प्रतीत्य पच निर्ग्रन्था लिङ्गिनो भवन्ति। द्रव्यलिङ्ग प्रतीत्य भाज्या।—९, ४७

६—कषाय कुशीला द्वयो सयमयोः परिहारविशुद्धिसूक्ष्मसाम्पराययो पूर्वयोश्च। निर्ग्रन्थस्नातका एकस्मिन्नेव यथाख्यातिसंयमे सन्ति। श्रुतम्–पुलाकबकुशप्रतिसेवनाकुशीला उत्कर्षे-

७ भाष्यकी लेखनशैली भी सर्वार्थसिद्धिसे प्राचीन है। वह प्रसन्न और गंभीर होते हुए भी दार्शनिकताकी दृष्टिसे कम विकसित और कम परिशीलित है। संस्कृतके लेखन और जैनसाहित्यमें दार्शनिक शैलीके जिस विकासके पश्चात् सर्वार्थसिद्धि लिखी गई है, वह विकास भाष्यमें नहीं दिखाई देता। अर्थदृष्टिसे भी सर्वार्थसिद्धि अर्वाचीन मालूम होती है। जो बात भाष्यमें है, सर्वार्थसिद्धिमें उसको विस्तृत करके और उसपर अधिक चर्चा करके निरूपण किया गया है। व्याकरण और जैनेतर दर्शनोंकी चर्चा भी उसमे अधिक है। जैन परिभाषाओंका जो विशदीकरण और वक्तव्यका पृथक्करण सर्वार्थसिद्धिमें है वह भाष्यमें कमसे कम है। भाष्यकी अपेक्षा उसमें तार्किकता अधिक है और अन्य दर्शनोंका खंडन भी जोर पकड़ता है। ये सब बातें सर्वार्थसिद्धिसे भाष्यको प्राचीन सिद्ध करती हैं[२]।

इस तरह तत्वार्थभाष्य पूज्यपाद, अकलंकदेव, वीरसेन आदिसे पहलेका है और उससे उक्त सभी आचार्य परिचित थे। उन्होंने उसका किसी न किसी रूपमें उपयोग भी किया है और उसकी यह प्राचीनता स्वोपज्ञताका ही समर्थन करती है।

तत्त्वार्थ जैसे संक्षिप्त सूत्र-ग्रन्थपर स्वोपज्ञ भाष्य होना ही चाहिए। क्योंकि एक तो जैनदर्शनका यह सबसे पहला संस्कृतबद्ध सूत्र-ग्रन्थ है, जो अन्य दर्शनोंके दार्शनिक सूत्रोंकी शैलीपर रचा गया है। जैनधर्मके अनुयायी इस संक्षिप्त सूत्र-पद्धतिसे पहले परिचित नहीं थे। वे भाष्यकी सहायताके बिना उससे पूरा लाभ नहीं उठा सकते थे। दूसरे इसकी रचनाका एक उद्देश्य इतर दार्शनिकोंमें भी जैनदर्शनकी प्रतिष्ठा करना था। इसलिए भी भाष्य आवश्यक है।

सूत्रकारको यह चिन्ता रहती है कि यदि स्वयं अपने सूत्रोंका भाष्य नहीं किया जायगा तो आगे लोग उनका अनर्थ कर डालेंगे। पाटलिपुत्रमें विहार

---

र्णाभिन्नाक्षरदशपूर्वधरा.। कषायकुशीला निर्ग्रन्थाश्चतुर्दशपूर्वधरा' जघन्येन पुलाकस्य श्रुतमाचारवस्तु। बकुशकुशीलनिर्ग्रन्थाना श्रुतमष्टौ प्रवचनमातर.। स्नातका अपगतश्रुता॰ केवलिन। प्रतिसेवना–पञ्चाना मूलगुणाना रात्रिभोजनवर्जनस्य च पराभियोगाद्बलादन्यतमं प्रतिसेवमान' पुलाको भवति।—९,४७

विशेष उदाहरणोंके लिए देखो डा॰ जगदीशचन्द्रजी शास्त्रीके लेख।

१—उदाहरणके लिए देखो अ॰ १-२, १-१२, १-३२, और २-१ सूत्रोंका भाष्य और सर्वार्थसिद्धि।

२—देखो, हिन्दी तत्त्वार्थकी भूमिका पृ॰ ८६-८८

करते हुए उन्होंने अपने इस भाष्य-ग्रन्थकी रचना की थी, इसलिए वे आर्य चाणक्य या विष्णुगुप्तके सुप्रसिद्ध ग्रन्थ कौटिलीय अर्थशास्त्र ( सूत्र और स्वोपज्ञ भाष्य ) से अवश्य परिचित होंगे, जो पाटलीपुत्रमें ही निर्माण किया गया था और जिसके अन्तमें कहा है कि—प्रायः सूत्रोंसे भाष्यकारोंकी विप्रतिपत्ति या विरोध देखकर, सूत्रकारका अभिप्राय कुछ था और भाष्यकारोंने कुछ लिख दिया, यह समझकर, विष्णुगुप्तने स्वयं सूत्र बनाये और स्वयं ही भाष्य लिखा।[1] ऐसी अवस्थामें उमास्वातिका स्वयं ही भाष्य निर्माण करनेमें प्रवृत्त होना स्वाभाविक है।

अपने ग्रन्थोंपर इस तरहके स्वोपज्ञ भाष्य लिखनेके और भी उदाहरण हैं। बौद्ध दार्शनिक नागार्जुन उमास्वातिसे पहले हुए हैं[2]। उन्होंने अपने ग्रन्थपर 'विग्रहव्यावर्तिनी' नामक व्याख्या लिखी है। मूल ग्रन्थ कारिकाओंमें है जो सूत्रकी ही भाँति अधिक बातोंको थोड़े शब्दोंमें कहनेवाली और पद्य होनेसे कण्ठस्थ करने योग्य होती हैं। इसी तरह वसुबन्धुका 'अभिधर्मकोश' है जो तत्त्वार्थ जैसा ही है और उसपर स्वोपज्ञ भाष्य है।[3]

अपने ग्रन्थपर स्वोपज्ञ टीका लिखनेकी यह पद्धति जैनपरम्परामें भी रही है। पूज्यपादने अपने व्याकरणपर जैनेन्द्र-न्यास ( अनुपलब्ध ), जिनभद्रगणिने अपने विशेषावश्यक भाष्यपर व्याख्या, शाकटायनने अपने व्याकरण-सूत्रोंपर अमोघवृत्ति और अकलंकदेवने अपने लघीयस्त्रय, न्यायविनिश्चय, सिद्धिविनिश्चयपर स्वोपज्ञ वृत्तियोंकी रचना की।

**जाँच**—अब हमें इस बातकी जाँच करनी चाहिए कि उमास्वाति किस सम्प्रदायके थे। भाष्यकी प्रशस्तिमें उन्होंने अपने जिन गुरुओं और प्रगुरुओंके नाम दिये हैं, वे न तो हमें किसी दिगम्बर-परम्परामें मिलते हैं और न श्वेताम्बरपरम्परामें।

**दि० परम्परा**—१ दिगम्बर सम्प्रदायकी जो सबसे प्राचीन आचार्यपरम्परा मिलती है वह वीरनिर्वाण सवत् ६८३ ( वि० सं० ३१३ ) तककी है। तिलोयपण्णत्ति, महापुराण, हरिवंशपुराण, जंबुदीवपण्णत्ति, श्रुतावतार आदि

१–दृष्ट्वा विप्रतिपत्तिं प्रायः सूत्रेषु भाष्यकाराणाम्।
स्वयमेव विष्णुगुप्तश्चकार सूत्रं च भाष्यं च॥

२–नागार्जुनका समय वि० स० २२३–२५३ निश्चित किया गया है।

३–विनयतोष भट्टाचार्यके अनुसार वसुबन्धुका समय वि० सं० ३५४ है।

ग्रन्थोंमें यह लगभग एक-सी है। परन्तु इस परम्परामें उमास्वाति या उनके किसी गुरुका नाम नहीं।

२ आदिपुराण और हरिवंश विक्रमकी नौवीं शताब्दिके ग्रन्थ हैं। इनमें प्रायः सभी प्रसिद्ध ग्रन्थकर्त्ताओंका स्तुतिपरक स्मरण किया गया है, परन्तु उनमें उमास्वाति स्मरण नहीं किये गये और यह असंभव मालूम होता है कि उमास्वाति जैसे युगप्रवर्तक ग्रन्थकर्त्ताको वे भूल जाते और आदिपुराणके कर्त्ता तो उनके साहित्यसे भी परिचित थे। क्योंकि उनके गुरु वीरसेनने अपनी धवला-टीकामें एक जगह गृध्रपिच्छाचार्य या उमास्वातिके तत्त्वार्थके एक सूत्रको भी उद्धृत किया है[1] और स्वयं उन्होंने भी जैसा कि पहले लिखा जा चुका है, उमास्वातिके भाष्यान्तके ३२ पद्य और प्रशमरति प्रकरणका भी एक पद्य अपनी जयधवलामें उद्धृत किया है। वास्तवमें वे उन्हें भिन्न सम्प्रदायका आचार्य जानते होंगे।

३ दिगम्बर सम्प्रदायमें वे गृध्रपिच्छाचार्य नामसे प्रसिद्ध हैं। कहा गया है कि वे गीधके पंखोंकी पिच्छि रखते थे। नन्दिसंघकी गुर्वावलीके[2] अनुसार जिनचन्द्रके शिष्य पद्मनन्दि या कुन्दकुन्द और कुन्दकुन्दके शिष्य उमास्वाति थे। साथ ही कुन्द-कुन्दके जो पाँच नाम[3] ( एलाचार्य, वक्रग्रीव, गृध्रपिच्छ, पद्मनन्दि और कुन्दकुन्द ) बतलाये हैं उनमें कुन्दकुन्दका भी एक नाम गृध्रपिच्छ दिया है। अर्थात् इसके अनुसार गृध्रपिच्छ उमास्वातिका ही नहीं, उनके गुरुका भी नाम था। उधर श्रवणबेलगोलके शिलालेख नं० ४० ( शक संवत् १०८५ ), नं० ४२ ( श० १०९९ ), नं० ४३ ( १०४५ ), नं० ४७ ( १०३७ ), ५० ( १०६८ ) और १०८ ( १३५५ ) के अनुसार उमास्वाति ही गृध्रपिच्छ थे। वे कुन्द-कुन्दके अन्वयमें ( शिष्य नहीं ) हुए थे और उनके शिष्य बलाकपिच्छ थे।

---

१–तह गिद्धपिंछाइरियपयासिद तच्चत्थसुत्ते वि 'वर्तनापरिणाम क्रिया परत्वापरत्वे च कालस्य' इदि दव्वकालो परूविदो।—जिल्द ४, पृ० ३१६

२–जैनहितैषी भाग ६, अंक ७–८, पृ० २२–२८

३—ततोऽभवत्पञ्चसुनामधामा श्रीपद्मनन्दी मुनिचक्रवर्ती—
आचार्यकुन्दकुन्दाख्यो वक्रग्रीवो महामतिः।
एलाचार्यो गृध्रपिच्छः पद्मनन्दीति''' ॥ ३

पूर्वोक्त गुर्वावलीमें कुन्दकुन्दका एक नाम गृध्रपिच्छ बतलाया है और दूसरा चक्रग्रीव। परन्तु शिलालेख नं० ५४ (श० १०५०) मे कुन्दकुन्दके बाद समन्तभद्र और सिंहनन्दिकी स्तुति करके फिर वक्रग्रीवकी प्रशंसा की गई है और उन्हें बड़ा भारी वाग्मी और वादी बतलाया है। उक्त लेखमें कुन्दकुन्दके बाद उमास्वातिका नाम ही नहीं है और आगे भी उनकी कोई चर्चा नहीं।

गुर्वावली, पट्टावली और शिलालेखो आदिके पूर्वोक्त उल्लेख बतलाते हैं कि उनके रचयिताओंको उमास्वातिकी गुरुपरम्पराका, नामका और समयका कोई स्पष्ट ज्ञान नहीं था, इसीलिए उनमें परस्पर मतभेद और गड़बड़ है। पूर्वोक्त शिलालेखोंमें कोई भी श० सं० १०३७ (वि० सं० ११७२) से पहलेका नहीं है और गुर्वावली-पट्टावली तो शायद उनके भी बहुत बाद बनी हैं[1]। जिस समय टीका-ग्रन्थोंके द्वारा उमास्वाति दिगम्बर सम्प्रदायके आचार्य मान लिये गये, और उनको कहीं न कहीं अपनी परम्परामें बिठा देना लाजिमी हो गया, उस समयके बादकी ही उक्त पट्टावलियाँ शिलालेखों आदिकी सृष्टि है। विभिन्न समयोंके लेखकों द्वारा लिखे जानेके कारण उनमें एकवाक्यता नहीं रह सकी।

**श्वे० परम्परा**—लगभग यही हालत श्वेताम्बरसम्प्रदायकी पट्टावलियों आदिकी भी है। उनमें सबसे प्राचीन कल्पसूत्र-स्थविरावली और नन्दिसूत्र-स्थविरावली हैं जो वीर नि० सं० ९८० (वि० स० ५१०) में सङ्कलित की गई थीं। उमास्वातिके विषयमें इतना तो निश्चित है कि वे वि० सं० ५१० से पहले हो चुके हैं। फिर भी उनमें उमास्वातिका नाम नहीं है। नन्दिसूत्रमें वाचनाचार्योंकी भी सूची दी हुई है परन्तु उसमें भी उमास्वाति या उनके गुरु शिवश्री, मुण्डपाद, मूल आदि किसी भी वाचकका नाम नहीं है।

पिछले समयकी रची हुई जो अनेक श्वे० पट्टावलियाँ हैं उनमें अवश्य उमास्वातिका नाम आता है, परन्तु एकवाक्यताका वहाँ भी अभाव है।

---

१—पं० जुगलकिशोरजी मुख्तार इन्हें विक्रमकी बारहवीं सदीके बादकी बनी हुई मानते है।—देखो, स्वामी समन्तभद्र।

२—कल्पसूत्र और नन्दिसूत्र स्थविरावलीमें सबसे बड़ी कमी यह है कि उनमें किसी भी स्थविरका समय नहीं दिया है। अन्य पट्टावलियोंमें जो समयक्रम मिलता है, वह बहुत पीछे प्रस्थापित किया गया जान पड़ता है।

दुःषमाकाल-श्रमणसंघस्तोत्र ( वि० की तेरहवीं सदी ) में हरिभद्र और जिनभद्र गणिके बाद उमास्वातिको लिखा है जब कि स्वयं हरिभद्र तत्त्वार्थभाष्यके एक टीकाकार हैं और जिनभद्रगणिने अपना विशेषावश्यक भाष्य वि० सं० ६६० मे समाप्त किया है।

धर्मसागर उपाध्यायकृत तपागच्छपट्टावली ( वि० सं० १६४६ ) मे जिन-भद्रके बाद विबुधप्रभ, जयानन्द और रविप्रभके बाद उमास्वातिको युगप्रधान बतलाया है और उनका समय वि० सं० ७२०। फिर उनके बाद यशोदेवका नाम है। इसके विरुद्ध देवविमलकी महावीर-पट्टपरम्परा ( वि० सं० १६५६ ) मे रविप्रभ और यशोदेवके बीच उमास्वातिका नाम ही नहीं है और न आगे कहीं है।

विनयविजय गणिने अपने लोकप्रकाश ( वि० सं० १७०८ ) में उमास्वातिको ग्यारहवाँ युगप्रधान बतलाया है जो जिनभद्रके बाद और पुष्यमित्रके पहले हुए।

रविवर्द्धन गणिने ( वि० स० १७३९ ) पट्टावलीसारोद्धारमे उमास्वातिको युगप्रधान कहकर उनका समय वीर नि० सं० ११९० लिखा है। उनके बाद वे जिनभद्रको बतलाते हैं जब कि धर्मघोषसूरि उमास्वातिको जिनभद्रके बाद रखते हैं।

धर्मसागरने तो अपनी त० पट्टावली ( सटीक ) मे दो उमास्वाति खड़े कर दिये हैं, एक तो वि० सं ७२० में रविप्रभके बाद होनेवाले जिनका जिकर ऊपर हो चुका है और दूसरे आर्यमहागिरिके बहुल और बलिस्सह नामक दो शिष्योंमेसे दूसरे बलिस्सहके शिष्य, जिनका समय वीर नि० ३७६ से कुछ पहले पड़ता है और उन्हें ही तत्त्वार्थादिका कर्ता अनुमान कर लिया है।

नन्दिसूत्रकी २६ वीं गाथामें ' हारियगुत्तं साइं च वन्दे ' ( हारीतगोत्रं स्वातिं च वन्दे ) पद है। चूँकि उमास्वाति नामका उत्तरार्ध ' स्वाति ' है, इसलिए धर्मसागरजीने ' स्वाति ' को ही उमास्वाति समझ लिया और यह नहीं सोचा कि तत्त्वार्थकर्त्ता उमास्वातिका गोत्र तो कौभीषणि है और स्वातिका हारीत, इसके सिवाय दोनोंके गुरु भी दूसरे दूसरे हैं।

गरज यह कि श्वेताम्बर सम्प्रदायके लेखक भी उमास्वातिकी परम्परा और समय आदिके सम्बन्धमें अँधेरेमें हैं। उन्होंने भी बहुत पीछे उन्हें अपनी पर-म्परामें कहीं न कहीं बिठानेका प्रयत्न किया है।

हमारी समझमें तत्त्वार्थ-सूत्र और भाष्यके कर्त्ता पहले तो दोनों सम्प्रदायोंके लिए अन्य थे परन्तु पीछे जब अपनी अपनी टीकाओंके द्वारा उनको आत्मसात् कर लिया गया तब पीछेके लेखकोंको उन्हें अपनी अपनी परम्परामें स्थान देनेको विवश होना पड़ा, जिसमें एकवाक्यता न रही और यह गड़बड़ मच गई।

**यापनीय सम्प्रदाय**—इससे ऐसा खयाल होता है कि उमास्वाति इन दोनोंके अतिरिक्त किसी तीसरे ही सम्प्रदायके थे और वह शायद यापनीय सम्प्रदाय हो।

यापनीय सम्प्रदायका अब केवल नाम ही रह गया है, स्वतन्त्र सम्प्रदायके रूपमें उसकी परम्परा नहीं रही है। हाँ, उसका थोड़ा-सा साहित्य अवश्य रह गया है जो मुश्किलसे पहिचाना जाता है।

तत्त्वार्थ-भाष्यकी प्रशस्तिके दो आचार्य—घोषनन्दि और शिवश्री—भी उमास्वातिके यापनीय होनेका संकेत देते हैं। चन्द्रनन्दि, नागनन्दि, कुमारनन्दि आदि नन्द्यन्त नाम यापनीय-परम्परामें अधिक मिलते हैं, बल्कि यापनीयोंका ‘ नन्दि संघ ’ नामका एक संघ भी था जब कि श्वेताम्बर सम्प्रदायमें इस तरहके नामोंका प्रायः अभाव है। इसी तरह उमास्वातिके प्रगुरु ‘ शिवश्री ’ भी आश्चर्य नहीं जो भगवती आराधनाके कर्त्ता ‘ आर्य शिव ’ ही हों। ‘ श्री ’ और ‘ आर्य ’ नामांश नहीं किन्तु सम्मानसूचक शब्द जान पड़ते हैं। वास्तविक नाम ‘ शिव ’ है, जो छन्दके वजनको ठीक रखनेके लिए भाष्यमें ‘ शिवश्री ’ और आराधनामें ‘ सिवज्ज ’ या ‘ शिवार्य ’ किया गया है। जिस तरह शिवार्यके गुरुओंमें जिननन्दि और मित्रनन्दि ये दो नन्द्यन्त नाम हैं, उसी तरह उमास्वातिके एक गुरु भी घोषनन्दि हैं। वाचना-गुरु ‘ मूल ’ का भी शायद पूरा नाम ‘ मूलनन्दि ’ हो।

तत्त्वार्थसूत्रकर्त्तारं उमास्वातिमुनीश्वरम्।
श्रुतकेवलिदेशीयं वन्देऽहं गुणमन्दिरम्॥

इस श्लोकमें उमास्वातिको ‘ श्रुतकेवलिदेशीय ’ विशेषण दिया गया है और यही विशेषण वैयाकरण शाकटायनके साथ लगा हुआ मिलता है, साथ ही

१—मैसूरके नगर तालुकेके ४६ शिलालेखमें यह श्लोक है। देखो, एपिग्राफिआ कर्नाटिकाकी आठवी जिल्द।

इसी शिलालेखमें शाकटायनकी भी स्तुति की गई है। 'श्रुतकेवलिदेशीय' का अर्थ होता है श्रुतकेवलीके तुल्य, और शाकटायन यापनीय थे।

**भाष्यमें यापनीयत्व**—तत्त्वार्थ-भाष्यमें भी कुछ स्थल ऐसे हैं जो उसके यापनीय होनेकी सूचना देते हैं—

१ आठवें अध्ययका अन्तिम सूत्र है—' सद्वेद्यसम्यक्त्वहास्यरतिपुरुषवेद-शुभायुर्नामगोत्राणि पुण्यम् '। इसमें पुरुषवेद, हास्य, रति और सम्यक्त्वमोहनीय इन चार प्रकृतियोंको पुण्यरूप बतलाया है। परन्तु श्वेताम्बर दिगम्बर दोनों ही सम्प्रदायोंमें इन्हें पुण्यप्रकृति नहीं माना है। इसलिए सिद्धसेन गणिको इस सूत्रकी टीका करते हुए लिखना पड़ा कि " कर्मप्रकृति ग्रन्थका अनुसरण करनेवाले तो ४२ प्रकृतियोंको ही पुण्यरूप मानते हैं। उनमें सम्यक्त्व, हास्य, रति, पुरुषवेद नहीं हैं। सम्प्रदायका विच्छेद हो जानेसे मैं नहीं जानता कि इसमें भाष्यकारका क्या अभिप्राय है और कर्मप्रकृतिग्रन्थप्रणेताओंका क्या। चौदहपूर्व-धारी ही इसकी ठीक ठीक व्याख्या कर सकते हैं[१]। "

वास्तवमें उक्त चार प्रकृतियोंको पुण्यरूप यापनीय सम्प्रदाय ही मानता है और यह न जाननेके कारण ही सिद्धसेन गणि उलझनमें पड़कर कुछ निर्णय नहीं कर सके हैं।

अपराजित यापनीय थे। उन्होंने भी आराधनाकी विजयोदया टीकामें उक्त चार प्रकृतियोंको पुण्यरूप माना है। यथा—सद्वेद्य सम्यक्त्व रतिहास्यपुंवेदाः शुभे नामगोत्रे शुभं चायुः पुण्यं, एतेभ्योऽन्यानि पापानि।—भगवती आ० पृ० १६४३, पंक्ति ४

२—सातवें अध्यायके तीसरे सूत्रके भाष्यमें पाँच व्रतोंकी जो पाँच पाँच

---

१—"कर्मप्रकृतिग्रन्थानुसारिणस्तु द्वाचत्वारिंशत्प्रकृती पुण्याः कथयन्ति।.. आसां च मध्ये सम्यत्क्वहास्यरतिपुरुषवेदा न सन्त्येवेति। कोऽभिप्रायो भाष्यकृतः को वा कर्मप्रकृतिग्रन्थ-प्रणयिनामिति सम्प्रदायविच्छेदान्मया तावन्न व्यज्ञायीति। चतुर्दशपूर्वधरादयस्तु संविदते यथावदिति निर्दोषं व्याख्यातम्। "

२—विजयोदयाके कर्त्ता तत्त्वार्थसूत्रसे खूब परिचित थे। उन्होंने इस टीकामें तत्त्वार्थके बीसों सूत्र उद्धृत किये हैं और उनमें कुछ सूत्र भाष्यानुसारी हैं। जैसे पृ० १५२१ पर

भावनायें बतलाई हैं उनमेंसे अचौर्य व्रतकी भावनायें भगवती आराधनाके अनुसार हैं, सर्वार्थसिद्धिके अनुसार नहीं।

" अस्तेयस्यानुवीच्यवग्रहयाचनमभीक्ष्णावग्रह-याचनमेतावदित्यवग्रहावधारणं समानधार्मिकेभ्योऽवग्रहयाचनानमनुज्ञापितपानभोजनमिति। " –भाष्य

" अणणुण्णदग्गहण असंगबुद्धी अणुण्णवित्तावि।
एदावंति य उग्गहजायणमध उग्गहाणुस्स ॥ १२०८
वज्जणमणुण्णादगिहप्पवेसस्स गोयरादीसु।
उग्गहजायणमणुवीचिए तहा भावणातइए ॥ १२०९ "

—भगवती आराधना

इससे भी मालूम होता है कि भाष्यकार और भगवती आराधनाके कर्त्ता दोनों एक ही सम्प्रदायके हैं।

३—नवें अध्यायके सातवें सूत्रमें अनित्य अशरण आदि बारह अनुप्रेक्षाओंके नाम दिये हैं और भाष्यमें कहा है—एता द्वादशानुप्रेक्षाः। ये बारह अनुप्रेक्षायें हैं। परन्तु डा० ए० एन० उपाध्येने मुझे बतलाया कि उपलब्ध आगमोंमें कहीं भी पूरी बारह अनुप्रेक्षायें नहीं मिलती। कहीं चार हैं, कहीं दो हैं, कहीं एक, जब कि भगवती आराधनामें ( गाथा १७१५–१८७१ ) इन्हीं बारह भावना-

---

'उत्तमसंहननस्य' आदि सूत्र। विजयोदया टीका सर्वार्थसिद्धिके बादकी मालूम होती है। क्योंकि उसमें एक जगह स० सि० के विचारोंका खण्डन है—

" अग्रं मुखं। एकमग्रमस्येत्येकाग्रं नानार्थावलम्बनेन चिन्तापरिस्पन्दवती तस्या अन्याशेषमुखेभ्यो व्यावर्त्य एकस्मिन्नग्रे नियम एकाग्रचिन्तानिरोध इत्युच्यते। " स० सि० ९–२७

" केचित्प्रवदन्ति 'नानार्थावलम्बनेन चिन्तापरिस्पन्दवती तस्या एकस्मिन्नग्रे नियमश्चिन्तानिरोध' इति। त इदं प्रष्टव्याः—नानार्थाश्रया चिन्ता सा कथमेकत्रैव प्रवर्तते ? एकत्रैव चेत्प्रवृत्ता नानार्थावलम्बनं परिस्पन्दं नासादयतीति निरोधवार्तायुक्तिरसंगता। तस्मादेवमत्र व्याख्यानं चिन्ताशब्देन चैतन्यमुच्यते। "—भ० आ० पृ० १५२३

पहले अध्यायके पहले सूत्रकी सर्वार्थसिद्धिमें चरित्रका लक्षण दिया है—" ज्ञानवतः कर्मादाननिमित्तक्रियोपरमः सम्यक्चारित्रम्। " विजयोदयामें ठीक यही अंश उद्धृत है—

" तथा चाभ्यधायि-कर्मादाननिमित्तक्रियोपरमो ज्ञानवतश्चारित्रमिति। " पृ० ३२

१—देखो, तत्त्वार्थसूत्र जैनागमसमन्वय, पृ० १८१-८२

ओंका खूब विस्तारके साथ वर्णन है। इससे भी उमास्वाति और भगवती आराधनाके कर्त्ता एक ही परम्पराके मालूम होते हैं। कमसे कम उमास्वाति उस परम्पराके नहीं जान पड़ते जो इस समय उपलब्ध आगमोंकी अनुयायिनी है। मूलाचारमें भी आठवें परिच्छेदमें द्वादशानुप्रेक्षाओंका विस्तृत वर्णन है और वह भी आराधनाकी परम्पराका ग्रन्थ है।

४—तीसरे अध्यायके 'आर्या म्लेच्छाश्च' सूत्रके भाष्यमें अन्तरद्वीपोंके नाम वहाँके मनुष्योंके नामसे पड़े हुए बतलाये हैं, जैसे एकोरुकोंका (एक टाग-वालोंका) एकोरुक द्वीप आदि।[1] परन्तु इसके विरुद्ध भाष्य-वृत्तिकर्त्ता सिद्धसेन-कहते हैं कि उक्त द्वीपोंके नामसे वहाँके मनुष्योंके नाम पड़े हैं, जैसे एकोरुक नामक द्वीपके रहनेवाले एकोरुक मनुष्य। वास्तवमें वे मनुष्य सम्पूर्ण अग-प्रत्यंगोंसे पूर्ण सुन्दर मनोहर हैं[2]। अर्थात् इस विषयमें भाष्य और वृत्तिकारकी मान्यतामें भेद है। परन्तु यापनीयोंकी विजयोदया टीकामें भाष्यके ही मतका प्रतिपादन किया गया है[3] और यह भी भाष्यकारके यापनीय होनेका एक प्रमाण है।

**भाष्यसे विरोध**—भाष्यमें अनेक मान्यताये ऐसी हैं जिनमे श्वेताम्बर सम्प्रदायका विरोध आता है और जिनसे श्वेताम्बर टीकाकार सिद्धसेन सहमत नहीं हैं। वे उन्हें आगमविरोधी मानते हैं[4]।

---

१—"एकोरुकाणामेकोरुकद्वीप। एव शेषाणामपि स्वनामभिस्तुल्यनामानो वेदितव्या।"—भाष्य।

२—"द्वीपनामत पुरुषनामानि, ते तु सर्वाङ्गसुन्दरा दर्शनमनोरमणा· नैकोरुका एव। इत्येवं शेषा अपि वाच्या।"—सि० से० वृत्ति।

३—"अभाषका एकोरुका लागूलिकविषाणिन·। आदर्शमेषहस्त्यश्व विद्युदुल्कमुखा अपि॥
हयकर्णगजकर्णाः कर्णप्रावरणास्तथा। इत्येवमाद्यो ज्ञेया अन्तरद्वीपजा नरा·॥
समुद्रद्वीपमध्यस्था· कन्दमूलफलाशिनः। वेदयते मनुष्यायु· मृगोपमचेष्टिना·॥"
—भ० आ० पृ० ९३६

४—ऐसा जान पड़ता है कि यापनीयोंके आगम वर्तमान वल्लभी वाचनाके आगमोंसे भिन्न पहलेकी किसी वाचनाके, सभवत माथुरी वाचनाके, थे और इसीलिए विजयोदयामें जो उद्धरण है वे वर्तमान आगमोंमें ज्योंके त्यों नहीं, यत्किञ्चित् पाठ-भेदको लिए हुए मिलते है। उमास्वातिका भाष्य उसी पूर्वकी वाचनाके अनुसार होगा और इसीलिए वह कहीं कहीं सिद्धसेनको आगमविरोधी मालूम हुआ है।

१—अध्याय २, सूत्र १७ के भाष्यमें उपकरणके दो भेद किये हैं, बाह्य और अभ्यन्तर। इसपर सिद्धसेन कहते हैं कि आगममें ये भेद नहीं मिलते। यह आचार्यका ही कहींका सम्प्रदाय है[1]।

२—अध्याय ३, सूत्र ३ के भाष्यमे रत्नप्रभाके नारकीयोंके शरीरकी ऊंचाई ७ धनुष, ३ हाथ और ६ अगुल बतलाई है[2]। सिद्धसेन कहते हैं कि भाष्यकारने यह अनिदेशसे कही है। मैने तो आगममें कहीं यह प्रतरादि भेदसे नारकीयोंकी अवगाहना नहीं देखी[3]।

३—अ० ३, सू० ९ के भाष्यमे जो परिहाणि बतलाई है, उसके विषयमें सिद्धसेन कहते हैं कि यह परिहाणि गणितप्रक्रियाके साथ जरा भी ठीक नहीं बैठती। आर्षानुसारी गणितज्ञ इसे अन्यथा ही वर्णन करते हैं[4]। हरिभद्रसूरिको भी इसमें कुछ संदेह हुआ है[5]।

४—अ० ३, सूत्र १५ के भाष्यकी टीका करते हुए सिद्धसेन लिखते हैं, इस अन्तरद्वीपक भाष्यको दुर्विदग्धोंने प्रायः नष्ट कर दिया है जिससे भाष्य-पुस्तकोंमें (भाष्येपु) ९६ अन्तरद्वीप मिलते हैं[6]। पर यह अनार्ष है। वाचक

---

१—"आगमे तु नास्ति कश्चिदन्तर्बहिर्भेद उपकरणस्येत्याचार्यस्यैव कुतोऽपि सम्प्रदाय इति"।

२—तिलोयपण्णत्तिमें तत्त्वार्थ-भाष्यके ही समान अवगाहना बतलाई है—सत्त-ति-छ-हत्थगुलाणि कमसो हवंति धम्माए। अ० २, ११६

३—"उक्तमिदमनिदेशतो भाष्यकारेणास्ति चैतत् न तु मया क्वचिदागमे दृष्ट प्रतरादि-भेदेन नारकाणा शरीरावगाहनमिति।"

४—"एषा च परिहाणि आचार्योक्ता न मनागपि गणितप्रक्रियया सगच्छते। गणित-शास्त्रविदो हि परिहाणिमन्यथा वर्णयन्त्यागमानुसारिण।"

५—"गणितज्ञा एवात्र प्रमाण।"

६—सर्वार्थसिद्धि और तिलोयपण्णत्ति आदि दिगम्बर ग्रन्थोंमे भी ९६ ही अन्तरद्वीप बतलाये है। भाष्यमें भी ९६ का ही पाठ रहा होगा। परन्तु आश्चर्य है कि मुद्रित भाष्य-पाठोंमें ५६ ही अन्तरद्वीप मुद्रित है और उक्त भाष्यांशके नीचे ही ९६ अन्तरद्वीपोंकी सूचना देनेवाली सिद्धसेनकी तथा हरिभद्रकी टीका मौजूद है। प्रतिलिपिकारों अथवा मुद्रित करानेवालोंका यह अपराध अक्षम्य है।

मुख्य सूत्रका उल्लंघन नहीं कर सकते। यह असंभव है[१]।

५—अ० ४, सूत्र ४२ के भाष्यपर सिद्धसेन कहते हैं कि भाष्यकारने सर्वार्थसिद्धमें भी जघन्य आयु बत्तीस सागरोपम बतलाई है, सो न जाने किस अभिप्रायसे, आगममें तो तेतीस सागरोपम है[२]।

६—अ० ४, सूत्र २६ के भाष्यमें लोकान्तिक देवोंके आठ भेद हैं। परन्तु भगवती, ज्ञाताधर्मकथा, स्थानांगादिमें नौ बतलाये हैं[३]।

७—अ० ९, सू० ६ के भाष्यमें भिक्षुप्रतिमाओंके जो १२ भेद किये हैं, उनको ठीक न मानकर सिद्धसेन कहते हैं कि यह भाष्यांश परम ऋषियोंके प्रवचनके अनुसार नहीं है किन्तु पागलका प्रलाप है। वाचक तो पूर्ववित् होते हैं, वे ऐसा आर्षविरोधी कैसे लिखते ! आगमको ठीक न समझनेसे जिसे भ्रान्ति हो गई है ऐसे किसीने यह रच दिया है[४]।

इस तरह और भी अनेक स्थानोंमें वृत्तिकारने आगम-विरोध बतलाया है, जिसका स्थानभावसे उल्लेख नहीं किया जा सका। इस विरोधसे स्पष्ट समझमें आ जाता है कि भाष्यकारका सम्प्रदाय सिद्धसेनके सम्प्रदायसे भिन्न है और वह यापनीय हो सकता है।

**मूल सूत्रमें भी खटकनेवाली बातें**—दिगम्बर सम्प्रदाय तत्त्वार्थ-भाष्यको नहीं मानता, सिर्फ सूत्र-पाठको मानता है और वह सूत्रपाठ भी भाष्यमान्य

१—"पञ्चान्तरद्वीपकभाष्यं प्रायो विनाशितं सर्वत्र कैरपि दुर्विदग्धैर्येन षण्णवतिरन्तर-द्वीपिका भाष्येषु दृश्यन्ते। अनार्षं चैतदध्यवसीयते जीवाभिगमादिषु षट्पञ्चाशदन्तरद्वीप-काध्ययनात्। नापि च वाचकमुख्याः सूत्रोल्लंघनेनाभिदधत्यसम्भाव्यमानत्वात्। "

(हरिभद्रीयवृत्तिमें भी बिल्कुल यही पाठ है।)

२—"भाष्यकारेण तु सर्वार्थसिद्धेऽपि जघन्या द्वात्रिंशत्सागरोपमाण्यधीता, तन्न विद्मः केन अभिप्रायेण। आगमस्तावदयं ।"

३—"भाष्यकृता चाष्टविधा इति मुद्रितः। आगमे तु नवधैवाधीता।"

४—"नेदं पारमर्षप्रवचनानुसारि भाष्यं किं तर्हि प्रमत्तगीतमेतत्। वाचको हि पूर्ववित् कथमेवंविधं आर्षविसंवादिनिबध्नीयात्। सूत्रानवबोधादुपजाताभ्रान्तिना केनापि रचितमेतत्।"

सूत्र-पाठसे कुछ भिन्न है। फिर भी उसमें कुछ सूत्र ऐसे रह गये हैं जिनपर बारीकीसे विचार किया जाय, तो वे दिगम्बर-सम्प्रदायकी दृष्टिसे खटकते हैं—

१—अ० ९ के 'एकादश जिने' सूत्रका सीधा और सरल अर्थ यह है कि तेरह-चौदहवें गुणस्थान (जिन) में भूख-प्यास आदि ग्यारह परीषह होती हैं परन्तु चूँकि दि० सम्प्रदाय केवलीको कवलाहार या भूख-प्यास नहीं मानता है, इसलिए उसे इस सूत्रकी व्याख्या दो तरहसे करनी पड़ी है। एक तो यह कि जिन सर्वज्ञमें क्षुधा आदि ग्यारह परीषह वेदनीयकर्मजन्य हैं लेकिन मोह न होनेके कारण वे भूख आदि वेदनारूप न होनेसे सिर्फ उपचारसे द्रव्य परीषह हैं। दूसरी तरह यह कि उक्त सूत्रमें 'न'का अध्याहार करके यह अर्थ किया जाय कि जिन भगवानमें वेदनीय कर्म होनेपर भी तदाश्रित क्षुधा आदि ग्यारह परीषह मोहका अभाव होनेके कारण बाधारूप न होनेसे हैं ही नहीं।[1] परन्तु वास्तवमें यह खींचातानी है। सूत्रकार यापनीय हैं, इसीलिए वे केवलीको कवलाहार मानते हैं और उनके मतसे 'जिन' के ग्यारह परीषह होना ठीक है।

२—चौथे अध्यायका 'दशाष्टपंचद्वादशविकल्पाः कल्पोपपन्नपर्यन्ताः' सूत्र दोनों सूत्रपाठोंमें एक-सा मिलता है जिसके अनुसार भवनवासियोंके दस, व्यन्तरोंके आठ, ज्योतिष्कोंके पाच और कल्पवासियोंके बारह भेद हैं; परन्तु आगेके 'सौधर्मैशान' आदि सूत्रमें जिसमें कल्पवासियोंके भेद गिनाये हैं, भिन्नता आ गई है। भाष्यमान्यपाठमें जहाँ कल्पोंके नाम १२ हैं, वहाँ दिगम्बर सूत्रपाठमें १६ हैं, अर्थात् ब्रह्मोत्तर, कापिष्ठ, शुक्र और सतार ये चार नाम और बढ गये हैं।

१–निरस्तघातिकर्मचतुष्टये जिने वेदनीयसद्भावात्तदाश्रया एकादशपरीषहाः सन्ति। ननु च मोहनीयोदयसहायाभावात्क्षुदादिवेदनाभावे परिषहव्यपदेशो न युक्तः। सत्यमेवमेतत्—वेदनाभावेऽपि द्रव्यकर्मसद्भावापेक्षया परिषहोपचारः क्रियते, निरवशेषनिरस्तज्ञानातिशये चिन्तानिरोधाभावेऽपि तत्फलकर्मनिर्हरणफलापेक्षया ध्यानोपचारवत्। अथवा एकादश जिने न सन्ति इति वाक्यशेषः कल्पनीयः सोपस्कारत्वात्सूत्राणाम्।—सर्वार्थसिद्धि

२–इस विषयपर डा० हीरालालजी जैनने अपने जैनसिद्धान्तभास्कर (भाग १०, अंक २, पृष्ठ ८९-९४) में प्रकाशित लेखमें 'क्या तत्त्वार्थसूत्रकार और उनके टीकाकारोंका अभिप्राय एक ही है?' विशेष प्रकाश डाला है।

३–यापनीय संघके शाकटायनने अपने 'केवलिभुक्ति' नामक प्रकरणमें कवलाहारका जोरोंसे समर्थन किया है। देखो, जैनसाहित्य संशोधक भाग २, अंक ३

चूँकि दिगम्बर सम्प्रदायमें कल्प १६ माने जाते हैं, और तदनुसार ही आगेके सूत्रको बढ़ाकर उनका नाम निर्देश भी कर दिया गया है, इसलिए पहले सूत्रमें भी ' द्वादश ' के स्थानमें ' षोडश ' पद होना चाहिए था, अर्थात् सूत्रका रूप ' दशाष्टपंचषोडशविकल्पाः कल्पोपपन्नपर्यन्ताः ' होना ठीक होता। सो नहीं है और यह खटकनेवाली बात है।

३—नवें अध्यायके ' पुलाकबकुश ' और ' संयमश्रुत ' आदि सूत्रोंमें जिन पाँच तरहके निर्ग्रन्थोंका वर्णन है, उनकी चर्चा दिगम्बर सम्प्रदायके किसी भी प्राचीन ग्रन्थमें—तत्त्वार्थकी टीकाओंके सिवाय—नहीं दिखलाई देती। इनमेंसे पहलेके तीन निर्ग्रन्थों—पुलाक बकुश और कुशील मुनियों—का दिगम्बर मुनियोंकी उग्र चर्याके साथ कोई मेल नहीं बैठता। इनके अन्वर्थक नाम, और भाष्यमें जो इनके स्वरूप बतलाये हैं वे, इनकी चर्याको काफी शिथिल प्रकट करते हैं। सर्वार्थसिद्धिकारने इनके स्वरूपको काफी सँभालनेकी कोशिश की है, परन्तु दूसरे टीकाकार श्रुतसागरने ' संयमश्रुत ' आदि सूत्रकी व्याख्या करते हुए यह स्वीकार किया है कि असमर्थ मुनि शीतकालादिमें वस्त्रादि भी ग्रहण कर सकते हैं और इसे कुशीलमुनिकी अपेक्षासे भगवती आराधनाके अनुकूल भी बतला दिया है[२]। इस तरह उन्होंने एक तरहसे यापनीयोंका ही मत मान लिया है जो अपवादरूपसे मुनियोंको वस्त्रग्रहणकी व्यवस्था देता है। कहनेका अभिप्राय यह है कि ये कुशीलादि मुनि यापनीय सम्प्रदायके अनुसार ही निर्ग्रन्थ कहला सकते हैं।

**यापनीयोंसे परिचय**—भाष्यके अतिरिक्त तत्त्वार्थकी जितनी टीकायें उपलब्ध हैं उनमें सबसे पहली सर्वार्थसिद्धि है। इसका रचना-काल विक्रमकी छठी सदी है। संभवतः इसीके द्वारा दिगम्बर-सम्प्रदायको तत्त्वार्थसूत्रका परिचय

---

१–पुलाको निःसार इति प्ररूढ लोके। शबलपर्यायवाची बकुशशब्दः। सातिचारत्वाच्चरणपट शाबलयति। अनियमितेन्द्रिया कुशीलाः।

२–लिङ्गं द्विविधं द्रव्यभावलिङ्गभेदात्। तत्र भावलिङ्गिनः पञ्च प्रकारा अपि निर्ग्रन्था भवन्ति। द्रव्यलिङ्गिन असमर्था महर्षय शीतकालादौ कम्बलादिकं गृहीत्वा न प्रक्षालयन्ति न सीव्यन्ति न प्रयत्नादिकं कुर्वन्ति अपरकाले परिहरन्तीति भगवतीआराधनाप्रोक्ताभिप्रायेण कुशीलापेक्षया वक्तव्यम्।

हुआ। इसी तरह हरिभद्रकी अधूरी टीका और सिद्धसेनगणिकी सम्पूर्ण टीकाके द्वारा श्वेताम्बरसम्प्रदायमें तत्त्वार्थ और उसके भाष्यको स्थान मिला। इन दोनोंका समय विक्रमकी ८–९ वीं शताब्दि है।

पिछली दोनों टीकायें सर्वार्थसिद्धि ही नहीं अकलंकदेवकी प्रसिद्ध टीका तत्त्वार्थवार्तिकके भी बादकी हैं और जैसा कि पं० परमानन्दजी शास्त्रीने बतलाया है[3] उनके कर्त्ताओंके सामने सर्वार्थसिद्धि और तत्त्वार्थ वर्तिक मौजूद थे। इनके सिवाय ऐसा जान पड़ता है कि सिद्धसेनगणिके सामने और भी छोटी मोटी टीकायें रही होंगी,[4] परन्तु संभवतः वे यापनीयोंकी होंगी जैसा कि सिद्धसेनकी वृत्तिके एक उल्लेखसे प्रकट होता है।[5]

---

१—यह टीका हरिभद्रने अ० ५ सूत्र २२ तक लिखी थी और शेष यशोभद्र और उनके अज्ञात शिष्यने सिद्धसेनकी वृत्तिकी ही प्राय: नकल करके पूर्ण की है। शुरूके अध्यायोंमें भी यत्र तत्र सिद्धसेनवृत्तिके अंश मिलते हैं।

२—देखो, हिन्दी 'तत्त्वार्थसूत्र' की भूमिका पृ० ५०।

३—देखो, अनेकान्त वर्ष ३, अंक ११ में 'सिद्धसेनके सामने स० सि० और राजवार्तिक।'

४—देखो, हिन्दी 'तत्त्वार्थसूत्र' की भूमिका पृ० ५१।

५—देखो, आठवें अध्यायके अन्तिम सूत्रकी वृत्ति, जिसमें कहा है कि कुछ लोग सम्यक्त्व, हास्य, रति, पुरुषवेदको पुण्य प्रकृति मानते हैं, जो इष्ट नहीं है—

सम्यक्त्व-हास्य-रति-पुरुषवेदानां पुण्यतामुशन्त्येके।
न तथा पुनस्तदिष्टं मोहत्वाद्देशघातित्वात्॥

और फिर 'अपरस्त्वाह' कहकर नीचे लिखी पाँच कारिकायें दी हैं जिनमें उक्त प्रकृतियोंका पुण्यत्व प्रतिपादन किया है और भाष्यका 'सर्वं चैतदष्टविधं कर्म पुण्यं पापं च,' अंश उद्धृत करके सूत्रको भाष्यानुकूल बतलाया है—

रति-सम्यक्त्व-हास्यानां पुंवेदस्य च पुण्यताम्। मोहनीयमिति भ्रान्त्या केचिन्नेच्छन्ति तच्च न॥ 'सर्वमष्टविधं कर्म पुण्यं पापं च' निर्वृतम्। किं कर्मव्यनिरिक्तं स्यादस्य पुण्यत्वमिष्यताम्॥ 'शुभायुर्नामगोत्राणि सद्वेद्यं' चेति चेन्मतम्। सम्यक्त्वादि तथैवास्तु प्रसादनमिहात्मनः॥ पुण्यं प्रीतिकरं सा च सम्यक्त्वादिषु पुद्गला। मोहत्वं तु भवाबन्धकारणादुपदर्शितम्॥ मोहो रागः स च स्नेहो, भक्तिरागः स चार्हति। रागस्यास्य प्रशस्तत्वान्मोहत्वेनापि मोहता॥

इससे साफ समझमें आता है कि सिद्धसेनके सामने किसी यापनीय विद्वान्की ही कोई तत्त्वार्थवृत्ति थी जिसमेंसे उक्त कारिकायें उद्धृत की गई हैं और उस वृत्तिकारके सामने-'सद्वेद्यशुभायुर्नामगोत्राणि पुण्यं' सूत्र जिसमें है, ऐसा सूत्र-पाठ भी था। यह वृत्ति सर्वार्थसिद्धिसे पहलेकी भी हो सकती है।

यापनीयोंकी श्वेताम्बरसम्प्रदायके साथ इतनी अधिक समानता है और इतनी कम भिन्नता है कि वह सहसा समझमें नहीं आ सकती। इसलिए हरिभद्र आदि टीकाकार भाष्यकारको अपने ही सम्प्रदायका उच्चनागरशाखाका वाचक समझ सकते हैं। परन्तु चूँकि सिद्धसेनगणि कट्टर आगमिक थे, इसलिए उन्हें भाष्यमें जहाँ कहीं आगम-विरोध दिखलाई दिया है वहाँ वे उसे स्पष्ट रूपसे प्रकट करनेसे भी नहीं चूके हैं, परन्तु इसके लिए उन्होंने सूत्रपाठ या भाष्यमें कोई हस्तक्षेप नहीं किया है। " उमास्वाति वाचकमुख्य हैं, वाचक तो पूर्वोके ज्ञाता होते हैं, उन्होंने ऐसा आगमविरोधी कैसे लिख दिया, यहाँ अवश्य ही किसी दुर्विदग्धने भाष्यको नष्ट कर दिया है। " उनके इस तरहके वाक्योंसे प्रतीत होता है कि वे भाष्यकारको अपने ही सम्प्रदायका समझते हैं। यापनीय भी आगमोंको माननेवाले हैं, परन्तु संभव है उनकी वाचनाके आगमोंमें उपलब्ध वल्लभी वाचनाके आगमोंसे कुछ अन्तर हो और वही अन्तर सिद्धसेनको आगमविरोधी जान पड़ा हो।

परन्तु पूज्यपाद यापनीय सम्प्रदायसे अवश्य परिचित रहे होंगे। क्योंकि दक्षिण और कर्नाटकमें उनसे पहले, चौथी पाँचवीं सदीसे लेकर उनसे बहुत बाद पन्द्रहवीं सदी तक, यह सम्प्रदाय जीवित रहा है। यापनीयोंकी ' भगवती आराधना ' पूज्यपादके पहलेकी और उसकी विजयोदया टीका बादकी लिखी हुई है। शाकटायन व्याकरण और स्त्रीमुक्ति-केवलिभुक्तिप्रकरण अमोघवर्ष प्रथमके समयमें विक्रमकी नवीं शताब्दिके प्रारंभके हैं।

गरज यह कि पूज्यपादके समयमें वह एक सजीव सम्प्रदाय था। इसलिए उन्हें उसका और उसके साहित्यका साक्षात् परिचय अवश्य रहा होगा।

**संशोधित सूत्रपाठ**—उस समय तत्त्वार्थसूत्र और भाष्यकी कर्नाटकके यापनीयोंमें अवश्य प्रसिद्धि रही होगी और उसका पठन-पाठन भी होता होगा। पूज्यपाद देवनन्दिने पाणिनि-व्याकरणको पढ़कर जिस तरह जैनसाहित्यमें एक व्याकरण-ग्रन्थकी कमी महसूस की और उसकी पूर्ति उसीके अनुकरणपर ' जैनेद्र ' की रचना करके की, उसी तरह यदि यापनीयोंके तत्त्वार्थसूत्र और भाष्यकी कमीकी पूर्ति उन्होंने सर्वार्थसिद्धि टीका लिखकर की हो, तो कोई आश्चर्य नहीं।

सर्वार्थसिद्धिका सूत्र-पाठ भी हमारी समझमें उमास्वातिके सूत्र-पाठको थोड़ा-सा संशोधन परिवर्तन करके ही तैयार किया गया है—केवल उतने ही सूत्रोंमें फर्क

करके जो दिगम्बरसम्प्रदायके साथ बिलकुल ही मेल नहीं खाते अथवा जिन जिनमें कुछ त्रुटियाँ नजर आई ।[1]

सूत्रपाठके संशोधन परिवर्तन और विस्तारका ऐसा ही एक उदाहरण पूज्यपादके ही जैनेन्द्र ( व्याकरण ) सूत्र-पाठका है । तत्त्वार्थके ही समान 'जैनेन्द्र' के भी दो सूत्र-पाठ प्रचलित हैं । एक पूज्यपादकृत असली सूत्र-पाठ जिसपर

१–उपलब्ध टीकाओंसे मालूम होता है कि मूल सूत्र-पाठमे उनसे पहले ही बहुतसे पाठान्तर प्रचलित थे । इन पाठान्तरोंकी थोड़ी बहुत चर्चा प्राय सभी टीकाकारोंने की है। सर्वार्थसिद्धिमें दो पाठान्तरोंका उल्लेख है, राजवार्तिकमें उससे कुछ अधिक पाठान्तरोंकी चर्चा है और सिद्धसेनकी वृत्तिमें तो बीसों पाठान्तरोंकी आलोचना है । जैसे--अ० २ सू० ९, १९, २४, ३७, ४९, अ० ५, सू० २, ३, अ० ७ सू० ३, २३ आदि । अधिक पाठान्तर भाष्यप्रतियोंके कारण हुए जान पड़ते है । क्योंकि हस्तलिखित प्रतियोंमें मूल और भाष्य लगातार –रनिंग -लिखे रहते हैं । उनमे कहाँ तक सूत्र-पाठ है और कहाँसे भाष्य-पाठ शुरू होता है, यह जल्दी और सुगमतासे समझमें नहीं आ सकता । इसलिए बहुतसे सूत्र भाष्यमे मिल गये है और बहुतसे भाष्य-वाक्य सूत्र समझ लिये गये है ।

इसके सिवाय लिपिकर्त्ताओंकी कृपासे भाष्यपाठमे भी बहुतसे पाठान्तर और गोलमाल होते रहे है । जैसे–अ० ४ सू० ३८ के भाष्यमे ' अजघन्योत्कृष्टा सर्वार्थसिद्ध इति ' यह पाठ हरिभद्रको नहीं मिला । सिद्धसेनकी वृत्तिमें अ० ५, सू० २९ का भाष्य ३–४ पंक्तियोंका है जब कि हरिभद्रकी वृत्तिमें २५–२६ पंक्तियोंका । इसी तरह अ० २ के अन्तिम सूत्रके भाष्यमे जहाँ सिद्धसेनको ' एभ्य औपपातिकचरमदेहासंख्येयवर्षायुर्भ्य ' पाठ मिला है वहाँ हरिभद्रको " एभ्य औपपातिकचरमदेहोत्तमपुरुषासंख्येयवर्षायुर्भ्य । " और पूर्वोक्त पाठमे ' उत्तमपुरुषा ' न होनेसे सिद्धसेनने सूत्रमे ही उत्तम पुरुष होने न होनेका सन्देह किया है–" अतो भाष्यादेव सन्देह । " जरूरत इस बातकी है कि मूल और भाष्यकी अधिकसे अधिक प्राचीन प्रतियाँ संग्रह की जायें, उनमें जितने पाठ-भेद मिलते हैं वे सब छाँटे जायें और फिर उन सबपर टीकाओंकी पाठभेदसम्बन्धी चर्चाको सामने रखकर बारीकीसे विचार किया जाय । इस प्रयत्नसे दोनों सम्प्रदायोंके जिन जिन सूत्रोंमें साधारण शाब्दिक अन्तर है, वे तो एक जैसे ही सिद्ध हो जायँगे और शेष सूत्रोंके विषयमें यह पता लग जायगा कि उनमेंसे किस किसमें मतभेदके कारण भिन्नता हुई है और किस किसमें त्रुटियोंके कारण उचित संशोधन या परिवर्तन किया गया है और कौन कौन सूत्र विस्तारके अभिप्रायसे या जरूरत समझकर बढ़ाये गये हैं ।

विस्तारके अभिप्रायसे बढ़ाये गये सूत्रोंकी चर्चा सिद्धसेनने तीसरे अध्यायके ११ वें

महावृत्ति, पंचवस्तु और शब्दांभोजभास्कर आदि अनेक टीकाग्रन्थ लिखे गये हैं; और दूसरा गुणनन्दिकृत सूत्रपाठ जिसपर प्रक्रिया, शब्दार्णवचन्द्रिका आदि टीकायें लिखी गई । । पहले सूत्रपाठमें लगभग तीन हजार और दूसरेमें लगभग सैंतीस सौ सूत्र हैं । फिर भी दोनोंके अधिकांश सूत्र समान हैं, दोनोंका प्रारंभिक मंगलाचरण एक है और दोनोंके कर्त्ताओंका नाम भी टीकाकारोंने देवनन्दि या पूज्यपाद ही लिखा है, सिर्फ दूसरेको ' गुणनन्दि-तानितवपुः ' ( जिसका शरीर गुणनन्दिने बढ़ाया ) विशेषण दे दिया है ।[1]

और एक ही सूत्र-पाठसे अपने अपने सिद्धान्तोंके प्रतिपादन करनेका दूसरा उदाहरण ' ब्रह्मसूत्र 'का है जिसपर शंकर, निम्बार्क, मध्व, रामानुज और वल्लभ आदि आचार्योंने द्वैत, अद्वैत, विशिष्टाद्वैतोंका प्रतिपादन करनेवाले जुदा जुदा भाष्य लिखे हैं । उनके सूत्रपाठोंमें भी कुछ भिन्नता है । कई सूत्र ऐसे हैं जिन्हें एक मानता है दूसरा नहीं, और कईके शब्दोंमे भी न्यूनाधिक्य है ।

सर्वार्थसिद्धि टीकामें उसके कर्त्ताने दो पाठान्तरोंका निर्देश किया है ।[2] यद्यपि ये पाठान्तर बिल्कुल साधारणसे हैं, उनसे कोई बड़ा मत-भेद प्रकट नहीं होता है; फिर भी कुछ विद्वान् उनके कारण यह अनुमान करते हैं कि सर्वार्थसिद्धिसे पहले भी दिगम्बरमान्य सूत्रपाठ रहा होगा, तभी तो वे पाठान्तर दिये हैं । अर्थात् उनके मतसे इस सूत्रपाठके कर्त्ता स्वयं पूज्यपाद नहीं हो सकते ।

उमास्वाति और पूज्यपादके बीचके समयमें तत्त्वार्थसूत्र और भाष्यकी बीसों प्रतिलिपियाँ हुई होंगी और उनपर छोटे मोटे टीका-टिप्पणग्रन्थ भी लिखे गये होंगे ।[3] इन प्रतिलिपियों और टीका-टिप्पणोंसे भी अनेक पाठान्तरोंकी सृष्टि हो

सूत्रकी टीकामें की है—" अपरे पुनर्विद्वांसोऽतिबहूनि स्वयं विरचय्यास्मिन्प्रस्तावे सूत्राण्यधीयते विस्मयदर्शनाभिप्रायेण । " और इसी सूत्रका भाष्य-वाक्य है–" तत्र पंचयोजनशतानि षड्विंशानि षट्चैकोनविंशतिभागा भरतविष्कंभः । ' इसपर लिखा है–" अपरे त्विदमेव भाष्यवाक्यं सूत्रीकृत्याधीयते । "

१–देखो, ' देवनन्दिका जैनेन्द्रव्याकरण ' शीर्षक लेख पृ० २२–५५

२–पहले अध्यायका १६ वाँ सूत्र–" बहुबहुविधक्षिप्रानिसृतानुक्तध्रुवाणां सेतराणाम् । "–अपरेषां क्षिप्रनिसृत इति पाठः । दूसरे अध्यायका ५३ वाँ सूत्र–औपपादिकचरमोत्तमदेहाऽसंख्येयवर्षायुषोऽनपवर्त्यायुषः "–चरमदेहा इति वा पाठः ।

३–ये टीका–टिप्पण यापनीयोंके ही होंगे, दिगम्बर–श्वेताम्बरोंके नहीं । सिद्धसेनने आठवें अध्यायके अन्तमें ' अपरस्त्वाह ' कहकर जो कारिकायें उद्धृत की हैं वे निश्चयसे किसी यापनीय-टीकाकी हैं ।

सकती है और उन्हींमेंसे उक्त दो पाठान्तरोंका भी उल्लेख पूज्यपाद कर सकते हैं। सिद्धसेनगणिने अपनी भाष्यवृत्तिमें इस तरहके अनेक पाठ-भेदोंकी चर्चा की है।[1] इसके सिवाय भाष्यकी प्रतिलिपियोंपरसे भी इन साधारण पाठान्तरोंका जन्म हो सकता है।[2] अतएव केवल उक्त पाठान्तरोंके कारण पूज्यपादद्वारा संशोधित पाठके तैयार होनेकी संभावनाका विरोध नहीं किया जा सकता।

**समय विचार**—१ सर्वार्थसिद्धि टीकाकी रचनाका समय विक्रमकी छठी शताब्दि है, अतएव सूत्रकार उमास्वाति इससे पहलेके हैं।

२ प्रसिद्ध जर्मन पण्डित हेल्मुट ग्लाजेनपने अपने 'जैनिज्मे' नामक ग्रन्थमें लिखा है कि यद्यपि जैनी उमास्वातिको ईस्वी सन्के प्रारम्भका मानते हैं, परन्तु मेरी समझमें ईसाकी चौथी पाँचवीं सदीमें उनके होनेकी अधिक सम्भावना है।

३ अध्याय ५, सूत्र २९ के तत्त्वार्थ-भाष्यमें उमास्वातिने पातञ्जल योगसूत्रके दो सूत्र उद्धृत किये हैं—"योगिज्ञानप्रमाणाभ्युपगमे त्वभ्रान्तस्तदवस्थाभेदः। एवं यमादिपालनानर्थक्यम्। एवं च सति 'अहिंसासत्यास्तेयब्रह्मचर्यापरिग्रहाः यमाः' 'शौचसन्तोषतपः स्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि नियमाः' इति आगमवचन वचनमात्रम्'। और जैसा कि पं० राहुल सांकृत्यायनने कहा है, योगसूत्रकारका समय ईस्वी सन् २५० (वि० स० ३०७) के लगभग है। अतएव उमास्वातिका समय विक्रमकी चौथी शतीके लगभग होगा।

४ योगसूत्र और उसके भाष्यके साथ तत्त्वार्थसूत्रों और तत्त्वार्थभाष्यकी शाब्दिक तथा आर्थिक समानता बहुत है। अभीतक यह निश्चय नहीं हो सका

---

—केचिदभिदधते—नास्ति सूत्रकारस्योत्तमपुरुषग्रहणमिति। कथम्। ये किल चरमदेहास्ते नियमत एवोत्तमा भवन्ति। उत्तमास्तु चरमदेहत्वेन भाज्या वासुदेवादय इति। तस्मादनार्षमुत्तमपुरुषग्रहणमिति। अ० २-५३।

२—रायचन्द्रशास्त्रमालाद्वारा प्रकाशित और ऋषभदेव के० स० द्वारा प्रकाशित भाष्य-पाठमें छपा है-"अनिश्रितमवगृह्णाति। निश्रितवगृह्णाति।" और देवचन्द्र लालभाईके संस्करणमें छपा है-"निश्रितमवगृह्णाति। अनिश्रितमवगृह्णाति।" भिन्न भिन्न पोथियोंमें इन दोनों पाठोंकी उपस्थितिमें कहा जा सकता है कि 'अपरेषां क्षिप्रनि.सृत इति पाठ.।"

३—देखो, अन्यत्र 'देवनन्दिका जैनेन्द्र व्याकरण' शीर्षक लेख पृ० २२-५५

४—इसका गुजराती अनुवाद जैनधर्मप्रसारक सभा, भावनगर द्वारा प्रकाशित हो चुका है।

५ यह भाष्यपाठ हरिभद्रकी वृत्तिमें है, परन्तु सिद्धसेनकी वृत्तिमें नहीं है।

था कि किसका किसपर असर है, परन्तु योगसूत्रके उपरिलिखित दो सूत्रोंके तत्त्वार्थ-भाष्यमें उद्धृत होनेसे यह निश्चय हो जाता है कि योगसूत्र भाष्यसे पहलेका है और उसीका भाष्यपर असर है। अब योगसूत्रके व्यास-भाष्यको भी लीजिए। उसका प्रभाव भी तो तत्त्वार्थभाष्यपर दिखलाई देता है।

५ जैनागमोंमें यह चर्चा आती है कि पहले बाँधी हुई आयु टूट भी सकती है और नहीं भी टूटती। परन्तु वहाँ आयुके टूट सकनेके पक्षमें भीगे कपड़े और सूखे घासके उदाहरण नहीं मिलते जब कि तत्त्वार्थभाष्यमें मिलते हैं और व्यास-भाष्यमें भी। दोनों भाष्योंके पाठ इस प्रकार हैं—

"...शेषा मनुष्यास्तिर्यग्योनिजाः सोपक्रमा निरुपक्रमाश्चापवर्त्यायुषोऽनपवर्त्यायुषश्च भवन्ति। ... अपवर्तनं शीघ्रमन्तर्मुहूर्तात्कर्मफलोपभोगः उपक्रमो उपवर्तन निमित्तम्। ... संहतशुष्कतृणराशिदहनवत्। यथाहि **संहतस्य शुष्कस्यापि तृणराशेरवयवशः क्रमेण दह्यमानस्य चिरेण दाहो भवति तस्यैव शिथिलप्रकीर्णापचितस्य सर्वतो युगपदादीपितस्य पवनोपक्रमाभिहतस्याशुदाहो भवति। तद्वत्। ...यथा वा धौतपटो जलार्द्र एव च वितानितः सूर्यरश्मिवाय्वभिहतः क्षिप्रं शोषमुपयाति न च संहते...**"
—तत्त्वार्थभाष्य २, ५२

" आयुर्विपाकं कर्म द्विविध सोपक्रमं निरुपक्रम च। तत्र **यथार्द्रवस्त्रं वितानितं ह्रसीयसा कालेन शुष्येत्तथा सोपक्रमम्। यथा च तदेव संपिण्डितं चिरेण संशुष्येदेवं निरुपक्रमम्। यथा वाग्निः शुष्के कक्षे मुक्तो वातेन समन्ततो युक्तः क्षेपीयसा कालेन दहेत् तथा सोपक्रमम्। यथा वा स एवाग्निस्तृणराशौ क्रमशोऽवयवेषु न्यस्तश्चिरेण दहेत् तथा निरुपक्रमम्।** "—योगभाष्य ३, २२

व्यास-भाष्यका ठीक समय मालूम नहीं है, फिर भी वह योगसूत्रके बादका तो है ही, इसलिए ईस्वी सन् ३०० से पहलेका नहीं हो सकता और तब यदि तत्त्वार्थ-भाष्यके उदाहरण व्यास-भाष्यसे ही लिये गये हैं, तो उमास्वाति विक्रमकी चौथी शताब्दिके लगभगके ठहरेंगे।

* प० सुखलालजीके हिन्दी तत्त्वार्थकी भूमिकासे उद्धृत।

६—शास्त्राचार्य पं० हजारीप्रसादजी द्विवेदीने अपने एक लेखमें बतलाया है कि लगध मुनिका ज्योतिषवेदांग हिन्दू ज्योतिषविज्ञानका प्राचीनतम ग्रन्थ है। उसमें केवल सूर्य और चन्द्रमाकी गतियोंका ही विचार किया गया है। अन्यान्य ग्रहोंकी चर्चा उसमें है ही नहीं। लगभग इसी समयके जैन ग्रन्थों—सूर्यप्रज्ञप्ति और चन्द्रप्रज्ञप्तिमें भी सूर्य और चन्द्रके सिवाय और किसी ग्रहका वर्णन नहीं है। वैदिक साहित्यके अन्तिम अंश—सूत्रसाहित्यके बननेके युग तक हिन्दुओंको ग्रहोंका कोई स्पष्ट ज्ञान नहीं था। सारी वैदिक संहिताओंमें शनि या राहु आदि ग्रहोंकी तो बात ही क्या ये शब्द और किसी अर्थमें भी प्रयुक्त नहीं हुए हैं। वर्तमान मनुस्मृति ईस्वी सनके दो ढाई सौ वर्ष बादकी है। उसमें भी ग्रहोंकी चर्चा नहीं है। इस तरह ईस्वी सनकी तीसरी शताब्दि तक ग्रहोंकी जानकारीका कोई ठीक प्रमाण नहीं मिलता।

तत्त्वार्थमें ( अ० ४ सू० १३ ) सूर्य और चन्द्रमाके साथ ग्रह-नक्षत्र और प्रकीर्णक तारोंका वर्णन है[२] और भाष्यमें एक एक चन्द्रमाके अठासी अठासी ग्रहोंका परिवार बतलाया है परन्तु उनके शनि, मंगल आदि नामोंका कोई उल्लेख नहीं है। इससे यही अनुमान होता है कि उमास्वातिके समय तक ज्योतिष शास्त्रमें इनका प्रवेश नहीं हुआ था। परन्तु सर्वार्थसिद्धिके रचनाकालतक इनका ज्ञान हो गया था, इसलिए उसमें नक्षत्रोंसे सूर्य और चन्द्रमासे अमुक अमुक ऊँचाईपर बुध, शुक्र, बृहस्पति, मंगल और शनैश्चर इन पाँच ग्रहोंका वर्णन किया है। चूँकि लगध मुनिके वेदांग ज्योतिषमें, मनुस्मृतिमें और सूर्यप्रज्ञप्तिमें 'ग्रह' शब्द भी नहीं है, और तत्त्वार्थमें 'ग्रह' तो हैं परन्तु उनके मंगल, बुध, आदि नाम नहीं है, इसलिए उमास्वातिको ईसाकी तीसरी चौथी शताब्दिका अनुमान किया जा सकता है।

[ इस लेखका अन्तिम अंश ( समय-विचार ) पीछे लिखा गया है। प्रारंभका पूरा लेख सन् १९४४ में 'भारतीय विद्या' ( त्रैमासिक ) के भाग ३, अंक १ में प्रकाशित हुआ था। ]

---

१—देखो, विश्ववाणी ( इलाहाबाद ) के जनवरी १९४१ के अंकमें 'भारतीय संस्कृतिका मेरुदण्ड ज्योतिष' शीर्षक लेख।

२—ज्योतिष्काः सूर्याश्चन्द्रमसौ ग्रहनक्षत्रप्रकीर्णकतारकाश्च।

# बट्टकेरिका मूलाचार

दिगम्बर सम्प्रदायमें मुनियोंके आचार-सम्बन्धी ग्रन्थोंकी बहुत कमी है। प्राचीन ग्रन्थोंमें ले-देकर मूलाचार ही एक ग्रन्थ है जो प्राचीन जान पड़ता है। वीरनन्दिका आचार-सार, आशाधरका अनगारधर्मामृत, सकलकीर्तिका मूलाचारप्रदीप आदि पिछले ग्रन्थ इसीके आधारसे लिखे गये हैं। धवलाटीकाके कर्त्ता वीरसेनने इसका 'आचारांग' नामसे उल्लेख किया है।

इसके कर्त्ताका नाम बट्टकेरि, बेट्टकेरि या बेट्टगेरि है। परन्तु अभी तक यह मालूम न हुआ कि वे कब हुए हैं, किस संघके हैं और उनकी गुरुपरम्परा क्या है। उनका यह नाम भी कुछ अद्‌भुत-सा है।

जिस तरह कोण्डकुण्ड गाँवके रहनेवाले कोण्डकुण्ड या कुन्दकुन्दाचार्य और तुम्बुलूर ग्रामके रहनेवाले तुम्बलूराचार्य कहलाये, उसी तरह जान पड़ता है, बट्टकेरिके रहनेवाले बट्टकेरि आचार्य होंगे। कर्नाटकमें और उसके दक्षिणमें गाँवोंके नाम व्यक्तिके नामके पहले लिखनेकी प्रथा बहुत समयसे है।

कर्नाटकके पंडित के० भुजबलि शास्त्री, के० कुमारय्या शास्त्री, ए० शान्तिराज शास्त्री जैनसमाजमें सुपरिचित हैं। इनके नामोंके प्रारंभके 'के०' आदि अक्षर इनके मूल ग्रामोंके ही संकेत हैं। भारतीय दर्शनोंके प्रकाण्ड पंडित और हमारे राष्ट्रके उपसभापति सर्वपल्ली राधाकृष्णनके नामका 'सर्वपल्ली' अंश भी उनके गाँवका ही बोधक है। रिजर्व बैंकके गवर्नर सर बेनेगल रामरावका भी 'बेनेगल' गाँव उनके नामके साथ जुड़ा हुआ है।

कनड़ी भाषाके सुप्रसिद्ध कवि बेट्टगेरि कृष्णशर्मा गदग (धारवाड़) के पासके बेट्टगेरि या बट्टकेरी ग्रामके रहनेवाले हैं और इसी नामसे मुझे यह प्रकाश मिला कि

मूलाचारके कर्त्ता भी इसी नामके किसी ग्रामके रहनेवाले होंगे। इनका मूल नाम क्या था, सो तो लोग भूल गये, सिर्फ यह उपनाम ही बचा रह गया।

पं० सुब्बय्या शास्त्रीसे मालूम हुआ कि श्रवणबेल्गोलका एक मुहल्ला भी बेट्टगेरि नामका है।

कारिकलके हिरयंगडिवसतिके पद्मावती देवीके मन्दिरके एक स्तंभपर शक संवत् १३९७ का एक शिलालेख है, जो कनड़ी भाषामें है। इस लेखमें बेट्टगेरि गाँवका नाम दो बार आया है और वह कारकलके पास ही कहीं होना चाहिए।

यह शिलालेख मैंने डा० ए० एन० उपाध्येके पास भेजा था जिनकी मातृ-भाषा कनड़ी है। वे लिखते हैं " कनड़ शिलालेख मैंने पढ़ लिया। इसमें सन्देह नहीं कि 'बेट्टकेरि' स्थाननिर्देशात्मक है। कनड़ीमें बेट्टका अर्थ अक्सर पर्वत ( छोटा-सा ) अरण्यसहित होता है और केरे तालाबके अर्थमें और केरी रास्ता या गलीके अर्थमें आता है। दूसरे शब्दसे एक पेटे ( पुरा या मुहल्ला ) का निर्देश भी हो सकता है।"

अतएव यह अनुमान होता है कि मूलाचारके कर्त्ता बट्टकेरि अपने गाँवके नामसे ही प्रसिद्ध हैं; उनका मूल नाम क्या था, यह विस्मृतिके गर्भमें चला गया है।

मेरे इस अनुमानकी सूचना जैनसिद्धान्तभास्कर ( भाग १२ कि० १ ) में एक छोटेसे लेखके रूपमें प्रकाशित हुई थी परन्तु कुछ मित्रोंने इसे स्वीकार नहीं किया और चूँकि मूलाचारकी कुछ हस्तलिखित प्रतियोंमें 'कुन्दकुन्दाचार्यप्रणीत' लिखा

१–श्री नम सिद्धेभ्य. श्रीमत् शक वर्ष १३९७—
मन्मथसंवत्सर मार्गशीर्षशुद्धपचमि आदिवार तीर्थंकरबस्ति
श्रीमन्मलधारिललितकीर्तिभट्टारकगुड्डगळु

भागसेट्टि बळिय कबेय भाबुसेट्टिभागे १ बागिसेट्टि बळियककके सातिसेट्टि भागे १ बागिसेट्टि बळियसेनपदेवरुभागे १

पुलिसेटिबळिय बेट्टकेरिय ललितण्णभागे १ बासिसेटिबळिय कोट्टारिदेवरुभागे १ बागिसेट्टि बळियकोंडेनेयंणगे भागे अंपुळिसेटि बळय आळव बीमुसेट्टि बाळेय भागे १ कोंबिसेट्टि बळिय अंडियेल गुम्मट भागे १ सटिसटि बळिय येर्मय मैदभागे १ बागिमेटिबळिय बेट्टकेरि य देवरु भागे १ म [ छ १ ] बिस तीर्थंकर मुखमंडपदभागे [॥] भद्रं भूयात्।

हुआ मिल जानेसे 'बट्टकेरि' को कुन्दकुन्दका विशेषण सिद्ध करनेका प्रयत्न किया गया—बट्टक=वर्तक प्रवर्तक, इरा=गिरावाणी आदि[1]। परन्तु डा० उपाध्येके शब्दोंमें "यह सब तर्क और शब्दकौशल मात्र है। बट्टकेरि शब्द संस्कृत है या नहीं, जब इसीमें सन्देह है तब उसकी संस्कृत व्युत्पत्ति देना केवल आग्रह है। कुछ प्रतियोंमें कुन्दकुन्द नाम होनेसे ही बट्टकेर=कुन्दकुन्द समीकरण कैसे हो जायगा? विशेष करके उस हालतमें जब कि मूलाचारका कर्तृत्व अनिर्णीत है।"

और पं० जिनदासजी शास्त्रीने तो मूलाचारकी जो नई हिन्दी टीका लिखकर प्रकाशित कराई है उसमें सर्वत्र ही उसे कुन्दकुन्दाचार्यप्रणीत लिखा है और भूमिकामें कुन्दकुन्दका विस्तृत परिचय देकर अन्तमें लिख दिया है कि बट्टकेरि और कुन्दकुन्द एक ही हैं।

कुछ विद्वानोंने इससे भी एक कदम और आगे बढ़कर मूलाचारकी और कुन्दकुन्दकी बहुत-सी गाथाओंको एक-सी बतलाकर और दूसरे अनेक विषयोंकी समानता खोजकर दोनोंको एक सिद्ध करनेका प्रयत्न किया, परन्तु मेरी समझमें यह प्रयत्न भी गलत दिशामें हुआ है।

मुझे ऐसा लगता है कि यह ग्रन्थ कुन्दकुन्दका तो नहीं ही है, उनकी विचार-परम्पराका भी नहीं है, बल्कि यह उस परम्पराका जान पड़ता है जिसमें शिवार्य और अपराजित हुए हैं। कुछ बारीकीसे अध्ययन करनेसे यह बात स्पष्ट हो जाती है।

१—मूलाचारकी और भगवती आराधनाकी पचासों गाथायें एक-सी और समान अभिप्राय प्रकट करनेवाली हैं।

२—मूलाचारकी 'आचेलक्कुद्देसिय' आदि ९०९ वीं गाथा भगवती आराधनाकी ४२१ वीं गाथा है। इसमें दस स्थितिकल्पोंके नाम हैं। जीत-कल्प-भाष्यकी १९७२ वीं गाथा भी यही है। श्वेताम्बर सम्प्रदायके अन्य टीकाग्रन्थों और निर्युक्तियोंमें भी यह है। प्रमेयकमलमार्तण्डके 'स्त्रीमुक्तिविचार' मे प्रभाचन्द्रने इसका उल्लेख श्वेताम्बर सिद्धान्तके रूपमें किया है।

३—मूलाचारकी 'सेज्जोगासणिसेज्जा' आदि ३९१ वीं गाथा और आराधनाकी ३०५ वीं गाथा एक ही है। इसमें कहा है कि वैयावृत्ति करनेवाला

---

१-पुरातन वाक्यसूची पृ० १८-१९

मुनि रुग्ण मुनिका आहार औषधि आदिसे उपकार करे। इसी गाथाके विषयमें कवि वृन्दावनदासको शंका हुई थी और उसका निवारण करनेके लिए उन्होंने दीवान अमरचन्दजीको पत्र लिखा था। सामाचार अधिकारकी 'गच्छे वेजावच्चं' आदि १७४ वीं गाथाकी टीकामें भी वैयावृत्तिका अर्थ शारीरिक प्रवृत्ति और आहारादिसे उपकार करना लिखा है—'वेज्जावच्च–वैयावृत्यं कायिकव्यापाराहारादिभिरुपग्रहणम्।

४—भ० आराधनाकी ४१४ वीं गाथाके समान इसकी भी ३८७ वीं गाथा[1]में आचार-जीत-कल्प ग्रन्थोंका उल्लेख है जो यापनीय और श्वेताम्बर परम्पराके हैं और उपलब्ध भी हैं।

५—गाथा २७७–७८–७९ मे कहा है कि संयमी मुनि और आर्यिकाओंको चार प्रकारके सूत्र कालशुद्धि आदिके विना न पढ़ना चाहिए। इनसे अन्य आराधनानिर्युक्ति, मरणविभक्ति, संग्रहस्तुति, प्रत्याख्यान, आवश्यक और धर्मकथा[2] आदि पढ़ना चाहिएँ। ये सब ग्रन्थ मूलाचारके कर्ताके समक्ष थे, परंतु कुन्दकुन्दकी परम्पराके साहित्यमें इन नामोंके ग्रन्थ उपलब्ध नहीं हैं।

६—मूलाचारकी 'बावीसं तित्थयरा'[3] और 'सपडिक्कमणो धम्मो'[4] इन दो गाथाओंमें जो कुछ कहा गया है, वह कुन्दकुन्दकी परम्परामें अन्यत्र कहीं नहीं कहा गया है। ये ही दो गाथायें भद्रबाहुकृत आवश्यकनिर्युक्तिमें हैं और वह श्वेताम्बर ग्रन्थ है।

७—आवश्यकनिर्युक्तिकी लगभग ८० गाथायें मूलाचारमें मिलती हैं[5] और मूलाचारमें प्रत्येक आवश्यकका कथन करते समय वट्टकेरिका यह कहना कि म

---

१— आयारजीदकप्पगुणदीवणा अत्तसोधि णिज्झंझा।
अज्जव मद्दव-लाघव-तुट्ठी पल्हादणं च गुणा॥ ३८७

२— आराहणणिज्जुत्ती मरणविभत्ती य संगहत्थुदिओ।
पच्चक्खाणावासय धम्मकहाओ य एरिसिओ॥ २७९

३— बावीस तित्थयरा सामाइयसंयम उवदिसंति।
छेदोवट्ठावणियं पुण भयवं उसहो य वीरो य॥ ७–३६

४— सपडिक्कमणो धम्मो पुरिमस्स य पच्छिमस्स जिणस्स।
अवराहपडिक्कमणं मज्झिमयाण जिणवराणं॥ ७–१२९

५—देखो, पं० सुखलालजी संघवीकृत 'पंचप्रतिक्रमणसूत्र' पृ० ५२–५३

प्रस्तुत आवश्यकपर समाससे—संक्षेपसे—निर्युक्ति कहूंगा[1], अवश्य ही अर्थसूचक है। क्यों कि सम्पूर्ण मूलाचारमें 'षडावश्यक अधिकार' को छोड़कर अन्य प्रकरणोंमें 'निर्युक्ति' शब्द शायद ही कहीं आया हो। षडावश्यकके अन्तमें भी इस अध्यायको 'निर्युक्ति' नामसे ही निर्दिष्ट किया गया[2] है।

८—मूलाचारमें मुनियोंके लिए 'विरत' और आर्यिकाओंके लिए 'विरती' शब्दका उपयोग किया गया है (गाथा १८०)। मुनि-आर्यिका, श्रावक-श्राविका मिलकर चतुर्विध संघ होता है। चौथे सामाचार अधिकारमें (गाथा १८७) कहा है कि अभी तक कहा हुआ यह यथाख्यातपूर्व सामाचार आर्यिकाओंके लिए भी यथायोग्य जानना[3]। इसका अर्थ यह हुआ कि ग्रन्थकर्ता मुनियों और आर्यिकाओंको एक ही श्रेणीमें रखते हैं। फिर १९६ वीं गाथामें कहा है कि इस प्रकारकी चर्या जो मुनि और आर्यिकायें करती हैं वे जगत्पूजा, कीर्ति और सुख प्राप्त करके 'सिद्ध' होती हैं[4]। १८४ वीं गाथामें कहा है कि आर्यिकाओंका गणधर गम्भीर, दुर्धर्ष, अल्पकौतूहल, चिरप्रव्रजित और गृहीतार्थ होना चाहिए। इससे जान पड़ता है कि आर्यिका मुनिसंघके ही अन्तर्गत हैं और उनका गणधर मुनि ही होता है। 'गणधरो मर्यादोपदेशकः प्रतिक्रमणाद्याचार्यः' (टीका)।

इन सब बातोंसे मूलाचार कुन्दकुन्दपरम्पराका ग्रन्थ नहीं मालूम होता। विद्वानोंसे निवेदन है कि वे बट्टकेरिको कुन्दकुन्द बनानेका प्रयत्न न करके इस

---

१–'आवासयणिज्जुत्ती वोच्छामि जहाकम समासेण।' 'सामाइयणिज्जुत्ती एसा कहिया मए समासेण।' 'चउवीसयणिज्जुत्ती एसा कहिया मए समासेण।' आदि।

२– आवासयणिज्जुत्ती एवं कधिदा समासओ विहिणा।

३– एसो अज्जाणपि अ सामाचारो जहाक्खिओ पुव्वं।
सव्वम्हि अहोरत्ते विभासिदव्वो जधाजोग्गं॥ १८७

४–एवं विधाणचरियं चरंति जे साधवो य अज्जाओ।
जगपुज्जं ते कित्तिं सुहं च लद्धूण सिज्झंति॥ १९६

५–मूलाचारकी वसुनन्दिवृत्तिके प्रारम्भमें लिखा है—'श्री वट्टकेराचार्यः प्रथमतरं तावन्मूलगुणाधिकारप्रतिपादनार्थं मंगलपूर्विकां प्रतिज्ञां विधत्ते।' और अन्तकी पुष्पिकामें लिखा है—'इतिश्रीमदाचार्यवट्टकेरिप्रणीतमूलाचारे श्रीवसुनन्दिप्रणीतटीकासहिते।' इसके

(शेष अगले पृष्ठमें)

ग्रन्थका जरा और गहराईसे अध्ययन करके यथार्थ वस्तु-स्थितिको समझनेकी चेष्टा करें।

---

सिवाय अन्तमे जो दाताओंकी नामावलीकी प० मेधावीकृत विस्तृत प्रशस्ति है, उसके भी पाँचवे पद्यमे लिखा है—

श्रीमद्वट्टेरकाचार्यकृतसूत्रस्य सद्विधेः।
मूलाचारस्य सद्वृत्तेर्दातुर्नामावलीं ब्रुवे ॥ ५

परन्तु अन्तकी पूर्वोक्त प्रशस्तिके बाद एक स्रग्धरा वृत्तमें वासुनन्दी वृत्तिकी प्रशसा करके उसके चिरकाल तक पृथ्वीमें रहनेकी भावना भायी है और फिर लिखा है—"इति मूलाचारविवृत्तौ द्वादशोऽध्याय कुन्दकुन्दाचार्यप्रणीतमूलाचाराख्यविवृत्तिः। कृतिरिय वसुनन्दिनः श्रीश्रमणस्य।" इसमे यह 'कुन्दकुन्दाचार्यप्रणीतमूलाचाराख्यविवृत्तिः' लेखकने कैसे लिख मारा, कुछ समझमें नहीं आता। परन्तु वृत्तिकार जब दो दो जगह वट्टकेरिको ग्रन्थकर्त्ता बतलाते है, तब लिपिकर्त्ताका लिखा हुआ कुन्दकुन्दाचार्य कैसे माना जा सकता है?

मूलाचारकी वसुनन्दिवृत्तिके सिवाय 'मुनि चिन्तामणि' नामकी एक और टीका भी है जिसके अस्तित्वका पता ऐ० प० सरस्वती भवनकी ६६ पत्रोंवाली मूलमात्र प्रतिके अन्तिम अंशसे लगता है—"मुनिजनचिन्तामणि संज्ञेय परिसमाप्ता.. यदिदया ये विनीताः विशुद्ध भावाः संतः पठति पाठयति भावयति चित्ते खलु परमसुख प्राप्नुवति। पुनः पूर्वोक्त मर्यादामतिक्रम्य पठति पाठयति भावयति...नु भवतो निरन्तरमनन्तससारे भ्रमति। यतस्तत एव परमदिव्येय भवति।

मुनिश्चिन्तामणिर्ज्ञाता श्रोतृचित्तप्रकाशिका।
मूलाचारस्य सद्वृत्तिरिष्टसिद्धि करोतु नः॥"

यह प्रति हालकी ही लिखी हुई है और टीका भी जान पडता है वसुनन्दिवृत्तिके बादकी ही है। इसमें कहीं कहीं गाथाओंकी न्यूनाधिकता है, क्रमभिन्नता है और पाठान्तर भी हैं। यह दक्षिणके भण्डारोंमें मिल सकती है। इसकी पुष्पिकामें भी 'कुन्दकुन्दाचार्यदेवविरचिते मूलाचारे' लिखा हुआ है।

# रत्नकरण्डके कर्त्ता

रत्नकरण्ड-श्रावकाचार बहुत ही प्रसिद्ध ग्रन्थ है। यद्यपि उसमें कहीं भी कर्त्ताका नाम नहीं दिया है, फिर भी परम्परासे यही माना जा रहा है कि आप्त-मीमांसा, स्वयम्भु-स्तोत्र, युक्त्यनुशासन आदिके कर्ता स्वामी समन्तभद्र ही इसके कर्ता हैं। परन्तु वादिराजसूरिने अपने पार्श्वनाथ-चरितके प्रारम्भमें पूर्वाचार्योंका जो स्तवन किया है उससे मालूम होता है कि दोनों एक नहीं हैं। वे कहते हैं—

स्वामिनश्चरितं तस्य कस्य नो विस्मयावहं ।
देवागमेन सर्वज्ञो येनाद्यापि प्रदर्श्यते ॥ १७ ॥

अचिन्त्यमहिमा देवः सोऽभिवन्द्यो हितैषिणा ।
शब्दाश्च येन सिद्धयन्ति साधुत्वं प्रतिलंभिताः ॥ १८ ॥

त्यागी स एव योगीन्द्रो येनाक्षय्यसुखावहः ।
अर्थिने भव्यसार्थाय दिष्टो रत्नकरण्डकः ॥ १९ ॥

इन तीन श्लोकोंमें 'स्वामी', 'देव' और 'योगीन्द्र' इन तीन पृथक् पृथक् आचार्योंकी स्तुति की गई है। इनमेंसे पहले 'स्वामी' तो समन्तभद्र हैं जो देवागम ( आप्तमीमांसा ) के कर्ता हैं। और भी अनेक विद्वानोंने इन्हें 'स्वामी' शब्दसे स्मरण किया है। दूसरे 'देव' जैनेन्द्र व्याकरणके कर्त्ता देवनन्दि हैं और उन्हें उनके नामके एकदेशसे उल्लिखित किया है। कहा है कि जिनके द्वारा शब्द साधुताको ग्रहण करके सिद्ध हो जाते हैं, वे अचिन्तनीय महिमावाले 'देव' वन्दनीय हैं। अवश्य ही ये शब्दशास्त्रके कर्ता देवनन्दि ही हैं। तीसरे श्लोकके 'योगीन्द्र' अक्षय्य सुखके दाता 'रत्नकाण्ड' के कर्त्ता हैं। तीनोंमें कर्त्ताओंके स्पष्ट पूरे नाम न देकर संकेत या उनके विशेषण दिये हैं, फिर भी गुणवर्णनसे वे स्पष्ट हो जाते हैं।

तीनों श्लोक अलग अलग तीन ग्रन्थकर्ताओंका स्मरण करते हैं और साथ ही उनके ग्रन्थोंका संकेत भी। बीचमें देवनन्दि हैं अतएव पहले और तीसरे श्लोकमें स्मृत 'स्वामी' और 'योगीन्द्र' एक नहीं हो सकते। यदि यह कल्पना की जाय कि पहले श्लोकके बाद ही तीसरा श्लोक होगा, बीचका श्लोक गल्तीसे तीसरेकी जगह छप गया होगा—यद्यपि इसके लिए हस्तलिखित प्रतियोंका कोई प्रमाण अभी तक उपलब्ध नहीं हुआ है,—तो भी दोनोंको एक साथ रखनेपर भी 'स्वामी' और 'योगीन्द्र'को एक नहीं किया जा सकता और न उनका सम्बन्ध ही ठीक बैठाया जा सकता है। इसके सिवाय तीनों श्लोक अलग अलग और अपने आपमें परिपूर्ण हैं, वे एक दूसरेकी अपेक्षा नहीं रखते, तीनोंमें एक एक आचार्यकी स्वतन्त्र प्रशस्ति है[1]।

एक बात और भी ध्यान देनेकी यह है कि वादिराजने श्लोक नं० १६ से ३० तक १५ श्लोकोंमें अपने पूर्ववर्ती १५ ही आचार्यों या कवियोंका स्मरण किया है, अर्थात् प्रत्येकके लिए उन्होंने पूरा पूरा एक ही श्लोक, अपने आपमें सम्पूर्ण, दिया है। कहीं भी इस क्रमको भंग नहीं किया है। तब उक्त दो श्लोकोंमें एक ही समन्तभद्रकी स्तुति की होगी, यह नहीं हो सकता।

जिस तरह 'स्वामी' नाम नहीं है उपपद है, उसी तरह 'योगीन्द्र' भी नाम नहीं है। असली नाम रत्नकरण्डके कर्ताका भी समन्तभद्र हो सकता है जो स्वामी समन्तभद्रसे पृथक् शायद दूसरे ही समन्तभद्र हों।

यह स्मरण रखना चाहिए कि वादिराजसूरिने पार्श्वनाथचरित शक सं० ९४७ (वि० सं० १०८२) में समाप्त किया था, और वे बड़े भारी विद्वान् थे। उनके समक्ष अवश्य ही देवागमके कर्ता और रत्नकरण्डके कर्ताके पृथक्त्वका कोई प्रमाण या कोई अनुश्रुति होगी और इसलिए जब तक उनके पहलेका दोनोंकी

---

१–स्व० गुरुजी (पं० पन्नालालजी बाकलीवाल) ने जयपुरके ग्रन्थभाण्डारोंके ग्रन्थोंके जो कुछ प्रारम्भिक अंश और अन्त्य-प्रशस्तियाँ मेरे पास भेजी थीं उनमें वादिराजकृत पार्श्वनाथ-चरितका प्रारम्भिक अंश भी है। उसमें उक्त तीन श्लोकोंका वही क्रम है, जो मा० ग्र० मालाकी छपी हुई प्रतिमें है। इसी तरह डा० ए० एन्० उपाध्येने अपने ता० १३–४–४५ पत्रमें लिखा है कि कोल्हापुरके भण्डारमें पा० च० की जो कनड़ी प्रति है, उसमें भी उक्त तीनों श्लोक इसी क्रमसे हैं।

एकता बतलानेवाला प्रमाण न मिल जाय, तब तक उनके कथनपर एकाएक अविश्वास नहीं किया जा सकता।

देवागमादिके कर्ता और रत्नकरण्डके कर्त्ता अपनी रचनाशैली और विषयकी दृष्टिसे भी एक नहीं मालूम होते। एक तो महान् तार्किक हैं और दूसरे धर्मशास्त्री। जिनसेन आदि प्राचीन आचार्योंने उन्हें वादी, वाग्मी, गमक और तार्किकके रूपमें ही उल्लेख किया है, धर्मशास्त्रीके रूपमें नहीं। योगीन्द्र जैसा विशेषण तो उन्हें कहीं भी नहीं दिया गया।

समन्तभद्र नामको धारण करनेवाले विद्वान् और भी अनेक हो गये हैं जैसे कि अष्टसहस्री विषमपदतात्पर्यवृत्तिके कर्त्ता, जो म० म० सतीशचन्द्र विद्याभूषणके अनुसार ई० स० १००० के लगभग हुए हैं। नाम तो इनका भी समन्तभद्र था; परन्तु स्वामी समन्तभद्रसे अपनेको पृथक् बतलानेके लिए इन्होंने आपको 'लघु' विशेषणसहित लिखा है।

यहाँ यह स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि पं० आशाधर आदि पिछले विद्वानोंने स्वामी समन्तभद्रको ही रत्नकरण्डका कर्त्ता माना है। इसके पहलेके विद्वानोंमेंसे किस किसने माना है, इसकी खोज होनी चाहिए।

आप्तमीमांसा आदिके कर्त्ता ही रत्नकरंडके कर्त्ता हैं, वादिराजसूरि इस बातको नहीं मानते थे और इसीको स्पष्ट करनेके लिए यह नोट लिखा गया है। दोनोंको एक सिद्ध करनेके लिए अब अन्य प्रमाण आवश्यक हो गये हैं।

नोट—अनेकान्त (वर्ष ७ अंक १-२) में यह छोटा-सा लेख विद्वानोंकी दृष्टि इस ओर आकर्षित करनेके लिए प्रकाशित किया गया था कि वादिराजसूरि अपने पार्श्वनाथ काव्यमें अपनेसे पहलेके ग्रन्थकर्त्ताओंकी स्तुति करते हुए रत्नकरण्डके कर्त्ताको 'योगीन्द्र' कहते हैं, सो क्या वे समन्तभद्रके अतिरिक्त कोई दूसरे हैं? और वादिराजसे पहले और किसीने भी क्या कहीं रत्नकरण्डके कर्त्ताको समन्तभद्र नामसे स्मरण किया है? यह केवल एक प्रश्न ही था जिसका समाधान चाहा गया था, इसमें स्वामी समन्तभद्रसे रत्नकरण्डका कर्तृत्व छीन लेनेकी कोई दुरभिसन्धि नहीं थी और न यही लिखा गया था कि वादिराजको ही ठीक मान लेना चाहिए। परन्तु समझा ऐसा ही गया और इसपर एक बड़ा भारी

विवाद चल पडा जो बरसों जारी रहा । परन्तु आज १०-१२ वर्षके बाद भी मैं देखता हूँ कि उस प्रश्नका समाधान नहीं हुआ है । क्योंकि—

१ वादिराजके उक्त तीनों श्लोक उपलब्ध प्रतियोंमें इसी क्रमसे मिलते हैं और मेरी समझमें इनमे तीन जुदा जुदा आचार्योंका उल्लेख है, स्वामी, देव और योगीन्द्रका । दूसरे श्लोकके 'देव' शब्दको अबतक सभी देवनन्दि (पूज्यपाद) वाचक मानते आये हैं। स्वयं अनेकान्तसम्पादकने भी रत्नकरंडककी प्रस्तावनामें (पृ० ५५), समाधितन्त्रकी प्रस्तावनामे और सत्साधुस्मरण-पाठमें यही माना है, समन्तभद्रका वाचक नहीं । आदिपुराणके कर्त्ता और हरिवंशपुराणके कर्त्ताने भी शब्दशास्त्रके कर्त्ताके ही रूपमें देवका स्मरण किया है, तब वहाँ देवका अर्थ समन्तभद्र क्यों नहीं किया जाता ?

> कवीनां तीर्थकृद् देवः किंतरां तत्र वर्ण्यते ।
> विदुषां वाङ्मलध्वंसि तीर्थं यस्य वचोमयं ॥ ५२ ॥—आदिपुराण
> इन्द्र-चन्द्रार्क-जैनेन्द्रव्यापिव्याकरणेक्षिणः ।
> देवस्य देववन्द्यस्य न वन्द्यन्ते गिरः कथं ॥ ३१ ॥—हरिवंश

२—जब पार्श्वनाथचरितके 'देव' पूज्यपाद देवनन्दि है, तो उस श्लोक (१८) के बीचमें रहते हुए ऊपर नीचेके श्लोकों (१७-१९) को एक ही आचार्यका कैसे सिद्ध किया जायगा ? क्रम बदलनेके लिए प्रतियोंका आधार चाहिए, सो है नहीं । आदिपुराणके 'देव' वाले श्लोकको भी स्थान बदलकर समन्तभद्रके साथ रख दिया जायगा तो दोनों ग्रन्थोंमे पूज्यपादका कोई उल्लेख ही नहीं रह जायगा। क्या यह इष्ट है ?

३—जिस तरह 'देवनन्दि'का पूर्ववर्ती 'देव' अंश है उसी तरह अकलंकदेवका उत्तरवर्ती अंश 'देव' है और इस देवसे ही वादिराजने अकलंकभट्टका उल्लेख किया है—'तर्कभूवल्लभो देवः' आदि ।

४—वादिराजसे पहलेके किसी भी विद्वान्ने रत्नकरण्डको समन्तभद्रकी कृति माना है, ऐसा अब तक कोई प्रमाण नहीं मिला । रत्नकरण्डटीकाके कर्त्ता प्रभाचन्द्र वादिराजसे निश्चयपूर्वक पीछेके हैं। क्योंकि प्रभाचन्द्र हुए हैं धाराधीश भोजदेवके उत्तराधिकारी जयसिंहदेवके समयमें जो कि परमारवंशके

थे और वादिराज हुए हैं दक्षिणके जयसिंहदेवके समयमे जो चौलुक्य वंशके थे। श० सं० ९४७ में जब वादिराजने पार्श्वनाथचरितकी रचना की, तब धारामें भोजदेव गद्दीपर थे और उसके बाद कमसे कम १५ वर्षतक और भी उनका राज्य रहा और तब जयसिंहदेव गद्दीपर आये जिनके शासनकालमें प्रभाचन्द्रने न्यायकुमुदचन्द्र लिखा।

४—पार्श्वनाथचरितकाव्यकी 'पंजिका' के कर्त्ता शुभचन्द्र भी 'त्यागी स एव योगीन्द्रः' पद्यका अर्थ समन्तभद्र ही करते हैं[1] —'स एव = श्रीसमन्तभद्र एव। अक्षय्यं क्षयातीतं। दिष्टः प्रतिपादितः। रत्नानां मणीनां करण्डको निवासस्थानं। अथवा रत्नकरण्डको नाम श्रावकाचारः ॥१९॥' परन्तु ये शुभचन्द्र प्रभाचन्द्रसे भी बहुत पीछेके १७ वीं शताब्दिके प्रारंभका विद्वान् हैं।

५—'स्वामी' और 'देव' से जिस तरह समन्तभद्र और देवनन्दिका उल्लेख अनेक स्थानोंमें किया गया है, उस तरह 'योगीन्द्र' से किसी आचार्य विशेषका उल्लेख देखनेमें नहीं आया, यों तो 'योगियोंके इन्द्र' विशेषण तो किसी भी जैनाचार्यको दिया जा सकता है।

—०—

१–इस 'पंजिका' टीकाकी हस्तलिखित प्रति बॉम्बे यूनिवर्सिटीकी लाइब्रेरीमें है। इसका नम्बर २०१५ है। इसकी एक प्रति चौपाटीके मन्दिरमे भी थी, जो अब नहीं मिलती।

# कूर्चकोंका सम्प्रदाय

कदम्ब-राजवंशके दो दानपत्रोंमे कूर्चकोंके सम्प्रदायका उल्लेख है। इनमेंसे पहला दानपत्र[1] शान्तिवर्माके ज्येष्ठपुत्र राजा मृगेशवर्माका है। उन्होंने स्वर्गगत राजा (शान्तिवर्मा) की भक्तिसे पलाशिका नामक नगरमें जिनालय निर्माण कराके अपनी विजयके आठवे वर्षमें यापनीयों, निर्ग्रन्थों और कूर्चकोंके लिए भूमि-दान किया है। दूसरा दानपत्र[2] इसी वंशके महाराजा हरिवर्माका है। उन्होंने अपने राज्यके चौथे वर्षमे शिवरथ नामक पितृव्यके उपदेशसे, सिंहसेना-पतिके पुत्र मृगेशद्वारा निर्मापित जैन मन्दिरकी अष्टाह्निकापूजाके लिए और सर्व संघके भोजनके लिए 'वसुन्तवाटक' नामक गाँव कूर्चकोंके वारिषेणाचार्यसंघके हाथमें चन्द्रक्षान्तको प्रमुख बनाकर प्रदान किया। ये दोनों दानपत्र ताम्रपत्रोंपर हैं।

पहले दान-पत्रमें यापनीय, निर्ग्रन्थ और कूर्चक इन तीन सम्प्रदायोंके नाम हैं और दूसरेमें सिर्फ कूर्चक सम्प्रदायका। दूसरेसे मालूम होता है कि इस सम्प्र-दायमें 'वारिषेणाचार्यसंघ' नामका एक संघ था, जिसके प्रधान चन्द्रक्षान्त (मुनि) थे।

पहले दान पत्रके यापनीयोंको तो हम अब जानने लगे हैं, और उनके विषयमें अन्यत्र बहुत कुछ लिखा जा चुका है। अब रहे निर्ग्रन्थ और कूर्चक। यद्यपि प्राचीन साहित्यमे श्वेताम्बर साधुओंके लिए भी निर्ग्रन्थ शब्द आमतौरसे प्रयुक्त हुआ है, परन्तु इस दानपत्रसे तो उनका ग्रहण नहीं हो सकता। क्योंकि इन्हीं महाराज मृगेश[3] वर्माका एक और दानपत्र[4] इससे पाँच वर्ष पहलेका

---

१–इण्डियन एण्टिक्वेरी जिल्द ६, पृ० २४–२५।

२–इं० ए० जिल्द ६ पृ० ३०–३१।

३–मृगेश वर्मा ई० सन् ४३४–३५।

४–देखो जैनहितैषी भाग १३ अंक ७–८ में 'कदम्बवंशी राजाओंके तीन दानपत्र।'

( आत्मनः राज्यस्य तृतीयवर्षे ) मिला है, जिसमें कालवंग नामक ग्रामके तीन हिस्से करके पहला हिस्सा जिनेन्द्रदेवके लिए, दूसरा **श्वेतपट श्रमणसंघके** लिए और तीसरा **निर्ग्रन्थ श्रमणसंघ**के लिए दान किया गया है। उसके मूल शब्द ये हैं —

' अर्हच्छालापरमपुष्कलस्थाननिवासिभ्यः भगवदर्हन्महाजिनेन्द्रदेवताभ्य एको भागः, द्वितीयोऽर्हत्प्रोक्तसद्धर्मकरणपरस्य **श्वेतपटमहाश्रमणसंघोप**भोगाय, तृतीयो **निर्ग्रन्थमहाश्रमणसंघोप**भोगायेति ।'

इसमें श्वेतपट ( श्वेताम्बर ) और निर्ग्रन्थ श्रमणसंघ अलग अलग निर्दिष्ट किये गये हैं, इसलिए निर्ग्रन्थ श्वेताम्बर नहीं, दिगम्बर ही प्रतीत होते हैं। तब ये कूर्चक और कौन होंगे ?

यापनीय संघके साधु भी कूर्चक नहीं हो सकते। क्योंकि पूर्वोक्त लेखमें ये कूर्चकोंसे भी अलग ही बतलाये गये हैं। ऐसी दशामें यही कल्पना करनी पड़ती है कि निर्ग्रन्थ और कूर्चक दोनों ही दो जुदा जुदा दिगम्बर सम्प्रदाय रहे होंगे।

अब प्रश्न यह है कि इस कूर्चक सम्प्रदायका स्वरूप क्या होगा ?

कूर्चक ( प्राकृत ' कुच्चय ' ) शब्दके अनेक अर्थ हैं,=दर्भ, कुशाकी मुट्ठी, मयूरपिच्छि और दाढी-मूँछ। कूँची इसका देशी रूप है। कर्नाटकमें कूँची-कमण्डलु साधुओंके उपकरणोंके रूपमें आमतौरसे व्यवहृत होता है। इससे दानपत्रोंके इस शब्दने पहले-पहल हमें मयूरपिच्छि रखनेवाले जैन साधुओंके ही किसी सम्प्रदायको समझनेके लिए ललचाया। यापनीय साधु मयूरपिच्छि रखते थे और दिगम्बर-सम्प्रदायके साधु भी मयूरपिच्छि रखते हैं, परन्तु दानपत्रोंका उक्त कूर्चक सम्प्रदाय इन दोनोंसे भिन्न कोई तीसरा ही प्रतीत होता है और कुछ प्राचीन उल्लेखोंके मिल जानेसे अब हम इस नतीजेपर पहुँचे हैं कि यह कूर्चक जैनसाधुओंका ऐसा सम्प्रदाय होना चाहिए जो दाढ़ी-मूँछ रखता होगा।

प्राचीन कालमें जटाधारी, शिखाधारी, मुंडिया, कूर्चक, वस्त्रधारी और नग्न आदि अनेक प्रकारके अजैन साधु थे। जान पड़ता है इसी तरह जैनोंमें भी साधुओंका एक ऐसा सम्प्रदाय था, जो दाढ़ी-मूँछ ( कूर्चक ) रखनेके कारण कूर्चक कहलाता होगा।

आचार्य जिनसेनके द्वारा वरांगचरितके कर्ता जटाचार्यकी जो स्तुति की गई है,

उसमें उनकी हिलती हुई जटाओंका वर्णन किया है,[1] जो जैनसाधुओंके 'जटी' सम्प्रदायका आभास देता है। इसी तरह दाढ़ी-मूँछ रखनेवाले कूर्चक सम्प्रदायकी भी कल्पना हो सकती है।

स्व० मि० काशीनाथ तैलंगके अनुसार कदम्ब वंशके पूर्वोक्त दानपत्र ईसाकी पाँचवीं शताब्दीसे पहलेके हैं, अतएव उस समय और उससे पहले यह एक प्रसिद्ध जैन सम्प्रदाय था और उसका 'वारिषेणाचार्य-संघ' नामका एक संघ था।

कूर्ची या कूर्चकोंका उल्लेख उत्तराध्ययनकी शान्त्याचार्यकृत टीकामें 'वाचक-वचनं' कहकर इस प्रकार किया गया है—

सम्यक्त्वज्ञानशीलानि तपश्चेतीह सिद्धये।
तेषामुपग्रहार्थाय स्मृतं चीवरधारणम् ॥ १ ॥

जटी कूर्ची शिखी मुण्डी चीवरी नग्न एव च।
तप्यन्नपि तपः कष्टं मौढ्यान्हिंस्रो न सिद्धयति ॥ २ ॥

सम्यग्ज्ञानी दयावांस्तु ध्यानी यस्तप्यते तपः।
नग्नश्चीवरधारी वा स सिद्धयति महामुनिः ॥ ३ ॥

इस उद्धरणके दूसरे श्लोकमें जटाधारी, कूर्चधारी, चोटीधारी, मुड़िया, चीवर-(वस्त्र) धारी और नग्न साधुओंके नाम आये हैं और जिस क्रमसे आये हैं उसपर ध्यान देनेसे मालूम होता है कि कूर्ची साधु मयूरपिच्छिवाले नहीं किन्तु दाढ़ी-मूँछवाले होंगे। जटावालों, चोटीवालों और बिना बालोंवाले मुण्डियोंके बीच दाढ़ी-मूँछवाले ठीक जान पड़ते हैं।

इसी तरह एक जगह बृहत्कल्पसूत्रके संघदासगणिकृत लघुभाष्य और उसकी वृत्तिमें भी कूर्चिक साधुओंकी चर्चा आई है। वहाँ प्रसङ्ग यह है कि निर्ग्रन्थियों (आर्यिकाओं) को किस किससे वस्त्र नहीं लेना चाहिए—

---

१– काव्यानुचिन्तने यस्य जटाः प्रचलवृत्तयः
अर्थानसान्वदन्तीव जटाचार्यं स नोऽवतात् ॥ आ० पु०

२–पश्चिमी गंगोंके अनेक दानपत्र यह सूचना करते है कि कदम्बवंशी काकुत्स्थ वर्माका काल ई० स० ४२५–४७५ है। (दांडेकरकी 'हिस्ट्री आफ दि गुप्ताज' पृ० ८७-९१ और राय चौधुरीकी 'पोलिटिकल हिस्ट्री' पृ० ३४२ के नोट्स)

काविलिए य भिक्खू सुइवादी कुच्चिए अ वेसत्थी ।
वाणियग तरुण संसट्ठ मेहुणे भोइए चेव ॥ २८२३ ॥

इसमें कापालिक, भिक्षु ( बौद्ध साधु ) और शुचिवादी साधुओंके साथ कुच्चिअ या कूर्चिकोंका नाम है । वृत्तिकार कूर्चिकका अर्थ 'कूर्चन्धर' अर्थात् कूर्च धारण करनेवाले करते हैं और प्रसंगकी दृष्टिसे ये दाढ़ी-मूँछ वाले अन्यधर्मी साधु ही जान पड़ते हैं ।

आगे कूर्चकोंका उल्लेख करनेवाले दोनों दानपत्रोंकी प्रतिलिपि दी जाती है—

## प्रथम दानपत्र

( १ ) स्वस्ति ( ॥ ) जयति भगवान्जि ( जि ) नेन्द्रो गुणरुन्द्र ⌣ प्रथित-परमकारुणिकः त्रैलोक्याश्वासकरी
( २ ) दयापताकोच्छ्रिता यस्य ( ॥ ) कदम्बकुलसत्केतोः हेतो ⌣ पुण्यकर्स-
( ३ ) पदाम् श्रीकाकुस्थनरेन्द्रस्य सूनुर्भानुरिवापरः ( ॥ ) श्रीशान्तिवर-
( ४ ) वर्म्मेति राजा राजीवलोचनः स्वकेव वनिताकृष्टा
( ५ ) येन लक्ष्मीर्द्विषद्‌गृहात् ( ॥ ) तत्प्रियज्येष्ठतनयः श्रीमृगेशनराधिपः ।
( ६ ) लोकैकधर्म्मविजयो द्विजसामन्तपूजितः ( ॥ ) मत्वा दानं दरिद्राणाम्
( ७ ) महाफलमितीव यः स्वयं भयदरिद्रा ( द्रो ) पि शत्रुभ्यो दाद्यद्याभयम् (॥)
( ८ ) तुङ्गगङ्गकुलोत्सादी पल्लवप्रलयानलः स्वार्यके नृपतौ भक्त्या
( ९ ) कारयित्वा जिनालयम् ( ॥ ) श्रीविजयपलाशिकायाम् यापनि ( नी ) यनिर्ग्रन्थकूर्च—
(१०) कानाम् स्ववैजयिके अष्टमे वैशाखे संवत्सरे कार्त्तिकपौर्ण्णमास्याम्
(११) मातृसरित आरभ्य आ इङ्गिणीसङ्गमात् राजमानेन त्रयस्त्रिंशन्निवर्त्तनं ।
(१२) श्रीविजयवैजयन्तीनिवासी दत्तवान् भगवद्भ्योर्हद्भ्यः ( । ) तत्राज्ञाप्तिः
(१३) दामकीर्तिभोजकः जियन्तश्चायुक्तकः सर्व्वस्यानुष्ठाता इति (॥) अपि च
(१४) उक्तम् ( । ) बहुभिर्व्वसुधा दत्ता राजभिस्सगरादिभिः यस्य यस्य यदा
(१५) भूमिः तस्य तस्य तदा फलम् ( ॥ ) स्वदत्ता ( त्तां ) परदत्ता ( त्तां ) वा यो हरेत वसु-
(१६) न्धराम् षष्टिवर्षसहस्राणि कुम्भीपाके स पच्यते (॥) सिद्धिरस्तु ।

## द्वितीय दानपत्र

(१) सिद्धम् ॥ स्वस्ति स्वामिमहासेनमातृगणानुध्याताभिषिक्तानाम् मानव्यसगो-
(२) त्राणाम् हारितीपुत्राणाम् प्रतिकृतस्वाध्यायचर्चिकानाम् कदम्मा (म्बा) ना-
(३) म्महाराजः श्रीहरिवर्म्मा बहुभवकृतैः पुण्यै राज्यश्रिय निरुपद्रवाम्
(४) प्रकृतिषु हितः प्राप्तो व्याप्तो जगद्यशसाखिलम् श्रुतजलनिधिः वि-
(५) द्यावृद्धप्रदिष्टपथि स्थितः स्वबलकुलिशाघातोच्छिन्नद्विषं (ष)-
(६) द्वसुधाधरः (॥) स्वराज्यसंवत्सरे चतुर्थे फाल्गुनशुक्लत्रयोदश्याम् उच्च-
(७) शृङ्गयाम् सर्व्वजनमनोह्लादवचनकर्म्मणा सपितृव्येण शिव-
(८) रथनामध (धे) येनोपदिष्टः पलाशिकायाम् भारद्वाजसगोत्रसिंहसेना-
(९) पतिसुतेन मृगेशेन कारितस्यार्हदायतनस्य प्रतिवर्षमाष्टाह्निक-
(१०) महामहसततचरूपलेपनक्रियार्थं तदवशिष्टं सर्व्वसंघ-
(११) भोजनायेति सुद्दि (?) छि कुन्दूरविषये वसुन्तवाटकं सर्व्वपरिहारसंयुतं
(१२) कूर्च्चकानाम् वारिषेणाचार्य्यसङ्घहस्ते चन्द्रक्षान्तं प्रमुखम्
(१३) कृत्वा दत्तवान् (॥) य एवं न्यायतोऽभिरक्षति स तत्पुण्यफल-
भाग्भवति (।)
(१४) यश्चैनं रागद्वेषलोभमोहैरपहरति स निकृष्टतमां गतिमवा-
(१५) प्नोति (॥) उक्तञ्च स्वदत्तां परदत्तां वा यो हरेत वसुन्धराम् षष्टिवर्ष-
(१६) सहस्राणि नरके पच्यते तु सः (॥) बहुभिर्व्वसुधा भुक्ता राजभि-
(१७) स्सगरादिभिः यस्य यस्य यदा भूमिस्तस्य तस्य तदा फलिमिति (॥)
(१८) वर्धतां वर्धमानार्हच्छासनं संयमासनम् येनाद्यापि जग-
(१९) ज्जीवपापपुंजप्रभंजनम् (॥) नमोऽर्हते वर्धमानाय (॥)।

# परिशिष्ट

[ द्वितीय संस्करण छप चुकनेपर कुछ और बातें ध्यानमें आईं जो यहाँ लेखोंके क्रमसे दे दी जाती हैं— ]

## देवनन्दिका जैनेन्द्रव्याकरण ( पृ० २२-५५ )

१—सिद्धप्रियस्तोत्रका अन्तिम पद्य चक्रबद्ध है जिसके तृतीय वलयसे 'देवनन्दिकृतिः' निकलता है। इसके सिवाय उसके २५ वे पद्यके 'श्रीदेवनन्दि-मुनिचित्तवचःप्रसूतेः' पदमें स्पष्ट ही उनका नाम दिया हुआ है।

२—इसी तरह जिनाभिषेक ( महाभिषेक )के अन्तिमवृत्तके 'पूज्यपादः' और 'देवनन्दीडितश्री' पद बतलाते हैं कि वह भी उन्हींकी रचना है।

३—श्रवणबेल्गोलके ४० ( ६४ ) वें शिलालेखके 'जैनेन्द्रं निजशब्दभागमतुलं' आदि पद्यके 'छन्दः सूक्ष्मधियं' पदसे उनके 'छन्दोग्रन्थ' का अनुमान होता है और उसकी पुष्टि अभयनन्दिकृत 'लघुस्नपन' के टीकाकार भावशर्माके इन वाक्योंसे भी होती है—"शार्दूलविक्रीडते द्वादशाद्यतिः स्यात् तदसावाद्यतिर्भंगश्चेन्न श्रीपूज्यपादैः समासेऽपि यतिरुक्ता। विचारितं चैतदस्माभिर्वृत्तरत्नाकरटीकायां भावप्रकाशिन्यामित्यलम्।"—पृ० ६९।

रामकीर्तिके गुरु जयकीर्तिने अपने छन्दोनुशासनमें जिन पूर्ववर्ती छन्दोग्रन्थोंके देखनेका उल्लेख किया है, उनमें एक श्रीपूज्यपादका भी है—

"मांडव्य-पिंगलजनाश्रय-सेतवाख्य-श्रीपूज्य-
पाद-जयदेवबुधादिकानाम् छन्दांसि वीक्ष्य—"

अर्थात् पूज्यपादका भी कोई छन्दोग्रन्थ है।

---

## पद्मचरित और पउमचरिय ( पृ० १०० )

णेमी मल्ली वीरो कुमारकालम्मि वासुपुज्जो य।
पासो वि गहिदतवा सेसजिणा रज्जचरमम्मि ॥

—तिलोयपण्णति, अधिकार ४, गाथा ६७०

अर्थात् नेमि, मल्लि, वीर, वासुपूज्य और पार्श्वने कुमारकालमें और शेष जिनों या तीर्थंकरोंने राज्यके अन्तमें तप ग्रहण किया। राज्यके अन्तका अर्थ है राज्य भोगकर। इससे ही ध्वनित होता है कि कुमारकालका अर्थ यहाँ कुआँरे थे या विवाहित, यह उद्दिष्ट नहीं है।

---

## वीरसेन, जिनसेन, और गुणभद्र (पृ० १३९)

**जिनदत्तचरित**—गुणभद्रके उत्तरपुराण और आत्मानुशासन ये दो ही ग्रन्थ प्रसिद्ध हैं। इनके सिवाय 'जिनदत्तचरित' नामका एक काव्य भी है जो मा० जै० ग्रन्थमालामें (नं० ७) प्रकाशित हो चुका है। इसमें ९३८ पद्य और ९ सर्ग हैं। सर्गान्तके एक एक दो दो वृत्तछन्दोंको छोड़कर शेष सारा ग्रन्थ अनुष्टुप् श्लोकोंमें है। जिन दो प्रतियोंके आधारसे यह मुद्रित हुआ है, उनमें कोई प्रशस्ति आदि नहीं है। ग्रन्थके प्रारम्भमें भी जिन, सरस्वती और यतिनायकोंकी स्तुतिके अतिरिक्त किसी पूर्वकवि आदिका उल्लेख नहीं है। केवल सर्गोंके अन्तमें 'इतिश्रीभगवद्गुणभद्राचार्यप्रणीते श्रीजिनदत्तचरित्रे...' लिखा है। इसके 'भगवद्गुणभद्राचार्यप्रणीते' में जो 'भगवत्' शब्द है, वह मूल प्रतिका है या सम्पादक संशोधक या लिपिकारने अतिरिक्त भक्तिवश लिख दिया है, इसका कुछ पता नहीं।

जिनदत्तचरितकी कथा दूसरे कथाकोशोंमें या पुराणोंमें नहीं मिली।

गुणभद्रके इस ग्रन्थका पीछेके किसी ग्रन्थमें कोई उल्लेख भी नहीं मिला।

उत्तरपुराणके कर्त्ता गुणभद्रका ही यह काव्य है, इसका और कोई प्रमाण नहीं मिला। इस नामके और भी कई भट्टारक हो गये हैं।

यद्यपि इसकी रचना सरल और प्रसादगुणयुक्त है; परन्तु उत्तरपुराणकी रचनासे इसका कोई मेल नहीं। दोनों ही अनुष्टुप श्लोकोंमें हैं। इसमें शृंगारकी अधिकता है।

इसका हिन्दी अनुवाद बहुत समय पहले पं० श्रीलालजी काव्यतीर्थने कलकत्तेसे प्रकाशित किया था।

---

## स्वयंभु और त्रिभुवन स्वयंभु ( पृ० २०३ )

यशःकीर्ति ( जसकित्ति ) के लिखवाये हुए दो ग्रन्थोंकी सूचना पं० परमानन्दजी शास्त्रीने ( अनेकान्त वर्ष ११, अंक ७–८ ) दी है जिनमेंसे एक है विबुध श्रीधरका संस्कृत भविष्यदत्तचरित जो आषाढ़ वदी गुरुवार सं० १४५६ को ग्वालियरके राजा डूंगरसिंहके राज्यकालमें लिखा गया। इसकी प्रति धर्मपुरा देहलीके नये मन्दिरके भण्डारमें है। दूसरा ग्रन्थ अपभ्रंश 'सुकुमालचरित' है। यह आश्विन वदी १३ सोमवार सं० १४५६ का लिखा हुआ है। इसके सिवाय जसकित्तिने अपना पांडवपुराण संवत् १४९७ में साहू वील्हाके पुत्र हेमराजकी प्रेरणासे बनाया था और हरिवंशपुराणकी रचना सं० १५०० में साहू दिवढाकी प्रेरणासे की थी।

---

## हरिचन्द्र ( पृ० ३०३ )

धर्मशर्माभ्युदयके कर्त्ताका नाम हरिश्चन्द्र नहीं, हरिचन्द्र है। उन्होंने अपने स्थानका नाम नहीं दिया है परन्तु उस स्थानपर नोमक वंशके किसी राजाका राज्य था। उस वंशसे उनके कुलका कोई सीधा सम्बन्ध नहीं जान पड़ता। वे स्वयं कायस्थकुलमें उत्पन्न हुए थे। उनके पिता आर्द्रदेव संभवतः कोई राजकर्मचारी होंगे।

---

## वनवासी और चैत्यवासी, ( पृ० ४५६ )

मर्कराके दानपत्रकी प्रतिलिपि यहाँ दी जाती है—

"...श्रीमद्कदम्बकुलगगनगभस्तिमालिनकृष्णवर्ममहाराजाधिराजस्य प्रिय भागिनेयो विद्याविनयातिशयपरिपूरितान्तरात्मानिरवग्रहप्रथा ( थ ) नसौर्य विद्वत्सु प्रथमगण्य श्रीमान् कोङ्गणिमहाधिराज अविनीतनामधेयस्य दत्तस्य देसिगगणं कोण्डकुन्दान्वय गुणचन्द्रभटारशिष्यस्य अभयनन्दिभटार तस्य शिष्यस्य शीलभद्रभटारशिष्यस्य जयनन्दिभटारशिष्यस्य गुणनंदिभटारशिष्यस्य चन्द्रनंदिभटारगें अष्टा-असीति उत्तरस्य त्रयोशतस्य संवत्सरस्य माघमासं सोमवारं स्वातिनक्षत्र सुद्धपञ्चमी अकालवर्षपृथिवीवल्लभमंत्री तलवननगरश्रीविजयजिनालयक्के पूनाडुच्छट् सहस्रएडेनाडु सत्तरिमध्ये बदणेगुप्पेनाम अविनीतमहाधिराजेन दत्तेन पड्डिये आरोल्मूरू।"...

— जैनशिलालेखसंग्रह द्वि० भा० पृ० ६५–६६

# नाम-सूची

[ इस सूचीमें मुख्यतया ग्रन्थों और ग्रन्थकारोंका निर्देश किया गया है। संघ, गोत्र, स्थल, क्षेत्र, राजा और आचार्य आदिके नामोंका भी समावेश किया है। यदि किसी लेखमें किसी ग्रन्थ या ग्रन्थकारका नाम बार बार आया है, तो वहाँ पृष्ठांकके बाद इ० (इत्यादि) लिख दिया गया है। ]


अकबर ३९५, ३९८
अकलंक २६, ३०, ३४, ३५, ३९, ११०, १११, २२१, २८६, २९९, ३२२, ३२३, ४१९, ५२६
अकालवर्ष १४२, १४६, १४७, १४९, १९१, ४६३
अगरोहा २७६
अग्गल ३६, ४६६
अग्निपुराण ९२
अग्निमित्र १८
अग्रवाल ८१
अग्रोतक (अग्रवाल) ८१
अचलपुर २४७, ४४३
अजयवर्मा ३४५
अजरामर २०८
अज्ज देव २०८
अज्ज वइर १६७
अजितसेन १६०, २६७, २६८, ३१४
अजितंजय ९, १९
अझिलवंश ४६२
अणहिल्लपुर ३२८, ४१५
अण्ण २०८, २६६
अण्णय्या २३९
अद्भुत रामायण ९२
अध्यात्म-तरंगिणी ८३, १४५, १७७
अध्यात्मपद्य-टीका ३८४
अध्यात्म-मत-परीक्षा १५८
अध्यात्म-रहस्य ३४४–६
अध्यात्म रामायण ९२
अध्यात्माष्टक २९८
अध्यात्माष्टसहस्री ३८३
अनगार-धर्मामृत ३०, ८३, ३०९, ४८८, ५१२
अनगार-टीका ३०, ७८, ३४५, ३४६, ३५२
अनन्तपुर १२३
अनेकान्तजयपताका १६८
अनेकार्थ नाममाला १०९

अनंतकीर्ति ४०४
अनंतपाल ४११
अनन्तव्रतपूजा ३९९
अनंतवीर्य १६, २९९
अपराजित १७, ५८, ६०, ६६, ७०, ७८, ७९, १४५, २६२, ४१९, ५३४
अपशब्द-खंडन ३८४
अपिशली २२
अभयचन्द्र १६, १६०, २७४
अभयदेव ४१८, ४२६
अभयनंदि २, १०, २७, ३२, ३३, ३४, २७०, ५६४
अभयसेन ११५
अभिधर्मकोष ५२१, ५२९
अभिनंदनदेव-कल्प ३४८
अभिमानांक २३८
अभिमानचिह्न २३०, २३८
अभिमानमेरु २३०, २३४
अभिषेकपाठसंग्रह ३४६
अम्मुअ २०८
अमर २२, ४४
अमरकीर्ति २७८–९, ४२८
अमरकोश-टीका ३४६
अमरकंटक ४४०
अमरचंद ७१
अमरसेन २७९
अमरुशतक २८१, ३४५
अम्बरसेन २७५
अम्बिका कथा ३८८
अम्मइय २३१, २४२
अमितगति ( प्रथम और द्वि० ) ८३, २५७, २७५–६, ३०२, ४१२, ५०२
अमितसेन ११५, १२१
अमृतचन्द्र ४६, ३०९, ४०७, ५२६
अमोघवर्ष ४९, १३२, १४५, १४७, १४९, १६०, १६५, १६६–७, १७९, १९१, ४६३
अमोघवृत्ति ३३, ५९, १५३, १५९, १६१, १६३, ५२९
अय्यपार्य ३६८
अरिकेसरी १७९, १८४, १९१, ४८६
अरिट्ठणेमिचरिउ ५७
अरुंगल २९१
अरुंगलान्वय २९१
अर्ककीर्ति १६७
अर्जुनराज ३६९
अर्जुनवर्मा ३४२, ३४३, ३४४–५, ३५१–२
अर्जुरिका ३८, ३९, ३४७–८
अर्धकथानक ५०८
अर्हत्प्रतिष्ठालक्षण ५०
अर्हत्सहस्रनाम ३३८
अर्हत्सेन ८८
अर्हद्दत्त ६७
अर्हद्दास ३४९, ३५०
अर्हद्बलि ११६
अर्हन्मुनि ८७

अलक्तक ४८५
अलाउद्दीन ४७०
अल्हणसुत ३५५
अवन्तिसुत ( चंडप्रद्योत ) १८
अवन्ति देश ३४८
अविनीत ४४, ४८६
अष्टपाहुड-पंजिका २९०
अष्टशती ३८६
अष्टसहस्री ३३, ५५६
अष्टसहस्री-टिप्पण ३२१–२
अष्टांगहृदय ३२६
अष्टांगहृदयोद्योतिनी टीका ३४६
अष्टाध्यायी १५५
असग ४३१
अहिच्छत्रपुर ३२७
अहिमारक २०
अंकलेश्वर ३८८, ४६७
अंकोटक १४४
अंगवइ २०८
अंगपण्णत्ति ३८४
अंगारगण २०८
अंगुत्तरनिकाय ५१५
अंजनगिरि ४६१
अंजनापवनंजय ३६८
अंतरीक्ष पार्श्वनाथ ४३५,४५४
अंतिग २४४
आइच्चम्बा १९७
आचार-प्रणिधि ६१
आचार-वृत्ति ३०२
आचार-सार १८५, २७४, ५४७
आचारांग ( सूत्र ) ६१, ६२, ६३
आत्मख्याति टीका २०९
आत्मप्रबोध ३६६
आत्मानुशासन १२८, १३९, ४१७, ५६५
आत्मानुशासन-तिलक २९०
आदिपुराण ४७, ७२, ७६, ९६, ११३, १६९, ५०७
आदिपुराण ( कनड़ी ) ३८, ३६५, ३७०
आदिपुराण चम्पु ३८, १८०
आदीश्वर फाग ३८२
आन्वीक्षिकी १८९
आनर्तपुर ४२६
आनंदमेरु ३९५
आनंद रामायण ९२
आपुली सघ ५६, १९७
आप्तपरीक्षा ४५
आप्तमीमांसा ४५, ३२१, ५५४
आबू ४७५
आभदेव ४१६
आम ( राजा ) ४७१, ४७७
आंबा ४५७
आरातीय ७८
आराधना ( भगवती ) ७१, ७४, ३०
आराधना-कथाकोश २२०,२९०, ३३१
आराधना टीका २९०
आराधना निर्युक्ति २५१
आराधना-पंजिका ७४, ८०
आराधना-सार १७५
आराधनासार टीका ३४६

आर्द्रदेव २०४, ५६६
आर्य क्षेमीश्वर १८३
आर्य नन्दि ११४, १२८
आर्य भद्र २५६
आर्य मंक्षु ७, ८, १०, २१
आर्य मंगु ७, ८
आर्य सेन २६८
आर्हत १८९
आलाप-पद्धति १७०
आवश्यक ५९
आवश्यक-निर्युक्ति ६८, ६९, ७१
आवश्यक सूत्र २३, ५५१
आशाधर ३०, ३०२, ३३६, ३४२
६०, ४८८
आसार्य ३१५
आहवमल्ल २९३
आहार २६०, २८२
इन्द्र २३, ८८, १६७, १८४, २१०,
२३१
इन्द्रनन्दि ८, ९, १०, १७०,
३१७, ३६८
इन्द्रराय २४२
इन्द्रसेन ८८
इन्द्रायुध ११७-८-९
इब्नबतूता ५१६
इब्राहिम २८७
इमडि भट्टोपाध्याय ३१७
इमदा नगरी ( अहमदनगर ) ४६५
इम्मडि भैरव ४६२
इरुगदंडनाथ १३४
इलिन्दिकूट १९२
इलोरि ( एलोरा ) ४६५
इष्टोपदेश ४८,
इष्टोपदेश-टीका ३४६
इसहल २०८,
ईदलशाह ४६४,
ईशान २१०, २४६,
ईश्वरसेन ११५,
ईषत्प्राग्भार २६८,
उग्रादित्य ४४६
उच्चनागर ५२३, ५४२,
उजयिनी २२१,
उज्जयन्त ४७३,
उणादिसूत्र ४३,
उत्तरपुराण ९३, ९४, १३१, १४१,
२३५,
उत्तराध्ययन ६५, १५८
उदय ४३६
उदयदेव ३५२, ४८६
उदयनराज ३६९
उदयपुर ( ग्वालियर ) २४९
उदयभूषण ३६४
उदयसेन ३४३-७
उदयादित्य २४९
उद्योतनसूरि ८८, ११३, ११८,
२३८, ४२०
उपदेशतरंगिणी ४७१-२
उपदेशमाला-कर्णिका २२
उपदेश-सिद्धान्त-रत्नमाला ४८९
उपनागर २२८

उपनिषत् ३८६
उपासकाचार २८०, ३०२
उपेन्द्र २४५
उब्भट २०८
उमास्वाति ४५, ५२१, ५३०
उर ( नदी ) ४३०
ऊखलद ४५७, ४६७
ऊन ४३०
ऊर्जयन्त ४२४
ऋष्यद्रि ४३६, ४४९
ऋषभपंचाशिका ४१०
ऋषभदेव-चरित ३३०
ऋषभदास ३६०
ऋषिगुप्त ११५
एकत्वसप्तति ४०७, ४१३
एकशैल ३६९
एकसंधि ३६८
एकीभाव ( स्तोत्र ) २९१, २९६
एचण २६७
एयण २३९
एलगराय ४५४,
एलाचार्य १३०, १४३, ५३०
एलिचपुर ४५५
एलोर ( रा ) ४३४, ४६५
एहोले १३५
ऐन्द्र २२, २३
ओडयदेव ३२१
ओसाबुदगिरि ४५७
ओंकारेश्वर ४४१
औदार्य-चिन्तामणि ३७४
औरंगाबाद ४६५
औशनस १८७
कचनेर ४३४, ४६५
कङ्गा २९३
कङ्गेरि २९३
कङ्गाकुरु १९२
कण्ह २५३
कण्हड २५३, २५४
कण्हराय २४३
कणाद २४६
कथाकोश ११३, १२०, २२०
कथामकरंद २३६
कदम्ब ५६, ४७७
कनककीर्ति ४२८
कनकगिरि ४६०
कनकनन्दि १०, २७१
कनकप्रभ २७, ४३८
कनकसेन २९९, ३१४, ४६०
कनकामर १९६
कपिल २४६
कमलश्री ३१६, ३५२
कमलसागर ३८६
कमलिनी ५०
करकण्डुचरिउ १९६, ३८४, ४९९
कराहिडा ४६५
करिवंदियाल १२३
कर्क १४४, २३८
कर्कराज ११९, १४५
कर्णसुन्दरी नाटिका ३५१

कर्नाटक ३५०, ४५५, ४५९
कर्पूरमंजरी ११०
कर्मदहन विधान ३८४
कलचुरि २८२
कलाणुराअ २०८
कलिकुंड पार्श्वनाथ ४६५
कलिंग ४४७
कलिंगारण्य ४४३
कल्कि १९
कल्प ( बृहत् ) ६३, ७१
कल्पव्यवहार ७२
कल्पसूत्र २२
कल्पसूत्रस्थविरावली १७, ५३१
कल्याण २९३
कल्याणविजय १९
कल्याणकारक ४९, ४४६
कल्याणी ४५७
कविचन्द्रिका ४१४-५
कविचन्द्रिका ( टीका ) ४१४-५
कविपरमेश्वर ९७, ११३, १३७, २६९
कविपरमेष्ठी ९७, ११३
कविराजमार्ग १४९, १५४
कषाय-प्राभृत ७, १३१, २७२, ५६८
कंकाली टीला ४६९
कंदर्प ३१६
कंस १७,२६२
कंसार ४६५
काकोपल ४८५
कागबाबा ५७
काञ्ची २,७६
कातन्त्ररूपमाला १६०
काणभिक्षु १३७
कान्यकुब्ज १८१, २२२
कापालिक ५६३
कामचांडालिनीकल्प ३१७
कामप्रहानर ( प्रद्युम्न ) १८३
कायस्थ ३०४, ५६६
कारकल ३६७, ४६२, ४६७, ४७४, ५४९,
कारंजा ४५६
कार्तिकेय २२०
कार्तिकेयानुप्रेक्षा ३७९, ३८४
कालापक ५३, ५४
कालिक सूत्र ५९, १५७-८
कालिदास ४४, १३४, १५६, २०८, ३६०, ३८७,
काव्यप्रकाश २९६
काव्यमीमांसा ५८, ११०, १५९, २२६
काव्यानुशासन ३२८
काव्यालंकार ३४२
काव्यालंकार-टीका ३४६
काशकृत्स्न २२, ५४
काशिका २६
काशी ७६
काष्ठासंघ २७६, ३१३, ३८९, ३९०, ३९२, ४८३
काष्ठापुरी २७६
कासार बोगार ५०४
काहत्याक ८१
कित्तूर ११४

किरातार्जुनीय ४४, २०९
कीर्तिचन्द्र २०५
कीर्तिनन्दि ७९
कीर्तिपुर ११४
कीर्तिवर्मा ११९
कीर्तिषेण ११४, ११५, १२१
कीर्तिसिंह २०३
कुड्डलोर २
कुतुबशाह ४५७
कुन्तिभोज ३४७-८
कुमर नगरी २०२
कुमारअत्त २०८
कुमारनन्दि ८०, ५३६
कुमारनारायण (नवसाहसांक) २८२
कुमारपाल १५४, २६०, ३११, ३३९
कुमारपाल-प्रतिबोध ४२६, ४७७
कुमारपाल रास ३६०
कुमारसंभव २०९
कुमारसेन ४८, १२४, १२९, २७६, २७७, ३९८, ४१९
कुमार सोम २०८
कुमुदेंदु ४१६
कुरुजांगल २८७
कुरुवंश २०२
कुलधर ८१
कुलभूषण २७८
कुल्पाकपुर ४५८
कुल्लूक भट्ट १८७
कुलोत्तुंग ३२५,
कुवलयमाला ८८, ११३, ११८, २३८ ४२१
कुसुमपुर ५२४
कुसीनारा ४२५
कुकण ४५५
कुंडग्राम ४५०
कुडलगिरि ४३५
कुंडलपुर ४५०
कुंतिभोज ३४८
कुंथुगिरि ४४४
कुंदकुंद १७२, १७५, २५९, ३०७, ३०९, ३१४, ४१९, ४७३
कुंदव्वा २३९
कुचि भट्टारक २६१
कूर्चक, कूर्चा ५५९, ५६१
कृष्ण ११७, ११८ ११९, १२८, १५०, २२९, २४५, ४८६
कृष्णमिश्र यति ३८६
कृष्णराज (देव) १७९,
केल्हण ३५२,
केवलिभुक्तिप्रकरण ५८
केवलिभुक्ति-स्त्रीमुक्तिप्रकरण १५७
केशवभट्ट २२५
कैलाश ४२३
कोटिशिला ४४७, ४७७
कोटिशिलाकल्प ४४७
कोपरग्राम ४३३
कोले ५०
कोहल २४६
कोहंत २०८

कोंगुणि वर्मा ४६० ४८५
कोंडकुंड ५४८
कोंडकुन्दान्वय २, ५२९
कोंडकुंदपुर २५९
कौटिलीय १८७, ५१३
कौभीषणि ५१३, ५३२
क्रियाकलाप ३४६, ४२२–३
क्रियाकलाप-टीका २९०
क्रीडापर्वत ३६३
क्षत्रचूडामणि ३२०
क्षत्रिय १७, २६२
क्षपणक ४३, ४४
क्षपणसार २७१-२, ३८३
क्षमाकल्याण २३७,
क्षेमकीर्ति ८२, १७५
क्षेमहंस ३२९
क्षेमेंद्रकीर्ति ४३२, ४३४
खगेंद्रमणिदर्पण ४९
खजराहा ५०४
खपुटाचार्य ४२६, ४७७
खंड २३०
खंडलक ६४
खंडेलवाल ४१५
खरतरगच्छ ३९८
खभात ३६०, ४७२
खारवेल १५४
खेतल ८१
खेला साहु २५३
खोट्टिगदेव २३८, २४२, २४३, २४६
गजपंथ ३७५, ४२१
गजपंथाचल मंडलपूजा ४३३
गणतंत्र ४२४
गणधरकीर्ति १४५
गणधरवलयपूजा ३८४
गणरत्नमहोदधि २६, १६५, ३६६
गणिततरंगिणी २२७
गणितसार-संग्रह १४९, १५१
गणेश ३२९
गद्धव्वया १८
गद्यचिंतामणि ३२०
गर्दभिल्ल १८
गलकुंड्ड ( गोलकुंडा ) ४५७
गंगदेव १७, २६२
गंगधारा १७९, १८०
गंगवंश ७९
गंगवाडी २३५
गंगिलपुर १२३
गंजीकोट ४५८
गंडरादित्य ३९, ३४८
गंधर्व २३७, २५५
गंधार ४७५
गाथा सप्तशती १९६
गाग मुनि ३१६
गिरिनार १२२, ३६२, ३९१, ४२४, ४३५, ४७०
गुडिपत्तन ३६५
गुणकीर्ति ३८०, ३९८
गुणधर ७, ९, १०, १३१
गुणनंदि २, २८, २९, ३२, २७, २७०, ५४४

गुणपाल ४११
गुणभद्र ५०
गुणभद्र ( भ० ) ९३, ९६, ९७, १२७, १२९, १९९, २०३, २१०, २११, २२५, २४८, २६२, २६९, २७७, २८७, ३६५, ४१३, ४२७, ४६३, ५६५
गुणरत्नसूरि ५९, ४१७
गुणवर्म २३७, २४२
गुणहर ८, २०८
गुणाकरसेन २७८, ४१२
गुप्त वंश १८, १९
गुर्जरकाव्यसंग्रह १२३
गुर्जरार्य १४४
गुरुदत्त ४४२
गुर्वावली ५३०, ५३१
गुहनंदि १४५
गृध्रपिच्छ ३७, ५३०
गोइंद २०८–९
गोकर्ण २४१
गोग्रहकथा २०९
गोडी ( पार्श्वनाथ ) ४५४
गोधरा ४२८–९
गोपगिरि २०४, ४७१
गोपाचल ४३६, ४७४
गोपुच्छक ३९१–३
गोप्य ५६
गोमंडल (गोंडल) ३२३, ३४१, ४७१
गोम्मट २६६, २६७
गोम्मटसार २६६, २६७
गोम्मटसार भाष्य २८०
गोम्मटसंग्रह सूत्र २६६, २६७
गोम्मटस्वामीपुर २६६, ४६१
गोलकुंडा ४५७
गोवर्धन १७, २४७, २६२
गोवर्धनदास ४९८
गोविंद भट्ट ३६४
गोविंदराज ११८, १४५, २६७
गोहिल ८१
गौड १८४, ३५२
गौडसंघ १८४, १९१
गौतम २९१
ग्यासुद्दीन ४९८
घटखर्पर ४४
घोषनंदि ५२३
चउमुह २०८, २०९
चक्रायुध ११७
चतुर्थ ४६५, ५०४
चतुर्मुख ( कल्कि ) १८–१९
चतुर्मुख ( कवि ) १९६
चतुर्विंशतिप्रबंध ३४७
चतुर्विंशतिपूजा ३९०
चतुस्त्रिंशदधिक-द्वादश-शतोद्यापन ३८४
चरथावर ३९८
चर्चासंग्रह ८३
चलना ४३०
चंजाउरी ४५८
चंजी ४५८

चंडकौशिक १८३
चंद ४२७
चंदण २०८
चंदना कथा ३८४
चंदप्पहचरिउ २०३
चंदराअ २०८
चंदेल ४२३
चंद्र ४३७
चंद्रकीर्ति २७९, २९५, ३९०, ४०६
चंद्रक्षांत ५५९
चंद्रगिरि २६७
चंद्रगुप्त १७, २२१
चंद्रगोमि ९६
चंद्रनंदि २, ३, ६६, ७८, ७९, ४८६, ५३३
चंद्रनाथ ३६५,
चंद्रप ३६५
चंद्रप्रज्ञप्ति ६, २५७, २८१, ५४७
चंद्रप्रभचरित ३८, २७०, ३८४
चंद्रप्रभचरित ( कनडी ) ३६
चंद्रय्य ४९,
चंद्रवंश १९०
चंद्रसेन १२८
चंद्रोदय ४८, १२४
चंपापुर ( री ) ४२३, ४३५
चाणक्य ५२९
चांद्र ३०, १२३
चांद्र कुल ५४
चामुंडराय ९७, २६१, २७३ ३१४, ४६०
चामुंडराय पुराण ९५, २६८, २७३
चामुंडराय बस्ति २६७, २६८
चारणगिरि ४६५
चारित्रसार २६९
चारुकीर्ति ४१, १६४, ४६०
चालुक्य ( सोलंकी ) १८०, १८४, १९२-५
चावडावंश १२०
चिकाकोल सिकाकोल ४५८
चिकाचार्य ४८५
चिक्कदेव १६४
चित्तौड १४५, २८२
चित्रकूट १३०, १४३, १४५
चित्रगढ़ ४६३
चिदानंद १६४
चिंतामणि १६२
चिंतामणि ( प्राकृत-व्याकरण ) ३८४
चिन्तामणि टीका १५९, १६०
चिंतामणिमीमांसा-विवरण ३८३
चिंतामणि-यंत्रपूजा ३८४
चूडामणि निघण्टु १२८
चूर्णिसूत्र ७, १०
चूलगिरि ४४२
चूलदुक्खक्खंधसुत्त ४३८, ४४८
चेल १७९
चेलप्रज्ञापना ६४
चैत्यक ४३७
चैत्यवासी ४७८
चेल्लध्वज १५०

चौरपंचाशिका ३५१
चोल १७९
चौहान ३५३
छइल्ल २०८
छक्कमोवएस १७८, ४२८
छत्रत्रयपुरी ३६५
छत्रसाल ४५१
छंगे साहु २५३
छंदोनुशासन २१०
छंदोविद्या ३९८
छाहड ३४५
छेदसूत्र ५९
जगत्तुंग १४७
जगद्भूषण ४६६
जगन्नाथ २९६
जटा-सिंहनंदि ११३, १२३, १३७, ४२६, ५६१
जटी ( जटाधारी ) ५६१
जटिल मुनि ८८
जणमणाणंद २०८
जती ४७८
जथरिया ५०३
जनाश्रय ४०५
जय १७, २६२
जयकीर्ति ४०५, ५६४
जयता ३६१
जयदेव ४०५
जयधवल ( ला ) ६, ८, १०, १४, १५, १२९, १३१, १३२, १४०, १४३, ५२६
जयनंदि २, ८६
जयपाल १७
जयराम २९६
जयरामन ४०५
जयवराह ११७
जयसिंहदेव ८८, १४५, २३६, २४६, २६०, २८९, २९२, ३२८, ३६६, ४०५, ४१५, ४७७, ५५८
जयसेन ११५, १२९, २७८, ३११, ३३२, ४१२
जल्पनिर्णय ४७
जवालिपुर ११८
जसकित्ति २०२, ५६६
जसदेव ४७७
जसहरचरिउ २३७, २५२
जंबूचरित ३९६
जंबूस्वामीचरित १२७, ३९८
जंबुदीवपण्णत्ति ५, २५६, ३०
जंबूद्वीपप्रज्ञप्ति २५७, २८१
जाजाक ३५२
जातकपद्धति २२७
जानोजी ४५७
जाहिणी ३३३, ३४१
जिणआस २०८
जितदड ११५
जिनकांचि ४५८
जिनचंद्र ६८, ३७८
जिनदत्त ४८२
जिनदत्तचरित ५६५

जिनदास शाह ३८२
जिननंदि ६८, ७५, ४८५, ५३३
जिनपति ४८२
जिनपालित ९
जिनप्रभसूरि ३४८,४२२,४४३,४४७
जिनभद्रगणि १०, ४२, ५२९
जिनभद्रसूरि ४९९
जिनमती ४६२
जिनयज्ञकल्प ३४५–६, ३०
जिनवर्धन ३२९
जिनवल्लभ ४८१–२
जिनशतक ३००, ३०
जिनसहस्रनाम ३३८
जिनसहस्रनाम-टीका ३७४
जिनसंहिता ४१६
जिनसागर सूरि ४९९
जिनसेन ( प्रथम ) ११३, ११४, ११६, १२१–२, १२६, १३०, १३९, ४१९, ४२१
जिनसेन ( द्वितीय) ७५, ७६, ८८, ९६, ११३, ११५, १२४–५, १२८, १२९, १३२, १३४–५, १३६, १४०, १४३, १४५, १४७, १४८, १५०, १५३, १५४, २१०
जिनसेन ( मल्लिषेणके गुरु ) ३१४
जिनेन्द्रकल्याणाभ्युदय ३६८
जिनेन्द्ररुद्राष्टक २११
जिनेन्द्रबुद्धि २५
जिनेश्वरसूरि ४८२
जीउदेव २०८
जीतकल्प ७०, ७२
जीदकप्प ७२
जीवकचिंतामणि ३२५
जीवसिद्धि ४०४
जीवंधर चम्पु ३०३
जीवंधर-चरित १२८, ३२४, ३८४
जैतुगिदेव ३४५
जैनबद्री ४६७, ४७४
जैनाभिषेक २५, ४९
जैनेन्द्र २२
जैनेन्द्र व्याकरण २३
जैनेन्द्र न्यास ३३, ५२९
जैनेन्द्र प्रक्रिया ३७
जैनेन्द्र महाव्याकरण ३४८
जोल १८०
जोहुअ २०८
ज्ञातृवंश ५०२
ज्ञानकीर्ति ११०, ४२१
ज्ञानदीपिका ३४६
ज्ञानप्रबोध २५९
ज्ञानभूषण ४, ३२७, ३७८, ३८५
ज्ञानसागर ३७५, ४२९, ४४१
ज्ञानसूर्योदय ३८५
ज्ञानलोचनस्तोत्र ४१४
ज्ञानार्णव ४८, २०३, ३१० ३३२, ३३४, ३३५-६, ३३७, ३४०-१
ज्ञानेश्वरी २२९

ज्येष्ठजिनवरव्रतोद्यापन ३९०
ज्योतिःप्रभाकल्याण नाटक ४१३
ज्योतिर्विदाभरण ४४
ज्योतिषरत्नमाला २२७, २२८
ज्योतिषवेदांग ५४७
ज्वालामालिनी कल्प ४६०
ज्वालिनीकल्प ३१६
टाकवंश २७६
टीकमगढ़ ४३०
टोडरमल्ल १८७
ठक्कुर ( गंधर्व ) २५३, ३०९
ढाढसी गाथा ३१३
ढाढसी मुनि ३१३
ढूँढक ( स्थानकवासी ) ४९३
णागह २०८
णायकुमारचरिउ २३७
णायाधम्मकहा ५०३
णिउण २०८
तक्षक २४, ४१५
तत्त्वज्ञानतरंगिणी ३८२
तत्त्वनिर्णय ३८४
तत्त्वभावना २८०
तत्त्वसार १७५
तत्त्वसंग्रह ४१८
तत्त्वार्थ ५५
तत्त्वार्थ-टीका ३३
तत्त्वत्रयप्रकाशिका ३७४
तत्त्वार्थभाष्य ५२६
तत्त्वार्थ-वार्तिक ३०, ५४१
तत्त्वार्थ-वृत्ति ३७४
तत्त्वार्थ श्लोकवार्तिक २९
तत्त्वार्थसार ४६, ३०९, ५२६
तत्त्वार्थ सूत्र ५२२
तत्त्वार्थ टीका ३७३
तन्त्रप्रदीप ४३
तपागच्छ-पट्टावली १८, ३९८, ५१२
तवनिधि ४६५
तंजौर ३६८
तंत्रप्रदीप ४३
तारउर (तारवर) ४२५
तारंगा ४२६, ४७७
तारापुर ४२६
तालबेहट ४३०
तिरुत्तक्कदेव ३२५
तिलकमंजरी २७५, ४१०
तिलकमंजरी-कथासार ४१०
तिलोअण २०८
तिलोयपण्णत्ति ६, ८, ९, ११, १२, १३, १४, १५, ९५, २५७, २७२, ४२४, ४३७
तिलोयसार ५, २७३,
तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकार २३५
तीर्थमाला ४३६, ४४१
तीर्थावली ४२९, ४४१
तीर्थार्चिनचन्द्रिका ४२४
तुडिगु २४८
तुळजापुर ४६५
तुळजादेवी ४६५

तुळु (व) ४६१
तुंगगिरि ४६५
तुंगदेव १६५
तुंगी ४३४-५
तुंगी गिरि ३७५, ४३४
तुंबलूर ५४८
तुंबलूराचार्य ५४८
तेजपाल ४२७, ४२९
तेजपुर ३९८
तेरापंथ ४९३
तेरहपंथखंडन ८३
तैलप २८२
तैलंग ४५७
तैलिपदेव २८२
तोमरवंश ४२७
त्रिपुरी २८२
त्रिभंगीसार ४१६, ४१७
त्रिभुवनतिलक २९
त्रिभुवन स्वयंभु ५७, १९७, १९८
२०१, २०७ इ०
त्रिलोकप्रज्ञप्ति २५७, २६२, ३५३
त्रिलोकसार २७१-२
त्रिवर्गमहेन्द्रमातलिसंजल्प १७५
त्रिवर्णाचार ३६६
त्रिषष्टि-लक्षण-महापुराण २६९
त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित ९४
त्रिषष्टिस्मृतिशास्त्र ३४६, ३५२, ४२५
त्रि० स्मृ० सटीक ३४६,
त्रिंशचतुर्विंशतिपूजा ३८४
त्रैलोक्यदीपिका २९८
त्रैलोक्यसंग्रह ५
त्र्यंबक ४३४, ४६५
थिरुपरुत्तापुलियूर २
थेरी गाथा ५१५
दक्षिणकुक्कुटजिन २६५
दक्षिणापथ १७, ११४
दयाचंद्र ८२
दयापाल १५७, १६०, २९२
दरियूरु १९२
दर्शनसार ४३, ५६, ८३, १२९,
१७२, १७४, १७५-६, २७७,
२९४, ३१३, ३९३, ४२०, ४८५
दशभक्ति ४८
दशरथ १०९, १२९
दशरथगुरु १२९
दशरथ जातक ९२
दशरूपावलोक टीका २८२
दशलक्षणोद्यापन ३८२
दशवैकालिक ५८, ६१, ६७, ७९
दशार्ण (भिलसा) ४४७-८
दंगइय २४२
दंडकारण्य ४४३
दंडी २१०, ३३०
दंति २११
दंतिग २४४
दंतिल २४६
दानशासन ३, ४९१
दासीविक्रयपत्र ५१७
दिङ्नाग १६९, ३२२

दिलमुख ८२
दिलढा साहु २०३
दिवाकर ८७, १२८, २०८
दिवाकरसेन ८८
दीपसेन ११५
दीपगुडि ३६८, ३७०
दुग्गसत्ति २०८
दुर्गराज १३२
दुर्लभदेव ४८२
दुर्लभसेन १७८
दुर्विनीत ४४
दुःषमाकाल-श्रमणसंघस्तोत्र ५३२
दृष्टिवाद ४८१
देपाल ३०६
देव ५५४
देवकीर्ति ८१
देवगिरि ३९०, ४३४, ४६५
देवचंद्र ३५१, ३९७
देवदत्त ४३९
देवनंदि २४, २५, ४१, ११०, १२३, ४२०
देवपाल ३४५
देवर १०९
देवरवल्लभ ३६४
देवराय ४५९
देवर्षि ४०९
देवलगाँव ४५४
देवल्ल २४२
देवसंघ १७७, १८४, १९३
देवसूरि ३२९
देवसेन ४३, ५६, ८३, १२९, १६८, १७०, १७४-५-६, २७८, २९४ ३१३, ३९२, ३५८, ४२०, ४८५
देवागम ५५५
देवागम पंजिका २९०, ३०२
देवेन्द्र ३८, १४८
देवेन्द्रकीर्ति ३७१, ४८७, ४९८
देशभूषण ४४४
देशीय गण २७०, ४६०
देसीनाममाला २३८
दैवज्ञवल्लभ २२७
दोस्तटिका ( दोत्तडि ) १२२, १२६
दौलताबाद ४३४, ४६५
द्रमिल २९१
द्रविड ४५८
द्रविडसंघ २९१, ४८३
द्रव्यगुणपर्ययरासा १७१
द्रव्यसंग्रह-पंजिका २९०
द्रव्यस्वभावप्रकाश १७१
द्रव्यस्वभावप्रकाशक नयचक्र १७२
द्रव्यानुयोगतर्कणा १७१
द्राविडसंघ ४३, ५१, २९१, २९४, ३१६, ४८३, ४८५
द्रोण २४६
द्रोणगिरि ( कोल्हापुर ) ४४२
द्रोणीमति ४३६
द्वादशार नयचक्र ४२, १६४, १६५
द्वारसमुद्र ( हलेबीडु ) ३६५
द्वारिका ३६२
द्विजवदनचपेट १८८

द्विज विश्वनाथ ४३६
द्विसंधान ५५, १०९, ११०
द्वीपंगुळी ३६८
द्याश्रयकाव्य ३२९
धक्कड २४७, ४०८
धनचंद ३५२
धणदत्त २०८
धनदेव २०८
धनपाल २४५, २७५, २८२, ४०८, ४०९, ४१०
धन्वन्तरि ४४
धनश्री ४०८
धनंजय २६, १०९, १९८, २०४, ४२१
धनंजय-निघंटु १९९
धनिक २८२
धम्मपरिक्खा २४७, २७९, ४०९
धम्मरसायन २६१
धराश्रय १२०
धरणीवराह २२३
धरसेन ९, ११५, १३१
धर्मकीर्ति ५७
धर्मघोष ५३२
धर्मज्ञसिद्धि ४०४
धर्मपरीक्षा २७९, ५०२
धर्मपुर १८०
धर्मरत्नाकर ३११, ३३२
धर्मविजय ४५२
धर्मशर्माभ्युदय ३०३
धर्मशर्माभ्युदय-टीका ४९९, ५०१
धर्मसंग्रह-श्रावकाचार ३७८
धर्मसागर ४६९, ४७३
धर्मसिंह ४१३
धर्मसेन ९५, ११५, २६२, ३८९, ३९८
धर्मामृत ३४६
धवल (ला) ८, १२, १३, १४, १५, ४७, ४९, ८८, १११, १३०, १३१, १३२, १४०, १४३, २४६, २७२, ४३७, ४५९
धवल कवि ४२०
धवलइया १९८, २०४
धातुपाठ ३९५
धातुप्रतिमालेखसंग्रह ५
धारा ४३, १७४, २८१, २८६, २८९, २९०, ३४३, ३४५, ३५०, ३५२
धीकोटिदकरण २२७
धीनाक ३५२
धुत्त २०८
धूर्ताख्यान २७९
धृतिषेण २६२
धृतिसेन १७
ध्रुव १२२, १६६
ध्रुवमानस-करण २२७
ध्रुवराज ११८, १४८
ध्रुवसेन १७, २६२
नक्षत्र १७, २६२
नग्न १२२, २३२, २३७, २४१
नग्नराज १२२

नगराजवसति १२१
नयकीर्ति ४८७
नयचक्र १६८
नयपाल ८१
नरवर्मा २६०
नरवाहन १९, २५९
नरसिंह १८०, १८४, १९०
नरसिंह भट्ट ३००
नरेन्द्रसेन ३१४
नलकच्छ ३४३,
नलोटकपुर ३२९
नवनिधि (स्तवनिधि) ४६५
नवसाहसांकचरित २८२
नवस्तोत्र ४१९
नंद १८
नंदकीर्ति ४४२
नंदवंश १८
नंदि १७, २६२
नंदिगणि ७८
नंदीतट २७६, २७७, ३८९
नंदिमित्र १७, २६२
नंदि मुनीश्वर २६९
नंदिषेण ११५
नंदिसंघ ३६, १६७, २५९, २६०, २९१, ३९१, ४७३
नंदिसूत्र ८८, ५३१
नंदीश्वरकथा ३८४
नंदीश्वर विधान ३९०
नाइलह २२९, २३७
नाग १७, १९९, २४२, २६२
नागकुमार काव्य ३१५
नागकुमारचरित २२५, २३७, २३८, २४१, २४३, २५०
नागचंद्र ४०, ५७, ९७, ११०
नागद्रह ३४८
नागदेव २२६, ४८५
नागनन्दि ६६, ७८, ५३३
नागपुरीय गच्छ ५४
नागपुर ३२७
नागभट्ट ११८
नागर २२८
नागहस्ति ७–८, १०, २१, ११५
नागानंद २०७, २०९, २१०
नागार्जुन ५०, ८८, ५२९
नागावलोक ११८
नागौर ३२७, ४३२–३
नाथवंश ५०३
नाथूराम (ब्र०) ८१
नादिरशाह ४९८
नाभिमल्हार ४६२
नाममाला १०९
नारायण २३९
नालछा ३४३
नासिक ४३२, ४६५
निगंठ नातपुत्त ५०२
निजामअली ४५७
नित्यमहोद्योत ३४६

नित्यमहोद्योत-टीका ३८४
निःपिच्छिक २७६
नियमसार ५, ४०६
निर्ग्रन्थ-श्रमण संघ ५६०
निर्णयसिंधु १८७
निर्युक्ति ५८, ५५१–२
निर्वाणकाण्ड ४२२,
निर्वाणभक्ति ४२२
निशीथ सूत्र ६२, ७२
निहालचन्द्र ८२
नीतिवाक्यामृत १७७, १८०
नीतिवाक्यामृत कनडी टीका १८५
नीतिसार ४८७
नीलग्रीव ३१६
नूपुरी ३३१, ३४०
नेमिकुमार ३२९
नेमिचरित ३५९, ३६९
नेमिचन्द्र ( भंडारी ) ४८२
नेमिचंद्र १०, ५७, १०९, २६७, २७०, २७२, २७३, ३४०, ४८२
नेमिदत्त ( ब्र० ) ४
नेमिदूत ३५९
नेमिदेव १७७, १८२
नेमिनाथ १८५
नेमिनाथचरिउ ४०८
नेमिनिर्वाण ३०७, ३२६
नेमिनिर्वाण-पंजिका ३८२
नेमिपुराण ३७१
नेमिषेण २७८, ३८९
नैनागिरि ४४९
नैषधचरित २०९
नोमक ३०२
न्यग्रोधिका ५२३
न्यायकुमुदचंद्र ३५, १५८, ३८३, ४०५
न्यायमकरंद ३८३
न्यायविनिश्चय १६०, २९७, ३८३, ४८४, ५२९
पईठाण ( पैठण ) ४६५
पउमचरिउ ( य ) ५७, ७३, ८७, १९८, १९९, २००
पज्जुण्णचरिउ ३१०
पट्टण २५२
पट्टावली ५३१
पट्टावलीसारोद्धार ३९४, ५३२
पतजलि २४६
पत्रपरीक्षा ३८३
पदकौमुदी १०९
पद्म २०६, ४९८
पद्मगुप्त २८२
पद्मचरित ८७, ९९, २०९
पद्मनंदि १०९, १६५, २५८, ३१७, ३७१, ३७८
पद्मनंदि-पंचविंशतिका ४०७
पद्मनाभचरित २८४
पद्मपुराण ८७, ९२, २९०, ५०७
पद्मप्रभ ३१०, ४०६
पद्ममेरु २९५
पद्मविजय ९७
पद्मसुन्दर २९५

पद्मसिंह ३५२
पद्मसेन ११५, १२९
पपउर ४२४
पपौरा ४३०
परमात्मप्रकाश ४९०
परमागमसार ४१७
परमार १९३, २७५-८, २४५, २८१, ४३०
परमार्थोपदेश ३८२
परवार ४९६
पराक्रमांक २३८
परान्तक २४४
पराशरस्मृति ५०१
पराशरमाधवीय १८७
परिमल २८२
परीक्षामुख ३८३
पर्पट २७५, ४१२
पलाशिका ५५९
पल्लव वंश २
पल्लीवाल ४१०
पल्य पंडित १५६
पल्यविधान कथा ३७५, ४३२
पल्यव्रतोद्यापन ३८४
पवनदूत ३८६
पवा ४३०-१
पवाजी ४३०
पहाड़पुर १४५
पंचप्रतिक्रमणसूत्र ६८
पंचम ४६५, ५०४
पंचमेरुपूजा ३९०
पंचमी कथा (णायकुमारचरिउ) २०९
पंचमिचरिउ १९९, २०३, २०९
पंचमी कहा ४०८
पंचवस्तु ३५, ३६, ४१, ४४
पंचवस्तु-प्रक्रिया २७
पंचशैलपुर ४१७
पंचसंग्रह ९०, २५७, २६६, २७९, २८०
पंचस्तूपान्वय १२७, १४५
पंचास्तिकाय १७२
पंचास्तिकाय-टीका २९०, ३०९, ३८२
पंछमणाह २०८
पम्प ३८, १८०, १९२
पंप रामायण ४०
पाइयलच्छी नाममाला २४५, ४०९
पाटलिक २
पाटीगणित ४११
पाणिनि २२, २६, ३१, ३३, ३८, ४७-८, ५०, ५२, १५५, १५६, ३८३
पाण्डवपुराण ३७८, ३८३-४, ३८८-९
पाण्डु १७, २६२, ४३७
पाण्ड्य १७९, २७५, ३६५-७
पाण्ड्यराजा १६५
पातूर ४५७
पातंजलयोगसूत्र ४१८, ४५७, ५४५
पात्रकेसरी १३७, २२१
पानीपत २५३
पापापुर ४२४, ४३०

पापासाहु ३५२
पारिजात-मंजरी ३४३, ३५२
पारियत्त २५८
पारिसध्या ५७
पार्श्वनाग ४१७
पार्श्वनाथ-काव्य ३९६
पार्श्वनाथ-चरित ७३, १११, ११७, १२४, १५५, १६०, २७४, २९२, २९३-४, २९७-८, ४०४, ४१८, ४४९, ४८४, ५५५
पार्श्वनाथचरित-पंजिका १५६, ३८४, ५५८
पार्श्वनाथ-स्तोत्र (लक्ष्मीस्तोत्र) ४०८
पार्श्वपंडित ११०, ३६५
पार्श्वपुराण ३८५, ३९०
पार्श्वाभ्युदय १२९, १३४
पालक १८
पाली (शांति जिन) ४३५
पाल्यकीर्ति (देखो शाकटायन) ५७, ५८, १५५-६, १६१
पावकगढ़ ४२७
पावागिरि (द्वि) ४२७, (द्वि) ४२९
पावानगर पावापुर (री) ४२३
पिंगल २०९, ४०५
पिंगलछंदःसूत्र २८२
पिंगलनन्दि १२८
पुन्नागवृक्षमूलगण १६७
पुन्नाट (संघ देश) ८८, ११४, १२२, १३९, २२१, २२२, २२३
पुरंदर २४६
पुराणतिलक २७३
पुराणसार २८६
पुरुदेव चम्पु ३४९
पुरुषार्थसिद्ध्युपाय ३०९
पुलकेशी ४८५
पुल (लि) गेरी १८०, ४६४
पुष्कर गण ३९८
पुष्पदंत ९, ९५, १३१, १९७ २०९, २१०, २२५, २३६, ३११
पुष्पपरीक्षा ३८३
पुष्पसेन ३२०, ३२२, ३२३
पुष्यमित्र १८
पूज्यपाद (देखो देवनन्दि) २५, ५०, ४०५, ५२६, ५२८
पूज्यपाद-चरित ४९
पूर्ण (चंद्र) ४७०
पूर्णदेशीय चैत्यपरिपाटी ४३७
पृथ्वीकोंगणि ५६, ७९
पृथ्वीराज ३४५
पृथ्वीराज रासो ४२७
पेयडशाह ४७०
पेद्दग भट्ट १९२
पेरियपुराण ३२५
पैठण मुनिसुव्रत ४३५, ४६५
पोतनूर ४६४
पोदनपुर ३४८
पोन्न १८०
पोमराज ४१५
पोयसलदेव ४८४

पौर ३६३
पौरपाट ३५२
प्रक्रिया संग्रह १६०
प्रज्ञाश्रमण १७
प्रतिबोध चिन्तामणि ३९१
प्रतिष्ठाकल्प-टिप्पण ४१६
प्रतिष्ठातिलक ३६६-९
प्रतिष्ठालेखसंग्रह ५
प्रतिष्ठानपुर ४६५
प्रतिष्ठासारसंग्रह ३०२
प्रतिष्ठासारोद्धार ३६५
प्रतीहार १२०
प्रतीहार वंश ११८, ४२२
प्रत्याख्यान ५५१
प्रद्युम्नचरित २७५, ४११
प्रबंधचिंतामणि २८२
प्रबोधचंद्रोदय ३८५
प्रभंजन ४२१
प्रभाचन्द्र १६, ३५, ४७, ७०, ८१, १२८, १३७, १५८, २२०, २२१, २३६, २८६, ३७८, ३८५, ५५०
प्रभाचन्द्र (श्वे०) ३२८
प्रभावकचरित ३२८, ४१०
प्रभूतवर्ष १६७
प्रमाण-निर्णय २९८, ३८३
प्रमाण-परीक्षा ३८३
प्रमाण-मीमांसा ३३८,
प्रमाणसुन्दर ३९६
प्रमेयकमलमार्तण्ड ३५, ७०, १५८, ३८३, ५५०
प्रमेयरत्नाकर ३४५
प्रवचनपरीक्षा ४६९
प्रवचनसरोजभास्कर २९०
प्रवचनसार १७२
प्रवचनसार टीका ३०९
प्रवचनसेन २८६
प्रशमरति ५२२-६, ५३०
प्रश्नोत्तररत्नमाला १४९, १५१
प्रह्लादन ३६१
प्राकृत व्याकरण ४४४
प्राकृतसर्वस्व २२८
प्राग्वाट ३२७
प्राचीन जैनलेखसंग्रह ४९९
प्राचीनतीर्थमालासंग्रह ४५२
प्राणप्रिय काव्य ४१४
प्रियदर्शिका २०९
प्रोष्ठिल १७, २६२
फतेहलाल ३६
फलवर्द्धी ४४३
फलहोदी ४४२-४३
फलोधी ४४३, ४७०
फिरोजशाह ८१, ४९८
बखतराम ५०६
बघेरा ३४४
बघेरवाल ३४४
बच्छराय २५४
बच्छराज ४२६
बटेश्वर ४३९

बट्टकेरि ५४८, ५४९, ५५०, ५५२
बड़वानी ४४२, ४६६
बड़वाह ४४१
बड़वाण ११७, ११९, १२०, २२३
बड़ोदा १४३, १४५
बद्दिग १७९, १८०, १८४, २४३, २४६, ४८६
बनारसीदास ३९८, ४८३, ४९३ ५०८
बनिकट्टुपुल्लु १९२, ४८६
बनोसी गाँव ४६३
बप्पभट्टि ४७२
बराह ४३७
बलदेवसूरि ६६, ७८, ११५
बलनन्दि २५८
बलमित्र १८, ११५
बलाकपिच्छ ३७, ५३०
बलात्कार ८१–२, २६२, २८६, २८८, ३७१, ३८०, ३९१, ४३८, ४३९, ४७३, ४९८
बलाहक ४३७
बल्लाल ३११
बहुदेव ३५२
बंकापुर १३४–५, १४६, ४६३
बंकेयरस १३५, १५०, ४६१
बदइया १९८
बंधुषेण ३१६
बागड़ २७७, ३८१
बागड़ गच्छ २७७
बाण १९९, २०१, २१०, २४३, २९६, ३२०
बानारसीमत ४९४
बाँभणवाड़ा ३१०
बारा ( नगर ) २५८
बार्हस्पत्य १८७
बालचन्द्र सैद्धांतिक १५, ४०
बालरामायण ११०
बालसरस्वती १७२, २७५, ३४२, ३४५, ३५१
बालग्रहचिकित्सा ३१७
बाहुबलि मंत्री २७२
बाहड़ ३२८
बिदर ४५६
बिधर ( बेदर ) ४५७
बिलगोल ४६०
बिल्हण २९३, ३५०–१
बिल्हण-चरित ३५१
बिहार ४७५
बिंझ ४९८
बीजगणित २२७
बीजानगर ४६४
बीजापुर ३०६, ४६४
बीसल ( साहु ) २५३
बुद्धवर्या २०३
बुद्धिल १७, २६२
बुद्धिविलास ५०६
बुद्धिसागर ४८२
बुन्देलखण्ड ३८६, ४३०, ४४२

बुलाकीचन्द २७६
बृहत्कल्पसूत्र ५६०–१
बृहट्टिप्पणिका १५८
बृहन्नयचक्र १७०, १७२
बृहन्मनु १८७
बृहत्सर्वज्ञसिद्धि ४०४
बृहत्सिद्धभक्ति ८५
बृहस्पति २९१
बेट्गेरि ५४९
बेतवा ४३१
बेनेगल ५४८
बेलान्दुर ४५९
बोद्दणराय १४८
बोधसार ८३
बोधिसत्वदेशीयाचार्य २०
बोपदेव २२
बौटिक ५३
बौटिकमततिमिरोपलक्षण ५५
बौद्ध १८९
ब्रह्मदत्त ( ब्रह्मअत्त ) २०८
ब्रह्मदेव ४९०
ब्रह्म नेमिदत्त २२०, ३७१
ब्रह्मपुराण ९२
ब्रह्मविद्या ३१७
ब्रह्मसूत्र ५४४
ब्रह्मसूरि ३६५, ३६९, ४१३
ब्रह्म हेमचन्द्र २६२
भक्तामरचरित २८२, ३३४
भक्तामरस्तोत्र ४१३–४
भक्तामरोद्यापन ३८०
भगवती आराधना ६०, ९०, २२१, २५७, ४३३, ४९१, ५१०, ५३४
भगवतीसूत्र २५७, ५३८
भगवद्वाग्वादिनी २४
भट्टाकलंक १३, ३०
भट्टि २०९
भद्र २११
भद्रदेव १९१
भद्रबाहु १७, ७२, २२१, २६२
भद्रा ३६३
भरत २०९, २४६
भरत ( मन्त्री ) २२६, २२८, २३३, २३६, २४०
भरतराज ३६९
भरतसेन १२०
भरताभ्युदय ३५५
भरतेश्वराभ्युदय ३४५
भर्तृहरि २६, १६९, ३३४, ३३५
भर्तृहरिशतक १३९, ३६६
भविष्यदत्तचरित ३९६, ५६६
भविसयत्तकहा ४०८
भव्यकुमुदचन्द्रिका ३४६
भव्यजनकण्ठाभरण ३४९
भव्यानन्द ३६७
भण्डि ( वर्म ) ११७
भागनगर ४५७
भागवतपुराण ४२६
भाद्रपद देश २२०
भानुकीर्ति ३९८
भानुचन्द्र ३९८

भानुमित्र १८,
भामह २१०
भारत ( विक्रमार्जुनविजय ) १८०
भारत चम्पु ३८
भारमल्ल ३९८
भारवि १३५, २४६
भालण १२३
भावदेव ११७
भावनाद्वात्रिंशतिका २८०
भावसंग्रह १७६
भावसेन त्रैविद्यदेव १६०
भावसेन ( लाड बागड संघ ) ३११, ३९८
भावार्थदीपिका ८१,
भाष्य ३४
भास्कराचार्य २५६
भास्करनन्दि ४४, ४६, ३७८
भिलसा ४४८
भिलाला ४४१
भीमनृपात्मज ४१५
भीमसेन ११५
भुल्लण ३१०
भुवनकीर्ति ४, ३८०
भूतदिन्न ८८
भूतबलि ९, ४७, १३१
भूतुग २४५
भूपाल-चतुर्विंशतिका ३४६
भृगु १८७
भूल्यान्ध्र १९
भैरव २२६, ३६७, ३८१
भैरवपद्मावतीकल्प ३१६
भोगदेव ४०७
भोगमल्ल २४२,
भोजदेव २६, ८६, २३६, २६०, २७५, २८२, २८९, ३२४, ३४३, ३४८, ३५२, ४१०, ४१२
भोजप्रबन्ध २८२
भोजराज २७३
भोजराज ( मन्त्री ) ३७५
भोजसागर १७१
मगसीमंडन पार्श्वनाथ ४३५
मघन ४१२
मठवासी ४७९
मणिजिदरुण ८२
मणिप्रकाशिका १६०,
मतिसागर १६०, २९१, २९८, २९९, ३२३, ४८४
मथुरा २७६, ४६९
मदन ३४२–३, ३५१
मदनकीर्ति ३४३–७
मदनकीर्ति-प्रबन्ध ३४७
मदनपाल २७६
मदन-पारिजात २७६
मदनमंजरी ३४७
मदनवर्म ४३०
मदनोपाध्याय २७५, ३५१
मदुरा ४३
मधूक ( महुआ ) ३८५

मनु १८६–७
मनुस्मृति १८६, १८७, ५४७
मम्मट २९६
मयूर २९६
मयूरखिंडी २२९, २४८
मयूरशृंगी ३९१
मयूरसंघ ३९३
मरणविभक्ति ५५१
मर्करा २, ४८६, ५६६
मलकापुर ४५४
मलखेड १९३, २२९, ३९०, ४६७
मलयकीर्ति ३९८
मलयगिरि १५७, १६५
मलयनगर ४९
मलेयूर ४६०
मल्ल ४२५
मल्लवादी ४२, १४५, १६८ १६९, ४१९
मल्लिभूषण ४, ३७१, ३८५
मल्लिषेण ३१४, ३१५, ३१६, ३१७, ३१८, ३१९, ४०६, ४९२
मसल्ल ४३२-३
मसूतिकापुर २८०
मस्करि १६७
महण ३५२
महसेन २७५
महाकर्मप्रकृति १३१
महाकर्मप्रकृत्याचार्य ७९
महाचन्द्र ३३
महाधवल ( महाबन्ध ) १३१
महापुराण १४२
महापुराण ( मल्लिषेण ) ३१५
महाप्रकृत्याचार्य ६७
महाभारत ९२
महाभिषेक-टीका ३७४
महावीर ३४७
महावीरपट्टपरम्परा ५३२
महावीराचार्य १४९, १५१
महापुराणु ( अपभ्रंश ) ७३, १९६-७, २३१, २३५, २३८, २४२, २४३, २४६, २४९, २५१, २८६, २८८
महावीरस्तुति ४१०
महावृत्ति २७, ३२, ३४, ५४४
महाश्रमणसघ ४७७
महासेन ११३, १२३, २७८, ३११ ४११, ४२०
महीचन्द्र ३५२
महीचन्द्र साहु ४८७
महीपाल १२०, १८३, २२२
महेन्द्र १७८
महेन्द्रकीर्ति ५२, ४४१, ४९८
महेन्द्रदेव १७७, १८०
महेन्द्रपाल १११, १८२, २२२
महेन्द्रमातलिसजल्प १७९, १८३
महेन्द्रसूरि ४९०
महोदधि २३७, २४३
मंगराज २५, ४९
मंडपदुर्ग ४६६, ४९०

मंडलपुरुष १२८
मंडलकर ३५३
मंदप्रबोधिका २७४
मंदरार्य ११५, ४६६
माइल्ल धवल १७०–१, १७४
माकरदेव २०७, २०८
माएसर ४०८
माघ ३०३
माघनंदि ९, २५९, ४१५
माणिकस्वामी ४५८, ४५४
मातलि १७८
मातंगारण्य ४४३
माथुर ( संघ, अन्वय, गच्छ ) ८३, १७५, २०३, २५७, २७६, २७७-८, ३१३, ३९८, ४१२, ४८३
माथुरी वाचना ६०
माधवचंद्र त्रैविद्यदेव २७१, २७२, २७३
माधवचन्द्र ( मलधारी ) ३१०
माधव भट्ट ५०
माधवसेन २७८, २८०
मानतुंग ४१३
मानव १८६
मान्धाता ४५३
मान्यखेट १३५, २२९, २४२, ४०९, ४१०
मान्यपुर १६७
मारसिंह २४५, २६६
मारुतदेव १९६, २०७
मार्कण्डेय २२८
माळदेव ३९६
मालव ( वा ) २७५, २८१, ३४२
मांगीतुंगी ४३४
मांडलगढ़ ३४४, ३५३
मांडव्य ४०५
मिताक्षरा १८७
मित्रनंदि ६८, ७५, ५३३
मित्रवीर ११५
मिहिरकुल २०
मुक्तागिरि ४४३, ४५६
मुग्धबोध २२
मुग्धा देवी २२५
मुडिगुंड ५०
मुंडी ५६१
मुनिचन्द्र १७३, १८५, ३२९, ४८२
मुनिवंशाभ्युदय १६४
मुनिसुव्रत काव्य ३४९
मुनिसुंदर ४८२
मुरुण्ड १८
मुलगुंद ३१५
मुंडपाद ५२३, ५३१
मुंज ( राज ) २६०, २७५, २७९, २८१, २८२, २८३, ४०९
मूगी ४६५
मूडबिद्री ४६१, ४७४
मूल ५२३, ५३१
मूलगुंदि ३१५–८
मूलदेव २०८
मूलसंघ ३९, ३१३, ३७१, ३७९, ३८०, ३८५, ३८८, ३९०, ३९२, ४३८, ४८५, ४९८

मूलाचार ९, ५३६, ५४७, ५५०
मूलाचार-टीका २९०
मूलाचार-प्रदीप ५४८
मूलाराधना ( दर्पण ) ७४, ८०
मूलाराधना-टीका ३४६
मृगेश वर्मा ५५९, ५६२
मेघचंद्र त्रैविद्यदेव ३८, ३९, १८५
मेघदूत १३४, ३६०, ३६१, ३६२, ३८६
मेघव(ज)र ४२५
मेघविजय ३१२, ३९४
मेत्रेश्वर ३६९
मेड़ता ४४३
मेढगिरि ४४३
मेतार्य ६९, २२१
मैत्रेय रक्षित ४३
मेदपाट ३२९, ३८१
मेधावी ३७८
मेध्यगिरि ४४३
मेध्यारण्य ४४३
मेरुतुंग १८
मेलपाटी १७९, १९३, २२९, २४२, २४४
ल्पाडी १९३, २५०
लाडी २२९, २५०
हणाद ४२५
ढूक ४३६
थिलीकल्याण ३६९
सूर १६४
क्षमार्गप्रकाशक १८७

मौनि भट्टारक १२०, २२२
यक्षवर्मा १५९, १६२
यज्ञोपवीत ५०६–७, ५०९
यतिवृषभ ७, ८, २०, २१, २७२, ४२४, ४३७
यशःकीर्ति ३०५, ३३४, ३६१, ३८०, ३९८
यशःपाल २६२
यशोदेव १७७, १९१
यशोधर १७७, १७९
यशोधरचरित ३, ११०, १७९, २७३, २७४, ३८६, ४२१
यशोधवल ८१
यशोबाहु १७, २६२–३
यशोभद्र १७, ४७, २६२
यशोविजय १९८
यशश्चिह्न २४६
यशस्तिलक ७७, १७७, १७८, १८०, १८१–२, १८४, १९१, १९३, २४९, ४८६, ४८९, ५१०, ५१२
यशस्तिलकचन्द्रिका ३२३, ३७४
याज्ञवल्क्य १८६, ५१४
याज्ञवल्क्यशास्त्र १८७
याज्ञवल्क्यस्मृति १८६–७, १८८, ३०५
यापनीय ५६, ५७–८, ५९, ६०, १०१, १५७, १९७, ३१३, ५३३, ५३४, ५३६, ५४०–१, ५४२
यापनीय तंत्र ५३३
यास्क १५५
युक्तिचिंतामणि १७७

युक्तिप्रबोध ३१२
युक्त्यनुशासन ५५४
युद्धमल्ल १८०, १९०
युवराजदेव २८२
योग १८९
योगमार्ग १७८
योगप्रदीप ३४०, ३७४
योगशास्त्र २३, ३३५
योगसार ( प्राभृत ) २८०
योगसूत्र ( भाष्य ) ५४५-६,
योगिराट् पंडिताचार्य १३४
योगीन्द्र ५५४
रघुवंश २०९
रच्छुक ३०५
रजउत्त २०८
रत्न ४३६
रंनडुलई १२३
रत्नकरण्ड ५०७, ५५४
रत्नकरण्ड-टीका २९०
रत्नकरण्डश्रावकाचार वचनिका ३६
रत्नकीर्ति ८१, १७५, ३९०
रत्नत्रयविधान ३४६
रत्नपाल ४११
रत्नप्रभ १५८
रत्नमाला ७७-८, १३४, १५१, ४८१
रत्नमण्डन गणि ४७०-१
रत्नर्षि २४
रत्नराज ३
रत्नसिंह ४१३
रत्नाकर सूरि ३०५
रत्नाकरावतारिका १५८
रथ्या ३०४
रन्न २७३
रमणा ४३०
रविकीर्ति १३५
रविवप्प २०८
रविषेण ८६, ८७, ११३, १२३, १९८, २१०, २८६, ४२१, ४२७, ४३५, ४४४, ४४५, ५०७
रससजीविनी २८१, ३४५
रसिक संजीविनी २८१
राघवपाण्डवीय १०९
राचमल्ल २६६, २७३, ३१४
राजगृह ४३८
राजतरंगिणी २०
राजमल्ल १२७, ३९८, ५००
राजवार्तिक ३१, ३११, ३८२, ५२२
राजशेखर ५८, ११०, १५९, २२६, २४६, ३४७
राजसिंह ४१५
राजहंस ३२९
राजा ( साहू ) ८१
राजादित्य २४५
राजावली कथे ७६
राजीमतीपरित्याग ३३१
राजीमती-विप्रलभ ३३१, ३४६, २५९
राजीमती विलाप ३५९
राजेन्द्र-चोल २९२
राणाप्रताप सिंह ५१८
रामकीर्ति १४५, ३८०, ४०५, ५६४
रामगिरि ३६२, ४४५

रामकुंड ४४६
रामगोड ४२७
रामचन्द्र ३०७, ४४२
रामभट्ट १०९
रामराय ४६४
रामसिंह ३६
रामसेन २७६, २७८, ३८९
रामसेनान्वय ९३
रामायण ९२, ९५, १९९
रायमल्ल ३९०, ३९७
रायबाग ४६५
रायमल्लाभ्युदय ३९६, ५०१
रावण ३१७
राष्ट्रकूट ५६. १२१, १७९, १८०, १९१, १९२, १९३, ४६३
रासभ ( राज ) १९
राहड ३२५
राहू ८७
रेट्टुणेमिचरिउ १९८, १९९, २०१, २०४, २०५, २०७, २१५
रुद्रकुमार ३६९
रुद्रट २४६, २४७, ३४६
रूपमाला १६०
रूपसिद्धि १६०, २९१
रूपाक १९२
...त्र १९२
...वा ४६६
...सिंदीगिरि ४४९
रोहिणी खेड २२७
...कमण ३०४
...क्ष्मणसेन ८७
लक्ष्मीचन्द्र ३७१, ३७९, ३८५
लक्ष्मी वर्मा ३४५
लक्ष्मीवल्लभ २२, २४
लक्ष्मीस्तोत्र ४०८
लक्ष्मेश्वर १८०, ४६३
लखमीधर १२३
लघीयस्त्रय १३, ५२९
लघु जैनेन्द्र ३७, ११०
लघु नयचक्र १७१
लघुमासिक ६२
लघु समन्तभद्र ३२१, ५५६
लब्धिसार २७२, ३८३
ललअ २०८
ललिअसहाव २०८
ललितकीर्ति ३०५
ललितविस्तरा ५७, ५९
लाड-बागड २७६, ४११, ४८४
लाट-वर्गट ४११
लाटीसंहिता ३९८, ५००, ५१२
लिच्छवि ४२५
लिंगपाहुण ४८३
लिंगायत ५०५
लेंबुलपाटक १९२
लोकचन्द्र ५३
लोकतिलक ७९
लोकप्रकाश ५३२
लोकविजय ५१
लोकविभाग १, २, ९०
लोकसेन १२८, १४२, १४६
लोकादित्य १३५, १४२, १५०

लोकायत १८९
लोकांबिका १९१
लोंकागच्छ ३७३
लोणार ४५५
लोणुअ २०८
लोह १७
लोहाचार्य २६२, २७६
लोहार्य ११६, २६१, २६२
वक्रग्रीव १७, ४१९, ५३०
वणकर ४६५
वचनकोश २७६
वच्छराय २५४
वज्र १६७
वज्रनन्दि ४३, ५१, ४१९, ४२०, ४८४
वज्रपंजर-विधान ३१७
वज्रयश १७
वज्र सूरि १२३
वत्सराज ११७, ११८
वटपद्र (वटपल्ली) १४३, १४६, १४७
वनराज चावड़ा ४८१
वनवास (देश) १४२
वनवासी ( सम्प्रदाय ) ४७८–९, ४९०
वनवासी ( वनौसी ) ४६३
वप्पनन्दि ३१६
वप्पभट्टि ४७१
वप्पुक २४४
वरदत्त ४२५
वररुचि २२०
वरांग ४२५, ४६२
वरांगचरित ८०, ११३, १३८, ४२६, ५६०
वर्धदेव ४१९
वर्धमान २६, १६५, ३६४, ३६६, ४२६
वर्धमानपुर ११६, २१२
वर्धमानपुराण १३७
वल्लभ नरेन्द्र ९, २३७, २३८, २३९, २४१, २४३, २४८, २५४
वल्लभी ५६
वल्लभी वाचना ५८
वसन्तकीर्ति ६६, ४९०
वसुदेव १०९
वसुदेवचरित ९५
वसुदेव हिंडी ९४, ९८
वसुनन्दि ३००, ३०१–२, ३६८
वसुन्तवाटक ४५९
वसुमित्र १८
वसुबन्धु १६९, ५२२, ५२९
वस्तुपाल ४७२–३
वंशस्थल, वंशस्थलपुर ४४४
वाक्पतिराज २८०
वागर्थ-सग्रह ९७, ११३
वाग्भट ३२६, ३३०
वाग्भटालंकार ३२७
वाचस्पति तत्त्वकौमुदी २८३
वाटग्राम १४३, १४५
वादिचन्द्र ३८५
वादिभूषण ३८०, ४२८

वादिराज ७३, १५५, २३७, २७४, २९०, ४०४, ४१४, ५५५
वादिसिंह १३५, ३२२
वादीभसिंह ३२०
वादीभसिंहोपलालित ३२१
वामदेव ९०
वामन २६, ३३०
वारिषेणाचार्य सघ ५५९, ५६०
वायुदूत ३८७
वायुपुराण ९२
वाल्मीकि ९२, ९६, ३८५
वासवनन्दि ३१६
वासवसेन २३७, २५५, ४२१
वासिम ४५४
वासुपूज्य ३, ३२२, ४९१
विअड्ढ २०८
विक्रम ३६०
विक्रमसिंह ४८५
विक्रमार्जुनविजय १८०, १९२
विक्रमांकदेवचरित २९३, ३५०
विक्रांत कौरव ७६, ३९५
विचारश्रेणी १८
विजय १७, ८७, २५८, २६२, ३८७
विजयवंश १८
विजयकीर्ति ४, १६७, १६८, २७८, ३८०, ३८२, ४८४–५
विजयधर्म सूरि ४३४, ४५२
विजयनगर ४९
विजयपुर ३४७,–८
विजयसागर ४३६
विजयसिंह ३०७
विजयसेन ३९४
विजयादित्य ४८६
विजयाचार्य ६०, ७८
विजयेन्द्र ३६६
विजयोदया ८०, ६६, ६७, ७८, ५१०, ५३४
विज्ञानेश्वर १८७, ५१४
विदिशा ४४८
विद्यानदि ( द ) २९, ३३, ४५, ४७, १६८, १६९, २९९, ३७१, ३७५–६–७, ३८५, ४६४
विद्यानुवाद ३१७
विद्यानुशासन ३१७
विद्यापुर ३०६
विद्याभूषण ३८९, ४२९
विन्ध्यवर्मा ३४२, ३४३, ३४४, ३४५ ३५१ ३५४
विनयचन्द्र १०९, ३५९
विनयदत्त ६७
विनयंधर ११५
विनयविजय २२, २४
विनयसेन १२९, १३४, २७७
विनायकपाल ११७, २२२
विनुरि ४६२
विपुल ४३६–७
विपुलाद्रि ४२६
विमलएव २०८
विमलचद ७९
विमल सूरि ८७, ९१, ९६, ९८, १५१
विमलसेन १७६, ३८९, ३९८
विल्हण २९३

विविधतीर्थकल्प ४२२, ४४३
विविधप्रबंध ४२२
विशाख १७, २४६
विशाखनन्दि ३६५
विशाखाचार्य ११४, २२१, २६२
विशालकीर्ति ३९, ३०७, ३४३, ३४७, ३५०, ३८९
विशालाक्ष ४५९
विशेषावश्यक भाष्य १०, ४२, ५२९
विशेषणवती ४२
विशेषवादि ७३, १२४
विशेषाभ्युदय ७३
विश्वतत्त्वप्रकाश १६०
विश्वप्रकाश कोष ३०८
विश्वभूषण ३३४, ४६६
विश्वसेन ३८९
विश्वासराव ४५७
विषमपदतात्पर्यवृत्ति ५५६
विषापहार ११०, ११२
विष्णुकांची ४५८
विष्णुगुप्त ५२९
विष्णुदिन २६२
विष्णुपुराण ९२, ९५
विष्णुयशोधर्मा २०
विष्णुवर्धन २९४, ४८४
वीरचंद्र ३७९, ३८५
वीरनंदि ३५, ३९, १८५, २५८, २७०, २७१, २७४, ३०७, ४०७
वीरपाल ८१
वीरभैरव २३६
वीरमत्तण्डी २६९
वीरवित् ११५
वीरसेन ११, ७६, १२४, १२८, १२९, २७८, ५२६
वीरो २५३
वीसल साहु २००
वीसल ३४०–१
वृद्ध मनु १८७
वृषदीपक ४२५
वृषभ ४३७
वृषभदेवपुराण ३९०
वृंदावन ७०, ४७३
वेआल २०८
वेकोंडुराज २६७
वेणूर ४६२, ४६८
वेताल २०८
वेताल भट्ट ४४
वेत्रवती ३६२
वेरणाअ २०८
वेल्लालपट्टु १९२
वेंगी १४८, १९१
वैजयंती कोष ३०५
वैजय्य ३६५
वैद्यसार ४७
वैभार ४३६–७
वैराग्यमणिमाला ३७१
वैरिसिंह ३५१
वैशाली ५०३

बोपदेव २३
व्याघ्रहस्ति ११५
व्याघ्रेरवाल ३४४, ४१६, ४५६
व्यास ९६, २१०, २४६
व्यास भाष्य ५४६
व्रतकथाकोश ३७४
व्राचट २२८
शक ( राजा ) १८
शकटांगज २६
शकटाल २२०
शकुंतला ५१५
शक्तिकुमार २५४, २५८, २५९
शतपदी ४९०, ४९२
शत्रुंजय ४२३, ४२४, ४२७, ४५४,
४५६, ४६८, ४७५
शब्दानुशासन १०९, १५५, ६०
शब्दावतार ३३
शब्दार्णव ३७-८, ४०
शब्दार्णव-चंद्रिका २४, २८, ३४७,
५४४
शब्दार्णव-प्रक्रिया २८, २९, ४०
शब्दाम्भोजभास्कर ३२, ३५, ५४४
शर्वदेव १६५
शर्ववर्म ५३
शल्य २९४
शशिकला ३५१
शहाबुद्दीन ३४४-५
शंकरराय ४५८
शंकराचार्य १५१
शंकु ४४
शंखजिनेन्द्र ३४८, ४८६
शंखपरमेश्वर ४६४
शाकटायन २७, २८, ५८, ४२,
४३, ४५, ६९, १५५, ५२९,
शाकटायन-प्रक्रियासंग्रह १५६
शाकटायन-न्यास १६०
शाकटायन-टीका १६०
शाकटायन सूत्र १६३
शारदासदन ३४३, ३५२
शार्ङ्गधरपद्धति २४६, ३५१
शालातुरीय २६
शालिवाहन २५९
शासनचतुस्त्रिंशतिका ३४८
शास्त्रसार-समुच्चय ४१६
शांत १२३
शांतिकुमार २५८
शांतिनाथचरित ४३१
शांतिनाथपुराण ३८९, ३९०
शान्तिपुराण १८०
शांतिरक्षित ४१८
शांतिवर्मा ५५९, ५६२
शांतिषेण ११५, १२३, २७५
शांतिसूरि १५८
शांत्यष्टक ४९, ५०
शिखी ५६१
शिरपुर ४५४
शिलाग्राम १६७
शिलाहार ३८, २७३, ३४८
शिवकांची ४५८
शिवकोटि ६८, ७५, ७६, १३७,
३६५

शिवगुप्त ७५, ११५
शिवजीलाल ५२, १७२, ४३३
शिवदत्त ६७
शिवनंदि ७५
शिवमहिम्न २२६
शिवरथ ५५९
शिवविजय ४५२
शिवश्री ५२३, ५३१
शिवस्वामी १५८
शिवाजी ४६५
शिवायन ७६, ३६५
शिवार्य ६८, ६९, ७३, ७५, १५९, ५३३
शिशुपालवध २०९
शिंदखेड ४५७
शीलगुणसूरि ४८१
शीलादित्य १२०
शीलभट्ट २३७
शीलविजय ४३४, ४४१, ४५२, ४६४, ४७४
शुक यतींद्र १५१
शुक १५६
शुकनीति १८६
शुचिवादी ५६२
शुभकीर्ति ३०७
शुभचंद्र ४८, १५६, २०४, २१०, २३२, ३३५, ३७८, ४०८, ४६०, ४७३, ५५८
शुभतुंगदेव १४६, २४८
शेकिलाय ३२५
शेतवाल ५०४
शेरशाह ४९९
शोभन २३७, ४०९
शृंगारदर्पण ३९६
श्रमणगिरि ४५०
श्रवणगिरि ४३६
श्रवणबेल्गोल ४३४, ४६०
श्रवणसेन ४३८
श्री (I) १७
श्रीकलश ५६, २२८
श्रीकीर्ति १६७
श्रीकुमार ३६४
श्रीचंद्र ८६, २३६, २८६, २९०, ३४१, ३७१
श्रीदत्त ४७, ६७, १३७
श्रीदेवी ५०, १०९, २३९
श्रीधर १७
श्रीनंदि ८६, ७८, २५९, २८८
श्रीपति २२७, २२८
श्रीपति-निबंध २२७
श्रीपति भट्ट २२६
श्रीपति-समुच्चय २२७
श्रीपाल १२९, १३७, १९९
श्रीपाल-चरित्र ३७४
श्रीपाल (त्रैविद्य) ३२१, ४८४
श्रीपालदेव २९१
श्रीपाल–आख्यान ३८५-७
श्रीपुर ३४८
श्रीपुराण ३७०
श्रीभूषण ३८९, ३९०
श्रीमती-कल्याण ३६६

श्रीरत्नी ३४४, ३५३
श्रीरंगपट्टण ४५९, ४६७
श्रीवल्लभ ११७
श्रीविजय ६०, ६७, ७८, ७९
श्रीषेण २७९
श्रीहर्ष २०७, २०९, २१०, २४५, २४६, २८२
श्रुतकीर्ति २७, ३३
श्रुतकेवलिदेशीय ५३३
श्रुतपंचमी कथा २७१
श्रुतबिंदु ४०६
श्रुतमुनि ४१७
श्रुतसागर ३, ५९, ३२३, ३७१, ४९०, ५४०
श्रुतस्कंध २६२
श्रुतावतार ५, ७, ११५, २६२, २७१
श्रुतगुप्त ११५
श्लोकवार्तिक ३१, १६८, ३८३, ५२२
श्वेतपट श्रमणसंघ ५६०
षट्कर्मोपदेश माला ९०
षट्कर्मोपदेश-रत्नमाला ४९८
षट्खंडागम १३१
षट्प्राहुड-टीका ५९, ६६, ३७२, ३७४, ४९०
षड्दर्शनसमुच्चय ५९
षड्वाद (?) ३८४
षण्णवतिप्रकरण १७८
षष्टिशतक ४८२
सकलकीर्ति ३८०-३
सकलचंद्र २५९, २७३
सज्जनचित्तवल्लभ ३१७
सत्कर्मपंजिका १३१
सत्यपुरीयमहावीरउत्साह ४१०
सत्यवाक्य (राजा) २९४
सत्यवाक्य ३६४, ३६६
सत्साधुस्मरण पाठ ५५७
सदामुख ३६, ६०, ७९
सन्मति-टीका १६९, ४१८
सन्मतिप्रकरण ४२, ४१८
सन्मतिसागर २९९
सपादलक्ष १९०, ३५३, ३६१
सम्बिदेश १९५
समन्तभद्र ४५, ४६, ४७, ६८, ७६, १२३, १३६, २२१, ३०२, ४१९
समयसार-टीका २९०
समयसार-नाटक ४९४
समयसुन्दर २२
समाधि-तंत्र ४८, ५५७
समाधितंत्र-टीका २९०
समाधि-शतक ४८
समुद्धर ३५२
सम्मेदशिखर ४२३
सरण्यापुर ३६८
सरस्वती ३४४, ३५३
सरस्वतीकंठाभरण ५३
सरस्वती गच्छ २६२, ३७१, ३८०, ३९१, ४९८
सरस्वती-पूजा ३८२, ३८४
सरस्वती-मंत्रकल्प ३१६
सर्वगुप्त ६८, ६९, ७५, ५५९

सर्वज्ञसिद्धि ४०४
सर्वतोभद्र ३८४, ४२७
सर्वदेव ४०९
सर्वनन्दि २, ६, ९, १०
सर्वपल्ली ५४८
सर्वार्थसिद्धि ३०, ३१, ४२, ४८, ८०, ५२२, ५४१
सर्वार्थसिद्धि-टिप्पण २९०
सलखण २७५, ३४४
सल्लक्षण ३४४
सवालख ३५३, ४४३
सहजिगपुर १२३
सहवासी वश ८१
सहस्रकीर्ति ३३३, ३३४ ३४१, ३६१, ३९८
सहस्रनाम ३४६, ३७४
सहस्रनामस्तवन सटीक ३४६
संघदास गणि ३९८, ५६१
संघपट्टक ४८१–२
संघवी, संघी ४९६
संजीवनी टीका ३५१
संत २४२
संतइय २४२
संततगम २६७–८
संतरनम ३६८
संदेहध्वान्त-दीपिका २०५
संप्रति ४७०
संबोध-प्रकरण ४७९, ४९२
संशयिवदन-विदारण ३८४
संस्कृत आराधना ८३
सागरचन्द्र ३५१
सागरदत्त ४२५
सागरसेन २८७
सागारधर्मामृत ३४६, ३५२
सामायिक पाठ २८०
सामिअब्बा १९७
सामियार ४८५
सारसग्रह ४८
सार्द्धद्वयद्वीपप्रज्ञप्ति २८१
साहसाङ्क २३८, ३०८
साहु ( साधु ) ४९७
सांख्य १८९
सांगण ३६०
सांभर ३५३
सिकंदर २८७
सिकाकोलि ४५८
सिद्ध कवि ३१०
सिद्धचक्रव्रत-पूजा ३८४
सिद्धवरकूट ४६६
सिद्धनन्दि १६७, ४८५
सिद्धप्रिय स्तोत्र ५६४
सिद्धभक्ति-टीका ३७०
सिद्धभूपद्धति-टीका १३१
सिद्धवर कूट ४४०, ४५३
सिद्धसेन ४२, ४७, ५५, ११५, १२३, १३६, १६९, २४७
सिद्धसेनगणि ५२२, ५३४
सिद्धहैम ५३, ५४
सिद्धार्थ १७, २६२
सिद्धान्तशेखर २२६

सिद्धांतसार ३७८
सिद्धान्तसारभाष्य ३७९
सिद्धिविनिश्चय १५८ ४०५, ५२९
सिरपुर ४५४, ४६४
सिरिउजपुर २४७, ४०९
सिंगई, सिंघई ४९६
सिंघखेडि ४५६
सिंधुपति २८०
सिंधुराज २६०, २८२, ४१२
सिंधुल २८०, २८१, २८२, ३३५, ४१२
सिंह (संघ) ४१३
सिंहकीर्ति ४
सिंह (कवि) ३१०
सिंह क्षमाश्रमण १६९
सिंहगिरि १७
सिंहगुप्त ३२६
सिंह चकेश्वर २९३
सिंहदेव गणि ३२८-९
सिंहनन्दि ४, ८०, ३७१, ४१९
सिंहपुर २९४
सिंहबल ११५
सिंहभट २८२
सिंहल १७९
सिंहवाहिनी १२२
सिंहसूर १
सिंहवर्मा (कांचीनरेश) २
सिंहसूरि २, ३
सिंहसेन ११५
सीयक २४५, २८१
सीलड्य १९९, २२९, २४३
सीलणिद्दि २०८
सुअव्वा १९७
सुकुमारसेन ३१७
सुकुमारचरित ५६६
सुकुद्रसागर ४७०
सुन्दरप्रकाश शब्दार्णव ३९६
सुदर्शनचरित ४
सुद्धराभ २०८
सुद्धसहाव २०८
सुद्धसील २०८
सुधर्म (र्मा) १७, १८, ११६, २५७
सुधासागर २९६
सुपार्श्वचन्द्र १७
सुबोधिका २२
सुब्रह्मण्य ४९१
सुभगसुलोचना-चरित्र ३८८
सुभट वर्मा ३४५
सुभद्र १७
सुभद्रा (हरण) ३६६, ३६९
सुभरमणी ४६१
सुभाषितरत्नसदोह २७८-९, २८०, २८३
सुभाषितहारावलि ११०
सुमतिकीर्ति १४५, ३८०
सुमतिदेव ४१८,-९
सुमति-सप्तक ४१८
सुरेन्द्रकीर्ति २७६
सुलोचना कथा ११३, १२३, ४२१
सुलोयणाचरिउ १६७

सुलोचनाचरित ३८८
सुवर्णनदी ४६१
सुवर्णभद्र ४३९
सुविज्ञप्ति ३८४
सुहडराअ २०८
सुहंकर १७३
सूक्त (क्ति) मुक्तावलि ११०, ३५१
सूत्रकण्ठ ५०७
सूत्रकृतांग ६२
सूरत ३९०
सूर्यप्रज्ञप्ति ६, २५७, ५४७
सूर्यवंश १९०
सूर्यशतक २९६
सेतव ४०५
सेनगण २६२
सेनान्वय १२७ इ०
सेनसंघ १२७
सेनवंश ३१५
सेंदपा ४४२
सोजित्रा ३८९, ३९०
सोनागिरि ४३६, ४३८, ४३९, ४६६, ४६८
सोमकीर्ति २३७
सोमदेव २७, २८, १४५, १७७, २३७, २४१, ३२३, ४१६, ४८९, ५१०, ५१२
सोमनाथ पाटण १४५
सोमप्रभ ४२५
सोमश्रेष्ठी ३२८
सोमेश्वर २९३
सोरठ ५६
सोलंकी २८२, ४१२
सोवनगिरि ४३७
सोहन २४२
सौर ११७, ११९
सौराष्ट्र ११९
स्कंदिल ८८
स्तंभतीर्थ ४७१
स्तंभदेव ३५२
स्त्रीमुक्तिप्रकरण ५८
स्त्रीमुक्ति-केवलिभुक्तिप्रकरण १५७–८, ५४२
स्तुतिविद्या ३००
स्थविरावलि १६७
स्थानांग ५३८
स्मृतिरत्नाकर १८७
स्याद्वादोपनिषत् १७८, १९१
स्याद्वगढ़ ४६५
स्वयंभु ५७, ५८, ७३, १९६, २०१, २०२, २०९
स्वयंभु-छंद २०५
स्वयभु-व्याकरण २०७
स्वयंभुस्तोत्र ५५४
स्वयंभुस्तोत्र-पंजिका २९०
स्वरूप-संबोधन ३८४
स्वर्णरेखा ३६३
स्वर्णाचलमाहात्म्य ४३९
स्वामिकराज १२२
स्वामी ५५४
हरभत्त २०८

हरदेव ३५२
हरपति ४९८
हरिआस २०८
हरिचन्द्र ३९, ३०३
हरिबल १८५
हरिभद्र २४, ४२, ५७, ५९, १६८, २३७, २७९, ४०८, ४७९, ४९२, ५२२
हरिवर्मा ५५९, ५६३
हरिवंश ११३
हरिवंशपुराण १५, २४, ८८, १३७, १३९, १६९, १९९, २०४, २१०, २३५, २५७, २६२, ३८९, ३९०, ४२१, ४३७, ४४५, ४४८,
हरिवंसपुराणु १९९,२०१, २०३
हरिषेण १२०, २२०, २२२, २४७, ४०९, ४२१,
हरिहर ( राजा ) ४९, १३४
हर्ष २१०
हर्षदेव २४९
हर्षवर्धन २१०, २९६
हलायुध २८२
हस्तिमल्ल ७६, २१७, ३६४
हंससोम ४३७
हायन सुन्दर ३९६
हारीत ५३२
हाल २०८
हिमवत् ४२५
हीरविजय ४७४
हीरविजयरास ३६०
हेमसूरि १४५
हुकेरी ४६५
हुल्ल ४८७
हुल्लमय्य ४८७
हुंबडकुल ३०६, ३६१
हुंबसि ४६३
हुम्मच ३२३
हूमच पद्मावती ४४३, ४०४
हेमकीर्ति ४३३
हेमचंद्र २३, २४, ९४, २१०, ३२९, ३३७, ३९८, ४०८
हेम-समीक्षा ३३६
हेमाचल ( होन्नूर ) ३६६
हेमाद्रि १८७
हेलाचार्य ३१६
हैम ( शब्दानुशासन ) ५५
होय्सल ४८७
होलगिरि ४६४–६
होलिका-चरित्र ३८८


★

# शुद्धि-पत्र

[ इसमें केवल उन्हीं अशुद्धियोंका निर्देश किया गया है, जो बहुत महत्त्वकी हैं। इनके सिवाय जो अशुद्धियाँ बिन्दियों, मात्राओं और अक्षरों आदिके टूट जानेसे तथा दूसरे कारणोंसे हो गई हैं उन्हें पाठक स्वयं सुधार लेनेकी कृपा करें। ]

| पृष्ठ | पंक्ति | अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|---|---|
| २० | १७ | गहिसमणलिंगेण | गहिदसमणलिंगेण |
| २० | १८ | अकारि गणी | अकासि गणी |
| ४८ | १४ | गत्तम गुच्छ | सप्तम गुच्छ |
| १४४ | ६ | शाक ७४६ | शाक ७३४ |
| १६७ | २ | श० स० ७७५ | श० स० ७३५ |
| १६८ | २ | श्लोकवार्तिक | श्लोकवार्तिक |
| १९६ | ५ | विरुद्ध | विरुद |
| २४७ | १७ | ७०९ | ९०९ |
| २५२ | २६ | वि० सं० १६६५ | वि० सं० १३६५ |
| २६८ | ९ | ईषत्प्राम्भार | ईषत्प्राग्भार |
| २७२ | १६-२३ | जाते प्रभौ क्षुल्लके | जाते पुरे क्षुल्लके |
| ३०३-८ | सर्वत्र | हरिश्चन्द्र | हरिचन्द्र |
| ३४० | २१ | संवत् १२४८ | संवत् १२८४ |
| ३४७ | १ | १३९२ | १२९२ |
| ३४७ | ११ | वि० सं० १०४५ | वि० सं० १४०५ |
| ३६८ | २८ | स्वाहृतसारआर्य— | स्वाहृतसारमध्य— |
| ३६९ | २ | वि० सं० १३९६ | वि० स० १३७६ |
| ३६९ | २० | -विधुवेदनेत्र- | -विधुवार्धिनेत्र- |
| ३८५ | १३ | ज्ञानभूषणका शिष्य | ज्ञानभूषणका प्रशिष्य |
| ४८१ | १ | वि० सं० १०७४ | वि० सं० १०८८ |
| ५०७ | १५ | अन्याय | अन्यान्य |